अंतिम रूप से पेटलावद लूट लिया गया और थांदला में होल्कर के निवास स्थान को जला दिया गया।[2] इन्दौर राज्य के पुराने अभिलेखों में भीमसिंह का आचरण संदर्भित करते हुए होल्कर के काम सरदार द्धारा अहिल्याबाई होल्कर को 1200 एडी 1792 में लिखे गए पत्रों में इस बात का उल्लेख आता है। भीमसिंह द्धारा उकसाये गये झाबुआ के भीलों और सरदारपुर के उसके अक्षायित भील सरदारसिंह और अन्य डाकुओं द्धारा की गई लूटपाट और विध्वंसों की शिकायत की गई है। इससे प्रतीत होता है कि भीमसिंह के काल में झाबुआ राज्य का अधिकांश भाग भीलों के अधिकार क्षेत्र में आ गया था।

प्रतापसिंह (1829-32)/रतनसिंह (1832-40) 1829 में राजा भीमसिंह की मृत्यु होने पर राजा प्रतापसिंह ने 1829-32 तक तीन वर्ष

*शोधार्थी (इतिहास) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

शासन किया। उसने अपने छोटे भाई सलीम सिंह के पुत्र रतनसिंह को गोद लिया। जिससे की एक नाबालिग के रूप में उत्तराधिकार प्राप्त हुआ। उसकी बालिग अवस्था होने तक राज्य का प्रबंध केप्टन बोरथविक के नियंत्रण में एक धनी वृद्ध महिला रानी रानावतजी द्वारा किया गया। केप्टन बेथिविक ने 6 वर्षो तक (1836–1842) की अवधि तक के लिए 35000 रूपए के वार्षिक भुगतान के लिए इकरार नामा में थांदला, पेटलावद जिलों के पट्टों पर समझौता कर लिया। इसी दौरान सन् 1840 में दशहरा समारोह के दूसरे दिन जब राजा रतनसिंह बहादुर सागर तालाब के किनारे के साथ नीलकंठ जुलुस में हाथी पर सवारी कर रहा था। तभी बिजली का जोरदार झटका लगने से राजा रतनसिंह की मृत्यु हो गई।[3] गोपाल सिंह (जिसकी आयु मात्र 17 वर्ष थी) ने भोपावर के शरणार्थियों की सहायता कर अच्छी सेवा प्रदान की। जुलाई में अमझेरा चीफ ने इन्दौर का विद्रोह सुनने पर बगावत कर दी। भोपावर में लेफ्टिनेंट हुयिन्सन, भील एजेन्ट अपने पास मालवा भील पलटन के 200 भीलों का एक दल रखते थे। उसने और डॉ. चिशोल्म ऐजेन्सी सर्जन ने स्टेशन पर रहना निश्चित किया, लेकिन यह समाचार सुनने पर कि धार के विलायती पहुँच रहे हैं।

तब 30 भीलों को छोड़कर सारे भील भाग गए और यूरोपियनों ने भी यहाँ से पलायन कर गए। ले. हुयिन्सन, डॉ. चिलशोम, दो महिला और बच्चों के साथ पारसियों के रूप में वेश बदलकर छिपकर झाबुआ के लिए प्रस्थान किया। पारा गाँव में पहुँचने पर उन्होंने चीफ को संदेश भेजा। जिससे तुरंत एक अंगरक्षक सेना भेजी। ये भगोड़े 5 जुलाई को झाबुआ पहुँचे। नौजवान राजा और उसकी माता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार उनकी सेवा सत्कार व सहायता की।[1]

स्थानीय अरब दल द्वारा उनके सरेन्डर करने के लिए मांगों के बावजूद भी अंतिम रूप से होल्कर ने इन्दौर से एक अंगरक्षक को भेजा और शत्रु को यूरोपियन्स महु पहुँचे। वाइसराय वार्ड कैनिंग ने चीफ द्वारा ली गई उन अच्छी सेवाओं को अभिस्वीकृत किया। जिसको कि भारत सरकार द्वारा सदैव ही कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया जाएगा।

इन सेवाओं के बदले मालवा भील पलटन को दरबार के अंशदान के रूपये 3000 से घटा कर 1500 किया गया और 9 फरवरी 1878 को गर्वनर जनरल के एजेन्ट सर हेनरी डाली हार 12500 रू. की एक खिलत के साथ (प्रतिष्ठित) नवाजा गया। 1859 में गोपालसिंह को प्रशासन की पूर्ण शक्तियाँ प्रदान कर दी गई। वर्ष 1863 में उसने उसके राज्य में कपास पर सभी शुल्कों और करों की समाप्ति कर दी थी।[4] 1864 में चीफ ने पूरी सामान्य में ऐसी भूमियों का परित्याग करने पर सहमत कर लिया। जो कि उसके राय में रेल्वे के लिए आपेक्षित/आवश्यक थी। 1891 में बाम्बे बड़ौदा और सेन्ट्रल इण्डिया रेल्वे की गोधरा रतलाम नागदा उज्जैन में शाखा के लिए विशेष रूप से भूमि को छोड़ा। महामान्य राजा उदयसिंह जी – राजा उदयसिंह जी का जन्म 4 मई 1875 को हुआ था। वह 22 जनवरी 1895 को उत्तराधिकारी बना। वह राज्य के संस्थापक केशोदास के वंश से पीढ़ी में बाहरवा है। 1898 में उसे प्रशासन की पूर्ण शक्तियों के साथ प्रतिष्ठित किया गया।

उसके जीवन के प्रारंभ में शासक ने उमरावों की वंशानुगत कठिनाईयों के अतिरिक्त जैसे कि अगले अध्याय में दर्शाया गया है। राज्य द्वारा लगातार तीव्रतम कठोर अकालों का सामना किया गया। उसकी प्रजा के लिए उठाए गए उपायों ने उसे ग्वालियर से और ब्रिटिश सरकार से कर्ज लेने के लिए मजबूर किया। कुछ शर्तो के अधीन, जिसमें से एक शर्त थी राजनैतिक ऐजेन्ट के अनुमोदन के साथ दीवान की नियुक्ति करना। दीवान के दोहरे नियंत्रण ने प्राय: प्रशासक तथा उसके बीच मतभेद को बढ़ाने का कार्य किया। जिससे बहुत से दीवानों को बदलना पड़ा।

प्रशासक हमेशा मितव्ययी पथ पर प्रशासन को करने के लिए चिंतित रहना पड़ता था। जिससे की वह कर्जे को चुकाने में समर्थ हो सके और उसकी शक्तियों पर लगाए गए प्रतिबंधों से अपने आप को मुक्त करा सके।[6] 1918 में वह कर्ज को चुकाने में सफल हुआ लेकिन दीवान पर दोहरा नियंत्रण आगे भी कुछ वर्षो तक निरंतर जारी रहा। उपरोक्त कठिनाईयों के रहते हुए भी महामहिम ने प्रशासन को समर्थता से और कुशलतापूर्वक व्यवहार किया। 1901 में रही जनसंख्या 81000 से बढ़कर 1931 में 146000 हो गई। राज्य की आय 1.1 लाख से 4.6 लाख रूपये हो गई थी। पूरे राज्य का सर्वेक्षण और भूमि की पैमाइश की गई। भूमि को वर्गीकृत किया गया और सेन्टलमेन्ट के अनुसार किराया निर्धारित किया गया। अत: झाबुआ राजगद्दी में राजा गोपालसिंह तथा राजा उदयसिंह के काल में राज्य की सत्ता एवं शक्ति प्रखर होकर जनता तथा अन्य राज्यों तक राठौड़ों का कीर्तिमान फैला।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इनायत उल्ला, फोलियों बी पृष्ठ 34
2. एम. टी. आर. एस. पृष्ठ 78
3. मालवा के राठौड़ पृष्ठ 131
4. झाबुआ स्टेट गजेटियर सी. ई. लुआर्ड पृष्ठ 6 (12)
5. झाबुआ स्टेट गजेटियर 1098 पृष्ठ 7
6. झाबुआ स्टेट गजेटियर, सी. ई. लुआर्ड, बाम्बे ब्रिटिश प्रेस, बेयकुला पृष्ठ 7
7. डॉ. शोभनाथ पाठक भीलों के बीच बीस वर्ष, प्रभात प्रकाशन दिल्ली।
8. डॉ. राजेन्द्र जैन झाबुआ के भीलों की संस्कृति, मानसी पब्लिकेशन्स दिल्ली।
9. श्रीचंद जैन वनवासी भील एवं उनकी संस्कूति, रोशनलाल एण्ड़ संन्स जयपुर।

****

माध्यमिक स्तर पर विद्यालयों में समावेशी शिक्षा विषयक शैक्षिक चुनौतियाँ

डॉ. बी. के. गुप्ता*

प्रस्तावना – समाज में आत्म-सम्प्रत्यय, समायोजन, सम्बलन, आत्म-विश्वास जाग्रत करना शिक्षा का उद्देश्य होता है। विशिष्ट विद्यार्थियों को पर्याप्त शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध न होने पर वे शिक्षा से दूर हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरुप उनमें आत्म-विश्वास की कमी हो जाती है जो सामाजिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण समस्या उत्पन्न करता है।

बालक विशिष्ट प्रकृति का हो या सामान्य प्रकृति का उसकी शैक्षिक एवं सामाजिक भावनाएँ समान होती है वह शिक्षा प्राप्त करके उन्नति करना चाहता है, अत: बालकों को उनकी विशिष्टता के आधार पर उन्हें शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जानी चाहिए लेकिन विद्यालय में संसाधनों का अभाव एवं शिक्षकों की रुचि के अभाव में उनका शैक्षिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक विकास अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पाता है। प्रत्येक राष्ट्र का भविष्य बालक होता है, अत: बालकों को शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाना प्रत्येक राष्ट्र का कर्त्तव्य होता है। शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 के कानून बनने के बाद शत-प्रतिशत साक्षरता दर प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को शैक्षिक सुविधाएँ प्राप्त करने हेतु सरकार कटिबद्ध है। अत: विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों की सरकारें विभिन्न शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान कर रही हैं परन्तु यह अनुभव किया जा रहा है कि विद्यार्थियों को उनका लाभ अपेक्षित मात्रा में नहीं मिल पा रहा है।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा-2005 की अनुशंसाओं के अनुसार हमारे देश में समावेशित शिक्षा का सम्प्रत्यय विकसित किया जाना है, इस हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं परन्तु वांछित परिणाम दृष्टिगोचर नहीं हो रहे हैं। जब तक पूर्ण शैक्षणिक सुविधाएँ प्रत्येक विशिष्ट विद्यार्थी को प्राप्त नहीं होगी तब तक राष्ट्र के श्रेष्ठ विकास एवं निर्माण की परिकल्पना अधूरी रहेगी। अत: शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता से विशिष्ट आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का मानसिक, शारीरिक, नैतिक, सामाजिक विकास होगा तथा राष्ट्र के निर्माण में विशिष्ट विद्यार्थी भी अपेक्षित सहयोग प्रदान करेगा जिससे उसमें भी उत्साह एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा।

प्रस्तुत शोध आलेख में राजकीय शहरी एवं ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक समस्याओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया जा रहा है।

समस्या कथन – माध्यमिक स्तर पर विद्यालयों में समावेशी शिक्षा विषयक शैक्षिक चुनौतियाँ।

शोध उद्देश्य – प्रस्तुत शोध कार्य हेतु निम्नलिखित शोध उद्देश्य निर्धारित किए गए-

1. राजकीय ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक चुनौतियों का अध्ययन करना।
2. राजकीय शहरी माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक चुनौतियों का अध्ययन करना।
3. राजकीय ग्रामीण एवं शहरी माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक चुनौतियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शून्य परिकल्पना – राजकीय ग्रामीण एवं शहरी माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक चुनौतियों में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।

परिसीमन :-

1. क्षेत्र – प्रस्तुत शोध कार्य सीतापुर जिले के माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश (UPMSP) से संबंधित माध्यमिक विद्यालयों तक सीमित रखा गया है।
2. जनसंख्या – प्रस्तुत शोध कार्य दिव्यांग/विशिष्ट (मूक, बधिर, दृष्टि बाधित, अस्थि विकलांगता इत्यादि) के संदर्भ में सीमित रखा गया है।

न्यादर्श – सीतापुर जिले में संचालित शहरी राजकीय एवं ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों में से यादृच्छिक प्रतिचयन विधि के माध्यम से 4 शहरी एवं 4 ग्रामीण राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया। चयनित विद्यालयों के 8 प्रधानाध्यापकों (4 शहरी एवं 4 ग्रामीण) का सोद्देश्य प्रतिचयन विधि से एवं 30 अध्यापकों (15 शहरी एवं 15 ग्रामीण) का चयन यादृच्छिक प्रतिचयन विधि के माध्यम से किया गया।

पारिभाषिक शब्दावली :

समावेशी शिक्षा – समावेशी शिक्षा से तात्पर्य उस औपचारिक शिक्षा पद्धति की विद्यालय शिक्षा से है जहाँ विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी अन्य सामान्य विद्यार्थियों के साथ शिक्षा प्राप्त करते हैं और वहाँ विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी सामान्य विद्यार्थियों के साथ अध्ययन करते हुए सामाजिकता का विकास कर समाज की मूल धारा से जुड़ने का प्रयास करते हैं।

चुनौतियाँ – राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा (NCF)-2005 की अनुशंसानुसार सामान्य विद्यालयों में समावेशित शिक्षा का सम्प्रत्यय विकसित किया जाना है परन्तु भारतीय सामाजिक परिदृश्य में समावेशित शिक्षा को विद्यालयों में लागू करने में विभिन्न स्तरों (समाज/विद्यालय/परिवार/अभिभावक/विद्यार्थी इत्यादि) पर आने वाली अनेक समस्याओं का समाधान करते हुए विद्यालयों में समावेशित शिक्षा का सम्प्रत्यय विकसित करने हेतु प्रयासरत रहता है; सफलता प्राप्ति हेतु समस्याओं के साथ संघर्ष करने की इस प्रक्रिया को चुनौतियों के संदर्भ में देखा गया है।

शोध उपकरण – प्रस्तुत शोध कार्य में निम्नलिखित स्वनिर्मित शोध

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा) जे. एन. एम. पी. जी. कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

उपकरणों का उपयोग किया गया–

1. समावेशी शिक्षा की चुनौतियों विषयक प्रश्नावली – अध्यापकों हेतु।
2. साक्षात्कार अनुसूची प्रपत्र – प्रधानाध्यापकों हेतु।

सांख्यिकीय प्रविधि – प्रस्तुत शोध कार्य में दत्तों का विश्लेषण करने हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं 'टी' मूल्य का उपयोग किया गया।

दत्त विश्लेषण एवं व्याख्या – प्राप्त दत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या निम्नानुसार की गई–

तालिका संख्या–1 : समावेशी शिक्षा आधारित शैक्षिक चुनौतियों के संदर्भ में मध्यमान, मानक विचलन एवं 'टी' मान

विद्यालय	अध्यापकों की संख्या	मध्यमान	मानक विच–लन	मध्यमान का अंतर	मानक त्रुटि	'टी' मान	परिणाम
शहरी राजकीय विद्यालय	15	3.00	1.06	0.12	0.33	0.37	कोई सार्थक अंतर नहीं
ग्रामीण राजकीय विद्यालय	15	3.12	1.24				

स्वतंत्रता के अंश (df) = 48

0.05 स्तर पर सारणीमान = 2.01

व्याख्या – उपर्युक्त तालिका यह दर्शाती है कि समावेशी शिक्षा लागू करने में राजकीय शहरी विद्यालयों एवं राजकीय ग्रामीण विद्यालयों में शैक्षिक चुनौतियाँ (प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धत, शिक्षकों पर शैक्षणेत्तर कार्यभार, आनुपातिक शिक्षकों की उपलब्धता, विशिष्ट पाठ्यक्रम, शैक्षिक वातावरण में कृत्रिमता अनुभव होना) विषयक दत्तों के मध्य संगणित 'टी' मान 0.37 प्राप्त हुआ जो कि सारणी मान (.05 स्तर पर 2.01) से कम है। उपर्युक्त दत्त विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि राजकीय शहरी विद्यालयों एवं राजकीय ग्रामीण विद्यालयों में शैक्षिक चुनौतियों के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है, अर्थात् दोनों प्रकार के विद्यालयों में शैक्षिक चुनौतियाँ समान स्तर पर पायी जाती है।

शून्य परिकल्पना की जाँच – इस शोध हेतु पूर्व निर्धारित शून्य परिकल्पना कि 'राजकीय ग्रामीण एवं शहरी माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक चुनौतियों में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।' स्वीकार की गयी।

समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली चुनौतियाँ – प्रधानाध्यापकों के मतानुसार समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग/विशिष्ट विद्यार्थियों को सामान्य अध्यापकों द्वारा शिक्षण करवाने में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों दोनों को कठिनाई महसूस होती है क्योंकि सामान्य अध्यापक इस प्रकार के विद्यार्थियों को शिक्षण करवाने हेतु प्रशिक्षित नहीं होते हैं। विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों हेतु विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों का अभाव रहता है। शिक्षण हेतु उपयुक्त शिक्षण सामग्री जैसे ब्रेल लिपि, ब्लेक बोर्ड, बड़े अक्षरों वाली पुस्तकें आदि सामग्री का अभाव रहता है। पाठ्यक्रम भी विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए अनुकूल नहीं होता है जिससे इन विद्यार्थियों को पढ़ाने में समस्या महसूस होती है। शिक्षकों पर कार्यभार अधिक होने की वजह से विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय भी नहीं दिया जा सकता है। विद्यालयों की वर्तमान स्थिति के अनुसार सामान्य विद्यार्थियों के आनुपातिक स्तर पर भी पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध शिक्षकों में से भी समय–समय पर कुछ शिक्षकों को विभिन्न गैर–शैक्षणिक कार्यों (जनगणना, मतदान, पोलियो इत्यादि) में सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में समावेशित शिक्षा का सम्प्रत्यय विकसित करना असंभव अनुभूत होता है।

निष्कर्ष एवं विवेचना – दत्त विश्लेषण एवं व्याख्या के आधार पर निम्न निष्कर्ष निकलकर सामने आते हैं कि–

1. राजकीय ग्रामीण एवं शहरी माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने में आने वाली शैक्षिक चुनौतियों में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है, अर्थात् दोनों प्रकार के विद्यालयों में चुनौतियाँ समान स्तर पर पायी जाती है।
2. दिव्यांग/विशिष्ट विद्यार्थियों को शिक्षण करने हेतु राजकीय शहरी एवं ग्रामीण विद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं है।
3. राजकीय ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों पर शिक्षण से इतर अधिक कार्यभार होने के कारण अध्यापक दिव्यांग/विशिष्ट विद्यार्थियों पर पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं।
4. राजकीय ग्रामीण विद्यालयों में उपलब्ध विद्यार्थियों के अनुपात में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं है।
5. राजकीय शहरी एवं ग्रामीण विद्यालयों में दिव्यांग/विशिष्ट विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार पाठ्यक्रम (ब्रेल लिपि वाली पाठ्य–पुस्तके, बड़े अक्षरों वाली पुस्तकें) उपलब्ध नहीं हैं।
6. सामान्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सामान्य विद्यार्थियों एवं दिव्यांग/विशिष्ट विद्यार्थियों को एक साथ बिठाकर पढ़ाने में समस्याएँ अनुभूत होती है।
7. सामान्य प्रशिक्षित शिक्षकों को दिव्यांग/विशिष्ट विद्यार्थियों को पढ़ाने में शैक्षिक वातावरण कृत्रिम, औपचारिक एवं नाटकीय महसूस होता है।

उपसंहार – राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा–2005 के अनुसार विद्यालयों में समावेशी शिक्षण का सम्प्रत्यय विकसित किया जाना अपेक्षित है। इस अनुशंसा की क्रियान्विति में विभिन्न स्तरों पर आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों का अध्ययन किया गया। इसके लिए राजकीय शहरी एवं ग्रामीण विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं प्रधानाध्यापकों से दत्तों का संकलन किया गया। दत्त विश्लेषणोपरान्त यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि राजकीय शहरी एवं ग्रामीण विद्यालयों में समावेशी शिक्षण विषयक चुनौतियाँ पायी जाती है। अतः इन विद्यालयों में समावेशी शिक्षा लागू करने से पूर्व आवश्यक शैक्षिक एवं भौतिक व्यवस्थाएँ प्रशासनिक स्तर पर उपलब्ध करवाई जानी अपेक्षित है तभी समावेशी शिक्षा का सम्प्रत्यय विकसित किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Garret, H.E. (1992) Statistics in Psychology and Education, Bombay : Allied Pacific Pvt. Ltd.
2. Karlinger, F.N. (1994) Foundation of Behavioural Research, New York: Halt Reinetart and Winston.
3. कपिल, एच. के. (2006) सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
4. नारंग, के. सी. (2000) समोवशी शिक्षा, नई दिल्ली : सूर्या प्रकाशन।
5. गैरेट, ई. हेनरी (2007) शिक्षा एवं मनोविज्ञान में सांख्यिकी, नई दिल्ली : कल्याणी पब्लिशर्स।
6. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा (2005) एन.सी.ई.आर.टी., प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली।

मद्यपान का आदिवासी जनजीवन पर प्रभाव (जिला अलीराजपुर के विशेष संदर्भ में)

लखनलाल गांगले *

प्रस्तावना - जनजाति समुदाय में मद्यपान का अत्यधिक चलन है एवं ये समुदाय अपने घरों में ही मदिरा बनाता है। पश्चिमी मध्यप्रदेश के जनजाति समुदाय में महुआ द्धारा बनाई गई मदिरा बहुत लोकप्रिय है। विभिन्न अवसरों पर मद्य का सेवन करना जनजाति समुदाय के जीवन की एक परंपरा बन गई है। प्रमुख त्योहारों, विवाह और अन्य छोटे-बड़े उत्सवों में जनजाति पुरुषों के साथ - साथ महिलाओं द्धारा भी मद्य का सेवन किया जाता है। सामान्यत: घर में बनाई गई मद्य उतना हानिकारक नहीं था जितना की बाजार में मिलने वाला, परंतु समय के साथ जनजाति समुदाय में घर की बनी मदिरा की अपेक्षा बाजार की मदिरा का चलन बढ़ता जा रहा है जो कि उनके स्वास्थ्य, सामाजिक स्थिति एवं आर्थिक स्थिति सभी के लिए घातक हो रही है। यदि अध्ययन क्षेत्र में मद्यपान की यही स्थिति रही तो संभवत: आने वाले समय में समुदाय और अधिक भी पिछड़ सकता है।

यह सत्य है कि मद्य जनजाति समुदाय की संस्कृति एवं परंपरा का हिस्सा है परंतु वर्तमान में हो रहे परिवर्तन के कारण यह एक समस्या बन गई है, परिणामस्वरूप जनजाति समुदाय का सामाजिक-आर्थिक विकास अवरूद्ध हो रहा है। अत: आवश्यक हो जाता है कि जनजाति समुदाय में बढ़ रहे मद्यपान पर नियंत्रण के प्रयास किये जाए। शासन द्धारा किए जा रहे प्रयास के साथ-साथ क्षेत्र में गैर सरकारी संगठनों के द्धारा भी व्यापक स्तर पर मद्यपान निषेध हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। फिर भी जनजाति समुदाय पर मद्यपान के प्रभाव को देखा जा सकता है।

प्रस्तुत अध्ययन में मद्यपान का आदिवासी समुदाय पर प्रभाव का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

शोध प्रविधि -

शोध प्रारूप - प्रस्तावित शोध अध्ययन हेतु वर्णनात्मक शोध प्रारूप को अपनाया गया है।

अध्ययन क्षेत्र - प्रस्तुत शोध कार्य हेतु अलीराजपुर जिले का चयन किया गया है। जो मध्यप्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी भाग में स्थिति मध्यप्रदश के अलीराजपुर जिले की कुल जनसंख्या 7,28,999 है। जिनमें जनजातीय वर्ग की जनसंख्या 6,48,648 है। जिनमें से पुरुष 3,21,842 एवं महिलाओं की संख्या 3,26,796 है। इस जिले की साक्षरता दर प्रदेश में सबसे कम है।

अध्ययन का समग्र - अध्ययन क्षेत्र अलीराजपुर जिले में निवासरत् समस्त आदिवासी परिवार अध्ययन का समग्र हैं।

अध्ययन की इकाई - अध्ययन क्षेत्र का एक अदिवासी परिवार अध्ययन की इकाई है।

निदर्शन विधि - शोध अध्ययन हेतु निम्नानुसार बहुस्तरीय दैव निदर्शन विधि के द्धारा उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। इस प्रकार 6 विकासखंडों में से उच्च जनसंख्या, मध्यम जनसंख्या एवं निम्न जनसंख्या वाले विकासखंडों का चयन किया गया है।

चयनित तीन विकासखंडों में से प्रतयेक विकासखंड में दो कार्यरत् गैर सरकारी संगठन का चयन किया गया है। गैर सरकारी संगठनों के कार्यक्षेत्र में से 5 ग्रामों का चयन किया गया, इस तरह तीन विकासखंड में से कुल 30 ग्रामों का चयन बहुस्तरीय दैव निदर्शन विधि द्धारा किया गया है। चयनित 30 ग्रामों में से 300 उत्तरदाता का चयन दैव निदर्शन विधि द्धारा किया गया है।

तथ्य संकलन के स्त्रोत

प्राथमिक स्त्रोत - शोध के उद्देश्यों के अनुरूप साक्षात्कार सूची बनाकर एवं अवलोकन से क्षेत्र के समुदाय विशेष के बारे में मौखिक रूप से प्राप्त जानकारियाँ एकत्र की गई।

द्धितीयक स्त्रोत - अध्ययन के विषय में विद्धानों द्धारा लिखी गई पुस्तकें, प्रलेखों तथा विकासखण्ड और विकास प्राधिकरण द्धारा विभिन्न बिन्दुओं पर संकलित जानकारियों का उपयोग किया गया है।

आँकड़ों का विश्लेषण एवं विवेचन

स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव - मदिरा एक ऐसा पेय पदार्थ है जिसका उपयोग लोगों द्धारा केवल नशे के लिए किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति के पास नशा करने का अलग-अलग कारण होता है लेकिन एक निश्चित सीमा से अधिक सेवन करने पर उसका नकारात्मक प्रभाव ही पड़ता है। अध्ययन क्षेत्र में मद्यपान अधिक मात्रा में देखने को मिलता है अत: मदिरा का स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव संबंधी अभिमतों को निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 01 - मदिरा के कारण स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव संबंधी अभिमत

अभिमत	आवृत्ति	प्रतिशत
हां	178	59.3
नहीं	122	40.7
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका के अनुसार 59.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि मद्य के कारण उनके परिवारिक सदस्यों को मद्यपान से होने वाली बिमारियॉ हुई है शेष 40.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस संदर्भ में ना में जवाब दिया। तालिका अध्ययन से पता चलता है कि मद्यपान से अनेक प्रकार के रोग होने की संभावना होती है अत: किसी भी प्रकार एवं मात्रा में इसका प्रयोग उचित नहीं है। इसके लगातार प्रयोग से अनेक प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक

* शोधार्थी (समाजकार्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

रोग तो होते ही है साथ में इसके अधिक प्रयोग से व्यक्ति का स्वभाव चिढ़चिढा और आक्रमक भी हो जाता है। वर्तमान समय में हम देखते है कि मद्य पीकर अनेक दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। क्योंकि इसके प्रयोग के बाद मन–मस्तिष्क पर नकारात्मक उर्जा हावी हो जाती है।

मद्यपान के कारण मृत्यु संबंधी अभिमत – मद्यपान का ज्यादा सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और समय रहते इस पर नियंत्रण अथवा रोक नहीं लगाने की वजह से व्यक्ति की मृत्यु भी हो जाती है। अध्ययन क्षेत्र में जागरूकता का अभाव एवं अधिक मद्यपान दोनों ही समस्या विद्यमान होने के कारण आवष्यक हो जाता है कि क्षेत्र में मद्यपान के कारण परिवार में हुई मृत्यु का अध्ययन किया जाए।

तालिका 02 – मद्यपान से परिवार में हुई मृत्यु संबंधी अभिमत

अभिमत	आवृत्ति	प्रतिशत
कोई नहीं	221	73.7
एक	56	18.7
दो	23	7.7
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित आंकडो के संदर्भ में 73.7 प्रतिशत परिवार है जिनमें मद्यपान के कारण किसी पारिवारीक सदस्य की अकाल मृत्यु नहीं हुई है। 18.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार है जिनमें मद्य पीने से परिवार के 1 सदस्य की अकाल मृत्यु हुई है और 7.7 प्रतिशत परिवार में 2 लोगों की मृत्यु हुई है। यहॉ यह उल्लेखित करना आवश्यक है कि 26.4 प्रतिशत परिवारों के घर में शराब सेवन से किसी सदस्य की मौत हुई है अत: यह कथन सर्वदा सत्य है कि शराब एक जानलेवा पेय पदार्थ है यह ना सिर्फ गंभीर शारीरिक एवं मानसिक बिमारीयों का कारण बनता है अपितु इससे जान भी जा सकती है। यदि किसी परिवार के मुखिया की मृत्यु शराब के कारण हो जाती है तो उसके परिवार के सदस्यों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पडता है।

मद्यपान का परिवार पर नकारात्मक प्रभाव – मद्यपान नशे हेतु किया जाता है और जब व्यक्ति मद्य के नशे का आदि हो जाता है तो वह अपनी और अपने परिवार की अधिकांश आय मद्यपान पर ही खर्च करना प्रारंभ कर देता है। जिसके परिणाम स्वरूप परिवार पर मद्यपान का नकारात्मक प्रभाव नजर आने लगता है। अध्ययन क्षेत्र में परिवार पर मद्यपान के नकारात्मक प्रभाव का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 03 – परिवार पर मद्यपान का नकारात्मक प्रभाव संबंधी अभिमत

अभिमत	आवृत्ति	प्रतिशत
हां	200	66.7
नहीं	100	33.3
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका अनुसार 66.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह माना है कि मद्य पीने से उनके परिवार पर नकारात्मक प्रभाव पडे है वही शेष 33.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने किसी भी प्रकार के नकारात्मक प्रभावों से इनकार किया है।

तालिका अध्ययन से पता चलता है कि मद्यपान से ना सिर्फ व्यक्ति विशेष अपितु उसके परिवार पर भी अनेक प्रकार के नकारात्मक प्रभाव पढते है जिससे की परिवार को अनेक कठीनाईयों का सामना करना पडता है। मद्यपान के कारण व्यक्ति के मन–मस्तिष्क में नकारात्मक विचार आने लग जाते है जिसके कारण वह कई बार जाने – अनजाने में आक्रामक होकर स्वयं अथवा परिवार की हानि कर देता है। आंकडे बताते हैं कि चोरी, हत्या तथा दुष्कर्म जैसै निंदनीय कार्य करने वाले व्यक्ति किसी ना किसी प्रकार के नषे के आदि होते है। वे नशा कर इन घटनाओं को अंजाम देते है। अत: इसका प्रयोग कदापि नहीं करना चाहीये।

विभिन्न तालिकाओं के विश्लेषण से निष्कर्ष ज्ञात होता है कि आदिवासी जनजीवन पर मद्यपान के सिर्फ और सिर्फ नकारात्मक प्रभाव ही हुए हैं। आदिवासी समुदाय अतीत से ही मद्यपान करता आ रहा है परंतु वर्तमान में मद्यपान एक समस्या बन गया है। जिसका मुख्य कारण पूर्व में समुदाय द्वारा नाचने–गाने व मनोरंजन के लिए मद्यपान किया जाता था जो कि बहुत कम मात्रा में होता था परंतु वर्तमान में मद्यपान शोक के लिए एवं बहुत अधिक मात्रा में उपयोग किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आहुआ राम (1994), 'सामाजिक समस्याएं', रावत पब्लिकेशन, जवाहर नगर, जयपुर।
2. ओझा एन. एम (2005),'भारत की सामाजिक समस्याऐं', रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
3. गुप्ता एम. एल., शर्मा डी. डी. (2010), 'भारतीय सामाजिक समस्याएं', साहित्य भवन, पब्लिकेशन आगरा।
4. जाउलकर माधव (1991),'नशा मुक्ति', पंचायत एवं समाज कल्याण संचनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल।
5. यादव रामलाल (2012),'मद्यपान का समाजशास्त्र', युनिवर्सल बुक डिपो, ग्वालियर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

एच.आई.वी. एड्स की रोकथाम में परिवार तथा समाज की भूमिका (मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के विशेष संदर्भ में)

मुकेश अजनार *

प्रस्तावना – भारत में बडे पैमाने पर वैश्यावृत्ति होती है जो कि एचआईवी/एड्स होने का भारत में सबसे महत्वपूर्ण कारण है। हालांकि भारत मे वैश्यावृत्ति पर कानूनी रूप से पूरी तरह से पाबंदी है किंतु फिर भी भ्रष्ट राजनीति, कमजोर पुलिस प्रशासन तथा जनसाधारण में जागरूकता की कमी होने के कारण एड्स बड़ी आसानी से भारतीयों को अपना शिकार बना रहा है। मुख्य रूप से आपराधिक कार्यो में लिप्त पुरूष, मलीन बस्तियों में रहने वाले पुरूष, कम उम्र के बच्चे जिन्हें उचित देखभाल, समझाईश ना मिली हो वैश्याओं के संम्पर्क में आकर स्वंय को जानलेवा स्थिति में डाल लेते है। ग्रामों में निवासरत महिला–पुरूष जिनमें एचआईवी/एड्स से संम्बधित अधिक जानकारी ना हो, वह अपनी कामवासना में पागल होकर असुरक्षित यौन संम्बंधों का निर्माण कर बडी सुलभता से इस बीमारी का शिकार हो जाते है।

भारत में प्रथम एच.आई.वी पीड़ित व्यक्ति का मामला (केस) 1986 को तमिलनाडु के चेन्नई में पाया गया जो देह व्यापार में लिप्त था। और पता लगाने पर पता चला कि ये एक विदेशी पर्यटक के सम्पर्क में आने से पाया गया था। वर्ष 1987 में राष्ट्रीय एच.आई.वी. नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसने प्राथमिक रूप से खुन की जाँच और स्वास्थ्य शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा। 2017 में NACO और UNAIDS के सामान्य अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग 21 लाख 40 हजार लोग एच.आई.वी./एड्स से पीड़ित व्यक्ति पाये गये। मध्यप्रदेश में **मार्च 2019** तक 61372 एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति है। **(मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अनुसार)**

मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में से झाबुआ एक विशेष पिछड़ा जिला है, इस जिले की अधिकांश जनसंख्या सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य समस्याओं से निरंतर ग्रसित जीवन–यापन कर रहे है। जिनमें से स्वास्थ्य समस्या एक प्रमुख समस्या है। इस क्षेत्र में लोग अज्ञानता, अस्वच्छता, परम्परागत मान्यतायें, सुखा, पलायन, शासकीय योजनाओं का ज्ञान नहीं होना इत्यादि महत्वपूर्ण कारणों से ही स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित हो रहे हैं। झाबुआ जिला मध्यप्रदेश राज्य के पश्चिमी छोर पर स्थित है। जनगणना 2011 के अनुसार झाबुआ जिले की जनसंख्या 1024091 है। वर्तमान में **मार्च 2019** तक झाबुआ जिले में 533 लोग एड्स पीड़ित है। **(मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अनुसार)**

वर्तमान झाबुआ जिले में अनेक स्वास्थ्य समस्या है। जिलें में अनेक बीमारी में से एक एच.आई.वी./एड्स भी व्याप्त है। पीड़ित लोगों में व्याप्त एच.आई.वी./एड्स का मुख्य कारण अशिक्षा, अजागरूकता एवं पलायन है। इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन कम एवं बेरोजगारी के कारण यह लोग जीविका हेतु समीपस्थ गुजरात राज्य में कार्य हेतु पलायन करते है। जहाँ पर जनजातीय किशोरी, महिलाओं को कुछ उच्च वर्गो के द्वारा शोषण किया, जाता है, एवं जनजातीय यूवक–यूवतियों में असुरक्षित यौन क्रिया द्वारा भी यह रोग फैल रहा है।

शोध प्रविधि –

अध्ययन क्षेत्र – मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में अशिक्षा, गरीबी तथा बेरोजगारी की समस्या से ग्रसित अधिकांश जनसंख्या रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करती है। अत: नियमित पलायन के कारण झाबूआ जिला एड्स जैसी बीमारियों के फैलने के लिए अति संवेदनशील है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 में कुल 353 व्यक्ति एड्स से ग्रसित है। ऐसे व्यक्तियों की संख्या में प्रतिवर्ष इजाफा ही हो रहा है। अत: यह तथ्य को ध्यान में रखते हुये शोध हेतु झाबुआ जिले को अध्ययन क्षेत्र स्वरूप चयनित किया गया है।

निष्कर्ष – दुष्प्रभाव रोकथाम में परिवार तथा समाज की भूमिका :

1. 78.7 प्रतिशत एड्स के रोगी अपने परिवार के साथ ही रहते है।
2. 72 प्रतिशत एड्स के रोगीयों ने स्वीकार किया की उनकी चिकित्सा हेतु परिवार सहयोग प्रदान कर रहा है।
3. एड्स के मरीजों को मुख्य रूप से परिवार से ही आर्थिक एवं प्रेराणास्पद मदद मिल रही है इसके बाद गैर शासकीय संगठनों को स्थान है।
4. 81.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह माना कि उनके परिवार के सदस्यों द्वारा उनकी उपेक्षा नहीं की जाती है।
5. 84.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार एड्स से ग्रसित व्यक्ति के परिवार वालों को मरीज के प्रति सहायता की भावना रखना चाहिये तो शेष 15.3 प्रतिशत ने दया भावना रखने की बात कही।
6. 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि एड्स से ग्रसित व्यक्ति के प्रति ग्रामजन का व्यवहार उसकी हमेशा सहायता का होना चाहीये।
7. कुल पुरूषों में से 95.4 प्रतिशत पुरूष उत्तरदाताओं ने यह कहा कि वे नियमित रूप से उपचार ले रहे है जबकि 4.6 प्रतिशत ने नियमित उपचार लेने से इनकार किया है।
8. कुल महिला उत्तरदाताओं में से शत प्रतिशत ने स्वीकार किया कि वे नियमित रूप से उपचार लिया है।
9. कुल पुरूष उत्तरदाताओं में से 56.3 प्रतिशत ने इस बात को स्वीकार किया है कि उनके उपचार में उनके परिवार ने सहायता की है।
10. 36.8 प्रतिशत पुरूषों ने उपचार हेतु गैर–शासकीय संस्थाओं के सहयोग की बात कही है।
11. कुल महिला उत्तरदाताओं में से 93.7 प्रतिशत ने परिवार से सहायता की बात की तो शेष 6.3 प्रतिशत ने शासकीय ट्रस्ट की मदद को

* शोधार्थी (समाजकार्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

स्वीकारा है।

12. किसी भी महिला उत्तरदाता ने गैर शासकीय संस्थाओं से उपचार संबंधी कोई सहायता नही ली है।
13. कुल पुरूष उत्तरदाताओं में से 63.2 प्रतिशत ने स्वीकार किया है कि वे परिवार के साथ ही रहते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची : -

1. आहुआ राम (1994), 'सामाजिक समस्याएं', रावत पब्लिकेशन, जवाहर नगर, जयपुर।
2. ओझा एन. एम (2005),'भारत की सामाजिक समस्यायें', रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
3. गुप्ता एम. एल., शर्मा डी. डी. (2010) ,'भारतीय सामाजिक समस्याएं', साहित्य भवन, पब्लिकेशन आगरा।
4. आहुजा राम, (2008), 'सामाजिक समस्या, विवेक प्रकाशन', नई दिल्ली।
5. दुबे श्यामचरण (2005),'भारत में सामाजिक समस्याएँ', नेशनल बुक ट्रस्ट, इण्डिया नई दिल्ली।
6. जैन राजेन्द्र (2008),'झाबुआ के भिलों की संस्कृति', मानसी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
7. जैन राजेन्द्र (2008), 'झाबुआ के भिलों की संस्कृति', मानसी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
8. कुमार शेलेन्द्र मोहन (2011) 'एड्स से संघर्ष', योजना पत्रिका, नई दिल्ली।
9. लामस ग्रेसियन (1995),'एड्स एण्ड फेमिली एज्युकेशन', रावत पब्लिकेंशन, जयपुर।
10. मुकर्जी रविन्द्र नाथ (2012),'सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी', विवेक प्रकाशन, नई दिल्ली।
11. नाकों (1994),'एड्स /एच. आई.वी./ एस वी.डी.,परामर्श प्रशिक्षण मेनुअल', नई दिल्ली।
12. नाको (2012-13), 'वार्षिक प्रतिवेदन', नई दिल्ली।
13. पाटिल अशोक डी (2008),'ग्रामीण एवं नगरीय समाजशास्त्र', म.प्र.हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
14. सिंह गुर्रिदरवीर (1997) 'एड्स एण्ड फेमिली एज्युकेशन, इग्नु नई दिल्ली।
15. शर्मा, कमलेश सुमन पाटनकर, (2002)'प्रवासी आदिवासी महिलाओं की समस्याएँ एवं समाधान', डॉ. आम्बेड़कर सामाजिक विज्ञान, शोध पत्रिका, महू।
16. शर्मा, श्रीनाथ (2003),'जनजातीय समाजशास्त्र', म.प्र.हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
17. सिंह, उर्मिलेश, (2009),'ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधायें योजना' पत्रिका, नई दिल्ली।
18. सांख्यिकी पुस्तिका (2011), सांख्यिकी कार्यालय, झाबुआ।

****

स्व सहायता समूहों का बैंक लिंकेज तथा रिवॉल्विंग फंड वितरण (धार जिले के संदर्भ में एक अध्ययन)

संजीव कुमार व्यास* डॉ. विजय ग्रेवाल**

प्रस्तावना – स्वयं सहायता समूह का बैंक में खाता खुलवाना एक चरणबद्ध प्रक्रिया है। पूर्व के शोध बताते है कि समूह के सदस्य प्रारम्भ में ऋण का उपभोग कार्य (बीमारी, शादी, शिक्षा इत्यादि) में अधिक खर्च करते हैं। कुछ समय उपरांत खर्च उत्पादन कार्य की ओर बढ़ता है और जैसे-जैसे समूह पुराना होता होता है उसके ऋण धारण की क्षमता भी बढती है। अपेक्षा यह रहती है कि अब समूह अनुभवी हो चूका है और सभी प्रकार का ऋण प्रवंधन क्षमता प्राप्त कर चूका है। इस वक्त समूह को पर्याप्त कोष की आवश्यकता होती है और इस हेतु किसी स्थानीय वित्तीय संस्था अथवा बैंक से सहबद्ध किया जाता है। प्रस्तुत शोध लेख मध्य प्रदेश के धार जिले के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गठित स्व सहायता समूहों की बैंक लिंकेज की स्थिति पर तथ्यों को प्रकट करने का एक प्रयास है।

बैंकिग सरंचना एवं ग्रामीण – देश में औपचारिक ऋण प्रक्रिया का तेजी से विस्तार होने के बावजूद, बहुत से क्षेत्रों में, विशेष रूप से आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गरीब ग्रामीणों की निर्भरता अधिकांशत: साहूकारों पर ही थी। ऐसी निर्भरता सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और जनजातियों के सीमान्त किसानों, भूमिहीन मजदूरों, छोटे व्यवसायियों और ग्रामीण कारीगरों में देखने को मिलती थी जिनकी बचत की क्षमता व राशि इतनी सीमित होती है कि बैंकों द्वारा उसे इक्ठ्ठा नहीं किया जा सकता। कई कारणों से इस वर्ग को दिए जाने वाले ऋण को संस्थागत नहीं किया जा सका है। गैर सरकारी संगठनों द्वारा बनाए गए अनौपचारिक समूहों पर नाबार्ड, एशियाई और प्रशांत क्षेत्रीय ऋण संघ (एप्राका) और अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा किए गए अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि स्वयं सहायता बचत और ऋण समूहों में औपचारिक बैंकिंग ढांचे और ग्रामीण गरीबों को आपसी लाभ के लिए एकसाथ लाने की संभाव्यता है एवं उनका कार्य उत्साहजनक रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयास – एसएचजी और गैर संगठनों की कार्यप्रणाली के अध्ययन के विचार से ग्रामीण क्षेत्र में उनकी गतिविधियों और भूमिका के विस्तार के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने श्री एस. के. कालिया नाबार्ड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में नवंबर 1994 में एक कार्यदल का गठन किया जिसमें प्रमुख गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, परामर्शदाता और बैंकर थे। कार्यदल का विचार था कि औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से अब तक अछूते ग्रामीण गरीब लोगों को ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति में सुधार के लिए एसएचजी को बैंकों से जोड़ना एक लागत प्रभावी, पारदर्शी और लचीला उपाय है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण वसूली तथा बारंबार अंतराल पर छोटे उधारकर्ताओं के साथ लेन-देन में उच्च लेन-देन लागत की बैंकों की दोहरी समस्या का अति आवश्यक समाधान प्रदान की जाने की आशा है। अत: कार्यदल को ऐसा महसूस हुआ कि नीति का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायता समूहों के गठन तथा बैंकों से उनकी सहलग्नता को प्रोत्साहित करना है और इस संबंध में बैंकों को मुख्य भूमिका निभानी होगी। कार्यदल ने सिफारिश की थी कि बैंकों को सहलग्नता कार्यक्रम को एक कारोबारी अवसर के रूप में लेना चाहिए तथा वे अन्य बातों के साथ-साथ संभाव्यता, स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध प्रतिभा/कौशल आदि को ध्यान में रखकर क्षेत्र-विशिष्ट और समूह - विशिष्ट ऋण पैकेज बनाएं।

स्व सहायता समूह का खाता खोलना – रिजर्व बैंक के अनुसार पंजीकृत और अपंजीकृत एसएचजी जो अपने सदस्यों की बचत आदतों को बढ़ाने के कार्य में संलग्न हैं, बैंकों के साथ बचत खाते खोलने के पात्र हैं। यह आवश्यक नहीं है कि इन एसएचजी ने बचत बैंक खाते खोलने से पहले बैंकों की ऋण सुविधा का उपयोग किया हो। चूंकि सभी पदधारियों का केवाईसी सत्यापन पर्याप्त है, अत: एसएचजी के बचत बैंक खाते खोलते समय एसएचजी के सभी सदस्यों का केवाईसी सत्यापन करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, यह स्पष्ट किया जाता है कि चूंकि बचत बैंक खाता खोलते समय केवाईसी का पहले ही सत्यापन किया जा चुका होगा और उक्त खाता परिचालन में होने और उसे ऋण सहलग्नता के लिए प्रयोग में लाए जाने पर, एसएचजी को ऋण सहलग्नता प्रदान करते समय सदस्यों अथवा पदधारियों का अलग से केवाईसी सत्यापन करने की आवश्यकता नहीं है।

दस्तावेजीकरण – रिजर्व बैंक के अनुसार एक ऐसी आसान प्रणाली, जिसमें न्यूनतम क्रियाविधि और दस्तावेजीकरण की अपेक्षा हो, एसएचजी को ऋण के प्रवाह में वृद्धि करने की पूर्व शर्त है। उधारों के स्वरूप और उधारकर्ता के स्तर को ध्यान में रखते हुए बैंकों को अपने शाखा प्रबंधकों को पर्याप्त मंजूरी अधिकार प्रदान करके ऋण शीघ्र स्वीकृत और संवितरित करने की व्यवस्था करनी चाहिए तथा परिचालनगत सभी व्यवधानों को दूर करना चाहिए। ऋण आवेदन फार्मो, प्रक्रिया और दस्तावेजों को आसान बनाना चाहिए। इससे शीघ्र और सुविधाजनक रूप से ऋण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. स्व सहायता समूहों के बैंक लिंकेज के तथ्यों को राज्य एवं जिले के परिदृश्य में देखना।
2. रिवॉल्विंग फंड प्राप्त समूहों की स्थिति को जानना।

प्राक्कल्पनाएँ :

1. स्व सहायता समूहों का बैंक लिंकेज होने से वित्तीय लेन-देन में

* शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

पारदर्शिता स्पष्ट हुई हैं।

2. रिवॉल्विंग फंड प्राप्त स्व सहायता समूह अन्य समूहों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

न्यादर्श – न्यादर्श हेतु उद्धेश्यपूर्ण निदर्शन की विधि को प्रयोग में लाया गया हैं जिसमें मध्यप्रदेश के धार जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित 2014 से 2017 तक बैंक से जुड़े समस्त स्व सहायता समूहों का चयन किया गया हैं।

तथ्य संकलन – प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची तथा फोकस ग्रुप डिस्कशन प्रविधि का प्रयोग किया गया हैं। यह तथ्य संकलन समूह के पदाधिकारियों के उपलब्धता के अनुसार किया गया हैं। द्वितयिक तथ्यों हेतु इंटरनेट का सहयोग अपेक्षाकृत लिया गया हैं।

बैंक लिंकेज की स्थिति – प्रत्येक स्व सहायता समूह का जहां भी संभव हो खाता खोला जाता है। खाते का परिचालन दो प्राधिकृत अधिकारियों के हस्ताक्षर से किया जाता है। बचत-उधार, लेन-देन का रिकार्ड इसी में रहता है। समूह पंजीकृत या गैरपंजीकृत किसी भी बैंक में अपना खाता खोल सकतें है। समूह की महिलाओं में से ही अध्यक्ष और सचिव चुनी जाती हैं। समूह का बैंक में बचत खता खुलवाया जाता है। सभी महिलाएं उसमें दस से लेकर 50 रुपए तक हर माह जमा करतीं हैं। जरूरत के मुताबिक महिलाएं पैसा निकालती हैं और अगले माह उतनी ही रकम एकाउंट में जमा करती हैं।

सारणी :01 – स्व सहायता समूहों का बैंक से जुड़ाव

वर्षिक प्रगति	मध्य प्रदेश	बैंक से जुड़े स्व सहायता समूह	बैंक से नहीं जुड़े स्व सहायता समूह
2014 से 2015	64502	59072	5430
2015 से 2016	91615	84183	7432
2016 से 2017	103768	94439	9329
वर्षिक प्रगति	**धार जिला**	**बैंक से जुड़े स्व सहायता समूह**	**बैंक से नहीं जुड़े स्व सहायता समूह**
2014 से 2015	3550	3284	266
2015 से 2016	8738	8078	660
2016 से 2017	10966	10244	722

स्रोत :– अधिकारिक वेबसाईट राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

सारणी 01 में स्व सहायता समूहों के बैंक लिंकेज की मध्य प्रदेश और धार जिले की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाया गया है। 2014 से 2015 तक कुल मध्य प्रदेश में पात्र 64502 स्व सहायता समूहों में से 59072 स्व सहायता समूहों का बैंक में खाता खोला गया जबकि धार जिले में 3350 स्व सहायता समूहों में से 3284 स्व सहायता समूहों का बैंक में खाता खोला गया। 2015 से 2016 तक कुल मध्य प्रदेश में गठित 91615 स्व सहायता समूहों में से 84183 स्व सहायता समूहों का बैंक में खाता खोला गया जबकि धार जिले में 8738 स्व सहायता समूहों में से 8078 स्व सहायता समूहों का बैंक में खाता खोला गया। 2016 से 2017 तक कुल मध्य प्रदेश में गठित 103768 स्व सहायता समूहों में से 94439 स्व सहायता समूहों का बैंक में खाता खोला गया जबकि धार जिले में 10966 स्व सहायता समूहों में से 10244 स्व सहायता समूहों का बैंक में खाता खोला गया। अत: उक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि स्व सहायता समूहों के बैंक लिंकेज का स्तर मध्य प्रदेश और धार जिले में समान्तर हैं।

रिवॉल्विंग फन्ड – आर्थिक रूप से पिछड़े ग्रामीण गरीब परिवार की महिलाओं को समूह के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए समूह में पूंजी की उपलब्धता के लिए रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि व बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। तीन माह तक सही तरीके से समूह के खाते का संचालन होने पर सरकार उसमें 15000 रुपए जमा कराती है। इस रकम को बैंक की भाषा में रिवॉल्विंग फंड कहते हैं। रिवॉल्विंग फंड मिलने के बाद छह माह तक समूह का सही तरीके से संचालन होने पर बैंक संबंधित समूह की लिमिट बनाती है। इस लिमिट (बैंक क्रेडिट) को लिंकेज बोलते हैं। यानी वह समूह सही तरीके से बैंक से लिंक हो गया। इस प्रक्रिया में 50 हजार से एक लाख रुपए के लिमिट का प्राविधान है। अमूमन बैंक पचास हजार की ही लिमिट बनाते हैं। सारणी 02 में स्व सहायता समूहों के रिवॉल्विंग फंड की पात्रता का मध्य प्रदेश और धार जिले की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाया गया है। 2014 से 2015 तक कुल मध्य प्रदेश में कुल 64502 स्व सहायता समूहों में से 57049 स्व सहायता समूह रिवॉल्विंग फंड की पात्रता रखते थे जबकि धार जिले में 3550 स्व सहायता समूहों में से 3277 स्व सहायता समूह रिवॉल्विंग फंड की पात्रता रखते थे।

सारणी :02 – रिवॉल्विंग फन्ड हेतु पात्र स्व सहायता समूह

वर्षिक प्रगति	मध्य प्रदेश	रिवॉल्विंग फन्ड हेतु पात्र स्व सहायता समूह
2014 से 2015	64502	57049
2015 से 2016	91615	81892
2016 से 2017	103768	91959
वर्षिक प्रगति	**धार जिला**	**रिवॉल्विंग फन्ड हेतु पात्र स्व सहायता समूह**
2014 से 2015	3550	3277
2015 से 2016	8738	7989
2016 से 2017	10966	10168

स्रोत :– अधिकारिक वेबसाईट राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

2015 से 2016 तक कुल मध्य प्रदेश में कुल 91615 स्व सहायता समूहों में से 81892 स्व सहायता समूह रिवॉल्विंग फंड की पात्रता रखते थे जबकि धार जिले में 8738 स्व सहायता समूहों में से 7989 स्व सहायता समूह रिवॉल्विंग फंड की पात्रता रखते थे। 2016 से 2017 तक कुल मध्य प्रदेश में कुल 137768 स्व सहायता समूहों में से 91959 स्व सहायता समूह रिवॉल्विंग फंड की पात्रता रखते थे जबकि धार जिले में 10966 स्व सहायता समूहों में से 10168 स्व सहायता समूह रिवॉल्विंग फंड की पात्रता रखते थे। अत: उक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि स्व सहायता समूहों ने मध्य प्रदेश और धार जिले में बेहतर संचालन करके रिवॉल्विंग फंड की पात्रता सुनिश्चित की हैं।

सारणी :03 – स्व सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फन्ड वितरण

वर्षिक प्रगति	मध्य प्रदेश	रिवॉल्विंग फन्ड वितरण	राशि(लाख में)
2014 से 2015	57049	8604	1205.68
2015 से 2016	81892	7232	920.24
2016 से 2017	91959	11532	1435.19
वर्षिक प्रगति	**धार जिला**	**रिवॉल्विंग फन्ड वितरण**	**राशि(लाख में)**
2014 से 2015	3277	1412	196.71
2015 से 2016	7989	1165	170.17
2016 से 2017	10168	1225	183.3

स्त्रोत :- अधिकारिक वेबसाईट राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

सारणी 03 में स्व सहायता समूहों के रिवॉल्विंग फंड की उपलब्धता का मध्य प्रदेश और धार जिले के विवरण को दर्शाया गया है। 2014 से 2015 तक मध्य प्रदेश में पात्र 81892 स्व सहायता समूहों में से 8604 स्व सहायता समूहों को 1205.68 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया जबकि धार जिले में पात्र 3277 स्व सहायता समूहों में से 1412 स्व सहायता समूहों को 196.71 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया। 2015 से 2016 तक मध्य प्रदेश में पात्र 81892 स्व सहायता समूहों में से 7232 स्व सहायता समूहों को 920.24 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया जबकि धार जिले में पात्र 7989 स्व सहायता समूहों में से 1165 स्व सहायता समूहों को 170.17 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया। 2016 से 2017 तक मध्य प्रदेश में पात्र 91959 स्व सहायता समूहों में से 11532 स्व सहायता समूहों को 1435.19 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया जबकि धार जिले में पात्र 10168 स्व सहायता समूहों में से 1225 स्व सहायता समूहों को 183.3 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया।

निष्कर्ष :

1. 2014 से 2015 धार जिले में 3350 स्व सहायता समूहों में से 3284 स्व सहायता समूहों बैंक से जोड़ा गया और पात्र 3277 स्व सहायता समूहों में से 1412 स्व सहायता समूहों को 196.71 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया।
2. 2015 से 2016 तक धार जिले में 8738 स्व सहायता समूहों में से 8078 स्व सहायता समूहों बैंक से जोड़ा गया और पात्र 7989 स्व सहायता समूहों में से 1165 स्व सहायता समूहों को 170.17 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया।
3. 2016 से 2017 तक धार जिले में 10966 स्व सहायता समूहों में से 10244 स्व सहायता समूहों बैंक से जोड़ा गया तथा पात्र 10168 स्व सहायता समूहों में से 1225 स्व सहायता समूहों को 183.3 लाख का रिवॉल्विंग फंड वितरित किया गया।

सुझाव :

1. स्वयं सहायता समूह का गठन लक्ष्य आधारित ना होकर माँग आधारित हो सकता हैं।
2. स्वयं सहायता समूहों का एक्सपोजर विजिट होना आवश्यक है।
3. स्वयं सहायता समूहों का बैंक के द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण करवा कर इनकी कार्यक्षमता कों बढ़ाया जा सकता हैं।
4. रिवॉल्विंग फन्ड में स्वयं सहायता समूहों की कार्यक्षमता के अनुसार बढ़ोत्तरी सुनिश्चित की जा सकती हैं।
5. शासकीय निविदाओं हेतु स्वयं सहायता समूहों की बचत राशि के अनुसार पात्रता एवं कायदिश में प्राथमिकता दे सकती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. MicroCredit Summit (2000) “Empowering Women With Microcredit”: Presented by Microcredit Summit Campaign the Beijing +5 Conference in New York. pp. 1-23.
2. Bhuiya, Abbas (2001) “Micro Credit and Emotional Well- Being: Experience of Poor Rural Women from Matlab, Bangladesh.” World Development. Vol.29, No.11, pp. 1957-1966.
3. Kabeer, Naila (2001) “Conflicts over Credit Re-evaluating the Empowerment Potential of Loans to a Women in Rural Bangladesh”, World Development, Vol. 29, No.1, PP. 63-84.
4. Harper, Malcom (2002). “Promotion of Self Help Groups Under the SHG Bank

****

भारत में सामाजिक न्याय की संकल्पना : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

महेश कुमार रचियता * डॉ. सुनील महावर **

प्रस्तावना – सामाजिक न्याय से आशय यह है कि व्यक्ति-व्यक्ति के मध्य सामाजिक स्थिति, रंग, जाति, धर्म, भाषा या लिंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद न किया जाये और राज्य में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व के विकास का पूर्ण अवसर मिले। सामाजिक न्याय की धारणा में यह बात निहित है कि अच्छे जीवन के लिये आवश्यक परिस्थितियाँ प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के प्राप्त होनी चाहिए और इस संदर्भ में राजनीतिक सत्ता से भी यह आशा की जाती है कि वह अपने विधायी तथा प्रशासनिक निर्णयों एवं कार्यक्रमों द्वारा एक ऐसे समाज की स्थापना करेगा, जो समानता पर आधारित हो।[1] समाजिक न्याय का अभिप्राय ऐसी सामाजिक व्यवस्था जिसमें प्रतिष्ठा सम्मान, उत्पादन के साधनों, शक्ति, सत्ता एवं लाभ कुछ लोगों के हाथ में न रह जाए वरन् बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को समाज में समान अवसर एवं सुख-सुविधाएं प्राप्त हों। विशेषकर निर्बल, निर्धन, शोषित, उत्पीड़ित एवं हाशिये पर रहे दीनहीन, वंचित एवं दलित वर्ग तथा महिलाओं को उनमें समुचित अवसर मिले ताकि वे सामान्यत: सुखी, सम्मानित और गरिमामय जीवन जी सकें। इस अर्थ में सामाजिक न्याय को वंचित वर्गों को समाज में बिना वर्ग विभेद के मानवीय सम्मान एवं अधिकारों की प्राप्ति के रूप में देखा जा सकती है।[2]

सामाजिक स्तर पर दुर्बल वर्गों के निम्न स्तर को ऊपर लाए बिना, अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों पर हो रहे अत्याचार को रोके बिना और इन जातियों को विकास क्रम में आगे लाये बिना सामाजिक न्याय संकल्पना भारत के संदर्भ साकार करना असम्भव है। इस प्रकार सामाजिक न्याय का अभिप्राय है कि सभी मनुष्यों को मानव की श्रेणी में स्वीकार करते हुए किसी भी तरह के सामाजिक भेद को मान्यता न प्रदान की जाये। प्रत्येक व्यक्ति समाज में समान रूप से न केवल पहचान मिले वरन् सार्वजनिक सुविधाओं को भोगने के समान अवसर प्राप्त हों तथा अतीत में जो भेदभाव के दंश उन्हें सहन करने पड़े थे जिनके कारण कि वे विकास क्रम में पिछड़ गये थे की क्षतिपूर्ति के लिए उन्हें कुछ विशेष प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाए।

राजनीतिक चिन्तन में सामाजिक न्याय की धारणा को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। पाश्चात्य चिन्तन में सामाजिक नयाय की झलक प्लेटो के चिन्तन में दृष्टिगत होती है। तत्पश्चात् यह अवधारणा अनेक विचारकों के चिन्तन का मूल आधार रही। 'सामाजिक न्याय' शब्द का स्पष्ट रूप से उपयोग 1780 के दशक में किया गया। इस शब्द को गढने का श्रेय लूईगी तापारेली नाम के एक जेसुइट पुजारी को दिया जाता है[3] और 1848 के विद्रोह के दौरान एंटोनियो रोजमिनि, जो एक इतालवी कैथेलिक पादरी और दार्शनिक थे, ने रोसमिनियन इंस्टीट्यूट ऑफ चैरिटी या सोसाइटस के माध्यम से सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाया। आगे चलकर जॉन डेवी, रोस्को पाउंड और लुई ब्रेंडिस ने अपने चिंतन में सामाजिक न्याय पर बल दिया। आधुनिक काल में जॉन रॉल्स ने 'ए थ्योरी ऑफ जस्टिस' में सामाजिक न्याय का विशद विश्लेषण प्रस्तुत किया।

भारतीय चिन्तन में यह अवधारणा अपेक्षाकृत आधुनिक है, क्योंकि प्राचीन समय में निर्धारित न्याय व्यवस्था सामाजिक न्याय के विपरीत सामाजिक शोषण एवं असमानता की स्थिति पर आधारित था। समाज में इस विभेद को न केवल शास्त्र सम्मत ठहाराया गया बल्कि उसे धार्मिक मान्यता एवं संरक्षण भी प्रदान किया गया। भारतीय समाज में विद्यमान इस असमानता एवं उत्पीड़न को दूर करने के लिए कुछ बुद्धिजीवियों एवं समाज सुधारकों ने प्रयास किया। इस दिशा में राजा राममोहन राय, ज्योतिराव फुले, सावित्री बाई फुले, ई.वी. रामास्वामी नायकर, महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नाम उल्लेखनीय है।[4]

प्राचीन भारत में सामाजिक न्याय – भारतीय चिन्तन में विशेष रूप से प्राचीन वैदिक कालीन चिन्तन में सामाजिक न्याय की अवधारणा को चातुर्वर्ण्य सिद्धान्त पर आधारित बताया गया है। प्राचीन भारत में अधिकांश सामाजिक संगठन चातुर्वर्ण्य सिद्धान्त पर आधारित थे। प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीविका का उपार्जन कर सके और निर्बाध अपना जीवन व्यतीत कर सके, इसलिए समाज को चार वर्णों ब्राह्मण, वैश्य और शूद्र में बांट दिया गया। प्रत्येक व्यक्ति अपने वर्ण के अनुसार कार्य का निष्पादन करता था और कोई किसी दूसरे वर्ण का कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर सकता था। यहाँ चार्तुवर्ण्य सिद्धान्त में सामाजिक न्याय दृष्टिगत होता है।[5] यद्यपि यह व्यवस्था सामाजिक न्याय से अधिक अन्याय की ओर इशारा करती है।

मध्यकालीन भारत में सामाजिक न्याय – मध्यकालीन भारत में सामाजिक न्याय की तस्वीर धूमिल पड़ गयी थी। तत्कालीन समाज जातिवाद, सामंतवाद, असमानता एवं शोषणपूर्ण सामाजिक जीवन का पर्याय बन चुके थे। वर्णाश्रम व्यवस्था में जाति एवं अस्पृश्यता का बोलबाला था। मध्यकाल में सामाजिक न्याय की बुझती लौ को पुन: जलाने का प्रयास सूफी-सन्तों ने किया। उन्होंने अपने उपदेशों में सभी व्यक्तियों, चाहे वे किसी भी धर्म-सम्प्रदाय के हो, को ईश्वर/अल्लाह के सम्मुख समान बताया।

मध्यकाल में सामाजिक उत्पीड़न को अभिव्यक्ति प्रदान कर सामाजिक न्याय का स्वर देने वालों में एक प्रमुख नाम था चोखामेला का। चोखामेला अस्पृश्य समाज के अत्यंत निम्न स्तर से आये थे। मध्ययुग में सामाजिक समानता एवं न्याय की संकल्पना को जीवन्त रखने में संत कबीर और गुरू नानक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कबीर ने न केवल सैद्धान्तिक चिन्तन

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग) वनस्थली विद्यापीठ, निवाई, टौंक (राज.) भारत
** शोध निदेशक, एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग) वनस्थली विद्यापीठ, निवाई, टौंक (राज.) भारत

के स्तर पर बल्कि व्यवहारिक सामाजिक जीवन में भी शूद्रों एवं अछूतों के लिए पूर्ण समानता का समर्थन किया। उन्होंने सामाजिक समरसता का उपदेश देकर सामाजिक न्याय की भावना को प्रचारित किया।[6] मध्ययुग में संतों-सूफीयों के प्रयासों से सामाजिक न्याय के विचार को पुन: जीवन प्राप्त हुआ।

आधुनिक भारत में सामाजिक न्याय -आधुनिक युग को पुनर्जागरण का युग माना गया। सामाजिक न्याय की संकल्पना ने व्यावहारिक रूप प्राप्त कर लिया। इस युग में अधिनायकवाद, दैवीय आधार, सम्प्रदायवाद, वर्ण एवं जाति के आतंकवाद के स्थान पर स्वतंत्रता, प्रजातंत्र तथा मानववाद की भावना को बल प्राप्त हुआ। ब्रिटिश शासन में राज्य सामाजिक न्याय की शक्तिशाली संस्था के रूप में विकसित हुआ। समान न्याय पद्धति, शिक्षा एवं संचार के साधनों में वृद्धि, धर्मनिरपेक्षता, राजनीतिक जागृति इत्यादि ने मानवीय संबंधों और सामाजिक मूल्यों में बदलाव किया, जिसमें सामाजिक न्याय को बल प्राप्त हुआ। आधुनिक भारत में सामाजिक न्याय के विचार के विकास में केशवचन्द्र सेन, स्वामी दयानन्द सरस्वती, जस्टिस एम.जी. रानाडे, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्र बाई फुले, स्वामी विवेकानन्द एवं महात्मा गांधी आदि का योगदान रहा किन्तु इन सबसे अधिक सामाजिक न्याय के संदर्भ में भीमराव अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणिय है।

नवजागरण के अग्रदूत राजा राममोजन राय ने जाति व्यवस्था में उत्पन्न कमियों पर ध्यान दिलाते हुए स्पष्ट किया कि हिन्दू जाति में व्याप्त अछूत समस्या का कलंक है। हिन्दू समाज को अनेक जातियों एवं उपजातियों में विभाजित होने के कारण ही यहाँ के सामाजिक जीवन मे अनेक संकीर्णताओं ने स्थान बना लिया है। वे मानते थे कि अतीत में भारत की पराधीनता का कारण एकता का वह अभाव था, जिसे जाति व्यवस्था के फलस्वरूप उत्पन्न असंख्य विभाजनों एवं उप-विभाजनों ने जन्म दिया था। राजा राममोहनराय की मान्यता थी कि किसी भी व्यक्ति की जाति जन्म के आधार पर नहीं वरन् कर्म के आधार पर आंकी जानी चाहिए। किसी भी व्यक्ति को जाति के आधार पर उच्च अथवा निम्न बताकर भेदभाव ने नहीं किया जाना चाहिए अपितु उसकी योग्यता, गुणों और उपलब्धियों के आधार पर ही महत्व प्रदान किया जाना चाहिए।[7]

स्वामी विवेकानन्द ने जात-पांत के नियमों को उदार बनाने का प्रयास किया और साथ ही अस्पृश्यता का घोर विरोध किया। उनका मानना था कि सभी वर्णो की समानता स्थापित करने के लिए आवश्यक है कि शोषित वर्ग को शिक्षा के विस्तृत एवं समान अवसर प्रदान करने चाहिए।[8] महात्मा ज्योतिबा फुले की भूमिका समाज में समस्त जड़ता, अज्ञान, कुरीति और अन्धविश्वास दूर करने में अमूल्य रही है। उनका मत है कि जन्म के आधार पर न कोई शूद्र होता है न ही ब्राह्मण। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वयंहित के साधन हेतु कुछ लोगों ने पिछड़े हुए लोगों को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं शिक्षा संबंधी अधिकार से वंचित करके उन्हें दलित एवं गुलाम बना दिया। ज्योतिबा के मत में सामाजिक समता और न्याय एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उनके मत में सामाजिक न्याय के लिए शाब्दिक सहानुभूति, किताबी एकता, कोरे मेल-मिलाप के स्थान पर सामाजिक और जातीय समानता की आवश्यकता है।[9]

महात्मा गांधी का लक्ष्य सर्वोदय समाज की स्थापना करना था। सर्वोदय समाज से गांधी का तात्पर्य एक ऐसे समाज से था जिसमें सभी उन्नत हों, सभी सुखी हों, सभी के साथ न्याय हो। सामाजिक प्रगति में सब समान रूप से भागीदार बनें और सभी को सामाजिक प्रगति में समान रूप से हिस्सा मिले। गांधीजी यह जानते थे कि सर्वोदय समाज की उनकी परिकल्पना तब तक सार्थक नहीं हो सकती जब तक कि समाज के निर्बल व कमजोर वर्ग विशेष रूप से महिलायें और अछूत समुन्नत नहीं होते। इसलिये उन्होंने स्वतंत्रता के लिये संघर्ष के साथ महिलोत्थान तथा हरिजनोद्धार के कार्यक्रमों को अपने हाथ में लिया।

सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए किये गये संघर्ष का इतिहास अम्बेडकर के योगदान का उल्लेख किये बिना कभी पूर्ण नहीं हो सकता है। आधुनिक भारत में सामाजिक न्याय की स्थापना व दलित वर्गों के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में अम्बेडकर का नाम लिया जाात है। उन्होंने सामाजिक समानता स्थापित करने तथा दलित एवं अस्पृश्य समझे जाने वाले वर्गो के उत्थान के लिये अनेक प्रयास किये।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का चिंतन एवं सामाजिक न्याय - डॉ. अम्बेडकर की दृढ़ मान्यता थी कि सामाजिक-आर्थिक समानता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता निरर्थक है। अब जब देश के अधिकांश नेता राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग कर रहे थे, लेकिन अम्बेडकर समाज के उपेक्षित-वंचित वर्ग के लिए सामाजिक अधिकारों की मांग कर रहे थे। अम्बेडकर के समस्त प्रयास भारतीय समाज में अस्पृश्यों जो अधिकार तथा सम्मान दिलाने की दिशा में थे। अस्पृश्यता की परपंरा इस देश में हजारों वर्षो से चली आ रही थीं वह समाज में पूर्ण रूप से व्याप्त हो गई थी। उसमें समाज के कई तत्व सक्रिय थे, इस समस्या के धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा अन्य पक्ष भी थे। स्वाभाविक है कि इस जटिल समस्या को हल करने के लिए इन सभी पक्षों को ध्यान में रखा जाए। अम्बेडकर ने इस समस्या के सभी पक्षों पर विचार कर मार्ग तय किया।[10] अम्बेडकर के प्रयासो से ही स्वतंत्रता उपरांत भारतीय संविधान में दलित वर्ग को समान अधिकार प्रदान किये गये तथा साथ ही उन अधिकारों के विशेष संरक्षण की व्यवस्था की गई, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था के बावजूद भी व्यवहार में दलित वर्ग के लोग आज भी उस अमानवीय व्यवहार को सहने को विवश है।

भारतीय समाज में अधिकारों के विधान एवं व्यवहार में इस गहन भेद ने सामाजिक न्याय की प्रबल आवश्यकता को प्रतिपादित किया। भारतीय समाज में सामाजिक न्याय के विरूद्ध उपस्थित विभिन्न नकारात्मक पक्षों में सबसे अधिक हानिकर पक्ष 'अस्पृश्यता' है। जन्माधारित श्रेष्ठता-कनिष्ठता पर आधारित चातुर्वर्ण्य-व्यवस्था इस अस्पृश्यता की जननी है। इस व्यवस्था के अनुसार ब्राह्मण को सर्वश्रेष्ठ तथा शूद्र को कनिष्ठ वर्ण माना जाता रहा। उनका स्पर्श तक निंदनीय माना गया। इस वर्ण में कई जातियां थी, जो लगभग ढाई हजार वर्षो तक अस्पृश्य बनकर असह्य जीवन जी रही थी।[11] असमानता एवं अन्याय की यह भावना भारतीय समाज व्यवस्था का ही अभिन्न अंग है। अंबेडकर के अनुसार सामाजिक न्याय की कसौटियों पर यदि हिन्दू समाज, उसके विधान और वैचारिकी को परखें तो पायेंगे कि वे अन्यायपूर्ण है। हिन्दू समाज का बुनियादी सिद्धान्त समानता नहीं असमानता है। समानता से हमारा आशय भेदभाव की अनुपस्थिति है, जो हिन्दू समाज में नहीं है। हिन्दू समाज में वर्ण एवं जाति की रचना अपरिवर्तनीय असमानता के सिद्धांत पर हुई है। वर्णो एवं जातियों के अधिकारों, सुविधाओं एवं सामाजिक स्थितियों में अंतर है। विवाह, दासता, सम्पत्ति, स्वामित्व एवं दण्ड संबंधी मनु के विधान भेदभावपूर्ण हैं। इसमें ब्राह्मणों को विशेष सुविधाएं दी गयी हैं। सामाजिक सोपान में जैसे-जैसे हम ब्राह्मणों से नीचे की ओर बढ़ते हैं, ये सुविधाएं घटती जाती हैं और शूद्रों तक पहुँचते - पहुँचते मनु के नियम बहुत कठोर हो जाते हैं। चर्तुवर्ण से बाहर होने कारण इस विधान में अन्त्यजों की स्थिति दासों से भी बद्तर है।

अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय की कसौटियों के आधार पर संविधान के माध्यम से न्यायपूर्ण समाज का ताना-बाना रचा था। अम्बेडकर के अनुसार स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व सामाजिक न्याय का दूसरा नाम है। अम्बेडकर के अनुसार स्वतंत्रता से आशय है व्यक्ति पर राज्य, समाज, वर्ग या अन्य व्यक्तियों के प्रतिबंध का नहीं होना है। स्वतंत्रता की एक आवश्यक पूर्व दशा समानता है। यदि नागरिकों के अधिकारों सुविधाओं में समानता होती है तो वे जीवन में स्वतंत्रता का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाते है। हिन्दू समाज में सुविधाओं एवं अधिकारों के वितरण में समानता का स्पष्ट अभाव है, इसलिए उनमें स्वतंत्रता का भी अभाव है। स्वतंत्रता की दूसरी आवश्यक दशा आर्थिक सुरक्षा है। मनु ने भिन्न वर्णो के लिए भिन्न व्यवसाय निर्धारित किए और जो व्यक्ति अपने वर्ण के लिए निर्धारित व्यवसाय को नहीं अपनाता उसे दण्ड देना राजा का कर्तव्य निरूपित किया। मनु ने शूद्रों को सम्पत्ति संग्रह करने के अधिकार से वंचित किया। शूद्र यदि किसी प्रकार कोई सम्पत्ति अर्जित भी करता तो उस पर उसके स्वामी का अधिकार होगा। अम्बेडकर के अनुसार स्वतंत्रता के उपयोग की तीसरी आवश्यक दशा यह है कि समाज में सभी को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार हो। प्राय: प्रचलित समाजों में शिक्षा धार्मिक विषयों तक ही सीमित रहती थी। प्राचीन काल में आम जनता को शिक्षित करने का दायित्व समाज पर नहीं था।[12]

सामाजिक न्याय की तीसरी कसौटी है, समाज में भाईचारे का पाया जाना। अम्बेडकर के अनुसार जातियों में बंटे होने के कारण हिन्दू समाज में भ्रातृत्व भाव का नितान्त अभाव है। हिन्दू समाज में सामाजिक समरसता नहीं है। इससे खान-पान, हुक्का-पानी और शादी-विवाह अपनी जाति में ही होता है। इसके अलावा जातियों में ऊँच-नीच की भावना भी पायी जाती है। जिसकी वजह से परस्पर प्रतिद्वंद्विता और घृणा की भावना बनी रहती है। इन बातों के अतिरिक्त विभिन्न जातियों, विशेष रूप से शीर्षस्थ में सत्ता पर वर्चस्व को लेकर संघर्ष होता रहता है। इन सब कारणों से एक जाति दूसरी जाति के सुख-दु:ख को अपना सुख-दु:ख नहीं समझती और न ही दूसरे के कल्याण को अपना कल्याण मानती है। जातियों के बीच आपसी विलगाव के कारण से हिन्दू समाज में भाईचारा और एकता की भावना का विकास नहीं हो पाया और उसे पराजय और पतन को प्राप्त होना पड़ा।[13]

समानता सहज एवं आवश्यक है तथा असमानता की तुलना में अधिक आवश्यक और अधिक महत्वपूर्ण है। मनुष्य पशु की तुलना में अपने समाज पर अधिक निर्भर करता है और समाज में बने रहने के लिए लोगों में सहयोग भी जरूरी है। समानता सहयोग को विकसित करती है। विषमता भी सहयोग को विकसित करती है किन्तु अधिक विषमता संघर्ष को जन्म देती है। संघर्ष समाज को विघटित करता है। समाज के घटकों में अविश्वास और संघर्ष अधिक होने की दशा में समाज विकास की जगह विनाश की और अग्रसर होता है।

सामाजिक जीवन में एकता की भावना आवश्यक है। जो समानता से विकसित होती है। अधिक विषमता में भाई-चारे की भावना का विकास नहीं होता, इससे समाज में बिखराव का खतरा अधिक हो जाता है। शिक्षा, आय, राजनैतिक शक्ति और सामाजिक प्रस्थिति से सम्बन्धित भेद जब समाज में बढ़ जाते हैं तो इससे न केवल सामाजिक संगठन अपितु राष्ट्रीय एकता को भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। जब कभी समाज, संस्कृति और राष्ट्र पर कोई बाह्य संकट उत्पन्न होता है तो उपेक्षित, वंचित तथा सुविधा एवं अधिकार विहीन वर्ग जो समाज के हाशिये पर होते हैं, मूलधारा से आसानी से कट जाते हैं। वस्तुत: बाह्य या आरोपित व्यवस्था से तादात्मय स्थापित करने में उन्हें संकोच नहीं होता। ऐसी स्थिति में समाज, संस्कृति एवं राष्ट्र के विनाश को रोकना कठिन हो जाता है। समाज के अस्तित्व को बनाये रखने और उसे सतत् विकास की ओर गतिमान रखने की दृष्टि से समाज के विभिन्न वर्गो में परस्पर सामंजस्य अत्यन्त आवश्यक है। इस प्रकार अधिक विषमता को नियंत्रित करना और समानता की प्राप्ति करना सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए आवश्यक है। भेदभाव रहित अथवा विषमता विहीन समता पर आधारित समाज की स्थापना ही सामाजिक न्याय का लक्ष्य है। सामाजिक न्याय का उद्गम ही मनुष्य के सामंजस्यपूर्ण सामाजिक जीवन व्यतीत करने के प्रक्रम में हुआ। सभी आदर्श तथा नैतिक मूल्य किसी न किसी रूप में मनुष्य के सामाजिक व्यवहार को अनुशासित तथा प्रभावित करने के लिए ही बनाये गये हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पूरण मल, मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और भारत का संविधान, पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2010, पृ. 115
2. सुनील महावर, भारत में दलित मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय, राज्य शास्त्र समीक्षा, अंक 33, नं. 1-2, जनवरी-दिसम्बर 2003, (जुलाई 2012 में प्रकाशित), पृ. 172
3. https://pdfs.semanticscholar.org/5875/8e983e1bc09 4d3a04d375d02b5b8b 6de5e23.pdf
4. शिप्रा सिंह, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चिंतन में सामाजिक न्याय की अवधारणा: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन, रिसर्च रिइन्फोर्समेन्ट, खण्ड-6, अंक-1, मई 2018-अक्टूबर 2018, पृ. 115-116
5. राकेश कुमार झा, भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक न्याय: एक विश्लेषण, राज्य शास्त्र समीक्षा, अंक 33, नं. 1-2, जनवरी-दिसम्बर 2003, (जुलाई 2012 में प्रकाशित), पृ. 110
6. राकेश कुमार झा, वही, पृ. 113
7. राजा राम मोहन राय, हिज लाइफ, राइटिंग्लस एण्ड स्पीचेज, जी.ए. नटेसन एण्ड कम्पनी, मद्रास, 1925, पृ. 30-36
8. ओम प्रकाश गाबा, भारतीय राजनीतिक विचारक, मयूर पेपरबैक्स, नोएड, 1999, पृ. 130
9. राकेश कुमार झा, वही, पृ. 119
10. गजानन च्वहाण, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर: दलितों के मसीहा, लोकतंत्र समीक्षा, खण्ड 43, अंक 1-2, जनवरी-जून, पृ.111
11. गजानन च्वहाण, वही, पृ.105
12. आर.जी. सिंह, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जाति व्यवस्था, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, पृ. 177
13. आर.जी. सिंह, वही, पृ. 178

****

भारतीय महिला संत

डॉ. ज्योति मिश्रा *

शोध सारांश – संत किसी धर्म, सम्प्रदाय ग्रन्थ या गुरु से प्रतिबद्ध नहीं होते जैसा की भक्त होते हैं। इसी कारण वे तथा उनका सृजन भी अर्थो में स्वायत्ता होकर अपनी प्रकृति एवं सृष्टि के निकट होता है। नारी सन्तों का सृजन भी सर्वल: मुक्त है। सभी सन्तों ने अपने अपने जनभाषाओं में अपनी वाणी का प्रचार किया और जनसाधारण से सीधा नाता जोड़ा। नारी सन्तों ने भी एक कदम और आगे बढ़कर अपने-अपने समाज के पुरुष वर्ग के विरुद्ध अपने प्रति होने वाले अन्याय और प्रताड़ना की आवाज को बुलन्द करने के लिए जनसाधारण की भाषा को अपनाया, उन्हें अपनी वाणी और उपदेशों में अभिव्यंजित किया। वास्तव में यह लोक साहित्य ही संत साहित्य का इतिहास अपने भीतर छुपाये हुए है। महिला संतों ने अज्ञान एवं अन्याय से ग्रस्त नारी जाति को उन्नति का मार्ग दिखाया। महिला शक्ति से समन्वित होकर भक्ति मार्ग अधिक प्रशस्त हुआ। अपनी भक्ति भाव पूर्ण रचनाओं के द्वारा इन महिला संतों ने यह सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति स्वरूपा है।

प्रस्तावना – बीज काव्य – महिला संत – 'हरि अनन्ता हरि कथा अनन्ता' के समान ही भारतीय समाज और साहित्य में सन्तों की सत्ता और शक्ति अनन्त, अकथ और अनुपम है। इस अनन्तता का प्रमुख कारण उनका सीमातीत और वाकतीत विस्तार है और इस विस्तार के पीछे आत्मोन्नयन तथा मानवीय उत्कर्ष की उदात्त धारणा विद्यमान है। 'सन्त' शब्द सत् शब्द से निर्मित हुआ है और 'सन' सत् का पुल्लिंग है जो 'ल' प्रत्यय के योग से बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है- होने वाला या रहने वाला। इससे स्पष्ट है कि इस नश्वर संसार में वही व्यक्ति यश:काय रूप में स्थिर रह सकता है जिसके चित्त में मानवीय उत्कर्ष या मानवता का मंगल भाव निहित हो। वास्तव में हमारे सन्त हमारी संस्कृति के सच्चे संपोषक और सम्प्रसारक है, मानवात्मा के अभ्यूदय के मूर्त रूप हैं। संत शब्द बड़ा व्यापक है और इसकी परिसीमा सगुणोपासक और निर्गुणोपासक सभी आ जाते ळै लेकिन अब यह शब्द रूढ़ हो गया है और हम संत शब्द से तिर्गुणोपासक सन्त कवियों का ही अर्थ लगाते हैं। भक्तिकालीन हिन्दी संतों में कबीर, नानक, दादू, रैदास, रज्जब, धनीधरमदास, मलूकदास, सुन्दरदास, गरीबदास, चरणदास आदि अनगिनत साधु संतों की गणना की जाती है तथा नारी संतों में आंडाल, लक्ष्मीकरा, अक्क-महादेवी, माधवी, लल्लेश्वरी, मीराबाई, बावरी साहिबा, दयाबाई, सहजोबाई, मुक्ताबाई आदि अनगिनत नारी संतों की गणना की जाती है।

भारत के गौरवशाली सांस्कृतिक इतिहास में महिला संतों की एक सुदीर्घ परम्परा है जो वर्तमान युग तक निरन्तर प्रवाहित है और इक्सवीं सदी के द्वितीय दशक में नारी सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ता हुआ नारी मुक्ति आन्दोलन को वैश्विक स्तर पर एक नई दिशा दे रहा है। ऐसी स्थिति में भारत अपने वैदिक युगीन विदुषी नारियों को विश्व समाज के सामने एक आदर्श के रूप में रख सकता है। भारत की प्राचीन विदुषी नारियों – गार्गी, घोसा, अपाला, ऊषा, अदिति, गोद्या, इला, सरस्वती, सरमा, इन्द्राणी, उर्वशी, लोपमुद्रा, श्रद्धा, सूर्या, सावित्री, शची, शक्ती, उमा, हेमवती, सुलभ, ममता, रोमशा आदि वेदकालीन एवं उत्तरवेदकालीन ऋषि माताओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी प्रकार मध्ययुग में महिला संतों ने अपने संत गुरुओं के साथ तथा स्वतंत्र रहकर अपने आराध्य के प्रति अनन्य भक्तिभाव और अद्भूत मनोबल के कारण अंतत: अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुई। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूपा माना गया है उसे इन्हीं अर्थो में पूज्य माना जाता है। शिव शक्ति के समन्वित होकर ही पूजे जाते है। शक्ति से समन्वित इन महिला सन्तों ने सांसारिक प्रलोभनों से दूर रहकर स्वयं को प्रभु चरणों में समर्पित कर दिया साथ ही पुरुष सन्तों की भाँति बल्कि उससे भी अधिक विद्रोहिणी भूमिकाओं में कर्मकांड तथा परम्परागत प्रथाओं का विरोध करते हुए अज्ञान एवं अन्याय से ग्रस्त नारी जाति को उन्नति का मार्ग दिखाया। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया की महिलाएँ भी शक्ति स्वरूपा हैं।

इन नारी सन्तों को विद्रोहिणी भूमिका में देखकर समाज उनका शत्रु बन गया और उनके अस्तित्व तक को मिटा डालने पर उतारू हो गया। कई नारी सन्तों के जीवन से ऐसे प्रमाण मिलते हैं। मीराबाई सबसे ज्वलंत प्रमाण है। पुरुष समाज के अहंकार को इन नारी सन्तों ने बड़े गहरे घाव दिए। इतना ही नहीं 'जड़ संस्कारी, अन्ध साम्प्रदायिक, धर्मो के नाम पर अधार्मिक अधम मानवीय कृत्यों, सजाओं, अन्यायों को अन्याय ढोहरे-तिहरे घेरों को नारी सन्तों ने तोड़ा है। इस टूटने की आवाजें ईसापूर्व काल से लेकर आज तक आयी इन नारी सन्तों की वाणियों में सुनी जा सकती है।'[1]

'भारतीय अमर नारी सन्तों ने समाज की जड़ता को तोड़ने की खातिर, जाति-पाति, ऊँच-नीच, साम्प्रदायिकता पूर्ण भेदभाव को मिटाने के लिए की गहरी चोटें दी। पुरुष संतों से भी गहरी गम्भीर। क्योंकि उन्होंने दलित वर्ग के पुरुषों से भी अधिक घिनौने, अपमान, लांछन, भूख और अन्याय के दंश सहे। वेद-कालीन समता, स्वतंत्रता, सम्मान व शिक्षा के अधिकारों के क्रमश: खोते जाने और अज्ञानता, अविद्या के गहन अन्धकार में धकेल दिए जाने के बाद, नारी को मात्र भोग्य पदार्थ एवं क्रय-विक्रय की वस्तु बल्कि इससे भी नीचे – 'पाँव की जूती' बना दिए जाने की घोर जलालत भरी, नारकीय स्थितियों को भोगना पड़ा। इस कारण विवशता में ही सही चुपचाप खामोश रह कर समाज को उक्त स्थितियाँ रचने के कारण नंगा किया। उन्होंने घर छोड दिए, अकेली हो गयी पर झुकी नहीं। पुरुष सन्त जो प्राय: समाज

* ऐसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, सम्बलपुर (ओडिशा) भारत

के निम्न, दलित, उपेक्षित वर्ग में आते है, उसी के संग साथ में रहकर भी नारी सन्तों ने भगवान को अपनी, अपने वर्ग की आपबीती सुनाई, मुक्ति की गुहार भी लगाई। भगवान को उलाहने भी दिए कि कैसे मनुष्यों की दुनिया में उसने उन्हें धकेल दिया। नारी सन्त तो दलितों की भी दलित है। उनकी यातनाएँ तो दोहरी-चौहरी है किन्तु अपनी और समूचे मानव समाज की मुक्ति का मार्ग उन्होंने दिखाया - आत्म छन्द को उपलब्ध करके, स्वच्छन्द हो जाना है, मुक्त हो जाना है।'[2]

दक्षिण भारतीय नारी सन्तों के ईष्ट शिव है। छठी शताब्दी के तामिलनाडु की पहली नारी सन्त कारैक्काल अम्मैयार (पुनितवर्ता) निर्गुण निराकार शिव की आराधिक हैं। अपनी वाणी में शिव को उसने 'ज्ञान रूप' माना है। भले ही शिव का बाध्याकार 'नीलकंठ', 'जटाधारी', 'जटा में गंगा' तथा 'चन्द्रकला' सुशोभित वाला है, किन्तु उनकी शक्ति सार्वभौम व्यापिनी है, सब पर कृपा कर उद्धार करने वाली है।'[3] पुनितवती कहती है कि वही शिव धरती, आकाश, जल तथा प्रकाश रूप है। निराकार है।

संत कवियत्री आंगल मध्यकालीन अनन्य कृष्ण भक्त मीराबाई की तरह एकनिष्ठ, गहन आस्थाशील आलवार भक्त आठवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में हुई। आडांल का अर्थ है देव की प्रियतमा अथवा विष्णु पत्नी अपने ईष्ट भगवान कृष्ण पर भी शासन करने के कारण लोग उसे आंगल (शासिका) कहने लगे। संत कवियत्री आण्डाल का मूल नाम गोदा देवी था। गो याने धरती दा याने दी हुई। आलवार संत विष्णुचित्त कोदई को धरती माना की भेंट समझता था। दक्षिण भारत में आंडाल के द्वारा पहनी गई पुष्पमाला ही रोज रंगनाथ को अर्पित करने की प्रथा रूढ है जो आज भी प्रचलन में है। इस परम्परा गत प्रथा के कारण तमिलनाडू की जनता आंगल को 'शुडिकोडुत नाच्चियार' अर्थात् (अपना निर्माल्य देव को अर्पण करने वाली) नाम से संबोधित करती है। आंडाल को रंगनाथ की पत्नी अर्थात् 'रंगनायकी' कहा जाता है और प्रतिवर्ष रंगनाथ के मंदिर में उसके विवाह को महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। आंगल ने तमिल भाषा में 'तिरूप्पावै' और 'नाच्चियार तिरूमौली' नामक दो सुन्दर काव्य ग्रन्थों की रचना की। 'तिरूप्पावै' में कात्यायानी व्रत कथा है। जिसके सभी पदों में राधावल्लभ श्रीकृष्ण के अनुपम सौन्दर्य, प्रेम, कम्णा, भक्तवत्सलता आदि गुणों का वर्णन है। 'नाच्चियार तिरूमौली' के 143 पदों में - 'देवता उक्त पवित्र वचन' है। इसमें श्रीरंगनाथ की प्राप्ति के लिए आंडाल की उत्कट भक्तिभावना का हृदयस्पर्शी वर्णन है। भक्ति परम्परा में आंगल का स्थान उत्तरभारत को 'मीरा' के समान है।

अल्कामहादेवी कर्नाटक की महाशिवयोगिनी सन्त हुई। उनके ईष्ट का नाम श्री मल्लिकार्जुन है। बचपन से ही शरण सती लिंग पति का भाव उनके मन में रम गया था। वह उनकी अनन्य भक्त थी तथा अपने ईष्ट के साथ एक रूप हो गई थी। इनके ईष्ट देव कृष्ण है और कृष्ण ही आनंद और मुक्ति का माध्यम है। इस सम्प्रदाय के संस्थापक चक्रधर स्वामी के मत के प्रचार-प्रसार का एक बड़ा श्रेय महदायिसा को जाता है। संत वेणास्वामी अपने गुरु संत रामदास के सम्प्रदाय ईष्ट रामभक्त हनुमान को ही अपना ईष्ट मानती है। इनका मानना था कि मानव-सेवा ही सच्ची ईश सेवा है इसलिए अपने गुरु के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्थान के कार्य में हाथ बँटाती रहीं। संत सोयराबाई भगवान के पांडुरंगा स्वरूप को अपना ईष्ट मानती है। वारकरी सन्तों ने निर्गुण ज्ञानमार्गी स्वरूप को सर्वोपरि माना है तथा गीता ज्ञान को युक्तिपथ के रूप में स्वीकार किया। संत मुक्ताबाई भी, जो वृत्तिनाथ, ज्ञानदेव, सोपानदेव की बहन है इसी ईष्ट परम्प्रा को स्वीकार करती है। भक्ति की साक्षात् प्रतिमा लल्लेश्वरी कश्मीर की प्रथम अमर महिला संत थी। तत्कालीन कशीमर शैव-दर्शन के आचार्य सिद्ध श्रीकंठ के अनुशासनबद्ध मार्गदर्शन में लल्लेश्वरी ने शैवदर्शन का गहन ज्ञान प्राप्त किया। लल्लेश्वरी द्वारा प्रतिपादित 'रिशी संप्रदाय' का विलक्षण प्रभाव आज भी कश्मीर के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर स्पष्ट परिलक्षित होता है। उनकी प्रवचनों और गीतों में अभिव्यक्त अध्यात्मिक विचार रिशी सम्प्रदाय के मूल तत्व बन गए। उनकी रचनाएँ 'लल्लावाक्यानि' नाम से आज भी प्रसिद्ध है। उनकी प्रशंसा में शेख नुरुद्दीन कहते है- 'ईश्वर प्राप्ति की तड़फ में उसने अपने सर्वस्व का होम कर दिया।'[4] वेश्या की पुत्री कान्होपात्रा जिसने अपना सारा जीवन अपने प्रिय कृष्ण को अर्पित कर दिया। अपनी आत्मा को मारकर अपना शरीर बेचने की अपेक्षा अपना सर्वस्व कृष्ण भक्ति में लगा दिया।

भक्तिकालीन महान् संत मीरा के आराध्य ईष्ट देव भगवान कृष्ण थे। भक्ति के सगुण मार्ग से आरंभ करके वह अपने अन्तिम सोपान तक आते आते निर्गुण निराकार भक्ति के शिखर तक पहुँच गयी। संत रैदास इनके गुरु थे। इस संबंध में डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते हैं- 'मीराबाई अत्यंत उदार और मनोभाव संपन्न नारी थी। उसके मन में किसी भी पंथ के प्रति विशेष आग्रह नहीं था जहाँ जहाँ उसे भक्ति और पवित्रता देखने को मिली वहाँ-वहाँ उसने विनम्र भाव से वंदन किया।'[5] उनके काव्य ग्रन्थों में 'गीत गोविन्द की टीका, नरसी जी मेरो माहेरो, राग मल्हार, राम विहाग, सोरठ के पद, मीरानी गरबो, फुटकर पद, रूक्मिणी, मंगल, सत्यभानु रूसण, नरसी मेहता की हुंडी' आदि प्रमुख है। ब्रजभाषा में रचित 'मीराबाई' का पदावली प्रमुख काव्य ग्रन्थ है। इनकी काव्य भाषा ब्रज पर राजस्थानी, गुजराती और पंजाबी भाषा का प्रभाव है। नवधा-भक्ति से युक्त मीरा के पदों में सर्वत्र विशुद्ध भक्ति और संपूर्ण समर्पण के भाव चित्रित है। कृष्ण के विरह में व्यथित मीरा की एकमात्र शिकायत यही थी कि -

'हेरि म्हां दरदे दिवाणी
म्हारां दरद न जाण्यो कोय।'[6]

सन्त आतुकूरि मोल्ला आन्ध्रप्रदेश की ऐसी महिला संत है जिसने तेलगु भाषा में अपने ईष्ट श्रीराम की भक्ति में रामायण की रचना की। बादशाह अकबर और संत दादुदयाल की समकालीन महिला संत बावरी-सहिबा के नाम से 'बावरी पंथ' प्रसिद्ध हुआ। बावरी पंथ निर्गुणोपासक था। बावरी साहिबा ने भक्तिरस से युक्त अनेक रचनाओं का निर्माण किया। किन्तु वर्तमान में केवल दो ही रचनाएँ उपलब्ध है। संत दयाबाई तथा संत सहजोबाई महात्मा चरणदास की शिष्याएँ थी। इनके ईष्ट भगवान श्रीकृष्ण है। इन्होंने कृष्ण के निर्गुण रूप की उपासना की। दयाबाइ द्वारा रचित 'दयाबोध' और 'विनयमालिका' काव्य कृतियाँ साहित्य सुषमा में मंडित है। सहजोबाई द्वारा रचित 'सहज-प्रकाश' तथा 'सोलह तत्व' उनकी अद्भूत कवित्व शक्ति के प्रमाण है।

आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिले में जन्मी संत बंगमाम्बा वेंकटेश्वर को अपना आराध्य मानती थी। अनश्वर, अविनाशी वेंकटेश्वर ही उसके पति थे। 'तरिगोंडा नरसिंह शलकमु, नरसिंह विलास, शिवविलासमु, बालकृष्ण नाटकमु इनके प्रसिद्ध काव्य ग्रन्थ हैं। नवधा-भक्ति, प्रेमा भक्ति तथा माधुर्योपासना के सौष्ठव से युक्त इनकी सभी रचनाएँ तेलगु साहित्य की अक्षय संपदा है। सौराष्ट की भूमि में जन्मी भूधर दास की शिष्या गंगासती के जीवन का केन्द्र बिन्दु 'चैतन्य' है। और यही चैतन्य आत्मा, भगवान, ईश्वर तथा ब्रह्म आदि नामों से प्रतीत होता है। गंगासती द्वारा 'रचित पूर अभंग' उनकी दृढ गुरु निष्ठा आध्यात्मिक ज्ञान तथा निर्मल भक्ति भाव से

संपन्न है।'[7]

'सतीलोयण' के नाम से प्रसिद्ध संत लोयण का जन्म सौराष्ट के अमरेली जिले के कीडी गाँव में लौहार परिवार में हुआ। संत लोयण के भजनों में गुरु महिलमा, भक्तिमार्ग की प्रशंसा तथा योगसाधना की गुढातिगुढ़ प्रक्रियाओं को अत्यन्त सहज सरल भाषा में अभिव्यंजित किया गया है। लोयण हरि और गुरु को एकरूप मानती है। गुरु ही शिष्य को साधना की उच्चतम भावभूमि पर पहुँचाता है। लोयण के भजनों में परमतत्व के सगुण और निर्गुण दोनों रूपों का वर्णन है। अमराम भगत के भजन संग्रह 'भक्तिसागर' में सतीलोयण के 84 भजन संग्रहित हैं।

प्राचीन मराठी संत कवियित्री जनाबाई का जीवन नामवदेव के मार्गदर्शन से सार्थक हो गया। विशुद्ध अंत:करण से विठ्ठल भक्ति ही उनके जीवन का परमोच्च ध्येय था। संत ज्ञानेश्वर के कारण उसे पांडुरंग के दर्शन हुए और वह आध्यात्मिक उन्नति के चरम शिखर तक पहुँच गई। उसके द्वारा रचित – हरिश्चंद्राख्यान, थालीपाक, प्रल्हाद, चरित्र, कृष्णजन्म, बालक्रीड़ा आदि ग्रंथ काव्य सौन्दर्य एवं दार्शनिक विचारों से भूषित हैं। महाराष्ट्र की संत परम्परा में 'नाम–चतुष्ट्य' के रूप में विख्यात निवृतिनाथ ज्ञानदेव, सोपानदेव और मुक्ताबाई का विशिष्टस्थान है। मुक्ताबाई को तत्कालीन यादवकालीन इतिहास में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। कल्याण पत्रिका, ताटी के अभंग, नमन, हरिपाठ उनकी प्रसिद्ध काव्य रचनाएँ हैं जिनमें आध्यात्मिक भाव बोध, भक्ति, नामस्मरण एवं कीर्त्तन की उपलब्धियों से प्राप्त आनंद के भाव व्यक्त हुए है।

संत चोखेबा की बड़ी बहन संत निर्मलाबाई अपने भाई को ही अपना गुरु मानती है। निर्मलाबाई कहती है कि प्रभु की कृपा से ही व्यक्ति उनके नाम का जप और स्मरण कर सकता है, किन्तु यह नाम स्मरण शुद्ध मन और गहरे निष्ठाभाव से लिया जाना चाहिए।

नारी सन्तों में कान्होपात्रा का प्रमुख स्थान है। कान्होपात्रा ने अपना सम्पूर्ण जीवन कृष्ण भक्ति में लगा दिया। कान्होपात्रा के स्वरचित अभंग संख्या में कम है किन्तु वे अत्यंत भावपूर्ण और उसके अन्त:करण की पवित्रता तथा निर्मल भक्तिभाव के निर्देशक हैं।

आन्ध्रप्रदेश के संत कवियों में महत्त्वपूर्ण स्थान रखने वाली मोल्लांबा ने तेलगु भाषा में रामायण की रचना की। सरल, सुबोध भाषा तथा चम्पू शैली में लिखी यह अद्भुत रामायण है। महाराष्ट्र की प्रमुख संत वेणाबाई के मन में श्रीराम के प्रति बचपन से ही प्रगाढ़ भक्ति थी। वेणाबाई ने मंगल रामायण, छंदो रामायण, संकेत रामायण, लवकुश रामायण, सुंदर रामायण, शब्द रामायण, भाषा रामायण आदि ग्रन्थों की रचना की। इसके साथ ही वेणाबाई ने अनेक भजन, गीत तथा मधुर पद रचनाओं के द्वारा मराठी साहित्य को समृद्ध किया। सन्त वहिणाबाई सन्त तुकाराम की शिष्या है। उन्होंने मराठी और हिन्दी दोनों भाषाओं में काव्य की रचना की। वहिणाबाई ने अभंग के माध्यम से अपना 'आत्मचरित' भी लिखा। इनकी हिन्दी की रचनाओं में तत्कालीन हिन्दी भाषा का स्वरूप परिलक्षित होता है। सन्त उमा निर्गुण निराकार ब्रह्म को मानती थी। उमा के पदों में तीव्र आध्यात्मिक अनुभूतियों और भावों के वेग को स्पष्ट रूप से अनुभव किया जा सकता है। वह अपनी आत्मा को सद्गुरु की आत्मा में मिला देना चाहती है। श्री शारदा देवी माँ काली की साक्षात् जीवित प्रतिमा थी। आज भी श्री शारदा देवी की विश्व जननी के रूप में सर्वत्र आराधना की जाती है।

मुस्लिम परिवार में जन्मी सन्त ताज बीबी ने मीराबाई की तरह कृष्ण भक्ति में मतवाली हुई। कृष्ण की रूप माधुरी पर वह अपने जन्मजात धर्म को न्यौछावर कर दिया। मीराबाई से एक कदम आगे बढ़कर मुगलानी धर्म की आन–बान को कृष्ण पर कुर्बान करके हिन्दुआनी बनना स्वीकार किया। उसने मुक्त कण्ठ से गाया –

'नन्द के कुमार, कुरबान तेरी सूरत पे।
हूँ तो मुगलानी, हिन्दुआनी ह्वै रहूँगी मैं।।'[8]

संत कवियित्री इन्द्रायती ने हिन्दू–मुस्लिम–ईसाई एकता का प्रचार किया। इनके रचित ग्रन्थों में 'ऋतु–ऋतु', षट् ऋतु नो, कलस प्रमुख है जिनमें प्रेम–विरह के व्यापक भावों का वर्णन है। सन्त कोकिलाबाई की साधना मुख्यत: सखीभाव की थी। उच्चकोटी की साधिका होने के कारण इनकी कई शिष्याएँ थी। इनकी भाषा में कहीं पूर्वी–हिन्दी की झलक मिलती है तो कही पंजाबी शब्दों की छटा।

इनके अलावा संत नूपीबाई, सन्त है हसीना, हमीदा, संत पार्वती, सन्त फूलीबाई, संतजन बेगम, सन्त करमाबाई, संत सखूबाई, बयाबाई, सागरबाई, सन्त माँ पीरो आदि अनेक ऐसी संत महिलाएँ हुई जिन्होंने अपनी दु:खों से परमात्मा की राह प्राप्त की। इनकी रचनाओं में अपने आराध्य के प्रति गहरी निष्ठा और श्रद्धाभाव व्यंजित हुए हैं। इनके जीवन का एकमात्र और अंतिम लक्ष्य 'श्रीकृष्ण शरणम्' था इन नारी संतों का जीवन समूचे नारी–समाज के लिए प्रेरणा का आधार बन सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारतीय नारी संत परम्परा, बलदेव वंशी, वाणी प्रकाशन, पृ. 12
2. भारतीय नारी संत परम्परा, बलदेव वंशी, वाणी प्रकाशन, कवर पेज
3. भारतीय नारी संत परम्परा, बलदेव वंशी, वाणी प्रकाशन, पृ. 29
4. भारत की महिला संत, डॉ. वासंती मधुकर सालवेकर, अतुल प्रकाशन, पृ. 31
5. भारत की महिला संत, अतुल प्रकाशन, पृ. 35
6. मीराबाई की पदावली, पृ. 123
7. भारत की महिला संत, अतुल प्रकाशन, पृ. 51
8. भारतीय नारी संत परम्परा, बलदेव वंशी, पृ. 90

****

Factors affecting Promotion of Culinary Tourism in district Nainital (Nainital district)

Sundeep Singh Takuli* Dr. Yashwant Singh Rawal**

Abstract - Local cuisine play an important role to attract tourist from various places to a particular destination Cuisine has a great impact on traveler's choice when choosing their final destination. A variety of businesses including farms, restaurants, or specialty food stores, cooking school, tour operators, breweries, wineries, historical attractions , religious monuments and many other businesses across the country have capitalized on their regions culturally unique cuisines to attract various tourist. Culinary of a destination can also be categorized as a part of cultural tourism. It is not only a basic need for tourist but also a cultural element that can positively present a destination. Food consumption can be used in the development of a destination image. In addition , culinary tourism is not only attracting the tourist, but also contributes to the social, economic and environmental development of that particular destination. This paper focus at the importance of the connection between food and tourism which cannot be ignored from any point of view. Each tourist destination of nainital district has different level of beauty that can attract tourist from different countries and various places thus the delicious food of nainital district which is also rich in medicinal values as it grow on high altitude and harsh climate can be used as the main attraction and promotional tool for the development of tourism in Nainital district and what are the various factors that can be helpfulin promoting culinary tourism in Nainital district of uttrakhand.
Keywords: - culinary, Cuisines, destination, promotional.

Introduction - Nainital is referred to in the 'Manas Khand' of the 'Skanda Purana' as the Tri-Rishi-Sarovar,the lake of the three sages ,Atri,Pulastya and Pulaha who were reputed to have arrived here on a penitential piligrimage, and, finding no water to quench their thirst dug a hole and siphoned water into it from Mansarovar the sacred lake in Tibet.

The Second important mythological reference to Nainital is as one of 64 'Shakti Peeths'.These centres were created wherever parts of charred body of Sati fell ,when Lord Shiva was carrying around her corpse in grief .It is said that the left eye (Nain) of Sati fell here and this gave rise to patron deity of town Nainital . It is said that the lake is formed in the emerald eye shape . Naina Devi temple is located at the northern end of the lake . Thus name of Nainital derivated from Naina and the tal (Lake).

Objectives of the Study - The main objective of this is to present trends in the emergence of culinery tourism in nainital district states of India. The paper aims to focus on the impact of culinery tourism in regional and local development and conservation of culinary traditions that is mixed with the culture of uttrakhand. A special emphasis has also been made on food as an attraction in destination marketing apart from other tourist attractions.

An attempt has been made to show the scope of culinary tourism in nainital district India which indirectly helps the tourist to get along well with culture, rich heritage traditions and inclination of a particular region. In uttrakhand, the concept of culinary tourism is still new underdeveloped and unexplored by many tourism professionals about the fact that the cuisine of a place is in fact an reflection of its history. The sole aim of this paper is to develop culinary tourism concept like other forms of tourism and pave the way for its sustainability and exploring and bringing to limelight the antique foods which are hidden as the Treasure Island and putting it as one of the masterpiece of India's rich culinary repository. The purpose of the study is to find out the initial growth and scope of culinary tourism in nainital district India. So, as a strong marketing strategy can be chalked out for successful destination promotions and products improvisation to make it prime focus in the tourism system. Yet another purpose of this study is to learn the future trends of gastronomic tourism in nainital district.

Methodology - It is a cross sectional study which explanatory in nature. It mainly involved secondary data collection. Secondary data has been collected from text book, research papers and websites. Some primary data source has been used from the information's gathered from direct enquiry.

Marketing Strategies :

1. Aggressive marketing of indigenous food products is very necessary to start with in nainital district ,
2. The model of two states of India can be taken in this

*Research Scholar, Pacific University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Assistant Professor, Pacific University, Udaipur (Raj.) INDIA

regard—Goa and Kerala. Goa aggressively markets Feni (a locally prepared alcoholic brew prepared either from cashew or coconut) and cashew while Kerela markets its spices.

3. Nainital district states must come up with its list of culinary products that can attract the tourists.
4. The website www.igougo.com tries to draw tourists towards Goa by saying it to be the land of beach, hot sun and heady feni but look at the supreme appreciation of the lesser known alcoholic brew of the Adis of Arunachal Pradesh .
5. The strategies adopted in marketing of spices in Kerala can be used for marketing local products that are exclusively produced in the region of nainital district only,
6. The forceful marketing of herbal tea in nainital district needs to be reciprocated For this it must be made available to the tourists by setting up adequate outlets selling quality tea. The places in and around the Kaziranga National Park stands put to be the most profitable beneficiaries in such an exercise
7. Growth and development of tourism marketing involves attention on four salient features: Attraction (sites of historical interest or natural beauty, manmade structures and monuments, museums, parks, spaces of socio-cultural attraction etc), Accommodation (Hotels, Resorts, Guest Houses, Motels, Home Stays etc.), Accessibility and Amenities (eateries, souvenir shops, tourist information bureaus, security, guides and other facilities covered under the head of niche tourism). Amenities are of utmost necessity for a tourist and are factors that can pull a tourist towards a particular destination again in future.
8. The Word-of-Mouth promotion is far more effective in generating interest regarding a tourist destination among the acquaintances of a tourist than cost-intensive advertisements in the media and tourist literature. This is primarily because of the notion that advertisements usually cover-up the unsavory sides of a destination.
9. In the context of culinary tourism which can be included in the fourth category of necessary features of the growth and development of tourism a proper result-oriented marketing strategy is very vital. Mr, .Jha opines that marketing strategies in the tourism sector involves going for strategies intended to offset challenges or to utilise the prospect available in what he calls the ¯(four Ps of marketing), e.g., alter the product, the price, the promotional campaign and the place.
10. For those involved in the promotion of culinary tourism tremendous focus is to be laid on the second and the third parameters as exorbitant pricing is a potential customer dispelling factor. Tourism planners and managers emphasize on sustainable tourism which concentrates on the maintaining socio-cultural identity on the face of the cultural aggression of the tourists (specifically in terms of attires, life-style, material possessions, exhibited habits), mitigating any unsavory economic because of the cash inflow from tourists and physical impact which is the change in the physical features of a destination because of tourist inflow. This makes determining the Tourism Carrying Capacity of a particular region that witness tourist footfalls a major exercise for all the policy making agencies in the field. This is the capacity of a tourist spot of bearing tourist inflow without any undesirable impact on the social, cultural, psychological, environmental, legal, economic and other factors that are linked with the sustenance of the people and distinctiveness of the place. Growth of ethnic culinary tourism is inextricably related to maintaining standard levels of Tourism Carrying Capacity as an unmaintainable spurt in the number of tourists would lead to gradual dilution of the quality of the menu which is nothing less than a faulty representation of a region's socio-cultural life. One recent trend in the hospitality industry of nainital district is the growth of interest in ethnic food. While talking of ethnic food and traditional cuisines.Authentic presentation of ethnic food needs to be made at the various festivals and fairs that are organized in various places of the nainital district and they should be scheduled during the tourist season. When visited two such festivals showcasing the culture of the area concerned in particular and the state of nainital district in general – the nandadevi mela in Nainital and the utrani ka mela in bageshwar and many others big festival ,Gastronomy was not the primary thrust of the organizers but the food stalls catering local delicacies seemed to attract considerable crowd though the menu was limited. Instead of offering a complete palate the focus remained on a few products. A more professional approach in the culinary dimension can translate such festivals into cultural spaces that can be utilized for benefit of the local culinary entrepreneurs in nainital district.

Conclusion - Culinery Tourism will keep growing ,create huge job opportunities in all the related sectors including small and medium scale businesses. in Nainital district of uttrakhand In future Culinary Tourism will be the largest sector of Tourism industry in terms of tourism receipts, while developing countries will emerge as top most destinations due to their natural resources and cheap labor force. thus if we keep the above mentioned points in mind we will see the enormous growth in culinary tourism of uttrakhand as one hand it will provide employment to local people on the other hand it will help to generate the revenue for the state this will lead to an overall development of the state ,

References :-

1. Culture and cuisine in a changing global marketplace in a strategic questions.In R.Woods, market place in strategic questions.In R.Woods(Eds), food and Beverage Management (pp187-194) London: Butterworth Heinemann.
2. http://planningcommission.nic.in/plans/stateplan/sdr/

sdr_uttarakhand1909.pdf
3. Hall,C.M and Mitchell, R.(2001).Wine and food tourism.In Douglas,N.andDerret,R.(eds.) Special Interest Tourism: Context and Cases.John Wiley and Sons,Australia,Brisbane,pp.307-329
4. Hobsbawn,E.& Ranger,T(1983).The invention of tradition.Cambridge University Press.Cambridge.
5. Riley,M.(2000).What are the implications of tourism destination identity for food and beverage policy?
6. https://en.wikipedia.org/wiki/Tourism_in_Uttarakhand
7. https://en.wikipedia.org/wiki/Uttarakhand
8. http://uttarakhandtourism.gov.in/utdb/?q=contact-us
9. http://uttarakhandtourism.gov.in/
10. Jha, S.M. 2011. Tourism Marketing. Himalaya Publishing House: Mumbai, 238.
11. Achaya, K.T. 1998. A Historical1

****

नीमच जिले के चयनित गांवों में शैक्षणिक सेवा संस्थाओं की सुविधाओं का वितरण

टीना चौहान* डॉ. आर.के. श्रीवास्तव**

(अ) शैक्षणिक सेवाएं/संस्थाएं – किसी भी क्षेत्र का सामाजिक विकास, आर्थिक प्रगति तथा राजनैतिक प्रौढ़ता वहां के निवासियों की शिक्षा पर निर्भर करती है। शिक्षा मनुष्य के सामाजिक व मानसिक पृथकत्व को समाप्त करती है। शिक्षा प्राप्त व्यक्ति अपने ही काम में उन्नति नहीं करता बल्कि समाज की उन्नति में भी सहायक होता है। इससे समाज के विकास की प्रक्रिया सरल और अधिक उपयोगी बन जाती है। विकास का अर्थ केवल आर्थिक और भौतिक विकास ही नहीं होता, अपितु इसमें लोगों के व्यक्तित्व, उनका चिंतन और समता के भावों का विकास करना भी निहित है। यह लक्ष्य केवल उचित शिक्षा से ही सम्भव है। वास्तव में शिक्षा प्रत्येक समाज की मानसिक भूख है, जिसका दायित्व समाज तथा प्रशासन का है। इसके अभाव में कोई भी क्षेत्र अपनी उन्नति नहीं कर सकता।[1] नीमच जिले के गांवों में शिक्षा के चार स्तर उपलब्ध हैं, जिसका विवरण तालिका क्रमांक 1 से स्पष्ट है।

मध्यप्रदेश में सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश की सभी बसाहटों में प्राथमिक विद्यालय की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य तय किए हैं तथा प्राथमिक विद्यालय गांव की बसाहट के आधार पर बनाए जाते हैं। एक गांव में एक या दो शासकीय प्राथमिक विद्यालय खोले जा सकते हैं। शासकीय माध्यमिक विद्यालय के लिए सरकार ने 3 कि.मी. दूरी तय की है। 3 कि.मी. अंतराल पर ही शासकीय माध्यमिक विद्यालय खोले जा सकते हैं शासकीय हाईस्कूल के लिए 5 कि.मी. की दूरी व शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय 8 कि.मी. की दूरी पर खोले जा रहे हैं।

तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

1. प्राथमिक विद्यालय – नीमच जिले की तीनों तहसील के चयनित कुल गांव 70 हैं, जिसमें मनासा तहसील के 24 ग्राम चयनित गांवों में शासकीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 26 तथा 66.00 प्रतिशत तथा अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 13 तथा 33.33 प्रतिशत है। नीमच तहसील के 23 चयनित गांवों में शासकीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 31 तथा 60.78 प्रतिशत, अशासकीय विद्यालयों की संख्या 20 तथा 39.27 प्रतिशत है। इसी प्रकार जावद तहसील के 23 चयनित गांवों में शासकीय विद्यालय की संख्या 25 तथा 62.5 प्रतिशत, अशासकीय प्राथमिक विद्यालय की संख्या 15 तथा 37.5 प्रतिशत है।

2. माध्यमिक विद्यालय – अध्ययन क्षेत्र में सम्मिलित शासकीय माध्यमिक विद्यालयों का मनासा तहसील के चयनित गांवों में संख्या 23 तथा 67.64 प्रतिशत है। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 11 तथा 32.35 प्रतिशत है। नीमच तहसील के चयनित गांवों में शासकीय माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 39 तथा 72.22 प्रतिशत है। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 15 तथा 27.77 प्रतिशत है। इसी प्रकार जावद तहसील के चयनित गांवों में अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 20 तथा 68.96 प्रतिशत है। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 9 तथा 31.00 प्रतिशत है।

3. हाईस्कूल – अध्ययन क्षेत्र में सम्मिलित शासकीय हाईस्कूल मनासा तहसील में संख्या 10 तथा 100 प्रतिशत है, अशासकीय हाईस्कूल मनासा तहसील के चयनित 24 गांवों में नहीं है। नीमच तहसील में शासकीय हाईस्कूल की संख्या 4 तथा 57.14 प्रतिशत, अशासकीय हाईस्कूल 3 तथा 42.85 प्रतिशत है। जावद तहसील में शासकीय हाईस्कूल 5 तथा 62.5 प्रतिशत, अशासकीय हाईस्कूल 3 तथा 37.5 प्रतिशत है।

4. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय – अध्ययन क्षेत्र में चयनित गांवों में सम्मिलित शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय मनासा तहसील में संस्था 4 तथा 100 प्रतिशत है, अशासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय मनासा तहसील के चयनित 24 गांवों में नहीं है। नीमच तहसील के चयनित गांवों में शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय संख्या 9 तथा 90.00 प्रतिशत है, अशासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय 1 तथा 10.00 प्रतिशत है। जावद तहसील के चयनित गांवों में शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय संख्या 4 तथा 66.6 प्रतिशत है, अशासकीय हायर सेकेण्डरी 2 तथा 33.3 प्रतिशत है।

निष्कर्ष – अध्ययन क्षेत्र में चयनित गांवों में सम्मिलित शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय मनासा तहसील में संस्था 4 तथा 100 प्रतिशत है, अशासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय मनासा तहसील के चयनित 24 गांवों में नहीं है। नीमच तहसील के चयनित गांवों में शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय संख्या 9 तथा 90.00 प्रतिशत है, अशासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय 1 तथा 10.00 प्रतिशत है। जावद तहसील के चयनित गांवों में शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय संख्या 4 तथा 66.6 प्रतिशत है, अशासकीय हायर सेकेण्डरी 2 तथा 33.3 प्रतिशत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जिला सांख्यिकी पुस्तिका 2015 के अनुसार।
2. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

* शोधार्थी (भूगोल) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंण्डी, मंदसौर (म.प्र.) भारत

तालिका क्रमांक 1 – नीमच जिले के 70 चयनित गांवों में प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (संख्या व प्रतिशत में)

	प्राथमिक विद्यालय				माध्यमिक विद्यालय				हाईस्कूल				उ.मा. विद्यालय			
	शासकीय		अशासकीय		शासकीय		अशासकीय		शासकीय		अशासकीय		शासकीय		अशासकीय	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
मनासा	26	66.66	13	33.33	23	67.64	11	32.35	10	100	–	–	4	100	–	–
नीमच	31	60.78	20	39.21	39	72.22	15	27.72	4	57.14	3	42.85	9	90.00	1	10.00
जावद	25	62.5	15	37.5	20	68.96	9	31.0	5	62.5	3	37.5	4	66.6	2	33.3

स्त्रोत – क्षेत्रीय सर्वेक्षण वर्ष 2015-16 के आधार पर।

****

An Analytical Study of Saffron Production in District Pulwama (J&K)

Shahid Hussain Rather* Dr. Ajay Kumar Tripathi**

Abstract - Economic development of the country mainly is dependent on the agricultural activities together with the industrialization. Cash crops contribute most to the economy of the country and their export adds to the GDP. In India the state Jammu and Kashmir is the largest grower of the Saffron: second largest cash crop of the state after fruits. The average land area under saffron cultivation is 3711.5 hectares with a standard deviation of 775.7. The coefficient of variation during 1995-96 to 2015-16 is 20.9 % indicating that there has been the alteration in the land area under cultivation. The average production of saffron is 9.3 metric tons with standard deviation of 4.2. The coefficient of variation of saffron production during the period is 45 %. Based on per hectare, the average saffron productivity is 2.4 kg with standard deviation of 0.8. The present study is an attempt to find the influence of input costs on saffron production in the study area. The study was conducted in 2 villages (Ladoo, Lathipora) of district Pulwama; major saffron producers of the state. We selected 25 respondents from each village in order to collect the primary data employing Regression analysis. We investigated the collective impact of investments on ploughing and hoeing, corms, fertilizers and pesticides and other processes of harvesting on the saffron production. We observed that investments on ploughing, hoeing and corms had positive influences on saffron production while the investments on fertilizers and pesticides had negative impact.

Keywords - Saffron, Cash crop, Kashmir, Socio-economic status, Production, Productivity, Grower, Input costs.

Introduction - Saffron (Crocus sativus L.) popularly known as kesar in India has been regarded as one of the world's finest flavoring agents. Saffron plant is a natural herb mostly cultivated in Azerbaijan, Greece, France, Iran, Spain, Italy, China, Israel, Morocco, Turkey, Egypt, Mexico and Kashmir in Indian (Zargari, 2007) and has purple or white flowers with orange stigmas. Saffron is the most attractive and intriguing plant spices often called "The Golden Spice," and is among the most expensive and priced spices. Method generally employed for saffron cultivation contributes to its high price. The quality of saffron is determined by the existence of three main secondary metabolites: Crocin, picrocrocin, and Safranal (Negbi, 1999). Saffron is a non perishable high value low volume commercial crop of Jammu & Kashmir (India). Saffron is comprised of dried stigmas of saffron flower Saffron is very famous due to its fine flavor, colour and medicinal value. It is indigenous to Greece and Asia. In Greek Roman era, saffron was scattered on the floors of theatres and public halls as a perfume. With the advent of time Medicinal and aromatic plants have been increasing in importance to society continuously for the past one hundred years.

Saffron is cultivated in climatically diverse regions, varying in altitude, temperature and humidity conditions. It is an important commodity and is of great significance in the agricultural economy of Jammu and Kashmir. Saffron has many other uses in industries such as food, pharmaceutical, cosmetic and perfumery as well as in the textile dyes (Kafi et al. 2006).

Saffron industry in Kashmir has been showing a steady decline, particularly during the last decade. Constraint analysis of factors responsible for resulting in considerable losses primarily includes reduction in production and productivity of this important commercial crop due to climate changes, droughts, unavailability of water facilities, corm rot and lack of adequate nutritional support that has significantly contributed in the dismal performance of the saffron crop under actual farm situations. The heart of this activity is district Pulwama which occupies about 86% of the total area under saffron in the entire state of Jammu & Kashmir and out of which 80% of the saffron area belongs to Pampore Tehsil alone (Imtiyaz et al. 2007)

Objectives :

1. Study the area, production and productivity of saffron in Jammu and Kashmir
2. Study the socio-economic profiles of the respondents in the study area.

Hypothesis - There is significant impact of input costs on saffron production of the sample respondents in the study area.

Research Methodology - The present study has been conducted on both primary as well as secondary data. The

*Department of Economics, Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA
**Department of Economics, Govt. S.L.P College, Morar, Gwalior (M.P.) INDIA

primary data has been collected through a well designed questioner on the selected groups of respondents to elicit required information. The primary data has been collected by applying stratified random sampling method and total sample of 50 respondents have been selected from 2 villages (Ladoo, Lathipora) of tehsil pamore district Pulwama. The researcher has selected 25 respondents from each village of pampore tehsil. The secondary data which is taken from the Digest of statistics Govt. of Jammu and Kashmir, Agriculture and production department and Sher-e-Kashmir university of Agriculture science & Technology. Various published and unpublished articles and reports were also used for the study.

Area production and productivity of saffron in Jammu and Kashmir - Saffron is one of the important commercial activities of Indian agriculture and appears to be second largest industry after the fruit production in Jammu & Kashmir. Its cultivation dates back to 550 A.D. It is a renowned crop, an imperative constituent of ethnically rich inheritance of Kashmir and was worn as a component in Ayurvedic Medicines by the prominent Kashmiri vaids (Vegbhatta and Sushtra).

Kashmir enjoys the distinction of occupying the largest area (5707 ha) under saffron in the world and has great potential for increasing its production and export to other countries. Once producing 173.82 q of saffron out of 5316 ha which by conservative estimates of Rs.250 per gram led to earn foreign exchange worth Rs.40 crores, the present production of 64.64 q and productivity level of 2.28 kg/ha (2002) is far less when compared to other saffron grown countries of the world like Iran, Spain, Italy producing 5-6 kg per hectare has been a matter of great concern. The area under saffron cultivation has also declined drastically 1998-2002 primarily due to failure of precipitation experienced during the active growing season of saffron and non-application of nutrients to soil which has resulted in enormous increase in the cost of seed corms thereby affecting the replantation rate in the conventional areas. In 2002 the area under saffron cultivation was hardly 2825 yielding 64.64 q.

Jammu & Kashmir enjoys the domination in the gardening of saffron in the sub-continent. The foremost regions of saffron crop growing are Zeewan, Balhama, Khunamu, Yachnambal (Srinagar) Khrew, Ludoo, Dussu, Konibal, Chandaha, Namblabal, Barsu, Lethipora, Sambora, Waantipora, Nagam, Sarwin, Hapthnar, Kakewring, Charar-e-Sharief and Kishtwar (Doda). 78.91 per cent of the total area under saffron cultivation is in the district Pulwama, followed by district Budgam (12.27%), Srinagar (7.32%) and Doda (1.5%).

More than 10000 farm families of 226 villages are associated with the cultivation of this crop, directly and indirectly and nearly 85 per cent families associated with its cultivation are categorized into small and marginal farmers, living below the poverty line. Most of the cultural and post-harvest operations are primarily done by farm women who contribute 65 to 70 per cent of total labour component. Saffron (Crocus sativus L.), traditionally known as golden spice is the legendary crop of Kashmir valley of India and covers nearly 4% of the total cultivated region of the valley and delivers approximately 16% of aggregate agricultural income (Anonymous 2008). The past several years, Kashmir has the virtual monopoly of saffron cultivation in the country as a valuable industrial/medicinal product and contributes a lot to its agricultural economy. It is the best quality saffron in the world owing to its rich colour and flavour and has been conventionally associated with the well-known Kashmiri Cuisine and has for times been in good demand (Chand 2005)

Table 1 : Trends in Production Area and Productivity of Saffron in J & K (2015)

Year	Area in (Ha)	Production in (MTs)	Average Productivity (kg/ha)
1995-96	4496	14.18	3.15
1996-97	5707	15.92	2.79
1997-98	5316	17.38	3.27
1998-99	4416	12.88	2.92
1999-00	3997	7.65	1.91
2000-01	3831	3.59	0.94
2001-02	2713	0.30	0.11
2002-03	2825	6.50	2.30
2003-04	2742	5.15	1.88
2004-05	3143	6.86	2.18
2005-06	3130	7.04	2.25
2006-07	3010	6.50	2.16
2007-08	3280	8.20	2.50
2008-09	3280	7.70	2.35
2009-10	3785	9.46	2.50
2010-11	3785	9.55	2.52
2011-12	3790	9.85	2.60
2012-13	3674	10.00	2.72
2013-14	3674	11.5	3.13
2014-15	3674	15.0	4.08
2015-16	3674	9.64	2.62
Average	3711.5	9.3	2.4
S.D	775.7	4.2	0.8
C.V	20.9	45.0	33.7
CAGR	-1.00	-1.91	-0.92

Source: Horticulture Department of J&K and Directorate of Agriculture J&K.

Fig. 1 : Area under saffron cultivation in J&K in different years (see in last page)

Fig. 2 : Production and average yield of Saffron in J & K in different years (see in last page)

The area under saffron cultivation has increased from 4496 hectares in the year 1995-96 to 5707 hectares in 1996-97 while decreased to 5316 hectares in 1997-98. During the year 1998-99 and 1999-00 the area under saffron has further declined to 4416 hectares and 3997 hectares. In the year 2000-01 the area under saffron was 3831 hectares which further decreased to 2713 hectares in the year 2001-02 while as increased to 2825 hectares in the year 2002-

03. The area under saffron shows fluctuations of area over the years as in the year 2003-04 the area under saffron was 2742 hectares which increased to 3143 hectares in 2004-05 but again decreased to 3130 hectares in 2005-06 and further declined to 3010 hectares in the year 2006-07 but again increased to 3280 hectares in 2007-08 from where it remained same in the year 2008-09. The area under saffron has increased from 3785 hectares in the years 2009-10 and 2010-11 to 3790 hectares in 2011-12. The area under saffron in the year 2012-13, 2013-14, 2014-15 and 2015-16 remained the same which were 3674 hectares.

The area under saffron has been highest in the year 1996-97(5707 hectares) and lowest area has been in the year 2001-02 (2713 hectares) with annual compound growth rate of -1.00 percent which shows the CAGR has been negative in these years. The average area under saffron has been 3711.5 hectares with standard deviation of 775.7. The coefficient of variation is 20.9 percent which means there has been the variation of area in these years.

निष्कर्ष – ग्रामीण स्तरों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा मुहिम चलाई जा रही है, जिससे ग्रामीण जनता को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े। एक मानव होने का दायित्व भ्रष्टाचार मुक्त जीवन जीना है। मध्यप्रदेश शासन इन छोटी–छोटी बातों पर अमल करता है। तभी भ्रष्टाचार से मुक्ति सम्भव है। अन्यथा ये गरीब पीसते जायेगें। उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। मानव कल्याण और समस्यों के त्वरित निदान हेतु मध्यप्रदेश शासन प्रतिबद्ध है। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर यह शोध पत्र तैयार किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. एस. के. कपूर, मानव अधिकार, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद, पंचम संस्करण 2015, पृष्ठ 30
2. राकेश कुमार आर्य, भारतीय राष्ट्र की समस्याएं और उनके समाधान, संजीव प्रकाशन, दरियागंज दिल्ली, 2011, पृष्ठ 25
3. डॉ. हरीश कुमार वैश्य, लोक प्रशासन संकल्पना तथा सिद्धांत, आर्या पब्लिकेशन्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण 2010, पृष्ठ 70
4. पवन कुमार, लोक प्रशासन सिद्धान्त एवं व्यवहार, वंदना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, संस्करण 2011, पृष्ठ 150–165
5. जगजीवन राम, भारत में जातिवाद और हरिजन समस्या, राजपाल एण्ड सन्ज़ कश्मीरी गेट, दिल्ली, संस्करण 2006, पृष्ठ 86
6. गिरीश पंकज, मीडिया और भ्रष्टाचार, समन्वय प्रकाशन, गाजियाबाद दिल्ली, प्रथम संस्करण 2015, पृष्ठ 35 एवं 89

****

शिक्षा के अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन

दुर्गेश कुमार त्रिपाठी *

प्रस्तावना – बच्चे किसी भी देश के सर्वोच्च बौद्धिक सम्पदा है। ये वे मानव संसाधन हैं जिनके समग्र विकास के बिना किसी भी समाज का विकास सम्भव नही है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा बच्चों को न केवल अच्छा नागरिक बनाया जा सकता है, बल्कि उनके अन्दर छुपी प्रतिभा को निखारा जा सकता है। वही शिक्षा समाज के मूल समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यम भी है। एक शिक्षित समाज ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ आधार प्रदान कर सकता है। इन उद्देश्यों के मद्देनजर शिक्षा के स्तर को उन्नयन करना न केवल राज्य का दायित्व बनता है बल्कि राज्य के लिए अपरिहार्य हो सकता है।

भारतीय संविधान के 86 वें संशोधन द्वारा वर्ष 2002 में अनुच्छेद 21-अ द्वारा शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकार माना गया। संविधान क उक्त धारा में निम्नलिखित प्राविधान किया गया है- **'राज्य, 06 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का ऐसी रीति में, जो राज्य विधि द्वारा अवधारित करें, उपलब्ध करेगा।'** संविधान के द्वारा प्रदत्त उक्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श के उपरान्त 08 वर्ष बाद बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 (Right to Educaiton Act.) लागू हुआ।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आर0टी0ई0 एक्ट) एक व्यवस्था परिवर्तन के रूप में आया। इससे यह मान लिया गया है कि सभी बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा राज्य द्वारा प्रदान की जा सकती है। परन्तु इस अधिनियम के क्रियान्वयन में कई बाधाएँ है:-

क्रियान्वयन की समस्या :

1. ड्राप आउट की समस्या – बच्चों को स्कूलों में बनाये रखने का अधिकार, अधिनियम में यद्यपि राज्य सरकार और पंचायतों को दिया गया है। परन्तु अनिवार्य रूप से दुर्भाग्यवश बच्चों को 08 वर्ष तक स्कूल में रोकना राज्य सरकारों के लिए एक कठिन कार्य सिद्ध हुआ है। 07 वर्ष, 08 वर्ष की उम्र में बच्चे स्कूल छोड़कर खेलों में, सड़कों पर या होटल जैसे अन्य स्थानों पर परिसंकटमय नियोजन में संलिप्त हो जाते हैं। स्कूल छोड़ना एक कठिन समस्या है जो कि अधिनियम के क्रियान्वयन में एक प्रमुख बाधा है।

2. शिक्षक-छात्र अनुपात में कमी – शिक्षा के अधिकार अधिनियम के सही तरीके से लागू करने में शिक्षक-छात्र अनुपात में कमी दूसरी महत्वपूर्ण समस्या है जिससे इस अधिनियम का पालन नही हो पा रहा है। जिस अनुपात में प्रतिवर्ष बच्चों की संख्या में वृद्धि होती है, उस अनुपात में शिक्षकों का चयन विद्यालयों में नही होता है। वास्तविकता यह है कि यह शिक्षक -छात्र अनुपात बहुसंख्यक, राज्यों में सदैव कम रहता है क्योंकि भारत के अधिकांश राज्यों में शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षकों पर होने वाला राजकीय व्यय कमजोर अर्थव्यवस्था वाले राज्यों के लिए गले की हड्डी बना हुआ है।

उदाहरण स्वरूप यदि हम देखते है तो हाल में ही उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों का भर्ती प्रकरण जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षा मित्रों क नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के द्वारा निरस्त कर दिये जाने के कारण एक असहज स्थिति उत्पन्न हो गयी। ऐसे में छात्रों की संख्या के अनुपात में राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करना एक टेढ़ी खीर साबित हो रही है क्योंकि वित्तिय अनुशासन जैसे तमाम आर्थिक सामाजिक अड़चन भी स्पष्ट परिलक्षित हो रही है।

3. शिक्षकों का प्रशिक्षण – शिक्षकों का प्रशिक्षण की एक कठिन चुनौती है योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्ष्ज्ञकों की कमी को समय से पूरा न किये जाने के कारण आर0टी0आई0 अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। इस सम्बन्ध में समस्त पक्षधारकों को नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्रयास करना चाहिए।

4. मूलभूत सुविधाओं का विद्यालय में न होना – आर0टी0आई0 अधिनियम में बच्चों के लिए स्कूलों में न्यूनतम मानक अनुसार शौचालय, पेयजल एवं क्लास रूम के प्राविधान किये गये है। अधिकांश विद्यालयों में मानक पूरा न होने के कारण बच्चों स्कूल छोड़ देते है जिससे विद्यालय का अनाकर्षण कहा जाता है। राज्य सरकारों को इस दिशा में मानकों को सही ढंग से पालन करना चाहिए।

5. शैक्षिक सत्र का निर्धारण – अधिनियम के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र का निर्धारण राज्य स्तर पर किया जाता है जबकि शैक्षिक सत्र का निर्धारण स्थानीय स्तर पर होना चाहिए जिसमें सांस्कृतिक एवं क्षेत्रीय विविधताओं का जैसे त्योहार, फसली सीजन, प्राकृतिक आपदा आदि का ध्यान रखा जाना चाहिए।

वास्तविक स्थिति – वस्तु स्थिति यह है कि भारत में 6 मिलियन से अधिक बच्चो अभी स्कूल से बाहर है। देश के 92 प्रतिशत सरकारी प्राथमिक विद्यालय आर0टी0आई0 अधिकनयम के मानदण्डों का पालन नही करते हैं। भारत दुनिया के 19 प्रतिशत बच्चों का घर है। इसका अर्थ यह है कि भारत में दुनिया की सबसे बड़ी संख्या में युवा है, जो काफी हद तक फायदेमन्द है। विशेषकर चीन जैसे देशो क तुलना में जो आबादी के बड़े हिस्से से उम्रदराज होने से चिंतित है जिसका अंतिम परिणाम वहां के आर्थिक विकास पर पड़ेगा। भारत में लगभग 1618 भाषाओं और 1942 मातृभाषा बोली जाती है। स्कूल 148 विभिन्न माध्यमों में शिक्षा प्रदान करते हैं।

शिक्षित एवं सशक्त युवा नागरिकों का निर्माण करना भारत के लिए एक कठिन चुनौती है। भारत में दुनिया की अशिक्षित आबादी का एक तिहाई

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय, ढाढ़ा बुजुर्ग, हाटा, कुशीनगर (उ.प्र.) भारत

हिस्सा निवास करता है, जो चिन्ता की बात है। ऐसा नही है कि साक्षरता में वृद्धि नही हुई है। 2011 की जनगणना में धनात्मक संकेत है।

डकार फ्रेमवर्क (अप्रैल 2000) में यह स्वीकार किया गया है कि दुनिया में सामाजिक आर्थिक रूप से वंचित लोगों में मौलिक शिक्षा तक पहुॅच नही हैं। अर्थात इन पिछड़े लोगों में मूल औपचारिक शिक्षा का आभाव है। अत: डकार फ्रेमर ने यह निर्णय लिया गया था कि 'शिक्षा को मूल अधिकारों का दर्जा मिलना चाहिए। भारत भी डकार फ्रेमर को स्वीकार करता है। इसलिए भारत प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्यो के प्रति दृढ़संकल्पित है।' यूनेस्कों के रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में स्कूलों से बाहर होने वाले बच्चों में तीन चौथाई बच्चें भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इण्डोनेसिया, चीन, ब्राजील और अफ्रीकी देशों सहित 15 देशों में निवास करते हैं। इस गम्भीर परिस्थिति से लड़ना एक चुनौती है। इन्ही उद्देश्यों के सन्दर्भ में नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिनियम लाया गया।

नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 06 से 14 वर्ष आयु वर्ष के बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का वादा करता है। यह अधिनियम कहता है कि स्कूलों 01 से 03 किमी0 की त्रिज्या के भीतर होना चाहिए। जहां बच्चा रहता हो। दूसरे सभी सहकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को आर्थिक रूप से कमजोड़ वर्गो के छात्रों के लिए अपने सीटों का 25प्रतिशत आरक्षित करना होगा। तीसरे सभी सरकारी स्कूलों में स्कूल प्रबन्धन समितियां होंगी। इनमें 50 प्रतिशत महिलाओं का होना अनिवार्य है। राज्य बाल अधिकार आयोग अपने सम्बन्धित राज्यों में आर0टी0आई0 अधिनियम के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। सभी राज्यों को राज्य शिक्षा सलाहकार निकाय स्थापित करना है।

अधिनियम को सफल बनाने के उपाय – अब प्रश्न है इस अधिनियम को सफल कैसे बनाया जाए – इस सन्दर्भ में विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में माता पिता को शिक्षा के लाभों से अवगत कराने की जरूरत होगी। ताकि वे अपने बच्चों को स्कूल में भेजने के लिए प्रोत्साहित हों। दूसरे देश में सामाजिक परिवर्तन की तरह इसे भी समुदाय के स्तर पर लागू करने की जरूरत है। उम्र की पुरानी मानसिकता में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है और साथ में ही बालश्रम कानून तथा शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बीच जो संघर्ष है उसे दूर करना होगा।

आर0टी0आई0 अधिनियम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्रम मंत्रालय , महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, पंचायत राज्य मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय को एक साथ काम करना होगा। इसके साथ ही सरकार को इसके लिए स्पष्ट वित्तिय व्यवस्था करके आत्मनिर्भर बनाने का हरसम्भव प्रयास करना होगा। इन उपरोक्त बिन्दूओं के साथ–साथ सरकार को समय समय पर इसकी सफलता दर की समीक्षा भी करनी होगी।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि किसी भी अधिनियम की सफलता उसके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम एक अच्छे उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है परन्तु यह सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक ढ़ांचे के मध्यम लागू किया गया है। जहां पर इन ढ़ांचों क कमियां भी अधिनियम को प्रभावित करती है। वे विगत 08 वर्षों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम में कइ सुधार हुये हैं। संघीय व्यवस्था में केन्द्र के पास संसाधनों की प्रचुरता होती है, जबकि अधिकांश राज्य सरकारें कमजोड़ अर्थव्यवस्था से युक्त हैं। अत: केन्द्र सरकार को इस दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

भारत में यह अन्तर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। दक्षिण भारत एवं उत्तर पूर्व के राज्यों में साक्षरता दर अधिकतम है जबकि उत्तर भारत के राज्यों में यह दर न्यूनतम है। मानव विकास सूचकांक के अनुसार वर्ष 2017 में भारत विश्व में 131 वीं स्थान पर है। भारत की साक्षरता दर 74 प्रतिशत है जो वैश्विक स्तर पर खराब साक्षरता दर को दर्शाता है। उक्त परिस्थितियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाये जाने हेतु बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 को ठोस कार्यान्वयन हेतु बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी पक्षकारों एवं निजी क्षेत्र को भी प्रयास करना होगा।तभी संविधान के अनुच्छेद 21–अ की भावना का सम्मान होगा। यह अधिनियम उचित तरीके से लागू हो जाता है तो विकास की धारा में पिछड़े हुये छात्रों को अत्यन्त लाभ होगा परन्तु यह एक अजीब विडम्बना है कि राज्य इस महत्वाकांक्षी अधिनियम के वित्तीय बोझ पर चिन्ता व्यक्त करते हैं। फिर भी सरकार हर साल प्रमुख सब्सिडी की पेशकस करके कार्पोरेट क्षेत्र को प्रोत्साहित कर रही है। कहने के लिए देश में शिक्षा का अधिकार बनाने के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं है परन्तु यह एक उपहास है। यह स्पष्ट रूप से उन फण्डों की कमी नही है जो अधिनियम की क्रियान्वयन में बाधा है बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत का संविधान : सुभाष कश्यप
2. आर0टी0ई0 एक्ट : 2010
3. द हिन्दू में प्रकाशित श्रीमती मनिन्दर कौर का लेख दिनांक 12.01.2018
4. भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्यायें : रमन बिहारी लाल

****

Risk Management as a Business Concern

Manish Jain*

Abstract - Universal risk guideline began in the 1980's and cash organizations made inward hazard the board models and value estimation to shield themselves from unexpected risks and gather administrative capital. What's more, chance administration has turned out to be urgent, incorporated hazard the executives has been actualized, and the main hazard official positions have been created. Notwithstanding, the financial emergency started in 2007 couldn't be averted by these laws, administration standards and hazard the board procedures. Presentation Snider (1956) noticed that no hazard the executives books were accessible right now and that no universities were offering classes in that field. More and Hedges (1963) and Williams and Heins (1964) discharged the initial two academic books. Their examination secured extreme hazard the board without joining the numerous kinds of corporate monetary hazard. Correspondingly, science hazard the executives substance were delivered by experts. Innovative inclusion is overseen by banks and insurance agencies under operational hazard covers.

Keywords - monetary, risk, organization, swaps, business.

Introduction - The utilization of market protection to shield people and organizations from innumerable chance misfortunes has been connected to risk authority for quite a while (Harrington and Niehaus 2003). In the mid-1950s, the answers for fitting protection showed up as new sorts of hazard the executives, while various types of money were very expensive and inadequate. Various organization perils were costly or uninsurable. Unexpected booking work was built up during the 1960s and numerous hazard anticipation or self-assurance activities and self-protection instruments were set up against specific losses. Moreover, during this time organizations had assurance and inclusion of business-related sicknesses and mishaps [1].

The utilization of subordinates as apparatuses for overseeing safeguarded and non-safe dangers began during the 1970s and was quick through the 1980s. Organizations began to think about cash the executives or portfolio the board during the 1980s as well. Budgetary hazard the executives for a few organizations has supplemented sheer hazard the board. During the 1980s, money related establishments, including banks and protection firms, expanded their market hazard and the tasks of advance hazard the executives. During the 1990s there was operational hazard the executives and liquidity chance administration. Also, global hazard guideline began during the 1980s. So as to forestall unusual perils and scale down administrative capital, money related establishments made internal hazard the board models and capital estimation formulae. At a similar minute, hazard the executives administration has turned out to be critical, chance administration fused and the situation of Chief Risk Manager (CRO) has been set up. In 2002 Sarbanes-Oxley Regulation set down administration rules for organizations in the United States was executed in the repercussions of various outrages and insolvencies emerging from awful risk authority[2].

In any case, the money related emergency that began in 2007 was not averted by these laws, guidelines and hazard the board methods.[3] It isn't really incapable hazard guideline and administration laws yet their execution and usage. Chiefs habitually skirt guideline and guidelines over various markets. It's outstanding. Be that as it may, in the years paving the way to the monetary emergency, it appears that the deviation exercises had turned out to be significantly more pervasive, saw or clearly reprimand by the administrative specialists. Self-security activities have additionally turned out to be extremely huge in protection and hazard the board. The likelihood of misfortunes or costs before they happen impacts this kind of action[4]. The contingent progression of misfortunes can likewise be influenced. The most common kind of self-protection is the mishap bar. Safety measure is a sort of self-security for assumed however vague occasions that have obscure probabilities and financial ramifications. One such event is a pandemic (Courbage, and so forth.). Every single square activity in the security and bar measure a hazard the board segment. The antiquated position of safety net providers was truly tested in us during the 1980s, quite over the span of the obligation emergency, with excessive premiums and fractional hazard inclusion.

During this century, elective types of security from various dangers were created, for instance hostage one's

*Research Scholar (Management) Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA

hazard maintenance gatherings organizations in the social insurance industry or zone that are engaged with regular risk assurance associations and limited protection chance conveyance after some time for a solitary introduction unit. Crockford wrote in 1982: "Expressibility remains the precondition that unadulterated and theoretical dangers ought to be taken care of by an organization's completely unmistakable highlights, in spite of the fact that hypothesis may contend that these capacities are overseen as a certain something. Thusly, for sensible purposes hazard the board is as yet centered around unadulterated hazard."

The essential ascent in the worth variances recorded above caused this insurgency. Fixed-cash equalities in explicit evaporated and item cost instability expanded fundamentally. There was additionally significantly more risk of a catastrophic event. Truly, organizations utilized monetary records or genuine tasks to secure themselves against these money perils[5]. Subordinates have been utilized increasingly more to upgrade adaptability or to diminish the cost of customary supporting tasks. Territory unit subordinates understandings to ensure the holder against specific perils. The estimation of the agreement depends on the qualities and instability of the fundamental understandings or on its property or worth records. Future understandings, decisions, future and swaps are best known items.

During the mid 1990s, hazard the board turned into a business undertaking. The principle center choices in the square proportion of organization initiative arrangements (and supervision) that the governing body by and by builds up. The review board of trustees regularly controls those choices, regardless of whether some major money related foundations have set up hazard the executives advisory groups. It emerged that he was the Chief Risk Officer or CRO. In the start of the 2000s the real defaults inside the late 1990s and the Enron liquidation in 2001 turned into a significant issue.

Basel II has actualized stricter financial guidelines. The Agreement propelled crisp rules for operational hazard, in connection to changing the credit chance administration laws. By the by, the administrators have next to no referenced about the hazard the board of different administration and mutual funds, particularly benefits reserves. Québec was similarly careless: in the last budgetary emergency, the Caisse de dépôt et arrangement du Québec lost more than $30 billion, including a lessening of $10 billion, because of fatal cash hazard dealing with that equivalent to the maltreatment of this organized thing, with an aortic aneurysm advance score. Alan Greenspan, President of the Federal Reserve, was particularly careless: he frequently talked conflictingly on the advantages and dangers identified with the utilization of subordinates and on the capacity to go for broke in a viable manner on the monetary market moving along without any more guideline. Until real or controlled checks of the counterparty risk, over - the-counter products multiplied expressly. So as to disguise various dangers, monetary supporting item was made. Credit chance (80% of banks hazard including default chance), showcase chance (5%), operational hazard (15%) and liquidity chance (not very much estimated and typically incorporated into yield among private and open liabilities), are the essential four threats for banks.

Just in 1988 was there a credit hazard lined; years after the fact, 1996 was a market hazard considered. It before long ended up apparent that administrative treatment of market peril (self-assertive capital) was adjusted to the administration of this hazard by banks ' portfolios. As a result, the administrative specialists approved banks to utilize internal market hazard models. In 2004 alone under city II the portfolio treatment of credit hazard began. The goal of Corporate Risk Management is to deliver a reference structure to oversee hazard and equivocalness for organizations. Current Definition of corporate hazard the executives In practically all organizations ' cash and business tasks, chance square estimates endowments. Hazard recognizable proof, assessment and the executive's procedure are part of the vital development process for organizations, and the Board of Directors should be planned and booked at the best level.

An incorporated methodology to chance administration must survey, manage and track all risks and their reliance on the business. A blend of the likelihood or recurrence of a case and its normally antagonistic impacts is commonly a sheer danger. The instability of the results can be evaluated, yet more noteworthy portion times are regularly required. Vulnerability is less precise as it is regularly obscure how likely a dubious occasion is to result. We would allude in this circumstance to prudent instead of preventive measures to shield us from vulnerability. Last hazard incorporates completing crafty activities connected to future risks which could prompt gainful or negative results.

References :-

1. Blanchard, D., and G. Dionne, 2004, The Case for Independent Risk Management Committees, Risk, 17: S19-S21
2. Courbage, C., B. Rey-Fournier, and N. Treich, Forthcoming, Prevention and Precaution, in: G. Dionne, ed., Handbook of Insurance, 2nd edition (New York: Springer).
3. Crockford, G. N., 1982, The Bibliography and History of Risk Management: Some Preliminary Observations, The Geneva Papers on Risk and Insurance, 7:169-179.
4. Crouhy, M., R. Mark, and D. Galai, 2000, Risk Management (New York: McGraw-Hill).
5. Cummins, J. D., and L. R. Freifelder, 1978, A Comparat -ive Analysis of Alternative Maximum Probable Yearly Aggregate Loss Estimators, Journal of Risk and Insurance, 45: 27-52.

****

श्रवण हास के कारण बालिकाओं की बुद्धि-लब्धि स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन (रीवा जिले के संदर्भ में)

जयलक्ष्मी मौंपाची* डॉ. आभा गोयल**

शोध सारांश – श्रवण हास के ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि के बीच सार्थकता का अध्ययन किया। जिसमें हमने 100 ग्रामीण तथा 100 शहरी बालिकाओं का चयन याद्धिच्छिक रूप से किया ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की उम्र हमने 6 से 12 वर्ष की ली गई। सेगुइन फार्म बोर्ड स्केल का उपयोग बुद्धि लब्धि ज्ञात करने के लिए किया। हमने इसमें श्रवण हास की 100 शहरी बालिका तथा श्रवण हास की 100 ग्रामीण बालिकाओं के बीच सार्थकता का अध्ययन किया, जिसका परिणाम हमें इस प्रकार प्राप्त हुआ, ग्रामीण बालिका M=69.23 तथा SD=8.34तथा शहरी बालिका का M=74.07 तथा SD=8.63 तथा SE_D =1.20 t=4.03 P = <0.001पाया गया। आगे इसमें हमने श्रवण हास की ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि तथा श्रवण हास के विभिन्न स्तरों (रेन्ज ऑफ डेसिबल)के बीच सहसंबंध का अध्ययन किया, जिसका परिणाम (बेसलाईन) ग्रामीण बालिका 0.85 बेसलाईन शहरी बालिका 0.81 'छ' माह के बाद ग्रामीण बालिका का IQ - db रेंज का स्तर 0.66 तथा शहरी बालिका का 0.61 तथा 12 महीने बाद IQ - dbके रेन्ज स्तर ग्रामीण बालिका 0.44 तथा शहरी बालिका का 0.39 का सहसंबंध पाया गया।

प्रस्तावना – विकास एक सतत् प्रक्रिया है जो कि मानव जीवन के गर्भाधारण से जीवन के अन्त अर्थात मृत्यु तक चलती रहती है। आयु बढ़ने के साथ-साथ बालक एवं बालिकाओं का शारीरिक मानसिक संवेगात्मक तथा सामाजिक विकास होता है। इस शोध कार्य में श्रवण हास से बाल्यावस्था के 6 वर्ष 12 वर्ष के मध्य से बालिकाओं के मानसिक विकास (बुद्धि लब्धि स्तर) पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया है। श्रवण हास में पूर्ण रूप से बहरापन को शामिल नहीं किया गया है। 30% के ऊपर को श्रवण हास माना जाता है। श्रवण हास तीन प्रकार प्रवाहकीय श्रवण हास, संवेंदी स्नायविक श्रवण हास एवं मिश्रित श्रवण हास है। प्योरटोन आडियोमेट्री मशीन के द्वारा श्रवण हास के स्तर का पता लगाया जाता हैं।

विलियम स्टेम (1914) के अनुसार – नई परिस्थितियों में समायोजन की योग्यता ही बुद्धि हैं।

टरमन (1921) के अनुसार 'अमूर्त चिन्तन की योग्यता ही बुद्धि है।'

शोध साहित्य का सर्वेक्षण :

1. **डेल एल जॉनसन, पॉल आर भोखी, मैरी जे ओवेन, कनस्टेस की बाल्दीन (1986)** ने अपने अध्ययन में पाया कि लंबे समय के मिडल ईयर इफ्युजन (Middle ear effusion) विशेषकर 6 से 12 महीने के 3 वर्ष के बच्चो में संज्ञानात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है तथा 5 या 7 साल के उम्र के बच्चों में कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
2. **बेलिंजर स्टरल्स एण्ड नीडलमैन (1992)** का तर्क है कि बच्चों के खून में बहुत कम सीसा स्तर बौद्धिक एवं शैक्षिक कार्यो पर गंभीर परिणाम देते हैं।
3. **कार्ल सी0 क्रान्डेल, जोसेफ जे स्माल्डिनो (2000)** ने अपने अध्ययन में परीक्षण किया कि कई ध्वनिकी चर (Acoustics Variables) जैसे, शोर, गूंज, वक्ता-श्रोता दूरी कक्षा में भाषण बोध पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। यह अध्ययन सामान्य श्रवण एवं श्रवण हास वाले बच्चे दोनों के भाषण बोध योग्यताओं पर इन ध्वनिकी चर के प्रभावों का परीक्षण करता है। अंत में, अध्ययन शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों के लिए उपर्युक्त ध्वनिकी मापदण्ड का सुझाव दिया हैं।

उद्देश्य :

1. श्रवण हास के ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि के बीच सार्थकता का अध्ययन करना।
2. श्रवण हास के ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि तथा श्रवण हास (डेसिबल) के विभिन्न स्तरों के बीच सहसंबंध का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. श्रवण हास की ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि के के बीच सार्थक अन्तर होगा।
2. श्रवण हास के ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि तथा श्रवण हास (डेसिबल) के विभिन्न स्तरों के बीच सकारात्मक सहसंबंध होगा।

प्रयोज्य – श्रवण हास की 100 ग्रामीण बालिकाओं तथा 100 शहरी बालिकाओं का चयन प्रत्यक्ष रूप से किया गया, ग्रामीण व शहरी बालिकाओं की उम्र 6-12 वर्ष की ली गयी है।

उपकरण – सेंगुइन फार्म बोर्ड स्केल का उपयोग ग्रामीण तथा शहरी बालिकाओं की बुद्धि लब्धि ज्ञात करने के लिए किया गया है।

कार्यविधि – श्रवण हास के ग्रामीण व शहरी बालिकाओं का चयन कर उनकी बुद्धि लब्धि ज्ञात किया गया बुद्धि लब्धि ज्ञात करने के लिए सेंगुइन फार्म बोर्ड स्केल का उपयोग किया गया। ग्रामीण श्रवण हास की 100 बालिका तथा शहरी श्रवण हास की 100 बालिकाओं की बुद्धि लब्धि के बीच सार्थकता को देखा, आगे हमने इसमें बालिकाओं की बुद्धि लब्धि तथा श्रवण हास के विभिन्न स्तरों का श्रवण यंत्र लगाकर उपचार करने के उपरान्त किया। इसमें हमने इन्हें 3 महीने 6 महीने तथा 12 महीने की उपचारिक

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

प्रशिक्षण दिया।

परिणाम :

सारणी – 1 : ग्रामीण बालिका तथा शहरी बालिका की बुद्धि लब्धि का माध्यमान

	N	M	S.D.	SE_D	T	p
ग्रामीण बालिका	100	69.23	8.34	1.20	4.03	<0.001
शहरी बालिका	100	74.07	8.63			

सारणी – 2 : श्रवण हास की ग्रामीण बालिका व शहरी बालिका के श्रवण हास(डेसिबल) के स्तरों के बीच सहसंबंध



	ग्रामीण बालिका के IQ-db Rang का स्तर	शहरी बालिका के खट–वल ठरसि का स्तर
बेसलाइन	0.85	0.81
छ: महीने बाद	0.66	0.61
12 महीने बाद	0.44	0.39



बेसलाइन श्रवण हास के शहरी बालिका की बुद्धि लब्धि (IQ) तथा श्रवण हास के स्तर (Range of db) **के मध्य सहसंबंध**



छ: महीने बाद श्रवण हास की शहरी बालिका बुद्धि लब्धि (IQ) तथा श्रवण हास के स्तर (Range of db) **के मध्य सहसंबंध**



बारह महीने बाद श्रवण हास की शहरी बालिका बुद्धि लब्धि (IQ) तथा श्रवण हास के स्तर (Range of db) **के मध्य सहसंबंध**



बेसलाइन श्रवण हास के ग्रामीण बालिका की बुद्धि लब्धि (IQ) तथा श्रवण हास के स्तर (Range of db) **के मध्य सहसंबंध**



छ: महीने बाद श्रवण हास की ग्रामीण बालिका बुद्धि लब्धि (IQ) तथा श्रवण हास के स्तर (Range of db) **के मध्य सहसंबंध**



बारह महीने बाद श्रवण हास की ग्रामीण बालिका बुद्धि लब्धि (IQ) तथा श्रवण हास के स्तर (Range of db) के मध्य सहसंबंध

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शारगोडस्की जे, क्यूरन एसजी, करहन जीसी, एवी आरए अमेरिकी किशोरों में सुनवाई हानि की व्यापकता में परिवर्तन, जामा, 2010, 304 (7) 772.778
2. ली डीजे, गोमेज-मारिन ओ, ली एचएम, बच्चों में एकतरफा सुनवाई हानि की व्यापकता- राष्ट्रीय स्वास्थ्य और पोषण परीक्षा सर्वेक्षण II और डिस्पैनिक स्वास्थ्य और पोषण परीक्षा सर्वेक्षण। कान और श्रवण 1998, 19(4):3297332
3. बेस एफएच, थारपे एएम, बच्चों में एकतरफा सुनवाई हानि, बाल रोग, 1984, 74 (2):206.216

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

स्वतन्त्रता संघर्ष के दौरान देश के निर्माण व उत्थान में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का योगदान

विजिया जायसवाल* डॉ. रविंद्र सिंह **

शोध सारांश – राष्ट्र की सर्वसामान्य जनता को श्रेष्ठ पुरूषों के जीवन से ही मार्गदर्शन प्राप्त होता है। अपने जीवन को उचित दिशा में मोडकर, अपनी समग्र शक्ति को राष्ट्रसेवा में लगाने की उनकी प्रवृत्ति, उनके ह्रदयों के सुप्तभाव जाग्रत होकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को वे पहचान सके, इसके लिए उन्हें निरन्तर अपने लक्ष्य का स्मरण दिलाने वाला आदर्श आवश्यक होता है। यह आदर्श समाज के श्रेष्ठ पुरूषों के जीवन से ही प्राप्त होता है। विशुद्ध राष्ट्रभाव से अपने सत्व का स्मरण रखते हुये अपनी परम्परा का उज्जवल स्वरूप अपने जीवन में उतारने वाले विरले ही होते है। डॉ. कैशवराव बलिराम हेडगेवार का जीवन अत्यन्त सीधा सादा पर उतना ही भव्य था अव्यवस्थित हिन्दु समाज को सुसगंठित अंग्रेजी राज्य की बेडियों को तोडकर स्वतन्त्र जीवन शिक्षा देने वाला कार्य होना चाहिए यह उनकी धारण रही। डॉ. हेडगेवार के स्वतन्त्रता पाने के विषय में विचार कहीं अधिक तेजस्वर थे। उनका मानना था कि पराधीनता के जहरीले वायुमण्डल में राष्ट्रीय संस्कृति की रक्षा या सवंर्धन असम्भव ही रहता है।

प्रस्तावना – 'अत्याचार और अनीति तथा फुट डालो और राज्य करो के द्वारा अग्रेजों, पुर्तगाली, फ्रांसीसी इत्यादि के आगमन से लूट – खसोट की भावना और प्रबल होती चली गई। अग्रेंजो ने अपना स्वार्थ साधन करते हुए भारत को मात्र एक चरागाह समझा, सोने की चिडिया समझा और मन्तव्य पूरे किये ।'[1] जिस प्रकार अन्धकार सदैव नही रह सकता, पश्चात् प्रभात का आना निश्चित होता है। ठीक उसी प्रकार अत्याचार अत्यन्त दुर्दमनीय नीतियॉ भी सदैव नही टिक पाती। जागरण का उद्घोष होने पर जन– जन के मन में नवीन आशाओं का सुखद प्रभात उदित होने लगता है।

डॉ. हेडगेवार का पर्दापण इसी दौरान हुआ। उनके मन में यही प्रश्न बना रहता कि आखिर आज हम गुलाम बने तो क्यों ?

डॉ. हेडगेवार जीवन परिचय – महाराष्ट्र प्रान्त के नागपुर महानगर में रहने वाले कर्मनिष्ठ बलिराम हेडगेवार के यहॉ रेवती माता के गर्भ से चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिप्रदा प्रात: कालीन 01 अप्रेल 1889 ई. में पुत्र उत्पन हुआ जिसका नाम केशव रखा गया। ये बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के कारण साहसी मनोवृत्ति के थे। उन्होंने सन् 1925 के विश्व विख्यात काकोरी काण्ड में केशव चक्रवर्ती के नाम से भाग लिया। 27 सितम्बर 1925 को पढने वाले कुछ छात्रों को साथ लेकर सरदार मोहित के मकान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। सन् 1930 में गॉधीजी द्वारा गुजरात में नमक सत्याग्रह प्रारम्भ किया जिसमें उन्हें नौ मास की सजा सुनायी गई।

स्वतन्त्रता संघर्ष के दौरान देश के निर्माण व उत्थान में डॉ. हेडगेवार का योगदान – स्वतन्त्रता संघर्ष के दौरान डॉ. हेडगेवार ने निर्भयता से शुद्ध स्वतन्त्रता की कल्पना लोगों के सम्मुख रखना प्रारम्भ की। ये कांग्रेस के अधिवेशन के कुछ दिनों पहले उन्होने व उनके मित्रों ने नागपुर के 'व्यंकटेश' नाट्यग्रह में एक सभा करके विशुद्ध स्वातन्त्रय ही हमारा उद्देश्य है, इस बात की घोषणा करने वाला प्रस्ताव स्वीकृत किया।[2] सन् 1921 में महात्मा गॉधी ने अग्रेंजी शासन के विरूद्ध एक देशव्यापी गॉव – गॉव में घूमकर अपने ओजस्वी भाषणों से सहस्त्रों लोगो के ह्रदयों में देश की स्वाधीनता के लिए प्रेरणा जगा दी और लोगो को स्वतन्त्रता संग्राम की ओर उन्मुख किया। स्वतन्त्र रूप से इन्होंने बोरी, वर्धा, भडार देवली इत्यादि स्थानों पर भाषण दिये। मुम्बई और उस के महानगर के उपनगरों में तो इनके व्याख्यान भी हुए। युवा छात्रों एवं नागरिकों से व्यक्तिगत मेल– मुलाकात करने की अपनी एक खास शैली के अनुसार अपने स्वतन्त्रता के विचारों का प्रभावक्षेत्र बढाने में भी दिन –रात लगे ही रहते थे।[3]

नागपुर में नशाबंदी को असहयोग कार्यक्रमों में प्रमुखता दी गई थी। सन् 1921 के जनवरी– फरवरी महीनों में आयोजित सभाओं में डॉ. हेडगेवार का मुख्य विषय यही होता था। उनकी योजना मध्यप्रान्त की सरकार के राजस्व पर आघात की थी। न्यायालय द्वारा उनको नोटिस भेजा गया। जिला अधीक्षक सरोली जेम्स इरविन के हस्ताक्षर से दिए गए नोटिस में कहा गया – 'मैं आप पर सभा करने पर प्रतिबंद लगाता हूँ'। लेकिन डॉ. हेडगेवार ने सरकारी आदेश का खुल्लमखुल्ला उल्लघन किया। डॉ. हेडगेवार पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया न्यायाधीश ने उन्हें एक वर्ष के सश्रम करावास की सजा दी। 11 जुलाई 1922 को डॉ. हेडगेवार अपनी सजा पूरी करके बाहर आए।[4] एक वर्ष जेल में रहने के बाद डॉ. हेडगेवार पुन: स्वतन्त्रता संघर्ष में सक्रिय हुए। वर्ष 1924 में उन्होने समाचार पत्र स्वातन्त्रय का प्रकाशन शुरू किया।[5]

साईमन विरोध – मध्यप्रान्त की काग्रेंस में डॉ. हेडगेवार को साईमन विरोधी आन्दोलन के लिए प्रचार करने एवं लोगो को जाग्रत करने का कार्य सौपा गया था जिसे उन्होने बडी ही जिम्मेदारी से निभाया।

जंगल सत्याग्रह – 9 अप्रेल 1930 को प्रारम्भ हुआ। जंगल सत्याग्रह द्वारा प्रान्तीय सरकार के राजस्व को निशाना बनाया गया। इस आन्दोलन में डॉ. हेडगेवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही उनके भाषण से स्पष्ट हो जाता है – 'इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वर्तमान आन्दोलन स्वतन्त्रता प्राप्ति की अन्तिम लडाई है। इस आन्दोलन के बाद निर्णायक लडाई होगी और हमें सर्वस्व त्यागकर इसमें कुदने के लिए तैयार रहना चाहिए।'[6]

*शोधार्थी (इतिहास) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

मुल्यांकन – स्वतन्त्रता की लडाई भारतीय राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता का प्रश्न है। स्वाधीनता आन्दोलनों में शामिल होकर वहाँ के लोग एवं उनकी कार्यपद्धति करीब से परखने और प्रचलित प्रभा के अनुसार आम सभाएँ लेकर जनजागरण करने का प्रयास डॉ. हेडगेवार ने पूरी हार्दिकता से किया। उन्होने दासता से स्वातन्त्र्य की ओर, निद्रा से जागृति की ओर , दुबर्लता से दिग्विजयी सामर्थ की और सम्पूर्ण हिन्दू समाज को ले जाने का कार्य किया। उन्होने भारतीय स्वतन्त्रता के प्रयासों के साथ – साथ भारत की परतंत्रता के कारणों का भी सुक्ष्म विश्लेषण किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खेर रामस्वरूप , संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार पृ. 2
2. पालकर ना.ह. डॉ. हेडगेवार चरित्र लोकहित प्रकाशन लखनउ पृ. 94
3. हमारे डाक्टर जी, पृ. 21
4. डॉ. करन्दीकर,तीन सरसंघ चालक पृ. 81
5. महाराष्ट्र, 2 फरवरी 1921 पृ. 6
6. महाराष्ट्र, 20 अप्रेल 1921 पृ. 7

****

भारत में स्थानीय शासन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान स्वरूप

डॉ.कान्ता अलावा* नगारची जामरे**

प्रस्तावना – भारत में स्थानीय शासन या पंचायत प्रणाली, भारतीयों के लिए कोई नई संकल्पना नही है। यह तो अनंत काल से चली आ रही एक जीवंत व्यवस्था है। जिसे भारतीयों ने काल दर काल संजोया, संवर्द्धन किया और आज भी उसके परिवर्तित स्वरूप के साथ इस अद्धितीय, बहुमूल्य व्यवस्था को अपनाया हुआ है। चूँकि प्राचीन काल में भारत में पंचायते तो थी किन्तु उनका स्वरूप लोकतांत्रिक नही थी। बहुधा गाँव की देखरेख, आपसी विवादो का निपटारा तथा ऐसे अनेक कार्य प्राचीन, पंचायतों के द्वारा किये जाते थे, जिसका ताल्लुक मुख्यत: ग्राम विकास एवं लोक कल्याण होता था। प्राय: प्राचीन काल में गाँव के मुखिया को ग्रामिणी कहते थे,[1] जो कि गाँव के सबसे वयोवृद्ध व्यक्ति हुआ करते थे। यद्यपि चौथी शताब्दि ई.पू. आचार्य कौटिल्य ने भी छोटे-छोटे नगर राज्यों की चर्चा अपने प्रसिद्ध ग्रंथ अर्थशास्त्र में की थी। प्राचीन काल में पंचायतों को न तो कोई संवैधानिक दर्जा प्राप्त था और न ही किसी राजा का संरक्षण। पंचायते भारत में सतत् विकास का ही परिणाम है, जो कि आज भी अपने परिवर्तित एवं संवर्द्धित स्वरूप में विद्यमान है।

यद्यपि स्थानीय शासन का मूल अर्थ स्थानीय जनता का जनता के लिए स्थानीय जनता द्वारा शासन अर्थात शासन करने की ऐसी व्यवस्था जो स्वयं के द्वारा संचालित एवं स्थापित होती है। स्थानीय स्वशासन, स्थानीय जनता तथा राज्य शासन के बीच कार्यो विचारों और भावनाओं के सम्प्रेषण का महत्वपूर्ण माध्यम है। जो स्थानीय जनो की इच्छाओं एवं आकांक्षाओं को मुखरित करता है। तथापि राजनीति कोश के अनुसार 'स्थानीय स्वशासन का अभिप्राय वह प्रथा है जिसके द्वारा नगर कस्बो और गाँवों में निवास करने वाली जनता को अपनी निर्वाचित संस्थाओं द्वारा अपना शासन आप करने का अधिकार दिया जाता है। जहाँ तक स्थानीय मामलों का संबंध होता है, जनता उनका अपनी निर्वाचित संस्थाओं द्वारा स्वत: प्रबंध कर लेती है।'[2] अत: यह स्पष्ट होता है कि पंचायते भारत में प्राचीन काल से लेकर अब तक स्थानीय जनता की भावनाओं का केन्द्र रहा है, जो आस्थाएँ प्राचीन काल में लोगो की अपनी स्थानीय संस्था के प्रति होती थी वही आस्था आज भी ग्रामीणजनों में पंचायतों के प्रति विद्यमान है। जिसे हम भारत का अति प्राचीन धरोहर कह सकते हैं।

स्थानीय शासन का ऐतिहासिक विकास – भारत में ग्राम पंचायतों की परम्परा बहुत पुरानी है। प्राचीन भारत में ग्राम पंचायते समस्त स्थानीय मामलो का चाहे वे सामाजिक हो गया आर्थिक, नैतिक हो या न्यायिक जैसे लोकहित से जुड़े कार्यो का प्रबंध करती थी। यद्यपि प्राचीन समय में पंचायतों का स्वरूप पृथक-पृथक प्रकार का रहा है। 'पंचायते जिन्हें प्राय: ग्रामीण सरकारे कहा जाता था, बड़ी पुरातन संस्थाएँ थी और लघु गणराज्य थी। उनका ग्रामीण जीवन के विभिन्न क्षेत्रो पर अधिकार और नियंत्रण हुआ करता था।'3 पंचायते भारत की जीवन पद्धति का एक उदाहरण है। जो सहजरूप में भारत के ग्रामीण जीवन में शताब्दियों से व्यवहारित है। जिसे न तो किसी राजा ने संरक्षण दिया और न ही इसे प्राचीन काल में कोई संवैधानिक शक्तियाँ प्राप्त हुई। भारत में पंचायती राज व्यवस्था का इतिहास उतना ही प्राचीन है, जितना की मानव जीवन का अस्तित्व। आज भी भारतीय संस्कृति का मूल तत्व सह-जीवन एवं सहअस्तित्व पर आधारित है। यद्यपि पंचायत राज व्यवस्था भी सहजीवन की मान्यताओं पर आधारित है। प्राचीन भारतीय साहित्यों मे भी स्थानीय स्वशासन की संगठित व्यवस्था के कुछ संदर्भ यंत्र-तत्र मिलते है। उसे समय में 'ग्राम' प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी। उसका मुखिया 'ग्रामिणी' कहलाता था।[4] ग्रामिणी ग्राम के श्रेष्ठ एवं वयोवृद्ध लोगो से सलाह कर अपना कार्य करता था उनके निर्णय अन्तत: प्रजाजन को मान्य होते थे। आचार्य कौटिल्य ने भी अपनी रचनाओं एवं नगर राज्य की संरचना प्रस्तुत करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि 'प्रत्येक जनपद मे कम से कम 100 ग्राम और अधिकतम 500 घर होने चाहिए तथा वहाँ निवासरत लोगों के आवास, कार्य एवं भोजन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए तथा वहाँ निवासरत लोगों के आवास, कार्य एवं भोजन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।'[5] इस प्रकार प्राचीन भारतीय ग्रंथो एवं चिंतको की अमूल्य कृतियों में स्थानीय स्वशासन/ पंचायती व्यवस्था का उल्लेख मिलता है। विभिन्न पुरातन ग्रंथो के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में ग्रामों का नगरों की अपेक्षा अधिक महत्व था और यातायात की कठिनाइयों के कारण प्रत्येक ग्राम स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर हुआ करते थे। भूमि का बटवारा, सिंचाई के साधनों का प्रबंध, चारागाहो की देखभाल, मेले तथा उत्वसों का आयोजन तथा ग्राम की मुलभूत समस्याओं एवं लोगों के आपसी झगड़ो का फैसला जैसे अनेक कार्य ग्राम के लोग स्वयं ही कर लेते थे। ग्राम की रक्षा एवं मालगुजारी वसूल करना भी ग्रामीण एवं पंचायत के प्रमुख कार्य हुआ करते थे। इसी प्रकार भारतीय ग्रामों ने वैदिक काल में भी स्वायत्तता का उपयोग किया। तथा बाद के कालखण्डों जिनमें बड़े शासको ने साम्राज्यशाही सत्ता स्थापित करने के अनेकों प्रयास किये किन्तु उनसे भी गाँवों की स्थिति अव्यवस्थित नहीं हुई। मौर्य शासको ने भी, जिन्होंने शासन की छोटी-छोटी बातो एवं कार्यों में हस्तक्षेप किया, किन्तु उनका स्वरूप ज्यों का त्यों बना रहा और वे प्रशासनिक एवं सामाजिक व्यवस्था के अंग रहे है। यद्यपि स्थानीय सरकार को मानव की मनोवैज्ञानिक और व्यवहारिक आवश्यकता के रूप में रेखांकित किया गया है। मानव की सदैव यह इच्छा रही है कि जो भी सरकार हो वह उसके स्वयं के द्वारा शासित

* विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) श.भी.ना. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

एवं अच्छी सरकार होनी चाहिए। मानव प्रकृति से स्वकेन्द्रित होता है। वह कभी यह पसंद नही करता है कि उसके सार्वजनिक मामलों का निर्णय कोई और करे। मानव मन की यही इच्छा अति प्राचीन काल से स्थानीय संस्थाओं के विकास का अन्तर्निहित दर्शन रही है।

स्वतंत्रता के पश्चात् पंचायती राज का स्वरूप एवं विकास – 15 अगस्त, सन् 1947 को भारत को आजादी मिली और 26 जनवरी सन् 1950 को नया संविधान लागू हुआ। स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय शासन एवं प्रशासनिक व्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन किये गये। शासन व प्रशासन की नयी प्रवृतियों का जन्म हुआ। मंत्रीमण्डल के सामूहिक उत्तारदायित्व सिद्धांत पर आधारित एक उत्तारदायी सरकार की स्थापना की गई। देश में नई अखिल भारतीय और राज्य सेवाओं का विकास हुआ तथा प्रशासन के कर्त्ताव्य एवं उत्तारदायित्व भी बढ़े। देश में लोकतंत्र विकास, लोककल्याण और समाजवाद के लिए लोकप्रशासन युग की शुरूआत भी हुई। इसके परिणामस्वरूप भारतीय शासन एवं प्रशासन को नवीन एवं विशिष्ट महत्व के कार्यो के सम्पादन की चुनौती भी स्वीकार करनी पड़ी। यद्यपि आजादी के दिसम्बर 1946 में संविधान सभा का गठन किया जा चुका था। चूँकि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी थे, जिनके उपर संविधान निर्माण की महत्वपूर्ण बागडोर थी। तथा बाबा साहेब अम्बेडकर ग्रामीण स्थानीय शासन या पंचायतो के हिमायती नही थे, और संविधान सभा में उन्होंने इस बात का पुरजोर विरोध भी किया और तर्क दिया कि 'गाँवो का भारत के इतिहास में कोई योगदान नही है, यह जानकर हम उस पर कैसे गर्व कर सकते है। यह ठीक है कि वे परेशानी में जीवित रहे, लेकिन किसलिए? निचले स्तर पर केवल स्वयं के लिए। गाँव क्या है? वे स्थानीयता का कूप है, अज्ञान और संकीर्णता और साम्प्रदायिकता की गुफा है। मुझे खुशी है कि संविधान के मसौदे में गाँव को नही बल्कि, व्यक्ति को इकाई माना गया है।'[6] यद्यपि संविधान सभा में गांधीवादी विचारधारा के समर्थको की बहुलता होने तथा गांधी जी की पंचायती व्यवस्था में अटुट विश्वास होने के कारण भारतीय संविधान के नीति-निर्देशक तत्वो के अन्तर्गत अनुच्छेद 40 में पंचायती व्यवस्था को अंगीकृत किया गया तथा अनुच्छेद 40 के अन्तर्गत राज्यों को निर्देशित किया गया कि 'राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्ति और प्राधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्ता शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक है।'[7] यद्यपि पंचायत राज अधिनियम 1947 के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो के प्रथम चुनाव 1949 में सम्पनन हुए तथा पहली पंचायतों ने 15 अगस्त 1949 से अपना कार्य करना प्रारम्भ कर दिया किन्तु अनुच्छेद 40 में पंचायती राज को जो स्थान दिया गया था, उसका स्वरूप अत्यंत ऐच्छिक ही था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार की पहली-प्राथमिकता यह थी कि देश की जनता को गरीबी भूखमरी, बेरोजगारी, अशिक्षा, सामाजिक आर्थिक कमजोरियों एवं बुराइयों से मुक्ति दिलाना था, इस हेतु सरकार ने सामुदायिक विकास योजनाओं को लागू किया, किन्तु विकास कार्यक्रम अपने उद्देश्य प्राप्ति में सफल नही हो पाये। परिणामस्वरूप पंचायते पूरी तरह से निष्क्रीय हो गयी।

पंचायतो के विकास हेतु गठित विभिन्न समितियाँ – स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की दिशा में पहला प्रयास सामुदायिक विकास कार्यक्रम का शुभांरभ था। यह कार्यक्रम 02 अक्टूबर, 1952 से प्रारम्भ किया गया था।[8] किन्तु जिन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सामुदायिक विकास कार्यक्रम चलाया गया था, वह पांच वर्ष बाद भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने में असफल रहा। इस कार्यक्रम की कार्यप्रणाली तथा उनमें सुधार लाने के उद्देश्य से जनवरी 1957 में बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया गया था। जिसके अध्यक्ष बलवंत राय मेहता थे।[9] समिति ने मुख्य रूप से त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अपनाये जाने की सिफारिशे की थी। इसी प्रकार 1977 में अशोक मेहता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, जिसे अशोक मेहता समिति के नाम से जाना जाता है। समिति ने मुख्य रूप से द्विस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाये जाने की सिफारिश की थी। तथा 1985 में जी.वी.के.राव समिति, 1986 में एल.एम.सिंघवी समिति, 1988 में पी.के.थुंगन समिति तथा 1988 में वी.एन. गाडगिल समिति का गठन किया गया था। जिनके सुझावों एवं सिफारिशों के आधार पर 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 पारित कर पंचायतों को संवैधानिक दर्जा के साथ-साथ महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गई थी।

73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 एवं संवैधानिक उपबंध – भारत में पंचायतों का अस्तित्व प्राचीन काल में भी रहा है किन्तु उनका स्वरूप लोकतांत्रिक नही था। और आज भी वर्तमान पंचायते, ग्राम शासन या पंचायतों के ऐतिहासिक सतत् विकास का परिणाम है। प्रत्येक काल एवं राजवंशो में पंचायतों के सशक्तिकरण हेतु अनेको प्रयास किये गये। कुछ काल में पंचायतों का ह्रास हुआ तो कुछ कालों में इनका संवर्द्धन भी हुआ। आजादी के बाद अनेकानेक विकास कार्यक्रम संचालित किये गये। ग्रामीण जन-जीवन के सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक विकास हेतु तमाम प्रकार के प्रयास किये गये। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी विभिन्न संवैधानिक प्रावधान किये गये ताकि महिलाओं का भी पुरूषों के अनुरूप विकास हो सके। चूँकि भारतीय समाज का स्वरूप पुरूष प्रधान होने के कारण महिलाओं को हमेशा दोयम दर्जा दिया जाता रहा। परिणामस्वरूप महिलाएँ अपने मूलभूत या विकास कारक अधिकारों से वंचित होने के कारण पुरूषों की तुलना में पिछड़ गई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब सत्ता भारतीयों के हाथ में आयी तब हमारे नीति-निर्माताओं ने महिलाओं की स्थिति पर गहन चिंता व्यक्त की और उनके सशक्तिकरण हेतु अनेक कार्यक्रम योजनाएँ एवं कानूनी प्रावधान भी निर्दिष्ट किये गये जिससे की महिलाओं का सशक्तिकरण हो सके। आजादी के स्थानीय निकायों के संवर्द्धन हेतु अनेक समितियाँ भी बनाई गई। पंचायतों के विकास हेतु अनेक सुझाव भी प्रस्तुत किये गये। तत्पश्चात् 2 अक्टूबर, 1959 में तात्कालीन प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू द्वारा, राजस्थान के नागौर जिले से पंचायती राज संस्थाओं को शुभारम्भ किया गया। किन्तु तब पंचायतो को संवैधानिक दर्जा प्राप्त नही हुआ था। यद्यपि विभिन्न समितियों के अनुशंसाओं के बाद 1992 में 73वां संविधान संशोधन पारित किया गया, जिसमें प्रमुखत: पंचायतों को संवैधानिक दर्जा एवं महिलाओं का सबसे बड़ा आमूलचूल परिवर्तन था।

73वां संविधान संशोधन अधिनियम 24 अप्रैल, 1993 को लागू किया गया। इस संविधान संशोधन द्वारा संविधान में एक नया भाग '9' जोड़ा गया। तथा इसे 'पंचायतेय नाम से भाग '9' में उल्लेखित किया गया है।[10] तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 से 243 'ण' तक पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित प्रावधान विनिर्दिष्ट किये गये है। इस अधिनियम के अन्तर्गत संविधान में 11वीं अनुसूची भी जोड़ी गई। जिसमें पंचायतों के 29 कार्यकारी विषय-वस्तु को समाहित किया गया है। यह अनुच्छेद 243-छ से संबंधित है। इस अधिनियम में संविधान के 40वें अनुच्छेद को एक व्यवहारिक रूप दिया गया, जो कि राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के

अन्तर्गत आता है। जिसमें मुख्यत: यह कहा गया है कि 'राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठायेगा और उनको ऐसी शक्तियाँ और प्राधिकार, प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्ता शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो।'[11] इस अधिनियम के उपबंध के अनुसार नई पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने के लिए राज्य सरकारें संवैधानिक रूप से बाध्य है। यद्यपि इस अधिनियम के प्रमुख उपबंधों को दो भागो में विभक्त किया जा सकता है- अनिवार्य और स्वैच्छिक। अधिनियम के अनिवार्य हिस्से को पंचायती राज व्यवस्था के गठन के लिए राज्य के कानून में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है। किन्तु स्वैच्छिक उपबंधों को राज्यों के स्वविवेक में सम्मिलित किया जा सकता है। तथापि स्वैच्छिक प्रावधान राज्य को नई पंचायती राज पद्धति को अपनाते समय भौगोलिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्थिति को ध्यान में रखकर अपनाने का अधिकार सुनिश्चित करता है। वस्तुत: यह अधिनियम देश की जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

पंचायतों का वर्तमान स्वरूप – 73वां संविधान संशोधन अधिनिमय पारित होने के पश्चात पंचायतों के स्वरूप एवं कार्यप्रणाली में काफी परिवर्तन आया। आज देश के अधिकांश राज्यों ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाया है। तथा कुछ ऐसे भी राज्य है जहाँ भौगोलिक भिन्नता के कारण द्विस्तरीय पंचायती व्यवस्था को अपनाया गया है। संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत सभी राज्यों में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण दिया गया है। किन्तु मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्यों में अब महिलाओं को स्थानीय निकायों में 50 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है, जिसके कारण महिलाएँ आज पुरूषों की तुलना में अधिक सीटो पर निर्वाचित हो रही है। यद्यपि त्रिस्तरीय पंचातयों के अन्तर्गत ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, खण्ड स्तर पर जनपद पंचायत या पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला पंचायत जैसी व्यवस्था को अपनाया गया है। पंचायतों का कार्यकाल पाँच वर्ष निर्दिष्ट किया गया है। ग्ग्राम स्तर के ग्राम पंचायत चुनाव में पंचायत सदस्य एवं सरपंच का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा ही होता है। तथा जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के सदस्यों का चुनाव जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से होता है, किन्तु इन दोनों स्तर के अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से जनता के द्वारा चुने हुए सदस्यों द्वारा किया जाता हैं।

निष्कर्ष – अत: पंचायती राज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं विकास के प्रमुख सोपानों के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि भारत में स्थानीय स्वशासन के आरम्भ का अपना कोई निर्दिष्ट काल नही है। यह एक सतत् विकास की प्रक्रिया का ही परिणाम है। न तो इन संस्थाओं को किसी राजा का संरक्षण प्राप्त हुआ और न ही इन्हें संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। समय परिवर्तन के साथ-साथ इनका स्वरूप भी बदलता गया, लेकिन इनका अस्तित्व कभी मिटा नही। विभिन्न शासन काल में इनके संवर्द्धन एवं सुरक्षा में उतार-चढ़ाव जरूर आये, किन्तु इनकी जीवंतता हमेशा बनी रही। आजादी के बाद हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने भारत की सबसे प्राचीनतम् व्यवस्था पंचायत को समझा और संविधान के अनुच्छेद 40, नीति निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत इस व्यवस्था को सम्मिलित कर लिया गया। तथा इसे लोकतांत्रिक स्वरूप एवं संवैधानिक दर्जा 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 को प्रदान किया गया, जो कि एक ऐतिहासिक कदम था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, संगीता (2016), कौटिल्य का राज्य सिद्धांत, त्यागी, रूचि (संपा.) भारतीय राजनीतिक चिंतन प्रमुख अवधारणाएँ एवं चिंतक, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, पृष्ठ संख्या-168
2. काश्यप, सुभाष एवं गुप्त, विश्वप्रकाश (2009), राजनीति कोश, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, पृष्ठ संख्या 259
3. माहेश्वरी, एस.आर. (1999), भारत में स्थानीय शासन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा, पृष्ठ संख्या-10
4. सक्सेना, आलोक (2015), मध्यप्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनिमय, 2014 तक अधतन संशोधित, इण्डिया पब्लिशिंग कम्पनी, इन्दौर, पृष्ठ संख्या 03
5. शर्मा, संगीता (2015), वहीं, पृष्ठ संख्या 168
6. महिपाल (2015), पंचायती राज चुनौतियाँ एवं सम्भावनाएँ, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 12
7. भारत का संविधान (9 नवम्बर, 2015) को यथा विद्यमान), भारत सरकार विधि और न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग), राजभाषा खण्ड, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 26
8. Aslam, M. (2015), Panchayat Raj in India, National book trust, India, New Delhi, Pp.17
9. सक्सेना, आलोक (2015), वहीं, पृष्ठ संख्या 5
10. भारत का संविधान (9 नवम्बर 2015 से यथा विद्यमान), वही, पृष्ठ संख्या 145
11. वही, पृष्ठ संख्या 26

****

The Attitude of Parents Towards Their Blind Children in Southern Tribal Area of Rajasthan

Dr. Shilpa Rathore* Priyanka Deopura**

Introduction - Rajasthan tribes constitute around twelve percent of the total population of the state. The tribes of Rajasthan, India constitutes of mainly Bhil and the Mina. In fact, they were the original inhabitants of the area where Rajasthan stands now. Apart from these main tribes, there are also a number of smaller tribes in Rajasthan. However, all Rajasthan tribes share certain common traits, the variations being in their costumes, jewelry, fair and festival etc.

Around 39% of Rajasthan tribes comprise of the Bhil. Dominating in Banswara area of Rajasthan, the Bhil are believed to be fine archers. In fact, Bhil bowmen even found a reference in the great epics Mahabharata and Ramayana. The Bhil were originally food gatherers. However, with the passage of time, they have taken up small-scale agriculture, city residence and employment. The major festivals of Bhils are the Beneshwar fair (held near Dungarpur) and Holi.

The second largest tribal group of Rajasthan is that of the Minas. The original inhabitants of the Indus Valley civilization, Minas have a tall, athletic build with sharp features, large eyes, thick lips and a light brown complexion. They are found dominating the regions of Shekhawati and eastern Rajasthan. Minas solemnize marriage in the younger years of the children.

One of the Tribe is Gadiya Lohar, they are wandering blacksmiths that are named after their attractive bullock carts called *Gadis*. Initially a martial Rajput tribe, they left their homeland when Emperor Akbar ousted Maharana Pratap from Chittorgarh. Garasias are another tribe and they are small Rajput tribe inhabiting Abu Road area of southern Rajasthan. Another tribe is Sahariya, the jungle dwellers, they considered as the most backward tribe in Rajasthan. Believed to be of Bhil origin, they inhabit the areas of Kota, Dungarpur and Sawai Madhopur in the southeast of Rajasthan. Their main occupations include working as shifting cultivators, hunters and fishermen.Damor are one of the tribebelongs to the Dungarpur and Udaipur districts, Damors are mainly cultivators and manual laborers.

Rajasthan tribes include the following also:

1. Meo and Banjara (the traveling tribes)
2. Kathodi (found in Mewar region only)
3. Rabaris (cattle breeders, found in Marwar region)
4. Sansi
5. Kanjar

Developing learning content is in most cases an authoring task that can involve several different tools such as html authoring tools, word processing, presentation tools, videorecording and edition, simulation development etc. Other authoring method is related togrouping together pieces of information objects. It is even more common when thinking onreusable learning objects. There is also the description of essential metadata related tolearning content in order to allow faster search and easier access. Notice that authoringand composing tasks could be automated according to some special rules, allowing ondemand learning. In addition it could be possible to generate automatically metadata from the learning material.

In the traditional model to teaching, information processing or symbol-processingapproach the key concept is that a teacher transmits a fixed group of information to thelearners through an external representation or medium. The learners develop their ownimage and use it to construct new knowledge based on their own previous knowledge andabilities.

Learning process and training systems based on this approach (traditional model), usuallyfocuses on the access to content material in a previously specified sequence. Therefore it involves the access to the content and visualization procedures. It is possible to visualize learning content through the (read only) access to the course database. However theanswer must follow visualization steps before presenting the content. At the visualization steps it is important to consider aspects such as user interface usability and informationpresentation, content hypermedia navigation and education personalization andadaptation.

Nowadays, there is a great movement towards personalization and adaptive aspects. Brusilovsky cites the following adaptation technologies in web-based educational systems:hypertext components, adaptive sequencing, and adaptive navigation support, problemsolving support, intelligent solution analysis and adaptive presentation. The goal ofadaptation and personalization is to provide content according to the users' background and abilities.

The other main approach to teaching is based on constructivist principles, in which learners actively construct an internal representation of knowledge by interacting with thematerial to be learned. There is a high degree of interactivity among all the participants.

Learning and training systems based on this second approach usually focuses oninteractivity and, therefore on groupware concepts. "A group support system needs toprovide support for Communication (i.e., information exchange), Coordination (i.e.,process definition and scheduling) and Cooperation (i.e., working on shared tasks andaccessing/manipulating shared data)." Groupware activities result on insertions in thecourse and interaction databases.

In addition, there are the assessment tools that can be incorporated in the learning/training system in order to evaluate the students. Although assessment activitiescould be supported by groupware infrastructure, it is interesting to consider assessment tools that could help teachers and students in the learning process. These systems couldprovide automatic feedback or triggering message or even adaptive assessment. In thegeneric architecture, assessment results on storing data on the course database.

Finally, security tasks and overall evaluation are present on all the activities of the architecture. Course evaluation should lead to a revision on new iterations of the coursewhile the evaluation of the educational and training system should lead to its development and improvement.

This generic architecture (Figure 1) should provide the necessary functionality to deal with learning and training requirements.However, each environment is different in the sensethat it can adopt different administrative, pedagogical and/or technological strategies,methods and techniques. Therefore, each instance of the generic architecture can use adifferent set of components that can by themselves incorporate different learningapproaches.

Furthermore, as new administrative, pedagogical and technological strategies, methods and techniques become available, other components can be added to or removed from thegeneric architecture.

Web technology applied to the architecture - Since we are interested on web technology in learning and training, in this section wediscuss the components and services of the generic architecture according to webtechnology.

In a real-world deployment of architecture for learning and training systems based on the web technology it is

important to provide loosely coupled, component-oriented and cross technology implementations. Web services-based applications provide suchcharacteristics.

Manes some says that a Web service represents a unit of business, application, or systemfunctionality that can be accessed over the Web. Web services fulfill a specific task or a set of tasks. They can be used alone or with other Web services to carry out a complexaggregation or a business transaction.

However, bringing semantics to web services is an essential step. Therefore, in the development of web based learning process and training systems it would be interesting toconsider architectures such as those proposed.

A web service conceptual architecture is composed of data and applications (containing customer database, legacy database, application database, and ontology server with arepository and workflow engine), web services components (centralized coordinator andmanager, B2B protocol engine, discovery, negotiation, deployment, transport, security,audit/tracking, trading partner manager, semantic transformation, adaptors and webservice, goal, ontology and workflow manager), and front-end tools (modeling anddeployment environment, simulation, and administration, management and configuration).

The learner database of the generic architecture would be equivalent to the customer database. However, it should be based on a learner model such as that can be based onXML and would structure the learner database. Notice that learner data can be founddistributed over the web (and institution/enterprise systems) and therefore an integrated view of structured information is not so straight forward.

The content material ismultimedia so its database should allow the storage of multimedia objects. In addition, content material can be highly distributed and hetero-geneous although it is desirable a common metadata definition/structure based on some standard proposal.

The course and interaction databases should also follow a well-defined standardized conceptual framework, but since they are part of course implementation processes theyare usually embedded in education and training systems according to proprietarysolutions. The three reference models as well as the other database models could beimplemented / managed through the use of the ontology technology.

Since we are considering the web-based education and training, besides authoring content it is also necessary to publish it according to predefined access' rights. If thecontent development is based on composition, it will be necessary to discover alreadypublished content, compose new content and then publish it. Notice that course definitionsare also part of the services' functionality, such as defining a new courseaccording to the available content, structuring and managing enrolling procedures etc.

The course implementation focuses on content access and visualization, groupware activities and assessment. Content access is already considered in the web-services architecture. For enabling content visualization, several services such as those related topersonalization and contextual navigation throughout the content should be provided.

Content hypermedia navigation could be based on guidelines or patterns. Therefore, it is important to define node units and navigational contexts, to provide background information to the participant without distracting his/her attention, to provide activereference in order to keep the reader informed in which concept he/she is, what conceptshave been explored and those that are still missing.

Other services for enabling the real presentation of the content, such as video and sound plugging as well as video synchronization and simulation procedures must also beconsidered. Content visualization is tightly related to the content development proceduresand content characteristics, especially content media. At the groupware functionality, forthe communication tasks one can observe asynchronous and synchronous events, suchas email, mail list, newsgroup, chat, instant message (peer contact), phone talk (voice overip), teleconferencing, etc.

Coordination events include lesson plan, calendar, agenda, scheduling, workflow, contribution-track, follow up reports etc. Cooperation events include co-authorship, groupdefinition and related management accessibility, web reference, bibliography, documentation, download, etc.

Assessment includes task assessment, multiple choice, true/false, fill in questions etc. Teachers who are content-oriented (i.e., they think it is important to cover the syllabusand to ensure that students acquire the correct information and ideas) are likely to seeassessment as designed to demonstrate detailed factual knowledge of the syllabus.Theyalso tend to consider the outcomes of learning as being almost entirely the responsibilityof the students themselves, depending on their ability and motivation.

By the other hand, teachers who are student-oriented (i.e., they are more concerned with helping students to develop personal understanding and more sophisticated conceptions,and design their teaching and assessment accordingly) tend to use more varied methodsof asses-sment and to be aware of their own responsibility for enco-uraging students todevelop deep levels of understanding.

"Assessment which encourages students to think for themselves – such as essay question, applications to new contexts, and problem-based questions – shifts students in a class towards a deep approach. In contrast, procedures perceived by students as requiring nomore than the accurate reproduction of information lead to a predomina-nce of surfaceapproaches".

Security is already considered in the web-services architecture, although some issues such as authorship can be more complex. Needs assessment and audience identificationcan be seen as common marketing activities. Evaluation and role management are alsogeneral functions / services.

Conclusion - This paper presented a generic architecture

for learning process and training systems and discussed it according to web technology. The web-based learning and training architecture enables a better understanding of the involved technological aspects oflearning process and training systems, allowing the identification of possible componentsthat may be object of a standardization process and thus facilitates e-learning software development and use.

Through the work presented in this paper we expect to assist researchers to develop more innovative web-based educational systems; and assist software and hardware developers to improve commercial learning and training products based on the web technology.

From the generic architecture we are specializing an e-learning environment. However, much work remains to be done such as in the context of the web services architecture, inthe definition of learning related ontologies and services, and in the automaticcoordination of the services throughout learning stages.

We are trying to start with a simple example, but there are several issues still under research. We are working on different issues such as web services architecture andimplementation, defining a groupware metadata proposal for e-learning, definingontologies for the reference models and other database models, working on course definitions, defining hypermedia characteristics in e-learning, working on a methodology for developing learning objects and making groupware considering users' perception.

References :-

1. Streibel, M.J.: Instructional plans and situated learning. G.J. Anglin (Ed.), *Instructional technology, past, present, and future* (Englewood, CO: Libraries Unlimited, 1991) 117-132
2. Savery, J.R., Duffy, T.M.: Problem based learning: An instructional model and its constructivist framework. *Educational Technology*, 35(5), (1995) 31-38.
3. Perraton, H.: A theory for distance education. D. Sewart, D. Keegan and B. Holmberg (Ed.), *Distance education: International perspectives* (New York: Routledge, 1988) 34- 45.
4. IMS Global Learning Consortium, Inc.: IMS Learning Resource Meta-Data Information Model – Version 1.2.1 Final Specification. (28 September 2001)
5. Advanced Distributed Learning Initiative: Sharable Content Object Reference Model (SCORMtm) – Version 1.2 – The SCORM Overview. (1 October, 2001)[6] Learning Technology Standards Committee of the IEEE: Draft Standard for Learning Object Metadata.Institute of Electrical and Electronics Engineers, Inc. (15 July 2002)
7. Learning Technology Standards Committee of the IEEE: Draft Standard for Learning Technology – Learning Technology Systems Architecture (LTSA) – Draft 9. (30 November 2001)
8. Learning Technology Standards Committee of the IEEE: Draft Standard for Learning Technology – Public and Private Information (PAPI) for Learners (PAPI Learner) – Draft 7. (28 November 2000)
9. Plekhanova, V.: Engineering the Infrastructure for Online Distance Education. Proceedings of the International Conference on Information Society in The 21st Century: Emerging Technologies and New Challenges,Fukushima, Japan (2000) 610-614.
10. Barritt, C., Lewis, D.: Reusable Learning Object Strategy – Definition, Creation Process and Guidelines for Building – Version 3.1. Cisco Systems, Inc. (22 April 2000)
11. Seamans, M.C.: New perspectives on user-centered design. Presentation at the Interchange Technical Writing Conference, Lowell, USA. (1990)



Figure 1: A generic architecture for learning process and training systems

****

विशिष्टाद्वैत वेदान्त में आत्मतत्व निरूपण

डॉ. दिनेश कुमार कौशल *

प्रस्तावना – विशिष्टाद्वैत वेदान्त में रामानुज चित्, अचित् और ईश्वर इन तीन तत्वों को मानते हैं। चित् चेतन भोक्ता जीव है। अचित जड़ भोग्य जगत है। ईश्वर दोनों का अन्तर्यामी है। चित् और अचित् दोनों नित्य और परस्पर स्वतंत्र द्रव्य हैं, किन्तु दोनों ईश्वर पर आश्रित हैं और सर्वथा उनके अधीन हैं। दोनों स्वयं में द्रव्य हैं, किन्तु ईश्वर के गुण या धर्म हैं। दोनों ईश्वर के शरीर हैं और ईश्वर उनका अन्तर्यामी आत्मा है। जीव अपने शरीर का आत्मा है, किन्तु ईश्वर का शरीर है, जो जीव का भी आत्मा है। शरीर और आत्मा का संबंध अपृथकसिद्ध है जो आन्तरिक अपार्थक्य संबंध है। यही संबंध द्रव्य और गुण में, अंगी और अंग में होता है और एक स्वतंत्र द्रव्य तथा तदाश्रित अन्य द्रव्य में भी होता है। रामानुज समवाय संबंध को नहीं मानते, क्योंकि वह बाह्य संबंध है और उनमें अनवस्था दोष आता है। रामानुज के अनुसार शरीर वह है जो आत्मा द्वारा धारण किया जाए(धार्य), नियमन किया जाये(नियाम्य) और अपनी अर्थ सिद्धि के लिए साधन के रूप में प्रवृत्त किया जाये(शेष) तथा 'आत्मा' वह है जो शरीर को धारण करे(धर्ता), नियमन करे(नियत्त) और जो साधन रूप में प्रवृत्त होने वाले शरीर का साध्य हो। यह सब चेतन और अचेतन विश्व परमपुरूष ईश्वर द्वारा नियाम्य, धार्य तथा शेष होने के कारण उनका शरीर है। ईश्वर चिद्चिद्विशिष्ट है। चिद्चिद् ईश्वर के विशेषण, धर्म, गुण, प्रकार, अंश, अंग, शरीर, नियाम्य, धार्य और शेष हैं तथा ईश्वर उनके विशेष्य, धर्मी, द्रव्य, प्रकारी, अंगी, शरीरी या आत्मा, नियत्त, धर्ता और शेषी हैं। चित् और अचित् दोनों ईश्वर के समान या भिन्न कोई अन्य स्वतंत्र तत्व नहीं है, किन्तु ईश्वर में स्वगत भेद विद्यमान है, क्योंकि उनका शरीर नित्य एवं परस्पर भिन्न चित् और अचित् तत्वों से निर्मित है। ईश्वर का अपने चिद्चिद् शरीर से संबंध स्वाभाविक और सनातन है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में तत्वमीमांसीय आधार पर निरूपित सामांजस्य के रूप में मूल ग्रन्थों के के अतिरिक्त पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन को समाहित किया गया है।

समस्या – मानव में अनेक प्रकार की उत्पन्न होने वाली भ्रान्तियो के परिणाम मानव की विकृति स्थिति है। इस हेतु मानव का सामाजिक स्तर बहुत ही निगण्य दिखाई देता है। यह योग से न जुडने के कारण उत्पन्न हो रही है।

उद्देश्य – चिद्चिद्विशिष्ट ईश्वर या ब्रम्ह का उपनिषद में प्रतिपादन उपलब्ध है। 'श्वेताश्वतर उपनिषद' के अनुसार 'अज, सर्वज्ञ ईश्वर, अज, अल्पज्ञ भोक्ताजीव और अजा भोग्या प्रकृति, ये तीनों ब्रम्हा है। उसी उपनिषद का वचन है- यही जानने योग्य है कि भोक्ताजीव, भोग्या प्रकृति और प्रेरिता ईश्वर, ये तीनों ब्रम्हा हैं।' बृहदारण्यक उपनिषद में 'ब्रम्हा को सूत्र' बताया है जो सब जीवों और पदार्थों को आबद्ध किये है। यह अन्तर्यामी अमृत आत्मा है जो जड़, प्रकृति और चेतन जीवों में अन्तर्यामी रूप से विराजमान रहकर उनका नियमन करता है, जड़ प्रकृति और चेतन जीव इस आत्मा के शरीर हैं।' जिस प्रकार रथचक्र में डंडे बँधे रहते हैं, उसी प्रकार जीव और जगत परमात्मा में आबद्ध है। परमात्मा अग्निवत है, जीव जगत स्फुलिंगवत है। जीव और जगत सत्य है। परमात्मा उनका भी सत्य है, वह सत्यों का सत्य है।

समाधान – रामानुचार्य के विशिष्टाद्वैत दर्शन में आत्मतत्व को तीन तत्वों (चित्, अचित् तथा ईश्वर) में से चित् तत्व माना गया है। चित् या चेतन जीव यद्यपि ईश्वर का विशेशण, प्रकार या गुण है तथापि वह स्वयं चेतन द्रव्य है। जीव एक नहीं अनेक हैं। जीव नित्य, जन्म-मरण रहित और अणुरूप है। वह शरीर, प्राण, इन्द्रिय, मन, अहंकार और बुद्धि से विलक्षण है। वह स्वप्रकाश चेतन द्रव्य है और ज्ञानाश्रय है। वह अपने धर्मभूत ज्ञान का आश्रय है। साथ ही वह नित्य, स्वचेतन, ज्ञाता या दृष्टा है। अतः ज्ञान स्वरूप भी है। ज्ञान उसका आवश्यक, अनिवार्य और अपृथकसिद्ध स्वरूप है। ज्ञान उसका आवश्यक धर्म भी है और उसका अपृथक स्वरूप भी है। अतः उसे एक साथ ज्ञान-स्वरूप और ज्ञानाश्रय कहा जाता है। वह स्वभाव से आनन्दस्वरूप है। वह परिवर्तनरहित, अविकारी और पूर्ण है, किन्तु अविद्या और कर्म के कारण वह बंधन में पड़कर जन्म-मरण चक्र में घूमता है। कर्म से आत्मा (जीव) का संबंध अनादि है। शरीर, प्राण, इन्द्रिय, अन्तःकरण आदि से वह संसारी दशा में तादात्म्य स्थापित करके जन्म-मरण चक्र में घूमता है।

रामानुजाचार्य के आत्मतत्व की विश्लेषणात्मक एवं संशलेषणात्मक समीक्षा – शंकर का मत है कि ज्ञाता और प्रमेय(ज्ञेय) के मध्य जो भेद है वह सापेक्ष है, क्योंकि यथार्थ तो भेद शून्य ब्रम्ह ही है। रामानुज इस विचार को नहीं मानते और उनका मत है कि चैतन्य का स्वरूप यह निर्देश करता है कि कोई विचारशील ज्ञाता भी है एवं आत्मा से भिन्न प्रमेय पदार्थ भी है। ज्ञान के अन्तर्गत भेद का प्रत्यक्ष भी आ जाता है। हमें भेद शून्य सत्ता को जानने योग्य बता सके, ऐसा ज्ञान का कोई साधन नहीं है और यदि होता भी तो वह ब्रम्हा को एक ज्ञेय पदार्थ की स्थिति में रखता और इस प्रकार ईश्वर नश्वर पदार्थों के क्षेत्र में आ जाता। विशुद्ध चैतन्य नाम की कोई वस्तु नहीं हो सकती। यह बात या तो सिद्ध हो या असिद्ध हो। यदि विशुद्ध चैतन्य की यथार्थता सिद्ध हो जाए तो परिणाम यह निकलता है कि उसमें गुण हैं और यदि सिद्ध नहीं होती तब यह असत् जैसे कि आकाश, कुसुम। शंकर ने चेतनता के अंदर नित्यता एवं स्वतः प्रकाशकता आदि गुण बताये हैं। ज्ञान तो निश्चित रूप में स्वतःप्रकाश है, किन्तु चेतनता ज्ञान के लिए एक ज्ञेय (वेद्य) पदार्थ है। यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक वस्तु जो जानी गई है, उसे जड़ पदार्थ ही होना चाहिए।

यदि ज्ञान अपरिमित होता तो उसके विषय भी इसी प्रकार अपरिमित

* शिवाजी नगर,बी. डी. ए. कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) भारत

होते, किन्तु यह बात नहीं है। यह सोचना भूल है कि सुषुप्ति अवस्था में तथा तत्सदृश अन्य अवस्थाओं में भी ज्ञान विशुद्ध ज्ञान के रूप में विद्यमान रहता है अर्थात् सब विषयों से रहित, क्योंकि कोई व्यक्ति प्रगाढ़ निद्रा से उठकर कभी स्वप्नावस्था में अपनी चेतनता की अवस्था को इस प्रकार से प्रस्तुत नहीं करता कि मैं विशुद्ध चैतन्य था, जिसमें किसी प्रकार का अहंभाव नहीं था एवं जो स्वरूप में प्रत्येक अन्य वस्तु से विरूद्ध था और अज्ञान को देख रहा था। यह जो कुछ सोचता है केवल यह है कि– 'मैं बहुत अच्छी तरह सोया।' इस प्रकार के चिन्तन से यह प्रतीत होता है कि स्वप्नावस्था में भी आत्मा अर्थात् 'मैं एक जानने वाला प्रमाता (कर्ता) था और सुख का अनुभव करता था। यहाँ तक कि जब आत्मा कहती है कि 'मुझे कुछ चेतना नहीं थी तो उसका तात्पर्य हुआ कि जानने वाला 'मैं' विद्यमान था और जिसका निषेध किया गया, वे ज्ञान के विषय थे। बिना प्रमेय पदार्थ के संबंध के ज्ञान नहीं जाना जाता और प्रगाढ़ निद्रा में यह कार्य नहीं करता, क्योंकि उस समय कोई प्रमेय पदार्थ नहीं होता। प्रगाढ़ निद्रा में आत्मा अपनी आन्तरिक स्वतःचेतना के अन्दर ज्ञान के साथ रहती है जोकि उस समय काम नहीं कर रही होती। आत्मा सदा ही एक अहंभाव है और कभी भी विशुद्ध ज्ञान नहीं। शंकर इतना तो स्वीकार करते हैं, जब वे कहते हैं कि प्रगाढ़ निद्रा में सामान्य अज्ञान के साक्षी रूप में विद्यमान रहती हैं, यदि अहंकार का भाव विलीन हो जाता है, किन्तु वह जो ज्ञान ग्रहण नहीं करता, साक्षी भी नहीं हो सकता। विशुद्ध ज्ञान साक्षी नहीं है। साक्षी एक जानने वाला होता है अर्थात् वह प्रमाता (ज्ञान का कर्ता) होता है। यह प्रमाता प्रगाढ़ निद्रा में भी विद्यमान रहता है यद्यपि हमें उसकी चेतना नहीं होती, क्योंकि चैतन्य तमोगुण से परिभूत होता है। यदि प्रगाढ़ निद्रा में यह विद्यमान न होता तो नींद से जागने पर हम यह स्मरण न कर सकते कि हम अच्छी तरह साये। यदि यह आत्मा नित्य न होती तो स्मृति भी असम्भव होती और जिस वस्तु को कल हमने देखा था, उसे आज पहचान न सकते। यदि चेतनता को चेतन प्रमाता के साथ एक रूप में मिला दिया जाये तो भी पहचान की घटना की व्याख्या सरलता से नहीं की जा सकती, क्योंकि उक्त अनुभव इस विषय का उपलक्षण है कि कोई चेतनावान ज्ञाता प्रारम्भ के क्षण से लेकर अंतिम क्षण तक विद्यमान रहता है, केवल चेतनता ही नहीं। आत्मा स्वतःप्रकाशित ज्ञान नहीं है, किन्तु केवल उसका कर्ता है। हम ऐसा नहीं कहते कि मैं चैतन्य हूँ, किन्तु केवल यही कहते है कि 'मैं चेतनावान हूँ। ज्ञान का स्वतःप्रकाशित स्वरूप आत्मा अथवा ज्ञाता से ही प्रादुर्भाव होता है। ज्ञान का अस्तित्व तथा उसका स्वतःप्रकाशित स्वयप उसके एक आत्मा के साथ संबंध के ऊपर ही निर्भर करते हैं। इस प्रकार का तर्क करना कि ज्ञाता, जिसकी सिद्धि इस प्रकार हो गयी, विषय पक्ष से ही संबद्ध है, इससे अधिक कुछ नहीं है जैसे कि किसी का यह मत प्रकट करना कि उसकी माँ एक बाँझ स्त्री है।' हम अहंकार को, जो प्रकृति की एक जड़ उपज है, ज्ञान के समान ज्ञातृत्वभाव नहीं दे सकते। 'आत्मा ज्ञान का सार तत्व है और ज्ञान उसका गुण है। यह एक ज्ञाता है, केवल मात्र प्रकाश नहीं।' हमें यह न सोचना चाहिए कि ज्ञाता होने से ही अवश्य परिवर्तनशील भी होना चाहिए, क्योंकि ज्ञाता बनने का तात्पर्य ज्ञान रूपी गुण का आधार होना है और चूँकि जानने वाली आत्मा नित्य है, इसलिए ज्ञान भी जो इसका गुण है, नित्य है। यही नित्य ज्ञान है जो अपने को सदा अभिव्यक्त नहीं करता। ज्ञान जो अपने में अपरिमित है, संकोच एवं विस्तार दोनों को अपना सकता है। कर्म के प्रभाव से यह संकुचित हो जाता है, जबकि यह अपने को भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यो के अनुकूल बना लेता है और भिन्न-भिन्न इन्द्रियों द्वारा विविध प्रकार से निर्णीत होता है। इन्द्रियों के कारण इन्हीं अनुकूलताओं के संबंध में कहा जाता है कि यह उत्पन्न हुआ और नष्ट हुआ। इसका विलोप कभी नहीं होता, यद्यपि जीवन भर यह कार्य करता है। कभी कम और कभी अधिक सीमाओं के अन्दर। किन्तु चूँकि अनुकूलन का गुण अनिवार्य नहीं है और कर्म से ही उत्पन्न होता है इसलिए आत्मा को वस्तुतः अपरिवर्तनशील ही माना जाता है।

रामानुज इस मत का खण्डन करते हैं कि चैतन्य कभी भी प्रमेय पदार्थ नहीं है। यद्यपि यह प्रमेय विषय नहीं है, जबकि यह दूसरी वस्तुओं को प्रकाशित करता है तो भी यह प्रायः प्रमेय पदार्थ बन सकता है और बन जाता है, क्योंकि साधारण अनुभव दर्शाता है कि एक व्यक्ति का चैतन्य दूसरे के बोध का विषय बन जाता है। जैसे कि जब हम अन्य पुरुष के मैत्रीपूर्ण अथवा अमैत्रीपरक रूप से किसी वस्तु का अनुमान कर लेते हैं अथवा जबकि किसी मनुष्य के भूतकाल के चैतन्य की अवस्थायें उसकी वर्तमान काल की पहचान का विषय बन जाती है। चैतन्य केवल इसीलिए कि यह चेतनता का प्रमेय विषय बनता है, अपना स्वरूप नहीं खो देता। हम यह नहीं कह सकते कि चैतन्य स्वतः सिद्ध है। रामानुज की इस दृष्टि में चैतन्य का वास्तविक स्वरूप वर्तमान क्षण में अपने आपके द्वारा अपने अधिष्ठान के प्रति व्यक्त करने में अथवा इसके अपने विषय को अपनी सत्ता के द्वारा सिद्ध करने के लिए साधन बनने में है। जब जड़ वस्तुएँ प्रकाश में आती हैं तो वे अपने प्रति व्यक्त नहीं होतीं। 'आत्मा के अन्य गुण जैसे आणविक विस्तार, नित्यता आदि और चैतन्य की भूतकाल की अवस्थाएं अपने निज के द्वारा व्यक्त नहीं होतीं वरन् ज्ञान की एक क्रिया के द्वारा व्यक्त होती है जो उनसे भिन्न है।'

रामानुज के दर्शन में ईश्वर की परिपूर्णता सोपाधिक है जिसके कारण उसकी सर्वव्यापी गतिविधि के क्षेत्र में स्वतंत्र आत्माओं की सत्ता को भी स्थान है जिन्हें सब कुछ ईश्वर से ही मिला है, तो भी उनमें एक स्वेच्छा तथा चुनाव करने की योग्यता विद्यमान है जिसके कारण पुरुष कहलाने योग्य हैं। रामानुज ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध एक प्रबल तथा प्रभावशली तर्क उठाते हैं, जो मनुष्यों को उसी एकमात्र निरपेक्ष सत्ता के निरर्थक परिवर्तित रूप मानते हैं। 'जीवात्मा सर्वोपरि ब्रम्हा के ही एक रूप के द्वारा यथार्थ, अद्भुत, नित्य, बुद्धिसम्पन्न और आत्मचेतना से युक्त, अखंड, अपरिवर्तनशील, अदृश्य और आणविक है।' यह शरीर, इन्द्रियों, शक्तिशाली प्राण और बुद्धि से भी भिन्न है। यह ज्ञाता है, कर्ता है और भोक्ता भी है। यह मानवीय स्तर पर स्थूल शरीर तथा शक्तिशाली प्राण से संयुक्त है जोकि एक साधन रूप है, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार कि ज्ञानेन्द्रियों। पाँच कर्मेन्द्रियाँ और मन इसके साधन हैं। मन आत्मा के लिए आन्तरिक अवस्थाओं का प्रकाश करता है और इन्द्रियों की सहायता से बाह्य अवस्थाओं का ज्ञान भी पहुँचाता है। मन के व्यापार तीन प्रकार के हैं: निर्णय (अध्यवसाय), आत्मप्रेम (अभिमान) और चिन्तन। आणविक जीव का स्थान हृदय कमल में है। सुषुप्ति की अवस्था में यह इसी हृदय कमल के अंदर तथा सर्वोपरि आत्मा में भी रहता है। निद्रा के द्वारा आत्मा के नैरंतर्य में भंग नहीं होता और इसकी यथार्थता कार्य के नैरंतर्य स्मृति रूप तथ्य, धर्मशास्त्र के कथन और नीतिशास्त्र संबंधी आदेशों के सही प्रमाणित होने से स्पष्ट है। जीव का आकार अणु होने पर भी अपने ज्ञान रूपी गुण के द्वारा जो संकोच तथा विस्तार को प्राप्त होता है, यह सारे शरीर में व्याप्त, सुख तथा दुःख का अनुभव कर सकता है, जैसे दीपक की शिखा यद्यपि अपने में बहुत छोटी है तो भी अपने प्रकाश से अनेक पदार्थों को प्रकाशित करती है, क्योंकि उसका प्रकाश संकोच तथा विस्तार को प्राप्त हो सकता है। यह देश तथा काल की दूरी का भी विचार न करके अत्यंत सुदूरस्थ पदार्थों का ज्ञान ग्रहण कर सकता है। 'आत्माओं का बोध, जैसा कि ईश्वर

के विषय में है, स्वरूप में नित्य है, आत्मनिर्भर है, सब वस्तुओं तक विस्तृत है और निर्दोष है, यद्यपि इसका क्षेत्र भूतकाल के कर्म आदि दोषों के कारण संकुचित हो गया है।' जीवात्माओं की अनेकता सुखों तथा दु:खों के विभाग के कारण स्पष्ट हैं। जब तक मोक्ष नहीं होता, वे प्रकृति के साथ-साथ जकड़ी हुई है, क्योंकि प्रकृति जीवात्मा के लिए वाहन का काम देती है, जैसे कि घोड़ा घुड़सवार के लिए वाहन का काम देता है। यह शरीर का बंधन 'यह मलिन तथा क्षय होने वाला परिधान (शरीर) उस नित्य के दर्शन में बाधा देता है और आत्मा को ईश्वर के साथ जो उसका मैत्री संबंध है। उसे पहचानने से रोकता है।'

आत्मा अपने तात्विक स्वरूप के कारण समसत जीवन एवं मृत्यु की क्रियाओं के अन्दर अपरिवर्तित रहती है। यह इस चेतन जगत में अनेक बार जन्मी और फिर इसमें विदा हुई, परन्तु फिर भी यह बराबर अपने उसी व्यक्तित्व को बनाये रखती है। हर एक प्रलय में जीव की विशेष आकृतियाँ नष्ट हो जाती हैं, यद्यपि स्वयं आत्माएँ अपने-आप में अविनश्वर हैं। वे अपने भूतपूर्व जीवनों में किए गए कर्मों के परिणामों से छुटकारा नहीं पा सकती और नई सृष्टि में उन्हें फिर इस संसार में उपयुक्त शक्तियाँ प्रदान करके ढकेल दिया जाता है। जन्म तथा मृत्यु से तात्पर्य शरीरों से साहचर्य या विच्छेद जिसके परिणामस्वरूप बुद्धि का संकोच अथवा विस्तार होता है और मोक्ष पर्यन्त आवश्यकतावश आत्माएँ शरीरों से संलग्न है। यद्यपि प्रलय में वे एक सूक्ष्म सामग्री के साथ संबद्ध रहती हैं, जिसमें नाम व रूप के भेद का कोई स्थान नहीं है। आत्मा अपने भूतपूर्व जीवन की साक्षी नहीं हो सकती, क्योंकि स्मृति वर्तमान शरीर से परे नहीं जा सकती।

जीवात्मा का विशिष्ट सार तत्व अहंबुद्धि हैं। यह आत्मा का केवल गुण मात्र नहीं है जो नष्ट हो जाए और जीवात्मा का अनिवार्य और मुख्य स्वरूप फिर भी अप्रभावित रह जाए। आत्म-निरूपण ही स्वयं आत्मा का वास्तविक अस्तित्व है। यदि ऐसा न होता तो मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रयत्न करने का कुछ अर्थ न होता। बंधन तथा मोक्ष दोनों अवस्थाओं में आत्मा अपने वैशिष्ट्य को, अर्थात् ज्ञानत्व के भाव को स्थिर रखती है। आत्मा एक सक्रिय कर्ता भी है। यह इसलिए चूँकि कर्मो का संबंध आत्मा से है और आत्मा ही कर्मो के परिणामों को भोगती है। केवल इसलिए कि इसमें कर्म करने की शक्ति है। इससे यह परिणाम नहीं निकलता कि यह सदा ही कर्म करती है। उस समय तक जबकि कर्म के कारण आत्माओं का संबंध शरीरों के साथ हैं, उनके कर्म अधिकतर निश्चित हैं, किन्तु जब वे शरीर संबंध से मुक्त हो जाती हैं तो वे अपनी इच्छाओं की पूर्ति केवल संकल्प के द्वारा ही कर लेती हैं।

जीव और ईश्वर एक नहीं है, क्योंकि जीव मुख्य लक्षणों में ईश्वर से भिन्न है। इसे ब्रम्हा का अंश कहा जाता है। यद्यपि यह सम्पूर्ण इकाई में से कहा गया भाग नहीं हो सकता, क्योंकि ब्रम्हा अखण्ड है अर्थात् उसके हिस्से नहीं हो सकते, तो भी यह विश्वात्मा के अन्दर ही समाविष्ट है। रामानुज का कहना है कि आत्माएँ विशेषण के रूप में ब्रम्हा के अंश हैं अथवा यों कहें कि सोपाधिक आकृतियाँ है। आत्माओं को ज्ञान का कार्य माना गया है, क्योंकि वे ब्रम्हा से भिन्न नहीं हो सकतीं, किन्तु तो भी वे उत्पन्न होने वाली कार्यरूप सत्ताएँ नहीं हैं, जैसे कि आकाश (ईश्वर) आदि है। आत्मा के तात्विक स्वरूप में परिवर्तन नहीं होता। यह जिन अवस्थाओं में परिवर्तित होता है, वे हैं बुद्धि का संकुचन तथा विस्तार, जबकि ऐसे परिवर्तन जिन पर दृष्टान्त के लिए ईश्वर की उत्पत्ति निर्भर करती है तात्विक स्वरूप के परिवर्तन है। आत्मा के विशिष्ट लक्षण, जैसे दु:ख की संभावना आदि ईशवर में नहीं घटते। केवल मात्र ईश्वर ही तात्विक स्वरूप संबंधी परिवर्तनों से स्वतंत्र है एवं जड़ पदार्थो के विशिष्ट लक्षणों और संकोच तथा विस्तार से भी रहित है, जो आत्माओं के विशिष्ट लक्षण हैं।

सर्वोपरि आत्मा (ब्रम्हा) का आभ्यन्तर निवास जीव को अपनी संकल्प संबंधी स्वतंत्रता से वंचित नहीं करता, यद्यपि जीवात्मा का केवल मात्र प्रयत्न ही कर्म करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सर्वोपरि आत्मा का सहयोग भी आवश्यक है। जीवात्मा को अपने भविष्य के निर्णय करने में जो एकाधिकार प्राप्त है उस पर बल देते हुए भी और यह भी स्वीकार करते हुए कि एक सज्जन पुरुष विश्व के केवल मात्र प्राकृतिक कानून के ऊपर उठ सकता है। रामानुज बलपूर्वक कहते हैं कि एकमात्र सर्वोपरि नैतिक व्यक्तित्व ईश्वर का ही है, जो प्रकृति और कर्म के सब प्रकार के बंधनों से स्वतंत्र है। ईश्वर को शेषी अथवा सर्वाधिपति प्रभु कहा गया है, जिसके तथा जीवात्माओं के मध्य में स्वामी तथा उसकी प्रजा का सा संबंध है, जिसे शेष-शेषी भाव से प्रकट किया जाता है। शेषित्व ईश्वर की सर्वतंत्र स्वतंत्र शक्ति है जिसके आधार पर वह आत्मा के साथ व्यवहार करता है।

रामानुज के दर्शन में जीवात्मा का स्वातन्त्र्य (कर्म करने में) तथा दैवीय आधिपत्य विशेष महत्व रखते हैं, क्योंकि वह दोनों ही के ऊपर बल देता है। जीवात्मा अपनी क्रियाशीलता के लिए पूर्ण रूप से ईश्वर के ऊपर निर्भर करते हैं। ईश्वर निर्णय करता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है, आत्माओं को शरीर प्रदान करता है तथा अपना कार्य करने की शक्ति देता है और अन्तिम रूप में आत्माओं की स्वतंत्रता तथा बंधन का कारण है, तो भी यदि संसार में इतना अधिक दु:ख और संकट है तो उसके लिए ईश्वर उत्तरदायी नहीं है, वरन् मनुष्य उत्तरदायी है, जिसे पाप व पुण्य कर्म करने की शक्ति प्राप्त है। मनुष्य का संकल्प ईश्वर की निरपेक्षता को सीमाबद्ध करता प्रतीत होता है। आत्माएँ जिन्हें चुनाव के विषय में स्वातन्त्र्य प्राप्त है, ऐसा कार्य भी कर सकती है जो ईश्वर की इच्छा में हस्तक्षेप हो। यदि निरपेक्ष ईश्वर भी कर्म का ही विचार करके तद्नुसार कर्म करने को बाध्य हो तो वह निरपेक्ष नहीं ठहरता। रामानुज इस कठिनाई का समाधान इस प्रकार करते हैं कि सब मनुष्यों के कर्मो का कारण अन्ततोगत्वा ईश्वर है, किन्तु यह पाप मोक्षवाद नहीं है, क्योंकि ईश्वर कुद निश्चित विधान के अनुसार कार्य करता है और उक्त विधान उसके स्वभाव की अभिव्यक्ति है। ईश्वर अपनी स्वेच्छा से किसी मनुष्य से पुण्य अथवा पाप कर्म नहीं करवाता, वरन् निरन्तर कर्म विधान के अनुसार ही कार्य करने की पद्धति का प्रदर्शन करता है। यदि कर्म विधान ईश्वर से स्वतंत्र है तो ईश्वर की निरपेक्षता में अन्तर आता है। जो समालोचक यह कहता है कि हम ईश्वर के स्वातन्त्र्य की रक्षा बिना कर्म सिद्धांत के निषध के नहीं कर सकते, उसे ईश्वर विषयक हिन्दू विचार का सही-सही ज्ञान ही नहीं है। कर्म विधान ही ईश्वर की इच्छा को व्यक्त करता है। कर्म की व्यवस्था ईश्वर ने ही बनाई है, जो कर्माध्यक्ष है,चूँकि कर्म विधान ईश्वर के स्वभाव के ऊपर निर्भर करता है इसलिए ईश्वर ही को पुण्यात्माओं को पुरस्कार तथा पापात्माओं को दण्ड देने वाला माना जा सकता है। यह दिखाने के लिए कर्मविधान ईश्वर से स्वतंत्र नहीं है, कभी-कभी यह कहा जाता है कि यद्यपि ईश्वर कर्मविधान को स्थगित कर सकता है तो भी वह ऐसा करने की इच्छा नहीं करता। नैतिक विधान को क्रियात्मक रूप देने के लिए कृत-संकल्प, जो कि उसकी न्यायसंगत इच्छा का अविर्भाव है, वह पाप को भी होने देता है जिस वह अन्यथा रोक सकता है। अन्तर्यामी ईश्वर प्रत्येक अवस्था में संकल्पपूर्वक प्रयत्न का ध्यान रखता है, क्योंकि वही मनुष्य को कर्म करने की प्रेरणा देता है। वह अपने ही विधान को पलटने का विचार भी नहीं करता जिससे कि सांसारिक योजना में हस्तक्षेप हो। संसार के अन्दर

बैठकर भी ईश्वर अनुचित हस्तक्षेप करने वाला नहीं बनना चाहता।

निष्कर्ष – जीवों के तीन वर्ग हैं, नित्य अर्थात् वे जो बैकुण्ठ में निवास करते हैं और कर्म तथा प्रकृति से स्वतंत्र रहकर आनन्द का उपभोग करते हैं, मुक्त, अर्थात वे जो अपने ज्ञान, पुण्य और भक्ति के द्वारा मोक्ष प्राप्त करते हैं तथा बद्ध अर्थात् वे जो अपने अज्ञान तथा स्वार्थपरता के कारण संसार चक्र में घुमते रहते हैं। जहाँ एक ओर जीवात्मा ऊँचे से ऊँचे शिखर तक उठ सकता है, वहाँ यह शरीर के अन्दर ही अधिकाधिक लिप्त होकर नीचे दर्जे तक गिर भी सकता है, यहाँ तक कि अपने ज्ञानमय जीवन को भी खो दे सकता है और उस निरूद्देश्य पाशविक जीवन तक पहुँच सकता है, जो मनोवेगों तथा भूख की तृप्ति ही जीवन है। संसार चक्र में भ्रमण करते हुए जीवात्माओं के अंदर वर्णभद भी उनके भिन्न–भिन्न शरीरों के कारण हैं। स्वरूप में जीवात्मा न तो मानवीय हैं, न आकाशीय हैं, न ब्राम्हण हैं और न ही शूद्र हैं। संसार के अन्दर जीवात्माओं के विभाग दो प्रकार के हैं– एक वे जो सुखोपभोग की इच्छा रखते हैं और दूसरे वे जो मोक्ष के लिए उत्सुक हैं। जब तक जीवात्मा मोक्ष को प्राप्त नहीं कर लेता, इसका पुनर्जन्म होना आवश्यक है जिससे कि वह अपने कर्मो के फल का उपयोग कर सके। जीवात्मा दूसरा शरीर धारण करने के लिए गति करते समय मूल तत्वों से आवृत्त रहता है और ये मूलतत्व ही जीवन के अधिष्ठान का कार्य करते हैं। जब तक बंधन रहता है तब तक सूक्ष्म शरीर का भी अस्तित्व रहता है। मुक्तात्मा पुरूष देवयान मार्ग से तथा पुण्यात्मा पितृयान से जाते हैं। किन्तु पापात्मा चंद्रलोक पहुँचने से पहले ही तुरन्त पृथ्वी पर लौट आते हैं। ईश्वर के दूत जीवात्मा को ऊपर की ओर का पथ प्रदर्शन करते हैं। यदि जीवात्माओं को दैवीय स्वरूप में किसी प्रकार का भी हिस्सा बँटाना है तो उन्हें एक बार अपनी स्वतंत्रता तथा पवित्रता प्राप्त करनी चाहिए। वे इनको खोलकर कर्म के विधान में कैसे आयेंगे? रामानुज का मत है कि न तो तर्क और न धर्मशास्त्र ही हमें यह बतलाने में समर्थ हैं कि किस प्रकार कर्म के आत्मा को अपने वश में किया, क्योंकि विश्व की प्रक्रिया अनादि है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. रामानुजाचार्य: श्रीभाष्य–2–1–9
2. श्वेताश्वतरोपनिषद
3. वृहदारण्यकोपनिषद
4. श्रुतप्रकाशिका
5. यतीन्द्रमतदीपिका
6. तैत्तरीयोपनिषद।

****

बी.पी.एल. परिवार के विकास पर मनरेगा योजना के प्रभावों का मूल्यांकन

कविता यादव *

प्रस्तावना - पिछले 70 वर्षो में यहाँ जनसंख्या निरन्तर बढती जा रही है। बढती जनसंख्या का सर्वाधिक नकारात्मक पहलु बढती हुई निर्धनता है। सरकार की वृहद योजना मनरेगा जो पुरे भारत में क्रियाशील है, इसे सुखा, जंगलों का विनाश और भूमि कटाव जैसी समस्याओं को रेखांकित किया गया है, जिनके कारण बडे पैमाने पर निर्धनता फैल रही है। चुकि यह योजना सम्पूर्ण भारत में कार्यरत है, परिणाम स्वरूप समस्याओं का आना स्वाभाविक है परन्तु भारत सरकार ने इसकी कमीयों को ध्यान में रखकर बढती हुई कार्यों की मांग, रूचियों तथा गाँवों में कार्यो की कमी के कारण भारत सरकार ने मनरेगा के कार्यों में अधिक से अधिक नवीन कार्यों का समावेश किया है तथा राजस्थान राज्य सरकार ने अपने राज्य में इस योजना के कार्य दिवस को बढाकर 150 दिन कर दिया है। मनरेगा के अन्तर्गत उपलब्ध होने वाले रोजगार, निर्धनता में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। यह योजना सैद्धांतिक स्वरूप से अच्छे एवं प्रभावी उद्देश्यों को अपने में समाहित किए हुए है। यह कानून रोजगार अधिकार को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रस्तुत शोध पत्र में शोधार्थी ने बी.पी.एल. परिवारों पर मनरेगा योजना के प्रभावों का अध्ययन करने का प्रयास किया है।

साहित्य का अवलोकन :

वाजपेयी, अनुराग (2011) इन्होंने अपने अध्ययन में अमीर और गरीब देशों में अन्तर बताने के लिए इन्होनें विभिन्न देशों के लोगों का रहन सहन के स्तरों की तुलना की हैं। इन्होंने भारत में गरीबी के महत्वपूर्ण कारण जनसंख्या वृद्धि, अषिक्षा, आर्थिक तंगी आदि बताये है और भारत में गरीबी निवारण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का भी उपलब्धियों का वर्णन किया है।

Satyanarayana, G. Madhusadana H.S. (2012) इन्होंने अपने अध्ययन में यह बताया है कि अधिकतम भारत की जनसंख्या ग्रामीण इलाकों में रहती है। 2001 की सेन्सेक्स के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या में 68.8 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या है।

योजना आयोग, वार्षिक रिपोर्ट, (2013-14) योजना आयोग, राष्ट्रीय स्तर पर और राज्य स्तरों पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संबंध में अलग-अलग गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या और प्रतिशतता का अनुमान लगाने के लिए नोडल एजेन्सी है। गरीबी का अनुमान लगाने के लिए क्रिया विधि की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

उद्देश्य :

1. बी.पी.एल परिवारों पर मनरेगा योजना के प्रभावों का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना :

1.महानरेगा योजना से बी.पी. एल. परिवारों के रोजगार स्तर कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है।

शोध प्रविधि :

1. **अध्ययन क्षेत्र का चुनाव -** प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु राजस्थान राज्य का चयन उद्देश्यात्मक रूप से किया है।राजस्थान राज्य प्रशासनिक रूप से 7 संभागों में विभाजित है यहां की जनसख्यां अपनी आजीविका हेतु कृषि पर निर्भर है। तथा बड़ी मात्रा में बी.पी.एल. की श्रेणी में आते है। मनरेगा योजना से इस क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिला है अत: इस बात का आंकलन करना अति-आवश्यक है कि इन योजना के क्या प्रभाव हुए है।

2. **प्रतिदर्श प्रचना -** प्रस्तुत शोध में याद्दच्छिक विधि से उदयपुर जिले की दो पंचायत समितियों- गिर्वा एवं कुराबड़ का चयन किया गया है। इन पंचायत समितियों में मनरेगा योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का आंकलन करने हेतु प्रत्येक पंचायत समिति से सरल याद्दच्छिक रीति से 5 गाँवों का चयन किया है। सूक्ष्म अध्ययन हेतु प्रत्येक गाँव से 20 लाभार्थियों का चयन सरल याद्दच्छिक पद्धति से किया गया है। इस प्रकार हमारे प्रतिदर्श का कुल आकार 200 लाभार्थी है।

3. **ऑकडों का संकलन -** प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वितीयक एवं प्राथमिक दोनों प्रकार के ऑकडों पर आधारित है। अध्ययन से सम्बद्ध प्राथमिक ऑंकडों की प्राप्ति विशिष्ट रूप से निर्मित अनुसूची से की गयी है। तत्पश्चात् संकलित ऑकड़ों का विश्लेषण विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों का औसत, प्रतिशत, प्रमाप विचलन, द्धारा किया गया है। अध्ययन से सम्बन्धित शोध परिकल्पना का परीक्षण ीं परीक्षण द्धारा किया गया है।

1. उत्तरदाताओं की आय में परिवर्तन - किसी व्यक्ति के जीवन स्तर के निर्धारण में आय अति महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। मनरेगा योजना से लाभान्वित होने से पूर्व उत्तरदाताओं की आय क्या थी एवं मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उनकी आय में कितना परिवर्तन आया है। यहां हमने मनरेगा योजना से बी.पी.एल.उत्तरदाताओं की आय के बारे में सूचना प्राप्त करने हेतु सर्वेक्षण क्षेत्र के प्रतिदर्श में चयनित गांव के उत्तरदाताओं की मासिक आय का औसत ज्ञात किया है एवं मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् की औसत आय के साथ तुलनात्मक अध्ययन कर आय में हुए परिवर्तन की सांख्यिकीय सार्थकता की जांच की है। इस हेतु स्टूडेण्ट के युग्मीत यींपरीक्षण का प्रयोग किया गया है। यहाँ निम्न शुन्य परिकल्पना की गयी हैं -

H_0 : मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं की आय

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है।

H_A : मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं की आय में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

तालिका :1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

$$\bar{D} = \frac{\sum D}{n} = \frac{34}{10} = 3.4$$

$$S = \sqrt{\frac{\sum(D-D)^2}{n-1}}$$

$$= \sqrt{\frac{14.4}{10-1}} = \sqrt{1.6} = 1.264$$

$$t = \frac{\bar{D}}{S}\sqrt{n} = \frac{3.4}{1.264}\sqrt{10} = 8.50$$

स्वातंन्त्र्य अंश = n – 1 = 10 – 1 = 9

निष्कर्ष : यहाँ t के अन्तर परीक्षण का आंकलित मान 8.50 है जबकि 9 स्वातन्त्र्य स्तर एवं 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर t परीक्षण का सारणी मान 1.83 है। स्पष्ट है कि t परीक्षण का आंकलित मान इसके सारणी मान से अधिक है। अत: हमारी शून्य परिकल्पना गलत सिद्ध होती है एवं यह निष्कर्ष प्रापत होता है कि मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं की आय में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। यह जानकारी प्रायिकता मूल्य से भी होती है जो 0.05 (सार्थकता स्तर) से कम है।

2. उत्तरदाताओं के व्यय में परिवर्तन – ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का व्यय सतर कम होता है तथा व्यय के कम होने से जीवन स्तर भी निम्न होता है। मनरेगा योजना के कारण ग्रामीण लोगों की आय में वृद्धि से लोगों का जीवन स्तर समुन्नत हुआ है। यहां हमने उत्तरदाताओं से यह जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया है कि मनरेगा योजना के कारण उत्तरदाताओं के घरेलु व्यय में कितना परिवर्तन हुआ है। इस हेतु हमने मनरेगा योजना से लाभान्वित होने से पूर्व उत्तरदाताओं के व्यय तथा मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उनके व्यय के आँकड़े एकत्र कर औसत व्यय ज्ञात किया है। व्यय में परिवर्तन की सांख्यिकीय सार्थकता भी जाँच हेतु स्टूडेण्ट t शिक्षण के युग्मित परीक्षण का प्रयोग किया है। यहाँ शून्य परिकल्पना निम्नवत् है :

H_O : मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं के व्यय में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं हुआ है।

H_A : मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं के व्यय में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

तालिका : 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

$$\bar{D} = \frac{|\sum D|}{n} = \frac{25}{10} = 2.5$$

$$S = \sqrt{\frac{\sum(D-\bar{D})^2}{n-1}} \Rightarrow \sqrt{\frac{4.5}{9}} = 0.70$$

$$t = \frac{\bar{D}}{S}\sqrt{n} = \frac{2.5}{0.70}\sqrt{10} \Rightarrow 11.30$$

स्वातंन्त्र्य अंश = n – 1 = 10 – 1 = 9

निष्कर्ष : यहाँ स्टूडेण्ट t परीक्षण के अन्तर परीक्षण का आंकलित मान 11.30 है जबकि 9 स्वातन्त्र्य स्तर एवं 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर सारणी मान 1.83 है। क्योंकि अन्तर परीक्षण का आंकलित मान इसके सारणी मान से अधिक है अत: हमारी शून्य परिकल्पना गलत सिद्ध होती है। एवं यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि मनरेगा योजना से आय में वृद्धि के कारण उत्तरदाताओं के व्यय में सार्थक परिवर्तन हुआ है। यही निष्कर्ष प्रायिकता मूल्य से भी प्राप्त होते है।

3. उत्तरदाताओं की बचत क्षमता में परिवर्तन – यहां हमने उत्तरदाताओं से यह हमने उत्तरदाताओं से यह जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया है कि मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पूर्व उनकी बचत क्या थी एवं मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उनकी बचत क्षमता में क्या परिवर्तन हुआ है। बचत में हुए परिवर्तन की सार्थकता जांच हेतु हमने स्टुडेण्ट t परीक्षण के अन्तर परीक्षण का प्रयोग किया है। यहां निम्न शुन्य परिकल्पना की गयी है :

H_O : मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं की बचत क्षमता में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है।

H_A : मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं की बचत क्षमता में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

तालिका : 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

$$\bar{D} = \frac{|\sum D|}{n} = \frac{|22|}{10} = 2.2$$

$$S = \sqrt{\frac{\sum(D-\bar{D})^2}{n-1}} \Rightarrow \sqrt{\frac{4.48}{9}} = \sqrt{.49} = 0.70$$

$$t = \frac{\bar{D}}{S}\sqrt{n} = \frac{2.2}{0.70}\sqrt{10} = 9.93$$

स्वातंन्त्र्य अंश = n – 1 = 10 – 1 = 9

निष्कर्ष : यहाँ स्टूडेण्ट t के अन्तर परीक्षण का आंकलित मान 9.93 है जबकि 9 स्वातन्त्र्य स्तर एवं 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर अन्तर परीक्षण का सारणी मान 1.83 है। स्पष्ट है कि t परीक्षण का सारणी मान, आंकलित मान से कम है अत: शून्य परिकल्पना गलत सिद्ध होती है एवं यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि मनरेगा योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् उत्तरदाताओं की बचत क्षमता सार्थक रूप से बढ़ी है। यहाँ निष्कर्ष प्रायिकता मूल्य से भी प्राप्त होते है।

सुझाव :

1. मनरेगा के अतिरिक्त किसी अन्य रोजगार योजना के प्रचार–प्रसार का ग्राम पंचायतों द्वारा दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जा रहा है। अत: ग्राम पंचायत द्वारा चलाई जाने वाली या क्रियान्वित किये जाने वाली योजनाओं का सूचना, शिक्षा, सम्प्रेषण द्वारा प्रचार प्रसार किया जाना आवश्यक है।
2. मनरेगा के तहत छोटे किसानों को हरित धारा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सब्जियों के बीज उपलब्ध करा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहिए।
3. सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं से बी.पी.एल.परिवार के उत्तरदाता अनभिज्ञ है। इन योजनाओं से उनका अवगत कराया जाए।

4. पलायन करने वाले परिवारों का पंजीयन हेतु मना नहीं करना चाहिये।
5. परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को अलग–अलग जॉब कार्ड जारी नहीं करना चाहिए, पंजीकरण हेतु एकल परिवार पात्र हो। और ऐसे एकल परिवार को अलग–अलग जॉब कार्ड जारी किये जाने चाहिए।
6. ग्रामीण रोजगार सृजन योजना हेतु एक प्रबंध बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत में किया जाना चाहिए। जिससे लाभार्थियों का चयन आयु एवं शैक्षणिक स्तर तथा योजना के आधार पर किया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रसाद नीता, 'नरेगा अब गाँवों में ही रोजगार' कुरूक्षेत्र, मासिक पत्रिका, दिसम्बर 2009, पृ.48
2. डॉ. जगबीर कौशिक 'नरेगा गरीबों का सुरक्षा कवच' कुरूक्षेत्र मासिक पत्रिका फरवरी 2009, पृ.48
3. ठाकुर, रामेश्वर : 'गरीबी उन्मूलन की सशक्त योजना', कुरूक्षेत्र, सितम्बर, 1994
4. वार्ष्णेय, डॉ. एस.के. 'यग्रामीण निर्धनता और समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम' : कुरूक्षेत्र, फरवरी 1999
5. डॉ. सुरेन्द्र कटारिया 'आर्थिक मंदी से जुझने में नरेगा का योगदान' कुरूक्षेत्र मासिक पत्रिका फरवरी 2009, पृ.50
6. डॉ. अतुल कुमार तिवारी 'नरेगा ग्रामीण भारत में बदलाव लाने का अभियान'
7. CAG Report on Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (2013). *Performance Audit of MNREGS, page vii.*

तालिका :1 – मनरेगा से उत्तरदाताओं की आय में हुए परिवर्तन की सार्थकता जांच

गाँव का नाम	मनरेगा से लाभान्वित होने से पूर्व आय (रू. हजार)	मनरेगा से लाभान्वित होने के पश्चात् आय (रू. हजार)	अन्तर |D|	$\|(D-\bar{D})^2\|$	S	t मुल्य	P मुल्य
I	4	8	4	0.36	1.264	8.50	0.0002
II	5	9	4	0.36			
III	4	8	4	.036			
IV	3	9	6	6.76			
V	4	7	3	0.16			
VI	3	5	2	1.96			
VII	4	8	4	0.36			
VIII	5	7	2	1.96			
IX	4	6	2	1.96			
X	5	8	3	0.16			

स्त्रोत : आगणित

तालिका : 2 – मनरेगा से उत्तरदाताओं के व्यय में हुए परिवर्तन की सार्थकता जांच

गाँव का नाम	मनरेगा से लाभान्वित होने से पूर्व व्यय (रू. हजार)	मनरेगा से लाभान्वित होने के पश्चात् व्यय (रू. हजार)	अन्तर |D|	$\|(D-\bar{D})^2\|$	S	t मुल्य	P मुल्य
I	2	5	3	0.25	0.70	11.30	0.0001
II	2	4	2	0.25			
III	3	5	2	0.25			
IV	3	6	3	0.25			
V	2	5	3	0.25			
VI	2	4	2	0.25			
VII	3	5	2	0.25			
VIII	2	4	2	0.25			
IX	2	6	4	2.25			
X	3	5	2	0.25			

स्त्रोत : आगणित

तालिका : 3 – मनरेगा से उत्तरदाताओं के बचत में हुए परिवर्तन की सार्थकता जांच

गाँव का नाम	मनरेगा से लाभान्वित होने से पूर्व बचत (रू. हजार)	मनरेगा से लाभान्वित होने के पश्चात् बचत (रू. हजार)	अन्तर |D|	$\|(D-\bar{D})^2\|$	S	t मुल्य	P मुल्य
I	1	3	2	.04	0.70	9.93	0.0004
II	2	4	2	.04			
III	2	5	3	.64			
IV	2	4	2	.04			
V	1	3	2	.04			
VI	2	5	3	.64			
VII	1	3	2	.04			
VIII	2	4	2	.04			
IX	3	5	2	.04			
X	3	5	2	.04			

स्त्रोत : आगणित

****

देवास जिले में ग्रामीण बाजार का बदलता स्वरुप

डॉ. सुनील मोरे* जाहिद खान **

प्रस्तावना - देवास जिले की अर्थव्यस्था में 76.46 प्रतिशत जनसंख्या का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं मजदूरी है जबकि प्रतिशत जनसंख्या कृषि एवं मजदूरी पर आश्रित है। कुल भौगोलिक क्षेत्र का 61.59 प्रतिशत भाग कृषि के लिए उपलब्ध है, कृषि भूमि का मात्र 49.76 प्रतिशत सिंचित है। कुल जनसंख्या में 47.49 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या में 35.04 प्रतिशत कृषक, 41.82 प्रतिशत मजदूर, एवं 1.59 प्रतिशत घरेलू उद्योग एवं 21.55 प्रतिशत अन्य कार्यो में संलग्न है। बाजारों के विकास में सड़कों की सबसे अहम भूमिका है। किन्तु सड़कों के अन्तर्गत 49.57 प्रतिशत गाँव पक्की सड़कों से जुडे है शेष गांव अभी भी सड़कों के अभाव में कच्चे रास्तों द्वारा बैलगाडी अथवा पैदल यात्रा करते है। जो गांव शहरी क्षेत्रों के नजदीक है उन ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्यो के अतिरिक्त उससे सम्बद्ध अन्य गतिविधियों जैसे पशुपालन व डेयरी, रेशम कीटपालन, खाद्य परिरक्षण, हथकरघा वस्त्रकारी, फलों व नयी सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिये जाने की अपार सम्भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

ग्रामीण बाजार ऐसे स्थान को सन्दर्भित करते हैं जहाँ स्थाई अथवा अस्थाई रूप से जिसमें सड़क किनारे, चौपाल, मंदिर अथवा अन्य किसी स्थान पर वस्तुओं अथवा सेवाओं के क्रय-विक्रय के लिए सप्ताह के किसी दिन अथवा विशेष अवसर पर एकत्रित होते है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ऐसे बाजार प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा का महत्वपूर्ण व्यापारिक गतिविधि का भाग है। ग्रामीण बाजार न केवल वस्तुओं एवं सेवाओं के विनिमय बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक विचारों और ज्ञान के आदान-प्रदान का केन्द्र होता है। संगठित विपणन केन्द्रों की स्थापना के पूर्व ग्रामीण हाठ या बाजार कृषि उपजों के क्रय-विक्रय का एक मात्र स्थान था। कृषि विपणन में स्थानिय साहूकारों, व्यापारियों एवं दलालों का प्रभुत्व था। किन्तु सार्वजनिक वितरण प्रणालि की स्थापना एवं कानूनी कठोरता के परिणामस्वरूप कृषि उपजों का स्थानीय हाठ बाजारों के स्थान पर संगठित मण्डियों में विपणन में वृद्धि हुई। अत: वर्तमान हाठ बाजार में खुदरा एवं फुटकर व्यापारियों की श्रृंखला में वृद्धि देखने को मिलती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित विभिन्न उत्पादों जैसे कृषि उत्पाद, फल-फूल, सब्जी उत्पाद, दुग्ध उत्पाद आदि प्रकार के उत्पाद हैं, जिन्हें अधिक समय तक संग्रह कर नहीं रखा जा सकता। इस हेतु कृषि विविधिकरण परियोजना द्वारा इस दिशा में पहल की गयी तथा ग्रामीण मार्गो को मुख्य मार्ग से जोड़ने का प्रयास भी किया गया। शोध अध्ययन के आधार पर यह तथ्य सामने आया है कि उत्पादों के विपणन हेतु लोगों को स्वयं अपनी व्यवस्था करके शहरों में स्थित बाजारों में सार्वजनिक वाहन, निजी अथवा पैदल जाना पडता है। इससे समय, श्रम व धन की बर्बादी होती है। उत्पादों का उचित मूल्य ना मिलने के कारण उत्पादकर्ताओं को निराशा ही हाथ लगती है। अत: इस दिशा में सुविकसित ग्रामीण बाजार व ग्रामीण सम्पर्क मार्गो का निर्माण जरूरी है। साथ ही विभिन्न एजेन्सियों द्वारा यह प्रयास किया जाना चाहिए कि उनका उत्पाद समय से बाहर की बड़ी मंडियों तक पहुँच जाए और उन्हें उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके।

बाजारों के निर्माण एवं दूकानों की संख्या में वृद्धि का जनसंख्या के आकार एवं आय के स्तर का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। देवास जिले में स्थाई बाजारों एवं साप्ताहिक हाठ बाजार लगने वाले शहर या कस्बे एवं गाँवों को चित्र क्रमांक एवं जनसंख्या के आकार के अनुसार गाँवों का वर्गीकरण तालिका क्रमांक में दर्शाया गया है-

तालिका 1 - (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 के अनुसार देवास जिले के 29.80 प्रतिशत गाँवों की जनसंख्या 500 से कम है। जिले में 500 से कम जनसंख्या वाले गाँवों की कुल संख्या 315 है। अत: इन गांवों में दुकानों की उपस्थिति नहीं होती है। यदि होती है तो सामान्य रूप से किराना सामग्री, बिड़ी, तम्बाकू, गुटखा पाउच प्रमुख वस्तु होते है। जिले में 32.17 प्रतिशत गाँवों की जनसंख्या 500 से अधिक किन्तु 1000 से कम है। इस प्रकार के गाँवों में किराना दुकानों के अतिरिक्त आटा चक्की, पंचर की दुकान, चाय, ठण्डा पेय आदि सामग्री की उपलब्धता की संभावना रहती है। जबकि 2000 से कम आबादी वाले गाँवों में किराना, रेडीमेट कपडे, कंगन चूडी की दूकान, मोटरसाईकिल मरम्मत आदि की दूकानों की उपस्थिति होती है। 2000 से 5000 की जनसंख्या वाले गाँवों अथवा कस्बे आसपास के छोटे गाँवों का प्रमुख बाजार क्षेत्र होने के कारण सभी प्रकार की उपभोग एवं उपयोगी वस्तुओं की उपस्थिति होती है। क्षेत्रिय विशमता एवं जनसंख्या के सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ आधुनिक वस्तुओं की मांग में वृद्धि होती है।

इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या के वितरण में विविधता के अनुसार ग्रामीण बाजार को जनसंख्या के आकार एवं उनके स्थान के आधार पर विभक्त किया जा सकता है। जनसंख्या के आधार पर बाजार का वर्गीकरण व्यवसाय एवं व्यापार की दृष्टि से उचित निर्णय लेने में सहायक हो सकता है। ऐसे गाँव जो शहरी अथवा किसी कारखाना अथवा परियोजना क्षेत्र के आस-पास रहने वाली जनसंख्या का उपभोग पेटर्न शहरी क्षेत्रों के समान होगा। शहरी सीमा अथवा आसपास के गाँवों में उपभोग प्रवृत्ति भी परिवर्तित होती रहती है। अनेक स्थानों पर आर्थिक परियोजनाओं की स्थापना के साथ नई आर्थिक गतिविधियों के विकास के कारण आर्थिक वृद्धि की

* प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, अंजड़, जिला-बड़वानी (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

संभावनाएँ बनी रहती है। जबकि अन्दरूनी एवं पिछड़े गाँवों में अभी भी अवसर आधारित पारम्परिक जीवन और सरल उपभोग पैटर्न के साथ सदियों पुरानी परम्पराओं का पालन करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Richika, R., (2005). "Rural Marketing in India: Strategies and Challenges", New Century Publication.
2. जिला सांख्यिाकी पुस्तिका, 2017-18, जिला सांख्यिकी कार्यालय, देवास
3. Sudhanshu, S., and Sarat, S. K., (2010). "Non-Conventional MARCOM Strategy for RuralIndia", Indian Journal of Marketing, Volume: 40: (2),
4. स्वविवेक पर आधारित।



जिला / विकासखण्ड	गांव की संख्या	जिले की कुल जनसंख्या	कुल ग्रामीण जनसंख्या संख्या	500 से कम जनसंख्या वाले गांव			500 से 999 जनसंख्या वाले गांव			1000 से 1999 जनसंख्या वाले गांव			2000 से 4999 जनसंख्या वाले गांव			5000 से 9999 जनसंख्या वाले गांव		
				संख्या	प्रतिशत	जनसंख्या	संख्या	प्रतिशत	जनसंख्या	संख्या	प्रतिशत	जनसंख्या	संख्या	प्रतिशत	जनसंख्या	संख्या	प्रतिशत	जनसंख्या
टोंकखुर्द	108	133783	125804	27	25.00	8126	34	31.48	23773	31	28.70	46721	15	13.89	41817	1	0.93	5367
सोनकच्छ	128	172308	133945	28	21.88	9028	49	38.28	34104	39	30.47	54913	11	8.59	30371	1	0.78	5529
देवास	221	505948	216398	85	38.46	28667	65	29.41	47295	46	20.81	60177	20	9.05	51184	5	2.26	29075
कन्नौद	161	112387	207017	22	13.66	6142	52	32.30	37494	61	37.89	86247	24	14.91	64676	2	1.24	12458
बागली	271	195153	262770	107	39.48	24744	73	26.94	52656	57	21.03	75072	30	11.07	85792	4	1.48	24506
खातेंगांव	168	191435	166022	46	27.38	13830	67	39.88	49052	41	24.40	60641	12	7.14	31283	2	1.19	10766
देवास	**1057**	**1563715**	**1111956**	**315**	**29.80**	**90537**	**340**	**32.17**	**244374**	**275**	**26.02**	**383771**	**112**	**10.60**	**305123**	**15**	**1.42**	**88151**

Source:-http://censusindia.gov.in/2011census/dchb/DCHB_A/23/2320_PART_A_DCHB_DEWAS.pdf

भक्त कबीर विचारधारा

मनजीत कौर *

प्रस्तावना – भक्त कबीर जी को मध्यकालीन भक्तों में अति महत्वपूर्ण और सम्मानीय स्थान प्राप्त हुआ है। धर्म चिन्तन के क्षेत्र में भक्त कबीर जी का योगदान बहुत सराहनीय है। इन्होंने उस समय लोगों को सत्य का मार्ग दिखाया जब समाज धार्मिक कट्टरता और भ्रम के भयानक दौर से गुजर रहा था। भक्त कबीर जी के समाज हित और एक परमात्मा की बंदगी के कारण ही वे मध्यकालीन युग में उत्तर भारत के महान सन्तों में एक हुए। यही कारण था कि गुरू अर्जुन देव जी की नजरों में भक्त कबीर जी की वाणी परवान चढ़ी और श्री गुरू ग्रन्थ साहिब में दर्ज की गई।

भक्त कबीर जी का जन्म ज्येष्ठ 1455 संवत् अर्थात 1398 ई. में हुआ। 'कबीर चरित्रबोध' अनुसार 1455 संवत् और डॉ. श्यामसुन्दर दास जी के अनुसार 1456 संवत् होना बताया गया है। 'मूल बीजक ग्रन्थ' अनुसार भी 1456 संवत् होना स्वीकारा गया है।

चौदह सहि छप्पन जेठ पूनम चन्द सौ बारां।
कबीर साहिब का जन्म हित काशी में अवतारा।।[1]

'कबीर कसौटी' में इनका जन्म 1455 संवत् स्वीकारा गया है।

चौदह सौ पचपन साल गये। चन्दर वार एक ठाट गए
जेठ सुदी बरसाई को। पूरण मासी प्रगट भये।[2]

कुछ विद्वान इनको जुलाहा मानते है और कुछ मुसलमान। पर गुरूवाणीनुसार भक्त कबीर जी जुलाहा बिरादरी में पैदा हुए।

जाति जुलाहा मति का धीर।
सहजि सहजि गुण रमै कबीर।।[3]

सामाजिक तौर पर भक्त कबीर जी सच्चे प्रभु भक्त थे।

उनकी सोच लोकहितकारी और क्रांतिकारी थी। इनकी रचनाओं का मुख्य सार समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाना था। वे निडर और निरवैर वृति के धनी थे। बेशक भक्त कबीर जुलाहा जाति से संबंध रखते थे। पर असल में सन्त महापुरूषों का संबंध किसी जाति महजब से न होकर समस्त लौकाई के लिए दरिया के बहनें के समान एकसार होता है जो निरन्तर बहते रहने का संदेश देता है। इनके समय में ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थितियाँ बड़ी विकट थी। किसी भी समय राज परिवर्तन सम्भव था। ऐसे हालात में कबीर जी ने रामानन्द जी से राम–नाम का उपदेश लेकर हिन्दुओं और मुसलमानों की रूढ़िवादी धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं का त्याग करके सर्वएकता और सर्वव्यापक निर्गुण परमात्मा का प्रचार किया। भक्त कबीर जी के धर्म प्रचार कारण उस समय के धार्मिक अवलम्बी बहुत प्रभावित हुए। जिस कारण अनेकों परिवर्तन वृति वाले लोग आप जी के शिष्य बन गये।

गृहस्थ जीवन के बारे गुरवाणी के कई हवालों को आधार बना कर कुछ विद्वानों ने ये अनुमान लगाया है कि भक्त कबीर जी ने ग्राहस्थ्य में रहते हुए प्रभु भक्ति की।

गुरू दीक्षा – कबीर जी के गुरू रामानन्द जी हुए। माना जाता है कि भक्त कबीर जी रामानन्द जी के रास्ते में लेट गए थे और जब रामानन्द जी नदी से स्नान करके वापस आ रहे थे तो उन्होंने कबीर जी को अपने पैर के अंगूठे से हिला कर कहा कि प्यारे राम–नाम बोल। इस उपदेश के बाद भक्त कबीर जी रामानन्द जी के शिष्य बन गए। इस साखी का प्रमाण सिक्खों के महान विद्वान भाई गुरदास जी ऐसे देते हैं –

होई बिरकत बानारसी रहिंदा रामानन्द गुसाईं।
अम्रित वेले उठ के जांदा गंगा नावन ताईं।
अग्गो ही दे जाइकै लंमा पिया कबीर तिथाईं।
पैरी टुंब उठालिया 'बोलहु राम' सिख समझाई।
जिउ लोहा पारसु छुहे चन्दन वास निंम महकाई।
पशु प्रतेहु देव करि पूरै सतगुरि की वडआई।
अचरज नूं अचरज मिलै बिसमादै बिसमांद मिलाइ।
झरना झरदा निझरहुं गुरमुखि बाणी अघड़ घड़ाई।
राम कबीरै भेद न भाई।।15।।[4]

रचनाएँ – भक्त कबीर जी गुरू ग्रन्थ साहिब में संकलित भक्तों में शिरोमणि भक्त हुए हैं। गुरू ग्रन्थ साहिब में कबीर जी के पद सारे भक्तों से ज्यादा हैं आप जी की बाणी 229 शब्द और 243 श्लोक है सहित 6 श्लोक गुरु साहिब के दर्ज हैं। इन 6 श्लोकों में एक गुरू अमरदास जी और 5 गुरू अर्जुन देव जी के हैं।

विचारधारा – भक्त कबीर जी ने अपने प्रचार काल दौरान जो उपदेश दिए वे उपदेश ही शिक्षाओं के रूप में यहाँ अंकित करने की कोशिश की गई है। भक्त कबीर जी के जीवन में अनेकों ऐसे पहलु देखे जा सकते हैं जहाँ से इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि कबीर क्रांतिकारी वृत्ति के थे। आपने पाखण्ड, कर्मकाण्ड, ब्राह्मणों की वर्ण भेद और जाति–पाति के भेदभाव का बड़े जोरदार, व्यंग्यमयी और कटाक्ष भरे ढंग से विरोध किया। कबीर की विचारधारा को समझने के लिए निम्न पहलुओं पर दृष्टि डाली जा सकती है। 1. सामाजिक चेतना, 2. भ्रम का खण्डन, 3. ब्रह्म स्वरूप का निर्णय, 4. माया, 5. जीवात्मा, 6. शरीर की नश्वरता, 7. मुक्ति

1. सामाजिक चेतना – भक्त कबीर जी के समय दो विभाजन राजसी और धार्मिक थे। एक हिन्दु और दूसरा मुसलमान। हिन्दुओं में ब्राह्मण श्रेणी जो अपने आप को सबसे श्रेष्ठ समझती थी और दूसरे किसी को मन्दिर के पास भी नहीं फटकने दिया जाता था। राजसी श्रेणी मुसलमानों की थी जो गैर मुस्लिम वर्ग पर विभिन्न प्रकार के कर लगाते थे। उन पर अत्याचार किए

*शोधार्थी (हिन्दी) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

जाते थे। अत्याचारों की घटना कबीर जी के साथ भी घटी वो बताते हैं –

मन न डिगै तन काहै को डराई।
चरन कमल चित्त रहिउ समाई।।[6]

पर बावजूद इसके भक्त कबीर जी ने न ही परम्परावादी ब्राह्मण सोच को अपनाया न ही मुसलमानों के दबाव अधीन उनकी अधीनगी स्वीकार की। कबीर निडर और निरवैर की वृति वाले सन्त थे। वो सब में परमात्मा का स्वरूप देखते थे –

अव्वल अल्लाह नूर उपाइया कुदरति के सब बंदे।
एम नूर ते सब जग उपजिया कवनु भले को मंदे।।[7]
लोगा भरभि न भूलहि भाई।
खालिक खलक खलक महि खालिक पूरि रहिउ सब ठाई।।[8]

2. वहम भ्रम का खंडन – भक्त कबीर जी के समय देश में अनेक तरह के भ्रम फैले हुए थे। समस्त लुकाई इन भ्रमों के जाल में फंसी हुई थी। एक प्रचलित घटना और गुरवाणी के हवाले के अनुसार जिसका खण्डन भक्त कबीर जी ने किया कि जो लोग मगहर की धरती पर मरते हैं। वो गधे की योनि में पड़ते हैं और जो बनारस यानि काशी में मरता है वह मुक्त होता है। पर भक्त कबीर जी ने इस धारणा को खत्म करने के लिए अपने जीवन का आखिरी समय मगहर में बिताया।

सकल जन्म शिवपुरी गवाइया।
मरती बार मगहरि उठ आया।
हुत बरस तप किया काशी।।
मरन महइया मगहर की बासी।।3।।
काशी मगहर सम बिचारी।।
ओछि भक्ति कैसे उतरसि पारी।।[9]
तेरे भरोसे मगहरि बसिउ मेरे तन की तपति बुझाई।।
पहले दरसनि मगहर पाइउ फुनि काशी बरने आई।।[10]
जैसा मगहरि तैसी काशी हम एकै करि जानि।।
हम निरधन जिउ इह धन पाइया मरते फुटि गुमानि।।[11]

3. ब्रह्म स्वरूप का निर्णय – ब्रह्म से भाव जो परमात्मा सर्वशक्तिमान हैं के बारे में कबीर जी बताते हैं कि वो ब्रह्म जात–पांत के बंधनों से मुक्त है, वह मनुष्य के हृदय रूपी घर में रहता है मजहबों में नहीं।

अलहु गैब सकल घट भीतरि हृदय लेहु बिचारी।
हिन्दु तुरक दुहूँ महि एकै कहै कबीर पुकारी।।[12]

उस ब्रह्मा के बारे में कबीर जी कहते हैं कि यदि सारे समुद्रों को इकट्ठा करके स्याही बनाई जाए और सारे जंगलों को काट कर कलम बनाई जाए और सारी धरती को कागज मान करके उस पर ब्रह्म का यश लिखा जाए तो भी उसका यश लिखने में धरती रूपी कागज कम पड़ जाएगा। वो ब्रह्म सर्वव्यापक हैं पर उसको पाने के लिए अपना आप मिटावा पड़ता है।

कबीर तूं तूं करता तूं हुआ मुझ में रहा न हूं।
जब आपा पर का मिटि गया जत देखउ तित तूं।।[13]

4. जीवात्मा – जीवात्मा का संबंध ही परमात्मा के साथ है, मनुष्य का शरीर तो पंच तत्व से प्राप्त हुआ है एक दिन इसने विनष्ट हो जाना है पर जीव आत्मा हमेशा अमर है।

गुरु प्रसादि मैं डगरो पाईया।
जीवन मरण दोउ मिटवाइया।।
कहु कबीर इहि राम की अंसु।
जस कागद पर मिटै न भंसु।।
जब लगि तेल दीवै मुखि बाटी तब सूझै सब कोई।
तेल जलै बाती ठहरानी सूना मंदर होई।।
रे बहुरै तुहि घरी न राखै कोई।
तू राम नाम जपि सोई।।[15]

जिस तरह दीपक में तेल और बाती होती हैं और जब तेल खत्म हो जाता है तो बाती भी जल जाती हैं और दीपक खाली हो जाता है इस प्रकार जब सांसो रूपी तेल और आत्मा रूपी बत्ती इस शरीर को छोड़कर चली गई तो पीछे इस शरीर का भी नष्ट हो जाना तय है।

5. माया – भक्त कबीर माया को परमात्मा ही की शक्ति स्वीकारते हैं उनके अनुसार परमात्मा ने ही सृष्टि रचना करते समय माया की रचना की है। माया के तीन रूप स्वीकार किए जाते हैं। रज, सत, तम।

रज गुण, तम गुण, सत गुण कहियै इहि तेरी सब माया।
चउथे पद को जो नर चीन्है तिनहि परम पद पाया।।[16]

माता–पिता, भाई–बहन सब माया के आवरण में ही है यहाँ तक कि ब्रह्मा, विष्णु आदि भी इस माया से नहीं बच सके।

अंधकार सुखि कबहि न सोई है।
राजा रंग दोउ मिलि रोई है।।
जपउ रसना राम न कहिबो।
उपजत बिनसत रोवत रहिबो।।[17]

भक्त कबीर माया को, बहुत ही खतरनाक मानते हैं क्यूंकि ये मनुष्य को अपनी गिरफ्त में ले लेती है और फिर छोड़ती नहीं और अन्त समय में माया मनुष्य का साथ नहीं देती।

कबीर माया डोलनि पवनु झकोलनहार।।
संतहु माखन खाया छाछि पीये संसारा।।[18]

सारी दुनिया तो क्या कबीर जी बताते है तीनों लोकों (ब्रह्ममपुरी, शिवपुरी, इन्द्रपुरी) भी इस माया के पीछे लगे हुए हैं पर एक सन्त महात्मा ही है जिनका इस माया से बैर है।

नाकहु काटी कानहु काटी काटि कूट कै डारी।
कहु कबीर संतनु की बैरनि तीनि लोकि की प्यारी।।

इसलिए कबीर जी मनुष्य को इस माया से बचने के लिए प्रेरित करते हैं और कहते हैं कि सबसे उत्तम परमात्मा का नाम है उसी के सहारे जीव माया के प्रभाव से बच सकता है।

6. शरीर की नश्वरता – कबीर जी इस शरीर को पांच तत्वों का पुतला मानते हैं, पंच तत्वों की समाप्ति के साथ ही शरीर भी नश्वर हो जाता है।

खट नेम करि कोठडी बांधी बसतु अनूप बीच पाई।
कुंजी कुलफु प्राण करि राखै करते बार न लाई।।
पंच परऊआ दर महि रहते तिनका नहीं पतिआरा।
चेति सुचेत चित होई रहु तउ लै परगासु उजारा।।[19]

जन्म ले के आए मनुष्य के लिए ये लोक लड़कियों के मायके से जोड़ते हुए कबीर जी बताते हैं कि जिस प्रकार माता–पिता के लाड़ प्यार से पली बढ़ी बेटी एक दिन मायके को छोड़कर ससुराल चली जाती है। उसी प्रकार शरीर ने भी नष्ट हो जाना है और फिर इस शरीर रूपी घर से निकल जाना है–

पेवकडै दिन चारि है साहुरडै जाना।
अंधा लोक न जानही मुर्ख इयाना।।[20]

7. मुक्ती – भारतीय धार्मिक परम्परा में मुक्ती को बहुत ही महत्व दिया जाता है। परम्परावादी सोच के अनुसार जीव की मृत्यु के बाद उस परमात्मा

के साथ हुए मेल को मुक्ती कहा जाता है। पर भक्त कबीर जी और गुरूवाणी के अनुसार सांसारिक बंधनों से छुटकारा और प्रभु के चरणों के प्यार का आनन्द लेने वाला जीव जब सांसारिक विकारों से अपने मन को तोड़ लेता है, तब फिर से आत्मा और परमात्मा का आपसी मेल हो जाता है इनको ही मुक्ति कहा जाता है।

कबीर मन निर्मल भया जैसा गंगा नीर।
पाहै लागै हरि फिरै कहत कबीर कबीर।।[21]
(शब्दार्थ, श्री गुरू ग्रन्थ साहिब पृष्ठ 1367)

निर्ष्कषत: कहा जा सकता है कि भक्त कबीर जी ने उस समय जन्म लिया जब भारत के हालात धार्मिक और राजसी तौर से उथल-पुथल हो रहे थे। फिर भी उन्होंने अपना प्रचार प्रसार निरन्तर जारी रखते हुए लोगों को वहम, भ्रमों से निकालते हुए सामाजिक और धार्मिक पद को नया रूप प्रदान किया। जिससे समाज में फैली कुरीतियों का खात्मा हुआ और कट्टरता भी ढीली हुई। कबीर ने जन भाषा, लोकभाषा को महत्व दिया उनका मानना था कि लोगों तक अपनी बात पहुँचानी है तो उन्हीं की भाषा में पहुँचे तो ही उसकी सार्थकता है। कबीर की जनभाषा का महत्व गुरू ग्रन्थ साहिब के संकलनकर्ता में भी माना है। यदि ऐसा नहीं होता तो वे अवधी, ब्रज, राजस्थानी के पदों का संकलन नहीं करते। ऐसा करने में उनका पंजाबी होना आडे नहीं आता।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उद्धरित डॉ. जसबीर सिंह साबर, श्री गुरू ग्रन्थ साहिब और भक्त कबीर जी, शि. गु. प्र. कमेटी श्री अमृतसर , पृष्ठ 9
2. वही, पृष्ठ 9
3. शब्दार्थ, श्री गुरू ग्रन्थ साहिब, पृष्ठ 328
4. वारां भाई गुरदास, 10/15
5. स. कृपाल सिंह चन्दन, भक्त कबीर जीवन और विचारधारा, पृष्ठ 5
6. शब्दार्थ, श्री गुरू ग्रन्थ साहिब, पृष्ठ 1162
7. वही, पृष्ठ 1349
8. वही, पृष्ठ 1350
9. वही, पृष्ठ 326
10. वही, पृष्ठ 969
11. वही, पृष्ठ 969
12. वही, पृष्ठ 483
13. वही, पृष्ठ 1375
14. वही, पृष्ठ 871
15. वही, पृष्ठ 478
16. वही, पृष्ठ 1123
17. वही, पृष्ठ 325
18. वही, पृष्ठ 1365
19. वही, पृष्ठ 339
20. वही, पृष्ठ 323
21. वही, पृष्ठ 1367

****

शिवप्रसाद सिंह की कहानियों में ग्रामीण समाज

कमलेश चौधरी *

प्रस्तावना – शिवप्रसाद सिंह आजादी के बाद के कथाकारों में प्रमुख रचनाकार है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के बाद बदलते परिवेश का यथार्थ चित्रण उन्होंने कहानियों में किया है। उन्होंने व्यक्ति ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के विघटनकारी मूल्यों को बारीकि से समझा और कहानियों का विषय बनाया है। उन्होंने जब कथा लेखन प्रारम्भ किया उस समय देश औद्योगिकरण, पंचवर्षीय योजना आदि विभिन्न विकासमान मूल्यों की ओर गतिशील था। अम्बेडकर और गांधी के प्रायस से दलित वर्ग में चेतना जाग्रत हो रही थी। ग्रामीण समाज बिखर रहा था। इस स्थिति में ग्रामीण परिवेश का बदलता स्वरूप अपनी कहानियों में प्रस्तुत किया। कहानियों में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, जातिगत आदि विभिन्न समस्याओं को उजागर किया। इस विषय में विवेकीराय कहते हैं बदले हुए गांव और बिन बदली हुई गांव के गरीबों की नियति से संबंधित सवालों को कथाकार शिवप्रसाद सिंह विविध कोणों से उठाते हैं आर्थिक सवालों से तीखे सामाजिक सवाल हैं।

इनकी कहानियों का विषय ग्रामीण जीवन पर आधारित होने के कारण, इन्हें प्रेमचन्द को परम्परा का अनुगामी कहा जाता है दोनों लेखक ग्रामीण जीवन के कथाकार है लेकिन अलग-अलग देशकाल, वातावरण के कारण दोनों की रचना प्रक्रिया, कथाशिल्प में भिन्नता दिखाई देती है। प्रेमचन्द के समय साम्राज्यवाद फैला हुआ था जनता सामन्तवाद से संघर्ष कर रही थी वहीं सब प्रेमचन्द की कहानियों का विषय रहा। लेकिन शिवप्रसाद सिंह के समय देश स्वतंत्र हो गया था, जमींदारी प्रथा लगभग समाप्त हो गयी थी। जमींदारी समाप्त होने पर भी जमीदारों का शोषण बरकरार रहा। शिवप्रसाद सिंह प्रेमचन्द की परम्परा में होते हुए भी आधुनिक कथाकार हैं।

इनकी कहानियों में परम्परागत रूढियां न होकर आधुनिकता का समावेश है प्रेमचन्द की परम्परा में होने के कारण शिवप्रसाद सिंह की कहानियों में ग्रामीण जनजीवन की पीड़ा, उच्चतर नैतिकता तथा नैतिक संघर्श दिखाई देता है। उनके चेतन, अवचेतन में ग्रामीण जीवन की यथार्थ स्मृतियां झलकती है। शिवप्रसाद ने व्यक्ति बाह्य और आंतरिक सभी समस्याओं को उजागर करने के प्रयास किया है स्वयं शिवप्रसाद सिंह के शब्दों में ग्रामीण जीवन की कहानियों का प्रतिपाद्य स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा मैंने ग्राम जीवन से ही अधिकांश चरित्र चुने। यह मेरी विवशता इसलिए है क्योंकि मैं इन चरित्रों के बाह्य आभ्यंतरिक रूपों को ज्यादा आसानी से समझता हूँ।'[1]

इन पात्रों में नन्हों, माटी की औलाद का टीमल कुम्हार, पापजीवी का बदलु आदि के अंत:मन की जीवन्तता कहानियों में द्रष्टव्य हैं। सभी पात्र इनके आस-पास के लोग ही है उनके जीवन के प्रत्येक स्थिति एवं समस्याओं को उन्होंने नजदीक से देखा परखा है शिवप्रसाद को ग्रामीण जीवन का गहरा अनुभव है। उन्होंने ऐसे पात्रों का चयन किया है, जो बिना किसी अपराध की यातना झेलते है उनकी बिंदा महाराज ऐसे ही पात्र पर केन्द्रित है जो बिना किसी अपराध के अनेक सामाजिक समस्याओं का सामना कर रहा है।

नयी कहानी की प्रवृत्तियों जैसे विश्वसनीयता अनुभूति की प्रमाणिकता और अभिव्यक्ति की ईमानदारी का समावेश इनकी कहानियों में दिखाई देता है। शिवप्रसाद सिंह का कथन है, मेरी कहानियों में उपन्यासों में जो पात्र आए है, वे पूरे के पूरे कल्पना द्वारा नहीं निर्मित किए गए है यह अलग बात है कि परिवार, रिश्ते, परिवेश और वातावरण भिन्न है लेकिन वो सब मेरे जाने हुए और देखे हुए हैं। कहीं न कहीं मेरा उनसे मानवीयता के धरातल पर संवेदना के स्तर पर सर्म्पक रहा है, चाहे वे खुबबक्श या बिंदा महाराज देखे हुए पात्र है काल्पनिक नहीं। इन्होंने अपने परिवेश के प्रत्यक्ष अनुभव को कहानी का विषय बनाया। जो भी पात्र कहानियों में दिखाई देते है उनका आचरण चित्रण शिवप्रसाद सिंह जी ने जिस प्रकार किया है उससे महज ही पता चलता है कि कहानीकार ने इन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा जाना अच्छा अनुभव किया है उन्होंने कहा भी है 'ये अनुभव मेरे लेखक के लिए वरदान भी थे और चुनौती भी, वरदान इस अर्थ में कि मुझे अपनी कहानियों के प्लाट खोजने के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता था और चुनौती इस अर्थ में कि अपने व्यक्तिगत अनुभवों को मैं किस प्रकार एक अपेक्षाकृत विस्तृत मानवीय संवेदना से युक्त करू कि स्त्रोतों को वह आंचलिक न लगे।'[2]

शिव प्रसाद सिंह की कहानी 'मंजिल और मौत' में एक व्यक्ति के जीवन की लालसा को अत्यन्त मार्मिकता के साथ प्रस्तुत किया गया है। कहानी का पात्र 'बौड़म' स्वतंत्र भारत में जिंदगी की सारी विपरीत स्थितियों जुझता दिखाई देता है उसकी पत्नी ने भी उसे पागल कहकर ठुकरा दिया और स्वयं ठाकुर के कहने पर उसके नौकर की रखैल बन गयी। तब से बौड़म के मन की लालसा है कि पायलों वाली एक बहू लाए उसके घर की खुशियां पुन: लौट आए। कहानी में लेखक प्रतीक रूप में कुएं के पास की पुरानी सीढ़ियों का जिक्र करता है जो बौड़म की तरह बिल्कुल जर्जर हो गयी। 'जिसके सहारे पीठ को अड़ाकर अपने दोनों घुटनों के बीच सिर के गड़ाकर बौड़म निश्चेष्ट बैठा रहेगा, जैसे जिन्दगी के असहय भार को क्षण भर के लिए उतारकर कोई थका-हारा बटोही विश्राम करता हैं।[3]

बस विपरीत परिस्थिति में भी बौड़म में जिजीविषा है बौडम की विषम असहय स्थिति में भी पूरा गांव उसे मनोरंजन का साधन मानता है। बच्चे, बूढे, अंधेड, औरतें सब मिलकर बौड़म को मुफ्त का खेल समझते है उसके कंधे की चादर खींचकर उसे उकसाया जाता है। उसकी आंखों में क्रोध, दीनता, कच्ची नींद के टूटने की खुमारी, यह सब जान पाना बहुत मुश्किल है। वह अपनी चादर लेने के लिए वहां खड़े प्रत्येक व्यक्ति को करूणा की नजर से देखेगा। उसकी आंखों में बेबसी और आग्रह की मूर्ति दिखाई देती है। अरे दे

*शोधार्थी (हिन्दी) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

दो ना। वे हंसते है, मर्द है, मजबूत है। तुम तो औरत हो, गरीब हो, मेरी तरह कमजोर हो, तुम मुझे परेशान क्यों करती हों। इस करूणाबद्ध आग्रह में कितनी विन्रमता है, जिसे यह समाज समझना नहीं चाहता है।[4]

उसके दु:ख को समझने वाला समाज में कोई दिखाई नहीं देता। उसके जीने का एक मात्र सहारा मिटु कुत्ता है, जो एक महिने से दिखाई दे रहा है अत: यह कुत्ता सोते-जागते हमेशा बौड़म के साथ रहता है उस कुत्ते के आ जाने से बौड़म व्यस्त हो गया है और कोई यदि बौड़म के करीब आने की कोशिश करता है तो कुत्ता गुर्रा उठता है। और यहीं कुत्ता बौड़म का सहारा था और बौड़म की व्यस्तता का कारण बना हुआ था। लेकिन बौड़म की वयस्तता गांव वाले के मनोरंजन में बाधा बन रही थी। किसी गांव वाले ने उसके मिट्ठू को अंत में जहर दे दिया। इस स्वार्थी समाज से बौड़म की खुशी का एक मात्र सहारा भी लोगों ने छीन लिया। लेकिन इन विपरीत परिस्थितियों में भी उसके अंदर एक ऐसी जिजीविषा है तो विश्व की बड़ी से बड़ी समस्या का सामना कर सकता है 'बौड़म का पूरा जीवन सत्रांस से भरा हुआ है, वह जिंदगी से लड़ भी रहा हे लेकिन अपनी मंजिल पाने की उम्मीदों के कारण जिंदगी से हार भी नहीं मान रहा। उम्मीद की किरणें उसे हारने नहीं देती। अंत में उसकी मनोकामना पूरी होती है उसका घर दुल्हन की रून-झुन पायलों की आवाज से गूंज उठता है। बौडम के घर में चारों तरफ उल्लास था, आनंद था, और इस अपार खुशी की रात के सवेरे लोगों ने देखा कि आनंद के महासागर में तैरते हुए बौड़म का शरीर ठंडा हो गया। मरा सा तो था ही, पर इच्छा का जोर उसे खींचता गया, मंजिल पर आकर राही मौन हो गया। कहानीकार के कथा कौशल का चरम उनकी कहानी में द्रष्टव्य है उनके कथा पात्रों की दारूण यातना, असमान सामाजिक मूल्यों से पैदा होने वाली दु:सह यंत्रणा,सामाजिक कुरीतियों के घोर अभिशप्त पाठक को झकझोर देते है। कहानी का पात्र घोर जिजीविषा की शक्ति के कारण अंत तक पाठक को जोड़े रखता है। अत: अंत तक आशा दीप जलाये संघर्षरत रहता है।[5]

'कर्मनाशा की हार' कहानी में शिवप्रसाद सिंह ने अंधविश्वासों और सामाजिक रूढ़ियों पर करारा प्रहार किया है। इस कहानी में मनुष्य के कर्म को नष्ट करके उसे ऊपर सामाजिक रूढ़ियों और निर्यात का अभिशाप लादने वाली प्रकृति को उजागर किया है। कहानी का पात्र भैरो पाण्डे का छोटा भाई कुलदीप और जाति की विधवा फलमतिया से प्रेम करता हैं और लोकलाज के डर से उसे गर्भवती कर भाग खड़ा होता है। उसी समय कर्मनाशा नदी में बाढ़ आती है, जिसे इसी पाप का परिणाम मानकर गांव का ठाकुर फुलमत और उसके बच्चे सहित बलि देने को तैयार हो जाता है।[6]

वही लेखक इन अंधविश्वासों की दीवारों को तोड़ते,स्वस्थ, आधुनिक विचारों वाले पात्र भैंरो पाण्डे को खड़ा करता है भैरो कहता है[7] 'कर्मनाशा की बाढ़ एक दुधमुहे बच्चे की बलि देने से नहीं रूकेगी उसके लिए तुम्हें पसीना बहाकर बांधो को ठीक करना होगा।'[8] भैंरो का चरित्र अत्यंत आधुनिक विचारधारा का परिचायक है। भैरों का कथन- 'कुलदीप कायर हो सकता है, किन्तु मैं कायर नहीं हूँ। मेरे जीते जी बच्चे और उसकी माँ का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता।[9] जिस समाज में भैरो पाण्डे जैसे लोग रहेगें वहाँ की कर्मनाशा को पराजित होना ही है। गोपालराय ने लिखा है य'इससे कहानीकार की नयी सोच और संवेदना का पता चलता है। कर्मनाशा नहीं यदि उस रूढ़िवादी परम्परा का तो भैरो पांडे उस नयी चेतना का प्रतीक है जिसके सामने कर्मनाशा को झुकना ही पड़ता है।[10] इस कहानी में बदलते ग्रामीण जीवन के पारम्परिक भूतों-मान्यताओं की ओर संकेत किया है।[11]

'नन्हों' कहानी में शिवप्रसाद ने नन्हों के जीवन की विडम्बनाओं, परम्पराओं दाम्पत्य जीवन और प्रेम संबंधों को रेखांकित किया है। इस कहानी में नन्हों का वैवाहिक जीवन अत्यन्त दुखदायी बनकर प्रस्तुत हुआ है। शादी से पूर्व शादी के लिए रामसुभग नामक लड़का दिखाया जाता है।[12] जो सुन्दर और सुडौल है लेकिन शादी किसी मिसरी लाल जो पैर से विकलांग है से कर दी जाती है। यह बात नन्हों के पिता को मालूम है परन्तु नन्हों के लिए अच्छे घर और अच्छे वर के लिए दहेज देने की औकात नहीं है। अत: वह इस बात के पता होने पर भी चुप ही रहता है। लम्बे घूंघट के नीचे आँसूओं को सुखाती हुई नन्हों सुहागिन बनी। शादी के धोखे की पीड़ा उसे जीवन भर सताती रहती है इस पीड़ा कैसे उबरने के पहले ही पति की मृत्यु हो जाती है। 'ये कांच की चूडियाँ भी किस्मत का अजीब खेल खेला करती है।'[13] नन्हों जब इन्हें पहनना नहीं चाहती थी तब तो ये जबरदस्ती उसके हाथों में पहना दी गयी और अब जब इन्हें उतारना नहीं चाहती तो लोगों ने जबरदस्ती हाथों से उतरवा दिया। नन्हों का पूरा जीवन सामाजिक मर्यादा और नैतिक दबावों में ही बीत जाता है। मन में दु:ख को छिपाए वह अकेले ही जीवन संघर्ष करती रही। आधुनिकता के इस दौर में भी ग्रामीण समाज का ढांचा आज भी रीति रिवाजों, कुप्रथाओं से जकड़ा हुआ है। शिव प्रसाद सिंह जी कहते है 'नन्हों मध्यवर्गीय नारी का प्रतिनिधित्व करती है, उसे शायद इतनी छूट मिल जाए कि वह भविष्य में अपनी मजबुरियों से बचने के लिए कोई रास्ता ढूंढ ले, क्योंकि समाज का नैतिक ढांचा काफी तेजी से बदल रहा है।'[14]

कहानी 'गंगा तुलसी' एक विधवा स्त्री के जीवन पर केन्द्रित है। गंगा के असुरक्षित जीवन और स्त्री की नियति को चित्रित किया गया है। गंगा अपने इकलौते पुत्र को पढ़ाना चाहती है।

लेकिन उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, बेटे को पढ़ाने के लिए वह जमींदार के घर में चूल्हा-चौका का काम करने लगती है। जहां उसे मजबूरन जमींदार से संबंध बनाते पड़ते है। गंगा की मजबूरी का जमींदार फायदा उठाता है। गंगा बेटे की पढ़ाई के लिए जमींदार के कुकर्मो का विरोध नहीं कर पाती और परिस्थिति से समझौता कर लेती है। गंगा और जमींदार के संबंधों की चर्चा पूरे गांव में फैल जाती है, यह बात जब उसके बेटे को पता चलती है तो दलदल से निकल नहीं पाती। समाज उसकी कोशिशों को कामयाब नहीं होने देता। श्यामा को वेश्या बनने पर मजबूर करने वाला कौन है? क्या वह स्वयं वेश्या बनना चाहती थी?

शिवप्रसाद सिंह की कहानियां समाज में फैली इन समस्याओं के प्रति संकेत ही नहीं करती अपितु इन पर प्रश्न चिन्ह भी लगाती है। इनकी कहानियें में समाज का सच्चा आईना दिखाई देता है समाज में व्याप्त आर्थिक शोषण के शिकार चरित्रों का चित्रण शिवप्रसाद सिंह की कहानियों में होता है, इन्होंने पात्रों की सजीवता उनकी चारित्रिक स्थितियों, संघर्षो का स्पष्ट एवं यथार्थ चित्रण किया है शिवप्रसाद जी ईमानदारी, आत्मीयता और संवेदना के साथ ग्रामीण समाज की समस्याओं को उजागर करने का प्रयास किया है। इन ग्रामीण समाज संदर्भित कहानियों के माध्यम से शिवप्रसाद सिंह ने समाज की सड़ी-गली परम्पराओं, प्रथाओं, रीतिरिवाजों, अंधविश्वासों को समाज से निकल फेंकने का कार्य भी किया है। इन्होंने अपनी कहानियों में व्यक्ति के जीवन के सभी पहलुओं को बड़ी मार्मिकता से साथ उभारा है।[15]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राय विवेकी, हिन्दी कहानी, समीक्षा और सन्दर्भ, राजीव प्रकाशन, इलाहाबाद सं.1985 पृ.सं. 27
2. सिंह शिवप्रसाद, स्मृतिनिधि कहानियां, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 1994, पृ.सं. 80

3. सिंह शिवप्रसाद, मेरे साक्षात्कार, किताबघर, नई दिल्ली, सं. 1995 पृ. सं. 72
4. वहीं –,– पृ. सं. 67
5. सिंह शिवप्रसाद, अंधकूप, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली सं. 2005 पृ.सं. 68
6. वहीं –,– पृ. सं. 69
7. शिवप्रसाद, मेरे साक्षात्कार, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 1995, पृ.सं. 41
8. सिंह शिव प्रसाद, अंधकूप, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2005 पृ. सं. 75
9. वहीं –,– पृ.सं. 52
10. वहीं –,– पृ. सं. 61
11. राय गोपाल, हिन्दी कहानी का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2014 पृ.सं. 112
12. सिंह शिवप्रसाद, एक यात्रा सतह के नीचे, अंधकूप, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली सं. 2005 पृ.सं. 27
13. सिंह शिव, मेरे साक्षात्कार, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली सं. 1995 पृ. सं. 13
14. सिंह, शिव प्रसाद, अंधकूप, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2005, पृ.सं. 231
15. सिंह शिवप्रसाद, एक यात्रा सतह के नीचे, अंधकूप, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ.सं. 49

****

A Study of Essential Skills by Experts and Students of Teacher Education : Suggested Strategies

Dr. Nirupama Sharma * Pratima Samar **

Abstract - The present research article is based on the study of essential skills by experts and students of teacher education. The main objective was to study the rating given to the each Skill by experts and students of Teacher Education and the second objective was to suggest some strategies to develop the selected skills among the students of Teacher Education. For this research a sample of 50 students studying in the B.Ed. Course and 15 experts teaching them were taken from 5 old B.Ed. colleges of Udaipur City. Data was collected by self made rating scale for students and Experts (enlisting 10 skills). For analysis, the rating given by experts and students to each skill was recorded and mean was calculated. The analysis shows that the communication skill is of great importance for teacher education group and so the researcher suggested some strategies to develop communication skill among the students of teacher education group.

Introduction - An educational organization performs a considerably important role in providing learning experiences to lead its students from shadows of ignorance to the bright light of knowledge. The key persons to bring about this huge transformation are teachers. As stated by NCTE (1998) in Quality concerns in Secondary teacher education "The *teacher is the most important element in any educational program. It is the teacher who is mainly responsible for implementation of the educational process at any stage*". Thus it is very important to empower the preparation of teachers, so that the future of the nation is safe and secure. The teacher education providing organizations have a great responsibility and must show the ability to change and modify according to the need of the time.

Now as time is changing, the skills that students need to be successful in life and society also should change. The students need to be flexible and skill ready for the present scenario. They should be ready to constantly learn new skills. Skills are described variously. **www.yourdictionary.com** defines "Skill is a talent or ability that comes from training or practice." **DK Illustrated Oxford Dictionary (2008)** explains 'skill' as "expertness, practiced ability, facility in an action, dexterity or tact." The teacher education institutes must be enriched with all new and modified skills.

Thus it is important to study the inclination of experts and students towards various essential skills and select an important skill required for the students of teacher education group in terms of its value in making the student of their stream employable. There is also a need to understand the ways to develop this important skill.

Problem Statement - "**A Study of Essential Skills by Experts and Students of Teacher Education: Suggested Strategies**"

Research Objectives

I. To study rating given to each essential skill by experts and students of Teacher Education.
II. To suggest some strategies to develop the most important skill among the students of Teacher Education.

Delimitations of the study - The study was confined to the Teacher Education colleges of Udaipur city of Rajasthan State only.

Research Method - For any research, appropriate method selection is very important. As per the need of the study, Survey Method is adopted for this study.

Tools for the study

1) A common rating scale listing 10 skills which are mostly required by students of teacher education during job.

Sample used for study :

I. From 5 old B.Ed. colleges, 3 experts were taken into consideration thus in all (5*3) **15 experts** were selected
II. From each selected B.Ed. colleges, 10 Students were selected randomly, thus in all (5*10) **50 students** were selected.

Data analysis and interpretation - The researcher studied a lot of researches and enlisted 10 skills with their meanings and the students and the experts were asked to rate each skill in terms of its value in making the student of their stream employable where **5** indicated ***most important*** and **1** indicated ***least important.*** The calculation of the rating scale is done and the average values of the responses

*Associate Professor, Rajasthan Mahila Teachers' Training College, Udaipur (Raj.) INDIA
** Research Scholar, Mohan Lal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA

given by experts and students is recorded in the following table1.1-

Table 1.1 (see in next page)

The rating in Table 1.1 shows that communication skill is most essential skill in terms of its value in making the student of teacher education stream employable. Both students and students have given the highest rating to communication skill.

Chart 1.1 shows the average rating values given by experts and students of Teacher Education to various essential skills.

Chart 1.1 (see in next page)

Chart 1.1 depicts the comparison of responses of experts and students. Both agree that communication skill is important and consider it to be the most important skill. Seeing its importance, the researcher suggested some strategies for developing communication skill.

Strategies for developing communication skill - The strategies were developed for the communication skill by the researcher after studying the available books and Websites for definitions, main components. Some experts were also consulted for developing strategies. It was found that Communicative skill is basically a combination of four basic skills (listening skill, speaking skill, reading skill and writing skill) working together. The suggested strategies for developing communication skills are as follows-

1. **Attend workshops -** students can attend specially oriented workshops for developing various communication skills. They can get a chance to finely modify their abilities by fine tuning their styles.
2. **Do brainstorming –** the students ask some "wh" questions like what, when, where, why, who, and how to themselves and try to find specific answers. This enables the students to create authentic ideas.
3. **Be receptive** – students must be coached to be receptive to what they listen and read, to comprehend and to appreciate.
4. **Be productive**– students must be trained to be productive and express creatively with fluency, with right pronunciation, without grammatical errors, correct usage of vocabulary and with clarity of thoughts.
5. **Stop hesitation** – students must be trained to build up confidence, mental confidence to remove stage fear, to develop tranquility and self esteem in students and motivate to fight with hesitation.
6. **Sequence ideas -** structure and unity are two very important features of any work, thus now the students are exposed to arrange their ideas in proper sequence
7. **Supplement thoughts –** thoughts and ideas should be created and supplemented through extensive reading.
8. **Avoid distractions**- while the listening, speaking, reading or writing the students should not be exposed to any distraction like TV, mobile, audio, etc thus understanding the hindrances they create
9. **Practice regularly** all the learnt abilities can be enhanced by regular and continued practice. All the above mentioned strategies should be followed and activities such listening some music, regional dialects etc reading of poetry, story, great speeches etc, and after that students are suggested to answer the questions based of comprehension, puzzles games, story telling, interactive group discussions, wall magazine preparation, slogan writing, developing models, organizing exhibitions, peer group learning, panel discussion, organizing street plays, and creative writings to improve communications.

Educational Implications - The present research is of great use to teachers as well as students. This research gives the average values of responses given by experts and students thus indicating the rating given to each essential skill by them and also show how important is each skill for teacher education. This rating shows that students and experts feel that communication skill is the most important skill. The suggested strategies along with activities are ready to use for developing communication skill among students.

Conclusion - This research gives the inclination of experts and students of teacher education towards various essential skills and thus an important skill required for the students of teacher education group in terms of its value in making the student of their stream employable is selected. Some useful strategies for developing it among the students are also suggested.

References :-

1. **Steven Farr (2010)** in a blog answered How Do You Define 21st-Century Learning?
2. **Nair Prakash(2008)** in the guidebook "*30 Strategies For Education Innovation*" stated that Cultural diversity is an important strength in today's increasingly global society and so he represented a new, alternative, education model
3. **Palit, Amitendu (2009)** presented a working paper titled "**Skills Development in India: Challenges and Strategies"**
4. City guides, Manipal Global and FICCI, Skills for All, New Approaches to Skill Development
5. www.Jstor.org
6. www.shodhganga.org
7. www.wikieducator.org
8. www.journals.elsevier.com
9. www.skillsyouneed.com/
10. www.eduvisors.com

Table 1.1

N	Skills	Collaborative Skill	Communicative Skill	Conflict Managing Skills	Creative Skill	ICT Skill	Innovative Skill	Leadership Skill	Problem Solving Skill	Stress Managing Skills	Time Management Skills
50	Average values (Students)	4.66	4.84	4.18	3.72	4.38	3.36	3.94	4.44	3.34	3.7
15	Average values (Experts)	4.87	4.87	4.20	3.73	4.20	3.53	4.07	4.33	3.33	3.40

Chart 1.1



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

ग्रामीण बाजार के उपभोक्ताओं की समस्या (देवास जिले के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ. सुनील मोरे* जाहिद खान **

प्रस्तावना – देवास जिले का गठन मध्यप्रदेश के अन्य जिलों की तरह 1 नवम्बर 1956 में हुआ। यह जिला प्रशासनिक दृष्टि से इन्दौर संभाग के अन्तर्गत आता है। वर्तमान में देवास जिले में 8 तहसीलें और 6 विकास खण्ड हैं। जिसका प्रशासनिक मुख्यालय देवास में स्थित है। जिले में 1114 आबाद गाँव 1 जिला पंचायत, 6 जनपद पंचायत 497 ग्राम पंचायत कार्यरत है। जिले में 236 पटवारी हल्का है। देवास जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 7020 वर्ग किलो मीटर है, जो मध्यप्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 2.3 प्रतिशत है।देवास जिला मालवा का पठार क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

ग्रामीण बाजार के विकास से सर्वाधिक सांस्कृतिक परिवर्तन हुए है। बाजार में उपभोक्ता व्यवहार पर सबसे प्रभावित करने वाला कारक सांस्कृतिक पक्ष होता है। किन्तु बाजार परिस्थितियों में परिवर्तन, वस्तुओं एवं सेवाओं का अन्य विकसित, सभ्य एवं परिस्कृत रूप ने ग्रामीण परम्परागत रूप से चली आ रही सांस्कृतिक मान्यताओं एवं धारणाओं को अपनाने को विवष किया है। हांलाकि ग्रामीण उपभोक्ता सास्कृतिक वातावरण से विभिन्न मूल्यों, धारणाओं और प्राथमिकताओं के आधार पर वस्तु एवं सेवा चयन करने को बाध्य है। फिर भी सांस्कृतिक रूप से नवीन विचारधारा का प्रवेष हुआ है। जबकि किसी भी उत्पादक द्धारा किसी क्षेत्र विषेष के लिए उपभोक्ताओं के लिए उत्पादन करने से पूर्व सांस्कृतिक पहलूओं पर विचार किया जाता है। फिर भी ग्रामीण एवं पिछड़े बाजार क्षेत्रों में आधुनिक एवं शहरी क्षेत्रों के समान वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है।

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में तेजी वृद्धि एवं प्रगति के बावजूद ग्रामीण विपणन में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण बाजार में दुकानदार एवं ग्राहक दोनों की अलग-अलग समस्याएँ है। यद्यपि ग्रामीण क्षेत्रों में षिक्षा, आय, सम्पर्क, एवं संचार साधनों के विकास के परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार विकास की अनेक संभावनाएँ विद्यमान है किन्तु अनेक कारणां से बाजार विकास, नवीन ग्राहकों की प्राप्ति एवं उपभोक्ता सन्तुष्टि के स्तर में पर्यापत विकास नहीं होने के लिए अनेक कारण जिम्मेदार है।

- **उत्पाद की जानकारी का अभाव –** ग्रामीण बाजार में ग्राहकों का सबसे बड़ा वर्ग अशिक्षित है। वस्तु का आकार, गुणवत्ता, पेकेजिंग, किस्म, संरचना, कीमत आदि में अन्तर विद्यमान होने के बावजूद ग्राहकों को जानकारी के अभाव में निम्न स्तरिय वस्तुओं को उच्च कीमतों पर बेचा जाता है।
- **अत्यधिक मूल्य वृद्धि –** वस्तुओं अथवा सेवाओं के अत्यधिक आकर्षण, विज्ञापन, प्रस्तुत करने के ढंग, स्थान आदि के कारण व्यय की जाने वाली कीमत को वस्तु के मूल्यों में जोडने के कारण वस्तुओं की कीमत सामान्य बाजार की तुलना में अत्यधिक उच्च होती है। जिससे एक सामान्य ग्राहक को खरीदना कठिन हो जाता है।
- **नाप-तौल में कमी की समस्या –** ग्रामीण बाजार में विक्रय हेतु प्रस्तुत वस्तुएँ पेकिंग वाली होती है। जिनका वास्तविक वजन पेकिंग किए गए पदार्थ के साथ होने के कारण उपभोग वस्तु का वजन कम होता है। मूल्य में वस्तु का पूर्ण वजन एवं पेकेजिंग की लागत, कर व अन्य भत्तो जोडकर वस्तु का मूल्य लिया जाता है।
- **अत्यधिक विज्ञापन से असमंजस्य की स्थिति –** शहरी बाजार में विभिन्न वस्तुओं अथवा सेवाओं के अत्यधिक प्रचार के कारण ग्राहक अथवा उपभोक्ता के मन में असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न होती है। वह किसी निश्चित वस्तु या सेवा को क्रय करने के लिए निर्णय लेने में संकोच करता है। किसी निर्धारित वस्तु या सेवा को क्रय करने के बाद उसके मन में क्रय की गई वस्तु या सेवा के प्रति भय व गलत अथवा सही वस्तु या सेवा के प्रति पूर्ण सन्तुष्टि का भाव नहीं बना पाता है।
- **ऑफर्स, इनाम अथवा लॉटरी की आड़ में ठगी –** ग्रामीण बाजारों ग्राहकों को वस्तुओं या सेवाओं के लिए अनेक प्रलोभन दिए जाते है जिसमें नगद वापसी, इनाम, लॉटरी आदि सम्मिलित है। ऑफर्स में दी वाली वस्तु की आवश्यकता, गुणवत्ता का स्तर निम्न, ऑफर्स का लाभ भी निष्चित राषि तक क्रय करने पर मिलना, इनाम, लॉटरी की प्राप्ती नहीं होने पर ग्राहकों का ग्रामीण बाजार के प्रति विश्वास में कमी आई है।
- **दुकानदार द्धारा गलत जानकारी –** ग्रामीण दुकानदार द्धारा ग्राहकों को विभिन्न वस्तुओं की कीमत, गुणवत्ता आदि की जानकारी दी जाती है। जिससे ग्रामीण ग्राहक वस्तु की गुणवत्ता में कमी, अधिक मूल्यों की वसुली के कारण ग्राहक ठगा सा महसूस करता है।
- **आवश्यक व्यय में वृद्धि –** ग्रामीण दुकानदारों द्धारा अनेक ऐसी वस्तुओं का विक्रय किया जाता है जिनकी उपयोगिता कम है ग्रामीण उपभोक्ता के स्तर की नहीं है। किन्तु ईनाम व ऑफर के लालच में आवश्यक वस्तुओं पर व्यय किया जाता है।
- **ग्राहकों की शिकायतों की सुनवाई का अभाव –** ग्रामीण बाजार में क्रय की गई वस्तु से सम्बन्धित किसी समस्या के लिए शिकायत की सुनवाई करने के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिलता है। अत: ऐसी परिस्थिति में ग्राहकों का अत्यधिक धन, समय की बर्बादी होती है एवं ग्रामीण बाजार में ग्राहकों के विष्वास में कमी का प्रमुख कारण है।
- **ग्राहकों की सीमित संख्या –** ग्रामीण बाजार में ग्राहकों की सीमित

* प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, अंजड़, जिला-बड़वानी (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

संख्या एवं अनिश्चित विक्रय संभावनाओं के कारण ग्रामीण दुकानदार द्वारा अत्यधिक विनियोग नहीं किया जाता।

- **प्रशिक्षण की कमी –** ग्रामीण क्षेत्र में बाजार दशाओं के विकास के लिए आवश्यक कुशश्ल उद्यमी का अभाव है। प्रशिक्षित उद्यमियों के विकास के लिए संस्थाओं व एजेसिंयों की कमी के कारण कुशल प्रशिक्षित रोजगार के अवसरों के विकास का अभाव है।
- **बाजार मांग एवं दशाओं के ज्ञान का अभाव –** बढ़ती प्रतियोगिता एवं क्षेत्रियता, जनसंख्या की आवश्कता, परम्परा व संस्कृति के प्रभाव के अध्ययन के बिना अनेक ग्रामीण बाजार में विनियोक्ताओं द्वारा भारी विनियोग किया जाता है।
- **अविकसित समाज और जनसंख्या –** ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक सामाजिक समूहों का अधिवास है। उक्त समाज की मान्यताएँ एवं धारणाओं पर पुराने रीति–रिवाजों, परम्पराओं और मान्यताओं का सर्वाधिक प्रभाव है। आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने ग्रामीण परम्पराओं एवं मान्यताओं को परिवर्तीत करने में पूर्ण सफलता प्रापत नहीं हुई है। इसका प्रमुख कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी सामाजिक परम्पराओं के प्रति समर्पित होने के कारण अपनी सामाजिक परम्पराओं को श्रेष्ठ मानने के कारण किसी भी रूप में परिवर्तन को अपनाने को तैयार नहीं है। जिसके कारण बाजार के विकास में नवीन परिवर्तन एवं सामग्रियों के उपयोग को अपनाने के प्रति मान्यताओं में परिवर्तन नहीं हुआ है।
- **अपर्याप्त अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास –** ग्रामीण क्षेत्रों में वेयर हाउसिंग, परिवहन, सड़क, बाजार यार्ड आदि क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास नहीं हो पाया है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित उत्पादों को उनकी सही कीमत और मान्यता नहीं मिल पा रही है। खराब अधोंसंरचनात्मक सुविधाओं ने मांग और आपूर्ति कारकों को पुरा करने में एक बड़ा असंतुलन उत्पन्न होता है।
- **अविकसित बैंकिंग सुविधाएँ –** ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिग सुविधाओं एवं ग्रामीणों की बैंकों के उपयोग ऋण, बचत, जमा के रूप में किए जाने की दिशा में बहुत कम लोगों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। जनधन योजना के तहत खोले गए खातों की स्थिति अमुर्त हो चुकी है। बैंकों के उपयोग के स्थान पर असंस्थागत साधनों का चलन पुर्ववत स्थित है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी बैंकिग सुविधाओं का विस्तार जनसंख्या के आकार की तुलना में कस्बे अथवा शहरी सीमा तक सीमित है। अधिकांश ग्रामीणों द्वारा आधुनिक विपणन सुविधाओं के अन्तर्गत केश–लेश भुगतान, इलेक्ट्रानिक बैंकिग और ई–भुगतान जैसी सुविधाओं का नाम भी नहीं सुना है।
- **उत्पादन एवं मांग के मध्य असन्तुलन –** ग्रामीण क्षेत्रों में विपणन के लिए प्रमुख चुनौतियों में प्रमुख रूप से उत्पादन एवं मांग के मध्य असन्तुलन की स्थितियों की उपस्थिति है। ग्रामीण उत्पादक ग्राहकों को अनुकूलित सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम नहीं है। कम उत्पादन के कारण ग्रामीण उत्पादों की कीमत उनके व्यवसायिक उपयोग की तुलना में कम होती है। मांग अधिक व उत्पादन कम होने के कारण उपयोगकर्ताओं के मध्य किसी प्रकार की प्रतियोगिता नहीं होती है।
- **विपणन योजना का अभाव –** ग्रामीण क्षेत्रों के विक्रेता द्वारा किसी वस्तु के विक्रय के लिए किसी प्रकार की योजना का निर्माझा नहीं किया जाता है। ग्राहक की मांग एवं वस्तु उपयोग के चलन के अनुरूप विक्रेता द्वारा किसी वस्तु विशेष के लिए विनियोग किया जाता है। जबकि बाजार परिस्थितियों के निर्माण के लिए विक्रेता द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जाता बल्कि ग्राहक द्वारा मांग किए जाने के अनुरूप वस्तुओं अथवा सेवाओं के प्रबंध पर सिमित विनियोग किया जाता है।
- **ग्राहक सन्तुष्टि एवं ग्राहक सम्बन्धों का अभाव –** ग्राहक सम्बन्ध प्रबंध की अवधारणा ग्रामीण बाजार में पूर्णत: अभाव है। अधिकांश विक्रेताओं द्वारा ग्राहक सन्तुष्टि पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। वस्तु सामग्री अथवा सेवाओं के के ग्राहक सीमित होने के कारण किसी प्रकार के भौतिक प्रमाण की उपस्थिति के अभाव के कारण उत्पादों की मांग एवं उपयोग, मूल्यों की भिन्नताएँ संभव नहीं है। ग्रामीण बाजार में किसी वस्तु विशेष के संभावित ग्राहकों के अनुमान लगाना संभव नहीं है। ग्रामीण बाजार के उपभोक्ता द्वारा किसी वस्तु के खराब अथवा अनुपयोगी होने की स्थिति में दुकानदार द्वारा पुरा दोष उत्पादक अथवा निर्माता कम्पनी अथवा ग्राहक के उपयोग ज्ञान के अभाव को दिया जाता है। दुकानदार ग्रामीण बाजार में राजा की भुमिका में है। जबकि ग्राहक अभी भी दुकानदार द्वारा उपलब्ध सामग्री पर निर्भर है।
- **अशिक्षित व ग्रामीण ग्राहकों की अनदेखी –** शहरी अथवा कस्बाई क्षेत्रों में स्थापित आधुनिक साज–सज्जायुक्त, उच्च गुणवत्ता, किस्म, आकार एवं मूल्य की वस्तुओं के लिए अशिक्षित व पिछड़े क्षेत्रों के ग्राहकों की पंहुच से दूर है। जबकि उक्त प्रकार की अन्य पूरक वस्तुओं के लिए ग्रामीण उपभोक्ता की व्यय की क्षमता एवं आवश्यकता अन्य उपभोक्ता के समान है।
- **वस्तु के उपयोग के ज्ञान का अभाव –** ग्रामीणउपभोक्ताओं को अनेक प्रकार की वस्तुओं, उपभोग वस्तुओं के वासतविक उपयोगशैली एवं उपभोग के ज्ञान का अभाव है। किसी वस्तु अथवा उपभोग वस्तु के ज्ञान के अभाव के कारण अशिक्षित अथवा वास्तविक जानकारी के अभाव के कारण उपभोक्ता का उपभोग सन्तुष्टी का वास्तविक स्तर प्राप्त नहीं हो पाता है।

इन समस्याओं के अतिरिक्त भी कुछ समस्यायें जैसे– प्रति व्यक्ति आय का निम्न स्तर, सौदेबाजी के अवसरों की अनुपस्थिति, बाजार मांग एवं दशाओं के ज्ञान का अभाव,अशिक्षित व ग्रामीण ग्राहकों की अनदेखी, तकनीकी सम्बन्धी चुनौतियाँ आदि समस्या का सामना करना पड़ता है।

निष्कर्ष – ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से प्राथमिक क्षेत्र पर आधारित है। जिसका अर्थ है ग्रामीण उपभोक्ता की व्यय क्षमता पर कृषि आय का पूर्ण नियन्त्रण है। ग्रामीण उपभोक्ता की आवश्यकता के अनुसार विपणन नीतियों का निर्धारण किया जाना चाहिए। ग्रामीण उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने के लिए अधिक कठोर प्रयास करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जिला सांख्यिकी पुस्तीका, जिला देवास 2016
2. गर्ग, आर. बी. एल. : ग्रामीण विपणन समस्याएँ एवं संभावनाएँ, पत्रिका कुरुक्षेत्र, 2004
3. जैन एवं जैन : उपभोक्ता संरक्षण कानून, तुलसी साहित्य पब्लिकेषन्स, मेरठ
4. मिश्र एण्ड पुरी : भारत में कृषि विपणन व्यवस्था, हिमालया पब्लिकेन्स, मुंबई।
5. स्वविवेक पर आधारित।

****

खरगोन जिले में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की स्थापना एवं विकास - एक मूल्यांकनात्मक अध्ययन

डॉ. सुनील कुमार शर्मा * प्रतिभा शर्मा **

शोध सारांश - 'ग्रामीण क्षेत्रो में वित्त की आपूर्ति में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का विशेष महत्व है। खरगोन जिले में बैंक द्वारा दी गई बैंकिग सेवाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है। बैंक द्वारा किसान एवं मजदूर वर्ग को विशेष लाभ मिला है। जिले में बैंकिंग व्यवस्था के विस्तार में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का महत्वपूर्ण योगदान है।अनेक समस्याओ के उपरान्त भी बैंक अपने उद्देश्यो की पूर्ति में सफल रही है।'

प्रस्तावना - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना के पूर्व हमारे देश में ग्रामीण व्यक्ति के द्वारा यदि अपने विकास हेतु या कोई कार्य करने हेतु धन की आवश्यकता होती थी, तो वह साहूकारो या महाजनो पर निर्भर रहता था और इन साहूकारो के कर्ज की ब्याज दरें बहुत ऊँची होती थी। जिसे चुका पाने में साधारण मजदूर, किसान का जीवन ही पूरा समाप्त हो जाता था और यदि वह इन साहूकारो या महाजनो से कर्ज न ले तो उसका आर्थिक विकास हेतु कार्य पूरा नही हो पाता था।

सहकारी संस्थाओ के द्वारा भी ग्रामीण वित व्यवस्था में अनेको कमियाँ थी। यह संस्थाएँ भी ग्रामीण क्षेत्र में अपेक्षाकृत कार्य नही कर पायी और ना ही व्यवसायिक बैंक। परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रो में एक ऐसी बैंक की स्थापना का विचार किया गया जो कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रो के उन लोगो को बैंकिंग सुविधाएँ उपलब्ध करवा सके, जहाँ पर ये सुविधाएँ उपलब्ध नही है।

नर्मदा झाबुआ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना - मध्यप्रदेश में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की स्थापना 1 नवम्बर 2012 को दो पूर्ववर्ती ग्रामीण बैंक नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक जिसकी प्रायोजित बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा झाबुआ धार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक जिसकी प्रायोजित बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा के समामेलन के बाद की गई। वर्तमान में मध्यप्रदेश में 353 शाखाओ के साथ नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का विकास हुआ है।

नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का प्रधान कार्यालय इन्दौर में स्थापित है और 6 क्षेत्रीय कार्यालय निम्नानुसार है-

1) देवास 2) खरगोन 3) उज्जैन 4) झाबुआ 5) सिहोर 6) धार

शोध का उद्देश्य :

1. प्रस्तुत शोध का उद्देश्य नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की स्थापना एवं आवश्यकता का अध्ययन करना है।
2. नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के विकास का अध्ययन करना है।

मध्यप्रदेश में एवं खरगोन जिले में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की शाखाओ की स्थापना:-

नर्मदा झाबुआ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाएँ तीन भागो में विभाजित है। शहरी, अर्द्धशहरी एवं ग्रामीण।

24 शाखाएँ शहरी है, 85 अर्द्धशहरी है और 244 ग्रामीण शाखाएँ है। इस प्रकार कुल 353 शाखाएँ क्रियान्वित है।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिलो में शाखाओ की स्थिति-



खरगोन जिले में शहरी 9 अर्द्धशहरी, 23 ग्रामीण और 2 अनुशंगी शाखाओ के साथ कुल 32 शाखाएँ है। खरगोन जिले में खरगोन, बड़वाह, सनावद, काटकूट, भीकनगाँव, झीरन्या, कसरावद, निमरानी, महेश्वर, मण्डलेश्वर, करही, सोमाखेड़ी, मेहतवाड़ा, नेनगाँव, कानापुर, भगवानपुरा, बेड़िया, लालखेड़ा, भाग्यापुर, गोगावा, चेनपुर, लोनारा, सेंगाव, धुलकोट, ओझर, पीपलगोन, सहित कुल 32 (31/03/2015 की स्थिति में) शाखाएँ है। जिनका मुख्यालय खरगोन में हैं। वर्तमान में जिले में 36 शाखाएँ कार्यरत है।

विश्लेषण - मध्यप्रदेश में कुल 353 शाखाओ द्वारा बैंक का विस्तार छ: क्षेत्रो में हुआ है। जिनमें सर्वाधिक शाखाएँ 66 धार जिले में है। जबकि सबसे कम शाखाएँ 08 आगर मालवा जिले में है।

नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की अंशपूँजी - नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की अंशपूँजी 500 लाख रू. है, जो कि भारत सरकार, बैंक ऑफ इण्डिया और मध्यप्रदेश शासन में 50:35:15 के अनुपात में विभाजित है। इसी प्रकार इस बैंक की अधिकृत पूँजी 500 लाख रू. 100 रू वाले 5 लाख अंशो में विभाजित है।

नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की कुल अंशपूँजी में भारत सरकार,

* प्राध्यापक एवं निर्देशक, शासकीय महाविद्यालय, बड़वाह (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शासकीय महाविद्यालय, बड़वाह (म.प्र.) भारत

प्रायोजक बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया तथा मध्यप्रदेश शासन 50:35:15 अनुपात के हिस्सेदार है।

रू. लाख में–

अंशधारक	अंशपूँजी	जमा अंशपूँजी
भारत सरकार	250.00	5562.55
बैंक ऑफ इण्डिया	175.00	3893.79
म.प्र. शासन	75.00	1668.77
	500.00	11125.11

निष्कर्ष – नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक अपने कार्य क्षेत्र और शाखाओ के माध्यम से किसानो को साहूकारो एवं महाजनो से मुक्ति प्रदान करने में सफल रहा है। बैंक के द्वारा विभिन्न योजनाओ के माध्यम से लघु बचत के माध्यम से पूँजी का निर्माण हो रहा है और साधारण व्यक्ति का आर्थिक विकास संभव हो रहा है। मध्यप्रदेश में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक सफल और श्रेष्ठ बैंक है। नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के द्वारा जनता का विकास पूँजी निर्माण, ग्रामीण विकास सामाजिक विकास, राष्ट्र विकास सार्थक हो रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बैंकिंग विधि एवं व्यवहार लेखक डॉ. रमेश मंगल युनिवर्सल पब्लीकेशन आगरा
2. क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक की कार्य–प्रणाली एवं उपलब्धियाँ डॉ. जी.पी. यादव आदित्य पब्लिशर्स बीना
3. भारतीय ग्रामीण बैंक अर्थव्यवस्था के.जी. भटनागर किशोर पब्लिकेशन हाउस कानपुर
4. www.njgb.com
5. www.nabard.org.in
6. दैनिक भास्कर , पत्रिका।

तालिका 1 – नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिलो में शाखाओं की स्थिति (31/03/2015 की स्थिति में)

क्षेत्र का नाम	जिले का नाम	शहरी	अर्द्धशहरी	ग्रामीण	योग	अनुशंगी शाखाएँ
देवास	देवास	05	06	26	37	–
	शाजापुर	–	08	10	18	–
	आगर मालवा	–	05	03	08	–
	योग	05	19	39	63	–
खरगोन	खरगोन	–	09	23	32	02
	खण्डवा	03	02	19	24	03
	बुरहानपुर	02	01	07	10	–
	योग	05	12	49	66	05
सिहोर	राजगढ़	–	08	28	36	01
	सिहोर	–	07	14	21	–
	योग	–	15	42	57	01
उज्जैन	इन्दौर	08	07	08	23	–
	उज्जैन	06	06	16	28	02
	योग	14	13	24	51	02
झाबुआ	झाबुआ	–	06	15	21	–
	अलिराजपुर	–	01	12	13	–
	बड़वानी	–	07	12	19	02
	योग	–	14	39	53	02
धार	धार	–	12	51	63	01
महायोग		24	85	244	353	11

(स्त्रोत– नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार)

****

नगरीय भूमि उपयोग का बदलता प्रतिरूप : इन्दौर महानगर के संदर्भ में (स्थानिक-कालिक विश्लेषण 1981-2011)

हेमंत मण्डलोई *

प्रस्तावना – भूमि मानव जीवन की आर्थिक क्रिया-कलापों एवं उत्पादन की प्रारम्भिक इकाई मानी गई है, तथा मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उसके स्वरूप में परिवर्तन करता रहता है। भूमि उपयोग से तात्पर्य है कि, भूमि किस उपयोग में लाई गई अर्थात पृथ्वी या भूमि के एक निश्चित भाग का किन-किन कार्यो के रूप में प्रयोग हुआ है या भूमि जिस वर्ग के अन्तर्गत उपयोग की गई है तथा उससे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं।

जब भूमि का उपयोग मानव अपनी आवश्यकतानुसार करता है तो उस भू-भाग के लिए भूमि उपयोग शब्द का प्रयोग उचित होगा अर्थात भूमि उपयोग में भू-भाग का प्राकृतिक स्वरूप क्षीण हो जाता है तथा मानवीय क्रियाओं का योगदान महत्वपूर्ण हो जाता है तथा इसे भूमि उपयोग की संज्ञा देते है। भूमि उपयोग का अर्थ सभी प्रकार की भूमि से लिया जाता है।

डॉ. बी.बी. सिंह के अनुसार 'जब मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भूमि के उचित तथा अनुचित उपयोग के पश्चात लाभप्रद उपयोग अपनाता है तो उसे भूमि उपयोग कहना उपयुक्त होगा।'

एच.ए.वुड के अनुसार 'भूमि उपयोग केवल प्राकृतिक भूदृश्यों के संदर्भ में ही नहीं अपितु मानवीय क्रियाओं पर आधारित उपयोग सुधारों के रूप में प्रयुक्त होनी चाहिए।'

फॉक्स के अनुसार 'एक निश्चित प्रयोजन व उद्देश्य से भूमि का किसी भी रूप में उपयोग ही भूमि उपयोग कहा जा सकता है।'

नगरीय भूमि उपयोग नगर की भूमि का कार्यो के अनुसार वर्गीकरण प्रस्तुत करता है। इसमें नगर की भूमि का क्षेतिजीय विस्तार के साथ-साथ लम्बवत् विस्तार का भी अध्ययन किया जाता है। भूमि का कितना भाग आवासीय,वाणिज्यिक,औद्योगिक परिवहन एवं मनोरंजन आदि गतिविधियों में लगा हुआ है, यह पता लगाया जाता है।

उद्देश्य इस प्रकार है :-

1. नगर में सन् 1981 से 2011 में हुए भूमि उपयोग प्रतिरूप में परिवर्तन का अध्ययन करना।
2. वर्तमान इन्दौर नगर के भूमि उपयोग की स्थिति और उसका अध्ययन।

अध्ययन क्षेत्र एवं स्थिति – इन्दौर नगर मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में विख्यात है। यह प्रदेश का एक प्राचीन नगर है और संभागीय मुख्यालय है। मालवा क्षेत्र का केन्द्र बिन्दु है जो $22^{0}43'$ उत्तरी अक्षांश तथा $76^{0}42'$ पूर्वी देशांतर रेखाओं पर स्थित है। समुद्र सतह से 1805 फीट की उँचाई पर है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या 19.9 लाख है। क्षेत्रफल 530 वर्ग कि.मी. है। प्रदेश में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे वृहद नगर है।

इन्दौर नगर सड़क, रेल तथा हवाई मार्ग से जुड़ा है। राष्ट्रीय राजमार्गो के रूप में मुम्बई-आगरा (एन.एच.3) तथा अहमदाबाद-इन्दौर रोड़ नगर से गुजरते है। इन्दौर से ब्राडगेज एवं मीटर गेज रेल्वे लाईन गुजरती है। इन्दौर खान नदी एवं सरस्वती नदी के किनारों पर बसा है।

इन्दौर नगर का भूमि उपयोग का बदलता प्रतिरूप : स्थानिक-कालिक विश्लेषण (1981 से 2011) – इन्दौर नगर के भूमि उपयोग को निम्नलिखित भागो में बांटा जाता है-आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक सुविधाएँ, यातायात एवं परिवहन तथा आमोद-प्रमोद (मनोरंजन)।

तालिका 1 – (अगले पृष्ठ पर देखे)

आवासीय क्षेत्रों में सन् 1981 में भूमि उपयोग का 42.73 प्रतिशत था जो सन् 1991 में 42.53 हो गया जो सन् 2001 में 41.10 प्रतिशत और वर्ष 2011 में 42.09 प्रतिशत हो गया। मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 04 नवम्बर 2005 के अनुसार इन्दौर नगर निवेश की सीमा में निम्नलिखित ग्रामों को आवासीय भूमि के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है :-

अनुसूची :

1.	पूर्व में	सनावदिया, उमरिया खुर्द, मालीखेड़ी, कनाड़िया, निपान्या, मायाखेड़ी, अरण्डिया
2.	पश्चिम में	बुढान्या, जम्बुडी हप्सी, रिजलाय, बिसनावदा, कलारिया, सिंदोडी, सिंदोड़ा, रंगवासा
3.	उत्तर में	लिम्बोदागारी, रेवती, अल्वासा, बारोली, जाख्या, भांग्या, केहलोदहला, तलावलीचांदा, मांगल्या सड़क, राहुखेड़ी, लसूड़िया परमार
4.	दक्षिण में	रंगवासा पिगड़म्बर, उमरिया, नावदा, पानदा, माचला, मोरोद, उमरी, असरावद खुर्द, गिरजापुर, रालामण्डल, सनावदिया

वाणिज्यीक क्षेत्रों में भूमि उपयोग 1981 में भूमि उपयोग का 5.22 प्रतिशत था जो सन् 1991 में 4.20 हो गया जो सन् 2001 में 4.95 प्रतिशत और वर्ष 2011 में 3.20 प्रतिशत हो गया।

औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि उपयोग 1981 में भूमि उपयोग का 11.60 प्रतिशत था जो सन् 1991 में 6.00 हो गया जो सन् 2001 में 6.13 प्रतिशत और वर्ष 2011 में 5.58 प्रतिशत हो गया।

सार्वजनिक और अर्द्ध-सार्वजनिक क्षेत्रों में 1981 में भूमि उपयोग का 14.72 प्रतिशत था जो सन् 1991 में घट कर 11.84 हो गया जो सन् 2001 में 12.14 प्रतिशत और वर्ष 2011 में 9.57 प्रतिशत हो गया।

मनोरंजन के अन्तर्गत वर्ष 1981 में भूमि उपयोग का 4.06 प्रतिशत

* शोधार्थी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

था जो वर्ष 1991 में बढ़कर 11.57 प्रतिशत हो गया जो सन् 2001 में बढ़कर 10.44 प्रतिशत और वर्ष 2011 में 5.54 प्रतिशत हो गया।

यातायात के अन्तर्गत वर्ष 1981 में कुल भूमि उपयोग का 14.11 प्रतिशत था जो वर्ष 1991 में बढ़कर 19.38 प्रतिशत हो गया जो सन् 2001 में बढ़कर 19.83 प्रतिशत तथा वर्ष 2011 में घटकर 9.43 प्रतिशत हो गया, इसका कारण यह है कि, भूमि उपयोग के कुल हेक्टेयर में वृद्धि हुई, अत: यह निम्न प्रतिशत को दर्शाता है।

अनुपयोगी भूमि के अन्तर्गत वर्ष 1981 में कुल भूमि उपयोग का 7.86 प्रतिशत था जो वर्ष 1991 में घटकर 4.36 प्रतिशत हो गया, इसका कारण यह है कि, वर्ष 1991 में कुल भूमि प्रतिशत बढ़ गया है। वर्ष 2001 में 5.41 प्रतिशत था जो वर्ष 2011 में बढ़कर 24.59 प्रतिशत हो गया। 2011 में यह बढ़ोत्तरी कुल हेक्टेयर में वृद्धि के कारण दिखाई देती है तथा 27 नए ग्रामों को जोड़ने के बाद अनुपयोगी भूमि का प्रतिशत बढ़ गया है।

इन्दौर 2021 – इन्दौर विकास योजना 2021 के अनुसार वर्ष 2021 में विभिन्न विधियों से आंकलित 35.6 लाख जनसंख्या हेतु लगभग 35600 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। वर्तमान में उपलब्ध विकसित भूमि लगभग 13171 हेक्टेयर है। नगरीय विकास हेतु अनुकुल भूमि सम्बन्धी ऑकड़ो से स्पष्ट होता है कि, वर्ष 2021 में नगरीय विकास के लिए पूर्णरूप से अनुकुलतम भूमि निवेश क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है। नगरीय विकास में ऐसी भूमि को सम्मिलित करना होगा जो कि, औसत रूप से अनुकुल है।

स्मार्ट सिटी : हम सबका सपना स्मार्ट इन्दौर हो अपना – भारत में स्मार्ट नगर की कल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है, जिन्होंने देश के 100 नगरो को स्मार्ट नगरों के रूप में विकसित करने का संकल्प किया है, जिनमें इन्दौर भी एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्मार्ट सिटी की बुनियादी सिद्धांतो में **Quality of life** पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जीवन की गुणवत्ता से तात्पर्य कम मुल्य पर उच्च गुणवत्ता युक्त किफायती घर देना, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, पानी और 24 घण्टे बिजली, बेहतर शिक्षा, सुरक्षा, मनोरंजन के साधन, इंटरनेट की तेज कनेक्टीविटी, अच्छे स्कूल और अस्पताल आते है।

स्मार्ट सिटी का मानक है कि, शहर के अन्दर एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने का यात्रा समय 45 मिनट से अधिक ना हो साथ ही घर से 10 मिनट पैदल चलने पर बस या मेट्रो की सुविधा हो इसलिए इन्दौर में मेट्रो प्रोजेक्ट, बी.आर.टी.एस., आई.बस आदि सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत 100 फीसदी घरों तक वाई-फाई कनेक्टिविटी के विशेष प्रयास किए जा रहे है।

इन्दौर को वाणिज्यिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय महानगर के रूप में पहचान दिलाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण मार्गो को सुपर कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। सुपर कॉरिडोर निम्नलिखित मार्गो के दोनों और 300 से 300 मीटर तक रहेगा :-

1. एम.आर.10 (सुखलिया से उज्जैन रोड़ तक)
2. आर.डब्ल्यू.2 (उज्जैन रोड़ से एयरपोर्ट तक)

सुपर कॉरिडोर में नॉलेज बेस इण्डस्ट्रीज, एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग झोन (ई.पी.झेड.), फिल्म इण्डस्ट्रीज गतिविधियॉ, स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, स्टार होटल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, मनोरंजन पार्क आदि ऐसी गतिविधियॉ होंगी जो गैर प्रदूषणकारी हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची : –

1. मास्टर प्लान 1974, 1991, 2001, 2011 का प्रयोग किया गया।
2. जनंसख्या के ऑकाड़े जनगणना पुस्तिका 1981, 1991, 2001, 2011 से लिए गए।
3. टाऊन एण्ड कंट्री प्लानिंग, इन्दौर विकास प्राधिकरण से भी विभिन्न सूचनाएँ ली गयी।
4. इन्दौर विकास योजना 2011, 2021 का प्रयोग किया गया।
5. इन्दौर नगर निगम, कलेक्टर कार्यालय, जिला सांख्यिकीय कार्यालय आदि से विभिन्न ऑकड़े एकत्रित किए गए।
6. विभिन्न समाचार पत्रों, इन्टरनेट, रिसर्च पेपर, जनरल आदि का यथा स्थान किया गया।
7. रिमोट सेंसिंग, जी.आई.एस., जी.पी.एस., विकिमेपिया आदि से प्राप्त मानचित्रों का संग्रहण किया गया।

तालिका 1 – इन्दौर महानगर – भूमि उपयोग का स्थानिक-कालिक विश्लेषण(1981 से 2011)

भूमि उपयोग श्रेणियॉ	वर्ष 1981		वर्ष 1991		वर्ष 2001		वर्ष 2011	
	हेक्टेयर	प्रतिशत	हेक्टेयर	प्रतिशत	हेक्टेयर	प्रतिशत	हेक्टेयर	प्रतिशत
आवासीय	3950	42.73	5980	42.53	6415	41.10	7352	42.09
वाणिज्यीक	360	5.22	590	4.20	773	4.95	555	3.20
औद्योगिक	780	11.60	860	6.00	956	6.13	976	5.58
सार्वजनिक अर्द्धसार्वजनिक	1016	14.72	1665	11.84	1895	12.14	1672	9.57
मनोरंजन	280	4.06	1627	11.57	1630	10.44	968	5.54
यातायात	970	14.11	2726	19.38	3095	19.83	1648	9.43
अनुपयोगी भूमि	543	7.86	614	4.36	844	5.41	4295	24.59
कूल	6903	100.00	14062	100.00	15608	100.00	17466	100.00

****

रामायण काल में नारी का सौन्दर्य

डॉ. पंकज कुमार सिंह *

प्रस्तावना – वर्षा ऋतु में आकाश में छायी हुई काली घटा को देखकर मोर नाच उठता है, पूर्ण चन्द्रमा को देखकर चकोर की तृशित आँखें उसमें जा गड़ती हैं, गुलाब की अधखिली कली दर्शक के चित्त को बरवस आकृष्ट कर लेती है। आखिर इसका कारण क्या है ? उत्तर मिलता है – सौन्दर्य। यह सौन्दर्य कौन सी वस्तु है जो जादू की तरह सबको अपनी ओर खींच लेती है। सौन्दर्य शब्द का प्रयोग जितना ही सामान्य एवं व्यापक है, इसका अर्थ उतना ही रहस्यपूर्ण और विवादास्पद। सौन्दय को न तो परिभाषित ही किया जा सकता है, और न परिमाण अथवा गुण के आधार पर विश्लेषित ही। अत: इसे विज्ञान का आधार भी नही बनाया जा सकता।

सौन्दर्यशास्त्रियों और दार्शनिकों ने इसकी व्याख्या अपने ढंग से कर है। क्रोच ने सौन्दर्य के स्थान पर 'अभिव्यंजना' अथवा 'अन्म:प्रज्ञा' की 'अभिव्यंजना' जैसे शब्दो का प्रयोग किया है। सुखवादियों ने इसे इच्छापूर्ति अथवा उदात्तीकरण कहा है। हाडर ने इसे अर्थ देने के लिये 'परानुभूति' का सहारा लिया है। लेकिन ये सारी व्याख्यायें सौन्दर्य तत्व के मूल तक पहुंचने के प्रयास मात्र हैं, उसके यथार्थ स्वरुप की नियामक नहीं।

सौन्दर्य की परिभाषा के रुप में डॉ. शुक्ल के मत का उल्लेख किया जा सकता है – 'सौन्दर्य तथ्यों का वह पहलू है जो इन्द्रियों द्वारा लक्ष्य किये जाने पर और वहाँ से लक्ष्यक की चिन्तात्मक शक्ति को संदर्भित कर दिये के पश्चात् ऐसी शक्ति रखता है कि वह लक्ष्यक के संचित अनुभव से प्रतिक्रियाओं को जागृत कर सकें।'

आदिकाल से ही नारी पुरुषों के लिये आकर्षण का केंद्र रही है। इसका कारण उसकी सुकुमारता, आंगिक मनोज्ञता, वाणी की मधुरिमा आदि हैं। ये ही नारी सौन्दर्य के साधन है। संस्कृत साहित्य में सौन्दर्य का विशेषत: नारी–सौन्दर्य का वर्णन सर्वत्र पाया जाता है। रामायण आर्शकाव्य है। महाकवि कालिदास से काव्यों की तरह श्रृंगार प्रधान नहीं होने के कारण रामायण में नारी सौन्दर्य का साड् 'गोपाड्' ग वर्णन तो नहीं किया गया है, लेकिन गौण रुप में यत्र तत्र इसका उल्लेख अवश्य मिलता है। उन प्राप्त उल्लेखों के आधार पर नारी सौन्दर्य पर विचार किया जा रहा है।

वाल्मीकि के अनुसार रुपवती भार्या पुरुष के हृदय को सद्य: वषीभूत कर लेती है। अपने सौन्दर्य के कारण वह पति का अद्धितीय प्रेम पात्र बन जाती है। सीता के पातिव्रत्य आदि गुणों तथा उनके सौन्दर्य से ही श्री राम के हृदय में उसके प्रति प्रेम नित्य द्विगुणित होता जाता है। सचमुच सीता अनिन्द्य सुन्दरी है। उसके अंग अंग में यौवन अंगडाई ले रहा है। शरीर के सभी अवयव सुन्दर और सुडौल है। इलंकारों से विभूषित वह संसार की सर्वोत्तम सुन्दरी है। अपने सौन्दर्य के कारण नारी पति के लिये तो आकर्षण का केंद्रस्थली होती ही थी, परपुरुष भी कुछ देर के लिये मोहित हो जाते थे। नारी के सौन्दर्य को देखते ही सामान्य पुरुष कामासक्त हो जाते है। सीता के शारीरिक सौन्दर्य को देखते ही रावण का काम पीड़ित हो जाना इसका उदाहरण है। जितेन्द्रिय महर्षि–जनों का हृदय भी ललनाओं के लावण्य पर आकृष्ट हुए बिना नहीं रहता। स्त्रियों से सर्वथा अनभिज्ञ संयमित इन्द्रियों वाले ऋष्यश्रृंग भी सुसज्जित एवं मनोहर रुप वाली वेश्याओं को देखकर अनियन्त्रित हो जाते है। इसी तरह मेनका को देखकर विश्वामित्र की भी तपस्या भग्न हो जाती है।

संस्कृत साहित्य में नारी सौन्दर्य के नखशिख वर्णन को परिपाटी की परम्परा दिखाई पड़ती है। कालिदास और श्रीहर्ष की तरह आदिकवि ने एक स्थल विशेष में नारी के आंगिक लावण्य का वर्णन ही नहीं किया परंतु यत्र–तत्र पात्रों के मुख से भी नारी–सौन्दर्य का वर्णन करवाया है। इस संदर्भ में विविध अंगों का सौन्दर्य वर्णन क्रमिक रुप से द्रष्टव्य है।

सौन्दर्य की दृष्टि से गौर वर्ण अधिक प्रशंसनीय है। लेकिन कुछ लोगों ने रमणियों के श्यामत्व की ही प्रशंसा की है। महाकवि कालीदास की दृष्टि में श्यामा नायिका ही सौन्दर्य की दृष्टि से अधिक श्लाघनीय है। महाकवि वाल्मीकि ने भी नारी सौन्दर्य में श्यामत्व को स्थान दिया है। परंतु इन्होनें गोरवर्ण को ही अधिक प्रधानता दी है। तत्कालीन लोग नारी के अरुणाईयुक्त गोरवर्ण को सुन्दरता की दृष्टि से सर्वोत्तम मानते थे। इसीलिये वाल्मीकि ने नारी के शारीरिक वर्ण की तुलना तप्त स्वर्ण की आभा तथा चन्द्रमा की चाँदनी से की है। एक अन्य स्थान पर कवि ने सीता का आंगिक कांति की तुलना कमल के केशर, स्वर्ण और सौदामिनी से की है। अपहरण करके ले जायी जाती हुई सीता रावण की पीठ पर काले बादलों के बीच चमकली हुई बिजली के समान सुषोभित हो रही थी। यहीं पर एक दूसरे श्लोक में सीता को वृक्षों के नूतन पल्लवों के समान सुनहले वर्ण का बतलाया गया है। श्रीराम ने सीता की कान्ति की तुलना जाम्बुनद की प्रभा से की है। अन्यत्र आदिकवि ने नारी की कान्ति के वर्णनार्थ रौप्यकांचनवर्णा, कांचनवर्णमया, चम्पकवर्णाभा इत्यादि विशेषणों का प्रयोग किया है।

इन उद्धरणों से स्पष्ट होता है कि तत्कालीन जनमानस में नारी शरीर के गौरवर्ण की अधिक प्रतिष्ठा थी। गौरवर्ण वाली स्त्री को अधिक सुंदर माना जाता था। सौन्दर्य की दृष्टि से श्यामा नारी भी प्रशंसा की पात्र थी, परंतु गौरवर्ण नारी अपेक्षाकृत अधिक प्रतिष्ठित मानी जाती थी

तन्वी – तनुता नारी की एक महती विशेषता है। प्राय: सभी कवियों ने रमणी को तन्वड्.गी रुप में ही चित्रित किया है। उत्तरमेघ में नारी सौन्दर्य को सैद्धान्तिक रुप में निरुपित करते हुए कवि ने तन्वड्.गता को विशेष रुप से अपेक्षित माना है – 'तन्वीश्यामा शिखरिदशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी'। उर्वशी के लिये भी कालिदास ने 'तनुशरीरा' विशेषण का प्रयोग किया है। महाकवि वाल्मीकि ने भी अपनी नारी सौन्दर्य में तन्वड्.गता को समुचित महत्व

* पीएच.डी. (संस्कृत विभाग) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

दिया है। इन्होनें सीता के तनु शरीर की तुलना प्रफुल्ल लता से की है। अनेक स्थलों पर नारी के लिये 'कृषाड्.गी' विशेषण का भी प्रयोग किया गया है। इससे अनुमान किया जाता है कि तत्कालीन युग में शारीरिक तनुता नारी सौन्दर्य का आधायक मानी जाती थी।

केश – नारी के केशों का लंबा, घना और काला होना सौन्दर्याधायक माना जाता रहा है। महाकवि वाल्मीकि ने भी इन्ही रुपों में नारी के केशपाशों का चित्रण किया है। इन्होनें काले काले घुघँराले बालों की प्रशंसा की है। सामान्यत: सुन्दर अलकों को देखकर ही महाकवि ने सुंदरी स्त्री के लिये 'सुकेशी' सम्बोधन का प्रयोग किया है। सीता के रुप–सौन्दर्य का वर्णन करते हुए रावण ने उसके केशों को चिकना और मनोहर कहा है। एक दूसरे श्लोक में उसने सीता के बालों को काला बतलाया है। श्रीराम ने भी सीता को सुंदर बालों वाली बतलाया है। सीता के शुभ लक्षणों का वर्णन करते हुए कवि ने 'सुकेशी' शब्द का प्रयोग किया है। रमणीयों के असित अलकों के वर्णन में महाकवि कालिदास की कल्पना वाल्मीकि को अतिशयित कर गयी है। इनकी पार्वती के केश इतने सुंदर है कि यदि पशुओं में भी मनुष्यों के समान लज्जा होती तो चमरी अपने बालों पर इतराना छोड़ देती। मयूर की पूँछ को देखकर विरही यक्ष को अपनी यक्षिणी के सुंदर केशकलाप की याद हो जाती है।

स्पष्ट है कि सुंदर, काले, चिकने, घने बाल रमणियों की सुंदरता के प्रतीक थे।

भ्रू – नारी की लंबी, काली, पतली तथा कुछ टेढ़ी भौहें अनुपम सौंदर्य की कसौटी मानी जाती थी। महाकवि वाल्मीकि ने सुंदरी के लिये सुदंर भौहों का होना आवश्यक माना है। स्त्री के लिये उन्होनें 'सुभ्रु' विशेषण का अनेकश: प्रयोग किया है। कवि ने स्त्री की टेढी भौहों की तुलना धनुश से की है। इससे भौहों की वक्रता की महत्ता परलिक्षित होती है। महाकवि कालिदास ने भी धनुश के समान वक्र भौहों को सौन्दर्य की पराकाष्ठा माना है। पार्वती की सुंदर एवं वक्र भौहों के समक्ष कामदेव का धनुश भी तुच्छ हो जाता है। श्रीहर्ष की दमयंती की भौहें विश्वविजय करने के लिये रति और कामदेव के धनुश ही है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि रामायणकला में लंबी, पतली, काली तथा कुछ वक्र भ्रू अनुपम सौंदर्य का आगार कही जाती थी। परवर्ती काव्यों में प्राप्त उल्लेखों से भी इस मत की पुष्टि होती है।

अक्षि–पक्षम – सुंदरता की दृष्टि से नारी की काली, लंबी, सूक्ष्म तथा तिरछी पलकें अच्छी मामनी जाती थी। श्रीराम ने सता को सूक्ष्म बरौनियोंवाली कहा है। कवि ने सीता के लिये 'सुपक्ष्म' विशेषण का प्रयोग किया है। सीता के शुभ लक्षणों के वर्णन–क्रम में उसे बाँकी बरौनियावाली कहा गया है। कालिदास ने उर्वशी और शकुंतला के बरौनियों के लिये 'उत्पक्ष्मणा' विषेषण का प्रयोग किया है, जो उनकी विशालता का द्योतक है।

इन उद्धरणों से पता चलता है कि बरौनियों का सौंदर्य घनापन, कालिमा एवं बाँकपन में निहित माना जाता था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सौंदर्य का तात्पर्य – डॉ. रामकीर्ति शुक्ल, पृ. 93
गुणाद्रूपगुणाश्चापि प्रीतिर्भूयांऽभिवधते।
तस्याश्स भर्ता हि गुणं हृदये परिवर्तति।। वा. रा. 1/77/27
2. भार्या तस्योत्तमा लोके सीता नाम सुमध्यमा।
श्यामा समविभक्ताड्.गी स्त्रीरत्नं रत्नभूशिता।। वही, 2/31/29
3. दृष्ट्वा कामशराविद्धो ब्रह्मघोशमुदीरयन्।
अब्रवीत् प्रश्रितं वाक्यं रहितं राक्षसाधिप:।। वही, 3/46/14
4. अदृष्टरुपास्तास्तेन काम्यरुपा वने स्त्रिय:।
हार्दात्तस्य मतिर्जाता आख्यातुं पितरं स्वकम्।। वही, 1/10/13
5. श्यामास्वंगं चकितहरिणी प्रेक्षणे दृष्टिपाते। उ. मे./46
तन्वीश्यामाशिखरिदशना .... वही, 22
6. श्यामा समविभक्ताड्.गी स्त्रीरत्नं रत्नविभूशिता। वा.रा. 3/34/29
7. तप्तकांचनवर्णाभा रक्तातुड्.गनरकी शुभा। वही, 3/34/17
चन्द्रप्रकाशाश्च हि वक्रमाला .... वही, 5/5/22
8. सा पदम्पीता हेमाभा रावणं जनकात्मजा।
विद्युद्घनाभाविश्य शुशुभे तप्तभूषणा।। वही, 3/52/24
9. तरुप्रवालरक्ता सा नीलाड्.गराक्षसेश्वरम्।। वही, 3/52/30
10. यदि दृश्या त्वया जम्बो जाम्बोनदसमप्रभा। वही, 3/60/19
11. वही, 3/46/16
12. वही, 3/47/27
13. वही, 3/60/32
14. उत्तारमेघ
15. स्थिरयौवना तनुशरीरा हँसगति:। विक्रम. 4/59
16. लतां प्रफुल्लामिव साधु जातां
ददर्श तन्वीं मनसाभिजाताम्।। वा.रा. 5/5/23
17. रक्ताम्बरधरां बालां नीलकुच्चितमूर्धजाम्।। वही, 6/118/3
18. सा सुवेशी सुनासोरुः सुरुपा च यशस्विनी। वही, 3/34/76
19. कराश्तमितमध्यासि सुकेशे संहतस्तनि।। वही, 3/46/28
20. स तामसितकेशातां भास्करस्य प्रभामिव।। वही, 3/49/10
21. न हिं तां सूक्ष्मपक्षमाक्षीं सुकेशीं मृदुभाषिणीम् ।। वही, 4/1/30
22. प्रास्पन्दतैकं नसनं सुकेश्या मीनाहतं पयमिवाभिताभ्रम्।। वही, 4/29/2
23. लज्जातिरश्चां यदिद चेतसि स्यादसंशयं पर्वतराजपज्या:
तं केशपाशं प्रसभीक्ष्य कुर्यर्वालप्रिय त्वं शिथिलं चमर्य:।। कुमार: 1/48
24. श्यामा स्वंगे चकितहरिणीप्रेक्षणे दृष्टिपामतं। वक्त्रच्छायां शशिनि शिखिनां बहुभारेशु केशान्।। उ.मे. 46
25. पूर्णचन्द्राननां सुभ्रूंचारुवृत्तापयोधराम्।। वा.रा. 5/15/28
स्वक्षिभ्रूकेशान्तमरालपक्ष्म् । वही, 5/29/7
26. यस्या वक्त्रं शशिनिभं भ्रुवो चापनिभेशुभे ।। वही, 7/26/18
27. तस्या: शलाकाजननिर्मितेव कान्तिभ्रूवोरायलेख्योर्यो
तां वीक्ष्य लीला चतुरामनंग: स्वचापसौन्दर्यमदं मुमोंच।। कुमार. 1/47
28. धनुषी रतिपंचबाणयोरुदिते विभृजयायतभ्रूवा । नै.च. 2/28
29. न हिं तां सूक्ष्मपक्ष्माक्षीं .... वा.रा. 4/1/30
30. .... सुपक्ष्मताभ्रायतषुक्ललोचनाम् । वही, 5/29/2
31. तस्या: शुभं वाममरालपक्ष्म .... वही, 5/29/2
स्वक्षिभ्रुकेशान्तमरालपक्ष्म । वही, 5/29/7
32. उत्पक्ष्मणा ममसखे मदिरेक्षणाया:
तस्या: समागतमिवाननमाननेन। विक्रम. 2/13

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय /महाविद्यालय के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन

मीना भुटेजा (कालरा)*

शोध सारांश – उत्पादन, निवेश, विपण्णन और आयोजन की आधुनिक पद्धतियों में जटिलता को आत्मसात् करने के लिए उच्च स्तरीय ज्ञान और कौशल आवश्यक है। इसलिए इन्होनें शिक्षा के महत्व को बढ़ा दिया है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना है । प्रस्तुत शोध अध्ययन दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों/महाविद्यालयों से 300 शिक्षको का चयन यादृच्छिक प्रतिचयन विधि द्वारा किया गया। सांवेगिक बुद्धि के चरों के मापन हेतु स्वनिर्मित मापनी का उपयोग किया गया। शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों के की सांवेगिक बुद्धि की तुलना हेतु टी-परीक्षण एवं का प्रयोग किया गया। आँकड़ों के विश्लेषण से परिकल्पना 'शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं' असत्य सिद्द हुई।

प्रस्तावना – संवेगात्मक बुद्धि स्वयं की एवं दूसरों की भावनाओं अथवा संवेगों को समझने, व्यक्त करने और नियंत्रित करने की योग्यता है। दूसरे शब्दों में, अपनी और दूसरों की भावनाओ को पहेचानने की की क्षमता, अलग भावनाओं के बीच भेदभाव और उन्हें उचित रूप से लेबल करना, सोच और व्यवहार मार्गदर्शन करने के लिए भावनात्मक जानकारी का उपयोग को **संवेगात्मक बुद्धि** कहते हैं।

अपनी भावनाओं, संवेगों को समझना उनका उचित तरह से प्रबंधन करना ही भावनात्मक समझ है। व्यक्ति अपनी 'भावनात्मक समझ' का उपयोग कर सामने वाले व्यक्ति से ज्यादा अच्छी तरह से संवाद कर सकता है और ज्यादा बेहतर परिणाम पा सकता है।

डेनियल गोलमैन (Daniel Goleman) की पुस्तक 'भावनात्मक बुद्धि' (Emotional Intelligence) ने इस शब्द को को सारे विश्व में प्रचलित कर दिया। इससे पहले बुद्धि लब्धि को ही सब कुछ माना जाता था। अब यह माना जाने लगा है कि एक अच्छी बुद्धि लब्धि वाला व्यक्ति अच्छी सफलता पा सकता है पर सबसे ऊपर पहुचने के लिए भावनात्मक समझ का होना भी जरूरी है। अच्छी भावनात्मक समझ रखने वाला व्यक्ति कभी भी क्रोध और खुशी के अतिरेक में आ कर अनुचित कदम नही उठाता है।

भावनात्मक बुद्धि के तीन प्रकार बताये गये है। क्षमता प्रकार पीटर सालवोय और जॉन मेयर द्वारा सांचलित है जो भावनात्मक प्रक्रिया की जानकारी और सामाजिक वातावरण नेविगेट करने के लिए इसका इस्तेमाल करने के लिए व्यक्ति की क्षमता पर केंद्रित है। कोन्स्टेंटीन वॅसिली पेत्रिदेस द्वारा विकसित दूसरे प्रकार मे व्यवहार स्वभाव और स्वयं कथित क्षमता शामिल है और आत्म वर्णन के माध्यम से मापा जाता है। आखरी प्रकार एक क्षमता और विशेषता का मिश्रण है। यह डॅनियल गोलेमान द्वारा विकसित नमूना, भावनात्मक बुद्धि को कौशल और विशेषताओं की सरणी के तौर पर परिभाषित किया है जो नेतृत्व के प्रदर्शन के लिए मार्ग का काम करता है। अध्ययन से पता चलता है कि उच्च भावनात्मक बुद्धि के साथ लोगों को अधिक से अधिक मानसिक स्वास्थ्य, अनुकरणीय काम के प्रदर्शन, और अधिक शक्तिशाली नेतृत्व कौशल है।

उत्पादन, निवेश, विपण्णन और आयोजन की आधुनिक पद्धतियों में जटिलता को आत्मसात् करने के लिए उच्च स्तरीय ज्ञान और कौशल आवश्यक है। इसलिए इन्होनें शिक्षा के महत्व को बढ़ा दिया है। स्वतन्त्रता के बाद अनुसूचित जनजातियों के लिए शैक्षिक विस्तार विशेष रूप से प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर पर हुआ है। लेकिन उच्च शिक्षा में इस वर्ग की भागीदारी बहुत ही कम रही है। अनुसूचित जनजाति के जो परिवार शहर में बसे हुये हैं, उनमें शिक्षा का प्रतिशत काफी अच्छा है; लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों में शिक्षा का प्रतिशत अभी भी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की तो काफी प्रगति हुई है लेकिन माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा का प्रसार बहुत कम है।

इसके फलस्वरूप ही अनुसुचित जनजाति के लिये जो योजनायें तथा अवसर सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं उनका अधिकांश लाभ शहर में बसे अनुसूचित जनजाति के लोग ही उठा लेते हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उच्च शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा का प्रतिशत कम होने के कारण योजनाओं तथा अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते। ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसूचित जनजाति के लोगों में शहरी क्षेत्रों के मुकाबले शैक्षिक विकास कम हुआ है इसी कारण से उनकी आर्थिक स्थिति शहरी क्षेत्रों के परिवारों के मुकाबले अच्छी नहीं है।

इस प्रकार शैक्षिक विकास के इस प्रतिमान ने उनके आर्थिक अवसरों को अनिवार्य रूप से प्रभावित किया है। जहाँ शिक्षित अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिये रोजगार के अवसर बढ़े हैं वहाँ निरक्षर और अर्धसाक्षर अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिये रोजगार के अवसर कम होने लगे हैं और इस प्रकार कार्य सहभागिता में उनका अनुपात उल्टी गति से बढ़ने लगा है। लेकिन शिक्षा उन्हें कतिपय आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक कार्यो को सम्पन्न कराने योग्य बनाती है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सम्पन्न करती है। शिक्षा को ऐसे उपकरण के रूप में मान्यता दी गई है जिसका उपयोग समाज में

* शोधार्थी, पेसिफिक विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

परिवर्तन, विकास एवं आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में किया जा सके। अदिवासी हो अथवा गैर आदिवासी, व्यक्ति पर उनके चारों ओर के वातावरण का प्रभाव पड़े बिना नहीं रहता, आज के इस भौतिक एवं वैज्ञानिक युग में समायोजन एवं सृजनात्मकता के अवसरों को विकसित करने की आवश्यकता है जिससे सांवेगिक बुद्धि में तीव्रता उत्पन्न हो सके।

बानो रेशमा (2011) ने माध्यमकि स्तर के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि में सम्बन्ध और पाया कि संवेगात्मक बुद्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि में धनात्मक संबंध होता हैं।

दिनेश ठाकुर और श्रीमती योगेश (2013) ने विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के विद्यर्थियों की बुद्धि स्तर का तुलनात्मक अध्ययन किया और निष्कर्ष के रूप में पाया कि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों में बुद्धि स्तर तुलनात्मक रूप से अधिक होता हैं।

राठौर योगिता एवं संस्मति मिश्रा (2015) ने ग्रामीण विद्यार्थियों के मध्य सामाजिक बुद्धि एवं समायोजन के आधार का तुलनात्मक अध्ययन एवं पाया कि ग्रामीण विद्यार्थियों में सामाजिक बुद्धि एवं समायोजन के मध्य सकारात्मक संबंन्ध होता हैं।

लाखेरा संगीता (2015) ने शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के आदिवासी जिले के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि का अध्ययन करना।
2. शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के गैर–आदिवासी जिले के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि का अध्ययन करना।
3. शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध अध्ययन परिकल्पनाएँ :

1. शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं।
2. शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं।

न्यादर्श का चयन – जिले के सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों/ महाविद्यालयों से शिक्षको का चयन यादृच्छिक प्रतिचयन विधि द्वारा किया गया। प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु चयनित न्यादर्श को निम्नांकित रूप से दर्शाया गया है।



अध्ययन के चर

- **स्वतंत्र चर**

1. शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय (BSTC) के शिक्षक
2. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (B.Ed.) के शिक्षक

- **आश्रित चर**
- सांवेगिक बुद्धि

3.6 उपकरण – अनुसंधान प्रक्रिया की एक और महत्तवपूर्ण कड़ी हैं – अनुसंधान सामग्री अथवा प्रदत्तों का संग्रहण। अनुसंधान के उद्देश्यों की पूर्ति एवं परिकल्पनाओं का परीक्षण उपयुक्त एवं संबंधित सूचनाओं एवं सामग्री के विश्लेषण पर निर्भर करता हैं। प्रत्येक अनुसंधान में दत्तों का संकलन करने के लिये कुछ साधनों की आवश्यकता होती है इन्ही साधनों को उपकरण कहा जाता हैं। अनुसंधान की सफलता के लिये उपयुक्त उपकरणों के चयन का बहुत अधिक महत्तव है। विभिन्न उद्देश्यों के लिये भिन्न–भिन्न प्रकार से सूचनायें एकत्रित करने के लिये भिन्न–भिन्न प्रकार के उपकरण प्रयोग में लाये जाते हैं।

प्रस्तुत शोध अध्ययन को सफल बनाने तथा उद्देश्यों की सफलता पूर्वक प्राप्ति के लिये अनुसंधानकर्त्ता ने निम्नलिखित स्वनिर्मित उपकरण का चयन किया हैं।

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु तीन प्रकार के उपकरणों को प्रयुक्त किया गया जो निम्न होंगे –

- **सांवेगिक बुद्धि** के चरों के मापन हेतु **स्वनिर्मित मापनी** Self Made Test का उपयोग किया गया।

सांवेगिक बुद्धि के मापन हेतु – स्वनिर्मित उपकरण

सांवेगिक बुद्धि प्रमापनी

1. प्रथम सोपान – सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन

2. द्वितीय सोपान – सम्बन्धित क्षेत्रों का चयन – शोधकर्त्ता द्वारा समस्या से सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन के बाद समस्या से सम्बन्धित क्षेत्रों का चयन किया गया। विशेषज्ञों की राय से निम्नांकित क्षेत्रों का चयन किया गया –

- स्व–जागरुकता
- सहानुभूति
- स्व–प्रेरणा
- सांवेगिक स्थिरता
- संबंध प्रबंधन
- अखंडता
- स्व–विकास
- मूल्य विन्यास
- प्रतिबद्धता
- परोपकारी व्यवहार

3. तृतीय सोपान – क्षेत्रवार कथनों का निर्माण – सांवेगिक बुद्धि प्रमापनी के निर्माण हेतु चयनित क्षेत्रों के आधार पर कथनों का निर्माण किया गया है। कथनों का निर्माण करने में शोधकर्त्ता ने संबंधित साहित्य एवं उपलब्ध उपकरणों के आधार पर कुल 60 कथनों का निर्माण किया।

4. चतुर्थ सोपान – कथनों पर विशेषज्ञों की राय – संकलित कथनों की प्रतियां बनाकर विषय विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, प्रोफेसरों, प्रधानाध्यापकों एवं अनुसंधान विषय के अनुभवी प्राध्यापकों को दी गई। उनसे अनुरोध किया गया कि संबंधित कथनों पर सही–गलत का निशान लगाएं एवं

असंबंधित कथनों में विशेषज्ञों की राय के आधार पर कथनों में सुधार किया गया। जिन कथनों पर 70 प्रतिशत विशेषज्ञों ने राय दी उन कथनों को प्रमापनी में रखा गया। इस प्रकार अस्पष्ट कथनों को पृथक कर 50 कथनों की एक प्रमापनी तैयार की गई।

5. पंचम सोपान – पूर्व परीक्षण – प्रमापनी के कथनों का अन्तिम चयन हो जाने के पश्चात् प्रमापनी का पूर्व परीक्षण आवश्यक हो जाता है ताकि ये पता लग सके कि शिक्षक उत्तारदाता कथनों को भली–भांति समझे या नहीं। यह ध्यान में रखते हुए शोधकर्त्ता द्वारा प्रमापनी की प्रतियां चयनित विद्यालय तथा महाविद्यालय के छात्रों पर प्रशासित की गई। प्राप्त उत्तारों से इस परिणाम पर पहुंचा गया कि प्रमापनी का भाषा स्तर उपयुक्त है। तथा कथनों से वांछित सूचनाऐं प्राप्त हो रही है।

6. षष्टम् सोपान – प्रमापनी का अन्तिम प्रारूप – पूर्व परीक्षण के बाद प्रमापनी का अंतिम प्रारूप तैयार किया गया।

1. क्षेत्रों के अनुसार कथन बनाये।
2. प्रत्येक कथन पंच बिन्दु मापनी के रूप में प्रस्तुत किया गया–अत्यधिक असहमत, असहमत, उदासीन, सहमत, अत्यधिक सहमत।
3. सांवेगिक बुद्धि प्रमापनी के ऊपर निर्देश लिखे गये।

7. सप्तम सोपान – उपकरण का प्रशासन – अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की सांवेगिक बुद्धि प्रमापनी को 120 शिक्षक पर प्रशासित किया गया। फिर उत्तर पुस्तिकाओं का अंकन करने के पश्चात् उनके अंकों को बड़े से छोटे क्रम में जमाया गया। इस प्रकार क्रम से जमा उत्तर पत्रकों में से 27 प्रतिशत को उच्च समूह तथा 27 प्रतिशत को निम्न समूह में रखा। बीच के शेष पत्रकों को छोड़ दिया गया। अधिक अंक प्राप्त करने वाले 32 शिक्षकों के समूह को उच्च समूह एवं कम अंक प्राप्त करने वाले 32 शिक्षकों के समूह को उच्च समूह एवं कम अंक प्राप्त करने वाले 32 शिक्षकों के समूह को निम्न समूह कहा गया। इस प्रकार प्राप्त उच्च समूह एवं निम्न समूह के शिक्षक उत्तारदाताओं के आधार पर प्रत्येक कथन का विश्लेषण करने के लिए कथनवार टी.मान निकाला गया। शोधकर्त्ता द्वारा सांवेगिक बुद्धि के 50 कथनों पर निकाला गया टी मान सार्थक प्राप्त होने पर चयनित किए गए तथा असार्थक मान प्राप्त होने पर इन कथनों का चयन नहीं किया गया है। इस प्रकार 34 कथनों का चयन किया गया है।

सांवेगिक बुद्धि प्रमापनी की विश्वसनीयता – उपकरण के सम तथा विषम कथनों में **r = 0.74** (आधे उपकरण का) सह संबंध गुणांक प्राप्त हुआ। इस प्रकार अर्द्ध विच्छेदन विधि से सम्पूर्ण उपकरण की विश्वसनीयता **0.851** प्राप्त हुई। जो यह प्रदर्शित करता है कि शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित उपकरण विश्वसनीय है।

वैधता – शोधकर्त्ता ने सांवेगिक बुद्धि प्रमापनी के कथनों का चयन विशेषज्ञों की 90 प्रतिशत (10 में से 9) सहमति के आधार पर किया है। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि शोधकर्त्ता द्वारा बनाई गई सांवेगिक बुद्धि वैध है।

प्रदत्ता संकलन – किसी भी शोधकार्य के लिये प्रदत्तों का संकलन तथा इनके व्यवस्थित विश्लेषण के लिये जिस प्रक्रिया का सहारा लिया जाता है उसे प्रविधि कहते हैं। न्यादर्शों के चयन एवं उपकरण के निर्माण के पश्चात् सभी चयनित विद्यालयों में संस्था प्रधानों से पूर्वानुमति लेकर व्यक्तिगत रूप से सभी विद्यालयों में जाकर उनसे प्रदत्ता संकलन किया गया। प्रदत्ता संकलन हेतु सभी चयनित न्यादर्शों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में 'स्वनिर्मित प्रश्नावली' को भरवाया गया। प्राप्त तथ्यों को सारणीबद्ध किया गया तत्पश्चात् प्राप्त तथ्यों का सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया। सांख्यिकीय विश्लेषण में निम्न सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग किया गया।

शोध में प्रयुक्त सांख्यिकी तकनीकी

मध्यमान

मानक विचलन

टी–परीक्षण – सांख्यिकीय विश्लेषण कम्प्यूटर का प्रयोग कर SPSS (Statistical Package for Social Sciences) किया गया।

आँकड़ों का विश्लेषण – शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों के सांवेगिक बुद्धि के क्षेत्र कूल सांवेगिक बुद्धि की तुलना को सारणी संख्या 1 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 1 – शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों के कूल सांवेगिक बुद्धि की तुलना

	कूल सांवेगिक बुद्धि	
	शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षक	शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षक
N	150	150
मध्यमान	59.26	64.47
मानक विचलन	8.43	13.56
मध्यमान अन्तर	5.213	
'टी मान'	3.998	
सार्थकता	0.000	

उपर्युक्त सारणी को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेगिक बुद्धि का मध्यमान 59.26 तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों की कूल सांवेगिक बुद्धि का मध्यमान 64.47 प्राप्त हुआ। मध्यमान अन्तर 5.213 तथा 'टी मान' 3.998 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है। तात्पर्य है कि शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेगिक बुद्धि में सार्थक अन्तर है। मध्यमान अंको को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेगिक बुद्धि शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में कम होती है।

आदिवासी जिले तथा गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों के कूल सांवेगिक बुद्धि की तुलना को सारणी संख्या 2 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 2 – आदिवासी जिले तथा गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों के कूल सांवेगिक बुद्धि की तुलना

	कूल सांवेगिक बुद्धि	
	आदिवासी जिले के शिक्षक	गैर आदिवासी जिले के शिक्षक
N	150	150
मध्यमान	58.07	65.66
मानक विचलन	8.19	13.14
मध्यमान अन्तर	7.59	
'टी मान'	6.00	
सार्थकता	0.000	

उपर्युक्त सारणी को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों एवं शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेगिक बुद्धि का मध्यमान 58.07 तथा गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों एवं शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के

शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि का मध्यमान 65.66 प्राप्त हुआ। मध्यमान अन्तर 7.59 तथा 'टी मान' 6.00 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है। तात्पर्य है कि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों/महाविद्यालयों तथा गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि में सार्थक अन्तर है। मध्यमान अंको को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों की की कूल सांवेंगिक बुद्धि गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में कम होती है।

आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों के कूल सांवेंगिक बुद्धि की तुलना को सारणी संख्या 3 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 3 – आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों के कूल सांवेंगिक बुद्धि की तुलना

	कूल सांवेंगिक बुद्धि	
आदिवासी जिले के शिक्षक	शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षक	शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षक
N	75	75
मध्यमान	56.91	61.61
मानक विचलन	7.68	8.54
मध्यमान अन्तर	4.71	
'टी मान'	3.55	
सार्थकता	0.001	

उपर्युक्त सारणी को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि का मध्यमान 56.91 तथा आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि का मध्यमान 61.61 प्राप्त हुआ। मध्यमान अन्तर 4.71 तथा 'टी मान' 3.55 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है। तात्पर्य है कि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि में सार्थक अन्तर है। मध्यमान अंको को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षकों की की कूल सांवेंगिक बुद्धि आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में कम होती है।

गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों के कूल सांवेंगिक बुद्धि की तुलना को सारणी संख्या 4 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 4 – गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों के कूल सांवेंगिक बुद्धि की तुलना

	कूल सांवेंगिक बुद्धि	
गैर आदिवासी जिले के शिक्षक	शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षक	शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षक
N	75	75
मध्यमान	59.24	69.71
मानक विचलन	8.56	15.54
मध्यमान अन्तर	10.47	
'टी मान'	5.11	
सार्थकता	0.000	

उपर्युक्त सारणी को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि का मध्यमान 59.24 तथा गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि का मध्यमान 69.71 प्राप्त हुआ। मध्यमान अन्तर 10.47 तथा 'टी मान' 5.11 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है। तात्पर्य है कि गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों तथा गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की कूल सांवेंगिक बुद्धि में सार्थक अन्तर है। मध्यमान अंको को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों के शिक्षकों की की कूल सांवेंगिक बुद्धि गैर आदिवासी जिले के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में कम होती है।

निष्कर्षः

1. आँकड़ों के विश्लेषण से परिकल्पना '*शक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालय के आदिवासी एवं गैर आदिवासी जिले के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं*' **असत्य** सिद्द होती हैं।
2. आँकड़ों के विश्लेषण से परिकल्पना 'शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों की सांवेगिक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं' **असत्य** सिद्द होती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बानो रेशमा, 'माध्यमकि स्तर के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि में सम्बन्ध', परिप्रेक्ष्य – शैक्षिक योजना और प्रशासन का सामाजिक–आर्थिक संदर्भ, 2011; 18(2):109.121.
2. दिनेश ठाकुर और श्रीमती योगेश, 'विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के विद्यर्थियों की बुद्धि स्तर का तुलनात्मक अध्ययन', सन्दर्भ (वैश्विक शैक्षिक परिप्रेक्ष्य), 3(1), 2013ण
3. राठौर योगिता एवं संस्मति मिश्रा, 'ग्रामीण विद्यार्थियों के मध्य सामाजिक बुद्धि एवं समायोजन के आधार का तुलनात्मक अध्ययन', International Journal of Multidisciplinary Research and Development, Vol. (2)2:434-436, 2015.
4. लाखेरा संगीता, 'शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन', International Journal of Multidisciplinary Research and Development, 4(2):1-4, 2015.

****

सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन

हेमन्त त्रिवेदी *

शोध सारांश – अध्यापक शिक्षा सामाजिक, शैक्षणिक मार्गदर्शन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सक्षम अभिकरण है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना है । प्रस्तुत शोध अध्ययन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के 200 छात्र शिक्षक एवं 200 छात्रा शिक्षकों को चयनित याद्दच्छिक प्रतिचयन विधि द्वारा किया गया। तनाव के चरों के मापन हेतु अरूण कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह एवं अर्पणा सिंह द्वारा निर्मित मानकीकृत उपकरण सिंह परसोनल स्ट्रेस सोर्स इनवेंटरी का उपयोग किया गया। सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों तथा छात्रा शिक्षकों के तनाव की तुलना हेतु टी–परीक्षण का प्रयोग किया गया। आँकड़ों के विश्लेषण से परिकल्पन *'सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं'* असत्य सिद्द हुई।

प्रस्तावना – शिक्षा को सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक माध्यम के साथ ही सामाजिक परिवर्तन का कारक भी माना जाता है, अत: अध्यापक शिक्षा सामाजिक, शैक्षणिक मार्गदर्शन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सक्षम अभिकरण है। संज्ञानात्मक एवं सामाजीकरण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समाज ही अध्यापक को दायित्व प्रदान करता है। इस दायित्व की पूर्ति अध्यापक वर्ग पर तथा उनकी गुणवत्ता, अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। आजकल बच्चों की शिक्षा मनोविज्ञान तथा उनकी योग्यता एवं क्षमता के आधार पर करना आवश्यक होता है। इसके लिए अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। अत: इस द्दष्टि से अध्यापक शिक्षा अति महत्वपूर्ण मानी जाती है।

तनाव उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों के प्रति एक अन्य संवेगात्मक अनुक्रिया भी होती है जिससे बाद में व्यक्ति आक्रामक व्यवहार करने लगता है और यदि ऐसे उद्दीपक प्राणी के सामने अधिक समय तक बनी रहे तो वह उनके प्रति आक्रमकता पूर्ण व्यवहार भी करने लगता है। तनाव उत्पन्न करने वाली परिस्थिति के प्रति कुछ लोगों में क्रोध एवं आक्रमकता का व्यवहार न होकर ठीक उसके विपरीत भावशून्यता तथा विषाद का भाव विकसित हो जाता है, सामान्यत: यह देखा गया है कि अगर तनावपूर्ण परिस्थिति व्यक्ति के सामने बनी होती है और व्यक्ति उसके साथ निबटने में सफल नहीं होता है, तो वह उनके प्रति भावशून्यता या उदासीनता विकसित कर लेता है जो बाद में व्यक्ति में विषादी प्रवृत्ति उत्पन्न कर देता है।

रोबिन्सन (2010) ने अपने शोध प्रपत्र में विद्यार्थियों की दुश्चिन्ता, निराशा, तनाव एवं न्नतिबल से बचने हेतु ADTS विधि के प्रयोग को बल दिया। इस विधि में A - Anxiety Control, D - Defeating Depression, T - Tenssion Reduction and S = Stress Management की प्रविधियों को महत्व दिया। शोध प्रपत्र से यह निष्कर्ष प्रतिपादित किया कि विद्यार्थी ADTS विधि द्वारा अकादमिक सफलता को प्राप्त कर सकता हैं।

पाण्डे (2006) ने उच्च एवं निम्न तनाव ग्रस्त छात्रों में तनाव और व्यक्तित्व कारकों का अध्ययन किया। उनके अध्ययन का उद्देश्य उच्च एवं निम्न तनाव ग्रस्त छात्रों में तनाव और व्यक्तित्व कारकों के मध्य संबंध का अध्ययन करना था। इन्होने शोध हेतु व्यक्तित्व कारक प्रश्नावली जिससे 22 व्यक्तित्व कारकों का मापन किया जा सकता है एवं जिसमें 176 पद थे, का प्रयोग किया। प्रयोज्यों हेतु उन्होने याद्दच्छिक प्रतिचयन विधि से 37 इलाहबाद स्कूल के कक्षा 11 के छात्रों को चयनित किया तथा विश्लेषण में सार्थकता को जाँचने हेतु 'टी' टेस्ट का प्रयोग किया गया। अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष में पाया कि जो छात्र ज्यादा तनावग्रस्त थे वे अपेक्षाकृत अधिक अन्त: वैयक्तिक एवं अन्त: वैयक्तिक समायोजन की आवश्यकता महसुस करते है।

गुप्ता (2006) ने यह अध्ययन किया कि क्या छात्राध्यापक, अध्यापन प्रयास के दौरान उच्च अकादमिक स्तर पर तनाव को महसुस करते है ? इस हेतु उन्होने 62 छात्राध्यापक एवं 60 छात्राध्यापिकाओं को चयनित किया और एक स्वनिर्मित मापन द्वारा उनमें तनाव को ज्ञात किया। दत्ता विश्लेषण हेतु प्रोडेक्ट मोमेन्ट सहसंबंध गुणांक एवं टी मान की गणना की गई। निष्कर्ष के रूप में छात्राध्यापिकाओं में अध्यापन प्रयास के दौरान तनाव एवं उनके अकादमिक स्तर में सार्थक सहसंबंध पाया गया तथा विभिन्न समूहों के मध्य उच्च एवं औसत अकादमिक स्तर पर सार्थकता परीक्षण में कला एवं विज्ञान के छात्राध्याक एवं छात्राध्यापिकाएँ तथा कला की छात्राध्यापिकाएँ अपेक्षाकृत अधिक तनाव ग्रस्त पाई गई।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों में तनाव के स्तर का अध्ययन करना।
2. सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर का अध्ययन करना।
3. सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना – सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं।

शोध में प्रयुक्त विधि – प्रस्तुत शोध में मापनी पूर्ति हेतु न्यादर्श चयन के लिये अनुसंधानकर्त्ता ने प्रस्तुत अध्ययन हेतु याद्दच्छिक प्रतिचयन विधि से न्यादर्शों का चयन किया हैं। इस विधि का प्रयोग एक तो सीमित विधि के

* शोधार्थी, पेसिफिक विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

संदर्भ में करते हैं इस प्रतिदर्श के सदस्यों को इस प्रकार चुनते है कि प्रतिदर्श एवं समष्टि के ज्ञात गुणों के केन्द्रिय माप एवं विचलन समान हो।

न्यादर्श का चयन – प्रस्तुत शोध अध्ययन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के कुल 400 विद्यार्थियों पर किया गया। जिनमें से 200 छात्र शिक्षक एवं 200 छात्रा शिक्षकों को चयनित किया गया। जिले के सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों से शिक्षक विद्यार्थियों का चयन **यादृच्छिक प्रतिचयन विधि** द्धारा किया गया।

अध्ययन के चर

- **स्वतंत्र चर**

1. छात्र एवं छात्रा विद्यार्थी शिक्षक

- **आश्रित चर**

1. तनाव

उपकरण – तनाव के चरों के मापन हेतु अरूण कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह एवं अर्पणा सिंह द्धारा निर्मित मानकीकृत उपकरण **सिंह परसोनल स्ट्रेस सोर्स इनवेंटरी** का उपयोग किया गया। तनाव के चरों के मापन हेतु अरूण कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह एवं अर्पणा सिंह द्धारा इस इंनवेटरी को निर्मित किया गया। कुल तीन क्षेत्रों में प्रत्येक में 10-10 प्रश्न है। परीक्षण का विश्वसनीयता गुणांक 0.83 तथा वैद्यता गुणांक 0.79 है।

प्रदत्त संकलन – न्यादर्शों के चयन एवं उपकरण के निर्णयन के पश्चात् सभी चयनित विद्यालयों में संस्था प्रधानों से पूर्वानुमति लेकर व्यक्तिगत रूप से सभी विद्यालयों में जाकर उनसे प्रदत्त संकलन किया गया। प्रदत्त संकलन हेतु सभी चयनित न्यादर्शों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मानकीकृत परीक्षण को भरवाया गया। प्राप्त तथ्यों को सारणीबद्ध किया गया तत्पश्चात् प्राप्त तथ्यों का सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया। सांख्यिकीय विश्लेषण में निम्न सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग किया गया।

प्रयुक्त सांख्यिकी तकनीकी

1. **मध्यमान**
2. **मानक विचलन**
3. **टी-परीक्षण**

सांख्यिकीय विश्लेषण कम्प्यूटर का प्रयोग कर SPSS (Statistical Package for Social Sciences) किया गया। साथ ही संमकों को वैज्ञानिक कसौटी पर कसने के लिये 0.05 एवं 0.01 स्तर पर उनकी सार्थकता की जाँच की गई।

आँकड़ों का विश्लेषण – सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों तथा छात्रा शिक्षकों के तनाव की तुलना को सारणी संख्या 1 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 1 – सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों तथा छात्रा शिक्षकों के तनाव की तुलना

	सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के	
	छात्र शिक्षक	छात्रा शिक्षक
N	200	200
मध्यमान	74.88	69.40
मानक विचलन	6.478	5.118
मध्यमान अन्तर	5.480	
'टी मान'	9.388	
सार्थकता स्तर	0.01	

उपर्युक्त सारणी को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों के तनाव का मध्यमान 74.88 तथा सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की छात्रा शिक्षकों के तनाव का मध्यमान 74.88 प्राप्त हुआ । मध्यमान अन्तर 5.480 तथा 'टी मान' 9.388 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है। तात्पर्य है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्रों तथा सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की छात्राओं के तनाव में सार्थक अन्तर है। मध्यमान अंको को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की छात्रा शिक्षकों का तनाव सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों के तनाव से अधिक होता है।

सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों तथा छात्रा शिक्षकों के तनाव की श्रेणी अनुसार तुलना को सारणी संख्या 2 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 2 – सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र शिक्षकों तथा छात्रा शिक्षकों के तनाव श्रेणी अनुसार तुलना

		तनाव श्रेणी		योग	काई वर्ग(p मान)
		सामान्य	उच्च		
छात्र शिक्षक	f	147	53	200	29.033(0.000)
	%	73.5%	26.5%	100.0%	
छात्रा शिक्षक	f	187	13	200	
	%	93.5%	6.5%	100.0%	
योग	f	334	66	400	
	%	83.5%	16.5%	100.0%	

उपर्युक्त सारणी को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के कुल छात्र व छात्रा शिक्षकों में से 83.5 प्रतिशत का तनाव स्तर सामान्य तथा 16.5 प्रतिशत का तनाव स्तर उच्च है। सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के कुल छात्र शिक्षकों में से 73.5 प्रतिशत का तनाव स्तर सामान्य तथा 26.5 प्रतिशत का तनाव स्तर उच्च है। जबकि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के कुल छात्रा शिक्षकों में से 93.5 प्रतिशत का तनाव स्तर सामान्य तथा 26.5 प्रतिशत का तनाव स्तर उच्च है। काई -वर्ग का मान 29.033 प्राप्त प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है। तात्पर्य है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्रों तथा सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की छात्राओं के तनाव श्रेणी में सार्थक अन्तर है। प्रतिशत अंको को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की कुल छात्र व छात्रा शिक्षकों में से उच्च तनाव स्तर के छात्र शिक्षक छात्रा शिक्षकों की तुलना में अधिक है।

निष्कर्ष – आँकड़ों के विश्लेषण से परिकल्पना *'सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्रा शिक्षकों में तनाव के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता हैं'* **असत्य** सिद्द होती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Robinson, D. (2010) : "The self help process of adolescents", Journal of Adolescent Development", Lipzic, W. Gernaj, Vol. 2, p. 17-28.
2. Bisht, A. R. (2000) : ` A Study of stress in relation to school climate and academic achievement', Third Survey of Education in Research Survey.
3. Pandey, S.P. (2006) : `Personality in relation to stress among students", Trends and Thoughts of Education.

वाल्मिकि रामायण में कन्या का स्वरुप

डॉ. पंकज कुमार सिंह *

प्रस्तावना - व्यावाहारिक जीवन में नारी की प्रमुख तीन अवस्थायें दृष्टिगोचर होती है। प्रथम अवस्था जन्म से लेकर विवाह के पूर्व तक कौमार्य की है, जिसे नारी का 'कन्यारुप' कहा जा सकता है। द्वितीय अवस्था विवाह के बाद आरंभ होती है, जो नारी का 'पत्नीरुप' है तथा तीसरी अवस्था संतान जनन के बाद आरंभ होती है, जो इसका 'मातृरुप' है। मनु महाराज ने नारी जीवन की इन तीनों अवस्थाओं का निर्देश किया है। इन्होने कहा है कि कौमार्य में नारी का रक्षक उसका पिता होता है। वह पिता के सरंक्षण में रहकर अपने कन्या जीवन को व्यतीत करती है। यौवन में जब नारी वैवाहिक सूत्र में बँध जाती है, उसका रक्षक पति हो जाता है। तीसरी वृद्धावस्था में नारी पुत्र के संरक्षण में चली जाती है। इन तीन अवस्थाओं के अतिरिक्त नारी जीवन के कुछ और रुप हैं, जैसे- विधवा, वियोगिनी, वेश्या, कुलटा इत्यादि। प्रस्तुत अध्याय में रामायण के परिप्रेक्ष्य में नारी का कन्या जीवन ही विचारणीय है।

रामायण कालीन कन्या जीवन पर विचार करने के पूर्व वैदिककालीन कन्या जीवन पर सामान्य रुप से दृष्टिपात कर लेना आवश्यक है, जिससे स्पष्ट हो सके कि रामायण से पूर्वकाल में कन्याओं की जो स्थिति थी, उसकी अपेक्षा रामायण काल में उनकी अवस्था विकासोन्मुखी है या ह्रासोन्मुखी। भारतीय सभ्यता और संस्कृति का शुभारंभ विद्वानों ने वैदिक काल से ही माना है। अत: यहाँ वैदिक और उत्तर वैदिक कालीन कन्या की स्थिति की एक झाँकी प्रस्तुत करना अपेक्षित है। किसी भी समाज में नारी जीवन की जानकारी के लिये यह देखना आवश्यक है कि कन्या जन्म को समाज किस रुप में ग्रहण करता है, उसके जन्म से उसके परिवारवालों को या अन्य सामाजिक जनों को हर्ष होता है या विशाद। उसका जन्म मंगल-स्वरुप माना जाता है या अमंगल स्वरुप। ऋग्वेद में पुत्र-प्राप्ति के लिये प्रार्थनायें तो अवष्य की गयी हैं। लेकिन कन्या के जन्म से घृणा या विशाद कही भी प्रकट नहीं होता है। इससे यह अनुमान किया जा सकता है कि पुत्री की स्थिति भले ही पुत्र के समान स्तर पर नहीं रही हो, किंतु उन्हें निम्न कोटि का भी रही माना जाता था। ऋग्वेद की एक ऋचा मे विवाह कालिक आशीर्वाद में नव-दम्पत्ति को जीवन भर पुत्र-पोत्रों के साथ खेलने का कहा गया है। उस समय पत्नी से वीर पुत्रों के जन्म की कामना की गई है। इन उद्धरणों से भी यही अनुमान होता है कि य़द्यपि ऋग्वेदिककाल में पुत्र को अधिक महत्व अवश्य प्राप्त था, परंजु परिवार या समाज में कन्या की निंदा की जाती थी। माता-पिता या परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा कन्या को भी स्नेह की दृष्टि से देखा जाता था तथा उनके साथ किसी प्रकार का कठोर व्यवहार नहीं किया जाता था।

अथर्ववेद में पुत्र की अपेक्षा कन्या का स्थान कुछ न्यून दिखार्द देता है। यत्र-तत्र कन्या की निंदा भी की गई है। लोग प्रार्थना करते थे कि कन्या का जन्म न हो और उत्पन्न होने वाला गर्भस्थ शिशु यदि पुत्री हो तो वह पुत्र हो जाये। एक मंत्र से पिंग से प्रार्थना की गयी है कि आप बालक की रक्षा जन्म के क्रम में करें। ऐसा न हो कि शत्रुगण बालक को बालिका के रुप में बदल दे। अथर्ववेद के तृतीय काण्ड के 23वें सूक्त में वन्धारुप का नाश करने वाले तथा बालक (पुत्र) का जन्म देने वाले मंत्र प्रयोग का वर्णन है। इस प्रकार षष्ट काण्ड के एकादश सूक्त में पुत्र जन्म के लिये प्रार्थना और पुत्री की निंदा की गई है। अष्टम काण्ड के षष्ठ सूक्त में गर्भवती स्त्री की दृष्ट ग्रहों की रक्षा के लिये प्रार्थना की गयी है जिससे से किसी गर्भस्थ बालक को बालिका के रुप में परिणत न कर दें। इन तथ्यों से प्रतीत होता है कि अथर्ववेदकाल में समाज में कन्या का स्थान हीन हो गया था। इसका कारण यह हो सकता है कि पुत्र पिता के परिवार का स्थायी सदस्य होता था, जबकि पुत्री विवाहोपरांत पति के घर चली जाती थी। पुत्री से पिता के परिवार को कोई विशेष सहयोग प्राप्त नहीं होता था, विपरीतत: विवाह के संदर्भ में अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

उत्तर वैदिक काल में भी कन्या को पुत्र की अपेक्षा कम महत्व प्राप्त था ब्राहमण काल में पुत्र को धार्मिक महत्व दिया गया। पितरो के उद्धार के लिये पुत्र के द्वारा पितृतर्पणादि आवश्यक माने जाने लगा। शतपथ ब्राहमण में कहा गया है कि मनुष्य जन्मकाल से ही देवताओं, ऋषियों, पितरो और मनुष्यों को ऋणी होता है। पुत्र पिता को नकर जाने से बचाता है तथा पितरों की आत्मायें पुत्र के पिण्डदान से संतुष्ट होती है। इन मान्यताओं से पुत्र का महत्व बढ़ जाता है। पुत्र को इतना अधिक धार्मिक महत्व प्राप्त हो जाने के कारण पुत्री उपेक्षित हो गयी। एतेरेय ब्राहमण में तो यहाँ तक कह दिया गया है कि वह जन्म के समय स्वजनों को दु:ख देती है, विवाह के समय समुचित धन (दहेज) ले जाती है, तरुणाई में अनेक दोषों से युक्त होकर वंश को कलंकित कर सकती है। अत: कन्या माता-पिता के हृदय को आघात पहुँचाने वाली होती है।

उपनिषद्काल में स्त्री की स्थिति में कुछ सुधार दृष्टिगोचर होता है। वृहदारण्क उपनिषद् में गृहस्थों को परामर्श दिया गया है कि वे विदुषी पुत्री प्राप्त करने के लिये अनुष्ठान करें। यद्यपि पुत्र जन्म के लिये किया गया पुंसवन संस्कार जितना लोकप्रिय हो सका था, उतना पुत्री-प्राप्ति के लिये किये गये अनुष्ठान नहीं। फिर भी इतना तो अवश्य कहा जा सकता है कि पुत्री को लोग अशिक्षित रखना नही चाहते थे। उनके लिये लोग वैदुश्य की कामना करते थे।

उपर्युक्त विचारों को ध्यान में रखकर अब हमें विचार करता है कि रामायण में चित्रित कन्या जीवन कैसा है - विकासोन्मुख या ह्रासोन्मुख, कन्या के जन्म के संबंध में लोगों की धारणा कैसी थी, उनकी शिक्षा-दीक्षा और पारिवारिक जीवन अर्थात् परिवार के सदस्यों के साथ उनका संबंध कैसा था।

* पीएच.डी. (संस्कृत विभाग) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

रामायण में नारी के कन्या रुप का विस्तारश: उल्लेख नहीं मिलता। मूल कथा में केवल सीता, उर्मिला: श्रुतिकीर्ति और मांडवी की चर्चा आयी है। मात्र श्रीराम के विवाह के समय सीता आदि चारो वाहनों का अतिसंक्षिप्त वर्णन उपलब्ध होता है। रामायण के आनुशांगिक वृत्तों में कुछ कन्याओं की चर्चा की गयी है, यथा कुशनाभ की सौ पुत्रियाँ, राजा शुक्र की कन्या आदि। इन्ही उल्लेखित तथ्यों के आधार पर यहाँ तत्कालीन कन्या जीवन पर विचार किया जा रहा है।

कन्या के प्रति माता-पिता और समाज की धारणा एवं उसकी पारिवारिक स्थिति - रामायण में माता पिता के साथ कन्या के संबंध को प्रेममय बतलाया गया हैं। कन्या परिवार में पूज्या थी। महाभारत में बताया गया है कि माता पिता कन्या को ब्रहमा द्धारा दिया गया धरोहर समझते थे। अपने घर में कन्या का रहना अत्यल्प काल (विवाह पर्यन्त) के लिये जानकर उसका काफी सम्मान करते थे। सामान्य परिवारों की अपेक्षा राजघरानों में कन्या का विशेष सम्मान था। राजा जनक अपनी पुत्री सीता को प्राणों से भी बढ़कर प्रिय मानते थे। इसीलिये वे अपनी कन्या का विवाह सुयोग्य वर से करना चाहते हैं। महाभारत में भी लिखा है कि सीता अपने पिता के प्राणों के समान थी। द्रोपदी भी अपने पिता से अगाध प्रेम करती थी। अत्यन्त प्रिय होने के कारण ही राजा जनक ने अपनी कन्या को 'वीर्यशुल्का' घोषित कर दिया है। सीता अयोनिजा है। फिर भी जनक उसे स्ववीर्योत्पन्न पुत्री से भी बढ़कर मानते है और अत्यन्त प्रेमपूर्वक उसका लालन-पालन करत है। माण्डवी एवं श्रुतिकीर्ति के प्रति भी उनके पिता कुशध्वज द्धारा दिये गये किसी प्रकार की अवमानना का उल्लेख नहीं है। आदिकवि ने महर्षि विश्वामित्र के मुख से एक बार इनकी सुंदरता की प्रशंसा करवायी है। यह केवल विश्वामित्र की उक्ति नही, अपितु राजा जनक ने भी आगे इसका समर्थन किया है। यह वृत्तांत कन्या के प्रति माता पिता के सुंदर विचार का परिचायक है। महाभारत में भी कन्या की सुंदर तथा स्नेहित पारिवारिक स्थिति का परिचय प्राप्त होता है। कन्या के जन्म से आंनदित होकर उसके संस्कार और शिक्षा का प्रबंध करके माता पिता उसका विशेष लाड़-प्यार से लालन-पालन करते थे। पिता की रक्षा एवं माता के संरक्षण में उसके लिये सुख और मनोरंजन के पर्याप्त साधनों का प्रबंध किया जाता था। माता पिता उसके भविष्य की चिंता में उसके लिये सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिये प्रयत्नशील रहते थे। पिता की गोद में बैठकर नीतिशास्त्र का पाठ सुनाने वाली द्रोपदी पितृ स्नेह में पली हुई बालिका का एक चित्र प्रस्तुत करती है। पिता स्नेह से पुत्री कास आलिंगन करता थां और सिर सूँघता था। गरीब परिवार में भी पिता पुत्री का परस्पर व्यवहार प्रेमपूर्ण रहता था, जैसा कि एक ब्राहमण और उसकी कन्या का था। आश्रम में रहने वाले कण्व का भी शकुंतला के प्रति नितान्त स्नेह था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने।
   रक्षन्ति रुथविरे पुत्रा न स्त्री स्वातंत्रयमर्हति ।। मनु. 9/3
2. वीमेन इन द वैदिक एज, एस.राव. शास्त्री, पृष्ठ 2
3. क्रीडन्तो पुत्रौर्नप्तृभिर्मौदमानो स्वेगृहे - ऋग्वेद 10/85/42
4. सुपुत्रा सुभगासति - वही, 10/85/25
5. अथर्ववेद 2/28/2
6. वीमेन इन द वैदिक एज, एस.राव. शास्त्री, पृ. 43
7. ऋणं हवे जायते योऽस्ति। स जायमान एव देवेभ्यं ऋषिभ्य: पितृभ्यो मनुष्येभ्य:।। शत.ब्रा. 1/7/2/1
8. संभवे स्वजन दु:खकारिका, सम्प्रदानसमयेऽर्थहारिका।
   यौवनेऽपि बहुदोशकारिका, दारिका हृदयदारिका पितु:। ऐ.ब्रा. 33/1 पर सायणभाप्य
9. अथ च इच्छेदुदुहिता में संति जायेत, सिलोदनी पाचयितवा अश्नीताम्। वृ.उ. 4/4/18
10. महा. आदि. 145/35
11. सीता प्राणैबर्हुमता देया रामाय में सुता।। वा.रा. 1/67/23
12. महा. आदि. 80/9/10
13. वही, सभा. 22/65
14. वीर्ये शुल्केति में कन्या स्थापितेयमयोतिजा।
    भूतलादुत्थितं तां तु वर्धमानां ममात्मजाम्।
    वीर्यशुल्कैति भगवन् ददामि सुतामहम्। वा.रात्र 1/66/17
15. अस्य धर्मात्मानो राजन् रुपेणाप्रतिमं भुवि।
    सुताद्धयं नरश्रेष्ठ पत्न्यर्थ वरयामहे।। वही, 1/72/5
16. महा. आरण्यक. 23/57-58
17. वही, अनुशासन. 78/14
18. वही, उद्योग. 95/20-21
19. वही, आदि. 145/34-37 एवं 147/1-12
20. वही, 67/30-33

****

कृषि के क्षेत्र में महिलाओं का विकास

प्रीती रवि* डॉ. ए. के. पाण्डे **

प्रस्तावना – वर्तमान मे खेती एक खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ी है। रासायनों के प्रयोग से प्रदुषण बढ़ रहा है तथा मिट्टी की उर्वरक शक्ति का भी हास्य हो रहा है। ऐसे मे संपूर्ण विश्व का ध्यान जंगल संरक्षा, मृदा संरक्षा, स्वास्थ्य संरक्षा एवं वातावरण संरक्षा पर केन्द्रित हो गया है। संपूर्ण विश्व यह मान रहा है कि रासायनिक अवशेष स्वास्थ्य को गंभीर हानि पहुंचाते है। अब समय आ गया है कि इस दिषा मे शीघ्र कदम उठाये जाये। ऐसे मे कृषि श्रमिक महिलाओं की भूमिका अग्रणी हो जाती है। कृषि श्रमिक महिलाएं कार्वनिक खेती के विभिन्न पहलुओं को जानकर रासायनों के प्रयोग से उत्पन्न हुई चुनौतियों का निवारण करके स्वस्थ्य भारत के निर्माण मे महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है।

कृषि श्रमिक महिलाएं वनस्पति पीड़कनाशी के विभिन्न पहलुओं को जानकर रासायनिक पीड़कनाशियों के प्रयोग से उत्पन्न हुई चुनौतियों का निवारण करके स्वास्थ्य भारत के निमार्ण, महत्वपूर्ण योगदान फसल उत्पादन मे कृषि श्रमिक महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है। कृषि श्रमिक महिलाओं को वानस्पतिक पीड़कनाशियों का प्रयोग करना सर्वोत्तम होता है क्योंकि इसका प्रयोग करने के बाद इनसे लाभदायक कीटों को कोई हानि नही पहुंचाती है। कुछ पीड़कनाशियों को आसानी से और कम खर्च मे बनाकर प्रयोग किया जा सकता है तथा कीट अवरोधी होने का भय नही रहता। इसे कृषि श्रमिक महिलाएं स्वयं बना सकती है। इससे उर्वरकों पर जो पैसा खर्च होता है वह बचेगा और बचत की गई राशि को अन्य विकास कार्यो मे लगाया जा सकता है।

फसल उत्पादन मे कृषि श्रमिक महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है। रासायनों के अंधाधुंध प्रयोग से महिलाओं मे अनेक प्रकार की समस्यायें परिलक्षित हो रही है। जैविक कीटनाशी का प्रयोग से स्वास्थ्य फसल उत्पादन भी होगा और महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी इसका कोई प्रतिकूल असर नही पडेग़ा। कृषि महिलाओं को जैविक पीड़कनाशियों का प्रयोग करना सर्वोत्तम होगा, क्योंकि इनका प्रयोग स्थायी होता है। एक बार प्रयोग करने के बाद इनकी क्रिया अपने आप चलती रहती है। इनसे लाभदायक कीटों को कोई क्षति नही पहुंचती है।

भारत मे छोटी जोतों होने के कारण सब्जियों की रोपाई यंत्र का उपयोग लगभग नगण्य है और रोपाई मुख्यतया महिला सब्जी उत्पादकों या महिला श्रमिक द्वारा हांथों से की जाती है। विभिन्न सब्जियों की रोपाई मे महिलाओं की भागीदारी 90 प्रतिशत से भी अधिक है। फल वृक्षों को सामान्यतया अधिक दूरी पर पहले से तैयार गड्ढों मे लगाया जाता है। महिलाओं का फल-वृक्षों की रोपाई का योगदान पुरूषों की तुलना से कम है, लेकिन नये लगाये गये फल वृक्षों मे पानी देने तथा उनकी आरम्भिक देखभाल मे उनकी भूमिका बहुत अधिक है। विभिन्न अन्तसस्यन क्रियाओं जैसे-सिंचाई, विरलन, फसल की निगरानी, खरपतवार निकालना, पीड़कनाशकों के प्रयोग मे महिलाओं की प्रभावी भूमिका है। विभिन्न अन्तशस्यन के प्रयोग मे महिलाओं की प्रभावी भूमिका है। विभिन्न अन्तशस्यन क्रियाओं मे खरपतवार निकालना एक महत्वपूर्ण और उबाऊ प्रक्रिया है और फसल उत्पादन की किसी भी अन्य क्रिया से अधिक श्रम की आवश्यकता होती है। खरपतवार निकालने का कार्य मुख्यतया महिलाओं द्वारा किया जाता है। विभिन्न बागवानी फसलों मे खरपतवार निकालने मे महिलाओं का योगदान 80 से 90 प्रतिशत तक है।

भारतीय शहरी महिलाएं अपने ग्रामीण बहनों को, जो न सिर्फ घरेलू काम-काज की जिम्मेदारी का निर्वाह करती है बल्कि पुरूषों के साथ खेतों मे भी हांथ बटाती है, उसकी भांती ही घर की चार दिवारी से बाहर निकलकर आय सृजित करने लगी है। महिलाओं को मां के कर्तव्य के साथ-साथ उसे सुसंस्कृति गृहिणी की भूमिका का भी निर्वाह सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए करना पड़ता है। महिलाएं अपना जीवन यापन के लिए और आर्थिक सहायता के लिए तथा समाज का सदस्य होने के नाते अपने संतोष के लिए काम करती रहती है।

मार्क्स ने कहा था कि 'स्त्रियों की सामाजिक स्थिति से सामाजिक प्रगति को ठीक-ठाक मापा जा सकता है' राष्ट्र के निर्माण मे स्त्रियों का योगदान काफी महत्व रखता है लेकिन राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और विकास मे भी स्त्रियों की भूमिका कुछ कम महत्व नही रखती। (महिला सशक्तिकरण और कामकाजी महिलाएं)

सतना शहर मे महिला श्रमिकों की स्थिति और संख्या मे लगातार वृद्धि हो रही है लेकिन छोटे कस्बों और गांवों मे स्थिति अभी भी बहुत अच्छी नही है। अभी कुछ समय पूर्व कामकाजी महिलाओं के संदर्भ मे एक अध्ययन किया गया है जिनके नतीजों का उल्लेख यहां प्रसंगिक होगा। इस अध्ययन के अनुसार अधिकतर महिला श्रमिक 20 से 45 वर्ष की आयु वर्ग की है, इनमे से 20 से 25 वर्ष की महिला श्रमिकों की संख्या अधिक है। इनमे से कुछ महिलाएं शिक्षित तो कुछ अशिक्षित है। इसने लिए श्रम कल्याण विभाग द्वारा योजनाओं के माध्यम से सहायता कि जा रही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Yoga as an Effective Alternative Management Intervention for Perceived Occupational Stress : An Overview

Altaf Hussain*

Abstract

Background: The spiritual observance that connects body, mind and breath as well as Atman and Brahman to bring in harmony between them by Yogic Sadhanas (practices) is known as Yoga. India is credited as Land of Yoga. Yoga now accepted as a healthy form of scientific exercise all over the world is an 'enduring cultural outcome' of 'Indus Saraswati Valley Civilization'. Corporal and psychological well being are natural consequences of Yoga. The ultimate aim of Yoga is 'self realization'. Yoga has proved itself catering to both bodily health and spiritual purification cum perfection. This is the reason why today Yoga is practiced as just alternative healthcare intervention across globe. With internationalization hence increasing realization about the payback of Yoga in terms of physical and mental health, Yoga is becoming a global phenomenon and tribute for it goes to Narenda Modi, the Prime Minister of India.

Objective: The present study endeavors to study the impact of yogic practices on 'perceived occupational stress' as an effective alternative management intervention.

Methodology: This study is based on content analysis of the relevant literature. Google Scholar, Research Gate and Wikipedia are used as data bases.

Interpretation: Yogic intervention improves performance, hence efficiency at workplace by efficient management of stress related to the job.

Conclusion: Yoga is an effective alternative management intervention to treat the 'perceived occupational stress'. Therefore introduction of Yoga increasingly in workplace settings in Indian condition to improve health of social system of an organization as well as turnover of the workers, hence overall efficiency of an organization is strong need of an hour. Yoga does not hold on to any fastidious religion, faith or community. A person who practices Yoga with dedication can garner its psycho-physical benefits, irrespective of faith s/he holds, his/her ethnicity or culture and nation s/he belongs.

Key Words - Yoga, Intervention, Well being, Workplace.

Introduction

Yoga - Yoga which is not mere practice of asanas and aerobatics but healthy way of life, has the Sanskrit root 'Yuj' which means 'to yoke' or 'to join' or 'to unite'. Yoga as the spiritual process leads to the union of body, mind and breath as well as Man and Nature by yogic sadhanas. The commonly practiced yogic sadhanas include Yama (restraint), Niyama (observance/sanction), Asana (Posture), Pranayama (controlling breath while inhaling), Pratyahara (control of mind and senses), Dharna (applying mind by concentrating on single object), Dhyana (Meditation) and Samyama/ Samadhi (merging with the Nature/ultimate). These are known as eight limbs of Yoga or Ashtanga. Among them Yama's (restraints) and Niyama's (observances/sanctions) are considered to be pre-requisites for the other Yogic Sadhanas (J. S. Walia, 2010)

Immediate objectives of practicing Yoga are to live with health and freedom in all walks of life as well as in harmony with Nature. The ultimate objective of performance of Yoga is 'self realization' (A. M. Tripathi, 2010).

One is said to be in Yoga when s/he experiences the oneness of the existence. A person who is in Yoga is termed as a Yogi. Yogi attains the state of freedom wherein he neither experiences pain nor pleasure known as Moksha or Mukti or Nirvana or Kaivalya.

Lord Shiva is considered as the first Yogi or Adiyogi, and the first Yoga Guru or Adi Yoga Guru. In the yogic tradition Lord Shiva poured profound knowledge of Yoga into Saptarishis or 'seven sages' on the banks of the lake Kantisarovar. Saptarishis carried it to various continents of the world. But it bloomed fully in Indian Subcontinent only and became part and parcel of its culture by the sincere efforts of Agastya, one among the saptarishis (Ishwar V. Basavaraddi, 2015).

Patanjali systematized and codified the then existing practices of Yoga into his Yoga Sastra to preserve this

*M. Ed. Student, Directorate of Distance Education, University of Kashmir, Srinagar (Jammu & Kashmir) INDIA

unique Indian tradition and propounded Yoga System of Philosophy (J. S Walia, 2010).

There are different Traditional Schools of Yoga each having its own principles and practices leading to ultimate aim and objective of Yoga, i.e., 'self realization'. These include Patanjala-Yoga, Kundalini-Yoga, Jain-Yoga, Buddha-Yoga, et cetra (Ishwar V. Basavaraddi, 2015).

Yoga works on the level of body, mind, emotion and energy. Accordingly Yoga is classified into four broad categories which include Karma Yoga (involves body), Gyana Yoga (uses mind and intellect), Bhakti Yoga (utilize emotions) and Kriya Yoga (utilize energy). Each system of Yoga one practice would fall within the scope of one or more of these categories.

There are many styles of Yoga. The popular ones include Hatha Yoga, Power Yoga, Integral Yoga, Iyengar Yoga, Kundalin Yoga and Viniyoga. Hatha Yoga often used as synonym for Yoga is a considered as preparatory process for yog and is characterized by both asanas/postures and aerobatics/ breathing exercises. Power Yoga is characterized by quick shift from one asana /posture to another asana/posture therefore demands excessive workout. It warms and stretches muscles, ligaments and tendons as well as detoxifies the body through sweating. Integral Yoga which is mild style of Yoga is characterized by breathing exercises, meditation and chanting. Iyengar Yoga style emphasizes precise body alignment and is characterized by holding postures for long periods of time. Kundalin style is characterized by laying emphasis on effects of breath on postures. It aims at freeing energy in the lower body to facilitate its upward movement. Viniyoga style is characterized by adaptation of postures to ones needs and abilities as well as coordination of breath and postures.

Perceived Occupational Stress - Stress is the biological response (fight or flight) to life- threatening/challenging conditions or demand/s perceived along with feeling of being inability to cope up due to dearth of resources (personal and environmental) (Anand Prakash et al, 2007). Felt stress is known as perceived stress. Stress which is felt at the workplace or at occupation is called 'perceived occupational stress'. 'Perceived occupational stress' is one of the two major causes of 'sickness absence'. The other cause is back pain. Most of the 'perceived stress' at work place is not the result of 'much to do' but due to perception of myriad of extant stressors at workplace reveal studies. Stress is something that cannot be avoided but managed (Saroj Yadav et al, 2015).

Alternative Stress Management Intervention - Management of stress refers to tackling, controlling and reducing stress to improve daily functioning by exploring the particular stressors and undertaking constructive actions to curtail their effects (R. S. Feldman, 1990). Handling stress by employing unconventional stress management approaches or techniques is known as alternative stress management intervention. Now a day's Yoga is increasingly used as alternative stress management intervention. Yogic asanas to manage stress include Hastottanasana, Padahastasana, Trikonasan, Shashankasana, Ushtrasana, Ardhamatsyendrasana, Bhujangasana, Makarasana, Sarvangasana, Matsyasana and Shavasana. Yogic pranayamas to deal with stress include Anuloma-Viloma Pranayama, Bhastrika Pranayama, Bhramari Pranayama andSheetali Pranayama. Yogic kriyas to handle stress include Kapalabhati (Saroj Yadav et al, 2015).

Discussion

Objectives of the Study :

1. To assess the impact of the 'perceived occupational stress' on the health of employees hence on efficiency and proficiency of an organization.
2. To assess the impact of 'yogic sadhanas' on productivity of the employees of an organization.

Methodology - The present study is based on content analysis of available literature in the form of books, research papers and internet blogs.

Yogic Intervention as an Effective Alternative to Manage Perceived Occupational Stress - Stress has role in fifty to seventy percent of all physical discomfiture (Anand Prakash et al, 2007). Absence of employee from the workplace due to sickness is termed as 'sickness absence'. 'Sickness absence' has bearing on organizational productivity and proficiency (Gura Shira Taylor, 2002). One among the major causes of 'sickness absence' is 'burnout' at the workplace. 'Burnout' at the work place is characterized by exhaustion, depersonalization, maladjustment, disorganization, disorientation, display of negative attitudes towards job and colleagues and reduced satisfaction in self performance (Anand Prakash et al, 2007). The root cause of 'burnout' is unsuccessful resolution of the 'perpetual perceived stress' or 'perceived chronic stress' by employees at workplace/at occupation called 'occupational stress'. 'Perceived occupational stress' is caused by 'occupational stressors'. 'Perceived occupational stressors' include 'unhealthy relations' with superior or subordinates or both, 'difference between' the expectations of the employee and actual demands of the job, 'inability' to accomplish the task delegated, 'lack' of skills or 'poor' required skills resulting in fear of failure or failure to achieve target or goal, assignment of 'different role' or 'multiple roles', dominance tendency, suppression, authoritative decision making, 'change' in social (frequent transfers, et cetra) and work environment (technology, hours, shifts, et cetra) and overall poor morale of an organization due to bias and favoritism.

Occupational Medicine researchers reveal that one among six working people suffer from stress. Occupation related stress manifests in many forms and has harmful physiological effects on workers (Hari Singh and Lara Sharma, 2014).

Yoga is the convenient, effective and practical means to prevent the possibility of injury on the job by releasing stress as well as means to improve the performance by increasing job satisfaction (Gura Shira Taylor, 2002). Yoga is the solution to the ailment of stress. It promises calm

and ensures strength and peace of mind (Narendr Modi, 2018). Yogic practices of Asana, Pranayama, Dhayana Kriyas (cleansing procedure) and Yoganidra ('sleep' with awareness) relax (vihar) body and mind by mitigating physical and mental stress due to revitalization/ energizing of nervous system and other physical systems by increasing oxygen and blood supply to them, by removal of toxic substances from them, by causing cooling through dissipation of negative energies, hence soothing of body and mind and by regulating the production of stress causing hormones and balancing other hormones in the phenomenon called homeostasis, by strengthening physical and immune system and bring one joy and happiness (Hari Singh and Lara Sharma, 2014). Yogic method of meditation (alters consciousness) manages stress (Anand Prakash et al, 2007). Increasing strength of employers is using Yoga as intervention of choice to reduce stress levels of their employees on organizational floor in addition to striving consistently towards creation of conductive workplace atmosphere by cutting short workplace stressors, to increase job satisfaction and to improve organizational productivity due to its safe, effective and low investment features (Gura and Shira Taylor, 2002). The practice has picked the momentum after internationalization of Yoga on 21st June 2015 (declared as International Yoga Day by United Nations) by the sincere efforts of the Narendra Modi, the P. M of India and can be put forth as precedent support in addition to above studies to the just claim that Yoga is potent alternative to manage 'perceived occupational stress'.

Conclusion - From the present study it is just concluded that that 'occupational stress' is associated with higher number of accidents on the organizational floor, absenteeism, lower morale, greater interpersonal conflict with colleagues and superiors and decreased productivity of an individual hence of an organization. Yogic practices of Asana, Pranayama, Dhayana, Kriyas and Yoganidra relax body and mind by managing physical and mental stress in addition to bringing harmony between body and mind as well as between individual and universal conscious. Therefore suitable yogic practices should be embraced and introduced as effective alternative 'occupational stress' management intervention at workplace at earliest to prevent both individual injury and organizational dent is the strong need of hour.

Suggestion - Persistent perception of 'occupational stress' has cumulative negative implication upon health of employees, hence upon their official behavior and performance. In spite of several available stress management techniques and approaches, there is enormous scope to take advantage of yogic sadhanas as convenient and effective alternative intervention to combat 'perceived occupational stress' and improve health of employees, hence productivity of an organization particularly in education sector especially in Indian situation due to her credit of epicenter of Yoga and Yogis. Vacant period and physical education classes can be exploited to achieve the end. Dru Yoga can be chosen an effective intervention because it is characterized particularly by its safe nature and graceful movements, directed breathing and relaxation techniques, hence can be conveniently practiced by all irrespective of age and sex.

India is popular as the Land of Yoga and Land of Yogis. India is also credited for internationalization of Yoga which has in turn internationalized the Indian system of education in general and increased the demand of Indian Yogis in the global market manifold in particular. While providing logistic and other support to other interested countries in developing required infrastructure as well as fulfilling their demands of yogic man power India should take due cognizance of the associated predicament of brain drain and other associated impasse which can otherwise have dreadful repercussions for her.

Acknowledgement - The author expresses his heartfelt gratitude to his parents (Shri M. Yousuf and Smt. Shameema) and sisters (Nayema, Mubena and Mymona) who provided him every sort of support untill completion of this study.

References :-

1. Basavaraddi, Ishwar V. (2015). *Yoga: Its Origin, History and Development.* Retrieved from https://www.mea.gov.in
2. Bhogal, R.S., Gore, M. M., Oak, J.P., Kulkarni, D.D. and Bera, T. K. (2004). *Psycho – Physiological Responses to Omkar and Gayatri Mantra Recitation in Police Trainees, Undergoing Professional Training.* Yoga-Mimansa 36,1 & 2,11-27.
3. Carthy H. James (1998). *Yoga a Path Way of Life.* London Rider Company, p.28.
4. Devi Indra (2001). *Yoga the Technique of Health and Happiness.* Jaico Publishing House, Bombay, p.4.
5. Feldman, R. S. (1990). *Understanding Psychology.* USA; McGraw Hill, Inc. edn. 2, pp. 522-523.
6. Gura, Taylor Shira (2002). *Yoga for Stress Reduction and Injury Prevention at Work*. In- Alignment, Inc, Catherine Berkely, 19(2002) 3-7.
7. https://www.indianfolk.com
8. https://www.narendramodi.in
9. https://www.wikipedia.com
10. Pandey, N. K, Dr. Saxena, A (2015). *A Teachers Occupational Stress- A Review Study in National and International Scenario.* International Journal of Organisational Behaviour and Management, 2279-0950(P).
11. Pandey, N. K, Dr. Saxena, A (2013). *Prediction of Occupational Stress of the Professional Teacher Using Artificial Neural Network*. Dev Sanskrit: Interdisciplinary International Journal, vol. 2, No.3.
12. Prakash, A. et al (2007). *Psychology, Textbook for Class XII*. National Council of Educational Research and Training, Sri Aurobindo Marg, New Delhi, pp. 51,52,58, 62 and 75.[13]. Tripathi, A. M. (2010). Truemans UGC- NET/ SLET Philosophy. Danika

Publishing Company, New Delhi, p. 95.

14. Yadav, S. et al (2015). *Yoga a Healthy Way of Living. Secondary Stage*. National Council of Educational Research and Training, Sri Aurobindo Marg, New Delhi, pp. 48, 50, 52-77.
15. Singh, H. & Sharma, L. (2014). *Impact of Yogic Practices on Occupational Stress among Male Employee*. IJLTEMAS, Vol .III, Issue VII, pp.151-152.
16. Walia, J. S. (2010). *Education in Emerging Indian Society*. Ahim Paul Publishers, Jalandhar, pp. 242- 243.

****

हिन्दी भाषा और भूमण्डलीकरण के दौर में हिन्दी का बाजार

डॉ. अभयवीर *

शोध सारांश – भाषा के बिना मानव जाति का अस्तित्व संभव नहीं है। प्रकृति में व्याप्त विविध जीव-जन्तुओं से हटकर के मानव की पहचान का वास्तविक रूप 'भाषा' ही है, ठीक 'भाषा' की दृष्टि से भारत की पहचान 'हिन्दी' भाषा से ही मानी जा सकती है आज सम्पूर्ण विश्व में हिन्दी 'भाषा' अपना वर्चस्व वनाकर उच्च पायदान पर आसीन होती जा रही है। अंग्रेजी,फेंच,चीनी आदि भाषाओं ने जो अपना अस्तित्व कायम किया है। ठीक वैसे ही आज हिन्दी भाषा ने भी अपना रूप खूब निखारा है, जिसका आज परिणाम सामने दृष्टिगत होता है। इस शोधपत्र को लिखने का मूल कारण हिन्दी भाषा और भूमण्डलीकरण के दौर में हिन्दी भाषा के बाजार को स्पष्ट करना है।

शब्द कुंजी – भूमण्डलीकरण और हिन्दी, बाजारवाद और हिन्दी भाषा, आधुनिक हिन्दी का आर्थिक,सामाजिक,राजनैतिक क्षेत्र,हिन्दी भाषा प्रचार एवं प्रसार।

प्रस्तावना – आधुनिक दौर में भारतीय लोगों के भाव-विचारों में अन्तर देखने को मिलता है, कि भारतीय लोग अपनी मातृभाषा को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति में जीने लगे हैं, जिससे ऐसा लगता है, आने वाले समय में फिर से हम परतन्त्रता का 'जामा' पहनने की तैयारी कर रहे हैं। किसी देश की पहचान 'भाषा' एवं 'संस्कृति' के दो पहलु अपना अह्म स्थान रखते हैं, फिर क्यों नहीं भारतीय लोग अपने वजूद को पहचानकर हिन्दी से प्रेम करने से क्यों कतराते जा रहे हैं। विशेष रूप से देखने में आता है। विदेशी संस्कृति को अपनाते हुए विदेशी भाषओं से प्यार करना अपनी अहमियत को गर्त में गिराना ही है। आज हिन्दी विश्व भाषा के कगार पर पहुँच चुकी है। ऐसी स्थिति में हिन्दी के गौरव को वढ़ाने के लिए 'बाजारवाद' पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि 'बाजारवा' की वैश्विक नीति में आज भारत नवधनाढ्य खरीददार की तरह खड़ा है, आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से भारत की उपेक्षा संभव नहीं है। भूमण्डलीकरण के इस दौर में हिन्दी को इसका लाभ मिलना चाहिए आज वाणिज्य और व्यापार में विदेशी भाषाओं को हावी होने से रोकने की नितान्त आवश्यकता है। आज हमें ऐसा प्रयास करना होगा 'एक' हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र में आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता मिले। और उस उद्धेश्य की प्राप्ति के लिए समयबद्ध कार्यक्रम वनाया जाये, तथा यदोय हिन्दी को साहित्य के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान-निज्ञान और वाणिज्य की भाषा बनाया जाए, लेकिन देखने में आता है लाचारी से युक्त प्रशासनिक व्यवस्था और कमजोर राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण हिन्दी अपने 'गौरव' को खोने लगी है।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. भूमण्डलीकरण के दौर में हिन्दी भाषा की महत्वता स्पष्ट करना।
2. हिन्दी भाषा और बाजार की हिन्दी को स्पष्ट करना।
3. हिन्दी भाषा के वर्चस्व एवं क्षेत्र विस्तार पर चर्चा करना।
4. हिन्दी भाषा के वर्तमान मूल्य स्थापना को स्पष्ट करना।
5. अन्य भाषाओं से हिन्दी भाषा का तुलनात्मक अध्ययन करना।
6. संवैधानिक दर्जे में हिन्दी भाषा को श्रेष्ठ स्थान दिलाना।

विषय विस्तार – आज दुनिया का धरातल परिवर्तित हो चुका है। विश्वग्राम और खुली अर्थव्यवस्था अब अवधारणा नहीं वरन हकीकत है। वैश्विक बाजार में भारत नवधनाढ्य की तरह खड़ा तो है लेकिन कितनी मजबूती प्रदान करने वाली नींव है कुछ कहा नहीं जा सकता। इससे मुँह मोड़कर अपनी दुकान सजाना किसी के लिए भी नुकसान दायक साबित हो सकता है, आर्थिक,सामाजिक, और राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से भी भारत की उपेक्षा कर वर्तमान सम्भव नहीं है। 'भाषा' को लेकर पारस्परिक कट्टरता को अनेक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली देशों ने लगभग छोड़ दिया है। रुस, चीन, जापान जैसे स्वाभाविक देशों ने भी बदले समय की जरुरतो के मुदद्े पर नजर रखकर अंग्रेजी को अपनाना शुरु ही नहीं किया बल्कि विशेष मुहिम की तरह उसे आगे बड़ाकर सीखने को तत्पर हैं 'एक भाषा, दो भाषा बल्कि त्रिभाषा सूत्र अनेक देश अपनाने के लिए आज मजबूर है। गौरतलब है कि यह सूत्र हमने दशकों पूर्व खोज लिया था और कुछ स्तरों पर अपनाया भी है। वर्तमान विश्वग्राम के अधिकांश समाज आज बहुभाषी है और बनने को तैयार है, चीन जैसा भाषिक समाज कुछ ही वर्षो में अपने सभी नागिरिकों को अंग्रेजी और हिन्दी सिखाने की योजना पर अमल करना शुरू कर चुका है। हिन्दी विस्तार के रणनीतिकारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है जब हिन्दी सिर्फ 'भाषा' ही नहीं बल्कि बाजार का पर्याय बन चुकी है, इसकी साहित्य,संस्कृति और देशज विरासत दुनिया के लिए अतिरिक्त आकर्षण हो सकता है। हिन्दी भारत की संपर्क भाषा है। बोलने और समझने बालों की संख्या की दृष्टि से यह विश्व की दूसरी सबसे बड़ी भाषा है।

वास्तविक रूप से यह कहा जा सकता है, 'जो बोली में बसता है वह घर है घर से दूर कौनसा ठौर है।' 'मातृभाषा' से मोह छोड़कर विदेशी 'भाषा' को गले लगाना उचित है यह तो वही स्थिति कही जा सकती है कि कोई व्यक्ति अपनी माँ से माँ न कहकर दूसरी से माँ कहे क्या यह उचित है। चाहे हिन्दी को 'राष्ट्रभाषा'का दर्जा न मिला हो लेकिन हम कह सकते हैं, आज भूमण्डलीकरण के दौर में हिन्दी का सम्पर्क अपने विस्तारित रूप में चरमोत्कर्ष तक पहुँच चुका है। ऐसी स्थिति में 'हिन्दी राष्ट्रभाषा' के गौरव को स्वाभाविक रूप से प्राप्त करने लगी है। लेकिन बड़ा दुख होता है हिन्दी आज साहित्कारों की डोली से निकलकर साहूकारों के कंधों पर सवार हो गई है। हुक्मरानों के

*असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) कमला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धौलपुर (राज.) भारत

दरवार में विराजमान हो गई है। लेकिन बिसंगतियों के वावजूद वह 'विश्व भाषा' बनने को तैयार है।

भूमण्डलीकरण सर्वे से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि भारत की पहचान का मूलाधार 'हिन्दी भाषा' ही है क्योंकि 'बाजारवाद' का रूप भाषा पर ही निर्भर करता है आज भारतीय अर्थव्यस्था के सभी पहलुओं पर विचार किया जाये तो पता चलता है, 'वैश्विक नीति' में हम 'विदेशी भाषा' का अनुकरण छोड़कर अपने वजूद को पहचानें और समस्त 'बाजारवाद' में हिन्दी भाषा का प्रचार एवं प्रसार करें तो सम्पूर्ण विश्व में हिन्दी को सर्वोच्च भाषा का पायदान मिलने में किसी प्रकार का संदेह नहीं किया जा सकता।

'बाजारवाद' की रूपरेखा को तभी बदलना संभव हो सकेगा जब प्रशासनिक क्षेत्रों एवं राजनीतिक क्षेत्रों सभी उच्चासीन लोग हिन्दी भाषा के मूल को समझकर तन-मन से चाहने की इच्छा रखे एवं हिन्दी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए 'नवीन तकनीकी' का सहयोग लेकर भरसक प्रयास किये जायें, आज देखने में आता है सम्पूर्ण 'शेयर बाजार' का रूप 'विदेशी भाषओं' पर टिका हुआ है। देश के सभी कारोबारी कार्यालयों में भी 'विदेशी भाषा' को शरण दी जा रही है यह सबसे बड़ा दुख का विवाद है।

मध्यप्रदेश 'भोपाल' में आयोजित 10 वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन और राष्ट्रभाषा की दशा-दिशा विषय पर विविध हिन्दी विद्धानों द्धारा अपने तर्क देकर 'राष्ट्रभाषा' का गौरव दिलाने के लिए लम्बे-चौड़े भाषण दिए गए लेकिन कहीं अन्य सम्मेलनों की तरह यह सम्मेलन भी थोथा सिद्ध न हो जाए बड़ा विचारणीय विषय है विश्व में बिकपीडिया ने विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं की सूची में इसे चौथे स्थान पर रखा है। हिन्दी में अनेक बोलियाँ जैसे अवधी,भोजपुरी,हरियाणवी,छत्तीसगढ़ी,मैथिली,मगही इत्यादि को स्वतंत्र भाषा मानकर सूचीबद्ध किया है ऐसी स्थिति में हिन्दी की बात करते समय इन बोलियों और इनके समाज को भी सम्मिलित किया जाता है। सदियों में भारत हिन्दी को आसानी से बोलता,समझता और कार्य करता आ रहा है। ऐसी स्थिति में अहिन्दी भाषी भी हिन्दी को समझने लगे हैं। और अहिन्दी भाषी हिन्दी क्षेत्र में आकर आसानी से 'हिन्दी भाषा' को समझ लेता है। वर्तमान में विकसित 'तकनीकी संसाधनों' ने इस कार्य को और भी आसान कर दिया है।

'बाजारवाद' पर दृष्टि डालने पर पता चलता है कि आज अपने 'माल' को भारत के गाँव तक पहुंचाने के लिए 'अंग्रेजी' से ज्यादा प्रभावी और संप्रेषणीय भाषा 'हिन्दी' है क्योंकि भारतीय हिन्दी भाषी क्षेत्रों में 'हिन्दी भाषा' का बीज तो हमे अपनी माँ के गर्भ में ही मिल जाता है। उर्वरकता का कार्य हमारा समाज कर देता है इस प्रकार हमारे रग-रग में हिन्दी भाषा पुष्ट होकर आगे बड़ती रहती है। लेकिन हम चन्द लोगों के बहकाबे में आकर अपने-आप को उच्च कहलाने या बनने की चाहत में गुलामी रूपी विदेशी भाषाओं के जाल में फँस रहे हैं।

आधुनिकता के इस दौर में ऐसा विश्व का कोई देश नहीं कोई दुनिया का 'भूखण्ड' शेष नहीं जहाँ पर 'हिन्दी भाषा-भाषी' न हो विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में आज हिन्दी भाषा सिखाने के लिए विभाग बना दिए गए हैं। विदेशी भूमियों से भी बहुत अधिक भारत के विश्वविद्यालयों में प्रवेश हिन्दी सीखने के लिए ही ले रहे हैं, जिससे की यहाँ की संस्कृति 'बाजारवाद' साहित्यिक ज्ञान की उपलब्धि हासिल कर सकें।

'भूमण्डलीकरण बाजारवाद' को सुदृढ़ रूप देने के लिए यदि सभी भारतीय हिन्दी में हस्ताक्षर नीति को ही अपना लें तो एक नया चमत्कारिक कार्य विश्व में देखने को आयेगा, और अपनी भाषा की अहमियत स्वाभाविक सिद्ध हो सकेगी इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं किया जा सकता हिन्दी को विज्ञान और वाणिज्य की भाषा बनाने की आवश्यकता है। यदि यह संभव हुआ तो हिन्दी सीखने के इच्छुक देशों के लिए हिन्दी 'संसाधन' का श्रोत बन सकती है।

ऐसा नहीं कि हम 'बाजारवाद' की नीति के लिए हिन्दी भाषा से पर्याप्त शब्द ना जुटा सके क्योंकि हिन्दी की ताकत 'संस्कृत' है संस्कृत में 2200 धातुएँ हैं। जिससे बनने वाले शब्दों की संख्या डेढ़ 1 1/2 करोड़ तक जाती है, जबकि 'अँग्रेजी' की शब्द सम्पदा डेढ़ 1 1/2 लाख है। हिन्दी में संस्कृत की सहायता से अनगिनत नये शब्द गढ़ कर 'बाजारवाद' के रूप को बदला जा सकता है। हिन्दी भाषा के पास संसार की सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक लिपि 'देवनागरी' भी है जिसमें जो लिखा जाता है वही पढ़ा या बोला जाता है और जो बोला या पढ़ा जाता है वही लिखा जाता है। जबकि अँग्रेजी जैसी भाषा में यह संभव नहीं है। 'हिन्दी भाषा' का सुनश्चित और स्पष्ट व्याकरण भी है। 'हिन्दी' का लगभग एक हजार साल का इतिहास है।

निष्कर्ष - 'आधुनिक हिन्दी' को भी लगभग 150 वर्ष से अधिक हो गये हैं। आधुनिकता के दौर में 'हिन्दी भाषा-भाषियों' ने 'हिन्दी भाषा' में विविध भाषाओं के शब्दों को भी जगह देना प्रारम्भ कर दिया है। इसके कारण सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रभाव 'हिन्दी भाषा' में देखने को मिल रहे हैं। समस्त भारतवासियों को अपनी शक्ति को पहचानना होगा क्योंकि जीवन के उद्देश्य न होने पर लोगों को सुख की कमी लगती है। आज से ही हमें हिन्दी को अपने जीवन का उद्देश्य बनाना होगा। गृहणियों को अपनी मातृभाषा के वजूद को पहचानना होगा,स्वयं को उपेक्षित समझने वाले वृद्धजनों को अपनी भाषा,बोली,संस्कृति को पहचानना होगा। भावी देश का नवनिर्माण करने वाले छात्रों को 'हिन्दी भाषा' के महत्व को ध्यान में रखकर के व्यापार एवं वाणिज्यिक हिन्दी का प्रसार एवं प्रचार करके समाज को नई दिशा देनी होगी दुकानदार,शेयर बाजार, मालिकों को अपनी 'मातृभाषा' हिन्दी का सम्मान करते हुए अपने-2 प्रतिष्ठानों का नाम एवं वयवहार हिन्दी भाषा में ही करना होगा। साहित्यकारों का तो यह मूल कार्य है कि ऐसी रचनाओं का 'हिन्दी भाषा' में निर्माण करें जिससे समाज,देश-विदेश के लोगों में हिन्दी भाषा के प्रति स्वभाविक प्रेम झलके। पत्रकार तो देश-विदेश की तस्वीर दिखाने वाले हैं यदि वे चाहें तो चन्द दिनों में ही 'हिन्दी भाषा' को आत्मगौरव का दर्जा दिला सकते हैं। इस प्रकार हर वर्ग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तो समाज एवं देश की काया पलट सकती है। और 'हिन्दी-हिन्दुस्तान' की पहचान का परचम पूरे विश्व में फहर सकता हैं और 'बाजारवाद' की नीतियों में 'हिन्दी भाषा' अपना स्थान बना सकती है क्योंकि 'बाजारवाद' की नीतियों से ही लोगों का संचार होता है। आत्मविश्वास रूपी चिनगारी जब सुलगने लगती है, तव भयंकर लपटें उठने में भी समय नहीं लगता। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भूमण्डलीकरण के दौर में हिन्दी के बाजार को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शैला एल कोचर वैश्वीकरण और संबंध एक बदलती हुई दुनिया की पहचान की राजनीति रोमैन लिटिलफील्ड (2004) पृष्ठ-10।
2. (6) पोडोनिक ब्रूस वैश्वीकरण के लिए प्रतिरोध-वैश्वीकरण विरोध आंदोलन में चक्र और विकास पी-2।
3. हर्स्ट ई. चार्ल्स सामाजिक असमानता : प्रकार, कारण और परिणाम, छटा संस्करण- पी-41।
4. वैश्विक सामाजिक गोष्ठी।

5. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 1992 मानव विकास रिपोर्ट, 1992 (न्यूयार्क ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस)
6. डेविस ब्रुक्स,'गरीबी के बारे में अच्छी खबर'।
7. स्टाइपो फ्रांसेस्को : विश्व संघवादी घोषणा पत्र राजनीतिक,वैश्वीकरण के लिए मार्गदर्शिका,
8. दैनिक भास्कर www.danikbhaskar.com
9. राजस्थान पत्रिका www.rajasthanpatrika.com
10. हिन्दुस्तान एक्सप्रेस www.hindustanexpress.com
11. अमर उजाला www.amarujala.com
12. दैनिक जागरण www.danikjagran.com
13. दैनिक नव जागरण www.daniknavjagran.com
14. दैनिक नवज्योति www.daniknavjyoti.com

****

महिलाओं के विरूद्ध अपराध एवं कानून

मेहर डोडवे *

प्रस्तावना – भारत के वर्तमान में अपराध एवं अपाधियों का प्रभाव हमें दिनों दिन दिखाई दे रही है। भारतीय राजनीति के प्रत्येक समाज गाँव, शहर या कस्बा और राज्यों एवं देश में अपराधो का शरण स्थल बना हुआ है। देशों में विशिष्ट प्रकार के अपराध हो रहे है। देश की भौगोलिक स्थिति आचार-विचार, आर्थिक सामाजिक परिस्थितियों, संस्कृति, राष्ट्रीय जन चेतना एवं शिक्षा आदि का गहरा प्रभाव पड़ रहा हैं। प्रत्येक राष्ट्र स्वयं इस अपराध से मुक्त होने के लिए कोशिश करते हैं किन्तु आज वर्तमान में किसी भी देश को सफल नहीं होने दे रहे है। विभिन्न देशों में अपराध निवारण के लिए भरसक प्रयास किये जाने पर भी अपराधो की संख्या दिनों-दिन बढती ही जा रही है। बहुत सारे व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए अपराध करते है और कुछ व्यक्ति मजबूरी में करते हैं। आज अपराधों की संख्या इतनी हो गई है कि महिलाओं और लडकियों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, उन्हें डर रहता है कि हम कब और किस समय अपराधो के मुह में आ जाए।

आज अपराधीकरण की यही प्रवृति महिलाओं की जडों को खोखला कर रही है। आज देश में राजनीति या अपराध कोई भी हो एक-दूसरे से ऐसे धुल मिल गए कि इनके बीच कोई भी हो एक-दूसरे से ऐसे घुल किल गए कि इनके बीच स्पष्ट विभाजन रेखा खीचना मुश्किल हो गया है। क्योंकि अपराधी जो अब राजनैतिक नेता बन गए। आज तक जनता जिनके खिलाफ शिकायत करती रही, वे ही शासक बन रहें हैं आज के युग में राजनीति का अपराधीकरण इतनी तेजी से क्यों हो रहा? विश्व स्तर पर यदि देखा जाए या ध्यान दिया जाए हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि देश के विकास में अपराध एवं अपराधियों की संख्या में वेहिसाब वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध की दर सामाजिक आर्थिक में सबसे अधिक है वस्तुओं या सेवाओं पर वितरण को ज्यादा से ज्यादा दिया जा रहा है। मसलन मादक दवाईयों को देना भारत और दूसरे देशों में वेश्यावृत्ति के लिए लडकियों को भेजना नौकरी का लालच देकर दूसरे देशों में भेजना या किसी और जगह पर झूठ बोलकर बुलाना और अवैध धंधा करना और उनकी हत्या, बलात्कार चोरी करवाना ऐसी बहुत सारी आर्थिक अपराध हो रही है। क्या महिलाओं की यही स्थिति रहेगी। आज अनेक कारण से अपराध हो रहे, राजनीति अपराधियों का जाल पूरें विष्व में फैला हुआ है।

शोध का उद्देश्य – महिलाओं का जीवन शोषित, पीडित, क्रुर प्रथाओं एवं परम्पराओं से जकडा हुआ है। दहेज प्रथा, यौन पीड़ित, बाल विवाह, घरेलू हिंसा सभी प्रकार की परेशानिया दूर करना जो निम्नलिखित है।

1. कानून की नीतियों एवं सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संगठन सदस्यों की मदद करना।
2. महिलाओं में शक्ति का संचार हो सके इसलिए नारी संगठन से जोडना।
3. महिलाओं को सम्पत्ति और जमीन का अधिकार दिलाना और उन्हें अत्याचार से मुक्ति दिलाना।
4. महिलाओं को समाज हो या समाज के बाहर सम्मान से जीने का अधिकार दिलाना।
5. संगठन से जुडे सदस्यों के साथ मिलकर पारंपरिक कुरीतियों एवं रूढियो को बदलना।
6. महिलाओं का संगठन में ऐसा समन्वय स्थापित करना जिससे वे एक दूसरे की आवश्यकतानुसार मदद कर सकें।
7. नारी हिंतैषी योजना कानून लागू करवाना एवं बेहतर क्रियान्वयन करवाना।
8. सामूहिक प्रयास से आय संवर्धन योजनाओं को लागू करवाना।
9. महिलाओं के प्रति जो अत्याचार हो रहे उन्हें कानून की मदद से कठोर से कठोर दण्ड दिया जाये।
10. महिलाओं के विरूद्ध अपराध हो रहे ऐसी जालधार योजना बनाकर उन अपराधियों को कड़ी से कडी सजा दि जाये ।

शोध का महत्व – महिलाओं को इस देश में या समाज परिवार का अहम हिस्सा माना जा रहा है। इस समाज में महिलाओं का विशेष स्थान है। प्राचीन समय में महिलाओं को पूजा जाता था। उसे पूरूषों के सामान ही माना गया है हर काम में पूरूष के पीछे महिलाओं का हाथ होता है। महिलाओं के अंदर शिक्षा के आत्मविश्वास पैदा होता है जिससे वे अपनी क्षमता की खोज कर सकती है। और वे क्षमता की खोज कर सकती है। और वे नए विचारों और नवीनता के मार्ग की और अग्रसर होती है। शिक्षा से लिंग भेदभाव दूर होता है। महिलाएं अपने फैसलों को लेने में सक्षम बनती है। शिक्षित महिलाअये आज की दुनिया में स्वतंत्र है। यदि महिलाओं को शिक्षित किया जाता है, तो इसका लाभ पूरे परिवार को मिलता है।

हर काम में महिलाएं पूरूषों के समान ही भागीदारी रही है फिर भी आज के दौर में महिला की दशा दयनीय बनी हुई है। यह पुरूष प्रधान देश, देश की बेटी को दबाता है। एक महिला अपने जीवन में तीन अहम भूमिका निभाती है। एक अच्छी बेटी, एक अच्छी पत्नी और एक अच्छी माँ इन सब बातों के लिए जरूरी है एक नारी का शिक्षित होना। सही मायनों में उसी दिन ही महिला दिवस होगा जिस दिन देश की हर महिलाएं शिक्षित होगी। घर के चूल्हे चौके से निकल कर अपनी एक अलग पहचान बनाएगी।

महिलाओं के प्रति अपराधों के कारण :

हत्या – महिलाओं की हत्या के मामले तेजी से बढ़ रहें है। चरित्र पर संदेह, दहेज की मांग तथा पारिवारिक कलह के कारण महिला की हत्या करने के मामले अधिक प्रकाश में आ रहे है। कुछ मामलों में जमीन-जायजाद को लेकर भी महिलाओं को मार दिया जाता है।

अपहरण – नाबालिग लडकियों को अपहरण के मामले ज्यादा हो रहे है।

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) स्कूल ऑफ सोशल साईंस, दे.अ.वि.वि., इन्दौर (म.प्र.) भारत

साथ ही शादी शुदा महिलाओं का भी बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया जाता है। महिलाओं के अपहरण के मामले अधिक हो रहे है।

दहेज हत्या – भौतिक सुख-सुविधाएं बढ़ने के साथ-साथ दहेज लोभियों की मागें भी बढती जा रही हैं। निम्न मध्यमवर्गीय तथा अशिक्षित वर्ग ही नहीं बल्कि उच्चवर्गीय परिवारों में भी दहेज हत्या के मामले अधिक हो रहे है।

प्रताड़ना – पुलिस थानों में मानसिक तथा शारीरिक प्रताड़ना देने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। गरिब तथा अषिक्षित वर्गो में प्रताड़ना के मामले अधिक होते है। शराब की लत, जुआ तथा आवारागर्दी इसके प्रमुख कारण है।

आत्महत्या – अधिकतर मामले फंसी लगाने के होते है। इसका मुख्य कारण पति द्वारा शराब पकर पत्नी के साथ मारपीट करना अथवा ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ना है। दहेज की मांग भी इसका प्रमुख कारण है।

बलात्कार – परिवार के सदस्यों तथा रिश्तेदारों द्वारा ही बलात्कार करने के मामले अधिक हो रहे है। नाबालिग लड़कियों से लेकर अधेडावस्था की महिलाओं को बलात्कार का शिकार बनाया जा रहा है बच्चियों के साथ बलात्कार के मामले तेजी से बढ़ रहे है।

छेडछाड़ – स्कूल-कालेज के बाहर लड़कियों के साथ छेडछाड़ के प्रकरण अधिक सामने आते हे। वहा पुलिस का तैनात न होना इसाका मुख्य कारण है। असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है। कम उम्र की युवतिया छेड़छाड की शिकार अधिक होती है।

मारपीट – घर-परिवार में ही महिलाए सुरक्षित नही है अक्सर छोटी-छोटी बातों पर उन्हें मारपीट का शिकार होना पड़ता है।

महिलाओं की खरीदी -बिक्री – महिलाओं तथा युवतियों का अपहरण कर उन्हें बेचने का कृत्य खूब फल-फूल रहा है गरीबी के कारण भी यह घिनौना कृत्य बढ़ रहा है। महिलाओं तथा युवतियों को बेचने का घृणित धंधा तेजी से बढ़ रहा है।

महिलाओं के प्रति अपराधों को रोकने के लिए आवश्यक उपाय – भारत सरकार महिलाओं की रक्षा करने और विशेष रूप से उनके प्रति अपराध की घटनओं को रोकने के लिए और अधिक उपाय किए जाने के लिए जरूरी कदमों के संबंध में समय-समय पर राज्यक सरकार को सलाह जारी करती रही हैं। पुलिस कर्मिकों के प्रति महिलाओं के प्रति हिरासती हिसा में द्योषी पाए गए सरकारी कर्मचारी को तत्काल और सेल्यूटरी दण्ड देने के लिए उचित उपाय अपनाना, महिलाओं की हत्य, बलात्कार, उत्पीड़न,दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, छेडछाड, अपहरण की जाचं-पड़ताल में कम से कम समय लगाना और उसकी गुणवत्ता में सुधार करना, जिन जिलों में महिलाओं के प्रति अपराध प्रकोष्ठ नहीं है वहां इनकी स्थापना करना, पीडित महिलओं को पर्याप्त संख्या में परामर्श केन्द्र और आश्रय गृह प्रदान करना, विशेष महिला अदालते स्थापित करना और पीडित महिलओं के कल्याण और पुनर्वास के लिए विकसित योजनाओं की प्रभावकारिता में सुधार कना जिसमें आय अर्जित करने पर विशेष जोर दिया जाए ताकि महिलाओं को और अधिक स्वतंत्र और आत्म -निर्भर बनाया जा सके।

अनुरोध है कि राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा इस संबंध में की गई कार्यवाई की समीक्षा की जाए और वर्तमान स्थिति दर्षाने वाली रिपोर्ट इस मंत्रालय को भेजी जाए।

महिलओं के प्रति अत्याचार से संबंधित मामलों पर कार्यवाही करने वाले पुलिस कर्मिको को विशेष कानूनों में पर्याप्त रूप प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। प्रवर्तन पहलू पर पर्याप्त रूप से जोर दिया जाना चाहिए ताकि इसे सुचारू बनाया जा सके।

जो महिलाएं पीडित है उनके कल्याण और पुनर्वास के लिए विकसित योजनाओं की कारगरता में सुधार किए जाने की जरूरत है

महिलाओं के हित संबंधी कार्य करने वाली पुलिस और एनजीओ के बीच निकट समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

जिन पुलिस पदाधिकारीयों को महिलाओं की रक्षा करने की जिम्मेंदारी सौपी गई है उन्हें पर्याप्त रूप से सुगृही बनाया जाना चाहिए।

महिलाओं के प्रति अपराध प्रकोष्ठों के हेल्प लाइन नम्बरों को बड़े-बड़े अंको में अस्पतालों/स्कूलों/कालेजों के परिसरों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

पुलिस स्टेशनों में महिला पुलिस प्रकोष्ठ और पृथक रूप से महिला पुलिस स्टेशन, आवश्यकतानुसार स्थापित किए जाने चाहिए।

महिलओं के प्रति अपराध के सभी मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में किसी भी तरह का देर नहीं होना चाहिए।

महिलाओं और विद्यार्थियों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलो/कालेजों में व्यतिक्रम पर नर रखने के लिए अपराध संभावित क्षेत्रों का पता लगाया जाना चाहिए और एक तंत्र बनाया जाना चाहिए । पुलिस अवसंरचना से पुरी तरह सज्जित पर्याप्त मात्रा में महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती ऐसे क्षेत्रों में की जानी चाहिए।

महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ ये है कडे कानून :

भारतीय दण्ड सहिता – 1960 भारतीय दण्ड संहिता 1960 के तहत विभिन्न अपराधों को परिभाषित किया गया है तथा इन अपराधों के लिए दण्ड का प्रावधान रखा गया है। इस संहिता का मुख्य उद्देश्य है – प्रत्येक व्यक्ति को अपराधिक नियमों एवं सिद्धान्तों की पूर्ण जानकारी देना। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों अर्थात हत्या, आत्महत्या, दहेज मृत्यु, बलात्कार, अपहरण एवं व्यवहरण आदि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के लिए साक्ष्य संबंधी नियमों ढिलाई बरती जानी चाहिए अन्यथा महिलाओं पर लगाया जाने वाला लोकप्रिय आरोप 'महिला चरित्रहीन है' के बल पर आरोपीगण अपना बचाव करते रहेगे और महिलाए दीन-हीन अवस्था में स्वयं न्यायालीन निर्णयों में महिलाओं की प्रस्थिति एवं सीमाओं का ध्यान रखा जाए तो सम्भवत: महिलाएं न्याय प्राप्त कर सशक्त की और अग्रसर हो सकेगी।

दण्ड प्रक्रिया सहिता, 1973 और महिलाए – इस संहिता में महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था है। अत: महिलाओं को गवाही के लिए थाना बुलाना, अपराध घटित होने पर उनहें गिरफ्तार करना, महिला की तलाशी लेना और उसके घर की तलाशी लेना, आदि पुलिस प्रक्रियाओं को इस सहिता में वर्णित किया गया है। इन्हीं वर्णित प्रावधानों के तहत न्यायालय भी महिलाओं से संबंधित अपराधों का विचारण करती है।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 – यह अधिनियम उत्पीडन महिलाओं के हितार्थ है। दहेज हत्या, आत्म हत्या या अन्य प्रकार के अपराधों में यह प्रावधान महिला को उत्पीड़न करने वाले को दण्डित करने हेतु अत्यधिक उपयोगी है। वैसे दहेज प्रकरण एवं महिलाओं के खिलाफ होने वाले अन्य प्रकरणों जेसे बलात्कार, अश्लील हरकतों एवं आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने पर सामापन्यत: साक्ष्य एकत्रीकरण में कठिनाई होती है। घरेलू हिंसा से प्रताडित महिला के हितार्थ कोई साक्ष्य ही नहीं मिल सकता । जबकि न्यायालय साक्ष्य के बिना दण्ड देने से कतराता है। यही तथ्य अपराधियों के मनोबल को बढ़ाता है।

निष्कर्ष – महिलाओं के विरूद्ध जो हमें अपराध करते हुए यह निष्कर्ष यह है

कि महिलाओं के बेहरीकरण के लिए हम सबको अपनी कुरिति एवं रूढ़िवादी मानसिकता से बाहर निकलना होगा। उन्हें सम्मान के साथ-साथ शिक्षा व्यवसाय, नौकरी व अन्य सभी स्थानों पर बराबरी देना होगा। गौरतलब है कि भारतीय महिलाओं ने राष्ट्र की प्रगति में अपना अधिकाधिक योगदान देकर राष्ट्र को शिखर पर पहुचाने हेतू सदैव तत्पर रही है। सच पूछो तो नारी शक्ति ही सामाजिक धुरी और सबकी वास्तविक आधार है। महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों में पूर्ण सहयोग देकर उसको परिणाम तक पहुँचाना होगा। युगनायक एवं राष्ट्र निर्माता **स्वामी विवेकानंद जी** ने कहा था 'जो जाति नारियों का सम्मान करना नहीं जानती, वह न तो अतीत में उन्नति कर सकी, न आगे उन्नति कर सकेगी', हमें भारतीय सनातन संस्कृति के 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देयता' धारणा को साकार करते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने में सदेव सहयोग करना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रथं सूची :-

1. आहुजा, राज-भारतीय सामाजिक व्यवसथा, 1999 रावत प्रकाशन जयपुर, नई दिल्ली
2. हसनैन, नदीम – समकालीन भारतीय समाज, 2004 भारत वफ सेन्टर लखनऊ
3. राजकुमार डॉ. नारी के बदले आयाम् 2005, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस
4. सिंह करण बहादूर, महिला अधिकार व सशक्तिकरण मार्च 2006
5. भारतीय संविधान, अनुच्छेद 14,15,16,19,21,23,39
6. सिह डॉ. श्यामाधर – अपराधशस्त्र के सिद्धांत प्रकाशन, इन्दौर सक्सेना डॉ.सुधीर-वर्तमान में महिला सशक्तिकरण अर्थात एवं चुनौतिया, म.प्र. सामाजिक शोध समग्र- अप्रैल 2011

(अ) समाचार पत्र – पत्रिकाएं :

1. जनसत्ता
2. नवभारत टाईम्स
3. नई दूनिया

(ब) पत्रिकाएं :

1. प्रतियोगिता निर्देशिका
2. प्रतियोगिता दर्पण
3. इण्डिया टुडे
4. प्रतियोगिता निवेश

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

बिलासपुर संभाग में परिवहन तंत्र का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

डॉ. काजल मोइत्रा* सृष्टि शर्मा **

शोध सारांश – संभाग का अधिकांश भाग दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आता है। संभाग में वायु सेवा का विकास नगण्य ही माना जा सकता है। परिवहन के साधन आर्थिक संरचना के स्नायुतंत्र होते हैं, किसी भी क्षेत्र में उद्योग और व्यापार के विकास में परिवहन साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए इसे वर्तमान युग में आर्थिक विकास का मापदंड माना जाता है।

प्रस्तावना – संभाग की धरातलीय विशमताएँ रेल एवं सड़क मार्गो पर प्रभाव डालते हैं। इस क्षेत्र में परिवहन के साधन मध्यम स्थिति में है। मानव की तमाम आवश्यकताओं के लिए एक मात्र परिवहन तंत्र उत्तरदायी है। परिवहन तंत्र द्वारा बाजार का विस्तार तथा वस्तु विनिमय की आवश्यकता स्थिति सुनिश्चित की जाती है।

वर्तमान प्रादेशिक विकास का मूलभूत श्रेय किसी प्रदेश के परिवहन तंत्र को जाता है, जिस क्षेत्र का परिवहन तंत्र जितना विकसित और आधुनिक होता है वह उतना ही समृद्ध और उर्ध्वगामी क्षेत्र बन जाता है।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र में परिवहन तंत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास पर प्रभाव का विश्लेषण करना है।

विधि तंत्र – प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है।

व्याख्या – वर्तमान परिपेक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक और सामाजिक दोनों स्वरूपों में विभाजित करने की आवश्यकता निर्विवाद है विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास को उन्नत करने और राष्ट्रीय विकास के साथ संयुक्त करने के लिए सतत् प्रयास केन्द्र तथा राज्य शासन द्वारा निरंतर किये जा रहे हैं। किन्तु तीव्र रूप से बढ़ती हुई जनसंख्या की मौलिक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए अधिकांश धन राशि, समय और संस्थान निवेश ग्रामीण परिवहन जैसे मूल-भूत सुविधाओं को मुहैया कराने में अभी भी असक्षम सिद्ध हुआ है। यद्यपि केन्द्रीय सरकार ने प्रत्येक ग्राम को सड़कों द्वारा संयुक्त करने के लिए बहुत बड़ी राशि प्रत्येक योजना काल में उपलब्ध करायी गई है किन्तु सरकारी तंत्र में व्यप्त भ्रश्टाचार, अनियंत्रित वितरण प्रणाली, आवश्यकताओं के विपरीत राशि का आवंटन और निम्न स्तर तक राशि के न पहुंच पाने के कारण यातायात के साधनों अभाव आज भी संभाग के भू-भाग पर स्पष्ट दिखाई देता है। जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संतुलित विकास को निर्मित करने में प्रभावशाली भूमिका निभानें में असमर्थ हो रहा है। यह विडम्बना ही है कि प्राथमिक अनिवार्यता के रूप में किये जाने वाले कार्य अथवा आवागमन के लिए प्रदत्त अनुदानों का समुचित उपयोग अन्य क्रिया-कलापों पर व्यय कर दिया जाता है और ग्रामीण विकास के चिन्ह प्रत्येक ग्राम में एक जैसे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र एवं विकास संकल्पना – ग्रामोदय के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व महात्मा गांधी ने ग्रामीण विकास का स्वरूप इस आधार पर संजोया था कि ग्रामों में प्राप्त संसाधनों द्वारा ग्रामों का विकास किया जाये किन्तु ग्रामीण संसाधनों का विदोहन छोटे नगरों ओर कस्बों के संसाधनों का विदोहन बड़े नगरों में और वृहद्ध नगरों के संसाधनों का शोषण महानगरों ने किया है। इस प्रकार महानगर लगातार विकसित होते गये। इसके विकास में ग्रामीण क्षेत्रों में भारी संख्या में जनसंख्या को आकृष्ट किया और ये वर्तमान जनसंख्या बम के रूप में प्रतिस्थापित हो गये। ग्रामीण क्षेत्रों से प्रवासित इस जनसंख्या ने महानगरों में झुग्गी-झोपड़ियों और गन्दी बस्तियों को जन्म दिया। इसी कारण यह कहा जाता है कि-

"Metroes are developing in slums are developing in metroes"

initiatives will definitely improve the transparency but a lot of steps are yet to be taken.

References :-

1. Bhattacharyya, A., & Noria, Y. (2017, July 14). India paves its way to a cashless economy. *PwC India*, pp. 1-4.
2. Garg, P., & Panchal, M.(2017) Study on introduction of cashless economy in India 2016: benefits & challenges. IOSR Journal of Business and Management, 19(4), 116-120.
3. Kumar. S.H., B M,N., & M, R. (2017). A study on secured cashless economy in India with reference to initiatives taken by Reserve Bank of India (RBI) towards digital payment. EPRA International Journal of Economic and Business Review, 5(9),21-27. Retrieved from https://eprawisdom.com/jpanel/upload/articles/1150am4.Dr.%20Hemanth%20Kumar%20.S,%20%20Asst%20Prof. %20Nagendra%20.B%20M%20&%20Asst%20Prof.%20Rajesh%20.M.pdf
4. NC. (2016, November 16). *'Cashless Indian Economy' – Money demonetization to mobile digitization*. Retrieved from www.rctom.hbs.org:https://rctom.hbs.org/submission/cashless-indian-economy-money-demonetization-to-mobile-digitization/
5. Rachna, & Singh, P. (2013, December). Issues and Challenges of Electronic Payment Systems. International Journal for Research in Management and Pharmacy, 2(9), 25-30.
6. Shendge, M. A., & Shelar, M. B. (2017, April). Impact and Importance of Cashless Transaction in India. International Journal of Current Trends in Engineering & Research (IJCTER), 3(4), 22-28.
7. Singhraul, B. P., & Garwal, Y. S. (2018). Cashless economy-challenges and opportunities in India. Pacific Business Review International, 10 (9), 54-63.
8. Singh, A. (2017). *Cashless India: Leveraging Possibilities and Facing Security Challenges in the Mobile Space.* Retrieved from www.globallogic.com: https://www.globallogic.com/gl_news/cashless-india-leveraging-possibilities-and-facing-security-challenges-in-the-mobile-space/
9. Sudheer, C. B., & Ashrefunnisa, M. (2017, February). Electronic Payment in Cashless Economy of India: Problems and Prospect. International Journal of Scientific Engineering and Technology Research, 6(7), 1398-1402.
10. Suri, Y. (2016). *Demonetization – An Opportunity to Curtail Black Money.* Retrieved July 18, 2017, from niti.gov.in: http://niti.gov.in/content/demonetization-%E2%80%93-opportunity-curtail-black-money-and-promote-digital-payments.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

लघु उद्योगो के विकास में जिला उद्योग केन्द्र का योगदान

नन्दना शिल्पकार * डॉ. ए.के. पाण्डेय **

प्रस्तावना – प्राचीन काल से ही लघु उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार रहे हैं। यदि लघु क्षेत्र को विशेष प्रयास से प्रोत्साहन दिया जाय तो वह भारत जैसी पूंजी न्यून अर्थव्यवस्था में उत्पादन पूंजी अनुपात में ऊंची दर द्धारा अर्थव्यवस्था को स्थायित्व दे सकता है। किन्तु लघु उद्योगों कि विकास और केन्द्रण की दृष्टि से देश में भारी असमान्ता देखी गई है। मंत्रालय की तीसरी गणना ने यह कटु सत्य उजागर किया है कि लघु स्तर की इकाइयां सात राज्यों सकेन्द्रित है। जिसमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल है इन राज्यों में कुल इकाइयों की 53 प्रतिशत इकाइयां स्थित है। जो कुल लघु स्तर क्षेत्र का 55 प्रतिशत रोजगार कुल अचल निवेश 66 प्रतिशत और कुल उत्पादन 60 प्रतिशत उपलब्ध कराती है। प्रदेश में लघु उद्योग के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। क्योंकि ये उद्योग कम पूंजी निवेश पर अपेक्षाकृत रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।

जिला उद्योग केंद्र की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य जिला स्तर पर लघु उद्योगों को सभी सुविधाएं एक स्थान पर उपलब्ध करा देना है। जिससे उन उद्योगों का विकास तेजी से हो सके। जिला उद्योग केंद्र किसी भी जिले में उद्योग स्थापना की धुरी है। जिले में होने वाली समस्त औद्योगिक गतिविधियां संबंधित जिला उद्योग केंद्र के समन्वय में ही संचालित होती है। उद्योग अथवा स्वरोजगार स्थापना के इच्छुक व्यक्तियों के लाभार्थ शासन द्धारा जिला उद्योग केंद्र स्थापित किये गये है जिला उद्योग केंद्रों के माध्यम से वर्तमान में राष्ट्र मे ग्रामीण उद्योगीकरण के क्रांति चल रही है इस औद्योगिक क्रांति का लक्ष्य न्यूनतम पूंजी से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना है तथा क्षेत्रीय संसाधनों एवं उपलब्ध करने माल का परिपूर्ण दोहन कर औद्योगिक उत्पादन में अन्वेषण, ऋण, विपरण, कच्चा माल मशीनरी उपकरण अनुसंधान एवं विस्तार व औद्योगिक तकनीकी प्रशिक्षण आदि भी उद्यमियो को उपलब्ध कराता है। जिससे औद्योगिक विकास को पर्याप्त गति प्रदान की जा सके।

उत्पादन बढ़ाने के लिए समूह विकास कार्यक्रम (सीडीपी) – सूक्ष्म, लघु और मध्य उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के साथ देश के सूक्ष्म और लघु उद्यगो के क्षमता विकास के लिए बतौर मुख्य रणनीति समूह विकास कार्यक्रम (क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम) स्वीकर किया है। सीडीपी के कदमों को सूक्ष्म और लघु उद्यम समूह विकास कार्यक्रम के तहत कार्यन्वित किया जा रहा है। एमएसई – सीडीपी के तहत वित्तीय मदद दी जाती है। निदान अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए अधिकतम अनुदान 2.5 लाख रुपये, प्रति समूह अधिकतम परियोजना लागत 25 लाख रुपये के लिए मंजूर राशि 75 प्रतिशत सॉफ्ट इंटरवेंशन के लिए विस्तृत परियोजना रपट तैयार करने के लिए 5 लाख रुपये प्रति समूह अधिकतम परियोजना लागत 15 करोड़ रुपये के लिए मंजूर राशि का 70 प्रतिशत सामान्य सुविधा केंद्र के लिए प्रति समूह अधिकतम परियोजना लागत 10 करोड़ रुपये के लिए मंजूर राशि का 60 प्रतिशत बुनियादी ढांचा विकास के लिए दिया जाता है। इसे लॉन्च करने के बाद अब तक 470 से ज्यादा समूह एमएसई–सीडीपी योजना के तहत आ चुके है। 124 से ज्यादा प्रस्ताव बुनियादी ढांचा विकास के लिए जा चुके हैं। इन परियोजनाओं में छोटे और सूक्ष्म इकाइयों को अब तक 10,972 भूखण्ड आवंटित हो चुके हैं। इससे कुल 37,555 लोगों को रोजगार मिला है। क्लस्टर विकास का तरीका बहुत कारगर रहा है। एमएसई–सीडीपी के दिशा–निर्देशों में कुछ सुधारों और विभिन्न अंशधारको के बीच बढ़ी जागरूकता के बाद यह योजना निकट भविष्य में बड़ी छलांग के लिए तैयार है।

लघु उद्योगों की समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव :

1. लघु उद्योगों की उत्पादन तकनीक में सुधार किया जाना चाहिए।
2. जिला उद्योग केंद्र द्धारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।
3. जिला उद्योग केंद्र द्धारा लघु उद्योगों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए।
4. पर्याप्त सलाहकार फर्मो की व्यवस्था होनी चाहिए।
5. बड़ी संख्या में लोगों को पूर्णकालिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जानी चाहिए।
6. लघु उद्योगों सहकारी समितियों का अधिकाधिक विकास किया जाना चाहिए।
7. लघु उद्योग को बैंकों द्धारा दिए जाने वाले ऋणों के लिए गारंटी या जमानत की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए।

शोध का अर्थ – किसी विषय का गहन व सूक्ष्म अध्ययन करके विषय के संबंध में कुछ नवीन तथ्यों की खोज करना शोध कहलाता है। अंग्रेजी में शोध को रिसर्ज कहा जाता है। यह दो शब्दों से मिलकर बना है। रिसर्च जिसमे का अर्थ है खोज करना अत: शोध का अर्थ है गहन तथा पुन: अध्ययन करने के उपरांत नवीन तथ्यों की खोज करना।

अध्ययन का उद्देश्य – लघु उद्योगों के विषय में जिला उद्योग केंद्र की कार्यप्रणाली एवं भूमिका (सतना जिले की विशेष संदर्भ में) का अध्ययन किया है जिसका प्रमुख उद्देश्य यह है कि लघु उद्योगों के लिए जिला उद्योगों केंद्र द्धारा कौन–कौन सी योजनाएं चलाई जाती हैं जिनका लाभ प्राप्त करके लघु उद्योगों की स्थिति को सुधारा जा सकता है।

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

परिकल्पना का निर्माण – किसी कार्य को करना पूर्णत: इस बात पर निर्भर करता है कि कार्य के उत्पादन से पूर्व उसके प्रारंभ करने और उसके संपादन के उपायों के संबंध में कई प्रकार की कल्पना कर ली जाये और उसके उत्पादन की रूपरेखा तैयार कर ली जाये। इस शोध का मुख्य बिंदु लघु उद्योगों के विकास में जिला उद्योग केंद्र की कार्यप्रणाली एवं भूमिका पर प्रकाश डालना है जो सतना जिले के विशेष संदर्भ में है।

न्यादर्श का चुनाव – इस पद्धति के अंतर्गत अनुसंधान सभी क्षेत्र के समस्त इकाइयों का अध्ययन नहीं कर पाता है वह उनमें से कुछ प्रतिनिधि इकाईयों को चुन लेता है और उनका धन कर लेता है।

तथ्य सामग्री का अध्ययन – मैंने सर्व प्रथम यह पता लगाया की सतना जिले में कौन–कौन से लघु उद्योग चलाये जाते हैं और वे उद्योग जिला उद्योग केंद्र द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं या नहीं उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करके लघु उद्योगों में उन्नति करके आगे बढ़ाया जा सकता है।

ऑकड़ों का संकलन – शोध जानकारी हेतु साक्षात्कार द्वारा लघु उद्योगों के विकास में जिला उद्योग केंद्र द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी स्वयं जाकर एकत्रित की यह जानकारी उनके कार्य स्थल पर जाकर एकत्रित की गई साक्षात्कार पूर्व उन्हे प्रस्तुत शोध अध्ययन के उद्देश्य की जानकारी दी गई तथा उन्हें विश्वास भी दिलाया गया कि उनके द्वारा दी गई जानकारी केवल शोध कार्यों में ही प्रयुक्त की जाएगी। प्रत्येक साक्षात्कार में लगभग 15–20 मिनट का समय लगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. प्रज्ञा त्रिवेदी 2004–2005, लघु एवं कुटीर उद्योगों का अध्ययन (सतना जिले के विशेष संदर्भ में)
2. विक्रम सिंह 2007–2008, लघु एवं कुटीर उद्योग का अध्ययन।
3. बी.सी. सिन्हा 2008, भारतीय आर्थिक नीति पुष्पा सिन्हा।
4. त्रिभुवननाथ शुक्ला 2010, अद्यमिता विकास पुस्तक
5. राखी सोलंकी 2010, विकास केन्द्र सेडमैप की प्रदेश के लघु उद्योगों के विकास में भूमिका एक का अध्ययन।
6. रीता तिवारी 2011, मध्यप्रदेश के औद्योगिक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की भूमिका।
7. सारा अप्तारी 2012, विकास एवं पर्यावरण का अर्थशास्त्र।
8. युधिष्ठिर हालदार 2014, उद्यमी।
9. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, विंध्याचल भवन, भोपाल।
10. सत्येन्द्र शुक्ला 1995, जबलपुर क्षेत्र के औद्योगिक विकास में लघु एवं कुटीर उद्योगों की भूमिका।

****

भारत में ऊर्जा के गैर परम्परागत स्त्रोत

डॉ. शुभ्रा तिवारी *

शोध सारांश – वर्तमान समय में पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत खत्म होते जा रहे है, इस कारण से गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों को उपयोग में लाया जा रहा है जिससे पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग कम होगा और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग को बढावा मिलेगा। गैर पारम्परिक ऊर्जा को वैकल्पिक ऊर्जा भी कहा जाता है उदाहरण– सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, सामुद्रिक ऊर्जा आदि।

शब्द कुंजी – पारम्परिक ऊर्जा, संसाधन, अनन्त भण्डार।

प्रस्तावना – आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। आज मानव अपने ज्ञान–विज्ञान का अधिकाधिक प्रयोग कर विभिन्न कार्यो के संचालन के लिए ऊर्जा प्राप्त करता है। वर्तमान समय में ऊर्जा के उत्पादन एवं प्रयोग के आधार पर ही किसी भी राष्ट्र की गतिशीलता और विकास का आकलन किया जाता है।

कार्य करने की क्षमता ही ऊर्जा कहलाती है और जिन संसाधनों से ऊर्जा की प्राप्ति होती है, वे ऊर्जा के स्त्रोत कहलाते है। लकड़ी, कोयला, तेल, पेट्रोल, डीजल, गैस आदि ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोत है, जबकि सूर्य ताप, पवन चक्की, जल विद्युत, बायोगैस, कचरा, भू–ताप, समुद्रीताप, बायोडीजल आदि इसके गैर परम्परागत स्त्रोत है। इसमें से ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोत सीमित मात्रा से उपलब्ध है।

इन्हें प्राकृतिक रूप से निर्मित होने से काफी समय लग जाता है। आज मानव द्वारा अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अधिकाधिक दोहन किया जा रहा है। यदि इसी तरह इनका दोहन होता रहा तो वर्ष 2050 के पश्चात इन संसाधनों का अभाव हो जायेगा और पृथ्वी पर ऊर्जा संकट की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

भविष्य में आने वाले संकट से बचने और अपने विभिन्न कार्यों का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए आज मानव ऊर्जा के नित नए–नए गैर–पारम्परिक स्त्रोतों को खोजने का प्रयास कर रहा है। आज अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान आदि विकसित राष्ट्रों के साथ–साथ भारत जैसे विकासशील देश भी गैर परम्परागत स्त्रोतों से प्राप्त ऊर्जा उत्पादन को बढावा दे रहा है।

ऊर्जा खपत के क्षेत्र में भारत विश्व में चौथे स्थान पर है, जहॉ कुल ऊर्जा उत्पादन का 10% भाग गैर–परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त किया जाता है, सूर्य, वायु, समुद्र और भूमि ऊर्जा के अक्षम भंडार है। इनसे असीमित मात्रा में बार–बार ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है, यानि जीवाश्म ईंधन–जैसे कोयला, पेट्रोलियम की तरह इनके खत्म हो जाने का भय नहीं है।

गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के मामले में प्रकृति ने हमारे देश में बहुत समृद्ध बनाया है। इस कारण से हमारे देश में इन स्त्रोतों से ऊर्जा उत्पादन की सम्भावनाएँ भी बहुत बढ़ जाती है।

सौर ऊर्जा– सूर्य ऊर्जा का अक्षय एवं अनन्त भंडार है सूर्य की समस्त ऊर्जा का 10 प्रतिशत भाग ही धरती पर आ पाता है तथापि इससे अन्य सभी साधनों से प्राप्त ऊर्जा से 36 गुना अधिक ऊर्जा प्राप्ति की जा सकती है।

सूर्य ऊर्जा का सर्वाधिक व्यापक एवं अपरिमित स्त्रोत है, जो वातावरण में फोटॉन के रूप में विकिरण में ऊर्जा का संचार करता है। पृथ्वी पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण रासायनिक अभिक्रिया प्रकाश सश्लेषण की होती हो जो सूर्य के प्रकाश के साथ पौधों की होती है इसलिये सौर ऊर्जा को पृथ्वी पर जीवन का प्रमुख संवाहक माना जाता है।

सूर्य से सीधे प्राप्त होने वाली ऊर्जा में कई खास विशेषताएँ है इनमें इसका अत्यधिक विस्तारित होना, अप्रदूषणकारी होना व अक्षुण होना प्रमुख है।

सौर–ऊर्जा वह ऊर्जा है जो सीधे सूर्य से प्राप्त की जाती है। सौर ऊर्जा हीमौसम एवं जलवायुका परिवर्तन करती है।

सौर ऊर्जा को विविध प्रकार से प्रयोग किया जाता है, किन्तु सूर्य की ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने को ही मुख्य रूप से सौर ऊर्जा के रूप में जाना जाता है। सूर्य की ऊर्जा को दो प्रकार से विद्युत ऊर्जा में बदला जा सकता है। पहला प्रकाश विद्युत तेल की सहायता से तथा दूसरा किसी तरल पदार्थ को सूर्य की उष्मा से गर्म करके इससे विद्युत जनित्र चलाकर।

सौर प्रौद्योगिकी में लगातार सुधार हो रहा है, इस कारण सूर्य की ऊर्जा की प्रचुरता का उपयोग करने की हमारी क्षमता बढ़ रही है।

पवन ऊर्जा – वायु की गति के कारण अर्जित गतिज ऊर्जा पवन ऊर्जा होती है। यह एक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत है। कई शताब्दियों से पवन का ऊर्जा स्त्रोत के रूप में प्रयोग होता रहा है, जैसे पवन चालित नौकाओं में। आधुनिक पवन चक्कियों का निर्माण इस प्रकार किया जाता है कि वे पवन ऊर्जा को यांत्रिक या विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर सकें। पवन ऊर्जा का आशय वायु से गतिज ऊर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिकी अथवा विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करना है।

वायु का ऊर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग करने में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या अम्लीय वर्षा की समस्या या विशाक्त प्रदूशक पदार्थो जैसी कोई समस्या है। वास्तव में मानव की पर्यावरणीय आवश्यकताओं की पूर्ण आपूर्ति पवन ऊर्जा रूपान्तरण तंत्रों द्वारा हो जाती है। कार्बनडाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने के लिए उपलब्ध कुछेक तकनीकि विकल्पों में पवन ऊर्जा भी एक है, इसमे गैसीय प्रदूशकों के

* सहायक आचार्य (भौतिक शास्त्र) सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा (राज.) भारत

उत्सर्जन जैसी कोई समस्या नहीं है जो कि ग्रीन हाउस प्रभाव को उत्पन्न करके पर्यावरणीय समस्याओं को बढ़ाए, अत: विद्युत उत्पादन हेतु पवन ऊर्जा ही सबसे अच्छा स्त्रोत है। यह नवीकरण योग्य ऊर्जा ही विश्वव्यापी उष्णता तथा अम्लीय वर्षा से संघर्ष कर सकती है। सूर्य की विकिरित ऊर्जा से पवन ऊर्जा सतत् रूप से नवीकृत होती रहती है और इसका दोहन सरलतापूर्वक किया जा सकता है।

जलविद्युत ऊर्जा – विद्युत, जल से उत्पन्न ऊर्जा को जल विद्युत ऊर्जा कहते है तथा जल से प्राप्त की गई विद्युत शक्ति को जल विद्युत कहते है। विश्व की सम्पूर्ण विद्युत शक्ति का एक तिहाई भाग जल विद्युत के रूप में प्राप्त होता है।

यों तो किसी भी रूप में उपलब्ध ऊर्जा को विद्युत शक्ति के जनन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। जलप्रपात में गिरते हुए पानी में निहित ऊर्जा का उपयोग प्राचीनकाल से ही पवनचक्की को चलाने में किया जाता रहा है, परन्तु इस ऊर्जा का विद्युत शक्ति के लिए उपयोग बीसवीं शताब्दीं की ही देन है।

न केवल गिरते हुए जल में निहित ऊर्जा का उपयोग शक्ति जनन के लिए किया जा सकता है, वरन् बहते हुए पानी में निहित गतिज ऊर्जा का उपयोग भी शक्ति जनन के लिए किया जा सकता है।

बायोमास ऊर्जा – यह जैव ऊर्जा का एक रूप है। जैविक पदार्थो का उपयोग ऊर्जा उत्पादन के लिए किया जाता है। पादप एंजाइम, जीवाणु आदि ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्त्रोत है। जैव पदार्थो से ऊर्जा प्राप्त करने की अनेक विधियाँ है। एक तो पादप को सीधे जलाकर ऊर्जा प्रापत की जाती है, जिससे प्राप्त ऊर्जा की मात्रा भी कम होती है और उससे प्रदूषण भी फैलता है। परन्तु यदि वैज्ञानिक तकनीक से जैवाणिवक संवर्धन द्वारा मीथने का निर्माणकर अथवा यीस्ट फर्मेण्टेशन से इथेनॉल का निर्माण कर ऊर्जा प्राप्त की जाती है तो अधिक ऊर्जा भी प्राप्त होती है और प्रदूषण भी कम फैलता है। बायोमास या जैव ऊर्जा मुख्यत: पौधों और कूड़ों कचरों से प्राप्त की जा रही है। पौधों से बायोमास प्राप्त करने के लिए तीव्र विकास वाले पौधों को बेकार पडी जमीन पर उत्पादित किया जा रहा है। इनसे प्राप्त लकडियों के गैसीकरण से ऊर्जा प्राप्त की जाती है।

जैव ईधन – जैव ईधन मुख्यत: सम्मिलित बायोमास में उत्पन्न होता है अथवा कृषि या खाद्य उत्पाद या खाना बनाने और वनस्पति तेलों के उत्पादन की प्रक्रिया से अवशेष और औद्योगिक संसाधन के उप-उत्पाद से उत्पन्न होता है। जैव ईधन में किसी भी प्रकार का पेट्रोलियम पदार्थ नहीं होता है।

जैव ईंधन ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है जिसका देश के कुल ईंधन उपयोग में एक तिहाई योगदान है और इसकी खपत लगभग 90 प्रतिशत है। जैव ईंधन का उपयोग खाना बनाने और उष्णता प्राप्त करने में किया जाता है। मुख्य रूप से कृषि अवशेष, लकड़ी, कोयला और सूखे गोबर का उपयोग जैव ईंधन के रूप में किया जाता है। जीवाश्म ईधन की तुलना में यह स्वच्छ ईधन है। इस प्रकार में जैव ईंधन कार्बनडाई ऑक्साइड़ का अवशोषण कर हमारे परिवेश को स्वच्छ रखता है।

नाभिकीय ऊर्जा – नाभिकीय ऊर्जा ऐसी ऊर्जा है जो प्रत्येक परमाणु में अंतर्निहित होती है। नाभिकीय ऊर्जा संयोजन (परमाणुओं के संयोजन से) अथवा विखंडन (परमाणु विखंडन) प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न की जा सकती है। इनमें विखंडन की प्रक्रिया व्यापकरूप में प्रयोग में लाई जाती है।

नाभिकीय विखंडन प्रक्रिया में यूरेनियम एक प्रमुख कच्चा पदार्थ है। इसे संसाधित कर छोटी गोलियों में बदला जाता है। इन गोलिया को लंबी छड़ों में भरकर ऊर्जा इकाइयों के रिएक्टर में डाला जाता है।

श्रृंखला अभिक्रिया द्वारा ऊष्मा ऊर्जा मुक्त होती है। इस ऊष्मा का प्रयोग रिएक्टर के कोर में स्थित भारी जल को गर्म करने में किया जाता है। इसलिए नाभिकीय ऊर्जा प्लांट परमाणिक ऊर्जा को उष्मा ऊर्जा में बदलने के लिए किसी ईधन को जलाने की बजाय, श्रृंखला अभिक्रिया द्वारा उत्पन्न ऊर्जा का प्रयोग करता है। नाभिकीय कोर के चारों तरफ फैले भारी जल को ऊर्जा प्लांट के अन्य खंड में भेजा जाता है और बिजली पैदा की जाती है।

निष्कर्ष – पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत सीमित मात्रा में है और जल्द ही खत्म हो जाएंगे। उनके कारण प्रदूषण भी बढ रहा है। गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत प्रदूषण नहीं करते है और ये कभी खत्म भी नहीं होगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वैकल्पिक ऊर्जा, पर्यावरण और विकास – रवि शंकर, योजना, दिसम्बर, 2015।
2. राठौड़ पंवार रिन्युक्ल एनर्जी सोर्सेस, फॉर सरटेनेबल डवलपमेंट, इंडिया न्यू इंडिया पब्लिशिंग एजेन्सी 2007
3. बालात रिव्यू ऑफ मॉडर्न विंड टरबाइन टेक्नोलॉजी, एनर्जी सोर्सेस, रिकवली, यूटिलाइजेशन एंड एनवायरमेन्टल इफेक्ट्स, 2009, 31 (17), 1561-72
4. सिंह, भट्टी, कोठारी, इंडियन सिनेरिओ ऑफ विंड एनर्जी, प्राब्लमस् एंड सोल्यूशनस्, एनर्जी सोर्सेस, पॉर्ट, रिकवरी, यूटिलाइजेशन एंड एनवायरमेन्टल इफैक्ट् 2004, 20 (9), 811-19.

****

पंचायती राज व्यवस्था में सरपंच की भूमिका

धनेन्द्र कुमार * डॉ. वाय.बी. करवे **

प्रस्तावना – स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था भारत की प्रमुख विशेषता रही है। लोकतंत्र मूलत: विकेन्द्रीकरण पर आधारित शासन व्यवस्था है और विकेन्द्रीकरण, की संकल्पना पूर्ण रूप से तभी सफल होगी जब सत्ता विकेन्द्रीत हो सत्ता निचले स्तर से लेकर ऊपरी स्तर तक प्राप्त हो तथा शक्तिशाली एवं प्रभावपूर्ण हो। लोकतांत्र का मुख्य आधार शासन में जनता की प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण भागीदारी होना जिसमें जनता के द्वारा एक ऐसी शासन व्यवस्था का निर्माण किया जाता है। जो कि जनता के हित में निष्पक्ष रूप से कार्य करे साथ ही जनता का नियंत्रण भी शासन व्यवस्था पर बना रहता है।

भारत गाँवों का देश है। यहा लगभग 80 प्रतिशत आबादी गाँवों में निवास करती है। गाँधीजी का सपना था कि देश का विकास करना है तो गाँव का विकास करना होगा। पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित विधेक पी.व्ही. नरसिंहाराव सरकार ने राजीव गाँधी सरकार द्वारा तैयार पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित विधेयक को संशोधित कर दिसम्बर 1993 में 73 वॉ संविधान संशोधन के रूप में संसद से पारित करवाया। यह 73 वॉ संविधान संशोधन 24 अप्रैल सन् 1993 से लागू किया गया। इस संशोधन द्वारा भाग 9 जोड़ा गया और ग्यारहवी अनुसूची जोड़ी गयी जिसका शीर्षक 'पंचायत' है। इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था में प्रत्येक स्तर पर पहिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण एवं 73 वॉ संविधान संशोधन के 243 (डी) की धारा में संशोधन कर भारत के कुछ राज्यों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जा चुका है कुछ में किया जा सकता है। (मध्यप्रदेश सरकार में 50 प्रतिशत आरक्षण है।) जिसके परिणामस्वरूप सम्पूर्ण भारत में पंचायती राज संस्थाओं के विविध पदों पर सरपंच, उपसरपंच, पंच जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य और अन्य पदों पर महिलाएं पदासीन हुई है। विभिन्न धर्म, जाति सम्प्रदाय के लोग निवास करते है। ऐसे क्षेत्रीय विभिन्नता वाले विशाल देश में लोकतंत्र को सार्थक एवं सफल बनाना एक लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना है। गाँवों की सघन आबादी वाले भारत देश में लोकतंत्र का मुख्य आधार सत्ता विकेन्द्रीकरण का स्वरूप स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही सफल हो पाया है। गाँवों की उन्नति और प्रगति पर भी भारत की उन्नति और प्रगति निर्भर करती है। इसी लक्ष्य की ओर संकेत करते हुए भारत के संविधान निर्माता ने संविधान के अनुच्छेद 40 में यह निर्देश दिया गया कि राज्य ग्राम पंचायतों के निर्माण के लिए कदम उठायेगा और उन्हें इतनी शक्ति और अधिकार प्रदान करेगा, जिससे कि वे स्वशासन की इकाई के रूप कार्य कर सकें। भारत में लोकतंत्र को सफल बनाने में यह संवैधानिक आधार जिसमें स्वशासन की इकाई के रूप में पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ता प्रदान की गयी।

भारत में जनतंत्र का भविष्य इस तथ्य पर निर्भर करता है कि ग्रामीण जनों का शासन से कितना अप्रत्यक्ष, प्रत्यक्ष और सजीव सम्पर्क स्थापित हो पाता है, लोकतंत्र राजनीतिक व्यवस्था में पंचायती राज संस्थाएँ ही वह माध्यम है जो शासन को सामान्यजन के दरवाजे तक लाता है। केन्द्र सरकार की योजनाएँ पंचायती राज संस्था के माध्यम से ही एक सामान्य ग्रामीण नागरिकों तक पहुँचायी जा रही है। यही संस्थाएँ ग्रामीणों को विकास के अवसर प्रदान करती है। गाँव में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति इन छोटी संस्थाओं के माध्यम से ही शासन की नीतियों से भली-भांति परिचित हो रहा है तथा एक छोटे से गाँव की समस्या राज्य एवं केन्द्र सरकार तक जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों के माध्यम से ही ऊपरी स्तर तक पहुँच पाती है। पंचायती राज संस्थाएँ ही लोकतंत्र की रीढ़ है तथा भारत के ग्रामीण विकास का आधार भी है।

स्थानीय स्वशासन से तात्पर्य- स्थानीय स्वशासन की संकल्पना एक प्राचीन अवधारणा है। जिसका आशय है एक छोटे क्षेत्र विशेष में स्थानीय लोगों का शासन होना तथा उन्हीं के द्वारा उस क्षेत्र विशेष की समस्याओं का निराकरण करना। प्राचीनकाल में गाँवों में किसी भी तरह की समस्याओं का निराकरण करने हेतु ग्रामीणों द्वारा गाँव के पाँच प्रतिष्ठित व सम्मानित लोगों के द्वारा उस गाँव की समस्या का सुलझाने का कार्य पूर्ण किया जाता था। यह पाँच लोगों का समूह उस समय किसी भी रूप से संवैधानिक आधार लिये हुए नहीं था गाँव के लोग उन्हीं पाँच लोगों द्वारा लिये गये निर्णय को अंतिम निर्णय मान लेते है जिन्हें उस समय पंचपरमेश्वर कहा गया। गाँव की समस्या द्वारा गाँव के बीच में एक पेड़ के नीचे बैठकर समस्या को सुलझाया जाता था। समय के साथ-साथ यही पाँच लोगों का समूह एक राजनैतिक संवैधानिक आधार को प्राप्त करने लगा।

स्थानीय स्वशासन की संकल्पना धीरे-धीरे अस्तित्व में आने लगी भारत में समय-समय पर जिन शासकों ने नकारा नहीं कभी यह संस्थाएँ केन्द्र सरकार के अधीन होने लगी तो कभी राज्य सरकार के अधीन किन्तु यह व्यवस्था पूरी तरह से विलुप्त नहीं हो पायी थी संवैधानिक आधार प्रदान नहीं था। किन्तु ग्रमीण समाज का विकास उन्हीं संस्थाओं के आधार पर टिका हुआ था। अंग्रेजों के शासन काल में पंचायतों को समाप्त करने का प्रयास किया गया सारे कार्य प्रान्तीय सरकारे करने लगी। किन्तु स्वाधीनता के पश्चात् राज्य सरकारों ने पंचायतों की स्थापना की और विशेष ध्यान दिया।

*शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, किरनापुर, बालाघाट (म.प्र.) भारत

सन् 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जो कि पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना हेतु एवं पहल थी। 1950 में भारत का संविधान लागू हो गया केन्द्र सरकार के अनेक महत्वपूर्ण कार्यो में पंचायती राज एवं सामूदायिक विकास मंत्रालय की स्थापना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। 1952 में पं. जवाहरलाल नेहरू की पहल पर सामुदायिक विकास कार्यक्रम इस उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया कि आर्थिक नियोजन एवं सामाजिक पुनरूप की राष्ट्रीय योजनाओं के प्रति देश की ग्रामीण जनता में सक्रिय रूचि उत्पन्न की जा सके। सरकार के साथ मिलकर ग्रामीण जनता स्वयं सहभागी होकर ग्रामीण एवं सामुदायिक विकास को सफल बनाए।

स्थानीय स्वशासन के अन्तर्गत पंचायती राज संस्था के सामुदायिक विकास कार्यक्रम के आधार पर ही पंचायत को संवैधानिक आधार प्रदान करने हेतु समय-समय पर (1952 के बाद) पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित सभी के माध्यम से सुझाव दिये गये। पं. नेहरू के द्वारा 02 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज की आधारशीला रखी गयी थी। तथा 73 वॉ संविधान संशोधन के द्वारा 30 दिसम्बर सन् 1993 को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर दिया गया इसके अन्तर्गत 25 जनवरी सन् 1994 को मध्यप्रदेश पंचायती राज को व्यापक अधिकारों के साथ लागू कर दिया गया। पंचायती राज व्यवस्था में 29 विषय पर कार्य कर रही है। त्रि-स्तरीय पंचायतों, जनपद पंचायत, जिला पंचायत व नगर पालिकाओं का चुनाव करवाने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य बना।

आज अनेक कार्य पंचायती राज व्यवस्था सरपंच के द्वारा गाँव में हो रहे है, पहले की तुलना में आज गाँव विकसीत हो रहे है। लगभग प्रत्येक गाँव आज सिमेंट रोड़, पिने के पानी की टंकी, स्वास्थय केन्द्र, शोक गढडें, स्कूल, तालाब, आगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन का निर्माण, मेड़बदंन, पेंशन योजनाएं और भी ऐसे अनेक कार्य है, जो सरपंच के माध्यम से हो रहे है।

अत: ग्राम पंचायत में सरपंच की भूमिका के लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल होते है, मेरा मानना है कि सरपंच प्रतिनिधि व्यक्ति कम से कम 10 वीं या 12 वीं पास होना चाहिए। उसे विधायक या सांसद की तरह भत्ता राज्य सरकार की ओर से दिया जाना चाहिए। सरपंच की मासिक वेतन में वृद्धि किया जाना चाहिए। और समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। और भी अन्य सुविधाएं सरकार की ओर से दिया जाना चाहिए। ग्रामीण विकास को सफल बनाने में सरपंच प्रतिनिधियों को उनके कार्यो के प्रति एवं कर्तव्यों के सफल निर्वहन करने में ग्रामीणों में जागरूकता आवश्यक है साथ ही शासन के द्वारा भी ठोस कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। तभी पंचायती राज संस्थाओं में सरपंच की भूमिका पूर्णरूप से सफल होगी। वर्तमान परिदृश्य में देखे तो पहले की तुलना में आज पंचायती राज संस्था में सरपंच के द्वारा विकास के विभिन्न कार्य हो रहे है। केन्द्र व राज्य की अनेक योजनाएं संचालित हो रही है, और गाँव विकास की ओर अग्रेसित हो रहे है। गाँव में हर वर्ग को इसका फायदा मिल रहा है। सरकारों के द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन पंचायती राज संस्था के माध्यम से हो रहा है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – पंचायती राज संस्थाओं में सरपंच की भूमिका पूर्णरूप से सफल होगी। वर्तमान परिदृश्य में देखे तो पहले की तुलना में आज पंचायती राज संस्था में सरपंच के द्वारा विकास के विभिन्न कार्य हो रहे है। केन्द्र व राज्य की अनेक योजनाएं संचालित हो रही है और गाँव विकास की ओर अग्रेसित हो रहे है। गाँव में हर वर्ग को इसका फायदा मिल रहा है। सरकारों के द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन पंचायती राज संस्था के माध्यम से हो रहा है। तभी पंचायती राज संस्थाओं में सरपंच की भूमिका पूर्णरूप से सफल होगी। वर्तमान परिदृश्य में देखे तो पहले की तुलना में आज पंचायती राज संस्था में सरपंच के द्वारा विकास के विभिन्न कार्य हो रहे है। केन्द्र व राज्य की अनेक योजनाएं संचालित हो रही है, और गाँव विकास की ओर अग्रेसित हो रहे है। गाँव में हर वर्ग को इसका फायदा मिल रहा है। सरकारों के द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन पंचायती राज संस्था के माध्यम से हो रहा है।

अत: ग्राम पंचायत में सरपंच की भूमिका के लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल होते है, मेरा मानना है कि सरपंच प्रतिनिधि व्यक्ति कम से कम 10 वीं या 12 वीं पास होना चाहिए। उसे विधायक या सांसद की तरह भत्ता राज्य सरकार की ओर से दिया जाना चाहिए। सरपंच की मासिक वेतन में वृद्धि किया जाना चाहिए और समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और भी अन्य सुविधाएं सरकार की ओर से दिया जाना चाहिए। ग्रामीण विकास को सफल बनाने में सरपंच प्रतिनिधियों को उनके कार्यो के प्रति एवं कर्तव्यों के सफल निर्वहन करने में ग्रामीणों में जागरूकता आवश्यक है साथ ही शासन के द्वारा भी ठोस कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. पुखराज जैन, राजनीति विज्ञान, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा, पृष्ठ 21।
2. डॉ. यतीन्द्र सिंह सिसोदिया, डॉ. आशीष भट्ट, मध्यप्रदेश पंचायत राज व्यवस्था विविध आयाम, म0प्र0 हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल 2011 पृष्ठ 3
3. जहवाहरलाल नेहरू, सामुदायिक विकास पंचायत राज सत्ता साहित्य मण्डल, 1965 पृष्ठ 104
4. महिपाल, पंचायती राज, चुनौतियां एवं सम्भावनाएं, पहला संस्करण 2004 पृष्ठ संख्या 24 व 25।
5. मध्यप्रदेश पंचायत अधिनियम, 1981 पृष्ठ संख्या 103 लेखक दीपक कुमार भार्गव।
6. कोठारी रजनी, पॉलिटिक्स इन इंडिया, अरिमेट लांगमैन नई दिल्ली, 1970 पृष्ठ संख्या 95।

****

अलका सरावगी के कथा साहित्य में चेतना के विविध आयाम

सुनिता चौहान * डॉ. मंजुला जोषी **

प्रस्तावना – अंतिम दशक के कथा साहित्यकारो ने जीवन के विविध अतरंग और तनावपूर्ण छवियों के यथार्थ रूप अंकित किये। समसामायिक सात्यिकारों की रचनाओं में जीवन के नये संदर्भ और संबंधों के अदलाव को चित्रित किया है। नयी कहानी में व्यक्तिवादी रूझान परिलक्षित होता है। राजनैतिक वातावरण ने सहित्याकारों को भी भारी प्रभावित किया है कहानियों में जवीन के अतंर्विरोधी तनावो के विरोधाभासों को व्यक्त करती है नयी कहानी आंदोलन के दौरान अनके महिला कहानीकार उभर कर आयी। जिनमें अपनी मुक्ति के लिए छटपटाती नारी का चित्रण मिलता है। स्त्री –विमर्श के विभिन्न पहलुओं पर महिला लेखिकाओं ने उपन्यासों और कहानियों में माध्यम से अपने वैचारिक और भावनात्मक असंतोष और विद्रौह को व्यक्त किया है पिछले दो–तीन दशको में अनेक महिला रचनाकारों ने अपनी कृतियों से हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया है। जिन्होने अपनी रचनाओं के माध्यम से वर्तमान समय की अनेक समस्याओं को उठाया है आधुनिकता के प्रभाव से माननीय सवेदनाओं की समान अवस्था समाज के आदर्श मूल्यों का अवमूल्यन स्त्री–विमर्श, स्त्रियों की स्वाधीन अस्मिता का हनन करने वाली परम्परागत, धर्म आधारित वर्जनाए मानवीय संबंधो में वर्तमान स्थितियों के प्रभाव से उत्पन्न विघटनकारी तत्वों जैसी अनेक बदली हुई दशाओं को खुलकर अपनी रचनाओं में व्यक्त किया है। इस प्रकार अपनी रचनाओं के द्वारा उन्होंने वर्तमान यथार्थ को चित्रित कर स्वस्थ समाज की स्थापना के प्रति विचारों को व्यक्त कर साथ ही समाज की सोच में भी एक स्वस्थ्य परिवर्तन का अधिक किया है। तात्पर्य यह है कि इन महिला रचनाकारों ने नई वैचारिक पृष्ठभूमि तैयार करने की जद्दहोजहद की है। इतना ही नही अभिव्यक्ति के नये–नये आयाम भी साहित्य का दिये है।

इन्ही में अलका सरावगी जैसी मारवाड़ी संस्कारों में पली–भड़ी महिला ने अपनी रचनाओं के द्वारा पीढीयों के अन्तराल से उपजे मुल्य – सक्रमण तथा इतिहास और वर्तमान के द्वन्द्व के तनाव को अभिव्यक्ति दी है। स्त्री की पुरूष नकारवादी विचारधारा से असहमत होते हुए सरावगी जी स्वस्थ समाजवादी स्त्री –पुरूष संबंधो को स्थापित करने की पक्षधर है। एक स्वस्थ विकासित संवेदना वाले समाज में ही स्त्री पूरे आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जी सकती है। रोजमर्रा की ढर्रे की जिन्दगी का चित्रण करना उनकी कहानी का उद्देश्य नही बल्की आधुनिकतावादी जीवन की संवेदनहीनता और विसंगतियों को उजागर करने पर ही अलका जी बल देती है। अलका सरावगी का समुचा लेखन कर्म यथार्थ परख है, उनके कथा साहित्य में जीवन की नित नूतन सम्भावनाओं की तलाश से परिपूर्ण है। दर्शाये गये शीर्षक के अतंर्गत वर्तमान दशक तक के कथा साहित्य में आये सामाजिक परिवर्तन तथा वैचारिक परिवर्तन का अध्ययन करना वर्तमान कथा साहित्य की शिल्पगत विशेषताओं तथा सामाजिक समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में अलकाजी के चिन्तन का अनुशीलन करना तथा उनके संपूर्ण कथा साहित्य के समग्र प्रभाव का विश्लेषण करना है। साहित्य की विधा में आये परिवर्तनों को रेखांकित करना, समकालीन यथार्थ,व्यष्टि और समष्टिगत सम्बन्धों और चिन्तनों का अनुशीलन करना। सरावगीजी का लेखक यात्रा से गुजरते हुए सामाजिक परिवेश की पडताल की जावेगी। अलका सरावगी के साहित्य में अभिव्यक्त सामाजिक, राजनैतिक चेतना का अनुशीलन किया जाएगा तथा अलका सरावगीजी के साहित्य में सांस्कृतिक और धार्मिक प्रवृत्तियों पर भी प्रकाश डाला जायेगा।

पिछले तीन दशकों में अनेक महिला रचनाकारों ने अपनी कृतियों के माध्यम से हिन्दी साहित्य को समुद्ध किया है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से नारी की अनेक समस्याओं के साथ वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों का यथार्थ चित्रण किया है। मानवीय संवेदनाओं की वर्तमान हास्मान स्थितियों के प्रति उन्होंने आक्रोश भी व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने समाज के आदर्श प्रतिमान मूल्यों का भी उल्लेख किया है जिनमें आदर्श मूल्यों की दयनीयता स्त्री विमर्श की अनेक प्रासंगिक स्थितियों का और स्त्रियों की स्वाधीनता के प्रति भी चिन्ता व्यक्त की है।

परम्परा धर्म पर आधारित वर्जनाओं और पुरुष वर्चस्ववादी सोच के अपरिवर्तनीय स्थितियों के प्रति भी नारी लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने समाज की परम्परावादी दीवारो को ढहा कर स्त्री – पुरुष के समत्ववादी रिश्ते को कायम करने पर बल दिया है। प्रभा खेतान जैसी परम्परागत मारवाडी रीति–रिवाजों में पली बढी महिला ने विवाह जैसी संकीर्ण प्रथा को ही ध्वस्त कर समाज की प्रलित मान्यताओं को खुले आम ठुकराने का साहस किया है। रमणिका गुप्ता ने राजनैतिक क्षेत्र में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हुए बिहार ओर झारखण्ड मैत्री पुष्पा ने अपने विचारोंतेजक निबंधों के माध्यम से पुरातन महिला ने दमन की प्रवृतियों के विरुद्ध वर्चस्ववादी विचारों पर कडे प्रहार किये है।

कृष्णा अग्निहोत्री ने असहनीय घरेलू हिंसा और उत्पीड़न को सहते हुए अपने अस्तित्व की खातिर विवाह के जुएँ को ही उतार कर फेंक दिया। 'गलियारे' शीर्षक कहानी संग्रह की कहानियों में नारी जीवन की विविध पीड़ाओं, विषमताओं, सामाजिक, प्रताड़नाओं तथा मानसिक द्वंद्व को उजागर किया है।

नासिरा शर्मा की 'पत्थर की गली' में संकलित कहानियों में मुस्लिम नारियों के जीवन का प्रमाणित अनुभव चित्रित किया है। नासिरा शर्मा लिरवती

*शोधार्थी (हिन्दी) शहीद भीमा नायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडवानी (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शहीद भीमा नायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडवानी (म.प्र.) भारत

है' मेरी ये कहानियॉ महाजरत के दुख और मुजरो के सुख का मोहभंग करती हुई एक ऐसी गली की सैर कराती है जो 'पत्थर की गली' जिसमें रहने वाले अपने निकाय के लिए छटपटाते नजर आते है । अपनी पहचान के लिए जद्दोजहज के समुन्दर में गोते लगाते है। रूढ़िवादिता की बेड़ियों को तोड़कर खुले आसमान में उड़ाना चाहते है। पंखों को पसार कर उसमें सूरज की गर्मी ओर रोशनी भरने के लिए तड़पते है ओर कशमकश में पत्थर से टकराकर लहुलुहान को उठाते है।

साहित्य मानव के विचार तथा अनुभूतियों को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है । साहित्य का सिंहावलोकन करने से ज्ञात होता है कि भाषा व साहित्य के विविध आयामों के माध्यम से ही मानव की अभिव्यक्ति अधिक हुई है। एकांकी, कहानी उपन्यास, नाटक, कविता संस्मरण आदि के सहारे लेखक अपने अनुभवों को व्यक्त करता है। आधुनिक युग में ऐसे कई महान साहित्यकार है जिन्होने अपनी लेखनी को हर क्षेत्र में चलाकर अपनी मेधाशक्ति तथा प्रतिभा को परिचय दिया है। अलका सरावगी ऐसी ही महान प्रतिभाशाली लेखिका है।

अलका सरावगी अंतिम दशक के महिला साहित्यकारों में प्रभावशाली हस्ताक्षर है। उनकी रूचि बाल मनोविज्ञान से लेकर कॉर्पोरेट समाज तक जुड़ी हुई है। कथ्य और कथानक की मौलिकता अलका सरावगी के प्रखर रचनाकार घोषित करती है। अलकाजी स्वतंत्र रूप से लेखन कार्य कर रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समकालीन कहानी की पहचान पृष्ठ 39
2. नासिरा शर्मा- हिन्दी कहानी का इतिहास गोपाल राय के ग्रन्थ से उद्धृत, पृ. 201

****

Historical Analysis of Spread of Buddhism from India To Tibet

Dr. Shilpa Mehta *

Introduction - A most important epoch in the religious history of India is marked by the rise of Jainism and Buddhism, the dates of which have been ascertained approximately from the combined evidence of literary and inscriptional sources. These two religions, represent the most successful of a number of movements directed against the formality of Brahmanism and the supremacy of the priestly cast in the sixth century B.C. These two reformed religions, although springing directly from Brahmanism and inheriting many of its fundamental ideas, yet introduced new elements into the intellectual life of India. Both these religions arose and flourished originally in the same region of India,viz. the district to the east including the ancient kingdoms of Kosala, Videha and Magadha with the old province of Tirhut and south Bihar in Western Bengal.

Founder of Buddhism - The Buddha or Enlightened as he was called by his disciples was – Siddhartha whose date was probably from about 563 to 483 B.C. He belonged to the Kshatriya tribe of Sakyas and is often called Sakyamuni. Buddha shared the pessimism of his period and he sought a refuge from the world and a means of escape from existence, first in the doctrine of Atman and subsequently in the system of the several penance and self mortification. But neither of this satisfy him and he propounded his own system after a period of meditation. He gave the world the teachings of Four Truths, Eight Fold Path and Middle Path. Buddhism started to spread slowly in India until the time of Mauryan Emperor Ashoka, who was a public supporter of the religion. The support of Ashoka and his descendants made efforts to spread Buddhism throughout the enlarged Mauryan Empire and its neighbouring lands such as Central Asia and to the island of Sri Lanka. According to the edicts of Ashoka missionaries were sent to various places to spread Buddhism. In a curt record ,we get the name of missionaries sent out by Tissa, the son of Moggali (the author of Katha –Vatthu and the president of third council held in Ashokas reign and under his patronage).They were sent to Kashmir, to Gandhara ,to the Himalayas , to the coast of Burma and Ceylon. Each Party consisted of a leader and four assistants. Of the five Missionaries sent to the Himalayan region three were named as Majjhima, Kassapa- Gotta, and Dundubhissara.

Spread of Buddhism - The silk route transmission of Buddhism to China is most commonly thought to have started in the late 2nd or the 1st century B.C., probably as the consequence of the expansion of the Kushan empire in to the Chinese territory. In the 2nd century B.C., Mahayan sutras spread to China then to Korea and Japan. During the Indian period of esoteric Buddhism ie. From 8th century onwards, Buddhism spread from India to Tibet and Mongolia. When Buddhism was split in two vehicles ie. Lower vehicle (Hinayana) and greater vehicle (Mahayana) , the greater vehicle had fully accepted Tantra. The period which witnessed the spread of Buddhism in Tibet (600-1100) was roughly the period when Tantra was dominant cult in India. There were regular flow of the fresh developments from India into Tibet. Ghang – Chen or the land abounding in snow , is a native name for the Tibet by outsiders . Ghang – Chen in Tibetan lexicons, corresponds to Himavat. The first kings of Tibet reputedly came from the Magadha, the home province of Ashoka at a time when the Maurya Empire was breaking up. These kings down to 27th generation followed the old Tibetan religion Bon. During the reign of Lha-tho-tho-ri the 28th king, a volume of Buddhist canon reached the court , the Kushan were then ruling over north India and Inner Asia . Firm evidence about Buddhism in Tibet, dates from the time of Song – tsen Gampo (605-650) whose two queens, one from Nepal and one from China , were devout Buddhism canon. He had a scholary minister, Thomi Sambhota who devised an alphabet from Brahmi script and founded the systematic translations of the Buddhist canon. Temples were built and images of Buddha and Mahayana deities were installed. The principal temple was located in the newly founded capital of Lhasa. Monks and scholars from Nepal and India were invited to expound the Buddhas doctrine. The king drew up a code of customs and morals which were believed to be integral part of dharma. In his reign the Buddhist scriptures were translated in Tibetan language.

The progress of Buddhism was by no means smooth for the first two hundred years as it had to reckon with the hostility of native religion. The Bon religion was deeply rooted not only in the mind of common man , it was strongly entrenched in the court itself. The Bon priests disputed the

*Assistant Professor (History) Seth Mathuradas Binani Govt. P.G. College, Nathdwara (Raj.) INDIA

authority of the Indian monks and challenged them to polemics and mysteries. Victory in doctrinal debates was easy for the scholar monks who emphasized the doctrine of salvation for all. In the second half of the eight century during the reign of king Trisong-De-tsen , the Buddhist monk failed to meet Bon priests in an encounter of miracle. The Bon priest proclaimed the monks defeat and reconverted the bulk of population in their native faith. But the king not only invited the famous tantric mystic Padmasambhava to visit Tibet but also established Buddhism as the official religion of state. Guru Padmasambhava established the superiority of Buddhist magic and many people soon sought refuge in Buddhism. In addition to writing a number of important scriptures, he also established the Nyingma school. He was considerd as the saviour of Dharma and adored as Guru Rimpoche ie. Guru Ratna. Guru handled the problem of foreign religion with high statesmanship. With the help of Santarakshita ,he ordained the first seven natives into the Gedun (Sangha).,thereby founding the Lamaist order. A monastery on the river Tsang-Po was built by the king with the help of Guru Rimpoche and Santarakshita. Buddhism as the universal religion acclimatized itself to the native genius of the country and Guru's cult of Vajra (Dorje) became the national cult of Tibet. The order thrived well without dependence on monks from India but with the assassination of the great Chogyal Ralpa –Chen during whose time Tibetan language was reformed and its philosophical and religious terminology standardized.

Buddhism in Tibet went into serious decline during the next 150 years. After long time loyal and devout Buddhist living mostly in obscure and distant places invited saints and scholars from Nalanda and Vikramasila to visit Tibet and preach the saddharma. It was only during the 11th century, Srijnana Dipankara well known as Atisa came to Tibet and lived in central Tibet till he passed away in 1054 A.D.. He preached pure doctrine in west and central Tibet specially Kalachakra Tantra. He worked for the reconstruction and regeneration of the sangh in Tibet. Atisa readily approved the prefix of " I take refuge in the Guru (Lama)." and also sanctioned the occurance of Nirmanakaya in Tibet. He recognized the Tibetan tradition that Srong – tsen Gampo was incarnation of Avalokitesvara and prophesied that the same Bodhisattva would appear successively in the lineage of Dromton , the great disciple of Atisa. He also predicted that when the Dharma would be in danger again and no royal protection will be available, the Sanga would come forward and the Sangharatna Avalokitesvara would incarnate successively in the hierarch of the sect ,succeeding Dromton's disciples. The Dalai Lama are the successive incarnations in the fulfillment of Atisa's prophecy according to Yellow sect and all red sect have also accepted their authority despite all doctrine differences. Fourteen incarnations of Avalokitesvara ,the fourteen Dalai Lama are known to have ruled Tibet in fulfillment of ancient prophecies. It is said that Tibetan Buddhism played a very important role among the Mongols also. In 1578, Sonam Gyatso was invited to Mongolia who converted Altan Khan to Buddhism along with his tribe, the king conferred the title "Dalai" on him which means sea or ocean. This is from where the title Dalai Lama came. Tibetan Buddhism comprises the teachings of three vehicles of Buddhism : the Lesser Vehicle (Hinayana), Mahayana and Vajrayana. Tibetan Buddhism teaches methods for achieving Buddhahood more quickly by including the Vajrayana path in Mahayana.

There are four main schools of Tibetan Buddhism : Nyingma, Sakya ,Kagyu and Geluk. All four school belong to the Mahayana tradition. Difference among four schools belong to Mahayana tradition . Difference among the four schools are primarily use of contradictory terminology , tantras they favour and which lineage they follow.These four major schools are said to constitute the Nyingma "Old Translation" and Sarma "New Translation" traditions, the later following from the historical Kadam lineage of Tantric lineages. It include the three schools ie Kagyu , Sakya, Gelug and Jonang as minor school, which is branched from Sakya tradition. Another Western division of Tibetan Buddhism is into the Yellow and Red hat. By Red is meant the three earlier sects ie. Nyingma, Kargyu and Sakya and yellow hat denotes later Gelugpa and this distinction is due to the involvement in Rime movement verses the school which did not take part in it ie the Gelug.

There is a sharp difference in opinion regarding esoteric practices and monastic discipline between the so called Red and Yellow sects. But all temples and monasteries of all sects are equally holy and good both for congregation and pilgrimage. All incarnations of all sects, render obedience to the incarnation of Avalokitesvara - the Dalai Lama as the sole god of the land of snow. Tibet owed her identity and independence to the Dharma. Buddhism disappeared from India at the end of the Twelth century A.D. ,but it still flourished in the eastern Asia and its ancient books are preserved in four great collections – Pali (in Ceylon, Burma and Siam) ,Sanskrit (in Nepal), Tibetan and Chinese. Long before the development of Tibetan script, the folk poems and epics were orally handed down and enlarged from generation to generation. With the advent of alphabet and script, historical accounts called Yig Tshang (records), Deb-Ther (annals) and Gyal-rap (Genealogy of kings)came to be composed. Emphasis in historical compositions was on origin of Dharma in India and its spread in Trans Himalayas. Events recorded were about the royal patronage of Dharma, construction of monasteries and lives of monks, scholars and saints.

With the advent of Buddhism in Tibet, Sanskrit also put impact on Tibetan language. Lhasa in welcoming Sanskrit gave shelter to the language of the land of enlightment and Tibetan as the medium Dharma became as sacred as Sanskrit. The Tibetan script received its first impetus in the 8th century with the establishment of monastic university "Samaye" for the purpose of translation of the voluminous Buddhist text from Sanskrit into the vernacular.

The monastic universities of Tibet not only preserved the treasures of Sanskrit literature but also developed the Sanskrit traditions in their seats. Thus the expansion of Buddhism got its road through Sanskrit literature which became the bridge between India and Tibet. The literary works of Tibet are strongly influenced by Buddhist thought which are mostly religious , historical and biographical texts. The Tibetan Buddhist canon is loosely defined list of sacred texts recognized by various sects of Tibetan Buddhism. The Tibetans divided Buddhist text in two broad categories ie. 'Kangyur' – which consist words supposed to have been said by Buddha himself and 'Tengyur' – translated treatises is the section to which commentaries and abhidharma works are associated. Buddhism has exerted a particularly strong influence on Tibetan culture since its introduction in the 7th century. Buddhist missionaries who came mainly from India and Nepal introduced arts and customs of their respective places. Art, literature and music all contain elements of the prevailing Buddhist beliefs and Buddhism itself has adopted a unique form in Tibet, influenced by the local religion and beliefs. Mahayana Buddhist influence is also seen in Tibetan art which is deeply religious in nature. Bodhisattva were the main subject and were depicted ion Tibetan art. The most common bodhisattva is the Chenrezig deity who is often potrayed as a thousand arm saint with the eye in the middle of each hand representing the all seeing compassionate and hears the request. Most of the Tibetan art can be seen as a part of the practice of tantra. Thangka paintings done on cotton and linen and Tibetan Buddhist wall paintings can be found on temple walls as frescos in monasteries. Tibetan architecture is also influenced by Buddhism. The Buddhist prayer wheel along with dragons can be seen on nearly every Gompa in Tibet. Buddhist monasteries are the unusual example of Tibetan architecture.

Result- From ancient times till about the end of 11th century India and Tibet have very active cultural and commercial contacts. With the Turkish conquest of north India the active contact between both India and Tibet ceased which revived nearly 200 yrs ago when the East India Company started to trade with Tibet from Kalikata. Today, Tibetan Buddhism is adhered to widely in Tibetan Plateau, Mongolia, Northern Nepal, Bhutan etc. Buddhism has long been the main source of Tibetan's pride in their culture and country. Today the Buddhist are restructuring their religion through a complex process of social, political and economic adaptation. Tibetans, whose traditional, religious and cultural institutions had been decimated during the preceding two decades are trying to begin a Buddhist renewal so that their religion can attain new heights as before and light the world with its cultural and religious teachings.

References:-

1. Rapson,E.J .- Ancient India,Delhi,1985,pg.44
2. Mahavamsa Tika, Chapter12, Colombo Edition,1895
3. Devids, Rhys,T.W.-Buddhist India, Sushil Gupta Publication,1959,pg135 4.Zurcher, Eric [Ed.]- Buddhist conquest of China,3ed.,Brill Publication ,2007 pg-22-27
5. ibid – pg. 23
6. Bhattarcharya, Benoytosh- Sadhanamala, Gaekword oriental series,Vol.2
7. Sinha, N.C.-A Tibetologist in Sikkim, Namgyal Institute of Tibetology,2008,pg40
8. Kirkland,Russell- The History of Tibet , Vol.1, London,2003, pg.190n.12
9. Richardson,Hugh E. – A Corpus of Early Tibetan Inscriptions, Royal Asiatic Society, London, 1981, pg.75
10. Studholme, Alexander –The Origin of Om Manipadme Hum, Albany,NY 2002,pg.13-14
11. Beckwith, C.I. – The Revolt of 755 in Tibet, in : The History of Tibet ed. , Alex Mckay Vol.1 ,London 2003, pg.27

****

भवन निर्माण में कार्यरत महिला श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का मूल्यांकन

उषा राजे * डॉ. महेश गुप्ता **

प्रस्तावना – निर्माण कार्य क्षेत्र में अधिकतर अशिक्षित एवं कम पढ़ी–लिखी महिलाएँ निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य करती हैं। कम शिक्षित होने के कारण इन्हें अपने अधिकारों व महिला श्रमिकों हेतु बनाये गये कानूनों की जानकारी नहीं होती है या बहुत ही कम होती है। निर्माण क्षेत्र असंगठित क्षेत्र में आता है। इस कारण इन महिला श्रमिकों में संगठन का आभाव होता है एवं कार्य की निश्चितता नहीं होती है। कार्य नियमित रूप से नहीं मिलने के कारण महिला श्रमिक परिवार को नियमित रूप से आर्थिक सहायता नहीं उपलब्ध करा पाती है एवं इनके परिवार की आर्थिक व सामाजिक स्थिति प्राय: कमजोर होती है।

परिवार में महिला प्रसुती के समय, स्वयं महिला श्रमिक अथवा श्रमिक की पुत्री के विवाह एवं श्रमिक की अकास्मिक मृत्यु के कारण उसकी पत्नि व बच्चों के सामने आर्थिक व कई तरह की सामाजिक समस्याएँ भी उत्पन्न हो जाती हैं। श्रमिकों की उपरोक्त स्थिति को देखते हुए प्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश भवन तथा अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का गठन दिनांक 10 अप्रेल, 2003 को किया गया एवं निर्माण मंडल के माध्यम से महिला श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं सहायता प्रदान करने के लिए कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ जैसे प्रसुती सहायता योजना, स्वयं महिला श्रमिक एवं श्रमिक की पुत्री के विवाह लिए सहायता योजना, दुर्घटना बीमा, चिकित्सा सहायता, श्रमिक की मृत्यु पर सहायता के लिए श्रमिक परिवार को विभिन्न योजनाएँ प्रारंभ की गई है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा महिला श्रमिकों की स्थिति सुधारने हेतु बहुत महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं।

श्रमिक महिलाओं के लिये संचालित महत्वपूर्ण योजनाएँ इस प्रकार हैं :–

1. प्रसूति सहायता योजना – प्रसूति के समय महिला श्रमिक को आराम मिल सके व माँ तथा होने वाला बच्चा सुरक्षित रहे, श्रमिक के परिवार को प्रसूति के समय आर्थिक सहायता व सुरक्षा मिल सके इस उद्देश्य हेतु यह योजना प्रारंभ की गई है। प्रसूति सहायता योजना वर्ष 2004 से प्रभावशील है। इस योजना के अंतर्गत हिताधिकारी महिला श्रमिक को गर्भावस्था की अंतिम तिमाही में 45 दिन की अवधि का अकुशल श्रमिक हेतु निर्धारित न्यूनतम वेतन प्रसूति हितलाभ के रूप में प्रदान किया जाता है। प्रसूति के उपरांत हिताधिकारी महिला श्रमिक को शहरी क्षेत्र हेतु 1 हजार तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1400 रू. पौष्टिक आहार हेतु सहायता प्रदान की जाती है। हिताधिकारी पुरूष श्रमिक को उसकी पत्नि की प्रसूति के पश्चात 15 दिन की अवधि का अकुशल श्रमिक हेतु निर्धारित न्यूनतम वेतन पितृत्व अवकाश के रूप में दिया जाता है।

निर्माण श्रमिक चाहे पुरूष हो या स्त्री, पति हो या पत्नी में से कोई भी यदि निर्माण श्रमिक के रूप मे पंजीयत है तो उसे योजना का लाभ प्राप्त होता है। हितग्राहियों को हितलाभ की राशि एकाउंट पेयी चैक के माध्यम से सीधे हितग्राही के खाते में प्रदान की जाती है। योजना से लाभान्वित संख्या एवं वितरित राशि का वर्षवार विवरण तालिका क्र. 1 में दिया गया है।

तालिका क्र. 1 – योजना से लाभांवितों की वर्षवार संख्या व वितरित राशि

क्र.	वर्ष	हितग्राही संख्या	वितरित राशि
1.	प्रारंभ से 2011 तक	631	3179290
2.	2011–2012	756	3731000
3.	2012–13	1873	7953609
4.	2013–14	623	2930120
5.	2014–15	281	1111828
	कुल	**4164**	**18905847**

स्त्रोत :– श्रमायुक्त कार्यालय, जिला इन्दौर से प्राप्त आंकड़े।



तालिका से स्पष्ट होता है कि प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत वर्ष 2012–13 में सर्वाधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। वर्ष 2012–13 में 1873 श्रमिक हितग्राहियों को कुल राशि रू. 7953609/– सहायत राशि वितरित की गई है। वर्ष 2013–14 में 623 श्रमिक हितग्राहियों को कुल राशि रू. 2930120/– एवं 2014–15 में 281 श्रमिक हितग्राहियों को कुल राशि रू. 1111828/– वितरित की गई है। तालिका का अध्न करने पर ज्ञात होता है कि श्रमिक हितग्राहियों की संख्या में लगातार कम होती जा रही है। यह योजना के प्रति उनकी अरूचि एवं असंतुष्ति को प्रदर्शित करता है। योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों में योजना के

* शोधार्थी (वाणिज्य) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्याल, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्याल, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रचार-प्रसार करने एवं योजना प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता है। सहायता राशि में भी यथोचित वृद्धि किये जाने की आवश्यकता है।

2. हिताधिकारी की पुत्री/महिला हिताधिकारी के स्वयं के विवाह हेतु सहायता योजना – श्रमिक के परिवार में विवाह का कार्यक्रम जहाँ एक ओर खुशियाँ लाता है वहीं दूसरी तरफ कर्ज व कई तरह की समस्याएँ भी लाता है। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण श्रमिक अपनी पुत्री के विवाह में कर्ज लेता है परन्तु उसे चुकाने में तो असमर्थ होता है या बड़ी कठिनाई से चुका पाता है। श्रमिक के परिवार को उपरोक्त स्थिति में सहायता करने के उद्देश्य से उक्त योजना वर्ष 30.09.2004 से प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत पंजीबद्ध महिला श्रमिक के विवाह/एक बार पुर्नविवाह एवं पंजीबद्ध श्रमिक की दो पुत्रियों की सीमा तक एकल विवाह के लिये रूपये 25000 प्रति विवाह सहायता प्रदान की जाती है। न्यूनतम पांच महिला श्रमिकों के सामूहिक विवाह के आयोजन की दशा में रूपये 23,000 सहायता एवं इसके अतिरिक्त रूपये 2000 प्रति विवाह, सामूहिक विवाह के आयोजक को अलग से प्रदान की जाती है।

हितग्राहियों को हितलाभ की राशि म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पोर्टल के माध्यम से सीधे हितग्राही के खाते में प्रदान की जाती है। योजना से लाभान्वित संख्या एवं वितरित राशि का वर्षवार विवरण तालिका क्र. 2 में दिया गया है।

तालिका क्र. 2 – योजना से लाभांवितों की वर्षवार संख्या व वितरित राशि

क्र.	वर्ष	हितग्राही संख्या	वितरित राशि
1.	प्रारंभ से 2011 तक	223	1385000
2.	2011-2012	115	941000
3.	2012-13	201	2440000
4.	2013-14	357	5375000
5.	2014-15	189	2785000
	कुल	**1085**	**12926000**

स्त्रोत :- श्रमायुक्त कार्यालय, जिला इन्दौर से प्राप्त आंकड़े।



तालिका से ज्ञात होता है कि विवाह सहायता हेतु सर्वाधिक सहायत राशि वर्ष 2012-13 में 201 हितग्राहियों को कुल राशि रू. 2440000/- वितरित की गई है। वर्ष 2013-14 में 357 हितग्राहियों को कुल राशि रू. 5375000/- एवं सबसे कम 189 हितग्राहियों कुल राशि रू. 2785000/- विवाह हेतु सहायता राशि वर्ष 2014-15 में वितरित की गई है।

श्रमिक महिला के स्वयं एवं श्रमिक की पुत्री के विवाह हेतु यह योजना श्रमिकों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को असंतुलित होने से बचाने के लिये बहुत महत्वपूर्ण एवं प्रभावी योजना है। यह योजना जहाँ एक ओर श्रमिक को विवाह में सहायता प्रदान करती हैं वहीं उसे कर्जदार होने बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के माध्यम से महिला श्रमिकों हेतु संचालित उपरोक्त योजनाओं से निर्माण श्रमिक के परिवार की निम्न आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन एवं सुधार आयेगा। प्रदेश सरकार द्वारा महिला निर्माण श्रमिकों के लिये उपरोक्त योजनाओं के माध्यम से किये जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय एवं उनकी निम्न स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिये प्रशंसनीय हैं।

सुझाव :

1. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को शिक्षा प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इस हेतु सरकार एवं स्वयं सेवी संगठनों द्वारा विशेष शिक्षा कार्यक्रम संचालित किये जाने की आवश्यकता है।
2. सामाजिक सुरक्षा योजना की विभागीय प्रक्रिया को सरल बनाये जाने की आवश्यकता है।
3. योजना हेतु पंजीयन एवं अन्य प्रक्रिया में कार्य कर रहे कर्मचारियों को इस हेतु विशेष प्रशिक्षण दिये जाने आवश्यकता है जिससे वे योजना के महत्व को समझे एवं श्रमिकों की यथासंभव सहायता कर सकें।
4. श्रमिक ठेकेदारों एवं उद्योग मालिकों को योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं अपने श्रमिकों का योजना हेतु पंजीयन करवाने एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु नियम बनाये जाने की आवश्यकता है।
5. श्रमिक ठेकेदारों एवं उद्योग मालिकों द्वारा श्रमिकों को शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यता है।

निष्कर्ष – सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में अशिक्षा सबसे बड़ी बाधा है। योजना की प्रक्रिया को सरल किये जाने की आवश्यकता है जिसे अशिक्षित एवं कम शिक्षित श्रमिक आसानी से समझ सकें एवं योजनाओं से लाभ प्राप्त कर अपना सामाजिक एवं आर्थिक विकास कर सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'योजना दर्पण निर्माण श्रमिकों के कल्याण की छह योजनाएँ', मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा वर्ष 2005 में प्रकाशित।
2. 'निर्माण श्रमिकों के लिये पंजीयन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शिका', मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा वर्ष 2008 में प्रकाशित एवं निर्माण श्रमिकों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में 19 अगस्त 2008 को विमोचित।
3. 'प्रदेश के लाखों निर्माण मजदूरों के लिये सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ प्रचार पुस्तिका', मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा प्रकाशित।
4. Website : www.google.com, mp.labour.mp.gov.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

कृषक की आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा की सूचक अफीम

डॉ. प्रीति मुरड़िया *

प्रस्तावना – भारतवर्ष में कृषि अधिकांश जनसंख्या के जीवन का आधार ही नहीं अपितु राष्ट्र का मेरूदण्ड भी है। किसी भी देश की आर्थिक व्यवस्था में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का बहुत महत्व होता है। यदि कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाना है तब हमें कृषि उत्पाद के साथ कृषि विपणन का पूर्ण ध्यान देना होगा।

उपज को निश्चितता का आधार प्रदान कर शासकीय व्यवस्था के अंतर्गत स्थापित कर एक नवीन स्वरूप प्रतिपादित किया गया और उपज विपणियों को स्थापित किया गया।

विपणिया भारत में दो प्रकार की है –

1. स्कन्ध विपणि
2. उपज विपणि

1. स्कन्ध विपणि में सूचित प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय किया जाता है, जो मुख्य रूप से औद्योगिक वातावरण में दृढ़ता प्रदान करता है।
2. उपज विपणि में कृषि उपज का विपणन किया जाता है, इसलिए कहा गया है कि यदि किसी देश की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक स्थिति का अध्ययन करना है तो हमें राष्ट्र का भ्रमण करने की बजाय उस देश की स्कन्ध विपणि में जाकर उस राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक स्थिति का अध्ययन कर सकते है। शहरी क्षेत्रों में जहाँ औद्योगिकरण की प्रवृत्ति का विकास हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के व्यापारीकरण की मनोवृत्ति का भी उदय हुआ है। अत: खाद्यान्न फसलों की तुलना में व्यापारिक फसलों को भी अधिकाधिक क्षैत्रों में बोने को किसान प्रवृत्त हो रहा है,जिसमें प्रमुख व्यापारिक (नगद) फसल है 'अफीम'।

अफीम की पैदावार भारत में प्राचीनकाल से ही चली आ रही है आयुर्वेद तथा संस्कृत ग्रंथों में इसका उल्लेख अहिंफेन के नाम से आता है।

आइने अकबरी में उल्लेख मिलता है कि सम्राट अकबर के कृषि एवं वाणिज्य मंत्री टोडरमल किसानों से लगान के रूप में उत्पादित अफीम का 1/4 से 1/10 भाग प्राप्त करते थे तब से अब तक अफीम की कृषि पर केन्द्रीय सरकार का पूर्ण नियंत्रण चला आ रहा है।

अफीम रबी की प्रमुख सिंचित फसल है यह अत्यधिक खिर्चीली, जोखिम पूर्ण एवं श्रम प्रधान फसल है। इसके लिए बलुई, ढोमट, मवाई, भूरी मिट्टी उपयुक्त होती है और औसत तापमान 150 से 200 सेंटीग्रेट होना आवश्यक है।

अफीम के रंग एवं कीमतीपन तथा तस्करी के कारण इसे 'काला सोना' कहा जाता है। अफीम का पौधा 1 मी. ऊँचा होता है तथा तना हरा पुष्प बैंगनी, लाल व हरे होते है पोस्त से अफीम निकालना विशेषता का काम है, किसान शाम के वक्त पोस्त के फुलों को काटते हैं और सुबह उसमें से अफीम इकठ्‌टी करते हैं अफीम क्षेत्रों में नीलगायों का कहर होता है, लिहाजा किसानों को रातभर गश्त देनी पड़ती है, नीलगायों को भी इसकी लत लग जाती है। इसीलिए वे बार-बार खेतों में आती है। बिच्छु और साँप भी अफीम की मादक गंध से आकर्षित होते है।

सरकार हर साल सीजन से पहले न्यूनतम उत्पादन मापदण्ड तय करती है तय मानक से ज्यादा अफीम का तस्करी में जाने का खतरा रहता है मालवा-मेवाड़ पट्टी से तस्करी का माल पंजाब-दिल्ली आता है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भेजा जाता है। सरकार के मुकाबले तस्कर कहीं अच्छा दाम देते हैं, लिहाजा अफीम की काला बाजारी का आकर्षण बहुत ज्यादा है। तस्कर 1 किलो का 7000/- रू. तक देते है और यदि इससे हेरोईन बनाई जाती है तो दाम कई गुना बढ़ जाता है। लिहाजा किसान अपने उत्पादन को कम करके दिखाते है और काला बाजार से पैसा कमा लेते है।

अफीम की फसल हेतु खसखस के दाने बोये जाते है खसखस की बुआई अक्टूंबर के उत्तारार्द्ध एवं नवंबर के पूर्वार्द्ध में की जाती है मिट्टी को महिन कर फिर हल से लाइने बनाकर कतारों में या क्यारियों में खसखस के दाने बिखेर कर सिंचाई की जाती है।

अफीम की बुआई के समय यह कहा जाता है कि यदि अफीम 'कार्तिक' माह में बोई जाती है तो भरपूर फसल प्राप्त होती है, और यदि 'पोष' माह में बोई जाती है तो न्यूनतम औसत से भी कम पैदावार प्राप्त होती है।

अफीम की कृषि से उपज के रूप में मुख्य उत्पाद अफीम के अतिरिक्त सह उत्पाद के रूप में खसखस एवं उपोत्पाद के रूप में डोडा-चूरी प्राप्त होती है अफीम एक काला एवं भूरा गुड जैसा पदार्थ होता है। इसमें अल्कोलाइड की मात्रा निम्नानुसार है –

मारफीन 8-14%, कोडीन 11.8-4%, 3.5-7.6%, थीवेन 0.5 - 1%, पापावरीन 0.1% अफीम का उपयोग विभिन्न औषधियों में होता है।

अफीम के कई आयुर्वेदिक फायदें है जो निम्नानुसार है –

1. मोतियाबिंद में आँखों की दवाई के लिए अमृत है।
2. दाँत के दर्द को कम करता है (जायफल और अफीम को समान मात्रा में मिलाकर लगाने से दाँत दर्द ठीक होता है)
3. खाँसी दूर करने में (मुनक्का और 1/4 भाग अफीम लेने से खाँसी रोग दूर होता है)।
4. अनिद्रा दूर करने में (गुड़ और पिपलामुर और 1/2 ग्राम अफीम को बराबर मात्रा में मिलाकर लेने से अनिद्रा दुर होती है)
5. कमर दर्द में राहत (पोस्ता दाना और मिश्री समान मात्रा में मिलाकर 1

***अतिथि विद्वान, राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत**

कप दूध के साथ दिन में उबाल कर लेने से कमर दर्द में राहत मिलती है)।

नुकसान – अफीम से हेरोईन प्राप्त होती है जिसे नशे के रूप में बड़ी मात्रा में प्रयोग किया जाता है। यह सफेद व भूरे पावडर के रूप में होता है इसे नशा करने वाले सूंघ कर या कागज पर जला कर धुएँ को खीचकर नशा करते है। दर्द से मुक्ति तो मिलती है और आनंद की प्राप्ति भी होती है लेकिन लगातार सेवन व अधिक मात्रा में लेने पर इंसान की मौत का कारण बनती है।

फायदे व नुकसान के कारणों पर सरकार का इसमें पूर्ण नियंत्रण है। 1994 में इसकी तस्करी लगभग बंद हो गयी थी। लेकिन नीतियों के परिवर्तन से पुन: तस्करी चरमोत्कर्ष अवस्था पर है। इसे सरकार समय-समय पर कानुन बनाकर रोक लगा रही है। सन् 2004-05 से 2014-15 तक कई किसान न्यूनतम उपज भी उपलब्ध नहीं करवा पाये थे। लेकिन भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्धारा पुन: पाँच साल की उत्पादकता के आधार पर पुन: लाइसेंस प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

इस प्रकार अफीम की खेती एक शहंशाही कृषि है कृषक के आर्थिक स्तर एवं सामाजिक प्रतिष्ठा की सूचक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. योजना, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार 2016
2. आर्थिक समीक्षा - 2017-18
3. https://m.patika.com>tags7afeem-kes
4. https://www.healthumbox.com
5. https://m.wikipedia.orglwiki>
6. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार 2017-18

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं भारत

डॉ. आराधना शुक्ला* निधी श्री **

शोध सारांश – अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष अपने सदस्य देशों के वैश्विक आर्थिक स्थिति पर नजर रखने का काम करती है, जो अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय दरों को स्थिर रखने के साथ साथ आर्थिक वृद्धि को सहज बनाने मे सहायक है। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य व अल्प विकसित एवं विकासशील देशों के आर्थिक स्थिरता, गरीबी को कम करना, रोजगार को बढ़ावा देना तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाना है।

शब्द कुंजी – अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

प्रस्तावना – अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एक अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक संस्था है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा –कोष की स्थापना प्रथम व द्वितीय महायुद्ध के मध्य की अवधि मे विद्यमान वित्तीय विषम परिस्थितियों का परिणाम था। जुलाई, 1944 में ब्रेटनवुड्स नामक स्थान पर 44 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा – कोष की स्थापना की गयी।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के उद्देश्य – कोष के उद्देश्य , को चार्टर के अनुसार निम्न प्रकार बताये गये है :

अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग की उन्नति करना – इस कोष का प्रथम उद्देश्य सदस्य देशों में मुद्रा नीति सम्बन्धी सहयोग स्थापित करना और मुद्रा सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं को बातचीत एवं सहयोग से हल करना है।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा – कोष का दुसरा उद्देश्य ऐसी सुविधाएँ जिससे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढावा मिले, अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग की उन्नति करना, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाना, विनिमय दर में स्थिरता, अन्तर्राष्ट्रीय भुगतानों की विशमता को दूर करना, विनिमय नियंत्रण को हटाना, अन्तर्राष्ट्रीय भुगतान असन्तुलन को कम करना, उत्पादक पूँजी विनियोग, असन्तुलित आर्थिक विकास में सहायक। भारत का मुद्रा–कोष से घनिष्ठ सम्बन्ध है , तथा मुद्रा – कोष नीति–निर्माण एवं कार्य–संचालन मे भारत निरन्तर योगदान रहा है।

तालिका 1 – (निचे देखे)

31 मार्च, 2002 के बाद भारत में ने मुद्रा – कोष से कोई ऋण नहीं लिया है। 23 अक्टुबर , 2010 जी–20 के वित मंत्री के बैठक में कई सहमती बनी, बैठक के बाद भारत के वित मंत्री प्रणब मुखर्जी ने कहा कि आईएमएफ में भारत की रैंक तीन अंक ऊपर हो जाएगी, भारत आठवें स्थान पर आ जाएगा, मुखर्जी ने कहा,'हमने महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है, आईएमएफ में अब भारत का कोटा 2.75 फीसदी बढ़ गया है, इससे पहले भारतीय हिस्सेदारी 2.44 फीसदी थी।

आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के उप निर्देशक केनेथ कांग ने कहा कि एशिया का परिदृष्य अच्छा है और यह मुश्किल सुधारों के समिप भारत को आगे ले जाने का महत्वपूर्ण अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए त्रिवक्षीय ढांचागत सुधार दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया, 7–09 अक्टूबर , 2016 में हुए बैठक मे यह निष्कर्ष सामने आता है कि भारत की चरम गरीबी एवं भ्रष्टाचार को 2030 तक विश्व बैंक के मिशन तहत समाप्त करना है, युवाओं का उद्यमिता हेतु प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, आर्थिक असामनताओं को दूर करने हेतु अनेक सरकारी प्रयास किये जाने चाहिए, वैश्वीकरण एवं प्रौद्योगिकीकरण हेतु भारत में कार्य किये जाना आवश्यक हो गया है, तथा महिला सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाओ को संचालित करते हुए अनेक योजनाओ को क्रियान्वित किया जाना चाहिए, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्तमान अध्यक्ष जिम योंग कॉग का कहना है कि भारत में आर्थिक विकास एवं विनियोग के प्रत्याय दर तीव्र गति से प्राप्त की जा सकती है, क्योंकि यह एक बहुल संसाधन देश हैं , 27 जनवरी , 2016 के कोटा समीक्षा में भारत का कोटा बढ़कर 2.78 प्रतिशत हो गया है, तथा मताधिकार बढ़कर 2.66 प्रतिशत हो गई है, इस प्रकार यह संकेत प्राप्त हो रहा है कि, भारत चहुमुखी आर्थिक विकास कर रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ओझा शिवकुमार, भारतीय अर्थव्यवस्था बौद्धिक प्रकाशन , इलाहाबाद।
2. सिन्हा वी.सी., व्यावासायिक पर्यावरण, एस.बी.पी.डी.,पब्लिकेशन हाउस।
3. प्रतियोगिता दर्पण।

तालिका 1

वर्ष	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999	2000
कुल ऋण	2623	3451	4799	5040	4300	2374	1313	664	287	26

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) आर. आई. टी. महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रगति महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

Role of Management in Faculty Development

Dr. Prabhat Chopra *

Abstract - Even though people cannot be compartmentalized and treated uniformly, academic administrators can learn a variety of techniques to manage people. For these techniques to be successfully employed, academic leaders must first develop a clear understanding of the management role and then apply the appropriate technique such as motivating, mentoring, and performance counseling. The purpose of this paper is to present an overview of human resource management and faculty development fundamentals including motivating, mentoring, and performance counseling. In marked contrast with the K-12 sector of American schooling, we in higher education have traditionally come to our careers as teachers and managers of learning with little, if any, formal professional training or experience other than in the content of our various disciplines and perhaps employment as graduate teaching assistants. Our lack of professional training as educators was perhaps understandable as long as relatively little was known about how learning occurs, how college students develop, and what the effects of the college experience are on that development. Our lack of training was perhaps irrelevant as long as most of our students were similar to us culturally and as learners and relatively advantaged both socially and financially. Much has been written about the characteristics and needs of both Net Generation students and Millennial students: their learning expectations and styles, the ideal learning spaces for these students, and the best ways to support their learning. However, just as the student population has changed and continues to change, so too are faculty members changing. Today's 21st-century faculty members share some characteristics with their students. For instance, computers were present throughout the educational experience of these faculty members, they likely had access to the Internet throughout their graduate studies, they may have taken online courses, they probably use mobile technologies, and they are generally comfortable with a wide array of electronic communication tools. 21st-century faculty members may have interacted with technology extensively by the time Web 2.0 tools began to emerge, and many use these tools in their teaching today.

Introduction - Managing people is a continuing leadership challenge. The foundation discipline for managing people relates to human resource management and faculty development in academic settings. In human resource management, administrators are challenged to balance the needs of individuals and the expectations of the organization for the mutual benefit of both. A primary goal of management is to lead and develop people and manage the organization in alignment with the mission and vision of the organization. Which includes managing resources, mentoring, motivation, and development? Academic administrators and industrial leaders frequently consider managing people a most complex aspect of their position. As a result, managing people has earned a place in management theory as a separate discipline of business. This discipline, human relations (or resource) management, is defined as the process by which leaders bring together the needs of the organization with factors that motivate employees to create an environment that is mutually beneficial.

In the academic setting, this process parallels the issue of faculty development. The ultimate goal is to supplement leaders' and administrators' intuition with facts and theories that will enhance their ability to lead, nurture, and motivate individuals and manage the organization more effectively. Basic business theories for managing people incorporate general progressions from mentoring to motivation to performance counseling. The ultimate goals are to develop personnel and to advance the organization. Faculty with varying goals, objectives, and needs, however, may not be manageable by the general theories of personnel management. The consequences of using such traditional theories could be poor performance, conflict, lack of trust, lack of motivation, and eventual unhappiness for both the administrator/chair and the faculty member. Primary reasons for this difficulty lie within the complex nature of human interrelationships, the need to understand and respect cultural diversity, and the varying perceptions that people may have of the same object or issue. These relationships must be managed with meticulous communication and leadership skills by the administrative staff. Thus, the resulting challenge for a chair/dean is to manage and lead a diverse group of people while respecting individual career development plans that must complement the mission and vision of the department, the school, and the university.

Now, however, the wide diversity of our students, with

*Associate Professor, PMB Gujarati Commerce College, Indore (M.P.) INDIA

a forecast of greater diversity still to come, together with the nation's pressing need for truly well-educated graduates and a growing dissatisfaction with the quality of our graduates' knowledge, skills, and values, suggest it is time we systematically use the fruits of research to inform our professional practice. Instruction in courses, the central educational activity we traditionally use to produce learning in colleges and universities, is largely comprised of a lecture system in which 70% to 90% or more of American college professors use the lecture as their preferred instructional method. Academic advising, where it occurs at all, is largely focused on helping students make short-term decisions as they choose from menus of course titles.

Many higher education researchers and influential national reports issued over the last two decades have asserted that such educational practices cannot produce the complex kinds of student outcomes required today by employers and for effective citizenship. The shift from a tradition-based, primarily a theoretical educational process to a research- and theory-based process will require not only constant innovation to incorporate new findings about learning but also the high-quality faculty and staff professional development necessary to support this innovation throughout each teacher's and manager's career. Listed here are a number of projected future trends that will likely influence both the way we conduct our work in American colleges and universities in the years ahead and the role that faculty development will have to play in enhancing institutional quality.

With significant numbers of faculty members retiring in the next decade, 21st-century faculty will continue to need support in some of the same areas as their predecessors: orienting to the institution, teaching and conducting research, navigating the tenure track, and developing professional networks. But they will need support in new areas as well: keeping up with an increasingly technological workplace, developing ways to further integrate technology into the instructional experience, and assessing student learning in a variety of instructional delivery modes. Indeed, "encouraging faculty adoption and innovation in teaching and learning with IT." Reaching out to, supporting, and also leveraging the talents of 21st-century faculty members will thus require colleges and universities to consider a varied menu of support options.

Trends in College and University Teaching - College teaching increasingly will be viewed as a true profession in its own right, underpinned by a solid base of knowledge derived from empirical studies on learning and student development, college effects on students, and the management of learning in complex organizations. Professors will be understood to need solid grounding in both theory and practice in both higher education and one or more disciplinary content areas.

Intended student outcomes will become far richer than they in many cases are now. They will beyond what is often primarily factual and low-level conceptual learning in a particular discipline to mastery of diverse higher-order cognitive skills such as critical thinking, complex problem solving, and principled ethical reasoning and beyond the cognitive and psychomotor domains of learning to outcomes that will include significant affective components such as self-esteem and interpersonal and team skills. Together these outcomes can lead to the development of the "whole person," a result we profess to value but often fail to achieve, and can fit a student for a fulfilling life, a successful professional career in a rapidly changing world, and significant contribution as a citizen in a democratic society. To achieve these diverse, complex, and often difficult-to-develop outcomes, teachers will use student development theory based on empirical psychological research to adapt their instruction and advising to the needs of individual students. Teachers will routinely conduct classroom research using input, process, and outcome assessment methods to understand their students and their students' educational processes and thus to improve learning.

There will be a marked diminution of faculty isolation from colleagues and the "privacy" of individual courses: courses will be viewed as interrelating parts of curricular systems, and faculty will be members of educational teams. Teachers will view these corporate endeavors as important means of improving their effectiveness, not as infringements on their autonomy or as in any way diminishing their academic freedom. The educational efforts of the faculty will be increasingly linked with those of our colleagues at the secondary and elementary levels as we move toward becoming all one system.

Evaluation of faculty as educators increasingly will be based on the results of modern input, process, and outcome assessments, using multiple criteria and multiple indicators to reveal effectiveness in facilitating learning. Faculty evaluation will focus on the quality with which teachers implement what is currently considered good professional practice in curriculum design, instruction, academic advising, and other educational activities as appropriate to defined and written intended outcome goals and objectives and the characteristics of their students.

Evaluation of faculty performance as educators also will focus on their informed contributions to improving the quality of their institutions' educational processes: curricula, courses, and advising and assessment programs. The system of incentives provided for college and particularly university teachers will change substantially. In those institutions where available rewards currently are perceived as undermining educational quality by focusing on activities only weakly related to learning and student development, a wider array of professional work will be recognized as essential to improving institutional quality and effectiveness.

- **Faculty Development Needs**

Faculty Knowledge of Existing Opportunities - While the bulk of this report describes unmet needs for faculty development, there was some awareness of existing faculty development opportunities on campus. A small number of

faculty observations addressed faculty use or impressions of these opportunities. A few additional observations mentioned off-campus faculty development programs, such as leadership training offered by disciplinary associations. FTEP was the specific program named most often. While FTEP's activities were viewed positively by those who did participate, low attendance was also reported. Also mentioned were new faculty orientation and a year-long, FTEP-sponsored program for early-career STEM faculty.

Even if they were aware of faculty development programs, many respondents were unclear about the origins of particular programs, as the following rambling description exemplifies Lack of clarity about the sponsorship of various faculty development activities may not prevent participants from finding value in them, but does suggest that faculty are unlikely to know where to look on campus for faculty development opportunities. Two comments also noted concerns with the common model assumed by speakers as the primary model of group-based skill development in workshops: one person preferred a one-on-one approach, and one wanted a chance to practice new skills in her own setting, then come back for a follow-up session.

Overall, comments on existing faculty development activities indicate that, while individual activities are valued, awareness is not high and campus-wide offerings are not extensive, The Area Scholars Program was also offered in other disciplines. It has been reconfigured and now focuses solely on teaching, assessment, and integration of research with teaching rather than the full span of junior faculty concerns complete, or coherent. Indeed, it can be argued that the LEAP workshops were received very positively in part because relatively little else was on offer.

Overview of Faculty Development Needs - A larger body of data observations in all addressed specific, unmet needs for faculty development. Most of these observations fell into six broad categories—three categories that reflect the varying needs of faculty at differing career stages, comprising of the total:

1. Needs of pre-tenure faculty for making the transition to new roles and achieving tenure.
2. Needs of earlier-career faculty (assistant and associate ranks) for specific skills.
3. Needs of tenured faculty for post-tenure career exploration and growth plus three that were raised by faculty across career stages.
4. Needs for strong leadership and effective processes within departments.
5. Needs for intellectual community and interaction among faculty across campus.
6. Needs for new views to support faculty career development over time.

Development to Improve Department Life - Needs centered on the functioning of departments were among the most often mentioned, at of all observations. These include two main topics: development of the leadership skills and knowledge of department chairs, and development of department members' collective skills in communication, mentoring, and other areas. Bilimoria et al. (2006) note the importance of the department as a mediating link between institutional characteristics—faculty members' experiences of leadership and mentoring—with the job satisfaction of individual faculty. They find that a "collegial, inclusive, and respectful immediate work environment" is a more important factor in job satisfaction for women faculty than for men. Thus strategies to improve departmental life may also address the broader goal of retaining a diverse faculty.

1. Chairs Training - Better training for department chairs was the single most-mentioned faculty development need. Nearly a quarter of these observations explained why the chair is an obvious target for faculty development, due to their central role in the department and influence on individuals and the department as a whole. Because of this central role, this speaker suggested that chairs were also a key target for ADVANCE projects seeking change in women's representation within institutional leadership. Department chairs are important targets because they allocate resources and play influential roles in hiring, advancement and promotion. While this quotation cites women's careers in particular, the same factors apply to the success of any new faculty member. In addition to controlling resources, chairs set a tone, both in overt messages and through their behavior. As the following examples show, chairs communicate—consciously or not— departmental expectations and norms for a wide range of issues: work style and departmental presence, balance between work and personal life, and decision-making processes. Chairs are also an efficient target for university resources, because they are in a position to lead change across the department as a whole.

2. Improving Departmental Relations - While chairs were identified as central to improving departmental life, improved relations among all department members were noted in 8% of observations. As one speaker noted, "A lot of the things that make people's lives difficult in academia go on at the departmental level." Problem areas mentioned by respondents included "turf" battles involving groups of faculty, "hazing" of newer faculty by senior colleagues, faculty who monopolize meetings, and posturing that take place to obtain resources, such as at annual review time. Mentoring of pre-tenure faculty was highly variable, effective in some departments and nearly absent in others. Most suggestions for improving these interactions centered on communication. Skills that were seen to be important in departments and other small-group settings include:

1. Listening and responding to expressed concerns.
2. Working with colleagues long-term, including learning from experience how to work with individuals while not holding grudges: "You are working with the same people on a series of different committees. If... you can't get along with them, then you're not going to get anywhere on the committee."
3. Knowing how and when to work through "back chan-

nels" vs. in public meetings.

4. Leading meetings effectively, including setting agendas, managing time and group dynamics, separating work best done by committee vs. by individuals outside of meeting time, and not calling a meeting when there is no group task.
5. Participating effectively in meetings, including being actively involved, concise, and getting one's point across effectively.

3. Support at All Levels - Broadly speaking, faculty development tends to be either a distributed service, offered at the department or college level, or a centralized service, provided by a unit such as a teaching or faculty development center. Two critical institutional or organizational characteristics affecting whether faculty development is a distributed or a central function are the size and the geographic distribution of the institution (i.e., whether the institution is a single- or multi-campus site). As the size of the institution gets larger and/or as the institution becomes more geographically distributed, services usually become more distributed. Smaller, less geographically distributed institutions tend to deliver services centrally.

Many institutions, regardless of size, have developed a menu of faculty development options, as illustrated in the following two examples. In most cases, faculty members can choose from a variety of resources, depending on their needs: for instance, structured courses, multi-semester or multi-year programs, mentoring, or online tutorials.

The Five-Year Plan for Support and Development - High-quality teaching and learning support programs will include faculty development over several years.

The Faculty Development Five-Year Plan

Year	Target Audience	Services and/or Areas of Support Offered
0	Graduate Students, Teaching Assistants	1. Basic instructional strategies and methodologies 2. Introduction to learning technologies 3. Teaching course or certificate to complement graduate degree
1	New Faculty Members	1. Mentoring with senior faculty 2. Exposure to institutional policies, culture, and expectations
2–5	Established Faculty Members	1. Institutional orientation 2. Ongoing support for new instructional delivery models, technologies, and pedagogies 3. Advanced course management system support

Year 0: Graduate Student Pipeline Programs - Year 0 is the time before graduation when the soon-to-be faculty members are still in graduate school completing their doctorates. During this time, institutions can support colleges and departments by offering pedagogical programs or training institutes. Support may come in the form of an interdisciplinary teaching certificate that introduces graduate students to a variety of technology topics.

Year 1: New Faculty Member Orientations - Most, if not all, institutions provide entering faculty members with some form of orientation designed to acquaint them with institutional mission, policies, procedures, and culture. The typical orientation program is structured to present a number of topics with a relatively modest investment of time on the part of the new faculty member. Often these programs utilize a one- or two-day format delivered before the start of, or very early into, the first semester. Orientation programs frequently rely on non-faculty professionals from areas such as the center for teaching and learning, the registrar's office, academic affairs, or the library. Although the value and importance of new faculty orientation is generally acknowledged, the limitations of time and the content of the traditional models often create an experience that can aptly be described as a "crash course" for delivering the "survival skills" needed to navigate the initial semester or year. On the other hand, delivering a longer, comprehensive, in-depth faculty orientation program would represent a substantial commitment of resources by the institution and a significant commitment of time by the faculty and the department.

Years 2–5: Faculty Mentorship, Orientation Programs, Classes - Once faculty members have become oriented, institutions have an opportunity to leverage the 21st-century faculty members' instructional and technological skills and also to engage and begin integrating them in the academic community. One approach may be a "reverse mentoring," in which newer, more technologically savvy faculty members assist and work collaboratively with the senior faculty. In fact, during the first two to five years of a new faculty member's career, the junior member and the senior faculty have experiences from which all can benefit. The senior faculty can orient the junior faculty member to the institution's traditions, cultural norms, practices, and unique history, whereas the junior faculty member can introduce the senior faculty to new pedagogical approaches, emerging technologies, instructional tools, and delivery models.

Being Specific: Some Helpful Questions to Ask - Suggested here are several questions to help a curriculum or faculty development committee, dean, or department chairperson assess an institution's or subunit's faculty professional development needs. The questions are general. They can be used in a college wide program, such as when developing a new general education curriculum, or within an academic department. The questions are equally applicable to the training of staff serving in any educational role, for example, graduate teaching assistants, new faculty hires, or more senior faculty members. An individual teacher can use the questions to identify areas

where reading or consulting at the campus teaching effectiveness center might be helpful.

1. What are the specific intended competency outcomes we have defined for our students in each curriculum? Have these outcomes been articulated as effective written goals and objectives that provide a useful foundation for program design, implementation, and assessment? Are we actively using these statements of intended results to manage learning in every program?
2. What educational processes does current higher education research suggest can best develop these outcomes with our students?
3. What specific professional knowledge and skill competencies do the faculty and staff require to implement these educational processes effectively and efficiently?
4. Does each educator now have these competencies as appropriate to his or her role? Specifically, how do we know?
5. What types of activities are best suited for developing these professional competencies with our particular people?
6. Does our faculty development program now have the capacity—the professional staff with appropriate knowledge and skills—to cultivate these competencies? If not, specifically how should it be changed so it can meet our needs at a high level of quality?
7. How do we know if this professional development program is effective: that staff competencies are being developed and that our people are thoroughly prepared for working with our students?
8. Are participants in the faculty development program using their new knowledge and skills effectively in their teaching and advising?
9. To what extent are actual student (or other) outcomes affected by the program? Specifically, how do we know? Are these effects of high quality?
10. How should the program be modified such that its actual outcomes—its results—more closely approach its intended outcomes?

Colleges and universities today confront growing dissatisfaction off-campus with the actual outcomes we are producing coupled with a remarkable growth in competition for our students' business from non-traditional educational organizations. Some of these competitors employ trained educators to develop and implement their instruction. Some will be able to offer higher-quality learning opportunities than institutions with untrained faculty and traditional methods. Expert observers of higher education view these organizations as putting many traditional colleges and universities at risk for survival in the years ahead.

High-quality faculty professional development for every teacher is an urgent need and will become essential to institutions' capacity to compete for students in the years ahead and to survive and thrive. We have a wide array of new knowledge about student learning and development, and we have research-based methods of fostering this learning and development. If used, this knowledge and these methods can permit us to produce learning on a scale never before achieved in our colleges and universities and not likely to be duplicated outside them.

Conclusion - In the 21st century, colleges and universities need to consider faculty development programs in the same way that they view academic programs for their Net Gen and Millennial students. In other words, successful faculty development programs should include mentoring, delivery in a variety of on-campus and off-campus formats (face-to-face, blended, online, self-initiated/self-paced), and anyplace/anytime programming to accommodate just-in-time needs. Faculty members are learners with needs and constraints similar to those of students. Support programs must be valuable, relevant, current, and engaging. They should also demonstrate best practices in providing a participatory, facilitated learning environment. In addition, faculty development programs should address the multiple roles and needs of the faculty member as facilitator, teacher, advisor, mentor, and researcher. Institutions should also consider that offering a dynamic faculty development program will serve not only full-time, but also part-time faculty—relied on heavily by some institutions. Finally, faculty development can occur outside official programs: internal opportunities can include serving on and/or leading committees, writing and administering grants, and designing and facilitating official faculty development programs; external development opportunities can include attending conferences, furthering academic studies, conducting research projects, and collaborating with colleagues from other institutions.

Implementing and sustaining successful faculty development initiatives continues to be both an opportunity and a challenge, especially with the anticipated severe budget cuts that many institutions are facing. As noted earlier, the EDUCAUSE community recently identified "encouraging faculty adoption and innovation in teaching and learning with IT" as one of the top-five teaching and learning challenges of 2009. Thus it is critical that institutions continue to seek systemic ways to support teaching and learning innovation and to connect to successful programs such as the ones mentioned in this article. A critical component of an innovative teaching and learning environment continues to be sustainability: the process of faculty development must begin before students enter the academic profession and must continue at all subsequent levels of the 21st-century faculty member's career.

References :-

Books :

1. Weimer, Maryellen. 1990. Improving College Teaching: Strategies for Developing Instructional Effectiveness. San Francisco: Jossey-Bass. [232 pp]
2. Wright, Alan, and Associates. 1995. Teaching

Improvement Practices: Successful Strategies for Higher Education. Bolton, Mass.: Anker. [420 pp]

Journals :

1. The Journal of Staff, Program, & Organization Development. [New Forums Press, Stillwater, Oklahoma. http://www.newforums.com/prod03.htm]
2. To Improve the Academy. [Professional and Organizational Development Network in Higher Education. http://www.podnetwork.org/publ/academy.html]

Websites :

1. International Associations | Faculty of Management Studies
2. Rashmi Sinha, brother Amit Ranjan sell world's largest slide-sharing site SlideShare to LinkedIn.com for Rs 640 cr - Economic Times
3. Improving with age- Hindustan Times

****

NSS Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों के मानवाधिकार

रवि प्रकाश चौधरी * डॉ. ए.बी. सोनी **

शोध सारांश – भारत में असंगठित क्षेत्र रोजगार के लिए एक बड़ा अवसर उपलब्ध कराता है। किन्तु असंगठित क्षेत्र के नाम से पहचाने जाने वाले इस असंगठित रोजगार के क्षेत्र के विभिन्न आयाम जैसे कि कार्य के घण्टे, मजदूरी, कार्य की प्रकृति आदि निर्धारित नहीं होती है। असंगठित क्षेत्र के रोजगारों में आधे से अधिक हिस्सा महिला श्रमिकों का है। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिक अपने नियोक्ता की शोषण, भेदभाव एवं लैंगिक उत्पीड़न से परेशान होती है; ये लैंगिक रूप से कमजोर एवं भीरू प्रकृति की होती है। इन करणों से अपना रोजगार छोड़ देती है। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों को अत्यन्त कम मजदूरी, मजदूरी में भेदभाव, लैंगिक भेदभाव, शोषण, अत्याधिक समय तक कार्य करने एवं उत्पीड़न जैसी अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार यह अवलोकन किया गया है कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होना आम बात हो गयी है। अनेकों अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जैसे कि संयुक्त राष्ट्र संघ, अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संघ उपबंधित करते हैं कि सभी मनुष्य समान है, तथा महिला और बच्चों के मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए प्रावधान करते हैं। भारतीय संविधान भी सभी को समता का अधिकार उपबंधित करता है। इस शोध पत्र में असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों के मानवाधिकारों एवं उनसे सम्बन्धित मुद्दों का वर्णन किया गया है।
शब्द कुंजी – मानवाधिकार, असंगठित क्षेत्र, कार्यरत् महिला, नियोजन समानता।

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों के मानवाधिकार के अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य भारत में महिला श्रमिकों को प्राप्त विधिक संरक्षण एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त संरक्षण का अध्ययन कर निष्कर्ष पहुँचना है। मानव अधिकार वे अधिकार होते हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को मानव होने के नाते प्राप्त है। मानव अधिकार वे अन्तर्निहित अधिकार होते हैं जिसे मनुष्य अपने से अलग नहीं कर सकता।

मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति को आजीविका के अधिकार पर जोर देता है जिससे भोजन, वस्त्र, आश्रय, काम आदि शामिल हैं। भारत में एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों और विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र में महिला श्रमिकों की सुरक्षा के लिए कई विधियाँ बनाई गयी हैं जिससे इन श्रमिकों के मानव अधिकारों की रक्षा हो सके और वे समाज में सम्मानपूर्ण जीवन यापन कर सकें।

मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वसम्मति से 1948 में मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा एवं सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों की प्रसंविदा, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों की प्रसंविदा के द्वारा महिलाओं को भी पुरूषों के समान ही मानवाधिकार प्राप्त हैं।

सन् 1979 के अभिसमय में संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार के भेदभाव की समाप्ति की उद्घोषणा किया (CEDAW) जो कि विकास में महिलाओं के अधिकारों और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के अधिकारों को संरक्षित करने का प्रयास किया गया है तथा ग्रामीण महिलाओं के अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में उनकी भूमिका के लिए महत्वपूर्ण नियमों को स्वीकार किया गया।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 1999-2000 के अनुसार असंगठित क्षेत्र में लगभग 370 मिलियन श्रमिक कार्यरत थे जो कि देश के कुल श्रमबल का 92 प्रतिशत था। यह देश में कार्य बल के बड़े हिस्से को रोजगार का अवसर प्रदान करने के सम्बन्ध में और राष्ट्रीय उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शुद्ध घरेलू उत्पादन में असंगठित क्षेत्र का योगदान और मौजूदा मूल्य पर कुल एन.डी.पी. में हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है। घरेलू बचत के मामले में मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी कुल सकल घरेलू बचत का लगभग तीन चौथाई है (दास 2012)।

महिलायें वयस्क आबादी का 50 प्रतिशत और श्रम शक्ति के लिए तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये कुल कार्य घण्टों को लगभग दो तिहाई हिस्सा नियोजित रहती हैं और विश्व आय का केवल दसवां हिस्सा प्राप्त करती हैं। पुरूष एवं महिलाओं के द्वारा बाजारू एवं गैर बाजारू गतिविधियों में समय व्यतित करने के सम्बन्ध में मानव विकास रिपोर्ट वर्ष 2000 के अनुसार 31 देशों ने विचार किया और पाया कि लगभग सभी देशों में महिलायें पुरूषों की तुलना में घण्टों ज्यादा काम करती हैं। विकासशील देशों में कुल का औसत 53 प्रतिशत महिलाओं द्वारा सम्पादित होता है और औद्योगिक देशों में कुल का औसत 51 प्रतिशत महिलाओं द्वारा सम्पादित होता है। मोटे तौर पर महिलाओं के कुल कार्य के घण्टों को लगभग दो तिहाई समय राष्ट्रीय गतिविधियों से अन्यथा कार्यों में व्यतित होता है (विमल 2005)।

सभी महिला श्रमिक कर्मचारियों के बीच असंगठित क्षेत्र का काम बहुत लोकप्रिय है। आम तौर पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं निरक्षर और कम पढ़ी लिखी होती है, उन्हे दिया जाने वाला वेतन विभेदकारी होता है, बड़े पैमाने पर उनके नियोक्ताओं द्वारा उनका शोषण किया जाता है, उनकी सामाजिक स्थिति भी निम्न स्तर की होती है, वे दकियानुसी और

* शोधार्थी (विधि) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** प्राचार्य, डी.पी. विप्र विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

whereas for urban men it is about twice and half higher than the rural men, the corresponding figures being 24.77 for urban and 9.28 for rural. Analysis of about 111 Universities and 3,492 colleges assessed. by the NAAC indicates that the deficiencies in availability of human resources in terms of quantity and quality teachers and physical and other infrastructural facilities caused qualitative gaps between 'A' and 'C' grade Universities and colleges. The higher educational institute of rural areas are lacking behind in different aspects as compared to the institutes of urban areas which leads to lower grading by NAAC. The percentage of colleges with libraries, computer centers, health centers, sport facilities, hostels, guest houses, teachers housing, canteens, common rooms, welfare schemes, gymnasiums, auditoriums, and seminar rooms are much higher in case of high quality colleges as compared with the low quality ones.

Similarly, high quality colleges are better placed with regard to academic indicators, which include higher student-teacher ratios, number of permanent teachers or teachers with PhD degrees, books per student, books and journals per college, and students per computers etc. Thus, if low quality colleges are to be brought at parity with high quality ones; a substantial improvement in the physical and academic infrastructure is necessary in the higher educational institutions located in remote areas. The colleges located in rural areas have their own specific patterns of student's attendance in the classroom. Especially in rural areas more than 50% of the students use to remain absent in the classroom during the sowing season in the fields as they are from the farmers families and the land-less labors families; and again in the season of harvesting the classrooms use to be vacant. The annual teaching plans prepared by the teachers are not much helpful to carry out the process of teaching and evaluation in practice.

Problems :

1. **Lesser Number of Institutes :** In comparison to the number of higher education institution present in urban areas i.e., cities or towns, there are very few institutions in rural areas of India. Technical higher educational institutions are very rarely established in the rural areas.

2. **Access :** The Gross Enrolment Rate (GER), measures, the access level by taking the ratio of persons in all age groups enrolled in various programs to total population in age group of 18 to 23. The access to higher education for all eligible in the country is a major issue before the policy makers.

3. **Equity :** On one hand GER stands low for the overall population, while on the other there are large variations among the various categories of population based on urban or rural habitation and rich and poor. Due to regional disparity in economic development and uneven distribution of institutions of higher education, the higher education is not equally available to the different sections of the society.

4. **Limitation of Quality :** The higher educational institutions suffer from large quality variation in so much so that a NASSCOM- Report-2005 has said that not more than 15per cent of graduates of general education and 25-30per cent of Technical Education are fit for employment. First, the quality norms oL which are not comparable with international standards can't be maintained by the higher educational institute of rural areas. Secondly, the enforcement process is not stringent. Further political interference and corruption dilute the role and impact of these intuitions in ensuring the desired quality standards.

5. **Cost of Education :** One of the main factors of lower enrolment in rural area is the cost of education. Technical education sometimes only a dream for most of the students of rural areas where the people are mostly dependent on agriculture. Even sometimes it is seen that normal higher education expenses cannot be afforded by some of the families coming under lower middle class tag.

6. **Higher Teacher-student Ratio :** Student teacher ratio is one of the indicators used to describe the quality of education received in any education unit, be it in a city or in any rural areas of the country. UGC has recommended an ideal ratio of 1:30 for the general undergraduate courses. Unfortunately, because of lesser no of educational institutes in rural areas, more and more students are bound to enroll and the teacher-students ratio does vary to the standard so far as quality education is concerned.

7. **Privatization :** In India both public and private institutions operate simultaneously. In the year 2000-01, out of 13,072 higher education institutions, 42 per cent were privately owned and run catering to 37 per cent of students enrolled into higher education. Since providing grant-in-aid to private colleges is becoming difficult, they sometimes not able to maintain the minimum standard of quality education. The quality of education in these private colleges is very uneven. Many of the colleges because of shortage of funds are not able to hire well deserving and quality teachers which at times create a problem for the students to face. Apart from it some institutions do not have proper infrastructure like quality laboratory. But on the other side of the coin we actually could see there are some private colleges which have strived to enhance their standards and some of them rank better than many Government run colleges today which is not accessible for all.

8. **Misuse of Grants :** UGC provides financial assistance to the universities and colleges for various developmental activities. But the same fund is hardly seen to be properly utilized. Specially, in rural areas where the local bodies are not so strong, the guardian of the students are not so conscious about the proper use of financial assistance, administrative bodies takes the advantage of it.

Reference :-

1. Personal Research

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

नागार्जुन के उपन्यासों में विधवा-चिंतन

डॉ. सत्येन्द्र कुमार मिश्रा *

प्रस्तावना – भारतीय समाज में विधवा-समस्या एक बड़ी सामाजिक समस्या है, लेकिन क्योंकि विधवा परिवार में रहती है इसलिए पारिवारिक समस्या पहले है। 'उसके लिए आर्थिक स्वतंत्रता की आवश्यकता होती है। वह बैठे-बैठे खाती है इसलिए सबको वह भार मालूम होती है और लोग उसे तंग करते हैं।'[1]

नागार्जुन के उपन्यासों में अनेक विधवा स्त्री पात्र हैं जो परोपजीवी बनकर दैनिक जीवन जीने को बाध्य हैं। नागार्जुन ने अपने उपन्यासों- 'रतिनाथ की चाची', 'बलचनमा', 'नई पौध','बाबा बटेसर नाथ','दुख मोचन','उग्रतारा' आदि में भारतीय समाज में अपमानित, तिरस्कारपूर्ण और यातनापूर्ण जीवन जीने वाली नारी के विधवा जीवन का यथार्थ चित्रण किया है। उनके प्रथम उपन्यास 'रतिनाथ की चाची' की मुख्यकथा एक उपेक्षित, अपमानित और यातनापूर्ण विधवा जीवन जीने कोविवश गौरी से संबंधित है।

गौरी का जन्म मध्यवर्गीय ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बचपन अच्छी तरह गुजरा उसके पिता चुम्मन झा ने कुलीनता को महत्व देते हुए बड़े परिवार में, किंतु आर्थिक रूप से विपन्न मैथिल ब्राह्मण परिवार में एक रोगी और आलसी आदमी से गौरी की शादी करवा दी। उसने शीघ्र ही इस संसार से विदा ले ली स्वाभिमानी गौरी ने अपने मायके के बजाय अपने पति के घर में रहना ही उचित समझा। गौरी के वैधव्य जीवन की असल कथा यहीं से शुरू होती है।

गौरी का देवर जयनाथ रुग्ण मानसिकता एवं कामुक चित्र वाला व्यक्ति था। वह गौरी को अपने प्रेमजाल में फंसा कर अपनी हवस का शिकार बना लेता है। गौरी गर्भवती हो जाती है और यहीं से उसके विधवा जीवन की अपमानपूर्ण, तिरस्कारपूर्ण और यातनापूर्ण शुरुआत होती है। इस स्थिति का वास्तविक कारण खोजती हुई गौरी इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि 'दरिद्र कुल में लड़की ब्याहने का ही परिणाम था।'[2] गौरी उस अमावस की भयानक रात को याद करती है-'एक घनी और अंधेरी छाया मेरे बिस्तर की तरफ बढ़ आई। उसके बाद क्या हुआ उसका होश अपने को नहीं रहा।'[3] जब होश आया तो पाया कि वह समाज की दृष्टि से पतित हो गई है। स्वयं बाल वैधव्य की रंगरेलियां मनाने दमयंती सहानुभूति दिखाने के बहाने आई, लेकिन गांव में घूम-घूम कर सबो को कहती फिरी-'सामाजिक बहिष्कार तो उमानाथ की मां (गौरी) का हर हालत में करना ही पड़ेगा।'[4]

वह जहां विधवा गौरी को बदनाम करती फिरती थी, वही एक अजीब तर्क देकर जयनाथ का इन शब्दों में बचाव करती थी-'मर्दों का तो कोई ठिकाना है नहीं। अगर हम ना रहे तो संसार से आचार विचार हट जाए।'[5] अर्थात समाज की बुराइयों का ठेका नारी समाज ने ही ले रखा है। दमयंती हर जगह प्रचार करती चलती कि 'उमा नाथ की मां व्यभिचारिणी है, पतिता है, भ्रष्टा है, कुलटा है, छिनार है, उससे हमें किसी प्रकार का संबंध नहीं रखना चाहिए। बोलचाल बंद , बात-विचार बंद। प्रत्येक व्यवहार बंद। हां, जयनाथ और रतिनाथ दोनों बाप-पूत यदि प्रायश्चित कर ले, तो इस समाज में उनके लिए स्थान हो सकता है, परंतु उमानाथ की मां को समाज किसी हाल में क्षमा नहीं कर सकता ।'[6]

समाज के ऐसे ही अन्यायपूर्ण विचारों के कारण विधवा स्त्रियों का पारिवारिक-सामाजिक जीवन यातनापूर्ण बन जाता है।

गौरी की तरह और भी कई विधवाएँ हैं, जो गौरी की तरह ही यातनापूर्ण जीवन व्यतीत करती हैं। अनेक विधवाएँ घुट-घुट कर जीवन व्यतीत करती हैं, लेकिन कुछ के मुंह में बोली है, जो विधवाओं की समस्याओं एवं समाज की विधवाओं के प्रति उदासीनता पर खुलकर बोलती हैं। गौरी की मां भी विधवा है। वह गौरी के दुख को जानती है और समाज में दमयंती जैसी कूटनी स्त्रियों को भी। वह गौरी के बचाव के लिए अपने समाज से लड़ती है। काशी में जयनाथ का सुशीला नामक एक विधवा से परिचय होता है। वह जयनाथ से कहती है-'तुम जिस जाति में जिस समाज में पैदा हुए हो वह जिंदा नहीं, मुर्दाघर है, वह छाइन है।'[7]

सच पूछा जाए तो नागार्जुन का 'रतिनाथ की चाची' उपन्यास उच्च कुलीन ब्राह्मण परिवार में चिता की ज्वाला में जीती विधवा स्त्रियों का जीवंत दस्तावेज है।

'दुख मोचन' उपन्यास की माया का विवाह कुलीन मगर दरिद्र परिवार में हुआ था। उसका पति बूढ़ी गंडक पार करते समय नाव उलट जाने के कारण डूब कर मर गया था। वह गौरी की तरह स्वाभिमानी नहीं थी। वह ससुराल में नहीं रही, क्योंकि वहां वहां बूढ़ी सास थी, आवारा देवर था। मायके में निर्वाह बड़ी मुश्किल से होता था। वह अपनी बड़ी भाभी से आग्रह कर मायके में ही रह गई ।

ऐसा नहीं है कि विधवा के प्रति परिवार में एवं समाज में पुरुषों की सोच दकियानूसी है या सभी औरतें दमयंती की तरह होती हैं। नागार्जुन ने 'दुख मोचन' उपन्यास में विधवा समस्या के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण का समर्थन किया है। विधवा माया विधुर कपिल के संपर्क में आती है। दोनों में प्रेम होता है एवं बढ़ता चलता है। दोनों विवाह करने की सोचते हैं, तब नागार्जुन वर्तमान समाज व्यवस्था की वास्तविकताओं की ओर संकेत करते हुए कहते हैं- 'एक तो विधवा-विवाह ही इस गांव के लिए अनहोनी घटना थी। दूसरे कपिल राजपूत था।'[8]

पुरानी पीढ़ी के दकियानूसी- रूढ़िवादी उच्च जाति के कुलीन ब्राह्मण इस विवाह के बारे में कहते हैं-'राम-राम! घोर कलयुग आ गया है। जो कहीं

* सहायक प्राध्यापक, सी -15 कैलाशपुरी आलमबाग, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

नहीं हुआ था वह टमका–कोइली गांव में हो रहा है।'[9] परंतु दूसरी जातियों के प्रगतिशील लोग सोचते हैं–'वह ठीक ही हुआ था। विधवा लड़की ने रंडुआ लड़के से संबंध कर लिया तो क्या बुरा किया ? इधर–उधर भटकती और भरस्ट होती तो गांव कुल का नाम डुबाती . . . वह अच्छा होता कि यह अच्छा हुआ ?'[10] अंत में लेखक एक सार्थक टिप्पणी करते हैं–'दस–पांच दकियानूसों को छोड़कर बाकी लोगों का ऐसा ही विचार था।'[11]

इस तरह नागार्जुन ने 'दुख मोचन' उपन्यास में माया की मां को जो प्राचीन संस्कारों में पली बढ़ी थी वह भी अपनी बेटी के जीवन को सुखमय देखने की लालसा में असवर्ण विवाह तथा पुनर्विवाह का प्रस्ताव कबूल करने वाली मां के रूप में उपस्थित किया है। दरअसल, विधवा– समस्या समाधान के संदर्भ में नागार्जुन की सोच भी पुनर्विवाह की ही थी।

इसी प्रकार 'उग्रतारा' उपन्यास की उगुनी का पति एक स्ट्रीमर– दुर्घटना में मर गया था। विधवा उगनी बाद में विधुर कामेश्वर से प्रेम करने लगती है। वह अपने परिवार में विधवा– जीवन व्यतीत करने वाली अकेली नारी नहीं है। उसकी पिछली कई पीढ़ियां विधवा– जीवन के अभिशाप से ग्रस्त थी। लेखक के शब्दों में–'उगनी नई विधवा थी। उसकी मां पुरानी विधवा थी। कहते हैं दादी भी विधवा थी।'[12] अंत में उगनी कामेश्वर से पुनर्विवाह करके अपने परिवार के विधवा जीवन के अभिशाप को खत्म करती है।

'नई पौध' की रामेसरी अपने दुर्भाग्य पर उतना कभी नहीं रोई जितना कि बहनों की बदनसीबी पर रोती थी। क्योंकि उसकी चार –चार बहनें दुर्भाग्य से विधवा हो गई थीं। वह स्वयं विधवा जीवन का दंश झेल रही थी और देवरानी– जेठानी के दुर्व्यवहार से तंग आकर मां –बाप की शरण में आ गई थी। लेकिन वह बिसेसरी को साठ साल के बूढ़े से ब्याह कराके विधवा– जीवन की ओर नहीं धकेलना चाहती थी।

इस प्रकार नागार्जुन समाजवादी– यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाते हुए तथा भारतीय ग्रामीण समाज की सड़ी– गली , जर्जर और रूढ़ मान्यताओं का विरोध करते हुए विधवा–समस्या का समाधान प्रगतिशील कदमों से करने की वकालत करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ रामविलास शर्मा, प्रेमचंद आलोचनात्मक परिचय,पृ.119
2. रतिनाथ की चाची, पृ.145
3. वही, पृ.132
4. वही, पृ.175, 76
5. वही, पृ.175
6. वही, पृ.175
7. वही, पृ.189
8. दुखमोचन, पृ.62
9. वही ,पृ.75
10. वही, पृ.75
11. वही,पृ.75
12. उग्रतारा (नागार्जुन संपूर्ण उपन्यास) पृ.373

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

'Rudali' by Mahasweta Devi - Exploitation is the issue for the survival of women

Papiha Amin* Dr. Meenakshi Choubey**

Abstract - Rudali, a Hindi film directed by the feminist Indian director Kalpana Lajmi, is based, On the short story written by famous Bengali Novelist Mahashweta Devi. The title is a reference to a custom in certain areas of Rajasthan where women of lower caste are hired as professional mourner's upon the death of upper caste males. These women are referred to as a "Rudaali" (roo-dah-lee), literally translated as "Female weeper" or" Weeping woman". Their job is to publically express grief of family members who are not permitted to display emotion due to social status.
Key Words - Exploitation, Female weeper, Mahasweta Devi, Rudali, Women.

Introduction - Both the terms Race and Gender go conjointly and this is the reason for marginalisation or oppression of women according to different groups. Shruti Sangam & Shilpi Bhattarcharya highlighted that when race and gender twitch together in the obscure pyramid of society women automatically are targeted to marginalisation. Globally the dilemma of women in terms of race and gender remains the same. This issue is very much clearly narrated in Mahasweta Devi's Rudali.[1]

The script of Rudali lionizes the decease of the mediaeval lords to launch their caste supremacy and other social issues like poverty, sexual abuse, prostitution, old age, marginalisation and patriarchy as the alarming problems in the emancipation of women.

The professional assumption status transformed the Rudali's into a low gendered caste known as " whores". MahashwetaDevi narrated this communal practice as a matter of fundamental tension. AJAY SEKHER also stated that it is the women who were derelict by the Malik Mahajans by converting them into whores. The work of MahashwetaDevi on Rudali was sensational narration to highlight the third world of marginalisation. In Rudali, Devi portrays the low caste woman both as victim and as a potentially subver- sive agent in the order of brahmanical patriarchy.[2]

The lower caste women in north India were ruled by Brahmanic patriarchy till the end half of the 20th century. The societal dictatorship of the village groups was based on the thumb rule of caste. Tahad village situated in west Bengal is a classic example for such an observation.[3]
The Tahad Village comprised of Ganjus and Dushads were in the majority. Sanichari along with the other villagers dwelled in the village with poverty, who belonged to the community called Ganju. She lived in in a desperate condition due to poverty.[4]

Her dreams were very simple, straightforward and ordinary; however, they were at no time contented. Sanichari had a unpretentious reverie of living peacefully in the bosom of her family surrounded by the grand-children, she also desired to buy a wooden comb for her hair, to wear bangles for a full year.

Continuous problems were prevalent throughout Sanicharis life.Sanichari was exposed to a lot of physical, emotional and financial sufferings which made her vulnerable to exploitation. Her name was kept as Sanichari as she was born on Saturday which was considered as in auspicious the same dictum was also given by her mother in law. Hence, she was cursed as Manhoos, doomed to suffer. But Sanichari did not believe the dictum and she also observed that individuals who were born on lucky days also had Tough and unlucky life.

'Muh' because I was born on and named after a Saturday, that made me an unlucky daughter-in-law! You were born on a Monday - was your life any happier? Somri, Budhni, Moongri, Bishri - do any of them have happier lives? (Rudali54)

Hence her belief was supported by her own observation, as she observed the in the village everyone was not happy.

Sanichari's mother in law died in a prodigious pain slumbering in her own excreta and oedema (Dropsy); crying for food on a rainy day. Sanichari and her sister in law cleaned the body and prepared it for the cremation. The blind belief of performing the rites on the same day of her death forced Sanichari to go out of the house from one neighbour house to another in rains. She had to drag neighbours along with her to make the necessary arrangements to be made for her cremation; leaving no

*Research Scholar, J.H. Govt. P.G College, Betul (M.P.) INDIA
**Prof. & Head, J.H. Govt. P.G College, Betul (M.P.) INDIA

time for her to express her own emotion of grief and cry. She was also unable to bring out tears for her due to her bitter memories with her mother in law. (Rudali, p 55)

She had to fight for the release of her husband and his brother who were in jail because of Malik Mahajan the master money lender; because they both were the victim of Malik's anger who had locked them in due to loss wheat by them.

Years later, her husband, Ganju gets died due to cholera after consuming holy water from a temple in a religious fair. Sanichari was unable to weep. Her brother-in-law and his wife died consequently.

Sanichari dreamt that her son and daughter-in-law would earn enough, they would support her, she imagined sitting in the winter sun sharing a bowl of gur and sattu with her grandson - Had this last dream been overambitious? Had she sinned by wanting too much? Is that why Budhua was wasting away before her eyes? (Rudali 59). Mahashweta Devi narrated the mental agony of Sanichari life of visualising the ordeal of the death of her son in front of her eyes. Roasting heat blowing about her day and night. She could comprehend that he was going to die, and realized that her dreams of constructing a life around Budhua would never be contented. Her son dies due to Tuberculosis. Her daughter-in-law leaves the home and becomes a prostitute. She looks after her grandson with the help of the other people of her community.[5]

Though Sanichari was totally against it at the beginning, she also became a 'rudali' because of material constraints. It was the caste lords who create whores and wailers out of the low caste women. She believed that her family was one among the target of Malik, who had as strong Oppressive behaviour towards Dushads and Ganjus.

Rajput's Malik's and Singhs s enforced the tag of "whores" on the lower caste women and constructed a succession of prostitute wailers into a caste called Rudali's. It was observed that the laborers were treated as whores and were made tramp in sludge by Mailk's and Singh's. Among them the worst was Gambir Singh; he kept a whore and had a daughter by her. Till the whore was alive he kept the child in comfort. The moment when the whore died, he insisted the girl to become a whore; stating a whore's daughter would be whore and suggested the girl to practice the profession to support herself. The same girl was observed in Tohri, in a randi bazaar; where her value fell from a five-rupee whore to a five-paisa whore (Rudali, pp 70-71).

Her motivation to be alive after all these mental traumas was her grandson. She used to console herself for the wellbeing of her grandson. As time passed on her grandson grew up, Sanichari discovers a job for him in the market for two rupees a month. For the first few months, he works hard but gradually he gets bored and one day he also runs away deserting his grandmother and goes away with some magic-show fellows leaving her in a deep sorrow.

Hence in this lonely time Sanichari happened to meet her childhood friend Bhikni. After having heard the sad story of Sanichari she thought that there no caring left in the world and blamed self and Sanicharis fate for their present situation (Rudali 65). Visualising the present circumstances both decided to support eachother. With the backing of cunning Dulan, they started working as 'rudalis,' ladies who cry deafeningly when some rich person was dead. They did well in their job and progressively their demand grew rapidly.

This was not the end of difficulties of Sanichari in her life, she also lost her childhood friend Bhikni when she did not return after her visit to her relatives wedding in Ranchi where she died because of Asthama. For Sanichari at this time her survival was of major concern because an accompanying person as a Rudali. To get Rudali she had to visit Tohri. It was Dulan who came to the rescue of Sanichari; he removed the reluctancy of her visit to Tohri, where her daughter in law used to work as prostitute. Dulan made her understand not to weigh right and wrong so much, leave that kind of thing to the rich. This removed the hesitation of Sanichari and she called every female in Tohri as her Daughter in law.

Conclusion - Thus, Mahashweta Devi work on Rudali is all about the enabling downtrodden woman survives many calamities. It also highlights how downtrodden women support each other's. Devi's effort is an epic of class and caste oppression by the system where women find themselves twofold oppressed. This epic provided a realistic presentation of the inevitable struggles of countless women among the poor and low caste people. Like 'mother-earth' women have enormous capacity of enduring sufferings.

References :-

1. Sangam, Shruti, and Shilpi Bhattarcharya. "Feracialnalisation in Toni Morrison's the bluest eye and Mahashweta Devi's Rudali." International Journal of English and Literature (IJEL) 5.5 (2015): 97-102.
2. Tony Beck and Tirthankar Bose, 'Dis- possession, Degradation and Empowerment of Peasantry and the Poor in Benglai Fiction', Economic and Political Weekly, 30,1995:441- 48.
3. Sharma, Kanhaiya Lal, and Yogendra Singh. Social inequality in India: Profiles of caste, class, power, and social mobility. South Asia Books, 1995.
4. Devi, Mahasweta. "Marginality in Mahasweta Devi's Rudali S. Pragadhipriya, M. Phil. Research Scholar."
5. Hema, v. "Women's triple oppression in Mahasweta Devi's Rudali." A Peer Reviewed, Refereed & Quarterly Journal: 16.

****

बौद्ध-दर्शन का स्वरुप

डॉ. विनय शर्मा *

प्रस्तावना – यों तो 'दर्शन' शब्द का अर्थ होता है देखना, लेकिन युक्तिपूनर्वक तत्व ज्ञान प्राप्त करने के प्रयत्न को ही दर्शन कहा जाता है क्योंकि दर्शन में धारणाओं को निश्‍चित करने की शक्ति होती है। वह जीव, जगत, ब्रह्म, जीवन और मृत्यु पर अपना विचार व्यक्त करता है। सत्य को खोजता है और खेज कर गुत्थियाँ सुलझाता है। इस प्रकार सभी प्रकार की अनुभूतियों की तर्कपूर्ण व्याख्या कर उनके आधार पर वास्तविकता का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ही दर्शन कहलाता है। वास्तव में दर्शन एक गतमान तथा चिंतनशील प्रक्रिया है। इस संदर्भ में यहाँ मनु कर कथन सत्य ज्ञान पड़ता है कि 'सम्यक् दर्शन प्राप्त होने पर कर्म मनुष्य को बंधन में नहीं डाल सकते है।'

दर्शन के सूत्र साहित्य तथा विज्ञान से भी जुड़े हुये दिखाई देते है। दर्शन जगत को बुद्धि द्वारा समझने का प्रयत्न करता है जबक साहित्य भावना द्वारा दर्शन बुद्धि के आधार पर जो बात निश्‍चित करते हुये घबराता है, साहित्य आगे बढ़कर अपनी भावना से उसमें निश्‍चितता ला देता है। यही स्थिति विज्ञान की है। विज्ञान एक निश्‍चयात्मक ज्ञान है जबकि दर्शन अनुभूति पर आधारित है। प्रसिद्ध दार्शनिक स्पेंसर ने दर्शन को 'समस्त विज्ञान की समष्टि' कहा है।

1. भारतीय दर्शन की शाखाएँ – भारत में समस्त बौद्धिक दार्शनिक एवं धार्मिक सिद्धांतों का मौलिक संबंध वेदो से है। वेदों को हम समूची भारतीय सभ्यता और संस्कृति के साथ साथ धर्म और दर्शन के उद्गम स्थान के रुप में पाते है। वेद का अर्थ है ज्ञान। वेद चार है। ऋग, यजुस, साम तथा अथर्व और प्रत्येक वेद के चार भाग है जिन्हें संहिता, ब्राहमण, आरण्यक और उपनिषद् कहते है। संहिता वैदिक मंत्रों का संकलन है तो ब्राहमणों में याज्ञिक आचरणों और उनके मूल्यों का विवेचन है। इसी प्रकार आरण्यक ध्यान आदि गूढ़ विषयों से संबद्ध है तथा उपनिषदो में वेदों के आध्यात्मिक सिद्धांतों का विवेचन है। इस संबंध में डॉ. राधाकृष्णन कहते है कि उपनिषदों से अध्यात्मवाद का प्रकाश अधिक नकलता है बनिस्बत सुव्यस्थित चिंतन से।

मूल रुप से भारतीय दर्शन को दो शाखाओ में बाँट सकते है। आस्तिक दर्शन और नास्तिक दर्शन। साधारणत: आस्तिक का अर्थ आजकल ईश्‍वरवादी के रुप में लगाया जाता है और नास्तिक का अर्थ अनिश्‍वरवादी के रुप मे। आधुनिक साहित्य के दृष्टिकोण से भी उसी व्यक्ति को आस्तिक कहा जाता है जो ईश्‍वर में विश्‍वास रखता है इसके विपरीत दृष्टिकोण रखने वाले व्यक्ति को नास्तिक कहा जाता है जबकि प्राचीन दृष्टिकोण से आस्तिक और नास्तिक के कुछ दुसरे ही अर्थ लगाए जाते है। आस्तिक का अर्थ वेद के अनुकुल और नास्तिक का अर्थ वेद विरोधी है। प्राचीन दर्शन के साहित्य में आस्तिक का अर्थ परलोक में विश्‍वास रखने वाला और नास्तिक का अर्थ परलोक में विश्‍वास नही करने वाला से लगाया जाता था।

इस प्रकार आस्तिक दर्शन के अंतर्गत (1) न्याय दर्शन (2) सांख्य दर्शन (3) वैशैषिक दर्शन (4) योग दर्शन (5) मीमांसा दर्शन (6) वेदांत दर्शन सम्मिलित है। इन्हें षड्दर्शन भी कहा जाता है क्योंकि ये सभी वेद के अस्तित्व पर विश्‍वास सखते है। हालांकि सांख्य और मीमांसा दर्शन ईष्वर को नही मानते है फिर भी ये आस्तिक दर्शन है। नास्तिक दर्शन के अंतर्गत तीन दर्शन आते है – (1) चार्वाक दर्शन (2) बौद्ध दर्शन (3) जैन दर्शन।

2. बौद्ध दर्शन का स्वरुप – भारतीय विचार परम्परा के विकास में गौतम बुद्ध का आविर्भाव एक महत्वपूर्ण घटना है। बौद्ध दर्शन के प्रवर्तक गौतम बुद्ध माने जाते है। बुद्ध का पूर्व का नाम गौतम था तथा बचपन में इन्हें सिद्धार्थ भी कहते थे। बोधि प्राप्ति के बाद वे बुद्ध कहलाए। इनका जन्म ईसा पूर्व 6 टीं शताब्दी में हिमालय की तराई के निकट एक राजपरिवार में हुआ था। जरा-मरण के दृष्यों को देखकर इन्होंने युवावस्था में ही सन्यास ग्रहण कर लिया था। इनके मन में यह विचार गहाई से बैठ गया कि यह संसार दु:खों से भरा है। अत: दु:ख से मुक्ति पाने के लिये इन्होने सन्यास ग्रहण क लिष्सा जीवन के दुखों के कारण तथा उनसे मुक्ति पाने के लिये वे दर दर भटकने लगे। दृढ़ संकल्पों के साथ ये घोर साधना में लीन हुए और दु:ख के रहस्यों का समझने की चेष्टा की। अंत में ये बोधि प्राप्त कर महात्मा बुद्ध कहलाए। इसके बाद बुद्ध घूम घूम के अपने ज्ञान का प्रकश लोगों के बीच बिखेरने लगे। इसी के फलस्वरुप बौद्ध धर्म का जन्म हुआ वैसे तो बौद्ध धर्म का आविर्भाव ब्राहमणों के कर्मकांडय धर्म के विरुद्ध हुआ था, लेकिन बाद में बुद्ध का संदेश समस्त भारत के साथ लंका, चीन, जापान, तिब्बत तथा कोरिया तक फैल गया।

बुद्ध के उपदेशों का ज्ञान हमें 'त्रिपिटकों' से मिलता है। 'पिटक' शब्द का शाब्दिक अर्थ बक्सा या पेटी है। ज्ञान की तीन पेटियाँ होने के कारण ये त्रिपिटक कहलाया। इनमें विनय पिटक, सुत्त पिटक तथा अभिधम्मक पिटक शामिल है। प्रत्येक पिटक में अलग अलग ग्रंथ है। विनय पिटक में आचरण तथा संघ के नियमों संबंधी बातें है। सुत्त पिटक में बुद्ध के उपदेश तथा धर्म संबंधी बातों की व्याख्या है। अभिधम्म पिटक में दर्शनिक विचारों की व्याख्या की गई है। इन सभी ग्रंथो की भाषा पालि है।

3. चार आर्य – सत्य – गौतम बुद्ध का मानना था कि कोई भी कार्य बिना कारण नही होता। अत: कारणों की खोज करना ज्ञानी का काम है। इसी कारण चार आर्य-सत्यों की खोज की गई।

(अ) प्रथम आर्य-सत्य (दु:ख) – रोग, जरा तथा मरण के दृष्यों को देखकर सिद्धार्थ का मन विकल हो उठा, किंतु जब वे बोधि को प्राप्त हुए तो वे

* प्राध्यापक, प.म.ब. गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि जीवन दु:ख से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा है – जन्म भी दु:ख है , बुढ़ापा भी दु:ख है, मरण..... शोक रुदण मन की खिन्नता हैरानगी दु:ख है। अप्रिय से संयोग, प्रिय से वियोग भी दु:ख है। उनका मानना है कि क्षणिक विषयों के लिये आसक्ति ही पुनर्जन्म का कारण होती है। सुख भी दु:ख के साथ मिला रहता है। सासांकि सुख क्षणभंगुर है। इन सुखों को देखकर जो लोग खुष होते है वे अज्ञानी है।

(ब) द्वितीय आर्य– सत्य (दु:ख का काण है) – दु:ख के अस्तित्व को तो सभी दर्शन स्वीकार करते है, लेकिन दु:ख के कारण संबंध में एकमत नहीं है। बुद्ध अपने तरीके से दु:ख का कारण खोजते है। इसके लिये उन्होंने प्रतीत्य समुत्पाद का सहारा लिया है। प्रतीत्य समुत्पाद के कारण संसार का कोई भी विषय बिना कारण नही है। अत: जब तक कुड कारण नही रहे दुख की उत्पत्ति नही हो सकती। बुद्ध ने बताया कि अभिलाषा ही तमाम दु:खों का कारण है। इस जगत में कारण के बिना किसी वस्तु का अस्तित्व नही है। पुरानी वस्तु के विनाश से ही नई वस्तु की उत्तपति ही प्रतीत्य समुत्पाद है। इस प्रकार एक बात की जिक्र कना अप्रासंगिक न होगा जो भारतीय दर्शन की विशेषत: महात्मा बुद्ध की अपूर्व देन है – वह यह कि शरीर की उत्पत्ति तथा वृद्धि एक अंतर्निहित वासना के कारण होती है। इस तरह बुद्ध तथा हेनरी बर्गसाँ और हेरेक्लिटस तीनो हही संसार को परिवर्तनशील मानते है।

(स) तृतीय आर्य– सत्य (दु:ख निरोध या निर्वाण) – यदि दु:ख के कारण का अंत हो जाए तो दु:ख का अंत भी अवश्यभावी है। दु:ख नाश या दु:ख निरोध की अवस्था का ठीक ठाक ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। निर्वाण की प्राप्ति जीवनकाल में भी हो सकती है। बुद्ध का कहना है कि निर्वाण एक अवस्था का नाम है जहाँ पहुँचकर मनुष्य के संपूर्ण दु:खों का नाश हो जाता है। राग–द्वेषों पर विजय पाकर तथा शुद्ध आचरण या शील के साथ आर्य–सत्यों का निंरतर ध्यान करते हुए ध्यान मग्न हो समाधि में लीन हो जाना निर्वाण की अवस्था की प्रमुख विशेषता है। इसी निर्वाण की अवस्था में ज्ञान का अलौलिक प्रकाश देखने को मिलता है जिसे प्रज्ञा कहते है। इसे ही बोधि के नाम से पुकारते है। निर्वाण की इसी अवस्था में आने के बाद मनुष्य को अरहत या तथागत कहा जाता है। बुद्ध का कहना है कि निर्वाण निष्क्रिय अवस्था नही है। निर्वाण प्राप्ति के बाद भी मनुष्य कर्मो को करता रह सकता है। निर्वाण दु:खों का अंत करता है जीवन का नही। निर्वाण के बाद जीवन नियमित औ नियंत्रित हो जाता है। जो निर्वाण को प्राप्त हो जाता है उसका जीवनमृत्युपर्यंत पूर्ण ज्ञान और शांति के साथ बितता है।

(द) चतुर्थ आर्य – सत्य (दु:ख निरोध का मार्ग) – बुद्ध के अनुसार दु:ख दूर करने के रास्ते हैं। इन रास्तों पर चलकर मनुष्य निर्वाण प्राप्त कर सकता है। बुद्ध ने आठ मार्ग सुझाएं है जिन्हें अष्टांग मार्ग कहते है। इन मार्गो पर चलकर दु:ख दूर किये जा सकते है। आठ मार्ग इस प्रकार है –

1) **सम्यक् दृष्टि** – इसे पालि में समादिट्ठ कहते है। कायिक, वाचिक, मानसिक और भले बु कर्मो के ठीक–ठीक ज्ञान को सम्यक् दृष्टि कहते है। हिंसा, चोरी, यौन व्यभिचार, चुगली, कटुभाषण, बकवास, लोभ, प्रतिहिंसा तथा झूठी धाणा बुरे कर्म माने गये है। बुद्ध कहते है कि ये सारे बुरे कर्म तब होते है जब अविद्या हो। अत: सम्यक् दृष्टि का होना जरुरी है।

2) **सम्यक संकल्प** – इसे पालि में सम्मासंसकल्प कहते है। बुद्ध कहते है कि संकल्प में आत्मबल मिलता है जो जीवन को नियंत्रित करने में सहायक होता है। सम्यक् संकल्प के द्वारा ही व्यक्ति बुराईयों को अपने से दूर कर सकता है। झूठ, चुगली, कटुभाषण, बकवास से बचना चाहिए।

3) **सम्यक् वाक** – इसे पालि में सम्मावाच कहते है। सम्यक् संकल्प केवल मानसिक नही होना चाहिए बल्कि उसे कार्यरुप में भी परिणत होना चाहिए।

4) **सम्यक् कर्म** – इसे पालि में सम्माकम्मन्त भी कहते है। आचरण को शुद्ध रखने के लिये बुरी बातों का त्याग कर अच्छी बातों को जीवन में उतारना सम्यक् कर्म कहलाता है।

5) **सम्यक् जीवन** –इसे पालि में सम्मयजागीव कहते है। बुद्ध ने बताया कि ढुखों को दूर करना इतना आसान नही है इसके लिये पूरे जीवन को नियत्रिक करनाहोगा। जीवन का निर्वाह सच्चाई से करना चाहिए।

6) **सम्यक् व्यायाम** – इसे पालि में सम्मावायाम भी कहते है। इन्द्रियों पर संयम, बुरी भावनाओं को रोकने तथा अच्छी भावनाओं के उत्पादन के प्रयत्न का नाम है सम्यक् व्यायाम्। इसमें कुसंस्कों का नाश हो जाना चाहिए।

7) **सम्यक् स्मृति** – इसे पालि में सामासति कहते है। इस मार्ग पर चलने के लिये सतर्क रहने की आवश्यकता है जिन विषयों का ज्ञान हमें प्राप्त हो गया है उनका स्मरण करते रहना चाहिए। सम्यक् स्मृति के कारण व्यक्ति सभी विषयों से विरक्त हो जाता है और सांसारिक बंधनों में नही पड़ पाता है।

8) **सम्यक् समाधि** – इसे पालि में सम्मासमाधि भी कहते है। चित्त की एकाग्रता को समाधि कहा गया है। सम्यक् समाधि उसे कहा गया है जिससे मन के विक्षेपों को हटाया जा सके। इस प्रकार हम कह सकते है कि सारी बुराईयों को न करना और अच्छाईयों का सम्पादन करना तथा अपने चित्त का संयम करना ही बुद्ध की शिक्षा है।

4. **बौद्ध दर्शन का विवेचन** – मालूम हो कि बुद्ध ने स्वयं अपने दार्षनिक विचारो की व्याख्या नहीं की है, लेकिन 'अनित्य, दु:ख तथा अनात्म' इस एक सूत्र में बुद्ध का सारा दर्शन आ जाता है। फिर भी उनके उपदेशों से कुछ दार्शनिक विचार हम निकाल सकते है।

1) **प्रतीत्य – समुत्पाद** – इस शब्द का अर्थ है किसी वस्तु पर निर्भर उत्पत्ति। एक के विनाश के बाद दूसरे की उत्पत्ति। इसी नियम को बुद्ध ने प्रतीत्य समुत्पाद कहा है। इसमें ऐसा बताया गया है कि बाहृय तथा मानस की जितनी भी अवस्थाएं या घटनाए है सभी के लिये कुछ न कुछ कारण अवश्य रहता है। कारण के बिना किसी भी घटना का आविर्भाव नही होता है। यही निलयम किसी चेतना शक्ति के द्वारा संचालित नहीं होता बल्कि स्वयं ही परिचालित होता है। पालि भाषा में इस नियम को प्रतिच्च समुप्पपाद कहते है। यह बुद्ध के सारे दर्शन का आधार है। बुद्ध ने स्वयं कहा कि जो प्रतीत्य समुत्पाद को देखता है वह धर्म को देखता है और जो धर्म को देखता है वह प्रतीत्य समुत्पाद को देखता है।

2) **क्षणिकवाद** – बुद्ध ने कहा है कि इस संसार में कुछ भी अनंत अथवा शाश्वत नही है। सब की उत्पत्ति किसी कारण से होती है और कारण समाप्त हो जाने पर पदार्थ का भी नाश हो जाता है। केवल चेतना क्षणिक है, पदार्थ नहीं।

3) **कर्मवाद** – मनुष्य का वर्तमान जीवन उसके पिछले जन्म का एक परिणाम माना जाता है। कर्मवाद का यही कहना है कि वर्तमान जीवन पिछले जीवन के कर्मो का ही एक फल है। इसी प्रकार वर्तमान जीवन से भविष्य जीवन का निर्माण होता है। उनका कहना है कि कर्म संचित होते रहते है।

4) **अनात्मवाद** – भारतीय दर्शनों में आत्मा की व्याख्या– किसी न किसी रुप में की गई है। कोई इसे ब्रह्म मानता है तो किसी ने द्रव्य और किसी ने पुरुष माना है, किंतु बुद्ध आत्मा का अस्तित्व नही मानते है। उपनिषद् में इतने परिश्रम से स्थापित किये गये आत्मा के महान सिद्धांमत को बुद्ध ने सिरे से खारित कर दिया है। यह अनात्मवाद का सिद्धांत ही बौद्ध दर्शन तथा

वैदिक दर्शन के बीच की विभाजन रेखा है।

इस प्रकार हम कह सकते है कि बौद्ध दर्शन मुख्यत: दु:खवादी दर्शन है। आर्य सत्यो तथा अष्टांगिक मार्ग के द्वारा बुद्ध ने दु:खों की व्याख्या तथा उन दु:खों को दूर करने के उपाय बताये है। महादेवी का करुणावाद इसका प्रमाण है। बाद में बौद्ध दर्शन धार्मिक विषयों की व्याख्या को लेकर दो सम्प्रदायों में बँट गया– हीनयान तथा महायान। इसके साथ ही बौद्ध धर्म हिंदू धर्म में घुलमिल गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय दर्शन, सिंह एवं सिंह
2. दर्शन – दिग्दर्शन, राहुल सांकृत्यायान
3. हिंदी साहित्य की दार्शनिक पृष्ठभूमि, डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय
4. हिंदी सगुण भक्ति –काव्य के दार्शनिक स्त्रोत– नवीन चिंतन, डॉ. ए. रामचंद्र देव
5. हिंदी साहित्य का इतिहास, डॉ. नगेन्द्र
6. भारतीय दर्शन, डॉ. राधाकृष्णन
7. भारतीय दर्शन की भूमिका , डॉ. रामानंद तिवारी शास्त्री
8. समकालीन दर्शन, डॉ. सतीषचंद्र, धीरेंद्रमोहन दत्त
9. भारतीय चिंतन परम्परा, के. दामोदरन
10. भारतीय दर्शनशास्त्र, धर्मेन्द्रनाथ शास्त्री

****

स्वतंत्रता संग्राम और गांधीवादी रचनात्मक प्रवृत्तियाँ में आदिवासियों का योगदान

डॉ. अजातशत्रु सिंह राणावत * नरेन्द्रकुमार केशवभाई राठौड़ **

प्रस्तावना - 1915 में भारतीय राजनीति में महात्मा गाँधी के प्रवेश के बाद उनका स्वप्न भारत में स्वराज्य के साथ सुराज्य लाना भी था। इस स्वप्न को सिद्ध करने हेतु असहयोग आंदोलन के दौरान रचनात्मक प्रवृत्ति का कार्यक्रम पेश किया था। जिसके मुताबिक शहरों से लेकर गाँव, भद्र वर्ग से लेकर निम्न वर्ग के लोग स्वतन्त्रता आन्दोलन में जुड़े ऐसी उनकी मनोकामना थी। वैविध्यपूर्ण नवीन प्रयोगों से वह प्रक्रिया दलित, महिलाऐं, मजदूर जैसे वंचित वर्गो में सफलतापूर्वक चली, किन्तु आदिवासियों को स्वतन्त्रता संग्राम में साथ में लेना उतना आसान काम नहीं था। एक उदाहरण से उस बात को स्पष्ट करते हैं - सन् 1921 में चौरीचौरा हत्याकांड की वजह से बारडोली का स्वराज्य यज्ञ बंद रहा। तत्पश्चात् बारडोली, वालोद की आधी आबादी आदिवासी है और उनकी आबादी में कमी नहीं होती है। ऐसी बात जानकर उनको बड़ा आघात लगा। 'कालीपरज' (यह शब्द उस समय के दक्षिण गुजरात में आदिवासियों के लिए प्रचलित था) शब्द भी उनको पसंद नहीं आया और आन्दोलन स्थगति हुआ इसमें ईश्वर का कोई शुभ संकेत होगा। ऐसा कह के प्रार्थना सभा में अपनी व्यथा दर्शायी। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में गोरे लोग हमको काला कहते हैं और यहाँ हम अपने भाइयों को 'कालीप्रजा' से पहचानते हैं। यह कैसे ? इस रोग को निकालना ही चाहिए। यह लोग समान नहीं होंगे तो सरकार उनका उपयोग हमारे सामने ही करेगी और हमारी लड़ाई सफल नहीं होगी। जिस शरीर का आधा अंग झूठा पड़ गया हो ऐसे शरीर के साथ हम लड़ाई शुरू करेंगे तो कैसे जीत सकते हैं ? इसलिए लोकजीवन में जमा हुए इस खून को फिर से उबलता हुआ करना चाहिए।

गांधीजी के उपरोक्त बयान में सरकार अज्ञानी और निरक्षर आदिवासियों का गैर लाभ न उठाए और स्वतन्त्रता आन्दोलन वास्तविक अर्थ में लोक आन्दोलन बने ऐसा शूर व्यक्त हुआ है।

गांधीयुग के प्रारम्भ तक सयाज़राव गायकवाड़ और ईसाई मिशन की प्रवत्तियों के अलावा आदिवासी इलाकों में खास आशानुरूप प्रवृत्तियाँ नहीं हुई थी। इस समय तक गुजरात में 'रानी विभाग' और 'रास्ती विभाग' जैसे विभाग भी प्रचलित थे। भद्र लोग और आदिवासियों के बीच सामाजिक विनिमय का व्यापक अभाव था। इसी वजह से आदिवासी समाज गांधीयुग के प्रारम्भ तक समाज की मुख्य धारा से कटा हुआ था। अब हम ऐसे मुख्य धारा से कटे हुए और आत्यांतिक मानसिकता वाले समाज गांधी प्रेरित स्वतन्त्रता आन्दोलन में कैसे दाखिल हो ? उनके पीछे गांधीवादियों ने कौन सी तरकीब अजमाई थी ? और सब से महत्वपूर्ण बात गांधी पूर्व के स्वयंभू आदिवासी आन्दोलनों ने आदिवासी इलाकों में गांधीवादी राष्ट्रीय आन्दोलनों में कितनी सहायता की ? इस बारे में विस्तार से देखते हैं।

गाँधी के पहले आदिवासी सुधार के क्षेत्र में शून्यावकाश नहीं था। करजण (बड़ौदा), जणोर और डभाला (भरूच), झघडीया (राजपीपला), राजकोट आदि स्थानों पर 1907 से लेकर 1911 तक भीलों के सम्मेलन हुए थे। इसमें शराब निषेध और समाज सुधार की चर्चा होने के उपरान्त उसके अमलीकरण के बारे में गंभीरता से सोचा गया था। हालांकि ऐसे प्रयत्न शुरूआत मात्र थी। स्वयंभू सुधारों के क्षेत्र में घाटा (व्यारा दक्षिण गुजरात) की भगत परम्परा के माध्यम से स्तुत्य प्रयत्न हुआ था। गायकवाड़ी इलाके के व्यारा तहसील के घाटा गांव से शुरू हुई भगत प्रवृत्तियाँ 1905 में 'एकड़ा' (Nity) के नाम से संस्थीकृत हुई थी। उसके माध्यम से स्थानीय आदिवासियों में शिक्षित और संस्कारी वर्ग तैयार हुआ था। जिन्होंने शिक्षण प्राप्ति से लेकर समाज सुधार तक की प्रवृत्तियों में आदिवासी समाज को नेतृत्व प्रदान किया था। ये लोग रियासती इलाके के होते हुए भी ब्रिटिश प्रान्त में चल रहे राष्ट्रीय आन्दोलन को सहयोग किया था। उदाहरण के तौर पर किशनसिंह गामीत नामक आदिवासी नेता रचनात्मक कार्यकर्ता एवं स्वतन्त्रता सैनिक के रूप में उभर आये थे। घाटा की भगत प्रवृत्तियों में महत्वपूर्ण बात यह थी कि उसके अंतर्गत तैयार हुए आदिवासी शिक्षितों ने सयाज़राव गायकवाड़ और देवी आन्दोलन (1922-25) की प्रवृत्तियों में नींव के पत्थर समान भूमिका अदा की थी। इसी तरह गायकवाड़ी शासन ने आदिवासी विकास हेतु किये कार्यो का इतिहास प्रसिद्ध है।

बीसवीं सदी के तीसरे दशक में दक्षिण गुजरात में देवी आन्दोलन नामक आन्दोलन ने आकार लिया था। इस आन्दोलन का प्रधान हेतु शराब, ताड़ी का विरोध मांसाहार निषेध, शोषक वर्ग का बहिष्कार, व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे सामाजिक, धार्मिक सुधार लाना था। इस आन्दोलन में देवी स्वरूप महिला अपने मुँह से आदिवासियों को सार्वजनिक रूप से समाज-धर्म सुधार का उपदेश देती थी। देवी की प्रवृत्तियों से हुए मूलभूत परिवर्तनों से आदिवासी समाज, जीवन के महत्वपूर्ण मोड़ पर आकर खड़ा हुआ था। संस्कृतिकरण की इस प्रवृत्तियों से गांधवादी विचारों के लिए आशा की किरण जगी थी, क्योंकि 1921-22 से दक्षिण गुजरात के आदिवासी इलाकों में खादी काटना, बुनना जैसी रचनात्मक प्रवृत्तियाँ के लिए घूमते रहे गांधीवादियों के लिए उम्मीद की किरणें कम थी। गांधीवादी कार्यकर्ता सर्वे क्षेत्रकार्य की पद्धति में आस्था रखते थे। वे अच्छे मनोचिकित्सक भी थे। इसी वजह से समांतर चला आ रहा देवी आन्दोलन का आदिवासी समाज जीवन

*पर्यवेक्षक, पेसिफिक यूनीवर्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, पेसिफिक यूनीवर्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत

पर गहरा प्रभाव उनकी नज़र से बाहर नहीं था और देवी की प्रवृत्तियों के आश्रय में राष्ट्रीय प्रवृत्तियाँ कैसे विकसित की जाये ? स्वतन्त्रता आन्दोलन में आदिवासियों की भागीदारी कैसे पाई जाए ? उस समस्या का उनको मानो उत्तार मिल गया। एक उदाहरण द्वारा प्रस्तुत बात को स्पष्ट करते हैं, गाँवों में जागृत्ति लाने के लिए कुंवरजीभाई (सूरत जिले के अग्रगण्य स्वतन्त्रता सैनिक कुंवरजी देसाई) का फलद्रुप दिमाग (Fertile Brain) काफी प्रयोग कर रहा था। उनके साथ सूरत में आयी सूरज बेन नामक, ब्राह्मण बहन, जो शिक्षिका थी उनको कुंवरजीभाई 'कालीदेवी' बनाकर बैलगाड़ी में घुमाते थे। कालीदेवी बनी सूरज बहेन भी अपना रोल बराबर अदा करती थी। काले कपड़े, लाल रंग से रंगा मुँह, गले में मालाएँ, सुत्रोच्चार के साथ इस कालीदेवी को गाँव-गाँव घुमाया जाता था। कुंवरजीभाई गांववालों को समझाते थे कि यह धर्म युद्ध है, उसमें जुड़ने का यह देवी का आदेश है। जो लोग इसमें नहीं जुड़ेंगे उनको इस देवी का कोप सहना पड़ेगा।

उपरोक्त बातों से पता चलता है कि आदिवासियों की परम्परागत, धर्मभीरू मानसिकता और ईश्वर के बारे में भयमुलक मान्यता को देवी आन्दोलन के माध्यम से राष्ट्रीय आन्दोलन में आदिवासियों की भागीदारी के रूप में पाने के लिए गांधीवादियों ने कोई कसर छोड़ी नहीं थी। स्वराज्य यात्रा में आदिवासियों की भागीदारी पाने की प्रक्रिया का ब्यौरा देखने के बाद उसका परिणाम क्या हुआ ? उसका चित्र गांधीवादी लेखक श्री जुगतराम दवे के शब्द में देखते हैं - सारे देश में गर्मी चढ़ी हुई थी, वह धीरे-धीरे नीचे उतर रही थी (वो असहयोग आन्दोलन के उत्तरार्ध की बात कर रहे हैं) किन्तु सूरत जिले में आदिवासी प्रदेश में गर्मी कम होने के कोई आसार दिखता नहीं था। गांधीजी की महान लड़ाई उस प्रदेश में अलग स्वरूप में फैली थी। कहिये की रानी परज लोगों ने उसको अपनी रानी (आदिवासी) आवृत्ति बना दी थी। वहाँ उसने देवी प्रवृत्तियाँ (देवी ना धुणा) (Fire Pits) का स्वरूप लिया था। असहयोग आन्दोलन के कार्यकर्ता आदिवासी गांवों में घुमते रहते थे, सभाऐं आयोजित करते थे, उनकी भजन मण्डलियाँ और 'देवी का धुणा' का लाभ उठाकर उन्होंने गांधीजी के मद्यपान निषेध और चरखे का संदेश आम लोगों तक पहुँचाया था। ऐसा करने में कुंवरजी-कल्याणजी बन्धुओं का बड़ा योगदान था। गांधजी की गैर मौजूदगी में उन्होंने कस्तुर बा को आदिवासी गाँवों में घुमाया। इस तरह देवी के भक्तों को एक जिन्दा देवी मिल गई और एक उदाहरण 'स्वराज्य ना संभारणा' (1972) ग्रंथ में देखते हैं - शराब बंदी के कार्यक्रमों को एक विचित्र संजोग का सहयोग मिल रहा था। आदिवासी लोग पिछड़े और देव-देवी, भूत-प्रेत में आस्था रखने वाले थे। कुछ धार्मिक लोगों के शरीर में देवी आती थी। ऐसे लोगों ने अपने शरीर में आती देवी को अपनी बात मनवाकर अपना प्रभाव दर्शाया और पिछड़े लोगों को शराब ताड़ी छोड़ने की आज्ञा थी। उसका चमत्कारीक तरीके से अमल हुआ। इस तरह विचित्र दिशा से शराब बंदी के कार्यक्रमों को सहयोग मिला ऐसा मान सकते हैं। इस क्रम में कुएं के पानी में गांधी और उनका चरखा दिखता है, ऐसी बात भी स्थानीय कार्यकर्ताओं ने फैलाई थी।

यह उदाहरण बताते हैं कि आदिवासियों की धर्म भीरू और ईश्वर के बारे में भयमुक्त मान्यता ने गांधीवादी को नये-नये प्रयोग करने के लिये ललचाया था। इसके प्रयोग के तौर पर गांधी को आदिवासियों के परम्परागत शीमलीया देव के विकल्प के रूप में पेश कर उनकी आज्ञा का अनुसरण करने की बात भी कही गई थी। संक्षेप में गांधीवादी कार्यकर्त्ताओं ने स्वतन्त्रता आन्दोलन में आदिवासियों की भागीदारी पाने के मुद्दे पर कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हालांकि महात्मा गांधी ने स्थानिक कार्यकर्त्ताओं को ऐसा करने से मना किया था। आदिवासी में व्याप्त भजन प्रवृत्तियाँ, उनके धार्मिक गीतों में खादी कातना, बुनना, शराब बंदी आदि बातों को विनियोग वगैरह गांधीवादियों की मानसिक कवायत में से उभर आये उपाय थे। उसके प्रभाव के बारे में श्री जुगतराम दवे ने लिखा है कि भजन और गीत के माध्यम से पवित्र जीवन का, शराब-ताड़ी के प्रभाव से छूटने का, चरखा और गांधी विचारों के उपदेश से लोगों का हृदय तरबोल होते थे। उपरोक्त उपाय पद्धतियाँ दक्षिण गुजरात के स्थानीय संयोग और समय के अनुरूप अजमाई हुई पद्धतियाँ थी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. टीना दोशी, 'भारतना आदिवासी आन्दोलनो' पार्थ पब्लिकेशन, अहमदाबाद।
2. डॉ. सी.सी. चौधरी, 'दक्षिण गुजरातना आदिवासी आन्दोलनो' पोप्युलर प्रकाशन, सूरत।

****

Human Resource Development In The New Generation In Private Sector Banks - A Case Study Of HDFC Bank Ltd.

Ritu Arora* Dr. S.N. Vyas**

Abstract - Banking is a service industry. The Banking Industry in India has undergone an incredible change due to the Economic, Financial and Banking Sector Reforms. The role of the human resources has become the crucial most. The success of the Banks depends not only on the satisfaction of their customers but also the satisfaction level of the employees working in banks. The stay of the employees in banks largely depends upon the prevailing human resource practices. Banks must try to distinguish themselves by creating their own images, especially in transparent situations with a high level of competitiveness. The healthy Competition posed by the private sector banks has improved the quality of service and innovative diversified products by the Public sector banks. Banking sector is also highly dependent on the quality of HRD practices for the motivation of its employees. Through this paper the researcher has attempted to identify the development between Human Resource Practices and Organizational Climate for the people to be productive and competitive in the new generation private sector banks specially in HDFC Bank LTD.
Keywords- Human Resource Development, Human Capital, Private sector banks, HRD Practices.

Introduction - Human resource is a multi –dimensional concept. It has been defined by various economists, social scientists, industrialists, managers and other academicians in different ways and from different angles. In the broad sense Human Resource Development is the framework for helping employees to develop their personal and organizational skills, knowledge and abilities. An organization is nothing without human resources. Human resources represent the "people at work". Of all the prime resources of organization men, materials, money and machine the human resource is recognized as the most vital and the most valuable resource. HRD (Human Resource Development) is a subset of HRM (Human Resource Management). Both are very important concepts of management specifically related with human resources of organization. Human resource management mainly aims to improve the efficiency of the employees whereas HRD aims at the development of the employees as well as organization as a whole. The performances of private sector banks are good. Due to their innovative schemes and services, all these efforts are making the private sector banks to be in top position. Today, our banking system is divided into commercial banks, regional rural banks and cooperative banks. Commercial banks play an important role in the financial system and the economy. Banking becomes greater driver of growth and employment. A need is to enable labor reforms and enriching human capital, help banks become competitive in this new era. 'People' is the most important and valuable resource every organization or institution. HRD ensures dynamism; competency, motivation and effectiveness of the employees remain at high levels in a systematic and planned way. A few banks have established an outstanding track record of innovation, growth and value creations in which HDFC bank has made its place in top position. HDFC bank believes that the most important factor which provides sustainable competitive advantage in its business is its people. As strive to create an environment to attract and nurture them. Supportive environment and good for learning because there is no other private bank which possess this much products and supportive infrastructure.

Literature Review - The review of literature is a first step towards proceeding to a further study on any problem or subject. It provides not only direction but also gives a vision to further strengthen the subject. Every organization has four important resource viz. money, material, machinery and men. Men i.e. human resources are only resources which must be coordinated in such a manner that monetary and material resources are utilized for organizational objectives.

Yoder, Dale (1972) in his book Personnel Management and Industrial Relations has described Manpower management is a crucial job. In his considered opinion managing people is the heart and essence of being manager. Yoder observed that a large number of management development methods are used but it is because of their application for different groups and jobs. He suggests that no one technique is most effective.

*Research Scholar, Tantia University,Sri Ganganagar (Raj.) INDIA
** Research Supervisor, Tantia University,Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

Comparative studies have indicated some superiority for certain procedures in specific instances.

Dr. R. K. Bajaj (1976) In his work personnel problem of large scale industries has emphasized that the human resources of an organization is essentially capable, competent and contended. An organization may well in physical resources but these are of little value unless access to the supply of well trained intelligent and loyal work force.

Barthwal R.R. (2002) has made a study on Environmental Impact Assessment. In his observation he revealed that major human actions programmes and policies is to be carried in order to protect human health and well being in the affected areas from the adverse impacts of the projects and actions. In the present technocratic environment it is necessary to keep these factors in mind while planning Human Resource Development.

Cascio, W.F. & Agvims (2005) is their book "Applied Psychology in Human Resource Management" has observed that in the fields of human resource management job analysis is often used to gather information for use in personal selection, training, classification and / or compensation.

Avik Ghosh (2006) in his book Communication Technology and Human Development he has given impact of technology on Human Development. The application of communication technologies in social development programmes is a complex task which requires professional approach.

R. Papaiah & A.V Ramana (2007) in their work 'Human Resources Development Through DWCRA Programme' has observed that Human Resource Development now a days has become a special subject of economic enquiry achieving sustainable and equitable development in all third world countries including India.

Problem Statement

1. There is a gap between prescribed and achieved HR policies by private sector banks.
2. There is a gap between the performance and compensation structure in private sector banks.
3. There is difference between Hr practices of middle level employees and Top level employees.

Objective

1. To identify the innovative HRD practices adopted in private sector banks
2. To study the role of human resources in banking industry particularly in private sector.
3. To study realistic and generous understanding of the requirements of employees.
4. To explore the challenging areas of the innovative HR practices where the banks are lacking and to give suitable suggestions.

Hypothesis

The present study tested the following null and alternative hypothesis:

जाति की वजह से दुर्व्यवहार का सामना – जब उत्तरदाताओं से यह पूछा गया कि क्या आपको कभी शिक्षण संस्थाओं में अपनी जाति की वजह से दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा है? तो उनमें से 67 प्रतिशत लोगों का कहना था कि हां। उन्होंने दुर्व्यवहार का सामना किया है। लेकिन तैंतीस प्रतिशत लोगों का कहना था कि उन्होंने दुर्व्यवहार का सामना नहीं किया। लेकिन एक बात इसमें प्रमुख रुप से यह थी कि इन उत्तरदाताओं में जो 40 से 50 की उम्र से अधिाक वर्ष के थे, उनको शिक्षा ग्रहण करते समय शिक्षण संस्थाओं में दुर्व्यवहार का सामना अधिक करना पड़ा है। इसका कारण उन्होंने यह बताया कि पूर्व में अर्थात 50 वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति के छात्र–छात्रओं को शिक्षण संस्थाओं में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता था। उस समय वर्ण व्यवस्था के नाम पर विभाजित समाज में अनुसूचित जाति के लोगों को शूद्र में देखा जाता था। शूद्र का मतलब था वर्ण व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर इस जाति के लोगों का आना। इसलिए शेष जातियां इन शूद्रों के साथ में शिक्षण संस्थाओं में गैर बराबरी का व्यवहार करती थीं।

शिक्षालयों में केवल उच्च वर्ग के लोग ही शिक्षक होते थे, किन्तु अम्बेडकर शिक्षक होने के लिए जातिगत भेदभाव का विरोध किया। उच्च शिक्षा पर चर्चा करते हुए डॉ0 अम्बेडकर ने यह अनुभव किया था कि, वर्तमान विश्वविद्यालयीय शिक्षा अच्छे आचार्यो का निर्माण करने में असफल रही है। इसके लिए विषयों को वर्गो में गठित किया जाना चाहिए। अध्यापन और शोध कार्य प्रोफेसरों के मुख्य कार्य होने चाहिए और दोनों के लिए उन्हें समान वेतन मिलना चाहिए। बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर ने प्रोफेसरों के गुणों के विषय में कहा है कि, 'एक प्रोफेसर का विशेष गुण विद्धत्ता ही नहीं है, बल्कि उसकी वाणी में स्पष्टता भी होनी चाहिए। उसे अपने विषय में पारंगत होना चाहिए।'[3] शिक्षक अपने नैतिक गुणों के द्वारा छात्रों को प्रभावित कर सकता है। डॉ0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेजों में समन्वय के पक्षधर थे। ऐसा करने से स्नातक तथा स्नातकोत्तर शिक्षा के विकास में योगदान दिया जा सकता है। डॉ0 अम्बेडकर प्राथमिक शिक्षा के शिक्षकों के जातिगत भेदभावों से विरत करने की बात करते हैं और विश्वविद्यालयी स्तर पर शिक्षा देने के लिए प्रोफेसरों को निष्ठा से कार्य करने चाहिए, शोधकार्य में रत रहना चाहिए। शिक्षक के गुणों में वे वाणी की स्पष्टता को विशेष महत्व देते हैं। उन्हें अपने विषय का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए तथा उनमें

* शोधार्थी, डॉ. अम्बेडकर विचार एवं दर्शन शास्त्र, बानिस,महु, इन्दौर(म.प्र.) भारत

नैतिकता कूट-कूट कर भरी होनी चाहिए। शिक्षक सभी वर्गो से नियुक्त होने चाहिए। डॉ0 अम्बेडकर का कहना है कि शिक्षकों में जातीय भेदभाव की भावना नहीं होनी चाहिए। देश के विश्वविद्यालयों और डिग्री कालेजों में ही नहीं पूरी शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त जात-पाँत और ऊँच-नीच के भेदभाव बाबा साहेब परिचित ही नहीं, वरन् भुक्तभोगी भी थे। इसे वे भारतीय शिक्षा का केंसर कहते थे। उन्होंने कहा था कि-'जो अध्यापक यह प्रचार करते हैं कि अछूत तो केवल सेवा करने के लिए ही उत्पन्न हुए हैं और शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार एक वर्ग विशेष का है, ऐसी धारणों वाले का शिक्षा विभाग में भर्ती नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि अध्यापक ही राष्ट्र के रथवान हैं।'[4]इस तरह डॉ0 अम्बेडकर योग्य शिक्षकों की नियुक्ति और सभी के लिए समान शिक्षा के पक्षधर थे।

साहित्य समीक्षा - 'मोहनदास नैमिशराय-डॉ अंबेडकर और मार्टिन लूथर किंग का जीवन संघर्ष-2000' इस पुस्तक में लेखक ने डॉ. आंबेडकर और मार्टिन लूथर के जीवन को बताया है और विशेष रुप से ढोनों के जीवन के संघर्ष को बताया है। निश्चित रुप से डॉ. अंबेडकर के जीवन में अनेक तरह की कठनाईयां दिखाई देती हैं। लेकिन इन कठिनाईयों के बाद भी डॉ. आंबेडकर रुकते नहीं हैं, झुकते नहीं है बल्कि लगातार चलते रहते हैं और शिक्षा प्राप्त करके दलितों के बीच एक नई चेतना लेकर आते हैं। इन सभी बातों को प्रमुख रुप से इस पुस्तक में उठाया गया है।

'जगजीवन राम-भारत में जातिवाद एवं हरिजन समस्या-2008' इस पुस्तक के अंदर लेखक ने भारत के जातिवाद एवं अनुसूचित जाति की अनेक समस्याओं को रेखांकित किया है। साथ ही यह भी बताया है कि वर्ग, वर्ण एवं जातिगत भेदभाव के आधार पर अनुसूचित जाति वर्ग दूसरे वर्णो की तुलना में बहुत पिछड़ा हुआ रहा है। इस वर्ग को प्रमुख रुप से पहचान दिलाने में डॉ.अंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान है। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा के द्वारा इस वर्ग को सचेत करने की बड़ी भूमिका निभाई है। इस तरह कीबातों को इस पुस्तक में उठाया गया है।

'डॉ चंद्रभूषण पाठक-बोधा शिक्षा दर्शन एवं भीमराव अंबेडकर-2000' इस पुस्तक में भारतीय शिक्षा व्यवस्था एवं डॉ. अंबेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों को रेखांकित करते हुए बौद्ध शिक्षा को लेखक ने भारत के लिए उत्ताम शिक्षा बताया है। लेखक ने कहा है कि इसी शिक्षा प्रणाली के आधार पर डॉ. अंबेडकर ने भी अपने शिक्षा प्रणाली के विचार रखे हैं। इसलिए भारत में यह शिक्षा प्रणाली लागू तो निश्चित रुप से बडा परिवर्तन हो सकता है।

'भारतीय समाज में दलित वर्ग एवं कमजोर वर्ग की स्थिति-संपादक डॉ0 झिनकू यादव, लेखक-शैलेन्द्र पानधरी-2006' इस पुस्तक में दलित वर्ग की स्थिति को स्पष्ट करने की कोशिश की गई है। विशेष रुप से दलित वर्ग की सामाजिक स्थिति में जिस तरह से भेद भाव होता था, उसका वर्णन किया गया है तथा आधुनिक युग में वह भेदभाव किस तरह से हो रहा है या किस रुप में हो रहा है यह भी दिखाया गया है। दलित वर्ग में पूर्व की तुलना में काफी चेतना आई है एवं अनेक बदलाव हुए हैं। लेखक ने इन सब कार्यो के पीछे डॉ.अंबेडकर एवं उनके कार्य को प्रमुखत दी है। लेकिन बड़ा सवाल लेखक ने यह भी उठाया है कि शिक्षा सभी लोगों को प्राप्त नहीं हो रही है या सभी लोग प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शिक्षण संस्थानों से मिलने वाले लाभ को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन करना।
2. उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं का अध्ययन।

अध्ययन क्षेत्र का चयन - अध्ययन के लिए म. प्र. के धार जिले को चयनित किया गया है एवं गंधवानी तहसील के पॉच गांवों में से 20-20 परिवारों का चयन किया गया है। क्योकि मध्य प्रदेश में कुल जनसंख्या का लगभग 21 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग निवासरत हैं। साथ ही मध्य प्रदेश मे सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति समुदाय धार जिले में निवासरत हैं, तथापि गंधवानी तहसील धार जिले की सर्वाधिक पिछडी हुई तहसील (साक्षरता स्तर) होने के साथ ही यहा पर अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति सर्वाधिक पाई जाती हैं एवं अधिकांश इन जनजातिय परिवार के बच्चे सरकारी स्कुलों मे अध्ययनरत् हैं। चुकि इनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति खराब होने के कारण अधिकांश बच्चें पढने में अक्षम हैं।

निदर्शन - प्रस्तुत शोध अध्ययन में धार जिले अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के 100 उत्तरदाताओं का चयन किया जो सरकार द्वारा शिक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थी परिवार हैं जिनको शैक्षणिक स्तर में कठिनाईयों का सामना करना पडता हैं उनका सोउद्देश्यपूर्ण विधि द्वारा चयन किया गया हैं।

तथ्य संकलन - प्रथमिक- साक्षातकार अनुसूची, प्रश्नावली, समूह चर्चा के माध्यम से उत्तरदाताओं से जानकारी प्राप्त कि गई हैं।

द्वितीयक - आकडें विभिन्न वेबसाइड समाचार-पत्र पत्रिकाऍ शॉसकीय विभागों द्वारा प्रकाशित प्रकाशन आदि से संकलित किए गए। आकडों के संकलन के पश्चात उनके निर्वचन के लिए निम्न सांख्यिकीय उपकरणों का प्रयोग किया गया हैं।

उत्तरदाताओं का लिंग के आधार पर वर्गाकरण

लिंग	आवृति	प्रतिशत
पुरूष	53	53
महिला	47	47
कुल	100	100

उपर्युक्त तालिका में डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों का अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास में आने वाली कठिनाईयों व चुनौतियों का अध्ययन हेतु संकलित प्राथमिक समंकों को विश्लेषित किया गया है। समंकोंके विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षित लिंग के आधार पर वर्गीकरण किया गया है इन में से सर्वाधिक 53प्रतिशत पुरूष कि जनसंख्या है जो कि सबसे ज्यादा है तथा महिलाओं कि जनसंख्या का 47 प्रतिशत है।

उत्तरदाताओं का आयु के आधार पर वर्गीकरण

आय	आवृति	प्रतिशत
20 से 30	22	22
30 से 40	32	32
40 से 50	31	31
50 से अधिक	15	15
कुल	100	100

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों का अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास में आने वाली कठिनाईयों व चुनौतियों का अध्ययन हेतु संकलित प्राथमिक संमकों का आयु के आधार पर विश्लेषण किया गया है जो कि सर्वाधिक 32 प्रतिशत 30 से 40 वर्ष आयु वाले उत्तरदाता है जो कि सबसे अधिक है, 40

से 50 वर्ष आयु वाले उत्तरदाताओं की संख्या का 31 प्रतिशत है। 20 से 30 वर्ष आयु वाले उत्तरदाताओं कि संख्या 22 प्रतिशत है, 50 से अधिक वर्ष आयु वाले उत्तरदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत है।

उत्तरदाताओं की वैवाहिक एवं पारिवारिक स्थिति के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	वैवाहिक स्थिति		पारिवारिक स्थिति	
	विवाहित	अविवाहित	एकांकी	संयुक्त
आवृति	62	38	52	48
प्रतिशत	62	38	52	48

उपर्युक्त तालिका में डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों का अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास में आने वाली कठिनाईयों व चुनौतियों का अध्ययन हेतु संकलित प्राथमिक समंकों को विश्लेषित किया गया है। समंकोंके विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षित उत्तरदाताओं की वैवाहिक एवं पारिवारिक स्थिति के आधार पर वर्गीकरण किया गया और यह पाया कि 62 प्रतिशत विवाहित हैं एवं अविवाहित 38 प्रतिशत हैं एवं वही पर पारिवारिक स्थिति का भी अध्ययन किया तो पाया कि 52 प्रतिशत लोग एकांकी एवं 48 प्रतिशत लोग संयुक्त परिवार में रहते हैं इससे यह स्पष्ट होता हैं कि अधिकांश लोग एकांकी परिवार हैं।

1- अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शिक्षण संस्थानों से मिलने वाले लाभ को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन

अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शिक्षण संस्थानों से मिलने वाले लाभ को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन	उत्तरदाता	प्रतिशत
हां	32	32
नहीं	68	68
कुल	100	100

उपर्युक्त तालिका में डॉ.अम्बेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों का अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास में आने वाली कठिनाईयों व चुनौतियों का अध्ययन हेतु संकलित प्राथमिक समंकों को विश्लेषित किया गया है। समंकों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के शिक्षण संस्थानों से मिलने वाले लाभ को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन किया गया जिसमें पाया कि 68 प्रतिशत वाले उत्तरदाताओं ने कहा कि उनको लाभ प्राप्त करने में कोई कठिनाईयों का सामना नही करना पडा वही पर 32 प्रतिशत वाले लोगो ने कहा कि उनको बहुत सारी कठिनाईयां आती हैं

2-उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं का अध्ययन

उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं का अध्ययन	उत्तरदाता	प्रतिशत
हां	21	21
नहीं	79	79
कुल	100	100

इससे यह बात स्पष्ट होती है कि अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को पूर्ण जानकारी है। उपर्युक्त तालिका में संकलित प्राथमिक संमकों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के जिन उत्तरदाताओं को जानकारी है उनका प्रतिशत है। यह सर्वाधिक प्रतिशत है। 'किताबों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी है' ऐसा कहने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 22.5 प्रतिशत है। 'सर्वशिक्षा अभियान के माध्यम से योजनाओं की जानकारी है' ऐसा कहने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 20.0 प्रतिशत है। 'छात्रवृति योजना की जानकारी है' ऐसा कहने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 18.8 प्रतिशत है एवं लैपटॉप के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 14.5 प्रतिशत है, जो कि सबसे कम है।

निष्कर्ष- उक्त विवेचन से स्पष्ट है कि दलितों की शिक्षा व्यवस्था अत्यन्त शोचनीय स्थिति में थी लेकिन धीरे-धीरे भारत को स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद जब भारतीय संविधान का निर्माण हुआ और उसे लागू किया गया तो दलितों की शिक्षा व्यवस्था की ओर लोगों की रुचि और बाध्यता बढ़ी यह सब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के ही प्रयास से सम्भव हुआ ये भारतीय संविधान के निर्माता थे और उन्होंने दलितों की शिक्षा व्यवस्था के लिए उन्होंने अनेक प्राविधान दिये थे। यद्यपि अम्बेडकर नहीं रहे तो भी दलितों की शिक्षा के लिए उनके भागीरथ प्रयास से पूर्ण सफलता पायी फलत: अन्य सभी वर्गो और वर्णो की तरह ही दलितों की भी शिक्षा व्यवस्था की जाने लगी उन्हें प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक इतना ही नहीं प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्हें सामान्य वर्ग से कही अधिक सुविधाएं दी गई और उन्हे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का पथ प्रसस्त हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'मोहनदास नैमिशराय- डॉ अंबेडकर और मार्टिन लूथरकिंग का जीवन संघर्ष', आमेगा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2000
2. 'जगजीवन राम-भारत में जातिवाद एवं हरिजन समस्या', गौतम बुक पब्लिकेशन, दिल्ली, तृतीय संस्करण-2008
3. 'डॉ चंद्रभूषण पाठक-बोधा शिक्षा दर्शन एवं भीमराव अंबेडकर', सबलाईन पब्लिकेशन्स-जयपुर प्रथम संस्करण-2000
4. 'भारतीय समाज में दलित वर्ग एवं कमजोर वर्ग की स्थिति-संपादक डॉ0 झिनकू यादव, लेखक-शैलेन्द्र पानधरी', रमेश बुक डिपो, जयपुर, प्रथम संस्करण-2006
5. 'आर के मुखर्जी-एजुकेशन इन एशियन इंडिया', इंटरनैशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ, प्रथम संस्करण-2008
6. 'कंवल भारती-डॉ. अंबेडकर एक मूल्यांकन', किताब घर प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण-2003
7. 'दलित कारवां'-भारतीय दलित साहित्य अकादमी, दिल्ली, अंक-8, 2008
8. 'गांधी और अछूतों का उद्धार-डॉ भीमराव अंबेडकर', गौतम बुक पब्लिकेशन, दिल्ली, द्वितीय संस्करण-1945'

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

मध्यप्रदेश में आदिवासी विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन (संदर्भ: लाडली लक्ष्मी योजना झाबुआ जिले में विगत पांच वर्षों की उपलब्धियां)

डॉ. सुनील कुमार शर्मा * शशि सिसौदिया **

प्रस्तावना – भारतीय संविधान में सदियों से पीड़ित, शोषित व पिछड़े हुए लोगों, विशेष रूप से आदिवासी जनजातियों के विकास व उत्थान की समुचित व्यवस्था की गई है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात इस वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने व वर्गहीन, शोषणरहित– व भयमुक्त समाज की स्थापना के उददेश्य से देश में अनेकानेक योजनाएँ चलाई गई हैं। मध्य प्रदेश सरकार,को समाज के सर्वांगीण विकास हेतु प्रदेश में शैक्षणिक, आर्थिक व सामाजिक कार्यक्रमों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर संचलित किया जाना चाहिए। वर्तमान में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों के आर्थिक तथा सामाजिक उत्थान एवं चहुंमुखी विकास के लिये अनुसूचित जाति एवं जनजाति के गरीब सदस्यों का आर्थिक विकास एवं जीवनस्तर– सुधारने के लिये विभिन्न प्रकार की योजनाएँ तैयार करना तथा उनके क्रियान्वयन हेतु वित्तीय, प्रबन्धकीय एवं विपणन सहायता प्रदान करना है।

सामान्य परिचय : राज्य शासन दवारा बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर तथा आर्थिक स्तर में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से लाडली लक्ष्मी योजना संचालित की जा रही है। निकट की आंगनवाडी या जिला महिला बाल विकास कार्यालय से योजना का संचालन किया जाता है।

योजना का स्वरुप एवं कार्यक्षेत्र – यह योजना 1 जनवरी , 2006 के पश्चात् जन्म लेने वाली बलिकाओं के लिए है । जिसके माता – पिता ने दो जीवित बच्चों के रहते हुए परिवार नियोजन अपना लिया हो या बालिका परिवार की प्रथम संतान है तो सशर्त कि परिवार दवितीय संतान उपरांत परिवार नियोजन अपना लेगा इस योजना में उन हितग्राहियों का नाम दिया जा सकता है तथा जो आंगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत हो और आयकरदाता न हों । प्रदेश में बालिकाओं के शैक्षिणिक तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने एवं अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने हेतु बालिका भ्रूण हत्या रोकने और बालिकाओं के जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच लाने एवं बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से लाड़ली लक्ष्मी योजना आरंभ की गई है। योजना 1 जनवरी 2006 के उपरान्त जन्मी बालिकाओं के लिए योजना का लाभ कौन ले सकता है ऐसी बालिकाएं

1. जिनके माता पिता मध्य प्रदेश के मूल निवासी हों एवं आयकर दाता न हों ।
2. द्वितीय बालिका के प्रकरण में आवेदन करने से पूर्व माता या पिता ने परिवार नियोजन अपना लिया हो।
3. प्रथम प्रसव की प्रथम बालिका जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 के उपरान्त हुआ हो परन्तु द्वितीय प्रसव के उपरान्त परिवार नियोजन अपनाना अनिवार्य होगा।
4. हितग्राही की आंगनवाडी केन्द्र में उपस्थिति नियमित हो ।
5. जिस परिवार में अधिकतम दो सन्तान हों माता पिता की मृत्यू हो गई है एवं उस परिवार के लिये परिवार नियोजन की शर्त अनिवार्य नहीं होगी परन्तु माता अथवा पिता का मृत्यू प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।
6. जिस परिवार में प्रथम बालक अथवा बालिका है तथा दूसरे प्रसव पर दो जुड़वां बच्चियां जन्म लेती हैं तो दोनों जुड़वा बच्चियों को इस योजना का लाभ दिया जावेगा।
7. यदि परिवार ने अनाथ बालिका को गोद लिया हो तो उसे प्रथम बालिका मानते हुए योजना का लाभ दिया जावेगा।
8. माता पिता की मृत्यू की दशा में बच्ची की उम्र पांच साल होने तक भी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है ।
9. प्रथम प्रसूति के समय एक साथ तीन लड़कियां होने पर भी तीनों बच्चियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा ।
10. ऐसे अभिभावक जो बालिका के जन्म के 1 वर्ष के अन्दर आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाये हैं उन्हें यह सुविधा होगी कि आगामी 1 वर्ष की अवधि अर्थात बालिका के जन्म के 2 वर्ष के अन्दर अपील, संबंधित जिले के कलेक्टर को कर सकेगें । प्रकरण मान्य अमान्य करने के पूर्ण अधिकार कलेक्टर को होंगे ।

आवेदन कैसे और कहां करना होगा ;

1. योजना का लाभ लेने के लिये अपने गांव मोहल्ले के आंगनवाडी केन्द्र में संपर्क कर आवेदन करना होगा।
2. आवेदन पत्र के साथ निर्धारित समस्त दस्तावेज संलग्न कर देना होगा।
3. अनाथ बालिका की दशा में संबंधित अनाथालय अथवा संरक्षण गृह के अधीक्षक दवारा बालिका के अनाथालय में प्रवेश के 1 वर्ष के अंदर बालिका की आय 6 वर्ष होने के पूर्व संबंधित परियोजना अधिकारी को आवेदन करना होगा।

पंजीकरण कब तक :

*प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, बड़वाह, खरगोन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

1. प्रदेश की किसी भी आंगनवाडी केन्द्र में जन्म के 1 वर्ष के अन्दर अनिवार्यत: पंजीकरण करा लिया गया हो।
2. योजना में पंजीकरण के लिये माता पिता यां अभिभावक दवारा बालिका के जन्म 1 वर्ष के अंदर संबधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
3. ऐसी बालिकाएं जो अपने माता पिता की पहली संतान हैं एवं जिनका जन्म 31 मार्च 2008 के पूर्व हुआ है तो द्धितीय संतान के जन्म के 1 वर्ष के अंदर पंजीयन एवं आवेदन कराना आवश्यक होगा। राशि का प्रदाय प्रकरण स्वीकृति उपरांत हितग्राही के नाम पर लगातार 5 वर्षो तक रूपये 6000 रू. के राष्टीय बचत पत्र क्रय किये जायेगें तदोपरांत बालिका के कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने पर रूपये 2000 कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने पर रूपये 4000 कक्षा 11 वीं में प्रवेश लेने पर रूपये 7500 का एक मुश्त भुगतान किया जावेगा। बालिका की आयु 21 वर्ष होने पर तथा कक्षा 12 वीं परीक्षा में सम्मिलित होने पर शेष एक मुश्त राशि का भुगतान किया जावेगा किन्तु शर्त यह होगी कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु के पश्चात हुआ हो।

योजना का लाभ- इस योजना के तहत बालिका के पक्ष में प्रतिवर्ष 6000 रुपये लगातार पांच वर्षो तक कुल 30000 रुपये के एन एस सी क्रय किये जायेंगे। कक्षा छठवी में प्रवेश पर दो हजार रुपये, कक्षा ग्यारहवी में प्रवेश पर सात हजार पांच सौ रुपये तथा ग्यारहवी एवं बारहवी में पढ़ाई के समय दो वर्ष तक दो सौ रुपये प्रतिमाह दिए जायेंगे। बालिका के इक्कीस वर्ष की आय पूर्ण होने पर एवं अटठारह वर्ष के पूर्व विवाह न करने पर तथा बरहंवी कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने पर एकमुश्त राशि का भुगतान किया जावेगा। इस प्रकार भुगतान की गई राशि एक लाख रुपये से अधिक की होगी।

संपर्क -निकट की आंगनवाडी या जिला महिला बाल विकास कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

उपलब्धियाँ: वित्तीय वर्ष 2014-15 में जहाँ झाबुआ जिले में 4060 हितग्राही ने लाडली लक्ष्मी योजना में लाभान्वित होने हेतु पंजीयन करवाया वहीं वित्तीय वर्ष सत्र 2015-16 में सर्वाधिक 4973 2016-17 में 4632, 2017-18 में 4735 व 2018-19 में 3272 पंजीयन लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राहीयों की रही है जो इस बात कि सूचक है की बेटियों के जन्मदर में वृद्धि हुई है उपरोक्तानुसार वित्तीय मदद शासन द्वारा की गई है। स्वास्थ्य भौतिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से पूर्ण कुशलता की अवस्था है सबके लिए स्वास्थ्य का अर्थ यह सुनिश्चित करना है की सस्ती एवं उत्तम सेवाओं, सुरक्षित पेयजल तथा स्वच्छता प्रबंध, पर्याप्त पोषण हो जिसमें झाबुआ जिला काफी हद तक लाडली लक्ष्मी योजना की सुविधाएँ झाबुआ जिले के रहवाहियों को प्रदान करता आ रहा है।

तालिका क्र.1: लाडली लक्ष्मी योजना की झाबुआ जिले की वित्तीय वर्ष 2014-19 तक वर्षवार जानकारी

क्र.	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत प्रकरण	स्वीकृत राशी	हितग्राही
1	2014.15	4060	2,43,60,000	4060
2	2015.16	4973	2,98,38,000	4973
3	2016.17	4632	2,77,92,000	4632
4	2017.18	4735	2,84,10,000	4735
5	2018.19	3272	1,96,32,000	3272

ग्राफ क्र1: लाडली लक्ष्मी योजना की झाबुआ जिले की वित्तीय वर्ष 2014-19 तक वर्षवार जानकारी **(अगले पृष्ठ पर देखे)**

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पंचायतीराज,महात्मा गांधी, नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद
2. म.प्र.का आर्थिक विकास, बी.एस.राव, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमिक 1972
3. भारतीय ग्रामीण एवं नगरीय अर्थव्यवस्था, प्रो.नंदलाल भटनागर, रस्तोगी एण्ड कं.मेरठ1966
4. म.प्र. का भौगोलिक अध्ययन, अग्निहोत्री एंड अग्निहोत्री, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अमादमी
5. म.प्र. पंचायत अधि. 93, राधेष्याम द्विवेदी, सुविधाला बुक हाउस
6. भारतीय अर्थव्यवस्था, डा.अलकाघोष, दी वर्ल्ड प्रेस प्रगति, बम्बई
7. म.प्र. पंचायत अधिनियम 1982, शंकरलालदुबे
8. पंचायत राज, उपाध्याय विद्यासागर शर्मा
9. कृषि एवं ग्रामीण अर्थशास्त्र, वी.सी. सिन्हां एवं पुष्पासिंह, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद
10. भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था, के.जी.भटनागर, किशोर पब्लिकेशन हाउस, कानपुर
11. ग्रामीण भारत का आर्थिक विकास, जी.एल.खुल्ला, नैशनल प्रकाशन(1969)
12. शोध प्रविधि एवं क्षेत्रिय तकनिकी, बी.एम.जैन, रिसर्च पब्लिकेशन, नईदिल्ली
13. मध्यप्रदेश का भौगोलिक अध्ययन, प्रमील कुमार, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
14. अनुसंधान प्रक्रिया, डॉ. सावित्री सिन्हा, नेशनल पब्लिशिंग हाउस,नईदिल्ली
15. जनजातियों का सामाजिक आर्थिक उत्थान, डॉ. मंजूगुप्ता, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नईदिल्ली
16. रिसर्च मेथोडोलॉजी इन कामर्स, डॉ. त्रिवेदी आर.एन. एवं शुक्ल डी.पी.एस. मोहन, कॉलेज बुक डीपो, जयपुर, दीप एवं दीप पब्लिकेशन, नईदिल्ली

ग्राफ क्र 1: लाडली लक्ष्मी योजना की झाबुआ जिले की वित्तीय वर्ष 2014-19 तक वर्षवार जानकारी



	वित्तीय वर्ष 2014-15	वित्तीय वर्ष 2015-16	वित्तीय वर्ष 2016-17	वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2018-19
स्वीकृत राशि	24360000	29838000	27792000	28410000	19632000
हितग्राही	4060	4973	4632	4735	3272

****

कृषि विकास में लघु सिंचाई परियोजनाओं का योगदान (खण्डवा जिले के संदर्भ में)

हिरासिह जामोद *

शोध सारांश – लघु सिंचाई परियोजना के अंतर्गत 2000 हेक्टेयर से कम का कमांड एरिया होता है। अनुसूची साक्षात्कार का प्रयोग कर जिले के 50 गावों के 300 कृषक परिवारों का अध्ययन किया गया। खण्डवा जिले की 50 लघु सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े किसानों का अध्ययन किया गया। जिले में वर्ष 2017-18 में रबी सीजन में कुल 50 लघु सिंचाई परियोजनाओं से 6427 हेक्टेयर में सिंचाई की गई। लघु सिंचाई परियोजनाओं से सबसे अधिक 40.66 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों को लाभ प्राप्त हो रहा है।

जिले में लघु परियोजनाओं से सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि हुई जिससे उत्पादकता के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हुई। लघु सिंचाई परियोजनाओं में लगभग 68.0 प्रतिशत लघु एवं सीमांत किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ हो रहा है। लघु सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से मुख्य रूप से रबी की फसलों के लिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने से उत्पादन बढ़ा है। किसानों की आमदनी बढ़ने से उनकी व्यय प्रवृत्ति में वृद्धि हुई, जो शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य, एवं आवास जैसे क्षेत्र में होने से कृषको के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण सीमित वित्तीय संसाधनों तथा कम समय में पूर्ण हो जाता है और जिससे शीघ्र सिंचाई सुविधा प्राप्त होने लगती है। वहीं पर्यावरणीय क्षति भी वृहत परियोजनाओं के मुकाबले कम होती है। जिले में इन परियोजनाओं की 70 प्रतिशत नहरें कच्ची है, जिससे अधिकांश जल का अपव्यय होता है। किसानों सिंचाई हेतु समय पर जल उपलब्ध नही हो पाना, नहरो के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इन परियोजनाओं का जल स्तर वर्षा पर निर्भर करता है। लघु सिंचाई परियोजनाएँ भूमिगत जल स्तर बढ़ाने में सहायता करती है, जिससे यह पर्यावरण संरक्षण में सहायता करती है।

प्रस्तावना – कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि का सकल घरेलु उत्पाद में लगभग 14.5 प्रतिशत का योगदान है, और लगभग 70 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होता। भारतीय उद्योगों के लिए कच्चे माल का मुख्य स्त्रोत कृषि है। लेकिन भारतीय कृषि का अधिकांश भाग प्रकृति पर निर्भर होने के कारण इसे मानसून का जुआ भी कहा जाता है, क्योंकि हमारे देश की कृषि का बड़ा (वर्ष 2009-10 में 55 प्रतिशत) हिस्सा वर्षा जल पर आज भी निर्भर है। देश के आर्थिक विकास की कुंजी कृषि विकास में निहित है। कृषि का विकास सिंचाई पर निर्भर होता है। कृषि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले तत्वों में सिंचाई के साधनों का विशेष महत्व है। आजादी के समय हमारे देश में सिंचाई क्षमता 2.00 करोड़ हेक्टर थी। जो अब बढ़कर 2010-11 में 11.32 करोड़ हेक्टयर हो गयी है। भारत सरकार ने 'भारत निर्माण' कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए एक समयबद्ध योजना तैयार की है। जिसे जल संसाधन मंत्रालय एवं राज्य शासन के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें बड़ी मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं के द्वारा 1.00 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। भारत में कृषि सिंचाई के लिए विभिन्न साधनों का उपयोग किया जाता है जिसमें कुओं जलाशय अथवा नहरों ट्युबवेल आदि। वर्ष 1978-79 में सिंचाई परियोजनाओं का क्षेत्र के आधार पर वर्गीकरण किया गया जिसमे -बड़ी सिंचाई परियोजना 10000 हैक्टर से अधिक का कमांड एरिया। मध्यम सिंचाई परियोजना 10000 से 2000 हैक्टर तथा लघु सिंचाई परियोजना 2000 हैक्टर से कम का कमांड एरिया होता है।

खण्डवा जिले का कुल क्षेत्रफल 8307 वर्ग कि.मी. है। जिले की लगभग 75 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, और कृषि कार्य में संलग्न है। वर्ष 2009-10 में जिले की कुल कृषि रकबा में से बोया गया क्षेत्र 3,00,619 हेक्टेयर था। जिसका 45 प्रतिशत हिस्सा सिंचित क्षेत्र था। जिले में वर्ष 2016-17 के अनुसार कुल 50 लघु सिंचाई परियोजनाऐं क्रियान्वित है। जिनके द्वारा 6424 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित किया गया था।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन में निम्नलिखित उद्धेश्य है :

1. जिले में जल ग्रहण क्षेत्र स्थिति एवं उपयोग का अध्ययन करना।
2. पूर्वी निमाड़ में क्रियांवित एवं प्रस्तावित सिंचाई परियोजनाओं का मूल्यांकन करना।
3. पूर्वी निमाड के कृषि विकास में सिंचाई साधनों की भूमिका का अध्ययन।
4. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

परिकल्पना – प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित परिकल्पनाऐं उभरकर सामने आती है :

1. लघु सिंचाई परियोजनाऐं, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादन, आय एवं रोजगार के अवसर बढ़ाती है। जिससे छोटे कृषकों के जीवन स्तर में सुधार आता है।
2. सीमांत किसान सिंचाई के साधन नहीं जुटा पा रहें है। वही दुसरी ओर अत्यधिक सिंचाई एवं जल वितरण की अपर्याप्त व्यवस्था खेती की खराब विधियों के कारण लवणता तथा बहुमूल्य जैव संसाधन के नष्ट होने की समस्याएँ पैदा हो रही है।

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, हरसूद, जिला खण्डवा (म.प्र.) भारत

3. जनसंख्या में तेजी से विस्तार के कारण निरंतर कम हो रही पानी की उपलब्धता पर अधिकाधिक दबाव पड़ रहा है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता कम हो रही है। इसलिए हाल ही के वर्षो में सिंचाई जल का प्रबंध मुख्य चुनौति बन गया

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन में विश्लेषणात्मक विधि को अपनाकर, निष्कर्षो को प्रतिशत में प्रस्तुत किया है।

1. **प्राथमिक स्त्रोत–** साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग कर, जिले के 6 विकासखण्डों में प्रत्येक विकास खण्ड से 10 गांव अर्थात कुल 60 गावों का चयन किया गया। जिसमें प्रत्येक गांव से 5 कृषकों का चयन किया गया इस प्रकार कुल 300 कृषकों का सर्वेक्षण कर संमकों का संकलन किया गया।

2. **द्वितीयक स्त्रोत–** इस स्त्रोत के अंतर्गत रिकार्ड प्रकाशित आंकडें, पत्र पत्रिकाओं की रिपोर्ट वार्षिक प्रतिवेदन एवं सांख्यिकी आंकडें शोध अध्ययन में शामिल किये गयें है। मध्यप्रदेश एवं खण्डवा जिलें में स्थित सिंचाई परियोजनाओं के मुख्यालयों एवं कृषि विभाग के विभागीय पोर्टल से प्राप्त किये गयें।

निदर्शन – प्रस्तुत अध्ययन में मध्यप्रदेश के खण्डवा जिले में स्थित लघु सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े कुल कृषक 300 कृषक परिवारों का चयन किया गया।

जिले में लघु सिंचाई परियोजनाओं द्वारा वर्षवार सिंचित क्षेत्रफल, तालिका–1

वर्ष	लघु परियोजनाओं के द्वारा सिंचित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	वृद्धि सिंचित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	वृद्धि (प्रतिशत में)
2009-10	1759	-	-
2010-11	2465	706	40.14
2011-12	3727	1262	51.20
2012-13	4729	1002	26.88
2013-14	5651	922	19.50
2014-15	6149	498	8.81
2015-16	6253	104	1.70
2016-17	6424	170	2.40
2017-18	6427	3	0.05

स्त्रौत – जल संसाधन विभाग खण्डवा।

खण्डवा जिले में लघु सिंचाई परियोजनाओं द्वारा कुल की गई सिंचाई वर्ष वार उपरोक्त तालिका में दी गई है। वर्ष 2009-10 में 1759 हेक्टेयर, वर्ष 2010-11 में 40.14 प्रतिशत, बढ़कर 2465 हेक्टेयर हो गया। वर्ष 2017-18 में 6427 हेक्टेयर हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना से अधिक कमाण्ड एरिया सिंचाई के लिए विकसित किया गया। इस प्रकार जिले में लघु सिंचाई परियोजनाओं से निरंतर सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि की गई है।

चित्र–1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डवा जिले में सबसे अधिक 40.66 प्रतिशत जनजातीय वर्ग के कृषको लघु परियोजनाओं से सिंचाई का लाभ प्राप्त हो रहा है। उसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग 31.34 प्रतिशत, 15.14 प्रतिशत, और सबसे कम अनुसूचित जाति के किसानों का इसका लाभ मिल रहा है।

खण्डवा जिले में गेंहु का क्षेत्रफल कुल उत्पादन एवं उत्पादकता की स्थिति,

तालिका–1

वर्ष	क्षेत्रफल (हजार हेक्ट. में)	कुल उत्पादन (हजार मि.टन)	उत्पादकता (कि.ग्रा./ प्रति हेक्टेयर मे)
2011-12	10.600	28.100	2572
2012-13	11.100	31.800	2872
2013-14	117.500	276.100	2349
2014-15	44.000	132.000	3000
2015-16	118.800	273.002	2298

Source: - Commissioner Land Records, M.P. Gwalior

जिलें में वर्ष 2011-12 से लगातार गेहुॅं के क्षेत्रफल वृद्धि हुई वही उत्पादकता में लगातार वृद्धि हुई किन्तु वर्ष 2015-16 में 702 किलोग्राम की कमी आयी है। खण्डवा जिलें में वर्ष 2011-12 में गेहुॅं का कुल उत्पादन 28.1 हजार मि.टन था। जो बढ़कर वर्ष 2012-13 में 31.8 हजार मि.टन, वर्ष 2013-14 में 276.1 हजार मि.टन, वर्ष 2014-15 में घटकर 132.0 मि.टन तथा वर्ष 2015-16 में यह 273.0 हजार मि.टन हो गया।

खण्डवा जिले क प्रति प्रतिव्यक्ति आय (2004-05 की स्थिर कीमतों पर)

चित्र–2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

खण्डवा जिले की प्रति व्यक्ति आय, वर्ष 2008-09 में 15800 थी, जो 2009-10 में बढ़कर 16602 हो गई। वर्ष 2010-11 में 17635 हो गई थी, वर्ष 2011-12 में 19884 हो गई। वर्ष 2012-13 में प्रतिव्यक्ति आय 22129 रूपयें (2004-05 की स्थिर कीमतों पर) हो गई थी। जिले की प्रतिव्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे यह बात सिद्ध होती है कि जिलें में किसानों के जीवन स्तर में भी सुधार हुआ है।

लघु सिंचाई परियोजनाओं से संबंधित प्रमुख समस्याऍं :

1. लघु सिंचाई परियोजनाओं का जिलें में नियोजित तरीके से क्रियान्वयन नही हो पाया है।
2. सिंचाई लक्ष्यों की पूर्ति नही हो पाती है। तथा वास्तविक सिंचाई समय पर उपलब्ध नही हो पाती है।
3. लघु सिंचाई परियोजनाऍं मानसून पर निर्भर है क्योंकि इनमें जल तभी भरता है जब अच्छी वर्षा होती है।
4. लघु सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में घाटा के पश्चात सिंचाई हेतु पर्याप्त उपयोगी नही साबित हो पा रहें।
5. जल वितरण की मात्रा पर्याप्त व्यवस्था नही है।
6. समय का अपव्यय होता है क्योंकि किसान घंटों जल का इंतजार करता रहता है।
7. फसल का नष्ट होना जाती है नियमित जलापूर्ति न होने से सीमांत एवं लघु कृषकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।
8. भोगोलिक समस्या भी जिसमें खेतों से नहरों की अधिक दुरी मुख्य कारण मौजूद है।
9. तालाबों की जल संग्रहण क्षमता सीमित है।
10. कृषकों में जागरूकता का अभाव एक प्रमुख समस्या है।
11. परियोजनाओं के निर्माण में अत्यधिक विलंब भी होता है।

12. परियोजनाओ के निर्माण के लिए वित्तीय संसाधनों का अभाव पाया जाता है।
13. नहरों से सिंचाई करने पर जल का अत्यधिक विदोहन होता है।
14. कुल जलाशयों का व नहरों का निर्माण कार्य स्तरहीन है।

लघु सिंचाई परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव– उपरोक्त समस्याओं के निराकरण हेतु क्रियात्मक मौलिक सुझाव निम्नलिखित है :

1. सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण करतें समय रूपांकित सिंचाई क्षमता में वास्तविक समंकों के आधार पर परियोजना का डिजाईन किया जावे, क्योंकि रबी मौसम में ही सिंचाई हेतु जल की आवश्यकता होती है।
2. जिले में लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण प्राथमिकता के आधार उन क्षेत्रों में किया जाय जहां पर सिंचाई साधनों की प्रमुख रूप से आवश्यकता है तथा परियोजनाओ का निर्माण ऐसा हो जो स्थानीय सिंचाई आवश्यकताओं के अनुरूप हो।
3. रबी के मौसम में किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध हो सकें इसके लिए आवश्यक है कि प्रशासनिक पारदर्शिता लाकर कृषकों से सलाह लेकर जल वितरण व्यवस्था में सुधार लाया जाय ताकि किसानों की फसलों को सिंचाई आवश्यकता के समय जल उपलब्ध हो सकें।
4. लघु सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत बने जलाश्य एवं छोटे बांधों में वर्षा ऋतु के दौरान तेज प्रवाह से उनमें गाद (रेत, मिट्टी) जमा हो जाती है जिसके कारण उसकी गहराई कम हो जातीं।
5. जिले में बारह माह बहने वाली नदी नर्मदा के अलावा नही है। भूमि के पठारी एवं बंजरी होने से जल बह निकलता है। उनका भूमि में जलभरण नही होता है जबकि मानसून में पर्याप्त वर्षा होती है। विभिन्न नदी नालों पर छोटे–छोटे बांध एवं तालाबों का निर्माण वर्षा के जल को बहने से रोका जा सकता है। वर्षा जल को एकत्रित कर रबी के मौसम में सिंचाई की जाकें इसके लिए जरूरी है कृषकों के सहयोग से बेहतर जल प्रबंधन किया जाय।
6. बांध द्वारा नहरों से छोड़े जाने वाले जल की मात्रा एवं समय का पूर्व निर्धारण कर किसानों को सूचित किया जावे जिससे पानी के इंतजार में होने वाले समय का सदुपयोग कर सकें तथा किसानों का विश्वास प्राप्त कर सके ।
7. जल वितरण व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को दुर करने के लिए विभागीय कर्मचारियों के साथ ही किसानों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिए। विभागीय कर्मचारियों एवं किसानों के साथ बेहतर तालमेल एवं सामजस्य बनाने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।
8. जल वितरण व्यवस्था में संपन्न किसानों के दखल को दुर करने के लिए सीमान्त एवं लघु किसानों को जल वितरण समिति में शामिल किया जावे।
9. लघु सिंचाई परियोजनाओं से नहरों के माध्यम से पानी लेने वाले कृषकों को नहरों की साफ–सफाई एवं निर्माण में भागीदारी देने के प्रयास किये जाने चाहिए।
10. नहरों को पक्का किया जाना चाहिए यह सरकार एवं किसानों के सहयोग के संभव नही इसलिए इसमें किसानों का सहयोग लिया जाना चाहिए। साथ ही नहरों से होने वाले पानी के रिसाव को रोका जा सकें।
11. उपलब्ध जल संसाधनों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित किया सकें। जिसके लिए शासन को जल संसाधन विभाग के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं जल के महत्व एवं उसके कुशल उपयोग के संबंध में जन साधारण में जागरूकता लाने के प्रयास किये जाने चाहिए।
12. जहां कही भी जल एवं विद्युत पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है वहा भिन्न भिन्न व्यक्तियों तथा समुदाय के सावामित्व वाली लघु सिंचाई परियोजनाओं को बढ़वा दिया जाना चाहिए।
13. लघु सिंचाइ परियोजनाएँ सरकार के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है सिंचाई परियोजनाओं के घाटे को कम करने के लिए सिंचाई दरो में वृद्धि कर बकाया राशि वसूल कर पूरा किया जावें।
14. पानी कमी वाले तथा सुखा प्रवृत क्षेत्रों में पानी की बचत करने के लिए छिड़काव टपक सिंचाई प्रणाली लगाने के काम को प्राथमिकता दी जावे।

उपरोक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि जिलें लघु सिंचाई परियोजनाओं से क्षेत्र में सिंचाई रकबा बढ़ा है जिससे कृषकों को खेती से प्राप्त होने वाली आय के साथ साथ रोजगार भी स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पंत,के.सी., कृषि नियोजन: इक्कीसवी सदी की चुनौतियॉ एवं अवसर, कपिला राज एवं उमा, 2005, भारतीय अर्थनीति, साहित्य प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ–135।
2. दत्त,आर.एवं सुंदरम 2004, भारतीय अर्थव्यवस्था, एस.चन्द प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ.439।
3. योजना आयोग, भारत सरकार, 12वीं पंचवर्षीय योजना(2012–2017) नई दिल्ली, संस्करण1 एनेक्सयु 5.1 पृष्ठ.181.
4. पाटनी, आर.एल. 2001, कृषि अर्थशास्त्र, संजीव प्रकाशन मेरठ, उ.प्र. पृष्ठ.107।
5. पूरी वी.के. एण्ड मिश्र एस.के. 2014, भारतीय अर्थव्यवस्था, हिमालया पब्लिशिंग, नई दिल्ली, पृष्ठ 311.
6. वैद्यनाथन ए., इरिगेशन, इन कौशिक बसु (एडी.) दि न्यू अक्सफोर्ड कम्पानियन टू इकोनॉमिक्स इन इण्डिया, नई दिल्ली, 2012 संस्करण–2 पृष्ठ 421
7. ओझा, अपूर्वा इरिगेशन,उपलब्धियां एवं चुनौतियॉ, भारतीय अद्योसंरचना रिपोर्ट 2007, नई दिल्ली, 2007, पृष्ठ 188.
8. विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश 2015.16
9. इकॉनामिक एण्ड पॉलिटीकल विकली वालुम 1, 46 और 53।
10. भारत सरकार की रिपोर्ट (state of indian agriculture report 2011-12)
11. भारत 2008 प्रकाशन विभाग सूचना एवं प्रसारण मत्रालय नई दिल्ली पृ.408.
12. जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन 2015.16
13. भारत सरकार, राष्ट्रीय कृषि नीति 2000, नई दिल्ली, पृष्ठ 2.।
14. मध्यप्रदेश सरकार का पोर्टल, विजन डाक्यूमेंट1018,
15. एन.आय.सी, डिस्ट्रीक पोर्टल खण्डवा।

चित्र–1



स्त्रौत– सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी अनुसार।

चित्र–2



Source: - Commissioner Land Records, M.P. Gwalior

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Application of Fuzzy Clustering into Real World problem

Shilpi Singh*

Abstract - Generally, In hospital it has seen that many patients came effected by same disease but different characteristic. So we admit all patients into different wards using fuzzy clustering. It is common way to allocate patients from certain diseases into different ward based on their completely inspection. A new approach for this allocation activity is proposed in my work. This proposed approach, which applies the fuzzy clustering algorithm, is based on each patient's symptoms of his/her disease.

Utilizing this method, patients with similar symptoms are admitted into the same ward. On the other hand, patients with slightly different symptoms of diseases will be in different ward. This approach proposed in this work for patient allocation is expected to improve the effectiveness of daily inspection process.

Introduction - There is unique and interesting phenomenon to be observed that usually happens in hospital daily: allocation of patients into wards.

Consider approximately 20 patients of fever come in a day in S.N. Medical college Agra and cold and headache is relative symptoms among all patients. These patients are allocated in 5 wards says ward 1, ward 2, ward 3, ward 4 and ward 5.

Now in our mind there are many questions related to above phenomenon. There are four major potential research questions that need to be answered.

Q.1 Does this common method of allocating patients to wards need to be changed?
Q.2 What are the reason(s) if such a change is needed?
Q.3 How can it be changed, if such a change is needed?
Q.4 What are the factors to be considered if the doctors decide to make such a change?

Inspection Activity - The issues of inspection are discussed in almost every agenda. Improving in inspection activity is a compulsory task of all hospital, company, educational institute etc. However inspection is still considered an enigmatic concept [1]. The word enigmatic is defined as follows: Something that is enigmatic is mysterious, puzzling, not obvious and difficult to understand [2].

The concept of inspection activity is also enigmatic. It seems that Doctors agree that inspection activity is a worthy undertaking. However there is no such agreement on the definition of inspection and how to measure it [3].

My inspection component involves two components:
1. Doctor 2. Patients

Patients are unique individuals: they differ from each other .As such each patient's level of disease for body pain will be unique as well.

Ideally the inspection activity demands the availability of one Doctor for one student per disease. Of course, such a demand is financially unfeasible especially for S.N.Medical College, Agra or any other hospital in India. Thus a compromise solution, which is still based on inspection activity, must be offered.

Effort to establish inspection activity - An inspection activity can be established if serious attention is given to the allocation of patients into wards. Mathematically, the process of allocating patients into wards is called clustering and the ward obtained is called a cluster. Clustering of 20 patients for fever, by definition is based on patient's level of condition and other relative diseases are headache and cold .

How are the patient's levels of condition for disease measured? It can be obtained by giving some grade to each patient. I divided the patient group into eleven categories i.e.

Table 1: Grade and score

Grade	Score
A	4.00
A^-	3.70
B^+	3.30
B	3.00
B^-	2.70
C^+	2.30
C	2.00
C^-	1.70
D^+	1.30
D	1.00
E	0.00

Scores are the sole input for clustering. Successful clustering results in cluster of patients with similar condition level.

Thus clustering patients based on their condition level of disease is the answer to the third potential research

*Assistant Professor (Mathematics) Govt. Degree College, Shivrajpur, Kanpur (U.P.) INDIA

question , the mechanism of which will be discussed in further below.

The mechanism of fuzzy clustering - As an illustration , a result from a small study of 20 patients related to body pain in Orthopedic Dept. in S.N. medical college, Agra is presented. As stated before body pain, cough, fever, bone-pain, headache etc. are symptoms of diseases. Total 20 patients grade of their disease, as presented in Table 1 are their attributes.It is known from Table 1 that the attribute for the 6th patients is presented as vector X_6 , where

$$X_6 = \begin{bmatrix} 2.3 \\ 1 \end{bmatrix} \quad \ldots(1)$$

This means that the respective patient received C^+ for headache; and D for cold.

X_i denotes the attribute of i^{th} patient, I column denotes level of headache ,

II column denotes level of cold,

X_i	Level for headache	Level for cold
X_1	2	1.3
X_2	1	1.7
X_3	1	1.7
X_4	2	1.7
X_5	2.3	1.7
X_6	2.3	1
X_7	1	2
X_8	2.3	1
X_9	2.7	1
X_{10}	2	2.3
X_{11}	2	1.7
X_{12}	2.7	2.7
X_{13}	3	2.7
X_{14}	2.3	3.3
X_{15}	3.3	2.3
X_{16}	2.3	3.7
X_{17}	2.7	1
X_{18}	2	1
X_{19}	3.7	1
X_{20}	1.7	3.3

Table2: Attributes of 20 patients based on their grade achieved for different symptoms

The *fuzzy clustering* technique, first introduced by James C.Bezdek [4] in 1973, is used here to allocate these 20 attribute vectors X_1, X_2, …, X_{20} into three wards or clusters.

The fuzzy clustering approach is generally able to find the lowest known Jm value or a Jm associated with a partition very similar to that associated with the lowest Jm value. On data sets with several local extreme, the fuzzy clustering approach always avoids the less desirable solutions.

SUBTRACTIVE CLUSTERING - The subtractive clustering method assumes each data point is a potential cluster center and calculates a measure of the likelihood that each data point would define the cluster center, based on the density of surrounding data points.

The subtractive clustering method [8] is an extension of the mountain clustering method proposed by R. Yager [9].

However, the iterative search is used to optimize the least square error from the model being generated and the test model. After that, the number of clusters is taken to the Fuzzy C-Means Algorithm.

Fuzzy C-Means (FCM) is a method of clustering which allows one piece of data to belong to two or more clusters. This method is frequently used in pattern recognition. It is based on minimization of the following objective function:

$$J_m = \sum_{K=1}^{N} \sum_{i=1}^{c} u_{ki}^{m} \left\| x_k - v_i \right\|^2$$

Where *m* is any real number greater than 1, it was set to 2.00 by Bezdek.

Therefore, the component value of vectors **Ui** and **vi** are obtained by solving the fuzzy clustering problem, which is basically a constrained optimization problem in the form as follows:

$$J_2 = \sum_{K=1}^{N} \sum_{i=1}^{c} u_{ki}^{2} \left\| x_k - v_i \right\|^2 \quad \ldots\ldots (4)$$

Subject to :

$$\sum_{i=1}^{c} u_{ki} = 1 \quad \forall\, k = 1, 2, \ldots, n \quad \ldots(5)$$

$$\sum_{k=1}^{n} u_{ki} \geq 0 \quad \forall\, i = 1, 2, \ldots, c \quad \ldots(6)$$

u_{ki} is the degree of membership of x_k in the cluster *i*; x_k is the k^{th} of d-dimensional measured data ; v_i is the d-dimension center of the cluster and ||*|| is any norm expressing the similarity between any measured data and the center.

Fuzzy partitioning is carried out through an iterative optimization of the objective function shown above, with the update of membership and the cluster centers by:

$$u_{ki} = \frac{1}{\sum_{m=1}^{c} \left(\frac{\left\| x_k - v_i \right\|}{\left\| x_k - v_m \right\|} \right)^2}$$

$$v_i = \frac{\sum_{k=1}^{n} u_{ki}^{2} . x_k}{\sum_{k=1}^{n} u_{ki}^{2}}$$

This iteration will stop when

$$\max_{ki} \{|u_{ki}(l+1) - u_{ki}(l)|\} \prec \in$$

Where $\in$ is a termination criterion between 0 and 1 and l are the iteration steps.

Results - Bezdek has developed an algorithm, called the *Fuzzy C-means Algorithm* (FCM), to solve the fuzzy clustering problem ([4] in [5]). The application of the FCM [10] algorithm is illustrated by a case described as data in Table 1. Table 2 gives the value of the elements of vector $\mathbf{U}_i$ (i = 1,2,3,4,5). As an illustration, the values in the 6th row of Table 2 can be interpreted as:

$$u_{61} = 0.8675 \quad u_{62} = 0.0345 \quad u_{63} = 0.0220 \quad u_{64} = 0.0081$$

$$u_{65} = 0.0680$$

From those three values, the 6th patient is the most suitable to be in ward or *cluster* 1 (or ward 1), since he/she has the highest degree of membership to this ward or *cluster* compared to the other four. By the same interpretation, the following ward allocation was obtained for patients of fever as follows:

- The first class or ward 1 consists of patient numbers 1, 6, 8, 9, 17 and 18.
- The second class or ward 2 consists of patient numbers 13, 15 and 19.
- The third class or ward 3 consists of patient number 2, 3 and 7.
- The forth class or ward 4 consists of patient numbers 12, 14, 16 and 20.
- The fifth class or ward 5 consists of patient number 4, 5, 10 and 11.

Table 2: The patient's degree of membership to five clusters (or five wards)

Patient	Cluster 1	Cluster 2	Cluster 3	Cluster 4	Cluster 5
1	0.6712	0.0400	0.0513	0.0117	0.2258
2	0.0464	0.0181	0.8549	0.0130	0.0675
3	0.0464	0.0181	0.8549	0.0130	0.0675
4	0.0253	0.0111	0.0157	0.0035	0.9443
5	0.1059	0.0982	0.0410	0.0180	0.7369
6	0.8675	0.0345	0.0220	0.0081	0.0680
7	0.0128	0.0067	0.9509	0.0057	0.0239
8	0.8675	0.0345	0.0220	0.0081	0.0680
9	0.5060	0.2063	0.0626	0.0348	0.1903
10	0.0827	0.1192	0.1654	0.0811	0.5516
11	0.0253	0.0111	0.0157	0.0035	0.9443
12	0.0633	0.3082	0.0700	0.3917	0.1668
13	0.0609	0.3973	0.0573	0.3526	0.1319
14	0.0224	0.0505	0.0378	0.8379	0.0513
15	0.0486	0.7414	0.0329	0.0922	0.0849
16	0.0235	0.0477	0.0391	0.8430	0.0467
17	0.5060	0.2063	0.0626	0.0348	0.1903
18	0.9878	0.0022	0.0027	0.0007	0.0066
19	0.2224	0.4353	0.0810	0.0855	0.1758
20	0.0764	0.1151	0.1932	0.4416	0.1736

What have not thus far been discussed are the differences of patient' levels of condition in the relative symptoms for fever among those five wards or clusters. The answer to this question is given implicitly by interpreting the values of vector V_t(i =1, 2, 3, 4 and 5), as presented in Table 3.

Table 3: The cluster center vectors for the five clusters

V_1	V_2	V_3	V_4	V_5
2.0644	3.0123	1.1603	2.6551	2.0452
1.0140	1.9454	1.9478	3.4230	1.8034

As an example, the interpretations of the values in the 1st column of Table 5 are as follows:

- V_{11}=2.0644, the (weighted) average of the condition level for headache ;
- V_{21}=1.0140, the (weighted) average of the condition level for cold.

$$v_{11} = 2.0644 \quad v_{12} = 3.0123 \quad v_{13} = 1.1603 \quad v_{14} = 2.6551$$

$$v_{15} = 2.0452$$

From those five values, it can be concluded that the highest condition level for the first symptom headache for disease fever, is achieved by patients of ward 2, followed by wards 4, 1, 5 and 3. The same order applies for the other symptom cold. This information is important for the Medical Department on inspection suitable treatment for patients.

Discussion - The fuzzy clustering algorithm can be successfully utilized to allocate the 20 patients into clusters. The Fukuyama and Sugeno's *fuzzy cluster validity index* has succeeded in determining the optimal number of clusters.

The correlation coefficient between the values in the first and the second row of Table 3 is 0.3349. This low value indicates that there is no significant relationship between fever patients condition for headache and cold.

Conclusion - If there is a need for the clusters generated by the fuzzy clustering algorithm to contain approximately the same number of patients, then this algorithm needs to be modified. Such a modification can be accomplished by performing a minor modification to the stopping rule of Step 4 of Bezdek's algorithm.

References :-

1. **Sallis, E. (1993);** "Total Quality Management in Education. London".Kogan Page.
2. **Collins COBUILD English Language Dictionary(1994);** London: HarperCollins.
3. **Ibrahim, A.(1999);** "Current issues in engineering education quality". Global J. of Engng. Educ.,Vol. 3, Issue 3, pp. 301-305.
4. **Bezdek, J.C.(1973);** "Fuzzy Mathematics in Pattern Recognition", Ph.D. Thesis, Cornell University.
5. **Bezdek, J.C.(1981);** "Pattern Recognition with Fuzzy Objective Function Algorithms". New York: Plenum Press.
6. **Chiu S.(1994) ;** "Fuzzy model identification based on cluster estimation", J of I & Fs,Vol. 2, pp. 267–78.

7. **Susanto, S.,Suharto, P. and Sukapto, P.(2002);** "Using the fuzzy clustering algorithm for the allocation of students",Vol.1,Issue 2,pp. 245-248.

8. **Yager, R. and D. Filev(1994);** "Generation of Fuzzy Rules by Mountain Clustering". Journal of Intelligent & Fuzzy Systems,Vol.2 ,Issue 3,pp. 209-219

9. **Sani Susanto, Ernawati and Pandian Vasant(2006);** "Students' allocation using fuzzy clustering algorithms and Fukuyama and Sugeno's fuzzy cluster validity index". World Trans. on Eng. and Tech. Educ., Vol.5, Issue 1.

10. **Richard J. Hathaway,James C. Bezdek(1986);** "Local convergence of the fuzzy c-Means algorithms", Vol.19, Issue 6, pp. 477-480.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

अकबर के राजत्व का आदर्श और समन्वयवादी नीति की पृष्ठभूमि

प्रताप कुमार पाण्डेय* डॉ. रामरतन साहू **

शोध सारांश – अपने सिंहासनारोहण के कुछ ही वर्षों में अकबर ने यह समझ लिया कि पूर्ववर्ती मजहबी राज्य भारत में ज़बरदस्ती थोपा नहीं जा सकता। राजत्व के उच्च मानदण्डों पर साम्राज्य की स्थापना के लिये यह आवश्यक है कि भारत के हिन्दू और मुस्लिम दोनों प्रमुख धर्मों में समन्वय की भावना को विकसित कर राजनीतिक रूप से सशक्त बना जाए। राजपूतों की स्वामी भक्ति और अदम्य शौर्य को अपना सहयोगी बनाते हुए अपने राजत्व को प्रजा मात्र के हित व कल्याण में नियोजित किया जाए। इससे जहां असंतुष्ट हिन्दू समर्थन में आकर सहायक बनेंगे वहीं मुस्लिम विद्रोहों को दबाने में भी उनका सहयोग लिया जा सकेगा। बादशाह की छवि को सशक्त कर प्रजा हित को वरियता दी जा सकेगी। अकबर निरंकुश होते हुए भी जनकल्याणकारी प्रवृत्ति का था। उसने राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, साहित्यिक आदि सभी क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने का प्रयत्न किया। वह एक उत्कृष्ट शासक था। उसका राज्य एक ऐसा राज्य था जो एक संस्कृति, एक परम्परा और एक राष्ट्रीय राज्य के सिद्धांत पर क्रियाशील होने को उन्मुख था।
शब्द कुंजी – राजत्व, समन्वयवाद, सुलह-ए-कुल, दीन-ए-इलाही, वैश्विक पुनर्जागरण, दैवीय उत्पत्ति का सिद्धांत, लोककल्याणकारी राज्य, धर्म निरपेक्षता, मनसबदारी, भावनात्मक संरक्षण।

प्रस्तावना – मुगलकाल के प्रारंभिक शासक बाबर और हुमायूँ निरंतर युद्धों में उलझे रहे। अत: उन्हें राजत्व को उच्च मानदण्डों पर स्थापित करने पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाया। अकबर का शासनकाल इस्लामिक सिद्धांतों का स्थापनाकाल न होकर राष्ट्रीयता की विचारधारा से प्रभावित था। अकबर ने यह भली प्रकार अनुभव कर लिया था कि हिन्दुओं के सक्रिय सहयोग के बिना भारत में स्थायी मुस्लिम शासन की स्थापना संभव नहीं है। उसने राजनीतिक एवं धार्मिक नीतियों में अपने उदारता का प्रदर्शन किया। उसके उदार शासनकाल में मुल्ला-मौलवी और उलेमा लोगों का प्रभाव नगण्य रह गया था। 1575 ई. में इबादतखाने की स्थापना से उसका दृष्टिकोण अधिक व्यापक और अधिक समन्वयवादी हो गया था तथा 1582 में दीन-ए-इलाही के प्रवर्तन के बाद अकबर स्वयं ही धर्म एवं राजनीति दोनों में प्रधान बन गया था। उसने उलेमाओं के अधिकारों पर भी अतिक्रमण कर लिया था।

राजत्व का उच्च आदर्श – 'राजपद ईश्वर का एक उपहार है और यह तब तक प्रदान नहीं किया जाता जब तक कि एक व्यक्ति में हजारों महान गुणों और विशेषताओं का समन्वय न हो जाये। इस महान पद के लिये जाति, धन-सम्पत्ति तथा लोगों की भीड़-भाड़ ही काफी नहीं है। ...... जब तक कि वह सर्वजनीन शान्ति और सहिष्णुता स्थापित न करें।'

– अबुल फजल (1)

अबुल फजल ने इस सिद्धान्त में यह बात सिद्ध करने की चेष्टा की है कि राजा एक सामान्य मानव से कहीं अधिक बढ़कर है, वह पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि है, ईश्वर का रूप है (जिल्ले-इलाही), और उसे एक सामान्य व्यक्ति की अपेक्षा बुद्धि-विवेक का ईश्वरीय वरदान अधिक मात्रा में प्राप्त है। अकबर इस सिद्धान्त पर विश्वास करता था। उसका विचार था कि – 'राजाओं का दर्शन मात्र ही ईश्वर भक्ति का अंग माना गया है। इन्हें समुचित ईश्वर के रूप में जिल्ले इलाही कहकर पुकारा गया है और इसका दर्शन-लाभ दिल में ईश्वर की याद जगाने का साधन है।'(2)

राजत्व के इस दैवी-उद्गम सिद्धान्त को जनता के एक विशाल वर्ग ने स्वीकार किया था। अकबर का यह सिद्धान्त फारस के शाह अब्बास को उसके द्वारा लिखे गये पत्र की इन पंक्तियों से और भी अधिक स्पष्ट हो जाता है – 'प्रत्येक धर्म में विश्वास के साथ ईश्वरीय दया सन्नद्ध है और व्यक्ति को सबके साथ शान्ति (सुलह-ए-कुल) की सदाबहार पुष्प वाटिका में लाने की महती चेष्टा करनी चाहिये। सम्पूर्ण इतिहास में बहुत कम शासकों का ऐसा उच्चतम आदर्श रहा है महान अशोक की ही भांति अकबर ने लोक कल्याणकारी राज्य का आदर्श अपनाया और लोगों के हित के अनेकानेक कार्य किये। उसने अपनी प्रजा के भौतिक सुख और समृद्धि की वृद्धि के लिये ही नहीं अपितु उसकी नैतिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिये भी, उसके इहलौकिक ही नहीं अपितु पारलौकिक सुख और शांति के लिये भी अनूठे कार्य किये। उसने प्रजा पर आतंक और सैन्य बल से सल्तनत कालीन शासन नहीं किया अपितु स्नेह, प्रेम और वात्सल्य से भावनात्मक पोषण व संरक्षण भी देने का प्रयत्न किया।'

लोककल्याणकारी राज्य – अकबर अपने आपको प्रजा का पिता अनुभव करता था और उसके चहुंमुखी हित के लिये सदैव प्रस्तुत रहता था। इससे पूर्व भारतीय इतिहास के सर्वाधिक महिमामय सम्राट अशोक महान ने भी इन्हीं सिद्धांतों का अनुसरण किया था। इस दृष्टि से अकबर, अशोक महान का पश्चगामी प्रतीत होता है। अशोक महान का मानना था– 'सर्व लोकहित से बढ़कर किसी का कोई भी दूसरा कर्तव्य नहीं है। सभी मनुष्य मेरी संताने हैं, जिस प्रकार मैं चाहता हूं कि मेरी संतति इस लोक और परलोक में सब प्रकार की समृद्धि और सुख भोगे, ठीक उसी प्रकार मैं अपनी प्रजा की सुख-समृद्धि की कामना करता हूं।'(3) अकबर ने एक सुसंगठित साम्राज्य की स्थापना की थी किन्तु उसके प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु लोककल्याण की भावना थी। अकबर की महानता का आधार उसका लोककल्याण, समस्त प्रजा के पालन की आकांक्षा, नैतिक गुणों की प्रधानता उसके विजयों से

* शोधार्थी (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

कहीं अधिक है। जिस प्रकार अशोक महान को उसके प्रजा के कल्याण की अदम्य भावना और प्राणिमात्र के प्रति सेवा की भावना के कारण उसे महान कहा गया है। अकबर में भी ये गुण बहुत अर्थो में विद्यमान थे। उसने हिन्दुओं को अपनी प्रजा समझा और अपनी मुसलमान प्रजा समान उसकी सुख-समृद्धि के लिये कार्य किया। उसने साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी समन्वय का कार्य किया।

के.टी. शाह का कथन सत्य ही है कि 'मुगलों में अकबर सबसे बड़ा था और महान मौर्य शासकों को छोड़कर सम्भवत: पिछले 1000 वर्षो में होने वाले भारतीय शासकों में भी वह सबसे महान था।'(4)

राजत्व की प्रतिष्ठा व धार्मिक समन्वय हेतु अकबर के विविध प्रयत्न - युग के आवश्यकतानुसार इन परिस्थितियों में अकबर ने राजसत्ता की जो नवीन व्याख्या की थी, उससे सम्राट का पद इतना ऊँचा हो गया था कि कोई उसे चुनौती नहीं दे सकता था। अबुल फजल लिखता है - 'राजत्व, ईश्वर से उद्‌भासित एक प्रकाश, सूर्य की एक किरण, विश्व को प्रकाशित करने वाला, पूर्णता के ग्रंथ का तर्क और गुणों को केन्द्र है। आधुनिक भाषा में इस प्रकाश को 'करे रजीदी' (देवी प्रकाश) कहते हैं और प्राचीन भाषा में इसे 'किया ख़ुरा' (पवित्र मण्डल) कहते हैं। यह राजाओं को बिना किसी मध्यस्थ की सहायता के ईश्वर से प्राप्त होता है। इसकी उपस्थिति में लोग प्रशंसा से मस्तक को अधीनता की भूमि की ओर नत कर देते हैं।'

राजत्व के इन आदर्शो को अपनाते हुए अकबर ने धार्मिक क्षेत्र में समन्वय हेतु विविध प्रयत्न किये। उसने 1562 ई. में अपने सिंहासनारोहण के तीसरे वर्ष में युद्धबंदियों को दास बनाने एवं उन्हें जबरिया इस्लाम अपनाने पर प्रतिबंध लगा दिया साथ ही हिन्दुओं से तीर्थयात्रा कर लेना बंद कर दिया। 1564 ई. में घृणित 'जजिया' कर दिया जाना निषेध घोषित कर दिया। हिन्दुओं को नवीन मंदिरों के निर्माण एवं पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार करने की आज्ञा प्रसारित कर दी। इसी समय से उसने हिन्दू राजकुमारियों से विवाह भी करने प्रारंभ किये। आमेर, बीकानेर, जैसलमेर आदि की हिन्दू की राजकुमारियों से उसने विवाह किया। इन रानियों के लिये उसने अपने महल में मंदिर भी बनवाया। हिन्दुओं की गाय के प्रति कोमल भावनाओं को देखकर उसने गौवध पर प्रतिबंध लगा दिया तथा स्वयं भी गौमांस खाना बंद कर दिया। अकबर ने 1575 ई. में फतेहपुर सीकरी में इबादतखाने की स्थापना भी करायी और वहां होने वाले हिन्दू, जैन, पारसी व ईसाई आदि धर्माचार्यो के धर्म-सिद्धांतों की व्याख्या सुन-सुनकर वह इस निष्कर्ष पर पहुंच गया कि सभी धर्मो में न्यूनाधिक अच्छी व बुरी बातें शामिल हैं। सभी धर्मो के मानने वाले विभिन्न मार्गो से एक ही मंजिल पर पहुंचने के लिये प्रयत्नशील हैं। अत: उसने विभिन्न धर्मो की उपासना पद्धतियों से प्रभावित होकर एक नए पथ 'दीन-ए-इलाही' का 1582 में प्रवर्तन किया। दीन-ए-इलाही एक धर्म नहीं था अपितु यह सब धर्मो का सार था। अकबर ने दीन-ए-इलाही का प्रचार नहीं किया और न ही इसके लिये किसी प्रकार का प्रलोभन दिया था। अकबर का उद्देश्य धर्म की स्थापना करना नहीं था, बल्कि विभिन्न वर्गो में वैमनस्य को समाप्त कर साम्राज्य को सुदृढ़ बनाना था, जिससे सभी धर्म के अनुयायी अपने धर्मो का स्वतंत्रता से पालन करते हुए सौहार्द्र और सद्‌भावना बनाये रखें वे साम्प्रदायिक विवादों में न फंसे।

इन उदारनीतियों के परिणाम अंततोगत्व हुआ अकबर के लिये अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हुए। हिन्दू जनता की सहानुभूति को प्राप्त करके जहां एक ओर उसे मुस्लिम विरोधियों को दबाने के लिये प्रबल राजपूत सेनानायकों का साथ प्राप्त वहीं दूसरी ओर वह मुगल साम्राज्य की जड़ों को मजबूत करने में सफल हुआ। यद्यपि महाराणा प्रताप के साथ चले संघर्षो ने उसे व्यक्तिगत व राजनीतिक रूप से सदा सर्वदा के लिये अपूर्णीय क्षति पहुंचायी तथापि उसके ये प्रयत्न धार्मिक समन्वय के लिये इतिहास में मील का पत्थर सिद्ध हुए।

दैवीय व्यवस्था की इस व्याख्या ने राज्य की इस्लामी व्याख्या तथा उसकी दुहरी नागरिकता के सिद्धान्त को रद्द कर दिया और सम्राट को अपनी सम्पूर्ण प्रजा का बिना जाति, धर्म के भेदभाव के पितृत्वपूर्ण शासक बना दिया। अब प्रजा की भलाई ही सम्राट का प्रमुख कर्तव्य बन गया था। अकबर सम्पूर्ण रूप से भारतीय हो गया था। उसकी प्रतिभा ने हिन्दू और मुसलमान दो जातियों को एक महान शानदार साम्राज्य की समान सेवा और समान नागरिकता के बंधनों द्वारा एक राष्ट्र में ढलने के कार्य की सम्भावना का अनुभव किया और उसके साहस ने यह कार्य पूर्ण किया। इस पवित्र कार्य को करने के लिये अकबर ने ऐसे धर्म को बनाने का प्रयास किया था जो सभी को मान्य हो।

समन्वयवादी श्रेष्ठ प्रशासन - प्रशासन में स्वयं अकबर की व्यक्तिगत रूप से गहन अभिरूचि थी। वह प्रशासन के कर्तव्यों के प्रति पूर्ण सजग रहता था। प्रशासन प्रबंध में उसकी कर्मठता देखते ही बनती थी। अकबर ने अपने प्रशासन में धर्म निरपेक्षता और जनहित के सिद्धान्तों को अपनाया। मध्युग में वह ऐसा प्रथम सम्राट था जो इस्लाम धर्म के आधार पर शासन करने का इच्छुक नहीं था। उसने पारस्परिक संदेह और अविश्वास के वातावरण में ऐसी उदार दूरदर्शी समन्वयकारी प्रशासनिक नीति निर्धारित की जिससे उसे न केवल मुसलमानों का सहयोग मिला बल्कि राजपूतों का भी समर्थन मिला, जो अब तक मुगलों को विदेशी और अपना घोर शत्रु मानते थे। अपने युग की संकीर्ण राजनीतिक मनोवृत्तियों के पक्षपात पूर्ण बातों और धर्मान्धता से ऊपर उठकर उसने राजपूतों को मैत्री, सहयोग और समर्थन प्राप्त किया। अकबर ने प्रशासकीय विभाग के द्वार हिन्दू-मुसलमान दोनों के लिये समान रूप से खोल दिये। केवल गुणों की श्रेष्ठता ही इनकी योग्यता की कसौटी थी। योग्यता के आधार पर ही टोडरमल को वित्तमंत्री बनाया गया।(5)

अकबर ने साम्राज्य को प्रान्तों, सूबों और परगनों में विभक्त करके एक सी प्रशासन व्यवस्था स्थापित की। पूरे साम्राज्य में सर्वत्र-भू-राजस्य की एक सी व्यवस्था, एक समान न्याय प्रणाजी, एक मुद्रा प्रणाली, एक सी सैनिक व्यवस्था, एक ही राज्य भाषा, एक सी शाही सेना और समान रूप से कानून प्रचलित किये। सभी प्रांतों और सूबों में अधिकारियों और कर्मचारियों के एक से पद थे और ये अधिकारी और कर्मचारी एक प्रांत से दूसरे प्रांत में, एक सूबे से दूसरे सूबे में स्थानांतरित होते रहते थे। अपने अधिकारियों को पुरस्कृत करने के लिये उसने मनसबदारी प्रथा को प्रोत्साहित किया। शासन प्रबंध की ऐसी व्यवस्था से राज्य में प्रशासनिक एकता जो जब तक नहीं थी स्थापित हो गई। इस प्रशासकीय एकता की विशिष्टता यह है कि उसने मुसलमानों के साथ-साथ बहुसंख्यक हिन्दू जाति को भी अपनाया और हिन्दुओं को ऊंचे-ऊंचे पदों पर आसीन किया। उसने हिन्दुओं और मुसलमानों के लिये एक ही प्रकार की शासन व्यवस्था पिता की। हिन्दुओं और मुसलमानों में राजनीति और प्रशासन के लिये कोई भेदभाव नहीं माना। प्रशासन के क्षेत्र में अकबर की मौलिक एकता और प्रशासकीय दक्षता इस तथ्य से प्रकट होती है कि उसने इस सिद्धान्त को समझा कि हिन्दुओं और मुसलमानों के साथ समानता का व्यवहार किया जाये।

अकबर इतना महान इसलिये था कि उसने राजनीतिक आवश्यकता

समझकर स्वयं को भारतीय बनाने का प्रयत्न किया। उसके इस साहस और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय ने हिन्दू और मुसलमान दो जातियों को एक शानदार साम्राज्य की समान सेवा और समान नागरिकता के बंधनों द्वारा एक राष्ट्र में ढलने के कार्य की संभावना का अनुभव किया और उसकी दृढ़ता ने यह कार्य पूर्ण किया।[6]

लारेंस विनयन लिखते हैं –

His great achievement as a ruler was to weld the collection of different states, different races, different religious into a whole. It was accomplished by elaborate organisation. Akbar had an extra ordinary genius for details. All though a foreigner, he identified himself with the India, he has conquered.

हिन्दुस्तान की दुनिया को ख़ास दिन यह रही है कि उसने विचारों और क़ौमो के जुदा–जुदा तत्वों के समन्वय की ओर विभिन्नता से एकता पैदा करने की योग्यता और तत्परता दिखाई है।[7] मुगल साम्राज्य के विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण में अकबर की समन्वयवादी नीतियों का महत्वपूर्ण योगदान था। अकबर एक दूरदर्शी तथा विवेकवान राजनीतिज्ञ था उसने यह भली प्रकार समझ लिया था कि शक्तिशाली, शूरवीर राजपूतों के सहयोग के बिना हिन्दुस्तान में स्थायी राज्य असंभव है। अत: अकबर ने ऐसी समन्वयवादी राजपूत नीति का विकास किया था जिससे वह हिन्दुओं का भरपूर सहयोग प्राप्त कर सके और उनके इस सहयोग से ऐसा साम्राज्य स्थापित करे जो शांति व सुव्यवस्था पर आधारित हो, क्योंकि ऐसा साम्राज्य ही स्थायी हो सकता था।

अकबर राष्ट्रीय शासक की भूमिका में – अकबर विश्व के प्रमुख सम्राटों में से एक है। उसकी दूरदर्शिता तथा विवेकपूर्ण नीतियों की सभी इतिहासकारों ने मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। उसके राज्यारोहण से भारत में नवीन युग का उदय हुआ। यह युग शांति और समृद्धि का युग था। उसने राजनीति, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक, कला तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में भी सामंजस्य और समन्वय की नीति द्वारा एक राष्ट्रीय संस्कृति का विकास किया, जिसमें सभी वर्गों का योगदान था। इससे राष्ट्रीय भावना उत्पन्न हुई और सभी क्षेत्रों में एकता स्थापित हुई। उसके साम्राज्य में उसकी प्रजा को समानता और धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त थी। किसी भी आधार पर – धर्म, प्रजाति, सामाजिक स्तर – किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं होता था। प्रशासन तथा न्याय के क्षेत्रों में सभी समान थे। साम्राज्य किसी एक वर्ग या धर्म के अनुयायियों का नहीं था, बल्कि सम्पूर्ण प्रजा का था और सम्राट किसी एक वर्ग का शासक न होकर सभी वर्गों का शासक था। इस प्रकार अकबर ने साम्राज्य को एक राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। उसने मौर्य सम्राटों के पश्चात् तथा मध्य युग में सर्वप्रथम राष्ट्र की अवधारणा पर बल दिया। भले ही उसके राष्ट्र की अवधारणा अस्पष्ट रही हो किन्तु उसने मानवीय सौहार्द्र के लिये प्रशंसनीय कार्य किया। वह मुगल प्रशासन का केवल संस्थापक ही नहीं था, अपितु वह अपनी राजधानी को भी प्रगतिशील विकसित सभ्यता व संस्कृति का केन्द्र बना गया। फतेहपुर सीकरी में निर्मित बुलंद दरवाजे के समान अकबर न केवल स्वयं अपने समकालीन शासकों में बहुत ऊंचा उठा है साथ ही इतिहास के महानतम् शासकों में भी एक है। इसी को पुष्ट करते हुए स्मिथ ने लिखा है –

He was a born king of men, with a rightful claim to be one of the mightest soveretgns known to history. That claim rests surely on the basis of his extra ordinary natural gifts. His original ideas and magnificient achievments.[8]

निष्कर्ष – अकबर ने सामयिक आवश्यकता को समझते हुए समन्वयवादी नीतियों को अपनाकर अपने राजत्व के आदर्शों को उच्चतम मानदण्ड दिये। उसके राज्य में सभी वर्गों को समानता व धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त थी। अकबर का यह लोककल्याणकारी राज्य प्रजा में किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करता था। अकबर सभी वर्गो का बादशाह था और उसने अपनी प्रजा के सभी वर्गों को सुखी बनाना अपने राजत्व का उद्देश्य रखा था। विभिन्न वर्गों को निकट लाकर एक राष्ट्र के निर्माण का महान कार्य उसने प्रशंसनीय रूप में प्रारंभ किया था। अकबर की प्रशंसा का एक कारण यह भी था कि उसने स्वयं को पूर्ण रूप से भारतीय बना लिया था। अकबर अपने राजत्व की उच्चता के आधार पर विश्व के महान साम्राज्य निर्माताओं तथा प्रशासकों में स्थान रखता है। वह एक आदर्श मानव, लोककल्याणकारी प्रशासक, विजेता तथा साम्राज्य निर्माता था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अबुल फजल : **अकबरनामा**, भाग–2, अनुवाद–एच. ब्लोचमेन, कलकत्ता, 1956, पृष्ठ 3
2. श्रीवास्तव आशीर्वादीलाल : **मुगलकालीन भारत**, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कंपनी, 1997, पृष्ठ 186.
3. लुणिया, बी.एन. : **मध्युगीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास.** 1995, पृष्ठ 161.
4. शाह, के.टी. : **स्प्लेण्डरब दैट वाज़ इण्डिया**, केसिंगर पब्लिकेशन, मोण्टाना, यूएसए, 1960, पृष्ठ 30
5. चौबे, झारखण्डे एवं श्रीवास्तव कन्हैया लाल : **मध्युगीन भारतीय समाज एवं संस्कृति**, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 1979, पृष्ठ 315
6. पाण्डेय श्रीनेत्र : **भारत का वृहद इतिहास**, भाग–3, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1940, पृष्ठ 150.
7. नेहरू, जवाहरलाल : **हिन्दुस्तान की कहानी**, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1997, पृष्ठ 100
8. Smith, V.A. : **Akbar the Great Mughal**, Creatpace IndependentPublication, 1960, Page - 353

****

जनजातीय पलायन पर आधुनिक कृषि तकनीकी का प्रभाव (झाबुआ जिले के विशेष सन्दर्भ में एक अध्ययन)

पूजा बघेल *

शोध सारांश – आधुनिक कृषि तकनीक भारत जैसे विकासशील देशों में कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए एक प्राथमिक कारक रहा है। कृषि के द्वारा ही ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों की उन्नति के साथ औद्योगिक अर्थव्यवस्था का निर्माण सम्भव है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में जनजातियों का सर्वाधिक जनाभार है। भौतिक संस्कृति की अंधी दौड़ से दूर ये जनजातियाँ आज भी अपने परम्परागत रहन–सहन, खान–पान एवं रूढ़िवादी कृषि प्रणाली में जकड़ी हुई है। जिसके कारण जनजातीय कृषकों के जीवन–स्तर एवं घरेलू उद्योगों में गिरावट आई है। आदिवासी क्षेत्रों में कृषि की नवीन तकनीकी के प्रयोग की शुरूआत हुई परन्तु आज भी इतने सरकारी प्रयासों के बावजूद पूर्ण रूप से जनजातीय व्यक्तियों में शिक्षा एवं जागरूकता का विकास नहीं हो पाया। जिसका मुख्य कारण उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का निम्न स्तर होना है।
शब्द कुंजी – आधुनिक कृषि तकनीकी, जनजातीय, आय, रोजगार, ऋण, पलायन।

प्रस्तावना – भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ कि दो तिहाई जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 58.2 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या कृषि क्षेत्र में कार्यरत है। आदिवासी क्षेत्रों में कृषि की नवीन तकनीकी के प्रयोग की शुरूआत हुई, परन्तु आज भी इतने सरकारी प्रयासों के बावजूद पूर्ण रूप से कृषकों में शिक्षा एवं जागरूकता का विकास नहीं हो पाया। जिसका मुख्य कारण उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का निम्न स्तर होना है। करीब 90 प्रतिशत जनजातीय परिवार कृषि पर निर्भर रहते हैं लेकिन उनके पास खेती की जमीन बहुत कम होती है और जो होती है वह अधिकांशत: गैर सिंचित, अनुत्पादक और उबड़–खाबड़ होती है ऐसे में साल के 6 महीने से 9 महीने तक उनके पास काम नहीं होता है और अगर होता भी है तो वह अपर्याप्त होता है। ओर जनजातीय लोग मौसमी प्रवास करते है। ज्यादातर जनजातीय लोग भूमिहीन मजदूर, सीमांत कृषक, सड़क एंव भवन निर्माण, खनन व स्थानीय उद्योगों में अकुशल श्रमिक है।

शोध समस्या का चयन – अत: प्रस्तुत शोध अध्ययन से यह जानने का प्रयास किया गया है कि जनजातीय क्षेत्र में कृषि के विकास में आधुनिक कृषि तकनीकी की क्या भूमिका है? आधुनिक कृषि तकनीकी को अपनाने में जनजातीय पलायन पर क्या प्रभाव पड़ा है? जनजातीय पलायन को किस तरह से रोका जा सकता है? शासन द्वारा चलाए जा रहे कृषि विकास के कार्यक्रमों और योजनाओं का कितना प्रभाव जनजातीय लोगों के जीवन पर पड़ा है, आदि प्रश्नों के उत्तर जानने का प्रयास किया गया।

अध्ययन के उद्देश्य – 'आवश्यकता अविष्कार की जननी है।' इस युक्ति के तर्ज पर यहाँ यह कहा जाना ज्यादा बेहतर होगा **'समस्या शोध की जननी है।'** सभी सामाजिक आर्थिक शोध किसी न किसी समस्या को लेकर किये जाते हैं। जिससे समस्या के समाधान खोजने के प्रयास किये जाते हैं। इस प्रक्रिया के तहत उद्देश्य निर्धारित किए जाते हैं। जो इस प्रकार है–

1. जनजातीय पलायन पर आधुनिक कृषि तकनीकी के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में शासन द्वारा चलाये जा रहे नवीन कृषि तकनीकी के विस्तार कार्यक्रमों के प्रभावों का अध्ययन करना।

अध्ययन का क्षेत्र – झाबुआ जिला मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित है। झाबुआ जिला गुजरात के पंचमहल, बड़ौदा, जिले राजस्थान का बासवाड़ा जिलो म.प्र. के आलिराजपुर, धार, रतलाम, जिलों से घिरा हुआ है। झाबुआ जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 6793 वर्ग किलोमीटर है। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 1025048 है। जिसमें अनुसूचित जनजातियों की संख्या 891818 है, जो कुल जनसंख्या का 87.00 प्रतिशत है।

निदर्शन विधि – झाबुआ जिले के झाबुआ एवं राणापुर तहसील जिसकी जनजातीय जनसंख्या 500 से अधिक जनसख्या वाले 06 गाँवो का चयन दैव निदर्शन विधि द्वारा किया गया। प्रत्येक गाँव से 10–10 साक्षात्कार अनुसूची भरी गई। इस प्रकार से कुल 60 जनजातीय परिवारों का चयन किया गया है।

समंकों का संकलन – प्राथमिक समंकों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची, समुह चर्चा एवं अवलोकन द्वारा किया गया। द्वितीयक समंकों का संकलन जनगणना पुस्तिकाओं, मानक पुस्तक, पत्र–पत्रिकाओं, विभिन्न रिपोर्ट, जिला सांख्यिकी विभाग झाबुआ, आदिम जाति संस्थान भोपाल, इन्टरनेट, अखबार आदि से एकत्र किये गये।

आकड़ो का विश्लेषण

कृषि तकनीकी का उपयोग – जनजातीय समाज कर्त्तव्य भावना की परम्परा और दूसरी ओर नवोदित व्यक्तिवादी प्रवृत्ति इन दोनों के बीच कसमकस की स्थिति में है। अध्ययन क्षेत्र में कृषि तकनीकी के उपयोग के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका क्रमांक– 1 में दर्शाया गया है–

तालिका क्रमांक– 1

कृषि तकनीकी के उपयोग के संबंध में जानकारी

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

क्र.	कृषि तकनीकी का उपयोग	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	आधुनिक	19	31.67
2.	परम्परागत	06	10.00
3.	आधुनिक व परम्परागत दोनों	35	58.33
	कुल योग	**60**	**100.00**

तालिका क्रमांक– 1 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल सर्वेक्षित परिवारों में 31.67 प्रतिशत परिवार आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग कर रहे, 10.00 प्रतिशत परिवार परम्परागत कृषि तकनीकी का उपयोग कर रहे, 58.33 प्रतिशत परिवार आधुनिक एवं परम्परागत दोनों का उपयोग करते हैं। अत: निष्कर्ष स्वरूप कहा सकता है कि अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक उत्तरदाता आधुनिक एवं परम्परागत दोनों कृषि तकनीकों से कृषि करते हैं।

मकान का स्वरूप – उत्तरदाताओं का रहन–सहन उसके सामाजिक–आर्थिक स्तर को दर्शाने का द्वितीयक घटक होता है। अध्ययन क्षेत्र के कृषकों के मकान का स्वरूप सम्बन्धी जानकारी के संबंध में जो आँकड़े प्राप्त हुए है, उन्हें तालिका क्रमांक –2 में दर्शाया गया है –

तालिका क्रंमाक –2 – मकान का स्वरूप

क्र.	परिवार का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	कच्चा	40	66.6
2.	पक्का	04	6.7
3.	मिश्रित	16	26.7
	योग	**60**	**100.0**

तालिका क्रमांक –2 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि चयनित सर्वेक्षित परिवारों में मकान का स्वरूप सम्बन्धी जानकारी में कुल कच्चे मकान 66.0 प्रतिशत है, पक्के मकान 6.7 प्रतिशत है और मिश्रित मकान 26.7 प्रतिशत है। अत: निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि आदिवासी कृषक परिवारों में आज भी कच्चे मकानों की संख्या अधिक है लेकिन सर्वेक्षण के दौरान देखने में आया है कि इन परिवारों में भी पक्के मकानों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिसका मुख्य कारण है आर्थिक स्थिति में सुधार आना, बाजारों की ओर प्रवास होना एवं शिक्षित होना।

आय – किसी भी व्यक्ति या परिवार के जीवन–स्तर का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसकी आय का स्तर होता है और इसी के आधार पर उनके जीवन–स्तर का भी अनुमान लगाया जा सकता है। जनजाजियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्थिक कार्य किए जाते हैं। इस विभिन्नता के कारण इनकी आय में भिन्नता होना स्वभाविक है। इस प्रकार आय का स्तर किसी भी व्यक्ति या परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का महत्वपूर्ण पहलू एवं सूचक है। अध्ययन क्षेत्र में परिवार की कुल वार्षिक आय के सम्बन्ध में जो तथ्य प्राप्त हुए है उन्हें तालिका क्रमांक– 3 में दर्शाया गया है –

तालिका क्रमांक –3 – परिवार की कुल वार्षिक आय सम्बन्धी जानकारी

क्र.	कुल वार्षिक आय	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	10000 से कम	01	1.6
2.	10000 से 20000 तक	07	11.7
3.	20000 से 30000 तक	10	16.7
4.	30000 से 40000 तक	28	46.7
5.	40000 से 50000 तक	11	18.3
6.	50000 से अधिक	03	5.0
7.	**योग**	**60**	**100.0**

तालिका क्रमांक– 3 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित परिवारों में वार्षिक आय सम्बन्धी जानकारी में 10000 से कम 1.6 प्रतिशत है, 10000 से 20000 तक में 11.7 प्रतिशत है, 20000 से 30000 तक में 16.7 प्रतिशत है, 30000 से 40000 तक में 46.7 प्रतिशत है, 40000 से 50000 तक में 18.3 प्रतिशत है, 50000 से अधिक में 5.0 प्रतिशत है। अत: निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि 46.7 प्रतिशत परिवारों की कुल वार्षिक आय 30000 से 40000 के बीच में है जो सबसे अधिक है इसका मुख्य कारण है कि इस क्षेत्र के लोग कृषि कार्य करते हैं तथा आधुनिक संसाधनों का उपयोग बहुत कम करते हैं जिससे इनकी आय कम होती है।

ऋण की ब्याज दर – जनजातीय कृषकों द्वारा लिए गये ऋण की ब्याज दर के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए है, उन्हें तालिका क्रमांक– 4 में दर्शाया गया है –

तालिका क्रमांक– 4 – ऋण की ब्याज दर सम्बन्धी जानकारी

(मासिक ब्याज दर)

क्र.	ब्याज दर	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	2 प्रतिशत से कम	04	6.7
2.	2 से 4 प्रतिशत	45	75.0
3.	4 से 6 प्रतिशत	08	13.3
4.	6 प्रतिशत से अधिक	3	5.0
	योग	**60**	**100.0**

तालिका क्रमांक– 4 कि विश्लेषण से स्पष्ट है कि सर्वेक्षित परिवारों में लिए गये ऋण की ब्याज दर सम्बन्धी जानकारी में 6.7 प्रतिशत परिवारों ने 2 प्रतिशत से कम ब्याज दर पर ऋण लिया, 75.0 प्रतिशत परिवारों ने 2 से 4 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण लिया है, 13.3 प्रतिशत परिवारों ने 4 से 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण लिया है, 5.0 प्रतिशत परिवारों ने 6 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर पर ऋण लिया है। अत: कहा जा सकता है कि सर्वाधिक 75.0 प्रतिशत परिवारों द्वारा लिये गए ऋण की ब्याज दर 2 से 4 प्रतिशत थी। जो सबसे अधिक है।

बेरोजगारी की स्थिति – जनजातियों को बेरोजगारी की समस्या का सामना करना पड़ता है। आस–पड़ोस के जंगलों की कटाई के कारण खाद्य संकलन नहीं हो पा रहा है। जंगली जानवरों के शिकार पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। कृषि कार्य में कुछ ही दिनों के लिए रोजगार उपलब्ध होता है। इस प्रकार साल में अधिकांश समय बेरोजगारी से निपटने के लिए लोग कृषि कार्य के बाद विभिन्न स्थानों पर मजदूरी की खोज में भटकते हैं। पुरूष रिक्शा, ठेला आदि चलाने के लिए शहर की ओर जाते हैं तो महिलाएँ भवन, सड़क, बाँध अथवा पुल निर्माण कार्य के लिए अपना गाँव–घर छोड़कर बाहर जाती हैं। कुछ लोग ईंट भट्टा पर काम करने जाते हैं। वहाँ उन्हें अप्रवासी मजदूर के रूप में तरह–तरह से शोषित एवं उत्पीड़ित होना पड़ता है। महिला मजदूर को यौन शोषण का शिकार भी होना पड़ता है।

रोजगार – व्यवसाय व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक स्थिति के निर्धारण का प्रमुख आधार है किन्तु जनजातीय क्षेत्रों में व्यवसाय की स्थितियाँ विचित्र है। अभावग्रस्त परिस्थितियाँ, अशिक्षा, शोषण एवं अज्ञानता के रहते जनजातीय समाज पर व्यवसायिक गतिशीलता में उतार–चढ़ाव आदि परिवर्तनों का प्रभाव नहीं के बराबर है। जिले में परिस्थितियाँ कृषि के अनुकूल नहीं होने एवं कृषि से अधिक लाभ नहीं होने के बावजूद आज भी जनजातीय समाज परम्परागत रूप से अपने मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य में संलग्न है। इसके अतिरिक्त यह समुदाय पलायन एवं मजदूरी पर भी आश्रित है। अध्ययन

क्षेत्र में आदिवासियों की व्यवसाय के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए है, उन्हें तालिका क्रमांक – 5 में दर्शाया गया है –

तालिका क्रमांक– 5 – उत्तरदाताओं का व्यवसाय

क्र.	व्यवसाय	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	खेती	17	28.4
2.	खेती+ मजदूरी	35	58.3
3.	मजदूरी	6	10.0
4.	अन्य (नौकरी, दुकान)	2	3.3
	योग	60	100.0

तालिका क्रमांक– 5 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित परिवारों के व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी में 28.4 प्रतिशत परिवार खेती करते हैं, 58.3 प्रतिशत परिवार खेती और मजदूरी करते हैं, 10.0 प्रतिशत परिवार मजदूरी करते हैं, 3.3 प्रतिशत परिवार अन्य व्यवसाय (नौकरी, दुकान) करते हैं। अत: निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि सर्वेक्षित क्षेत्रों में खेती और मजदूरी करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या सबसे अधिक है जो 58.3 प्रतिशत है। जिसका मुख्य कारण है कि इन क्षेत्रों मे सिंचाई के संसाधनों का अभाव होने के कारण लोग मौसमी खेती करते हैं अर्थात वर्षा ऋतु में कृषि करते हैं और गर्मी में मजदूरी के लिए प्रवास कर जाते हैं।

आदिवासियों को वर्षभर कार्य प्राप्त होने के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका क्रमांक – 6 में दर्शाया गया है –

तालिका क्रमांक –6 – वर्षभर कार्य प्राप्त होने सम्बन्धी जानकारी

क्र.	वर्षभर कार्य प्राप्त होना	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	15	25.0
2.	नहीं	45	75.0
3.	**योग**	**60**	**100.0**

तालिका क्रमांक– 6 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि सर्वेक्षित परिवारों में वर्षभर कार्य प्राप्त होने सम्बन्धी जानकारी में 25.0 प्रतिशत परिवारों को वर्ष भर कार्य प्राप्त होता है, 75.0 प्रतिशत परिवारों को वर्षभर कार्य प्राप्त नहीं होता है। अत: निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि 75.0 प्रतिशत परिवारों को वर्षभर कार्य नहीं मिलता है, जिससे ये बेरोजगार रहते हैं। इसका मुख्य कारण है कि इस क्षेत्र के लोग कृषि पर निर्भर रहते हैं जो कि मानसूनी है और कार्य के लिए प्रवास करते हैं।

पलायन सम्बन्धी जानकारी – आदिवासी समुदाय प्रारम्भ से ही अपने जीवन–यापन हेतु प्रकृति पर निर्भर रहा है। पिछले कुछ दशकों से आदिवासियों की वनों पर से निर्भरता में निरंतर कमी आयी है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कृषि पर पूर्ण रूप से निर्भर होना पडा़ है। परन्तु क्षेत्र में अनुपजाऊ कृषि भूमि, असमतल धरातल, सिंचाई के साधनों का अभाव एवं छोटी जोत जैसी समस्याओं के कारण कृषि से केवल एक ही फसल अल्प मात्रा में प्राप्त कर पाते हैं, जो कि संपूर्ण वर्ष के निर्वाह हेतु पर्याप्त नहीं होती है। अत: अपनी आवश्यकतों की पूर्ति हेतु आदिवासी समुदाय प्रवास करता है।

तालिका क्रमांक–7 – शैक्षणिक स्थिति एवं मौसमी पलायन करने सम्बन्धी जानकारी

क्रं.	शैक्षणिक स्थिति	मौसमी पलायन		योग
		हां	नहीं	
1.	अशिक्षित	27 (45.0)	09 (15.0)	36 (60.0)
2.	शिक्षित	08 (13.3)	01 (1.7)	09 (15.0)
3.	प्राथमिक	03 (5.0)	01 (1.7)	04 (6.7)
4.	माध्यमिक	02 (3.3)	01 (1.6)	03 (5.0)
5.	हाई स्कूल	6 (10.0)	01 (1.6)	07 (11.6)
6.	हायर सेकेण्डरी और उससे से अधिक	01 (1.7)	00 (0.0)	01 (1.6)
	योग	**47 (78.3)**	**13 (21.7)**	**60 (100.0)**

तालिका क्रमांक–7 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित कृषक परिवारों की शैक्षणिक स्थिति एवं मौसमी पलायन करने सम्बन्धी जानकारी में 45.0 प्रतिशत अशिक्षित कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, 15.0 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन नहीं करते हैं, 13.3 प्रतिशत शिक्षित कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, 1.7 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन नहीं करते हैं, 5.0 प्रतिशत प्राथमिक स्तर तक के कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, 1.7 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन नहीं करते हैं, 3.3 प्रतिशत माध्यमिक स्तर तक के कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, 1.7 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन नही करते हैं, 10.0 प्रतिशत हाईस्कूल स्तर तक के कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, 1.6 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन नही करते हैं, 1.6 प्रतिशत हायर सेकेण्डरी स्तर एवं उससे अधिक तक के कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं कुल सर्वेक्षित कृषक परिवारों में 78.3 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, 21.7 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन नहीं करते है। अत: कहा जा सकता है कि शैक्षणिक स्तर एवं मौसमी पलायन करने सम्बन्धी जानकारी में 78.3 प्रतिशत कृषक परिवार मौसमी पलायन करते हैं, जो सबसे अधिक है क्योंकि कृषि उपज पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से इन्हें रोजगार के लिए मौसमी पलायन करना ही पड़ता है।

आधुनिक कृषि तकनीकी का पलायन पर प्रभाव – अध्ययन क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकी का प्रभाव इस प्रकार है:

1. आधुनिक कृषि तकनीकी से कठिन कार्य जैसे उबड़–खाबड़, कंकरीली–पथरीली भूमि, टीले आदि को समतल करके कृषि योग्य एवं उपजाऊ भूमि बनाना संभव होता है।
2. कृषि कार्य में मशीनों एवं यत्रों के उपयोग से समय बचत होती है एवं उत्पादन भी बढ़ जाता है।
3. कृषि यंत्रीकरण के कारण उत्पादन लागत कम हो जाती है। आय में वृद्धि होती है जिससे जिवन स्तर में भी सुधार हुआ है
4. कृषि यंत्रीकरण से व्यापारिक फसलों का विस्तार हुआ है।

अध्ययन के प्रमुख निष्कर्ष एक दृष्टि में :

1. आदिवासी कृषक परिवारों में आज भी कच्चे मकानों की संख्या अधिक है लेकिन सर्वेक्षण के दौरान देखने में आया है कि इन परिवारों में भी पक्के मकानों की संख्या बढ़ती जा रही है।
2. अध्ययन क्षेत्र में उत्तरदाताओं की कुल औसत वार्षिक आय 32280 रूपये है।
3. जनजातीय क्षेत्रों मे सिंचाई के संसाधनों का अभाव होने के कारण लोग मौसमी खेती करते हैं अर्थात वर्षा ऋतु में कृषि करते हैं और गर्मी में मजदूरी के लिए मौसमी पलायन कर जाते हैं।
4. जनजातीय कृषक परिवारों द्वारा 2 या 2 से अधिक प्रतिशत ब्याज दर से साहूकारों से सर्वाधिक 75.0 प्रतिशत ऋण लिया जाता है।
5. कृषि कार्य एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिये जनजातियों द्वारा

अल्पकालीन ऋण लिये जाते हैं।

6. कृषकों के रोजगार एवं आय पर नवीन कृषि तकनीकी का प्रभाव का पड़ा है।
7. नवीन कृषि तकनीकी से जनजातीय कृषकों के मौसमी पलायन में कमी आई है।
8. जनजातीय कृषि विकास योजनाओं से कृषकों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

सुझाव :

1. जनजातीय कृषकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा की जाए और इस हेतु सरकार द्वारा पालकों के लिए कुछ प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया जाए ताकि वे अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु प्रेरित हो सके। इस प्रकार जनजातियों की शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सकता है।
2. आदिवासी क्षेत्रों में सरकार गाँवों में सस्ती एवं निरन्तर बिजली प्रदाय करे। ताकि सिंचाई के साधन की सुविधा उपलब्ध हो सके।
3. जनजातीय कृषकों को उनकी सहुलियत के अनुसार निम्न ब्याज दर पर सरकारी संस्थाओं द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे उनको शोषण से बचाया जा सकता है।
4. अध्ययन क्षेत्र में सरकार के कृषि से संबंधित समस्त कार्यक्रमों एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनजातीय कृषकों के गाँवों के शिक्षित युवको को नियुक्त कर दिया जाना चाहिए ताकि जनजातियों को अच्छी तरह से समझा सके।
5. जनजातीय क्षेत्रों पर्याप्त वित्त सुविधा हेतु सरल बैंकिंग प्रणाली की नीति अपनाना चाहिए। कृषि कार्य के लिए ऋण आसानी से उपलब्ध हो इसके लिए शासन द्वारा विशेष प्रयास किया जाना चाहिए।
6. जनजातीय क्षेत्रों में आधुनिक कृषि तकनीकी के उपयोग द्वारा गाँवों से शहरों की ओर मौसमी पलायन को रोका जा सकता है। इसके लिये जनजातीय कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी देने के लिए सुनियोजित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वैद्य, नरेश कुमार (2003) 'जनजातीय विकास मिथक एवं यर्थाथ', रावत पब्लिकेशन जयपुर।
2. वर्मा, एम.एल (1992) 'भीलों की सामाजिक व्यवस्था', क्लासिकल पब्लिशिगं कम्पनी, नई दिल्ली।
3. मध्यप्रदेश जिला गजेटियर जिला झाबुआ (1994) गजेटियर संचालनालय संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल।
4. जिला सांख्यिकी झाबुआ (2010) जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, जिला झाबुआ।
5. जैन, श्रीमंधर (1995) कृषि संसाधन-मण्डला जिले के आदिवासी कृषकों के सन्दर्भ मे, बुलेटिन ऑफ द ट्रायबल रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, भोपाल, वाल्यूम-23,नं. 1।
6. वर्मा, एम.एल निंकुम (1995) 'भीलों की सामाजिक व्यवस्था', निंकुम प्रकाशन, बड़वानी, म.प्र. पृ. 142।
7. मिश्र, जयप्रकाश (2005) कृषि अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा पृ. 136।
8. वर्मा, एम.एल निंकुम (1995) 'भीलों की सामाजिक व्यवस्था', निंकुम प्रकाशन, बड़वानी, प्र.पृ. 174।
9. मध्यप्रदेश कृषि आर्थिक सर्वेक्षण (2016) योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन पृ. 3।
10. प्रसाद, गोविन्द, गीतांजली एवं नन्द कुमार सिह (2007) 'जनसंख्या अध्ययन के आयाम', डिस्कवरी पब्लिशिंग हाऊस 4831/28, अन्सारी रोड़ दरियागंज, नई दिल्ली पृ. 192।
11. सिसौदिया, यतीन्द्र (1999) 'पॉलिटिकल कांशसनेस अमंग ट्रायबल्स', रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर पृ. 86-90।
12. डॉ. गोविन्द प्रसाद, गीतांजली एवं डॉ. नन्द कुमार सिह (2007) 'जनसंख्या अध्ययन के आयाम', डिस्कवरी पब्लिशिंग हाऊस 4831/28, अन्सारी रोड़ दरियागंज, नई दिल्ली पृ. 192।
13. भट्ट, राकेश (1995) 'जनजातीय उद्यमिता का विकास', हिमांशु पब्लिकेशन्स, उदयपुर पृ. 121-122।
14. दत्त रुद्र, सुन्दरम के.पी.एम. (2010) 'भारतीय अर्थव्यवस्था', एस. चन्द एण्ड कम्पनी लि. रामनगर, नई दिल्ली पृ. 347।

****

उद्यमशील महिलाओं के सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की भूमिका:एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

मोनिका आमरे *

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र, महिला उद्यमिता एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की भूमिका का व्यवहारिकवादी अध्ययन किया गया है। उक्त शोध पत्र में महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों के साथ ही उद्यमशील महिलाओं के लिए सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। भारत की आजादी के बाद संविधान निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं ने महिलाओं को पुरूषों के समान स्थान देने के साथ ही एक के बाद एक सरकारों ने महिलाओं को आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में समान दर्जा देने के लिए कई उपाय किए गये साथ ही महिलाओं को अपनी प्रतिभा दर्शाने तथा राष्ट्रीय गतिविधियों में सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ दशकों में केंन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को कानूनी, राजनीतिक और सामाजिक शक्ति प्रदान करने की दिशा में सराहनीय कार्य किये हैं।

किसी भी राष्ट्र का विकास तभी सम्भव है जब उस राष्ट्र में रहने वाले लोगों की भागीदारी राष्ट्र के निर्माण में हो और उसकी उपलब्ध मानव–शक्ति की कार्यक्षमता, सामर्थ्य, गुणवत्ता व शिक्षा आदि का समुचित उपयोग हो सके। प्राचीन काल से ही महिलाओं का राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्रीय विकास की गतिविधियों में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है परन्तु अभी तक महिलाओं की भूमिका परदे के पीछे ज्यादा छिपी रही है इसलिए इसे समुचित रूप से ज्यादा मान्यता नहीं मिल पाई है। महिला सशक्तिकरण का मुद्दा ना केवल भारत में अपितु विश्व के सभी देशों में चिंतनीय विषय रहा है। चिंतन को साकार रूप प्रदान करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 08 मार्च, 1975 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत की गई थी और संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनेक विश्व महिला सम्मेलनों का सफलतापूर्वक आयोजन भी किया गया। इन्हीं प्रयासों के साथ ही सोशल मीडिया ने भी सामाजिक रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने एवं महिला उद्यमिता के क्षेत्र में अहं भूमिका निभाई हैं।

महिला उद्यमिता की अवधारणा – सृष्टि के प्रारंभ से ही महिलाएं मानवीय पूंजी निर्माण में प्रमुख योगदान करती रही हैं। परन्तु भारत में महिलाओं का उद्यमिता के क्षेत्र में विस्तार करना एक नवीन घटना है। लंबे समय तक महिलाओं को ज्यादातर घरेलू क्रियाओं से ही संबंध रहा है, किंतु विगत तीन दशकों से हुए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों के फलस्वरूप उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं का तेजी से आगमन हुआ है।

देश में महिलाओं के चहुंमुखी कल्याण, विकास और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विकास की प्रक्रिया में महिलाओं की केन्द्रीय भूमिका को पहचानते हुए योजनाओं की प्रक्रिया सभी क्षेत्रों में पिछले वर्षों में शुद्ध 'कल्याण' उन्मुख मार्ग से भी आगे विकसित हुई है। हमारे कानून, विकास नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम अलग–अलग क्षेत्रों में महिलाओं की उन्नति पर लक्षित हैं। भारतीय संविधान, इसके आमुख, मूलभूत अधिकारों, मूलभूत कर्तव्यों और नीति निर्देशक तत्वों में लिंग की समानता के सिद्धांत बताए गए हैं। लैंगिक समानता ग्रामीण एवं शहरी विकास के माध्यम से गरीबी को कम करना, आय एवं रोजगार के अवसरों का सृजन करना, आर्थिक विकास की रणनीति का मख्य उद्देश्य है।

महिला सशक्तिकरण से आशय – महिला सशक्तिकरण के विषय पर जब हम बात करते हैं तो एक बात स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है कि भारतीय समाज में सदैव ऐसी ताकतें सक्रिय और सशक्त रही हैं जो महिला सशक्तिकरण का पुरजोर विरोध करती रही हैं। जो एक तथ्यात्मक रूप से सत्य है। ऐसे में आज वर्तमान में जहां हम हैं इस पर विचार करना जरूरी हो गया है। आज की महिलाएं योग्यता के मापदण्ड पर तो विकास कर रहीं हैं परन्तु पुरूष प्रधान समाज में अभी भी सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव पर जोर देना होगा।

महिला सशक्तिकरण के प्रयासों ने समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त करने का काम किया है। आज राजनीतिक प्रक्रिया और राजनीतिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी से शासन की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन एवं महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की वजह से महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही उनमें शोषण और अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की हिम्मत बढ़ी है। उनके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में परिवर्तन के साथ ही रचनात्मक कार्यक्रमों के प्रति भागीदारी भी बढ़ी है।

भारतीय संविधान में महिलाओं को समानता का अधिकार और पंचायतीराज में आरक्षण का अधिकार मिला तो लिंगविभेद आधारित विभिन्न समस्याएं सशक्तिकरण में बाधा बन गई। भारतीय समाज में महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक पद्धति और नियमों की वृहद् परम्परा में यदि हम पुरूष प्रधान मानसिकता के मध्य अमृत मंथन की कल्पना करेंगें तो शायद ये सम्भव नहीं होगा। इसी सन्दर्भ में पाश्चत्य विचारक अरस्तू का भी कथन है कि 'किसी राष्ट्र की स्त्रियों की उन्नति या अवनति पर ही उस राष्ट्र की उन्नति या अवनति निर्भर है।' भारतीय संविधान महिलाओं को न सिर्फ समानता का दर्जा देता है बल्कि महिलाओं के पक्ष में सकारत्मक रूख अपनाने के उपायों के लिए सरकार को सशक्त भी बनाता है। समाज में महिलाओं के प्रति अत्याचार व भेदभाव की मानसिकता को विराम लगाने के उद्देश्य से भारतीय सरकार ने विधिक अधिकार और संविधान प्रदत्त सुरक्षा

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) स्कूल ऑफ शोसल साईंस देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

और महिलाओं की प्राथमिकताओं को मद्देनजर रखते हुए विभिन्न प्रावधान भी किये हैं।

1. सभी व्यक्तियों के लिए कानून के समक्ष समानता (अनुच्छेद-14)
2. धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या स्थान के आधार पर भेदभाव पर निषेध (अनुच्छेद-15) (1), महिलाओं और बच्चों के लिए अनुच्छेद 15 (3) में विशेष प्रावधान।
3. राज्य के अधीन किसी भी पद, रोजगार या नियुक्ति से सम्बन्धित समान अवसर (अनुच्छेद-16)
4. पुरूषों और महिलाओं के लिए सुरक्षित जीविका के पर्याप्त साधन उपलब्ध कराने का अधिकार (अनुच्छेद-39 -ए)।
5. समान कार्य के लिए समान भुगतान का अधिकार (अनुच्छेद 39 द)
6. स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान अनुच्छेद 343 (द) और 343 (त) इसके अतिरिक्त घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, बाल विवाह, हिन्दू वसीयत अधिनियम, विदेश विवाह अधिनियमों के माध्यम से विधिक सुरक्षा संरक्षा प्रदत्ता कर महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में गम्भीर प्रयास हुए हैं।

सशक्तिकरण की अवधारणा – महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य यह है कि महिलाएं पारम्परिक रूप से पारिवारिक बंधनों से मुक्त होकर अपने और अपने देश के विषय में सोचने की क्षमता का विकास कर सके और महिलाएं अपने निर्णयों के लिए किसी अन्य पर निर्भर ना हों और अपने जीवन के विषय में खुद निर्णय ले सकें। और निश्चित रूप से किसी राष्ट्र का विकास तभी सम्भव है जब उस राष्ट्र के लोगों की भागीदारी राष्ट्र के निर्माण में हो और उसकी उपलब्ध मानव-शक्ति की कार्यक्षमता, सामर्थ्य, गुणवत्ता व शिक्षा आदि का समुचित उपयोग हो सके। महिलाओं का राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्रीय विकास की गतिविधियों में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है परन्तु अभी तक महिलाओं की भूमिका परदे के पीछे ज्यादा छिपी रही है इसलिए इसे समुचित रूप से ज्यादा मान्यता नहीं मिल पाई है। महिला सशक्तिकरण का मुद्दा ना केवल भारत में अपितु विश्व के सभी देशों में चिंतनीय विषय है। संयुक्तराष्ट्र संघ द्वारा 08 मार्च, 1975 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत की गई थी। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनेक विश्व महिला सम्मेलनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है।

अध्ययन का क्षेत्र – प्रस्तुत आलेख मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर की उद्यमशील महिलाओं के अध्ययन पर आधारित है।

अध्ययन का समग्र– अध्ययन का समग्र मध्यप्रदेश का इन्दौर शहर है। अध्ययन हेतु इन्दौर शहर में अलग-अलग लघु व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं का चयन उद्देश्यपूर्ण एवं स्नोवाल पद्धति से किया गया है।

अध्ययन की इकाई एवं प्रतिचयन का आकार– सूक्ष्म एवं लघु व्यवसाय से जुड़ी उद्यमशील महिलाओं को अध्ययन में सामिल किया गया है जो सोशल मीडिया के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार एवं संचालन करती हैं विभिन्न व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं का साक्षात्कार किया गया तथा प्रतिचयन का कुल आकार 150 था।

समंक संकलन की विधि:

प्राथमिक संकलन – साक्षात्कार अनुसूची, अवलोकन एवं समूह चर्चा के माध्यम से उत्तारदाताओं का साक्षात्कार किया गया।

द्वितीयक संकलन – पत्र पत्रिकाएं, सरकारी अभिलेख, सोशलमीडिया, इन्टरनेट आदि से लेखन कार्य किया गया है।

तथ्यों का प्रक्रियाकरण एवं विश्लेषण – सर्वेक्षण के पश्चात् समस्त साक्षात्कार अनुसूचियों से प्राप्त उत्तरों के आधार पर एक संकेत पुस्तिका बनाई गयी। उक्त संकेत पुस्तिका के आधार पर साक्षात्कार अनुसूचियों का संकेतीकरण किया गया। संकेतीकरण के पश्चात् प्राप्त तथ्यों को कम्प्यूटर (एस.पी.एस.एस. सॉफ्टवेयर) में प्रविष्ट किये गये। इसके पश्चात् उत्तरों को सरल आवृत्ति विभाजन के रूप में बाँटकर पृथक-पृथक सारणियाँ तैयार कर विश्लेषण किया गया।

आंकड़ो का मूल्यांकन – अध्ययन के आधार पर उद्यमशील महिलाओं की वैयक्तिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के सन्दर्भ में देखा जाये तो आयु की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रतिशत आयु वर्ग (36-45 वर्ष) का है। लगभग दो तिहाई व्यवसाय करने वाली महिला मध्यम वर्ग से हैं। 18.07 प्रतिशत उद्यमशील महिलाएं 18 से 35 वर्ष के हैं। जातीय विभाजन वर्ग के आधार पर स्पष्ट है कि 37.05 प्रतिशत सामान्य वर्ग एवं 33.03 प्रतिशत पिछड़ी जाति तथा 22.09 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 6.2 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की महिलाएं उद्यमिता से जुड़ी हुई हैं। लगभग सभी व्यवसायिक महिलाएं विवाहित हैं एवं आधे से अधिक महिलाएं संयुक्त परिवार में रहती हैं। शैक्षणिक दृष्टि से देखा जाये तो 37.05 प्रतिशत व्यवसायिक महिलाएं उच्च शिक्षित एवं 27.01 प्रतिशत महिलाएं उच्चत्तार माध्यमिक हैं। जबकि साक्षर एवं निरक्षर का प्रतिशत क्रमश: 22.9 एवं 8.3 है।

सामाजिक मीडिया एवं उद्यमिता विस्तार के सम्बन्ध में देखा जाये तो 48.8 प्रतिशत व्यवसायिक महिलाए स्वयं ही अपना व्यवसाय एवं प्रबन्धन का कार्य करती हैं। उद्यमिता से जुड़ी 74.02 प्रतिशत महिलाएं ज्यादातर व्हाटसप, फेसबुक सामाजिक मीडिया का प्रयोग करती हैं। 50 प्रतिशत महिलाएं सामाजिक मीडिया का प्रयोग अपने प्रोडक्ट का प्रचार एवं प्रोडक्ट ज्यादातर उद्यमशील महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ही नहीं है। 39.6 प्रतिशत उद्यमशील महिलाएं सरकार द्वारा जो योजनाएं संचालित की जाती हैं उनसे वे सन्तुष्ट नहीं हैं क्यों कि उद्यमशील महिलाओं को कहना है कि सरकार द्वारा जो योजनाएं संचालित की जाती हैं वे उन तक नहीं पहुँच पाती हैं, साथ ही जो पैसा आता है वह भी उन तक नहीं पहुँच पाता है।

विपणन एवं विस्तार के सम्बन्ध में यदि देखा जाए तो उद्यमिता संगठनों का भी उद्यमिता विस्तार में बहुत बड़ा योगदान है। 41.7 प्रतिशत महिला उद्यमियों का कहना है कि सामाजिक मीडिया की वजह से व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिली है अर्थात् व्यवसाय के संचालन को बेहद सुगम कर दिया है। बाजार मूल्यांकन का निर्धारण भी अपनी लागत के हिसाब से होता है। जब महिलाओं से यह जानना चाहा कि क्या आपने अपने व्यवसाय को चलाने से पहले किसी पेशेवर व्यक्तियों से सलाह आदि लिया था तो 69.3 प्रतिशत महिलाओं का कहना था कि यह व्यवसाय जो वर्तमान में चला रहीं हैं पहले से ही चलता था बस उन्होंने उसी व्यवसाय को आधुनिक बाजार के हिसाब से बढ़ाने का प्रयास किया है। 70.8 प्रतिशत महिलाएं अपने व्यवसाय को अपने घर के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर चलाती हैं। 29.2 प्रतिशत महिलाएं अपना व्यवसाय चलाने में किसी और की मदद नहीं लेती हैं अर्थात् वे अपने व्यवसाय को स्वयं ही चलाती हैं।

उद्यमशील महिलाओं के उद्यम विस्तार में मीडिया की भूमिका का अध्ययन किया जाये तो 52.1 प्रतिशत महिला उद्यमी का मानना है कि आज सामाजिक मीडिया की वजय से समाज में महिलाएं जागरूक हुई हैं, इस जागरूकता की वजय से महिलाएं व्यवसाय करने के लिए समाज में आंगे आई हैं। ज्यादातर उद्यमशील महिलाएं न्यूजपेपर रोज पढ़ती हैं तथा

सोशल अकाऊंट्स का नियमित इस्तेमाल करती हैं। सोशल अकाउंट्स को प्रयोग 64.4 प्रतिशत महिलाएं अपने व्यवसाय को बढ़ाने और व्यवसाय नेटवर्क को बनाएं रखने के लिए करती हैं। 84.4 प्रतिशत महिलाएं व्यवसायिक ग्रुप, जातीय ग्रुप या शेक्षणिक जैसे संगठनों की सदस्य हैं। 66.7 प्रतिशत महिलाओं का मानना है कि उद्यम विस्तार में सामाजिक मीडिया को योगदान तो बढ़ा है पर कुछ महिलाओं का मानना है कि सामाजिक मीडिया की वजह से कई बार धोखधड़ी का शिकार भी होना पड़ता है।

निष्कर्ष – राष्ट्र का निर्माण महिलाओं की सहभागिता के बिना नहीं किया जा सकता है और न ही सामाजिक सशक्तिकरण महिलाओं के आर्थिक विकास के बिना संभव है। इन्हीं विचारों को सत्यता प्रदान करने एवं लोकतांत्रिक वातावरण में विचारों के स्वतंत्र प्रवाह को गति देने में संचार माध्यमों ने सराहनीय योगदान दिया है। देश की कुल आबादी का लगभग आधा हिस्सा महिलाओं का है और आज भारत सरकार और राज्य सरकारें महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए कई तरह की महत्वपूर्ण योजनाएं चला रहीं हैं। जिसकी वजह से सूक्ष्म एवं लघु व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका के साथ ही महिलाओं में जागरूकता सम्बन्धी कार्यो को भी इन योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है।

आज सामाजिक मीडिया और संचार के माध्यमों ने सामाजिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने में अहं भूमिका निभाई है। महिलाओं का स्वविकास के साथ ही दूसरों से मेल-जोल बढ़ाने, स्वामित्व की भावना, आत्म-अभिव्यक्ति, स्वयं एवं दूसरों की समस्याओं को सही परिपेक्ष्य में देखने और उनका विश्लेषण करने एवं निर्णय लेने आदि का अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही मुख्य रूप से उद्यमशील महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य भी सामाजिक मीडिया ने किया है। सामाजिक मीडिया ने लोगों से अनौपचारिक संपर्क कर परिचर्चा को बढ़ावा दिया है साथ ही व्यवसाय, ऋणग्रस्तता, सामाजिक कुरीतियों, सरकारी योजनाओं, सार्वजनिक सुविधाओं, स्वास्थ्य व शिक्षा आदि विषयों पर कामकाजी महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें इन महत्वपूर्ण विषयों से अवगत भी कराया है जिससे उनके आत्मविश्वास व्यक्तित्व में भी परिवर्तन आया है।

वर्तमान समय में देखा जाये तो महिलाएं घर गृहस्थी का कार्य निपटाने के साथ ही महिलाएं लघुव्यवसाय को बखूबी कर रहीं हैं जिन्हें सरकार और स्वैच्छिक संगठनों ने भी सहयोग प्रदान किया है। सरकार का लगातार प्रयास भी यही रहा है कि सामाजिक मीडिया या विभिन्न उपक्रमों के माध्यम से महिलाएं लघु या मध्यम व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करे सकें, जिसकी सकारात्मक तस्वीर भी सामने आ रही है। निश्चित रूप से आज महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सूचना एवं संचार माध्यमों के साथ ही सामाजिक मीडिया ने समाज में व्यवसायिक रूप से नई अलख जगाने का कार्य किया है।

सुझाव ;

1. महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षात्मक वातावरण तैयार किया जाये।
2. महिला उद्यमियों को शिक्षा एवं कौशल प्रदान किया जाये जिससे महिलाएं बिना कम से कम जोखिम में अपना व्यवसाय कर सकें।
3. वंचित समूहों की महिलाओं को व्यवसाय करने के समान अवसर प्राप्त हों ऐसे उपाय किये जाऐ।
4. सामाजिक मीडिया को महिलाओं के लिए संवैधानिक रूप से और सुरक्षात्मक प्लेटफार्म बनाया जाये।
5. महिलाएं कम पूंजी में भी लघु और मध्यम व्यवसाय कर सकें ऐसे उपाय किये जाएं।
6. महिलाएं सामाजिक मीडिया का व्यवसाय के लिए सुरक्षात्मक तरीके से प्रयोग कर सकें, इसके लिए सामाजिक मीडिया और पारदर्शी तरीके से कार्य करे ऐसे उपाय किये जायें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. तिवारी, कणिका (2013): महिला सशक्तिकरण का आत्मावलोकन, कुरूक्षेत्र, अगस्त नई दिल्ली।
2. गोयल, डॉ. सुनील (2003) भारतीय समाज में नारी, आर बी एस ए पब्लिशर्स, जयपुर।
3. गंगराडे, के.डी. (1975): सोशल मोबीलिटी इन इंडिया: ए स्टडी ऑफ डिपरेस्ड क्लास मेन इन इंडिया।
4. गुलाटी, रवि एवं कवल गुलाटी (1998): भारत में स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यो की उन्नति, बत्रा बुक सर्विस, नई दिल्ली।
5. झा, सुशील कुमार (2013): पत्रकारिता में सोशल मीडिया का योगदान, योजना मई, नई दिल्ली।
6. जोशी, रामशरण (2008): मीडिया: मिशन से बाजारीकरण तक, वाग्देवी प्रकाशन, बीकानेर।
7. खांडेकर, वनिता कोहली (2013): भारतीय मीडिया व्यवसाय, सेज पब्लिकेशन्स इंडिया प्रा.लि., नई दिल्ली।
8. मन्ना डॉ. अनिता एवं डॉ. वीरेन्द्र कुमार मिश्रा (2014): वैकल्पिक पत्रकारिता और सामाजिक सरोकार, हिन्द-युग्म प्रकाशन, नई दिल्ली।
9. प्रतिभा (2018): मीडिया में महिला, जनवरी, जनकृति अंतराष्ट्रीय पत्रिका, नई दिल्ली।
10. पंत, अतुल (2013): शिक्षा में सोशल मीडिया, मदद अथवा बाधा, योजना, मई, नई दिल्ली।
11. श्रीवास्तव (डॉ.) मीनाक्षी (2012): कामकाजी महिलाएं वास्तविक स्थिति, हरि प्रकाशन दिल्ली।
12. श्रीवास्तव मयंक (2013): महिला सशक्तिकरण सामाजिक बदलाव के लिए आवश्यक, कुरूक्षेत्र, अगस्त, नई दिल्ली।
13. शर्मा, एस. सी. (1977): मीडिया कम्यूनिकेशन एण्ड डेवलपमेंट, रावत पब्लिकेशन, जयपुर।
14. सिंह, ओम प्रकाश (1993): संचार माध्यमों का प्रभाव, क्लासिक पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली।
15. वर्मा, अरूण कुमार (2011): मीडिया एवं सामाजिक परिवर्तन, योजना, अगस्त, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता के दृष्टिकोण का अध्ययन

साधना खराड़ी *

शोध सारांश – लोकतंत्र का स्वरूप बदल रहा है। आज जो लोकतंत्र परिदृष्य होता है। वह निरन्तर परिवर्तन होते हुए इस अवस्था में पहुचाँ है। लोकतंत्र की कोई एक अवधारणा नही हो सकती है। प्रजातंत्र को केवल राजनीति से जोडना सही नही होगाा। लोकतंत्र का सामाजिक और आर्थिक द्वोनो से भी उतना ही सम्बन्ध है। जितना राजनीति से हैं। यदि हम सामान्य भाषा मे लोकतत्रं को देखते ह, तो जनता इसमें स्वंय प्रतिनीधियों का चूनाव करती है। और उनके द्वारा अपने मुदद्दों को शासन के समक्ष रखती हैं।

शब्द कुंजी – लोकतंत्र, जनप्रतिनिधि, निर्वाचन, मताधिकार, कानून, शासन, अधिकार,जनता।

प्रस्तावना – लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधि का चूनाव अपने मताधिकार के द्वारा करती है। देश के सभी व्यक्तियों को निर्वाचन में समानता का अधिकार होता है। वर्तमान लोकतंत्र मे यह आवष्यक है,कि प्रतिनिधि का चुनाव स्वतंत्र रूप से हो। भयमुक्त वातावरण में हो, प्रतिनिधि का चुनाव निरतंर होता रहे। परन्तु केवल 5 वर्ष में प्रतिनिधियों का चुनाव करना काफी नही होता है। जनता को यह भी देखना चाहिए कि हमारे द्वारा जो प्रतिनिधि भेजा गया है वह अपनी शक्तियों का सही प्रयोग करे। उसे प्रशासन द्वारा जो दायित्व सौपे गये है। जो कार्य दिये गये है। उनका पालन वह कानूनों कों ध्यान में रखकर करे। मतदाता को यह भी देखना होगा कि प्रतिनिधि अपने मनमूताबिक कार्यो को ना करे। वह जनता के हितों का ध्यान रख कर करें।

लोकतंत्र को जनता का शासन माना है अब्राहम लिंकन के शब्दो में लोकतंत्र जनता का, जनता द्वारा, और जनता के लिए शासन है वह लोकतत्रं बेंहतर माना जाता है जिसमे सभी की सहभागिता हो इसमे शासन व सत्ता जनसाधारण के हाथो मे होती है। सार्वजनिक नीतिया जनता के अनुसार बनाई जाती है। शासन चलाने का कार्य जनप्रतिनिधियो द्वारा किया जाता है उन जनप्रतिनिधियो का चूनाव जनता अपने मतो के द्वारा करती है। निर्वाचित प्रतिनिधि जनता के लिए नीतिया बनाने का करते है।लोकतत्रं मे स्वतत्रता समानता और आम जनता की सहमति होती है।

उद्देश्य :

1. जनप्रतिनिधि के प्रति जनता के दृष्टिकोण का अध्ययन।
2. लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की स्थिति का अध्ययन।

शोध प्रविधि – अध्ययन के लिए आकडों का संकलन द्वितीय पद्धति के द्वारा किया गया है, इसमें पुस्तक,शोध-पत्र,पत्रिकाए इन्टरनेट, और सरकारी दस्तावेज आदि सम्मिलित है।

जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का दृष्टिकोण – आम जनता अपने प्रतिनिधियों को कानून बनाने मे सुझाव दे सकती है। प्रतिनिधि उस व्यवस्था से सम्बन्धित कानून बनाये इसके लिये जनता दबाव बना सकती है। प्रतिनिधि को हमेशा यह जानने का प्रयास करना चाहिये, कि जनता का पक्ष क्या है। उनकी आवश्यकताए क्या है इन मुदद्दो पर। यदि जनता सहमत नही है तो जनता को विरोध करनें का अधिकार भी प्राप्त है। यहि लोकतंत्र का आधार है परन्तु वह विरोध शान्तिपुर्ण तरिके से किया जाना चाहिए जिससे की किसी प्रकार की समस्याये उत्पन्न ना हो।

आम तौर पर यह परिदृष्य होता है,कि जनता अपने प्रतिनिधि से संतुष्ट नही होती है। जिस कारण जनता का प्रतिनिधि के प्रति विश्वास कम होने लगता है जनता को कोशिश करना चाहिए कि वह शांतिपूर्ण तरिके से प्रतिनिधि पर कार्य करने का दबाव बनाये ना कि अनुचित तरिको से। कई बार प्रतिनिधि द्वारा कार्यो को करवाया जाता है। परन्तु कुछ अव्यवस्थाओं के चलते वे भी पुरे कार्य नही करवा पाते हैं। जनता कई बार इन कारणों से नकारात्मक सोच की ओर बढंती हैं जो कि प्रतिनिधि के लिये कई सवाल खडें कर देती है।

जनप्रतिनिधियों को जनता की सहमति से शासन करना चाहिए।लोकतंत्र में विचार- विमर्श प्रक्रिया द्वारा कार्यो कों करवाया जाता हैं। लोकतंत्र में वह सरकार जनता की प्रिय होती है जो स्वतंत्र भाषण और स्वतंत्र सभा के द्वारा कार्यो को करती है। लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था होती है जिसमें सभी का विकास होता है।

लोकतंत्र में जनता समय-समय पर प्रतिनिधि को सचेत भी करते है। आज जनता जागरुक है हर मुदद्दे पर अपनी राय रखती है।लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें प्रतिनिधि के कार्यो में जनता अपना हस्तक्षेप करती है प्रतिनिधि कों जनता के पक्ष विपक्षा में निर्णय लेना होता है। और जनता सदेव यह चाहती है। कि उनका प्रतिनिधि उनकी इच्छानुसार कार्यो को करे।

जनप्रतिनिधियों की स्थिति का अध्ययन – लोकतंत्र में परिवर्तन का आधार जनता के मताधिकार का प्रयोग है। लोकतंत्र में जनता सें बहुतमत प्राप्त पार्टी सत्ता में आती हैं जो पार्टी कम मत प्राप्त करती है वह विपक्ष में होती है। जिसका कार्य लोकतंत्र की रक्षा करना होता है विपक्ष का यह कर्तव्य होता है। कि वे गलत का विरोध करे। भारत के संविधान में एक व्यक्ति,एक मत का सिद्धांत रहा है।मतदाता से किसी भी जाति,लिंग, और धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नही किया जा सकता है।आम जनता अपने मतों से प्रतिनिधि को चूनती है।जो उम्मीदवार मतदाताओं का विश्वास को जीत लेता है।वह आगे जनता का प्रतिनिधित्व करता है।

समय के साथ लोकतंत्र में भी बहुत कुछ परिवर्तन देखने को मिल रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की नीव कमजोर पडने लगी है। वर्तमान में कानून व्यवस्था अनियंत्रित सी प्रतित होती हैं। जिस कारण हिसां,उपद्रव जैसी

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाल, विक्रम विश्वविघालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

घटनाए देखने को मिल रही है।

जनता अपने कार्यों को प्रतिनिधियों के द्धारा करवाती है। जनता अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि अनेक प्रकार की अपेक्षा रखती हैं। उन पर खरा उतरना प्रतिनिधि का दायित्व हैं।वह जनता को संतुष्ट कैसे रखते है।यह उन पर निर्भर करता है। जनता की आधारभूत समस्याएँ हो या शिक्षा खेल आदि से सम्बन्धित हो प्रतिनिधि को उनका समाधान करना चाहिए । जनता यहि अपेक्ष करती है। कि उनकी आवश्कताओं के अनुरुप कानून बनाये जाये । कानून ऐसे बनाये जाये जो जनता के हित मे हो, प्रतिनिधि के सामने बजट असामन्जस्य भ्रष्टाचार जैसी समस्याए कई बार उत्पन्न होती हैं। पंरन्तु इनका समाधान कर उन्हे जनता के विषय में विचार करना होता है। आज का लोकतंत्र यहि मांग करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

The main feature of the Joint Statement being the assurance by the U.S. President according to which US adjust domestic laws and policies after seeking agreement from Congress, as well as international regimes to enable full civil nuclear energy cooperation with India. After amendment in its domestic laws US tried to accommodate India by persuading the members of the NSG to restart nuclear cooperation and trade with India.[15] It broadened the energy options for India and predicted nuclear energy as a feasible basis of power for its growing economy. India, on its part, is to unilaterally lay its civilian nuclear reactors and nuclear materials to be acquired from US within the purview of IAEA's new India specific guidelines; for this, India is to draw a wall of separation between its nuclear defensive deterrence programme and nuclear energy producing reactor system. A. Gopalakrishnan (2005) quoted that the joint statement faced varied opinions in both the countries, with both opposition and favour coming from important individuals and political parties. Oddly, while the US non-proliferation lobby considers that the intentional collaboration with India would spoil the current nuclear control regime, the Indian opponents assert that the agenda will gravely edge the country's nuclear weapon capabilities, harm national security benefits and harm aboriginal nuclear development. The prime minister laid about joint agreement in a clear cut manner to Union Parliament on July 29, saying" Our nuclear programme is exceptional. It composes the entire assortment of activities that describe a highly developed nuclear power, the scientists already accomplished marvelous work and we are moving ahead fine on this programme as per the unique visualization outlined by Pandit Jawaharlal Nehru and Dr Homi Bhabha." He went on to argue that" nuclear power has to maintain an escalating role in our power generation plans" and the deal offers a means where "our aboriginal nuclear power programme based on domestic assets and national hi-tech capabilities would prolong to develop.

At the end of the joint accord of 2005, the Indian PM invited US President to tour India, which the latter accepted and as per his visit to India in March 2006, the two sides finalized a plan for the separation of civilian-military facilities of India. The key essentials were[16]: i. Eight indigenous Indian power reactors will be placed under an India specific safeguards agreement, the total number of power reactors is 22 and 14 will be brought under safeguards. ii. Future power reactors would be placed under safeguards, if India declares them as civilian. Some facilities in the Nuclear Fuel Complex e.g; fuel fabrication will be specified as civilian in 2008. iii. Nine research facilities and three heavy water plants would be declared as civilian.

The following facilities and activities are outside the separation list:i. Eight indigenous Indian power reactors. ii. Fast Breeder Test Reactor (FBTR) and Prototype Fast Breeder Reactor (PFBR) under construction. iii. Enrichment facilities. iv. Spent fuel reprocessing facilities (except for the existing safeguards on the Power Reactor Fuel Reprocessing (PREFRE) plant. v. Research Reactors: CIRUS (which will be shut down in 2010), Dhruva, Advanced Heavy Water Reactor. vi. Three heavy water plants. vii. Various military-related plants (e.g; prototype naval reactor). As part of its plans for separating its facilities, India will eventually begin negotiations with the IAEA about the nature of safeguards it will put into practice. The leadership of both the nations hailed the March 2006 agreement as the anchor of a new "strategic partnership." Both the leaders received a report from chief executives of five US corporations and ten Indian companies to improve investment and commercial links. The corporation executives stressed that the greater US investment could help India to further develop its infrastructure, and American technical skill will be helpful for India to upgrade its low-cost manufacturing. India's target to construct nuclear power plants is to generate 40,000 megawatts of electricity by 2020 an aim proclaimed by Prime Minister Singh. If the contract with the US is successful, 'India will have admittance to the global nuclear technology market', said by S. K. Jain chairman of Nuclear Power Corporation of India. He added, once the deal with the US is successful, supplies of enriched uranium would be 'included in contracts to install reactors.'

Some points revealed out as the logic of the US-India cooperation included that nuclear power is grave in meeting 'India's energy requirements', while also creating 'innovative business opportunities' for U.S. firms, which translates into 'new jobs for American workers'. Another main issue, the US vice president said: 'India will go into the global nonproliferation mainstream by sorting out its civil-military nuclear programmes'. The separation plan envisages requirements for remedial procedures that India may take to make certain continuous process of its civilian nuclear reactors in the incident of interruption of far-off fuel supplies. In November 2006, India received the largest trade

delegation from the US which naturally included nuclear equipment companies. The Business Council of the Chamber of Commerce of India and US predicted that the new US law on nuclear relation with India would 'yield a gift of opportunities' for the two countries. K. Subrahmanyam, a foreign policy political analyst and chairman of Indian Government's Task Force on Global Strategic Developments, was quoted as saying that American interests and India's interests are 'at present, different', he further pointed out that it would take time for the differences to be 'harmonized', but added that 'the door has opened'. The US House of Representatives on 8 December, 2006, approved the conference report and passed the "Henry J. Hyde United States-India Peaceful Atomic Energy Cooperation Act of 2006" gaining 330 votes out of 359. The US Senate also offered a "unanimous consent" to the conference report on 9 December 2006 and subsequently, on 18 December, 2006, President Bush, in a crucial development, signed the Hyde Act into law (PL 109-401) by President Bush on 18 December 2006, which is considered as a big step in the direction of reintegrating India with global nuclear market.

Conclusion - The bilateral civil nuclear cooperation is a milestone as the leadership of both the nations has managed to challenge grave odds to make it happen. Without being the member of nonproliferation regime, the nuclear accord makes India to attain a recognized (de facto) nuclear status. It is all about civilian nuclear energy cooperation so that to meet the growing India's energy requirements, but it can be a predicament for the nonproliferation regime that India has a remedial determinence to sustain its nuclear accumulation under the nuclear agreement. Through this deal, US is exclusively attempting to strengthen India into its coalition alliance to encourage its strategic benefits in the region. In essence, non-proliferation objective is to meet the national interests of two states and also United States sought the nuclear agreement with India principally for two reasons: to control China and to tap the enormous Indian nuclear market. The nuclear deal also serves the broad economic objectives of both the nations.

References :-

1. Chadha, Vivek, Indo-US Relations: Divergence to Convergence, op.cit., p.133.
2. Ganaie, Muzaffar Ahemad, 'Indo-US Civil Nuclear Deal: Heralding a New Era in Indo-US Relations' op. cit., p.46.
3. Gaan, Narottam, India and the United States: From Estrangement to Engagement, op. cit., pp.222-223.
4. McGoldrick, Fred, Bengelsdorf, Harold and Scheinman, Lawrence, 'The US-India Nuclear Deal: Taking Stock', Arms Control Today, Vol. 35, No. 8, October 2005, pp. 67. Available online at www.armscontrol.org/act/2005_10/Oct-Cover. (Accessed on 2507-2011)
5. Sridharan, Kripa, Indo-US engagement: An Emerging Partnership and its Implications, op. cit., p.20.
6. Bhattacharya, Amar, Strategic Breakthroughs in Indo-US relations, World Focus, Vol. XXIX, No-7, July 2008, p.244.
7. Yadav, Surya Narain, Indo-America Strategic Partnership: Experiences and Expectations, op. cit., p.118.
8. Sethi Manpreet, Inputs for a Nuclear Energy Policy for India, in 'Nuclear Power and Non-Proliferation' Jasjit Singh (ed.), Knowledge World, New Delhi, ISBN 8187966-31-9, 82, (2004)
9. Tasleem Sadia, Indo-US Nuclear Cooperation: Altering Strategic Positioning and Shifting Balance of Power in South Asia", Regional Centre for Strategic Studies, Colombo, ISBN 978-955-8051-40-5, 26, (2008)
10. Purushothaman U., Indo-US Defence Relations: Challenges and Prospects, in 'Indo-US Relations: Dimensions and Emerging Trends', Mohammed Badrul Alam (ed.), Shipra Publications, New Delhi, ISBN 978-817541-671-0, 30, (2013)
11. Gopalkrishnan A., Indo-U.S. Nuclear Cooperation: A NonStarter, Economic and Political Weekly, XL(27), 29352940, (2005)
12. Bhatia V., 'Change in the US Nuclear Nonproliferation Policy Toward India (1988-2005): Accommodating the Anomaly', Ph. D. Thesis, Edmonton, University of Alberta, (2012).
13. Iyenger P.K., There are Weighty Reasons not to Accept the 123 Agreement, in Strategic Sellout: India-US Nuclear Deal by Bharat Karnad and et al (eds.), Pentagon Press, New Delhi, ISBN 978-81-8274-432-5, 286-292, (2009)
14. Senger S.K.S. and Rathore R. S., The Impact of Indo-US Deal on India's Nuclear Policy, in 'India's Nuclear Policy, Disarmament and International Security', Dr. S. K. Mishra (ed.), Radha Publications, New Delhi, ISBN 81-7487-4305, 119, (2006)
15. Jabeen Mussarat and Ahmad Ishtiaq, Indo-US Nuclear Cooperation, South Asian Studies, 26(2), 421, (2011)
16. Squassoni Sharon, India's Nuclear Separation Plan: Issues and Views, Congressional Research Service, 17, (2006)

****

भारतीय संदर्भ में साइबर अपराध निवारण हेतु सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों का विधिक अध्ययन

डॉ. जैनेन्द्र कुमार पटेल *

शोध सारांश – विधि का प्रमुख प्रयोजन समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति करना तथा शांति व्यवस्था बनाए रखना है। सामाजिक परिवर्तनों के साथ विधि में भी परिवर्तन करना आवश्यक होता है। इसी श्रृंखला में सूचना प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटर विज्ञान की प्रगति के फलस्वरूप इनसे जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए कानून निर्मित किये जाना तथा विद्यमान कानूनों में संशोधन किया जाना आवश्यक हुआ। वर्तमान 21 सदी के कम्प्यूटर युग में अनेक ऐसे अपराध अस्तित्व में आये हैं जिनके संबंध में पहले कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। अब साइबर अपराध एक ही स्थान से दूरस्थ देशों में विभिन्न जगहों पर कारित होना सम्भव हो गया है जबकि अपराधी का अपराध के स्थान पर उपस्थित रहना आवश्यक नहीं है। नई प्रौद्योगिकी के परिणामस्वरूप दूर संचार क्षेत्र कें प्रगति के कारण अब कम्प्यूटर की छोटी सी डिस्क या फाइल में सन्देशों या जानकारी का अपार भंडार संग्रहीत करना, परिचालित करना या डाटा इधर-उधर वितरित करना अत्यन्त सरल हो गया है परन्तु साइबर अपराधियों द्वारा इनका दुरूपयोग किये जाने के अवसरों में भी उतनी ही वृद्धि हुई है।

भारत में साइबर अपराधों के निवारण एवं नियन्त्रण के लिए दंडविधि तथा साक्ष्य विधि में कतिपय संशोधनों के अतिरिक्त एक पृथक विधि अस्तित्व में लाया गया है, जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के रूप में प्रभावी है। इस अध्ययन में सूचना प्राद्योगिकी अधिनियम 2000 के प्रावधानों का अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – कम्प्यूटर, प्रौद्योगिकी, साईबर, विधि, दण्ड।

शोध का उद्देश्य – इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य साईबर अपराधों के निवारण में सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 के विधिक प्रावधानों का अध्ययन करना है।

शोध प्रविधि – यह शोध पत्र सैद्धांतिक विधि पर आधारित है जिसमें सूचना प्राद्योगिकी अधिनियम 2000 के अन्तर्गत दिये गये विधिक प्रावधानों तथा विभिन्न आलेखों में व्यक्त विचारों का समावेश करते हुए विधिक अध्ययन किया गया है।

विवेचना – कुछ परम्परागत अपराध जैसे, कपट, षड़यन्त्र, जासूसी, अश्लीलता, मानहानि आदि अपराध भी आजकल इन्टरनेट के माध्यम से घटित हो रहे हैं। ऐसे साईबर अपराधों के निवारण हेतु भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के प्रावधान अपर्याप्त प्रतीत हुए तथा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सन् 1996 में पारित प्रस्ताव तथा उसके द्वारा अधिनियम 'मॉडल लॉ' के आधार पर की गई है। ताकि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले ई-वाणिज्यिक को विनियमित किया जा सके तथा सभी जगह एक समान साइबर कानून लागू हो। जिसके निवारण हेतु इन अपराधों से संबंधित पृथक कानून सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 पारित किया गया जो 17 अक्टूबर, 2000 से प्रभावी हुआ। इस अधिनियम में कुल 94 धाराएँ तथा चार अनुसूचियाँ हैं। इसे सन् 2008 में संशोधित करके अधिक व्यापक रूप दिया गया। संशोधित अधिनियम दिनांक 5 फरवरी 2009 से लागू किये गए जिनमें अप्रैल 2011 में पुन: संशोधित किया गया है।

इस अधिनियम का मूल उद्देश्य इलेक्ट्रानिक डाटा के विनियमन तथा इलक्ट्रानिक माध्यम से संचारित अन्य संव्यवहारो का विधिक मान्यता प्राप्त हो तथा कागजी पत्र व्यवहार तथा दस्तावेजों के स्थान पर इलेक्ट्रानिक डाटा फाइलिंग से दस्तावेजों को संरक्षित किया जा सके। इस अधिनियम द्वारा ई-वाणिज्यि को मान्यता प्रदान की गई जिससे इलेक्ट्रानिक पत्राचार के माध्यम से वाणिज्यिक एवं व्यापारिक संव्यवहार सुविधाजनक हो गए। उक्त अधिनियम के प्रमुख लक्षण निम्नानुसार हैं-

1. इलेक्ट्रानिक रूप में तैयार किये गये रिकार्ड को वैसी ही वैधानिक मान्यता प्रदान की गई जैसी कागजी दस्तावेजों को प्राप्त है।
2. अधिनियम द्वारा डिजीटल हस्ताक्षरों को भी मान्यता प्रदान की गई जिनका प्रमाणन प्राधिकारी द्वरा अधिप्रमाणन आवश्यक होता है।
3. अधि-निर्णय प्राधिकारियों द्वारा दिये गये निर्णयों के विरूद्ध अपील की सुनवाई हेतु अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना की गई।
4. इस अधिनियम के उपबनध परक्राम्य लिखत पावर ऑफ अटार्नी न्यास, इच्छा पत्र तथा अचल से भी सम्बन्धित विक्रय या अभिहस्तांतरण की संविदा के प्रति लागू नहीं होंगे।
5. यह अधिनियम ऐसे व्यक्तियों के प्रति भी लागू होगा जिन्होने कोई साइबर अपराध या इस अधिनियम के प्रावधानों का भारत के बाहर कारित किया हो, भले ही उस व्यक्ति की राष्ट्रीयता कोई भी क्यों न हो।
6. अधिनियम की धारा 90 के अन्तर्गत राज्य सरकार अपने कार्यालयीन गजट में अधिसूचना जारी करके 'नियम' बना सकती है, ताकि अधिनियम के उपबंधों को प्रवृत्त किया जा सके।

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की परिधि में आने वाले अपराध – सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत निम्नलिखित अपराधों के लिए दांडिक प्रावधान हैं :

1. **अनधिकृत अभिगमन–** अधिनियम की धारा 43 के अनुसार काई

* सहा. प्राध्यापक, डॉ. सी. वी रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

व्यक्ति जो कम्प्यूटर, कम्प्यूटर सिस्टम या कम्प्यूटर नेटवर्क में अनुमति के बिना अनधिकृत अभिगमन करता है या अभिगमन को अभिप्राप्त करता है तो वह इससे प्रभावित व्यक्ति को प्रतिकर देगा जो एक करोड़ रूपये से अधिक राशि हो सकेगी। मूल अधिनियम में सन् 2008 में संशोधन द्वारा एक नई धारा 43-A जोड़ दी गई जिसके अनतर्गत किसी व्यक्ति के कम्पयूटर संसाधन में वैयक्तिक डाटा या जानकारी संरक्षित रखने में विफलता की स्थिति में प्रतिकर प्राप्त होगा।

2. रिटर्न या जानकारी प्रस्तुत करने में विफल रहने का अपराध- धारा 44 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम या इसके अधीन निर्मित नियमों के अधीन कोई दस्तावेज, रिटर्न या रिपोर्ट कंट्रोलर या प्रमाणिकी-प्रौद्योगिकी को प्रेषित करने में व्यतिक्रम करता है या विफल रहता है तो उसे प्रत्येक विफलता के लिए जुर्माना जो डेढ़ लाख रूपये तथा व्यतिक्रम के लिए 5000 रु. का अर्थदण्ड देना होगा।

3. अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियमों का उल्लंघन - सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 45 के अधीन अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियमों के उल्लंघन को अपराध माना गया है।

4. कम्प्यूटर जनित दस्तावेजों में हेर-फेर करना- अधिनियम की धार 65 के अनुसार कम्प्यूटर जनित दस्तावेजों की हेरा-फेरी, कूट संकेतों को नष्ट करना, बदलना, छिपाना, विनष्ट कराना एवं दूसरे के द्वारा कूट संकेत-साधन को बदलवा देना, इस अपराध के विभिन्न रूप हैं। जिसके के लिए तीन वर्ष तक कारावास तथा दो लाख रूपये जुर्माने का दण्ड देय है।

5. हेकिंग- धारा 66 कम्प्यूटर सिस्टम के साथ हेकिंग को साइबर अपराध मानती है। जिसके लिए तीन वर्ष तक का कारावास या दो लाख रूपये तक अर्थदण्ड या दोनों से दण्डित किया जा सकेगा।

6. इलेक्ट्रानिक फार्म में अश्लील जानकारी का प्रकाशन- इन्टरनेट पर अश्लीलता धारा 67 के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है। इस धारा के अधीन तीन वर्ष तक के कारावास या दो लाख रूपये अर्थदण्ड दोनों से दण्डनीय है।

7. कंट्रोलर के निर्देशों का पालन नहीं किया जाना- धारा 68 कंट्रोलर को अधिकृत करती है कि वह प्रमाणीकरण प्राधिकारी या उसे प्राधिकारी के किसी कर्मचारी को यह शक्ति है कि वह कम्प्यूटर या इन्टरनेट पर संग्रहीत या प्रसारित किसी भी जानकारी के संचारण में हस्तक्षेप कर उसके सम्बन्ध में उचित आदेश या निर्देश जारी कर सकता है। कंट्रोलर के निर्देशों के अपालना की दशा में दोषी व्यक्ति को तीन वर्ष तक के कारावास या दो लाख रूपये अर्थदण्ड या दोनों से दडिण्त किया जा सकेगा।

8. धारा 69 के अन्तर्गत प्रमाणीकरण प्राधिकारी या उसके किसी कर्मचारी को यह अधिकार होता है कि वह आश्यक होने पर इन्टरनेट पर पोषित होने वाली किसी जानकारी को बीच मे ही हस्तक्षेप करके रोक सकेग, मिटा सकेगा उसका परिवीक्षण कर सकेगा ताकि देश की सूरक्षा, अखंडता या राज्य की सुरक्षा आदि को खतरा न रहे। यदि कोई व्यक्ति इस एजेंसी को मदद करने में विफल रहता है तो उसे सात वर्ष तक के कारावास से दण्डित किया जा सकेगा।

9. धारा 69-A अन्त:स्थापित की गई है जो केन्द्र सरकार को अधिकृत करती है कि वह देश की संप्रभुता तथा अखंडता के हित में इन्टरनेट पर पारेषित किसी जानकारी/सूचना को जनता की पहुँच से बाहर रखने के उद्देश्य से उसे बीच में ही रोक सकेगी या विनष्ट कर सकेगी। इस प्रावधान के उल्लंघन के लिए तीन वर्ष तक के कारावास का दण्ड तथा यदि आवश्यक हो तो अर्थदण्ड भी देय होगा।

10. संरक्षित सिस्टम में अभिगमन या प्रवेश- अधिनियम की धारा-70 में संरक्षित सिस्टम के सम्बन्ध में विशिष्ट प्रावधान है। इस धारा के अनुसार समुचित सरकार अपने राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन द्वारा किसी भी कम्प्यूटर, कम्प्यूटर सिस्टम या कम्प्यूटर नेटवर्क को 'संरक्षित सिस्टम' घोषित कर सकेगी। दो नई धाराएँ 70-A तथा 70-B के अनतर्गत देश के लिए एक 'राष्ट्रीय नोडल एजेंसी' की नियुक्ति का प्रावधान है। इस राष्ट्रीय एजेन्सी को **'भारतीय कम्प्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल'** के नामसे सम्बोधित किया जाएगा।

11. दुर्व्यपदेशन - अधिनियम की धारा 71 के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर के प्रमाणीकरण हेतु कंट्रोलर या प्रमाणन अधिकारी को दिये गए आवेदन में दुर्व्यपदेशन किया जाने को अपराध माना गया है। इस अपराध के लिए दो वर्ष तक के कारावास या एक लाख रूपये तक जुर्माने का दंड, या दोनो से दण्डित किया जा सकेगा।

12. गोपनीयता या नीजता भंग के लिए शास्ति - सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 72 के अनुसार किसी इलेक्ट्रानिक रिकार्ड, पुस्तक, रजिस्टर, पत्राचार, सूचना दस्तावेज, जानकारी या किसी अन्य सामग्री को सदोष प्राप्त या अभिगमन करता है तो उसे दो वर्ष तक के कारावास या एक लाख रूपये तक जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

धारा 72-A जिसमें इन्टरनेट पर किये गये संविदा-भंग या सदोष वैयक्तिक जानकारी हासिल करके किसी व्यक्ति को सदोष हानि या स्वत: को सदोष लाभ पहुँचाने को गम्भीर साइबर अपराध मानते हुए तीन वर्ष तक के कारावास या पाँच लाख रूपये तक अर्थदण्ड या दोनों दिये जाने का प्रावधान है।

13. गलत ब्यौरे सहित डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र का प्रकाशन- यदि कोई व्यक्ति डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के कतिपय झूठी या गलत जानकारी प्रकाशित करता है, तो इसे अधिनियम की धारा 73 के अन्तर्गत दंडनीय अपराध माना गया है जिसके लिए उसे दो वर्ष तक के कारावास या एक लाख रूपये तक अर्थदंड, या दोनों के दण्डित किया जा सकेगा।

14. कपटपूर्ण उद्देश्य के लिए डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र प्रकाशित करना- अधिनियम की धारा 74 के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो कपटपूर्ण आशय से जानबूझकर डिजीटल हस्ताक्षर तैयार करता है, प्रकाशित करता है या उपलब्ध कराता है इस धारा के अन्तर्गत दो वर्ष तक के कारावास या एक लाख रूपये के अर्थदण्ड या, दोनो से दण्डित किया जा सकेगा।

अपराधों का प्रशमन - सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 (2009 का अधि. संख्या 10) द्वारा मूल अधिनियम में एक नई धारा 77-। जोड़ी गई है जिसमें साइबर अपराधों के प्रशमन सम्बन्धी प्रावधान हैं। इस धारा के अनुसार ऐसे अपराध जो आजीवन कारावास या तीन वर्ष से अधिक कारवास से दण्डनीय हैं, प्रशमनीय नहीं होंगे परतु न्यायालय को ऐसे अपराधों प्रशमन करने की अधिकारिता नहीं होगी जिनमें अपराधी को पुन: अपराध की पुनरावृत्ति करने के लिए वर्धित दण्ड देय है या अपराध की प्रकृति सामाजिक-आर्थिक स्वरूप की हो या अपराध किसी महिला या 18 वर्ष से कम आयु के बालक के प्रति किया गया हो। धारा 77-B जो मूल अधिनियम में सन् 2008 के संशोधन द्वारा जोड़ी गई है, उपबंधित करती है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 मे अन्यथा होतु हुए भी ऐसे साइबर अपराध जो तीन वर्ष के कारावास तक दंडनीय हैं, संज्ञेय तथा जमानतीय होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 46(1) के अनुसार साइबर अपराधों में न्याय-निर्णयन की प्रथम अधिकारिता न्याय-निर्णयन अधिकारी की होगी

जैसा कि अधिनियम के अध्याय IX में वर्णित है।

अधिनियम की धारा 46(3) के अनुसार अधिनियम के अन्तर्गत न्याय-निर्णयन अधिकारी के पद पर नियुक्ति कें लिए विधिक और न्यायिक अनुभव तथा योग्यता वही होगी जैसी कि केन्द्र सरकार इस हेतु विहित करे।

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 58(2) के अन्तर्गत साइबर अपीलीय अधिकरण को प्राप्त हैं। उसके द्धारा की गई कार्यवाही न्यायिक स्वरूप होगी। भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 196 के प्रयोजनों के लिए साइबर अपीलीय अधिकरण को सिविल न्यायालय माना जाएगा। जाँच के दौरान न्याय-निर्णयन अधिकारी को निम्नलिखित बातों के लिए शक्ति प्राप्त है-

1. व्यक्तियों को समन (बुलाने) करने तथा उनकी उपस्थिति प्रवर्तित कराने की शक्ति ,
2. व्यक्तियों को दस्तावेज तथा इलेक्ट्रानिक रिकार्डस पेश करने हेतु बाध्य करने की शक्ति,
3. साक्ष्य रिकार्ड करने की शक्ति,
4. एकतरफा निर्णय देने की शक्ति, तथा
5. आवेदन या याचिका को निरस्त करने की शक्ति।

उपसंहार – वर्तमान समय में साईबर अपराध एक बढ़ती हुई अपराध है क्योंकि वर्तमान समय सूचना एवं प्रौद्योगिकी का है और प्रतिदिन साइबर अपराधों का दायरा बढ़ता जा रहा है। इस हेतु भारम में अधिनियमित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 जिसमें कि समय एवं परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न संशोधन भी किये गये हैं। अपने उद्देश्यों में तो सफल है परन्तु साईबर अपराधों की बदलती हुई प्रकृति एवं अपराधों की नई तकनिकियाँ इस क्षेत्र में नई चुनौतियाँ लेकर खड़ी हैं। इस हेतु इस अधिनियम में समयानुसार बदलाव की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय दण्ड संहिता, 1860
2. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973
3. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000
4. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872

****

झालावाड़ जिले में पर्यटन एवं विकास का मूल्यांकन एवं भौगोलिक विश्लेषण

नीलोफर अगवान* डॉ. सौरभ त्यागी**

प्रस्तावना – आधुनिक समय में पर्यटन विश्व बाजार में सबसे अधिक मुद्रा अर्जित करने वाले उद्योगों में से एक है। पर्यटन के काल में आने वाले पर्यटकों की संख्या क्षेत्र की कुल जनसंख्या से कई गुना अधिक हो जाती है और यह कई लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुँचाता है।

पर्यटन एक व्यापारिक क्रिया है। पर्यटन उद्योगों का विकास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मुख्यत: हुआ। प्राचीन काल की यात्राओं से पर्यटन का स्वरूप भिन्न है। प्राचीन समय में यात्राएं सिमित व्यक्तियों द्वारा की जाती थी, जबकि आधुनिक काल में पर्यटन अपने जनसमूह के स्वरूप के आधार पर भिन्न है। सन् 1945 के बाद घरेलु तथा अन्तर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के पर्यटन का तीव्र गति से विकास हुआ। तीन दशक के पूर्व पर्यटकों की संख्या सैकड़ों में थी, वह अब कई हजारों या लाखों में है। पर्यटन हेतु गन्तव्य स्थान की स्थिति व पहुंच महत्वपूर्ण होते है। गन्तव्य स्थान तक सफलता पूर्व पहुँचना अधिक महत्व रखता है। पर्यटन स्थल दूर्गम -स्थानों में होने पर वे एक चुनौती बन जाते है। पर्यटकों के आकर्षण का तात्पर्य भवन: दृश्य या मनोरंजन गतिविधियों से है। यहाँ पर पहुँचने के लिए पर्यटक की सुविधा परिवहन कहलाती है और अन्त में गन्त० पर पहूँचने पर ऐसे आवास की सुविध होनी चाहिए जहाँ पर वह विश्राम व भोजन प्राप्त कर सकें। किसी भी पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटकों की संख्या से स्थानीय स्त्रोंतो के महत्व का अनुभव लगाया जा सकता है। प्राकृतिक दृश्य,प्राचीन गाथाऐं, ऐतिहासिक स्मारक, स्तम्भ व शिलालेख और अनूठी कलात्मक चित्रकारी, विभिन्न रीति रिवाज, तीज-त्यौहार, मेले तथा अन्य सांस्कृतिक क्रियाकलापों का अपना महत्व है। भारत में पर्यटन हेतु पैदल चलना भी एक आवश्यक अंग है। इससे कटि पेडू और जंधाए सुदृढ़ होती है। जीवन की बहुमुख उन्नति के लिए मनुष्य जाति के स्वभाव आचार विचार व्यवहार रहन -सहन आदि का अध्ययन भी पर्यटन द्वारा हो जाता है। शिक्षा के विकास से लोगों की समझ में यह बात आ गई है कि पर्यटन जीवन में महत्वपूर्ण है।

वर्तमान समय में पर्यटन पर अनेक पूस्तकें मिलती जिनका विवरण किसी भी विश्वविद्यालय पर्यटन-अध्ययन केन्द्र द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। प्रकृति और वन्य जीव संरक्षण द्वारा पर्यटन को बढ़ाने की अनन्त सम्भावनांए यहाँ विद्यमान है।

शोध अभिकल्प

उद्देश्य:

1. वर्तमान पर्यटन संसाधनों की पहचान तथा उन्हें विकसित करने के सुझाव प्रस्तुतकरना।
2. महत्वपूर्ण स्मारक व भव आदि को खोजना और उनके विशेष संरक्षण की योजना बनाना।
3. पर्यटन द्वारा क्षेत्र के विकास की सम्भावनाओं का पता लगाना व अवरोधों को दूर करने हेतु सुझावों को प्रस्तुत करना।
4. विशेष रूप से प्राकृतिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध झालावाड़ के सुरम्य स्थलों को बचाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करना।

समस्या का कथन – झालावाड़ जिले में पर्यटन एवं विकास एक भोगोंलिक विश्लेषण।

परिकल्पनांए :

1. पर्यटन स्थलों में यातायात के प्रमुख घटक रेल्वे-सड़क मार्ग सभी की सुविधांए है लेकिन वृहद ग्रामीण क्षेत्रों में फैले हुए पर्यटन केन्द्रों तक पहुंचाने वाली सड़कों की दशा अत्यन्त दयनीय है। पर्यटन से यह समस्या दूर हो सकती है।
2. पर्यटक-केन्द्रों में बिक्रि योग्यता, उनके जरिये पर्यटन क्षेत्र से होने वाली अनुमानित आय और भारी माँगों का प्रक्षेपण किया जा सकता है।

शोध प्रणाली – प्रस्तुत शोध अध्ययन को निम्न चरणों में पूर्ण किया जाएगा। ऐतिहासिक तथा सामाजिक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य की जानकारी, मूल ग्रंथ, सहायक ग्रंथ, लेखों, आदि साहित्य, वेबसाइट, जर्नल, प्रोजेक्ट रिर्पोट सरकारी तथा गैर सरकारी वार्षिक रिर्पोट अन्य स्त्रोंतों से शोध साहित्य सामग्री का संचालन करना।

प्रतिचनयन विधि – इस शोध कार्य के लिए झालावाड़ जिले में पर्यटन विकास का मुल्यांकनन किया जाएगां झालावाड़ जिले के पर्यटन विकास के मुल्यांकन के अन्तर्गत सभी वर्तमान विकसित व संभावित पर्यटन क्षेत्रों के गहन क्षेत्रीय अध्ययन किया जाऐगा।

उपकरण– शोध में उपकरण के रूप में प्रश्नावली का प्रयोग किया जाएगा।

शोध की सीमाएँ :

1. भारत में पर्यटन हेतु पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन के विकास के लिए अपनाया गया है।
2. यह पर्यटन का एक नया आयाम है तथा इससे संबंधित शोध कार्य अधिक उपलब्ध नहीं है इस कारण शोधकार्य की जानकारी लेने हेतु सांख्यिकीय विभाग से आंकड़े संग्रहित करने पड़ेगें।

सुझाव :

1. पर्यटन के प्रति सामाजिक जागरूकता व प्रचार किया जाए।

*शोधकर्त्री, पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एज्यूकेशन एण्ड रिसर्च यूनिवरसिर्टी, उदयपुर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य, पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एज्यूकेशन एण्ड रिसर्च यूनिवरसिर्टी, उदयपुर (राज.) भारत

2. स्थानीय सांस्कृतिक कला का विकास
3. स्वदेशी पर्यटन का बढ़ाने के लिए सुझाव
4. नवीन पर्यटन क्षेत्रों की खोज व विकास किया जाए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. Zaray, Vijay :Research Methodology ABD Publication, Jaipur,1995)
2. डॉ. मामोरिया एवं जैन :राजस्थान का भूगोल, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
3. सक्सेना, एच.एम : पर्यावरण एवं प्रदूषण राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
4. शर्मा डॉ. गोपीनाथ : राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
5. शर्मा एच.एस. व शर्मा एच.एस : राजस्थान का भूगोल, पंचशील प्रकाशन जयपुर
6. शर्मा के. आर : निदेशालय, का इतिहास व्यास प्रकाशन
7. खान, एस.आर. : हाड़ौती के बोलते शिलालेख
8. ऐतिहासिक मानचित्रवली : स्पक्ट्रम इण्डिया दिल्ली
9. इग्नू पर्यटन स्थल : उत्पादन संचालन
10. दीक्षित मनोज एवं राम निशीध (2002) : भारत के प्रमुख पर्यटन उत्पाद
11. दीक्षित डॉ. के.के. गुप्ता डॉ. जे.पी. (2003) : पर्यटन के विविध आयाम तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली पृ. 10
12. शर्मा डॉ. संजय : पर्यटन एवं पर्यटन उत्पाद, तक्षशिला प्रकाशन राजस्थान ग्रन्थगार, जयपुर
13. ओझा जे. के. : राजस्थान ग्रन्थगार, जयपुर

पत्र पत्रिकाएं :-

1. अखण्ड ज्योति
2. क्रोनीकल
3. दैनिक जागरण
4. सुजस
5. राजस्थान पत्रिका

****

छत्तीसगढ़ राज्य की अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपजों के व्यापार का एक अध्ययन

राकेश कुमार गुप्ता *

शोध सारांश – छत्तीसगढ़ के आर्थिक,सामाजिक तथा पर्यावरणमूलक खुशहाली में वनों का सार्थक योगदान रहा है। छत्तीसगढ़-जैसे नवोदित राज्य वनों की महती भूमिका है। यहाँ के पर्याप्त वनों और वृक्षों से स्थायी पर्यावरण की स्थिति है, जो कि धारणयोग्य कृषि-उत्पादन के लिए सहायक है। जंगलों के कारण मिट्टी का क्षरण कम हुआ है तथा इनसे 'रिसाइक्लिंग' से पोषक तत्वों का विकास हुआ है। इनसे छत्तीसगढ़ के जलप्रवाह की रक्षा हुई है तथा नदियों के प्रवाह सूखे नहीं। छत्तीसगढ़ के जंगल पौधों तथा पशुओं के जैविक संसाधनों के 'स्टोरहाउस' हैं। प्रदेश की जैविक विविधता के लिए इसका योगदान महत्वपूर्ण है। 'बायोलाजिकल' विविधता अन्न के उत्पादन की किसी भी संभावित 'क्रायसिस' के लिए बीमा का काम करती है।
शब्द कुँजी –धारणयोग्य कृषि-उत्पादन, अराष्ट्रीयकृत लघुवनोपज, एग्रोक्लाइमेटिक जोन, अकाष्ठीय वनोपज।

प्रस्तावना – ऋग्वेद द्वारा 'वनस्पति शत्वत्सो विरोह' का उद्घोष करने वाले इस अंचल में वनों के महत्व की चेतना प्रागैतिहासिक युग से ही मिलती है। पद्मपुराण के अनुसार 'अपुत्र के लिए वृक्ष सहस्त्र सुपुत्रों का कार्य करता है' यह संदेश युगों से जहाँ गूँजता आ रहा है। अपनी बहुमुखी उपादेयता के कारण छत्तीसगढ़ की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था उनसे प्रभावित है। ये एक ओर तो 'कृषि की पोषक माता' का रूप धारण करते है, तो दूसरी ओर उद्योगधंधों की समृद्धि करते है। प्रकृति को इस अमूल्य सम्पत्ति से सम्पन्न बनाया है। छत्तीसगढ़ के आर्थिक,सामाजिक तथा पर्यावरणमूलक खुशहाली में वनों का सार्थक योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य का 43.85 प्रतिशत भू-भाग प्राकृतिक वनों से आच्छादित है जिसमें विभिन्न प्रकार की लघु वनोपज पाई जाती है। राज्य शासन द्वारा औषधीय तथा अन्य लघुवनोपज के स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर आदिवासियों के खाद्य औषधि तथा जीविकोपार्जन में महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य को हर्बल राज्य घोषित किया गया है। राज्य की नवीन वन नीति में भी अराष्ट्रीयकृत लघुवनोपज के विनाशविहीन विदोहन की प्रक्रिया को अपनाकर इनकी सतत् उपलब्धता बनाए रखते हुये स्वास्थ्य सुरक्षा तथा ग्रामीण अंचल में नियमित आय सुनिश्चित करने के लिए वनौषधियों तथा अन्य लघुवनोपजों के उत्पादन, संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक वनसम्पदा के लिए अनादि काल से प्रसिद्ध रहा है तथा इसके विविध अंचलों का रामायण, महाभारत, पुराण, काव्य या अभिलेखों में दण्डकारण्य, नागवन, झाडेशवन, महाटवी या महाकान्तार आदि नामों से पुकारा जाता रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य का 56,772 वर्ग कि.मी. (अर्थात् 59285.27 हेक्टेयर) भूभाग वनों से आच्छादित है, जो प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 43.85 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ की प्रचुर वनसम्पदा की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं –

(क) देश के सम्पूर्ण वनों में से 12 प्रतिशत छत्तीसगढ़ में हैं।
(ख) राज्य के वनों का कुल क्षेत्रफल 69,772 वर्ग किलो मीटर अर्थात् कुल क्षेत्रफल के 44 प्रतिशत भाग पर वन हैं।
(ग) जैव विविधता से समृद्ध, दो सौ से अधिक प्रकार की लघु वनोपज, विलक्षण एवं बहुमूल्य वन-संसाधनों के साथ ही यह क्षेत्र वन्य प्राणियों से परिपूर्ण हैं।
(घ) यहाँ 03 राष्ट्रीय उद्यान तथा 11 अभ्यारण्य हैं।
(ड़) छत्तीसगढ़ के कुल वन क्षेत्र में 36 प्रतिशत हिस्से में साल वृक्ष तथा दूसरे स्थान पर सागौन इनके अतिरिक्त बाँस, साजा, सरई, बीजा, हल्दू भी बहुतायत में उपलब्ध हैं।
(च) देश के कुल तेंदूपत्ता उत्पादन का 17 प्रतिशत छत्तीसगढ़ में उत्पन्न होता हैं। यहाँ लघु वनोपज लाख, महुआ, गोंद, चिरौंजी, इमली इत्यादि की विपुलता पायी जाती हैं।
(छ) वनौषधियों की प्रचुरता, संरक्षण तथा वृहद् उत्पादन की संभावना को देखते हुए छत्तीसगढ़ को वनौषधि राज्य घोषित किया गया हैं।
(ज) जनोन्मुखी वननीति लागू करने में देश में अव्वल, विनाश-विहीन विदोहन तथा संयुक्त वन-प्रबन्धन के जरिए जन-वन-विकास पर जोर दिया गया हैं।

उद्देश्य – राज्यों के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप 1 नवम्बर 2000 देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ की स्थापना की गई। मूलत: यह राज्य विपुल वन संसाधनों एवं खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत सदैव उपेक्षित रहा। दूसरों को भोजन तथा जीवन की सुविधाऐं प्रदान करने वाला 'धान का कटोरा' क्षेत्र स्वयं अर्धसंतृप्त एवं जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तरसता रहा है। नए राज्य के गठन से क्षेत्रीय जनमानस की आशायें बढ़ी है। नवगठित राज्य में प्रशासनिक सुविधाओं की उत्कृष्टता के लिए जिलों का पुनर्गठन करते हुए 27 जिलों में विभाजित किया है। प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं-

1. छत्तीसगढ़ राज्य में वन स्थिति एवं लघु वनोपज के उत्पादन एवं विपणन का अध्ययन करना।
2. छत्तीसगढ़ राज्य में अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपजों के व्यापार एवं विपणन का अध्ययन करना।
3. छत्तीसगढ़ राज्य में अराष्ट्रीयकृत औषधीय वनोपज के व्यापार एवं विपणन का अध्ययन करना।

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

4. अराष्ट्रीयकृत औषधीय वनोपज के व्यापार का छत्तीसगढ़ राज्य की आर्थिक स्थिति में सशक्त संभावनाओं का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पनाएँ :

1. छत्तीसगढ़ राज्य की अराष्ट्रीयकृत औषधीय वनोपज के व्यापार एवं विपणन की पद्धति असंतोषजनक है।
2. छत्तीसगढ़ राज्य की अराष्ट्रीयकृत औषधीय वनोपज के व्यापार एवं विपणन की महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं।

शोध प्रविधि एवं क्षेत्र :

1. अध्ययन हेतु द्वितीयक आंकड़ों का सहारा लिया जा रहा हैं।
2. यह अध्ययन छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित शंकर नगर रायपुर से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। इनसे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है और निष्कर्ष प्राप्त किये गए है।
3. अध्ययन का क्षेत्र छत्तीसगढ राज्य की अराष्ट्रीयकृत औषधीय वनोपज के व्यापार एवं विपणन पर आधारित हैं।
4. अध्ययन की समय सीमा पिछले पाँच वर्षो के उत्पादन एवं विपणन पर आधारित हैं।

शोध उपकरण – अध्ययन हेतु द्वितीयक आंकड़ों का सहारा लिया जा रहा हैं।

सांख्यिकी उपकरण – यह अध्ययन छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित शंकर नगर रायपुर से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। इनसे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है और निष्कर्ष प्राप्त किये गए है।

शोध व्याख्या – छत्तीसगढ़ वास्तव में लघु वनोपज का गढ़ है। छत्तीसगढ़ सरकार ने वनोपजों के व्यापार में वनवासियों और ग्रामीणों को भागीदार बनाते हुए उन्हें ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने की रणनीति अपनाई हैं। लघु वनोपज संग्राहकों की आर्थिक, सामाजिक समस्याओं के निदान के लिए जितना अधिक कार्य छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है उतना कोई और राज्य सरकार नहीं कर रही है। अराष्ट्रीयकृत वनोपज के कारोबार को जितना अधिक बाजार से जोड़ा जाएगा, उतना अधिक लाभ संग्राहकों को होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के विकास का प्रयास बैगर वनवासी के विकास के सोचना कोरी कल्पना होगी। यदि हम सोचे कि आखिर किस प्रकार से वनों के समीप रहने वालों की आयु वृद्धि की जावें, तो एक सशक्त विकल्प लघु वनोपज से जुड़े कार्य है। इस हेतु लघु वनोपज का विनाशविहीन विदोहन, संग्रहण के उपरांत सही प्राथमिक उपचार तथा प्रसंस्करण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। जब तक लघु वनोपज का प्रसंस्करण नहीं किया जाता, तब तक संग्राहकों को उनकी वनोपज के सही मूल्य दिलाने का सोच क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। प्रत्येक जिला यूनियन में लघु वनोपज आधारित एक बड़ी प्रसंस्करण इकाई तथा अनेक छोटी इकाइयों की स्थापना की जानी चाहिये। अकाष्ठीय वनोपज संग्राहकों को उचित मूल्य दिलाने हेतु शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की स्थापना की गई है। राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा राष्ट्रीयकृत लघु वनोपज जैसे की तेंदू पत्ता, साल बीज, हर्रा, गोंद वर्ग 1 एवं 2 को प्राथमिक वनोपज समितियों के माध्यम से संग्रहण कर, निविदा/नीलाम के द्वारा विक्रय किया जाता है। इसके अतिरिक्त शेष लघु वनोपज अराष्ट्रीयकृत होने के कारण,ग्रामीण बिना किसी रायल्टी के संग्रहण कर स्थानीय बाजार में विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है। अराष्ट्रीयकृत वनोपज को वनौषधीय एवं गैर–वनौषधीय लघु वनोपजों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपजों के व्यापार के संबंध में प्राथमिक बाजार अध्ययन एवं लघु वनोपज परिवहन अनुज्ञा पत्र की जानकारी के आधार पर लघु वनोपज विपणन से संबंधित प्राथमिक जानकारी निम्नानुसार है :–

तालिका 1 – छत्तीसगढ़ राज्य की लघु वनोपज संपदा

क्र.	अकाष्ठीय प्रजाति के प्रकार	महत्वपूर्ण प्रजाति उत्पाद	व्यावसायिक लघु वनोपज संख्या	अनुमानित वार्षिक व्यापार (रू. करोड़ में)
1	राष्ट्रीयकृत वनोपज	तेंदू पत्ता, साल बीज, हर्रा तथा कुल्लू, धावड़ा बबलू एवं खैर गोंद आदि	7	225
2	अराष्ट्रीयकृत औषधीय	बायबिडिंग, कालीजीरी, कालमेघ, आंवला, शहद आदि	42	50
3	अराष्ट्रीयकृत गैर–औषधीय	महुआ लाख, माहुल पत्ता, इमली, चिरौजी आदि	30	250
	योग		79	525

राज्य के अधिकांश राष्ट्रीयकृत लघु वनोपज औषधीय व गैर–औषधीय रूप में उपयोग में आते हैं। इन लघु वनोपजों के गुणवत्ता मापदंड किसी भी संस्था द्वारा निर्धारित किए गए हैं।

अराष्ट्रीयकृत औषधीय लघु वनोपज उत्पादन एवं विपणन : मुख्य वनौषधियों की मात्रा एवं मूल्य – राज्य के वन क्षेत्रों से संग्रहित की जाने वाली मुख्य वनौषधियाँ, उपयोग किये जाने वाले भाग, उनकी मात्रा एवं अनुमानित मूल्य दिए गए हैं। दर्शायी गई वनौषधियों की उपलब्ध वार्षिक मात्रा अनुज्ञा पत्र के आधार पर है परन्तु वास्तविक उत्पादन दर्शायी गई मात्रा से कहीं अधिक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य में विक्रय की जाने वाली वनौषधियों में कुछ की मात्रा अधिक एवं शेष की मात्रा कम है। प्रत्येक प्रजाति के उपयोगी भाग को उनके औषधीय गुणों के आधार पर विभिन्न प्रकार की दवाओं एवं अन्य उपयोग में लिया जाता हैं। उपयोग के आधार पर राज्य की व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वनौषधियों का विवरण निम्नलिखित है :–

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

वनौषधि उत्पादन क्षेत्र – छत्तीसगढ़ राज्य को भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु के आधार पर तीन एग्रोक्लाइमेटिक जोन में वर्गीकृत किया गया है। ये तीन एग्रोक्लाइमेटिक जोन बस्तर पठार (बस्तर क्षेत्र) छत्तीसगढ़ मैदान (छत्तीसगढ़ राज्य का मध्य भाग) एवं छत्तीसगढ़ पहाड़ (सरगुजा, जशपुर, कोरिया आदि क्षेत्र) हैं। इन तीनों क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार की वनौषधियाँ उपलब्ध होती है। अत: तालिका 2 में दर्शाये अनुसार मुख्य वनौषधियों का संग्रहण करने हेतु संबंधित एग्रोक्लाइमेटिक जोन उपयुक्त है, तद्धुसार संग्रहण कार्य प्रणाली में सुधार या निजी क्षेत्र में खेती द्वारा इन वनौषधियों के उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है।

वनौषधि विपणन :

(क) राज्य के वनौषधि बाजार – छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पादित वनौषधियों के लिए राज्य में ज्यादा बड़े बाजार उपलब्ध नही है। राज्य के मुख्यत: धमतरी

एवं रायपुर मुख्य वनौषधि बाजार के रूप में विकसित हुए है। इन बाजारों के व्यापारियों द्वारा परम्परागत रूप से वनौषधि का क्रय–विक्रय कार्य किया जाता है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य बाजार भी उपलब्ध हैं। विक्रय की जाने वाले मात्रा कम होने पर या बाजारों में संपर्क करना कठिन होने पर क्षेत्र के स्थानीय बाजारों में भी विक्रय होता है। राज्य में वनौषधि विक्रय हेतु कोई भी मंडी नही है। सामान्यत: संग्रहणकर्ता द्वारा वनौषधियों को संबंधित बाजार के स्थानीय व्यापारी (कोचिया) से संपर्क कर वनौषधि की मात्रा एवं गुणवत्ता के आधार पर व्यापारी द्वारा निर्धारित दर/प्रचलित स्थानीय दर पर विक्रय किया जाता है। वनौषधि विक्रय दर विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि वनौषधि की वार्षिक दर में बहुत उतार–चढ़ाव रहते है। कभी–कभी इनकी दरे सामान्य से दुगुनी तथा आधी टन हो जाती है। दरों मे ये उतार चढ़ाव वनौषधियों की मांग तथा उपलब्धता के आधार पर होते हैं। सामान्यत: झाड़ी, शाकीय एवं बेला प्रजातियों द्वारा प्राप्त होने वाली वनौषधि दीपावली के पश्चात् संग्रहित होकर बाजार में उपलब्ध हो जाती है जैसे सफेद मुसली, कालीजीरी, वनतुलसी, सतावर, सर्पगंधा, बायबिडिंग, कालमेघ, मालकांगनी, निर्मली, मरोड़फल्ली, कौंच, अश्वगंधा, बैचांदी, तिखुर, माहुल पत्ता आदि। नवंबर से फरवरी माह में इनकी आवक ज्यादा रहती है अत: उक्त समय में इनकी दरों में कमी रहती है। वृक्ष प्रजाति जैसे आंवला, भिलवा, कुसुम, बबुल, बेल, पलाश, महुआ, इमली आदि से प्राप्त होने वाली वनोपज सामान्यत: जनवरी से जून माह तक उपलब्ध होती है। अत: वनौषधि उत्पादन सीजन को छोड़कर अन्य सीजन में वनौषधि दर में तेजी रहती है परंतु यह निश्चित नही माना जा सकता है क्योकि कभी कभी किसी वनोपज की मांग के आधार पर भी उसके मूल्य कभी भी तेजी व मंदी रहती है। इस प्रकार वर्ष के विभिन्न सीजनों में इनकी दरों में अंतर आता रहता है। इसके अतिरिक्त वनौषधियों के उत्पादन में स्थानीय सीजन तथा अन्य कारणों से भी बहुत उतार–चढ़ाव होता है। किसी वर्ष में वनोपज का सामान्य दुगना या तिगुना उत्पादन रहता है और किसी वर्ष उत्पादन बहुत कम होता है, इस कारण भी वनोपज की मांग एवं दर प्रभावित होते है। वनौषधियों की दर मुख्यत: उसकी गुणवत्ता पर आधारित होती है। सही रूप से प्रसंस्करण कर ग्रेडिंग की गई, उत्तम गुणवत्ता वाली वनौषधियों के मूल्य अधिक रहते हैं। अत: उत्पादक या संग्राहक वनौषधि के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं भंडारण में पर्याप्त ध्यान देते हुए, बाजार की मांग के अनुरूप उनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

(ख) राज्य के मुख्य वनौषधि व्यापारी – राज्य के मुख्य बाजारों के वनौषधि व्यापारियों द्वारा क्रय–विक्रय की जाने वाली मात्रा देश के अन्य बाजारों में इनकी मांग पर निर्भर रहती है। इन व्यापारियों द्वारा की क्रय की जाने वाली वनोपज की दरों में भी अंतर रहता है, ये दरें वनौषधि की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं मुख्य व्यापारियों की मोल भाव क्षमता पर आधारित होती है। कुछ व्यापारियों द्वारा क्रय की गई वनोपज का भुगतान तत्काल किया जाता है तथा कुछ व्यापारियों द्वारा कुछ समय बाद किया जाता है। तत्काल भुगतान की स्थिति में मोलभाव द्वारा अच्छी गुणवत्ता की वनोपज कम दरों पर उपलब्ध हो जाती है। देश–विदेश के थोक व्यापारी छत्तीसगढ़ के व्यापारियों से संपर्क कर राज्य में उपलब्ध वनौषधियों का क्रय कर सकतें हैं।

(ग) देश के मुख्य वनौषधि बाजार – छत्तीसगढ़ राज्य की वनौषधियाँ देश के विभिन्न राज्यों की वनौषधि बाजारों में विक्रय की जाती है इसका विवरण तालिका क्रमांक 3 में दर्शाया गया है। उक्त तालिका से यह स्पष्ट ज्ञात होता है मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, कनार्टक, तमिलनाडू राज्यों के मुख्य बाजारों में वनौषधि विक्रय हेतु उचित बाजार उपलब्ध है। इन राज्यों में औषधि निर्माण इकाईयों के स्थापित होने की वजह से यहाँ वनौषधि की मांग अधिक है। राज्य के वनौषधि व्यापारी/प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियाँ उचित मूल्य हेतु इन राज्यों के व्यापारियों से सीधे संपर्क कर वनौषधियों का उचित विक्रय मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

तालिका 3. देश के मुख्य वनौषधि बाजार

क्र.	राज्य	बाजार	वनौषधि
1	छत्तीसगढ़	धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर	आंवला, बेल, सतावर, मालकांगनी, शहद, भिलवा, धवई, नागरमोथा, बहेड़ा
2	मध्यप्रदेश	इंदौर, जबलपुर	आंवला, कालीजीरी, भिलवा, शहद, नागरमोथा, बहेड़ा, कालमेघ, बायबिडिंग
3	उत्तर प्रदेश	आगरा, लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर	आंवला, बेल, सतावर, बहेड़ा, मालकांगनी, भिलवा, धवई, नागरमोथा
4	आंध्रप्रदेश	विजयवाड़ा	आंवला, धवई, कालमेघ, शहद, नागरमोथा, बहेड़ा
5	कर्नाटक	बैंगलोर	आंवला, बेल, मालकांगनी, धवई, बहेड़ा
6	तमिलनाडू	चेन्नई	बेल, आंवला, बहेड़ा, मालकांगनी, धवई, बायबडिंग, कालमेघ
7	दिल्ली	दिल्ली	आंवला, सतावर, कालीजीरी, मालकांगनी, भिलवा, नागरमोथा, कालमेघ, बहेड़ा, धवई, बायबडिंग
8	महाराष्ट्र	मुंबई, नागपुर	आंवला, भिलवा, कालीजीरी, धवई नागरमोथा, मालकांगनी, कालमेघ, बहेड़ा
9	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	आंवला, सतावर, बेल, भिलवा, धवई, मालकांगनी, कालमेघ, बहेड़ा

छत्तीसगढ़ की लघु वनोपज के उत्पादन एवं विपणन की संभावनाएँ

लघु वनोपज प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना – प्रस्तुत शोध के अन्तर्गत मुख्य लघु वनोपज प्रजातियों के उत्पादन क्षेत्रों का चिन्हांकन कर मुख्य उत्पादन क्षेत्र जिला एवं वृत्त वार इनका वार्षिक उत्पादन ज्ञात किया गया हैं उक्त विवरण से ज्ञात होता हैं कि जगदलपुर, कांकेर एवं सरगुजा वृत्त में लघुवनोपज प्रजातियों का वार्षिक उत्पादन आधिक हैं इस लिए इन वन वृत्तों में लघुवनोपज प्रजातियों का वार्षिक उत्पादन अधिक हैं इस लिए इन वन वृत्तों में लाख, इमली, माहुल पत्ता, तैलीय बीज, चिरौंजी एवं शहद आदि लघुवनोपजों मे संबंधित बड़ी प्रसंस्कण इकाईयाँ स्थापित किए जाने की अपार संभावनाएं हैं तथा इसके अतिरिक्त विभिन्न छोटी इकाईयों की स्थापना भी की जानी चाहिए। मुख्य लघु वनोपज आधारित उत्पादों के निर्माण हेतु उन्नत तकनीकों तथा नए उत्पादों के विकास हेतु अनुसंधान किया जाना प्रस्तावित हैं जिससे मूल्यवर्धन से संग्राहकों की आय मे वृद्धि हो जाए।

अकाष्ठीय वनोपज (NWFP)/उत्पाद की दर निर्धारण – प्रत्येक अकाष्ठीय वनोपज (NWFP) मार्ट में विभिन्न जिला यूनियनों से प्राप्त होने वाली कच्ची लघु वनोपज को छ.ग. प्रमाणीकण समिति के माध्यम से गुणवत्ता जांच कर ग्रेडवार लाट तैयार किये जाये। इस लाट की दर देश एवं राज्य के

मुख्य लघु वनोपज बाजार दर के आधार पर निर्धारित की जायेगी। इस हेतु संघ मुख्यालय में एक दर निर्धारण समिति गठित की जाये। यह समिति समय-समय पर लघु वनोपज या अकाष्ठीय वनोपज (NWFP)/उत्पाद विक्रय हेतु निश्चित थोक एवं चिल्हर दर उपलब्ध होने के कारण क्रेता या उद्यमी इन्हें क्रय करने हेतु तत्काल निर्णय ले सकते हैं। इस प्रकिया से निगेसियेशन आदि हेतु समय व्यर्थ नही होगा आवश्यकता पड़ने पर कुछ सामग्रियों की अधिक मात्रा में विक्रय हेतु निविदा भी मंगायी जा सकती है।

प्रचार-प्रसार - अकाष्ठीय वनोपज(NWFP) मार्ट की गतिविधियों एवं विक्रय हेतु उपलब्ध सामग्रियों के बारे में प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से संघ मुख्यालय द्वारा किया जावेगा। साथ ही इसका प्रचार-प्रसार देश एवं राज्य की प्रमुख मंडियों में कराया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त संघ की वेबसाइट एवं इंटरनेट के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

1. प्राथमिक वनोपज समिति/वन समिति लघु वनोपज द्वारा प्राप्त मूल्य की 70 प्रतिशत राशि तत्काल उन्हें मार्ट द्वारा प्रदाय की जावेगी। शेष राशि उक्त सामग्री बिक्री होने के उपरांत उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।
2. मार्ट में कार्यरत समस्त कर्मचारियों एवं स्व-सहायता समूह को देय राशि का भुगतान विक्रय से प्राप्त होने वाले लाभ से किया जावेगा।
3. प्रत्येक मार्ट में कम्प्यूटर, इंटरनेट एवं टेलीफोन की व्यवस्था संघ से अनुमति प्राप्त कर करनी होगी। मार्टस की नेटवर्किंग संघ मुख्यालय के साथ कर प्रत्येक दिन की प्रगति इंटरनेट के माध्यम से संघ मुख्यालय एवं अन्य समस्त अकाष्ठीय वनोपज(NWFP) मार्टस को उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।
4. संजीवनी विक्रय केन्द्र एवं प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग सेन्टर संचालन हेतु दो महिला स्वसहायता समूहों को संबंधित जिला यूनियन द्वारा चयन किया जाना है। यह समूह न्यूनतम एक वर्ष के पूर्व गठित होना चाहिए तथा प्रथम या द्वितीय ग्रेड उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जहां तक संभव हो समूह में 80 प्रतिशत बी.पी.एल.सदस्य हों। इस हेतु महिला बाल विकास विभाग, जिला पंचायत, नगर निगम से संपर्क कर समूहों की सूची प्राप्त की जावेगी। इस समूह को सामग्री बिक्री किये जाने पर उचित कमीशन दिया जावेगा।
5. प्रत्येक मार्ट में लघु वनोपज के साथ अन्य समस्त सामग्री, उदाहरण के लिए बांस व काष्ठ कलाकृतियां, जो वन समितियों के द्वारा तैयार की जाती है, भी विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार अकाष्ठीय वनोपज (NWFP) मार्ट की स्थापना किये जाने से राज्य में अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज विक्रय हेतु सुव्यवस्थित बाजार व्यवस्था उपलब्ध होगी एवं थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को अकाष्ठीय वनोपज/उत्पाद प्रदाय करने हेतु यह मार्ट सुपर स्टाकिस्ट के रूप में कार्य कर सकेंगे। इस प्रकार व्यवस्था किये जाने से समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार अकाष्ठीय वनोपज उत्पाद के संग्रहण, प्रसंस्करण व विक्रय का कार्य सम्पन्न हो सकेगा।

सेल्स एक्सीक्यूटिव - छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा विभिन्न प्रकार के अकाष्ठीय वनोपज (NWFP) आधारित उत्पादों का उत्पादन एवं विपणन प्राथमिक वनोपज समिति तथा वन समितियां के सहयोग से किया जा रहा है। इन उत्पादों के प्रभावी विपणन कार्य हेतु कुछ जिला यूनियनों में संजीवनी विक्रय केन्द्र संचालित किए जा रहे है। अकाष्ठीय वनोपज (NWFP) के उत्पादों की बिक्री में आवश्यक गति लाने हेतु प्राथमिक वनोपज समिति के प्रबंधकों को सेल्स एक्सीक्यूटिव के रूप में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। चूंकि समिति के प्रबंधकों को अपने क्षेत्र की बाजार व्यवस्था तथा विपणन संबंधी अधिक जानकारी होती है, अत: उनके द्वारा हर्बल उत्पादों का प्रचार-प्रसार एवं बिक्री में गति लायी जा सकती है। इस हेतु समिति प्रबंधकों को सेल्स एक्सीक्यूटिव के रूप में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु प्रत्येक जिला यूनियन से कम से कम 5-10 सेल्स एक्सीक्यूटिव का चयन करना है।

सेल्स एक्सीक्यूटिव बनने हेतु समिति प्रबंधक की योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :

1. शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास होनी चाहिए।
2. विगत तीन वित्तीय वर्ष का संघ का लेखा तैयार कर, अंकेक्षण पूर्ण कराया गया हो एवं उससे कोई भी वसूली लंबित न हो।
3. आवेदक व्यवहारकुशल, वाक पटु, अपने कार्य के प्रति समर्पित एवं ईमानदार होना चाहिए।

कार्य दायित्व - प्रत्येक सेल्स एक्सीक्यूटिव को अपने कार्य क्षेत्र में उत्पादों की बिक्री हेतु प्रचार-प्रसार करते हुए क्रेताओं से क्रय आदेश लेकर निकटतम संजीवनी विक्रय केन्द्र/एन.डब्ल्यू.एफ.पी. मार्ट से उत्पाद प्राप्त कर क्रेताओं को उपलब्ध कराना होगा। संजीवनी विक्रय केन्द्र/एन.डब्ल्यू.एफ.पी. मार्ट से सामग्री/उत्पाद प्राप्त करने हेतु राशि अग्रिम रूप में जमा करनी होगी। अग्रिम राशि रिटेल दुकानदार का देय कमीशन+सेल्स एक्सीक्यूटिव को देय कमीशन (खुदरा मूल्य पर देय कमीशन+ परिवहन व्यय) काटकर शेष राशि जमा करनी होगी।

प्रशिक्षण - सेल्स एक्सीक्यूटिव को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था संघ मुख्यालय, रायपुर द्वारा किये जाने की प्रावधान है।

कार्य क्षेत्र - चयनित सेल्स एक्सीक्यूटिव को संबंधित प्राथमिक वनोपज समिति के कार्य क्षेत्र एवं उससे संलग्न शहरी क्षेत्र में कार्य करना होगा।

सेल्स एक्सीक्यूटिव को देय कमीशन (एक वित्तीय वर्ष हेतु) :

1. हर्बल उत्पाद की बिक्री पर खुदरा मूल्य पर 2 प्रतिशत कमीशन रू. 50000/- तक की खरीदी पर।
2. परिवहन हेतु 2 प्रतिशत राशि पृथक से दिया जाा प्रस्तावित है।
3. रू. 50000/- के ऊपर प्रत्येक रू. 25000/- तक की खरीदी पर रू. 200/- अतिरिक्त कमीशन दिया जाएगा।

निष्कर्ष - वनों का महत्व पर्यावरण की दृष्टि से सर्वविदित है लेकिन यदि हम छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखे तो यह वन वनवासियों जिसमें कि अधिकांश गरीब आदिवासी हैं, के लिये जीवन का आधार हैं, क्योंकि वनों से प्राप्त होने वाली लघु वनोपज को संग्रहित कर खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों का उपचार जंगल से प्राप्त होने वाली जड़ी बूटियों से किया जाता है। लघु वनोपज को संग्रहण उपरान्त विक्रय कर ग्रामीण दैनिक उपयोग की वस्तुएं क्रय करते हैं। भूमिहीनों तथा कृषकों के लिये तो लघु वनोपज का महत्व और भी अधिक है क्योंकि उनकी आय का बहुत अधिक हिस्सा लघु वनोपज के विक्रय से प्राप्त होता हैं। वर्ष के अंत में सबसे अधिक उत्पाद क्रय-विक्रय करने वाले सेल्स एक्सीक्यूटिव को संघ द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सेल्स एक्सीक्यूटिव बनने हेतु निर्धारित योग्यताधारी प्रबंधक जिला यूनियन के माध्यम से अपना आवेदन संघ मुख्यालय, रायपुर को भेज सकते है। चयनित सेल्स एक्सीक्यूटिव जिला यूनियन स्तर पर स्थापित संजीवनी हर्बल उत्पाद केन्द्र की सहायता से हर्बल उत्पाद बिक्री हेतु प्रयास करेंगे।

सुझाव – प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध के अंतर्गत यह पाया गया कि अंराष्ट्रीयकृत वनोपज पर कोई रायल्टी नही होने के कारण वनवासी आदिवासी इसका संग्रहण करके स्थानीय हाट बजारो में छोटे व्यापारियों को विक्रय कर देते है। अनुसंधान के द्वारा यह पाया गया कि ये छोटे व्यापारी राज्य की इन लघु वनोपज को मांग के अनुरूप अपना कमीशन या अधिक मूल्य पर बाजारो पर विक्रय करते है। बड़े व्यापारियों द्वारा संग्रहित वनोपज को ग्रेडिंग करते हुए देश की विभिन्न मंडियों में या लघु वनोपज पर आधारित उद्योगों को विक्रय कर देते है। प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य में संग्रहित किये जाने वाले लघु वनोपज की अधिकांश मात्रा अन्य राज्यों की मंडियों या उद्योगो को भेज दी जाती है। अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में लघु वनोपज पर आधारित उद्योगो का विकास अपर्याप्त है साथ ही औषधीय व गैर औषधीय लघु वनोपज की वार्षिक उत्पादन क्षमता को देखते हुए यह बात स्पष्ट होती है कि छत्तीसगढ़ राज्य में इनका संपोष्य विकास करते हुए संबंधित उद्योगो के विकास की महत्वपूर्ण संभावनाएँ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दुबे, डॉ. श्यामाचरण – आदिवासी लोक कला परिषद, 1987
2. तिवारी डॉ वी.के.– छत्तीसगढ़ की जनजातियाँ, 2001
3. Tiwari D.N. Primitiv eTribes of M.P.
4. Mahapatro, P.C. – Economic Development of Tribal India 1987 , New Delhi
5. Social History of Chhattisgarh, Agam kala Prakasham Delhi 1985
6. Chhattisgardh Redis Coverd, Aryan Book International Delhi 1995
7. मामोरिया डॉ. चतुर्भुज, भूगोल, साहित्यभवन पब्लिकेशन्स 2013.
8. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2011
9. Census of India 2001 &2011
10. आर्थिक सर्वेक्षण – 2010–11, 2011–12, 2012–13.
11. Impact of Forestry Project on Tribal Economy Tribal & Harijan WelfarePlanning – Commission
12. 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007–2012, छ.ग. रायपुर
13. 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012–2017, छ.ग. रायपुर

तालिका 2. छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण वनौषधियाँ

क्र.	प्रजाति	उपयोगी भाग	वानस्पतिक नाम	मात्रा(क्विं में)	दर(प्रति क्विं.)	राशि(लाख में)
1	आंवला	फल	Emblica cfficinalis	31,000.00	3,000.00	930.00
2	शहद	शहद	Honey	3,750.00	5,000.00	187.50
3	बायबिडिंग	फल	Embelia pjericottam	11,300.00	3,000.00	339.00
4	बेल	गुदा	Aegle marmelos	15,600.00	700.00	109.20
5	कालीजीरी	बीज	Vernonia anthelmintica	6,800.00	2,400.00	163.20
6	धवई	फूल	Woodfordia fruticosa	26,250.00	400.00	105.00
7	सतावर	जड़	Asparagus racemosus	2,600.00	3,000.00	78.00
8	कालमेघ	पंचांग	Andrographis paniculata	13,950.00	500.00	69.75
9	नागरमोथा	जड़	Cyperus esculetus	14,800.00	550.00	81.40
10	बेहड़ा	फल	Terminalia bellerica	29,700.00	250.00	74.25
11	मालकांगनी	बीज	Celastrus paniculatus	3,200.00	2,300.00	73.60
12	भेलवा	बीज	Semecarpus anacardium	12,250.00	250.00	30.63
13	मरोड़फली	फल	Helicteres isora	3,900.00	400.00	15.60
		योग		**175100.00**		**2,257.13**

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

औद्योगीकरण के कारण पर्यावरण प्रदूषण (देवास नगर के संदर्भ में एक अध्ययन)

डॉ. विक्रम वर्मा * किरण भार्गव **

प्रस्तावना – भूगोल में पृथ्वी तल का अध्ययन मानव निकास के रूप में किया जाता है। जिसके अन्तर्गत कलापों पर पाए जाने वाले विभिन्न भौतिक एवं मानवीय क्रियाकलापों का अध्ययन किया जाता है। भूगोल के परम्परागत स्वरूप में समय-समय पर परिवर्तन औद्योगिक भूगोल की एक प्रमुख शाखा के रूप में विकसित हुआ है। औद्योगिक भूगोल, मानव भूगोल की प्रमुख शाखा है। जिसका संबंध मानव के आर्थिक क्रियाकलापों से है।

मानव की आवश्यकतापूर्ति के लिये उद्योगों का विकास आवश्यक है। इस शाखा में भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और वाणिज्यिक तथ्यों का समावेश है जिसके परिणामस्वरूप औद्योगिक क्षेत्र का विकास होता है। विनिर्माण शब्द की व्युत्पत्ति को बदलने की प्रक्रिया को औद्योगिक विनिर्माण कहते हैं। चाहे वह हाथ द्धारा हो या मशीन के माध्यम से बना हुआ है। 'वह भूगोल जिसके अन्तर्गत उद्योगों का भौगोलिक औद्योगिक भूगोल में उद्योगों की गहनता एवं केन्द्रीकरण के कारकों औद्योगिक जटिलताओं इस पर आश्रित जनसंख्या, कच्चा माल, सरकारी नीतियाँ, बाजार, यातायात, श्रमशक्ति और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन किया जाता है।'

शोध पत्र का अध्ययन क्षेत्र देवास नगर मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में मालवा के पठार पर स्थित है जो उज्जैन संभाग का महत्वपूर्ण जिला है। देवास नगर की भौगोलिक स्थिति $23^0 58'$ अक्षांश एवं $75^0 5'$ पूर्वी देशांतर है। जिसकी समुद्र सतह से औसत ऊँचाई 540 मी. है। देवास नगर का कुछ क्षेत्रफल 10022.00 हैक्टैयर है। जो कि 45 वार्डो में विभक्त है।

देवास के मध्य में राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 3 गुजरता है जिसे रक्तवाहिनी कहा जाता है। देवास नगर के पूर्व में सोनकच्छ दक्षिण में म.प्र. की व्यापारिक राजधानी इन्दौर, पश्चिम में सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन तथा उत्तर दिशा में मक्सी स्थित है जो विकसित होता हुआ औद्योगिक नगर है। देवास स्वयं में एक औद्योगिक पृष्ठभूमि वाला नगर है। जो मध्यप्रदेश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत एवं विश्व में अपने उत्पादों के लिये विश्व प्रसिद्ध है। इन्हीं विशेषताओं को अपने अन्दर समाहित करता हुआ यह नगर भविष्य का महत्वपूर्ण औद्योगिक नगर बनने की सारी योग्यता रखता है जिसे सोयाबीन नगर के नाम से जाना जाता है।

देवास एक प्रगतिशील नगर है। लेकिन विगत वर्षो में औद्योगिकीकरण के कारण यहां विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं ने जन्म लिया है। प्राकृतिक वातावरण की भौतिक, रासायनिक अथवा जैविक विशेषताओं में अवांछनीय परिवर्तन लाने वाले पदार्थ को प्रदूषण कहते है। देवास नगर में औद्योगिक ईकाईयों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो से वायु, जल तथा भूमि प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हुई है।

वायु प्रदूषण – पृथ्वी के वायुमण्डल में मानव निर्मित प्रदूषणों का मौजूद होना वायु प्रदूषण कहलाता है। जिससे सम्पत्ति, पौधों, पशुओं एवं मनुष्य के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। देवास नगर में वृहद एवं मध्यम आकार के उद्योगों की संख्या लगभग 268 है। जिसमें चमड़ा, रसायन, सूत्री वस्त्र, सेनेटरी, टाईल्स, लोहा, सोयाबीन आदि उद्योग है। जिसमें बड़ी मात्रा में कार्बन डाई ऑक्साईड, कार्बन-मोनोआक्साइड, सीसा, नाईट्रोजन ऑक्साईड तथा भारी मात्रा में धातुओं के निलंबित कण वायु में उत्सर्जित होते है। जिनमें देवास नगर की वायु में इनकी मात्रा में विगत वर्षो से वृद्धि हुई है।

जल प्रदूषण – जल मानव के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। स्वच्छ जल स्वास्थ्य तथा मानव विकास के लिये अनिवार्य है। औद्योगिक अपशिष्ट में ठोस, अपशिष्ट तथा कूड़ा के अलावा रसायन, डिटर्जेंट, धातु तथा कृत्रिम योगिक होते है। ये प्रदूषण सामान्यत: नदियों में बहा दिये जाते है। देवास नगर में नागदाह नदी तथा क्षिप्रा नदी प्रवाहित होती है। नगर में स्थित औद्योगिक ईकाईयों द्धारा दूषित जल खुले नालों के माध्यम से प्रवाहित कर दिया जाता है, और यह दूषित पानी इन नदियों के स्वच्छ जल को दूषित कर देता है। क्षिप्रा और नागदाह नदियों में पानी में जांच से पता चला है कि इसके पानी में रसायनों की उपस्थिति अधिक है। जिसके कारण इसका पानी पीने लायक नहीं है। अभी हाल ही में इन नदियों के पानी का सेवन करने से मोरों और अन्य जीवों की मृत्यु हुई है। साथ ही इस दूषित पानी से भूमिगत पानी भी प्रदूषित हो रहा है। जिसके उपयोग करने से समीपवर्ती रहवासियों को अनेक जल जनित बीमारियां हो रही है। जैसे हैजा, पेचिस, अतिसार, पीलिया तथा क्षयरोग आदि।

भूमि प्रदूषण – उद्योगों से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट पदार्थो एवं रॉ मटेरियल के कारण उद्योगों के निकट की भूमि पर फेंक दिया जाता है। जिससे उपजाऊ और अच्छी मिट्टी प्रदूषित हो रही है। देवास नगर में लैदर, सेनेटरी टाईल्स तथा कपड़ा उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट निकट ही फेंक दिया जाता है। जिससे भूमि प्रदूषण हो रहा है। देवास नगर में प्रतिदिन 1200 टन ठोस अपशिष्ट पदार्थ निकलता है। जिसको निष्पादन करना एक समस्या है। जिसमें सीमेन्ट, क्रांक्रीट, राख, टाईल्स, पत्थर आदि बड़ी मात्रा में निकलते है। जो मिट्टी को प्रदूषित करते हैं।

आज देवास एक तीव्रगति से विकास करता हुआ औद्योगिक नगर है। यहां पर्यावरण में औद्योगिक इकाइयों के कुप्रबंधन के कारण प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हुई है। आज हमें पर्यावरण के बारे में गंभीरता से विचार करना होगा। नगर निगम और मध्यप्रदेश प्रदूषण विभाग अपने स्तर पर इनमें औद्योगिक ईकाइयों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें जिससे समय रहते

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रदूषण से बचा जा सके। साथ हमें भी पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिये सकारात्मक प्रयास करना होगा जिससे पर्यावरण जैसी समस्या को जड़ से मिटाया जा सके और आगे वाली पीढी को एक स्वच्छ वातावरण दें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. रविन्द्र कुमार : पर्यावरण प्रदूषण एक अध्ययन, हिन्दू युग्म नई दिल्ली 2016
2. अख्तर, रईस : जलवायु परिवर्तन एवं वायु प्रदूषण, शिकागो 2017 मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड, देवास



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

गांवों से नगरों की ओर पलायन और इसके विविध आयाम कन्नौज जनपद का एक भौगोलिक अध्ययन

प्रो. डी. एस. नेगी* नागेन्द्र सिंह**

शोध सारांश – अध्ययन क्षेत्र कन्नौज जनपद में गांवों से नगरों की ओर पलायन एक जटिल समस्या बन गया है। कन्नौज जनपद में प्राय: सभी न्याय पंचायतों में 20 से 30 प्रतिशत व्यक्ति पलायन को विवश हैं। यहाँ सबसे अधिक पलायन स्थानीय स्तर पर ही होता है। अधिकांश न्याय पंचायतों में 55 से 65 प्रतिशत पलायन स्थानीय स्तर पर ही हो रहा हैं। रोजगार और शिक्षा यहाँ पलायन के लिए उत्तारदायी कारणों में सबसे प्रमुख हैं। यहाँ लगभग 80 प्रतिशत व्यक्ति रोजगार और शिक्षा के कारण ही पलायन करते हैं। यहाँ पलायन की प्रकृति क्रमशरू अल्पकालिक, दीर्घकालिक और मौसमी होती हैं, मनरेगा के कारण यहाँ मौसमी प्रवास की प्रवृत्ति में कमी देखी जा सकती हैं।

पलायन के कारण जहां ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यशील जनसंख्या का अभाव हो गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की जनांकिकीय संरचना भी इस से नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही हैं, उधर ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाले पलायन से नगरीय क्षेत्रों में नगर नियोजन भी नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रहा हैं।

मुख्य शब्द – पलायन, प्रवास, ग्रामीण जनसंख्या, नगर नियोजन और ग्रामीण विकास।

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी कहते थे कि असली भारत गांवों में बसता है। तत्कालीन समय में यह बात पूर्णतया सत्य भी थी, उस समय भारत की लगभग 90 से अधिक आबादी ग्रामीण भागों में ही निवास करती थी। परंतु स्वतंत्रता पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में कमी और नगरों की चकाचौंध से प्रभावित होकर भारत में ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई, जिसके कारण नगरीय क्षेत्र ग्रामीण आबादी से भर गए। अध्ययन क्षेत्र भी इस प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह सका, यहां भी ग्रामीण क्षेत्रों से एक बहुत बड़ी आबादी नगरीय क्षेत्रों में जाकर बस गई। ग्रामीण जनसंख्या की इस पलायनवादी प्रकृति के कारण नगरों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो गई, इस पलायन के कारण ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

प्रस्तुत शोधपत्र में अध्ययन क्षेत्र कन्नौज जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर होने वाले पलायन की प्रकृति, गत्यात्मकता, कारण और प्रभावों का विश्लेषण किया गया है।

शोध विधि – यह शोधपत्र प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित है, इस शोधकार्य में कन्नौज जनपद की न्याय पंचायतों को इकाई माना गया है। कन्नौज जनपद में 8 उपखंड और 81 न्याय पंचायतें हैं। यहाँ प्रस्तुत शोधकार्य हेतु प्रत्येक उपखंड से एक-एक न्याय पंचायत क्रमशरू लोहामढ़, मिंधौली, अनौगी, ठठिया, सौरिख देहात, नादेमऊ, सलेमपुर और नौरंगपुर को याद्दच्छिक प्रतिचयन विधि से चयनित किया गया है। इसी प्रकार सभी आठों न्याय पंचायतों से प्रत्येक से 4-4 गांवों का चयन याद्दच्छिक प्रतिचयन विधि से किया गया है। पुनरू प्रत्येक चयनित गांव से 10-10 उत्तरदाताओं का चयन याद्दच्छिक प्रतिचयन विधि से किया गया है। इस प्रकार शोध के लिए आवश्यक आंकड़े कन्नौज जनपद में 320 उत्तरदाताओं के व्यक्तिगत साक्षात्कार और प्रश्नावलियों के माध्यम से वर्ष 2019 के सितंबर-अक्टूबर माह में एकत्र किए गए हैं। इन सभी आंकड़ों का विश्लेषण कर इन्हें तालिकाओं के माध्यम से प्रदर्शित किया गया हैं।

ग्रामीण पलायन – वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ रही हैं। प्रायरू यहाँ सभी न्याय पंचायतों से लोग नगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। अधिकांश पालन उन क्षेत्रों से हो रहा हैं जहां रोजगार, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं का अभाव हैं। अध्ययन क्षेत्र में प्रायरू सभी न्याय पंचायतों से 20 से 30 प्रतिशत लोग पलायन हेतु विवश हैं। तालिका 1 से कन्नौज जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में नगरों की ओर होने वाले पलायन को सरलता से समझा जा सकता है।

तालिका 1: कन्नौज जनपद में पलायन की प्रवृत्ति

क्र.	न्याय पंचायत	कुल उत्तरदाता	प्रवासित व्यक्ति	प्रतिशत
1	लोहामढ़	240	72	30.00
2	मिंधौली	223	63	28.25
3	अनौगी	232	74	31.90
4	ठठिया	253	82	32.41
5	सौरिख देहात	271	89	32.84
6	नादेमऊ	276	76	27.54
7	सलेमपुर	246	53	21.54
8	नौरंगपुर	226	47	20.80

स्रोत: क्षेत्रीय सर्वेक्षण

पलायन का स्तर –पलायन को दूरी के आधार पर चार प्रमुख भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है- स्थानीय स्तर पर, जिला स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर पर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर। अध्ययन क्षेत्र में प्रायरू स्थानीय और जिला स्तर पर ही अधिक पलायन देखने को मिलता हैं। यहाँ व्यक्ति रोजगार

* प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, चौबट्टाखाल पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) भारत
** शोधकर्ता (भूगोल) डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार (गढ़वाल) (उत्तराखंड) भारत

हेतु आस-पास के गांवों और नगरों में पलायन करते हैं। कानपुर ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नगर है, अध्ययन क्षेत्र से अनेक व्यक्ति रोजागर और उच्च शिक्षा हेतु कानपुर नगर में प्रवास कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले पलायन में लोग रोजागर हेतु अधिकांशत: दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जाते हैं, वहीं उच्च शिक्षित कुछ युवा बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे दक्षिण भारतीय नगरों में भी पलायन कर रहे हैं।

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पलायन केवल आर्थिक रूप से सक्षम परिवार ही कर पाते हैं। अध्ययन क्षेत्र में अनेक व्यक्ति रोजगार की तलाश में मध्य पूर्व एशिया के सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमीरात और कतर तथा दक्षिणी-पूर्वी एशिया के देशों में रोजगार की तलाश में प्रवास कर रहे हैं। यद्यपि ऐसे व्यक्तियों की संख्या यहाँ अत्यंत सीमित है। तालिका 2 में अध्ययन क्षेत्र में होने वाले पलायन के स्तर को प्रदर्शित किया हैं।

पलायन का कारण – गांवों में कृषि भूमि के लगातार कम होने, कृषि आय में लगातार गिरावट होने, प्राकृतिक आपदाओं और रोजगार की तलाश में ग्रामीण आबादी का बड़ा हिस्सा लगातार नगरों की ओर पलायन कर रहा है। गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी भी पलायन का एक महत्वपूर्ण कारण मानी जा सकती है। गांवों में रोजगार और शिक्षा के साथ-साथ बिजली, पानी, आवास, सड़क, संचार व्यवस्था जैसी अनेक सुविधाओं का आज भी अभाव बना हुआ है। इन बुनियादी कमियों के साथ-साथ गांव में भेदभाव पूर्ण सामाजिक व्यवस्था के कारण भी शोषण और उत्पीड़न से परेशान होकर बहुत से लोग नगरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

तालिका 3 से प्रदर्शित होता है कि अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक पलायन रोजगार और शिक्षा के कारण ही हो रहा है। यद्यपि यहाँ सुरक्षा और सामाजिक कारणों की भी अनदेखी नहीं की जा सकती।

तालिका 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

अवधि के अनुसार पलायन के प्रकार – अवधि के आधार पर पलायन को मुख्य रूप से तीन प्रमुख भागों- अल्पकालिक, दीर्घकालिक और मौसमी वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता हैं।

तालिका 4 : कन्नौज जनपद में अवधि के अनुसार पलायन की प्रवृत्ति

न्याय पंचायत	अल्पकालिक		मौसमी		दीर्घकालिक	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
लोहामढ़	26	36.11	19	26.39	27	37.50
मिधौली	31	49.21	09	14.29	23	36.51
अनौगी	37	50.00	13	17.57	24	32.43
ठठिया	44	53.66	07	8.54	31	37.80
सौरिख देहात	35	39.33	11	12.36	43	48.31
नादेमऊ	27	35.53	13	17.11	36	47.37
सलेमपुर	23	43.40	03	5.66	27	50.94
नौरंगपुर	21	44.68	07	14.89	19	40.43

स्रोत: क्षेत्रीय सर्वेक्षण

अल्पकालीन पलायन में प्रवासी कुछ दिन या महीनों के भीतर ही अपने गृह स्थान पर लौट आते हैं। विशेष समयावधि या ऋतु में प्रतिवर्ष होने वाले मानव संचरण को मौसमी पलायन कहा जाता है। इस पलायन का समय और अवधि लगभग निश्चित होती है। इसी प्रकार दीर्घकालिक पलायन अपेक्षाकृत लंबे समय तक जारी रहता है और समाप्त होने के पश्चात दीर्घकाल तक स्थगित रहता है। तालिका 4 में अध्ययन क्षेत्र में अवधि के आधार पर पलायन को प्रदर्शित किया गया हैं।

पलायन का प्रभाव – पलायन दो प्रकार से किसी समाज पर प्रभाव डालता हैं। पहला सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक। पलायन के सकारात्मक प्रभावों में नगरों में संस्कृति का विविधीकरण सर्वप्रमुख हैं। नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न संस्कृतियों के संगम से एक नई संस्कृति का विकास होता है जो अधिक समावेशी, प्रगतिशील और विकसोन्मुखी होती हैं।

अध्ययन क्षेत्र में गांवों से नगरों की ओर होने वाले पलायन से गांवों से कार्यशील जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग नगरों में चला गया है, जिससे गांवों में लिंग संरचना के साथ- साथ उम्र संरचना भी प्रभावित हो रही है। पलायन से जहां प्रवासियों को रोजगार के अवसर, आय में वृद्धि और उन्नत जीवन शैली तो मिलती है, वहीं इस से नगरीय क्षेत्रों में नगर नियोजन, यातायात तंत्र, स्वास्थ्य सुविधा और मांग एवं पूर्ति के मध्य अंतराल इत्यादि नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। पलायन का यह सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव हैं।

ग्रामीण पलायन रोकने के उपाय – अध्ययन क्षेत्र में गांवों से नगरों की ओर पलायन ग्रामीण और नगरीय दोनों ही क्षेत्रों को प्रभावित करता हैं। इस पलायन के जहां कुछ सकारात्मक पक्ष है वहीं इसके नकारात्मक पक्ष भी हैं हालांकि इसके नकारात्मक पक्ष अधिक स्थायी और गंभीर हैं। अतरू वर्तमान में ऐसी ग्रामीण विकास नीति की आवश्यकता है, जो ग्रामीण पलायन को सीमित करने हेतु प्रतिबद्ध हो। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, ग्रामीण स्वास्थ्य, मानव संसाधन विकास, शिक्षा सुधार, कौशल विकास, कुटीर उद्योग, 24 घंटे बिजली आपूर्ति, यातायात साधनों का विकास, पशुधन विकास, पेयजल एवं स्वच्छता और पोषण पर विशेष बल दिया जाए। एक बार भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम ने कहा था कि 'भारत के नगरों को गांवों मे लाकर ही ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाले पलायन को रोका जा सकता हैं।'

निष्कर्ष – अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण भागों से नगरीय क्षेत्रों की ओर होने वाले पलायन में विगत कुछ दशकों से अधिक वृद्धि देखी जा सकती है, यहाँ स्थानीय स्तर पर लोग रोजगार की तलाश में आस-पास के नगरों में तेजी से पलायन कर रहे हैं। हालांकि मनरेगा के कारण यहाँ मौसमी प्रवास की प्रवृत्ति में कमी आयी है। हाल के वर्षों में जिस प्रकार से सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बजट में वृद्धि की है, वो ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने की दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं, परंतु अभी भी इस दिशा में अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। अध्ययन क्षेत्र में मनरेगा जैसी ग्रामीण विकास को समर्पित योजनाओं के बजट में वृद्धि और उनकी उचित मॉनिटरिंग जैसे प्रयास ग्रामीण पलायन को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Aajeevika Bureau. 2004. Status of Rajasthani Migrant Labour in Key Destination Areas of Gujarat. Report. Udaipur.
2. Aajeevika Bureau. 2010a. Har Haath ko Kaam? Impact of NREGS on Migrant Households. Report Udaipur.
3. Alam, Anwar (ed). 2008. India and West Asia in the Era of Globalisation. New Delhi: New Century Publications.
4. Banerjee, Biswajit. 1984a. Information Flow, Expectations and Job Search: Rural to Urban Migration Process in India. Journal of Development Economics, 15(1-3), 239–257.

5. Chattopadhyaya, Haraprasad. 1987. Internal Migration in India: A Case Study of Bengal (From Second Half of 19th century to 1931). New Delhi: K P Bagchi and Co.
6. Deshpande, Lalit. 2004. Migration and Development : A Review Article. Social Change, 34(3), 98.
7. GoI. 1999-2000. Migration in India. Report No. 470. National Sample Survey Office, Government of India, New Delhi.
8. Premi, Mahendra K. 1986. Migration to Cities in India. In:Rao (1986c). Pages 39–84

तालिका 2: कन्नौज जनपद में पलायन का स्तर

न्याय पंचायत	स्थानीय स्तर पर		जिला स्तर पर		राष्ट्रीय स्तर पर		अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
लोहामढ़	41	56.94	22	30.56	07	9.72	02	2.78
मिधौली	36	57.14	12	19.05	10	15.87	05	7.94
अनौगी	48	64.86	13	17.57	12	16.22	01	1.35
ठठिया	42	51.22	25	30.49	09	10.98	06	7.32
सौरिख देहात	53	59.55	17	19.10	15	16.85	04	4.49
नादेमऊ	46	60.53	19	25.00	11	14.47	00	0.00
सलेमपुर	31	58.49	17	32.08	05	9.43	00	0.00
नौरंगपुर	23	48.94	12	25.53	10	21.28	02	4.26

स्रोत: क्षेत्रीय सर्वेक्षण

तालिका 3: अध्ययन क्षेत्र कन्नौज जनपद में पलायन का कारण

न्याय पंचायत	रोजगार		शिक्षा		सुरक्षा		सामाजिक कारण	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
लोहामढ़	53	73.61	17	23.61	00	0.00	02	2.78
मिधौली	39	61.90	19	30.16	01	1.59	04	6.35
अनौगी	60	81.08	13	17.57	00	0.00	01	1.35
ठठिया	59	71.95	19	23.17	00	0.00	04	4.88
सौरिख देहात	51	57.30	31	34.83	00	0.00	07	7.87
नादेमऊ	46	60.53	30	39.47	00	0.00	00	0.00
सलेमपुर	29	54.72	17	32.08	01	1.89	06	11.32
नौरंगपुर	31	65.96	10	21.28	03	6.38	04	8.51

स्रोत: क्षेत्रीय सर्वेक्षण

****

चन्द्रकान्त देवताले के काव्य में जनजातीय संस्कृति तथा विविध आयाम

प्रो. मुकेश भार्गव *

प्रस्तावना – कवि चन्द्रकान्त देवताले की कई रचनाओं में स्वातंत्रेत्तर भारत की समाज विरोधी तत्वों, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, व्यक्तिगत स्वार्थ परकता, ईश्वरी तत्वों के प्रति नकारवादी दृष्टिकोण, धार्मिक मतभेद, साम्प्रदाकि भेदभाव, आदि की ह्रासमान स्थितियों का प्रभावी चित्रण दिखाई देता है।

सन् 1960 के दशक के बाद समकालीन काव्यधारा में अर्थ बढता कर्ज, पेट्रोलियम पदार्थों में बढ़ती कीमतें, आदि के कारण जनमानस में जटिल समस्याएं पैदा हुई जिनका जिक्र बड़ी उग्रता के साथ व्यक्त किया गया।

दुष्यंत कुमार ने अपनी एक गजल में इस स्थितियों का बड़ा मार्मिक उल्लेख किया है। वे कहते हैं–

'हां तक आते–आते सूख जाती है कई नदियां।
हमें मालूम है कि पानी कहां ठहरा हुआ है।'

स्वतंत्र निर्णय कभी नहीं कर पाता। ताकतवर लोग सरकार बनाते हैं। गरीबों के केन्द्र पर वे वोट हासिल कर जनता पर ही शासन करते हैं। कवि चन्द्रकान्त देवताले कहते है–

'सरकार भी सरकार बनने के लिए
झाँकती है दोनों की दुनियां में
फिर मुट्ठी भर दाने छितरा कर
लड़वा देती है आपस में
और एक नाजूक यमौका देख मांगती हैं ताकत
उन करोड़ों कमजोर लोगों से
जिनकी आँखों में जलता हुआ जंगल।'
सारी दुनिया को देकर अपनी ताकत
वे नहीं जानते ताकत कहां हैं
खड़ी करके सरकार पूछते हैं सरकार कहाँ है।

कवि ने स्वातंत्र्तयोत्तर, सामाजिक स्थिति पर काफी कुछ लिखा है। झूठे फरेबी नेता, काला बाजारी करने वाले और मुनाफाखोरों के षडयंत्र, खून चूसने वाले पूंजीपति खटमल और इस बीच भूख, बेबसी, बीमारी के शिकार होकर चूहों की तरह दम तोड़ते लोग, और उन्हीं पर रिश्वतखोर, नौकरशाहों द्वारा सत्ताये जाने वाले आम जन।

'वह एक आदमी
नंगी सड़क पर, खेत के किनारे या जंगल में
भूख से दम' तोड़ देता है
कत्लेआम की तरह नहीं होता कुछ भी
हजारों मरे हुए चूहों की दुर्गन्ध के विस्फोट में
तड़फड़ाती तितलियों की तरह दम घुटता रहता है
रिश्वतखोर नौकर शाहों द्वारा सताये जाने वाले
अबोधों की गिनती करते–करते
बचपन से उमर बीत जाने तक थक जायेगें।'

आदिवासी और दलितों को लिए भी कवि ने अपनी सहानुभूति व्यक्त की है। आधुनिक जीवन से कटे, एकान्त जंगलों में अपने अभावगग्रस्त कष्ट भरे जीवन बीताने वाले बस्तर के आदिवासी, जिन्हें विकास के नाम पर नौकरशाहों और राजनेताओं ने भी उन्हें जी भर कर लूटा है, आज भी वे लोग खुशहाली का जीवन जीने के लिए तरस रहे है।

कवि चन्द्रकान्त देवताले ने उनकी घुटनभरी जिंदगी का मर्म भेदी किन्तु यथार्थ चित्रण किया है।–

'पर मैं देख रहा हूँ
बस्तर के जंगल में जन्मान्ध अंधेरे का दमा
पेट भर टंगे घोसलों में कैद
चिन्ताओं के छिन्न–भिन्न केंचुल
कहां हैं हमारा गाढा खून
हमार पैतृक मस्तक
स्वाभिमान से दमकता हुआ
पसीनों को पीता
आदमी का लोहा
अब के फिर मुर्गे पकेंगे
मंद और सल्फी की हांडी फूटेगी
माद्री का थाप थिरकेगी बस्तर की लड़किंया
ब्लाउज नहीं पहनेगी कोई भी लड़की
चाहे जो भी हों उनके पास
मांस के जंगल में धँसते
तोड़ी की हुकुमत के साथ
नाचेगी लड़किँ सारी रात
जुल्म की आरी के नीचे छिरता हुआ
उसका पूरा दिन
दुबक कर रह होगा 'धुए की छाह के पीछे।'

धूरे के दिन भी कभी पलट जाते हैं। बुरे दिन टल जाते हैं। खुशहाली फिर लौट आती है, लेकिन बस्तर के इन जनजाती लोगों की दशा में कोई बदलाव आज भी नजर नहीं आता। कवि ने इसी प्रसंग पर कहा है–

'दस बरस में चमक जाती है

* संविदा सहायक प्राध्यापक, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

धूरे की किस्मत भी
पर तीस बरस से यहाँ तो
वैसा का वैसा ही अन्धेरा है
बस्तर तो घूरा नहीं
पिंजरा है मोहने वाली मैना का
बस्तर तो मादल हैं
हवा की पीठ पर बजता हुआ।'

कुल मिलाकर सीदे साधे, भोले भाले आदिवासी लोग सभ्य कहे जाने वाले बनियों, अफसरों तथा अन्य लुटेरों के द्वारा कि जाने वाले अन्याय और अत्चारों से त्रस्त हैं, पीड़ित है। किन्तु जुल्म का यह सिलसिला अनवरत बढता ही रहा है। एक अत्याचार के बाद दूसरा अत्याचार तत्पर है। जुल्म की चक्की मे बेचारे अबोध आदिवासी आज भी पिस रहे है।

चन्द्रकान्त देवताले ने अपनी रचना 'आग हर चीज में बताई गई थी' में बाहर के जनजीवन की व्यथा का चित्रण इस प्रकार किया है-

'कब तक देखते रह सकेंगे वे
उनकी ही हड्डियों पर खड़े किए हैं
आलीशान 'हल डंडी मार बनियों ने
करोंड़ों का हिसाब चुकता करना हैं, उन्हें
शताब्दियों का, पेड़ों का असंख्य'
पीठ पर पड़े चाबुक के निशानों का
गोश्त का हिसाब, खून का
साँवली वन कन्याओं की चीख और सिसकियों का,
भंग-धड़ंग बच्चों के फूले हुए पेट
और बूढी नंगी देहों की
आत्मा की झुरियों का हिसाब।'

बस्तर में जनजीवन में आज भी विकास का मुँह नहीं देखा है। बचपन से ही आदिवासी बच्चों को पेट भरने के लिए दिन रात कष्ट उठाना पड़ता है।

आदिवासी लड़कियाँ चकाचौंध वाले शहर में भयभीत चिड़ियां की तरह लगती है-

'फकत भयभीत चिड़ियो-सी
देखती रहती है लड़कियां सात
बड़ी फजर से आकर बैठी गई है
पत्थर के घोड़े के पास।'
'होंगी अंधेरे के कई-कई मोड़ पर
इस वक्त मेरे देश की कितनी ही आदिवासी बेटियाँ।'

आदिवासियों का जीवन अभावग्रस्त रहा है। जंगलों में और पहाड़ों में रहकर पेट भरना बहुत मुश्किल हो रहा है। आदिवासी लोग हर बार मौसम पर अन्यत्र मजदूरी के लिए अन्यत्र पलान करते हैं।

यूं तो पुरुष प्रधान समाज में नारी की स्थिति में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। नारी अपना सब कुछ अपने परिवार के लिए समर्पित कर देती है। इसके बावजूद भी अपनी कोई निजी पहचान नारी के पास अब भी शेष नहीं है। इसी बात को कवि चन्द्रकान्त देवताले ने निम्नांकित शब्दों में व्यक्त किया है-

'एक औरत का धड़
भीड़ में भटक रहा है
उसके हाथ अपना चेहरा ढूंढ रहे है
उसके पाँव
जाने कब से
सबसे
अपना पता पूछ रहे हैं।'

प्रस्तुत पंक्तियों में प्रतीक के रूप में कवि कहता है कि एक औरत का धड़ भीड़ में भटक रहा है याने स्त्री का आज भी अपना कोई अस्तित्व नहीं है। वह अपने चेहरे को ढूंढ रही हैं। अपनी पहचान आज भी नारी अस्तित्वहीन नहीं बनी रहती है।

'ब्लाउज बदलती, साड़ी पछीटती
कंघी करती हुई औरतें
सड़क को एक साथ 'हर औरत हमाम' की
तरह वापरती औरतें।'

जनता की योजनाओं को हड़प कर धनिक बनते सत्ताधारी अपने गुंडे पालते हैं। प्रजातंत्र की यह निकृष्टत स्थिति कवि ने बेलाग तरीके से व्यक्त की है।

'प्रजातंत्र की रथ-यात्रा निकल रही है
औरतों और बच्चें रोंदा जा रहा है
गुंडे और नोटों की ताकत से हतप्रभ लोग
खामोश खड़े है।'

सत्ता पर बैठे लोग संवेदनशील नहीं रहते। सत्ता पाने के लिए गुंडों का सहारा लेते है। औरतों और बच्चे पर जुल्म करते हैं। हमेशा सत्ताधारी लोग आम जनता पर अनुचित दबाव डालते रहते हैं।

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि समकालीन कविता में दलितों, आदिवासियों और आम जनता के प्रति सहानुभूति का स्वर कवि ने मुखर किया है। समकालीन कविता पूंजीवादी अर्थव्यवस्था से संघर्ष करती है और कवि ने शोषितों के हक में अपनी बात स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई है।

सत्ता पाने तक सत्ताधारियों ने आम लोगों को भारी प्रलोभन दिये है। लेकिन सत्ता पाने पर सत्ताधारी लोगों ने जनता से मुँह मोड़ लिया। वे भ्रष्टाचार में ही लिप्त रहे हैं। कवि ने उनकी भरपूर भर्त्सना की है। कवि का समूचा काव्य लेखन आम जनता के प्रति सहृदता और समाज विरोधियों के प्रति उग्र आक्रोश व्यक्त किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दुष्यंत कुमार-साए में धूप, पृ.15
2. चन्द्रकांत देवताले, भूखण्ड तप रहा है, पृ. 34
3. चन्द्रकांत देवताले, पत्थर की बेंच, पृ.90
4. चन्द्रकांत देवताले, आग हर चीज में बताई गई थी, पृ.106
5. चन्द्रकांत देवताले, आग हर चीज में बताई गई थी, पृ.109
6. चन्द्रकांत देवताले, आग हर चीज में बताई गई थी, पृ.111
7. चन्द्रकांत देवताले, उसके सपने, रोशनी मैदान की तरफ, पृ. 104
8. चन्द्रकांत देवताले, उजाड़ में संग्रहालय, पृ.82
9. चन्द्रकांत देवतालें, आग हर चीज में बताई गई थी, पृ.35

****

समाज के विभिन्न वर्गों पर भ्रष्टाचार के प्रभावों का अध्ययन (मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में)

रामचन्द्र जमरा* प्रो. सरोज बिल्लौरे**

शोध सारांश – भ्रष्टाचार वर्तमान समय की सबसे समस्या बन गया है, जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग प्रभावित हो रहा है। भ्रष्टाचार के कारण लोगों को जहाँ एक ओर आर्थिक हानि हो रही है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक एवं नैतिक पतन भी हो रहा है। भ्रष्टाचार को नियंत्रित /समाप्त किया जाना नितांत आवश्यक है।

कुंजी शब्द – भ्रष्टाचार, भ्रष्ट, नौकरीपेशा

प्रस्तावना – वर्तमान समय में अन्य देशों के साथ ही भारत जैसे विकासशील देश में भी भ्रष्टाचार अपनी जड़े फैला चुका है। जब कोई व्यक्ति या संस्था न्यायिक व्यवस्था के लिए निर्धारित कानूनो/नियमों के विरूद्ध अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति के लिए अनैतिक व्यवहार करता है तो वह व्यक्ति या संस्था भ्रष्ट या भ्रष्टाचारी कहलाते है अर्थात् सार्वजनिक जीवन में स्वीकृत मूल्यों के विरुद्ध आचरण को भ्रष्ट आचरण समझा जाता है (भ्रष्टाचार = भ्रष्ट आचार)। वर्तमान में आम जीवन में इसे आर्थिक अपराधों से जोड़ा जाता है। 21 दिसम्बर 1963 को भारत में भ्रष्टाचार के खात्मे पर संसद में हुई बहस में डॉ राममनोहर लोहिया ने जो भाषण दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। उस वक्त डॉ लोहिया ने कहा था सिंहासन और व्यापार के बीच संबंध भारत में जितना दूषित, भ्रष्ट और बेईमान हो गया है, उतना दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं हुआ है। **बुसैल(2015)** ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में चीनी और विदेशी शैक्षणिक मंडलों ने 'भ्रष्टाचार' की एक एकीकृत परिभाषा नहीं बनाई है। आमतौर पर इसे राज्य के अंगों में सार्वजनिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो रिश्वत, भ्रष्टाचार, लापरवाही, धोखाधड़ी और अन्य कृत्यों के लिए हाथों में शक्ति का उपयोग करते हैं। लेकिन इस शब्द में अर्थव्यवस्था, राजनीति, संस्कृति, नैतिकता, कानून आदि के कई पहलुओं को शामिल किया गया है।[1]

शोध विषय का चयन – भ्रष्टाचार के संक्रमण से देश एवं समाज का प्रत्येक वर्ग प्रभावित हुआ है। समाज के विभिन्न वर्गों पर भ्रष्टाचार के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए ही **'समाज के विभिन्न वर्गों पर भ्रष्टाचार के प्रभावों का अध्ययन' (मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में)** नामक शोध पत्र तैयार किया गया है।

शोध के उद्देश्य

1. समाज के विभिन्न वर्गों पर भ्रष्टाचार के प्रभावों का अध्ययन करना।

अध्ययन का महत्व – समाज के विभिन्न वर्गों पर भ्रष्टाचार के प्रभावों से संबंधित विभिन्न तथ्यों को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास यह शोध अध्ययन है। इस शोध कार्य का महत्व एवं प्रासंगिकता यह है कि इसके माध्यम से यह स्पष्ट हो सकेगा कि समाज के विभिन्न वर्गों पर भ्रष्टाचार का किस प्रकार का प्रभाव हो रहा है? यह शोध कार्य नये शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण एवं बहुत प्रासंगिक होगा और उनको मार्गदर्षन देगा।

शोध प्रविधि

अध्ययन का समग्र – इस शोध कार्य के लिए **अध्ययन के समग्र** के रूप में मध्य प्रदेश के धार जिले का चयन किया गया है।

अध्ययन की इकाई – अध्ययन की इकाई के रूप में धार जिले की 8 तहसीलों की कुल जनसंख्या में से चयनित 400 उत्तरदाताओं को सम्मिलित किया गया है।

उत्तरदाताओं का चयन – इस शोध की पूर्ति के लिए उत्तरदाताओं का चयन शोध कार्य के निर्धारित उद्देश्यों को दृष्टि में रखकर **सोद्देश्य प्रतिचयन** विधि से किया गया है।[2] धार जिले की 8 तहसीलों कुल 400 उत्तरदाताओं का चयन दैव निदर्शन पद्धति से किया गया है। उद्देश्यों के आधार पर जिले की प्रत्येक तहसील से 2 गाँवों का चयन किया गया है। इस प्रकार से जिले के कुल 16 (2 x 8) गाँवों का चयन किया गया है। **गाँवों के चयन के बाद प्रत्येक गाँव से 25 (25 x 16 = 400) उत्तरदाताओं का चयन शोध कार्य के लिए किया गया है।** इस प्रकार धार जिले के 16 गाँवों से 400 उत्तरदाताओं (25 x 16=400) का चयन अध्ययन की इकाई के रूप में किया गया है।

तथ्यों का संकलन – इस शोध कार्य के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों का संकलन किया गया है। प्राथमिक समंकों का संकलन अध्ययन के लिए चयनित क्षेत्र के चयनित गाँवों के उत्तरदाताओं से साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है और शोध कार्य हेतु आवश्यक द्वितीयक समंकों का संकलन संबंधित विभागों के दस्तावेजों एवं वेबसाइट्स और शायकीय एवं अशासकीय कार्यालयों के प्रतिवेदनों, भारतीय जनगणना 2011 के विभिन्न लिखित दस्तावेजों से किया गया है।

संबंधित साहित्य का अध्ययन – इस अध्ययन के लिए समीक्षित साहित्य का विवरण निम्न प्रकार से है–

खान (2012) ने अपने अध्ययन में स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार एक सार्वभौमिक अभिशाप है जो दुनिया और सभी देशों में एक आम घटना के रूप में मौजूद है। विकसित एवं गरीबों देशों में केवल स्तर का अन्तर है।[3]

भोयर (2012) ने अपने अध्ययन में यह स्पष्ट किया है कि काला

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

धन और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इसलिए काला धन भ्रष्टाचार का एक स्त्रोत है। काला धान अवैधा तरीके से बनाया जाता है। ऐसे लोगों द्वारा सरकार का व्यवहार और नियंत्रण वांछित नहीं है। इसलिए काले धान का अनुपात हमारी आर्थिक प्रणाली में कानूनी धान से दोगुना है।[4]

श्रीवास्तव (2013) ने अपने लेख में बताया है कि भ्रष्टाचार मानव अधिाकारों के लिए खतरनाक है। जब भ्रष्टाचार व्यापक है, तो न्याय तक लोगों की पहुंच नहीं होती है और वे अपनी आजीविका की रक्षा नहीं कर पाते हैं।[5]

जैन (2012) ने अपने अध्ययन में स्पष्ट किया है कि देश में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम- 1988 जैसा एक व्यापक कानून है, जो भ्रष्टाचार से संबंधिात सभी संभावित कृत्यों को शामिल करता है और लोक सेवकों द्वारा भ्रष्ट आचरण को नियंत्रित करता है। इन सबके बावजूद देश भ्रष्टाचार का कहर से अभी भी मुक्त नहीं है।[6]

वांग (2011) का शोधा पत्र में खेल में अपनाई गई भ्रष्ट प्रथाओं पर अपने अनुभवजन्य अध्ययन पर धयान केंद्रित करता हैं। उनके अनुसार भ्रष्टाचार जमीनी स्तर पर है और भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं। खेल सट्टेबाजी भी एक पैसे का प्रतिनिधिात्व करती है। ऐसे में बार-बार होने वाले घोटालों का सामना करने में आपराधिाक संगठनों के लिए अवसर उत्पन्न होते है।[7]

यादव एवं चौपड़ा (2007) ने अपने अध्ययन में स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार गरीबों के लिए एक दोहरा खतरा है, जो आर्थिक रूप से सबसे कठिन हैं। यह शोध पत्र वर्तमान स्थिति का अध्ययन करता है और स्पष्ट करता है कि देश में भ्रष्टाचार एवं रिश्वत के विभिन्न रूपों का सामना करना पड़ा। यह भ्रष्टाचार के प्रभाव को भी दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के कारण अर्थव्यवस्था का क्षेत्रवार कितना खराब प्रदर्षन है।[8]

अध्ययन का विश्लेषण - इस शोध कार्य के लिए अध्ययन क्षेत्र से प्राप्त संबधित महत्वपूर्ण तथ्यों का विश्लेषण इस प्रकार से किया गया है-

1. भ्रष्टाचार के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं का अभिमत - अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है या नहीं ? इस संबंध में प्राप्त तथ्यों को तालिका क्रं. 1 में दर्शाया गया है-

तालिका क्रं. 1 - भ्रष्टाचार के संबंध में उत्तरदाताओं का अभिमत

क्रं.	उत्तरदाता वर्ग	अभिमत		कुल योग
		हाँ	नहीं	
1.	कृषक	87(87.00)	13(13.00)	100 (100.00)
2.	व्यापारी	92(92.00)	08(8.00)	100 (100.00)
3.	नौकरीपेशा	91(91.00)	09(9.00)	100 (100.00)
4.	अन्य वर्ग	84(84.00)	16(16.00)	100 (100.00)
	कुल योग	354(88.50)	46(11.50)	400 (100.00)

स्त्रोत- सर्वेक्षण से प्राप्त समंक

नोट- कोष्ठक में प्रतिशत दर्शाया गया है

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के चयनित कुल उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 88.50 प्रतिशत उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है, जबकि 11.50 प्रतिशत उत्तरदाताओं पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है। इस संबंध में विभिन्न वर्गों के उत्तरदाताओं की स्थिति स्थिति देखें तो स्पष्ट है कि व्यापारी वर्ग के सर्वाधिक 92 प्रतिशत उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है, जबकि नौकरी करने वाले 91 प्रतिशत उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है। वहीं अन्य वर्ग के 84 प्रतिशत उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है।

इस प्रकार से स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार का सर्वाधिक प्रभाव कृषक, व्यापारी एवं नौकरी करने वाले लोगों पर हुआ है और सबसे कम प्रभावित होने वाले अन्य वर्ग के उत्तरदाता है। इसका आषय यह है कि भ्रष्टाचार का समाज के सभी वर्गों पर प्रभाव हुआ है।

2. भ्रष्टाचार के प्रभाव के प्रकार के संबंध में उत्तरदाताओं का अभिमत - अध्ययन क्षेत्र के जिन उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है। इन उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार के किस प्रकार के प्रभाव हुए है ? इस संबंध में प्राप्त तथ्यों को तालिका क्रं. 2 में दर्शाया गया है-

तालिका क्रं. 2 - भ्रष्टाचार के प्रभाव के प्रकार के संबंध में उत्तरदाताओं का अभिमत

क्रं.	उत्तरदाता वर्ग	प्रभाव		कुल योग
		आर्थिक हानि	सामाजिक एवं नैतिक पतन	
1.	कृषक	59(67.82)	28(32.18)	87(100)
2.	व्यापारी	72(78.26)	20(21.74)	92(100)
3.	नौकरीपेशा	76(83.52)	15(16.48)	91(100)
4.	अन्य वर्ग	62(73.81)	22(26.19)	84(100)
	कुल योग	269(75.98)	85(24.02)	354 (100.00)

स्त्रोत- सर्वेक्षण से प्राप्त समंक

नोट- कोष्ठक में प्रतिशत दर्शाया गया है

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के जिन उत्तरदाताओं पर भ्रष्टाचार का प्रभाव हुआ है, उनमें से सर्वाधिक 75.98 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार भ्रष्टाचार के कारण आर्थिक हानि हुई है, वहीं 24.02 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार भ्रष्टाचार के कारण सामाजिक एवं नैतिक पतन हुआ है। दूसरी ओर विभिन्न वर्गों के उत्तरदाताओं की स्थिति स्थिति देखें तो स्पष्ट है कि नौकरीपेशा वर्ग के सर्वाधिक 83.52 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि भ्रष्टाचार से आर्थिक हानि हुई है, जबकि कृषक वर्ग के 67.82 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार भ्रष्टाचार के कारण आर्थिक हानि हुई है।

इस प्रकार से स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार के कारण का सर्वाधिक उत्तरदाताओं यथा कृषक, व्यापारी एवं नौकरी करने वाले को आर्थिक हानि हुई है और साथ ही सामाजिक एवं नैतिक पतन हुआ है।

अध्ययन के निष्कर्ष - उक्त विश्लेषण के आधार पर इस अध्ययन के महत्वपूर्ण निष्कर्ष निम्न प्रकार है-

1. भ्रष्टाचार का सर्वाधिक प्रभाव कृषक, व्यापारी एवं नौकरी करने वाले लोगों पर हुआ है और सबसे कम प्रभावित होने वाले अन्य वर्ग के उत्तरदाता है। इसका आशय यह है कि भ्रष्टाचार का समाज के सभी वर्गों पर प्रभाव हुआ है।
2. भ्रष्टाचार के कारण का सर्वाधिक उत्तरदाताओं यथा कृषक, व्यापारी एवं नौकरी करने वाले को आर्थिक हानि हुई है और साथ ही सामाजिक एवं नैतिक पतन हुआ है।

समस्याएँ एवं सुझाव – भ्रष्टाचार के कारण देश के आर्थिक–सामाजिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जो देश एवं समाज के हित में नहीं है। इस हेतु आवश्यक है कि लोगों को नैतिक रूप से जागरूक किया जाए ताकि भ्रष्टाचार को नियंत्रित /समाप्त किया जा सके।

उपसंहार – उक्त विश्लेषण एवं निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण समाज के प्रत्येक वर्ग पर किसी न किसी प्रकार का प्रभाव हुआ है और इसके परिणामस्वरूप लोगों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है और साथ ही लोगों का सामाजिक क एवं नैतिक पतन होने लगता है। जिस देश में भ्रष्टाचार अधिक पनपने लगता है, उस देश का विकास भी अवरूद्ध होने लगता है और इसके परिणामस्वरूप लोगों का जीवन स्तर प्रभावित होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Bussell, J. (2015) Greed, Corruption, and the Modern State Essays in Political Economy, Edward Elgar, London, 22-32
2. श्यामधर सिंह, वैज्ञानिक सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण के मूल तत्व, कमल प्रकाशन, इन्दौर 1982, पृ. 39
3. Khan, Muhammad Tariq (2012) Corruption: Causes and Effects in Pakistan's Case (A Review Research) , University of Haripur, PAKISTAN, pp. 45-47
4. Bhoyar, Jaywant S. (2012), Black Money and Corruption; Causes and Remedies, Politics and International Studies, Pondicherry University, p. 29
5. Shrivastava, Ashish and Dixit, Kusum (2013), Corruption is Dangerous For Human Rights: A Study, M B Khalsa Law College, Indore (M. P.), p. 64
6. Jain, Dharam Chand (2012), Effective Legal And Practical Measures For Combating corruption: A Criminal Justice Response - An Indian Perspective, p. 37
7. Wang, Xuehong (2011), Sports betting and corruption, Executive Director - China Center for Lottery Studies , Beijing University, pp. 40-41
8. Yadav, K.S and Chopra, Sunita (2015), Anti-Corruption Movements & Measures in India, International Journal of Trade and Commerce, Volume 4, No. 2 pp. 411-422

****

Need Of Research On Media Cross-Ownership Patterns In India

Ms. Sayma Imtiaz*

Introduction - Information on effects that mass media ownership has on serving the public interest, if generalized, would be useful in building policy in sphere of mass media. Information is now called "power" like money and authority. Cross media companies that exercise control over information transmitted to the masses are now seen as strong force in building public opinion. As the "fourth power" in society, mass media organizations attract attention of many scientists. Cross media ownership and its effects on different aspects of mass media performance is the subject of many studies. Cross media ownership and its effects on different aspects of mass media performance is the subject of many studies. This topic attracts many scholars due to importance of mass media in social life of society and its ability to affect publics. Ownership is playing a crucial role in media business. Sometime its implication effects on the content. These implies are belongs the ownership which are not giving proper media values. Now, the main concern should be on control of ownership with existing policy. Understanding of issues and approaches of cross media would seem to be critically important today, most distribution measures are based on single media identification that is television viewing is measured separately from radio listening, which is measured separately from magazine readership which is measured separately for outdoor exposure and so on. Today even the newer form of media such as mobile, DTH and even social media are also measured separately and individually with no regard for the simultaneous media consumption of the participating audiences.

Gillian Doyle defined in his book (Media Ownership, 2002) that diversity of ownership of the media generally seen as one of the essential conditions for sustaining political and cultural pluralism. Pluralism is a key social objective but it is not the only reason why ownership of the media matters. It also matters because it affects the way in which media industry is able to manage the resources available for media provision.

This research paper focused on expansion of cross ownership as a performance in media scenario then it will also catch the section of implications of cross ownership in Indian media. The attractive part of this research will be role of cross media and formation of the policy. The methodology of this Study will be Case study and Documentations on Media Groups; with the help of Documents and we will find the role of Cross Media Ownership. To get the information we applying the case study on media groups. The Case study method is a very common technique for qualitative data but it s also gives very strong and empirical inquiry. For this study we will apply it because it is way to uses multiple sources of evidence to investigate a contemporary phenomenon. Using of Comparison Constant Technique we will get the qualitative data through related Books, Research Paper, Research Articles, Research Reports, Internet links & websites e.g. It applied on media groups and existing policy to check the exposure and business motives.

Media Ownership Laws in India - Another area of media ownership where research is in absentia and is severely needed is the laws related to it. To be precise, media ownership laws in India can be characterized by the utter lack of it. And this is something even the government and the media regulators admit to. Many international markets have identified the parameters that define the level of concentration in media ownership and cross media holdings. These parameters are reviewed periodically and the restrictions/safeguards are modulated accordingly. However, in India, there has been lack of willingness on their part as well in getting in place in the ideas of media ownership. And again that government attempt to bring changes in the news media has largely been restricted to controlling media content. The government, however, has done a lot of on paper drill to streamline media ownership through TRAI consultation papers and also through sponsored studies. One such study e TRAI's recommendation was commissioned to the Administrative Staff Collage of India (ASCI) in 2009. Some key elements of the recommendations by ASCI regarding Media Ownership in the country after studying the ownership patterns were:

1. Cross Media ownership rules for broadcasting, print 20d the new media must be put in place since there is ample evidence of market dominance in certain relevant markets.

*Research Scholar, Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism & Communication, Bhopal (M.P.) INDIA

2. As regards vertical integration, a cap on vertical holdings must be carefully determined based on existing market conditions.
3. Disclosure regarding cross media affiliations and ownership should be in public domain.
4. There should be a regulatory oversight on carriers so as do ensure nondiscriminatory access.

However, there are still no cross media ownership restrictions across Print, Television and Radio industries in the country. As far as vertical integration of media entities in broadcasting sector is concerned, certain restrictions have been put in place in the guidelines for obtaining license for Direct-to-Home (DTH) platform and in the Head-end in the sky (HITS) policy wherein a DTH service provider cannot have more than 20% stake in a HITS service provider. While content creation has no restriction either on cross media ownership or on vertical integration. So, most of the companies are expanding their content portfolios across languages (acquiring or launching new ventures in a host of regional languages) and across technical platforms (print companies are entering into broadcast or digital ventures and broadcast companies are getting in publications etc). This trend is leading to monopoly in news media which is a serious threat to plurality of news in any democracy. While we get to know about them as individual deals or launches there is no documented evidence of the overall deals over a period of time. There is a need for such documented studies which put the threads together and weave a larger fabric of media ownership. That is where research in media ownership, its patterns, its trends and a futuristic overview is required.

Major Business Trends in Media Ownership - The number of media products and the brands making and selling them has increased rapidly. These reach out to through several technical platforms by various brand names. So, we have print publications, television, radio, internet, smart phones and so on. For each kind of content we have choices in the way we decide to consume them. For news updates we can watch our preferred news channel, check for the text updates on our mobile phones or log in to the website of the channel either to watch live video streaming or read the transcript of the same content. Similarly, a movie can either be watched in a theatre, at home using the pay per view service of cable and satellite service provider or through several movie website which provide the same facility online.

The number of companies which own these content creating entities is shrinking. This trend is also termed as Cross Media ownership which ultimately means that much of the information and entertainment flow is being controlled by a handful of media conglomerates. These conglomerates are increasingly marking their presence in almost all forms of content creation as well as their distribution platforms. To illustrate this lets randomly pickup some of the biggest media groups of this country and look at their current portfolios. Bennett, Coleman and Company Limited (BCCL) widely known as the Times of India Group was traditionally known to be a Newspaper entity. However, today the group is known for having diverse media interests. Apart from owning various newspaper brands in several Indian languages, BCCL boasts of a General English news channel Times Now, a business news channel ET Now and a Bollywood based channel Zoom. It owns FM radio stations by the name Radio Mirchi, an event management firm 360 degrees, Outdoor advertising firm Times Outdoor apart from several portals which provide services from Jobs to Property and even Matrimonial. Zee Entertainment Enterprise(ZEE) entered the media industry as a general entertainment channel in early 90s today owns more than 30 television channels from news to movies to sports across major Indian languages and several foreign as well. The group also owns a cable distribution company Siticable, a record label Zee Records and a movie production venture Zee Motion Pictures. Another major media group in terms of its wide reach is Living media company popularly known as the India Today Group waich first started publishing a weekly news and current affairs magazine India Today in the year 1975. After expanding the magazine in various Indian languages and turning it into a weekly one, the group today owns a bouquet of four news and current affairs channels spearheaded by its flagship channel AajTak, an FM Radio company Oye, an afternoon newspaper Mail Today which is a joint venture with London's daily mail. The group also has several license agreements with niche foreign brands for their Indian edition like Cosmopolitan, Good housekeeping, Harvard Business Review etc.

Media conglomerates are increasingly forming joint ventures with other media or non media companies to launch a new media brand or service. This particular trend is making the nations of ownership even more complicated to understand. Most significant example of such alliance in India is that of the Network 18 group. While the group's Business News channel CNBC TV18 is a joint venture between TV 18 and NBC Universal, it owns 57% stake in the Hindi news channel IBN7 which is co-owned by Global Broadcast Network (GBN). Its Marathi news channel IBN Lokmat is again a joint venture with newspaper entity Lokmat. The group is a major player in television entertainment segment. It has formed another joint venture with American media conglomerate Viacom and operates channels like Colors TV, MTV India, Nick India etc. Further, to distribute its channels through various distribution platforms, the group entered into yet another joint venture with Sun Network in 2010 to form Sun 18. In collaboration with Forbes Media, the group also publishes Forbes India, which is the local edition of this world famed magazine. On distribution front, SKY network of UK which is controlled by news corporation joined hands with TATA in India for a DTH company which is being managed by STAR India limited (another News Corporation entity)

Objectives :

1. To study on the media regulations in India.

2. To understand the need of study on media ownership.
3. To find out the behavior of cross media houses.

Research methodology - This study is designed by Descriptive Research Design. It is used to obtain information concerning the current status of the phenomenon and to describe "what exists" with respect to variables or conditions in a situation. The first step of this study is to specify the objectives with sufficient precision to ensure that the data collected are relevant. If this way will not do carefully, this study will be not provided the desired information.

According to my problems this design is suited perfectly. With the help of this design, I solved the all desirable dimensions of the problem such as expansion, business policy, editorial policy and content production of cross media. By apply the different methods to get the many results for this research design.

Through the using of constant comparison technique I had been searching data and information into the text materials. The analysis of Documentation based on the text materials and Internet materials. These materials will be gathered from Books, Magazines, Articles, Research paper, Govt. Reports and Documents e.g

The Case study (method) is a very common technique for qualitative data but it is also gives very strong and empirical inquiry. For this study I applied because it is way to uses multiple sources of evidence to investigate a contemporary phenomenon. I did study on four targeted cross-media organisations and case study method apply on them for knowing and investigating about expansions related matters.

Analysis - Here, I proposed some cross-media groups and its different segments for study. There are as follows: -

GROUP	PLATFORMS
The times group	Times of India newspaper, Times Now news channel and Radio mirchi FM channel.
India Today	India today magazine, AajTak news channel, headlines today news channel &Oye 104.8 FM channel
HT media	Hindustan time newspaper & fever 104 fm channel
Bhaskar group	Media, publishing, textile, real estate, internet services e.g.

Case studies on Cross-media ownership groups

Business Expansion Direction

THE TIMES GROUP	Vertical integration, private, mass media business
INDIA TODAY	Vertical integration, private, mass media business, diagonal expan -sion
HT MEDIA	single entity to cross media own ership, private body
BHASKAR GROUP	cross media ownership to diago -nal expansion, private body

Above table shows the business expansion of cross media groups. The direction of the business of media groups from single entity to multi entity. We get Times group, HT media and India today group are moved from single entity to multi business in media market. And Bhaskar group expanded their business towards non media segments. So, here is difficult to say all cross-media groups are having a pure mass media business.

We also assumed most of the media houses initially had a single media outlet and they turns toward multi business for technology development, society demand andbusiness growth. There is one important thing we get they also try to invest in non-media business e.g. real estate.

Now during analysis, we get media houses focusing on diagonal expansion for business revenues.

MEDIA CONTENT

THE TIMES GROUP	Audience choice, entertainment, political issuesSocial issues,
INDIA TODAY	Social development and political issues
HT MEDIA	Social welfare and development, environmental issues
BHASKAR GROUP	Entertainment, cultural, local issues

If we discuss on media content during study on media houses, we assumed most of the media houses focusing on the edutainment and infotainment kind of content. Every media outlet has an own pattern of content e.g. news, debate programme, news story editorial special news coverage etc.

So, here we assumed times group is carrying a content like audience demands, edutainment and infotainment programme. And other side India today group mostly prefer the social development and political issues and coverage.

We also assumed HT media group is fully based on social welfare and environmental development issues. And Bhaskar group mostly preferred the entertainment cultural and local issues.

So now we believed mostly cross media house's content are like mostly based on edutainment, social issues & concerns and infotainment.

BUSINESS STRATEGY

THE TIMES GROUP	Mouth-watering profit, focusing on internet business (times internet ltd. And times business solutions ltd.)Mobile applications
INDIA TODAY	Magazines publishing and internet web portals and joint venture for eign investment.
HT MEDIA	Hindustantimes.com,Livemint. com,Desimartini.com, shine.com , web portal
BHASKAR GROUP	Mobile app and real estate business

Above table shows the business strategy of media

houses. we get the times group have a many media segment and entertainment TV channels. It is keeping mouth-watering profits and bringing paralleling internet business. Its standard of business is very high, and quality of news based on mostly political issues.

ऐतिहासिक पर्यटन – भारत एक ऐतिहासिक धरोहरो का देश है।इसमे मध्यप्रदेश का मुख्य स्थान है। मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों मे कई ऐतिहासिक स्थल मंदिर, मस्जिद, प्राचीन किले, पुराने कुंए एवं प्राचीन खंडहर देखने को मिलते है। पर्यटन के विकास में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। पर्यटन के द्वारा मनुष्य विभिन्न प्रकार के स्थलो का भ्रमण करता है। तथा उस स्थान से जुडी कई प्रकार की जानकारी प्राप्त करता है। प्रत्येक ऐतिहासिक स्थल अपनी अलग कहानी कहता है। किसी विशेष ऐतिहासिक स्थल को देखकर वहां की भौगोलिक स्थिति, आर्थिक संरचना, इतिहास, सामाजिक मान्यताए, रीति रिवाज, प्रथाए, परम्पराए, कला तथा संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। पर्यटन के द्वारा हमारे लिए यह जानना आसान हो गया है। परिवहन के साधनो के विकास से दुनिया बहुत छोटी हो गई है। पर्यटन के क्षेत्र में ऐतिहासिक स्थलो की जानकारी से यही तात्पर्य है कि हम अधिक से अधिक अपने इतिहास को जाने और भविष्य का निर्धारण करे। कहा भी गया है कि जो व्यक्ति अपने देश या अपने बीते दिनो से शिक्षा नही लेता वर्तमान और भविष्य उसका सम्मान नही करता तथा वह कभी उन्नति नही कर पाता।प्राचीन काल में अनेक स्मारक ऐसे बनाये गए थे जिनसे भारत की संस्कृति और सभ्यता के सम्पन्नता का बोध होता हैं ऐसे कई कलात्मक स्मारक है जिनसे तत्कालीन समाज की गतिविधियो की जानकारी प्राप्त होती है। ये स्मारक भारत की विविध सामाजिक एवं धार्मिक संस्कृतियो को सुरक्षित रखे हुए है। इन स्मारको में विभिन्न तरह के भवन, दुर्ग, मंदिर,स्तूप, गुफाएं आदि है। प्राचीन भारत में कला धर्म से प्रभवित थी जिसके परिणाम स्वरूप विभिन्न ऐतिहासिक स्थल धर्म से ओत–प्रोत है। चट्टानो को काटकर सुन्दर गुफाए बनाई गयी, स्तूपो का निर्माण किया गया, बुद्ध के अवशेषों पर गोलाकार गुम्बदनुमा आकृति बनाई जाती थी सांची और अमरावती के स्तूप ऐतिहासिक स्तूप तो है साथ ही बौद्धो के इतिहास के गवाह है। अधिकांश प्राचीन स्मारको का निर्माण राजकीय संरक्षण में हुआ था तथा ये कलात्मक स्मारक शांति के सूचक है। अशांति काल में कला का विकास सम्भव ही नही है। पर्यटन के द्वारा हम अपने इतिहास को जाने तथा इतिहास को संरक्षित रखे। यही हमारा मुख्य कर्तव्य होना चाहिए। पर्यटक अक्सर शांति की तलाश में ऐतिहासिक स्थलो पर घूमने जातें है। वहां शांति का आनन्द उठातें है। और उसी ऐतिहासिक इमारतो को क्षति पहुंचाते हैं जो कि हमारे लिए एक निन्दा का विषय है। हमें

* शोधार्थी, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, तराना, जिला –उज्जैन (म.प्र.) भारत

उन प्राचीन ऐंतिहासिक किलो दीवारो को क्षति पहुंचाने का कोई अधिकार नही है। हमें तो अपनी आने वाली पीढी के लिए उसे संरक्षित करके रखना है।ऐतिहासिक किले हमारी धरोहर है। ये हमारे इतिहास के गवाह है। पुराने राजमहलो को देखकर हमारा इतिहास से साक्षात्कार होता है। इन्हे देखने ही तो देश विदेश से पर्यटक आतें हैं इससे हमारे देश को विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। और हमारे देश का आर्थिक विकास होता है।

धार्मिक पर्यटन – धार्मिक पर्यटन में धार्मिक स्थलो का महत्वपूर्ण योगदान है।यहां पर विभिन्न धर्मो के लोग निवास करते हैं। तथा विभिन्न धर्मो के लोग अपने अपने धार्मिक स्थलो की ओर आकर्षित होते हैं भारत में हिन्दू धर्म का विशेष स्थान है। इसको मानने वालो की संख्या अधिक है। इसी कारण देश में हिन्दू धर्म के धार्मिक स्थल अधिक है लाखो लोग प्रतिवर्ष धार्मिक यात्रा हेतु भिन्न भिन्न स्थलो पर जातें है। तीर्थ स्थलो पर उचित सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार व नीजि पर्यटन संघ सदैव प्रयासरत रहते हैं इसके अलावा कई स्वयं सेवक संघ भी सुरक्षा के लिए कार्य करते है। ये पर्यटन धार्मिक दृष्टि से भी लाभप्रद है। धर्म पूर्ण रूप से आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक सामंजस्य है। हिन्दू धर्म में धार्मिक स्थलो का महत्वपूर्ण स्थान है। यह स्थल सम्पूर्ण भारत में चारो दिशाओ में विद्यमान है। मोक्ष प्राप्ति के लिए हिन्दू चार धामो की यात्रा करते है। जो कि उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम दिशाओ में स्थित है। भारत में पर्यटन उद्योग तीर्थस्थलो पर निर्भर करता है। बहुत छोटे छोटे स्थानो का विकास धार्मिक पर्यटन के कारण हुआ हैं। भारत में धार्मिक पर्यटन के द्वारा विभिन्न रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। सांस्कृतिक एवं धार्मिक समारोहो का सुन्दर ढंग से आयोजन कर विदेशी पर्यटको के आकर्षण का केन्द्र बन सकता है।मध्यप्रदेश का खजुराहो देशी और विदेशी पर्यटको को आकर्षित करता है। यहां बहुत अधिक संख्या में विदेशी पर्यटक आते है।इसी तरह मध्यप्रदेश में ओरछा स्थित रामराजा का मंदिर पर्यटको को आकर्षित करता है। यह धार्मिक स्थान के साथ ही एक ऐतिहासिक नगरी है। इसी तरह मध्यप्रदेश में नदी किनारे बसे कई तीर्थस्थल है। जहां मेले उत्सवो का आयोजन किया जाता है। उज्जैन नगरी क्षिप्रा नदी के किनारे बसी हैं यहां महाकालेश्वर का ज्योर्तिलिंग स्थित है। जो कि बारह ज्योर्तिलिंग मे से एक है। जहां हर वर्ष कार्तिक मेला और बारह वर्षो में एक बार सिंहस्थ का मेला लगता है। जहां लाखो की संख्या में पर्यटक आतें है। ओंकारेश्वर नर्मदा नदी के किनारे स्थित है। जहां बारह ज्योर्तिलिंगों में से एक ज्योर्तिलिंग स्थित है। इस प्रकार मध्यप्रदेश में दो ज्योर्तिलिंग स्थित है। जहां लगातार धार्मिक कारणो से पर्यटको का आना जाना लगा रहता है। ऐसे मध्यप्रदेश में कई स्थान है। जहां हर वर्ष धार्मिक कारणो से मेले का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनो से बडी संख्या में पर्यटक आते हैं स्थानीय लोग को रोजगार की प्राप्ति होती है। उनकी आय में वृद्धि होती है। उस धार्मिक स्थल जहां पर लोग केवल धार्मिक कारणो से जाते थे अब केवल धार्मिक नही बल्कि व्यवसायिक उद्देश्य को लेकर भी पर्यटन होने लगा है। और छोटे से गांव या कस्बो ने बडे शहर का रूप ले लया है। वर्तमान समय में बस जरूरत इस बात की है। नदी किनारे बसे धार्मिक स्थलो को गंदा न करे नदियो मे कूडा कचरा न डाले इससे पर्यावरण प्रदूषित होने लगता हैं और ऐसे स्थानो पर पर्यटको की संख्या धीरे धीरे कम होने लगती है।

समाजिक पर्यटन – पर्यटन एक ऐतिहासिक, धार्मिक, प्राकृतिक प्रतिक्रिया होने के साथ ही यह एक सामाजिक प्रतिक्रिया हैं। यह न केवल सामाजिक परिवर्तन का कारण है अपितु सामाजिक संबंधों में भी वृद्धि करता है। यह राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करता है। सामाजिक पर्यटन ज्ञान में वृद्धि के साथ मनोरंजन का भी साधन है। आज की भाग–दौड भरी जिंदगी में यह तनाव को कम करने में सहायक है। पर्यटन के द्वारा सामाजिक एकता मे वृद्धि होती है। पर्यटको का प्रभाव स्थानीय लोगो के रहन–सहन व जीवन शैली पर तो पडता ही है।साथ ही पर्यटक भी उस स्थान विशेष की सामाजिक संस्कृति से प्रभावित होते है। तथा वे यहां की संस्कृति से इतने अधिक प्रभावित होते है। कि वे बार बार यहां आना पसन्द करते है। पर्यटन अपनी मातृभूमि की वर्तमान सामाजिक परिस्थितियो का प्रतिबिम्ब है।हमारे सामने जब किसी देश, समाज, धर्म, संस्कृति का नाम आता है। तो सबसे पहले हमारा ध्यान उस देश या समाज की प्राचीन परम्पराओ पर जाता है।प्राचीन परम्पराओ व संस्कृति को पर्यटन स्थल के कलाकृतियो मे उकेरी नक्काशी से सहज रूप में समझा जा सकता है। यदि हम प्राचीन काल के शैल चित्रो को देखते है तो उस समय की परम्परा व संस्कृति का अनुमान हो जाता है। उस समय विशेष में महिलाओ की क्या स्थिति थी उनका समाज में क्या स्थान था आदि बातो की जानकारी कलाकृतियो को देखकर स्पष्ट हो जाती है। मध्यप्रदेश में कई सामाजिक, धार्मिक अवसरो पर मेले व उत्सवो का आयोजन किया जाता है।इस प्रकार के मेले व आयोजन के पीछे भी कई धार्मिक व सामाजिक कारण होते है। यहां पर विभिन्न प्रकार की फसलो के पकने व कटने का समय अलग अलग होता है वह सब कुछ जलवायु और मौसम पर निर्भर करता है। फसल कटने के बाद आराम का समय होता है। तो स्थानीय लोग उस समय को आनन्द व उल्लास मे बदल देते है। इस प्रकार हमारे भारतीय जीवन में अनेक पर्वो व मेलो का आयोजन किया जाता है। पर्यटको को ये मेले अपनी ओर आकर्षित करने लगे और पर्यटको को आकर्षित करने के लिए प्रचार प्रसार भी किया जाता है। इस प्रकार के मेले के आयोजन से स्थानीय शिल्प कला, मूर्तिकला, लघु उद्योग धन्धो से निर्मित वस्तुओ की बहुत अधिक बिक्री होती है। जिससे स्थानीय लोगो की आय में वृद्धि होती है। परिणाम स्वरूप जीवन स्तर में वृद्धि होती है। मशीनीकरण और सेचार के युग में हमारी लोक कला तथा शिल्पकला का पतन हो रहा है फिर भी कुछ लोक कलाए तथा शिल्प अभी बचे हुए है जिनको हम जानते है। मशीनीकरण के युग में कुछ कलाए लुप्त तथा अनुपयोगी हो गई है।ऐसी वस्तुए अब राष्ट्रीय संग्रहालय मे रखी गई है। इनमे हर कला जीवन के एक महत्वपूर्ण पहलू को स्पष्ट करती है। पर्यटक भिन्न भिन्न संस्कृतियो को उनके पहनावे आभूषणों,कृषि,संगीत के सामान,फर्नीचर आदि से पहचाना जाता हैं परम्परा का निर्वाह कला में हमेशा होता आया है। कला की जीवित परम्परा समाज की संस्कृति है। इस प्रकार समाज और संस्कृति का आपस में गहरा संबंध है।पर्यटन के द्वारा हमें भिन्न संस्कृतियो का ज्ञान होता है।मनुष्य हमेशा से जिज्ञासु रहा है वह अन्य सामाजिक परिवेश की संस्कृतियो का जानने व उसे अपनाने का प्रयास करता रहा हैं यह हमारी राष्ट्रीय एकता का बहुत बडा तत्व है। सामाजिक पर्यटन के कारण पर्यटको की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही हैं जो कि हमारी राष्ट्रीय आय का बहुत बडा स्त्रोत है।

निष्कर्ष – ऐतिहासिक धार्मिक तथा सामाजिक पर्यटन का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता हैं कि पर्यटन हमारे जीवन का आधार है। यदि हम एक स्थान से दूसरे स्थानो पर घूमने फिरने नही जायेंगे तो हमारा जीवन नीरस हो जायेगा। अर्थव्यवस्था की गति रूक जायेगी रोजगार कम हो जायेगा अत: हमें चाहिए की हम पर्यटन को प्रोत्साहन दे अपने आस पास जितने भी

पर्यटन स्थल है। उन्हे स्वच्छ और सुरक्षित रखें। तभी राष्ट्रीय आय में वृद्धि होगी। वर्तमान समय में पर्यटन ने उद्योग का रूप ले लिया है। यह सेवा प्रदाता के रूप मे हमारे सामने उभर कर आ रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गोयल राजेश (2011), 'पर्यटन एवं परिवहन', वन्दना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, ISBN No. - 978-81-89949-25-9-
2. गुप्ता शिवसहाय (2011), 'पर्यटन के विविध स्वरूप' मोहित बुक्स इन्टरनेशनल, नई दिल्ली - 110002, ISBN No. 978-93-80748-009-
3. राव बालकृष्ण (2007), 'मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ पर्यटन' अजय प्रकाशन, जयपुर-3, ISBN No. 81-902596-1-X-
4. गोयल राजेश (2011), 'पर्वतीय पर्यटन - भौतिक सुविधाओं का विकास', वन्दना पब्लिकेशन्स, दरियागंज, नई दिल्ली, ISBN No. 978-81-89949-24-2-
5. दर्शक हंसराज (2007), 'भारत देशाटन', विश्व पुस्तक केन्द्र, नई दिल्ली, ISBN No. - 812-810-7-011-9-
6. संजयकांत भारद्वाज (2013), 'भारत में पर्यटन विकास', हेमन्त पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, ISBN No. 978-93-81793-01-5.
9. कुरूक्षेत्र, नई दिल्ली.
10. योजना, नई दिल्ली.
11. टाइम्स ऑफ इण्डिया.
12. पर्यटन डाइजेस्ट, भोपाल.

वेबसाईट्स :

1. http://www.mp.gov.in
2. http:// www.tourismindia.com.
3. http://www.google.com.in
4. http://www.wikipedia.com
5. http://www.mptourism.com
6. http://www.naidunia.jagran.com

****

अशासकीय विद्यालय के कक्षा नवम् स्तर के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि पर अधिगम आव्यूह की प्रभावशीलता का अध्ययन

नलिनी शर्मा *

Abstract - The present paper is focussed on a study of effectiveness of Learning strategy with reference to Achievement on science of class IX students, a sample of 47 students of class IX was taken from high school of Ujjain. The data were collected by using science Achievement Test developed by researcher. The data were analysed through t-test. The findings revealed that at high school level there were significant difference found in science Achievement of students of experimental group and control group.

प्रस्तावना – शिक्षा मानव विकास की पूर्ण अभिव्यक्ति है, अर्थात् शिक्षा सीखना नहीं वरन् मस्तिष्क की शक्तियों का अभ्यास व विकास है। अत: शिक्षा एक जटिल, गतिशील रचनात्मक एवं संवेदनशील प्रक्रिया हैं। इसमें शिक्षण का संबंध शिक्षक से है एवं अधिगम का संबंध अधिगमकर्ता से है। जहाँ शिक्षण एक कला है। कला सतत् परिवर्तनशील रहती है और विकासोन्मुख होती हैं इसलिए शिक्षण परिवर्तनशील और विकासोन्मुख है। व्यापक रूप से शिक्षण जीवन में निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। यह त्रिमुखी हैं: अर्थात् इसके तीन मूल तत्व है : शिक्षक, छात्र और विषय। जिसमें से शिक्षा की प्रक्रिया के अन्तर्गत दो महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ **'शिक्षण'** एवं **'अधिगम'** के रूप में है। इस शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में **'अधिगम'** केन्द्र बिन्दु है। अधिगम आधुनिक मनोविज्ञान का अति महत्वपूर्ण आयाम है क्योंकि अधिगम का संबंध अधिगमकर्ता (विद्यार्थी) से होता है एवं अधिगम की क्रिया मानवीय व्यवहार और मानसिक क्रियाओं के अनेक पहलुओं को प्रभावित करती है। बालक के व्यवहार में अभ्यास तथा अनुभूति के परिणाम स्वरूप वांछित दिशा में परिवर्तन हेतु विद्यालय की भूमिका अहम होती है, परन्तु पर्याप्त सुविधाओं वाले विद्यालयों में भी अभिभावकों, प्रबन्धकों एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों की शैक्षिक सम्प्राप्ति (उपलब्धि) से पूर्णत: सन्तोष नहीं होता है। इस कारण कक्षा-शिक्षण के उपरान्त भी विद्यार्थियों को अतिरिक्त शिक्षण जिन्हें 'कोचिंग क्लास' कहा जाता है, में जाने की आवश्यकता पड़ती है। इस हेतु अभिभावकों शैक्षिक प्रशासक एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर विद्यार्थी की शैक्षिक सम्प्राप्ति (उपलब्धि) से संबंधित होते अनेक विचार-विमर्श है, परन्तु इस समय वास्तव में यह स्पष्ट विचार होना आवश्यक है कि, विद्यार्थी की सम्प्राप्ति का संबंध उसके अधिगम स्तर से होता है। जब विद्यार्थी के उपलब्धि स्तर में कमी होती है तो उसके व्यक्तित्व में चिडचिडाहट अकेलापन, विषय के प्रति अरूचि आदि समस्याएँ आने लगती है जिससे उसकी उपलब्धि और निम्न स्तर पर जा सकती है। इस हेतु यह महत्वपूर्ण लगता है कि विद्यार्थियों की अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए उपाय किये जाएं। इस हेतु पाठ्यवस्तु में निहित अवधारणाओं की समझ विकसित करने के लिए विविध प्रकार के अधिगम अनुभव प्रदान करने की योजना बनाकर अध्यापन किया जाए तो विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि में वृद्धि होने की संभावना हो सकती है। प्रस्तुत शोध पत्र के अन्तर्गत शोधकर्ता द्वारा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में वृद्धि करने की दृष्टि से कुछ गतिविधियों का संयोजन कर उसे अधिगम आव्यूह के रूप में प्रयुक्त करने की योजना बनाई गई है।

अधिगम आव्यूह की अवधारणा – शिक्षा के संदर्भ में तकनीकी के विकास के कारण शिक्षा को उत्पाद के रूप में देखा जाने लगा है। अधिगम प्रक्रिया को सरल एवं स्थायी बनाने के उद्देश्य से शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक की प्रकृति, शैक्षिक उद्देश्य, अधिगम के प्रकार तथा विद्यार्थियों की रूचि एवं योग्यताओं आदि को ध्यान में रखकर कई गतिविधियों का संयोजन किया गया है, इसे अधिगम आव्यूह रचना कहते हैं- अर्थात् 'अधिगम आव्यूह से तात्पर्य वे अभिवृत्तियों और व्यवहार हैं जिनसे अधिगमकर्ता का अभिमुखीकरण लक्ष्य की ओर होता है।'

अधिगम आव्यहू की परिभाषा – 'Behaviours of a learner that are intended to influence how the learner processes information' **– Later Mayer (1988)**

मेयर के अनुसार अधिगम आव्यूह, अधिगमकर्ता के वे व्यवहार है- जो अधिगमकर्ता के सूचना प्रक्रम को प्रभावित करते है। यहाँ सूचना प्रक्रम से तात्पर्य है विद्यार्थियों में सूचना ग्रहण कर व्यवस्थित करने की प्रक्रिया की क्षमता का विकास करना। सूचनाओं का विश्लेषण करने में काम आने वाली बौद्धिक क्रियाएँ- अवलोकन, व्याख्या, निष्कर्ष, शाब्दिक व अशाब्दिक प्रतीकों का उपयोग आदि योग्यताओं को विद्यार्थी में विकसित किया जाता है। अत: यहाँ यह स्पष्ट है कि अधिगम आव्यूह से तात्पर्य कक्षा शिक्षण में सम्मिलित उन गतिविधियों से है, जिनके प्रभाव से अधिगमकर्ता उन व्यवहारों की करने को प्रेरित होगें। अत: अधिगम आव्यूह द्वारा विषयवस्तु (Content) में सम्मिलित शिक्षण बिन्दु से संबंधित ऐसी स्थितियों का निर्माण करना जिससे अधिगमकर्ता में तर्क, विश्लेषण, प्रयोग, समझ, समस्या समाधान, निर्णय लेने की क्षमता एवं चिंतन को प्रेरित किया जा सके। इस हेतु आव्यूह रचना का मुख्य स्वरूप इस प्रकार है-

1. विद्यार्थी भिन्न-भिन्न स्थुल तथ्यों के आधार पर अनेक क्रियाओं एवं उदाहरणों का प्रयोग कर अपनी बौद्धिक क्रियाओं द्वारा स्वयं नियम

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

या सिद्धान्त तक पहुँच सके।

2. विद्यार्थी द्वारा शब्दों के माध्यम से अर्थ ग्रहण कर अपने शब्दों में व्याख्या करना सीखना।
3. प्रयोग करने हेतु अवसर देना ताकि सीखे गये ज्ञान एवं अनुभव के आधार पर विद्यार्थी प्रयोग कर विश्लेषण कर सके आदि।
4. स्मरण एवं समझ के आधार पर तर्क शक्ति को विकसित करना।

उद्देश्य – अशासकीय विद्यालय के प्रयोगात्मक समूह एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों की तुलना करना।

परिकल्पना – अशासकीय विद्यालय के प्रयोगात्मक समूह एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होगा।

प्रविधि – प्रस्तुत शोध एक प्रयोगात्मक अध्ययन है, अत: इस अध्ययन हेतु प्रायोगिक अभिकल्प को प्रयुक्त किया गया है। चयनित विद्यालय में कक्षा नवम् के दो वर्गों में से एक वर्ग को प्रयोगात्मक समूह तथा दूसरे वर्ग को नियंत्रित समूह के रूप में लिया गया।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध कक्षा नवम् के विद्यार्थियों पर किया गया, जो कि उज्जैन शहर में स्थित अशासकीय मॉडल हायर सेकेन्डरी स्कूल में सत्र 2017-18 में अध्ययनरत् रहे। इन विद्यार्थियों की आयु 14 से 16 वर्ष हैं। चयनित इकाई का अध्यापन अधिगम आव्यूह द्वारा किया एवं न्यादर्श के रूप में चयनित विद्यालय के कक्षा नवम् के विद्यार्थियों की संख्या का विवरण तालिका क्र. 01 में प्रस्तुत है।

तालिका क्र. 01 – प्रदत्त संग्रह हेतु न्यादर्श का विवरण

क्र.	लिंग	प्रयोगात्मक समूह	नियंत्रित समूह	कुल
1	बालक	15	20	35
2	बालिका	07	05	12
	कुल	22	25	47

तालिका क्र. 01 के अनुसार चयनित विद्यालय के उच्च माध्यमिक स्तर के कक्षा नवम में 35 बालक तथा 12 बालिकाएँ (कुल 47) विद्यार्थी न्यादर्श में सम्मिलित हैं। प्रयोगात्मक समूह में कुल 22 विद्यार्थी जिसमें बालक 15 एवं बालिकाएँ 07 हैं। इस प्रकार नियंत्रित समूह में कुल 25 विद्यार्थी सम्मिलित है, जिनमें से 05 बालिकाएँ एवं 20 बालक हैं।

उपकरण – शोधकर्ता द्वारा निर्मित विज्ञान उपलब्धि परीक्षण की सहायता से विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि का मापन किया गया।

प्रदत्त संकलन प्रक्रिया – चयनित विद्यालय के कक्षा नवम् के दो वर्गों में से एक को प्रयोगात्मक समूह के रूप में दूसरे समूह को नियंत्रण समूह के रूप में लिया गया। प्रयोगात्मक समूह का शिक्षण 'अधिगम आव्यूह' द्वारा किया गया। नियंत्रित समूह का शिक्षण 'परम्परागत विधि' द्वारा किया गया। दोनों समूहों पर शिक्षण के पश्चात विज्ञान उपलब्धि परीक्षण प्रशासित किया गया।

प्रदत्त का विश्लेषण – कक्षा नवम् स्तर पर विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों की तुलना के लिए टी-परीक्षण (t-test) का उपयोग किया गया।

प्रदत्त विश्लेषण का परिणाम – प्रदत्त संकलन करने के पश्चात् उद्देश्य अनुसार प्रदत्त का विश्लेषण तथा व्याख्या की गई। प्राप्त परिणाम उद्देश्यानुसार अग्रलिखित बिन्दु में प्रस्तुत है –

अशासकीय विद्यालय के प्रयोगात्मक समूह एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों की तुलना के लिए M, SD, N तथा t के मान का विवरण –

तालिका क्रमांक 02 – अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों का विवरण

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	प्रमाप विचलन	df	t-value
प्रयोगात्मक समूह	22	24.09	4.78	45	4.621**
नियंत्रित समूह	25	18.32	3.77		
कुल	47				

** 0.01 स्तर पर सार्थक

तालिका क्र. 02 के अनुसार t का मान 4.621 पाया गया, जो 45 (df) के लिए 0.01 स्तर पर सार्थक पाया गया अर्थात प्रयोगात्मक एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थयों की विज्ञान उपलब्धि के मध्यमानों में सार्थक रूप से भिन्नता पायी गयी। अत: इस सन्दर्भ में अध्ययन की शून्य परिकल्पना 'अशासकीय विद्यालय के प्रयोगात्मक समूह एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं होगा' अस्वीकृत की जाती है। इनके विस्तृत अध्ययन के लिए दण्ड आरेख क्र. 01 का निर्माण किया गया।

दण्ड आरेख क्रमांक 01 – अशासकीय विद्यालय के प्रयोगात्मक एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों की तुलना



दण्ड आरेख क्रमांक 01 से स्पष्ट होता है कि प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमानों (M = 24.09), नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के मध्यमान (M = 18.32) से सार्थक रूप से उच्च स्तर के पाए गए।

निष्कर्ष–उक्त शोध अध्ययन से स्पष्ट है कि परम्परागत शिक्षण एवं अधिगम आव्यूह द्वारा शिक्षण करने पर विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के प्राप्तांकों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर पाया गया। अत: स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की विज्ञान विषय की उपलब्धि पर अधिगम आव्यूह द्वारा शिक्षण का सकारात्मक प्रभाव पाया गया।

शैक्षणिक उपयोगिता :

1. प्रस्तुत शोधकार्य विद्यार्थियों को सूचना, तथ्यो, प्रत्ययों, का निर्माण एवं वर्गीकरण करने, क्रमबद्ध करके अधिगम स्तर में वृद्धि की ओर प्रोत्साहित करता है।

2. प्रस्तुत शोधकार्य विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक एवं रचनात्मक संक्रियाओं एवं कौशलों के विकास में सहायक है।
3. प्रस्तुत शोधकार्य से बालकों (विद्यार्थियों) में विषयवस्तु के प्रति ज्ञान, बोध संश्लेषण, विश्लेषण एवं मूल्यांकन में सहायता मिलेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कोहली, वि.के. (1992), 'विज्ञान कैसे पढ़ाए', हरियाणा : विवेक पब्लिशर्स
2. वर्मा, प्रीति एवं श्रीवास्तव, डी.एन. (2001), 'आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान', आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर.
3. Best, W-John and Kahn & V. James (2008), Research in Education, New Delhi : Prentice Hall of India.
4. सिंह, अरूण कुमार (2012), 'संज्ञानात्मक मनोविज्ञान', दिल्ली : मोतीलाल बनारसीदास.
5. तोमर, लज्जाराम (2014), 'भारतीय शिक्षा के मूल तत्व', नई दिल्ली : सुरूचि प्रकाशन.

****

भारत का समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम

राजेश कुमार कुशवाहा* डॉ.प्रभु प्रकाश पांण्डये**

प्रस्तावना – भारतीय ग्रामीण समाज सदा से वैश्विक आकषर्ण का केन्द्र रहा है। इसका सरल शांत सामाजिक, आर्थिक जीवन प्राचीन समय से सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक वैज्ञानिको को आकर्षित करता रहा हैं। **आन्द्रे बेते –**लिखते है कि गॉव केवल वह स्थान नही है जहॉ लोग रहते है। यह वह अभिकल्पना है जिसमे भारतीय सभ्यता के आधारभूत मूल दिखाई देते है।

महात्मा गॉधी जी का कहना था कि भारत की आत्मा गॉव मे बसती है।भारत ऐसा पहला देश है जहॉ पर स्थानीय स्वशासन के प्राचीन कालीन प्रमाण मिलते है। यहॉ प्राचीन समय से ही स्थानीय स्वशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम थी जहॉ का प्रमुख्य ग्रामीण होता था ग्रामीण जीवन और ग्राम सभा का वर्णन वेदिक काल के विभिन्न ग्रंथो मे मिलता है।

उद्देश्य – इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो मे निवास करने वाली ग्रामीण जनसंख्या की आय व जीवन स्तर मे सुधार लाना व उनके जीवन उन्नयन हेतु विभिन्न योजनाओ के माध्यम से ऐसी सुविधाए उपलब्ध करना है जिससे वे गरीबी रेखा को पार कर सकें।

किये गये कार्यो की समीक्षा – डॉ. राकेश अग्रवाल 2014 ने अपने प्रस्तुत शोध 'प्रबंध ग्रामीण विकास पर नई आर्थिक नीति का प्रभाव मे एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' ने बताया कि आर्थिक विकास एक सत्त प्रक्रिया है जिससे लोगो को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होता है।

डॉ. प्रमोद कुमार बिदौल्यिा (1993) ने आपने शोध अध्ययन मे कहॉ है कि विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो का आर्थिक विकास करने हेतु निरन्तर प्रयास हुए है तथा ग्रामीण जन जीवन मे सुधार के लिये आवश्यक कदम उठाये जाते रहे है।

समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम – भारत मे समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओ को शामिल किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर समस्त ग्रामीणो को आर्थिक विकास जो नवीन साधनो, तकनीको, ऋणो, को ग्रामीण स्तर पर एक समान रुप से लागू करना है। ग्रामीण स्तर पर व्यक्ति योग्य होने के बाद भी सरकारी योजनाओ का पूर्ण लाभ प्राप्त नही कर पाता है।जिसका कारण जानकारी का अभाव, वर्तमान समय मे केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अपने विभागो उपक्रमो द्वारा अनेक योजनाओ का क्रियान्वयन किया जा रहा है।भारत मे भारत सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ को अधिकतम कल्याण के लिए क्रियान्वित कर रही हैं। जिसमें कुछ योजनाये जैसे मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, भारत निर्माण आदि का शामिल किया गया है।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना – दीनदयाल योजना ग्रामीण स्तर पर जीवन यापन करने वाले बेरोजगार युवाओ के लिए प्रारम्भ की गई हैं यह एक कौशल विकास कार्यक्रम भी है इस योजना का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के विशेष अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व वैंकेया नायडू द्वारा 25सितम्बर 2014 को प्रारम्भ की गई थी।

रोशनी आदिवासियो के लिए कौशल विकास योजना – नक्सल प्रभावित जिलो के आदिवासी परिवारो व युवाओं के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 7जून 2013 को रोशनी योजना का शुभारम्भ किया गया था। यह योजना सभी योजनाओ मे नवीन व प्रेरणा से ओत-प्रोत योजना है इसे एक कौशल योजना भी कह सकते है।

स्वच्छ भारत मिशन – 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी जयंती के विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस योजना का शुभारम्भ किया गया था।महात्मा गांधी की 150 जयंती के अवसर पर वर्ष 2019 तक सम्पूर्ण भारत को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा – यह अधिनियम 2005 के अनुरुप 2 फरवरी 2006 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के रुप मे प्रारम्भ की गई थी इस योजना का लाभ गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवार के व्यक्तियो के लिए प्रारम्भ की गई है जिसमे काम करने का अधिकार प्रदान किया जाता है।

कुटीर ज्योति योजना – इस योजना को वर्ष 1988-89 मे लागू किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के अनुसूचित जाति, जनजाति ,के परिवारो को जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन -यापन कर रहे है। उन परिवारो के लिए ग्रामीण स्तर पर लागू की जाती है। जिसके माध्यम से गरीब परिवार अपने जीवन स्तर मे सुधार ला सकते है। ऐसे परिवार के लोगो को बिजली कनेक्शन के लिए 400 रुपये की बिजली प्रदान की जाती है।

सर्व शिक्षा अभियान – सम्पूर्ण भारत मे वर्ष 2000-2001 से सर्वशिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य 6से 14 वर्ष के आयु वाले बच्चो को नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था प्रदान करना है जो कि एक मौलिक अधिकार है इस कार्यक्रम को पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी द्वारा शुरु किया गया था। वर्तमान समय मे इस कार्यक्रम मे होने वाले व्यय को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा 50:50प्रतिशत का योगदान प्रदान किया जाता है।

भारत मे समग्र ग्रामीण विकास हेतु विभिन्न योजनाये संचालित की जा रही है। जिसमे सरकारी ग्रामीण विकास कार्यक्रम की योजनाये शामिल की

* शोधार्थी (वाणिज्य) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरपाटन, जिला - सतना (म.प्र.) भारत

जाती है। **जो निम्नानुसार है :-**

1. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना।
2. महिला समृद्धि योजना।
3. ग्रामीण युवा स्वरोजगार योजना।
4. इंदिरा आवास योजना।
5. प्रधानमंत्री रोजगार योजना।
6. सुनिश्चित रोजगार योजना।
7. प्राथमिक विद्यालयो के लिए पोषाहार योजना।
8. सामाजिक सुरक्षा योजनायें।
9. मेक इन इंडिया योजना।
10. वनबंधु कल्याण योजना।
11. नेत्रत्व विकास योजना।
12. गैस सिलेन्डर योजना या उज्ज्वला योजना।
13. हथकरघा योजना।
14. एकीकृत वस्त्र योजना।
15. एकीकृत वन विकास योजना।
16. श्रम सुधार योजना।
17. बाल संरक्षण योजना।
18. गरीबी उन्मूलन योजना।
19. अनाज बैंक योजना।

भारत मे समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाये/कार्यक्रम शामिल किये जाते है। जिनका एक मात्र उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर नागरिको का आर्थिक सुधार जिसमे ग्रामीणो लोगो का रहन-सहन, शिक्षा व रोजगार कार्यक्रम /योजनाये शामिल है जो कि महिला बाल-विकास ,अनुसूचित जाति विभाग, अनुसूचित जनजाति, कल्याण, पिछडा वर्ग, कल्याण विकलांग योजना आपदा प्रबंधन, सामाजिक, जागरुकता, सामाजिक सुरक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन, पिछडा क्षेत्र अनुदान कोष ,ग्रामीण व्यापार केन्द्र आदि विभिन्न योजनाये /कार्यक्रम समग्र विकास को बढावा प्रदान कर रहे है। जो हमारे नैतिक अधिकारो को बढावा प्रदान करेंगा।

निष्कर्ष - समग्र ग्रामीण विकास का क्रार्यक्रम, ग्रामीण विकास के लिये महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है इसके क्रियान्वयन के द्वारा ग्रामो मे आर्थिक समृद्धि आयी है ग्रामीणो की आय एंव रोजगारो मे वृद्धि हुई है और ग्रामीणो के जीवन स्तर मे सुधार हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीवास्तव डॉ.ओ.एस.मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास ,मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
2. कपूर ,सुर्दशन कुमार भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था ,राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर

****

Disinvestment and Its Effect on Indian Economy

Dr. Suresh Shravan Patil*

Abstract - 1991 we Accept New Economic policy that is Called New Economic policy and the main change took place in Indian Economy the license policy change into free trade policy. Indian Economy has three sectors public, private and Public-Private that means co-operative Sector.

Disinvestment is a Instrument to Increase Efficiency of our Industry and service Sector so when Government have no Money to Development for Indian Economy they sell the Share of Public Sector and that is the Definition of Disinvestment. I want to study of Disinvestment and effect, Impact and Achievement in Indian Economy.

After Many years we present our central deficit Budget that means our income is less than our Expenditure . and to solve the deficit problem we take decision to Disinvestment in our Public Sector.

Introduction - Indian Economy most of the efficiency isn't usedproperly .because the new technology and skill development programme is not available in our Country and to develop these things Finance is most important. To raise finance we took decision that in our public sector share sell and develop the public Sector. And gain foreign Currency from export policy. Other thing that to develop our Basic sector that is Education, Public Health and family Health .we take debt from many years from other country or International organizations.

Review of literature:

1. **Neelam Jain (2002)** : Privatization and Disinvestment in Public Sector Undertakings I India in this article she Explains that National policy Initiative like privatization, liberalization and globalization in Indian Economy. And to develop fast economy the public sector is reduced and so the government took decision of disinvestment .
2. **NandDhameja(2003):**Is one of the opinion that the Clock on Public Sector Undertaking has taken a full turn. Once seen as the engine of industrial growth .most of the state enterprises become a big drain on public money a decade or so later. The article analyses the strategy, economic and administrative exercise behind the process of disinvestment.
3. **R. Nagaraj (2005) :**Disinvestment and Privatization in India– Assessment and Options ownership reform in public sector enterprises initiated since 1991 has yielded minimal recipts. The opinion was that since large firms were being selected, the chances of success would be very high.
4. **GargPrakash (July 2011):**Impact of Disinvestment on Corporate performance – state and economic reforms that commenced in 1990 met with strong opposition from other political parties slowing down the process and infusing inefficiency and lethargy into the entire process. He studies how disinvestment has improve the performance of public sector units, if correct and timely implementation is carried out.

Objective of the Study :

1. To analyse the change some Government disinvestment industries after new Economic policy.
2. To study the change in Labour efficiency and productivity in the Industries.
3. To suggest some suggestion to Government about disinvestment.

Methodology - The data for the study of concern subjet is used from many sources ofgovernmentstastical published document . like annual Report ,Public survey Economic and political weekly , other Reputed Journals and World Bank Report.

Hypothesis:

1. Disinvestments increase the Efficiency of Labor in public sectors.
2. Disinvestment enhance the overall production in several industries after New Economic reforms.

Disinvestment Phases - After 1991 the decision of disinvestment taken many times and the changes in Indian Economy as Follows:

Table 1 (see in last page)

Table 1 shows that the total amount release from disinvestment is 5,371.11 crore and it use to develop infrastructure and other economic growth. And to improve the deficit of our central government

Industries Reserve for public Sector prior 1991

1. Arms and Ammunition and allied items of defence equipment.
2. Atomic energy.
3. Iron and steel.
4. Heavy casting and forginings of iron and steel.

*Associate Proffesor (Economics) KKHA Arts SMGL Commerce and SPHJ Science College, Neminagar Chandwad, Distt. Nashik (Maharastra) INDIA

5. Heavy plant and machinery required for iron and steel production, for mining.
6. Heavy electrical plants .
7. Coal and lignite.
8. Mineral Oils.
9. Mining of iron ore, chrome ore, gypsum.
10. Mining and processing copper, Lead, zink, tin.
11. Minerals specified in the schedule to the Atomic Energy.
12. Aircraft.
13. Air transport.
14. Rail transport.
15. Ship building.
16. Telephones, Telephone cable, Telegraph wireless apparatus (including radio receiving sets.)
17. Generation and distribution of electricity.

Industries Reserve for public Sector After July, 1991

1. Arms and Ammunition and allied items of defence equipment, aircraft and warship.
2. Atomic energy.
3. Coal and Lignite.
4. Minaral Oils.
5. Mining of iron ore, chromeore, gypsum, sulphur, gold and dimond.
6. Mining of copper, zine,tin, molybdenum and wolfram.
7. Minerals specified in the scheduled to Atomic Energy Order,1953.
8. Railway transport.

Table 2 - Oil and Natural Gas Corpporation(ONGC) :

Year	Reported Net Profit (In Crore)	Number of Outstand-ing shares (In Crore)	Earnings Per share (In Crore)
1991-92	405.7	142.5934	2.85
1992-93	788.5	142.5934	5.53
1993-94	1588.1	142.5934	11.14
1994-95	2346.3	142.5934	16.45
1995-96	1945.4	142.5934	13.64
1996-97	2033.6	1142.5934	14.26
1997-98	2677.8	142.5934	18.77
1998-99	2754.5	142.5934	19.32
1999-2000	3639.47	142.5934	25.45
2000-01	5228.78	142.5934	36.67
2001-02	6192.33	142.5934	43.43
2002-03	10529.32	142.5934	73.84
2003-04	8664.45	142.5934	60.76
2004-05	12983.05	142.5934	91.05
2005-06	14430.78	142.5934	101.20
2006-07	15642.92	213.8873	73.14
2007-08	16701.65	213.8873	78.09
2008-09	16126.32	213.8873	75.40
2009-10	16767.56	213.8873	78.39

Source: several profit and Loss Accounts of ONGC

This table shows that the Efficiency of these companies are improvement and the profit from the shares also increase so the some industries are good signal to Disinvestment and the Reason that ONGC sell oil in our Indian market at level of International prices. The demand elasticity of Oil is not change concern to demand and so prices of oil is constant in Indian market.

Table 3 - Disinvestment in 2002-2003

1	Name of the Enterprise	Mode of Disinvestment	Recipts (in crore)
2	HZL	Strategic sale of 26% 1.46% equity disinvested in favourofemployees.	445.00 6.18
3	Maruti Udyog Ltd.	Control premium for sell off to Suzuki	1000.00
4	IPCL	Strategic sale of 26%	1491.00
5	ITDC	Sale of 10 properties	272.81
6	MFIL	Residual sale of 26% equity	44.08
7	CMC	6.06 % equity disinvested in favour of employees.	6.07
8	Total		3265.17

Source: Ministry of Disinvesment reply tom Loksabha.

From the data we know that 1991-92 to 2002-2003 central government set the target of amount from disinvestment after next session year 2003-04 to 2007-08 the government target is Rs. 14,500 and GOVT Received 15,547 crore this session. out of this 12,741.62 corer receipts through sale of minority shareholding in CPSEs. In 2004 -05 the target was reduced to 4,000 Crore and share sales of NTPC, ONGC spillovers and IPCL shares to employees pushed the total receipts to Rs. 2,764.87 crore.

Table 4 - Disinvestment from 1991- 1992 to 2009 -2010

1	Item	Amount Realised (Rs. In Crore)	Percentage
2	Receipts through sale of minority shareholding in CPSEs	39,617.91	68.68
3	Receipts through sale of minority shareholding of one CPSE to another CPSE	1317.23	2.28
4	Receipts through Strategic sale	6.344.35	11.01
5	Receipts from other related transactions	4,005.17	6.94
6	Receipts from sale of residual shareholding disinvested CPSEs companies	6.398.27	11.09
	Total	**57,682.93**	**100.00**

Source: Department of Disinvestment, Government of India

Indian economy was crises in this period because the our budget in fiscal deficit. So we need some financial support and second thing is Gulf war is happened .so we form disinvestment commission in 1997 and took a decision of Disinvestment from Indian Market.

Effect of Disinvestment on Indian economy:

1. Ownership Transfer to private Sector - The disinvestment procedure transfer the ownership to private sector because the private companies or person can sale the share of concern company and so the control of all

authority are private .for example: MarutiUdyoglimited sale his maximum share in this period and so the India parlmentary system is collapsed due to this system.

2. Objectives of Disinvestment are failure - The objectives of this disinvestment are to achieve the more and more employment and high production in various industries but it is not success because only sale procedure is completed and the employment isn't increase.

3. Labour improve their efficiency - The disinvestment start and the labour improve their efficiency because if the labour are not improve their capacity to produced more goods and services the industry will take decision to disinvestment and due to disinvestment the owner of that industry will change so the labour improve their capacity. And many of industry became in good position .

4. Governmentdeclare many industry as Weak - After Disinvestment Indian Govt. declare lot of industry as ill industry and due to this matter the private industrialist control the Economy. And socialist concept is abolish in India. This concept is useful for common man.

Conclusion - Disinvestment start in Indian Economy and the private Enterprise developed and Govt. responsibility is finish towards the people of the country. After 1991 the new economic policy start and the objective of new economic policy is privatization .and the disinvestment policy help to new policy. In this policy common man is out of economic flow. Because in private policy there are no reservationfor SC/ST/OBC/NT and other Backward classes.

References :-

1. R nagaraj , "Disinvestment in India,I Lose and you gain."
2. Disinvestment Commission Report, 1999
3. Economic Survey, 1991-2008
4. Planning Commission Report, 2003
5. SudhirNaib, "Disinvestment in India."
6. Department of Disinvestment, Ministry of finance,(Online) http://www.divest.nic.in

Websites:

1. http:www.ircc.iitb.ac.in
2. http: www.divest.nic.in
3. http: www.economictimes.indiatimes.com

Table 1 - Disinvestment In 1998-99

Name of the Enterprise	Mode of disinvestment	No. of shares sold(in crore)	Receipts (in Crore)
CONCOR	Domestic issue	0.9000	221.65
GAIL	Divested/ sold to instructional investors Cross holding by ONGCCross holding by IOC	3.0610 4.0840 4.0840	181.78 245.04 245.04
IOC	Cross holding by ONGC	3.1272	1208.96
ONGC	Cross holding by ONGCCross holding by GAIL	12.5349 2.7719	2034.96 450.00
VSNL	GDR issue	1.0000	783.68
Total		31.5630	5371.11

Source: public enterprise survey, 1998-99 VOL-I

****

उत्तराखण्ड राज्य निर्माण में उत्तराखण्ड के गांधी इन्द्रमणी बड़ोनी की भूमिका

डॉ. अर्चना जोशी *

प्रस्तावना – वेदों में देवभूमि उत्तराखण्ड को रत्नगर्भा की संज्ञा दी है, सदियों से यहाँ पर संत, महापुरूषों ने जन्म लेकर मनसा, वाचा, कर्मणा राष्ट्र सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इतिहास साक्षी है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर पृथक राज्य निर्माण तक की संघर्ष यात्रा में असंख्य क्रांतिकारियों ने कई यातनायें सह कर, अपना सर्वस्व मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया और इसी जनसंचेतना से ही विजय सदैव यहा के जन साधारण की हुई तथा विरोधी शक्तियाँ परास्त हुई।

प्रत्येक स्थान का अपना एक इतिहास होता है, जो उस स्थान के निर्माण की यात्रा पर प्रकाश डालता हैं इस इतिहास का निर्माण किसी एक घटना का त्वरित परिणाम नहीं होता और न ही ये अल्पविधि में निर्मित होता हैं वस्तुत: यह एक क्रमबद्ध प्रक्रिया है, जो उस क्षेत्र के वीर नायकों के राजनीति, धार्मिक एवं सांस्कृतिक योगदान का परिणाम होती है। वर्तमान उत्तराखण्ड राज्य का इतिहास भी ऐसे ही कई बलिदानों का मूक साक्षी व सफल परिणाम है। ये बलिदान एक ऐसे आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के लिए दिये गये, जो हर आयाम से राष्ट्र के विकास में मजबूत कड़ी बनकर उभरें।

भौगोलिक दृष्टि से भी उत्तराखण्ड की अपनी एक विशिष्ट स्थिति है। इसके धरातल, जलवायु, वनस्पति, जीव–जन्तु तथा निवासियों में कुछ ऐसी विशिष्टतायें हैं, जो निकटवर्ती अन्य प्रदेशो में नहीं पायी जाती। इसी प्रकार यहाँ के निवासियों की ऐतिहासिक परम्पराओं, सामाजिक व धार्मिक मान्यताओं की विशेषतायें भी विभिन्न कालक्रम में पल्लवित हुई हैं। विभिन्न स्थानों से आयी लघु समाज संस्कृति, विविध नृवंशों तथा भाषा समूहों ने इन विशिष्टताओं को आधार व अस्मिता प्रदान की है।

लम्बे समय से नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण, अपार प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न, हिम जल धाराओं से सुसज्जित ये पर्वतांचल समुचित व अनुकूल विकास नीति के अभाव में दुर्दशा की ओर अग्रसर था। इन विपरीत परिस्थितियों में पर्वतीय क्षेत्र की प्रबुद्ध, जागरुक एवं संवेदनशील विभूतियों ने समुचित चिन्तन के बाद पृथक उत्तराखण्ड राज्य की कल्पना व पैरवी की।

इस पुनीत कार्य में जन–साधारण की शक्ति को आंकने, उसे सही दिशा देने और संघर्ष की मंद गति को तीव्र करने के लिए समय–समय पर कई परिवर्तनकारी व्यक्तित्व मुख्य परिदृश्य में आये, जिन्होने आन्दोलन की दिशा बदल दी, राज्य आंदोलन के इस दौर में ऐसे ही परिवर्तनकारी व्यक्तित्व थे– 'इन्द्रमणी बडोनी', जिन्होंने हिंसा, विरोध की राजनीति को अहिंसा और सिद्धान्तों की राजनीति में बदलकर अपनी दूरदर्शिता से आंदोलन का रुख मोड़ दिया। असाधारण व्यक्तित्व व समर्पित युगदृष्टा के रूप में वह इद्रमणी बडोनी ही थे, जिन्होनें राज्य प्राप्ति के संघर्ष में अग्रिम पंक्ति पर खड़े होकर अन्तिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को भी इस आंदोलन से जोड़ दिया। उनके नेतृत्व से लोकतांत्रिक संघर्षो व क्षेत्रीय आकांक्षाओं के इस आंदोलन में एक नवीन अध्याय जुड़ गया। **'आज दो, अभी दो'** के नारे का आह्वाहन कर उन्होंने प्रत्येक पर्वतवासी को उसके अधिकार का बोध कराया।

किसी भी क्षेत्र के विकास में वहाँ के जन–प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पहाड़ों की आवाज को लखनऊ दिल्ली तक पहुँचाने के लिए योग्य नेतृत्व का अभाव रहा। इन्हीं परिस्थितियों में राजनीति को नई दिशा देने तथा पर्वतीय संवेदनाओं के स्तरों को मुखर करने के लिए इन्द्रमणी बडोनी ने राजनीति में कदम रखा। ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख से तीन बार विधायक चुने जाने व इस अवधि में पर्वतीय जन की संवेदनाओं से जुड़कर अलग पर्वतीय राज्य हेतु किये गये उनके संघर्ष, लगातार आंदोलनरत होकर पर्वतीय राज्य की कल्पना को उत्तराखण्ड राज्य के रूप में स्थापित करने में उनके प्रयास, मील के पत्थर के रूप में स्मरणीय रखे जा जायेंगे।

पृथक राज्य की सोच – राजनीतिक जीवन के लम्बे अनुभव ने इन्द्रमणी बडोनी को सिखाया कि जब–जब पर्वतीय क्षेत्र के प्रतिनिधित्व की आवाज को दबाया जाता है, तब–तब पर्वतीय क्षेत्र विकास के मार्ग से एक कदम पीछे खिसक जाता है। इसी पक्षपात व भेदभाव की नीति के विरोध में वे पृथक राज्य बनाने के प्रबल पक्षधर थे। किन्तु उनकी दृष्टि में ये पृथक राज्य मात्र एक भौगोलिक विभाजन नहीं था और न ही यह पृथकता की आवाज थी, बल्कि पृथक राज्य निर्माण के पीछे उनकी एक ही सोच और एकही तर्क था कि राज्य निर्माण के पश्चात् ही हमारे संसाधन हमारे विकास के काम आयेंगे और इस प्रकार उत्तराखण्ड राज्य एक खुशहाल व विकसित प्रदेश के रूप में राष्ट्र के उन्नति में प्रमुख भूमिका निभायेगा।

इन्द्रमणी बडोनी ने अपनी पृथक राज्य के प्रति सोच व उसके औचित्य को सिद्ध करने के लिए विधानसभा लखनऊ में एक विधायक के रुप में स्पष्ट रूप से अपना वक्तव्य रखा था, जिसका शीर्षक था–**'पृथक पर्वतीय राज्य क्यों ?'** इस वक्तव्य के पीछे उनका विचार नीतिनियन्ताओं को यह बताना था कि पृथक राज्य की स्थापना से पर्वतीय जनता अपना भविष्य संवारने के लिये, अपने क्षेत्र के विकास के लिए उत्सुक होगीं क्योंकि तब यहाँ कीजनता का अस्तित्व अपने हाथ में होगा, जनता और सरकार के मध्य सीधा सम्बन्ध आपसी विश्वास ,त्याग व श्रम की भावना को प्रोत्साहित करेगा और उस खाई को पाटने में समर्थ होगा, जो वर्षो के भेदभाव से उपजी है। पृथक पर्वतीय राज्य की आवाज एक सम्मिलित संस्कृति, एक इतिहास, समान भूगोल और एक सी समस्याओं वाले प्रदेश की आवाज है, जिसकी अवहेलना संभव नहीं है।

पृथक पर्वतीय राज्य सम्मेलन – इन्द्रमणी बडोनी राज्य आंदोलन की

* सम्बद्धीकरण–डी0एस0बी0 परिसर, कुमाऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड) भारत

आवाज 70 के दशक से ही उठा रहे थे। इस दौरान 'पर्वतीय राज्य परिषद' व 'कुमाऊँ मोर्चा' जैसे संगठनों के साथ एकजुट होकर इस आंदोलन को तेज करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिनांक 23 व 24 अक्टूबर 1971 को देहरादून में 'पर्वतीय राज्य सम्मेलन' का आह्वाहन किया गया। सम्मेलन में दो प्रश्नों पर खुलकर बहस हुई– **'उत्तराखण्ड राज्य क्यों ?' और 'राज्य कैसे ?'** इस सम्मेलन में इन्द्रमणी बडोनी ने अपनी सकारात्मक उपस्थिति दर्ज करायी और राज्य हितों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जोर देकर कहा कि– **'जो भी पर्वतीय राज्य के लिये आगे आयेगा मैं उसे और भी आगे बढ़ाने के लिये आगे आऊँगा। पर्वतीय राज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। यह हमसे कोई भी नहीं छीन सकता। ये इस धरती पर जन्म लेते ही हमें प्राप्त हुआ हैं यह अधिकार हमें हमारे संविधान ने दिया है।'**

तदोपरान्त इस सम्मेलन में **'इन्द्रमणी बडोनी'** के विचारों पर सभी ने अपनी सहमति प्रकट करते हुए निम्न चार प्रस्ताव पास किये गये :

1. उत्तराखण्ड पर्वतीय राज्य के औचित्य को स्वीकार करते हुए भारत सरकार से मांग की गई कि उत्तर प्रदेश के आठों जिला (तद्समय) को मिलाकर अलग राज्य का दर्जा दिया जाये।
2. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित पर्वतीय विकास परिषद को समाप्त करने की मांग।
3. उत्तराखण्ड पर्वतीय राज्य आंदोलन को जनव्यापी बनाने के प्रयासों में जनता से पूरा–पूरा सहयोग लेते हुए जनसंघर्ष समितियों का गठन किया जाये।
4. उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये प्रस्ताव।

इस सम्मेलन के सफल आयोजन के पश्चात् पृथक राज्य समर्थकों का मनोबल ऊँचा हो गया। इस दौरान इन्द्रमणी बडोनी राज्य प्राप्ति मांग के प्रथम पंक्ति के नेतृत्वकर्ता में शामिल हो गये और वे आजीवन इस मांग के लिये संघर्षरत रहे।

उत्तराखण्ड में अलग विश्वविद्यालय की मांग और आंदोलन को लेकर इन्द्रमणि बडोनी ने विधानसभा लखनऊ में अपने ओजस्वी भाषण में स्पष्ट कहा कि कुमाऊँ और गढ़वाल में विश्वविद्यालय के विषय पर मतभेद नहीं होना चाहिये और दोनों क्षेत्रों में विश्वविद्यालय खोले जाने चाहिये। आखिरकार एक लम्बे संघर्ष के बाद 1793 में दोनों मंडलों में विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

अब इन्द्रमणी बड़ोनी भाषण, पत्रिकाओं, सम्मेलन के माध्यम से पृथक राज्य की मांग को जन–जन तक पहुँचाने के लिये तत्पर हो गये। इसी दौरान वे पर्वतीय राज्य तदर्थ समिति के सदस्य बने। 28 मई 1972 को उन्होनें 'युगवाणी' के माध्यम से पर्वतीय राजय के औचित्य व पर्वतीय क्षेत्रों की दुर्दशा पर एक लेख के माध्यम से प्रकाश डाला, जिसका शीर्षक था–**'पर्वतीय राज्य परिषद–एक निवेदन'**, इस लेख में उन्होनें स्पष्ट रूप में यह कहा है कि –**'मध्य हिमालय में रहने वालों की समस्याओं का समाधान तथा भारत की सुरक्षा और सार्वभौमिकता के लिये आठ पर्वतीय जिलों के आर्थिक, सामाजिक विकास के लिये पर्वतीय राज्य का निर्माण ही एकमात्र हल है।'**

उत्तरांचल परिषद के सदस्य के रूप में योगदान – इसी बीच 7 जून 1972 को नैनीताल में **'उत्तरांचल परिषद'** गठन किया गया, जिसकें पृथक पर्वतीय राज्य से उत्तराखण्ड का सर्वांगीण विकास होगा । इन्द्रमणी बडोनी ने, अपने तर्को से पर्वतीय क्षेत्र की जनता व सरकार को सोचने पर विवश कर दिया कि वास्तव में पर्वतीय जिला का विकास पृथक राज्य के बाद ही सम्भव हैं अपनी विधायककाल की व्यस्तता के बीच भी वे विभिन्न सभाओं का आयोजन कर जनसमुदाय को संगठित करने का प्रयास करते रहे। 12 नवम्बर, 1972 को 'उत्तरांचल परिषद' नैनीताल शाखा का उद्घाटन भी उनके द्वारा किया गया। 07 दिसम्बर 1972 को टिहरी में उत्तरांचल परिषद संयोजक के तत्वाधान में इन्द्रमणी बडोनी की अध्यक्षता में एक बृहद सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता ने जोर–शोर से प्रतिभाग लिया और उनके उत्साह ने यह सिद्ध कर दिया कि पर्वतीय क्षेत्र के लिये अलग राज्य की मांग अबढूर की कौड़ी नहीं है। सम्मेलन में **'उत्तरांचल परिषद'** का संविधान भी पारित हुआ। शनै–शनै– पृथक राज्य की मांग जन आंदोलन का रूप ले चुकी थी। इन्द्रमणी बडोनी ने इस आंदोलन में गढ़वाल व कुमाँऊ–दोनों क्षेत्रों हेतु कभी भी क्षेत्रीयता एवं अलगाववाद का समर्थन नहीं किया, बल्कि वे सदैव संगठित संघर्ष के पक्षधर रहें। बागेश्वर में सरयू नदी के तट पर आठों पर्वतीय जिलो का उत्तरांचजल परिषद सम्मेलन में विशाल जन समूह को सम्बोधित करते हुये कहा था कि 'उत्तरांचल परिषद' एक गैर राजनीतिक संगठन है, जिसमें सभी विचार धाराओं के लोगों का स्वागत है। हमारी लड़ाई राजनीतिक सत्ता हथियाने के उद्देश्य से नहीं वरन आर्थिक विकास की लड़ाई है। यहाँ के विकास का एकमात्र विकल्प उत्तरांचल राज्य है।'

अपने सम्पूर्ण विधायक काल में इन्द्रमणि बड़ोनी राज्य प्राप्ति के लिये सतत प्रयासरत रहे। उन्होनें कमेटियों, सम्मेलनों,भाषणों आदि के द्वारा जनता को उसके अधिकारों से अवगत कराया ओर ये विश्वास दिलाया कि जिस दिन हम राज्य प्राप्ति का संकल्प लेकर एकजुट हो जायेंगे, सत्ता को हमारे आगे झुकना ही पड़ेगा।

उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन व उत्तराखण्ड क्रांति दल में भूमिका – पृथक पर्वतीय राज्य की मांग के लिये सक्रिय 53 प्रतिनिधियों में 24 जुलाई, 1979 को मसूरी में कुमाँऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डी0डी0 पन्त के नेतृत्व में एक सम्मेलन में पृथक राज्य की स्थापना के लिये **'उत्तराखण्ड क्रांति दल'** का गठन किया गया। इस सम्मेलन में इन्द्रमणी बडोनी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे और उनकी उपस्थिति में सभी लोगों ने पृथक पर्वतीय राज्य प्राप्ति का संकलन लिया।

वस्तुत: तद्समय यह दल एक आम राजनीतिक पार्टी नहीं थी बल्कि पर्वतीय मांग से जुड़े बौद्धिक नेतृत्व के मस्तिष्क की उपज थी, जिसमें धर्म, जाति, वंश, लिंग का भेद नहीं था और न ही ये अलगाववाद व पृथकतावाद का स्वर था। ये तो एक अधिकार की मांग के लियेबना संगठन था, जो कर्तव्य से लदी पर्ववतीय जनता को एक लम्बे अरसे से वंचित रहे उसके अधिकारों को दिलाने के लिए तत्पर था।

संरक्षक के रूप में भूमिका – एक पृथक पर्वतीय इकाई के गठन के पीछे इन्द्रमणी बडोनी का विचार स्वयं को पहचानने, अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता से रूबरु होना था क्योंकि उनका मानना था कि इसको बिना पहचाने पृथक अस्तित्व की कल्पना ही मुश्किल थी। अपने इसी विचार को साकार करने के लिये उन्होनें 16–17 मार्च, 1980 को ऋषिकेश में उत्तराखण्ड क्रांति दल के अधिवेशन में उत्तराखण्ड क्रांति दल की सदस्यता ग्रहण की। उनहें इस दल के संरक्षण का दायित्व दिया गया और उन्होनें आजीवन इस पद की गरिमा को समझा और निभाया। संरक्षक के रूप में उनके द्वारा कृत आंदोलन व निर्णयों का विवरण निम्नवत है :

1. 1980 के विधानसभा चुनाव।

2. 22 मई, 1982 को इन्दिरा गाँधी को पृथक पर्वतीय राज्य की माँग के औचित्य सहित ज्ञापन देना।
3. पर्वतीय क्षेत्र में शराब की लत के कारण हो रहे पारिवारिक दुर्दशा के दृष्टिगत नशा विरोधी आंदोलन, जिसमें 'नशा नहीं, रोजगार दो' के स्तर मुखर हुये।
4. जनसभा व पद यात्राओं द्वारा जन-जागरण।
5. उत्तराखण्ड राज्य संघर्ष हेतु समय-समय पर विभिन्न संदर्भो में जन आंदोलन व सांकेतिक भूख-हड़ताल।
6. मातृशक्ति व युवाओं को आंदोलन से जोड़ने का लगातार प्रयास। अपनी जन सभाओं में वे जोर देकर कहते-'प्रत्येक परिवार का एक व्यक्ति इस आंदोलन में अपनी आहुति देगा, तभी आंदोलन रूपी यह यज्ञ सम्पन्न होगा।'
7. 1988 की पदयात्रा द्वारा कुमाँऊ-गढ़वाल के एकीकरण का प्रयास।
8. लघकु नाटक व नाटिकाओं के मंचन से जन-जन को जोड़ने का प्रयास
9. सदैव लोकतांत्रिक मान्यताओं पर आस्था रखते हुये, हिंसा के विरुद्ध अहिंसा को अपना शस्त्र बनाकर जन संदेश देना।
10. वन अधिनियम 1980, जिसके द्वारा सिविल वनों की किसी भी प्रकार की कटाई प्रतिबंधित कर दी गयी थी, का विरोध। क्योंकि इस अधिनियम के कारण विकास से सम्बन्धित निर्माण कार्यो में अवरोध आ गया था, जिससे एक नवीन जनआंदोलन का उदय हुआ।
11. पेड़ काटों आंदोलन-1989 मे उक्रांद ने विकास योजनाओं में आड़े आ रहे पेड़ों को एक आंदोलन के रूप में काटना शुरु किया। पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट व टिहरी में जनता के सहयोग से यह आंदोलन चला। इन वन कटान के कारण इन्द्रमणी बड़ोनी को गिरफ्तार भी किया गया।
12. 1989 के लोक सभा व विधान सभा चुनाव, जिसके बाद राज्य की मांग हेतु जन मानस व जन-समूह आर-पार के निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार थे।

पौड़ी का ऐतिहासिक आमरण अनषन – जुलाई, 1994 में मुलायम सिंह सरकार द्वारा मंडल कमीशन की संस्तुतियों, जिसमें पिछड़े वर्गो को राजकीय सेवाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण की संस्तुति भी दी गयी थी, को लागू करने का निर्णय लिया गया। उत्तराखण्ड में पिछड़ा वर्ग मात्र 3 प्रतिशत था। अत: इस आरक्षण के विरोध में युवाओं में आक्रोश भर गया, जिसके फलस्वरूप 02 अगस्त 1994 को पौड़ी मुख्यालय में पंचायतों के परिसीमन, उत्तराखण्ड को आरक्षण की परिधि में लिये जाने, जिल कैडर सभी विभागों मे लागू करने, उत्तराखण्ड राज्य की शीघ्र घोषणा की मांगों को लेकर इन्द्रमणी बडोनी के नेतृत्व में 8 आंदोलनकारी पौड़ी जनपद मुख्यालय पर आमरण अनशन पर बैठे। इस अनशन में जन सहभागिता एक इतिहास बन गई। सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के पथ पर चलते हुए इन्द्रमणी बडोनी ने राज्य प्राप्ति की जो अलख जगाई थी, उसी लौ अब जन-जन तक फैल चुकी थी, मधुमेह के मरीज होने के कारण ये भूख हड़ताल उनके लिए बहुत हानि कारक थी, परन्तु उनके चेहरे का उत्तोज आंदोलनकारियो के लिए प्रेरणा बन गयी थी। 07 अगस्त 1994 को प्रशासन को अनशनकारियों का अनशन समाप्त कराने के प्रयासों में लाठीचार्ज के साथ-साथ कई राउण्ड की गोलियाँ चलानी पड़ी। रातों रात इन्द्रमणी बडोनी को आयुर्विज्ञान संस्थान मेरठ में भेजा दिया गया, वहाँ भी उनका अनशन जारी रहा।

उत्तराखण्ड का गाँधी – इन्द्रमणी बडोनी को इस आमरण अनशन ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ पर खड़ा कर दिया। अब स्थिति 'करो या मरो' की थी। इतिहास में ये अनशन दूसरी 'अगस्त क्रांति' बन गया। प्रशासन की क्रूरता और इन्द्रमणी का शांति पूर्वक प्रतिरोध को देखते ही बनता था। इसी दौर में उनके आजीवन सत्य, अहिंसा को अपने जीवन मल्य में समाहित करने के कारण उन्हें 'उत्तराखण्ड के गांधी' की संज्ञा दी गयी। अब वे जन नायक बन चुके थें उनके अथक प्रयासों, गाँधीवादी दर्शन के प्रति अगाध आस्था एवं अहिंसात्मक प्रतिरोध को प्रसिद्ध विदेशी अखबार 'वाशिंगटन पोस्ट' ने यू रिपोर्ट किया :

'अगर आज की तारीख में भारत में गाँधी को देखना हो तो उत्तराखण्ड आंदोलन के सूत्रधार इन्द्रमणी बडोनी को देखें।'

अन्तत: 2 सितम्बर 1994 को जनता की अपील पर 32 वें दिन पौड़ी में अपना अनशन समाप्त कर उनके द्वारा पुन: राज्य आंदोलन की बागडोर संभाली गई। उनके जीवन में महात्मा गाँधी के अहिंसक नेतृत्व में चला राष्ट्रीय आंदोलन एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत रहा और वह आजीवन उन्हीं सिद्धान्तों पर अडिग रहे।

आंदोलन की तीव्रता के साथ-साथ पुलिस प्रशासन की बर्बरता में भी वृद्धि हुई। लाठी चार्ज व फायरिंग का कई बार प्रयोग हुआ। सितम्बर 1994 में खटीमा व मसूरी कांड ने इस आक्रोश को चरम पर पहुँचा दिया था।

संयुक्त संघर्ष समिति – 29 अगस्त 1994 को नैनीताल में विभिन्न दलों के स्थानीय नेता एकत्रित हुए और संघर्ष समिति (संयुक्त) के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस समिति के संरक्षक के रूप में इन्द्रमणी बड़ोनी को चुना गया, जिनके तत्वाधान में अलग उत्तराखण्ड राज्य की तुरन्त घोषणा करने, खटीमा-मसूरी नरसंहार काण्डों की न्यायिक जाँच कराई जाने, हरिद्वार जिले का प्रस्तावित उत्तराखण्ड राज्य में शामिल करने सम्बन्धी आदि प्रस्ताव पारित किये गयें साथ ही समिति द्वारा जनता एवं आंदोलनकारी संगठनों से असहयोग आंदोलन से जुड़ने व इस क्रियान्वित करने हेतु अपील की गई। राजनीतिक दलों के नेताओं से भी अपील की गयी कि ये अपने दलगत अहं, आग्रहों, पूर्वाग्रहों व स्वार्थो को छोड़कर आंदोलनकारियों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर आंदोलन को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाने में योगदान दें।

02 अक्टूबर की दिल्ली रैली का आह्वान व रैली में अराजकता – उत्तराखण्ड संयुक्त संघर्ष समीति के आह्वान पर दिल्ली रैली की भव्य एवं व्यापक तैयारियों व दिल्ली जाने वालों की असीमित भीड़, भारी जन-समूह को रोकने के लिये मुजफ्फरनगर प्रशासन ने अवरोध लगाये और 02 अक्टूबर को आंदोलनकारियों पर लाठी चार्ज किया। इसमें कई आंदोलनकारी शहीद हुये, कई महिलाओं से अभद्रता की गयी और अराजक शक्तियों द्वारा दिल्ली में मंच पर उद्बोधन के मध्य इन्द्रमणी बडोनी पर पत्थर फैके गये, जिसमें वे घायल भी हुई। सरकार को भी अलग राज्य हेतु ज्ञापन उनके द्वारा दिया गया। इन्द्रमणी बडोनी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड आंदोलकारियों से नरसिंम्हा राव सरकार की वार्ता भी हुई।

आजीवन राज्य आंदोलन के प्रति समर्पित 'उत्तराखण्ड का यह गाँधी' अपने अंतिम समय में भी राज्य की परिकल्पना करते रहे। राज्य निर्माण शिल्पी के रूप में उन्होने आंदोलन को जन्म दिया, आकार देकर उसे सदैव अहिंसा, सत्य के समर्पित दायरे में रखने का प्रयास किया। यह विधि की विडम्बना ही थी कि राज्य प्राप्ति से मात्र 01 वर्ष पूर्व 18 अगस्त, 1999 को सतत् चैतन्य उत्तराखण्ड के गाँधी चिरनिंदा में लीन हो गये। उनका अंतिम संदेश था-

'स्वयं को हारा हुवा न समझे व लक्ष्य हासिल होने तक उत्तराखण्ड

का परचम लहराते रहें।'

पृथक उत्तराखण्ड राज्य निर्माण की भूमिका तैयार करने वाले ऐसे अहिंसा के पुजारी के त्याग का राज्य हमेशा ऋणी रहेगा।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उत्तराखण्ड आजकल : जुलाई 2005, पृष्ठ- 32
2. जन्तवाल, नारायण सिंह : पूर्व विधायक, नैनीताल साक्षात्कार।
3. धाद : हिमालयी सरोकारों का दस्तावेज, संपादक सुरेश नौटियाल, पृष्ठ संख्या - 249।
4. नैनीताल समाचार : ग्यारवहां जन्मवार पृष्ठ- 2
5. नौटियाल, बालकृष्णन : साक्षात्कार
6. पाण्डे, प्रयाग : देवभूमि का रण, पृष्ठ 87
7. बिष्ट, प्रताप सिंह : उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन का ऐतिहासिक अध्ययन, अप्रकाशित शोध ग्रंथ, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, पृष्ठ- 13
8. भट्ट, त्रिलोक चन्द्र : उत्तराखण्ड आंदोलन, पृथक राज्य आंदोलन। पृथक राज्य आंदोलन एक ऐतिहासिक दस्तावेज, पृष्ठ- 214
9. युगवाणी : साप्ताहिक पत्रिका दिनांक 24.10.1971 पृष्ठ- 1,2
10. रावत दर्शन सिंह : लेख इन्द्रमणि बड़ोनी पुण्य स्मृति ग्रंथ प्रकाशन गढ़केसरी
11. सकलानी मुनि राम : लेख उत्तराखण्ड के गौरव पर्वतीय गांधी स्वर्गीय इन्द्रमणि बड़ोनी गढ़केसरी।
12. शुक्ला अपराजिता : जसवन्त सिंह बिष्ट 'जीवन वृत', अप्रकाशित शोध ग्रंथ, कुमाऊँ विश्वविद्यालय।

****

शिक्षा में सुधार की पहली शर्त अपनी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली : एक दृष्टिकोण

डॉ. धनंजय सिंह *

शोध सारांश – वर्तमान प्रपत्र का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि मानव का सर्वांगिण विकास ही शिक्षा का केन्द्र बिन्दु होना चाहिए अर्थात् विद्यार्थी के भीतर के छुपे हुए गुणों को बाहर निकालना, इनमें तार्किक व आलोचनात्मक शक्ति को जन्म देना, इन्हें विभिन्न ज्ञान विज्ञान की बातों को सिखाना, साथ ही साथ मनुष्य जाति की आजतक की जो उपलब्धियाँ है, जो कुछ सीखा या जाना है जो श्रेष्ठ है, अगली पीढ़ी को हस्तान्तरित करना और जीवन-यापन के साधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ इनमें भारतीय दृष्टि और तद्जनित संस्कार समाहित करना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए अर्थात् यह प्रपत्र भारत में अंग्रेजों द्वारा थोपी गयी शिक्षा प्रणाली जो वर्तमान में भी चल रही है, के स्थान पर अपनी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को लागू करने का आह्वान करती है।

मुख्य शब्द– सर्वांगीण विकास, तार्किक व आलोचनात्मक शक्ति, भारतीय दृष्टि, तद्जनित संस्कार और राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली।

प्रस्तावना – शिक्षा प्रणाली प्रकृति से ही एक सतत् प्रक्रिया है जो प्रथमत: शैशवास्था से आरम्भ होकर प्रौढ़ावस्था में से गुजरती है और इनमें आवश्यक रूप से कई प्रकार की विधियों और ज्ञान के स्रोतों का अनुक्रम बन्धन होता है। सत्य ही भारतीय मनीषियों में जहाँ मनुष्य को शिक्षा तथा विवेक के आधार पर जगत के अन्य जीवों से श्रेष्ठ बताया है, समाज में व्यवस्था, स्थिरता, प्रवाह और जीवन्तता लाने का उत्तरदायित्व शिक्षा का है, किन्तु यह अपेक्षा तत्कालीन समाज की अनुकूल परिस्थितियों के मध्य ही सम्भव है। यदि समाज शिक्षा के प्रति अपने दायित्वों की पूर्ति में इमानदार नहीं बन पाया तो शिक्षा अपनी चैतन्यता के बीच चिन्तन प्रारम्भ कर देगी। संक्षेप में समाज और शिक्षा की अन्योनाश्रिता एक-दूसरे की जीवन्तता हेतु अपरिहार्य है। समाज को अनुकूल बनाने के अतिरिक्त व्यक्ति के मानसिक विकास, चारित्रिक नैतिक विवेक सम्बन्धी विकास में शिक्षा की अप्रतिम भूमिका के हम सभी कायल है। अपना मूल्यांकन करने की क्षमता तथा वैचारिक दृढ़ता आज के सन्दर्भ में अत्यन्त समीचीन है। **वास्तविक अर्थों में शिक्षा का केन्द्र मानव के व्यक्तित्व का विकास करना, व्यक्ति का समाजीकरण करना तथा उसको समाज की नैतिक तथा भौतिक संरचना के अनुकूल बनाने में है।**

विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या आज शिक्षा के केन्द्र में मानव का सर्वांगीण विकास प्राथमिक है? निर्विवाद रूप से इसका उत्तर नहीं होगा। यदि शिक्षा और एजुकेशन दोनों शब्दों के निहितार्थों में समायोजन कर देखें तो यह स्पष्ट हो जायेगा। 'शिक्ष' धातु से निकले शिक्षा शब्द का अर्थ है सिखाना अर्थात् विद्यार्थी को विभिन्न ज्ञान-विज्ञान की बातों को सिखाना एवं जीवन-यापन के साधन उपलब्ध कराना। जबकि ग्रीक भाषा के Educare शब्द से उत्पन्न एजुकेशन का अर्थ है To draw out something अर्थात् बच्चे में छिपे हुए गुणों को बाहर निकालना, साथ ही मनुष्य जाति की अबतक की जो उपलब्धियाँ हैं, जो कुछ भी जाना सीखा है, तथा जिसे श्रेष्ठ मानता है उसे अगली पीढ़ी को हस्तान्तरित करना। मैं नि:संकोच कहना चाहूँगा कि आज हम शिक्षा का पहला उद्देश्य सिखाने का कार्य जैसे-तैसे कर रहे हैं लेकिन हम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निकालने तथा श्रेष्ठतम को अगली पीढ़ी को देने का काम ठीक ढंग से नहीं कर रहे हैं और इसका एकमात्र और मूल कारण है हमारी अपनी कोई शिक्षा प्रणाली का नहीं होना।

किसी भी देश की राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली की जड़ को देखे तो पता चलेगा कि उसके भीतर एक खास श्रद्धा, खास दृष्टि और उसके अनुरूप प्रयोजन और उद्देश्य छिपे हुए रहते हैं। शिक्षा प्रणाली उसपर से विकसित होती है और अपना स्वरूप ग्रहण करती है। जैसी श्रद्धा, जैसी दृष्टि होनी वैसा ही कालान्तर में उसका रूप हो जायेगा। आजकल हमारे यहाँ जो शिक्षा प्रणाली प्रचलित है उसकी श्रद्धा और दृष्टि मेकाले की दी हुई है जिसका प्रयोजन और उद्देश्य था अंग्रेज शासकों द्वारा की हुई रचना की आवश्यकताओं की पूर्ति। पर वे आवश्यकतायें राष्ट्रहित की नहीं थी। उनका प्रयोजन यह नहीं था कि सारे देश के लोग स्वतंत्र, समझदार और उद्यमी बनकर सच्चे लोकतंत्र को जन्म दें। उनका प्रयोजन स्वयं मेकाले द्वारा अपनी माँ को लिखे पत्र की इन पक्तियों से स्पष्ट है-उसने लिखा था कि भारत में लागू की गई उसकी शिक्षा प्रणाली के फलस्वरूप जो गुलाम भारतीय मानसिकता विकसित होगी उससे वह स्वतंत्रता का सपना भी नहीं देखेगा। वह जमाना अब बीत गया और स्वराज व लोकतंत्र आया है, अत: ऊपर की सभी बातों में परिवर्तन होना ही चाहिए। लेकिन आजतक वह बदली नहीं है, बदलने का दिखावा किया जाता रहेगा लेकिन वह बदलेगी भी नहीं क्योंकि श्रद्धा की कमी है। मेकाले की दी हुई आत्मा कालग्रस्त हो गयी है तब भी उसका हाड़ पिंजर खींचा जा रहा है और उसी में कुछ लोग स्थापित स्वार्थ-सुख का अनुभव करते हैं।

ऐसा नहीं है कि अंग्रेजों द्वारा थोपी गयी शिक्षा प्रणाली के विरुद्ध आवाज नहीं उठी, बल्कि स्वामी दयानन्द, रविन्द्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाँधी ने अंग्रेजी की प्रतिक्रिया में एक दूसरी शिक्षा प्रणाली की खोज की, किन्तु उसके औचित्य को जानते समझते हुए भी हमारे गुलाम मानसिकता वाले नव अभिजात शासक वर्ग पुनर्जागरण काल के कार्य मागों को पूरा करने में पूरी तरह असमर्थ रहा जिस कारण न तो वह

*असिस्टेण्ट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज, कानपुर (उ.प्र.) भारत

साम्राज्यवादियों से सम्बन्ध विच्छेद कर सका न ही रुढ़िवादी, घिसीपिटी, ऊबाऊ और थका देने वाली शिक्षा प्रणाली में तब्दीली कर सका। **जिस अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के बारे में इमानदार अंग्रेज भी मानते थे कि यह प्रणाली मात्र इन्सट्रक्शन देती है एजुकेशन नहीं, जैसा कि 1948 में जब पाकिस्तान बनने की प्रक्रिया में था लार्ड रेवन ने ब्रिटिश शासन को लिखे एक पत्र में कहा था–Here we proprided enducation for mind only and not for character तब भी यह विडम्बना ही कहीं जायेगी कि अंग्रेजों का Director of Public Instruction स्वतंत्र भारत का Director of Education हो गया, जहाँ कोई एजुकेशन है ही नहीं।**

भारत में औपनिवेशिक काल से चली आ रही शिक्षा प्रणाली न तो तार्किक शक्ति को विकसित कर सकी और न ही आलोचनात्मक शक्ति को जन्म दे सकी और हमारी परीक्षा प्रणाली! इसका सार बड़ा ही लज्जाजनक है। पाठ्य पुस्तक की बात तो दूर गेसपेपर जैसी घटिया किताबों को निकालना और उत्तरपुस्तिका पर उगलना ही भारतीय शिक्षा व्यवस्था की परीक्षा प्रणाली है। हमारे जो साथी प्रतिभा के लिये इतने चिन्तित हैं क्या उन्होंने कभी इन पहलुओं पर विचार करने का कष्ट किया है। इनमें कौन सी प्रतिभा प्रदर्शित होती है कि रसायनशास्त्र का एक शोधछात्र बैंक की क्लर्की के लिये विवश हो। प्रतिभा का चयन मूल्यांकन पद्धति पर बहुत कुछ निर्भर करता है और हमारे यहाँ माध्यमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का जो तरीका अपनाया गया है उसके बारे में कुछ नहीं कहना ही बेहतर होगा। वास्तविकता यह है कि आज सर्वांगीण विकास नहीं, ज्यादा से ज्यादा धन अर्जित करना शिक्षा का ध्येय बन चुका है।

स्वतंत्रता के बाद से ही शिक्षा प्रणाली को बदलने की आवश्यकता महसूस की जाती रही। राधाकृष्णन आयोग, सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड, के0जी0 सिघल कमेटी, कोठारी आयोग जाने कितनी कमेटियाँ और आयोग बने, कई सुझाव आये, लेकिन आमूल परिवर्तन नहीं हो पाया। आज फिर कसरत की जा रही है किन्तु जब तक दृष्टि से परिवर्तन नहीं होगा, भारतीय मूल्यों, आदर्शों, संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा विकसित नहीं होगी, यह सबकुछ कोरा भाषणबाजी बनकर रह जायेगा। **इसलिए आज सबसे पहली जरूरत है एक भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति की। एक ऐसी नीति जिसका शुरू से आखिर तक एक ही उद्देश्य हो–प्रत्यक्ष कार्य। क्योंकि विचारों को चाहे कितनी ही उत्तेजना दीजिए जबतक हम कार्य प्रवृत्त नहीं होते, वे निरर्थक ही है। आज हिन्दुस्तान के युवको को कार्यकर्त्ता बनने की जरूरत है–ऐसे कार्यकर्त्ता जिनके चरित्र का शिक्षा द्वारा इसप्रकार निर्माण हुआ हो कि वह स्वभावत: कार्य में, वास्तविक योग्यता में, सेवा में परिणित हो जाय।** हिन्दुस्तान को ऐसे जवान नागरिकों की जरूरत है जो परिस्थिति और परम्परानुसार जिस किसी क्षेत्र में जाय वहाँ कुछ अच्छा काम करके दिखा सके। **पाठ्यक्रम के प्रत्येक विषय का उद्देश्य यही है कि बच्चों का जीवन ठीक वैसा ही हो जैसा कि उसे होना चाहिए। प्रत्येक विषय जीवन के धर्म को, विधि और उद्देश्य को खोलकर रख दे।** साथ ही एक शिक्षक के रूप में हमें यह सदैव स्मरण रखना होगा कि हमारा बुद्धिक्षेत्र वास्तविकताओं से अधिक रुढ़िगत विश्वासों से भरा हुआ है। सच्ची शिक्षा के मानी यह नहीं है कि हम बच्चों के दिमाग में कोरी जानकारी ठूँस दे। हम शिक्षा सम्बन्धी उन रुढ़ियों और ढकोसलों के अन्दर बुरी तरह कैद कर दिये गये हैं जो अब पुराने और बेकार साबित हो गये है।

मनुष्य निर्माण का वातावरण तैयार करना एक लम्बी प्रक्रिया है, इसमें सालों लगेंगे और वास्तव में यह तभी सम्भव है जब अपनी बुनियादी शिक्षा नीति बना ली जाय, क्योंकि कोई भी राष्ट्र कुछ महापुरुषों से बड़ा नहीं होता बल्कि यह औसत लोगों से बनता है। सामान्य समझ सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, ठेकेदार, या राजनीति को जीविका का साधन मानने वाले लोग पैदा नहीं करते। न्यूनतम मूल्यों की समझ या तो परिवार सिखा सकता है या अध्यापक। परिवार में भी लिटरेट तो बहुत होते हैं एजुकेटेड कम, साथ ही उसकी अपनी कई समस्यायें भी हैं, अत: केवल अध्यापक से ही यह अपेक्षा की जा सकती है। अत: राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाते समय नौकरशाहों और राजनेताओं के बजाय अध्यापकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

मानव के भौतिक, सामाजिक, मानसिक अरौर आत्मिक उत्थान के लिये शिक्षा आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। लेकिन **संविधान के दिशा निर्देशक सिद्धान्तों में यह लिखा होने के बावजूद कि हर बच्चे को शिक्षा मिलनी चाहिए, आज भी देश की एक–तिहाई आबादी निरक्षर है तथा नई आने वाली पीढ़ियों के भी दो तिहाई बच्चे पाँचवीं तक नहीं पहुँच पाते, विश्वविद्यालयों में अनुशासन एक समस्या बना हुआ है, शिक्षा का स्तर उत्तरोत्तर गिरता जा रहा है, फीस बढ़ती जा रही है, शिक्षा के नाम पर नित्य नई दुकाने खुलती जा रही हैं। देश को इस जहालत के स्तर पर बनाये रखने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी लूट–खसोट पर आधारित इस संकटग्रस्त व्यवस्था की है जिसने दोहरी शिक्षा प्रणाली के द्वारा पैसे वालों के लिये तो सर्वसुविधा सम्पन्न शिक्षा मुहैया करा रही है और बाकी आबादी को अधकचरी शिक्षा या यों कहें कि अशिक्षा के दलदल में ढकेल रही है या फिर चरवाहा स्कूल या टिचिंग शाप्स के हवाले कर रही है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। किन्दु इस स्थिति को बदलने की क्षमता रखने वाले सरकार में उच्च पदस्थ महानुभावों को शिक्षा के निजीकरण में कोई दोष ही दिखाई नहीं दे रहा है।**

साक्षरता और शिक्षा के क्षेत्र में भारत की गिनती दुनिया के सबसे पिछड़े देशों में की जाती है आज प्राथमिक शिक्षा की स्थिति बदहाल है, उपेक्षित है। **एस0आर0डी0 की एक रिपोर्ट (School Review and Development Report)** के अनुसार पूरे भारत के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इस रिपोर्ट के आंकड़े भारत की शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति को व्यक्त करने के लिए काफी है। शिक्षा के अधिकार कानून के अनुसार आदर्श छात्र शिक्षक अनुपात 30:1 या 35:1 के बीच होनी चाहिए जबकि यह रिपोर्ट बताती है कि पूरे भारत में लगभग 105630 प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चला रहे है। एक शिक्षक के भरोसे चल रहे स्कूलों में हमारा मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है जहाँ 17874 स्कूल एक शिक्षक चला रहे हैं। उत्तरप्रदेश का द्वितीय स्थान है जहाँ 17602 स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। तीसरे स्थान पर राजस्थान है जहाँ 13575 स्कूल में केवल एक ही शिक्षक है और चौथे स्थान पर आन्ध्रप्रदेश है जहाँ 9540 स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे है, **(संसद में यह रिपोर्ट केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत की गयी)** जबकि यू0पी0 में ही शिक्षक बनने की राह देख रहे बी0टी0सी0 या बी0एड0 और टीईटी पास कम से कम पाँच लाख युवक–युवतियाँ बेरोजगार है। पूरे देश में इस प्रकार के बेरोजगारों की स्थिति काफी चौकाने वाली होगी। **प्राथमिक शिक्षा की दशा एस0ई0आर0 रिपोर्ट**

2014 से स्पष्ट होती है। इस रिपोर्ट के अनुसार कक्षा–3 के करीब 78 प्रतिशत और कक्षा–5 के लगभग 50 प्रतिशत छात्र कक्षा–2 की पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ पाते हैं, हम जानते है कि पढ़ना एक बुनियादी कौशल है जिसको सीखकर छात्र उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होता हैं किन्तु आंकड़े इस ओर इंगित कर रहे हैं कि जिस बुनियाद पर शिक्षा की इमारत खड़ी होनी है वह बुनियाद ही खोखली है। इस रिपोर्ट के अनुसार कक्षा–2 में पढ़ने वाले 20 प्रतिशत छात्र 1 से 9 तक की संख्या की पहचान नहीं कर पायें। 2010 में गिने छात्रों की संख्या 10 प्रतिशत थी अर्थात् 2010 से 2014 तक देखे तब हालत बद से बदत्तर होते चले जा रहे है। जो प्राथमिक शिक्षा की निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के निर्माण में जिन आधारभूत और मूलतत्वों को ध्यान में रखना होगा वह होगा स्वभाषा के माध्यम का स्वाभाविक सिद्धान्त, और शारीरिक श्रम का तत्व। शिक्षा की वर्तमान पद्धति किसी भी तरह देश की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करती। उच्च शिक्षा की तमाम शाखाओं से अंग्रेजी भाषा को माध्यम बना देने के कारण उसने उच्च शिक्षा पाये हुए मुट्ठी भर लोगों तथा अनपढ़ जनसमुदाय के बीच एक स्थाई दीवार सी खड़ी कर दी है। इसकी वजह से जन साधारण तक छन छन कर ज्ञान के जाने में बड़ी रूकावट पड़ गयी है। अंग्रेजी को इस तरह अत्यधिक महत्व देने के कारण शिक्षित लोगों पर इतना अधिक भार पड़ गया है कि प्रत्यक्ष जीवन के लिए उनकी मानसिक शक्तियाँ पंगु हो गयी हैं और वे अपने ही देश में विदेशियों की भाँति बेगाने हो गये हैं। इसी तरह सदियों से शिक्षा और श्रम का अलगाव आज भी कायम है। यह भावना विकसित हो गयी है कि शारीरिक श्रम केवल कम पढ़े या अनपढ़ों के लिये हैं। यह प्रवृत्ति शिक्षितों को उत्पादक कार्य के सर्वथा आयोग्य बना दिया है और शारीरिक दृष्टि से भी उनका बहुत नुकसान किया है।

अन्त में मैं नीति निर्माताओं और विशेष कर अध्यापक बन्धुओं से एकबात कहकर अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ। **केवल अध्यापक ही है जो भौतिक, सामाजिक मूल्यों को बहुत प्रभावी ढंग से उठा सकता है और इन मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों मे ंचेतना पैदा कर सकता है।** हमने बहुत मूल्यों को निर्धारित किया और माना कि सभी प्राणियों में श्रेष्ठ मनुष्य है। वह इसलिये क्योंकि उसमें विवेक होता है जो दूसरे जीवों में नहीं होता। विवेक सबसे बड़ी शक्ति है जो सम्यक शिक्षा से विकसित होती है और यह मनुष्य के सामने विकल्पों का द्वार खोल देती है। व्यक्ति संस्कारों के आधार पर विकल्पों का चुनाव करता है और संस्कार पनपते है एजुकेशन से। भारतीय दृष्टि जीवों में अभेदता को स्वीकार करती है। यह व्यापक दृष्टि हमारे अन्दर सम्वेदना, करुणा, सहानुभूति और कर्त्तव्य बोध उत्पन्न करती है। मनुष्य ने जब भी अपने को स्वामी मान लिया, समस्यायें उत्पन्न हुई। **हम यह भारतीय दृष्टि एवं तद्जनित संस्कार भारतीय शिक्षा प्रणाली में समाहित कर सके तथा भावी पीढ़ी के विद्यार्थियों को दे सकें तो सम्भवतः यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।**

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. देवराज, एन0 के0 : भारतीय शिक्षा दर्शन, उ0प्र0 हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, लखनऊ, 1975
2. थापर, : एन्सिएन्ट इन्डियन सोशल हिस्ट्री, देलही, 1978
3. यादव, बी0एन0एस0 : सोसाइटी एण्ड कल्चर इन नार्दर्न इण्डिया, सेन्ट्रल बुक डिपो, इलाहाबाद, 1973
4. महात्मा गाँधी : बुनियादी शिक्षा, नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद, 1958
5. पाण्डेय, राम सकल : भारतीय शिक्षा दर्शन, विनोद प्रकाशन, आगरा, 1994
6. ओड, एल0के0 : शिक्षा की दार्शनिक पृष्टभूमि, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1994
7. अशोक, जे0 देसाई : प्रॉबलम्स ऑफ टीचर एजुकेशन इन इण्डिया, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन, 2012
8. जनसत्ता, 08 दिसम्बर, 2015
9. m.patrika.com, 09 Aug. 2016
10. असर (ASER : Annual Status of Education Report) रिपोर्ट, 2014
11. तोमर, लज्जा राम : भारतीय शिक्षा के मूल तत्व, सुरुचि प्रकाशन केशवकुंज झण्डेवाला, नई दिल्ली, 1991
12. पाठक, पी0डी0 एवं त्यागी, जी0एस0डी0 : भारतीय शिक्षा के आयोग कोठारी कमीशन सहित, आगरा पब्लिकेशन, आगरा, 2008
13. प्रसाद, राजेन्द्र : भारतीय शिक्षा, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011
14. पाण्डेय, राम सकल : शिक्षा : वर्तमान संदर्भ में, विकल्प प्रकाशन, इलाहाबाद, 2011
15. कुमार, नरेश : राष्ट्रीय शिक्षा, विक्रम प्रकाशन, दिल्ली, 2001

****

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर, समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में सम्बन्ध का अध्ययन

डॉ. भंवर लाल नागदा* रेखा खराड़ी **

प्रस्तावना - आदिकाल से ही भारत विभिन्न धर्मो, मतावलिम्बियों, संस्कृतियों, प्रजातियों, जातियों और जनजातियों की कर्मभूमि रहा है। इन सभी ने यहाँ की सामाजिक व्यवस्था और संगठन के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इन्हें एक विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया है। जाति प्रथा, जनजाति, ग्राम व्यवस्था, वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, कर्म एवं पूर्नजन्म के सिद्धान्त और संस्कार व्यवस्था भारतीय समाज के प्रमुख आधार है।

जनजातियाँ भारत की 8.43 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत के विभिन्न प्रान्तों में असमानता पायी जाती है। मध्यप्रदेश में इनकी जनसंख्या सभी राज्यों से अधिक हैं। उसके बाद महाराष्ट्र, ओड़िसा, गुजरात, राजस्थान, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, आन्ध्रप्रदेश तथा पश्चिम बंगाल राज्य आते हैं। राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिम में स्थित है जो क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रथम तथा जनसंख्या की दृष्टि से सांतवा स्थान रखता है। राजस्थान का दक्षिण भू-भाग जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है।

शोध अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्त्व - मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य समाज में रहकर बहुत कुछ सीखता है। जन्म के पश्चात् प्रत्येक बालक का सम्पर्क माता-पिता से रहता है। कुछ बड़ा होने पर वह परिवार के अन्य सदस्यों में आता है और कुटुम्ब, ग्राम, क्षेत्र आदि के लोगों से सम्पर्क स्थापित करता है। परिवार के द्वारा उत्साह दिलाने पर और उनकी देखरेख में वह विभिन्न अवसरों पर जाति एवं समूह के लोगों के सम्पर्क में आता है। धीरे-धीरे उसका सम्पर्क दायरा बढ़ने लगता है। वह हम उम्र के बालकों व गुरुजनों के सम्पर्क में आता है।

बालक ज्यों-ज्यों बड़ा होता है, उसकी जरूरतमंद वस्तुओं की आवश्यकता होती है, उसकी इच्छाए अन्नत होती चली जाती है, लेकिन सभी माता-पिता, परिवार बालकों की इच्छाओं की पूर्ति नहीं कर पाते है। कुछ परिवार ही ऐसे होते है जिनका सामाजिक स्तर, अच्छा होने से वे सम्पन्न होते है जो अपने बच्चे की प्रत्येक ख्वाईश पूरी करते है। किन्तु सभी का सामाजिक स्तर समान नहीं होता। जिन बालकों की ख्वाईश पूरी करते है। किन्तु सभी का सामाजिक स्तर समान नहीं होता। जिन बालकों की ख्वाईश माता-पिता या परिवार पूरी नहीं कर पाते। उन बालकों में हीन भावना आना स्वाभाविक है, किन्तु सभी बालक एक से नहीं होते। कुछ बच्चे ऐसे समझदार भी होते है जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को समझकर जो मिलता है उसी में संतोषकर लेते है। अनावश्यक जिद्द नहीं करते है और जो उपलब्ध हो जाता है। उसी से गुज़ारा चला लेते है। यही समायोजन है।

शोध अध्ययन उद्देश्य :

1. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों के सामाजिक स्तर की वस्तुस्थिति ज्ञात करना।
2. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्राओं के सामाजिक स्तर की वस्तुस्थिति ज्ञात करना।
3. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के सामाजिक स्तर में अन्तर ज्ञात करना।
4. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों की समायोजन क्षमता का पता लगाना।
5. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्राओं की समायोजन क्षमता का पता लगाना।
6. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं की समायोजन क्षमता में अन्तर ज्ञात करना।
7. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का पता लगाना।
8. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का पता लगाना।
9. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर ज्ञात करना।
11. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर एवं शैक्षिक उपलब्धि के बीच सह-सम्बन्ध ज्ञात करना।

शोध परिकल्पनाएँ :

1. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के सामाजिक स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
2. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं की समायोजन क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
3. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
4. दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति विद्यार्थियों के

* पर्यवेक्षक, मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

सामाजिक स्तर एवं शैक्षिक उपलब्धि के बीच कोई सह–सम्बन्ध नहीं होता है।

न्यादर्श चयन – शोध की न्यादर्श के रूप में सर्वप्रथम दत्त संकलन के लिये निम्न प्रकार से न्यादर्श को प्रयोग में लिया गया। प्रस्तुत शोध हेतु दक्षिणी राजस्थान के 3 जिले का चयन यादृच्छिक न्यादर्शचयन विधि से और जनजाति छात्र–छात्राओं का चयन सौद्देश्य न्यादर्श प्रणाली द्वारा किया गया। विद्यालयों का चयन निम्न पद्धति के आधार पर किया गया है।

शोध अध्ययन विधि – शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण – प्रत्येक शोधकार्य की महत्त उपकरणों पर निर्भर करती है। सफल अनुसंधान के लिये उचित उपकरणों का चयन बहुत ही महत्त्वपूर्ण होता है। एक विशिष्ट अध्ययन के लिये उपकरणों का चुनाव अध्ययन के उद्देश्य की सीमा, प्रयुक्त उपकरणों की उपलब्धि, परिणामों के फलांकन, विश्लेषण और व्याख्या आदि पर निर्भर करता है। अत: प्रस्तुत शोध में शोधार्थी द्वारा निम्न उपकरण का प्रयोग किया गया।

1. सामाजिक स्तर : स्वनिर्मित उपकरण
2. समायोजन : मानकीकृत उपकरण
3. शैक्षिक उपलब्धि विद्यार्थियों के गतवर्ष के प्राप्तांक प्रतिशत

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं क सामाजिक स्तर में अन्तर

सारणी संख्या – 1

क्र.	वर्ग	N	मध्यबिन्दु	मध्यमान	मानक विचलन	'टी' मूल्य	वि.विवरण
1.	छात्र	150	105	120.43	10.30	1.28	अन्तर सार्थक नहीं है
2.	छात्रा	150	105	118.4	11.85		

298^0 डिग्री स्वतन्त्रता के अंश पर 'टी' का सारणी मूल्य =

0.05	0.01
1.97	2.60

व्याख्या – उपर्युक्त सारणी सं. 1 को देखने से ज्ञात होता है कि दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के सामाजिक स्तर का मध्यमान क्रमश: 120.43 व 118.4 आया, जो कि मध्यबिन्दु 105 से अधिक है। इसी प्रकार मानक विचलन क्रमश: 10.30 व 11.85 प्राप्त हुआ। 'टी' का मान 1.28 आया जो कि 'टी' के सारणी मूल्य से कम है। अत: अन्तर सार्थक नहीं कहा जा सकता है। अर्थात् परिकल्पना सं. 1 को स्वीकृत किया जाता है।

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के भावनात्मक समायोजन स्तर की तुलना (प्रतिशत में)

सारणी संख्या – 2

वर्ग	श्रेणी	स्तर	अंक भार	भावनात्मक समायोजन (%)
छात्र	A	उत्कृष्ट	5 और उससे नीचे	4.00
	B	अच्छा	6 से 12	28.00
	C	सामान्य	13 से 21	68.00
	D	असन्तुष्ट	22 से 30	0.00
	E	अति असन्तुष्ट	31 से ऊपर	0.00
छात्रा	A	उत्कृष्ट	5 और उससे नीचे	4.00
	B	अच्छा	6 से 14	36.00
	C	सामान्य	15 से 22	60.00
	D	असन्तुष्ट	23 से 31	0.00
	E	अति असन्तुष्ट	32 से ऊपर	0.00

व्याख्या : भावनात्मक समायोजन

उपर्युक्त सारणी सं. 2 को देखने से ज्ञात होता है कि 68 प्रतिशत छात्रों ने 13 से 21 अंकों के बीच (उच्च प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है, जबकि 60 प्रतिशत छात्राओं ने 15 से 22 अंकों के बीच (उच्च प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है जो यह दर्शाता है कि छात्र एवं छात्राओं भावात्मक रूप से अस्थायी है।

इसी प्रकार 28 प्रतिशत छात्रों में 6 से 12 अंकों के बीच (न्यूनतम प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है, जबकि 36 प्रतिशत छात्राओं ने 6 से 14 अंकों के बीच (न्यूनतम) अंक प्राप्त किये है, जो यह दर्शाता है कि ये छात्र एवं छात्राऐं भावनात्मक रूप से स्थायी है। दोनों ही श्रेणी के मात्र 4–4 प्रतिशत छात्रों एवं छात्राओं ने 5 और उससे कम अंक प्राप्त किये है। जो यह दर्शाता है कि वे भावनात्मक रूप से तटस्थ है।

अत: उपर्युक्त विश्लेषण एवं व्याख्या से स्पष्ट होता है कि छात्रों एवं छात्राओं के भावनात्मक समायोजन में विशेष अन्तर परिलक्षित नहीं होता है।

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के सामाजिक समायोजन स्तर की तुलना (प्रतिशत में)

सारणी संख्या – 3

वर्ग	श्रेणी	स्तर	अंक भार	सामाजिक समायोजन (%)
छात्र	A	उत्कृष्ट	5 और उससे नीचे	0.00
	B	अच्छा	6 से 12	60.0
	C	सामान्य	13 से 21	40.00
	D	असन्तुष्ट	22 से 30	0.00
	E	अति असन्तुष्ट	31 से ऊपर	0.00
छात्रा	A	उत्कृष्ट	5 और उससे नीचे	0.00
	B	अच्छा	6 से 14	72.00
	C	सामान्य	15 से 22	28.00
	D	असन्तुष्ट	23 से 31	0.00
	E	अति असन्तुष्ट	32 से ऊपर	0.00

व्याख्या : सामाजिक समायोजन

उपर्युक्त सारणी सं. 3 को देखने से ज्ञात होता है कि 40 प्रतिशत छात्रों ने 13 से 21 अंकों के बीच (उच्च प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है, जबकि 28 प्रतिशत छात्राओं ने 15 से 22 अंकों के बीच (उच्च प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है जो यह दर्शाता है कि छात्र एवं छात्राओं शान्त एवं सन्तुष्ट होने से सामाजिक समायोजन आसानी से कर लेते है।

इसी प्रकार 60 प्रतिशत छात्रों में 6 से 12 अंकों के बीच (न्यूनतम प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है, जबकि 72 प्रतिशत छात्राओं ने 6 से 14 अंकों के बीच (न्यूनतम) अंक प्राप्त किये है, जो यह दर्शाता है कि इन छात्र एवं छात्राओं का उग्र स्वभाव है। इसलिये वे छात्राएँ सामाजिक समायोजन आसानी से नहीं कर पाती है।

अत: उपर्युक्त विश्लेषण एवं व्याख्या से स्पष्ट होता है कि छात्रों एवं छात्राओं के सामाजिक समायोजन में विशेष अन्तर परिलक्षित नहीं होता है।

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के शैक्षणिक समायोजन स्तर की तुलना (प्रतिशत में)

सारणी संख्या - 4

वर्ग	श्रेणी	स्तर	अंक भार	शैक्षणिक समायोजन (%)
छात्र	A	उत्कृष्ट	5 और उससे नीचे	0.00
	B	अच्छा	6 से 12	32.00
	C	सामान्य	13 से 21	68.00
	D	असन्तुष्ट	22 से 30	0.00
	E	अति असन्तुष्ट	31 से ऊपर	0.00
छात्रा	A	उत्कृष्ट	5 और उससे नीचे	0.00
	B	अच्छा	6 से 14	32.00
	C	सामान्य	15 से 22	68.00
	D	असन्तुष्ट	23 से 31	0.00
	E	अति असन्तुष्ट	32 से ऊपर	0.00

व्याख्या : शैक्षणिक समायोजन

उपर्युक्त सारणी सं. 4 को देखने से ज्ञात होता है कि 68 प्रतिशत छात्रों ने 13 से 21 अंकों के बीच (उच्च प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है, जबकि 68 प्रतिशत छात्राओं ने 15 से 22 अंकों के बीच (उच्च प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है जो यह दर्शाता है कि छात्र एवं छात्राएँ अपनी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक गतिविधियों में उनका समायोजन निम्न स्तर का रहता है।

इसी प्रकार 32 प्रतिशत छात्रों में 6 से 12 अंकों के बीच (न्यूनतम प्राप्तांक) अंक प्राप्त किये है, जबकि 32 प्रतिशत छात्राओं ने 6 से 14 अंकों के बीच (न्यूनतम) अंक प्राप्त किये है, जो यह दर्शाता है कि ये छात्र एवं छात्राऐं विद्यालयी गतिविधियों में रूचि दिखाते है।

अत: उपर्युक्त विश्लेषण एवं व्याख्या से स्पष्ट होता है कि छात्रों एवं छात्राओं के शैक्षणिक समायोजन में विशेष अन्तर परिलक्षित नहीं होता है। अर्थात तीनों् ही प्रकार की समायोजन क्षमता में विशेष अन्तर नहीं होने से परिकल्पना सं. 2 को स्वीकृत किया जाता है।

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति छात्रों एवं छात्राओं के शैक्षिक उपलब्धि तुलनात्मक सारणी (प्रतिशत में)

सारणी संख्या - 5

ग्रेड	स्तर	अंक भार	छात्र	छात्रा
A+	उत्कृष्ट	70 प्रतिशत से ऊपर	4.00	0.00
B	बहुत अच्छा	60 से 69 प्रतिशत तक 18.00	18.00	20.00
C	अच्छा	50 से 59 प्रतिशत तक	52.00	52.00
D	सामान्य	36 से 49 प्रतिशत तक	26.00	28.00

व्याख्या : शैक्षिक उपलब्धि

उपर्युक्त सारणी 5 को देखने से ज्ञात होता है कि छात्र वर्ग में मात्र 4 प्रतिशत छात्र ही ऐसे पाये गये, जिन्होंने 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट श्रेणी (A+ ग्रेड) हांसिल कर पाये। जबकि छात्राओं के वर्ग में कोई भी उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त नहीं कर सकी।

इसी प्रकार छात्र वर्ग में मात्र 18 प्रतिशत छात्र ही ऐसे पाये गये, जिन्होंने 60 से 69 प्रतिशत अंकों के बीच अंक प्राप्त कर बहुत अच्छा (A ग्रेड) हांसिल कर पाये, जबकि छात्राओं के वर्ग में 20 प्रतिशत छात्राऐं ऐसी थी, जिन्होंने 60 से 69 प्रतिशत अंकों के बीच अंक प्राप्त कर बहुत अच्छा (A ग्रेड) हांसिल की है।

दोनों ही वर्ग (छात्र एवं छात्राऐं) में 52-52 प्रतिशत ने 50 से 59 अंकों के बीच अंक प्राप्त कर अच्छा (B ग्रेड) हांसिल की है।

इसी प्रकार 26 प्रतिशत छात्रों एवं 28 प्रतिशत छात्राओं ने 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत अंकों के बीच अंक प्राप्त किये है। जिन्हें सामान्य/साधारण विद्यार्थियों की श्रेणी (C ग्रेड) मिली है।

अत: स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि छात्रों एवं छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में विशेष अन्तर नहीं होने से परिकल्पना सं.3 को स्वीकृत किया जाता है।

दक्षिणी राजस्थान में माध्यमिक स्तर के जनजाति विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर एवं शैक्षणिक उपलब्धि के बीच सह-सम्बन्ध

r = -056

अर्थात् मध्यम ऋणात्मक सहसम्बन्ध पाया गया।

अत: परिकल्पना सं. 4 को अस्वीकृत किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 : पालको की समस्याओं का अध्ययन

वनमाला गडोईया *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध–पत्र में शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के विषय में विस्तृत लेख लिखा गया है इस अधिनियम के प्रमुख उपबन्धो का उल्लेख किया गया है। इस अधिनियम के लागू होने के बाद से प्रवेश लेने वाले बच्चों के पालको को किन–किन समस्याओं का सामना करना पडा इसका अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन हेतु इन्दौर शहर के निजि विघालय को अध्ययन क्षेत्र के लिए चुना है जिसमें शिक्षा प्राप्त करने वाले 20 बच्चों के माता–पिता से सक्षात्कार अनुसूची व अवलोकन द्धारा समस्याओं आधार पर निष्कर्ष व सुझाव प्रस्तृत किए गए है।

प्रस्तावना – भारत में साक्षरता दर बढाने के लिए सरकार ने समय–समय पर कई प्रयास किए इन प्रयासो में एक सराहनीय कदम शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के रुप मे उठाया यह अधिनियम 1 अप्रेल 2010 से सम्पूर्ण भारत(जम्मू–कश्मीर) को छोड कर लागू किया गया। इस अधिनियम को संविधान के भाग 3 मौलिक अधिकारों के अनुच्छेद 21 (क) में जोडा गया।

अधिनियम के प्रमुख प्रावधान अग्रलिखित है :

1. किसी भी पडोस के स्कूल में बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था हो।
2. यह अधिनियम छह से चौदह वर्ष के बच्चों का प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नि:शुल्क प्रवेश देना व फीस माफ करने का प्रावधान करता है।
3. इस अधिनियम द्धारा गैर–प्रवेश दिए गए बच्चे के लिए उचित आयु में प्रवेश दिए जाने का प्रावधान किया गया है।
4. इस अधिनियम के द्धारा निजी स्कूलों मे 25% प्रतिशत बच्चों का बिना किसी शुल्क के नामांकित करेगें।
5. यह अधिनियम प्रतिष्ठापित मुल्यों के अनुरुप पाठ्यक्रम के विकास के लिए प्रावधान करता है जो बच्चों के समग्र विकास को व प्रतिभा को निखारने में सहायक होगा।
6. यह उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित अध्यापकों की नियुक्ति के लिए प्रावधान करता है अर्थात् अपेक्षित प्रवेश और शैक्षिक योग्यताओं के साथ अध्यापक स्कूलों मे कार्यरत् होगें।

उद्देश्य– नि:शुल्क एंव अनिवार्य शिक्षा अधिनियम से प्रभावित परिवारो की आर्थिक स्थिति को जानना तथा बच्चों की शिक्षा के प्रति पालको की जागरूकता का अध्ययन करना इस हेतु इस अधिनियम द्धारा शिक्षा प्राप्त करने वाले 20 बच्चो के परिवारो से मिलकर साक्षात्कार अनुसूची से अधिनियम के विषय मे जानकारी प्राप्त करना मुख्य उद्देश्य है।

अध्ययन पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन इकाई के रूप में इन्दौर शहर के निजि स्कूल का चयन किया गया जिसमें शिक्षा के अधिकार द्धारा प्रवेश लिए गए 20 बच्चो के पालको की समस्याओं कों सक्षात्कार अनुसूची व अवलोकन विधि द्धारा जानकर तालिकाओं के माध्यम से स्पष्टीकरण व विश्लेषण किया गया है।

तालिका 1 के द्धारा स्पष्टीकरण

क्र.	पालको से प्राप्त जानकारी	सहमत	असहमत	योग
1	बच्चों को पढाने के माध्यम मे कठिनाई आती है।	70%	30%	100%
2	पाठ्य सामग्री की लागत अधिक होती है।	65%	35%	100%
3	स्कूल के अन्य क्रियाकलाप के लिए खर्च लगता है।	55%	45%	100%
4	स्कूल वाहन पर अतिरिक्त पैसा खर्च होता है।	67%	33%	100%
5	क्या आप बच्चो के साथ स्कूल में भेदभाव से सहमत है।	11%	89%	100%
6	आपको स्कूल की मीटींग में जाने में संकोच होता है।	69%	31%	100%
7	क्या आप व स्कूल प्रशासन के मध्य मतभेद होता है।	17%	83%	100%
8	आपके अन्य बच्चों व इस योजना में अध्ययनरत बच्चों में मतभेद होता है।	76%	24%	100%
9	क्या आप इस योजना से संतुष्ट है।	72%	28%	100%
10	क्या आप इस अधिनियम में सुधार चाहते है।	85%	15%	100%

तालिका का विश्लेषण :

1. शिक्षा के अधिकार अधिनियम के माध्यम से पढाने वाले बच्चो के अधिकतर पालकों को अपने बच्चों को अग्रेंजी माध्यम के स्कूलों में पढाने में खुशी तों है परन्तु 70% पालकों को अपनें बच्चों को उनके गृहकार्य कराने में कठिनाई होती है व 30% सूचना दाता इस बात से असहमत है।
2. 65% सूचना दाता को पाठ्य सामग्री की लागत अधिक लगती है उनका

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

मानना है कि उनके दूसरे बच्चें की पाठ्य पुस्तक से इनका खर्च अधिक प्रतीत होता है परन्तु 35% सूचना दाता को यह खर्च ठीक ही लगा।

3. शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अध्ययन करनें वाले बच्चों के 55%अभिभावकों का मानना है कि इन स्कूलों में अन्य क्रियाकलापों पर अतिरिक्त खर्च होता है जैसे–चार्ट, हाउस ड्रेस, मेप, चित्र व सांस्कृतिक कार्यक्रमो की पोषक के लिए खर्च आदि 45% अभिभावक यह सामान्य खर्च ही मानते है।
4. बच्चों को स्कूल भेजने के लिए स्कूल वाहन पर खर्च के लिए 67% पालको यह खर्च अधिक लगता है परन्तु 33% माता पिता इस वहन को सामान्य ही मानते है।
5. इस योजना में पढाने वालों बच्चों के पालकों में से 11% सूचना दाताओं ने भेदभाव की शिकायत को स्वीकार किया परन्तु 89% इस बात से असहमत है।
6. 69% पालको ने अपनी सहमती जताई की उन लोगो का स्कूलों में जानें मे सकोंच होती है वहाँ टीचर से बात करनें मे स्वयं को हीन समझते है तथा 31% पालक इस बात से असहमत है।
7. शिक्षा के अधिकार अधिनियम व्द्वारा अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक व स्कूल प्रशासन के मध्य मतभेद के प्रश्न पर 17% पालको ने सहमती जताई व 83% पालकों ने किसी भी प्रकार के मतभेद से इंकार किया है।
8. उन पालको ने यह समस्या बताई जिनका एक बच्चा इस अधिनियम के व्द्वारा अध्ययन कर रहा है व दूसरा किसी भी सरकारी या पडोस की स्कूल मे पढ रहा है दोनों बच्चों में पाठ्य समाग्री व युनीफार्म देख कर जलन व हीन भावना की शिकायत होती है ऐसी सहमती 76% पालको ने बताई तथा 24% पालक ऐसे किसी भी मतभेद से असहमत है।
9. इस अधिनियम के प्रति पालको की राय में 72% पालक संतुष्ट व सहमत है तथा 28% पालक असंतुष्ट है।
10. शिक्षा के अधिकार अधिनियम मे सुधार के लिए 15% पालको ने अपनी असहमती जताई व इस विषय में 85% पालको ने सुधार हेतु सुझाव दिए – इन पालको का मानना है कि इस अधिनियम को कक्षा 12वी तक बच्चो के लिए बढाया जाए तथा सरकार बच्चों को अन्य सुविधाओं को भी उपलब्ध कराए ताकि उनके बच्चों को जिन असुविधाओं का सामना करना पड रहा है वह समस्याएं दूर हो ।

सुझाव व निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध पत्र मे प्राप्त जानकारी के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि सरकार व्द्वारा चलाई जा रही इस योजना को और अधिक बेहतर बनाया जाया ताकि शिक्षा के प्रतिशत मे वृद्धि हो इस हेतु इस अधिनियम को कक्षा 12वी तक बढाया जाए व जिन स्कूलों में गरीब बच्चों को प्रवेश दिया गया है उनके साथ किसी भी भेदभाव न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए तथा जो माता–पिता साक्षर नहीं है उनके साथ स्कूल प्रशासन व टीचर उचित व्यवहार करे उनकी समस्या को समझे ताकि उन पालको किसी भी प्रकार का संकोच व परेशानी न हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर ।

****

Some Accidental Discoveries in Change a Human Life

Dr. Anjeli Garg*

Introduction - From the prospect discovery of antimalarial drug as a protozoal infection treatment within the seventeenth century to Alexander Fleming's accidental encounter with Penicillium mildew in 1928, a number of medicine's most significant advances have occurred through fluke. examine seven of them here.

Fortuitous accidents - Accidents in medicine: the concept sends chills down your spine as you put forward thoughts of misdiagnoses, erroneously pharmaceuticals, and incorrectly amputated limbs. however whereas accidents within the examining area or on the table will be too bad, even tragic, those who occur within the laboratory will typically result in spectacular advances, life-saving treatments, and Nobel Prizes. A apparently insignificant finding by one research worker results in a breakthrough discovery by another; a medical man methodically following the solution to a medical riddle over a few years suddenly includes a "Eureka" moment; a individual WHO chooses to check a stuff in his culture instead of agitated it out stumbles upon one thing entirely new. think about the subsequent historic cases:

Quinine - The story behind the prospect discovery of the anti-malarial drug antimalarial could also be additional legend than truth, however it's withal a story ought to have note. The account that has gained the foremost currency credits a South yank Indian with being the primary to search out a medical application for antimalarial. in keeping with legend, the person unknowingly eaten antimalarial whereas suffering a protozoal infection fever in an exceedingly jungle high within the chain of mountains. Needing urgently to quench his thirst, he drank his fill from alittle, bitter-tasting pool of water. close stood one or additional kinds of chinchona, that grows from South American nation to Bolivia on wet slopes higher than five,000 feet. The bark of the chinchona, that the autochthonal individuals knew as quina-quina, was thought to be toxic. however once this man's fever miraculously abated, he brought news of the medicative tree back to his tribe, that began to use its bark to treat protozoal infection. Since the primary formally noted use of antimalarial to fight protozoal infection occurred in an exceedingly community of Jesuit missionaries in Lima, South American country in 1630, historians have surmised that Indian tribes tutored the missionaries the way to extract the chemical antimalarial from bark. In any case, the Jesuits' use of antimalarial as a protozoal infection medication was the primary documented use of a matter to with success treat AN communicable disease. to the current day, quinine-based anti-malarials ar wide used as effective treatments against the expansion and copy of protozoal infection parasites in humans.

Smallpox vaccination - In 1796, medico, a British person and doc, had a brainstorm that ultimately junction rectifier to the event of the primary immunizing agent. A young farm worker had told him however those who narrowed vaccinia, a harmless illness simply picked up throughout contact with cows, ne'er got pox, a deadly scourge. With this in mind, medico took samples from the open vaccinia sores on the hands of a young farmhand named Sarah Nelmes and inoculated eight-year-old James Phipps with pus he extracted from Nelmes' sores. (Experimenting on a toddler would be anathema these days, however this was the eighteenth century.) The boy developed a small fever and some lesions however remained for the foremost half unharmed. some months later, medico gave the boy another injection, this one containing pox. James didn't develop the illness, and also the plan behind the fashionable immunizing agent was born. although doctors and scientists wouldn't begin to know the biological basis of immunity for a minimum of fifty years when Jenner's initial immunization, the technique of protection against pox victimization the human strain of vaccinia before long became a standard and effective observe worldwide.

X-Rays - X-rays became a very important tool for medical diagnoses, however their discovery in 1895 by the German scientist Wilhelm Conrad Röntgen had very little to try to to with medical experimentation. Röntgen was finding out cathode rays, the light stream of electrons used these days in everything from televisions to fluorescent lightweight bulbs. One earlier someone had found that cathode rays will penetrate skinny items of metal, whereas another showed that these rays may illuminate a fluorescent screen placed an in. or 2 removed from a skinny atomic number 13 "window" within the glass tube. Röntgen wished to see if he may see cathode rays escaping from a glass tube utterly lined with black cardboard. whereas acting this experiment, Röntgen detected that a glow appeared in his

*Assistant Professor (Mathematics) Mahamaya Rajkiya Mahavidyalaya, Sherkot, Bijnor (U.P.) INDIA

darkened laboratory many feet removed from his cardboard-covered glass tube. initially he thought a tear within the paper overlay was permitting lightweight from the high-voltage coil within the gas-discharge tube to flee. however he shortly realised he had happened upon one thing entirely totally different. Rays of sunshine were passing all through the thick paper and showing on a fluorescent screen over a yard away. Röntgen found that this new ray, that had several characteristics totally different from the beam he had been finding out, may penetrate solids and even record the image of an individual's skeleton on a photographic negative. In 1901, the primary year of the accolade, Röntgen won for his accidental discovery of what he known as the "X-ray," that physicians worldwide shortly adopted as a customary medical tool.

Allergy - Charles Henry M. Robert Richet, a French biologist, created many experiments testing the reaction of dogs exposed to poison from the tentacles of ocean anemones. a number of the dogs died from allergic shock, however others survived their reactions and created full recoveries. Weeks later, as a result of the recovered dogs appeared fully traditional, Richet wasted no time in reusing them for a lot of experiments. They got another dose of anemone poison, this point abundant smaller than before. the primary time the dogs' allergic symptoms, together with expulsion, shock, loss of consciousness, and in some cases death, had taken many days to totally develop. however this point the dogs suffered such serious symptoms simply minutes once Richet administered the poison. although Richet was nonplused by what had happened, he completed he couldn't disregard the surprising results of his experiment. Later, he noted that his ultimate conclusions concerning the dogs' affliction were "not in the least the results of deep thinking, however of a straightforward observation, virtually accidental; in order that I actually have had no alternative benefit than that of not refusing to examine the facts that given themselves before American state, fully evident." Richet's conclusions from his findings came to create the theoretical basis of the medical study and treatment of allergies. He eventually proved that there was a state referred to as hypersensitivity reaction that was the associate degreetithesis of prophylaxis: once associate degree allergic subject is exposed to an matter a second time, he or she is even a lot of sensitive to its effects than the primary time. rather than building immunity to the substance through exposure (prophylaxis), the allergic subject's immunity becomes greatly reduced. In 1913 Richet received a laurels for his discovery and articulation of diseases of hypersensitivity reaction.

Insulin - Frederick G. Banting, a young Canadian doctor, and academician John J.R. Macleod of the University of Toronto shared a award in 1923 for his or her isolation and clinical use of internal secretion against polygenic disorder. Their work with internal secretion followed from the prospect discovery of the link between the exocrine gland and blood-sugar levels by 2 alternative doctors on the opposite facet of the Atlantic decades earlier. In 1889, German physicians Joseph von Mering and accolade Hermann Minkowski removed the exocrine gland from a healthy dog so as to check the role of the exocrine gland in digestion. many days when the dog's exocrine gland was removed, the doctors happened to note a swarm of flies feeding on a puddle of the dog's piss. On testing the piss to see the reason for the flies' attraction, the doctors completed that the dog was secreting sugar in its piss, a proof of polygenic disorder. as a result of the dog had been healthy before the surgery, the doctors knew that they'd created its diabetic condition by removing its exocrine gland and so understood for the primary time the connection between the exocrine gland and polygenic disorder. With additional tests, von Mering and Hermann Minkowski complete that a healthy exocrine gland should secrete a substance that controls the metabolism of sugar within the body. tho' several scientists tried vainly to isolate the actual substance free by the exocrine gland when the Germans' accidental discovery, it absolutely was Banting and Macleod WHO established that the mysterious substance was internal secretion and started to place it to use because the initial actually valuable means that of dominant polygenic disorder.

Pap smear - Dr. martyr Saint Nicholas Papanicolaou's likelihood observation, whereas doing a genetic study, of cancer cells on a slide containing a specimen from a woman's female internal reproductive organ spawned the routine use of the questionable "Pap smear," a straightforward check that has saved countless girls from the ravages of female internal reproductive organ cancer. In 1923, Papanicolaou undertook a study of canal fluid in girls, in hopes of observant cellular changes over the course of a cycle. In feminine guinea pigs, Papanicolaou had already noticed cell transformation and wished to corroborate the development in human females. It happened that one in every of Papanicolaou's human subjects was laid low with female internal reproductive organ cancer. Upon examination of a slide made of a smear of the patient's canal fluid, Papanicolaou was astounded to get that abnormal cancer cells may be plainly ascertained below a magnifier. "The initial observation of cancer cells within the smear of the orifice," he later wrote, "gave ME one in every of the best thrills I ever full-fledged throughout my scientific career." Papanicolaou quickly completed that doctors may administer a straightforward check to assemble a sample of canal fluid and check it for early signs of female internal reproductive organ and different cancers.

Penicillin - The identification of Penicillium mould by Dr. Alexander Fleming in 1928 is one amongst the known stories of medical discovery, not solely as a result of its accidental nature, however additionally as a result of antibiotic has remained one amongst the foremost vital and helpful medication in our arsenal, and its discovery triggered valuable analysis into a spread of different valuable antibiotic medication. whereas researching the influenza within the summer of 1928, Dr. Fleming noticed that some mould

had contaminated a influenza culture in one amongst his petri dishes. rather than throwing out the ruined dish, he set to look at the musty sample a lot of closely. Fleming had reaped the advantages of taking time to scrutinize contaminated samples before. In 1922, Fleming had accidentally shed one amongst his own tears into a microorganism sample and noticed that the spot wherever the tear had fallen was freed from the microorganism that grew all around it. This discovery peaked his curiosity. when conducting some tests, he all over that tears contain associate degree antibiotic-like catalyst that would fend off minor microorganism growth. Six years later, the mould Fleming ascertained in his Petri dish reminded him of this 1st expertise with a contaminated sample. the realm close the mould growing within the dish was clear, that told Fleming that the mould was deadly to the potent coccus microorganism within the dish. Later he noted, “But for the previous expertise, i might have thrown the plate away, as several bacteriologists have done before.” Instead, Fleming took the time to isolate the mould, eventually categorizing it as happiness to the Penicillium. when several tests, Fleming realised that he had discovered a non-toxic antibiotic substance capable of killing several of the microorganism that cause minor and severe infections in humans and different animals. His work, that has saved unnumberable lives, won him a laurels in 1945.

Keep that mind open - For all you would-be chemist Prize-winners, keep in mind the one attribute that tied of these lucky strikers together: openmindedness. because the yankee man of science Henry once noted, “The seeds of nice discoveries ar perpetually floating around USA, however they solely settle down in minds well ready to receive them.” This feature originally appeared on the location for the star program Cancer soul.

References :-

1. Esamai F, Ayuo P, Owino-Ongor W, Rotich J, Ngindu A, Obala A, Ogaro F, Quoqiao L, Xingbo G, Guangqian L. Rectal dihydroartemisinin versus intravenous quinine in the treatment of severe malaria: a randomised clinical trial. East Afr Med J. 2000;77(5):273–278.
2. World Health Organization. The global eradication of smallpox. Final report of the global commission for the certification of smallpox eradication. In History of International Public Health No. 4. Geneva, World Health Organization, 1980
3. Theocharopoulos N, Chatzakis G, Damilakis J. Is radiography justified for the evaluation of patients presenting with cervical spine trauma? Med Phys. 2009;36:4461–70
4. Tanavarasethee B et al. The potential of using enzyme-linked immunospot to diagnose cephalosporin-induced maculopapular exanthems Acta derm venereol. 93:1, 2013
5. Minang JT et al. Nickel, cobalt, chromium, palladium and gold induce a mixed Th1- and Th2-type cytokine response in vitro in subjects with contact allergy to the respective metals Clin Exp Immunol. 146:3, 2006a
6. Minang JT et al. Nickel-induced IL-10 down-regulates Th1- but not Th2-type cytokine responses to the contact allergen nickel Clin Exp Immunol. 143:3, 2006b
7. Jacobsen L.V., Sogaard B., Riis A. Pharmacokinetics and pharmacodynamics of a premixed formulation of soluble and protamine-retarded insulin aspart. Eur J Clin Pharmcicol. 2000; 56: 399-403
8. Ferlay J, Soerjomataram I, Dikshit R, Eser S, Mathers C, Rebelo M, et al. Cancer incidence and mortality worldwide: Sources, methods and major patterns in GLOBOCAN 2012. Int J Cancer. 2015;136:E359–86
9. Sanders WL. Treatment of typhoid fever: a comparative trial of ampicillin and hloramphenicol. Br Med J. 1965 Nov 20;2(5472):1226–1227.
10. Dawkins AT, Jr, Hornick RB. Evaluation of antibiotics in a typhoid model. Antimicrob Agents Chemother (Bethesda) 1966;6:6–10

****

बहुजन शासक शाहू छत्रपति का भारतीय समाज के उत्थान में योगदान

अमिता वानखेड़े *

5. संघ लोक सेवा आयोग के प्रश्न पत्रो और 11 विषयों की लिखित परीक्षा बहुत उबाऊ जैसा है तथा यह परीक्षा विश्वविद्यालय के परीक्षा के आधार पर आधारित है जिससे कई बार किसी अभ्यर्थी किसी विषय में बहुत अधिक और किसी विषय में बहुत कम अंक प्राप्त होने से ऐसी आशंका प्रतीत होती है जो भाग्यवाद को बढ़ावा मिलता है किन्तु लंबे और विस्तार से उत्तर लिखने के कारण अभ्यर्थी के ज्ञान, तार्किक क्षमता,विश्लेषण कि योग्यता का परख किया जाता है जिससे समस्या को समझने, संतुलित भाषा में लिखने, विश्लेषित करने, विचारो कि क्रमबद्धता, सम्प्रेषण कि भावना, विश्वविद्यालयी परीक्षा के समान होने से सहज महसूस करना आदि इसके गुण है। वस्तुनिष्ठ प्रश्न को तार्किक बनाने में बहुत समय लगता है, इससे ज्ञान का वृहद रूप से परीक्षण नहीं हो पता है। इसमे अंदाज से भी प्रश्नों के उत्तर सही हो सकते है और किसी के भाग्य का सितारा चमक सकता है। इस प्रकार के प्रश्न से परीक्षा का प्रयोजन पूरा नहीं होता है। किन्तु इसका दूसरा पहलू भी है जिसमे इस प्रकार के प्रश्नो के उत्तर का निष्पक्ष जांच संभव है, कम खर्चीला है, अभ्यर्थी से त्वरित निर्णय लेने कि क्षमता का पता चलता है। निश्चित ही कुछ गुण है तो कुछ अवगुण भी विद्यमान है।
6. रेलवे भर्ती बोर्ड ,कर्मचारी चयन आयोग के साथ-साथ संघ लोक सेवा आयोग के भी कई प्रश्न पत्र बहूविकल्प वाले होते है जिसमे कई संभावित उत्तर के बीच एक सही उत्तर छुपाया गया होता है जिसे चुनना होता है इस पद्धति द्वारा भर्ती के दोष को अनेकों विद्धानों ने अभिमत व्यक्त किए है की यह पद्धति अभ्यर्थी के अभिव्यक्ति, सकारात्मक योग्यता ज्ञात नहीं किया जाता । इस प्रकार के ज्यादातर अधीनस्थ

सेवा द्धारा समूह 'बी' और समूह 'सी' के लिए किया जाता है जिसमे गणित, समान्य ज्ञान, भाषा, समान्य विज्ञान आदि के सही – गलत का चुनाव करना होता है इसके द्धारा जिसमे मेघा की शुद्धता 100% होती है किन्तु वास्तविक अभिव्यक्ति से अभ्यर्थी कोसो दूर होते है। इसलिए भर्ती के अतीत की पद्धति को बदला जाना चाहिए।

7. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने साक्षात्कार लेने के पुरानी प्रक्रिया में बदलाव करते हुए एक अत्यंत ही सराहनीय कदम उठाया है जिससे किसी भी अभ्यर्थियों से साक्षात्कार बोर्ड उसका नाम, पता, धर्म,जाति नहीं पुछेगा और केवल रोल नंबर से ही साक्षात्कार लिया जाएगा। गोपनियता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जो भी पैनल होगा उसे यह ज्ञात नहीं होगा कि उसे किस अभ्यर्थी या किस-किस रोल नंबर के साक्षात्कार लेने है। उसी प्रकार अभ्यर्थी को भी यह ज्ञात नहीं होगा कि उसे किस पैनल में साक्षात्कार देनी है यह सब केवल आधा घंटा पहले निर्धारित किया जाता है जिससे कि निष्पक्षता, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार, धांधली, क्षेत्रवाद रोकने में मदद मिलती है। इस प्रकार के आदर्श प्रणाली को सभी अभिकरण को अनुसरण करना चाहिए ताकि साक्षात्कार के लिए जोड़ तोड़ कर अभ्यर्थी को सफल कराने के विसंगतियो को दूर किया जा सके।

8. किसी भी भर्ती निकाय के कर्मी कोई भी गलत कदम उठाने के पूर्व अनेकों बार यह सोचता है कि अगर सूचना के अधिकार अधिनियम के अधीन अंक पत्र, लिखित परीक्षा के कॉपी आदि को मांग कर साक्ष्य के रूप में उपयोग कर अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा सकता है। साथ ही कट ऑफ मार्क्स बताने, प्रतियोगी परीक्षार्थियों को मॉडल पश्न पत्र उपलब्ध कराने, स्केलिंग का खुलासा करने कि प्रथा भी गलत कार्य करने वाले को भय पैदा करता है। पारदर्शिता के मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और बिहार राज्य लोक सेवा आयोग अन्य राज्यों के अपेक्षा बहुत आगे है ।

9. साक्षात्कार के बारे में एक रिपोर्ट जो कि 'इन्टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एकजमिनेशन इन्कायरी' से ज्ञात हुआ है कि 300 अंको के साक्षात्कार में एक अभ्यर्थी को पैनल के एक सदस्य ने प्रथम स्थान पर रखा तो दूसरे सदस्य ने उसे बीसवे स्थान पर रखा। इस प्रकार एक अभ्यर्थी के साक्षात्कार पैनल से सदस्यों ने अलग-अलग अंक दिये जिसमे 72 से 92 अंको का अंतर पाया गया। इस अध्ययन से स्पष्ट है कि साक्षात्कार पद्धति विश्वसनीय नहीं है।

10. भर्ती के पद्धति में कमियों को दूर करने के लिए सभी मंत्रालय/विभागो/ कार्यालयो/अधीनस्थ कार्यालयो आदि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समान परीक्षा आयोजित कि जानी चाहिए और उच्च योग्यता वाले को ऊँचे पद पर नियुक्ति योग्यता के अनुरूप पद दिया जाए तथा निम्न योग्यता वाले को निम्न पदो पर नियुक्ति का प्रावधान किया जाना चाहिए और शैक्षणिक डिग्री कि आवश्यकता को समाप्त कर देना चाहिए।

उपरोक्त तथ्यो से स्पष्ट है कि भारत में भर्ती अधिकरणो में अभी अनेकों सुधार कि आवश्यकता है जिससे कि कुशल लोक सेवको कि भर्ती संभव है। पारदर्शिता के लिए संप्रति जो कदम भर्ती एजेंसियों द्धारा उठाए गए है वे सराहनीय है किन्तु इसे और प्रभावी बनाने हेतु उत्तर पुस्तिकाओ को भी प्रकटन किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 कटारिया डॉ. सुरेन्द्र, भारतीय लोक प्रशासन, 11वां संसकरण, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, नई दिल्ली 2014

2 गुप्ता सुनील, सिंह कमाल कुमार, सुशासन, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली, तीसरा आवृति -2016

3 जैन डॉ. सी. एम. एवं शर्मा हरिश्चंद्र, लोक से विवर्गीय प्रशासन, रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर, नई दिल्ली

4 अवस्थी प्रो.आनंद प्रकाश, तुलनात्मक लोक प्रशासन, तृतीय संस्करण 2006, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नई दिल्ली

5 मानव संसाधन प्रबंधन, एम.पी.ए.-14 ,इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, नई दिल्ली, 2016

6 कटारिया डॉ. सुरेन्द्र, कार्मिक प्रशासन, आर.बी.एस पब्लिशर्स, जयपुर, 2009

7 अवस्थी डॉ. अमरेश्वर एवं महेश्वरी डॉ. श्रीराम महेश्वरी, लोक प्रशासन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, 2004

****

म.प्र. में विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) का रोजगार सृजन के क्षेत्र में योगदान का एक अध्ययन

योगेन्द्र सिंह ठाकुर* डॉ. ऋषि शर्मा **

शोध सारांश – म.प्र. उद्योग क्षेत्र में एक उभरता हुआ राज्य है। म.प्र. की केन्द्रीय भौगौलिक स्थिति के कारण संभार तंत्र एवं आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में म.प्र. एक विशेष राज्य बनता जा रहा है। म.प्र. सरकार की औद्योगिक संवर्धन नीति 2010 तथा संशोधित नीति (2014) के द्धारा म.प्र. की अधोसंचरना के विकास के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे है। म.प्र. सरकार की सिंगल विंडो नीति के द्धारा उद्योग संवर्धन के प्रयास किये जा रहे है। त्वरित निवारण सिंद्धांत पर अमल करके औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं का निपटान जल्द संभव हो सकता है। विश्व स्तर पर जहाँ कहीं भी सेज का निर्माण हुआ है वहाँ पर औद्योगिक प्रगति नये आयामों के साथ आगे बढ़ी है। व्यापारिक सुगमता के आधार पर म.प्र. में विशेष रूप से पीथमपुर में विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना की गई है। सर्वप्रथम 1947 में प्यूटोरिकों में सेज की स्थापना हुई थी।

शब्द कुंजी – आर्थिक क्षेत्र, डेट्रायड, एकल-खिड़की, औद्योगिक संवर्धन नीति, व्यापारिक सुगमता।

प्रस्तावना – म.प्र. में इन्दौर को मिनी बाम्बे कहा जाता है। औद्योगिक अवसरों को और अधिक विश्व स्तरीय बनाने के लिये सेज की स्थापना की गई है। बढ़ती मांग एवं व्यापारिक प्रतियोगिता का सामना करने के लिये क्षेत्र का निर्माण आवश्यक हो गया था। म.प्र. में औद्योगिक आधारभूत ढाँचे की बहुत कमी है। अन्य राज्यों की तुलना में औद्योगिक तथा व्यापारिक सुगमता में म.प्र. का स्थान काफी पिछड़ा है। संपूर्ण विश्व के लिये यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। म.प्र. में इन्दौर के पास स्थित 'पीथमपुर' में सेज औद्योगिक क्षेत्र उत्पादन एवं रोजगार सृजन की नई परिभाषाएं गढ़ रहा है। इन्दौर में सेज की स्थापना उसकी भौगौलिक स्थित के कारण और महत्वपूर्ण हो गई है। विशेष आर्थिक क्षेत्र जोन को फ्री ट्रेड जोन, एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन, इंडस्ट्रियल स्टेट, फ्री पोर्ट अरवन इंटरप्राइजेस आदि केटेगरी में बाँटा गया है।

रोजगार के प्रकार – मूल रूप से रोजगार को स्थायी तथा अस्थायी रोजगार के रूप में देखा जाता है। सामान्यत: इसे पाँच तरह से विभाजित किया जाता है। स्थायी रोजगार वह होता है जो साधारणत: सरकारी नौकरी या स्थायी वेतन प्रदाता द्धारा प्रदान किया जाता है। अस्थायी रोजगार वह होता है जो नियमित वेतन प्रदान नहीं करता है। बाकी सभी प्रकार के रोजगार इन्हीं दो क्षेत्रों के अंतर्गत आते है।

इन्दौर जिलें का संक्षिप्त परिचय – म.प्र. का 'मिनी मुंबई' एक वृहत व्यापारिक क्षेत्र है। यहां पर आई.टी. पार्क तथा आई.आई.एम. जैसे संस्थान है। 19.718 वर्ग कि.मी. में इस शहर का फैलाव है। यहाँ की जनसंख्या 32,72,335 है। यहाँ पर सांवेर रोड, पोलोग्राउंड हतोद, शिवाजी नगर, भागीरथपुरा, राऊ, लक्ष्मी नगर आदि औद्योगिक क्षेत्र है। इन्दौर नगर में 12,726 रजिस्टर्ड औद्योगिक इकाइयाँ है। इस शहर में उत्पादित सामान का निर्यात करने हेतु एयर कार्गो कांपलेक्स भी है। 21 से ज्यादा विशाल औद्योगिक इकाईयां है। यहाँ प्रतिवर्ष 7 से 8% की दर से औद्योगिक इकाईयाँ बढ़ रही है।

साहित्य समीक्षा – कुमार राजन (2006) के अध्ययन से ज्ञात होता है कि म.प्र. राज्य में सेज क्षेत्रों के परिचालन एवं उन्हें विकसित करने की पूर्ण क्षमता है। म.प्र. सभी प्रकार के खनिज पदार्थों से परिपूर्ण राज्य है। यहाँ की भौगोलिक स्थिति भी सकारात्मक है।

गर्वनमेंट आफ इंडिया (2017) की रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है कि म.प्र. में विशेष आर्थिक क्षेत्र जोन बनाने से म.प्र. में फ्रूड प्रोसेसिंग, कृषि उपकरण नियति तथा इंजीनियरिंग क्षेत्र से संबंधित उत्पाद विदेशी मुद्रा कमाने वाले क्षेत्र बनकर उभरे है।

राजकपिला उमा कपिला (2014) के अध्ययन में सुझाव देती है कि भारत में जिन-जिन राज्यों ने सेज को नहीं अपनाया है उन राज्यों को तुरंत ही इस दिशा में निर्णय लेना चाहिये उससे उनकी जी.डी.पी. में सुधार होगा। नए-नए रोजगार के अवसर होंगे।

अध्ययन की आवश्यकता – म.प्र. एक उभरता हुआ औद्योगिक क्षेत्र है। यहाँ पर भारत की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में निवेश कर रही है। भंडारण व्यवसाय भविष्य में म.प्र. का विशेष व्यवसाय बनकर उभरेगा। अंबानी ग्रुप म.प्र. में 40 जगहों पर विशेष भंडार ग्रह खोल रहा है। सरकारी प्रयास एवं म.प्र. राज्य भंडारग्रह नीति 2012 भी म.प्र. को 'भंडारण हब' बनाने की और तेजी से कार्य कर रही है। सेज से सभी क्षेत्रों को एक-दूसरे से व्यावसायिक सहारा मिलता है ऐसे में इस प्रगतिशील विषय का अध्ययन और प्रांसगिक हो जाता है।

अध्ययन का महत्व :

1. रोजगार सृजन की संभावनाओं को परखना।
2. औद्योगिक संवर्धन नीति के परिणामों को जांचना।
3. म.प्र. में सेज के विकास की संभावनाओं का पता लगाना।
4. सेज स्थापना के दूरगामी परिणामों का जाँचना।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. म.प्र. के विशेष आर्थिक क्षेत्रों का अध्ययन करना।

* शोधार्थी, विधिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट, भोपाल (म.प्र.) भारत
** एच.ओ.डी., सागर इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड टेक्नॉलाजी एक्सीलेंस, भोपाल (म.प्र.) भारत

2. रोजगार सृजन की स्थिति का परीक्षण करना।
3. विशेष आर्थिक क्षेत्र की चुनौतियों का अध्ययन करना।
4. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की म.प्र. में चुनौतियों का अध्ययन करना।

शोध अंतराल – अभी तक क्षेत्र पर कई प्रकार के शोध हुए तथा इनमें क्षेत्र के विभिन्न आयामों को परखा गया। वर्तमान में संपूर्ण देश में रोजगार एक अहम मुद्दा है। पूर्व के शोध कार्यों में रोजगार पर शोधात्मक लेख बहुत सीमित मात्रा में है दूसरे लंबे समय अंतराल के कारण उनके निष्कर्षों को और अधिक सटीकता की आवश्यकता है। इसलिये **'म.प्र. में विषेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) का रोजगार सृजन के क्षेत्र में योगदान का एक अध्ययन'** शोध पत्र हेतु चुना गया।

अध्ययन की समयावधि – 1 नवंबर 2017 से 31 जनवरी 2018 के बीच अध्ययन किया गया।

अध्ययन की सीमाएं :

1. शोधपत्र के लिये समय सीमा का अभाव था। विषय का विस्तार इतना अधिक है कि सूक्ष्म अध्ययन इसके लिये पर्याप्त नहीं है।
2. सांख्यिकीय उपकरणों की अपनी सीमाएं होती है।
3. उपलब्ध समंक संतोषप्रद नहीं थे। इसलिये सूक्ष्म शोध का सामान्यीकरण कठिनाई से किया जा सका।
4. द्वितीयक समंक संग्रहण के द्वारा सीधे-सीधे आर्थिक प्रगति को समझना आमजन के लिये कठिन है इसलिये उन पर नियंत्रण रखा गया।

परिकल्पना :

1. विशेष आर्थिक क्षेत्रों के द्वारा म.प्र. में रोजगार के अवसरों में वृद्धि नहीं हुई है।
2. विशेष आर्थिक क्षेत्रों के द्वारा म.प्र. में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

प्रस्तावित शोध कार्य की विधि – अध्ययन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये प्राथमिक एवं द्वितीय समंकों का उपयोग किया गया। तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष की दिशा में आगे बड़ा गया। सुविधापूर्वक निर्णय नमूने इन्दौर जिले के 25-25 व्यक्तियों के समूह बनाकर प्राप्त किये गये। तत्पश्चात् प्रश्नावली आरोपित की गई। समूह में 20 महिलाओं तथा 30 व्यक्तियों से रोजगार सृजन को जाँचने प्रश्न पूछे गये। उत्तरदाओं की औसत उम्र 38 वर्ष थी।

सेज एवं रोजगार सृजन एक अध्ययन – भारत में विशेष औद्योगिक क्षेत्र की दृष्टि से देखा जाये तो आंध्रप्रदेश (22) सेज के साथ प्रथम स्थान पर है। दूसरे स्थान पर तमिलनाडू (18) सेज के साथ द्वितीय तथा कर्नाटक (13) क्षेत्र के साथ तृतीय स्थान पर है। सबसे कम सेज उड़ीसा में है। महाराष्ट्र राज्य के पास (12) विशेष औद्योगिक क्षेत्र है। तथा गुजरात राज्य (9) औद्योगिक क्षेत्रों के साथ अपने आर्थिक माडल के लिये संपूर्ण भारत में एक प्रगतिशील राज्य का दर्जा लिये हुए है। म.प्र. में (6) विशेष आर्थिक क्षेत्र जोन स्थापित है। संभार तंत्र एवं आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में इन विशेष औद्योगिक क्षेत्रों का अमूल्य योगदान है।

वर्ष	रोजगार सृजन	वृद्धि	प्रतिशत
2012-13	1019146	174230	20.62
2013-14	1074904	55758	5.47
2014-15	1239845	164941	15.35
2015-16	1591381	351538	28.35
2016-17	1688337	96956	6.09

स्त्रोत डिपार्टमेंट ऑफ कामर्स इंडस्ट्रीज नई दिल्ली 2017-18

2012-13 में रोजगार वृद्धि दर 20.62: रही जबकि 2013-14 से 2017-18 तक क्रमश: 5.47%, 15.35%, 28.35%, 6.09% तथा 2017-18 में 17.11% रोजगार वृद्धि दर सकारात्मक परिमापों की और संकेत करती है।

अनुसंधान उपकरण – समंक संग्रहण हेतु 50 व्यक्तियों के समूह पर प्रश्नावली पर आधारित प्रश्न आरोपित किये गये। सेज क्षेत्र के द्वारा रोजगार सृजन के क्षेत्र में वृद्धि पर उनका योगदान पर प्रश्न पूछे गये। साथ ही अवलोकन, परीक्षण, साक्षात्कार, प्रश्नावली, अनुसूची, माध्य आदि का उपयोग किया गया।

अवलोकित तथा प्रत्याशित मानों की तुलना/काई-वर्ग मान की गणना

प्रतिक्रिया वर्ग	Fo	Fe	Fo-Fe	$(Fo-Fe)^2$	$\frac{(Fo-Fe)^2}{Fe}$
हाँ	28	25	03	9	0.36
नहीं	22	25	03	9	0.36
योग	50	50		N^2 =	0.72

सार्थकता स्तर .05/व .01 df = 3.841

काई वर्ग मान का परिगणित मान X^2 = 072 का मान .05 तथा .01 स्तरों पर सारणी मानों से कम है। अत: शून्य परिकल्पना को निरस्त किया जा सकता है। दोनों प्रतिक्रिया वर्ग की संख्या एक समान नहीं है। निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि सर्वेक्षण के परिणाम H1 परिकल्पना अर्थात् हाँ के सही होने का संकेत करते है।

सामान्यीकरण :

1. सेज के पास रोजगार सृजन की अपार संभावनाए है। म.प्र. में लगभग 19 औद्योगिक विकास केंद्र है तथा 7000 कि.मी. लंबी रेल्वे लाइनों का जाल इसकी मदद करता है।
2. उत्पादन तथा सेवा प्रदाता कंपनियों की संख्या 58% है। लगभग 18500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। पीथमपुर क्षेत्र में ही लगभग 41,900 मिलियन रूपयों का निवेश हुआ है। 2017 तक कुल व्यवसाय 1,23,000 मिलियन डालर रहा है जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।
3. यहाँ 4 औद्योगिक क्षेत्र, एक सरकारी आई.टी. पार्क (क्रिस्टल), तीन प्रायवेट आई.टी. पार्क तथा छिंदवाड़ा में एक और आई.टी. पार्क की स्थापना की जा रही है।
4. निरसंदेह रोजगार निर्माण के क्षेत्र में सेज एक बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।
5. संभारतंत्र एवं आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाने में सेज का योगदान बहुत उच्च है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि म.प्र. में विशेष आर्थिक क्षेत्र नवीन रोजगार निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रहा है, साथ ही इस क्षेत्र से भंडारण तथा लॉजिस्टिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। शुष्क बंदरगाह के रूप में विकसित किये गये म.प्र. के विभिन्न शहर जैसे मंडीदीप, पंवारखेड़ा, पीथमपुर, रतलाम तथा ग्वालियर आदि शहरों के बीच विशेष संपर्क सड़क का निर्माण करना चाहिये। प्रथम फेज में नजदीकी कारीडोर जैसे मंडीदीप तथा पंवारखेड़ा दूसरे पीथमपुर तथा रतलाम आदि विशेष औद्योगिक क्षेत्रों को स्काई लाइन परियोजना, या रोप-बे से जोड़ना चाहिये। (सीधे कंटेनर को जमीन से ऊपर रोप-बे की तरह विशेष रूप से तार पर लटकाकर भेजना) परियोजना को संभारतंत्र अभियान के रूप में पंच वर्षीय

योजना बनाकर उस पर देश की सरकारो को, राज्य सरकारों को अमल करना चाहिये इससे रोजगार क्षेत्र में एक नई क्राँति आयेगी।

सामान्य सुझाव :

1. म.प्र. सरकार को संभारतंत्र कंपनियों के लिये विशेष रियायती कर प्रणाली अपनाना चाहिये।
2. विशेष त्वरित निर्यात संर्वधन इकाइयों की स्थापना करनी चाहिये।
3. रूग्ण इकाईयों को पुनर्जीवित करने हेतु विशेष स्थापना करनी चाहिये।
4. प्रधानमंत्री शहरी सड़क विकास की स्थापना तथा उसके द्वारा दस वर्षीय ग्यारंटीड सड़क निर्माण करवाना चाहिये इससे सेज क्षेत्रों को निर्वाद रूप से कच्चा माल तथा उत्पादक वस्तुए आसानी से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सके।
5. म.प्र. में विशेष आर्थिक क्षेत्र के द्वारा एक नये औद्योगिक परिवेश का निर्माण किया गया हैं। औद्योगिक विकास संवर्धन नीति 2014 ने औद्योगिक विकास को एक नई शांति दी है।
6. म.प्र. में ग्वालियर, रतलाम, मंडीदीप, पीथमपुर, पँवारखेड़ा शुष्क बंदरगाह के रूप में विकसित किये जा चुके है।
7. म.प्र. में 12.9 औद्योगिक क्षेत्र तथा 10 औद्योगिक विकास पार्क बनाये गये है। निस्संदेह सभी क्षेत्र आज लाखों लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुमार राजन (2006) – सेज केप्चरिंग भी फारेन मार्केट, सदर्न इकोनामिस्ट, संस्करण 45, पी.पी.– 75–80?
2. गर्वनमेंट ऑफ इंडिया (2006) डिपार्टमेंट ऑफ कामर्स, मिनिस्ट्री ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री – नई दिल्ली।
3. गर्वनमेंट ऑफ इंडिया रिपोर्ट (2017)
4. https://www.mapsoindia.com
5. https://www.wikipedia.com
6. https://economictimes.com
7. Jw.fooster (1961) Industrial dynamicspp. 10 to 40.
8. Economic survey of 2015, 2016, 2017
9. www.sezindis.nic.in.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

आदिकवि वाल्मीकि रामायण मे कन्या के प्रति माता पिता और समाज की धारणा

डॉ. पंकज कुमार सिंह *

कन्या के प्रति माता पिता और समाज की धारणा एवं उसकी पारिवारिक स्थिति – रामायण में माता पिता के साथ कन्या के सम्बन्ध को प्रेममय बतलाया गया है। कन्या परिवार में पून्या थी। महाभारत में बताया गया है कि माता पिता कन्या को बह्मा दारा दिया गया धरोहर समझते थे। अपने घर में कन्या का रहना अत्यल्प काल (विवाह पर्यन्त) के लिए जानकार उसका काफी सम्मान करते थे। सामान्य परिवारो को अपेक्षा राजघरानो में कन्या का विशेष सम्मान था। राजा जनक अपनी पुत्री सीता को प्राणों से भी बढ़कर प्रिय मानते थे। इसीलिए वे अपनी कन्या का विवाह सुयोग्य वर से करना चाहते हैं। महाभारत में भी लिखा है कि सीता अपने पिता के प्राणों के समान थी। द्रौपदी भी अपने पिता सें अगाध प्रेम करती थी। अत्यन्त प्रिय होने के कारण ही राजा जनक ने अपनी कन्या को 'वीर्यशुल्का' घोषित कर दिया है। सीता अयोनिजा है। फिर भी जनक उसे स्वयं उत्पन्न पुत्री से भी बढ़कर मानते हैं और अत्यन्त प्रेमपूर्वक उसका लालन पालन करते हैं। माण्डवी एवं श्रुतकीर्ति के प्रति भी उनके पिता कुशध्वज द्वारा दिये गये किसी प्रकार की अवमानना का उल्लेख नहीं है। आदिकवि ने महर्शि विश्वामित्र के मुख से एक बार इनकी सुन्दरता की प्रशंसा करवायी है। यह केवल विश्वामित्र को उक्ति नहीं, अपितु राजा जनक ने भी आगे इसका समर्थन किया है। यह वृतान्त कन्या के प्रति माता-पिता के सुन्दर विचार का परिचायक है। महाभारत में भी कन्या को सुन्दर एवं स्नेहिल पारिवारिक स्थिति का परिचय प्राप्त होता है। कन्या के जन्म से आनन्दित होकर उसके संस्कार और शिक्षा का प्रबंध करके माता-पिता उसका विशेष लाड-प्यार से लालन-पालन करता थे।
पिता की रक्षा एवं माता के संरक्षण में उसके लिए सुख और मनोरंजन के पर्याप्त साधनों का प्रवन्ध किया जाता था। माता पिता उसके भविष्य की चिन्ता में उसके लिए सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहते थे। पिता की गोद में बैठकर नीतिशास्त्र का पाठ सुनाने वाली द्रोपदी पितृस्नेह में पली हुई बालिका का एक चित्र प्रस्तुत करती है। पिता स्नेह से पुत्री का आलिंगन करता [1] और सिर सूंघता था। [2] गरीब परिवार में भी पिता-पुत्री का परस्पर व्यवहार प्रेमपूर्ण रहता था, जैसा कि एक ब्राह्मण और उसकी कन्या का था। [3] आश्रम में रहनेवाले कण्व का भी शकुन्तला के प्रति नितान्त स्नेह था। [4]

महाभारत कालीन कन्या की पारिवारिक स्थिति से रामायण काल में भी उसकी स्थिति का अनुमान किया जा सकता है क्योंकि दोनों ग्रन्थ प्राय: एक ही युग का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे प्रतीत होता है कि कन्या की पारिवारिक स्थिति अच्छी थी। माता पिता या परिवार के अन्य सदस्य उसे हीन दृष्टि से नहीं देखते थे। यह बात अवश्य थी कि कन्या के संबंध में प्रचलित परम्परागत धारणा का प्रभाव जनमानस पर तो था ही। पुत्री की अपेक्षा पुत्र को अधिक स्नेह दिया ही जाता था। सुमन्त ने अंगराज रोमपाद की पुत्री शान्ता के लिए महाभागा [5] अर्थात् सौभाग्यशालिनी विशेषण का प्रयोग किया है। सुमन्त द्वारा प्रयुक्त इस विशेषण से अनुमान होता है कि लोगों के मन में कन्या के प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी। यदि कन्या के नाम से ही लोगों को घृणा होती तो उसके लिए 'महाभागा' विशेषण का प्रयोग नहीं किया जाता। धर्मात्मा राजर्षि कुशनाभ को घृताची अप्सरा से उत्पन्न सौ पुत्रियाँ थीं। आदिकवि ने उनके शील-सौन्दर्य एवं सुचरित्र की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। [6] वहां कन्या के लिए निन्दापरक किसी शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। गाधि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए विश्वामित्र ने अपनी बहन सत्यवती का नाम अत्यन्त श्रद्धा एवं प्रेमपूर्वक लिया है। उन्होंने उसकी सच्चरित्रता, सत्यप्रतिज्ञता एवं धर्मनिष्ठा की प्रशंसा भी की है। [7] इससे तत्कालीन समाज में भाई-बहन के परस्पर प्रेम का अनुमान होता है। इस प्रसंग में अभिव्यक्त विश्वामित्र के श्रद्धा भाव से ही परिलक्षित होता है कि लोग कन्या निन्दक नहीं थे। कन्या के प्रति लोगों के हृदय में श्रद्धा स्नेह एवं सहानुभूति के भाव भरे हुए थे। गंगातट पर विश्वामित्र श्रीराम से मेना के गर्भ से उत्पन्न हिमाचल सुता गंगा और उमा की उत्पत्ति की कथा बतलाते हैं। [8] उस स्थल पर भी कवि ने सामान्य भाषा का प्रयोग किया है। वहाँ कन्या के प्रति घृणा के बोधक किसी शब्द का प्रयोग नहीं है। विश्वामित्र ने अत्यन्त प्रेम और श्रद्धा पूर्वक उनकी उत्पत्ति की कथा सुनायी है। उन्होंने दोनों कन्याओं को वन्दनीय ही बतलाया है।[9] विश्वामित्र की इस उक्ति में तो कन्या को सामान्य स्तर से उठाकर अत्यन्त प्रतिष्ठित पद पर रख दिया गया है। विश्वामित्र ने यह भी कहा है कि हिमवान् ने अपनी पुत्री उमा को अप्रतिम प्रभावशाली भगवान् शंकर को समर्पित किया है [10] जिससे भविष्य में उसे किसी प्रकार का कष्ट न हो। इस उद्धरण से कन्या के प्रति पितृ प्रेम का पता चलता है।

कन्या धार्मिक दृष्टि से भी पवित्र मानी जाती थी। प्रात:काल दशरथ को जगाने के लिए मांगलिक उपचारों को लेकर कन्या बहुल स्त्रियाँ राजद्वार पर उपस्थित होती है। कन्या को पवित्र एवं उनका दर्शन शुभ माना जाता था। इसीलिए अधिक संख्या में वे ही उपस्थित हुई हैं। यह प्रसंग कन्याओं की सामाजिक प्रतिष्ठा को सिद्ध करता है। लोगों की यह धारणा थी कि पुत्र के चरित्र निर्माण में पिता के चरित्र का योगदान होता है तथा माता के चरित्र का प्रभाव कन्या के चरित्र पर पड़ता है।[11] इसीलिए पिता पुत्र और माता-पुत्री में संस्कारगत चरित्र-साम्य दृष्टिगोचर होता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि रामायण काल में कन्या का जीवन

* पीएच.डी. (संस्कृत विभाग) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

सुखद एवं प्रतिष्ठित था।[12] सामाजिक जन उन्हें प्रतिष्ठापूर्वक दृष्टि से देखते थे। कन्या के संबंध में लोगों की भावना उदार थी। परन्तु रामायण में कहीं कहीं ऐसा भी कहा गया है कि सम्मान की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए कन्या का पिता होना दुख का ही कारण है।[13] रामायण में राजा दशरथ एवं सगर की पुत्र प्राप्ति की उत्सुकता एवं व्याकुलता का उल्लेख हुआ है[14] लेकिन किसी की पुत्री-प्राप्ति की आकांक्षा की चर्चा नहीं हुई है। इससे ऐसा अनुमान होता है कि यद्यपि समाज में कन्या की निन्दा नहीं की जाती थी, लेकिन पुत्र का ज्यादा महत्व दिया जाता ही था। पुत्र के जन्म से लोगों को अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्नता होती थी। महाभारत में भी कन्या के प्रति जन-सामान्य की ऐसी ही धारणा दिख पड़ती है।[15] महाभारत में पुत्र जन्म की प्रशंसा पुत्र को नितान्त आवश्यकता जन्म से प्राप्त होने वाले ऐहिक तथा पारलौकिक लाभ आदि विषयों पर बार बार जोर दिया गया है। पुत्र अपने पितरो का नरक से उद्धार करता था।[16] अतः परम सुख का साधन था किंतु पुत्री महान कष्ट देने वाली कहलाती थी।[17] इसीलिए राजा द्रुपद को पत्नी पार्वती ने शिखण्डिनी के जन्म पर अपने सपत्नियों की अवहलना के भय से उस पुत्री को पुत्र के रूप में प्रकट किया है।

रामायण काल में पितरों के उद्धार के लिए पुत्र की आवश्यकता समझी जाती थी। महाराज दशरथ भी इसीलिए पुत्र प्राप्ति हेतु उत्सुक दिखाये गये हैं। मनुष्य की इस आवश्यकता की पूर्ति कन्या से संभव नही थी। दूसरा कारण था कन्या की विवाहकालिक कठिनाईयां। रामायण के उत्तारकाण्ड में स्पष्ट कहा गया है कि कन्या को कैसा पुरुष वरण करेगा इसका पता नहीं चलता। अतः उसके माता-पिता को सतत् चिन्ता बनी रहती है। इतना ही नहीं कन्या को वरण करने वाले पुरुष का कुल भी चिन्ताओं में पड़ जाता है कि न जाने वधु घर बसाने वाली, सुशील एवं सच्चरित्र होगी या दुष्टा, कर्कशा एवं सर्वनाशकारिणी। वरमाला भवालकर ने इस बात का समर्थन करते हुए लिखा है कि महाभारत काल में भी कन्या की शीलरक्षा, विवाह एवं भविष्य उनके सुख आदि की चिंता ही उनके कष्ट कारक कहलाने का कारण। रामायण के पूर्ववर्ती साहित्य में भी कन्या के संबंध में जन सामान्य की ऐसी ही धारणा थी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वही, अनुशासन 78/14
2. वही, उद्योग 95/20-21
3. वही, आदि. 145/34-37 एवं 147/1-12
4. वहीं, 67/30-33
5. कन्या चास्य महाभाग शन्तानाम भविष्यति । वा.रा.1/11/3
6. अथ ताश्चारुसर्वाड्.गो रुपणापतिमा भुवि ।
   उद्यानभूमिमागम्य तारा इव घनान्तरे ॥
   ताः सर्वा गुणसम्पन्ना रुपयौवनसंयताः । वही, 1/32/14-15
7. वही, 1/34/7-9
8. वहीं, 1/35/16
9. वही, 1/35/22
10. उग्रेण तपसा युक्तां ददौ शैलीवरः सुताम् ।
    रुद्राय प्रतिरूपाय उमां लोकनमस्कृताम् ॥ वही, 2/35/21
11. मङगलालभ्यनीयानि प्राशनीयान्युपस्करान् ।
    उपानिन्युस्तथा पुण्याः कुमारी बहुलाः स्त्रियः ॥ वही, 2/65/9
12. सत्यश्चात्र प्रवादोऽयं लौकिकरू प्रतिभाति मा ।
    पितृन् समनुजायन्ते नरा मातरमङ्गना ॥ वही, 2/35/28
13. कन्यापितृत्वं दु:खहि सर्वेषां मानकांक्षिणाम् ।
    न ज्ञायते च कः कन्यां परयेदिति कन्यके । वही, 7/9/9
14. अयोध्याधिपतिवीर पूर्वमासीन्नराधिपः ।
    सागरो नाम धर्मात्मा प्रजाकामः स चाप्रजः ॥ वही, 7/38/2
15. पुत्रानिच्छेत्पावनार्थ पितृणाम् । महा. शांति. 169/6
    पुत्रलाभो हि कौन्तेय सर्वलाभाद् विशिष्यते । वही. अनुशासन. 50/96 तथा 103/5
16. वही, आदि. 59/19, उद्योग. 116/8
17. वही, आदि. 68/52-57

****

वर्तमान भारतीय लोकतंत्र में मतदान व्यवहार की चुनौतियाँ एवं संभावनायें

अभिजीत सिंह *

प्रस्तावना – वर्तमान भारतीय लोकतंत्र में भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है परन्तु इसके समक्ष विभिन्न प्रकार की समस्यायें एवं चुनौतियाँ उत्पन्न हुई है। इन समस्याओं में प्रमुखत: सम्प्रदायवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, गरीबी हिंसा, अपराधीकरण, क्षेत्रीय विभिन्नतायें मतदान व्यवहार, अशिक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक विषमता, जनसंख्या विस्फोट आदि है। जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता जब तक भारत विकास की ओर अग्रसर नहीं हो सकता और न ही लोकतंत्र की पराकाष्ठा को प्राप्त कर सकता है।

लोकतंत्र में सभी को मतदान करने का अधिकार दिया गया है। जिस व्यक्ति के पास मत देने का अधिकार नहीं होता है वह अपंग के समान है। लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मतदान का आवश्यक अंग बनाया गया है। आज भी कई देशों में मतदान करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। जबकि सुशासन के लिए अच्छे उम्मीदवार का चयन कर सोच विचार कर मतदान करना चाहिए। मतदान करते समय जातिवाद आड़ें नहीं आना चाहिए। वर्तमान राजनीति में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। इसके लिए दोषी और कोई नहीं बल्कि मतदाता ही है। एस0डी0एम0 ईश्वर सिंह राठौर ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरुआत करना भारत निर्वाचन आयोग की अनूठी पहल है। नये मतदाता बनने जा रहे 18 वर्ष के युवा मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारियों से अवगत कराने का यह एक महत्वपूर्ण आयाम है। 18 वर्ष के प्रत्येक युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना हम सभी आ उत्तरदायित्व है। नवीन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ गया है। मतदाता बनना उनके लिए गौरव की बात है। एस0डी0एम0 शंकर लाल शर्मा ने निर्वाचन अधिकारी का पत्र पढ़कर सुनाया, कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने नवीन मतदाताओं को माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही उन्हें मतदाता पहचान पत्र भी वितरित किया।

मताधिकार – भारतीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया के अलग–अलग स्तर है लेकिन मुख्यतौर पर संविधान में पूरे देश के लिए एक लोकसभा तथा पृथक–पृथक राज्यों के लिए अलग विधानसभा का प्रावधान है। भारतीय संविधान के भाग–15 में अनुच्छेद 324 से अनुच्छेद 329 तक निर्वाचन की व्याख्या की गयी है। अनुच्छेद–324 निर्वाचकों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग में निहित होना बताता है। संविधान के अनुच्छेद–324 में ही निर्वाचन आयोग को चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। 1989 तक निर्वाचन आयोग केवल एक सदस्यीय संगठन था लेकिन 16 अक्टूबर 1989 को राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचना जारी कर दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की गयी।

लोकसभा की कुल 543 सीटों में राज्यों से अलग–अलग संख्या में प्रतिनिधि चुने जाते है। इस प्रकार अलग–अलग राज्यों की विधानसभाओं के लिए अलग–अलग संख्या में विधायक चुने जाते है। नगरीय निकाय चुनाव का प्रबन्ध राज्य निर्वाचन आयोग करता है। जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण में होते है। जिसमें वयस्क मताधिकार प्राप्त मतदाता प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से सांसद एवं विधायक चुनते है। लोकसभा एवं विधानसभा दोनो का ही कार्यकाल 5 वर्ष निर्धारित होता है। इसके चुनाव के लिए सबसे पहले निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी करता है। अधिसूचना जारी होने के पश्चात सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के तीन भाग होते है :– नामांकन, निर्वाचन तथा मतगणना। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन पत्रों को दाखिल करने के लिए 7 दिनों का समय मिलता है। उसके पश्चात् एक दिन उसकी जाँच पड़ताल के लिए रखा जाता है। तत्पश्चात् दो दिन नाम वापसी के लिए दिये जाते है। ताकि जिन्हें चुनाव नहीं लड़ना है वे आवश्यक विचार विमर्श के बाद अपना नामांकन वापस ले सके।

राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सदस्यों के चुनाव प्रत्यक्ष न होकर अप्रत्यक्ष रुप से होते है। इन्हें जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि सुनते है। चुनाव के वक्त पूर्ण प्रशासनिक मशीनरी चुनाव के नियंत्रण में कार्य करती है। चुनाव की घोषणा होने के पश्चात् आचार संहिता लागू हो जाती है और हर राजनीतिक दल उसके कार्यकर्ता एवं उम्मीदवार को आदर्श आचार संहिता का पालन करना होता है।

लोकतंत्र में मतदाता जागरुकता अभियान का महत्व – 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में आस्था रखते हुए शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव की गरिमा बनाये रखेगें तथा प्रत्येक चुनाव में निर्भयता तथा धर्म, नस्ल जाति, समुदाय भाषा या किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करेगें', यह शपथ है जिसे पिछले तीन वर्षो के दौरान योग्य मतदाताओं में लोकप्रियता मिली है। इस शपथ में चुनावों के प्रति युवा भारत की सोंच बदल दी है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की चरणबद्ध मतदाता, शिक्षा तथा निर्वाचन भागीदारी (एस0वी0ई0ई0पी0) की पहल सराहनीय है। निर्वाचन आयोग की महत्वपूर्ण पहल के रुप में (एस0वी0ई0ई0पी0) ने मतदाता में मतदाताओ की भागीदारी में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येंक पक्ष को जीवन्त किया है। विगत कुछ वर्षो के दौरान मतदाता पंजीकरण विशेषकर चुनावों में 10 से 15 प्रतिशत से बढ़कर 30 से 35 प्रतिशत हो गया है और 2010 के पश्चात् हुए लगभग सभी राज्य विधानसभा चुनावों में बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने आये। इसमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। निर्वाचन प्रबंध प्रक्रिया के केन्द्र

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) विक्रमादित्य कालेज, विजयनगर, जबलपुर (म.प्र.) भारत

में मतदाता पंजीकरण तथा निर्वाचक शिक्षा है। लेकिन गुणवत्ता तथा मात्रा की दृष्टि से भारत में मतदाता भागीदारी आदर्श भागीदारी वाले लोकतंत्र से अभी भी दूर है। पंजीकरण मतदाता फोटो पहचानपत्र/पहचान प्रमाण, मतदाता केन्द्र स्थान, ई0वी0एम0 उपयोग, चुनाव समय, आदर्श आचार संहिता में क्या करें, उम्मीदवारों या उनके सहयोगियों द्धारा मतदाताओं के कमजोर वर्ग को प्रभावित करने के लिए धन, बाहुबल तथा शराब का उपयोग जैसे विषयों में मतदाता को क्या जानना चाहिए और वह वास्तविक रुप से क्या जानता है इसमें फर्क है। यह देखा गया है कि मतदाता जागरुकता अभियान हमेशा मतदाताओं को वास्तविक मत देने वाले के रुप में नहीं बदलता, मतदाता जागरुकता में वृद्धि के उद्देश्य को प्राप्त करने, वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रणालीबद्ध मतदाता, शिक्षा तथा निर्वाचक भागीदारी कार्यक्रम प्रारम्भ किया है ताकि मतदाता को सुचित, शिक्षित तथा प्रेरित किया जाये और उनकी मदद की जा सके जिससे भारतीय लोकतंत्र को अधिक भागीदारी वाला तथा सार्थक बनाया जा सके। एस0वी0ई0ई0पी0– एक नजर में, मतदाता व्यवहार सर्वेक्षण राज्य तथा जिला स्तर पर एस0वी0ई0ई0पी0 योजनाओं का निरुपण राज्य स्तर के लिए राज्यकर्मी तथा जिला स्तर पर कोर समूह सरकारी विभाग के साथ सहयोग सी0ए0ए0ओ0 मीडिया तथा संगठनों के सहयोग से राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा राज्य स्तर पर प्रतिष्ठित लोगों की पहचान भविष्य का मार्ग किसी भी मतदाता शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को उपयुक्त सूचना उपलब्ध कराना है। यदि अभियान में सार्वभौमिक रुप से मतदाताओं को कवर किया जाता है तो व लोकतंत्र के लिए बड़ी सफलता होगी। एस0वी0ई0ई0पी0 के बैनर तले मैराथन, रैलियाँ, जूलूशों, क्विज प्रतियोगितायें, फिल्म प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक, एस0एम0एस0 तथा हेल्प लाइनों के युवाओं के अलगाव शहरी उदासीनता तथा मतदान के बारे में धीमी गति से नैतिक प्रचार जैसी खाइयों को एन0आर0आई0 पंजीकरण, मतदाताओं को कम भागीदारी के लिए सेवा जैसी एस0वी0ई0ई0पी0 की गतिविधियों से पाटा जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग व्यक्ति के मत की शक्ति तथा उसकी अधिकारिता के बीच गहरे आपसी सम्बन्धों को जानने के लिए निरन्तर प्रयासरत है।

लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व हैं। मतदान करना हर नागरिक का परम कर्तव्य है। भारत विश्व में सबसे बड़ें प्रजातंत्र की श्रेणी में आता है। देश में मिलीजुली संस्कृति भाषा में विभिन्नता होने के बाद भी समस्त नागरिको को मतदान का अधिकार प्राप्त है। पाँच वर्ष मे एक बार सुअवसर प्रदान करने की व्यवस्था बनाई गयी है। अपनी समझ व परख के अनुरुप बिना किसी भय संकोच व दबाव के जाति धर्म को आधार मानकर वोट देने में स्वविवेक से ऐसी सरकार चुने जो सर्वगुण सम्पन्न व्यक्तियों के संचालित हो। देश में वर्तमान समय में नौजवान वर्ग जागरुक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार के विकास को देखते हुए उचित दल को चयन करने की आवश्यकता है। स्वविवेक व बिना दबाव के वोट डाला जाये तथा अपने अधिकारों को उपयोग अवश्य किया जाये। शहर व कस्बा अपना है। इसको ठीक ढंग से संचालित करने वाले भी हम सब की मर्जी से चुने जाये इसके लिए एकजुटता से मतदान करना होगा। इस चुनाव में देश का भविष्य निर्धारित होता है। बूथ पर पहुँचकर स्वयं मतदान करते हुए औरो को भी प्रेरित करने का कार्य करना होगा।

भारतीय लोकतंत्र में मतदान का महत्व – आधुनिक जनतंत्रों के मतदान के महत्व तथा उसकी प्रणाली के सम्बन्ध मे विभिन्न सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये है। इन सिद्धान्तों के फलस्वरुप आवश्यकता के समय संघर्ष निवारण की सामाजिक प्रविधि के रुप में शासन सत्ता के प्रति अनुवृत्ति प्राप्त करने के ढंग के रुप में, सामाजिक संघर्ष के रुप में, उचित परिस्थितियों में उचित निर्णय प्राप्त करने की पद्धति के रुप में, सामाजिक आवश्यकताओं तथा असंतोषों की व्यवस्था के रुप में तथा अल्पसंख्यकों को राज्य के लाभों से वंचित रखने की व्यवस्था से बचने के ढंग के रुप में मतदान को मान्यता प्राप्त हुई है। हाल में, इस समस्या पर यथेष्ट ध्यान दिया जाने लगा है कि जिन्हें मताधिकार प्राप्त है वह किस सीमा तक इस अधिकार के प्रयोग में भाग लेने का कष्ट करते है। इस विषय में की गयी खोज के अनुसार उन लोकतंत्रात्मक देशों के लोक मतदान में अधिकतम संख्या में भाग लेते है। 'अनिवार्य मतदान' की व्यवस्था अपनाई गयी है। अनिवार्य मतदान का सिद्धान्त सर्वप्रथम विस्तार के साथ स्विजरलैण्ड के सेन्ट गैलिन नामक कैन्टन ने अनिवार्य किया गया। जिसके लिए सन् 1835 ई0 में इस कैन्टन में जिला परिषद के चुनाव में अकारण भाग न लेने वालो के लिए विधान द्धारा अर्थदण्ड की व्यवस्था की गयी है। यह व्यवस्था स्विस नागरिकों को मताधिकार के उत्तरदायित्व का अनुभव कराने में सफल हुई, साथ ही इस व्यवस्था के फलस्वरुप मतदाताओं को मतदान में सम्मिलित होने के लिए उन्हें घर से बाहर लाने की राजनीतिक संगठनों का कार्यभार भी हल्का हुआ है। इस प्रकार बबेरिया ने सन् 1881 ई0 में, बुल्गेरियाँ ने सन् 1882 ई0 में तथ बेल्जियम ने 1893 ई0 में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था अपनाई। बबेरिया की व्यवस्था के अनुसार यदि मतदाताओं की पूरी संख्या के एक तिहाई से अधिक लोग मतदान में भाग नहीं लेते है तो अनुपस्थित मतदाताओं को पुनः चुनाव कराने का पूरा व्यय वहन करना पड़ेगा। बेल्जियम ने अनुपस्थित मतदाताओं के लिए तीन प्रकार के दण्ड निर्धारित किये। जिसमें अर्थदण्ड, सार्वजनिक भस्तसना तथा मताधिकार अपहरण सम्मिलित है।

अनिवार्य मतदान के विपक्ष में सामान्यतः यह कहा जाता है कि यह व्यवस्था आधारित आपत्ति करने वालो के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ती तथापि मतदान ना करने वालो का चरित्र उतना महत्वपूर्ण विषय नहीं है जितना इस बात पर ध्यान देना कि मत प्राप्त करने के लिए किन साधनो का प्रयोग किया जाता है। यदि किसी देश में अनुचित साधनों द्धारा विशिष्ट उद्देश्यों एवं स्वार्थो की पूर्ति के लिए सचेष्ट राजनीतिक संगठन मतदाताओं को मतदान में सम्मिलित होने की प्रेरणा देते है तथा इस प्रकार अपने पक्ष में उनके मत संग्रह करते है तो निश्चय ही निर्वान तथा मतदान का प्रबन्ध सरकार के हाथों सौपना अधिक श्रेयकर होगा। जिससे यह कार्य अधिक उत्तरदायित्व के साथ सम्पन्न हो सके।

मतदान व्यवहार की चुनौतियाँ एवं सम्भावनायें – सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार, धनबल, अपराधीकरण, मतदान का अपर्याप्त प्रतिशत अन्दर से या बाहर से समर्थन कर सरकार बनाना और गठबन्धन धर्म इत्यादि वे प्रमुख व्याधियाँ है जिनके दुष्प्रभाव से भारतीय लोकतंत्र में जनगण की गतिशील सहभागिता एवं स्वस्थ्य भूमिका निरन्तर द्रवित हो रही है। फलतः भारतीय लोकतंत्र का समावेशी स्वरुप कुण्ठित हो रहा है। वस्तुतः भारतीय संसदात्मक व्यवस्था में कुछ प्रमुख चुनौतियों का समाधान हो जाए तो उसका स्वरुप निःसन्देह अभीष्ट आकार प्राप्त कर लेगा। ये प्रमुख चुनौतियाँ हैं –

1. मतदान का संतोषजनक प्रतिशत तथा
2. राजनीति का अपराधीकरण व धनबल का प्रदर्शन।

1. असन्तोषजनक मतदान का प्रतिशत – 1950 में भारत का संविधान पूर्णत गणतंत्र बन गया था परन्तु किसी भी जनतांत्रिक गणतंत्र की मूलभूत

आवश्यकता 'मतदान' वर्तमान में भी वांछनीय प्राथमिकता के अभाव से ग्रस्त है।

तालिका-1 में 1952 से 2014 तक के मतदान प्रतिशत प्रदर्शित किये गये है इसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रत्येक सामान्य निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत वांछनीय नहीं रहा है। कतिपय वर्षो यथा 1984 और 2014 में यह प्रतिशत संतोषजनक रहा है परन्तु यह दोनो वर्ष क्रमश: भावुकता एवं लहर तथा मीडिया प्रयोजित आरोपो से अछूता नहीं है अर्थात मतदान के यह प्रतिशत जनगण के स्वत: स्फूर्ति लोकतांत्रिक आचरण का परिणाम नहीं है।

तालिका-1 : भारतवर्ष के सामान्य निर्वाचन-1952 से 2014

निर्वाचन वर्ष	मतदाता (प्रति 10 लाख में)	मतदान (प्रति 10 लाख में)	मतदान का प्रतिशत
1952	173.2	79.1	45.7
1957	193.7	92.4	47.7
1962	217.7	120.6	55.4
1967	250.6	153.6	61.3
1971	274.1	151.6	55.3
1977	321.2	194.3	60.5
1980	363.9	202.7	56.9
1984	400.1	256.5	64.1
1989	498.9	309.1	62.0
1991	592.6	343.3	57.9
1996	592.6	343.3	57.9
1998	602.3	373.7	62.0
1999	619.5	371.7	60.00
2004	67.5	389.9	58.1
2009	716.0	-	56.9
2014	814.0	-	66.4

1962 में हुए तीसरे आम चुनाव में 55.42 प्रतिशत मतदान वोट डालने आये इसमें महिलाओं का प्रतिशत मात्र 46 प्रतिशत था। 1967 में 61.33 और 1971 में 55.30 प्रतिशत मतदान हुआ। आठवीं लोकसभा के लिए 1980 के चुनाव 56.92 प्रतिशत मतदान हुआ था। 1984 में 64.1, 1989 में 61.95, 1991 में 56.93 और 1996 में 57.84 प्रतिशत मतदान हुआ। बाहरवी लोकसभा के लिए 1998 में 61.97 प्रतिशत लोगों ने वोट डाला। इन उल्लिखित वर्षो में नवीनतम निर्वाचन से पूर्व सर्वाधिक मतदान का प्रतिशत 1984 मे रहा है। यह आम चुनाव इन्दिरा गाँधी की हत्या के पश्चात् सम्पन्न हुआ था अर्थात् मतदाताओं के भावुक होने के तथ्य से प्रत्येक सहमत है। तत्पश्चात् प्राप्त मतदान प्रतिशत उल्लेखनीय की श्रेणी में नही कहा जा सकता।

1962 के तीसरें आम निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत 55.42 प्रतिशत रहता है और 2009 की पन्द्रहवी लोकसभा में यह 59.7 प्रतिशत रहता है तो निश्चित ही राष्ट्र के नीतिनियंताओं की सदायता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। 1952 मे भारत वर्ष की साक्षरतादर जीवन प्रत्याशा, मृत्यु दर सड़क एवं परिवहन अथवा अन्य सामान्य सुविधाजनक सुविधाओंजनक सेवाओं का जो प्रतिशत था वह 2014 में श्रेष्ठतम ही हुआ है। इसके पश्चात् भी मतदान का प्रतिशत उल्लेखनीय न हो पाना भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की स्वस्थ्य गतिशीलता को संदेहास्पद बताता है।

तालिका-2

भारतवर्ष के सामान्य निर्वाचनों में पुरुष/महिला मतदान का प्रतिशत



1957 में कुल 48 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसमें 56 प्रतिशत पुरुष 39 प्रतिशत महिलायें मतदाता थी। 1967 में कुल मतदान 61 प्रतिशत हुआ था। जिसमें महिला-पुरुष का मत प्रतिशत क्रमश: 49 एवं 61 रहा था। 1980 में कुल मतदाता लगभग 57 प्रतिशत थे। जिसमें महिलायें 51 प्रतिशत और पुरुष 62 प्रतिशत थे। 1991 में कुल मतदान, महिला मतदाता एवं पुरुष मतदाता का प्रतिशत क्रमश: 56, 51 एवं 61 था। 2004 के चौहदवें सामान्य निर्वाचन में कुल मतदान 58 प्रतिशत था। जिसमें 62 प्रतिशत पुरुष मतदाता और 54 प्रतिशत महिला मतदाता थी। 2009 के चुनावी समर में मतदान लगभग 58 प्रतिशत हुआ था। जिसमें महिला मतदाता 55 प्रतिशत थी और पुरुष मतदाता 60 प्रतिशत थे। 2014 के नवीनतम निर्वाचन में कुल मतदान एवं स्त्री-पुरुष मतदान की स्थिति क्रमश: 66, 65 एवं 67 प्रतिशत थी।

तालिका-2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रत्येक निर्वाचन में महिला मतदाताओं का प्रतिशत निरन्तर बेहतर होता रहा है। जहाँ तक प्रश्न इस तथ्य का है कि महिला प्रत्याशियों की संख्या प्रतिशत की स्थिति क्या है? तो प्रत्युत्तर में यह अवश्य स्वीकारा जा सकता है कि महिला प्रत्याशियों के प्रतिशत में कतिपय वृद्धि तो हुई है परन्तु यह वृद्धि पूर्णरुपेण संतोषजनक नहीं कही जा सकती।

2. राजनीतिक अपराधीकरण एवं धनबल - ऐसा प्रतीत होता है कि राजनीति का अपराधीकरण प्राचीन कथन हो गया है। इसके स्थान पर 'अपराध का राजनीतिकरण' अधिक प्रासंगिक है। एक व्यक्ति जब अपराध करते-करते चरम पर पहुँच जाता है तो किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ले लेता है और निर्वाचित होकर प्राय: मंत्री पद प्राप्त कर संसद अथवा विधान सभा में विधि निर्माण अथवा नीति निर्माण का सादृश्य कार्य करने लगता है। 2004 से सितम्बर 2013 के मध्य सम्पन्न होने वाले समस्त लोकसभा, विधानसभा के चुनाव व उपचुनाव में प्रस्तुत होने वाले 62847 शपथपत्रों के विश्लेषण उपरान्त यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ है कि 11030 (अट्ठारह प्रतिशत) प्रत्याशियों पर 19984 गंभीर अपराधिक मामले-हत्या, बलात्कार, अपहरण, फिरौती, भ्रष्टाचार एवं डकैती है। यह आंकड़ा प्रत्येक 5 प्रत्याशी पर 1 के अनुपात में है। गंभीर आपराधिक मामलों में 1229 मामले हत्या, 2632 मामले हत्या का प्रयास और 496 मामले भारतीय दण्ड संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित है। इनमें से 68 बलात्कार के मामले है और 455 अन्य आपराधिक मामले है जो महिलाओं के साथ हुए है। लगभग 978

मामले भारतीय दण्ड संहिता के उल्लंधन से सम्बिन्धित है और 1004 मामले लूटपाट और डकैती से सम्बन्धित है। तालिका-3 का अवलोकन करने से स्पष्ट हो जाता है कि गंभीर आपराधिक दोषियों द्वारा मात्र प्रत्याशी के रुप में निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता ही नहीं की जाती है अपितु विजयश्री को भी ग्रहण किया जाता है।

तालिका-3 : गंभीर आपराधिक दोषी प्रत्याशियों और निर्वाचन प्रतिनिधियों का प्रतिशत

गम्भीर अपराधों की संख्या	प्रत्याशियों की संख्या	प्रत्याशियों का प्रतिशत	निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या	निर्वाचन प्रतिनिधियों का प्रतिशत
50	5	0.01	1	0.01
40	9	0.01	2	0.02
30	17	0.03	3	0.03
20	50	0.08	17	0.19
10	152	0.24	50	0.57
5	433	0.69	127	1.44
4	627	1.00	184	2.09
3	971	1.54	270	3.07
2	1533	2.44	416	4.73
1	2700	4.30	678	7.71
0	5253	8.36	1187	13.50

तालिका-3 से स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार के अपराधों से आरोपित प्रत्याशी मात्र निर्वाचन से ही सहभागी नहीं होते अपितु निर्वाचित होकर विधायिका में पहुँचकर नीति निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते है। इस प्रकार धनबल का भी लज्जाहीन प्रदर्शन भारतीय चुनाव की परम्परा बन चुकी है। वस्तुत: भुजबल और धनबल एक ही सिक्के के दो पहलू है।

भारतीय लोकतंत्र में भुजबल और धनबल दोनो का अन्योनश्रित सम्बन्ध स्थापित हो चुका है। प्रत्येक राजनीतिक दल द्वारा प्रत्याशियों के चयन का आधार उसके निर्वाचित होने की क्षमता मात्र होती है। प्रत्याशी द्वारा निर्वाचित होने की क्षमता का अर्जन काले धन से किया गया है अथवा काले कारनामें से इससे किसी भी राजनीतिक दल का प्राय: कोई सरोकार नहीं रहता है। तालिका-4 में इसी तथ्य की पुष्टि की गयी है कि प्रत्येक राजनीतिक दल में मात्र प्रत्याशियों के विजयी होने की क्षमता का आकलन किया गया है। प्रत्याशी के चरित्र और आचरण का विश्लेषण करने की आवश्यकता कोई भी राजनीतिक दल स्वीकार नहीं करता है।

तालिका-4 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका-4 में राजनीतिक दलों में अपराधियों के प्रायोजित एवं संज्ञान घुसपैठ, धनबल के आंकडों का प्रदर्शन किया गया है।

निष्कर्ष – भारतीय लोकतंत्र और मतदान व्यवहार अग्रलिखित चुनौतियों से ग्रस्त हैं :-

1. वर्तमान समय में सामान्य जनता राजनीति से दूरी बनाये रखने में ही अपनी सच्चरित्रता और शान्ति का एक बड़ा कारण स्वीकारता है। यह लोकतांत्रिक राजनीति की मूल्याहीनता का द्योतक है।
2. भारतीय जनतंत्र की स्थायी प्रवृत्ति में यह भावना बन गयी है कि कोई नृप होय हमें का हानि – फलत: मतदान का प्रतिशत कुप्रभावित होना अस्वाभाविक नहीं है।
3. कुछ लोगों की मान्यता है कि राजनीति में जाना आज सेवाभाव का प्रतिफल नहीं है, अपितु मेवाखात की प्रेरणा इसका कारण है।
4. मतदान का प्रतिशत कम रहना फलत: किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त न होना व्यस्थिर सरकारों और गठबन्धन धर्म जैसी प्रवृत्तियों का कारण बनता है। भारतवर्ष में गठबन्धन धर्म की अधार्मिकता से प्रत्येक जन-गण अवगत है।
5. राजनीतिक और समाजशास्त्रीय प्रवृत्तियों पर विगत वर्षो में सम्पन्न होने वाली जनमत संग्रह स्पष्ट करते है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार में वृद्धि हुयी है।
6. मुख्य सतर्कत आयुक्त के विवाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पश्चात् संस्थानिक प्रतिबद्धता शब्द युग्म बहुत चर्चित हुआ है। यदि एक दोषी अधिकारी किसी संस्था का प्रतिबद्धता से समझौता कर सकता है, उस संस्था की प्रतिबद्धता से जो कि संसद की उपज है तो आरोपित सांसद अथवा विधायक, संसद एवं विधानसभा की संस्थानिक प्रतिबद्धता के कितने प्रखर सिद्ध होगें स्वयं स्पष्ट है, जबकि ये दोनो संवैधानिक संस्थाएँ हमारे जनतंत्र की सर्वोच्च प्रतीक है।

सम्भावनाएँ – भारत में वर्तमान राजनीति को अव्यवस्था एवं अराजकता का कारण स्वीकार किया जाता है। इसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता है तभी राजनीति को स्वतंत्रता संग्राम के काल की प्रतिष्ठा पुन: प्राप्त होगी। इसमें युवा वर्ग की भूमिका अहम् मानी जा सकती है। यह स्मरण रहे कि लोकतंत्र ही युवाओं की राजनीतिक प्रक्रिया में ससम्मान भागीदार बनाता है। अत: अभिव्यक्ति और सहभागिता के अधिकार का जनतान्त्रिक प्रयाकग अनिवार्य है। युवा वर्ग को लोकतांत्रिक संस्कृति को अपना आचरण बनाना होगा।

जय प्रकाश नारायण ने 'भारतीय राज व्यवस्था की पुनर्रचना : एक सुझाव' एक सुझाव में कहा है – लोकतंत्र की समस्या मूलत: नैतिक समस्या है। जब तक लोगों में नैतिकता की भावना नहीं होगी तब तक संविधान और राजनीतिक प्रणाली के बावजूद लोकतंत्र ठीक से काम नही कर सकता। वर्तमान उद्योगवाद ने जिस भौतिकवादी प्रवृत्ति की सृष्टि बना रखी है। उसके साथ लोकतंत्र मेल नहीं खाता। वास्तव में इससे हमारी सांस्कृतिक एकता भी खतरे में पड़ रही है। राजनीतिक जीवन तो दूषित हो ही रहा है।' भारतीय लोकतंत्र को इस सबक को कण्ठस्थ करना होगा।

प्रतिनिधियों को वास्तविक अर्थो में जनप्रतिनिधि बनाना अत्यन्त आवश्यक है। वर्तमान नवीनतम निर्वाचनों तक कोई भी जनप्रतिनिधि वास्तविक बहुमत प्राप्त नहीं कर सका है।। इसके लिए एक पी0टी0पी0 अर्थात वर्तमान निर्वाचन व्यवस्था का प्रक्षालन अनिवार्य है। आनुवातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली को कतिपय संशोधनों के साथ वैकल्पिक व्यवस्था के रुप में स्वीकारा जा सकता है।

यह एक गम्भीर विडम्बना है कि प्राप्त मतों की संख्या के अनुरुप कोई भी राजनीतिक दल स्थान प्राप्त नहीं करता है। यह निश्चय ही जनता के मतों का संवैधानिक सम्मान नहीं है। अत: राजनीतिक दलों को प्राप्त मतों के अनुरुप ही उन्हें स्थान भी प्राप्त हो। यह परिवर्तन अनिवार्यत: होना चाहिए।

किसी अपराध में आरोपित को निर्दोष सिद्ध होने तक निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागी होने का अधिकार नहीं होना चाहिए। विशेष न्यायालय बनाकर ऐसे विषयों को तीव्रगति से निपटाने का प्रयास होना चाहिए।स्वतंत्रता के समय विस्टन चर्चिल ने भारतीय नेताओं को सत्ता सौपने का विरोध किया था। उनके विरोध का आधार था कि भारतीय नेता सत्ता संमालने के योग्य

नहीं है। भारतीय लोकतंत्र में जिस प्रकार के प्रहसन खेले जाते है उसमें कभी-कभी ऐसा प्रतीत होता है कि चर्चिल आंशिक रुप से सही थे। भारतीय राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को हतोत्साहित करके ही उनसे मुक्ति मिल सकती है। इस सम्बन्ध में पटना उच्च न्यायालय के दो निर्णयों का उल्लेख आवश्यक है। पहला निर्णय 9 जुलाई 2003 को आया था तथा दूसरा निर्णय अप्रैल 2004 में आया था। पहले निर्णय का निष्कर्ष था कि, कानून तोड़ने वाले और कानून का पालन करने वाले व्यक्तियों में अन्तर है। कानून तोड़ने वाला, कानून के पालन करने वाले के बराबर नहीं है। कानून का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति न्याय, स्वतंत्रता समानता और भाईचारा का दावा नहीं कर सकता। ऐसे लोगों को कानून का मजाक उड़ाने और राजनीति में अपनी ताकत दिखाने का अधिकार नहीं है। सम्बन्धित चुनाव का मजाक उड़ाने और राजनीति में अपनी ताकत दिखाने का अधिकार नहीं है। सम्बन्धित चुनाव अधिकारी को ऐसे लोगों की उम्मीदवारी रद्द कर देना चाहिए क्योंकि चुनाव के समय भी कानून के प्रति उनमें सम्मान की भावना नहीं होती है। अप्रैल 2004 के फैसले का आधार वह बहस है जिसका प्रारम्भ इस प्रश्न से हुआ कि उम्मीदवार अगर जेल में है और उसे वोट देने का हक नहीं है तो क्या वह चुनाव लड़ सकता है? इसका जवाब 'नहीं' में दिया गया। फैसले में निर्वाचक और मतदाता में भी सूक्ष्म अन्तर बताया गया। निर्वाचक वह है जिसे वोट देने का अधिकार है, जबकि मतदाता वह है जो वास्तव में वोट देता है। कोई भी निर्वाचक उम्मीदवार हो सकता है जनप्रतिनिधि कानून 1951 कहता है अगर कोई व्यक्ति जेल में है तो वह वोट नहीं दे सकता। इस आदेश का अर्थ है कि कोई कैदी निर्वाचक नहीं होता इसलिए वह किसी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता। इस प्रकार उच्च न्यायायल ने उन लोगों के चुनाव में खड़ा होने पर प्रतिबन्ध हेतु निर्वाचन आयोग से कहा, जिसके खिलाफ गम्भीर आपराधिक आरोप है चाहे उनके विरुद्ध अपराध सिद्ध हुआ हो या नहीं। नि:सन्देह इसी प्रकार के निर्णयों एवं आदेशों द्वारा ही अपराधियों को राजनीति में आने से हतोत्साहित किया जा सकता है।

प्रत्याशी के निर्वाचन का पूरा व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

राजनीति दलों के लिए संगठन के चुनाव कराना अनिवार्य कर दिया जाना चहिए और वह चुनाव निर्वाचन आयोग की देखरेख में होना चाहिए। जनतंत्र के ताने-बाने से बने राजनीतिक दल ही लोकतंत्र के सच्चे वाहक हो सकते है।

महिलाओं और युवाओं को स्वस्थ मतदान हेतु प्रेरित करना अत्यन्त आवश्यक है।

मतदान को अधिकार नहीं कर्तव्य की अवधारणा से सुसज्जित करना होगा। प्रत्येक मतदान को किसी प्रकार के आर्थिक, नैतिक, शासकीय अथवा सामाजिक प्रोत्साहन से संयुक्त करना होगा। स्वस्थ मतदान ही सुसंस्कृत लोकतंत्र का शिलान्यास है।

मतदान का कर्तव्य के रुप में प्रचार प्रसार अभी भी पर्याप्त नहीं है। इस कार्य में और सघन एवं सतत् प्रयासों की आवश्यकता है तभी भारतीय लोकतंत्र में मतदान व्यवहार की चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Lokniti, Org.infect.in oX0 18.07.2014 को अवलोकित।
2. चतुर्वेदी पंकज (2013) मतदान से दूरी जनसत्ता दिनांक 27.10.2013 नई दिल्ली पृ0 11
3. कुमार संजय (2014) महिला मतदाता, हिन्दूस्तान नई दिल्ली दिनांक 5.4.14 पृ0 101
4. शास्त्री, त्रिलोचन (2014) टुवर्डस डिक्रिमिनलाइजेशन इकोनामिक एण्ड पालिटिकल वीकली, 04-1-14, मुम्बई पृ0 341
5. दत्ता, भास्कर, गुप्ता, पूनम (2014)- कैम्ब्रिहेट्स विद् क्रिमिनल चार्जेज, ई0पी0 डब्लू, दि 25 1.14 मुम्बई पृ0 341
6. रामकृष्णन, वेकटेश (2015) जनसेटलिंग आडर्स, फ्रन्टलाइन, चेन्नई 1.11.2013 पृ0 41
7. गोपालस्वामी एन (2013) ऑफ पालिटिशियंस द हिन्दू 27.7.13 नई दिल्ली, पृ0 11

तालिका–4 : मतदान में धन और अपराध की दुरभि संधि (सभी विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा निर्वाचन 2004 सितम्बर 2013)

राजनीति दल	गम्भीर अपराधों में आरोपित निर्वाचित आरोपियों का प्रतिशत	आरोपित प्रत्याशियों की औसत सम्पत्ति (लाख में)	आरोपित निर्वाचित प्रत्याशियों की औसत सम्पत्ति (लाख में)	अपराधों में आरोपित विजयी प्रत्याशियों की औसत सम्पत्ति (लाख में)	गम्भीर अपराधों में आरोपित वजयी प्रत्याशियों की औसत सम्पत्ति (लाख में)
भा0रा0 कांगेस	34	432.6	581.2	801	675.6
भाजपा	40	179.7	288.4	340.2	387.4
बसपा	16	125.9	213.7	256.2	278.3
सपा	31	152.6	416.7	412.5	546
सीपीआई (एम)	34	27.3	21.2	20.9	23.1
एन0सी0पी0	26	140.7	356.2	331.5	414.5
जे0डी0(यू)	50	133.3	361.6	85.5	92
ए0आई0टी0सी0	48	136.8	131.3	79.7	98.8
जे0डी0(एस)	15	473.4	772.8	366.6	616.7
आर0जे0डी0	25	57.3	70.2	76	89.9
सी0पी0आई0	24	28	29	22	35.9
एस0एस0	33	122.5	227.9	261.5	339.5
ए0आई0ए0डी0एम0के0	73	203.8	280.6	539.4	479.9
आर0एल0डी0	18	119.4	379.1	694.6	790.3
डी0एम0के0	59	501.6	294.6	290.8	489.7
टी0डी0पी0	56	561.4	872.2	613.1	276.8
बी0जे0डी0	75	101.3	110	62.5	573.7
एस0ए0डी0	50	602	627	873.4	1734
ए0जी0पी0	14	62.5	77.2	54.1	23.2
आई0एन0डी0	6	54.6	720.4	1125.60	1512.10

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Greening Of The Supply Chain: The Need Of The Hour

Sheetal Sharma*

Abstract - Environment is an indispensible part of mankind and pollution in environment is creating greater problems in present state. Environment initiative across a large supply base can be overwhelming, as toxic gases are emerged from industries and vehicles. The recent EPI ranking of India is very low and a big issue in the country is to search out possibilities in environmental monitoring in supply chain. Green supply chain management needs to be developed adequately. For a planned success of industry there is requirement for improvement in business and environmental performance. GSCM is an effective way to differentiate a company from its competitors. The study proposes a comprehensive model for GSCM. The model goes from environmentally sound applicability of SCM research and practice, Green purchasing, Cleaner production techniques, Reduce or eliminated waste and finally Achieving market share by reducing environment risk. The study adds a novel contribution to the body of knowledge in the development of a systematic analysis to establish green practices in industries.

Introduction - *"We are living on this planet as if we had another one to go."* – **Terri Swearingen**

Firms in twenty-first century are Globalizing at a faster pace and Industrialization is coming hand in hand. With the growing numbers of industries environment sustainability is a big issue in contemporary world.

Opportunities for buyers are increasing with increasing Globalization. Buyers are increasing their focus on environment improvement, which increases the need for suppliers to boost environmental performance.

Global warming and carbon dioxide emissions are increasing and it is a challenge to produce new product and innovate new supply chains in accordance with natural environment. Green Revolution is being realized as most important driver for future business opportunities. Green Supply Chain Management is carrying forward this philosophy of Green Revolution. EPI ranking of India is lowest of all the BRICS countries. The recent ranking of India is 155 out of 178 countries of world. With the vigorous growth industries are being pressurized to reduce costs and this had badly affected the environment.

According to Wang et al, (2003) the management of environmental strategies is effectively managed by Green supply chain. Environmental management systems (ISO14001) along with quality management systems (ISO9000) are becoming popular with the developments of international standards for management systems. To cope up with ever increasing pollution in every field it is a need of hour to find out alternate ways in business organizations. Supply chain managers have not given much attention regarding eco-friendliness till now. But a collaborated effort is required to bring out modifications in traditional supply chain.

Research background - "The basic notion of supply chain management is grounded on the belief that efficiency can be improved by sharing information and by joint planning an overall supply chain focusing on integrated management of all logistical operations from original supplier procurement to final consumer acceptance."(Bowersox and Closs, 1996)

The negative impact of firms and their supply chains on natural environment can be minimized through green supply chains. In the wake of concerns regarding climate change, pollution, and non-renewable resource constraints, firms are heeding stakeholder demands regarding corporate citizenship behavior and performance (Sarkis,2001; deBurgos Jime´nez and Ce´spedes Lorente, 2001).A green supply chain focus requires working with suppliers and customers, analysis of internal operations and processes, environmental considerations in the product development process, and extended stewardship across products' life-cycles (Corbett and Klassen, 2006; Mollenkopf, 2006).

Below is the model given by Korean Government for Environment sustainability



*Research Scholar, Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar (Haryana) INDIA

In the above model Korean government proposed business strategies for Green growth in the light of buyer suppliers relationship in environmentally sustainable situations.

Need for present study - The research is focused on greening of supply chain in India for three main reasons

1. First the environment is deteriorating at a fast pace, a large population is being adversely affected by this natural deterioration.
2. Second the Supply chain managers need to focus on recovery of present supply chain status in the environment paradigm.
3. Encouraging novel ways to make all stakeholders aware for use of eco-friendly products and processes.

Developing Conceptual framework - Environmental issues in corporate supply chain management make major contribution in overall strategy of corporate. Support of top management is required to carry on the practice of GSCM in an organization. Proper environmental training at all levels of supply chain can cope up the new changes brought forward. The Socio-economic development of India can only be carried out by bringing environmental sustainability.

The study develops a Green framework to help concerned organizations in carrying out supply chain management. It goes on in a circular motion where people in marketing and design section develop a new idea of product. The new product with perfect marketability and non-faulty designs are innovated keeping an eye on environmental impact. Further it goes on by selecting suppliers and processes that contribute in reducing harm to our environment.



A. Green Product design - Green design is required to reduce environmental impact of products and process by cutting costs and increasing product marketability. For adoption of GSCM the support of senior management is crucial because it will be needed for process adjustments or cultural changes. The company had to comply with environmental legal requirements. For enhancing product's environmental impact company seeks to develop products together with clients. In designing of product the policies relating to material reduction, reuse of parts and recycling of product after use needs to be observed. Design of product is such to avoid or reduce toxic or hazardous materials.

B. Green Supply - Suppliers are such selected that comply with environment management standards and has an ISO 14001 certificate. Suppliers providing the basic raw material are monitored to extend environmental concern. Selection of suppliers is in order to use wastes of some other companies. Adoption of green purchasing by the firms is essential when firms are concerned about the sustainability of environment in all over the world. Thus the firm has to select the supplier on the basis of environment criteria. Compliance statements need to issue for the product supplier. In Taiwenese companies large concerns work with their upstream suppliers and downstream buyers to achieve industrial waste minimization goal.

C. Green Production - Production techniques aims to be more cleaner. The equipments bought by company are used to make cleaner products. Clean processes include reduction of noise and compliance with emission standards. Several manufacturing concerns are going green so as to reduce waste.

Equipments that are used are reliable, fast and efficiently energy saver. Cleaner production techniques not only benefit the environment but also impact all stakeholders. The Government offers tax-breaks for green manufactures. These companies are given better rates by insurance companies. If the money is saved then costs will be low and customers will not have to pay much.

Reduced emissions of green house gases, consuming less water in production activities are some requirements in eco-friendly perspective. The disposal methods used by companies have high influence on environmental issues. Suitable waste management techniques should be adopted to dispose off harmful industrial wastes.

D. Green Marketing - Recycling of waste materials of company and making awareness in consumers of eco-friendly products by focusing on sales and marketing. In order to shift demand toward eco-friendly goods and services, it is important to not only promote the supply of eco-friendly goods and services, but also to promote prioritizing the purchase of eco-friendly goods and services. Green marketing approach provides market leadership to the firm, as it delivers many benefits for the organizations and brings them at the top of competition pyramid. This market philosophy also attracts consumers because of their goal to benefit the whole of the society. Organizations can consolidate relationships with current customer and to gain new ones in future. The Indian industries should work more on GSCM model for improvements on implementation of good supply chain management.

Conclusion - GSCM if applied effectively can make a huge difference regarding cleanliness of environment. But at the same time it is also true that there are lots of hurdles in its way. Increased cost and burdens act as obstacles in adopting GSCM but at the same time it also activates as value boosting potion of a firm for longer period of time. Lack of

information regarding practices to be followed and lack of human resources to carry on the green practices is also one reason for resistance in adopting GSCM.

In today's environmental demands, prevention of global warming can trigger firms to show remarkable commitment to adopt green practices such as recycle, reuse and reduce materials.

Organizations interested in green technologies also need great amount of support from Government.

The proposed model can be helpful in analysis of different practices to be proposed in future supply chain management to provide ecological balance along with the economic one.

References :-

1. Diane Mollenkopf Hannah Stolze Wendy L. Tate Monique Ueltschy, (2010),"Green, lean, and global supply chains", International Journal of Physical Distribution & Logistics Management, Vol. 40 Iss 1/2 pp. 14 - 41
2. Wang, Y., Wang, N., & Sun L., (2003). The Basic Principles of Green Supply Chain Management. *Engineering Science.* Vol. 5, No.11, pp. 82-87.
3. Rao, P. (2002). "Greening the Supply Chain a New Initiative in South East Asia." International Journal of Operations & Production Management 22 (6): 632–655.
4. Mohanty, R. P., and S. G. Deshmukh. (1998). "Managing Green Productivity: Some Strategic Directions." Production Planning & Control 9 (7): 624–633.
5. Zhu, Q., Sarkis, J., (2004). Quality Management and Environmental Practices: An Analysis of different Size Organizations in china. *Journal of Environmental Quality Management,* Vol. 13, No.3, pp. 53-64.
6. Zhu, Q., Sarkis, J., Kee-hung L. (2006): Green supply chain management implications for ¯closing the loop" Transportation Research, Part E 44, (2008) 1-18.
7. Zhu, Q., Sarkis, J., and Lai, K., (2007). Green supply chain management: pressures, practices and performance within the Chinese automobile industry. *Journal of Cleaner production,* Vol. 15, pp. 1041-1052
8. Jinsoo Kim & Jongtae Rhee (2012) An empirical study on the impact of critical success factors on the balanced scorecard performance in Korean green supply chain management enterprises, International Journal of Production Research, 50:9, 2465-2483, DOI:10.1080/00207543.2011.581009
9. R.P. Mohanty & Anand Prakash (2014) Green supply chain management practices in India: an empirical study, Production Planning & Control, 25:16, 1322-1337, DOI: 10.1080/09537287.2013.832822
10. P. Sabari Ragavendran, (2015),"Management ingredients to embrace the new paradigm: green", European Business Review, Vol. 27 Iss 3 pp. 318 - 333.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

लोकगीतों में संस्कारों की अभिव्यंजना

जयमाला वागद्रे *

प्रस्तावना – मन के भावों को शब्दों के माध्यम से व्यक्त करना ही अभिव्यंजना कहलाता है। सुप्रसिद्ध काव्यशास्त्री बेनेदेत्तो क्रोचे काव्य में अभिव्यंजनावाद के प्रवर्तक है जिन्होंने सहज ज्ञान को अभिव्यंजनावाद का अभिन्न अंग माना है। उनका मानना था कि अभिव्यंजना सहज ज्ञान के बिना सम्भव नहीं है। वे सहजानुभूति को ही अभिव्यंजना मानते हैं जो मानव की आंतरिक अनुभूति होती है। अभिव्यंजना को पारिभाषित करते हुए डॉ. मंजू तिवारी लिखती हैं–'अभिव्यंजना वैयक्तिकरण की जागरूक चेष्टा है। तात्पर्य यह है कि कवि या कलाकार की अनुभूतियाँ मात्र भावात्मक स्तर तक नहीं रह जाती अपितु उनको रूपात्मक स्थिति प्रदान करनी पड़ती है। यह रूपात्मक स्थिति प्रदान करना ही अभिव्यंजना है।'[1] अत: कहा जा सकता है कि लोक कवि के मन में जो भावनाएँ परिस्थितिनुसार जन्म लेती हैं, ये अमूर्त भावनाएँ अभिव्यंजना द्वारा एक परिष्कृत रूप ग्रहण करती है जो लोक साहित्य में गीतों के रूप में हमें प्राप्त होती है। इस प्रकार लोक के मन में उठने वाले भाव उसकी अभिव्यंजना है जो विविध रसों से युक्त है, जो कल्पना में समाहित है तथा प्राकृतिक और सहज स्वाभाविक है। वास्तव में अभिव्यंजना गीतों के शिल्प का तत्व है परन्तु हम यहाँ संवेदना के रूप में इस तत्व का अध्ययन करेंगे। चूंकि कल्पना में ही अभिव्यंजना निहित है अत: इस कल्पना को समझने के लिए हमें गीतों के शिल्प का सहारा लेना होगा। लोकगायकों की कल्पना को हम गीतों के शब्दों के माध्यम से ही समझ सकते हैं क्योंकि कल्पना की शाब्दिक अभिव्यंजना लोकगीतों द्वारा रूपात्मक विन्यास ग्रहण कर लोक में प्रसारित होती है।

लोक–जीवन में सम्पन्न होने वाले समस्त संस्कार वाचिक परम्परा के रूप में गीतों के माध्यम से स्वयं को कालजयी व सनातन बनाये हुए हैं। संस्कारों के उद्देश्य तथा संस्कारों के आयोजन से प्राप्त होने वाली मानसिक शांति का अनुभव हमें इन गीतों के माध्यम से होता है। शायद गीत भी ऐसे ही अस्तित्व में आये, संस्कारों के आयोजन के अवसर पर वहाँ उपस्थित लोगों ने जो देखा, जो अनुभव किया वे समस्त अनुभव भावों के रूप में मानस मन में उद्वेलित होते रहे और फिर शब्दों के माध्यम से गीतों के रूप में अभिव्यंजित हुए। इसी कारण इन गीतों के माध्यम से हमें समस्त संस्कारों की जानकारी मिलती है तथा उनसे किस तरह हमारी अंतर्मन की भावनाएँ जुड़ी है इसका मूर्तरूप देख पाते हैं। जन्म संस्कार के गीतों में स्त्रीमन की व्यथा, माता–पिता की प्रसन्नता, परिवारजनों का हर्ष सभी शब्दों के माध्यम से अभिव्यंजित होता है। गीत नहीं होते तो समस्त लोक एक–दूसरे की भावनाओं को किस तरह समझ पाता यह कहना कठिन ही है।

संस्कार गीतों में अभिव्यंजना पक्ष को समझने के लिए हम निम्न बिन्दुओं का आधार लेंगे–

1. हृदयजनित उल्लास की अभिव्यंजना
2. भाव–प्रेरित अभिव्यंजना
3. वियोग भावना की अभिव्यंजना

1. हृदयजनित उल्लास की अभिव्यंजना – लोक में विचरण करता हुआ प्रत्येक गीत लोक के हृदयजनित उल्लास की अभिव्यंजना है क्योंकि लोकगायक अपनी मस्ती में गाता है इसीलिए इन गीतों में आकर्षण होता है यदि संस्कार गीतों की बात करें तो प्रत्येक संस्कार के अवसर पर गाया जाने वाला संस्कार गीत न केवल उस अनुष्ठान को रसमय बनाता है अपितु उस संस्कार से जुड़ी बातों को भी लोक तक पहुँचाता है। सोहर गीतों में परिवार की प्रसन्नता 'सोहर' गाते समय परिलक्षित होती है। बच्चे के जन्म पर बुआ का नेग मांगना, बच्चे का नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, विवाह संस्कार, इन सभी अनुष्ठानों के गीतों में न केवल लोक में व्याप्त लोकाचारों का वर्णन होता है अपितु लोकमानस की एक–एक अनुभूति स्फुरित होती दिखाई देती है।

2. भाव–प्रेरित अभिव्यंजना – लोकगीत (संस्कार गीत) वास्तव में सामूहिक मनोजगत की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। सामूहिक मनोजगत द्वारा जब–जब सामाजिक परिवर्तनों को आत्मसात किया जाता है तब–तब लोक साहित्य भी इन परिवर्तनों से उत्पन्न मानसिक, भावात्मक प्रतिक्रियाओं से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होकर, आधुनिक जीवन–दशाओं में अपने आप को जीवंत बनाये रखता है। ये प्रतिक्रियायें ही लोकगीत (संस्कार गीत) हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी भावों का हस्तांतरण करते हैं।

3. वियोग जनित अभिव्यंजना – लोक में विदाई तथा मृत्यु के गीत वियोग जनित अभिव्यंजना के अंतर्गत सम्मिलित किये जा सकते हैं। विदाई का क्षण कभी भी किसी के लिए सुखद नहीं हो सकता और इस भाव दशा में विदाई गीत जब गाये जाते हैं तब न केवल बेटी के परिवारजनों की अपितु विवाह मंडप में उपस्थित समस्त आगंतुकों की आँखें करूणा से डबडबा जाती हैं। लोक गायिकाएँ भी अश्रुपूरित नेत्रों से इन गीतों का गायन करती हैं। बेटी का विवाह के पश्चात् परायी हो जाना, इस अवसर पर उसकी बचपन की स्मृतियों को दोहराना तथा माता–पिता द्वारा बेटी को दी जाने वाली सीख, इन सभी बातों को गीतों के माध्यम से बताया जाता है तब सम्पूर्ण वातावरण मार्मिक हो उठता है।

कुछ उदाहरण द्दष्टव्य हैं–

'ये गढ़ा सून भइगे, कहाँ बसे जा गौरइया।
रानी अस पोसे जदुरैया, गढ़ा सून भइगे।
कोयल अस बोले जदुरैया, गढ़ा सून भइगे।
X X X X X

*अतिथि विद्वान, शासकीय महाविद्यालय, दमुआ, जिला - छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

X X X X X

कहाँ बसे जाय के चिंरैया, ये गढ़ सून भइगे।[2]

उक्त गीत में बेटी के बिछोह के भावों को अत्यंत सुन्दर तरीके से अभिव्यंजित किया गया है। जिस बेटी को रानी की तरह पाला-पोसा गया, कोयल के समान मधुर बोलने वाली वह चिंरैया महल सूना करके न जाने कहाँ बस गई ? गीत को सुनकर हर एक माता-पिता के मन की वेदना साकार हो उठती है यही लोक की करूणामय अभिव्यंजना है।

मराठी विदाई गीत-

'लेक सासऱ्याला जाती डोळयाला ग येती गंगा
नेनंत्या ग मयनाला महिन्याची बोली सांगा
लेक सासऱ्याला जाती वाईट ग नको मानू
नेनंती ग बाई माझी आठा दिसा तुला आनू'[3]

विदाई गीत में माता-पिता के मन की व्यथा को उजागर किया गया है। बेटी के ससुराल जाते समय उनकी आँखों से अश्रु थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। वे बोझिल मन से बेटी को समझाते है कि आठ दिनों में ही तुम्हें हम लिवा लायेंगे। इस प्रकार विदाई के दु:खद क्षणों का वर्णन विदाई गीतों में प्राप्त होता है। संस्कार गीत में मातृ हृदय के भावों की अभिव्यंजना अद्वितीय है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि लोककवि अपनी अनुभूति को अभिव्यंजित करने हेतु भाषा का सहारा लेता है। वह प्रयासरत रहता है कि जो अनुभूति उसे हुई है गीतों द्वारा लोक को भी वही अनुभूति हो। वास्तव में इन गीतों की रचना तभी होती है जब अनुभूति चरम सीमा पर हो और भाषा का सही प्रयोग हों। अनुभूति का सौन्दर्य उचित अभिव्यंजना से ही प्रभावी बनता है। अनुभूति के साथ अभिव्यक्ति का उचित संतुलन ही गीतों में चमत्कार उत्पन्न करता है। लोकगायकों को होने वाली अनुभूति के विषय में विद्या विन्दु सिंह कहती हैं- 'लोक साहित्य परिवेश या प्रकृति का निरीक्षण खुली आँखों से करता है और तब आँखें बंद कर उसे कल्पना और सपनों में भरता है। वह जो कुछ भी उसके बारे में कहता है अनुभव से कहता है। वह सूरज से समय की माप करता है, तारों से रात की गहरायी का अनुमान करता है। वह ऋतु मंगल मनाता है। जीवन की हर भावना को प्रकृति के सादृश्य से अभिव्यक्त करना लोक साहित्य की अपनी विशिष्ट भंगिमा है।'[4] विद्या विन्दु सिंह का मानना है कि लोकगायक अपनी कल्पना को ही शब्द प्रदान कर लोक को समर्पित करता चलता है और इन लोकगीतों की रचना तभी होती है जब अनुभूति चरम सीमा पर होती है। अनुभूति के साथ अभिव्यक्ति का उचित संतुलन ही गीतों में चमत्कार उत्पन्न करता है। यही संस्कार गीतों के विषय में भी होता है। जब संस्कारों की अभिव्यक्ति लोकगीतों के माध्यम से सम्पूर्ण लोक में विस्तार पाती है समस्त वातावरण संस्कारमय हो जाता है। ये गीत इतने प्रभावशाली होते हैं कि लोक के मानस पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ते हैं जिससे लोक अपने अंतर्मन की अनुभूति को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त कर समस्त संस्कारों में आनन्द प्राप्त करते हैं। लोकगीत जीवन के समस्त संस्कारों का श्रृंगार करते दिखाई देते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. मंजू तिवारी: हिंदी गीतिकाव्य परंपरा और मीरा,प्रका.-राजकमल प्रकाशन दिल्ली,सं.-2004,पृ.250
2. डॉ.दुर्गा पाठक:छत्तीसगढ़ी एवं बुंदेली लोकगीतों का तुलनात्मक अध्ययन,प्रका.-साहित्य संगम इलाहा.,सं-1994,पृ.162
3. श्री न.शे. पोहनेकर: जा माझा माहेरा,प्रका.-महाराष्ट्र राज्य लोक साहित्य समिति, पृ.21
4. डॉ.विद्या विन्दु सिंह:घर की भाषा घर का भाव,प्रका.-राजेश प्रकाशन दिल्ली,सं.-2008,पृ.102

****

बाल श्रम उन्मूलन का विकल्प : शिक्षा

डॉ. रेखा माली (PDF)*

प्रस्तावना – बाल श्रमिक यानी हमारे समय की त्रासदी को भोगता समाज का एक खामोश घटक। एक ऐसी अकस्मात घटना सा जिसकी यातना हर पल बढ़ने पर है। करोड़ों बच्चे पेट की क्षुधा शांत करने को खतरनाक परिस्थितियों में खुद को झोंके हुए हैं। वे गुलामी से भी बदतर हालात से जूझ रहे हैं और बेहद जोखिम वाले काम करने के लिये विवश हैं। इनसे समाज और मानवता के सरोकार कहीं दूर जा छिटके लगते हैं। बाल श्रमिक मानवीय दुराचारों की कड़ी बन गए हैं। विडंबना यह है कि इनकी शिनाख्त तो है परंतु परिचय नहीं।

बालश्रम का मसला विश्व एजेंडे में सबसे ऊपर होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है। एक प्रकार से उदासीनता में इनका वजूद सिमटकर रह गया है। इधर भारत में भी बाल श्रमिकों की व्यथा व्यथित कर देने वाली है। सामंती मानसिकता लोगों के दिमाग से अभी गई नहीं है। इसी के चलते घरों में घरेलू नौकरों के तौर पर काम कर रहे बच्चों का शोषण और उत्पीड़न जारी है। उनका मानसिक, दैहिक और यौन शोषण किया जाता है। सच तो यह है कि बाल श्रमिक मानवीय शोषण का सबसे घिनौना और वीभत्स रूप है। कई मामलों में तो यह प्रथा दासता और गुलामी के काफी करीब है। कारण, बाल श्रमिक का पूरा अस्तित्व ही मालिक के मिजाज पर निर्भर रहता है। भिन्न सांस्कृतिक धरातलों पर भी समस्या में कोई फर्क दिखाई नहीं पड़ता। दासता उसका आंतरिक तौर पर निहित हिस्सा होता ही है।

दुनिया के हर देश में समृद्ध घरों में एक अदद घरेलू नौकर होता है। ज्यादातर मामलों में बालक या बालिका ही इस भूमिका के बोझ तले दबे मिलेंगे। मध्यम तथा उच्चवर्गीय परिवारों में तो यह प्रथा व्यापक रूप से प्रचलित है। यहां तक कि निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों तक में घरेलू नौकर रखने की प्रवृत्ति पनप रही है। घरेलू नौकर को बहुत मामूली पगार और अंशकालिक आधार पर रखा जाता है। घरेलू नौकर बालक या बालिका हो तो फिर उसका मेहनताना खाने-पीने और कपड़े लत्ते तथा रहने के ठौर-ठिकाने में ही पूरा कर लिया जाता है। यह ऐसा वर्ग है जिसकी टीस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। उस पर ढाए जाने वाले जोर-जुल्म का बाहरी समाज नोटिस नहीं लेता। कह सकते हैं कि घरेलू नौकरों पर जुल्म को एक तरह से सामाजिक स्वीकृति तथा सहमति हासिल है। तकनीकी तौर पर घरों में सटने वाला बालश्रम जोखिम भरा नहीं माना जाता। बाल श्रमिक (प्रतिषेध एवं नियमन) कानून, 1986 में घरेलू नौकर के काम को 'खतरनाक' नहीं मानते हुए वर्जित श्रेणियों की परिधि से बाहर रखा गया है। बाल श्रमिकों की बेहतरी के लिए कई देशों में कानून जरूर बनाए गए हैं लेकिन उनका कार्यान्वयन नहीं हो पाता। काम के घंटे, साप्ताहिक छुट्टी जैसी बातों का इन कायदे-कानूनों में जिक्र है लेकिन इनसे कितनों का भला हो पाता है, इस बारे में कुछ नहीं कह सकते।

घरेलू नौकरों की ठीक-ठीक संख्या कितनी है? इस लिहाज से कोई विश्वसनीय आंकड़ा उपलब्ध नहीं है - न तो राष्ट्रीय स्तर पर, न ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर। फिर भी अनुमान है कि घरेलू बाल श्रमिकों की संख्या करोड़ों में हैं। बहरहाल, बाल श्रमिकों संबंधी जो आंकड़े उपलब्ध हैं, उनसे किसी निष्कर्ष पर सहज पहुंचना संभव नहीं है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण नमूना द्धारा 1979 में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार देश के कुल बाल श्रमिकों में से 10 से 20 प्रतिशत घरेलू नौकर हैं। विश्व में बच्चों की स्थिति संबंधी युनिसेफ की रिपोर्ट (1979) के अनुसार भारत में 15 वर्ष से कम आयु के बालकों में 17 प्रतिशत घरेलू नौकर हैं। रिपोर्ट में इस प्रवृत्ति की तरफ भी ध्यान दिलाया कि अधिकांश घरों में घरेलू कामकाज के लिए नौकर के तौर पर बच्चों को तरजीह दी जाती है। यह प्रवृत्ति शहरों और गांवों - दोनों जगह समान रूप से देखी जाती है।

अलबत्ता, गांव-देहात में काश्तकार-खेतिहर परिवारों के साथ परंपरा से कुछ जातियां व वर्ग जुड़े होते हैं। इनके बच्चे-बड़े सभी मालिक परिवारों के कामकाज में जुटे मिलते हैं। यह परिदृश्य बहुत कुछ हद तक सामंती दौर का परिदृश्य उभारता है। यह स्थिति आज भी है तो मात्र इसलिए कि दूरदराज के अंतिम आम जन में चेतना का संचार नहीं हो पाया है। यह भी एक बड़ा कारण है, जिससे कि बाल मजदूरों की बाबत् किए गए अध्ययन-सर्वेक्षण में इस पीड़ित वर्ग को अपेक्षित भागीदारी देखने को नहीं मिलती। सो, इस बारे में आंकड़े समुचित नहीं हैं। वे इतने अपर्याप्त हैं कि उनका संरक्षण किया जाना बेमानी-सी कसरत लगती है, उनसे कोई निष्कर्ष पा लेना तो बहुत दूर की बात है। घरेलू नौकर के रूप में कामकाज करने वाले बच्चे सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं और सर्वाधिक शोषण के शिकार भी होते हैं क्योंकि उनके अस्तित्व का स्वरूप संगठित नहीं है। उनके हितों की रक्षा करना इस कारण से कठिन कार्य हो गया है।

खेती पर छाया संकट सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को अपनी चपेट में ले लेता है। उनकी पढ़ाई चौपट हो जाती है। दिवालिया होते किसान अपने बच्चों से स्कूल-कालेज छुड़वा देते हैं। उन्हें अपने साथ खेतों में काम पर लगा लेते हैं। जिन परिवारों के पास ज्यादा खेत नहीं हैं, वे मयबच्चे शहरों की ओर पलायन कर जाते हैं।

घरेलू बाल श्रमिकों में अधिकांश बच्चे वे कार्य करते हैं, जो गैरजरूरी होते हैं, कतई महत्वपूर्ण नहीं होते। लड़कियां भी घरों में काम करती मिल जाएंगी। उनकी स्थिति लड़कों की तुलना में कहीं अधिक खराब होती है।

सार्वजनिक या सामाजिक जिंदगी तो जैसे उनके नसीब में ही नहीं होती। बालश्रम अपने आप में एक प्रकार का अभिशाप है। यह एक ऐसी

*मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

विकराल समस्या है जिसका कोई ओर-छोर नहीं है। यातनामयी इतनी कि उससे पार पाने की तमाम कोशिशें बिला जाती हैं। ***पीस ट्रस्ट*** नामक संस्था की अगुवाई में तमिलनाडु में 14 तक वर्ष की आयु के बच्चों का एक सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान ग्यारह हजार दो सौ बच्चों की पहचान की गई। ये सभी बच्चे घरों में काम करते थे। इनमें तीन हजार ऐसे थे, जो सरकारी कर्मचारियों के घरों में काम करते थे।

कई अन्य सर्वेक्षणों से पता चला है कि घरेलू काम और मरम्मत के काम में सर्वाधिक बाल मजदूर हैं। बाल मजदूरी का सबसे चिंताजनक पहलू यह भी है कि घरेलू बाल श्रमिकों में लड़कियों की संख्या अधिक है। भारत सरकार द्वारा तैयार श्रम शक्ति रिपोर्ट (1998) के अनुसार घरेलू नौकरों में लड़कियों की संख्या लड़कों के मुकाबले ढाई गुना अधिक है। कैथोलिक विशप्स कांफ्रेंस आफ इंडिया ने अस्सी के दशक में बारह शहरों में बाल श्रमिकों का सर्वेक्षण किया था। इसका एक आकलन यह भी था कि इनमें 78 प्रतिशत लड़कियां थीं। इसी तरह विभिन्न मानवाधिकार या बालश्रम संबंधी कार्यदलों की रिपोर्टों में हिंसा और दुराचार की शिकार ज्यादातर लड़कियां होती हैं। बाल मजदूरी का एक अन्य दुखद पक्ष यह है कि बहुत कम उम्र में बच्चों को मेहनत मजदूरी के शिकंजे में कस दिया जाता है। चेन्नई में अरुणोदय तथा एंटी स्लेवरी इंटरनेशनल ने एक सर्वेक्षण (1999) किया था। सर्वेक्षण के दौरान जिन 80 प्रतिशत बच्चियों से बात की गई उनमें से 25 प्रतिशत ने 9 वर्ष की आयु से पहले ही काम करना शुरू कर दिया था। लगभग 55 प्रतिशत बच्चियां ऐसी थीं, जो 9 से 12 वर्ष की आयु के दौरान ही घरेलू नौकरानी बन गई थीं। कटु सचाई तो यह है कि निर्धन परिवारों की लड़कियां बहुत कम उम्र (छह-सात साल की आयु) में ही घरेलू नौकरानी बन जाती हैं। भारत में महिला शिक्षा पर राष्ट्रीय समिति ने अपनी रिपोर्ट (1974) में पाया कि कुछ किशोरियां सिर्फ अपनी कमाई के बूते पर अपने बीमार मां-बाप और भाई-बहनों समेत पूरे परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार 'इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि देशभर में लड़कियां मुफ्त में घर का सारा काम करती हैं और इसी वजह से उन्हें स्कूल नहीं भेजा जाता। इसके साथ ही लड़कियों के अपने परिवेश से कट जाने का डर भी मां-बाप को उन्हें स्कूल भेजने से रोकता है।'

इन्हीं कारणों से उच्च प्राथमिक शिक्षा स्तर पर लड़कियों को स्कूल छोड़ देने की दर ज्यादा है। इसलिए लड़कियो के स्कूलों में टिकने की दर भी कम है, भले ही उन्हें प्राथमिक कक्षाओं में स्कूल भेज दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रो में कई जगह प्राथमिक स्कूल होने के बावजूद लड़कियों की शिक्षा अधूरी रह जाती है क्योकि वहां उच्च प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की कोई सुविधा नहीं होती तथा लैगिक रूप से असुरक्षित होने की दुहाई देकर उन्हें ज्यादा दूर स्थित स्कूल में पढ़ने नहीं भेजा जाता। इस संदर्भ में एक और विचारणीय प्रश्न यह है कि शिक्षा तंत्र में जिस प्रकार लड़को को अपनी प्रतिभा के अनुरूप पढ़ने का अवसर मिलता है, उतने ही मौके लड़कियों को हासिल हैं या नहीं? अक्सर शिक्षकों के दिमाग में अनचाहे पूर्वाग्रह लड़कियों के प्रति रहते हैं। यही स्थिति स्कूलों में प्रबंधकों और सहपाठियो के मन में रहती है। इससे भी लड़कियां घबराती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित जातियों-समुदायों व जनजातियों से संबद्ध तथा विकलांग लड़कियों के लिए ये सभी समस्याएं लड़कों के मुकाबले कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। सर्वविदित है कि भारत में दो-तिहाई या उससे भी ज्यादा संख्या में महिलाएँ अनपढ़ हैं और उनमें से भी आधी प्राथमिक शिक्षा तक हासिल नहीं कर सकी हैं।

औपचारिक स्कूली शिक्षा में शिरकत को बाल मजदूरों को पहचानने का एक पैमाना माना जा सकता है तो भी तमाम बच्चे सीधे-सीधे इस वर्ग में नहीं आते। ऐसे बच्चे भी हैं जो दोनों काम कर रहे हैं। वे स्कूल में भागीदारी के साथ ही कामधंधा भी करते हैं। लेकिन इनकी संख्या ज्यादा नहीं है। बाल श्रमिक के संदर्भ में 'नौकर' शब्द पर ज्यादा बल दिया जाता है। इसे ज्यादा प्राथमिकता मिली है। लोक प्रचलन में घरेलू नौकर के लिए श्रमिक या मजदूर शब्द प्रयुक्त नहीं होता। स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों (विशेषकर लड़कों) में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या कभी स्कूल नहीं जाने वालों की तुलना में बहुत अधिक है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि लड़कियों को प्राय: स्कल नहीं भेजा जाता। लड़के-लड़कियों के स्कूल छोड़ने या स्कूल में दाखिला नहीं लेने का कारण प्राय: गरीबी बताया जाता है। अन्य अनेक कारण भी गिनाए जाते है। बच्चों की पढ़ाई में रुचि नहीं होने की बात जोर शोर से कही जाती है लेकिन उनकी पढ़ाई की तरफ मां-बाप की उपेक्षा या उदासीनता का जिक्र बहुत कम होता है।

खेती पर छाया संकट सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को अपनी चपेट में ले लेता है। उनकी पढ़ाई चौपट हो जाती है। दिवालिया होते किसान अपने बच्चों से स्कूल-कॉलेज छुड़वा देते हैं और उन्हें अपने साथ खेतों में काम पर लगा लेते हैं। जिन परिवारों के पास ज्यादा खेत नहीं है, वे मय बच्चे शहरों की ओर पलायन कर जाते हैं। यह पलायन अक्सर सामान्य से अधिक रहता है। यहां के तीनों सरकारी हाईस्कूलों पर कृषि संकट का असर पड़ा है। परिवारों की मदद के मद्देनजर पढ़ाई छोड़ने वाले ज्यादातर बच्चे पढ़ाई की तरफ फिर कभी नहीं लौटते। इसलिए कि मजदूरों का ठेकेदार उन्हें मजदूरी के लिए जिले से बाहर ले जाता है। गणपुर के पूर्व सरपंच के. रमेश कहते हैं - 'लोग पलायन के समय काम के लिए अपने बड़े बच्चों को भी साथ ले जाते हैं। पीछे छोटे बच्चों को अकेला कैसे छोड़ा जा सकता है?' गणपुर की दलित बस्ती में बहुत कम लोग दसवीं कक्षा तलक पहुंचे हैं। कृष्ण भी दसवीं तक पहुंचा लेकिन इस साल उसे स्कूल छोड़ना पड़ा। वह बताता है कि अगर उसके मां-बाप को उससे काम कराने की जरूरत नहीं रही तो वह फिर स्कूल लौटेगा। वह कहता है, 'मेरे पंद्रह दूसरे सहपाठियों ने भी स्कूल छोड़ दिया। इनमें थोड़े पैसे वाले परिवारों के बच्चे भी हैं।' उसका पड़ोसी कन्हैया बताता है, 'इस बस्ती के पांच सौ लोग हाल में ठेका मजदूरी करके लौटे हैं। दूसरे पांच सौ लोग अभी मजदूरी करने निकले हैं। यहां करने को एक दिन का काम भी नहीं है। बच्चे ऐसे में स्कूल कैसे जा सकते हैं?' इन गांवों में तीसियों बच्चे मिल जाएंगे, जिन्होंने इसी सत्र में पढ़ाई छोड़ी है।

अनंतपुर जिले में कल्याण दुर्ग के सरकारी डिग्री कालेज के लेक्चरर जयराम रेड्डी कहते हैं, 'कई छात्र तो अपनी छात्रवृत्तियां तक लेने नहीं लौटे। इस साल 28 हजार रुपये की छात्रवृत्ति राशि लौटानी पड़ी। छात्रवृत्ति ढाई सौ रुपये महीने की है लेकिन मजदूरी के लिए पलायन को विवश हुए गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि से ज्यादा राहत नहीं मिलती।' प्राचार्य जी. मालन्ना मानते हैं कि शिक्षा के बढ़ते व्यावसायीकरण और निजीकरण जैसे कारणों ने खेती का संकट बढ़ाया है। इससे शिक्षा क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है। बाल मजदूरों की संख्या में इजाफा हुआ। नौनिहालों को मजदूर बनना पड़ा। अनौपचारिक शिक्षा से इन हालात पर काबू पाया जा सकता है।

आंध्र-प्रदेश के मेडक जिले (जहीराबाद से 15 किमी. दूर) के मचनूर गांव स्थित 'पाचा साले' या ग्रीन स्कूल ने इस मामले में मिसाल कायम की है। पंद्रह एकड़ में फैले इस स्कूल में दी जा रही शिक्षा आम स्कूलों में दी जा रही औपचारिक शिक्षा पद्धति से भिन्न है। महत्वपूर्ण बात है कि बच्चों को वे चीजें सीखने में मजा आ रहा है, जो बाद के उनके जीवन में बहुत काम आएंगी।

दोपहर तक पढ़ाई होती है। दोपहर बाद कुम्हारगीरी, बढ़ईगीरी, राजमिस्त्री का काम, जिल्दसाजी, दर्जीगीरी, जड़ी–बूटी के इस्तेमाल संबंधी हुनर सिखाए जाते हैं। यहां अधिकांश बच्चे अधबीच स्कूली पढ़ाई छोड़ चुके हैं। एक गैरसरकारी संगठन ***'डेकन डेवलपमेंट सोसायटी'*** इस स्कूल को चला रही है। यह संगठन इस क्षेत्र में कोई 15 वर्ष से कार्यरत है। पारंपरिक फसलों और कृषि जैव विविधता के संरक्षण की दृष्टि से इस संगठन ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इस इलाके के ज्यादातर बच्चे ऐसे हैं जो मजदूरी करते हैं या घर के कामों में मां–बाप की मदद करते हैं। मवेशी चराते हैं या खेती करते हैं। यह जानना दिलचस्प है कि यहां पढ़े छात्रों में से अब तक 63 छात्र एसएससी (SSC) की परीक्षा में बैठ चुके हैं और 40 से अधिक छात्रों ने इस परीक्षा को सम्मानजनक स्थान के साथ पास किया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

छिन्दवाड़ा जिले में शस्य गहनता प्रतिरूप में परिवर्तन का अध्ययन

दिलीप ढोबाले* डॉ.बी. टेंभरे **

शोध सारांश – भारत देश तथा म.प्र. अपितु छिन्दवाड़ा जिले की अर्थव्यवस्था भी कृषि प्रधान है। वर्तमान समय में भी जिले की कृषि व्यवस्था में बहुत कम परिवर्तन हुआ है। अध्ययन क्षेत्र की लगभग 75 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि कार्यो पर आधारित हैं। यह परिस्थिति कृषि के महत्व को स्पष्ट करती है। क्षेत्र में उत्तरोत्तर बढ़ती जनसंख्या एवं कम होता हुआ कृषि भूमि अनुपात कृषि भूमि पर बढ़ते जनसंख्या अनुपात को स्पष्ट करता है फलस्वरूप निरन्तर बढ़ती हुई खाद्यान्न की मांग को परिणामस्वरूप न केवल कृषि उत्पादकता में वृद्धि आवश्यक है, अपितु उत्पादकता में वृद्धि के लिये शस्य गहनता में उच्चतम वृद्धि आवश्यक है। उच्च शस्य गहनता का तात्पर्य है कृषि क्षेत्र में फसलों की आवृत्ति से है। अर्थात् एक निश्चित कृषि क्षेत्र पर एक फसल वर्ष में कितनी बार फसले उत्पन की जाती है। जो कृषि में तकनीकी आर्थिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं भौतिक परिस्थितियों के द्वारा नियंत्रित होती है।प्रस्तुत शोध पत्र में इन्हीं तथ्यों को विश्लेषित करने का प्रयास किया है।
शब्द कुंजी – शस्य गहनता, शुद्ध बोया गया क्षेत्र, द्विफसली क्षेत्र।

प्रस्तावना – कृषि प्राचीन समय से वर्तमान समय तक जीवन निर्वाह का प्रमुख साधन है। स्थानिक एवं सामाजिक संदर्भ में इसके अनुपात में परिवर्तन हो रहें है। कृषि भूमि पर बढ़ती जनसंख्या एवं उनके पालन-पोषण के लिये निरन्तर विविध प्रकार की आवश्यकताओं एवं गतिविधियों ने कृषि स्वरूप को जीवन निर्वाह से व्यापरिक कृषि की तरफ मोड़ दिया है। परिवर्तन की इस प्रक्रिया से अध्ययन क्षेत्र की शस्य गहनता भी अछुती नहीं रहीं है। क्षेत्र की शस्य गहनता ने केवल क्षेत्र की में कृषि उत्पादकता की पूर्ति करता है, अपितु क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं आर्थिक गतिविधियों के विकास को स्पष्ट करती है। अध्ययन क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में कृषि का न केवल महत्वपूर्ण स्थान है बल्कि आज भी यह 75 प्रतिशत जनसंख्या के जीविका का साधन है। जनसंख्या की निरन्तर वृद्धि के कारण कृषि भूमि पर पोषण भार बढ़ रहा है और प्रतिव्यक्ति कृषि भूमि अनुपात में ह्रास हो रहा है, क्योंकि जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि हो रहीं है। कृषि भूमि विस्तार एक सीमा के बाद संभव नहीं है, अत: कृषि भमि में क्षैतिज विस्तार के तुलना में उर्ध्वाधर विस्तार संभव है जो शस्य गहनता में वृद्धि कर कृषि भूमि उत्पादन में वृद्धि ला सकता है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के रूप में अध्ययन किया है। इसके हेतु साक्षात्कार और विद्वानों का मार्गदर्शन लिया गया है।

अध्ययन क्षेत्र – म.प्र. के गठन के साथ जिला छिन्दवाड़ा 1 नवम्बर 1956 को अस्तित्व में आया है। म.प्र.राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र के 3.85 प्रतिशत भूभाग पर स्थित जिला सतपुड़ा पर्वत श्रेणी के दक्षिण में स्थित 21°28' से 22°49' उत्तरी अक्षांश एवं 78°40' से 79°24' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित लगभग 11815 वर्ग कि.मी. क्षेत्र पर आबद्ध है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से 11 विकासखण्डों एवं 13 तहसीलों में विभक्त है। कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 42.57 प्रतिशत भाग पर कृषि योग्य भूमि, शुद्ध बोया गया क्षेत्र 504502 हेक्टेयर, द्विफसली क्षेत्र 2.29.285 हेक्टेयर, तथा 388185 हेक्टेयर क्षेत्र पर वन पाया जाता है। 2011 की जनगणनानुसार 2090306 जनसंख्या निवास करती है। कुल जनसंख्या में 45 प्रतिशत जनसंख्या कृषि या कृषि से संबंधित कार्यों में संलग्न है। यह तथ्य कृषि अर्थव्यवस्था का द्योतक है।

अध्ययन के उद्देश्य – अध्ययन की सुविधा के अनुसार प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को निम्न वर्गों में विभक्त किया गया है-

1. अध्ययन क्षेत्र में शस्य गहनता को ज्ञात करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में शस्य गहनता के स्थानिक एवं सामयिक परिवर्तन को ज्ञात करना।
3. अध्ययन क्षेत्र में शस्य प्रतिरूप को ज्ञात करना।

आंकड़ों के स्त्रोत – प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन के लिये विकासखण्डवार 1990 एवं 2018 के कृषि संबंधि द्वितीयक आंकडे, सहायक संचालक जिला सांख्यिकी कार्यालय छिन्दवाड़ा, भूअधीक्षक कार्यालय, छिन्दवाड़ा एवं जनगणना 2011 के आंकडे सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त किये गये। शस्य गहनता के विश्लेषण के लिये सिंह जसवीर एवं सिंह बी.बी.भूगोल वेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित निम्न सूत्र का प्रयोग किया गया है।

$$\text{शस्य गहनता} = \frac{\text{कुल फसल क्षेत्र}}{\text{शुद्ध बोया गया}} \times 100$$

शस्य गहनता:-

सारणी क्रमांक 1 : जिला छिन्दवाड़ा शस्य गहनता एवं परिवर्तन

क्रं.	विकासखण्ड	शस्य गहनता		परिवर्तन
		1990	2018	1990-2018
1.	छिन्दवाड़ा	122.97	178.13	31.20
2.	मोहखेड़	117.18	167.11	29.88
3.	तामिया	111.72	126.45	11.65
4.	जुन्नारदेव	108.54	133.42	18.64
5.	परासिया	114.98	157.00	26.76
6.	अमरवाड़ा	112.07	129.05	13.16
7.	हर्रई	106.08	128.98	17.76
8.	चौरई	117.36	172.85	32.10
9.	सौंसर	107.14	111.41	3.83

*शोधार्थी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (भूगोल) रानी दुर्गावती, शासकीय महाविद्यालय, मण्डला (म.प्र.) भारत

10.	बिछुआ	113.65	136.69	16.85
11.	पाढुंर्ना	113.87	138.39	17.71
	कुल	113.60	145.45	21.90

स्त्रोत-जिला सांख्यिकी पुस्तिका 1990,
अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय छिन्दवाड़ा 2018

सारणी क्रमांक 1 के तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अध्ययन अवधि के प्रारंभिक वर्ष में 113.60 प्रतिशत शस्य गहनता पायी जाती थी, जो अध्ययन अवधि के अंतिम वर्ष में 21.90 प्रतिशत वृद्धि के साथ 145.45 प्रतिशत शस्य गहनता अध्ययन क्षेत्र में पायी जाती है। अध्ययन क्षेत्र में अध्ययन अवधि के प्रारंभिक वर्ष में सर्वाधिक छिन्दवाड़ा विकासखण्ड में 122.97 प्रतिशत एवं सबसे न्यनूतम हर्रई विकासखण्ड में 106.08 प्रतिशत पायी जाती है। अध्ययन अवधि के अंतिम वर्ष में अध्ययन क्षेत्र के छिन्दवाड़ा विकासखण्ड में सर्वाधिक 178.73 प्रतिशत एवं सबसे न्यूनतम सौंसर विकासखण्ड में 111.41 प्रतिशत शस्य गहनता पायी जाती है।

सारणी क्रमांक 1 के तथ्यों का विश्लेषण करने से ज्ञात हुआ कि अध्ययन क्षेत्र में अध्ययन अवधि के दौरान शस्य गहनता में सर्वाधिक चौरई विकासखण्ड में 32.10 प्रतिशत एवं सबसे न्यूनतम सौंसर विकासखण्ड में 3.83 प्रतिशत परिवर्तन शस्य गहनता में हुआ है शेष विकासखण्ड में अनुपातिक रूप से शस्य गहनता प्रतिशत में वृद्धि हुई है इसके लिये मुख्य जिम्मेदार कारक वर्षा की पर्याप्तता, सिंचाई, सुविधाओं के साथ रासायनिक उर्वरक, उन्नत बीज तकनीकी आगतों में वृद्धि के साथ द्विफसलीय क्षेत्र में विस्तार के कारण शस्य गहनता में वृद्धि हुई है।

शस्य गहनता प्रतिरूप

(i) उच्च शस्य गहनता के विकासखण्ड – अध्ययन अवधि के प्रारंभिक वर्ष में छिन्दवाड़ा, चौरई, मोहखेड़ उच्च शस्य गहनता में सम्मिलित थे जो अध्ययन के अंतिम वर्ष में 70 प्रतिशत विकासखण्डों की वृद्धि के साथ छिन्दवाड़ा, चौरई, मोहखेड़, परासिया, पाढुंर्ना, बिछुआ, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई एवं तामिया में उच्च शस्य गहनता पायी जाती है। उच्च शस्य गहनता मुख्यत: सिंचाई सुविधाओं में विस्तार के साथ रासायनिक उर्वरकों के साथ उन्नत बीज तकनीकी आगतों के अधिक उपयोग के साथ द्विफसलीय क्षेत्र में विस्तार से पायी जाती है।

(ii) मध्यम शस्य गहनता के विकासखण्ड – 110 से 115 प्रतिशत के मध्य शस्य गहनता के विकासखण्डों के इस श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। अध्ययन अवधि के प्रारंभिक वर्ष में परासिया, पाढुंर्ना, बिछुआ, अमरवाड़ा एवं तामिया विकासखण्ड में मध्यम शस्य गहनता पायी जाती है। वहीं अंतिम वर्ष में -400 प्रतिशत विकासखण्डों की गिरावट के साथ मात्र सौंसर विकासखण्ड में मध्यम शस्य गहनता पायी जाती है। यह परिवर्तन मुख्यत: अध्ययन अवधि के प्रारंभिक वर्ष के सभी विकासखण्डों के अध्ययन अवधि के अंतिम वर्ष में उच्च शस्य गहनता में सम्मिलित होने से हुआ है। यद्यपि मध्यम शस्य गहनता वर्षा की कमी तथा सिंचाई सुविधा के विस्तार में कमी के साथ रासायनिक उर्वरक उन्नत बीज कम उपयोग तथा कम उपजाऊ भूमि है।

(iii) निम्न शस्य गहनता के विकासखण्ड – 110 से कम शस्य गहनता प्रतिशत वाले विकासखण्डों को इस श्रेणी में रखा गया है। अध्ययन क्षेत्र के प्रारंभिक वर्ष में जुन्नारदेव, सौंसर एवं हर्रई में निम्न शस्य गहनता पायी जाती है। अध्ययन अवधि के अंतिम वर्ष में कोई भी विकासखण्ड इस श्रेणी में सम्मिलित नहीं है। अर्थात् सभी विकासखण्डों में मध्यम एवं उच्च शस्य गहनता के श्रेणी में सम्मिलित हो गये है। यद्यपि निम्न शस्य गहनता वर्षा का अभाव सिंचाई सुविधाओं के अभाव के साथ उन्नत बीज रासायनिक उर्वरकों के अभाव के कारण निम्न शस्य गहनता पायी जाती है।

उपसंहार – उपरोक्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में लगभग एक तिहाई से अधिक विकासखण्डों में उच्च शस्य गहनता पायी जाती है अर्थात् शस्य गहनता प्रतिशत में वृद्धि अंकित हुई है क्योंकि क्षेत्र में सिंचाई, रासायिनक उर्वरकों का उपयोग, उन्नत बीज तथा आधुनिक आगतों के प्रयोग से भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ी है। तथा जिससे कृषक एक हीं भूमि पर फसल की गहनता में वृद्धि कर वर्ष में कई फसलों का उत्पादन कर रहा है। परन्तु जनसंख्या वृद्धि के तुलना में यह एक सीमा तक हीं संभव है। इसके बाद शस्य गहनता में वृद्धि संभव नहीं है। इसलिये कृषि क्षेत्र में लागत और आगत को भी ध्यान में रखना होगा। कृषि क्षेत्र में और अधिक विकास करने की आष्यकता हैं जिससे कृषि शस्य गहनता एवं उत्पादन में वृद्धि हो सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Bhatiya S.S. (1967): A new measure of agricultural efficiency in U.P. India, Economic geography vol.43 P.P. 32-37
2. तिवारी आर.सी. (2004): कृषि भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद पृ.क्रं. 112-113
3. जनगणना 2011 जिला सांख्यिकी कार्यालय छिन्दवाड़ा
4. जिला सांख्यिकी पुस्तिका छिन्दवाड़ा (1990)
5. जीन्सवार, अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय छिन्दवाड़ा
6. Sinha A.M. (1995) Gazeteer of India, District Chhindwara

सारणी क्रमांक 2 : जिला छिन्दवाड़ा: शस्य गहनता प्रतिरूप

क्रं.	वर्ग	शस्य गहनता स्तर	विकासखण्डों के नाम		कुल विकासखण्डों का अनुपात		परिवर्तन
			1990	2018	1990	2018	1990-2018
1	उच्च	115 से अधिक	छिन्दवाड़ा, चौरई, मोहखेड़	छिन्दवाड़ा, चौरई, मोहखेड़, परासिया, पाढुंर्ना, बिछुआ, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया	27.27	90.90	70
2	मध्यम	110 से 115	परासिया, पाढुंर्ना, बिछुआ, अमरवाड़ा, तामिया	सौंसर	45.45	9.9	-400
3	निम्न	110 से कम	जुन्नारदेव, सौंसर, हर्रई,	निरंक	27.27	निरंक	निरंक
		कुल	11	11	100	100	

स्त्रोत-जिला सांख्यिकी पुस्तिका 1990, अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय छिन्दवाड़ा 2018

समाज उत्थान हेतु गौतम बुद्ध का नैतिक चिन्तन

डॉ. के.पी. आजाद*

प्रस्तावना – सत् सम्बन्धी एकतत्ववादी एकान्त धारणा में आचारदर्शन का क्या स्थान हो सकता है, यह चिन्तन का विषय है? यदि सत् ब्रह्म भेदातीत है तो न तो उसमें वैव्यक्ति साधक की सत्ता बनती है और न शुभाशुभ के लिए कोई स्थान हो सकता है। आचारदर्शन में बन्धन और मुक्ति के प्रत्यय भी मात्र काल्पनिक ही रह जाते हैं। यदि ब्रह्म से भिन्न कोई सत्ता है ही नहीं, तो फिर न तो कोई बन्धन में आने वाला ही शेष रहता है, न मुक्त होने वाला ही। यदि जीवात्मा अज्ञान से बन्धन में आता है। और ज्ञानात्मक साधना द्वारा मुक्त होता है, तो जीवात्मा भी तो ब्रह्म से अभिन्न है। इसका अर्थ तो यह होगा कि ब्रह्म भी बन्धन में है, जो स्वयं में ही एक उपहास्यस्पद धारणा है। यदि यह कहा जाए कि जीव विवर्त है तो फिर जीव के सम्बन्ध में होने वाले बन्धन और मुक्ति भी विवर्त होगें और बन्धन और मुक्ति के विवर्त होने पर सारी नैतिकाता भी विवर्त होगी। ऐसी विवर्तमूलक नैतिकता का क्या मूल्य रहेगा?

'जो यहाँ पुण्य और पाप का परित्याग करके, ब्रह्मचारी रहता हुआ, ज्ञान मार्ग से लोक में विचरता है वह भिक्षु कहा जाता है।'[1] सत् के स्वरूप की चर्चा एवं नैतिक समीक्षा करने के बाद अब हम बौद्ध दर्शन की तत्वयोजना की व्याख्या के आधार पर तुलना करेंगे। तत्व अर्थात् सामाजिक चिन्तन को अनिवार्य रूप से स्वीकार करता है। यहाँ तक जीवन में कर्म करने की ओर प्रवृत्ता करने के लिए अधिकांश तर्क तात्विक हैं। प्रथम तत्वमीमांसा और फिर उससे आचरण के दिशा-निर्धारण के प्रयत्न। इन्हीं चिन्तन के स्थलों के आधार पर देखा जा सकता है[2] कि आचारदर्शन भी उसके तत्वदर्शन पर ही टिका हुआ है। इस प्रकार जहाँ जैन और बौद्ध दर्शन में तत्व चिन्तन को फलित करते हैं। वहीं तत्व चिन्तन के आधार पर आचारण के नियमों को प्रतिपादित करते हैं। जैन और बौद्ध परम्परा से इन दोनों प्रक्रियाओं को भिन्न-भिन्न अर्थों में स्वीकार किया गया है। जहाँ तक उसका दृष्टिकोण पाश्चात्य विचारकों के परिणाम स्वरूप भी स्पिनोजा के अधिक निकट लगता है। क्योंकि तत्व चिन्तन का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। वे उसके तत्वदर्शन के स्वरूप के आधार पर निकले गये नैतिक तर्कों को आधार मानता है। ये आधार नीतिशास्त्रीय तत्वज्ञान या तत्व चिन्तन पर आधारित विषय है।[3] इतना ही नहीं, इस सन्दर्भ में आलोचकों को उत्तर देते हुए वे अधिक बल प्रदान करते हैं। क्योंकि सामाजिक चिन्तन तत्व के ज्ञानमूलक आधार होना आवश्यक है।[4]

भगवान बुद्ध कहते है कि 'वह बड़ो की सेवा करे, ईर्ष्यालु न हो, उचित समय पर गुरुओं का दर्शन करे, धर्म कथा सुनने का उचित क्षण जाने और कहे गए उपदेशों को आदर के साथ सुने।'[5] इस प्रकार जैन और बौद्ध में यह निर्विवाद के रूप में स्वीकार किया गया है। इस तात्पर्य के उपरान्त ही तत्व चिन्तन के आधार पर अपरिहार्य सम्बन्ध स्थापित किया गया है। जहाँ भी जैन और बौद्ध की परम्पराओं में तात्विक समस्याओं को नैतिक दृष्टि से हल करने का प्रयत्न किया गया है। वहाँ तात्विक बुद्धि के बल पर हल किया गया है। जहाँ जैन और बौद्ध परम्पराओं में तत्व चिन्तन की दृष्टि में रखकर परमार्थ या तत्व के स्वरूप की विवेचना करता है। तत्व चिन्तन के निर्माण के कारण ही सम्पूर्ण जगत् के सामाजिक आधार पर नैतिक जीवन के नियमों को प्रतिफल स्वरूप फलीभूत किया गया है। तत्व चिन्तन का निष्कर्ष वाक्य है। इस तत्व का स्वरूप आधार वाक्य है और नैतिक नियम निष्कर्ष वाक्य के रूप में स्थापित किया गया है, क्योंकि समाज में अनेक प्रकार की विसंगतियाँ विद्यमान है। समाज में एक प्रकार का वर्ग संघर्ष दिखाई देता है। एक वर्ग कहता है कि हम गरीबों के लिए यह संसार हैं ही नहीं, दूसरा वर्ग कहता है कि समाज में गरीब नहीं होगे तो काम कौन करेगा। इस प्रकार की विचारधारा मानव के विकाश में बाधक साबित हो रही है। अब प्रश्न तीसरा उठता है कि एक व्यक्ति के पास अधिक धन है दूसरे व्यक्ति के पास धन ही नहीं है। जो धनहीन है वह अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाता है कि हमारा हिस्स दिया जाय। इसीलिए कार्लमार्क्स पूजीपति और निर्धन की बात करते हैं। जो पूँजीपति है वह निर्धन का हमेशा शोषण करना चाहता है। जो निर्धन है वह हमेंशा अपनी आवाज अधिकार के लिए उठाता है। किन्तु उसकी सुनने वाला कौन है? इन सभी समस्याओं का निदान गौतम बुद्ध अपने तत्वचिन्तन में करते हैं। गौतम बुद्ध का सिद्धान्त है कि मानव जीवन के लिए नैतिकता के मार्ग से बढ़कर कोई मार्ग नहीं है। क्योंकि नैतिकता के बल पर किसी भी अमीर या गरीब के हृदय को जीता जा सकता है।

'बोधिसत्त्व मृत्यु एवं जन्म के नाश में यह उपाय हमारा एक प्रबल आश्रय होगा।'[6] परमसाध्य या नैतिक आदर्श को परमार्थ या सत् के रूप से प्रकट किया गया है। इस सम्बन्ध में भी किसी दर्शन में उसका क्या स्थान होगा। इस बात पर निर्भर करता है।

'धर्मोपदेशक को निडर होकर सत्य का प्रतिपादन करना चाहिए। उसमें सदाचार और दृढ़ संकल्प में बद्धमूल प्रतिपादन की क्षमता होनी चाहिए।'[7] इन्द्रियानुभव, बुद्धि और अन्तर्दृष्टि आदि विविध साधनों के द्वारा जानने का प्रयत्न किया जाता है। वहाँ इस प्रकार के साधनों की विविधताओं तथा वैचारिक दृष्टिकोणों की विभिन्नता से विविध रूप हो स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इन्हीं बातों के परिणाम स्वरूप ही ऋग्वेद के ऋषि कहते हैं कि **'एकं सद् विप्रा: बहुधा वदन्ति'** एक ही सत् को विद्वान् अनेक प्रकार से कहते हैं।[8] जिन्होंने मात्र इन्द्रिय-अनुभवों की प्रामाणिकता को स्वीकार कर उसे समझने का प्रयत्न किया है। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें वह अनेक और परिवर्तनशील तत्वों के रूप में प्रतीत हुआ है। जिन्होंने इन्द्रिय-अनुभवों की प्रामाणिकता में संदेह कर केवल बुद्धि के माध्यम से उसे समझने का प्रयास

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, रामपुर नैकिन, जिला - सीधी (म.प्र.) भारत

किया, उसे अद्वय, अव्यय और अविकार्य (अपरिणामी) पाया।

संक्षेप में सत् सम्बन्धी दृष्टिकोणों की विभिन्नताओं का परिणाम भी उत्पन्न किया जाता है –

1. इन्द्रियानुभव, बौद्धिक ज्ञान, अन्तर्दृष्टि के द्वारा ही ज्ञान के साधनों की विविधता का वर्णन किया गया है।
2. व्यक्तियों के दृष्टिकोणों में ज्ञानात्मक स्तरों के आधार पर वैचारिक परिवेशों की विभिन्नताएँ भी स्थापित होती है।
3. भाषा की अपूर्णता तथा तज्जनित अभिव्यक्ति सम्बन्धी कठिनाइयाँ का तात्विक दृष्टि से समाधान किया जा सकता है।
4. सत् एक पूर्णता के आधार पर ज्ञाता और ज्ञेय के लिए प्रमाणित माना गया है। इसके ज्ञात होने के उपरान्त ही ज्ञाता मनस् उसका ही एक अंश माना गया है। इस अंश के परिणाम स्वरूप ही पूर्णरूपेण नहीं जाना सकता। इस प्रकार हमारे ज्ञानी की आंशिकता भी सत् सम्बन्धी दृष्टिकोणों की विविधता का कारण है।

बुद्ध उस सत्य ज्ञान के अपरिहार्य सम्बन्धों को स्वीकार करते हैं, वरन् ऐसी सत्य ज्ञान को, जो नैतिक जीवन की समस्याओं से सम्बन्धित न हो उनका कोई अर्थ नहीं है। बुद्ध की दृष्टि में इस प्रकार के समस्त तत्वों को विवाद की दृष्टि से ब्रह्मचर्यावास के लिए उपयुक्त नहीं है। प्रो. व्हाइटहेड का बौद्ध धर्म के बारे में यह कहना ध्यान देने योग्य है कि वह इतिहास में अनुप्रयुक्त तत्वमीमांसा का सबसे महान् दृष्टान्त प्रस्तुत करतें है।[9] प्रो. हरियन्ना भी लिखते हैं कि बुद्ध के उपदेश में हमें शुद्ध तत्वमीमांसा का कोई सिद्धान्त नहीं मिलेगा। वह सैद्धान्तिक तत्वमीमांसा के विरूद्ध थें।[10] बुद्ध के द्वारा तत्वमीमांसा की निरर्थकता के सम्बन्ध में मालुंक्यपुत्ता को दिये गये उपदेशों के माध्यम से सिद्ध होता है। फिर भी–हे मालुंक्यपुत्त, यदि कोई मनुष्य अपने शरीर में बाण का विशैला शल्य चुभाने के उपरान्त उसे छटपटाहट का सामना करना पड़ता है। इससे आप्त मित्र शल्य–क्रिया करने वाले वैद्य को बुला सकेगा। किन्तु यदि वह रोगी उससे कहे कि मैं इस जगत् शल्य को तब तक हाथ नहीं लगाने दूँगा, जबतक कि मुझे इन प्रश्नें के उत्तार नहीं प्राप्त हो जाते हैं। कि यह तीर किसके द्वारा मारा गया है ? वह मारने वाला कौन था? किस वर्ण का था वह काला था या गोरा ? उसका धनुष किस तरह का था ? धनुष की रस्सी किन तत्वों के मिश्रण से बनी हुई थी ? इस प्रकार के प्रश्नों पर विचार तत्वमीमांसा की दृष्टि से किया गया है। यहाँ तक मालुंक्यपुत्त, उस परिस्थिति में वह मनुष्य को इन बातों को जानने के पहले ही मर जायेगा। इस प्रकार जो कोई इस बात पर अड़ा रहेगा कि उससें इस जगत् के शाश्वत बातों का कोई न कोई कारण होगा। यहीं कारण है कि अशाश्वत, आदि बातों का स्पष्टीकरण करना परम आवश्यक माना जाता है। इसके बिना मैं ब्रह्मचर्य आचरण का पालन नहीं करूँगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. धम्मपदं, पृष्ठ 142
2. विशेष द्रष्टव्य– गीता, अध्याय 2/4/11/13 और 18
3. नीतिशास्त्र का सर्वेक्षण, पृष्ठ 287
4. नीतिशास्त्र का सर्वेक्षण, पृष्ठ 293
5. डॉ. भिक्षु धर्मरक्षित, सुत्तनिपात, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2003, पृष्ठ 81
6. स्वामी द्वारिकादासशास्त्री, बुद्धचरितम्, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी, 2013, पृष्ठ 140
7. पॉल कारुस, बुद्ध गाथा, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरककार, दिल्ली, 2012,
8. ऋग्वेद, 1/164/46
9. रिलीजन इन दी मेकिंग, पृष्ठ 39
10. भारतीय दर्शन की रूपरेखा, पृष्ठ 139.

****

म.प्र. के आर्थिक विकास में कृषि का महत्व एवं योजनाएं

निशा विश्वकर्मा* डॉ. एस.सी. हर्णे**

शोध सारांश – वित्त वर्तमान समय की आवश्यकता है। बिना वित्त के वर्तमान में सफल होना असंभव सा हो गया है। भारत एक कृषि प्रधान देश है। आर्थिक क्षेत्र की प्रत्येक क्रिया के संचालन और विस्तार के लिये वित्त या साख की आवश्यकता होती है। यह बात ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ कृषि पर भी लागू होती है। कृषि क्षेत्र की अपनी ही कुछ खास विशेषताऐं होती हैं, जिसके कारण कृषि साख औद्योगिक एवं अन्य क्षेत्रों से भिन्न होती है। यही कारण है कि कृषि के विकास के लिए पर्याप्त मात्रा में साख सुविधायें उपलब्ध नहीं हो पातीं। कृषि में स्थाई लागत के लिये जहां बड़ी मात्रा में पूंजी की आवश्यकता होती है, वहीं बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्र आदि के लिये भी ऋणों की जरूरत होती है। कृषि व्यवसाय में बचत की राशि कम होने के कारण कृषकों को अपनी खेती के लिये दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। कृषकों को कृषि कार्य के लिए वित्त में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए शासन के द्वारा कृषकों के लिए अनेक योजनाऐं संचालित की जाती रही है।

प्रस्तावना – कृषि मानव सभ्यता की सबसे प्राचीन उद्यमों में से एक है, क्योंकि प्राचीन समय में मानव के पास औद्योगिक तकनीक का ज्ञान नहीं के बराबर था। इसलिए वह अपने आसपास की भूमि अथवा स्वयं की भूमि पर कृषि कार्य अपने जीवन निर्वाह हेतु करता था, जो अपनी परिपक्व अवस्थाओं में पहुंच चुकी थी। अठारहवीं शताब्दी तक देश में कृषि उन्नत अवस्था में थी। भारत में अंग्रेजों के आगमन के पश्चात् उनके मिलों में बने माल की बिक्री अनियोजित षड़यंत्र के कारण कृषि की अवनती प्रारंभ हो गयी। औपनिवेशक व्यवस्था ने कृषि क्षेत्र में विभिन्न परिवर्तन किये, ताकि वे अपनी औद्योगिक क्रांति के लिए कच्चा माल उत्पादित कर सके। इस नीति के अंतर्गत अंग्रेजी शासकों ने कृषि क्षेत्र में जमींदारों का नया वर्ग खड़ा कर दिया और काश्तकारों तथा किसानों से लगान प्रारंभ कर दिया। धीरे-धीरे कृषि की अवनति प्रारंभ हो गई और किसान निर्धन होने लगे और कृषि व्यवसाय केवल जीवन निर्वाह का साधन बनकर रह गया, लेकिन शासन के द्वारा स्वतंत्रता के बाद बिचौलियों को समाप्त करने के लिए समय-समय पर आवश्यक कदम उठाये गये।

वर्तमान में कृषि एवं उद्योग का भी गहरा संबंध है। औद्योगीकरण की सफलता काफी सीमा तक कृषि पर निर्भर होती है। कृषि में सुधार एवं विकास के लिए बिना औद्योगीकरण केवल एक स्वप्न मात्र है। उद्योग धन्धे का प्रमुख भोजन कच्चा माल होता है। कच्चे माल के बिना निर्मित माल की कल्पना भी नहीं की जा सकती और कच्चा माल हमें उन्नत कृषि से ही उपलब्ध होता है। इसलिए'सुकरात' ने भी कहा है – 'जब खेती फलती-फूलती है, तब सब धन्धे पनपते हैं, किन्तु जब भूमि को बन्जर छोड़ दिया जाता है, तब अन्य सभी धन्धे नष्ट हो जाते हैं।' वास्तव में कृषि ही देश के आर्थिक ढांचे की रीढ़ की हड्डी है।

मध्यप्रदेश में वित्त की आवश्यकता – कृषक चाहे मध्यप्रदेश का हो या भारत के किसी भी स्थान का, प्रत्येक कृषक को मुख्य रूप से दो उद्देश्यों के लिये ऋणों की आवश्यकता होती है। प्रथम – कृषि कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कृषकों को सिंचाई, बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र आदि। द्वितीय – कृषकों को अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे खाद्यान्न, कपड़ा, मकान निर्माण, विवाह आदि के लिए। प्रथम ऋण का उद्देश्य आय में वृद्धि एवं लाभ कमाना होता है। द्वितीय ऋण घरेलू निजी उद्देश्य को पूरा करना होता है। इससे आय में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं होती।

वर्तमान में म.प्र. में कृषि ऋण के अनेक स्त्रोत हैं। इन्हें दो भागों में बांटा जा सकता है।

कृषि ऋण के स्त्रोत

संस्थागत स्त्रोत	**गैर संस्थागत स्त्रोत**
1. सहकारी संस्थायें	1. महाजन
अ) प्राथमिक सहकारी समितियां	2. व्यापारी
ब) जिला सहकारी बैंक	3. बड़े कृषक
स) राज्य सहकारी बैंक	4. जमींदार
2. भूमि बन्धक या भूमि विकास बैंक	
3. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	
4. व्यापारिक बैंक	
5. सरकार	
6. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक	

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीय समंकों पर आधारित है। यह संकलन – पत्र पत्रिकाओं, ग्रंथालयों, पुस्तकों आदि से लिया गया है।

प्रस्तुत शोध के उद्देश्य – प्रत्येक शोधार्थी अपने शोध के कुछ उद्देश्य निश्चित करता है। उसी के आधार पर शोध कार्य सम्पन्न किया जाता है। उद्देश्यों के आधार पर शोध कार्य करने में आसानी होती है। प्रस्तुत शोध पत्र के प्रमुख उद्देश्य निम्नानुसार हैं :-

1. मध्यप्रदेश में कृषि कार्य से जुड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. कृषि कार्य करने वाले परिवारों की आय वृद्धि का पता लगाना।
3. कृषि से संबंधित समस्याओं एवं कठिनाईयों का पता लगाना।

*शोधार्थी (वाणिज्य) बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.) भारत

4. कृषि विकास हेतु शासकीय योजनाओं की समीक्षा करना।
5. कृषकों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करना एवं योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने हेतु प्रेरित करना।

शोध अध्ययन का महत्व - प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वारा मध्यप्रदेश के कृषि विकास में शासकीय योजनाओं के मूल्यांकन का महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि इससे रोजगार, स्वरोजगार, उत्पादन के क्षेत्र की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावनायें दृष्टिगोचर हो सकेगी, जिससे मध्यप्रदेश के कृषकों को बेहतर विकल्प के रूप में इस साधन को अपनाने की प्रेरणा प्राप्त हो सके एवं वे शासकीय योजनाओं का पूर्ण लाभ उठा सके। म.प्र. शासन के द्वारा कृषकों के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो इस प्रकार हैं :-

1. कृषक मित्र योजना
2. राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना
3. अन्नपूर्णा योजना
4. बलराम ताल योजना
5. सघन कपास योजना
6. आइसोपाम योजना
7. गन्ना विकास योजना
8. लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत नलकूप कल्याण योजना।

म.प्र. में कृषि - मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या की आजीविका का साधन कृषि पर निर्भर है। मध्यप्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में (GSDP) कृषि का योगदान 2005-06 में था, जो 2013-14 में बढ़कर 33.22 प्रतिशत हो गया। कृषि विकास की विभिन्न योजनाओं के द्वारा कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कृषि की स्थिति को निम्न तथ्यों की सहायता से समझा जा सकता है।

मध्यप्रदेश की कृषि वृद्धि दर :-

तालिका 1 : (1996-97 से 2013-14) प्रतिशत में

1996-97	2000-01	2005-06	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
5.63	- 26.27	7.04	0.24	18.17	18.63	23.28

Source - CSO of Minister of Agriculture (2013-14)

मध्यप्रदेश में कृषि की वृद्धि दर 2004-05 की कीमत के आधार पर 2000-01 को छोड़कर (- 26.27) लगातार बढ़ती रही है। वर्ष 2010-11 में यह 0.24 के निम्न स्तर पर रही। 2011-12 में पुन: बढ़ना प्रारंभ होकर 2013-14 में 23.28 प्रतिशत पहुंच गई, जो भारत में सर्वाधिक रही।

वाणिज्यिक फसलें - म.प्र. की मुख्य वाणिज्यिक फसल कपास एवं गन्ना है। गन्ने की तुलना में कपास प्रमुख वाणिज्यिक फसलों का उत्पादन की बुवाई अधिक क्षेत्र में की जाती है। 2009-10 में 74.81 हजार हेक्टेयर में गन्ना एवं 630 हजार हेक्टेयर में कपास बोया गया था, जो 2013-14 में बढ़कर गन्ना 102 हजार हेक्टेयर और कपास 580.74 हजार हेक्टेयर हो गया। वाणिज्यिक फसलों में वृद्धि को निम्न तालिका से समझा जा सकता है :-

तालिका 2 : मध्यप्रदेश की मुख्य वाणिज्यिक फसल (हजार मिट्रिक टन)

फसलें	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
गन्ना	185.07	196.94	196.94	276.01	280.10
कपास	746.05	1017.55	1164.12	1173.27	1236.10

स्त्रोत :- आर्थिक समीक्षा म.प्र. आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय 2015-16, पृ. 41.

गन्ना उत्पादन 2009-10 में 185.07 हजार मिट्रिक टन से बढ़कर।

गन्ना उत्पादन 2013-14 में 280.10 हजार मिट्रिक टन 2009-10 से बढ़कर

कपास उत्पादन 2013-14 में 1236.10 हजार मिट्रिक टन हो गया।

अध्ययन की समस्या - मध्यप्रदेश में कृषकों की संख्या अधिक है। कृषि कार्य यहां प्रमुख कार्य है एवं यह जीवन निर्वहन का साधन बना हुआ है। कुछ कृषक तो बड़े कृषक हैं, जो जागरूक भी हैं, लेकिन छोटे कृषक पुरानी परम्परागत तरीकों से ही कृषि कार्य कर रहे हैं। इससे इनकी आर्थिक स्थिति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। इसका मुख्य कारण अशिक्षा, पूंजी की कमी, जोखिम वहन करने की क्षमता में कमी, जागरूकता का अभाव, अध्ययन की प्रमुख समस्या है।

अध्ययन के सुझाव - शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत सुझाव निम्न हैं :-

1. वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए शिक्षा के स्तर में सुधार की आवश्यकता है।
2. कृषकों को शिक्षित करना एवं नई-नई तकनीक एवं योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम व कार्यशाला का आयोजन करना।
3. समय-समय पर कृषकों को वित्त/पूंजी के लिए ऋण उपलब्ध कराना।
4. कृषि अनुसंधान पर जोर दिया जाना चाहिए, जिसका मुख्य उद्देश्य 'कम लागत पर अधिक उत्पादन' हो, जिसे कृषकों तक इनके लाभदायक परिणाम की जानकारी तुरन्त पहुंचाए जाने की व्यवस्था की जाना चाहिए।

शोध अध्ययन का निष्कर्ष - अल्प विकसित देशों से आर्थिक विकास में कृषि की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। अल्पविकसित राष्ट्र, जिनका प्रमुख व्यवसाय कृषि है, अपने सीमित साधनों द्वारा आर्थिक विकास की ऊंची दर तब तक प्राप्त नहीं कर सकते, जब तक कि वे आधारभूत कृषि उद्योग को उन्नत न कर लें। कृषि की उन्नति इस क्षेत्र के आर्थिक विकास की कृषि योजनाओं से है, जिससे किसानों के विकास के साथ-साथ मध्यप्रदेश का भी विकास हुआ है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. कृषि अर्थशास्त्र - डॉ. एस.सी. जैन
2. भारतीय अर्थव्यवस्था - डॉ. ऋतु तिवारी, (म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल)
3. ग्रामीण एवं भारतीय अर्थव्यवस्था - श्री सुबहसिंह यादव
4. मध्यप्रदेश शासन की कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम

****

Social Norms & Antisocial Conduct - Dalit Lives Through The Eyes Of Bama & Valmiki

Tripti Sadana* Dr. Parneet Jaggi**

Abstract - Bama one of the first Dalit women writers, portrays her emotional journey and feelings in her very famous 'Karukku'. This book, originally written in Tamil, encompasses autobiographical phases of her life as a dalit and metaphorically describes the usual lives of dalits in India. Similarly in Sangati, Bama portrayed how conversion to Christianity has, brought irreversible disadvantages to Dalit community and made their position even worse, especially for Dalit women. Om Prakash Valmiki, the other most popular writer in dalit literary works, has portrayed the life of Bhangis in his widely appreciated book titled as 'Joothan'. Valmiki has done a tremendous work in Joothan, to depict how Dalit lives were dependent and influenced by the upper caste. This research paper is an attempt to explain the grieved impact of such oppression on dalits, as portrayed by Bama & Valmiki in their respective literary works.

Introduction - Initiated by Dr. B.R. Ambedkar, Dalit literature has prospered as a ground-breaking movement to change the mindset of exploited community of dalits. Ambedkar states: "Immaculateness is rich and white or whitish, pollution is poor and dull. Shrouded forces of riches can be effectively followed in each primitive Brahminical idea of the perfect. Material setting of immaculateness and magnificence and noticeable quality and direction and solaces is likewise riches. Monetary division is reflected in the social characterizations. In any case, it ought not to be enrolled that station is racial or economic"(Ambedkar 49). The act of distance was lawfully abrogated by the Constitution of India in 1950. Despite that, even today, Dalits are exposed to extraordinary types of social and financial separation and segregation, physical and mental agony. When they make an effort to combat for their rights, they face anguish and threats from upper class resulting in harsh assaults and carnage. Female dalits are more vulnerable to such social inequity. They get discriminated on the basis of both gender and caste.

Dalit literature is more concerned about the problems faced by dalits in their routine lives and the cause of their origin. Christened as Faustima Mary Fatima Rani, Bama was born in a Dalit Christian family in Tamil Nadu. Karukku is a successful attempt of Bama to exemplify that education can help eradicate any kind of oppressions and let any community flourish in every aspect of life. The whole idea of using education as one of the bravest weapons, is supported by the protagonist's brother as well, who motivate her to educate herself to thrive in life and get out of repression enforced by upper caste.

In Sangati, Bama concentrates on work load which is daily done by Dalit females both at home and outside in addition to the beatings & scolding of their drunkard husbands. Dalit women are usually subjected to violent treatment by upper class landlords, the police and even by Dalit men in their homes. While, in Kurukku, Bama has recorded autobiographical episodes of her life since her childhood till the adulthood. Along with other family members, she was the victim of severe gruesome behaviour of upper castes through social separation, untouchability & suppression. Bama believes that empowerment of Dalits is possible only through education, employment and by them taking pride in their own identity. Karukku means Palymra leaves, with their serrated edges on both sides; they are like a double edged sword. Karukku highlights the oppression borne by Dalits at the hands of the police, the Panchayat, the upper castes and the church. Bama also highlights how Dalit women are oppressed further by Dalit men at home.

In Sangati, Bama concentrates on work load which is daily done by Dalit females both at home and outside in addition to the beatings & scolding of their drunkard husbands. Dalit women are usually subjected to violent treatment by upper class landlords, the police and even by Dalit men in their homes. While, Karukku talk about various types of violent oppression of Dalits, specifically on the paraiyar caste. The prominent feature of these literary works is that the God-like reputed organisations such as church too oppresses the Dalits even after they get converted into Christians. Karukku depicts how Dalit Christians are not allowed to sing in the church choir, are forced to sit separately away from the upper caste Christians, and are not allowed to bury their dead in the cemetery within the

*Research Scholar, Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA
** Research Supervisor, Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

village, behind the church, but are made to use a different graveyard beyond the outskirts. The parayars converted to Christianity in order to escape the caste oppression at the hands of the orthodox Hindus. Bama points out that the church distorts the real image and teachings of Christ and preaches docility, meekness and subservience to the faithful while suppressing the radical, lacerative teachings of Jesus.

In Joothan, Valmiki enlightened the poor shape of food available to Bhangis. Throughout the country, several communities have widely varying food habits. It is well known that food is closely linked to ideas of the sacred and the wicked, and varies along the scale of social diversity. As far as Dalits food is concerned, Bhangis are far behind than rest of the nation. Valmiki, also discussed the religious habits of Dalits being influenced by the upper caste. The Bhangi community has its own God and Goddess because they were not permitted to worship the same God or Goddess as does the upper caste. It shows that how Dalits are influenced by them.

Valmiki also asserts that education is the only medium to escape the trap of Conspiracy. Being disgusted with blind Hindu orthodoxy, he denies his identity as a Hindu and interrogates the he wondered why one has to be a Hindu to be a good human being. Such moments of helplessness in the life of someone are capable to stir his faith in the established principles of life and the same happened with Valmiki. Such experiences made one thing clear in his mind that untouchability needs to be removed, abolished from the psyche of an average Indian and then only equality can be experienced.

On one hand, Valmiki holds Society as responsible for sorrows & painful life of Dalits; on the other, Bama presents Dalit women as bravely fighting back, often subverting their oppressor's ploys to put them down. Valmiki unravels the complicity between patriarchy and caste oppression. He argues that Dalits must find access to education (not merely primary but persevere to reach gains of higher education) and help in organizing, consolidating and unifying groups bound by oppression by different institutions that are in fact complicit, hand-in-glove, and inter-dependent. He shows how educated dalits as well as uneducated but organized dalits can work to break such a hegemonic nexus. Bama views herself as a "Dalit feminist" and ticks off Marxist writing that tends to become propagandist.

Bama and Valmiki might see possibilities of deliverance for oppressed Dalit in action backed by specific ideological thought. However, their writing never betrays any form of political rhetoric or shrill noises of a particular mode of thought. Both the writers Bama and Valmiki differ in their techniques of portraying their pain and anger, yet share a common agony in their writings, that make their stand out as unique voices and visions.

References:-

1. Ambedkar BR, Dr. Babasaheb Ambedkar. Writings and speeches, Vol.1:49; compiled by Vasant Moon. Bombay: Education Department, Government of Maharashtra, 1989.
2. Bama, Karukku Trans. Lakshmi Holmstrom.2nd ed. New Delhi: Oxford University Press, 2012.
3. Sehgal, Vikrant. "Empowerment of Dalit Women in Bama's Sangati" Socio-Political Concerns in Dalit Literature. Print.
4. Valmiki, Omprakash. "Joothan: A Dalit's Life." Columbia University Press, 2003.
5. Mukherjee, Arun Prabha. "Introduction in Omprakash Valmiki's Joothan: A Dalit's Life." New York: Columbia University Press, 2003.

****

उदयपुर जिले में भूमि उपयोग एवं संभावनाएँ - कृषि हेतु भूमि उपयोग एवं संभावनाऍ

डॉ. सौरभ त्यागी *

प्रस्तावना - प्रकृति का अस्तित्व परिवर्तन में निहित है। प्रकृति में विद्यमान मानव एवं भूमि ऐसे अन्योन्याश्रित घटक है जो समय, की आवश्यकतओं एवं क्षमता के अनुरूप क्रियाशील रहते है। भूमि मानव की वह क्रिडागन पटल है जहां वह अपनी समस्त क्रियाएं सम्पन्न करता है। मानव की गरीमा मय क्रिया कलाप भारतीय संस्कृति के रूप में जानी जाती है। मिट्टी के पंच तत्व के रूप में प्रमुख है जिसे तिलक लगाकर नमन वंदन किया जाता है। अन्न, रस एवं जल जो मानव आहार की प्रमुख आवश्यकता है, जो धरती के स्त्रोत है।

वर्तमान युग में मानव एवं भूमि के अनुपात में अन्तर शीघ्र गति से बढ़ रहा है। जिसका मुख्य कारण देश में जनसंख्या की बढ़ती हुई प्रतिशत वृद्धि दर है। आर्थिक विकास की विश्व होड़ ने मानव अर्थव्यवस्था में तीव्र गति से परिवर्तन किया है। जिसने राष्ट्र, प्रदेश एवं क्षैत्र तक को प्रभावित किया है। यही कारण है कि वर्तमान में भूमि भूगोल का ही नहीं प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप में अधिकांश विषय एवं संकायों के अध्ययन का मुख्य आधार है।

राजस्थान के 33 जिलों में से एक उदयपुर जिला है जिसका ऐतिहासिक शहर उदयपुर **'झीलों की नगरी'**, **'राजस्थान का कश्मीर'** एवं **'पूर्व का वेनिस'** उपनामों से प्रसिद्ध है। उदयपुर राजस्थान के दक्षिण मध्य में $23^{0}46'$ से $25^{0}5'$ उत्तरी अक्षांश व $73^{0}90'$ से $74^{0}35'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित जो कि 13419 वर्ग किमी. में फैला हुआ है तथा इसकी समुद्रतल से ऊँचाई 577वर्ग मीटर आंकी गयी है। इसके पूर्व में चित्तौड़गढ़, उत्तर में राजसमंद, उत्तर-पश्चिम में पाली, पश्चिम में सिरोही, दक्षिण में डूंगरपुर तथा दक्षिण-पूर्व में प्रतापगढ़ स्थित है। उदयपुर का औसत तापमान अधिकतम 43^{0} से 44^{0} के मध्य रहता है तथा न्यूनतम तापमान 5^{0} से 6^{0} के मध्य रहता है। वार्षिक वर्षा 670 मिमी. से 920 मिमी. के मध्य होती है परन्तु वर्ष 2006 इसका अपवाद है जब 1787.80 मिमी वर्षा हुई थी।[1]

उदयपुर जिले में मुख्यत: लाल लोमी मिट्टी पाई जाती है जो कि पानी को अधिक समय तक सोख कर रख सकती है। इस मिट्टी में लौह अयस्क के ऑक्साइड पाये जाते हैं परन्तु नाइट्रोजन, फास्फोरस व कैल्शियम लवणों की कमी होती है। इस मिट्टी में चावल, मक्का, चना, गेहूँ, गन्ना आदि पैदा किये जा सकते हैं। उदयपुर के पूर्वी भाग में मिश्रित लाल व काली मिट्टी भी पाई जाती है जो कपास व मक्का व आदि फसलों के लिए अच्छी है। उदयपुर की प्रमुख खाद्यान फसलों में गेहूँ, जौ, मक्का, चावल, चना, एवं व्यापारिक फसलों में तिल, सरसों, मूंगफली, कपास, गन्ना, तम्बाकू, अमरूद, नींबू, आवला, सीताफल, गुलाब व मिर्च हैं।

उदयपुर की कृषि भूमि उपयोग प्रकार का अध्ययन करने से पूर्व उदयपुर जिले की भूमि की गुणवत्ताओं को जानना आवश्यक है जिसे भूमि के प्रकार के आधार पर निम्नलिखित तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है-

तालिका-1 : उदयपुर जिले की भूमि का प्रकार

क्र.	भूमि के प्रकार	कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	तहसील जहां उपलब्ध है
1	काली भूमि	74477	मावली, गिर्वा, भीण्डर
2	रेड क्ले	147219	सलूम्बर, कोटड़ा, सराड़ा, खैरवाड़ा
3	हैवी क्ले	322346	गोगुन्दा, झाडोल, गिर्वा

स्त्रोत- कार्यालय, जिलाधीश (भू.अ.), उदयपुर

भूमि उपयोग एक क्रिया है जिसमें न्यूनतम प्रयासों से भूमि से खाद्यान्न व अन्य कृषि गत उत्पादनों की अधिकतम उत्पादकता लेना है। जनसंख्या संरचना के आधार पर भूमि के आदर्श उपयोग की योजना प्रस्तुत की जा सकती है। अध्ययन क्षेत्र के अन्तर्गत भूमि उपयोग प्रारूप का अध्ययन निम्नलिखित भूमि उपयोग श्रेणियों के अन्तर्गत होता है-

1. जंगलात
2. कृषि अयोग्य भूमि

(अ) पहाड़

(ब) मानव बसाव

(स) मरूस्थलीय एवं क्षारीय भूमि

3. कृषि योग्य बंजर भूमि
4. पड़त भूमि
5. वास्तविक बोई गई भूमि
6. समस्त बोई गई भूमि
7. दुपज भूमि

उपर्युक्त वर्णित श्रेणियों के अनुसार जिले की भूमि का वर्गिकरण करने पर हमें यह ज्ञात होता है कि जिले में कृषि योग्य भूमि का प्रतिशत बहुत कम है इसके साथ ही समय के साथ यह और भी कम होता जा रहा है जो कि चिंता और शोध का विषय है। जिले की भूमि के उपयोग के बारे में विस्तृत विवेचना करने से पूर्व भूमि उपयोग की वस्तुस्थिति का ज्ञान कर लेना आवष्यक है। जिले में भूमि उपयोग का वितरण व विगत दषकों में इसमें परिवर्तन की तुलना को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है-

तालिका-2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र सन् 2011 में 1462109 हैक्टेयर है जिसमें वनों के अन्तर्गत 27.72 प्रतिशत, कृषि अयोग्य भूमि का 34.31 प्रतिशत इसमें कृषि के अतिरिक्त प्रयुक्त भूमि में 34.31 प्रतिशत भूमि योग्य

* सहआचार्य (भूगोल) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

बंजर भूमि है जो कुल भूमि का 8.98 प्रतिशत क्षेत्र है जिसका जिले के भविष्य में कृषि विस्तार के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। चरागाह के अन्तर्गत मात्र 6.21 प्रतिशत भूमि है जो गुणात्मक दृष्टि से निम्न स्तर की है। पड़त भूमि कुल भूमि के 6.86 प्रतिशत भाग पर फैली हुई है। जिसे विशेष प्रयास कर जोत भूमि के अन्तर्गत लाया जा सकता है। वास्तविक बोई गई भूमि एवं दुपज कुल भूमि का 15.86 व 13.03 प्रतिशत है। जिले में 2001-11 की तुलना में 2011-18 में कुल भूमि का क्रमश: 6.68 व 4.16 प्रतिशत वन, 16.08 व 17.91 प्रतिशत वास्तविक बोई गई भूमि 15.86 व 13.03 प्रतिशत समस्त बोई गई भूमि 1.65 व 1.04 प्रतिशत दुपज भूमि है। इसके अन्तर्गत कमी व वृद्धि हुई है। वहीं कृषि योग्य बंजर भूमि में यह वृद्धि क्रमश: 8.89 व 10.98 प्रतिशत है जो कृषि भूमि उपयोग योजना के प्रतिकूल है। अत: जिले में इस भूमि की वृद्धि व ह्रास का आशय है कि कृषि विस्तार की योजनाएं सार्थक रूप से लागू नहीं हो पा रही है।

विगत दस वर्षो का अध्ययन करने पर कृषि योग्य बंजर भूमि में वृद्धि हुई है। इस और उचित ध्यान न देने के कारण यह वृद्धि हो रही है जो वर्ष 2001-11 में 8.66 प्रतिशत हो गया था किन्तु जागरूकता के कारण इसका अधिक विस्तार न होने दिया गया जिससे 2011-18 तक इसका प्रतिशत 8.98 तक रहा। अत: 2001-11 में वृद्धि 1.95 प्रतिशत थी व 2011-18 तक 0.32 प्रतिशत वृद्धि रही।

जिला भू अभिलेख विभाग से प्राप्त आँकड़ों से जिले का तहसीलवार विश्लेषण करने पर निष्कर्ष निकलता है कि वर्ष 2001-11 में सर्वाधिक कृषि अयोग्य भूमि सराड़ा में 153387 हेक्टेयर (30.58 प्रतिशत) है। अन्य तहसीलों में यथा सलूम्बर 16.57 प्रतिशत, गिर्वा 15.90 प्रतिशत, कोटड़ा 8.42 प्रतिशत, खैरवाड़ा 6.80 प्रतिशत, झाड़ोल 6.03 प्रतिशत, धरियावद 5.14 प्रतिशत, वल्लभनगर 4.82 प्रतिशत, गोगुन्दा 3.19 प्रतिशत है तथा सबसे कम मावली तहसील में 2.57 प्रतिशत है।

जिले के सभी तहसीलों में भूमि उपयोग का तहसीलवार स्वरूप जिसमें वन, कृषि अयोग्य भूमि, चारागाह, पड़त भूमि, बंजर, वास्तविक बोई गई तथा समस्त बोई गई एवं दुपज भूमि के हेक्टेयर व प्रतिशत में भूमि उपयोग के विस्तृत अध्ययन करने पर सुस्पष्ट होता है कि -

- जिले की कुल भूमि में 405327 हेक्टेयर क्षेत्र में वन है। जो कुल भूमि का 27.72 प्रतिशत है। जिसमें कुल वन क्षेत्र का 19.12 प्रतिशत भाग झाड़ोल तहसील में है। उदयपुर जिले में ये प्रतिशत झाड़ोल तहसील में सर्वाधिक है जो राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार है तथा सन्तुलित है। जबकि अन्य तहसीलों में गिर्वा में 9.35 प्रतिशत धरियावद में 8.50 प्रतिशत, गोगुन्दा में 7.19 प्रतिशत है। लेकिन तहसील मावली में मात्र 0.08 प्रतिशत वन कुल भू-क्षेत्र में विस्तृत है जो बहुत कम है। वनों के कम होने का कारण यहाँ के क्षेत्र का पहाड़ी होना है, अत: यहां झाड़ियां सर्वाधिक होती है। इसके अतिरिक्त वनीय क्षेत्रों को मानवीय आवश्यकता की पूर्ति के लिए काट दिया लिया जाता है। इससे मिट्टी के कटाव में तीव्रता, वाष्पीकरण को नियन्त्रित करना व भूमि की नमी को बनाए रखना आदि प्रभावित हो रहे है साथ ही भूमि के स्तर में गिरावट आई है।
- उदयपुर जिले में कृषि अयोग्य भूमि के अन्तर्गत 501641 हेक्टेयर क्षेत्र में आता है जो कुल भूमि का 34.31 प्रतिशत है। अगर इसको भू अभिलेख वृत के अनुसार देखते है तो सराड़ा में 30.58 प्रतिशत, सर्वाधिक कृषि अयोग्य भूमि है, जबकि सबसे कम मावली में 12981 हेक्टेयर (2.57 प्रतिशत) है इसके अतिरिक्त सलूम्बर में 16.57 प्रतिशत, गिर्वा में 15.9 प्रतिशत, कोटड़ा में 8.42 प्रतिशत, खैरवाड़ा 6.80 प्रतिशत, गोगुन्दा में 3.19 प्रतिशत है। सिंचाई के माध्यम से इस प्रकार की भूमि को कम करने का प्रयास किया गया है एवं उसे उपयोगी बनाया गया है, परन्तु कुछ ऐसे क्षेत्र है जिसमें बिल्कुल कृषि कार्य नहीं हो सकता है। क्योंकि इसमें पहाड़ी, उसर, मानव बसाव क्षेत्र क्षारीय व पथरीली क्षेत्र, चट्टानी भाग व जलाशय क्षेत्र आते है।
- जिले में कृषि योग्य बंजर भूमि का विस्तार 131352 हेक्टेयर है जो कि कुल भूमि का 8.98 प्रतिशत है। उदयपुर जिले में इसका कृषि योग्य बंजर भूमि का विस्तार भू-अभिलेख वृत्ता के अनुसार सभी तहसीलों में असमान है। सर्वाधिक मावली तहसील में 16.68 प्रतिशत है व सबसे कम कोटड़ा (2.36 प्रतिशत) तहसील में है। इसके अतिरिक्त गिर्वा 14.23 प्रतिशत, वल्लभगर 13.80 प्रतिशत, गोगुन्दा 12.99 प्रतिशत, सराड़ा 12.93 प्रतिशत, सलूम्बर 5.57 प्रतिशत, धरियावद 5-85 प्रतिशत, खैरवाड़ा 5.29 प्रतिशत, झाड़ोल में 3.07 प्रतिशत कृषि योग्य बंजर भूमि है। वर्ष 1990-91 की तुलना में इसका विस्तार अधिक हुआ है। वर्तमान में वर्षा की कमी के कारण जलाशय भी सुखते जा रहे है। अत: सिंचाई के अभाव में भी कृषि योग्य भूमि बेकार पड़ी रहती है।
- उदयपुर जिले में चरागाह भूमि वर्ष 2000-01 में 90832 हेक्टेयर है जो कुल 6.21 प्रतिशत है। इसमें गिर्वा तहसील में 14600 (16.07 प्रतिशत) है। वर्षा की अनियमितता के कारण चरागाह क्षेत्र कम होते जा रहे है। जिले में सबसे कम क्षेत्र झाड़ोल तहसील 5.20 प्रतिशत व सर्वाधिक क्षेत्र गिर्वा का 16.07 प्रतिशत चरागाह ग्रस्त है। जबकि धरियावद में 11.76 प्रतिशत, मावली 10.69 प्रतिशत, गोगुन्दा में 9.84 प्रतिशत, सलूम्बर में 9-49 प्रतिशत, सराड़ा में 7.35 प्रतिशत, कोटडा में 6.13 प्रतिशत क्षेत्र चरागाह क्षेत्र है। उदयपुर जिले में पानी की उपलब्धता के कारण भूमि फसलों का विस्तार आधिक है। इस कारण भी चरागाह भूमि का क्षेत्र कम है। वर्तमान में सरकार द्वारा अनुपजाऊ व व्यर्थ पड़ी भूमि को भी चरागाह में बदलने का कार्य किया जा रहा है।
- वर्ष 2001-11 में उदयपुर जिले में पड़त भूमि 100255 हेक्टेयर है जो कुल भूमि का 6.86 प्रतिशत है। सबसे कम धरियावद में 7.62 प्रतिशत व सर्वाधिक गिर्वा तहसील में 13.56 प्रतिशत है इसके अतिरिक्त सलूम्बर में 11.70 प्रतिशत, मावली में 10.64 प्रतिशत, सराड़ा में 9.17 प्रतिशत, वल्लभनगर में 9.57 प्रतिशत, झाड़ोल में 9.16 प्रतिशत, गोगुन्दा में 8-11 प्रतिशत और कोटड़ा में 7.87 प्रतिशत है। वर्ष 2000-01 की तुलना में 2.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जिले में समस्त बोई गई भूमि सन् 2017-18 के अनुसार 255912 हेक्टेयर क्षेत्र पर विस्तृत है। जो कुल भूमि का 17.50 प्रतिशत है। समस्त बोई गई भूमि में वास्तविक बोई गई भूमि व दुपज भूमि सम्मिलित है। इसका सर्वाधिक भाग गिर्वा तहसील का 54.37 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त अन्य तहसीलों में बहुत ही कम क्षेत्र है। वल्लभनगर 7.86 प्रतिशत, धरियावद 7.33 प्रतिशत, मावली 5.67 प्रतिशत, सलूम्बर 5.52 प्रतिशत, झाड़ोल 4.15 प्रतिशत, सराड़ा 4.12 प्रतिशत, खैरवाड़ा 4.74 प्रतिशत, कोटड़ा में 3.74 प्रतिशत व सबसे कम गोगुन्दा तहसील में 2.51 प्रतिशत है। विगत दस

वर्षो में इस क्षेत्र में 9.05 प्रतिशत की कमी हुई है।

उदयपुर जिले में पड़त भूमि का क्षेत्र कुल भूमि क्षेत्र का 6.8 प्रतिशत है। वर्ष 2001-11 में यह 6-86 प्रतिशत व वर्ष 2011-18 में 8.60 प्रतिशत थी। अर्थात् वर्ष 2011-18 में पड़त भूमि में 3.7 प्रतिशत की वद्धि रही है। वहीं 2001-11 की तुलना में 2010-11 में पड़त भूमि क्षेत्र में सर्वाधिक क्षेत्र गिर्वा तहसील में व सबसे कम क्षेत्र कोटडा तहसील में है। 2001-11 में सबसे कम क्षेत्र गोगुन्दा में 8.11 प्रतिशत था। पड़त भूमि में वृद्धि का कारण पर्याप्त जानकारी के अभाव में भूमि उपयोग में अनियमितता और सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता का अभाव रहा है। वहीं दूसरी और विगत वर्षो में कृषि अयोग्य भूमि में उत्तारोत्तार कमी आई है। वर्ष 2001-11 में 35.99 प्रतिशत है तथा वर्ष 2011-2018 में इसका प्रतिशत 34.31 प्रतिशत रह गया जो कि वर्ष 2001-2011 की तुलना में 1.68 प्रतिशत कम रहा है।

उपर्युक्त आँकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि उदयपुर जिले की भौगोलिक स्थिति पहाड़ी होने के कारण कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता कम है तथा विगत वर्षों में उपलब्ध भूमि में भी विभिन्न कारणों से लगातार कमी आ रही है। इस प्रकार की कमी से एकतरफ कृषि उपज पर प्रभाव पड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। अत: इस विषय पर गहन शोध कर उपाय खोजने की आवष्यकता है।

संभावनाएँ – उदयपुर जिले की भौगोलिक स्थिति और उपलब्ध भूमि के विश्लेषण से यह निष्कर्ष प्राप्त होते हैं कि संभवत: कुछ सामान्य नीतिगत एवं व्यवहारिक उपायों से भी कृषि भूमि की उपयोगिता को बढाया जा सकता है साथ ही कृषि भूमि की उपलब्धता में हो रही लगातार कमी को रोका जा सकता है। इसके लिए निम्न संभावनाएँ हैं-

- प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि कृषि योग्य बंजर भूमि में यह वृद्धि क्रमश : 8.89 व 10.98 प्रतिशत है जो कृषि भूमि उपयोग योजना के प्रतिकूल है। अत: जिले में इस भूमि की वृद्धि का आशय है कि कृषि विस्तार की योजनाएं सार्थक रूप से लागू नहीं हो पा रही है। वर्तमान समय में तकनीकी प्रयत्नों के द्वारा बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाया जा सकता है और फसलों के उत्पादन में उत्तारोत्तार वृद्धि की जा सकती है।
- यह एक ऐसी भूमि है, जिसको साफ करके खेती के अन्तर्गत लाया जा सकता है। सरकारी संस्थाओं ने इस कार्य में सहयोग भी दिया है। वर्तमान में कृषि जगत में क्रान्तिकारी परिवर्तनों से व्यक्तिगत स्वामित्व एवं कृषकों द्वारा वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन की ओर बढ़ती प्रवृति के कारण बंजर भूमि पर विकास को नये नये आयाम दिये जा रहे है, जिसके उदाहरण जिले में नमूने के तौर पर देखे जा सकते है।
- जिले में कृषि अयोग्य प्रकार की भूमि 34.31 प्रतिशत भू - भाग के अन्तर्गत आती है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक बंजर, पहाडी व उसर भूमि का फैलाव सराड़ा तहसील में है। जो उदयपुर के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित है। उदयपुर जिले में अरावली पर्वत श्रृंखला का विस्तार होने से बंजर व पथरीली भूमि की अधिकता है। कृषि के अतिरिक्त प्रयुक्त भूमि की मात्रा के वितरण में मार्बल व्यवसाय सर्वाधिक विकसित होने से तथा नगरीयकरण के फलस्वरूप इस भूमि की मात्रा अधिकाधिक देखी जा सकती है। इस प्रकार की भूमि का उपयोग यद्यपि कृषि कार्यो के लिए नहीं किया जा सकता है परन्तु अप्रत्यक्ष रूप से यह कृषि योग्य भूमि को बढ़ा सकता है। इस प्रकार की भूमि के आवासीय और व्यावसायिक उपयोग पर बल दिया जाना चाहिए जिससे कृषि योग्य भूमि का इन कार्यों में उपयोग ना हो और वह सिर्फ कृषि के लिए उपलब्ध रहे।
- जिले की लगभग 8.60 प्रतिशत भूमि पड़त भूमि है जो समय पर वर्षा न होना, सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध न होना, किसान की असमर्थता व मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने के लिए भी पड़त भूमि रखी जाती है। यह भूमि कुछ समय खाली रहने पर यह अपनी उर्वरा शक्ति फिर से प्राप्त कर लेती है। पड़त भूमि में वृद्धि का प्रमुख कारण पर्याप्त जानकारी के अभाव में भूमि उपयोग में अनियमितता और सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता का अभाव रहा है। इस प्रकार की भूमि के उपयोग से सम्बंधित जागरूकता फैला कर इसका समुचित उपयोग किया जा सकता है।
- भूमि उपयोग की तालिका से स्पष्ट है कि कृषि अयोग्य भूमि में कमी एवं वृद्धि स्थानीय तहसील की भौतिक एवं भौगोलिक दशाओं के कारण हो रही है अत: सभी तहसीलों में भूमि की प्रवृतियां एक समान नहीं होने से कृषि भूमि का प्रारूप व विकास का सही नियोजन नहीं हो रहा है। इसके लिए तहसील स्तर पर भूमि का अध्ययन और उसके उपयोग के तरीके सुझाये जाने आवष्यक है।
- जिले में विगत कुछ वर्षो में वास्तविक बोई गई भूमि में कमी आई है, इसके संभावित कारणों में जनसंख्या वृद्धि व पानी की कमी को प्रमुख माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त मृदा की उर्वरता में कमी के साथ जलवायु सम्बन्धी तत्वों का प्रभाव फसलों के उत्पादन एवं वितरण पर पड़ता है। इस प्रकार की भूमि के उपयोग की कमी के कारणों पर पर्याप्त शोध किया जाना आवष्यक है तथा प्राप्त कारकों का निवारण किया जाना चाहिए।

निष्कर्षता: कहा जा सकता है कि जिले की भौगोलिक स्थिति का इसकी भूमि की उपयोगिता पर गहरा प्रभाव होता है। चूकि उदयपुर जिला अरावली पर्वत श्रेणी पर स्थित है अत: भौगोलिक विषमता का होना यहाँ सामान्य बात है। इसके साथ ही औद्योगिक विकास, जनसंख्या वृद्धि और उदयपुर शहर के अनियोजित विकास ने भी कृषि भूमि के उपयोग को प्रभावित किया है। राज्य सरकार तथा सम्बंधित विभागों द्वारा पर्याप्त नियोजन तथा कृषि भूमि के विकास के प्रति सजग प्रवृति इसके विकास और संरक्षण में सहयोग कर सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राजस्थान सांख्यिकी-2009, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान, 2010-11
2. रामकुमार गुर्जर एवं बी.सी. जाट, भारत का भूगोल, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, 2009
3. जिला भू-अभिलेख विभाग, कार्यालय जिलाधीश, उदयपुर
4. एच.एस.शर्मा व एम.एल.शर्मा, राजस्थान का भूगोल, पंचशील प्रकाशन, जयपुर 2013

तालिका-2 : उदयपुर जिले के भूमि उपयोग का तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2001-11 से 2011-18

भूमि उपयोग का वर्गीकरण	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		भूमि उपयोग (प्रतिशत में)		परिवर्तनप्रतिशत में
	2001-11	2011-18	2001-11	2011-18	
जंगलात	405327	405328	27.72	29.00	+1.28
कृषि अयोग्य भूमि	501641	501640	34.31	32.13	-2.18
कृषि योग्य बंजर	131352	13353	8.98	10.98	+2.00
चारागाह	90832	90831	6.21	5.20	-1.01
पड़त भूमि	100255	100254	6.86	8.60	+1.74
वास्तविक बोई गई भूमि	231846	231847	15.86	13.03	-2.83
वृक्षों के झुण्ड	856	855	0.06	1.06	+1.00
कुल भूमि	1462109	14621010	6.68	4.16	-2.52
समस्त बोई गई भूमि	255912	255911	17.5	8.05	-9.45
द्विपज भूमि	24066	24065	1.65	1.04	-0.61

स्त्रोत- कार्यालय जिलाधीश (भू.अ.), उदयपुर

****

आदिवासी महिला नेतृत्व की भूमिका

प्रियंका झाला*

प्रस्तावना – जैसा कि सभी परिचित है 90 के दशक के प्रारंभिक काल में तत्कालीन केंद्र सरकार ने पंचायतों को नया स्वरूप देने और वंचित सामाजिक समूहों को उचित स्थान प्रदान करने की दृष्टि से नया प्रारूप प्रस्तुत किया। इस अधिनियम को अनेक क्षेत्रों में परिवर्तनकारी कदम के रूप में स्वीकार किया गया। निरूसंदेह यह अधिनियम पूर्व की पंचायत व्यवस्था से पूर्णतया भिन्न और नया स्वरूप लिए हुए हैं।

सन 1992 के पंचायतीराज अधिनियम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पंचायत की संस्थाओं को संसद और विधानसभाओं की तरह ही संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है अर्थात अब पंचायती राज संस्थाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इनका चुनाव भी हर 5 वर्ष में होना सुनिश्चित किया गया है। यही बात रेखांकित करने योग्य है। दूसरा प्रावधान धरातल कि इन संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है। इसी कारण पहले जहां एक तिहाई महिलाओं का आरक्षण था उसे अनेक राज्यों में 50% कर दिया गया है।

देश की आधी आबादी इन्हें युगो-युगो से इन संस्थाओं में आने की कोई गुंजाइश नहीं थी वहां इनकी उपस्थिति आवश्यक कर दी गई है। इसे हम क्रांतिकारी कदम कह सकते हैं। महिलाओं के लिए की गई यह व्यवस्था केवल वार्ड पंच तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सरपंच, प्रधान एवं जिला प्रमुख तक के पदों में आरक्षण के माध्यम से महिला वर्ग की उपस्थिति निर्धारित की गई है। इस अधिनियम के प्रावधान और भी हैं लेकिन हमारा उद्देश्य यहां धरातल कि इन संस्थाओं में महिला एवं विशेषतया आदिवासी महिलाओं की भागीदारी और इस वर्ग में उभरता नेतृत्व को रेखांकित करते है।

प्रस्तुत लेख में अध्ययन के अनुसार संक्षेप में महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी का वर्णन किया जा रहा है। हमारे शोध अध्ययन में महिला जनप्रतिनिधियों के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और विविध प्रसंगों का अध्ययन किया गया है। इसमें ज्ञात हुआ है कि पंचायती राज में आदिवासी महिला जनप्रतिनिधियों के उभरते नेतृत्व के संबंध में समाज के हर वर्ग स्तर पर स्वीकृति मिल चुकी है। जनप्रतिनिधियों से जब पूछा गया कि आपके समाज में महिलाओं की भागीदारी को पुरुष समाज स्वीकृत कर चुका है। इसके उत्तर में 90% प्रतिनिधि नेताओं ने उत्तर में यही कहा कि अब पुरुष वर्ग ने बदलते संदर्भ में उन्हें पंचायतों के अंदर उन्हें समुचित आदर व स्थान देना शुरू कर दिया है। दूसरा प्रश्न प्रतिनिधि महिला नेतृत्व से पूछा गया कि आपके पंचायत में सरपंच, उपसरपंच या पंचायत समिति में जाने से आपको कैसा महसूस हो रहा है ? अधिकांश महिला प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्हें वहां जाने से जो सम्मान मिलता है उससे वे प्रसन्न है। कुछ महिलाओं ने यह भी कहा कि नए नियम के तहत हमें जो सम्मान मिला है वह ग्रामीण समाज में पहले कभी नहीं मिला।

तीसरा प्रश्न इन प्रतिनिधियों के भागीदारी का था जब उनसे पूछा गया कि क्या आप ग्राम और पंचायत समिति स्तर पर बातचीत या बहस में भाग लेती है, तो लगभग सभी ने कहा हम जो हमारे गांव के लिए विकास के कार्य करवाने होते हैं उनमें खूब भाग लेते हैं। कई महिलाओं ने तो बताया कि हमारे कहने के कारण ही नालियां और सीसी रोड का निर्माण हुआ है। इनको देखकर हमें बड़ा गर्व होता है कि हमारी भी इन संस्थाओं में बराबरी की भागीदारी है।

चौथा प्रश्न शैक्षणिक योग्यता को लेकर था हमने अपने अध्ययन में पाया कि अधिकांश महिला नेता शिक्षित नहीं है, लेकिन अब परिस्थितियों में परिवर्तन आ रहा है। कुछ एक पंचायतों एवं पंचायत समितियों में दसवीं, बारहवीं, बीए, बीएड पास प्रतिनिधियों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ रही है। यह परिवर्तन हमें आशा दिलाता है कि धरातल कि इन संस्थाओं में आने वाले समय में पढ़ी लिखी महिलाओं की भागीदारी सरपंच, उप सरपंच, प्रधान और उप प्रधान स्तर पर शिक्षित महिलाओं की वृद्धि हुई है।

सारर्थ यह कहना कदाचित गलत नहीं होगा कि विगत 10 वर्षों में धरातल कि इन संस्थाओं में महिला भागीदारी बढ़ रही है। महिलाओं में भी इस बात का अहसास है कि वह अब एक सम्मानजनक और जिम्मेदार पद पर आसीन है। आदिवासी अंचल में शिक्षा का प्रचार-प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। अधिकांशत लड़कियों की स्कूलों में भी वृद्धि देखी जा सकती है। पंचायती राज की संस्थाओं में शिक्षित महिलाएं अधिक से अधिक भाग लें इसकी गुंजाइश बनती नजर आ रही है।

References :-

1. Balwant Rai Mehta, `Some Recent Trends in Panchayati Raj in India', Indian Journal of Public Administration, Vol, VIII, No. 4, October-December, 1962.
2. L.M. Singhvi, `Public Opinion is of utmost Importance' Kurukshetra, Vol XXXVIII , No. 6, March ,1989.
3. Prakash N.V. Rao, `Operational Dynamics of Panchayati Raj', Kurukshetra, June, 1987.
4. Prakash Chandra Suri, `Panchayati Raj- Power to the People', The Hindustan Times, New Delhi, June 2, 1993.

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

Ethnobotanical Significance of *Malvastrum coromandelianum* (L.)Gracke

Harsha Hinge* D.K. Billore Sanjay Vyas*****

Abstract - Ethnobotany term was coined by J.W. Harshberger in the 1895. It is a study of plants and humans; this represent good relationship between wild plants and the communities who reside in remote and far distant areas of forest and they utilize wide variety of plant resources fulfilment of their daily requirement. The first interest of humans in plant life dates back to the initial times when in views of his continued existence ,he soon accepted the need to become familiar with the plants of his environment and in food crop development. Concomitantly with the earliest need of plants for food there was a wholehearted awareness of the values of medicine. This knowledge descended from generation to generation in the form of folklore. This knowledge has now emerged as a science of Ethnobotany. False Mallow, Broom Weed, Clock Plant, Prickly Malvastrum is common name of *Malvastrum coromandelianum* (L.) Gracke .It belongs to family malvaceae. In tribal areas it is known as kheranti.The ethanobotanical survey reveals that this plants parts like root, leaf,bark ,flower and seeds used in treatment of diseases and also shows antiinflammatory, analgesic, antinociceptive, antibacterial, and antidysenteric activity, and the information were collected through indigenous tribal health practitioner man who sells medicines in local market of tribal and semi tribal areas.
Key words - *antinociceptive, clock plant, Harshberger, folklure, antidysentric.*

Introduction - Ethno botany term was coined by J.W. Harshberger in the 1895. It is a study of plants and humans; this represent good relationship between wild plants and the communities who reside in remote areas of forest and they utilize wide variety of plant resources for fulfillment of their requirement. This knowledge descended from generation to generation in the form of folklore. In present study, the information about plant was obtained during frequent field trips of local market of tribal and semi-tribal pockets of Khargone, Dhar, and Indore districts of Madhya Pradesh. False mallow, Broom weed, Clock plant, Prickly Malvastrum ,is common name of Malvastrum coromandelianum (L.) Gracke. It is belongs to family Malvaceae and herbaceous in habit. It is terrestrial plant.It is widely distributed throughout the world in all climatic condition tropical and sub-tropical and also extending in to temperate region.

Methodology- According to indigenous tribal health practitioners who sells medicines in local market these plant species (see in figure 1.1) is utilized by local people against various diseases. Mode of preparation and how tribal taken plant parts as medicine enlisted in table 1.

Result and discussion - Whole plant, leaves, flowers, seeds, root and root bark used for the treatment of various diseases. These plant part is effective against antidote, Anti-inflammatory sores, wound joint pain, muscular pain, jaundice, dysentry, sore throat, Lung and cough diseases, diabeties, fever, diarrhea. Plants are the main source of drugs which is mainly used by tribal area.i.e.in studied districts. The plant species or plant part used by them is very easily available and affordable. Mode of preparation and Mode of administration are also simple and convenient.and observation clearly shows that this plant has no side effects as tribal says.

Conclusion-Plants are the main source of drugs which is mainly used by tribal area.i.e.in studied districts. The plant species or plant part used by them is very easily available and affordable. Mode of preparation and Mode of administration are also simple and convenient. and observation clearly shows that this plant has no side effects as tribal says. The treatment given by the tribals is found very effective .There is need to raise awareness among people about documentation and to assist them for cultivation and conservation of the plant to local people of the area to meet their own medicinal needs.

References :-

1. Shukla , A.N., Srivastava,S., and Rawat A.K.S. 2010 An ethnobotanical study of medicinal plants of Rewa district , Madhya Pradesh Indian journal of traditional knowledge Vol.9(!), January 2010, pp191-202
2. Rai, R. 2012 Ethnobotanical Studies on Korku Tribes of Madhya Pradesh Forestry Bulletin, 12 (2), 2012

*Department of Botany, Govt. Holkar Science College, Indore (M.P.) INDIA
** Department of Botany, Govt. College, Rau, Distt. Indore (M.P.) INDIA
*** Department of Botany, Govt. Holkar Science College, Indore (M.P.) INDIA

3. Balkrishna, A. , Shrivastava , A., Shukla ,B.K.., Mishra R.K.., and Joshi, B.,2010 Medicinal plants of Morni hills Shivalik range, Panchkula, Haryana Journal of Non-Timber forest Products 25 (1) 1-14,2018
4. Bhattacharya, K., Mandel, S.,(2013) Study of diversity of the dicotyledonous medicinal plants of the district of Burdwan, West Bengal International journal of current research vol.5 Issue ,pp1635-1643, july,2013
5. Nag,K., and zia- ul-Hassan 2013 Ecological study of medicinal wild herbs in Mayur Garden at Bhopal city, Madhya Pradesh, India advances and applied science research, 2013 4(4):155-159
6. Bharti,V.K.,(2015) Ethno-medicinal plants used by the tribal people of shahdol district , Madhya Pradesh for the treatment of Rheumatism International journal for research in applied science and engineering technology, Volume 3 issue XII December 2015 ISSN :2321-9653

Observation table 1 Plant part and their uses

Plant part	Used as for medicine	Mode of preparation
Whole plant	Antidote, Antiinflamatory,Arthritis, Aphrodisiac, Dysentry , Jaundice, Joint pain, Muscular pain, Sore throat , Cough , Resolvent , Emollient	Cut the fresh plant in small pieces and boiled it with water until becomes halved.Make a dry powder of whole plant boiled with water until it becomes halved.
Leaf	Wound and sores, Ring worm	Applied paste of crushed leaves
Leaf	Dysentry, Jaundice, Diabetic,	Leaf decoctionLeaf and bark decoction
Leaf	Skin allergy and skin diseases, Diarrhea, Vomiting , Heartburn,	Hot extract with other plants.Leaf infusion
Flower	Diaphoretic and Pectoral Lung and cough diseases	Whole flower decoction
Seeds	Dysentry, Inflammed sores, used as emollient, resolvent and cooling agent	Decoction
Seeds	Premature ejaculation of semen due to erotica	Dry seed powder with sugar is given twice a day.

Figure 1.1 ***Malvastrum coromandelianum L.(Gracke)***



****

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण शिक्षा एवं संपोषित विकास

डॉ. रेनू जैन*

प्रस्तावना - रवीन्द्र नाथ ठाकुर के शब्दों में, 'ज्ञान ही सत्य है और सत्य से बढ़ कर संसार में अन्य कुछ नहीं।' हमें सत्य चाहिये किसी सुविधा और सम्मान के लिए नही वरन् अपनी आत्मा को प्रच्छन्नता से युक्त कराने के लिए विस्तार ही जीवन है, संकोच मृत्यु। आज हमारी कोई भी समस्या संकरी बुनियाद पर हल नहीं हो सकती।'यत्र विश्व भवत्येकं नीडं',[1] 'सर्वभूतहितेरत:','वसुधैव कुटुम्बकम्' के आदर्श को सामने रखते हुए भूमण्डलीकरण और बदलते मूल्यों के इस दौर में शिक्षा का ऐसा स्वरूप होना चाहिए जो न केवल व्यक्तिगत संभावनाओं और छिपी प्रतिभाओं को उजागर करें अपितु उसकी विषय वस्तु तथा प्रक्रिया समसामयिक जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप विवेक देने वाली हो।

पृथ्वी पर मानव का अस्तित्व सुरक्षित पर्यावरण एवं प्रकृति पर ही निर्भर है। आज समसामयिक मूल्य-बोध के अभाव में मानव और पर्यावरण के सम्बन्ध सहज समन्वयात्मक न हो कर शोषण लोभ और आर्थिक व्यावसायिकता पर आधारित हो गए हैं। वर्तमान में यह मूल्यों का ह्रास शिक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। नैतिक, प्राकृतिक और आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा स्वयं को, अपने कर्त्तव्यों को, जीवन ओर प्रकृति के सम्बंधो को समझते हुए मानव को अपनी प्राथमिकताओं का निर्धारण कर अपनी प्रबुद्धता का परिचय होना होगा।[2]

आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी - ये जगत् के पाँच केन्द्रीय तत्त्व, पंच महाभूत प्राणि-जगत् को सब ओर से आच्छादित करने के कारण पर्यावरण कहलाते हैं (परित: आवृणोति इति पर्यावरण, परि+आवरण) पर्यावरण में जो भी जैविक (समस्त सजीव प्राणी, वनस्पतियाँ, पशु तथा मनुष्य) और अजैविक (भौतिक और रासायनिक) घटक हैं सब ब्रह्ममय है।[3] परमात्मा की सत्ता के अन्तर्गत प्रकृति अपना कार्य करती है। विश्व का संचालन करने वाला समष्टि एवं प्राकृतिक नियम 'ऋत'[3] हैं। यह सत्तार ईश्वरीय नैतिक जगत् में सत्य और धार्मिक जगत में 'यज्ञ' की धारणा के रूप में विद्यमान थी।

ब्रह्म द्वारा सृष्टि के आरंभ में मानव की उत्पत्ति के साथ यज्ञ[4] की उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है। यज्ञ में त्याग और ग्रहण की क्रिया एक साथ चलती रहती है। जीवन का संतुलन आदान प्रदान के नियम के सुरक्षित रहने में ही है। सम्पूर्ण संसार चक्र एक विराट यज्ञ है जिसमें सूर्य, चन्द्र, तारे, वायु, पृथ्वी, औषधियाँ, वनस्पतियाँ, पशु-पक्षी सभी अपनी-अपनी आहुतियाँ दे रहे हैं। 'यज्ञ-भाव' ही संसार चक्र की धुरी हैं।

पर्यावरण[5] प्राकृतिक रूप से विद्यमान पारिस्थितिकी तालमेल है। एक दूसरे से सम्बंधित एक दूसरे पर निर्भर प्रकृति के समस्त तत्त्व सुचारू रूप से तभी विकसित हो सकते हैं जब इनमें संतुलन हों। ऋग्वेद के पृथ्वी सूक्त में मनुष्य और प्रकृति के अन्योन्य सम्बंध की व्याख्या 'यद् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डें (जो कुछ शरी में है वही ब्रह्माण्ड में है) कह कर की गई है। यजुर्वेद में 'वायु, तेज, जल, पृथ्वी, दिन-रात सभी संतुलित रहते हुए सुख समृद्धि प्रदान करें।'[6] 'आकाश, वायुमंडल, पृथ्वी, जल और पौधे शान्तिमय हों।'[7] इस प्रकार की प्रार्थनाएँ की गई हैं।

प्रकृति परमात्मा की व्यवस्थापिका शक्ति है इसमें तनिक भी अप्राकृतिक तत्त्व या असामान्यता उत्पन्न होना प्रदूषण कहलाता है। मानव सभ्यता के विकास के फलस्वरूप मानव कृत अनेक गतिविधियों के कारण जब पर्यावरण अपना संतुलन खोने लगता है प्रकृति की त्रिगुणात्मक साम्यावस्था भंग हो जाती है तो वह नाशकारिणी हो जाती है। बढ़ती जनसंख्या प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने वाले जीवन-सामग्री देने वाले, वन्य प्राणियों के आवास-वनों की कटाई से बढ़ी हुई प्राण घातक कार्बन डाई-ऑक्साइड भूमंडल के ताप को ही नही बढ़ा रही वरन् सल्फर डाई-ऑक्साइड को उत्पन्न कर अम्लीय वर्षा को भी जन्म दे रही है। कार्बन-डाई ऑक्साइड बढ़ने से जलवायु परिवर्तन कृषि को प्रभावित करता है। ध्रुवों की बर्फ पिघलने से समुद्र का तल उठता है और खारे पानी में डूबी खेती योग्य जमीन की उर्वरा शक्ति क्षीण हो जाती है। रसायनिक खाद कीटनाशक कूड़ा करकट तथा वैज्ञानिक द्रव्य के कारण धरती उर्वरता खो रही है। कारखानों के अवशिष्टों से अमृत जल विष हो रहा है। आणविक विस्फोटों, वाहनों से निकलते जहरीले धुएँ की कार्बन मोनोक्साइड रक्त में हिमोग्लोबीन को प्रभावित करती है। नाइट्रोजन ऑक्साइड फ़ेफड़ों में कैंसर, निमोनिया, मसूड़ो में सूजन आदि बीमारियाँ उत्पन्न करती हैं। ओजोन पर्त में छेद होने से सूर्य की तेज किरणे सीधी पृथ्वी पर आक्रमण कर त्वचा के कैंसर जैसे रोग उत्पन्न कर रही हैं।

पर्यावरणीय शोषण की विकृतियाँ, प्रचण्ड ताप, समय से पूर्व गर्मी की आहट, आँखों से ओझल हो गयी वर्षा तो कभी बेमौसम बरसात आदि हमें सचेत कर रही हैं कि प्रकृति और अधिक मानव हस्तक्षेप नहीं सहन कर सकती। 1972 में स्वीडन में मानव पर्यावरण पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स में पर्यावरण प्रदूषण के कारणों पर विचार हुआ तथा पर्यावरणीय संकट से बचने के लिए हर स्तर पर पर्यावरण शिक्षा दिए जाने पर बल दिया गया। सौर मंडल में पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन संभव है इसे पर्यावरण शिक्षा द्वारा नष्ट होने से बचाना है। यह वर्तमान को बचाए रखनें, भविष्य को सुरक्षित रखने, समस्याओं के हल और बचाव की शिक्षा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में पर्यावरणीय शिक्षा के महत्तव को देखते हुए विचार वस्तु किया गया है -

'पर्यावरण के प्रति चेतना विकसित करने की परम आवश्यकता है यह बच्चों से आरंभ होकर सभी वर्गों एवं सभी वन्य वर्गो में होनी चाहिए

* एसोसिएट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज संघटक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

पर्यावरणीय शिक्षा चेतना सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षण का अंग बने।'

पर्यावरण संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक संधियाँ की गई, सम्मेलन आयोजित किए गए, संगठन बनाए गए राष्ट्रीय और उत्तार प्रदेश के स्तर पर भी अनेक प्रयास किए गए। इन प्रयासों की सफलता के लिए सर्वप्रथम आवश्यकता है (प्रकृतिवादी शिक्षा के प्रचार द्धारा आध्यात्मिक दृष्टिकोण विकसित करने की, मूल्य-बोध की, तभी प्रकृति के साथ संवेदनशील सम्बन्धों का विकास होगा) अतीत की ओर लौटने की।

आज हमारे सम्मुख अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है इन संकट के क्षणों में अपने पूर्वजों के अनुभव का सहारा लेना होगा। हमारे पूर्वज प्रकृति को जीवन का स्रोत मानते थे और उसमें दैवी शक्ति की कल्पना करते थे। वेदों, उपनिषदों, महाभारत, मनुस्मृति, दुर्गासप्तशती आदि ग्रंथों में प्रकृति को अत्यंत उच्च स्थान दिया गया है। पर्यावरण के समस्त कारकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए धावा, पृथिवी, वर्जन्य, आग्ने, सूर्य, जल, वरूण सभी को दैवी रूप प्रदान किया गया।[8] सूर्य को विश्व की आत्मा, जल को दैवी आप, पृथ्वी को माता, जल और वृक्ष को मित्र के रूप में माना गया। श्वेताश्वतर उपनिषद् मे कहा गया है जो चेतना जल में, अग्नि में, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में, औषधियों में एवं वनस्पति में व्याप्त है उसे नमस्कार है।[9] जल को समस्त औषधियों का आगार और शांतिदायक कहा गया है।[10]

मनुष्य यदि प्रकृति को अपनी ही तरह परम सत् का अंश मान ले उसके प्रति कृतज्ञता का मान रखें तो पर्यावरण असंतुलन और संकट से मुक्ति मिल सकती है। प्रकृति के नियमों के विपरीत आचरण करने वाला अनेक विकारों, व्याधियों से ग्रस्त हो जाता है। वन्य प्राणी, अनेक जीव-जन्तु, पेड़-पौधों के फूल पत्तों जैसा ही एक रंग धारण कर शत्रुओं से जीवन की रक्षा कर अस्तित्ववान रहते हैं। ये जीव-जन्तु भी हमारे लिए उपयोगी हैं भूमि की उर्वरता इन्हीं सूक्ष्म जीवियों पर निर्भर है यदि इनकी संख्या कम हो जाए तो प्रकृति विकृति में बदल जाती है। संभवत: इसीलिए अनेक वन्य प्राणी देवी-देवताओं के वाहनो के रूप में पूज्य माने गऐ हैं।[11]

पयार्वरण संरक्षण को शुद्ध करने में यज्ञ की भी महती भूमिका है। यज्ञ की सूक्ष्म ऊर्जा तरंग प्रकृति के समस्त घटकों के भीतर पहुँच कर वहाँ विद्यमान प्रदूषण व विषाक्तता को मिटा कर उपयोगी तत्त्वों का संचार कर सकती है। विषैली गैंसो में कमी आने से जनसमुदाय में सकारात्मक प्राण ऊर्जा का संचार होता है। आस-पास के क्षेत्रों में उत्पादक क्षमता में वृद्धि होती है। यज्ञीय ऊर्जा से पोषित सूर्य किरणों को धरती पर विद्यमान जलीय स्रोत अच्छी तरह से अवशोषित कर लेते हैं। इससे प्रकृति की 'रिसाइक्लिंग प्रणाली' संतुलित रहती है। वैदिक ऋषि सूर्य की किरणों से मृत प्राय शक्ति विहीन भूमि को उर्वरक बनाने का अनुरोध करते हैं इन्हीं ऋतुगणों (सूर्य की किरणों) ने आकाश और पृथ्वी के बीच सुरक्षा कवच के रूप में अयन मंडल का निर्माण किया है। आज पृथ्वी की आंतरिक पर्त की गति धीमी होने से चुम्बकीय क्षेत्र कमजोर हो रहा है, जगह-जगह छेद हो रहे हैं परिणामत: सौर विकिरण और कॉस्मिक किरणे सीधे धरती पर आकर प्रभावित अंगों पर कैंसर जैसे रोग कर रही हैं।

अथर्ववेद में हम पाते हैं कि यज्ञ करने से ओजोन परत (सुरक्षा कवच) भी पुष्ट हो सकती है। 'यह विस्तृत देवी स्वरूपा पृथ्वी शुद्ध संकल्पों से युक्त होकर चर्म रूपी ढाल अपने संरक्षण के लिए धारण करें'- यज्ञीय प्रक्रिया से इसे पुष्ट करने का संदेश दिया गया है। यज्ञ से वातावरण सुगंधित होता है[12] तथा ऐसी गैसे उत्पन्न होती हैं जो वातावरण का परिष्कार करती हैं यज्ञ को अम्लीय वर्षा से बचने का एक मात्र उपाय भी कहा गया है।

पर्यावरणीय असंतुलन को ठीक करने का एक महत्तवपूर्ण उपाय है वनीकरण। प्राचीन वैदिक संहिता में मानव-जीवन के दीर्घायु होने के लिए लता, वनस्पति, वृक्ष व नदी का महत्तव प्रतिपादित है। (नमोवृक्षेभ्य:, यजु. 16.17, 16.20)। जन्तु-जगत् और वनस्पति जगत् एक दूसरे से खाद्य-शृंखला से जुड़े हैं। प्राणि जगत् ऑक्सीजन ग्रहण करता है, कार्बन डाई-ऑक्साइड छोड़ता है यह कार्बन डाई-ऑक्साइड पौधों द्धारा अपना भोजन बनाने में प्रयोग होती है और बदले में पौधे ऑक्सीजन छोड़ते हैं इससे दोनों गैसों का सही अनुपात बना रहता है।

वनों का भूजल संरक्षण और बाढ़-नियंत्रण में भी योगदान है। वनों की उपस्थिति से जल का पृथ्वी में सोखना बढ़ता है। वहीं वृक्षों की सघनता व गहनता पानी में वेग को रोककर बाढ़ से होने वाली क्षति से समाज को बचाती है।

वनों से वन्य प्राणियों के आवास की समस्या, ऋतु परिवर्तन, वायु, जल-भूमि, ध्वनि-प्रदूषण, बाढ़ नियंत्रण, सूखे की समस्या, भूमि कटाव, मरूस्थलीकरण जैसी समस्याओं से मुक्त होकर पर्यावरणीय संतुलन को बनाया जा सकता है।

अत: अलंकारिकता का प्रयोग भी मालती जी की कहानियों में दिखाई देता है। अत: कहा जा सकता है कि मालती जी की कहानियों में काव्यामयता, सूक्ति, मुहावरों, देसी, विदेशी शब्दों का यथोचित प्रयोग उनकी कहानियां मैं प्राण डाल देते हैं। उनकी कहानियों की भाषा पाठक को सोचने पर मजबूर नहीं करती बल्कि उन्हें अपने आकर्षण में बांध लेती है। उनकी भाषा यथार्थ की उपस्थिति कराने की क्षमता रखती है। मालती जोशी की ज्यादातर कथाएं मधयवर्ग और पारिवारों के बीच रची गई हैं, जो सामान्यत: शहरी और कस्बों की पृष्ठभूमि के हैं। बढ़ते शहरीकरण से हरियाली सिमटती जा रही है तथा बढ़ते परिवार आंगनों को खत्म कर कमरों में परिवर्तित हो रहे हैं। ऐसे में निश्चित रुपसे हमारी आधुनिक कहानियों में भी प्रकृति का हिस्सा लगातार घट रहा है। फिर भी उनकी कुछ कहानियों में प्रकृति संबंधी संवेदना विभिन्न रूपों में प्रदर्शित हुई है और उनके पात्रों से, उनके संवेदना और मानव का रिश्ता बहुत नजदीक का है। संवेदना भावना के स्तर पर और मानसिक स्तर पर मनुष्य को प्रभावित करती है। महाकवि वाल्मिकी के भीतर का कवि एक पक्षीको बाणों से बिंधता देखकर जाग गया था। उसकी पीड़ा को उन्होंने अपने अंत में महसूस किया और उनके हृदय से कविता फूट पड़ी। संवेदना मानव का अनिवार्य तत्व और मानव साहित्य का अविभाज्य अंग। मानव की मानव के प्रति संवेदना ही साहित्य सृजन की आधार भूमि है। मानव के प्रति संवेदना से रहित साहित्य निरर्थक और खोखला ही नहीं बल्कि समाज के लिए बगैर किसी उपयोग का साबित होगा। इसलिए हर प्रभावशाली सर्जक के पीछे उसकी गहन संवेदना सक्रिय भूमिका निभाती है। यह संवेदना ही लेखक को पाठक और समग्र समाज से जोड़ती हैं। संवेदना किसी भी व्यक्ति का आतंरिक तत्व हो सकता है। लेकिन उसके इस अंतर्मन का विस्तार जब समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक होता है तो उसकी रचनात्मकता को सामाजिक स्वीकार्यता और आदर प्राप्त होता है। यह संवेदना अक्सर देश,काल और परिस्थितियों से भी परे जाकर कालातीत होती है क्योंकि समय चाहे जितना भी बदले हमारेमूल्य और आदर्श एक से बने रहते हैं। संवेदना इन सबको अपने साथ लेते हुए रचनात्मकता में ढलती जाती हैं।

मालती जोशी का महत्व इस जरिए भी प्रतिपादित किया जा सकता है कि वे परिवार की संवेदना का सार्वकालिक मूल्य ढोकर चलती हैं। ऐसे वक्त में जब मनुष्य और परिवारों से संवेदना क्षरित हो रही है, वे इस सार्वभौमिक तत्व को बचाने के लिए लेखन करती हैं। उनका लेखन चाहे बहुआयामी न हो, परिवार के जरिए वे इस तत्व को जीवित रखने की कोशिश करती हैं, जिसमें परिवार की एक इकाई का प्रेम, स्नेह और ममत्व दूसरे के प्रति जीवित रहे और संवर्धित हो। उनकी संवेदना का यही मूलतत्व है, जिसका रक्षण वे धौर्य और कुशलता के साथ कर रही हैं।

निष्कर्ष – आधुनिक काल में वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास के कारण सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में परिवर्तन आया। पुराने मूल्य टूटने लगे, सामाजिक आंदोलन और शिक्षा के कारण नारी संबंधी दृष्टिकोण बदलने लगा और आज की नारी पुरुष प्रधान व्यवस्था और शोषण के विरोध में चुनौती बनकर खड़ी है। 1975 के अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष ने इस दृष्टिकोण के विकास में योगदान दिया है। इसी काल में यूरोप में एवं भारत में नारीवादी चिंतन उभरकर सामने आया। नारीवादी चिंतन को आधार बनाकर साहित्य–सृजन हुआ और नारीवाद की अवधारणाएं स्पष्ट होने लगीं। नारीवाद के संबंध में अनेक लोगो ने अस्पष्ट तथा गलत धारणाएं बनाये रखी हैं। ऐसा भी समझा जाने लगा कि नारी द्धारा लिखा जाने वाला साहित्य अर्थात नारीवादी साहित्य है, किंतु ऐसा नहीं है। जो साहित्य नारी के हक के लिए लिखा जाता है वह नारीवादी साहित्य। फिर चाहे वो किसी पुरुष ने लिखा हो। इस बीच मालती जोशी अपवाद के रुप में एक स्थापित रचनाकार हैं, जिनकी कहानियों में जीवंत समाज के सक्रिय और सजीव पात्रों को बुनकर एक भरा–पूरा संसार रचा जाता है। परिवारों के बीच गढ़ी जाने वाली कहानियां हमारे उस समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें हम तमाम निराशाओं और कुंठाओं के बावजूद जीने का प्रयास करते हैं। इन कठिन परिस्थितियों से निकलने के लिए मालती जोशी का शिल्प विन्यास बहुत ही सहज और सरल भाषावली का इस्तेमाल करते हुए बगैर किसी उलझाव के कथावस्तु को पाठकों तक पहुंचाने में सफलता प्राप्तकरता है। सामान्य बोलचाल की भाषा और पात्रों के अनुकूल संवादों का प्रयोग करते हुए मालती जोशी की शिल्प संरचना उनकी कहानियों को सम्प्रेषणीयता प्रदान करती हैं। उनके शिल्प का सीधा संबंध उस संवेदना से है, जो वे अपनी कहानियों के माध्यम से उभारने में कामयाब होती हैं। इतिहास को अगर देखा जाए तो अपनी बात को कहे जाने के लिए सभी रचनाकार एक विशिष्ट शिल्प को अपनाते हैं, जो उनकी अपनी शैली कहलाती है। मालती जोशी ने अपनी नारी पात्रों को परिस्थितियों से हताश होने वाली नारी न बताकर उसे दृढ़तापूर्वक समस्याओं का सामना करते हुए दिखाया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जोशी मालती – मन न भये दस बीस 1981 साक्षी प्रकाशन।
2. जोशी मालती – बोल री कठपुतली 1985 किताब घर प्रकाशन।
3. जोशी मालती – बाबुल का घर 1992 साक्षी प्रकाशन।
4. जोशी मालती – मोरी रंग दी चुनरिया 1992 साक्षी प्रकाशन।
5. जोशी मालती – रहिमन धागा प्रेम का2002 परमेश्वरी प्रकाशन।
6. www.hindisamy.com
7. www.prabhatbooks.com
8. gadyakosh.org

****

प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति का तुलनात्मक अध्ययन

प्रो. शशि चित्तौड़ा* गायत्री भारद्वाज**

प्रस्तावना – पिछले कुछ समय से यह आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि आज के सूचना तकनीकी के युग में विद्यार्थियों को किस प्रकार परम्परागत पुस्तकों के अतिरिक्त प्रभावी और रोचक तरीके से अध्यापन कराया जायें। उक्त संदर्भ में प्रोजेक्ट उत्कर्ष इस कमी को दूर कर सकता है। इसके माध्यम से कम्प्यूटर आधारित शिक्षण उपयोगी सिद्ध हुआ।

प्रोजेक्ट उत्कर्ष की शुरूआत मोईनी फाउण्डेशन द्वारा की गई। यह फाउण्डेशन एक शैक्षिक ट्रस्ट है। इसकी स्थापना 2012 में जयपुर में हुई, इसके संस्थापक श्री अरविन्द थानवी एवं निदेशक डॉ. विजय व्यास है। इस ट्रस्ट का मिशन 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार'। यह ट्रस्ट क्वालिटी ऐज्यूकेशन पर कार्य करता है। इस फाउण्डेशन का निर्माण प्रौद्योगिकी संरक्षण रोजगार कौषल क्विज आधारित अधिगम के लिए किया गया।

प्रोजेक्ट उत्कर्ष – सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला कलेक्टर महोदय की पहल पर मोईनी फाउण्डेशन, जयपुर व शिक्षा विभाग द्वारा क्विज एकेडमी के सहयोग से प्रोजेक्ट 'उत्कर्ष' की शुरूआत की गई।

प्रोजेक्ट उत्कर्ष के उद्देश्य :

1. **सरल व रूचिपूर्ण स्व-अध्ययन (Self Learning) –** क्विज एकेडमी के द्वारा अधिगमन प्रक्रिया को सरल एवं रूचिकर बनाना व विद्यार्थियों को स्वअध्ययन के लिए प्रेरित करना।
2. **स्मार्ट क्लास व ई-लर्निंग –** विद्यालय में उपलब्ध कम्प्यूटर लैब का उपयोग स्मार्ट क्लास एवं ई-लर्निंग के लिए करना।
3. **रिमोट मॉनिटरिंग –** अध्यापक व विद्यार्थी के नियमित अभ्यास की रिमोट मॉनिटरिंग द्वारा ऑनलाईन मॉनिटर करना।
4. **प्रदर्शन बेंचमार्किंग –** संख्यात्मक डाटा का संग्रह कर विद्यार्थियों, अध्यापकों व विद्यालय का परिणाम विश्लेषण करना।

शोध के उद्देश्य :

1. उदयपुर व जयपुर जिले के सरकार विद्यालयों में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति का पता लगाना।
2. उदयपुर व जयपुर जिले के सरकारी विद्यालयों में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना – उदयपुर व जयपुर जिले के सरकारी विद्यालय में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

विधि – सर्वेक्षण विधि।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध के लिए शोधार्थी द्वारा उदयपुर व जयपुर के 30 विद्यालयों का चयन किया गया, जिसमें से 15 विद्यालय उदयपुर से व 15 विद्यालय जयपुर से लिये गये।

उपकरण – प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी द्वारा उत्कर्ष की वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए चैकलिस्ट का निर्माण किया गया। प्रधानाध्यापकों के लिए चैकलिस्ट का निर्माण किया गया।

तालिका 1 : प्रधानाध्यापकों के अनुसार जयपुर में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति

विवरण	प्रधानाध्या-पकों की संख्या	प्रतिशत
विद्यालय में पर्याप्त कम्प्यूटर है	8	53.33%
कम्प्यूटर कक्ष है	10	66.67%
कम्प्यूटर सही अवस्था में है	6	40.00%
सभी शिक्षक कम्प्यूटर को संचालित करने में दक्ष /निपुण है	8	53.33%
कम्प्यूटर को संचालित करने वाले शिक्षक पर्याप्त संख्या में है	7	46.67%
इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है	10	66.67%
विद्यार्थियों की तुलना में कम्प्यूटर पर्याप्त है	8	53.33%
सभी विद्यार्थी कम्प्यूटर द्वारा पढ़ते है	11	73.33%
विद्यालय में विद्युत आपूर्ति पर्याप्त रुप से होती है	7	46.67%
विद्यालय में नवीनतम कम्प्यूटर पर्याप्त संख्या में है	5	33.33%
पाठ्यपुस्तक संबंधी शिक्षण सामग्री को कम्प्यूटर में प्रदर्शित करने के लिए स्केनर की व्यवस्था है	9	60%
औसत		**54%**

तालिका 2 : प्रधानाध्यापकों के अनुसार उदयपुर में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति

विवरण	प्रधानाध्या-पकों की संख्या	प्रतिशत
विद्यालय में पर्याप्त कम्प्यूटर है	18	60%
कम्प्यूटर कक्ष है	22	73.33%
कम्प्यूटर सही अवस्था में है	22	73.33%
सभी शिक्षक कम्प्यूटर को संचालित करने में दक्ष /निपुण है	20	66.67%

* मार्गदर्शिका, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत
**शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत

कम्प्यूटर को संचालित करने वाले शिक्षक पर्याप्त संख्या में है	16	53.33%
इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है	24	80.00%
विद्यार्थियों की तुलना में कम्प्यूटर पर्याप्त है	18	60%
सभी विद्यार्थी कम्प्यूटर द्धारा पढ़तें है	24	80%
विद्यालय में विद्युत आपूर्ति पर्याप्त रुप से होती है	16	53.33%
विद्यालय में नवीनतम कम्प्यूटर पर्याप्त संख्या में है	14	46.67%
पाठ्यपुस्तक संबंधी शिक्षण सामग्री को कम्प्यूटर में प्रदर्शित करने के लिए स्केनर की व्यवस्था है	24	80%
औसत		**66.06%**

तालिका 3 : जयपुर व उदयपुर के प्रधानाध्यापकों के अनुसार प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति का तुलनात्मक अध्ययन

विवरण	**जयपुर प्रधानाध्या-पकों का प्रतिशत**	**उदयपुर प्रधानाध्या-पकों का प्रतिशत**
विद्यालय में पर्याप्त कम्प्यूटर है	53.33%	60%
कम्प्यूटर कक्ष है	66.67%	73.33%
कम्प्यूटर सही अवस्था में है	40.00%	73.33%
सभी शिक्षक कम्प्यूटर को संचालित करने में दक्ष /निपुण है	53.33%	66.67%
कम्प्यूटर को संचालित करने वाले शिक्षक पर्याप्त संख्या में है	46.67%	53.33%
इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है	66.67%	80.00%
विद्यार्थियों की तुलना में कम्प्यूटर पर्याप्त है	53.33%	60%
सभी विद्यार्थी कम्प्यूटर द्धारा पढ़तें है	73.33%	80%
विद्यालय में विद्युत आपूर्ति पर्याप्त रुप से होती है	46.67%	53.33%
विद्यालय में नवीनतम कम्प्यूटर पर्याप्त संख्या में है	33.33%	46.67%
पाठ्यपुस्तक संबंधी शिक्षण सामग्री को कम्प्यूटर में प्रदर्शित करने के लिए स्केनर की व्यवस्था है	60%	80%
औसत	**54%**	**66.06%**

तालिका 1 से स्पष्ट है कि विभिन्न पहलुओं के आधार पर जयपुर में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति औसतन 54% ही अच्छी है जबकि तालिका 2. से स्पष्ट है कि विभिन्न पहलुओं के आधार पर उदयपुर में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति औसतन 66% अच्छी है।

टी परिक्षण के आधार पर टी का आंकलित मान 2.35 है जो कि 5% सार्थकता स्तर पर उसके तालिका मान 1.96 से अधिक है अत: यह अंतर सार्थक है जिसके कारण प्रथम परिकल्पना को अस्वीकृत किया जाता है। उदयपुर व जयपुर जिले के सरकारी विद्यालयों में प्रोजेक्ट उत्कर्ष की वस्तुस्थिति में सार्थक अन्तर है।

स्थान	**औसत**	**मनक विचलन**	**टी का आंकलित मान**
जयपुर	54%	12.09	2.35
उदयपुर	66.06%	12.09	

वर्तमान में प्रासंगिकता :

1. कंप्यूटर के साथ ही स्कैनर व प्रिंटर की भी व्यवस्था संतोषप्रद रूप से की जानी चाहिए।
2. कंप्यूटर लैब में पावर बैकअप के लिए उपयुक्त बैटरी लगाई जानी चाहिए।
3. इंटरनेट की सुविधा में भी कई बार अड़चनें आ जाती है, इस पर ध्यान देने के लिए हार्डवेयर विशेषज्ञ भी स्कूल में नियुक्त किया जाना चाहिए। विशेषज्ञ सेवाओं की आउटसोर्सिंग कर देने मात्र से समस्या का समाधान नहीं हो पाता है।
4. कमजोर विद्यार्थियों को कंप्यूटर चलाने की विशेष ट्रेनिंग दी जानी चाहिए, जिससे कि वे कंप्यूटर चलाने से घबराए नहीं।
5. विद्यालय के निर्धारित कालांश के अतिरिक्त भी विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रयोग की सुविधा दी जानी चाहिए जिससे कि वह उनकी रुचि और ज्ञान में अभिवृद्धि हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. facebook.com/projectutkarsh.
2. http://www.moine.org
3. http://www.projectutkarsh.org
4. कपूर, डॉ. उर्मिला : 'शैक्षिक तकनीकी', आगरा : साहित्य प्रकाशन।
5. शर्मा, डॉ. संदीप एवं पारीक अलका (2000) : 'शैक्षिक तकनीकी एवं कक्षा-कक्ष प्रबन्धन', जयपुर : शिक्षा प्रकाशन।
6. शर्मा डॉ. आर.ए. : 'अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तकनीकी', मेरठ, आर. लाल बुक डिपो।



धार्मिक केन्द्रों का स्थानीय निवासियों की आय पर प्रभाव का आर्थिक अध्ययन

डॉ. पारस जैन* लवेश पोरवाल**

प्रस्तावना – यह एक सर्वविदित तथ्य है कि भारत राष्ट्र परम्पराओं से समृद्ध राष्ट्र है। शाही आयोग ने कहा कि भारत परम्पराओं की दृष्टि से एक अजायबघर है। किसी भी देश के आर्थिक विकास में अनेक तत्व योगदान करते है एवं सामाजिक एवं आर्थिक तत्व किसी भी देश की विकास प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। प्राचीन भारतीय विचारकों ने लोगों में सन्तोष ही परम सुख है, परोपकार, सेवा भावना एवं धार्मिक भावनाएं भरकर उन्हें आर्थिकता से विहिन कर दिया था। यदि व्यक्ति सन्तोष ही करते तो उसका विकास ही अवरूद्ध हो जाता है एवं किसी राष्ट्र की समस्त जनता ऐसी किसी भावनाओं से प्रेरित हो तो समस्त राष्ट्र का विकास अवरूद्ध हो जाता है। अत: यदि किसी राष्ट्र को विकास के मार्ग पर आरूढ़ होना है तो उसे इन धार्मिक कारकों को सकारात्मक मोड़ देना होगा।

भारत में राष्ट्र में विभिन्न धर्म पोषित है क्योंकि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। यहां हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, जैन, बौद्ध इत्यादि धर्म विद्यमान है। इन धर्मो के प्रति भारत की जनता की गहरी आस्था है एवं इन धर्मो के देवी-देवताओं के कई मंदिर भारत वर्ष में स्थित है। भारत में जनता धार्मिक केन्द्रों के प्रति आस्थावान है एवं प्रतिवर्ष भारत के निवासी इन आस्था केन्द्रो पर जाते रहते है एवं वहां दान तथा दक्षिणा देकर अपनी धार्मिक परम्पराओं का निर्वहन करते है। इस सन्दर्भ में दक्षिण क्षेत्र (आंध्रप्रदेश) के तिरूपती बालाजी, महाराष्ट्र में साई बाबा, सिद्धी विनायक, केदारनाथ, बद्रीनाथ, वैष्णोदेवी इत्यादि उल्लेखनीय है।

इन जन आस्था के केन्द्रों के आस पास बड़ा बाजार विकसित हो गया है एवं प्रतिवर्ष इन स्थलों पर लाखों देशी एवं विदेशी पर्यटक दर्शनार्थी आते है एवं अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार व्यय करते है। इस कारण ये क्षेत्र एक बडे बाजार के रूप में उभरकर सामने आये है। इन क्षेत्रों में कई प्रकार की आर्थिक गतिविधियां होने लगी है। जिससे इन क्षेत्रों के निवासियों एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों की आय में काफी वृद्धि हो गई है।प्रस्तुत शोध पत्र में धार्मिक एवं जन आस्था के केन्द्रों का स्थानीय निवासियों की आय पर हुए प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

सन्दर्भ साहित्य का पुनरावलोकन – सन्दर्भ साहित्य का पुनरावलोकन किसी भी शोध की आधारशिला है। यह भावी शोध की आधारशिला का निर्माण करता है। इससे शोधकर्ता को यह पता चलता है कि शोध शीर्षक पर वर्तमान समय तक क्या कार्य हो चुका है एवं आगामी समय में किस दिशा की ओर बढ़ना है।

यह शोध विषय का एक नितान्त ही नवीन शोध विषय है जिस पर शोध कार्यो का नितान्त अभाव है। यहां तक कि शोधकर्ताओं द्वारा इस विषय पर आज तक सोचा ही नही गया है। यहां हमने शोध शीर्षक से सम्बृद्ध विषयों पर विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा किये गये शोध कार्यो को सूत्रबृद्ध कर उनके निष्कर्षो को प्रस्तुत करने का प्रयास किया जो इस प्रकार है:-

जेनिफर एफ ईप्ले (2012) ने अपने शोध में इण्डोनेशिया के आर्थिक विकास में धार्मिक मान्यताओं की भूमिका का विवेचन प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि देश के आर्थिक विकास में धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक तथा राजनैतिक कारकों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ये कारण एक दूसरे पर अंतनिर्भर है एवं विरोधी भी है। इन गहरे सम्बन्धों का मुख्य कारण धार्मिक संगठन है। इन संगठनों में मुसलमान संगठन अधिक है। इन संगठनों के कुछ लोग सरकार में भी सक्रिय है। कई बार आम जनता एवं सरकार के बीच इन धार्मिक कारणों के कारण विवाद हो जाता है। इस क्षेत्र में कई गैर सरकारी संगठन भी कार्यरत है जो कि जनता की भावनाओं को भड़काकर जन सामान्य के भावी जीवन के साथ खिलवाड़ करते है। स्पष्ट है कि यदि देश का विकास करना है तो इन धार्मिक संगठनों को जनता के जीवन में आशावाद का संचार कर सकारात्मक सोच को विकसित करना होगा तभी आर्थिक विकास सम्भव है।

जॉन एफ. मैकुले एवं ई. बोर्ड (2013) ने अपने शोध पत्र में धार्मिक विश्वास एवं लोकतन्त्र पर अपना मत प्रकट किया है। इस शोध पत्र मे अफ्रीका में धर्म एवं लोकतन्त्र के अन्तसम्बन्धों पर विचार प्रकट किये गये है। उन्होंने बताया कि जो नागरिक अपने धर्म के प्रति अगाध विश्वास रखते है, वो अपने देश की सरकार उनके कल्याण के लिये ही कार्य करती है। सरकार में यह आस्था विभिन्न रखते है कि सरकार उनके कल्याण के लिए कार्य करती है। सरकार में यह आस्था विभिन्न धार्मिक समुदायों के अनुसार भिन्न-भिन्न थी। निष्कर्ष में इन्होंने बताया कि धार्मिक आस्था एवं विश्वास का राजनीतिक आस्था एवं भागीदारी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

एम. बी. स्मिथ (2009) ने अपने शोध पत्र में आर्थिक विकास में आथिक एवं गैर आर्थिक तत्वों की भूमिका का विवेचन प्रस्तुत किया है। उन्होनें बताया कि किसी भी देश के आर्थिक विकास को निर्धारित करने वाले मुख्य आर्थिक तत्व पूंजी श्रम एवं प्राकृतिक संसाधन है जबकि गैर आर्थिक कारकों में सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक प्रथाएं है। उन्होंने इरान का उदाहरण लेकर बताया कि इरान में धार्मिक तत्वों ने देश के आर्थिक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। धार्मिक तत्वों ने निवासियों में ब्राहय आडम्बर भरा है। ये दिखावा करने को आतुर है परन्तु कार्य करने को नहीं अत: निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि धार्मिक कारको ने इरान के आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न की है।

*विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, ज.रा.ना.रा. विद्यापीठ (डीम्ड टू. बी. विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, अर्थशास्त्र विभाग, ज.रा.ना.रा. विद्यापीठ (डीम्ड टू. बी. विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत

एलन, लेहर (2011) ने अपने शोध पत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका में आर्थिक एवं जनांकिकीय विकास में धर्म के योगदान का विवेचन प्रस्तुत किया है। यहां उन्होंने बताया कि आर्थिक तत्वों ने मानवीय पूंजी, श्रम आपूर्ति, पूंजी संचय एवं प्रजनन दरों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। उन्होंने बताया कि धार्मिक तत्वों ने देश के आर्थिक विकास को नकारात्मक रूप से ही प्रभावित किया है। अध्ययन से पता चलता है कि भिन्न- भिन्न धार्मिक समुदायों की जन्म एवं प्रजनन दरें भिन्न-भिन्न है। कई समुदायों में महिलाओं में पुरुषों की अपेक्षा कम है। रोजगार की अनुपलब्धता ने महिलाओं की स्थिति को दयनीय बना दिया है। यदि देश को अधिक विकास के स्तर तक पहुँचाना है तो धार्मिक कारकों को सकारात्मक रूप देना होगा।

अध्ययन के उद्देश्य - धार्मिक एवं जन आस्था के केन्द्रों का स्थानीय निवासियों की आय पर हुए प्रभाव का अध्ययन करना

परिकल्पना - धार्मिक एवं जन आस्था के केन्द्रों का स्थानीय निवासियों की आय पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नही हुआ है।

शोध प्रविधि - प्रस्तुत शोध पत्र की शोध प्रविधि निम्नवत् है:-

अध्ययन क्षेत्र का चयन - भारत एक परम्परागत राष्ट्र है जहां रीति-रिवाज, धार्मिक मान्यताओं तथा आदर्शो का उच्च स्थान है। यहां के निवासी धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत है। यहां के निवासियों के जीवन पर धार्मिक मान्यताओं एवं आस्थाओं का व्यापक प्रभाव होता है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि धार्मिक कारण आर्थिक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते है अर्थात् बाह्य आडम्बर, दिखावा, धर्म के नाम पर ठगी तथा प्राचीन धार्मिक विचार जैसे संतोष ही परम सुख है इत्यादि विकास के मार्ग में अवरोधक है। भारत राष्ट्र इन धार्मिक मान्यताओं से जकडा हुआ है क्योंकि ये यहां के निवासियों के जीवन का हिस्सा है। भारत के लोग नित्य कई मंदिरों में देवताओं के दर्शन करते है एवं यहां तक कि विदेशी पर्यटक भी मंदिरों में दर्शन करते है। यहां के मंदिर अति भव्य, वास्तुकला से ओत-प्रोत एवं दर्शनीय है। जो पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है। यहां की स्थापत्य कला को देखने लोग बरबस आकृष्ट हो जाते है। अत: इस बात का आंकलन अतिआवश्यक है कि भारत के आर्थिक विकास में धार्मिक स्थलों का क्या योगदान है तथा कैसे हम इसे और प्रेरित कर सकते है। अत यहां हमने धार्मिक स्थानों के स्थानीय विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करने हेतु राजस्थान राज्य का चयन उद्देश्यपूर्वक किया है। यहां हमने धार्मिक स्थलो को आर्थिक विकास पर प्रभाव का सूक्ष्म आंकलन करने हेतु उदयपुर संभाग का चयन किया है।

उदयपुर संभाग मूलत छह जिलों में विभक्त है। यथा उदयपुर, राजसमन्द, डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ एवं चितौडगढ। इन क्षेत्रों में कई विख्यात मंदिर, मस्जिद एवं गुरुद्धारे आदि है। जैसे उदयपुर में जगदीश मंदिर, एकलिंग जी. नागदा, जगत का अम्बिका मंदिर, केसरिया जी का जैन मंदिर। बांसवाडा में अर्थुणा के मंदिर, त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, भुंगडा दरगाह, छींछ का ब्रह्मा मंदिर इत्यादि। डूंगरपुर में राज राजेश्वर एवं देवसोमनाथ, बेणेश्वर, गलियाकोट दरगाह। चितौडगढ में सांवलिया जी, कालिका माता, भदेसर भैरव, आवरी माता, शनि मंदिर कपासन दरगाह, नौ गज पीर। राजसमन्द में श्रीनाथ जी एवं द्वारिकाधीश मंदिर एवं प्रतापगढ में गौतमेश्वर मंदिर तथा भवरमाता के मंदिर उल्लेखनीय है।

इन धार्मिक आस्था के केन्द्रों ने स्थानीय विकास में विकास केन्द्र का कार्य किया है। इन केन्द्रों की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इन धार्मिक केन्द्रों पर निर्भर है। यहां के लोग रोजगार हेतु भी इन पर निर्भर है। अत: इस बात का आर्थिक आंकलन अति आवश्यक हो जाता है कि इन धार्मिक आस्था के केन्द्रों ने आर्थिक विकास एवं स्थानीय जन जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है। अत: हमने हमारे शोध में समस्त उदयपुर संभाग के मुख्य मंदिरो, मस्जिदों, जैन मंदिरों एवं अन्य धर्मो के आस्था केन्द्रों को सम्मिलित किया है।

प्रतिदर्श प्ररचना - प्रस्तुत शोध में हमने उदयपुर के मुख्य धार्मिक आस्था के केन्द्रों को सम्मिलित किया है। जिलें में कई धार्मिक आस्था के केन्द्र है। हमने इन केन्द्रो के स्थानीय आर्थिक विकास एवं जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का सूक्ष्म आंकलन करने हेतु निम्न धार्मिक आस्था के केन्द्रो का चयन उद्देश्यपूर्वक किया है।

उदयपुर- 1. जगदीश मंदिर, 2. एकलिंग जी, 3. केशरीया जी,

उत्तारदाताओं का चयन - प्रस्तुत शोध में धार्मिक आस्था के केन्द्रों का स्थानीय सामाजिक, आर्थिक विकास एवं जन-जीवन पर पड़ने वाले सूक्ष्म प्रभावों का अध्ययन करने हेतु आनुपातिक सरल यादृच्छिक पद्धति के माध्यम से प्रत्येक जन आस्था केन्द्र के समीप स्थायी रूप से निवासरत, व्यापार करने वाले व्यापारियों एवं मंदिरों या आस्था केन्द्रों के कर्मीयों में से 24 उत्तारदाताओं का चयन किया गया है। अत: कुल 24 उत्तारदाताओं का चयन किया है। हमारा कुल प्रतिदर्श 24 उत्तारदाता है।

आंकडो का संकलन - प्रस्तुत शोध प्राथमिक आंकडो पर आधारित है। प्राथमिक आंकड़ों की प्राप्ति स्वयं शोधकर्ता द्वारा विशिष्ट रूप से तैयार अनुसूची के माध्यम से की गई है।

आंकडो का विश्लेषण - संकलित आंकडो का विश्लेषण विभिन्न सांख्यिकीय विधियों यथा प्रतिशत औसत, सहसम्बन्ध, प्रतीपगमन, t परीक्षण किया गया है।

निष्कर्ष एवं विवेचन - यहां हमने उत्तरदाताओं से यह जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया कि क्या धार्मिक आस्था के केन्द्रों के समीप रोजगार प्राप्त करने वालों की आय में क्या परिवर्तन हुआ है। यहां हमने प्रत्येक धार्मिक स्थल से रोजगार प्राप्त उत्तरदाताओं का यादृच्छिक रूप से चयन किया एवं उनसे आय के आंकडे प्राप्त किये है। हमने इनका विश्लेषण स्टूडेन्ड के t परीक्षण के अन्तर परीक्षण द्वारा किया है। यहां निम्न शून्य परिकल्पना की गई है।

H_O : धार्मिक आस्था के केन्द्रों के विकास से उत्तरदाताओं की आय में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नही हुआ है।

तालिका 1 : उत्तरदाताओं की आय में परिवर्तन

उत्तरदाता	आय (हजार में)		अन्तर	S	t मूल्य	P मूल्य
	धार्मिक स्थलों के विकास के पूर्व	धार्मिक स्थलों के विकास के पश्चात्				
I	15	30	15	50.40	4.56	.002
II	10	40	30			
IIII	20	50	30			
IV	30	80	50			
V	30	100	70			
VI	20	80	60			
VII	30	70	40			
VIII	20	50	30			
IX	30	90	60			

X	40	110	70			
XI	30	100	70			
XII	20	70	50			
XIII	20	80	60			
XIV	40	80	40			
XV	50	100	50			
XVI	10	70	60			
XVII	20	80	60			
XVIII	20	90	70			
XIX	30	90	60			
XX	20	80	60			
XXI	10	50	40			
XXII	15	85	70			
XXIII	20	80	60			
XXIV	20	80	60			

स्त्रोत : आगणित

$$t = \frac{D}{S}\sqrt{n}$$

$$= \frac{47.08}{50.40}\sqrt{24}$$

$$= 4.56$$

यहां स्वातंत्रय अंश = n –1 = 24–1 = 23

यहां 23 स्वातंत्रय अंश पर t का सारणी मूल्य 1.71 जबकि t का आंकलित मूल्य 4.56 है। स्पष्ट है कि आंकलित मूल्य, सारणी मूल्य से कम हैं अत: हमारी शून्य परिकल्पना गलत सिद्ध होती है एवं निष्कर्ष प्राप्त होता है कि धार्मिक आस्था के केन्द्रों के विकास से उत्तरदाताओं की आय में वृद्धि हुई है। यही निष्कर्ष P का मूल्य से भी प्राप्त होते है जो कि सार्थकता स्तर 0.05 से कम है।

उत्तरदाताओं द्वारा परिवार पर व्यय में परिवर्तन – यहां हमने उत्तरदाताओं से यह जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया कि धार्मिक आस्था के केन्द्रों के विकास से उत्तरदाताओं द्वारा उनके परिवार पर किये जये रहे व्यय में क्या परिवर्तन हुआ है। इसका परीक्षण करने हेतु हमने t के अन्तर परीक्षण का उपयोग किया है। यहां निम्न शून्य परिकल्पना की गई है।

H_O : धार्मिक आस्था के केन्द्रों के विकास होने से उत्तरदाताओं द्वारा परिवार पर किये जाने वाले व्यय में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नही हुआ है।

$$t = \frac{D}{S}\sqrt{n}$$

$$= \frac{28.83}{15.16}\sqrt{24}$$

$$= \frac{28.83}{15.16}\ 4.89$$

$$= 7.65$$

यहां t का आंकलित मूल्य 7.65 है जबकि 24 स्वातंत्रय स्तर पर t का सारणी मान 1.71 है। आंकलित मूल्य, सारणी मान से अधिक है अत: शून्य परिकल्पना गलत है एवं यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि धार्मिक आस्था के केन्द्रों के विकास से उत्तरदाताओं द्वारा परिवार पर किये जा रहे व्यय में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। यही निष्कर्ष P मूल्य से भी प्राप्त हुए जो कि सार्थकता स्तर 0.05 से कम है।

तालिका 2 : परिवार के व्यय में परिवर्तन

उत्तरदाता	आय (हजार में) धार्मिक स्थलों के विकास के पूर्व	धार्मिक स्थलों के विकास के पश्चात्	अन्तर	S	t मूल्य	P मूल्य
I	10	20	10	15.16	7.65	0.0012
II	15	30	15			
IIII	20	40	20			
IV	30	50	20			
V	20	40	20			
VI	22	40	18			
VII	15	30	15			
VIII	10	30	20			
IX	8	30	22			
X	5	25	20			
XI	10	30	20			
XII	10	35	25			
XIII	15	40	25			
XIV	20	50	30			
XV	20	50	30			
XVI	25	60	35			
XVII	30	70	40			
XVIII	30	60	30			
XIX	20	70	50			
XX	25	70	45			
XXI	20	40	20			
XXII	10	40	30			
XXIII	10	40	30			
XXIV	15	45	30			

स्त्रोत : आगणित

सुझाव:

1. धार्मिक स्थलों पर गन्दगी की समस्या एक आम बात है जो पर्यटकों को आकर्षित करने में एक बहुत बड़ी बाधा है। सरकार को इन धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था पर समुचित ध्यान देना चाहिये।
2. धार्मिक स्थलों पर अत्यधिक भीड–भाड रहती है अत: धार्मिक स्थलों के प्रबन्ध को एवं सरकार को भीड़ पर नियन्त्रण हेतु सकारात्मक नीति अपनानी चाहिये। इस हेतु पुलिस कर्मियों एवं स्थानीय युवाओं की भी सहायता ली जा सकती है।
3. धार्मिक स्थलों पर दर्शनार्थियों के रहने की सुविधाओं का अभाव रहता है। सामान्यतया या तो ये होटल अत्यधिक मंहगे होते है या फिर बिल्कुल खराब अत: धार्मिक स्थलों के प्रबन्धन बोर्ड एवं सरकार द्वारा मध्यम श्रेणी के होटल एवं धर्मशालाओं का विकास करना चाहिये ताकि दर्शनार्थियों को ठहरने की समुचित सुविधा प्राप्त हो सकें।
4. धार्मिक स्थलों पर होने वाली आय के समुचित प्रबन्धन की व्यवस्था होनी चाहिये क्योंकि अधिकांश धार्मिक स्थलों पर होने वाली आय एवं व्यय का समुचित लेखा–जोखा नही रखा जाता है जिससे सरकार को राजस्व की हानि होती है। स्पष्ट है कि सरकार को इस दिशा में व्यापक कदम उठाने चाहिये।

5. अधिकांश धार्मिक स्थलों के आस-पास बाजार केन्द्रो का समुचित विकास हो चुका है परन्तु इन बाजारों का विकास अति अस्त-व्यस्त ढंग से किया गया है जिससे जहां एक और आवागमन एवं यातायात में बाधा उत्पन्न होती है। वही दूसरी और भीड-भाड की समस्या से दर्शनार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना होता है अत: सरकार इन बाजारों का विकास व्यवस्थित रूप से मास्टर प्लान के हिसाब से करना चाहिये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Jannifer L. Eplay, “Development issues and the role of religious organization in Indonesia”, published online by University of Mirchigan, 2012
2. John F. Macune and E. Board, “Religious movement and Democracy’’, 2013
3. S.B. Smith “Religious faith and democracy”, Evidence from the afro barometer surveys, Sept 2009, working paper, 113, published online
4. Allen Lehar, “Role of religion in demographic development”, Research abstract, Vol., Pg-24, 2011
5. Adsera, A. (2006a) “Religion and Changes in Family-Size Norms in Developed Countries.” Review of Religious Research 47(3):271-286.
6. Alatas S.F. (2002). Religion, values and capitalism in Asia, in C.J.W.-L. Wee, (ed.) *The State, Culture and Capitalism in Southeast Asia*, Singapore: Institute of Southeast Asian Studies, 107- 126.
7. Alesina, A.F. and Glaeser, E.L (2004). *Fighting Poverty in the US and Europe: A world of difference*, Oxford: Oxford University Press.
8. Alon, I. and G. Chase (2005). Religious freedom and economic prosperity, *The Cata Journal* 25(2), 399-406.
9. Asherson, N. (1995). *Black Sea*, New York: Hill and Wang.
10. Barro, R.J. and R.C. McClearly (2003). Religion and Economic Growth Across Countries, *American Sociological Review* 68(5), 760-781.
11. Beugelsdijk S. (2005). A Note on the Theory and Measurement of Trust in Explaining Differences in Economic Growth, *Cambridge Journal of Economics* 30, 371-387.
12. Blum. U. and L. Dudley (2001). Religion and Economic Growth: Was Weber right? *Journal of Evolutionary Economics* 11, 207 -230.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

विकलांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016: एक अवलोकन

अमिता जोशी* डॉ. प्रार्थना निगम**

शोध सारांश – भारत का संविधान अपने सभी नागरिको के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय व गरिमा सुनिष्चित करता है और स्पष्ट रूप से यह दिव्यांग व्यक्तियों समेत एक संयुक्त समाज बनाने पर जोर डालता है। हाल के वर्षो में दिव्यांगों के प्रति समाज का नजरिया तेजी से बदला है। यह माना जाता है कि यदि दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर तथा प्रभावी पुनर्वास की सुविधा मिले तो वे बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं। यह शोध पत्र पर्सनस विद डिसबिलिटी एक्ट 2016 का एक छोटा सा अवलोकन एवं वर्णन मात्र है जो व्यावसायिक समाज कार्याकर्ता, मानव अधिकार कार्यकर्ता, व्यावसायिक पुर्नवास कार्यकर्ता एवं दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत संस्थानों आदि के लिए इस अधिनियम को समझने के लिए सहायक सिद्ध हो सकता है, जिससे कि वे इस अधिनियम को मूर्त रुप देने में अपना कुछ योगदान प्रदान कर सके। इस शोध पत्र में अधिनियम के विभिन्न अनुच्छेदों का वर्णन किया गया हैं। अधिनियम के नीति, नियमों का पालन एवं उल्लंघन करने पर किस प्रकार के दण्डनीय अपराध हो सकते है इसका वर्णन किया गया है। पर्सनस विद डिसेबिलिटी एक्ट 1995 के प्रावधान, पर्सनस विद डिसेबिलिटी बिल 2014 आदि के प्रावधान में संशोधन एवं परिवर्तन का अवलोकन किया गया है। इस अधिनियम की स्थापना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में लाना, उनके आर्थिक, सामाजिक, मानसिक स्तर एवं आत्म सम्मान में वृद्धि करना है। जिससे वे स्वतंत्र एवं स्वावलंबी जीवन यापन कर सकें।

प्रस्तावना – भारतीय संविधान की रुपरेखा को समाज के दुर्बल एवं दिव्यांग लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया हैं। हमारे संविधान के कई हिस्सों में हमें ऐसे कानून एवं प्रावधान मिलतें हैं, जिसमें शारीरिक एवं मानसिक रुप से दुर्बल (अशक्त) व्यतियों के लिए सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से बनाए गए है।

जैसा की संविधान की अनुसुची 7 की सूची 2 की प्रविष्टि 9 में बताया गया है कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए मानव संसाधन एवं कल्याण मंत्रालय प्रधान मंत्रालय के रुप में कार्यरत है। जिसमें दुर्बल एवं बेरोजगारों की सहायता, को व्यवहारिक रुप में परिणित करने के लिए केन्द्रीय एवं राज्य सरकारें भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहीं है।

इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य पर्सनस विद डिसेवलिटी एक्ट के नियम कानून एवं नीतियों पर प्रकाश डालना है, जिससे यह ज्ञात हो सके कि यह अधिनियम क्या है ? इस अधिनियम के क्या अधिकार है ? जो दिव्यांगजनों को डब्ल्यूएचओ, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रदान किये गये है। यह शोध पत्र पर्सनस विद डिसेबिलिटी एक्ट 2016 का एक छोटा सा अवलोकन एवं वर्णन मात्र है जो व्यावसायिक समाज कार्यकर्ता, मानव अधिकार कार्यकर्ता, व्यासायिक पुर्नवास कार्यकर्ता एवं दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत संस्थानों आदि के लिए इस अधिनियम को समझने के लिए सहायक सिद्ध हो सकता है, जिससे कि वह इस अधिनियम को मूर्त रुप देने में अपना कुछ योगदान प्रदान कर सके।

भारत में सन् 2007 में यूएनसीआरपीडी (यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन राइटस ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी) हस्ताक्षर करने के पश्चात पर्सनस विद डिसेबिलिटी अधिनियम 1995 (जो कि पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995, के नाम से जाना जाता है) में सन् 2010 के कई बैठकों एवं ड्राफ्टिंग प्रक्रियाओं के बाद यूएनसीआरपीडी के अनुसार प्रावधानों में परिवर्तन करना प्रारंभ किया गया जो संसद के दोनों सदनों एवं राष्ट्रपति द्वारा 28 दिसम्बर 2016 में राईटस ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी एक्ट 2016 (आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016) के नाम से पारित एवं प्रभावित हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों की आत्म गरिमा, व्यतिगत अधिकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं स्वयं द्वारा स्वतंत्र रुप से जीवन जीने का अधिकार षामिल किया गया है। यह प्रावधान विभेदीकरण समाज में दिव्यांगजन का पूर्ण एवं प्रभावी रुप से भाग लेने, एवं मानव एवं अमानवीय विविधता से दिव्यांगजनों के कुछ अलग होने को स्वीकार्यता एवं सम्मानपूर्ण स्थिति, अवसरों में एक उपलब्धता, पुरुष एवं महिलाओं में समानता, दिव्यांग बच्चों के अधिकार एवं उनके कार्य करने की क्षमता के प्रति सम्मान का भाव बनाए रखने पर जोर देता है। यह अधिनियम दिव्यांगजनों के प्रति समाज कल्याण की भावना से ऊपर उनके मानव अधिकार एवं संबंधित बातों पर अधिक ध्यान देता है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड है, जिसमें से 2.68 करोड दिव्यांग है जो कुल जनसंख्या का 2.21 प्रतिशत है। आज हम उस सदी में हैं, जिसमें सतत विकास के लिए समावेशी विकास को मुख्य धारा माना गया है। इस प्रकार के विकास के लिए दिव्यांगजनो के विकास को समाहित करना अति आवश्यक है। साथ ही दिव्यांगजनो को सशक्त बनाना अति अवश्यक है।

दिव्यांगता की परिभाषाएँ :-

1) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के अनुसार –'किसी व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति जो उस व्यक्ति की गतिशीलता, समझ और उसकी कार्य क्षमता को सीमित करती है।'

2) कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के अनुसार– 'किसी प्रकार की बिमारी, क्षति या स्थिति जो किसी व्यक्ति को कुछ करने से रोकती है या बाध्य करती है, जो

*शोधार्थी, समाज कार्य, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविघालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** असिसटेंट प्रोफेसर, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविघालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

एक सामान्य व्यक्ति आसानी से कर सकता है।

3) इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ इम्पेयरमेंट डिसेबिलिटी एण्ड हेंडिकैप्ड के अनुसार :-

'व्यक्ति में उम्र, लिंग, सामाजिक, सांस्कृतिक कारकों, क्षति अक्षमता के कारण जो नुकसान या पिछडापन हो जाता है, उसे दिव्यांगता कहते है।'

दिव्यांगता केवल एक शारीरिक समस्या ही नहीं है बल्कि यह एक कठिन सामाजिक परिस्थिति है जो किसी व्यक्ति के शारीरिक विशेशताओं एवं उसके समाज की विशेशताओं के मध्य समन्वय के स्तर को दर्शाती है और इस प्रकार की समस्याओं का सामना करने एवं उससे ऊपर उठने के लिए दिव्यंगजनो को सामाजिक एवं वातावरणीय बाधाओं को पार करना आवष्यक होता है।

राईटस ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी एक्ट 2016 – यह अधिनियम विकलांगजन (समान अवसर, अधिकार, सुरक्षा एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की पुर्नस्थापना करके बनाया गया है। यह अधिनियम 28 दिसम्बर 2016 को लागू किया गया जिसमें भारत द्धारा संयुक्त राष्ट्र संघ सम्मेलन में हस्ताक्षरित, विकलांगजनो के लिए जो कानून एवं अधिकार बताए गए है, सभी प्रावधनों को शामिल किया गया है। अब यह अधिनियम राईट ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी 2016 के नाम से जाना जाता है। जो यूनाइटेड नेशन कन्वेंशन ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी के सभी प्रावधानों की पूर्ति करता है।

इस अधिनियम के अनुसार पूर्व में बताई गई 7 अक्षमताओं के स्थान पर 21 अक्षमताओं का वर्णन किया गया है, जिसे केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति द्धारा और बढाया जा सकता है। इनमें से कुछ दिव्यांगताएं निम्न है – अंधापन, कम दृष्टि, बहरापन, गूंगापन या बोलने में कठिनाई, कई प्रकार की बिमारीयॉ, कुष्ठ रोग आदि।

किसी भी व्यक्ति को दिव्यांग तभी माना जाएगा जब उपरोक्त विकलांगताओं में से एक या अधिक विकलांगताओं ने 40 प्रतिशत से अधिक ग्रसित किया हो।

अब यह प्रश्न उठता है कि यदि हमारे पास पहले से ही विकलांगता से संबंधित कानून उपलब्ध है तो हमें दिव्यांगजनों के लिए किसी नए अधिनियम की आवश्यकता क्यों है ?

सभी प्रकार के प्रावधानों में सामानता – संयुक्त राष्ट्र संघ की संधि के अनुसार मानव अधिकार मुख्य रुप से दो प्रकार के कानूनी दायरों से बंधे हुए है। एक इन्टर नेशनल कन्वेंशन ऑन सिविल एण्ड पॉलिटिकल राईट्स (आई सी सी पी आर) और दुसरा इन्टर नेशनल कन्वेंशन ऑन इकोनॉमिकल, सोशल एण्ड कल्चरल राईट्स (आई सी आई आई सी आई) है।

लक्षित समूह के लिए विशेष प्रावधान – पहले से लक्षित समूह के मानवाधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निम्न प्रावधान संचालित है–

1) सी.ई.डी.ए.डब्ल्यू.– महिलाओं के लिए।

2) सी.आर.सी – बच्चों के लिए।

3) रीफ्यूजी के लिए प्रावधान – रीफ्यूजी के लिए।

अबाध्य प्रकृति के प्रावधान – पूर्व समय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांगों के लिए जितने भी प्रावधान वैश्विक समुदाय द्धारा अपनाए गए है। वे सभी प्रकृति में विकलांगों के अधिकारों के लिए नीति एवं गाईड लाईन उपलब्ध कराते हैं, जो अनुशंसात्मक है। इन प्रावधानों के क्रियानवयन पर किसी भी प्रकार की कानूनी बाध्यता नहीं होती, जबकि ऐसे प्रावधान जो कानूनन रुप से विकलांगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अधिनियम के रुप में मान्य किए गए वे निम्न है –

1) मानसिक रुप से मंद व्यक्तियों के अधिकारों के लिए प्रावधान 1971।

2) विकलांगजन अधिकार प्रावधान 1975।

3) विकलांग व्यक्तियों को प्रोत्साहन के लिए वैश्विक कार्यक्रम 1982।

4) विकलांगजनों के समान अवसर के लिए मानक नियम 1993।

प्रावधान संबंधी सामान्य जानकारी

कन्वेंशन ऑन राईटस ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी

कुल अनुच्छेद – 50

अपनाया गया –13 दिसम्बर 2006

लागू किया गया – 3 मई 2008

कुल हस्ताक्षरकर्ता – 159 कुल सहभागी – 157

वैकल्पिक प्रोटोकॉल

कुल अनुच्छेद – 18

कुल वैकल्पिक प्रोटोकॉल की संख्या – 01

अपनाया गया – 13 दिसम्बर 2006

लागू किया गया – 3 मई 2008

कुल हस्ताक्षरकर्ता – 96 कुल सहभागी – 85

प्रावधान के उद्देश्य – इस प्रावधान का दिव्यांगजनों के सुरक्षा, मौलिक स्वतंत्रता, समान मानवाधिकार, आगे बढाना एवं उनके आत्म सम्मान को बढावा देना है।

अधिनियमानुसार दिव्यांगजन किसे माना गया है?

अनुच्छेद 1 – के अनुसार उस व्यक्ति को विकलांग माना गया है जो दीर्घकालीन शारीरिक, मानसिक बौद्धिक या संवेगात्मक क्षति से ग्रसित हो, जिसके कारण वह व्यक्ति अपने समाज में पूर्ण रुप से हिस्सा ले पाने में असमर्थ हो।

दिव्यांगता के प्रकार –

1) शारीरिक – अपंगता, अंधत्व, पोलियो, अंग विच्छेदन।

2) मानसिक – मस्तिष्क पक्षाघात, मनोविदलता, मंदता।

3) बौद्धिक – डाउन सिण्ड्रोम, फ्रिंगल एक्स सिण्ड्रोम, एनजलमेन सिण्ड्रोम प्रोडर विलि सिण्ड्रोम।

4) संवेदी – बहरापन अंधत्व आदि।

दीर्घकालीन विकलांगता (एलटीडी) – ऐसी विकलांगता जो व्यक्ति के जीवन में दीर्घकाल के लिए रही हो, जिसका वर्णन इस प्रावधान में किया गया है। परन्तु इसकी परिभाषा कई लॉगटर्म डिसेबिलिटी इन्शोरेंस पॉलिसी एवं सरकारी नियमों के अनुसार निम्न दी गई है –

'ऐसी दिव्यांगता जो व्यक्ति को विगत 12 माह से अधिक समय के लिए हुई हो।'

राज्य सरकारों के लिए सामान्य बाध्यताऍं –

अनुच्छेद 4 –

1) दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति विभेदीकरण को खत्म करने के पर्याप्त कदम उठाए जाए, चाहे वह किसी व्यक्ति, संस्था अथवा किसी निजी संस्था द्धारा हो।

2) दिव्यांगता से संबंधित सामान, सेवाऍ, उपकरण एवं सुविधाओं के विकास एवं शोध को बढावा देना।

अनुच्छेद 5 – समानता एवं गैर–भेदभाव।

अनुच्छेद 6 – दिव्यांगता एवं महिलाऍं –

दिव्यांगता के कारण किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

राज्य सरकार भी इस बात से आश्वस्ति होनी चाहिए कि किसी महिला के किसी भी कार्य को लेकर कोई भेदभाव नहीं हो एवं उसके मौलिक एवं मानवाधिकार सुरक्षित हो।

अनुच्छेद 7 – राज्य सरकारों द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ बिना किसी भेदभाव के आधारभूत स्वतंत्रता एवं समानता एवं उनके मानवाधिकारों की रक्षा हो, इस बात की सुनिश्चितता होनी चाहिए। राज्य सरकार इस बात को भी सुनिश्चित करें जिसमें दिव्यांग बच्चों को विचारों को व्यक्त करने की स्वतंत्रता हो जो उन्हे प्रभावित करते है।

अनुच्छेद 8 (जागरुकता बढाना)– राज्य सरकारें दिव्यांगजनों की दक्षता एवं गुण एवं क्षमताओं के बारे में समाज को जागरुक करनें एवं दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान की भावना को बढाने के लिए हर सम्भव प्रयास सुनिश्चित करें। राज्य सरकारों को श्रमिक बाजार एवं अन्य कार्य स्थलों पर दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिष्चित करना होगा।

अनुच्छेद 13 (एक्सेस टू जस्टिस) – राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी दिव्यांगजन को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से न्याय प्राप्ति प्रभावी ढंग से हो। राज्य सरकारों द्वारा प्रशासनिक न्याय विभाग एवं नीति निर्धारण के क्षेत्र में कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

अनुच्छेद 24 (शिक्षा) – राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिव्यांगजनों को बिना किसी भेदभाव एवं समान अवसर के साथ शिक्षा प्राप्त हो।

1) ब्रैल लिपि या अन्य लिपि वैकल्पिक माध्यम, वार्तालाप एवं संवाद के अन्य माध्यमों को, अध्ययन के लिए उपलब्ध कराया जाए।

2) कोई भी दिव्यांगजन अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा से वंचित ना रहे।

3) श्रवण बाधितों का साईन भाषा एवं भाषाई परख के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाए।

दिव्यांगजनों के अन्य अधिकार

अनुच्छेद 10 – जीवन जीने का अधिकार।

अनुच्छेद 14 – व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा का अधिकार।

अनुच्छेद 15 – क्रूर, अमानवीय, प्रताडना, स्तरहीन व्यवहार या दण्ड से स्वतंत्रता का अधिकार।

अनुच्छेद 16 – शोषण, प्रताडना एवं अभद्र व्यवहार से स्वतंत्रता का अधिकार।

अनुच्छेद 18 – राष्ट्रीयता एवं गतिशीलता का अधिकार।

अनुच्छेद 19 – संवाद एवं स्वतंत्र व्यक्तिगत जीवन जीने का अधिकार।

अनुच्छेद 22 – निजता का अधिकार।

अनुच्छेद 33 – (राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग) – राज्य सरकारों को अपने प्रशासनिक स्तर पर एक या अधिक ऐसे केन्द्रों की स्थापना करनी होगी जो इस अधिनियम से संबंधित समस्या एवं बातों के समाधान एवं क्रियान्वयन के लिए कार्यरत हो। सरकार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों को प्रत्येक स्तर पर सही रुप से क्रियान्वयन के लिए आपस में समन्वय स्थापित करने का कर्तव्य भी सरकार का होना चाहिए।

अनुच्छेद 34 से 39 (आर.पी.डब्ल्यू.डी. एक्ट के लिए समिति गठन) – इस समिति का गठन इस प्रावधान की देखरेख समन्वय एवं क्रियान्वयन के लिए किया गया है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 18 सदस्य निर्वाचित किए जाते है जो हर जाति, वर्ग, स्थान के विभिन्न भागों का प्रतिनिधित्व करतें है जिसमें स्त्री एवं पुरुष दोनों की समान रुप से सदस्यता होती है एवं यह समिति दिव्यांगता विशेषज्ञों को भी सदस्य के रुप में चुनती है।

वैयक्तिक शिकायत – यह अधिकार वैकल्पिक प्रोटोकॉल के अंतर्गत आता है जिसमें समिति राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जो भी हिंसा हो रही है, उसका व्यक्तिगत रुप से परीक्षण कर सकती है।

भारत में दिव्यांगों के लिए अधिकार – अनुच्छेद 14 – समानता का अधिकार।

अनुच्छेद 41 – राज्य शासन द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने, बेरोजगारी के कारण सार्वजनिक सुविधा या सहायता देना, वृद्धाश्रम, बिमारी एवं दिव्यांगता से सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने का अधिकार है।

पर्सनस विद डिसेबिलिटी (इक्वल ऑपर्चुनिटी, प्रोटेक्शन ऑफ राईटस एण्ड फुल पार्टिसिपेशन) एक्ट 1995।

उद्देश्य –

1. दिव्यांगजनो की समान एवं पूर्ण भागीदारी को सुनिश्चित करना।
2. दिव्यांगजनो के आर्थिक एवं सामाजिक अधिकारो को संरक्षण एवं बढ़ावा देना।

सामान्य रूपरेखा – इस अधिनियम मे 74 अनुच्छेद है।

अधिनियम के अंतर्गत अधिकारो की सुरक्षा –

- **शिक्षा –** प्रत्येक विकलांग बच्चा जिसकी उम्र 18 वर्ष या उससे कम है, उचित वातावरण में अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। (धारा 26)
- **आरक्षण –** कम से कम 3 या निम्नलिखित प्रत्येक विकलांगताओ मे से कम से कम 1 विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण देना होगा।

(1) अंधत्व या कम दृष्टि (2) बधिर /मूक

(3) शारीरिक विकलांगता (चलने फिरने मे समस्या) या मस्तिष्क आघात जो भी।

उपरोक्त किसी भी विकलांग को पूर्व काल मे हुआ हो, कार्य की प्रकृति के अनुसार किसी भी विकलांगता मे छूट प्रदान की जा सकती है।

- **सकारात्मक कदम –** विशेष उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भूमि वितरण मे प्राथमिकता योजना सरकार एवं प्राधिकरण द्वारा प्राथमिक रूप से विकलांगो के लिए रियायती दरो पर भूमि का वितरण करने की योजना बनाना जिसमें – मकान, व्यवसाय शुरू करना, विशेष सम्बन्ध केन्द्र का निर्माण, विशेष विद्यालयो का निर्माण, शोध केन्द्रों का निर्माण, विकलांग उद्यमियो के लिए स्थापना।
- गैर भेदभाव एवं अधिनियम का संचालन :–

1) यातायात एवं गैर भेदभाव – ऐसे प्रावधान जिसमें रेल, बस, जहाज एवं हवाई जहाजों के निर्माण में ऐसे विशेष मानकों का ध्यान रखना जो कि विकलांगजनो के लिए उपयोगी एवं सुविधाजनक हो, विशेषकर शौचालय।

2) सडक एवं गैर भेदभाव – प्रावधान के अनुसार ऐसा उपाय करना जिसमें नैत्रहीनों के लाभ के लिए सार्वजनिक सडकों पर लाल बत्ती एवं श्रवण संकेतों की स्थापना शामिल है, व्हील चेयर उपयोगकर्ता की पहुॅच के लिए फुटपथ पर बनाए जाने वाले कर्व और ढलान नैत्रहीनों या कम दृष्टि वाले व्यक्ति के लिए जेबरा क्रासिंग की सतह पर उत्कीर्ण, उचित स्थानों पर चेतावनी के संकेत आदि किया जाना है।

3) सार्वजनिक स्थानों पर सहज वातावरण का निर्माण।

4) सरकारी नौकरियों में गैर भेदभाव।

- **प्रर्वतन तंत्र –** इस अधिनियम के प्रभावी रुप से क्रियानवयन के लिए केन्द्रीय स्तर पर राष्ट्रीय समन्वय समिति एवं राज्य स्तर पर राज्य समन्वय समिति कार्यरत है।

विकलांगों के अधिकारों के उल्लंघन एवं किसी भी प्रकार के फण्ड के विभाजन में किसी भी प्रकार कि त्रुटि या विवाद होने पर मुख्य आयुक्त एवं आयुक्त पर्सनस विद डिसेबिलिटी ही निर्णय लेने में समर्थ होंगे जो सभी स्तर की समितियों की मॉनिटरिंग करने कर कार्य भी करेंगे।

पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995 एवं पीडब्ल्यूडी बिल 2014 में तुलनात्मक अध्ययन (अगले पृष्ठ पर देखे)

अधिकार एवं पात्रता – विकलांग व्यक्ति अपने अधिकारों का दूसरों के साथ समान रुप से आनंद ले सके, यह सुनिष्चित करने एवं उसके प्रभावी उपायों के लिए उपयुक्त सरकार पर यह जिम्मेदारी डाली गई है।

कुछ चिन्हित विकलांग एवं ऐसे व्यक्ति जिन्हें सहायता की बहुत आवश्यकता है, के लिए कुछ अतिरिक्त लाभ भी मुहैया कराए गए है जैसे– उच्च शिक्षा में आरक्षण (5 प्रतिशत से कम नहीं), सरकारी नौकरी (4 प्रतिशत से कम नही), भूमि के आवंटन में आरक्षण, गरीबी उन्मूलन योजनाएँ (5 प्रतिशत आवंटन) आदि।

चिन्हित की गई विलांगता का प्रत्येक व्यक्ति जो 6 से 18 वर्ष की आयु का है उसे मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार होगा। सरकारी संस्थानों एवं सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को विकलांग बच्चों को समेकित शिक्षा प्रदान करना होगा।

प्रधान मंत्री सुलभ भारत अभियान को मजबूत करने के लिए निर्धारित समय सीमा में सार्वजनिक भवनो में (सरकारी एवं निजी दोनों) पहुँच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है।

महत्तवपूर्ण तथ्य –

1. दुनिया की कुल आबादी का लगभग 10 प्रतिशत या 650 मिलियन लोग विकलांगता के साथ जीवन यापन कर रहे है, जो दुनिया की सबसे बडी अल्पसंख्यक जनसंख्या है।
2. यूएनडीपी (यूनाईटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम) के अनुसार दिव्यांगजनों की आबादी का 80 प्रतिशत विकासशील देशों मे निवास करता है।
3. विष्व बैंक के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत सबसे गरीब व्यक्ति, विकलांग है एवं अपने ही देशों में सबसे ज्यादा पीडित है।
4. विशेष रुप से महिलाएँ एवं लडकियॉ दुर्व्यवहार की चपेट में है। सन् 2004 में भारत के उडीसा राज्य में एक छोटे से सर्वेक्षण में बताया की वस्तुत: सभी विकलांग महिलाओं को घर पर पीटा जाता था। 25 प्रतिशत जो मानसिक रुप से अक्षम थी, उनके साथ बलात्कार किया गया एवं 6 प्रतिशत महिलाओं के पूर्णरुप से निष्फल कर दिया गया था।
5. यूनेस्को के अनुसार 30 प्रतिशत युवा जो सडकों पर अपना जीवन यापन करतें हैं, विकलांग है।
6. यूनेस्को के अनुसार विकासशील देशों मे रहने वाले 90 प्रतिशत विकलांग बच्चे विद्यालय नहीं जाते है।
7. अन्तराष्ट्रीय श्रम संघ का कहना है कि दुनिया के 386 मिलियन लोग जो कामकाजी आयु के है उनमें से कुछ देशों मे 80 प्रतिशत विकलांग व्यक्ति बेरोजगार है क्योंकि अक्सर नियोक्ता यह मानतें है कि विकलांग व्यक्ति काम करने मे असमर्थ होते है।

निष्कर्ष – विकलांगजनों के आर्थिक, सामाजिक, मानसिक एवं सर्वागिण विकास के लिए यह बहुत आवश्यक है कि उन तक डब्ल्यूएचओ, सरकार, गैर सरकारी एवं शैक्षिक संगठनों द्वारा जो सुविधाएं प्रदान की जा रहीं है एवं उनसे संबंधित कानूनों की पूर्ण जानकारी पहुँचाई जाए। यह तभी सम्भव है जब विकलांगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया जाएगा, ऐसे अधिकार जो उन्हें समाज द्वारा प्राप्त है, ऐसे अधिकार जो उन्हें सरकार द्वारा प्राप्त है। यह तभी सम्भव है जो विकलांगों में शिक्षा का प्रसार होगा उन्हें समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाएगा एवं वे आर्थिक रुप से सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनेंगे इन सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने पर्सनस विद डिसेबिलिटी अधिनियम 1995 में संशोधन की आवश्यकता महसूस की एवं सर्व सम्मति से राईट्स ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटी अधिनियम 2016 को मूर्त रुप प्रदान किया।

संदर्भ ग्रथं सूची –

1. Rao GP, Ramya VS, Bada MS. The rights of persons with Disability Bill, 2014: How “enabling” is it for persons with mental illness? Indian J Psychiatry. 2016;58:121–8.
2. Report of the W.H.O. Expert Committee on Disability Prevention and Rehabilitation Technical Report Series, 663 (W.H.O., Geneva, 1981)
3. Disability: Situation, Strategies and Policies (1986).
4. Plan of Action for the Year 1981 (General Assembly Resolution No. A/RES/34/154 of January 30, 1980)
5. Childhood blindness in India. Journal of Indian Medical Association, Oct. 2001; 99(1 0): 557-60.
6. Gopal L, Sharma T, Ramachandran S, Shanmugasun -daram R, Asha V, Retinopathy ofprematurity: a study. Indian J Ophthalmol 1995;43:59-61
7. Olney, M.F. & Brockelman, K.F. (2003). Out of the disability closet: Strategic use of perception management by select university students with disabilities. *Disability & Society, 18 (1)*
8. Pascarella, T.J. & Chapman D.W. (1983). A multi institutional path analysis validation of Tinto’s model of college withdrawal. *American Educational Research Journal, 20*,87-102.
9. Samuels, E. (2003). My body my closet: Invisible disability and the limits of coming out discourse. *GLQ, 9 (1-2)*
10. https://www.who.int/home/search?query=persons+with+disability &page=1 &pagesize=10&sortdir=desc
11. https://www.who.int/data/gho/gho-search
12. http://socialjustice.gov.in/Home/SiteSearch?Search=rpwd%20act
13. https://www.disabled-world.com/definitions/disability-definitions.php
14. http://www.disabilityaffairs.gov.in/uploaad/uploadfiles/files/RPWD/ACT/2016.pdf
15. https://www.unicef.org/search?force=0&query=handicapped+children
16. https://www.who.int/home/search?query=handicapped+chidren&p age=1&pagesize=10&sortdir=desc&sort=relevance

17. https://www.india.gov.in/website-department-empowerment-persons-disabilities

18. https://www.india.gov.in/topics/social-development/disabled

पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995 एवं पीडब्ल्यूडी बिल 2014 में तुलनात्मक अध्ययन –

तत्व	विकलांग जन अधिनियम 1995	विकलांग जन बिल 2014
परिभाषा	इसमें विकलांगता का चिकित्सकीय मॉडल अपनया गया एवं निम्न विकलांगताओं को शामिल किया गया – नैत्रहीन,कम दृष्टि, कुष्ठरोग,बधिर,अपंग,मंद मानसिक रोगी।	इसमें 19 प्रकार की परिस्थितियों को शामिल किया गया जिसमें कम दृष्टि, दृष्टिहीनता, सेरेब्रल पाल्सी, बधिर, हीमोफीलिया, मूक, बौद्धिक अक्षमता, मानसिक बिमारी, मॉसपेशीय दूर्विकास, मल्टिपल स्क्लरोसिस, सीखने में बाधा, भाषा एवं भाषण की असमानताएं, सिकलसेल, रोग थैलिसिमिया, तंत्रिका संबंधी रोग एवं कई विकलांगताएं।
पर्सनस विद डिसेबिलिटी	चिकित्सकीय के मानकों के आधार पर प्रमाणित व्यक्ति जो कम से कम 40 प्रतिशत विकलांगता से प्रभावित हो।	वह व्यक्ति जो दीर्घकालीन शारीरिक,मानसिक बौद्धिक,संवेदी विलंगता के साथ किसी व्यक्ति या समाज के साथ पूर्ण या प्रभावी भागीदारी में अपने आप को असमर्थ महसूस करता हो।
क्रियान्वयन समिति	विकलांगता के लिए मुख्य आयुक्त एवं राष्ट्रीय एवं राज्य समन्वय समिति।	उपयुक्त सरकार द्वारा केन्द्रीय एवं राज्य विकलांगता कमीशन।
सार्वजनिक भवनों तक पहुॅच	अनिवार्य प्रावधानों में ऐसे प्रावधानों का अभाव जिसमें भवन निर्माण के समय विकलांगों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाये।	1) सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे भवनों का निर्माण किया जाए जिसमें विकलांगता के लिए सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध हो, और जो केन्द्रीय कमीशन की गाईड लाईन के अनुसार हो। 2) यदि कोई सार्वजनिक भवन का निर्माण या निर्माण का प्रस्ताव कमीशन के नियमानुसार नहीं होता है तो उसे ना तो पूर्ण निर्माण का प्रमाण पत्र दिया जाएगा और ना ही उसे सार्वजनिक उपयोग के लिए अनुमति दी जाएगी।
अपराध एवं दण्ड	कोई प्रावधान नही	1) यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी प्रावधान नियम या कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसे कुछ अवधि का कारावास जो कि छः माह तक बढाई जा सकता है, या रु 10000 (दस हजार) या परिस्थिति अनुसार दण्ड दिया जा सकता है जो दो साल तक एवं कम से कम रु 50000(पचास हजार) से लेकर रु 500000(पॉच लाख) तक बढाया जा सकता है।
समिति अधिकरियों के लिए दण्ड	कोई प्रावधान नहीं	अ) समिति के सदस्यों के लिए दण्डनीय अपराध होगा तो कम से कम छः माह का होगा। जिसे पॉच साल तक बढाया जा सकता है – 1) इरादतन सार्वजनिक स्थान पर किसी विकलांग व्यक्ति का अपमान करना। 2) किसी भी विकलांग व्यक्ति पर हमला या उसे अपमानित करने या किसी विकलांग महिला के आत्मसम्मान को ठेस पहुॅचाना। 3) विकलांग व्यक्ति जिस पर किसी का नियंत्रण है, वह स्वैच्छिक रुप से या जानबूझ कर उस विकलांग का भोजन या पानी आदि पर पाबंदी लगाता हो। 4) किसी बच्चे या महिला के विकलांग होने पर उनकी इच्छा के विरुद्ध उनका यौन शोपण करना या उस स्थिति का उपयोग करना, किसी भी व्यक्ति का स्वैच्छा से चोंट, क्षति या किसी भी प्रकार का शारीरिक हस्तक्षेप करना या विकलांगों के उपयोग मे आने वाले उपकरणों का उपयोग करना।
विशेष न्यायालय	कोई प्रावधान नहीं	राज्य सरकारों द्वारा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अपराधों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सहमति से सत्र में न्यायालय विशेष, न्यायलय होगा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना के योगदान का एक अध्ययन (बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की आर्थिक उत्थान में के विशेष संदर्भ में)

डॉ. के.के.शर्मा *

शोध सारांश – भारतीय आर्थिक नियोजन के लक्ष्यों में आर्थिक समानता का लक्ष्य प्रमुख रहा है, परन्तु छ: दशक उपरान्त भी इस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाई है। योजना आयोग के अनुसार वर्ष 2009-2010 में 37.2 प्रतिशत जनसंख्या निर्धनता रेखा के नीचे रह रही थी। वर्ष 2011-12 में यह अनुपात घटकर 29.8 प्रतिशत हो गया, फिर भी ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वालों की संख्या 22.09 करोड़ थी। इसमें अधिकांशत: कृषि मजदूर, लघु एवं सीमान्त कृषक तथा गैर कृषि गतिविधियों में कार्यरत दिहाड़ी कामगार हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 66 वें रिपोर्ट के अनुसार भारत के ग्रामीण जनसंख्या का 60 प्रतिशत लोगों की दैनिक आय 35 रूपये से भी कम है। देश की एक चौथाई से भी अधिक आबादी को पौष्टिक भोजन की बात तो दूर इनके पास न तो बच्चों को शिक्षित करने की क्षमता है, न स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हैं। संयुक्त बाल कोष की मानव विकास स्वास्थ्य चुनौती 2004 की रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व के 3 कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के 61 वे दौरे के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वालों की संख्या देश के पांच राज्यों में सर्वाधिक उड़ीसा 46.4 प्रतिशत, बिहार 41.1 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ 40.9 प्रतिशत, झारखण्ड 4.3 प्रतिशत एवं उत्तराखंड में 39.6 प्रतिशत है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा विशेष कर भूमिहीन कृषि श्रमिक, सीमान्त किसान, अनुसूचित जाति एवं जनजाति और अन्य पिछडे वर्ग जैसे घटक सामाजिक और वित्तीय बहिष्करण से पीड़ित हैं। तदनुसार सरकार की नीतियाँ इन वर्गों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की ओर लगाई गई हैं ताकि प्रत्येक को उत्थान के लाभ लेने में समर्थ बनाया जा सके और समाज के हासिए पर बैठे वर्गों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

शब्द कुँजी– अजजा- अनुसूचित जनजाति, अजा- अनुसूचित जाति, S.G.S.Y- स्वर्ण जयन्ती ग्राम श्रोज़गार योजना, आई.आर.डी.पी.- समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, ट्राइसेम- ग्रामीण युवा रोज़गार प्रशिक्षण कार्यक्रम, डवाकरा- ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम, एम.डब्लू.एस.- दस लाख कुओं की योजना, जे.के.एल.- गंगा कल्याण योजना, एस.एच.जी.- स्व-सहायता समूह, डी.आर.डी.ए- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, J.R.Y.। जवाहर रोजगार योजना।

प्रस्तावना – भारत में गरीबी रेखा के नीचे जी रहे लोगों की सामाजिक आर्थिक सक्षमता हेतु पूर्व कार्यक्रमों समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP), ग्रामीण युवा स्वरोज़गार प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्राइसेम), ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम (ड्वाकरा), गंगा कल्याण योजना (JKL) तथा दस लाख कुओं की योजना (MWS) की समीक्षा तथा पुनर्गठन के परिणाम स्वरूप 01.04.1999 से स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना का नये स्वरोज़गार कार्यक्रम के रूप में प्रारम्भ किया गया है, जिसमें स्वरोज़गार के सभी पहलू शामिल है, जैसे- ग्रामीण गरीबों के स्वसहायता समूहों को संगठित करना, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण, समूह गतिविधियों का आयोजन, ऋण, प्रौद्योगिकी, आधारभूत सुविधाएँ और विपणन सहायता आदि। जिसका मुख्य उद्देश्य- **एक निश्चित समय सीमा के अन्दर आय में पर्याप्त वृद्धि सुनिश्चित कर गरीबी रेखा से नीचे के सहायता प्राप्त परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाना है।**

योजना को केन्द्र व राज्यों के बीच 75:25 अनुपात में वित्त पोषित किया जाता है। योजना को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में लागू किया गया है। गरीबी उन्मूलन योजनाओं की श्रृंखला में 'नाबार्ड' द्वारा चलायी जा रही स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना, बैंक लिंकेज कार्यक्रम देश का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला लघु वित्त पोषण कार्यक्रम है। गरीबी रेखा से नीचे के जीवन-यापन करने वाले परिवारों की जनगणना द्वारा अभिज्ञात तथा ग्रामसभा द्वारा विधिवत् अनुमोदित सूची, योजना के अन्तर्गत परिवारों को दी जाने वाली सहायता का आधार होता है। भारत सरकार कमजोर वर्गो के आर्थिक विकास को प्रथम आवश्यकता मानकर 'स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना' के अन्तर्गत लक्ष्य समूह में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत तथा विकलांगों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण के जरिए इन कमजोर वर्गों के लिए विशेष सुरक्षात्मक उपाय किये है। व्यक्तिगत स्वरोज़गारी अथवा स्वसहायता समूहों के लिए योजना के अन्तर्गत सहायता सरकार द्वारा अनुदान परियोजना लागत के 30 प्रतिशत अधिकतम 7500 रूपये है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए अनुदान परियोजना लागत 50 प्रतिशत अधिकतम 10,000 लाख रूपये तथा सिंचाई परियोजनाओं के लिए अनुदान की कोई वित्तीय सीमा नहीं है। योजना के क्रियान्वयन में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शंकर समिति नामक अंतर्मंत्रालय समिति की सिफारिशों पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को सुदृढ़ बनाने तथा इसे और अधिक व्यावसायिक प्रभावी बनाने

*प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) भारत

के लिए 01 अप्रैल 1999 से केन्द्र द्वारा प्रायोजित एक नई योजना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण प्रशासन शुरू किया गया है। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना का क्रियान्वयन पंचायती राज संस्थाओं, बैंकों, संबंधित विभागों तथा गैर सरकारी संगठनों की सक्रिय भागीदारी से किया जा रहा है। योजना के तहत् हितग्राहियों (स्वरोजगारियों) को 3 वर्ष के भीतर गरीबी रेखा से ऊपर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य, वनाच्छादित, अल्पविकसित अर्थव्यवस्था की विशेषताओं एवं समस्याओं से परिपूर्ण है, जहां औद्योगिक विकास नगण्य, साथ ही स्वास्थ्य, आवास एवं रहन-सहन का स्तर भी निम्न है। यहां आय का मुख्य स्त्रोत वनोपज संग्रहण, कृषि एवं कृषि मजदूरी है, जिससे पर्याप्त आय प्राप्त नहीं हो पाती है ऐसी परिस्थिति में रोज़गार (स्वरोज़गार) की महती आवश्यकता में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना का महत्व स्वत: स्थापित हो जाता है।

प्रस्तुत शोध पत्र स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना की भूमिका (बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की आर्थिक उत्थान में के विशेष संदर्भ में) पर किया गया है। जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति को प्राप्त विशेष प्राथमिकता का लाभ, योजना का वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धियों का अध्ययन किया गया है। इसके साथ योजना की कमियों को उद्घाटित कर भविष्य में योजना को बेहतर बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आर्थिक उत्थान में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना के भूमिका का अध्ययन करना है। जिसके लिए निर्धारित उद्देश्य निम्न है:-

1. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना के वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धियों का अध्ययन करना (द्वितीयक समंकों के आधार पर)।
2. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों को योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली विशेष प्राथमिकताओं से होने वाले लाभ, आय संरचना, उपभोग क्रिया, व्यवसाय की विद्यमानता एवं ऋणग्रस्तता आदि का मूल्यांकन करना (प्राथमिक समंकों के आधार पर)।
3. इस योजना के वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था की कार्य कुशलता, पर्याप्तता और बैंकों की भूमिका का अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ – प्रस्तुत अध्ययन हेतु निम्न शून्य परिकल्पनाओं की जांच की गयी:-

1. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना का अनुसूचित जाति एवं जनजाति की आर्थिक प्रगति में योगदान नहीं के बराबर है।
2. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के समुदाय को विशेष प्राथमिकता नहीं प्राप्त हो रही है।
3. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना के अन्तर्गत वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था, कार्य कुशलता एवं बैंकों का सहयोग अपर्याप्त है।

शोध प्रविधि – बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के अन्तर्गत कुल 81 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतों (आमागोहन, भैंसाझार, बिल्लीबंद, चपोरा, छतौना, डाडबछाली, धनरास, धूमा, जोगीपुर, कलारतराई, कलमीटार, करगीकला, करगीखुर्द, करहीकछार, करका, केन्दा, खोंगसरा, लिटिया, लूफा, नागचुंआ, पटैता, शिवतराई सिलपहरी, तेन्दुआ और उपका) का चयन दैव निदर्शन पद्धति से किया गया तथा चयनित ग्राम पंचायतों के योजना द्वारा लाभान्वित अनुसूचित जाति के 45 एवं जनजाति के 175 हितग्राहियों (स्वरोज़गारियों) को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। इसी क्रम में योजना से लाभान्वित न होने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के क्रमश: 45 एवं 175 गैर-हितग्राही परिवारों का भी अध्ययन किया गया है, जिससे स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना का अनुसूचित जाति एवं जनजाति की आर्थिक उत्थान पर पड़ने वाले योगदान को ठीक-ठीक ज्ञात किया जा सके। प्रश्नावली, अनुसूची, साक्षात्कार एवं अवलोकन द्वारा जानकारियों को प्राप्त कर उनका बिन्दुवार विश्लेषण किया गया है। इस प्रकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति की आर्थिक उत्थान में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना के योगदान को प्राथमिक समंकों द्वारा वस्तुस्थिति जानने की कोशिश की गई है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण प्रशासन, विकासखण्ड कार्यालय, जिला सांख्यिकी कार्यालय, भू-अभिलेख, बैंक, कृषि, सिंचाई विभाग, ग्राम पंचायत, प्रकाशित समाचार पत्र-पत्रिकों, ग्रामीण विकास मंत्रालय के समंक एवं अन्य सम्बन्धित साहित्य से द्वितीयक समंक प्राप्त किये गये हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में एकत्रित किये गये समंकों के विश्लेषण के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न सांख्यिकीय विधियों जैसे-प्रतिशत्, औसत, सामान्तर माध्य, प्रमाप विचलन, विचरण गुणांक, सहसम्बन्ध एवं t-टेस्ट आदि का प्रयोग कर उचित निष्कर्ष तक पहुंचने का प्रयास किया गया है।

अध्ययन की सीमाएँ – प्रस्तुत अध्ययन में बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जनसंख्या को ध्यान में रखकर कोटा विकासखण्ड का चयन किया गया है और अनुसूचित जातियों के 45 एवं अनुसूचित जनजातियों के 175 हितग्राही परिवारों तथा अनुसूचित जातियों के 45 एवं अनुसूचित जनजातियों के 175 गैर-हितग्राही परिवारों का अध्ययन किया गया है। इस प्रकार शोध पत्र को अनुसूचित जनजाति समुदाय पर केन्द्रित किया गया है। अध्ययन हेतु 2015-16 से 2019-2020 के आंकड़ों तथा जानकारियों का प्रयोग किया गया है।

परिणाम एवं निष्कर्ष – अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष के अनुसार बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड में स्वर्ण जयन्ती ग्राम रोज़गार योजना के तहत जिन गांवों में स्वसहायता समूह का निर्माण हुआ, वहाँ से गरीबी एवं बेरोज़गारी ने भागना शुरू किया जिससे योजना को पूरे राज्य में मूर्त रूप देने के लिए स्वसहायता समूह निर्माण को एक जन आन्दोलन का रूप दे दिया गया। S.G.S.Y. से देश के ऊपर बेरोज़गारी एवं गरीबीरूपी कलंक को मिटाकर आर्थिक विकास के क्षेत्र में देश के मानचित्र में उभरने में सहायक पाया गया। स्थायी आय सृजन करने व निर्धनतारूपी कोढ़ को मिटाने के लिए रोज़गार की दशा में स्वसहायता समूह की अवधारणा ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक सार्थक क्रांतिकारी सोच पाया गया। योजना की असफलता में बाधक तत्वों का विश्लेषण करने पर इसका कारण स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित समानों को एक अच्छा बाज़ार एवं बैंकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलना पाया गया। यह सत्य है कि जब बैंक इस दिशा में बहुत आगे बढ़कर साथ नहीं दे तो रोज़गारोन्मुखी सरकार की यह अति महत्वाकाँक्षी योजना दम तोड़ देगी किन्तु प्रस्तुत शोधपत्र से यह भी स्पष्ट है कि S.G.S.Y. योजना से रोज़गार, आय में सुधार हुआ साथ ही एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियाँ नारी उत्पीड़न, छुआछूत, ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाने में सहयोग प्राप्त हुआ। सरकारी प्रयास के साथ-साथ, गैर सरकारी स्वतंत्र स्वैच्छिक संगठन की भूमिका इस कार्यक्रम की सफलता का आवश्यक अंग हो सकती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. पुस्तक :

1. पन्त, जे.सी. (1984), *अर्थशास्त्र के सिद्धांत*, द्वितीय पूर्णत: संशोधित संस्करण, साहित्य भवन, आगरा।
2. पन्त, जे.सी.(1989-90), *जनांकिकी*, 5वाँ संशोधित संस्करण, गोयल पब्लिशिंग हाऊस सुभाष, मेरठ – 2।
3. रूद्रदत्त एवं सुन्दरम, के.पी.एम. (1990), *भारतीय अर्थव्यवस्था*, 20वाँ संस्करण।, एस.चन्द्र एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली।
4. सुन्दरम, के.पी. एम. (1995), भारतीय अर्थव्यवस्था, 25वाँ संस्करण, श्रीचंद कम्पनी लि. नई दिल्ली।
5. सिन्हा, वी.सी. एवं सिन्हा, पुष्पा (1989), *श्रम अर्थशास्त्र*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस दरियागंज, नई दिल्ली।
6. श्रीवास्तव, एस.बी.(1985), *जनांकिकीय सिद्धांत*, तकनीकी एवं अध्ययन, चतुर्थ संस्करण, शिक्षा साहित्य प्रकाशन, मेरठ।
7. Mishra, S.N. (2003). Rural Employment & Traysem : A Case study From Rajasthan, B.R. Pub., New Delhi.
8. Mishra, S.N. & Madan, G.R (1984) Rural Employment & Trysem India's Developing Village, & Print House, Laucknow.
9. Murthy, K.L.N. (2003), Planning for Integrated Area Development : A Case Strudy from Andhra Pradesh, Atlantic Pub., New-Delhi.
10. Narayan, S. (2003), Dimensions of Development in Trabal: Bihar, B.R.Pub., Nwe Delhi.
11. Rajagopal, (2003), Indian Agriculture: An Analysis of Backward & Foreword linkages, B.R. Pub., New Delhi.

2. पत्रिका :

1. Devi, R.Uma, A Study on Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojana Scheme in Generating Self – Employment opportunities, IJSST Vol.1 No.9
2. Karamvir. Appraisal of SGSY. Indian Streems Research Journal, July 2013, ISSN 2230-7850, Vol.-3.Issue-6.

3. शासकीय प्रकाशन एवं प्रतिवेदन:

1. Evaluation of SGSY in Selected Blocks of M.P., 2007, Planning Commission, New Delhi.
2. Report of the Committee on Credit Related Issued Under SGSY, February 2009, DoRD MoRD GOI.
3. वार्षिक रिपोर्ट 2010-11, योजना आयोग, भारत सरकार।
4. वार्षिक रिपोर्ट 2010-11, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
5. वार्षिक रिपोर्ट 2011-12, योजना आयोग, भारत सरकार।
6. वार्षिक रिपोर्ट 2011-12, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
7. विशेष रिपोर्ट, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार।

4. वेबसाइट:

1. wwww.rural.nic.in
2. wwww.planningcommission.gov.in
3. wwww.woridbank.org
4. wwww.cag.gov.in
5. wwww.indiastat.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

भारतीय संस्कृति एवं परिवर्तन

डॉ. अंजू श्रीवास्तव*

प्रस्तावना – भारत की प्राचीन संस्कृति का इतिहास अत्यन्त गौरवशाली है। इसने सभ्यता के अति प्राचीन काल से ही विश्व में अतीव आदरपूर्ण स्थान प्राप्त किया। ऋग्वेद में स्पष्टत: कहा गया है कि 'सा संस्कृति प्रथम विश्ववारा' अर्थात् आदि संस्कृति विश्ववारा अथवा विश्व के कल्याण के लिये थी। भारतीय सांस्कृति की इस उदात्त भावना का ही परिणाम था कि जहाँ प्राचीन विश्व की समाकालीन संस्कृतियाँ पूर्णतया काल-कवलित हो गयी वहाँ भारतीय संस्कृति आज भी जीवन्त तथा सबसे लिये प्रतिमान या आदर्श स्वरूप है। ऐसी गरिमामयी संस्कृति का अध्ययन समस्त भारतीयों को गौरवान्वित करता है।

भारतीय संस्कृति की कुछ ऐसी विशेषतायें हैं जो विश्व के अन्य देशों की संस्कृतियों में दृष्टिगत नहीं होतीं। अपने विशिष्ट तत्वों के कारण ही भारतीय संस्कृति ने विश्व के देशों में अपनी महत्ता को बनये रखा है। इन्हें हम निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत रख सकते हैं-

प्राचीनता – भारतीय संस्कृति का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है। भारत में सभ्यता का उदय तथा विकास ईसा के कई शदियों पूर्व हुआ। प्रागैतिहासिक उपकरणों से पता चलता है कि विश्व के अन्य भागों के साथ ही भारत में भी मानव संस्कृति का प्रारम्भ हुआ था। सैन्धाव सभ्यता की खोज से भारतीय संस्कृति की प्राचीनता बढ़ गयी है तथा आज हमारे पास यह विश्वास करने के लिये पर्याप्त आधार है कि मिस्त्र तथा मेसोपोटामिया की सभ्यताओं की भाँति भारत की भी अपनी एक स्वतंत्र सभ्यता थी जो अधिकांश अंशों में समकालीन सभ्यताओं की अपेक्षा कहीं अधिक विकसित एवं गतिशील थी। मिस्त्र एवं मेसोपोटामिया के समान भारत देश की मानव सभ्यता का जनक होने का दावा कर सकता है जहाँ उन विचारों, विश्वासों एवं क्रियाओं का सूत्रपात हुआ जिन्होंने कालान्तर में विश्व इतिहास एवं सभ्यता का प्रादुर्भाव भारत के बहुत बाद में हुआ। इस प्रकार भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में सर्वप्रमुख है।

आध्यात्मिकता – आध्यात्मिकता अथवा धार्मिकता एक प्रकार से भारतीय संस्कृति का प्राण है जिसने इसके सभी अंगों को प्रभावित किया है। प्राचीन भारतीयों ने ऐहिक सुखों का महत्त्व समझते हुए भी उन्हें अपनी जीवन पद्धति में गौण स्थान प्रदान किया। प्राचीन समाज में पुरुषार्थों का विधान एवं आश्रम-व्यवस्था का प्रतिपादन मनुष्य की आध्यात्मिक साधाना के ही प्रतीक है। जीवन का चरम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है तथा अन्य सभी पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ एवं काम-इसमें सहायक हैं। इनमें धर्म की प्रमुखता दी गयी है जो जीवन की सभी अवस्थाओं में व्यक्ति की क्रियाओं को प्रेरित एवं प्रभावित करता है। जो धर्म के द्वारा उन्नति करे वही विद्वान एवं गुणवान कहा गया है। धर्म के माध्यम से ही जीवन यापन करने वाला मनुष्य अन्ततोत्वा मोक्ष की प्राप्ति करता है।

ग्रहणशीलता – भारतीय संस्कृति की एक विशेषता उसकी ग्रहणशीलता है। उसमें प्रतिकूल परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाकर अपने में समाहित कर लेने की अद्भूत शक्ति है। ऐतिहासिक काल से लेकर मध्य काल के पूर्व तक भारत पर अनेक जातियों के आक्रमण हुए। इनमें यवन, शक, कुषाण, हूण आदि प्रमुख है। भारतीय संस्कृति ने पहले तो इनके प्रबल प्रहार को शान्त एवं गम्भीर भाव से झेला तथा फिर क्रमश: इन विदेशियों को अपनी धारा में प्रवाहित कर लिया। उन्होंने ब्राह्मण तथा बौद्ध धार्मो को ग्रहण किया तथा भारतीय संस्कृति के प्रचारक एवं उन्नायक बन गये। शक महाक्षत्रप रुद्रदामन् वैदिक धर्म एवं संस्कृति का पोषक था जबकि कुषाण शासक कनिष्क ने न केवल बौद्ध धर्म ग्रहण किया अपितु उसके प्रचार-प्रसार में अपने साम्राज्य के सभी साधानों को भी लगा दिया। हिन्द-यवन मिलिन्द (मेनाण्डर) ने बौद्ध संघ में 'अर्हत्' पद प्राप्त किया। क्रूर एवं बर्बर हूणों ने शैव धर्म ग्रहण किया। पूर्व मध्य काल के तुर्क भी भारतीय संस्कृति के प्रभाव से नहीं बच सके। यह सब संस्कृति की ग्रहणशीलता का ही परिणाम था।

समन्वयवादिता – भारतीय संस्कृति समन्वयवादी है। प्राचीन समय से ही अनन्त भेदों के बीच वैचारिक एकता तथा समानता की स्वीकृति की बात कही गयी है। ऋग्वैदिक ऋषियों ने इस सम्बन्ध में अपना मन्तव्य प्रकट करते हुए स्पष्टत: लिखा है : 'समान मंत्र, समान समिति, समान मन, समान सबकी प्रेरणा, समान सबके हृदय, समान सबके मानस, समान सबकी स्थिति....'। भारतीय मनीषियों ने अतिवादी विचारधाराओं का विरोध किया है तथा मध्यम मार्ग का उपदेश दिया है। अतिशय आसक्ति एवं विरक्ति दोनों ही त्याज्य हैं। भौतिक सुखों का उपभोग करते हुए भी उनसे लिप्त न होने का उपदेश दिया गया है। भारतीय व्यवस्थाकारों ने मानव जीवन में चारों पुरुषार्थों के विधान द्वारा भौतिक एवं आध्यात्मिक सुखों के बीच समन्वय स्थापित करने का सुन्दर प्रयास किया है। मानवता के महान् पुजारी महात्मा गौतम बुद्ध समन्वयवादी थे। गीता में ज्ञान, कर्म एवं भक्ति के बीच समन्वय स्थापित किया गया है जो सभी के लिये अनुकरणीय हैं। हिन्दू धर्म की यह सर्वप्रमुख धारणा रही है कि 'ईश्वर एक है तथा संसार के सभी धर्म सच्चे और अच्छें हैं।' भारतीय समाज की वर्णाश्रम व्यवस्था भी विभिन्न वर्गो एवं मानव जीवन की विभिन्न अवस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बनाई गयी थी। सुप्रसिद्ध सम्राट अशोक ने पारस्परिक मेल-मिलाप, प्रीति एवं सहानुभूतिपूर्ण एकत्व को ही विभिन्न वर्गो के लिये जीवन का श्रेष्ठ मार्ग घोषित किया है (समवाय एवं साधु)। 'समवाय' अथवा समन्वय की अवधारणा ने ही भारत के दीर्घकालीन इतिहास के समस्त राजनैतिक एवं सांस्कृतिक विकास को नियंत्रित करते हुए उसे एकता के सूत्र में आबद्ध होने

* ऐसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

के मार्ग पर अग्रसर किया है। समन्वय की यह प्रवृत्ति विश्व के किसी अन्य संस्कृति में दिखायी नहीं देती। भारतीय संस्कृति को विश्व इतिहास में समन्वय का एक महान प्रयोग कहा जा सकता है।

धार्मिक सहिष्णुता – भारतीय संस्कृति धार्मिक विषयों में सहिष्णुता का उपदेश देती है। धर्मान्धाता एवं संकुचित मनोवृत्ति इसमें नहीं मिलती। प्राचीन भारत में धर्म के नाम पर अत्याचार एवं रक्तपात प्राय: नहीं हुआ है। भारतीय मनीषा ने ईश्वर को एक, सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान् आदि मानते हुये विभिन्न धर्मों एवं मतो को उस ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न–भिन्न मार्ग बताया है।

भारत में विश्व के प्राय: सभी प्रमुख धार्मो के लोक निवास करते हैं। यहाँ के लोगों की भाषायें भी भिन्न–भिन्न हैं। ये समस्त विषमतायें किसी भी बाहरी पर्यवेक्षक को खटक सकती है तथा उसे यह संदेह हो सकता है कि भारत एक देश न होकर छोटे–छोटे खण्डों का विशाल समूह है जहाँ प्रत्येक की अपनी अलग–अलग संस्कृति है। किन्तु इन प्राकृतिक एवं सामाजिक स्तर की विभिन्नताओं के मध्य एकता की एक अविच्छन्न कड़ी है जिसकी हम उपेक्षा नहीं कर सकते। हर्बर्ट रिजले ने उचित ही लिखा है 'भारत में अनेक प्राकृतिक एवं सामाजिक विविधाताओं, भाषा, प्रथाओं तथा धार्मिक विभिन्नताओं के बीच हिमालय से कन्याकुमारी तक एक निश्चित आधारभूत समरूपता अब भी देखी जा सकती है। वस्तुत: यहाँ एक समान भारतीय चरित्र एवं व्यक्तित्व है जिसे हम घटकों में विभाजित नहीं कर सकते।'

देश की मौलिक एकता को प्रोत्साहन देने में कला का भी योगदान रहा है। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, बुद्ध, तीर्थङ्कर आदि की प्रतिमायें सम्पूर्ण देश में प्राय: एक ही लक्षण तथा मुद्रा में प्राप्त होती हैं। इन्हें देखने से ऐसा लगता है कि समान कलाकारों द्वारा ये निर्मित हुई है। कला के कुछ माँगलिक प्रतीकों यथा–स्वस्तिक, धर्मचक्र, कमल, पूर्णघट आदि को सम्पूण्र देश में मान्यता प्रदान की गयी थी। पाषाण एवं गुहा स्थापत्य में भी क्षेत्रीय विशेषताओं के साथ–साथ समान भारतीय तत्व परिलक्षित होते हैं।

भारतीय सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में भारी विषमताओं के बावजूद हमें एक प्रकार की एकता के दर्शन होते हैं। वर्णाश्रम धर्म, संस्कार, पुरुषार्थ आदि सभी समाजों के लिये आदर्श स्वरूप रहें हैं जिन्हें स्थापित एवं प्राप्त करने के निमित्त न्यूनाधिक रूप में सर्वत्र प्रयास हुए हैं। वर्णाश्रम धर्म तो हिन्दू संस्कृति का आधार–स्तम्भ है। भौतिक सुख एवं वैभव के प्रति भारतीयों का दृष्टिकोण प्राय: समान रहा है। धर्म के अनुसार धान का उपार्जन, उससे अपना तथा कुटुम्ब का पोषण, योग्य पात्रों को दानादि एवं अन्य धार्मिक का उपार्जन, उससे अपना तथा कुटुम्ब का पोषण, योग्य पात्रों को दानादि एवं अन्य धार्मिक कार्यो में उसका ० ही धान की प्रति भारतीयों का दृष्टिकोण रहा है। आर्थिक संगठन एवं संस्थायें भी प्राय: सम्पूर्ण देश में समान थीं। एक भाग के व्यापारी एवं व्यवसायी दूसरे भाग में जाते तथा धान्धा करते थे। इन सबका राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने में योगदान रहा। व्यापारियों के पारस्परिक लेन–देन में राज्यों की सीमायें बाधाक नहीं होती थीं। राज्यों एवं राजाओं के परिवर्तन होते रहने पर भी आर्थिक ढाँचा प्राय: एक समान बना रहा।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में बाह्य एवं दृश्यमान विषमताओं के मध्य एक सारभूत मालिक एकता है जिसकी कोई भी उपेक्षा नहीं कर सकता। यह विभिन्नता में एकता ही भारतीय संस्कृति की सर्वप्रमुख विशेषता है।

सौ वर्ष पहले के भारत के साथ यदि आज के भारत की तुलना की जाए तो भारतीय समाज के हर दिशा में हुए असंख्य परिवर्तनों को देखकर हमें स्वयं ही आश्चर्य होगा। आधुनिक भारत में नगरीकरण, औद्योगीकरण, संस्कृतीकरण, परिश्चमीकरण, लौकिकीकरण सामाजिक तथा आर्थिक नियोजन एवं सामाजिक आन्दोलन के फलस्वरूप इस देश में परिवर्तन को न केवल गति मिली है अपितु बहुमुखी परिवर्तन हो रहे हैं। भारत में सामाजिक–सांस्कृतिक परिवर्तन मुख्य है।

वर्तमान युग में परिवार के परम्परागत कार्यो में परिवर्तन आता जा रहा है। व्यक्ति के ऊपर से पारिवारिक नियन्त्रण धीरे–धीरे समाप्त होता जा रहा है। परिवार के बड़े–बूढ़ों के प्रति मन में श्रद्धा व सम्मान की भावना क्रमश: कम होती जा रही हैं शिक्षा का उत्तरदायित्व परिवार के स्कूल और कॉलेज को मिलता जा रहा है। पहले परिवार के कुछ आर्थिक कार्य भी होते थे। औद्योगीकरण के कारण कल–कारखाने खुलने से अब परिवार के आर्थिक कार्य भी मिल व कारखानों के द्वारा बड़े पैमाने में किए जा रहे हैं। इससे परिवार का आर्थिक महत्त्व धीरे–धीरे कम होजा जा रहा हैं पहले मनोरंजन का केन्द्र परिवार था, परन्तु आज मनोरंजन करवाने का कार्य बाहरी समितियों के द्वारा पूरा होता है। इस प्रकार अनेकों परिवर्तनों ने परिवार के ढाँचे को पूर्णत: बदल दिया है।

संयुक्त परिवार का विघटन आज निरन्तर संयुक्त परिवार का विघटन हो रहा है। जाति–प्रथा में परिवर्तन जाति–प्रथा हिन्दू समाज की एक महत्त्वपूर्ण संस्था है। आधुनिक युग में इस प्रथा में परिवर्तन उत्पन्न होता जा रहा है। जातिवाद की भावना अब धीरे–धीरे समाप्त होती जा रही है। पहले जाति में जो खान–पान सम्बन्धी प्रतिबन्ध पाए जाते थे वे आज धीरे–धीरे शिथिल होते जा रहे हैं अब लोग साथ बैठकर खाना खाते हैं। यह कारण जाति–प्रथा सम्बन्धी नियम ढीले होते जा रहे हैं। जाति–प्रथा की दूसरी विशेषता यह थी कि प्रत्येक जाति के निश्चित पेशे होते थे, जैसे धोबी का काम कपड़े धोना, नाई का बाल बनाना इत्यादि परन्तु आधुनिक युग में शिक्षा के कारण या लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन होने के कारण तथा औद्योगीकरण के कारण असंख्य प्रार के पेशों के पनप जाने के कारण जाति के परम्परागत पेशों में आज क्रान्तिकारी परिवर्तन हो गये हैं। आज पेशे जाति के आधार पर नहीं बल्कि योग्यता के आधार पर किए जाते हैं चाहे वह पेशा उनकी जाति के अनुसार हो अथवा नहीं।

बाल–विवाह के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन हिन्दू विवाह प्रथा में बाल–विवाह प्रथा का एक प्रमुख स्थान है। बाल–विवाह प्रत्येक समाज के लिए एक अभिशाप है। बाल–विवाह नगरों की अपेक्षा ग्रामों में अधिक देखने को मिलते हैं। परन्तु आज नगर के साथ–साथ ग्रामीण युवक भी बाल–विवाह से सम्बन्धित बुराइयों को समझने लगे हैं, इस कारण यह प्रथा निरन्तर घटती जा रही है। सरकार ने भी बाल–विवाह प्रथा की हानियों को देखते हुए बाल–विवाह निषेध कानून बनाए। इनमें 'शारदा एक्ट, 1929', सबसे प्रमुख है। इसके अतिरिक्त 'हिन्दू–विवाह व तलाक अधिनियम, 1955', ने भी बाल–विवाह पर पूर्ण निषेध लगा दिया। इसके अन्तर्गत शादी के समय लड़के व लड़की की आयु क्रमश: कम से कम 21 व 18 वर्ष होनी चाहिए। कानून का उल्लंघन करने वाले को कारावास या जुर्माना या दोनों दण्ड देने का विधान है।

विधवा–पुनर्विविाह के सम्बन्ध में परिवर्तित दृष्टिकोण –वैसे विधवा–विवाह भारतीय समाज में धर्म के प्रतिकूल अपशकुन माना या समझा जाता रहा है परन्तु आधुनिक समय में विधवा–विवाह के सम्बन्ध में लोगों के दृष्टिकोण परिवर्तन होता जा रहा है। विधवा–स्त्री समाज में अभागिन मानी जाती रही है, इसी कारण उन्हें कई प्रकार के सामाजिक नियोग्यताओं का शिकार बनकर दुखद जीवन व्यतीत करना पड़ता था। इस स्थिति से इस

देश की 3.16 करोड़ विधवाओं को मुक्ति दिलाने के लिये सन् 1856 में विधवा–पुनर्विवाह अधिनियम पास किया गया। इसके अतिरिक्त अपने नैतिक आधारों पर भी विधवा–विवाह को उचित ठहराया जाता है और इसीलिये आज काफी संख्या में विधवा–पुनर्विवाह हो रहे हैं जोकि वास्तव में भारतीय समाज में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन है।

दहेज–प्रथा के प्रति परिवर्तित दृष्टि –हिन्दू–विवाह की अनेक समस्याओं में से एक समस्या दहेज–प्रथा की भी है। दहेज–प्रथा एक विकट समस्या है। इसके कारण समाज में अनेक दुष्परिणाम उत्पन्न हो गये हैं। आज पढ़े–लिखे शिक्षित लोग इस प्रथा को उचित नहीं मानते हैं। सरकारी कानूनों ने इस दिशा में काफी सहायता की है। इस प्रकार धीरे–धीरे दहेज–प्रथा के उन्मूलन की आशा की जा सकती है।

सामुदायिक जीवन का हास भारत की सामाजिक संरचना में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन यह हुआ है कि अब निरन्तर सामुदायिक भावना का हास होता जा रहा है। आज औद्योगीकरण, नगरीकरण तथा वैश्वीकरण के फलस्वरूप समूह के आकार में अत्याधिक वृद्धि हो रही है, जैसे–जैसे नगरों का आकार बढ़ रहा है वैसे–वैसे वैयक्तिक सम्बन्ध भी कम होते जा रहे हैं। अवैयक्तिक सम्बन्धों का अर्थ है घनिष्ठ सम्बन्ध या 'हम' की भावना का अभाव। जब समुदाय में 'हम' की भावना समाप्त हो जाती है, तो प्रत्येक समूह या व्यक्ति अपने–अपने स्वार्थों की पूर्ति में लग जाता है और उस अवस्था में उसे समाज के सामान्य स्वार्थों का नहीं अपितु केवल अपने ही स्वार्थों का ध्यान रहता हैं सामुदायिक जीवन में यह एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन है।

स्त्रियों की स्थिति में परिवर्तन – आज भारतीय सामाजिक संरचना में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन स्त्रियों की स्थिति में हुआ है। आज पहले की तरह स्त्री, पुरुा की दासी न होकर उसकी सहभागी या सहयोगी है। वर्तमान समय में नौकरी के अवसर केवल पुरुष को न होकर स्त्रियों को भी उपलब्धा हैं। स्त्रियाँ भी पढ़–लिखकर इस लायक हो गई हैं। कि व नौकरी कर सकें। इसका परिणाम यह हुआ कि स्त्रियाँ घर से बाहर काम करने को जाती हैं और पैसा कमाती हैं। अब स्त्रियाँ आर्थिक तथा अन्य मामलों में परिवार पर कम निर्भर हो गई हैं। उनमें आत्म–विश्वास तथा आत्म–सम्मान की भावना पनपी है। स्वतन्त्र होने या रहने की इच्छा ने पारिवारिक प्रतिबन्धों से उनको विमुक्त कर दिया है, पर्दा–प्रथा कम हो गई है और स्त्रियों को आत्मविकास का अवसर मिला है।

प्रेम–विवाह, अन्तर्जातीय विवाह, विलम्ब–विवाह और तलाकों का आधिक्य–पाश्चात्य संस्कृति के सम्पर्क में आने, शिक्षा के प्रार व प्रौद्योगिकीय, परिवर्तनों के फलसवरूप युवक–युवतियों के साथ–साथ पढ़ने–लिखने, कारखानों या दफ्तरों के साथ–साथ काम करने तथा स्वतन्त्रतापूर्वक मेल–मिलाप करने का अवसर प्राप्त हुआ है। फलतः प्रेम विवाह व अन्तर्जातीय विवाह के अनुकूल परिस्थितियाँ उत्पन्न हुई हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि प्रेम–विवाह प्रायः असफल रहते हैं क्योंकि उसमें रोमांस व उद्वेग का तत्व अधिक होता है। यदि प्रेम–विवाह अन्तर्जातीय–विवाह हुआ और यदि पति–पत्नी की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में अत्यधिक विभेद हुआ तो वे एक–दूसरे से अनुकूलन करने में बहुधा असफल रहते हैं और परिवार विवाह–विच्छेद द्वारा या तो टूट ही जाता है या फिर पारिवारिक जीवन में कलह–तनाव आदि के तत्त्वों का राज्य होता है। उसी प्रकार आज लड़कियों तथा लड़कों को शिक्षा प्राप्त करने नौकरी करने तथा अन्य प्रकार से आत्मविकास करने का जो अवसर प्राप्त है उसके फलस्वरूप आज विलम्ब–विवाह करने की ओर लोगों की प्रवृत्ति अधिक देखने को मिलती है। यह सभी विवाह के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन है।

पूँजीवाद का विकास पहले इस देश में कृषि अर्थ–व्यवस्था थी, पर अब अनेक प्रकार के प्रौद्योगिकी परिवर्तनों के फलस्वरूप देश में पूँजीवाद का विकास हुआ है। आज आर्थिक उत्पाद गृह–उद्योगों में नहीं अपितु बड़े–बड़े मिल और कारखानों में मशीनों द्वारा बड़े पैमाने पर होता है। इसके लिए काफी धन की आवश्यकता होती है और इस कारण आर्थिक उत्पादन के साधाना पर पूँजीपतियों का अधिकार हो गया है और अन्य सभी पूँजीहीन व्यक्तियों के लिये जीविका पालन का केवल एक ही रास्ता रह गया है और वह यह है कि वे अपने श्रम को बेचकर पेट पालें। इस पूँजीवाद के विकास के फलस्वरूप भारतीय समाज में दो वर्ग विकसित हो गये हैं–पूँजीपति वर्ग और श्रमि वर्ग।

ग्राम–उद्योगों का हास भारत में औद्योगीकरण के फलस्वप ग्रामीण उद्योगों का बुरी तरह हास हुआ है, क्योंकि इस देश में ग्रामों के कुटीर उद्योगों और शहरों के बड़े–बड़े उद्योगों के बीच न तो कोई समन्वय है और न ही किसी प्रकार का श्रम–विभाजन–फलतः बड़े पैमाने में मशीन द्वारा जिन सस्ती चीजों का उत्पादन होता है, उनसे प्रतियोगिता करना ग्रामीण उद्योगों में बनी चीजों के लिये सम्भव नहीं होता है। इससे ग्रामीण उद्योगों का निरन्तर हास ही होता जा रहा है, यद्यपि सरकारी प्रयत्न ग्राम–उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में ही है।

3. जीवन–स्तर में परिवर्तन (Changes in Standard of Living)– भारतीय समाज के आर्थिक जीवन के एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन भारतीयों के जीवन स्तर से सम्बन्धित है। आज इस परिवर्तन से सम्भवतः कोई ही भारतवासी अछूता न हो। आज मोटरसाइकिल, रेडियो, टी.वी., पक्के मकान, सोफासेट, फ्रिज आदि ग्रामों तक में देखने को मिलते हैं। जोकि पहले बड़े–बड़े शहरों में देखने को मिलते थे स्कूटर व मोटर साइकिल तो आज आम चीज हो गई है। पहनने–ओढ़ने के दृष्टिकोण एवं खाने–पीने के सम्बन्ध में भी परिवर्तन आते जा रहे हैं। आज गाँव वाला भी पैण्ट व बुशर्ट या सूट पहनता है, साथ ही कुर्सी व मेज पर खाना अधिक पसन्द करता हैं वास्तव में यह सभी उच्च जीवन–स्तर के ही परिचायक हैं।

आय में वृद्धि आर्थिक में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन भारतीयों की आय में अत्याधिक वृद्धि का होना हैं आज प्रति व्यक्ति औसत आय पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। चालू मूल्यों के आधार पर प्रति व्यक्ति सन् 1960–61 में 305 रु. थी जो सन् 2002–03 में बढ़कर अनुमानतः 10,964 रु. हो गई। यदि भारतीय कृषक की आय को ही लिया जाए तो देखा जाएगा कि उसकी आय में भी महत्त्वपूर्ण वृद्धि हुई है। इसका कारण मुख्यतः विज्ञान की देन है। कृषि के वैज्ञानिक तरीकों ने उसके कृषि उत्पादन को बढ़ा दिया है। अब वह थोड़े समय में अधिक उत्पादन कर सकता है। और बचे हुए समय को किसी अन्य धन्धो में लगा देता है। कृषि, उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में देश जैसे–जैसे प्रगति करता जा रहा है, यहाँ के लोगों की आय में भी वैसे–वैसे वृद्धि हो रही है।

औद्योगीकरण भारतीय सामाजिक संरचना के आर्थिक पक्ष का एक महत्त्वपूर्ण औद्योगीकरण है। इस औद्योगीकरण, वैश्वीकरण तथा उदारीकरण ने भारतीय समाज के महत्त्वपूर्ण आधारों व संस्थाओं कोभी बदल दिया है। इन प्रक्रयाओं के फलस्वरूप एक ओर देश का उत्पादन बढ़ा है, बड़े पैमाने पर उत्पादन होने लगे हैं और देश की राष्ट्रीय आय बढ़ी है। तो दूसरी ओर इनसे अनेक समस्याओं का भी जन्म हुआ है। आज इसके कारण ही निवास–स्थानों की कमी तथा गन्दी बस्तियों का विकास हुआ है।

औद्योगीकरण के फलस्वरूप वर्ग-संघर्ष और औद्योगिक झगड़ों को भी प्रोत्साहन मिला है, क्योंकि औद्योगीरण से पूँजीवादी व्यवस्था पनपी है जिससे कि श्रमिकों का अत्यधिक शोषण हुआ है। जैसे-जैसे मजदूर संगठित होने लगे और उनमें अपने अधिकार से सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न हुई वैसे-वैसे औद्योगिक झगड़े भी बढ़ने लगे।

महँगाई व बेरोजगारी में वृद्धि भारतीय आर्थिक जीवन में आज निर्धानता एवं बेरोजगारी में वृद्धि हो रही है। यह ठीक है कि औसतन प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है, परन्तु यह भी ठीक है कि विकराल रूप से बढ़ती हुई महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। भारत के सामने सर्वाधिक बड़ी चुनौतियों में से एक अतिरिक्त श्रम बल को रोजगार प्रदान करना ही नहीं, बल्कि पिछले कुछ वर्षों से चली आ रही संचित बेरोजगारी के बैकलाग को भी कम करना है। समग्र रोजगार (संगठित व असंगठित दोनों क्षेत्रों में) की औसत वार्षिक वृद्धि दर 1972-78 की अवधि में 2.75 प्रतिशत से निरन्तर कम होकर 1987-94, में 2.43 हो गई थी। परन्तु 1993-2000 की अवधि में यह पुन: घटकर 0.98 प्रतिशत रह गई।

कृषि उत्पादन में उन्नति भारत में कृषि उद्योग में पर्याप्त उन्नति हुई है। इसका कारण प्रमुख रूप से कृषि कार्यों में रसायनिक खाद, मशीनों तथा कृषि के आधुनिक तरीकों का उपयोग है। आज हमारी सरकार का यह प्रयत्न जोरों पर चल रहा है कि कृषि को वैज्ञानिक ढंग से किया जाए। नए तरीकों से खेती करने से उत्पादन भी अधिक होगा और साथ ही समय की भी बचत होगी; इस बचे समय को किसान अन्य किसी कार्य में लगा सकेगा। आज सहकारिता खेती के भी महत्त्वपूर्ण फल प्राप्त हो रहे हैं; कई गुना पैदावार भी बढ़ गई है। अनाज के मामले में भारत आज आत्मनिर्भर है।

सूचनातंत्र का प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में सूचनातंत्र के प्रसार की विलुप संभावनाएँ प्रकट हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना क्रांति की प्रतीक दूरदर्शन एवं विपुल टी.डी./अन्य टेलीफोन सेवाएँ, सूचना प्रसार और जनजागरण का माधयम बन गई है। और अब वहाँ कम्प्यूटर के प्रवेश की बारी है। केरल, तमिलनाडु जैसे प्रदेशों में विशाल पैमाने पर कम्प्यूटर ने ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल दस्तक दे दी है वरन् प्रशासन से जुड़ी सेवाओं और ग्रामीण क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं की आपूर्ति का सूत्रपात कर चुका है। प्रशासन ग्रामीणों के द्वार तक पहुँच चुका हैं क्योंकि भू-अभिलेख, रजिस्ट्रेशन दस्तावेज, दिन-प्रति-दिन के बाजार मूल्य और अन्य समाचार बड़ी संख्या में वहाँ पी.सी. के माधयम से प्राप्त हो रहे हैं। केरल के मछुआरे सेलफोन (मोबाईल) से मछली मारने के बाद आस-पास के बाजारों में तुलनात्मक बाजार दरें ज्ञात कर लाभप्रद मंडियों में मछलियाँ ले जाने लगे हैं। इस प्रकार अनेक प्रदेशों में सूचना क्रांति ने अर्थव्यवस्था के तृतीय सेक्टर-सेवा सेक्टर में रोजगार की असीमित संभावनाएँ उत्पन्न कर दी हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन आज सभी जाति के बच्चों को समान रूप से शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार प्राप्त है। केवल इतना ही नहीं, पिछड़ी जातियों के बच्चों को अधिकाधिक शिक्षित करने के उद्देश्य से उन्हें कई प्रकार की सुविधाएँ दी जा रही है। आज शिक्षा के उद्देश्यों को भी फिर से परखा जा रहा है और उसके अनुसार शिक्षा को केवल किताबी शिक्षा तक ही सीमित न रखकर उसको उत्तरोत्तर व्यावहारिक बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में गाँधी जी द्वारा प्रस्तुत 'बेसिक शिक्षा योजना' को लागू करने के सम्बन्ध में प्रयत्नशीलता बढ़ रही है। शिक्षा के धार्मिक आधारों में परिवर्तन हो जाने के फलस्वरूप आज वैज्ञानिक व तकनीकी शिक्षा पर अधिक बल दिया जाता है। कई प्रकार के अनुसन्धान कार्यों को आज प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षा के प्रसार व प्रचार में सरकार का उत्तरदायित्व अत्यधिक बढ़ जाना भी इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन है। इसीलिए सरकार की ओर से शिक्षा के विस्तार के लिये अनेक प्रयत्न किए जा रहे हैं जैसे उत्तर प्रदेश में प्रारम्भिक शिक्षा को नि:शुल्क कर देने की योजना लागू कर दी गई है। और साथ ही बेसिक शिक्षा का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया है।

गाँवों में भी इस दिशा में परिवर्तन आज देखने को मिलता है। सरकार की ओर से स्त्रियों को नि:शुल्क शिक्षा, प्राइवेट शिक्षा देने की सुविधा, छात्रवृत्तियाँ आदि देकर शिक्षा के विषय में प्रोत्साहित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए अनेक राज्य सरकारों ने दसवीं कक्षा तक लड़कियों की शिक्षा नि:शुल्क कर दी है। फलत: 2001 में महिला साक्षरता का प्रतिशत बढ़कर 53.79 हो गया है। पुरुष साक्षरता दर 75.3 प्रतिशत हैं अगर सम्पूर्ण जनसंख्या को ले तो साक्षरता दर 64.8 प्रतिशत है। साक्षरता आन्दोलन या प्रौढ़ शिक्षा आन्दोलन शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय परिवर्तन है। रात्रि-पाठशाला आदि में प्रौढ़ों को शिक्षित करने की दिशा में अनेक क्रियात्मक कदम करसारी तथा गैर-सरकारी तौर पर उठाये जा रहे हैं।

सांस्कृतिक जीवन में परिवर्तन आज की परिवर्तित परिस्थितियों में सांस्कृतिक जीवन में अनेक परिवर्तन हो गये हैं।

धार्मिक जीवन में परिवर्तन धार्मिक क्षेत्र में भी व्यावसायिक मनोभाव का विकास इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन है। आज लोग धर्म को आजीविका का एक साधान बना लेते हैं। तीज-त्यौहार में उल्टा-सीधा मन्त्र पढ़कर एक घण्टे की धार्मिक क्रिया को ही मिनटों में निबटाकर अधिकाधिक जजमानों के यहाँ से दक्षिण बटोरना आज पुजारी और पण्डितों का एक धंधा बन गया है। प्राय: सभी तीर्थ-स्थानों में भी पण्डों में यहीं व्यवसायिक मनोभाव देखने को मिलता है। बड़ी-बड़ी धर्मशालाओं में यात्रियों से किराया वसूल करना तो एक सामान्य विषय है। अनेक तीर्थ-यात्राओं का आयोजन व्यावसायिक आधार पर अधिकाधिक मुनाफा कमाने केलिए संगठित एजेन्सियों के द्वारा किया जाता है।

पश्चिमीकरण भारत के सांस्कृतिक जीवन का आज विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होगा कि इसके सभी पक्षों पर पश्चिमी संस्कृति की छाप पड़ी है और उसके फलस्वरूप महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुये हैं। उदाहरण के लिए, जाति-पाँ ओर छुआछूत के सम्बन्ध में, विधवा-पुनर्विवाह या अन्र्जातीय विवाह के सम्बन्ध में हमारे मूल्यों तथा आदर्शों में अनेक परिवर्तन हो गये हैं। उसी प्रकार पश्चिमी प्रभाव से प्रभावित होकर आर्य समाज, ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज, रामकृष्ण मिशन आदि अनेक संगठनों का न केवल विकास हुआ है बल्कि उनके द्वारा सामाजिक सुधार आन्दोलनों को क्रियात्मक रूप दिया गया है। पश्चिमीकरण के फलस्वरूप ही आज हमारे विचार, भावनाओं, आदर्शों, मूल्यों तथा सिद्धान्तों में अनेक परिवर्तन हुए हैं।

व्यक्तिवादी आदर्शों का विकास आज सांस्कृतिक जीवन में जो परिवर्तन हुये हैं। उनमें व्यक्तिवादी आदर्शों का विकास अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी विकास के साथ-साथ एक ओर धन का महत्त्व बढ़ा है और दूसरी ओर व्यक्तिगत कुशलता का। प्रत्येक व्यक्ति आज यह जानता है कि वर्तमान समाज में उनकी प्रतिष्ठा जाति या परिवार गौरव पर उतनी अधिक निर्भर नहीं करती जितनी की धान तथा व्यक्तिगत गुणों पर। इस कारण प्रत्येक व्यक्ति आज केवल अपने लिये ही सोचता है और अपने व्यक्तित्व का अधिकतम विकास चाहता है। फलत: आज व्यक्तिगत हितों के सामने सामूहिक हितां की बलि चढ़ जाती है और समाज में विघटनात्मक तत्तव क्रियाशील हो जाते हैं। परिवार से लेकर राजनीतिक तक आज इसी व्यक्तिगत

आदर्शों का बोलबाला है। सत्ता या पद के लालच से लोग समूह के हितों की कुछ भी परवाह नहीं करते।

नैतिक जीव में परिवर्तन पहले लोग नैतिक नियमों का पालन करना अपना पवित्र कर्त्तव्य समझते थे, पर अब व्यक्तिवाद के विकास के साथ-साथ नैतिकता धीरे-धीरे दुर्बल होती जा रही है। उदाहरण के लिए आज एक विधायक बिना किसी नैतिक सिद्धान्त की परवाह किए केवल सत्ता के लालच से अपने दल को छोड़कर दूसरी पार्टी में जा मिलता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य का कुछ भी धयान न रखते हुए आज एक भारतीय व्यापारी आटे के साथ खड़िया मिट्टी मिला देने में या मलाई में ब्लाटिंग पेपर की तह लगा देने में कुछ भी संकोच नहीं करता हैं एक दवा-फरीश नकली दवाओं को बेचकर कितने ही अमूल्य जीवनों के साथ खिलवाड़ करने से सकुचाता नहीं नैतिकता के इस पतन के कारण ही आज भारतीय समाज में अपराधा, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, आर्थिक घोटालों और झूठ का अधिक बोलबाला है। केवल शहर के लोग ही इस नैतिक पतन के शिकार नहीं हैं अपितु भारतीय गाँव में भी यह मर्ज फैल चुका है।

मीडिया द्वारा सामाजिक परिवर्तन शिक्षा तथा साक्षरता के प्रसार के उपरांत मीडिया या जन संचार के प्रति परम्परागत समाजों में एक विशिष्ट आकर्षण उत्पन्न हुआ हैं आज भी भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में अखबार में लिखी या रेडियो, टी.वी. से सुनी गई बातों पर प्रत्यक्ष मौखिक वक्तव्यों से अधिक विश्वास किया जाता है। जन-साधारण के बीच मीडिया की यह विश्वसनीयता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं यह भारत का सौभाग्य है कि यहाँ मीडिया को अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त हैं यही कारण है कि देश में पत्र-पत्रिकाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। महापुरुषों ने मीडिया के माधम से भी सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाई थी। स्वतन्त्रता से पूर्व भारतीय प्रेस का एक स्पष्ट मिशन, था, वह था भारत की स्वतन्त्रता। स्वतन्त्रता की इस लड़ाई के दौरान ही मीडिया (प्रेस) ने सामाजिक कुरीतियों से लड़ने का संघर्ष भी समानांतर रूप से जारी रखा। सती प्रथा, मूर्ति पूजा, बाल विवाह, अंधाविश्वासों, कुरीतियों, महिला पुरुष भेदभाव, अस्पृश्यता तथा शोषण के विरुद्ध सामाजिक वातावरण निर्मित करने में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई।

जन चेतना उन्मुख कार्यक्रमों को जनसाधारण तक पहुँचाना। सरकारी तंत्र ने यह कार्यक्रम रेडियो, टी.वी. तथा पत्र-पत्रिकाओं सहित जनसंचार के अन्य माध्यमों यथा, मेला, रैली, कठपुतली नृत्य, लोकगीत लोक नृत्य, प्रदर्शनी, प्रभात फेरी, कैंप, सभा, संगोष्ठी तथा नुक्कड़ नाटकों इत्यादि के माध्यम से संचालित किए। इन कार्यक्रमों में मुख्यत: नशापान का विरोध, बाल विवाह का तिरस्कार, परिवार नियोजन का महत्त्व, जनसंख्या विस्फोट की भयावहता, निरक्षता के कलंक, अस्पृश्यता की अमानवीयता, कुपोषण के दुष्परिणाम, बालविवाह तथा छोटी आयु में माँ बनने की हानियाँ, बंधुआ मजदूरी का अभिशाप, पानी बिजली, गैस डीजल तथा पेट्रोल की बचत, पेड़-पौधों तथा जीवों का संरक्षण, प्रदूषण की समस्या, शोर का दुष्प्रभाव, स्वच्छता का महत्त्व, जल-मल की निकासी, संक्रामक रोगों से बचाव, मानवाधिकारों का प्रसार, महिला सशक्तिकरण, पिछड़े वर्गों के अधिकार, सांप्रदायित सौहार्द, बच्चों, वृद्धों असहायों तथा नि:शक्तजनों की रक्षा, टीकाकरण, मताधिकार, स्वच्छ प्रशासन, नागरिक-कर्त्तव्य तथा अंधविश्वासों के विरुद्ध सकारात्मक संदेश देने का सार्थक प्रयास किया गया है। निस्सन्देह इन सभी जनचेतना उन्मुख कार्यक्रमों का जनसाधारण के मनोमस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय संस्कृति की विरासत, पुखराज जैन
2. भारत का इतिहास, इलिएट डारसन
3. भारतीय समाज का संस्कृति, पी0सी0 खरे
4. भारतीय समाज व संस्कृति, डॉ0 जी0 के0 अग्रवाल
5. समाज शास्त्र, शर्मा एण्ड गुप्ता
6. धार्म दर्शन का सर्वेक्षण, डॉ0 डी0 डी0
7. पाण्डेय भारतीय दर्शन/ज्ञान, मीमांसा
8. एवं तत्व मीमांसा, डॉ0 हृदय नारायण मिश्रा

****

छत्तीसगढ़ राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थी अन्त्योदय परिवार का एक अध्ययन

राकेश कुमार गिरि*

शोध सारांश – खाद्य अधिकार की दिशा में पहला कदम है। हालांकि इस कानून के प्रति अनुसन्धानकर्ता की व्यक्तिगत मान्यताएं है, खासकर लक्षित और आबादी के कुछ हिस्से को कानून से बाहर रखने के संदर्भ में, इस कानून के क्रियान्वयन के मुद्दे पर ही फोकस करूंगा। खाद्य सुरक्षा कानून लागू करने में हम ब्राजील के अनुभवों से कुछ महत्वपूर्ण बातें सीख सकते है। ब्राजील विश्व में ऐसा पहला देश है, ब्राजील विश्व में ऐसा पहला देश, जिसने भोजन के अधिकार को कानूनी जामा पहनाया। यह ब्राजील सरकार के चर्चित 'फोम जीरो' या 'जीरो हंगर प्रोग्राम' का हिस्सा था, जो विश्व में खाद्य सुरक्षा कायम करने के प्रयासों के रूप में काफी सराहा गया। सन् 2010 में एक संविधान संशोधन के जरिये भोजन के अधिकार को ब्राजीली संविधान के सामाजिक अधिकारों की सूची में जोड़ा गया और इससे जारो हंगर प्रोग्राम को स्थायी कानूनी आधार मिल गया। जीरो हंगर परियोजना का क्रेंद्र बिंदु आधारभूत नीतियों और संपूरक नीतियों का एक बेहतर संयोग था। इस संयोग की आवश्यकता तीन महत्वपूर्ण कारकों के आधार पर महसूस की गई थी। पहला, उच्च आय वर्ग की निम्न सकल मांग और बेरोजगारी से हो रहा विशेष किस्म का विकास, दूसरा खाद्य की कीमतों और मजदूरी के बीच के संबंधों से उपजी निम्न क्रयशक्ति और तीसरा बाजार से समाज के निर्धन वर्ग का निष्कासन जीरो हंगर प्रोग्राम की सफलता का मूल कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति रही है। भूख के खात्मे का सामाजिक और व्यक्तिगत तौर पर देखने के बजाय इसे राष्ट्रीय मुद्दा माना गया। नये राष्ट्रपति के कार्यकाल में इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष निकायों का गठन किया गया। पहला, खाद्य सुरक्षा और भूख से जुड़ा हएक असाधारण मंत्रालय, दूसरा एक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा परिषद(इसमें 18 राज्य मंत्री और 36 गैर-सरकारी प्रतिनिधी रखे गए थे।) और तीसरा, राष्ट्रपति के लिए एक विशेष सलाहकार निकाय। इन कदमों से जाहिर होता है कि इस कार्यक्रम को कितनी अहमियत दी गई थी।

शब्द कुँजी– जीरो हंगर प्रोग्राम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा परिषद, गैर-सरकारी प्रतिनिधी, खाद्य असुरक्षा।

प्रस्तावना – किसी आपदा के समय खाद्य सुरक्षा कैसे प्रभावित होती है ? किसी प्राकृतिक आपदा जैसे, सूखे के कारण खाद्यान्न्ना की कुल उपज में गिरावट आती है। इससे प्रभावित क्षेत्र में खाद्य की कमी हो जाती है। खाद्य की कमी के कारण कीमतें बढ़ जाती हैं। कुछ लोग ऊँची कीमतों पर खाद्य पदार्थ नहीं खरीद सकते। अगर यह आपदा अधिक विस्तृत क्षेत्र में आती है या अधिक लम्बे समय तक बनी रहती है, तो भुखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। व्यापक भुखमरी से अकाल की स्थिति बन सकती है। अकाल के दौरान बड़े पैमाने पर मौतें होती हैं जो भुखमरी तथा विवश होकर दूषित जल या सड़े भोजन के प्रयोग से फैलने वाली महामारियों तथा भुखमरी से उत्पन्न्ना कमज़ोरी से रोगों के प्रति शरीर को प्रतिरोधी क्षमता में गिरावट के कारण होती है। भारत में जो सबसे भयानक अकाल पड़ा था, वह 1943 का बंगाल का अकाल था। इस अकाल में भारत के बंगाल प्रांत में तीस लाख लोग मारे गए थे। यद्यपि भारत में लोगों का एक बड़ा वर्ग खाद्य एवं पोषण की दृष्टि से असुरक्षित है परन्तु इसे सर्वाधिक प्रभावित वर्गों में निम्नलिखित शामिल है : भूमिहीन में थोड़ी अथवा नगण्य भूमि पर निर्भर है पारंपरिक दस्तकार पारम्परिक सेवा प्रदान करने वाले लोग अपना छोटा-मोटा काम करने वाले कामगार और निराश्रित तथा भिखारी शहरी क्षेत्रों में खाद्य की दृष्टि से असुरक्षित वे परिवार है जिनके कामकाजी सदस्य प्राय: वेतन वाले व्यवसाय और अनियत श्रम बाजार में काम करते है। यह कामगार अधिकतर मौसमी कार्यो में लगे है और इनको इतनी कम मजदूरी दी जाती है कि मात्र वे जीवित रह सके।

समाज का अधिक गरीब वर्ग तो हर समय खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त हो सकता है परंतु जब देश भूकंप, सूखा, बाढ़, सुनामी, फसलों के खराब होने से पैदा हुए अकाल आदि राष्ट्रीय आपदाओं से गुज़र रहा हो, तो निर्धनता रेखा से ऊपर के लोग भी खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त हो सकते हैं। 1970 के दशक में खाद्य सुरक्षा का अर्थ तथा आधारिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता (स,रा 1975) अमर्त्य सेन ने खाद्य सुरक्षा का एक नया आयाम जोड़ा और हक़दारियों के आधार पर खाद्य तक पहुँच पर ज़ोर दिया। हक़दारियों के अभिप्राय राज्य या सामाजिक रूप से उपलब्ध करायी गई अन्य पूर्तियों के साथ-साथ उन वस्तुओं से है जिनका उत्पादन विनिमय बाजार में किसी व्यक्ति द्धारा किया जा सकता हैं। तदनुसार, खाद्य सुरक्षा के अर्थ में काफी परिवर्तन हुआ है। विश्व खाद्य शिखर सम्मेलन, 1995 में यह घोषणा की गई कि 'वैयक्तिक, पारिवारिक, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा का अस्तित्व तभी है, जब सक्रिय और स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए आहार संबंधी जरूरतों और खाद्य पदार्थों को पूरा करने के लिए पर्याप्त, सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों को पूरा करने के लिए पर्याप्त, सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य तक सभी लोगों की भौतिक एवं आर्थिक पहुँच सदैव हो' (खाद्य एवं कृषि संगठन 1996, पृष्ठ 3)। इसके अतिरिक्त घोषणा में यह भी स्वीकार किया गया कि 'खाद्य तक पहुँच बढ़ाने में निर्धनता का उन्मूलन किया जाना परमावश्यक है।'

अध्ययन के उद्देश्य एवं परिकल्पनाएँ – प्रत्येक शोधपत्र कार्य किसी विशिष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है। प्रस्तावित शोधपत्र छत्तीसगढ़

* शोधार्थी एवं अतिथि व्याख्याता (अर्थशास्त्र) किरोड़ीमल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत

राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थी अन्त्योदय परिवार का एक अध्ययन के अग्रांकित उद्देश्य निर्धारित किये गये है-

अध्ययन के उद्देश्य :

1. खाद्य सुरक्षा योजना का अन्त्योदय परिवार के परिवारों पर प्राप्त उपलब्धियों की विवेचना करना।
2. अन्त्योदय परिवार की भूख एवं कुपोषण उन्मूलन में खाद्य सुरक्षा योजना को प्रभावी बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की व्यवस्था के क्रियान्वयन का मूल्यांकन करना।
3. अध्ययन क्षेत्र के अन्त्योदय परिवार के लिए खाद्य सुरक्षा योजना की संभावनाओं का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएँ - शोधार्थी द्वारा सत्यान्वेषण एवं किसी तथ्य के निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए अवधारणाओं का होना आवश्यक है, ताकि अध्ययनकर्ता इस बात की जानकारी प्राप्त कर ले कि उसकी परिकल्पना कहाँ तक उचित थी। परिकल्पनाओं का होना इसलिए भी आवश्यक है कि वह अपने अध्ययन की दिशा निर्धारित कर सके और जिसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हो सके। इस संदर्भ में निम्न परिकल्पनाएँ की गई है-

1. छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन क्षेत्र में विशेषकर अन्त्योदय परिवार के लिए भोजन उपलब्धता में वृद्धि हुई है।
2. छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना के कारण अन्त्योदय परिवार की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

अध्ययनकर्ता ने अध्ययन के दौरान पाया कि कोटा विकासखण्ड में खाद्य सुरक्षा योजना का व्यापक प्रभाव पड़ा है। खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन हेतु चुने गये हितग्राहियों से भरायी गई अनुसूची के आधार पर ली गई परिकल्पना के मूल्यांकन हेतु सहायक सिद्ध हुई। ग्रामीण इलाकों की 75 प्रतिशत आबादी को इस कानून का लाभ पहुंचेगा जिसमें न्यूनतम 46 प्रतिशत प्राथमिकता वाले परिवार होंगे तथा बाकि सामान्य परिवार वाले होंगे। शहरी क्षेत्रों को भी दूसरे दायरे में रखा गया है जहां करीब 50 प्रतिशत आबादी इससे लाभान्वित होगी। इनमें 26 प्रतिशत गरीबी-रेखा के नीचे आने वाले परिवार तथा बाकी सामान्य परिवार होंगे। अनुसूची के प्रश्नों का हितग्राहियों द्वारा दिये गये उत्तर को प्रतिशत विधि के माध्यम से निराकरण किया गया है जिसका उल्लेख क्रमश: निम्नवत् है-

1. ग्राम से राशन दुकान की दूरी पर 50 उत्तरदाताओं ने बताया कि उचित मूल्य की दुकान 1 कि.मी. के अंदर व्यवस्था है जबकि दो उत्तरदाताओं ने इसे 2 कि.मी. के अंदर होना पाया।

राशन दुकान की दूरी	1 कि.मी.	2 कि.मी.	3 कि.मी.
उत्तरदाताओं की संख्या प्रतिशत में	76%	21%	3%



2. क्या आपके पास राशनकार्ड है? इसके उत्तर में अध्ययनकर्ता ने पाया कि 40 हितग्राहियों के पास राशनकार्ड पाये गये जबकि 10 हितग्राही ऐसे थे जिनके पास राशनकार्ड नहीं थे या उन्होंने नहीं बनवाया।

राशनकार्ड की उपलब्धता	हाँ	ना
उत्तरदाताओं की संख्या प्रतिशत में	88%	12%



3. आपके परिवार में राशन की खपत कितनी है राशन की दुकान से कितनी सामग्री प्राप्त होती है और उसकी गुणवत्ता कैसी है ? इस प्रश्न में हितग्राहियों ने अपने राशनकार्ड के रंग के मुताबिक राशन प्राप्ति की बात स्वीकार की। अनुसंधानकर्ता ने यह पाया कि निर्धनता रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों को अपने खपत के अनुसार राशन सामग्री हो जाती है और वे राशन सामग्री की गुणवत्ता से संतुष्ट पाये गये।

राशन सामग्री की गुणवत्ता के संकेत	खराब	सामान्य	अच्छा	बहुत अच्छा	अन्य
उत्तरदाताओं की संख्या प्रतिशत में	5%	10%	75%	5%	5%



परिकल्पनाओं का मूल्यांकन - अध्ययनकर्ता द्वारा ली गई दो परिकल्पनाओं में निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुये :

1. **प्रथम परिकल्पना** - छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन क्षेत्र में विशेषकर अन्त्योदय परिवार के लिए भोजन उपलब्धता में वृद्धि हुई है। अध्ययनकर्ता ने अनुसूची एवं प्रत्यक्ष साक्षात्कार के आधार पर स्तरीत निदर्शन के आधार पर प्रतिशत विधि का अनुप्रयोग करते हुये यह पाया कि वास्तव में अध्ययन क्षेत्र कोनचरा में छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना का विभिन्न रंगों के कार्डधारी परिवारों के लिए भोजन की उपलब्धता में नि:संदेह वृद्धि हुई है।
2. **द्वितीय परिकल्पना** - छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना के

कारण अन्त्योदय परिवार की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। अध्ययनकर्ता ने अपने अध्ययन के दौरान स्तरीत निदर्शन के माध्यम से चुने गये 50 परिवारों की आर्थिक स्थिति का आंकलन करने के पश्चात् पाया कि छत्तीसगढ़ राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन क्षेत्र के इन परिवारों की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण एवं सार्थक सुधार हुआ है जिससे वे अपने आर्थिक क्रियाकलापों में चयन की समस्या का निदान सरलता से कर रहे है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली उचित मूल्य पर वस्तुयें उपलब्ध कराकर खाद्यान्न समस्या को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खाद्यान्नों के मूल्य जहाँ एक ओर देश के कीमत स्तर को प्रभावित करते हैं, वहीं दूसरी ओर सामान्य उपभोक्ता भी प्रभावित होते है। हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले वस्तुओं की मूल्य वृद्धि लोगों के असन्तोष का कारण बनती है। मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा कई प्रकार के उपाय किये जाते है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली उसमें से एक उपाय है। लोगों को विशेषकर समाज के गरीब एवं एक सीमा से कम आय प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति और वितरण के सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अर्थव्यवस्था की स्थाई विशेषता माना गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से आशय उपभोक्ता वस्तुओं को सार्वजनिक रूप से इस प्रकार वितरित करने से कि वे सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर उचित मात्रा में प्राप्त हो सके। इस प्रकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली से आशय ऐसी वितरण प्रणाली से है, जिसमें :-सरकार का सहयोग आवश्यक होता है तथा सरकार द्वारा नियुक्त मध्यस्थ विक्रेता ऐसी वस्तुओं का विक्रय करते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सीधा सम्बन्ध भूख से सुरक्षा अर्थात् दो वक्त के भोजन की गारण्टी, जिसकी आवश्यकता भारत के 29.8 प्रतिशत (2009-10) आबादी अर्थात् 35 करोड़ लोग जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे है, के लिये है। रोटी, कपड़ा मकान मानव जीवन की की मूलभूत आवश्यकता है, यदि हम देश की जनसंख्या के हिसाब से सामान्य जनता के उचित दर पर खाद्यान्नों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध नहीं करा पायेंगे उस स्थिति में देश की आर्थिक उदारीकरण की संरचना को नुकसान पहुँचेगा तथा पर्याप्त भोजन के अभाव में सामाजिक कल्याण, न्याय एवं उन्नति की परिकल्पना करना भारत जैसे विशाल लोकतन्त्र के लिये निरर्थक होगा।

समस्याएँ :

1. थोक व खुदरा बाजारों में कृषि जिंसों की कीमतों पिछले चार वर्षो में ऊंची रही हैं पर किसानों को खुदरा कीमतों का आधें से भी कम मिला हैं।
2. कृषि उपजों के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं जिससे बाहर रखा अनाज खराब हो जाता हैं।
3. बढ़ते कृषि रसायनों के प्रयोग से भूमि के उपजाउपन और उत्पादों की गुणवत्ता में कमी आ रही है।
4. खाद्य-प्रसंस्करण के तकनीकी ज्ञान और दक्षता की कमी है। दुनिया के प्रसंस्करण खाद्य बाजार में भारत की हिस्सेदारी मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत है।
5. दूसरें को भोजन/अन्न देने वाला किसान स्वयं ऋणग्रस्तता तथा ब्याज के बोझ के कारण आत्महत्या के दलदल में फँसता जा रहा हैं।
6. खेती योग्य जमीन का क्षेत्रफल कम होता जा रहा हैं इसका कारण बढ़ता शहरीकरण और मशीन आधारित औद्योगिकीकरण हैं।
7. कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ जैसी प्राकृति आपदाएं उत्पादकता को प्रभावित करता हैं जलवायु परिवर्तन खाद्य संकट पैदा कर रहा हैं।

सुझाव :

1. गेहूँ धान दलहन व तिलहन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी को बढ़ाया जाना चाहिए।
2. औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए बेधार व परती पड़ी भूमि का उपयोग किया जाना चाहिए।
3. कृषि भूमि की रक्षा व बचाव के लिए पर्याप्त कानूनी उपाय किए जाने चाहिए ।
4. भूख मिटाने की जिम्मेदारी जिनकी हो उन्हें जिम्मेदारी न निभाने के लिए दंडित जाने की प्रभावी व्यवस्था हो।
5. सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न का आबंटन घर में उपभोक्ताओं की संख्या पर आधारित हो।
6. स्नेह-भोज शादी समारोहों में प्रीति भोज के बाद बचे भोजन की बरबादी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।
7. किसानों को आसान शर्तो पर कब ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना एवं फसल बीमा अनिवार्य कराना होगा।
8. बंजर भूमि सुधार कार्यक्रमों द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ाना होगा।
9. अधिक उपज देने वाली किस्मों में सुधार एवं उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।
10. वर्षा आधारित क्षेत्रों में संकर किस्मों को विकसित करना होगा।

चुनौतियाँ- देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को लंबे समय तक सतत् बनाए रखना एक कठिन चुनौती है,क्योंकि आबादी में लगातार विस्तार हो रहा है, शहरीकरण बढ़ता जा रहा है और नागरिकों की आमदनी बढ़ने से भोजन की मांग और विविधता में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है । यदि इस भावी परिदृश्य को वर्ष 2005 के नजरिए से देखा जाए तो भारत की आबादी लगभग 1.65 अरब तक और प्रति व्यक्ति आमदनी 4,01,839 रूपये तक पहुंचने की संभावना है। उस समय देश में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरी क्षेत्रों में बसी होगी जिससे कृषि के आधार को चोट पहुंचने की आशंका जताई जा रही है । अध्ययनों से पता चला है कि यदि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सात प्रतिशत की वृद्धि दर मानी जाए तो वर्ष 2005 में अनाज की मांग 50 प्रतिशत तक बढ़सकती है, जबकि फलों,सब्जियों और पशु उत्पादों में 100 से 300 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। इसका एक अर्थ यह भी है कि प्रति व्यक्ति कैलोरी मांग 3000 किलो कैलोरी से अधिक हो सकती है। इसके लिए खाद्यान्नों की उत्पादकता वर्तमान 25,000 किलो कैलोरी प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन से बढ़ाकर 46,000 किलो कैलोरी प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन के स्तर पर ले जानी होगी। इस हिसाब से अनुमान लगाया गया है कि देश में खाद्यान्नों की मांग 45 करोड़ टन तक पहुंच सकती हैं । इसी तरह दालों, खाद्य तेलों, दूध, माँस, अंडा, फलों, सब्जियों,चीनी तथा अन्य कृषि जिंसों की मांग भी इसी अनुपात में या इससे अधिक बढ़ सकती हैं । उत्पादकता के इस स्तर तक पहुंचने की संभावनाओं से पहले कुछ कठिन बाधाओं पर ध्यान देना और उनका आंकलन करना आवश्यक है। गर्माती धरती या 'ग्लोबल वार्मिंग' की वैश्विक विपदा को खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा हैं।

निष्कर्ष- वैज्ञानिक अनुमान बताते है कि यदि हम औसत तापमान की बढ़ोत्तरी पर कोई सार्थक रोक लगा नही पाते तो सन 2050 तक औसत तापमान में 2.2 से 2.9 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती हैं। इससे रबी और खरीफ फसलों के साथ फलो,सब्जियों,दूध उत्पादन तथा मछली

उत्पादन पर भी चोट पड़ने की संभावना जताई जा रही है। अनुमान है कि तापमान बढ़ोत्तरी के वर्तमान रूख के अनुसार वर्ष 2050 तक गेहूँ के कुल उत्पादन में 01 करोड़ 17 लाख टन तक की कमी आ सकती है। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू और कर्नाटक में बारानी चांवल का उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, परंतु पंजाब और हरियाणा में इसमें 15-17 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। देश के अन्य क्षेत्रों में भी चांवल का उत्पादन 6-18 प्रतिशत तक गिर सकता है। सन 2050 तक दूध के उत्पादन में लगभग डेढ़ करोड़ की गिरावट की आशंका जताई गई है। तापमान बढ़ने से हमारे देश के शीतोष्ण क्षेत्रों में उगने वाले फलों के क्षेत्र और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हैं। इसी तरह सागरों और नदियों का औसत तापमान बढ़ने से मछली उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ेगा। खाद्य सुरक्षा को सतत् बनाए रखने के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता भी लगातार कम होती जा रही है। वर्ष 2050 में प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता 2010-11 के 0.13 हेक्टेयर से घटकर मात्र 0.09 हेक्टेयर रह जाएगी जो एक चिंता का विषय हैं। इसके साथ कृषि भूमि का लगातार अन्य विकास कार्यो तथा आवास के लिए उपयोग होना भी खाद्य सुरक्षा के लिए एक संकट हैं। इसी तरह सिंचाई के पानी की लगातार कमी होना भी एक गंभीर संकट की ओर इशारा करता हैं। अनुमान है कि तमाम प्रयासों के बावजूद देश की 50 प्रतिशत से अधिक कृषि फसलें बारानी दशाओं में उगाई जाएँगी,यानी वर्षा पर निर्भर रहेगी। इस देश में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता को बढ़ाना अधिक कठिन हो जाएगा। कृषि के लिए ऊर्जा की कमी,भूमि का क्षरण और जैव विविधता का ह्रास भी खाद्य सुरक्षा के लिए एक प्रमुख खतरा माना जा रहा है जिसमें पोल्ट्री और मछली पालन भी शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा जनता तक पहुँचाना एक बहुत चुनौती हैं। प्राथमिकता वाले परिवारों की पहचान में सावधानी बरतनी होगी इसका पूरा दारोमदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर हैं। उचित भंडार न होने के कारण भारत में हर साल हजारों टन अनाज बर्बाद हो जाता है। आज भी लाखों मैट्रिक टन अनाज खुले में पड़ा हैं। देश में 415 लाख टन अनाज केवल पन्नियों में ढका रहता है। अनाज का एक- एक दाना महत्वपूर्ण हैं अत: खाद्य सुरक्षा के लिए हर दाने की महत्ता समझने की जरूरत हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अहलूवालिया डी (1993):- पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन ऑफ इंडिया कवरेज टारगेंटिग लिडेजेस (फूड पॉलेसी 18 फरवरी 1993 पेज नं. 60)
2. चन्द्रभान (2012):- अनाज का एक-एक दाना महत्वपूर्ण (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 8-12)
3. प्रो. मोदी के.एम. (2012) :- खाद्य सुरक्षा: चुनौतिया और समाधान (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 13-17)
4. अनन्दा डी (2012):- स्टेट रिस्पाँस टू फूड सिक्यूरिटी : अ स्टडी ऑफ पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन
5. अरूण ए.के. (2012):- बाजार की गिरफ्त में पोषाहार और स्वस्थ (योजना 2012 पेज-19-22)
6. डॉ. कोचर नवीन व झारिया मणिकांत (2012) :- भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक खाद्य सुरक्षा(कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 23-28)

****

उत्तर प्रदेश में मतदान व्यवहार के प्रमुख घटकों का 17वीं विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषणात्मक अध्ययन

विकाश कुमार दीक्षित*

शोध सारांश – उ0प्र0 की सत्रवीं विधानसभा का चुनाव 11 फरवरी 2017 से 08 मार्च 2017 के बीच सम्पन्न हुआ, चुनाव आयोग ने कुल सात चरणों में इस चुनाव को संपादित करवाया। 404 सदस्यों वाली विधानसभा में एन0डी0ए0 ने 324, बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी गठबंधन को 67 तथा कांग्रेस एवं अन्य को मात्र 12 सीटे ही मिल पायी तथा सीट रिक्त रही। 17वीं विधानसभा में कुल 61प्रतिशत मतदान हुआ। इस चुनाव की सबसे बड़ी बात मतदान के प्रमुख कारकों यथा जाति, सम्प्रदाय, धन, शिक्षा, क्षेत्रवाद इत्यादि पर नरेन्द्र मोदी का आभा मण्डल तथा उनका 'मीडिया के सम्मुख प्रस्तुतीकरण' का प्रबंधन ही हावी रहा। इस चुनाव में जनता 'जातिवाद' एवं 'क्षेत्रवाद' की ओछी राजनीति को नकार दिया तथा नये प्रकार का मतदान व्यवहार देखने को मिला चुनाव पश्चात एक मुख्यमंत्री एवं दो उपमुख्यमंत्रियों को जातिगत अभियांत्रिकी को संतुष्ट व समन्वित करने हेतु शपथ दिलाई गयी।

शब्द कुंजी – चुनाव, मतदान व्यवहार, राजनीति, उत्तर प्रदेश विधानसभा।

प्रस्तावना – 'मतदान व्यवहार' वास्तव में लोकतंत्र की मशीनरी का ईंधन है। जिससे समस्त प्रजातंत्र, हमारी स्वतंत्रता, अधिकार व कर्तव्यों को निरूपित करता है। सैमुअल एस0जे0 एल्डरसिवेल्ड ने अपने शोधपत्र थ्योरी एण्ड मैथेड इन वोटिंग बिहैवियर रिसर्च में वर्णित करते हैं कि मतदान व्यवहार नई कोई शोध का विषय न होकर पूर्व में सुसंगत तथा असंगत समझे जाने वाले कारको का मतदान के परिप्रेक्ष्य मे उत्प्रेरक या अनुत्प्रेरक की क्रियाशीलता का अध्ययन है।'मतदान व्यवहार' मे उन कारकों या घटकों का अध्ययन किया जाता है, जिसने मतदान की गति को बढ़ाया, मंद किया या स्थिर किया। उत्तर प्रदेश जातीय विविधता, क्षेत्रीय भिन्नता एवं भाषायी असमरूपता वाला प्रांत है। सनद हो कि इस प्रांत मे लगभग 21 प्रतिशत दलित मतदान हैं, जिन पर बसपा के अस्तित्व मे आने के बाद मायावती का स्पष्ट वर्चस्व रहा है, 40 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग मतदाताओं में मुलायम सिंह की सपा का वर्चस्व रहा है, इसके साथ-साथ 11 प्रतिशत मुसलमान सपा, बसपा तथा कांग्रेस मे मतदान करता है, ध्यातव्य हो कि भाजपा का वोट धर्म से निर्धारित होता आया है। उत्तर प्रदेश मे लगभग 23 प्रतिशत अगड़ी जातियां है, जो भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियों को मतदान करती है।

'सम्प्रदाय' के रूप में 79.73 प्रतिशत हिन्दू भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के वोट बैंक के रूप में जाना जाता है तथा 19प्रतिशत मुस्लिम भी गैर भाजपा दलों को मतदान करता आया है। ध्यान रहे उ0प्र0 में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर आन्दोलन के पश्चात ही हिन्दू बनाम मुस्लिम की राजनीति प्रारम्भ हुई, जिसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिला। इसी प्रकार सन् 1990 के पश्चात पिछड़ा वर्ग तथा मुस्लिम केन्द्रित राजनीति का लाभ मुलायम सिंह यादव को मिला ठीक इसी प्रकार सन् 1984 मे गठित बसपा के दलित मुस्लिम गठजोड़ की राजनीति लक्ष्य था कि किसी प्रकार अगड़ी जातियों के नेतृत्व को चुनौती दी जा सके परन्तु मायावती के शानदार राजनीतिक कौशल से उत्तर प्रदेश मे अपने धुरविरोधी ब्राम्हण समुदाय को साथ लाकर 15वीं विधानसभा में प्रचण्ड जीत अर्जित कर सरकार बनाई। इसी प्रकार सोलहवीं विधानसभा चुनाव में बसपा के विरूद्ध सत्ताविरोधी लहर का लाभ मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली 'सपा' ने 16वीं विधानसभा ने किया परन्तु 17वीं विधानसभा में उ0प्र0 के मतदान व्यवहार ने सभी को चौंका दिया तथा भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन ने जातीय राजनीति को समाप्त कर दिया तथा राजनीति के पंडितो को असहज कर दिया।

अध्ययन का उद्देश्य – उक्त शोधपत्र मे अध्ययन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं- 17वीं विधानसभा चुनाव मे मतदान व्यवहार का विश्लेषण करना, पूर्व विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य मे 17वीं विधानसभा चुनाव का विश्लेषण करना तथा परंपरागत मतदान व्यवहार निर्धारित करने वाले कारकों की वर्तमान परीदृश्य में समीक्षा करना।

अनुसंधान क्रियाविधि (शोध प्रवधि) – प्रस्तुत शोधपत्र की अनुसंधान प्रकृति वर्णनात्मक एवं विष्लेषणात्मक है। शोधपत्र मे प्रयुक्त डाटा विभिन्न संदर्भ पुस्तकों व समकालीन पत्र-पत्रिकाओं से लिया गया, जिनका स्रोत द्वितीयक हैं।

मतदान व्यवहार से आशय – 'गोल्डमैन एवं शेल्डन' के अनुसार मतदाताओं को अपना मत किसे एवं क्यों देने की प्रवृत्ति हेतु प्रेरित करने वाले कारकों को मतदान व्यवहार कहा जाता है। चुनाव मे मतदान की प्रक्रिया तथा जन सहभागिता ही प्रतिनिधिक लोकतंत्र के आधारशिला है, वस्तुत: अनेक कारण जैसे जाति, धर्म, नेतृत्व, विचारधारा आदि कारक होते हैं, जो मतदाता के निर्णय निर्माण मे सहायता करते हैं। इसी प्रक्रिया को मतदान व्यवहार की प्रक्रिया कहा जा सकता है। मतदान व्यवहार का अध्ययन वास्तव में चुनाव मनोवैज्ञानिकता का अध्ययन है। अत: राजनीतिक मनोवैज्ञानिकता के पहलू की प्राथमिकता मतदान व्यवहार की आधारशिला है। संक्षेप में मतदान व्यवहार मे मतदान की संतुष्टि को प्रभावित करने वाले घटकों का समुच्चय ही मतदान व्यवहार है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले

* सहा. प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) डॉ. रामप्रकाश स्मारक महाविद्यालय, परास, घाटमपुर, कानपुर नगर (उ.प्र.) भारत

प्रमुख कारक :

जाति एवं मतदान व्यवहार –उत्तर प्रदेश की राजनीति मे कांग्रेस के अवसान के बाद वस्तुत: 'जाति–नीति' राजनीति ही सत्ता का निर्धारण करती आयी है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश की 79 जातियाँ पिछड़ा वर्ग को सृजित करती हैं इनकी जनसंख्या प्रदेश की कुल जनसंख्या लगभग 40प्रतिशत है। पिछड़ी जातियों में यादव, कुर्मी तथा जाट जिनकी आबादी 18प्रतिशत है, शेष अति पिछड़ी जातियां जिनमें कहार, लुहार, कुम्हार आदि हैं। ध्यातव्य हो कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न राजनीति के क्षत्रप इसी की देन है। जैसे– मुलायम सिंह यादव, अहीर/यादव समुदाय के हैं, सोनेलाल पटेल कुर्मी/पटेल समुदाय के थे, अजीत सिंह जाट हैं। संयुक्त रूप से पिछड़ा वर्ग के मतदाता लगभग 146 विधानसभा सीटों मे स्पष्ट वर्चस्व रखते हैं ठीक इसी प्रकार दलित वर्ग लगभग 66 विधानसभा सीटों मे स्पष्ट वर्चस्व रखता है। दलितों मे मुख्यता जाटव तथा अन्य दलित जातियों यथा बाल्मीकि, खटीक, कोरी, धोबी इत्यादि आती है। इनकी आबादी कुल का प्रदेश की जनसंख्या 21.5 प्रतिशत है। जो बुन्देलखण्ड मे 25प्रतिशत, दोआब में 26 प्रतिशत तथा पूर्व में 22 प्रतिशत है। केवल जाटव कुल दलित आबादी का 56 प्रतिशत है दूसरे नम्बर पर पासी 16प्रतिशत कोरी तथा बाल्मीकि 15 प्रतिशत अर्थात पांच जातियां दलितों की कुल आबादी का 90 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती है।

मायावती के नेतृत्व वाली बसपा के गठन के पश्चात यह जातियां बसपा का आधारभूत वोट बैंक रही हैं। इसी प्रकार सवर्णो की आबादी कुल प्रदेश की जनसंख्या के 25–28 प्रतिशत है। जिसमें ब्राम्हण आबादी 14प्रतिशत (लगभग) है, क्षत्रिय 4–5 प्रतिशत तक तथा शेष वैश्य, कायस्थ इत्यादि है। अत: जाति अभियांत्रिकी के आधार पर ही उत्तर प्रदेश की राजनीति की दिशा व दसा तय होती है।

उप क्षेत्रवाद एवं मतदान व्यवहार – भारतीय राजनीति मे क्षेत्रवाद एक अपरिहार्य सत्य बन चुका है, उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी क्षेत्रवाद का स्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है। वास्तव में इसे 'क्षेत्रवाद' के स्थान पर 'उपक्षेत्रवाद' कहा जा सकता है। उत्तर प्रदेश भी इस उपक्षेत्रीयता की राजनीति से गम्भीर रूप से ग्रसित है। इस उपक्षेत्रवाद के प्रमुख भौगोलिक तथा अर्थिक कारक है। सनद हो कि इसी आधार पर सन् 2000 में उत्तर प्रदेश का बंटवारा किया था तब उत्तराखण्ड राज्य बना था। वर्ष 2011 में मायावती ने भी उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल, बुन्देलखण्ड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और अवधप्रांत मे बांटने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर केन्द्र को भेजा था तब तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को वापस कर दिया था। ध्यातव्य हो कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति जाट, किसान तथा गन्ना को लेकर चलती आयी है। वहीं इटावा परिक्षेत्र मे मुलायम का सिक्का चलता आया है। जब बात बुन्देलखण्ड की करे तो महोबा, झांसी, जालौन, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट आदि क्षेत्र बेहद पिछड़ा क्षेत्र है। कृषि के लिहाज से भी सिंचाई इत्यादि की कमी से इस क्षेत्र को बेहद अल्प विकसित परिक्षेत्र कहा जाता है। इसी प्रकार पूर्वांचल के विषय में जहां के 28 जिले पूरे प्रदेश की राजनीति निर्धारित करते हैं, एक बार समाजवादी नेता स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र ने कहा था कि उत्तर प्रदेश को बादशाहत का रोग लग गया था वह अपने अपने बारे में नही बल्कि देश के बारे में सोंचता रहा ठीक इसी प्रकार पूर्वांचल उत्तर प्रदेश के विषय में सोंचता रहा। कभी माफिया तो कभी तमाम बाहुबलियों ने भी पूर्वांचल की राजनीति के प्रभावित किया परन्तु आर्थिक स्थिति बेहद खराब रही वर्ष 2011–12 मे यहां प्रति व्यक्ति आय 13,058 (सालाना) थी जब कि उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 18,244 (सालाना) थी। ज्ञात हो कि पूर्वांचल में सोनभद्र को छोड़ दिया जाये तो समूचा पूर्वांचल खनिज दृष्टि से बंजर ही कहा जायेगा परन्तु फिर भी क्षेत्रवाद की दृष्टि से पूर्वांचल का उत्तर प्रदेश की राजनीति मे बेहद अहम योगदान हैं।

नेतृत्व एवं मतदान व्यवहार – उत्तर प्रदेश की राजनीति में नेतृत्व का प्रभाव या नेतृत्व केन्द्रित राजनीति का अन्य राज्यों की भांति प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग दो दशक की राजनीति के पश्चात प्रभावशाली नेतृत्व चौधरी चरण सिंह के रूप में मिला वे उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे उनको 'किसानों का चैंपियन' भी कहा जाता था उनकी पार्टी 'भारतीय क्रांति दल' ने उनके नेतृत्व मे जैसा 'किसान' को आधार बनाकर सच्चे अर्थो ने पहली बार जमीनी वोट बैंक तैयार किया था शायद वैसा सम्पूर्ण भारत में कभी नही देखने को मिला। उन्हीं की जागरूकता का परिणाम है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश आज भी किसान राजनीति का गढ़ बना हुआ है। तत्पश्चात कमलापति त्रिपाठी हेमवती नंदन बहुगुणा एवं नारायण दत्त तिवारी व्यापक जनाधार वाले नेता रहे। इसके पश्चात वी0पी0 सिंह, श्रीपति मिश्रा एवं वीर बहादुर सिंह नाम उल्लेखनीय जहां नेतृत्व वास्तव में मतदाताओं को विचारधारा की अपेक्षा अधिक रूचिकर लगा।

गैर कांग्रेसी उत्तर प्रदेश के राजनीति के क्षत्रिपों मे मुलायम सिंह यादव, मायावती एवं कल्याण सिंह सर्वाधित करिश्माई नेतृत्व वाले राजनीतिज्ञ हैं। मुलायम सिंह यादव (नेता जी) तीन बार तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्होने अपनी पिछड़ा वर्ग अभियांत्रिकी में मुस्लिम सम्मिलन कर राजनीतिक नेतृत्व की पराकाष्ठा रही है। उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग वोट बैंक मे मुलायम सिंह यादव के अतिरिक्त अन्य कोई सफल नेता नहीं रहा तथा उत्तर प्रदेश के सर्वाधित सफल राजनेता उनको कहा जाये तो अतिशयोक्ति न होगी। वास्तव में 16वीं विधानसभा का जनादेश सच्चे अर्थों मे मुलायम सिंह यादव को प्रदत्त जनादेश था।

इसी प्रकार बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्षा मायावती (बहन जी) भी करिश्माई नेतृत्व की राजनेता है। मायावती की पार्टी का भले ही गठन कांशीराम के द्वारा किया गया हो परन्तु दलित मतदाताओं मे उनकी पकड़ का नेता विशेषकर उत्तर प्रदेश में दूसरा नहीं हुआ। उनका सक्रिय राजनीति जीवन सन् 1984 में शुरू हुआ था तथा 1989 में बिजनौर से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुई तत्पश्चात उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री निर्वाचित हुई तथा 15वीं विधानसभा में उन्होने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, अत: मायावती के नेतृत्व को करिश्माई नेतृत्व कहना अतिशयोक्ति होनी।

कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश में भाजपा का अरसे तक चेहरा रहे हैं, उनकी लोधी वोटों पर पकड़ सर्वविदित है तथा हिन्दुत्व की विचारधारा एवं बाबरी मस्जिद विध्वंश के कारण उनको न केवल उत्तर प्रदेश वरन् उत्तर प्रदेश से बाहर भी अच्छी मतदाताओं पर पकड़ रखते थे। उनको उत्तर प्रदेश का दो बार मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला। इसी इसी प्रकार राष्ट्रीय नेतृत्व, जैसे नरेन्द्र मोदी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव आदि भी भारी जनाधार वाले नेता हैं जिनकी मतदान व्यवहार को प्रभावित करने की बेहतर क्षमता है।

लोक लुभावावन योजनाएं एवं मतदान व्यवहार – उत्तर प्रदेश में लोक लुभावन योजनाएं की मतदान को प्रभावित करने वाला कारक है, वर्तमान समय मे प्राय: सभी राजनीतिक दल वोट लेने के लिये ऐसी योजनाओं की घोषणा अपने चुनावी घोषणा पत्रों मे करते रहते हैं। जैसे कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू0पी0ए0–2 की सरकार बनाने में किसान ऋण माफी का विशेष

योगदान था उसी प्रकार 16वीं विधानसभा मे मुलायम सिंह की लैपटॉप योजना तथा 17वीं विधानसभा चुनाव मे भाजपा की प्रादेशिक ऋण माफी योजना का मतदान प्रभावित करने वाली घोषणाएं साबित हुई।

मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले अन्य कारण – उत्तर प्रदेश में मतदान मे व्यवहार को प्रभावित करने वाले अन्य कारण निम्न लिखित हैं–

1. सत्ता विरोधी लहर (एण्टी इनकमबैंसी फैक्टर)
2. मतदाताओं की साक्षरता
3. विचारधारा
4. लोकप्रिय चुनावी नारे
5. मतदाताओं के व्यक्तिगत सम्बंध
6. सम्प्रदायवाद की उग्रता
7. उपभाषावाद
8. चुनावों मे धन बल का प्रयोग
9. राजनीतिक दलों की कार्यशैली
10. न्यायपालिका के द्धारा प्रदत्त निर्णय

उत्तर प्रदेश की 17वीं विधानसभा चुनाव एवं मतदान व्यवहार – उ0प्र0 की 17वीं विधानसभा चुनावों मे चुनाव आयोग द्धारा 7.7 करोड़ पुरूष मतदाता, 6.3 करोड महिला मतदाता तथा 6483 ट्रांसजेन्डर मतदाताओं की सूची तैयार की गयी। कुल 61प्रतिशत मतदाताओं ने चुनाव मे भाग लिया। 11 मार्च 2017 को चुनावी नतीजे घोषित किए गए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी को 39.7प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया तथा 384 सीटों मे 312 सीटे जीतने मे कामयाब रही। इसके वोट प्रतिशत में 24.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार भाजपा को 265 सीटो का सीधे लाभ उत्तर प्रदेश में हुआ। जो अपने आपमे एक कीर्तिमान है। विपक्षी दलों मे सपा को 22प्रतिशत मत मिले तथा कुल 47 सीटे जीतने मे कामयाब रही सनद हो कि उसको इस चुनाव में विगत चुनाव की अपेक्षा कुल 177 सीटों को गवाना पड़ा, बसपा को 22.2प्रतिशत मत मिले तथा कुल 19 सीटें जीतने मे कामयाब रही तथा उसको कुल 61 सीटे पूर्व विधानसभा की गंवानी पड़ी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को मात्र 07 सीटे ही मिल सकीं।

उत्तर प्रदेश की 17वीं विधानसभा मे भाजपा के जीत के प्रमुख कारक :

सत्ता विरोधी लहर – 17वीं विधानसभा चुनावों मे भाजपा की जीत का सबसे बड़ा कारण उत्तर प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर थी जिसको मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समझने मे नाकाम रहे। पारिवारिक कलह तथा सुलह–समझौतों का लम्बा दौर मतदाताओं को रास नहीं आया। जनता के बीच अखिलेश की स्वीकार्यता के बावजूद कई मंत्री स्वयं को सुपर सी0एम0 प्रस्तुत करते रहे। जिससे आजिज होकर मतदाताओं ने सपा से मोहभंग कर लिया।

बेमेल गठबन्धन – उत्तर प्रदेश में माया–मुलायम का विरोध व प्रतिद्धंदिता जगजाहिर रही, दोनों के मतदाता आपस में अलग–अलग विचारधारा के होने के कारण आपस में सहयोग नहीं कर सके। पूर्व के अनुभवों के कारण सपा व बसपा का एक साथ आना दोनों दलों के कार्यकर्ता हृदय से स्वीकार कर सके। अत: मतदाताओं के कोप का भाजन दोनों को बनना पड़ा।

नरेन्द्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व – वास्तव में भाजपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव मोदी नेतृत्व मे लड़कर चुनाव से पूर्व ही बढ़त हासिल कर लिया था। माया–मुलायम नेतृत्व से असंतोष तथा कांग्रेस का नेतृत्व संकट भी भाजपा के विजय में सहयोगी रहा। सनद हो कि नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ही प्रमुख रूप से भाजपा के विजय मे सहयोगी रहा। सनद हो कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा ने 2014 के लोकसभा के चुनाव में 80 में से 71 सीटों पर एक तरफा जीत दर्ज की थी तकरीबन 33 महीने बाद भी उक्त लहर विद्यमान रही, जो भारतीय की बहुत बड़ी घटना थी।

जातिगत प्रबंधन – भाजपा नेतृत्व ने 'गैर जाटव तथा गैर यादव' के साथ चुनाव प्रबंधन किया, जिससे भाजपा को यादव व जाटव के अतिरिक्त पिछड़ा तथा दलित वोटर के साथ सवर्ण मतदाताओं का पूर्ण साथ मिला तथा भाजपा की विजय का मार्ग हो सका।

हिन्दू मतदाताओं का ध्रुवीकरण – राम मंदिर निर्माण की प्रबल सम्भावना को तलाशने के लिये कहीं न कहीं मतदाताओं ने भाजपा का साथ दिया। सनद हो कि इस चुनाव मे सपा, बसपा तथा कांग्रेस मुस्लिम मतदाताओं को साधने में लगी रहीं जब कि भाजपा नें हिन्दू मतदाताओं को ध्रुवीकृत कर पूरा समीकरण अपने पक्ष में कर लिया तथा कैराना जैसी घटनाओं ने हिन्दू वोटरों का ध्रुवीकरण कर दिया।

मीडिया एवं सोशल मीडिया का प्रबन्धन – भारतीय जनता के मुख्य चुनावी चेहरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लगभग हर चुनावी रैली का विभिन्न मीडिया चैनलों ने लाइन प्रसारण किया, जिसका आम मतदाता के मन पर भाजपा के पक्ष में सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी भाजपा के पक्ष में संगठित अभियान चलाए गये, जिसका प्रभाव भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हुआ इसके परिणाम स्वरूप भाजपा चुनाव जीत सकी।

भाजपा का बूथ मैनेजमेण्ट – भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन को बेहद मजबूत किया, शहरी क्षेत्रों मे पार्टी का व्यापक जनाधार पहले ही मजबूत था तथा ग्रामीण क्षेत्र जो सपा व बसपा के गढ़ माने जाते थे वहां पार्टी ने बूथ स्तर तक संगठित टीम तैयार किया तथा कई बार बूथ अध्यक्षों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्या के साथ सीधे संवाद के अवसर प्रदान किए गए जिससे आम कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा तथा भाजपा को जीत प्राप्त हुई।

निष्कर्ष – भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश मे प्रचण्ड जीत ने पुराने तथा परम्परागत मतदान व्यवहार के घटकों को दर–किनार कर दिया। उत्तर प्रदेश मे नारायणदत्त तिवारी के मुख्य मंत्रित्व काल के पश्चात पहला ऐसा चुनाव था जो 'जाति' गत राजनीति से ऊपर था। इस चुनाव मे क्षेत्रवाद व वर्गवाद की वर्जनाएं टूट गयी तथा विकास, राम मंदिर निर्माण एवं किसान ऋण माफी जैसे मुद्दे भाजपा को जीत दिलाने मे समर्थ रहे। ध्यातव्य हो कि इन सबसे ऊपर नरेन्द्र मोदी का घटना प्रस्तुतीकरण व मीडिया का आकर्षण बनाएं रखना भी प्रमुख कारक थे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सैम्युअल एस0जे0 एल्डरसेविल्ड : थ्योरी एण्ड मैथेड इन वोटिंग बिहैवियर रिसर्च द जनरल ऑफ पॉलिटिक्स शिकागो जनरल्स वॉल–13 नवम्बर, 1951
2. शालिनी शर्मा, गुंजन भटनागर, डायनिमिक्स ऑफ अण्डर डेवलपमेण्ट ऑफ उत्तर प्रदेश–2016 मानक पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
3. महेन्द्र प्रताप सिंह : इण्डियन पॉलिटिकल सिस्टम चतुर्थ संस्करण पीअर्सन एजूकेशन–2018 राज पब्लिकेशन नई दिल्ली।
4. राजन पाण्डेय, मनीष तिवारी, 'बैटल ग्राउण्ड यू0पी0 पॉलिटिक्स इन द लैण्ड ऑफ राम' 2012 केन्डल एडीशन (ई–बुक)

Evaluation of Primary Metabolites from Selected Medicinal Plants

Ankush Johar* Ankita Anand Neha Puri*** Ajit Kumar Swami**** Manas Mathur*****

Abstract - Biochemical studies of the individual plant parts is a necessary prerequisite in order to evaluate their importance in the over all metabolism of the plant. In the present study various plant parts of selected medicinal plants were evaluated, separately for their metabolite content. Maximum amount of total soluble sugars were observed in leaves of *Leeamacrophylla* and lipids were present in leaves of *Globbamarantia* , starch and protein in leaves of *Leeamacrophylla* while phenols in stem of *Leeamacrophylla.* The overall content of primary metabolites were found to be more in *L. macrophylla* as compared to*Globbamarantia*
Keywords - Biochemical; Metabolites; *LeeaMacrophylla*; *GlobbaMarantia.*

Introduction - Biochemical studies of the individual plant parts is anecessary prerequisite in order to evaluate their importance in the over all metabolism of the plant, as well as the role of specific substances that may be produced as direct or indirect products of metabolism in same physiological processes.

Metabolism comprises coordinate series of coupled enzymatic conversions in living organisms. Hence, carbohydrates, proteins, amino acids, chlorophyll, vitamins, hormones, phenols etc are basic building blocks of plant without which the plant life is hampered.

Carbohydrates comprise the bulk of organic matter of plants having storage and skeletal function, in addition to their involvement in the basic metabolism of all organisms. Comparative distribution of carbohydrates in the plant kingdom has been well studied (Bell, 1962). Different methods for determining reducing sugars, sucrose and starch have been described in detail (McCready, 1950; Loomis, 1973; Cronin &Smith, 1979; Niranjan&Katiyar, 1979).

Proteins are complex nitrogenous biopolymers and areubiquitous components of all living tissues. They have indispensable function in cellular architecture, catalysis metabolic regulation and are an important weapon in the defense arsenal of many higher organisms. Plant proteins have been well reviewed (Utsumi& Makoto, 1987) and a method for estimation of total protein content had been described by different workers (Lowry *et al*, 1951; Osborne, 1962)

Lipids are molecular organic compounds, composed largely of carbon and hydrogen and are essential for cell growth. They combine with carbohydrates and proteins to form the major component of plant and animal cells. Phenolic compounds comprise a wide range of plant metabolites, which bear at least one hydroxyl group attached to an aromatic ring system.

Various workers described that the phenolic substances are the active products of cellular metabolism and of great importance as they act as analog of growth hormones (Walker, 1975). Based on their chemical structures more than 10 classes of polyphenols have been identified (Bravo, 1998.).

Leea contains a 70 species and belongs to Vitaceae family. *Leeamacrophylla* is reported to possess significant anti-cancerous property Traditionally, powder of leaves mixed with honey is given to patient having cancer. Leaf juice is used as local anti-inflammatory agent and used in boils, arthritis, gout and rheumatism. A paste of the leaf is applied to cuts and wounds. Roots are used in fracture and healing cut injury. Roots are used externally to allay pain used for ringworm and guinea worm; it has astringent, styptic and antiseptic activity. The plant parts are also used by local communities in headache, body pain, rheumatic pain,cold, cough etc. including other medicinal uses in goiter, gastric tumor, lipoma and tetanus (Kirtikar and Basu, 1981)

Globba L. is the third largest genus of the Zingiberaceae. *Globbamarantia*are distributed throughout

*Department of Biochemistry, Mewar University, Gangrar, Chittorgarh (Raj.) INDIA
** Department of Biochemistry, Mewar University, Gangrar, Chittorgarh (Raj.) INDIA
***Department of Biochemistry, Mewar University, Gangrar, Chittorgarh (Raj.)
****Department of Biotechnology , Seminal Applied Sciences Pvt. Ltd, Jaipur (Raj.) INDIA
***** School of Agriculture, Suresh Gyan Vihar University, Mahal Road, Jaipur (Raj.) INDIA

tropical (and parts of subtropical) Asia, ranging from India to southern China, south and east to the Philippines and New Guinea. The plant contains some phyto-chemicals like sterols, flavonoids and also bears some antimicrobial activities. Tuber paste is applied on the scalp to reduce high temperatures for refrigerant and fever(Kirtikar and Basu, 1981)

Material and Methods

Experimental Plants - Different Plant parts of *L. macrophylla* (Leaves and stem)and *G. marantia* (Leaves and stem) were separated, dried and powdered for evaluationof various primary metabolites.

Carbohydrates

Total Soluble Sugars

Extraction: The dried test materials (50 mg each) were homogenized in a mortar and pestle with 20 ml of 80% ethanol separately and left overnight. Each sample was centrifuged at 1200 rpm for 15 min; the supernatants were collected separately and concentrated on a water bath using method of Loomis and Shull (1973). Distilled water was added to make up the volume up to 50 ml and processed further for quantitative analysis.

Starch

Extraction: The residual mass obtained after extraction of total soluble sugars of each of the test samples was suspended in 5.0 ml of 52% perchloric acid (Mc Cready*et al,* 1950). Later, 6.5 ml of water was added to each sample and the mixture was shaken vigorously for 5 min.

Quantitative Estimation: 1ml aliquot of each sample was used for the estimation of carbohydrates using the phenol-sulphuric method of Dubois *et al* (1951). A standard regression curve of standard sugar (glucose) was prepared. A stock solution of glucose 100 ìg/ml was prepared in distilled water. From this solution, 0.1 to 0.8 ml was pipette out into eight separate test tubes and volume was made up to 1 ml with distilled water. These tubes kept on ice; 1 ml of 5% phenol was added in each tube and shaken gently. 5 ml of conc. sulphuric acid was rapidly poured so that the steam hits the liquid and tubes were gently shaken during the addition of the acid. Finally the mixture was allowed to stand on a water bath at 26-30^oC for 20 min. The characteristic yellow orange colour was developed. The optical density was measured at 490 nm using spectrometer (Carlzeiss, Jena DDR, VSU 2 P), after setting for 100% transmission against a blank (distilled water). Standard regression curve was computed between the known concentrations of glucose and their respective optical density, which followed Beer's Law.

All samples were analyzed in the same way as described above and contents of the total soluble sugars and starch were calculated by computing optical density of each of the samples with standard curve.

Proteins

Extraction: The test samples (50 mg each) were separately homogenized in 10 ml of cold 10% trichloroacetic acid (TCA) for 30 min and kept at 4^oC for 24 h. These mixtures were centrifuged separately and supernatants were discarded. Each of the residues was again suspended in 10 ml of 5% TCA and heated at 80^oC on a water bath for 30 min. The samples were cooled, centrifuged and the supernatants of each were discarded. The residue was then washed with distilled water, dissolved in 10 ml of 1N NaOH, and left overnight at room temperature (Osborne, 1962).

Quantitative Estimation: Each of the above samples (1ml) was taken and the total protein content was estimated using the spectrophotometer and method of Lowry *et al* (1951). A regression curve of the standard protein (bovine serum albumin, BSA) was prepared. A stock solution of BSA (Sigma Chem. Co., St. Louis, USA) was prepared in 1N NaOH (1mg/ml). Eight concentrations (ranging from 0.1 to 0.8 mg/ml) were separately measured in test tubes and the volume of each was made up to 1ml by adding distilled water. To each, 5ml of freshly prepared alkaline solution (Prepared by mixing 50 ml of 2% Na_2CO_3 in 0.1 N NaOH and 1 ml of 0.5% $CuSO_4$. 5 H_2O in 1% Sodium potassium tartarate) was added and kept at room temperature for 10 min. In each sample 0.5 ml of Folin-Ciocalteau reagent (commercially available reagent was diluted with equal volume of distilled water just before use) was added rapidly with immediate mixing and optical density of each sample was measured after 30 min at 750nm using spectrophotometer against the blank (Lowry *et al,* 1951). Five replicates of each concentration were taken and the average value was plotted against their respective concentrations to compute a regression curve.

All samples were processed in the same manner and the concentration of the total protein content in each sample was calculated by referring the optical density of each sample with standard curve. Five replicate samples were taken in each case and mean value was calculated.

Lipids

Extraction and Quantification: The test samples were dried, powdered and 100 mg was macerated with 10 ml distilled water, transferred to a conical flask containing 30 ml of chloroform and methanol (2/1: v/v;Jayaraman, 1981). The mixture was thoroughly mixed and left overnight at room temperature in dark for complete extraction. Later, 20 ml of chloroform mixed with 2 ml of water were added and centrifuged. Two layers separated, the lower layer of chloroform, which contained all the lipids, was carefully collected in the pre weighed glass vials and the coloured aqueous layer of methanol which contained all the water soluble substances and thick pasty inter face layer were discarded in each test sample. The chloroform layers were evaporated to dryness and weighed. Each treatment was replicated thrice and their mean values calculated.

Phenols

Extraction: The deproteinized test materials (200 mg each) macerated with 10 ml of 80% ethanol for 2 h, and left overnight at room temperature. The mixtures were centrifuged and the supernatants were collected separately and maintained up to 40 ml by adding 80% ethanol.

Quantitative Estimation: Total phenol content in each sample was estimated by the spectrophotometer method of Bray and Thorpe (1954). It included the preparation of a regression curve of standard phenol (Tannic acid). A stock solution of tannic acid was prepared by mixing 40 mg of standard phenol in 1 ml of 80% ethanol. Eight concentrations ranging from 0.1 to 0.8 ml were prepared in test tubes and volume was raised to 1 ml with 80% ethanol. To each test tube, 1ml of Folin-Ciocalteau reagent (commercially available reagent was diluted by distilled water in 1:2 ratio just before use) and 2ml of 20% sodium carbonate solution was added and the mixture was shaken thoroughly. The samples were placed in boiling water for 1 min and cooled under running water. These reaction mixtures were diluted to 25 ml by adding distilled water and the optical density was read at 750nm against a blank (Bray & Thorpe, 1954). The optical density of each sample was plotted against the respective concentration of total phenols to compute a regression curve. The concentrations in the test samples were calculated by referring the respective optical density of test samples against standard curve of tannic acid.

Results and discussion

Primary metabolites

L. macrophylla

The maximum content of total soluble sugars was observed in leaves (52.33 mg/gdw) and in stem it was in lower quantity (46.24 mg/gdw). Starch content was more in leaves (28.55mg/gdw) as compared to stem (23.89 mg/gdw). Maximum content of proteins was present in leaves (406 mg/gdw) as compared to stem . Quantitatively total lipids was found to be more in leaves as compared to stem (83.33 mg/gdw). Total phenol content was found to be more in stem (11.84 mg/gdw) than leaves (9.13 mg/gdw). Except Phenols all metabolites were found to be more in leaves **(Table 1)**

Table 1 (see in next page)

G. marantia

The maximum content of total soluble sugars was observed in stem (44.26 mg/gdw) as compared to leaves (32 mg/gdw). Starch content was more in stem (19.76mg/gdw) as compared to leaves (17.58 mg/gdw). Maximum content of proteins was present in leaves (291 mg/gdw) as compared to stem (256.78 mg/gdw). Quantitatively total lipids was found to be more in leaves (84mg/gdw) as compared to stem. Total phenol content was found to be more in leaves(10.76 mg/gdw) than stem **(Table 2)**

Table 2 (see in next page)

Niranjan and Katiyar (1979) evaluated the range of crude proteins (22-31%), total carbohydrates (9.68-11.80%) and total lipids (1.61-3.91%) in selected leguminous plants. Stem, leaves and seeds of *M.sativa*contained total soluble sugars and protein, which were found to be higher than those reported by (Duke, 1981a, 1982b). Aerial plant parts and seeds of *T. foenumgraecum(fenugreek)* also showed higher amount of total carbohydrates and protein compared to the amount reported earlier by Duke &Ayensu, (1985). Seeds of *C. tora*exhibited 44%higher content of protein than those reported by Oudhia (2002). In seeds of *C. occidentalis*, the level of sugar and starch (5.1 and 2.2 parts in 100g) were also found to be higher compared to the amount examined. All the metabolites, except proteins, were present in more quantity in *D. robusta*than in *D.indica*.

Moreover, it was observed that in different plant parts of *A. squamosa,* proteins and lipids were in the range of 18.9-23% and 3-8% respectively, which was higher as compared to the content as reported in the fruits of *A.squamosa*by Pinto &Cordeiro (2005). Phenol content was highest in roots and stem of *A.squamosa*followed by *Cassia* sps and *D.robusta*compared to all other experimental plants plants. The protein and lipid content of *M. oleifera*pods (2.5% and 0.1%, respectively) and leaves (6.7% and 1.7%, respectively) as compared to earlier findings was much less than the amount estimated in the present investigation. *M. dioica*has been reported to be rich in a carbohydrate (Rashid, 1976), which was also observed in the present investigation. There are other reports on the evaluation of primary metabolites in relatedspecies (Lissil, 1980). The difference in the content may be attributed to the various geographical niches in which these plants must be growing (Butcher, 1977).

Conflict of Interest - The authors declares that there is no conflict of interest

References :-

1. Bell DJ (1962) Carbohydrates. In: M. Florkin and H.S. Masoneds. Comparative Biochemistry. Academic Press, New York; 3, pp. 288-355.
2. McCready RM, Guggoiz J, Silviera V and Owens HS (1950). Determination of starch and amylase in vegetables. Anal Chem. 22: 1156-1158
3. Loomis WE and Shull CA 1973. Methods in Plant Physiology, (McGraw Hill Book Co., New York,).\
4. Cronin DA and Smith S (1979). A simple and rapid procedure for the analysis of reducing total and individual sugars in potatoes. Potato Res. 22: 99-105
5. Niranjan GS and Katiyar SK (1979).Chemical analysis of some wild leguminous seeds. J Indchem Soc. 56(7): 722-725
6. Utsumi S and Makoto K (1987). Seed proteins: Present situation and review of research and application. KagakutoSeibustu. 25(1): 62-67 8
7. Lowry O H, Rose HN, Broug J, Farr AL and Randall RJ (1951). Protein measurement with the Folin-phenol reagent. J BiolChem. 193: 265-275.
8. Osborne DJ (1962).Effect of kinetin on protein and nucleic acid metabolism in Xanthium leaves during senescence. Plant Physiol. 37: 595-602
9. Walker JRL (1975). Biology of Plant Phenolics. InstBiol Stud Biol. 54: 1-57
10. Bravo L (1998) Polyphenols: chemistry, dietary sources, metabolism, and nutritional significance. Nutr Rev. 56:

317-333

11. Loomis WE and Shull CA 1973. Methods in Plant Physiology, (McGraw Hill Book Co., New York,).
12. Dubois M, Gills KA, Hamilton JK, Rebers PA and Smith F (1951). Colorimetric method for determination of sugars and related substances. Anal Chem. 28: 350-356
13. Jayaraman J. 1980. Laboratory Manual in Biochemistry, (Wiley Eastern Limited, New Delhi, 1981) pp. 96-97.
14. Bray HG and Thorpe WV (1954).Analysis of phenolic compounds of interest in metabolism. Meth Biochem Anal. 1: 27-52
15. Niranjan GS and Katiyar SK (1979).Chemical analysis of some wild leguminous seeds. J Indchem Soc. 56(7): 722-725
16. Duke JA and Ayensu ES (1985). Medicinal Plants of China Reference Publications, Inc. ISBN 0-917256-20-4. Details of over 1,200 medicinal plants of China and brief details of their uses
17. Oudhia P. Charota or Chakod. (2002). New Crop Resource Online Program, Center for New Crops and Plant Procucts, Purdue University. USA
18. Pinto AC de Q., MCR Cordeiro, SRM de Andrade, FR Ferreira, HA de C. Filgueiras, RE Alves and DI Kinpara (2005) Annona species, International Centre forUnderutilised Crops, Universtyof Southampton, Southampton, UK
19. Rashid MM (1976). Bangladesh Shabjee 1st ed. Bangla Academy, Dhaka, Bangladesh. P. 494
20. Lissil N. (1980). Purification and partial characterization of tolactones from *Momordicacharantia* L. Experimentia 36(5): 524-527
21. Butcher DN (1977). Secondary products in tissue cultures. In: J. Reinert and Y.P.S. Bajaj eds. Applied and fundamental aspects of plant cell, tissue and organ culture. Springer-verlag, Berlin; pp 668-693
22. Kirtikar KR, Basu BD. 1981 Indian Medicinal Plants, 1 Edn. Vol. III, (International Book Publishers, Dehradun, India. pp 676.

Table 1 : Total levels of various Primary Metabolites (mg/gdw) in *L. macrophylla*

Samples	Total Soluble Sugars	Starch	Proteins	Lipids	Phenols
Stem	46.24(±0.18)	23.89(±1.26)	332(±0.78)	31.27(±0.18)	11.84(±0.44)
Leaves	52.33(±0.44)	28.55(±0.81)	406(±1.69)	83.33(±0.56)	9.13(±0.88)

Table 2 Total levels of various Primary Metabolites (mg/gdw) in *G. marantia*

Samples	Total Soluble Sugars	Starch	Proteins	Lipids	Phenols
Stem	44.26.(±0.17)	19.76(±0.84)	256.78(±0.57)	31.34(±0.18)	8.56(±0.54)
Leaves	32(±0.33)	17.58(±0.67)	291(±1.26)	84(±0.38)	10.76(±1.29)

****

छत्तीसगढ़ राज्य की लघु वनोपज बहेड़ा के उत्पादन एवं विपणन का आर्थिक अध्ययन

राकेश कुमार गिरि *

शोध सारांश – भौतिक पर्यावरण और उसमें रहने वाले सभी जीव मिलकर पारितंत्र बनाते हैं। ये जीव एक दूसरे को तथा अपने भौतिक पर्यावरण को प्रभावित करने के साथ-साथ उससे प्रभावित भी होते हैं। पारितंत्र तालाब जैसा छोटा या वन जैसा विशाल भी हो सकता है। वनों का भी एक पारितंत्र होता है। इसमें रहने वाले सभी प्राणी और पौधे एक-दूसरे पर आश्रित होते हैं तथा आपस में घनिष्ट रूप से जुड़े होते हैं। एक के बिना दूसरे के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

शब्द कुँजी– पारितंत्र, भौतिक पर्यावरण, वनों के संरक्षण, अराष्ट्रीयकृत वनोपज, अकाष्ठीय वनोपज।

प्रस्तावना – हमारी सभ्यता और संस्कृति का वन वृक्षों से अत्यंत घनिष्ट सम्बंध है। वन हमारी सभ्यता और संस्कृति के जन्मदाता और हमारी आध्यात्मिक और भौतिक समृद्धि के उन्नायक है; कहा जाता है कि वृक्ष ही जल है, जल ही अन्न है और अन्न ही जीवन है। देश की आर्थिक समृद्धि के लिए भी वनों के संरक्षण की तीव्र आवश्यकता है। अतिवृष्टि, अकाल, बाढ़, रेगिस्तान आदि विषम समस्याओं पर काबू पाने के लिए वनों के संरक्षण के हर संभव प्रयास करने होंगें। पर्यटन की दृष्टि से भी वनों का विकास एवं संरक्षण होने चाहिए क्योंकि इससे विदेशी मुद्राएं प्राप्त होती है। लघु वनोपज का उपयोग अनेक उद्योगों में कच्चे माल के रूप में किया जाता है इनसे अनेक लघु तथा कुटीर उद्योग चलाये जाते हैं वनों से पशुओं के लिए चारा भी मिलता है जिससे वन्य पशु-पक्षियों का पालन-पोषण होता है। यहां कुछ ऐसी वनस्पतियॉ तथा जड़ी-बूटियां वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्षों की रक्षा तथा उनकी उचित देखभाल के लिए चेतना उत्पन्न करने पर ही देश की खुशहाली एवं सुंदरता निर्भर है। छत्तीसगढ़ राज्य के वन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की अकाष्ठीय वनोपज बहुतायत में उपलब्ध हैं। राष्ट्रीयकृत वनोपज के सम्बन्ध में लघु वनोपज संघ के पास विस्तृत जानकारी उपलब्ध है, परन्तु अराष्ट्रीयकृत वनोपज पर कोई रायल्टी न होने के कारण संग्रहण अपनी इच्छानुसार किसी को भी विक्रय का संग्रहण कर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा वर्ष के विभिन्न समय में इन वनोपजों का संग्रहण कर स्थानीय हाट बाजारों में छोटे व्यापारियों को विक्रय किया जाता हैं। ये छोटे व्यापारी राज्य की मुख्य लघु वनोपज बाजारों के व्यापारियों को माँग के अनुरूप वनोपज उपलब्ध कराकर अपना कमीशन या मूल्य प्राप्त करते है। बड़े व्यापारियों द्वारा उपरोक्तानुसार संग्रहित वनोपज को आवश्यकतानुसार ग्रेडिंग करते हुए देश की विभिन्न मंडियों में या लघु वनोपज पर आधारित उद्योगों को विक्रय किया जाता है। प्रत्येक वर्ष राज्य में संग्रहित किए जाने वाले लघु वनोपज की अधिकांश मात्रा इस प्रकार अन्य राज्यों की मंडियों या उद्योगों हेतु भेजी जाती है क्योंकि राज्य के अंतर्गत लघु वनोपज आधारित उद्योगों का विकास अपर्याप्त है। अकाष्ठीय वनोपज संग्राहकों को उचित मूल्य दिलाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की स्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ द्वारा राष्ट्रीयकृत लघु वनोपज जैसे- तेन्दूपत्ता, साल बीज, हर्रा, गोंद वर्ग 1 एवं 2 को प्राथमिक वनोपज समितियों के माध्यम से संग्रहण कर निविदा/नीलाम के द्वारा विक्रय किया जाता है। इसके अतिरिक्त लघु वनोपज अराष्ट्रीयकृत होने के कारण, ग्रामीण बिना रायल्टी के संग्रहण कर स्थानीय बाजार में विक्रय करने हेतु स्वंतत्र है।

बहेड़ा के मुख्य उत्पादन क्षेत्र – बहेड़ा के फल एवं गुठली का वार्षिक उत्पादन 29,700 क्विंटल है। राज्य में इसका वार्षिक व्यापार रू. 2.50 प्रति किलो के दर से रू. 74.25 लाख का होता है। बहेड़ा के मुख्य उत्पादन क्षेत्र वनमंडल एवं उनके स्थानीय बाजारों का उल्लेख तालिका क्र.1 में किया गया है, जिससे ज्ञात होता है कि बहेड़ा का मुख्यत: कांकेर, पूर्व सरगुजा, दुर्ग, महासमुंद एवं राजनांदगांव वनमंडलों में अधिक मात्रा में उत्पादन होता है, साथ ही अन्य वन मंडलो में भी इसकी पैदावार होती है। अत: संग्रहण हेतु वनमंडलों का चिन्हांकन कर भविष्य रणनीति तय की जा सकती है।

तालिका 1 बहेड़ा के मुख्य उत्पादन क्षेत्र

क्र.	उत्पादन हेतु उपयुक्त जिला यूनियन	स्थानीय बाजार	वार्षिक उत्पादन मात्रा (क्विं में)
1	जगदलपुर	माचकोट, जगदलपुर	1000
2	कांकेर	संबलपुर, चारामा, कोरर	2600
3	पूर्व भानुप्रतापपुर	अंतागढ, आमाबेंडा	500
4	उत्तर कोण्डागांव	फरसगांव	1500
5	दक्षिण कोण्डागांव	कोण्डागांव, हीरापुर	1000
6	नारायणपुर	बेनूर, छोटेडोंगर	500
7	धमतरी	बोरई, बेलगांव, सांकरा, दुगली, धमतरी	1000
8	रायपुर	बेलारी, सलिहा, धनसीर	1000
9	पूर्व रायपुर	गरियाबंद, धवलपुर, छुरा, पाण्डुका	500
10	उदंती	मैनपुर, तौरंगा	500
11	महासमुंद	बसना, पिथौरा	2000
12	दुर्ग	बालोद, डोंडी, गुरूर	2500

* शोधार्थी एवं अतिथि व्याख्याता (अर्थशास्त्र) किरोड़ीमल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत

13	राजनांदगांव	राजनांदगांव	1000
14	खैरागढ़	साल्हेवार, मोहगांव	500
15	बिलासपुर	डिण्डौरी, लोरमी, तखतपुर	1500
16	कोरबा	कोरबा	500
17	धरमजयगढ़	तैलुंगा, धरमजयगढ़	700
18	दक्षिण सरगुजा	उदयपुर, सूरजपुर, अम्बिकापुर	3000
19	उत्तर सरगुजा	रघुनाथपुर, प्रतापपुर, वाड्रफनगर	1000
20	पूर्व सरगुजा	धोरपुर, कुसुमी	6000
21	कोरिया	सोनहत, बैकुण्ठपुर	400
22	मनेन्द्रगढ़	बिहारपुर, केल्हारी	500
	योग		29,700



बहेड़ा के राज्य एवं देश में मुख्य बाजार – बहेड़ा का उत्पादन राज्य में अधिक होने के साथ ही साथ इसके औषधीय गुणों के कारण इसकी खपत औषधि निर्माण इकाईयों में ज्यादा है। राज्य में धमतरी एवं अन्य स्थानीय बाजारों में इसकी विपणन व्यवस्था अच्छी है। साथ ही देश के अन्य राज्यों में से उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली मे इसकी मांग ज्यादा होने के कारण इन राज्यों में बहेड़ के व्यापारियों का चिन्हांकन कर या औषधि निर्माण इकाईयों से मांग एवं दर पर समझौता कर अच्छे मूल्य प्राप्त किए जा सकते है। उक्त राज्यों के एवं अन्य राज्यों के बाजारों का उल्लेख नीचे दर्शाये तालिका क्रं. 2 में किया जा रहा हैं।

तालिका 2 (निचे देखे)

निष्कर्ष एवं सुझाव– प्रस्तुत अध्ययन के दौरान शोधार्थी ने पाया कि अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय लघु वनोपज के उत्पादन में जो कि परिवहन की जानकारी अनुज्ञा पत्र एवं बाजार सर्वे के अध्ययन पर आधारित है। कुछ प्रजातियों की उपलब्धता अधिक एवं शेष की उपलब्धता कम है। अध्ययन से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण गैर औषधीय लघु वनोपज का वार्षिक अनुमानित उत्पादन पांच लाख पचास हजार क्विंटल से अधिक होता है। छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण गैर औषधीय लघु वनोपज से वार्षिक अनुमानित मूल्य छै: हजार चौर सौ लाख रूपये से अधिक विपणन होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खन्ना लक्ष्मण सिंह, वन विज्ञान
2. खन्ना लक्ष्मण सिंह, वन उघोग
3. डी.एन., वन आदिवासी एवं पर्यावरण
4. सिन्हा वी.सी.,श्रम अर्थव्यवस्था
5. डॉ. जथार एवं बैरी, श्रम अर्थशास्त्र

तालिका 2 : बहेड़ा के राज्य एवं देश में विक्रय बाजार

छत्तीसगढ़ राज्य के	अन्य राज्य	वार्षिक विक्रित मात्रा (क्विं. में)	मुख्य बाजार	वार्षिक विक्रित मात्रा (क्विं. में)
मुख्य बाजार धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर	दिल्ली	3335	दिल्ली	3335
	उत्तर प्रदेश	3560	कानपुर	1074
			लखनऊ	467
			बनारस	425
	बिहार	1300	पटना	500
			हाजीगंज	200
	तमिलनाडू	1225	सेलम	430
			चेन्नई	500
योग		9420		6931

****

उज्जैन जिले में उद्यमिता विकास की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उद्यमियों के मध्य रोजगार की उभरती संभावनाएँ एक अध्ययन

जुनेद नागौरी*

प्रस्तावना - आधुनिक युग को औद्योगिक युग की संज्ञा दी जाए तो इस बात में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। बिना औद्योगीकरण के आज कोई भी देश आर्थिक विकास की कल्पना नहीं कर सकता है। आज संपूर्ण विश्व में जनसंख्या मे निरंतर वृद्धि हो रही है। बढ़ती जनसंख्या के कारण आज संपूर्ण विश्व में बेरोजगारी विकराल रूप धारण करती जा रही है। यह समस्या आज के समय में दिनो-दिन बढ़ती ही जा रही है। इस गंभीर समस्या का का हल सिर्फ एक ही है उद्यमिता विकास की अवधारणा को स्वीकार करना। देश में उद्यमिता विकास की अवधारणा को स्वीकार करके ही आज के समय की प्रमुख समस्या बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है।

उद्यमिता की अवधारणा - उद्यमिता से आशय व्यक्ति की ऐसी प्रवृत्ति या योग्यता से है। जिसके माध्यम से वह व्यवसाय में आने वाले अनेक जोखिमों का सामना करता है। वह जोखिमों से घबराता नहीं बल्कि उनका जमकर मुकाबला करके अपने व्यवसाय को लाभों की और ले जाता है। वह भूमि, पूँजी, श्रम, संगठन, साहस का प्रबंध करके अपने व्ययवसाय का कुशलतापूर्वक संचालन करता है। इस यह भी कहा जा सकता है कि उद्यमिता एक नवप्रर्वतनकारी क्रिया है।

उद्यमिता की परिभाषा - जोसेफ शुम्पीटर के अनुसार, 'उद्यमिता एक नवप्रर्वतनकारी कार्य है। यह स्वामित्व की अपेक्षा एक नेतृत्व का कार्य है।' पीटर एफ. ड्रकर के अनुसार, 'व्यवसाय में अवसरों को अधिकाधिक करना अर्थपूर्ण है, वास्तव में उद्यमिता की यही सही परिभाषा है।'

शोध के उद्देश्य - हमारे देश में बेरोजगारी की समस्या ज्वलंत रूप धारण करती जा रही है। वर्तमान में बेरोजगारी अभिशाप का रूप धारण करती जा रही है। योग्यता होने के बावजूद भी आज हमारे देश में व्यक्ति रोजगार की तलाश में भटक रहे है। सरकार के द्धारा बेरोजगारी को दूर करने के अनेकों प्रयास किये जा रहे है। शासन के माध्यम से हमारे देश के युवाओं को स्वरोजार उपलब्ध कराने हेतु उद्यमिता विकास की अनेको योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रस्तुत शोध के माध्यम से उज्जैन जिले में उद्यमिता विकास की योजनाओं का अध्ययन करके युवाओं में उद्यमिता की भावनाओं का आँकलन करके उद्यमियों में रोजागर की संभावनाओं का पता लगाना है। जिसके निम्नलिखित उद्देश्य है जो कि इस प्रकार है :-

1. जिले में रोजगार के क्षेत्र में उद्यमियों हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की संभावनाओं का आँकलन करना।
2. बेरोजगारी की समस्या को दूर करने में उद्यमिता विकास की योजनाओं का आँकलन करना।
3. जिले में उद्यमियों के लिए स्वरोजगार के अवसरों का पता लगाना।

शोध प्रविधि :- प्रस्तुत शोध को द्धितीयक समंको की सहायता से इसके साथ ही समाचार पत्र में प्रकाशित आँकडे, व्यक्तिगत परीक्षण व व्यक्तिगत अनुभव की सहायता से विश्लेषण करते हुए पूर्ण किया गया है।

उज्जैन जिले में उद्यमिता विकास की विभिन्न योजनाओं की सहायता से उद्यमियों के लिए उत्पन्न रोजगार के अवसर - वर्तमान में उज्जैन जिले में निवास करने वाले उद्यमियो में स्वरोजगार की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। शासन द्धारा संचालित उद्यमिता विकास की विभिन्न योजनाओं के सहायता से जिले में रोजगार सृजन तीव्र गति से बढ़ रहा है।

जिले में शासकीय योजनाओं के माध्यम उद्यमिता विकास का आँकलन तालिका 1 में दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक - 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 1 में उज्जैन जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, उज्जैन को वर्ष 2010-11 से वर्ष 2016-17 तक की अवधि के दौरान जिले के 509 हितग्राहियों को रोजगार सृजन कार्यक्रम की सहायता से लाभान्वित करने के लक्ष्य प्राप्त हुए।

तालिका 1 में योजना के माध्यम से स्वीकृत ऋण की स्थिति को भी दर्शाया गया है। वर्ष 2010-11 से वर्ष 2016-17 तक कुल 432 हितग्राहियों को उपरोक्त योजना के माध्यम से ऋण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जो निर्धारित लक्ष्य का 84.87 प्रतिशत है। तालिका में ऋण वितरण की दशा को भी समझाने का प्रयास किया गया है। वर्ष 2010-11 से वर्ष 2016-17 तक कुल 350 हितग्राहियों को ऋण का वितरण किया गया है। जो निर्धारित लक्ष्य 68.76 प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2010-11 से वर्ष 2017-18 तक कुल 6.96.5 लाख रू. की राशि इस योजना पर व्यय की गई है।

तालिका क्रमांक - 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 2 का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2014-2015 में से वर्ष 2018-2019 तक कुल 2835 हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लक्ष्य प्राप्त हुए। जिसके अर्न्तगत वर्ष 2014-15 में 545, वर्ष 2015-16 में 650, वर्ष 2016-17 में 740, वर्ष 2017-18 में 900 हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लक्ष्य प्राप्त हुए। इस प्रकार उपरोक्त तालिका के दर्शाए गये विगत पाँच वर्षो में कुल 3031 हिग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वरोजागार योजना के अर्न्तगत ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके अनुसार वर्ष 2014-15 में 619, वर्ष 2015-16 में 726, वर्ष 2016-2017 में 759, वर्ष 2017-18 में 927 हितग्राहियों को इस योजना की सहायता से वर्षवार ऋण की स्वीकृति प्रदान गई। इस प्रकार

* सहायक अध्यापक, श्री गुरू सांदीपनी इन्सट्ीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट ,उज्जैन (म.प्र.) भारत

सहजशैली में निरीह आत्मसमर्पण का ऐसा निरभ्र रूप रैदासी संतत्व की अकेली उपलब्धि है, जो भक्तिकाल के महान कवियों की श्रेणी में उन्हें ला खड़ा करती है, 'रैदास की कविता की विशेषता उनकी निरीहता है, वे अनन्यता पर बल देते हैं, रैदास में निरीहता के साथ-साथ कुंठाहीनता का भाव द्रष्टव्य है।'[2]

ईश्वर के निर्गुण रूप को स्वीकार कर उसकी उपस्थिति को सार्वभौमिक करते हैं जिसकी काव्यमयी तसदीक 'थावर जंगम कीट पतंगा पूरि रह्यो हरिहाई' के रूप में होती है। साथ ही ज्ञानतत्व की मीमांसा भी रैदास यह कहकर छेड़ते हैं कि 'गुन निर्गुन कहियत नहिं जाकें, मन को निर्मल करो', पवित्रता को सिराहना बनाकर ईश्वर की स्तुति करो इस वर्ग के साथ कि जैसा प्रभु को मानो वह वैसा ही है।

समाज के बिगड़े रूप को, पथभ्रष्ट होते प्रतिमानों को, वस्तुवादी होते संबंधों को, स्वार्थी होते समर्पण को, मुनाफे में ढ़लती अपेक्षाओं को, अहँकारी होती आकांक्षाओं को रैदास की निरीहता और उनका अनाडंबर चुनौती देता है, यह चुनौती प्राणस् चेतना को अभिभूत करता है, साथ ही यह बताता है कि जीवन की सादगी ही जीवन का सब से बड़ा श्रृंगार है, अलंकार है, प्रभु जी तुम स्वामी, हम दासा का अनुरागी हृदय आज और प्रासंगिक और वरणीय हो गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, वि.ना. त्रिपाठी, पृ. 24 ओरियंट ब्लैकस्वान, 2001/2
2. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, वि.ना. त्रिपाठी, पृ. 24 ओरियंट ब्लैकस्वान, 2001

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी विभाग) सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज, कँाकेर रोड, राँची (झारखण्ड) भारत

राजपूताना के एकीकरण में जनमानस की भूमिका

डॉ. सुनीता मीना*

प्रस्तावना – किसी भी देश के जनमानस में राजनैतिक चेतना का विकास किसी आकस्मिक घटना का परिणाम न होकर विगत शताब्दी अथवा अर्द्धशताब्दी में घटित विभिन्न घटनाओं की सम्मिलित प्रतिक्रिया होती है। राजनैतिक चेतना के परिणामस्वरूप ब्रिटिश शासन के लिये सबसे अधिक गहरी भारतीय प्रतिक्रिया भारत में एक प्रभावी और राष्ट्रवादी जन आंदोलन के विकास में दिखाई देती है। एक संगठित आंदोलन के रूप में भारतीय राष्ट्रवाद का उदय 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से माना जा सकता है। यद्यपि इस राष्ट्रवाद की जड़े 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में उत्पन्न हुए कुछ आंदोलनों और कुछ व्यक्तियों के प्रयासों में तलाशी जा सकती है और अधिक निश्चित्ता के साथ यदि कहा जाये तो भारतीय राष्ट्रवाद का प्रारंभ और भी पहले का माना जा सकता है। और इस तथ्य की पुष्टि के प्रमाण भारतीय इतिहास में देखे जा सकते हैं कि वे परिस्थितियां और दृष्टिकोण भारत में पहले से ही मौजूद थे जो आधुनिक राष्ट्रवाद के जटिल स्वरूप के निर्धारण में सहायक सिद्ध हुए।

भारत में राष्ट्रवाद का प्रारम्भिक स्वरूप प्रादेशिक स्तरों पर भी उभरता दिखाई देता है, क्योंकि भारत के अनेक भागों में प्राचीन गौरव और शक्ति की ऐसी सशक्त परम्पराऐं देखने को मिलती हैं जो सम्मिलित धाराओं के रूप में राष्ट्रवादी आंदोलन में भी परिलक्षित हुई। इस कड़ी में वीर प्रसूता भूमि कहलाने वाले राजपूताना तथा इसकी विभिन्न रियासतों में राजनैतिक चेतना एवं जागृति के स्वरूप एवं प्रभाव का विश्लेषण करने पर कई महत्वपूर्ण तथ्य उभर कर आते हैं।

राजपूताना में देशी रियासतों की राजनीतिक स्थिति – भारत में स्थित 562 देशी राज्यों में भारत का 2/5 क्षेत्र और 25 प्रतिशत जनसंख्या सम्मिलित थी। देशी राज्यों का क्षेत्र ब्रिटिश भारत के प्रांतों के क्षेत्रों में घुला मिला था। समस्त राज्यों का संयुक्त क्षेत्र 7 लाख 20 हजार वर्ग मील था और उनकी आबादी 9 करोड़ 30 लाख थी। आबादी कहीं अधिक और कहीं कम थी। 2/3 या 6 करोड़ 20 लाख आबादी केवल 20 राज्यों में थी। शेष 3 करोड़ 10 लाख आबादी 542 राज्यों में थी। इन सभी देशी रियासतों में राजतन्त्रात्मक शासन व्यवस्था थी और इन पर विभिन्न महाराजाओं, नवाबों, राजाओं तथा जागीरदार और जमींदारों का प्रत्यक्ष शासन था। कुछ रियासतें इतनी बड़ी थी जितने फ्रांस और इंग्लैण्ड जैसे देश तथा कुछ इतनी छोटी थी कि उनको नाखूनी राज्य अथवा बौनी रियासतें कहा जा सकता है जिनका क्षेत्रफल एक वर्गमील से भी कम था।

देशी रियासतें समस्त भारत में बिखरी हुई थी। इनका सबसे बड़ा भू-भाग राजपूताना के अन्तर्गत आता था किन्तु ये भी छोटी बड़ी रियासतों में विभक्त था। राजपूताना में 19 राज्यों के शासकों को तोपों की सलामी लेने का अधिकार था। इनमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ एवं शाहपुरा गुहिल शासकों के अधीन थे। बूंदी, कोटा एवं सिरोही पर हाड़ा चौहानों का शासन था। जयपुर एवं अलवर पर कच्छवाहा राजाओं का शासन था। जोधपुर, बीकानेर एवं किशनगढ़ पर राठौड़ों का शासन था। भरतपुर एवं धौलपुर पर जाटों का शासन था। झालावाड़ झालों के अधीन था। टोंक पर पिंडारियों का शासन था। दांता, कुशलगढ़, नीमराणा तथा लावा को गैर सलामी रियासत कहा जाता था। इनके अतिरिक्त केन्द्र शासित प्रदेश भी राजपूताना के अंतर्गत आता था।

रियासती शासकों का आन्तरिक प्रशासन – बीसवीं सदी का रियासती राजस्थान अतीत की वैभवशाली ईमारतों के बचे-खुचे अवशेषों के समान था। जहाँ गरीब जनता सामन्तशाही के बोझ तले दबी हुई थी। यहाँ न तो किसी प्रकार की वास्तविक प्रतिनिधियात्मक संस्थाऐं विद्यमान थी न ही मूल अधिकार और न ही कानून व्यवस्था का कोई नामो निशान था।

देशी रियासतें, निरंकुश, स्वेच्छाचारी ब्रिटिश साम्राज्य के अनियंत्रित राज्यक्रम की दासता को बनाये रखने के यंत्र के समान कार्य कर रहीं थीं। तथा भारतीय प्रगति के मार्ग में एक बड़ी बाधा के समान थीं। अंग्रेज रेजिडेन्ट रियासतों के वास्तविक शासक और राजाओं के मालिक के समान व्यवहार करते थे। उनके पास विस्तृत अलिखित अधिकार थे।

राज्य की समस्त आय पर राजा का पूर्ण अधिकार था। जनता की शिक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा इत्यादि पर नाममात्र खर्च किया जाता था, राज्य की आय का अधिकांश भाग शासक अपने व्यक्तिगत ऐशो आराम पर उड़ाते थे। यदि औसत निकाले तो प्रत्येक भारतीय राजा के पास 11 पदवियां, 5.8 पत्नियां, 12.6 बच्चे, 9.2 हाथी, 2.8 निजी रेल डिब्बे, 3.4 रॉल्स राएस कारें थीं। और प्रत्येक ने 22.9 शेरों का शिकार किया था।राजाओं की आय की कोई सीमा नहीं। लार्ड कर्जन रियासती राजाओं को शासन के अयोग्य अज्ञानी तथा अनुशासनहीन छात्र कहते थे। राजा की सत्ता को राज्य के भीतर कोई चुनौती देने वाला नहीं था ऐसे में उनकी बर्बर निरंकुशशाही राज्य व्यवस्था जारी थी। ऐसी स्थिति में प्रतिनिधियात्मक संस्थाओं का कही नामों निशान तक नहीं था।

इसी प्रकार 1903 ई. में लार्ड कर्जन ने देशी राजाओं को अच्छे प्रशासन की नसीहत देते हुए कहा कि 'राजाओं को अपनी प्रजा का स्वामी होने के साथ साथ अपनी प्रजा का सेवक भी होना चाहिये। राज्य का राजस्व केवल शासक के आमोद प्रमोद के लिये सुरक्षित नहीं है अपितु प्रजा के कल्याण के लिये भी है।'

रियासतों में न्याय की बहुत बुरी व्यवस्था थी। जिस व्यक्ति पर राजा को संदेह होता है उसके खिलाफ विशेष न्यायालय बिठाकर उसे मनमानी

* सहायक आचार्य (इतिहास) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

सजा दे दी जाती थी।

विश्व के बदलते परिदृश्य तथा ब्रिटिश भारत के घटनाक्रम के प्रभावस्वरूप देशी रियासतों के राजनीतिक वातावरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। परन्तु जनचेतना का मूल कारण शोषण पर आधारित मध्ुगीन समाज व्यवस्था में देखने को मिलता है। कृषक आंदोलनों ने राजपूताना की रियासतों में ग्रामीण स्तर पर विभिन्न राजनीतिक संगठनों की पहुँच को सुगम बना दिया। राजपूताना में जनजागृति का प्रारम्भ इन्हीं कृषक आंदोलनों की देन है। इनके अतिरिक्त राज्य में जनजागृति के कुछ अन्य कारण भी थे जैसे-

01. रियासती जनता में जागरण का बीज बोने वाला शिक्षित मध्यमवर्ग था। यह मध्यमवर्ग आम जनता में राजनीतिक जागरण और राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना चाहता था। राजपूताना के नवजागरण का अग्रदूत यही वर्ग था।

02. स्वामी दयानंद सरस्वती और उनके आर्य समाज का भी राजपूताना की रियासती जनता के जनमानस पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। स्वामी दयानन्द ने राजपूताना में आगमन पर कहा था कि मेरी इच्छा है कि मैं रियासती राजा और महाराजाओं को सही मार्ग पर लाकर आर्य नस्ल को एकता प्रदान कर सकूँ।

03. क्रांतिकारी आन्दोलन की असफलता ने राजपूताना की जनता को यह जता दिया कि शांति पूर्ण आन्दोलनों के माध्यम से ही राज्य में संवैधानिक प्रगति का मार्ग खुल सकता है। गांधीजी का मानना था- 'रियासती जनता अपने पैरों पर स्वयं खड़ी होगी तभी रियासतों में जनजागृति आ सकती है। गांधी का यही दर्शन रियासती जनता के लिए वरदान सिद्ध हुआ और राजपूताना की जनता स्वयं अपनी मुक्ति का मार्ग खोजने लगी।'

इस प्रकार राजपूताना की जनता के मानस में जनचेतना का संचार हुआ और अब प्रांतीय स्तर के संगठनों की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। जिसके फलस्वरूप, 1919 में राजस्थान सेवा संघ, 1918 में राजपूताना मध्य भारत सभा इत्यादि राजनीतिक संगठनों की स्थापना हुई। इन संगठनों ने सराहनीय कार्य किया किन्तु राजपूताना में आधारभूत स्तर पर राजनीतिक चेतना जागृत करने का सर्वाधिक श्रेय राजस्थान सेवा संघ को है।

इस जन-जागृति को देखकर एक ऐसे केन्द्रीय संगठन की आवश्यकता महसूस की जाने लगी जो देशी रियासतों में चलने वाले आन्दोलन को दिशा निर्देश दे सके और इसकी चरम परिणती अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद के गठन के रूप में हुई। इसका प्रथम अधिवेशन 17-18 दिसम्बर 1927 को बम्बई में हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य देशी रियासतों में उत्तरदायी सरकार की स्थापना करना था। इस अधिवेशन में राजपूनाता की जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख नेताओं में विजय सिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और जयनारायण व्यास प्रमुख थे। राजपूताना में देशी राज्य लोकपरिषद की गतिविधियों का केन्द्र अजमेर को बनाया गया। 1931 में रामनारायण चौधरी ने 'राजस्थान देशी राज्य परिषद' की स्थापना की।

1933 में राजपूताना की सभी रियासतों के लिये देशी राज्य लोक परिषद की क्षेत्रिय इकाई के गठन का प्रयास किया गया। किन्तु स्थानीय नेताओं के आपसी सामंजस्य के अभाव में यह प्रयास विफल ही हुए क्योंकि प्रत्येक देशी रियासत में विभिन्न राजनीतिक समस्याएं थी और वे अपने स्थानीय स्त्रोतों पर इतना अधिक निर्भर थे कि किसी बाहरी विचारधारा पर निर्भर रहना कठिन था। इसलिए राजपूताना की रियासतों में वास्तविक जनजागृति व जनचेतना का संचार अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद की स्थानीय शाखाओं ने किया जिन्हें हम प्रजामण्डल या लोकपरिषद के नाम से जानते हैं। 1931 से 1946 ई. के बीच राजपूताना की लगभग सभी रियासतों में प्रजामण्डलों का गठन किया गया। इन प्रजामण्डलों ने राजपूताना के स्वतंत्रता संग्राम में अपना विशेष योगदान दिया। ग्रामीण व दूर दराज के आदिवासी क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बनाई तथा आम जनता को प्रजामण्डल की गतिविधियों से जोड़कर उनके अन्तर्मानस में जन चेताना का संचार किया।

राजपूताना के जन-आन्दोलनों का उद्देश्य - ब्रिटिश भारत की जनता के समक्ष उसके जन-आन्दोलनों के संचालन को लेकर स्पष्ट उद्देश्य था, विदेशी शासन से मुक्ति। तब रियासती जनता के जन-आंदोलनों के क्या उद्देश्य रहे होंगे? रियासती जनता अंग्रेजी शासन के अधीन भी नहीं थी, तो क्या वे निरंकुश राजतंत्र के प्रतीक अपने राजा महाराजाओं को पद से हटाना चाहती थी? या फिर उनका क्रोध सिर्फ ठिकानेदारों तक सीमित था। क्या वे प्रशासनिक व्यवस्था में सिर्फ सुधार चाहते थे या पूरी तरह व्यवस्था परिवर्तन के पक्षधर थे? क्या हम इसे स्वतन्त्रता का आन्दोलन कहें? इन सभी प्रश्नों के उत्तर के लिये यहाँ पर राजपूताना की जनता के जन-आंदोलनों के उद्देश्यों का विश्लेषण करने की कोशिश की गई है।

राजपूताना की रियासतों में चलाया गया यह जन-आंदोलन एक दिलचस्प विषय है। वास्तव में इस आन्दोलन का उददेश्य प्रारम्भ में सुधारों की मांग तक सीमित था, परन्तु जैसे-जैसे परिस्थितियाँ परिवर्तित होती गई तथा जनचेतना का संचार विस्तृत होता गया, राजपूताना की जनता के आन्दोलन के उददेश्य भी विस्तृत और परिष्कृत होते गये। अगर हम यहां के कृषक आन्दोलनों को देखें तो एक ही बात सामने आती है कि इन आन्दोलनों में या तो भूमि सुधारों की माँग थी, किसान 145 प्रकार के लाग-बागों से दबे हुए थे, उनका विरोध था, या फिर किसी स्थानीय अधिकारी या राज्य के दीवान का विरोध था। एक भी ऐसा आन्दोलन नहीं था। जिसमें किसी रियासत के राजा को हटाने की बात कही गयी थी बल्कि यही बात कही गयी थी कि महाराजा की छत्रछाया में ही उत्तरदायी शासन की स्थापना की जाये और इस माँग पर ही जोर दिया जाता रहा। राजा महाराजा विदेशी शासक नहीं थे इसलिए सत्ता के विरूद्ध किये जा रहे आन्दोलन में उनको शामिल नहीं किया जाना उचित ही था लेकिन जब उनकी ज्यादतियाँ ज्यादा हो गयी और यह महसूस किया जाने लगा कि वे किसी भी प्रकार से उत्तरदायी शासन को अच्छी तरह नहीं चलने देंगे तो उनका जुआ भी कंधे से उतार फैंकने में जनता ने ढील नहीं दी।

दूसरी तरफ नगरीय संघर्ष आन्दोलन को अभिव्यक्ति देने वाले प्रजामण्डल संगठन जहाँ मुख्यत: शासन के विभिन्न स्तरों पर जन-सहभागिता, नागरिक स्वतन्त्रताओं की सुनिश्चित्ता व रक्षा तथा देशी रियासतों के शासकों के अधीन उत्तरदायी शासन की स्थापना की मांगो तक सीमित राजपूताना के प्रजामण्डल आन्दोलन की विशिष्टता यह थी कि इसके आन्दोलन द्विउद्देशीय थे। इनका प्रथम उददेश्य उत्तरदायी शासन की स्थापना करना था और द्वितीय उददेश्य भारत के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करना था।

राजपूताना के प्रजामण्डल आन्दोलन की प्रेरणादायी मातृ संस्था 'अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद' को कहा जा सकता है। जिसका प्रारम्भिक उददेश्य राजाओं की अधीनता में पूर्ण उत्तरदायी सरकार की स्थापना करना था किंतु 1939 ई. तक आते-आते इसने अपना उददेश्य पूर्ण प्रतिनिधियात्मक शासन के साथ-साथ, देशी रियासतों को भारतीय

संघ में सम्मिलित करवाना भी निर्धारित कर लिया था।

इस प्रकार स्पष्ट है कि 1940 तक आते-आते देशी राज्य लोक परिषद का उद्देश्य रियासती जनता को उत्तरदायित्वपूर्ण शासन दिलवाना तथा उनका ब्रिटिश भारत की गतिविधियों के साथ तालमेल बिठाना था। राजपूताना की विभिन्न रियासतों में स्थापित प्रजामण्डल, प्रजापरिषद, लोकपरिषद के स्थानीय नेताओं ने देशी राज्य लोक परिषद व ब्रिटिश भारत में हो रही गतिविधियों के मार्ग दर्शन में तथा स्थानीय परिस्थितियों से जूझते हुए रियासतों में जन-आंदोलन के झण्डे को बुलंद रखा। 1931 से 1947 के मध्य चलाए जा रहे स्वाधीनता आन्दोलन के दो ही लक्ष्य थे - कृषि सुधारों का श्रीगणेश करना तथा राजनीतिक सुधारों का सूत्रपात करना था। एक तीसरा और महत्वपूर्ण कार्य ब्रिटिश भारत की स्वाधीनता के साथ रियासती भारत के भाग्य को जोड़ना था। इस प्रकार सामान्य जनमानस ने प्रजामण्डल जैसी संस्थाओं से जुड़ कर देशी रियासतों के भारत में विलय के मार्ग को प्रशस्त करने का असामान्य कार्य किया।

विलीनीकरण में जनमानस की भूमिका - सन् 1935 तक आते-आते देशी रियासतों में जन जागृति के स्पष्ट लक्षण दिखाई देने लगे थे। विभिन्न रियासतों व उनके ठिकानों में स्थान-स्थान पर कृषक आन्दोलन चल रहे थे, व जनता उद्वेलित होती जा रही थी। परन्तु देशी रियासतों के आन्दोलन सुदृढ़ केन्द्रीय संगठन व सही दिशा निर्देशन के अभाव में अस्त-व्यस्त थे। जनता के पास अपना कोई रचनात्मक कार्यक्रम नहीं था। देशी राज्य लोक परिषद को भी स्पष्ट नहीं था कि प्रजा को विरोधस्वरूप कौन सा मार्ग ग्रहण करना चाहिये? अन्याय सहें या प्रतिकार करें। यदि कोई आन्दोलन किया जाये तो वह किस रूप में और किस ढंग से किया जाये। देशी राज्यों की प्रजा की सबसे बड़ी समस्या यह थी, की उसे कोई भी राजनीतिक दल सहायता नहीं देना चाहता था। कांग्रेस व गांधी रियासती मामलों में पूरी तरह 'अहस्तक्षेप' की नीति का अनुसरण कर रहे थे।

1938 ई. तक आते आते कांग्रेस के समाजवादी विचारधारा वाले वर्ग जिसमें जवाहरलाल नेहरू, जयप्रकाश नारायण जैसे नेता थे इन्होंने देशी रियासतों के विषय में कांग्रेस की अहस्तक्षेप की नीति का विरोध किया। जवाहरलाल नेहरू ने मारवाड़ जक्शन पर एकत्र जनता से कहा था कि 'रियासती मामलों में मुझे दिलचस्पी है और रियासतों में क्या-क्या होता है? यह मुझे मालूम रहता है।' इधर अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद ने कांग्रेस के समक्ष ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी कि वह देशी रियासतों के विषय मे सोचे तथा इस विचार को मानने को तैयार हो कि 'देशी रियासतों की समस्या को सुलझाये बिना भारत की समस्या का समाधान संभव नहीं है।' इधर गोलमेज सम्मेलन तथा संघीय शासन प्रणाली के विषय में राजाओं के नकारात्मक व अड़ियल रवैये के कारण कांग्रेस राजाओं की कटू आलोचक बन गयी। ऐसी स्थिति में 1938 के हरिपुरा अधिवेशन में कांग्रेस ने रियासतों से सम्बन्धित प्रसिद्ध प्रस्ताव पास किया कि- 'इसलिए कांग्रेस आदेश देती है कि रियासतों की कांग्रेस समितियां, कार्य समिति के निर्देशन में कार्य करें।........ रियासतों की भीतरी लड़ाई कांग्रेस के नाम पर नहीं लड़ी जानी चाहिए। रियासतों के संघर्ष को जारी रखने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रजामण्डलों का निर्माण किया जाये। रियासती आन्दोलन के प्रति कांग्रेस ने सहानुभूति जताई तथा कहा कि पूर्ण उत्तरदायी शासन की स्थापना अब दूर नहीं है।' दो रेलगाड़ियां अलग-अलग जा रहीं थी - उन्हें मिलाकर एक ही ट्रेन का वर्तमान रूप दे दिया गया और संचालन का दायित्व गाँधी के हाथों में सौप दिया गया। हरिपुरा अधिवेशन के पश्चात् भी काफी समय तक कांग्रेस ने देशी राज्यों में गहरी रूचि नहीं ली जिसका प्रमुख कारण अखिल भारतीय स्तर पर उसे बड़ी समस्याओं का निराकरण करने में सक्रिय रहना था। अंतत: 1939 ई. के त्रिपुरी अधिवेशन में अध्यक्ष सुभाष चन्द्र बोस ने कहा कि 'देशी रियासतों की जनता में 'अभूतपूर्व जनजागृति' देखने को मिली है। कांग्रेस को देशी रियासतों से सम्बन्धित हरिपुरा प्रस्ताव परिभाषित करने की आवश्यकता है।'

रियासती प्रजा की जनचेतना में उत्तरोत्तर वृद्धि - अब तक रियासती आन्दोलन का उद्देश्य 'राजाओं की अधीनता में उत्तरदायी सरकार की स्थापना करना था। किन्तु देशी राज्य लोक परिषद के उदयपुर अधिवेशन के पश्चात् स्थानीय प्रजामण्डल आन्दोलन का उद्देश्य रियासतों को भविष्य में बनने वाले स्वतंत्र भारतीय संघ का एक अभिन्न अंग मानते हुए शांति पूर्ण एवं न्यायोचित उपायों से पूर्ण उत्तरदायी सरकार की स्थापना करना था।' राजपूताना की रियासतों के प्रजामण्डल संगठनों ने अपने संविधान से 'राजाओं की छत्रछाया में' शब्द को हटा दिया। जयपुर प्रजामण्डल ऐसा करने वाली प्रथम संस्था थी।

देशी राज्य लोक परिषद ने 1939 के अपने लुधियाना अधिवेशन में एक प्रस्ताव पास करके भारतीय संघ में स्वतंत्र प्रशासनिक इकाई के रूप में देशी रियासतों की जीव्यता 20 लाख जनसंख्या, 50 लाख वार्षिक राजस्व निर्धारित किया। जिसको बाद में 50 लाख जनसंख्या और 8 करोड़ राजस्व के रूप में बढ़ा दिया गया। वास्तव में यह मात्र एक छोटा सा प्रस्ताव था किन्तु प्रतिकात्मक रूप से अत्यन्त महत्वपूर्ण था। यह रियासतों के जनमानस की स्वतंत्र भारत में एक बड़ी प्रशासनिक इकाई बनने की अकांक्षा का प्रतीक था। 1939 ई. में द्वितीय विश्व युद्ध के समय भी कांग्रेस व देशी राज्य लोक परिषद के मध्य रियासतों से सम्बन्धित नीति निर्माण में सामंजस्य बना रहा। इस दौरान राजाओं और युद्ध से संबन्धित समस्याओं पर लोक परिषद, कांग्रेस से दिशा निर्देश प्राप्त करती रही। कांग्रेस ने देशी रियासतों की जनता को प्रांतीय कांग्रेस कमेटियों में जनसंख्या के आधार पर सीटों का आरक्षण प्रदान करने के लिए एक समिति का गठन किया, जिसमें जवाहरलाल नेहरू, भूलाभाई देसाई, वल्लभभाई पटेल और जे.बी. कृपलानी प्रमुख थे। देशी राज्य लोकपरिषद की रियासती जनता में बढ़ती हुई प्रतिष्ठा के कारण ब्रिटिश सरकार ने कभी भी देशी राज्य लोक परिषद को रियासती जनता का प्रतिनिधि न मानकर, अपने कठपुतली राजाओं को ही रियासती जनता का प्रतिनिधि माना। 1940 ई. तक आते-आते रियासती जनता का एकमात्र ध्येय बन गया, उत्तरदायी शासन की प्राप्ति। महात्मा गांधी राजाओं की कटु आलोचना करते थे 1916 ई. से ही वे राजाओं को जनता का ट्रस्टी बनने की सलाह देते थे। उनका मानना था कि प्रत्येक राजा अपनी प्रजा का सेवक है और वास्तविक मालिक प्रजा है। राजाओं को अपनी स्वेच्छाचारिता और शाहीतंत्र का परित्याग कर देना चाहिये। कुछ राजाओं की मनोवृत्ति तो गाधीजी के प्रति इतनी अधिक उपेक्षापूर्ण थी कि वे उनकी या उनके नाम से कही गयी किसी बात को सहन नहीं कर सकते थे। 7 और 9 अगस्त, 1942 को बम्बई सम्मलेन में कांग्रेस ने भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया। देशी रियासतों के जन-प्रतिनिधियों ने भी इसमें भाग लिया। गाँधीजी ने इस सम्मेलन में रियासतों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट किया की ब्रिटिश भारत में भावी संघर्ष का नारा 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' होगा तथा देशी रियासतों में राजाओं अंग्रेजों का साथ छोड़ो होगा। अगर शासक अंग्रेजों से सम्बन्ध विच्छेद करने की मांग ना माने तो प्रजामण्डल आंदोलन आरम्भ कर दें।

राजाओं ने इस बात के पूरे प्रयास किए कि परमोच्च शक्ति उन्हें या तो

लौटा दी जाए अथवा समाप्त कर दी जाए। उनके पूरे प्रयास रहे कि ब्रिटिश भारत में जिस प्रकार जनता का प्रतिनिधित्व, वहाँ के नेतागण कर रहे थे, उसी प्रकार रियासतों में प्रजा का नेतृत्व राजाओं के द्वारा मान लिया जाना उचित है। कैबीनेट मिशन के समक्ष दिखावा करने के उद्देश्य से नरेन्द्र मण्डल के चांसलर भोपाल नवाब ने जनता को कुछ अधिकार प्रदान करने की घोषणा की। इसे 'राजाओं की ओर से प्रजा को प्रदान किया गया अधिकार पत्र' (बिल ऑफ पीपल्स राइट्स) कहा गया। नेहरू ने इस पर टिप्प्णी करते हुए कहा कि 'इस घोषणा पत्र की जांच तो इसके वास्तविक क्रियान्वयन पर होगी। राजपूताना की जनता में इस घोषणा के प्रति कोई उत्साह नहीं पाया गया क्योंकि एक तो ये बहुत देर से की गई घोषणाएं थीं वहीं विभिन्न राज्यों से दमन और शोषण की जो खबरें आ रहीं थीं उससे राजाओं की कथनी और करनी में अंतर दूर से ही दिखाई पड़ता था।' जब राजाओं को लगने लगा कि अब अंग्रेज भारत से जाने वाले है और राजाओं पर से अंग्रेजों का संरक्षण हटने वाला है तब कहीं जाकर राजाओं की नींद खुली और उन्हें राजनीतिक विभाग द्वारा चार वर्ष पूर्व दी गयी चेतावनी का मतलब समझ में आया। इसलिये राजाओं ने इस तरह की सुधारवादी घोषणा कि किन्तु तब तक बहुत विलम्ब हो चुका था।'

संवैधानिक प्रगति व रियासतों का भारतीय संघ में विलय – समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण ने कहा 'कि वायसराय तथा उनका राजनीतिक विभाग भारतीय राजाओं को भारतीय स्वतंत्रता के मार्ग में बाधा के रूप में इस्तमाल करता रहा है। उन्होंने भारतीय राज्यों में प्रजातान्त्रिक आन्दोलन को कुचलने के लिये राजाओं के साथ मिलकर षड़्यत्र किया है। देशी रियासतों की जनता के प्रतिनिधि के रूप में अंग्रेजों ने हमेशा रियासती शासकों को प्राथमिकता दी। रियासती जनता का प्रतिनिधित्व करने वाली देशी राज्य लोक परिषद को हमेशा हतोत्साहित किया तथा भारत के संवैधानिक विकास से सम्बन्धित किसी भी बातचीत में उसे शामिल नहीं किया। राजाओं ने देशी राज्य लोक परिषद द्वारा स्वयं को रियासती जनता का प्रतिनिधि बताने का घोर विरोघ किया। तथा 'नरेन्द्र मण्डल' को इसके विरोधी संस्थान के रूप में प्रश्रय दिया। यहाँ तक की बटलर कमेटी ने भी रियासती जनता का प्रतिनिधित्व करने वाली देशी राज्य लोक परिषद को रियासती जनता का प्रतिनिधि मानने से मना कर दिया। अत: 1929 ई. के लोक परिषद के अधिवेशन में बटलर कमेटी की जमकर आलोचना की गयी। इसी प्रकार साइमन कमीशन ने भी देशी रियासतों की समस्या को समझने का प्रयास नहीं किया। देशी रियासतों की जनता ने 1929 ई. में प्रारम्भ होने वाले गोलमेज सम्मेलन में प्रतिनिधित्व की मांग की तथा राजाओं के देशी रियासतों का प्रतिनिधि होने के दावे को खारिज किया।

लार्ड माउंटबेटन ने अपनी 3 जून, 1947 की घोषणा में परमोच्चसत्ता के विलोपन की घोषणा की तथा देशी रियासतों के शासकों को खुली छूट दे दी कि वे या तो भारत अथवा पाकिस्तान में विलय कर सकते हैं अथवा पूरी तरह स्वतंत्र रह सकते हैं। किन्तु देशी रियासतों की जनता, उनके प्रजामण्डल तथा देशी राज्य लोक परिषद और उसके सहयोगी राष्ट्रीय दल के दबाव के फलस्वरूप रियासती शासकों को भारतीय संघ में विलय के लिये मजबूर होना पड़ा। रियासती जनता व उनके स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अपने राजाओं और जागीरदारों पर दबाव बनाया कि वे भारतीय संघ से अलग रहने की सोच ही ना सकें। रियासतों में चल रहे लोकप्रिय प्रजामण्डल आन्दोलनों विशेषकर राजस्थान के लोकप्रिय आन्दोलनों के कारण ही रियासतों का भारतीय संघ में विलय सम्भव हो सका।

देशी रियासतों की जनता ने ब्रिटिश भारत की अपेक्षा अधिक विकट समस्याओं का सामना किया। उनकी यह लड़ाई दो मोर्चो पर एक साथ चली। वे अपने अधिकारों की मांग के लिये प्रत्यक्षत: तो देशी राजाओं और उनके तंत्र से लड़ते दिखाई देते थे किंतु इस राजतंत्र की पीठ पर ब्रिटिश सरकार का मजबूत हाथ था। यही कारण था कि देशी रियासतों के शासकों ने प्रजा को शासन में भागीदारी देने के लिए सैकड़ों प्रकार के दिखावटी जतन तो किये किन्तु वास्तव में वे प्रजा की आवाज को कुचलने में लगे रहे। अपने सिंहासन और राजमुकुटों को बचाने के लिये राजाओं ने देश के साथ भयानक खेल खेला किन्तु वे समय की धड़कन को नहीं पहचान पाये और अपने ही पापाचार में नष्ट हो गये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मोहनलाल गुप्ता- ब्रिटिश भारत में राजपूताने की रोचक व ऐतिहासिक घटनाऐं पृ. 246-247
2. जरमनी दास, 'महाराजा' पृ. 356
3. मंजू गुप्ता- स्वतंत्रता संग्राम एवं जमनालाल बजाज पृ. 102
4. एफ. के. कपिल - राजपूताना स्टेट्स (1817-1950) पृ. 121
5. उर्मिला फडनीस- टूवर्ड्स द इन्टिग्रेशन ऑफ इण्डियन स्टेट्स पृ. 80
6. विद्या हेमचन्द्र छगानी- ओपन लैटर टु द वायसराय एण्ड गवर्नर जनरल ऑफ इण्डिया, दिनांक 22 नवम्बर 1929, अरविन्द प्रिटिंग प्रेस मुम्बई पृ. 2
7. 1941 का गीत, गांवों की पुकार स्वाधीनता के गीत राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर, 1987ई.
8. जोधपुर जागीर रिकॉर्ड फाइल नं ब/3/4, भाग-एक 1932, राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर।
9. विक्रमादित्य चौधरी -राजस्थान के किसान आंदोलन पृ. 25-30
10. रिपोर्ट ऑफ ऑल इण्डिया स्टेट्स पीपल्स कॉन्फ्रेंस, हेल्ड एट बोम्बे 1927, पृ. 1
11. ऑल इण्डिया स्टेट्स पीपल्स कॉन्फ्रेंस फाईल न0 25/6 नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एण्ड लाइब्रेरी नई दिल्ली।
12. सुमनेश जोशी - राजस्थान में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, जयपुर 1976 पृ. 266
13. जेम्स टॉड- एनल्स एण्ड एन्टिक्यूटिज ऑफ राजस्थान टव्स्.प कलकत्ता 1884 पृ. 161
14. विनीता परिहार - राजस्थान में उत्तरदायी शासन के लिए संघर्ष पृ. 141
15. रिपोर्ट ऑफ द 52 इण्डियन नेषनल कांग्रेस, त्रिपुरी (जबलपुर) दिनांक 10 से 12 मार्च 1939 पृ.656, इण्डियन नेशनल कांग्रेस पेपर्स, नेहरू मेमोरियल म्यूजियम नई दिल्ली।
16. एम.के.गांधी - द इण्डियन स्टेट्स प्राब्लम, अहमदाबाद 1941 पृ. 65
17. विश्वामित्र, दिनांक 4 अगस्त 1942 प्रेस कंटिंग्स, राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर।
18. माउंटबेटन स्पीचिज- टाइम ओनली टू लुक फॉरवर्ड 1947 - 48 लंदन, 1949 पृ. 13-18

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

पंचायती राज में महिलाएं : चुनौतियां और समाधान

डॉ. हनुमान प्रसाद मीना*

प्रस्तावना – पंचायतीराज संस्थाओं में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी को आरक्षण के माध्यम से संवैधानिक आधार प्रदान किया गया। इस अधिनियम के अन्तर्गत एक तिहाई अर्थात् 33 प्रतिशत पदों पर महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है। इसमें अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाऐं भी सम्मिलित हैं। इस अधिनियम का उद्देश्य प्रशासन में दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों तथा सदियों से उपेक्षित महिला वर्ग की राजनीतिक सहभागिता को सुनिश्चित करना था। पुरूष प्रधान भारतीय समाज में ग्रामीण स्तर पर आरक्षण के बिना किसी महिला का ग्रामीण स्थानीय स्वशासन में भागीदार बनना कठिन कार्य था किन्तु 73 वें संविधान संशोधन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को पंचायतीराज संस्थाओं में भागीदारी का अवसर प्राप्त हुआ है। उपरोक्त संशोधनों ने प्रारम्भिक अवस्था में महिलाओं के अधिकारों को न केवल सुनिश्चित किया अपितु उन्हें जन प्रतिनिधि के रूप में प्रत्यक्ष भागीदारी का भी अवसर प्रदान किया। प्रारम्भिक चुनौतियों, संशय एवं अपवादों के पश्चात् ग्रामीण महिलाऐं अपनी क्षेत्रीय समस्याओं का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने लगी हैं। साथ ही साथ अपने प्रयासों से महिला जागरूकता, निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सहभागिता एवं व्यक्तित्व निर्माण की ओर उन्मुख हो रही हैं। पंचायतीराज की सबसे बड़ी सफलता यही है कि इसने महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया है।

किसी भी देश में लोकतांत्रिक संस्थाऐं तभी सशक्त हो सकती हैं जब प्रत्येक वयस्क नागरिक महिला एवं पुरूष के भेद से उपर उठकर अपने अधिकारों का प्रयोग कर सके। भारतीय सन्दर्भ में पंचायतीराज इसका सटीक प्रमाण है। पंचायतीराज संस्थाओं में महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता तथा गतिविधियों के सम्पादन में प्रकट होने वाली कठिनाईयों तथा समस्याओं की चर्चा करना आवश्यक हैं

अशिक्षा एवं जानकारी का अभाव–राजस्थान में महिला साक्षरता दर बहुत कम (52.66) प्रतिशत होने के कारण पंचायतीराज संस्थाओं में निर्वाचित अधिकांष महिलाऐं अशिक्षित हैं। या केवल साक्षर ही है जो कि उनकी राजनीतिक भागीदारी में सबसे बड़ी बाधा है। अशिक्षित महिला प्रतिनिधियों को बाहरी सम्पर्क तथा सभाओं में भाग लेने तथा भाषण देने में हिचक महसूस होती है। साथ ही ये महिलाऐं पंचायतीराज संस्थाओं की दैनिक गतिविधियों के सम्पादन में भी सक्षम नहीं हो पाती हैं। ग्राम विकास से सम्बन्धित अनेक कार्य जनप्रतिनिधियों को करने होते है। और इन सब कार्यो को क्रियान्वित करने के लिए विभिन्न सरकारी दफ्तरों तथा सरकारी अधिकरियों और कर्मचारियों से सम्पर्क करना पड़ता है। और इस कार्य में ये शिक्षित अथवा अल्पशिक्षित महिलाऐं अयोग्य सिद्ध हो जाती हैं। अध्ययन की गयी महिला जनप्रतिनिधियों में से 41.9 प्रतिशत ने महसूस किया है। कि अशिक्षित महिलाओं को पूर्ण जानकारी नहीं होती है तथा वे अनुभवहीन होने के कारण अपने कार्यो के लिए दूसरों का सहारा लेती हैं।

भारतीय सामाजिक संरचना –भारतीय समाजिक संरचना में कुछ ऐसे तत्व विद्यमान है, जो एक ओर सामाजिक व्यवस्था एवं अनुशासन स्थापित करने में सहायक हैं, वहीं दूसरी ओर न केवल महिलाओं की राजनैतिक क्रियाशीलता में ही नहीं वरन् महिलाओं के सर्वतोन्मुखी विकास में बाधक भी सिद्ध होते हैं। हमारे समाज की सामजिक–आर्थिक संरचना ही इस तरह की है कि संविधान प्रदत्त समाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारों का समुचित ढंग से उपयोग करने का उन्हें अवसर ही उपलब्ध नहीं हो पाता है। सामान्य सर्वेक्षणों से भी सामने आता रहा है कि पुरूष स्वयं राजनीति में भाग लेने के लिए अपनी पत्नी से अनुमति की आवश्यकता नहीं समझता, किन्तु पत्नी को राजनीतिक क्रियाकलापों में भाग लेने की लिए पति से अनुमति लेनी पड़ती है। यदि पत्नी बिना अनुमति अथवा पति के मना करने पर भी राजनीतिक क्रियाकलापों में भाग लेती है। तो वह पुरूष के लिए असहनीय हो जाता है उसके पति की अहं भावना को ठेस पहुचती है जबकी वास्तविकता यह है कि पिता, पति, पुत्र या अन्य पारिवारिक पुरूष सदस्यों के सहयोग के बिना महिलाओं की राजनीतिक क्रियाशीलता अत्यधिक दुष्कर है। भारत की 75 प्रतिशत जनता गाँवों में निवास करती है। ग्रामीण महिलाऐं घरेलू कार्य व सन्तानोत्पत्ति के आदर्श को अपनाते हुए परिवार की परिधि से बाहर निकलने के विषय में कम ही सोच पाती हैं, क्योंकी उनकी अपनी चेतना भी घर की चार दीवारों के भीतर ही सिमित है। उनका सम्पूर्ण सामाजीकरण मुख्य रूप से घर के भीतर के कार्यो की भूमिका के औचित्य का ही है।

घरेलू उत्तरदायित्व –निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सभी घरेलू गौण उत्तरदायित्वों को पूरा करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है भले ही उन्हें पंचायतीराज के किसी भी कार्य के लिए कहीं भी जाना हो, महिला प्रतिनिधियों का कहना है कि जब वे घर से बाहर चली जाती हैं तो घर का कार्य रह जाता है। महिलाऐं अपने घरेलु उत्तरदायित्वों से मुँह नहीं मोड़ सकती हैं। महिलाऐं ही घर की देखभाल, बच्चों व पालतु जानवरों की देखभाल करती हैं। पुरूष कभी भी उनके इन कार्यो में सहयोग करना पसन्द नहीं करता। चाहे घर के सभी सदस्य भूखे बैठे रहेंगे महिला देर–सवेर कहीं से भी आऐगी तो भोजन पकाने से लेकर घर के समस्त कार्यो की जिम्मेदारी उसी की मानी जाऐगी। परिणामस्वरूप 29.3 प्रतिशत महिला जनप्रतिनिधि घरेलु कार्यो के कारण पंचायत मीटिंगों में उपस्थित नहीं हो पाती तथा जनप्रतिनिधि के रूप में कुछ कार्यो को करना उनके लिए मुश्किल हो जाता है।

राजनीतिक अनुभव की कमी–महिला जनप्रतिनिधियों में से 30प्रतिशत

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

ने माना है कि उनको राजनीति का अनुभव नहीं है, इसलिए वे पंचायतीराज संस्थाओं के नियम व क्रियाकलापों के विषय में अधिक ज्ञान नहीं रखती, और न ही विकास सम्बन्धी कार्यो का अनुभव होने के कारण वे अपने जनप्रतिनिधित्व से सम्बन्धित कर्त्तव्यों का पूर्ण पालन कर पाती हैं। अध्ययन की गई महिलाओं में 25.2 प्रतिशत महिलाऐं परिवार एवं रिष्तेदारों की राजनीतिक महत्वाकांशा के कारण ही राजनीति में सदस्य बनती हैं। लगभग 78.8 प्रतिशत महिला जनप्रतिनिधि बाहर की दुनियाँ के विषय में अपने पति व पारिवारिक सदस्यों से सुचनाऐं प्राप्त करतीं हैं। 16.67 प्रतिशत महिलाऐं चुनाव प्रचार के दौरान स्वयं अपने लिए कभी वोट मांगने गई ही नहीं। 44.1 प्रतिशत महिलाओं ने पंचायतीराज की जानकारी पंचायती राज प्रशिक्षणों से ही प्राप्त की है। पुरूषों को महिलाओं की तुलना में अधिक राजनीतिक अनुभव होने का मुख्य कारण है कि पुरूष का कार्यक्षेत्र घर के बाहर माना जाता है जबकि महिलाऐं घर तक ही सीमित रह जाती हैं।

महिलाओं में व्यक्तिगत रूचि का अभाव –पंचायतीराज संस्थाओं में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों में से 24.8 प्रतिशत महिला जनप्रतिनिधियों में पंचायतीराज संस्थाओं में कार्य करने के प्रति रूचि नहीं पायी गयी है। क्योंकी अध्ययन की गई महिलाओं में से 23.0 प्रतिशत के परिवार में से पुरूष सदस्य किसी न किसी प्रकार से राजनीतिक से जुड़े रहें हैं। इन महिलाओं के परिवारों में पूर्व से ही राजनीति परिवेशश था जिसके कारण इनको पुरूष सदस्यों ने राजनीति में न रहते हुए भी राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का माध्यम बनाया।

महिला आरक्षण व्यवस्था में चक्रानुक्रम (रोटेशन) पद्धति–इस पद्धति के कारण कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं मौजूदा महिला आरक्षण प्रणाली के तहत पहली बार चुनी गई प्रतिनिधियों में से सिर्फ 14.3 प्रतिशत ही दूसरी या तीसरी बार गैर आरक्षित चुनाव क्षेत्र से चुनी जाती हैं, जबकी पुरूषों में यह प्रतिशत 37 था। पहली बार चुनी गई 85.5 प्रतिशत महिला प्रतिनिधियों के लिए उनके राजनीति में प्रवेश करने में आरक्षण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किन्तु आरक्षण की घूर्णन प्रक्रिया के कारण दूसरी बार महज 14.3 प्रतिशत महिलाऐं ही चुनी गई, जिन महिला प्रतिनिधियों से बात की गई, उनमें से 11 प्रतिशत ने पुन: चुनाव लड़ा लेकिन पराजित हुई, जबकी 39 प्रतिशत ने रोटेशन के कारण चुनाव लड़ा ही नहीं। स्पष्ट है कि पुन: चुनाव न लड़ने का यह प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की रोटेशन व्यवस्था पर पुन:विचार की ओर संकेत करता है।

महिलाओं की आर्थिक पराधीनता – महिलाओं की आर्थिक पराधीनता भी राजनीतिक क्रियाशीलता में महत्वपूर्ण बाधक तत्व है। नारी की आर्थिक पराधीनता मूलरूप से महिलाओं की राजनीतिक क्रियाशीलता में ही नहीं वरन् महिलाओं की निम्न स्थिति एवं उनकी पराधीनता का भी मूल कारण है। यह समाज का नियम है कि उत्पादन के साधनों पर जिसका भी वर्चस्व होता है, वही निर्णयात्मक स्थिति में होता है। आदि कृषि पर आधारित समष्टिमूलक मातृ सत्तात्मक अनार्य, द्रविड़ कबीले, पितृ सत्तात्मक पशुपालक आर्य कबीले से परास्त हो गये। पशुओं के स्वामी व लोहे की कला के माहिर आर्यो ने जब हल बैल से खेती प्रारम्भ की तो सारी व्यवस्थायें बदलने लगी। मातृसत्तात्मकता, पितृसत्तात्मकता में परिवर्तित होने लगी और आर्थिक परतन्त्रता ने उन्हें पूर्ण रूप से पराधीन बना दिया। मध्ययुग के सामंती काल तक आते–आते नारी मात्र पुरूष के उपभोग की ही वस्तु बन कर रह गई।

असुरक्षा का भय:–दिन–प्रतिदिन देश में महिलाओं के विरूद्ध अनैतिक एवं हिंसक वातावरण के कारण समाज में असुरक्षा का भय व्याप्त होता जा रहा है, जिसके कारण पंचायतीराज व्यवस्था में महिला जनप्रतिनिधियों का कार्य व व्यवहार भी प्रभावित होता रहा है। महिला प्रतिनिधियों के साथ छेड़छाड़, बलात्कार, यौन शोषण, मारपीट, तथा अन्य हिंसात्मक अपराध इत्यादि की घटनाऐं समय–समय पर सामने आती रहीं हैं। उदाहरण के लिए – 14 जुलाई 2007 को आन्ध्रप्रदेश के गोदावरी जिले की श्रंगवृक्षम पंचायत की महिला सदस्य धूला रत्नम को षड़यंत्रपूर्वक जिन्दा आग में जला दिया गया। राजस्थान में टोंक जिलें के एक गाँव की महिला सरपंच छवि राजावत तथा उनके पिता के साथ विपक्षी गुट ने रंजिश के कारण मारपीट की। इस तरह के अनगिनत उदाहरण दिये जा सकते हैं जो महिलाओं के विरूद्ध असुरक्षा का वातावरण बनाते हैं। और ऐसे वातावरण में महिलाओं को घर के बाहर निकलकर कर पंचायतों के कार्य हेतु विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटना, दूसरे शहर जाकर रात्रि ठहराव करना असुरक्षित महसूस होता है। इसका प्रभाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है जिसके कारण उनका राजनीति से मोहभंग होता है। तथा उनके पद सम्बन्धी क्रियाकलाप भी प्रभावित होते हैं। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि पंचायतीराज व्यवस्था की प्रगति में ये तत्व बाधक बन रहे हैं साथ ही ये पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं।

पंचायतीराज व्यवस्था के सफल संचालन में आने वाली सामान्य बाधाऐं

वित्तीय संसाधनों की निश्चितता – वित्त ही आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्थाओं का आधार है। पंचायतीराज संस्थाओं की मूल समस्या सम्प्रभूता की कमी तथा वित्तीय संसाधनों का अभाव है। विशेषत: ग्राम पंचायतों के पास ऐसे कोई ठोस संवैधानिक कर लगाने की शक्ति या क्षेत्र नहीं है, जो इन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ कर सके। कुछ केन्द्रीय योजनाओं तथा राज्य सरकारों के द्वारा देय अनुदानों के आधार पर ही पंचायतों का वित्तीय संचालन हो पाता है। तमिलनाडू सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों, पंचायत संघों (समिति) तथा जिला पंचायतों (परिषद्) को 10:45:45: के अनुपात में वित्तीय सहायता दी जाती है। ग्राम पंचायत को जहां सर्वाधिक अनुदान की आवश्यकता है, उसे ही सबसे कम अनुदान मिल रहा है। ग्राम पंचायतों की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए ऐसे संवैधानिक उपबन्ध करने की आवश्यकता है, जिससे की ग्राम पंचायत को कर लगाने का विशिष्ट क्षेत्र तथा अधिकार मिल जाए। उदाहरण स्वरूप गाँव से गुजरने वाले वाहनों, दुकानों, मेलो, संस्थाओं, आयोजनों तथा व्यवसायों इत्यादि पर ग्राम पंचायत को कर लगाने का एकाधिकार देना चाहिये। ताकि अन्य कोई सरकार या संस्था इन विषयों पर कर एकत्र न कर सके। जन आक्रोश की आशंका में ग्राम पंचायतें 'गृहकर' भी नहीं वसूलती हैं, जबकी गृहकर का रूपया गाँव विकास में प्रयुक्त होते देख अधिकांश ग्रामवासी सहर्श शुल्क प्रदान करतें है। पंचायतीराज तथा नगरीय स्वशासन संस्थाओं की वित्तीय समस्याओं के समाधान के लिए राज्य वित्त आयोग के गठन का प्रावधान कर दिये जाने से एकायक ऐसा लगता है कि इन संस्थानों की वित्तीय स्थिति सुधरने ही वाली है, किन्तु सच्चाई यह है कि अधिकांश राज्यों में प्रथम वित्त आयोगो ने केवल अनुदान की दर बढ़ाने अथवा राज्य के कुल बजट का 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय संस्थाओं को देने की शिफारिशें की हैं। स्थायी रूप से वित्तीय स्त्रोत सुनिश्चित करने तथा नवाचार करने की दिशा में आयोग गम्भीर मनन तथा ग्रामीण क्षेत्रों का अध्ययन नहीं कर पाये। वस्तुत: सत्ता के विकेन्द्रीकरण के भारत में केवल नारे लगते हैं। प्रत्येक शीर्ष सत्ता चाहती है कि उसके अधीन कार्यरत संस्था या संरचना उसके निर्देशों के अनुसार चलें तथा आत्मनिर्भर न बन पाये क्योंकी यदि निम्न स्तरीय सत्ता ही आत्मनिर्भर

हो गई तो उच्च सत्ता का महत्व ही क्या रह जाता है।

नौकरशाही व्यवस्था में यथोचित संशोधन–पंचायतीराज व्यवस्था के समुचित विकास व जन –प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान प्रशासनिक कार्य प्रणाली में यशोचित संशोधन आवश्यक है। ग्राम पंचायतों के द्वारा विकास कार्यो को मूर्त या व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करने में नौकरशाही व्यवस्था साधक के स्थान पर बाधक ही अधिक सिद्ध हुई है। सैद्धान्तिक दृष्टि से पंचायतीराज संस्थाऐं अधिकार सम्पन्न कुशल तथा सक्षम दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। राजस्थान के झालावाड़ जिले के एक सरपंच ने राज्य सरकार के पास अपना त्यागपत्र भेजते हुए प्रार्थना की थी कि उसे सरंपच के पद से मुक्त करके 'कृपया 'ग्रामसेवक' पद पर नियुक्ति दी जाए' सरपंच की यह वेदना भारत में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण का कटु यथार्थ है हमारी त्रासदी यह है कि प्रत्येक नीति योजना या कार्यक्रम का निर्माण उच्च स्तरीय लोकसेवकों या नौकरशाहों द्वारा होता है। यही नौकरशाही इस तथ्य को भली–भाँती समझती है कि किन प्रावधानों के माध्यम से वह जनप्रतिनिधियों पर हावी रह सकती है। अत: पंचायतीराज संस्थाओं के प्रत्येक चरण तथा प्रत्येक गतिविधि में सरकारी कर्मचारियों की अनुमति आवश्यक बना दी गई है, जबकि संविधान में 29 विषय ऐसे रखे गए हैं, जो प्रत्यक्षत: पंचायतीराज संस्थाओं के अधीन होने चाहिये। इस दिशा में राजस्थान सहित कुछ प्रान्तों में आधे–अधूरे ढंग से विषयों का हस्तान्तरण हुआ है। अत: पंचायतों के निर्माण कार्यो में केवल ग्रामीणों की स्वीकृति ही पर्याप्त मानने का प्रावधान कर देना चाहिये ताकि भ्रष्टाचार को पनपने का अवसर नहीं मिल सके तथा कम से कम वे जनप्रतिनिधि जो ईमानदार, परिश्रमी तथा कर्त्तव्य निष्ठ है उन्हें कठिनाईयों का सामना नहीं करना पडे।प्रशासनिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार को खत्म करने हेतु सरकार को कड़ें कदम उठाने चाहिऐ

जनप्रतिनिधियों पर यथोचित नियंत्रण–ग्राम पंचायतों में पंच तथा सरंपच एक ही दल के हों तथा उनकी आपसी समझ सुदृढ़ हो तथा वे अनैतिक कार्यो में लिप्त हो जाये। तो उन्हें किस प्रकार नियन्त्रित किया जाए, इसकी व्यवस्था पंचायतीराज प्रणाली में नहीं है। इसी प्रकार सरपंच व पंचों को जवाबदेह बनाने के लिए सशक्त विपक्ष की व्यवस्था भी नहीं है। अत: यह नहीं कहा जा सकता है कि पंचायतीराज व्यवाहरिक रूप में लोकतान्त्रिक व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण है। भारत में पंचायतीराज संस्थाओं के त्रिस्तरीय ढांचे के प्रारम्भ की अनुशंसा करने वाली बलवन्तराय मेहता समिति ने इन संस्थाओं के प्रारम्भ से पूर्व ही प्रशासनिक अकुशलता, भ्रष्टाचार तथा प्रमुख जातियों के एकाधिकार की आशंका प्रकट कर दी थी। समिति ने यह सुझाया था कि इन समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए पंचायतीराज के प्रशासनिक, संगठनात्मक तथा संरचनात्मक ढांचे में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किये जाने चाहिये। राजस्थान में तो संविधान संशोधन अधिनियम के पश्चात् पंचायत के सदस्यों हेतु साक्षरता का उपबन्ध भी हटा दिया गया है। शिक्षा के प्रसार तथा पंचायतों की कार्य कुशलता के लिए यह आवश्यक है कि सरपंच एवं पंच अधिक शिक्षा प्राप्त चाहे न हो, तो कम से कम साक्षर अवश्य हो, ताकि वे सरकारी आदेश एवं योजना नियम इत्यादि पढ़ और समझ सकें। मध्यप्रदेश, बिहार, पंजाब, तथा हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों ने 'न्याय पंचायत' या ग्राम कचहरी को भी समाप्त कर दिया है, जबकि आज भी अधिकांश मामले ग्राम पंचायतें स्वयं निपटाने में सक्षम है तथा उनमें ऐसा करने की स्वाभाविक रूचि एंव प्रवृति भी दिखाई देती है क्योंकी ऐसा बहुत बार होता है, जब सामाजिक मूल्यों तथा परम्पराओं का उल्लंघन होने पर उस प्रकरण का निस्तारण केवल स्थानीय स्तर की संस्था ही कर सकती है। जनता, जनप्रतिनिधि को जो भी जिम्मेदारी देती है उसका उन्हें अहसास होना चाहिये जिला प्रमुखों, प्रधानों को गाँव–गाँव में दौरे करने चाहिये। वहाँ रात्रि विश्राम करना चाहिए, ऐसा करने पर उन्हें जनता से फीडबैक मिलेगा। यह फीडबैक जनप्रतिनिधि उपर तक भेजें ताकि सही तस्वीर सामने आ सके।

जन सहभागिता में वृद्धि–सामुदायिक विकास कार्यो को गति एवं सफलता प्रदान करने के लिए स्थानीय जन–समूह का समर्थन तथा सहयोग नितान्त आवश्यक है। प्रथम पंचवर्षीय योजना से लेकर अद्यतन निर्मित सभी कार्यक्रमों में जन–सहभागिता बढ़ाने की ओर ध्यान देने का आग्रह किया जा रहा है, किन्तु वास्तविकता यह है कि शासन के कार्यों में जनता की भागीदारी लगभग नगण्य रहती है। और परिणामस्वरूप वह कार्यक्रम पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं कर पाता है। परिवार नियोजन की अवधारणा का प्रचार, शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति चेतना, बाल–विवाह की रोकथाम, दहेज पर प्रतिबन्ध, भ्रष्टाचार नियन्त्रण तथा अन्य बहुत से सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में जनता की सहभागिता व्यापक रूप से सुनिश्चित न होने के कारण ही इन कार्यक्रमों को वांछित सफलता प्राप्त नहीं हुई है। राजनीतिक तथा प्रशासनिक कारणों से जनता तथा शासन के मध्य एक खाई खुदी रहती है। एक ओर शासन अपने कार्यो में गोपनीयता, कठोरता तथा संकीर्णता की प्रवृत्तियां अपनाता है वहीं दूसरी और जन–साधारण अपने को स्वतन्त्र देश का नागरिक समझते हुऐ प्रत्येक कल्याणकारी कार्य का दायित्व केवल सरकार के कंधो पर रखना चाहता है। शासन सत्ता में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना के लिए महिलाओं को एक–तिहाई स्थानों (राजस्थान में 50 प्रतिशत) पर तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछडें वर्गो को उनकी जनसंख्या के अनुसार आरक्षण दिया गया है।महिला तथा आर्थिक सामाजिक रूप से पिछड़ी जातियों को पंचायतीराज संस्थाओं में मिले प्रतिनिधित्व के पष्चात् जन–सहभागिता में नि:सन्देह अभिवृद्धि होनी अपेक्षित है।

प्रोत्साहन योजनाऐं –राजस्थान राज्य वित्त आयोग (प्रथम) की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने श्रेष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथ जिला परिषदों को पुरस्कृत करने की योजना शुरू की थी। योजनान्तर्गत राज्य स्तर पर गरीबी उन्मूलन तथा विकास कार्यक्रमों की समयबद्ध क्रियान्विति करने वाली जिला परिषदों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: आठ, पांच, तथा तीन लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। तथा संभाग स्तर पर पंचायत समितियों को क्रमश: पांच, तीन तथा दो लाख रूपये एवं जिले में ग्ग्रम पंचायतों को दो लाख तथा पचास हजार रूपये के तीन पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। चूंकि पुरस्कार एक प्रेरणा का कार्य करता है, अत: बहुत–सी ग्राम पंचायतें इस योजना की घोषणा के पष्चात् सक्रिय हो चुकी हैं। राजस्थान सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा भी ग्राम पंचायतों के लिए एक प्रोत्साहन योजना संचालित हो रही है। अनुसूचित जाति कल्याण एवं विकास से सम्बन्धित कार्यक्रमों में श्रेष्ठता प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों को राज्य स्तर पर 50 हजार का प्रथम पुरस्कार तथा 25 हजार का द्वितीय पुरस्कार एवं जिला स्तर पर पंचायत को तीस हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस प्रकार की योजनाओं में कारण प्रतियोगिता की कुशलता विकसित हो सकती है। इसी प्रकार केन्द्रीय पंचायतीराज मन्त्रालय भी श्रेष्ठ कार्य करने वाली पंचायतीराज संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान करता है। एक अन्य क्रांन्तिकारी कदम के माध्यम से आन्ध्रप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र एवं राजस्थान में पंचायतों के माध्यम से

जनसंख्या नियंत्रण का कार्य किया गया है। राजस्थान पंचायतीराज एक्ट 1994 के अनुसार कोई भी सदस्य जिसके दो से अधिक सन्तान होगी वह इस व्यवस्था में सम्मिलित नहीं हो सकेगा। इस कानून के माध्यम से जनप्रतिनिधि छोटा परिवार रखने के लिए विवश हो रहे हैं। तथा इसका सीधा प्रभाव आम जनता पर पड़ता है।

निष्कर्षत: ग्राम पंचायतों के माध्यम से गाँवों के सर्वागीण विकास को गति प्रदान करने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि पंचायतीराज संस्थाओं की संरचना एवं कार्य प्रणाली का विषद अध्ययन कर तुलनात्मक रूप से श्रेष्ठ पाये जाने वाले प्रावधानों को राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वित किया जाए, ताकि बापू का ग्राम स्वराज का सपना साकार हो सके। यह भी आवश्यक है कि 'पंचायती' (विवाद निस्तारण में मध्यस्थता) तथा 'राज' (सत्ता) को एक स्थान पर लाया जाए। अभी स्थिति यह है कि पंचायत का काम तो ग्राम पंचयतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों को सौंप दिया गया है। जबकी 'राज' नौकरशाही के पास है।

पंचायतीराज जन प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव

पंचायतों की कार्य प्रणाली को सुव्यवस्थित करने व समस्याओं को दूर करने हेतु निम्नलिखित सुझाव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किये गऐ हैं।

1. पंचायतों के सुदृढीकरण हेतु सभी वर्गो के व्यक्तियों में एकता, सहयोग तथा सामंजस्य की भावना बढाकर, आर्थिक विषमता को दूर कर, विभिन्न दृष्टिकोणों, क्षेत्रों व संस्थाओं के बीच संवाद नियोजन किया जाये।
2. पंचायत जनप्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण सुविधाऐं उपलब्ध करवायी जानी चाहिये।
3. पंचायतीराज संस्थाओं की निजी आय में वृद्धि हेतु इन संस्थाओं को करारोपण की अधिक छूट दी जाऐं तथा मण्डी टेक्स के नियमों में प्रावधित अनुपातिक राशि पंचायतीराज संस्थाओं को उपलब्ध करवाई जाये।
4. अधिकांश पंचायत समितियाँ तथा पंचायतें स्टाफ की कमी से जूझ रही हैं। अत: तत्काल रिक्त पद भरे जाऐं एवं पंचायत समितियों में निष्पादित किये जाने वाले कार्यो के आकार को दृष्टिगत रखतें हुए अपेक्षित स्टाफ उपलब्ध करवाया जाए।
5. पंचायतीराज संस्थाओं के तीनों स्तरों पर अदालती मुकदमों की भरमार है। ऐसी परिस्थिति में विकास अधिकारी सहित बहुत से कार्मिकों का समय अदालतों में नष्ट होता है। तथा इन अधिकारियों को विधि सम्बन्धी जानकारी भी नहीं है। अत: सुझाव है कि जिला परिषद् तथा पंचायत समिति स्तर पर विधि परामर्षी का पद सृजित किया जाए।
6. तीनो स्तरों की पंचायतीराज संस्थाओं के अधीन कार्यरत लोकसेवकों का जब सम्बन्धित विभाग स्थानान्तरण करें तो पंचायतीराज संस्थाओं से अवष्य परामर्ष किया जाना चाहिये।
7. ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामसेवक के अतिरिक्त एक अन्य लिपिक तथा सहायक कर्मचारी भी पदस्थापित किया जाना चाहिये।
8. ग्राम सभा में लिए गए निर्णयों का सम्मान होना चाहिये तथा उसके अनुरूप किसी कार्य की क्रियान्विति हो तो उस पर रोक नहीं लगनी चाहियें।
9. पंचायतों से जुड़े समस्त लोकसेवकों की कार्यप्रणाली का अंकेक्षण किया जाना चाहिये।
10. विकासात्मक सूचनाओं का शीघ्रातिषीघ्र गाँव तक व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिये।
11. पंचायतों में बढ़ती औपचारिकताओं को कम किया जाये तथा पंचायत में प्रत्येक सदस्य को मार्गदर्शिका उपलब्ध करवायी जानी चाहिये।
12. पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में मतदान व्यवस्था को अनिवार्य करते हुए उन मतदाताओं पर 50 रूपये तक का दण्ड लगाया जाना चाहिये जो मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेते हैं इससे राजनीतिक सत्ता पर योग्य प्रतिनिधि ही आरूढ़ होंगे और राष्ट्र एक निश्चित दिशा में प्रगति कर सकेगा।
13. स्थानीय स्तर पर सभी संसाधनों (मानव, प्राकृतिक तथा आर्थिक) पर नियत्रण करके उनका पंचायत द्वारा विकास किया जाये, इस तथ्य पर जोर दिया जाना चाहिए जिससे इन संसाधनों के दुर उपयोग को रोका जा सकें।
14. किसी भी पंच या संरपच के वर्ष की एक तिहाई बैठकों से अधिक में अनुपस्थित रहने पर उसका पद रिक्त किये जाने की कार्यवाही की जानी चाहिये।
15. वित्तीय व्यवस्था को सुधारने हेतु पंचायतों को ऋण की सुविधायें प्रदान की जानी चाहिये जिसके लिए पंचायतीराज वित्त निगम का गठन किया जाना चाहिये।
16. साक्षरता, आयु इत्यादि के साथ-साथ प्रधान तथा सरंपच के लिए कुछ निश्चित वर्ष तक के अनुभव को भी उसकी योग्यता या पात्रता मापदण्ड में निर्धारित किया जाना चाहिये।
17. पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों को राजनीति में सक्रियता तथा जागरूकता हेतु प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये।
18. जन सामान्य में विशेष मुद्दों के प्रति जागरूकता एवं दिलचस्पी पैदा की जानी चाहिये तथा उन्हें अहसास करवाया जाना चाहिये कि ये सभी विकास कार्य उन्हीं के लिए किये जा रहे हैं। ग्रामीण जनता को व्यक्तिगत या सामुदायिक स्तर पर जनकल्याण के कार्यक्रमों में भूमिका अदा करने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिये। सरकार या सम्बन्धित योजना विभाग के लिए यह आवश्यक है कि वे जनसामान्य को किये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी दें क्योंकी जानकारी से उनमें सार्वजनिक राजकार्य के प्रति जागरूकता आयेगी व इससे उत्प्रेरण होगा और उत्प्रेरण का परिणाम सकल कार्यवाही पर क्रियान्वित होगा।
19. जिस किसी क्षेत्र में विद्युत कटौती की जाए या कोई महत्वपूर्ण कार्यक्रम हो तो सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को भी सूचित किया जाना चाहिये।
20. शहरी क्षेत्रों के समीप स्थित ग्राम पंचायतों के सरपंचो को सम्बन्धित नगर विकास न्यास में प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिये।
21. पंचायतीराज संस्थाओं में विशेषत ग्राम पंचायत स्तर पर अतिक्रमण मुकदमें तथा विवादों की बहुत सारी परिस्थितियाँ उत्पन्न होती है। अत: ग्राम पंचायत स्तर पर पुलिस कर्मचारी भी उपलब्ध करवाऐ जाने चाहिये।
22. ग्राम पंचायतों में नियुक्त किये गए ग्राम सेवक विभिन्न विभागों से आए अधिशेष कर्मचारी यथा-केटल गार्ड, नाका गार्ड आदि लगाये गये हैं, जिन्हें पंचायतीराज की कार्यप्रणाली का न तो अनुभव है और न ही उनमें पर्याप्त कौशल है। इस प्रकार के अक्षम कर्मचारियों से ग्राम पंचायतों का कार्य निष्पादित नहीं हो सकता है। बेहतर कार्य निष्पादन हेतु ग्राम सेवक पद पर कम से कम स्नातक स्तर का व्यक्ति पदस्थापित किया

जाना चाहिये।

23. पंचायतों को दिये गये दायित्वों के सफल निष्पादन हेतु समस्त स्तर के जनप्रतिनिधियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित की जानी चाहिये।
24. ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में मस्टरोल (एम0बी0, माप पुस्तिका) उपयोगिता प्रमाण पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र, निविदा, वाउचर, फोटो तथा अन्य बहुत सारी प्रक्रियाओं के कारण ग्राम पंचायत स्तर पर जटिलताऐं उत्पन्न हो गई हैं। अतः सुझाव है कि इन प्रक्रियाओं में सरलता लायी जाए। केवल पूर्ण कार्य की माप एवं गुणवत्ता के आधार पर मूल्यांकन होना चाहिये।
25. पंचायत समिति तथा जिला परिषद सदस्यों और पंचो को जो मानदेय दिया जा रहा है। वह नाममात्र का है। इसके अभाव में ये सदस्य पंचायतीराज संस्थाओं में अपनी रूचि प्रदर्शित नहीं कर पा रहे हैं।
26. विकास अधिकारी का पद किसी भी स्थिति में प्रतिनियुक्ति पर नहीं भरा जाना चाहिये। अपितु इस पद हेतु राजस्थान विकास सेवा का गठन करके एक स्थायी तथा सक्षम अधिकारी पदस्थापित किया जाना चाहिये।
27. ग्रामसभा में कोरम की न्यूतम अनिवार्यता को कठोरता से लागू किया जाना चाहिये इस प्रयोजन हेतु ग्राम सभा बैठक की तिथि पर्याप्त समय पूर्व तय की जानी चाहिये और व्यापक प्रचार–प्रसार की कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिये ताकि ग्रामसभाऐं अपने निर्दिष्ट दायित्वों को पूर्ण करने में सफल बन सके। बी0पी0एल0 के चयन के समय ग्रामसभा पूर्ण कोरम को सुनिश्चित करने के लिए एक राजपत्रित अधिकारी ग्राम सभा में अवष्य पहुचना चाहियें।
28. क्षेत्रीय भ्रमणों के लिए जिला प्रमुख तथा प्रधान को वर्तमान में उपलब्ध वाहन सुविधा में कई शर्ते लगा रखी हैं, फलस्वरूप ये जन प्रतिनिधि इस तरह के नियमों के कारण असुविधा महसूस करतें हैं। बेहतर पर्यवेक्षण की दृष्टि से उन्हें स्थायी रूप से वाहन उपलब्ध करवाया जाए ताकि ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण बेहतर ढंग से हो सके।
29. प्रधान तथा जिला प्रमुख के पास स्वयं का निजी स्टाफ होना चाहिये जिसमें एक निजी सहायक, एक टाइपिस्ट तथा एक सहायक कर्मचारी अवश्यक हो।
30. विभागों के हस्तान्तरण के समय पर्याप्त मात्रा में बजट तथा विभाग से सम्बन्धित तकनीकी उपकरणों एवं संसाधनों का भी हस्तान्तरण होना चाहिये।
31. पंचायतीराज संस्थाओं को जिन विभागों का हस्तान्तरण किया जाए, वह विस्तृत, सम्पूर्ण तथा स्पष्ट दिशा निर्देशों के साथ अपेक्षित स्टाफ एवं बजट सहित हस्तान्तरित किया जाए। वर्तमान में कोष कार्य तथा कार्मिकों के आधे –अधूरे हस्तानतरण के कारण निचले स्तर पर असमंजस की स्थिति अनुभव की जा रही है।

महिला जनप्रतिनिधियों के राजनैतिक सशक्तिकरण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के उपाय – महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण से यहाँ पर यह तात्पर्य नहीं कि सम्पूर्ण नारी समाज राजनीति के खेमें में ही कूद पडे और सत्ता का उपयोग करें अपितु आवश्यकता इस बात की है कि महिलाओं को पुरूषों के समकक्ष समाज में सम्मान दिया जाए एवं उन्हें भी महत्वपूर्ण समझा जाए। उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रवेश करने के समान अवसर उपलब्ध करवाये जाऐं, जिससे वे एक सजग प्रहरी की भाँति राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश कर नारी वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा करने के साथ–साथ, देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सकें। नारी की वर्तमान स्थिति को दृष्टि में रखते हुए, यदि निम्नांकित प्रयास किये जाऐं तो महिलाऐं अन्य क्षेत्रों की भांति राजनीति के क्षेत्र में भी प्रवेष कर महिला वर्ग के सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ–साथ देश के विकास में भी निष्चय ही अपना बहुमूल्य योगदान दे सकेंगी।

73 वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को मिले एक –तिहाई आरक्षण के पश्चात् राजस्थान में हुए चुनावों में वे न केवल बड़ी संख्या में दूसरी बार चुनकर आयी हैं अपितु उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है। इसे और अधिक सफल व प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं।

1. **प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार –** यद्यपि अनेक प्रशिक्षण संस्थान विकास कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण सम्बन्धी कई तरह की अत्यंत आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में लगे हुए हैं। लेकिन स्वशासन की प्रक्रिया से जुडे पंचायतीराज महिला जनप्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं की कमी अब भी महसूस की जा रही है। इसलिए दो प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए आवश्यक नीति बनायी जानी चाहिये, प्रथम महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी जिम्मेदारी और स्वशासन प्रक्रिया को स्पष्ट में न समझ पाने की समस्या का समाधान, द्वितीय पंचायतीराज प्रणाली के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए प्रशिक्षण की कारगर नीति और विधियों का विकास। अक्सर यह देखने में आता है कि महिला जनप्रतिनिधियों में पंचायतीराज संस्थाओं के कार्य एवं उनके अधिकारों व कर्त्तव्यों की जानकारी का अभाव पाया गया है इसलिए आवश्यक है कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक गहन प्रशिक्षण आयोजन किये जाये तथा आयोजित प्रशिक्षणों में व्यवहारिक जानकारी अधिक दी जाये तथा महिलाओं को खुला वार्तालाप करने एवं उनकी शंकाओ के समाधान करने आदि की प्रशिक्षण में पूर्ण व्यवस्था हो, प्रशिक्षण ग्राम पंचायत एवं जिला स्तर पर समय–समय पर आयोजित किये जाने की समयबद्ध सारणी निर्धारित की जाये।महिला जनप्रतिनिधियों को पंचायतीराज संस्थाओं में उनके संवैधानिक अधिकारों एवं दायित्व शक्तियों ओर कर्त्तव्यों की जानकारी दी जानी चाहिय
2. **शिक्षा व साक्षरता अभियान –** पंचायतीराज महिला जनप्रतिनिधियों का अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन तथा राजनीतिक सहभागिता में अभिवृद्धि हेतु शिक्षित होना आवश्यक है। अतः शिक्षा के प्रसार व साक्षरता सम्बन्धि अभियान चला कर पंचायतीराज संस्थाओं की महिला जनप्रतिनिधियों को पूर्णतः साक्षर बनाने का अभियान चलाया जाना चाहिये। स्वयंसेवी संगठन षिक्षण संस्थाओं के अतिरिक्त राष्ट्रीय साक्षरता मिषन भी दूर दराज के अविकसित क्षेत्रों में विशेषतः, अशिक्षित महिला प्रतिनिधियों को साक्षर बनाने व जन कार्यो के सम्बन्ध में अवगत करवाने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।पंचायत संस्थाओं के चुनाव में सम्मिलित होने हेतु शिक्षा सम्बन्धी कानून लागू करके शिक्षित महिला जनप्रतिनिधि प्राप्त कर सकती है। शिक्षा ज्ञान का ही नहीं अपितु गुणों व संस्कारों की प्राप्ति का माध्यम है अतः जब शिक्षित महिला जनप्रतिनिधि चुन कर आऐंगी तो पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका सही अर्थों में सार्थक
3. **नियमित वेतन भत्तों की व्यवस्था –** किसी भी पद पर कार्यरत कार्मिक वह चाहे सरकारी कर्मचारी हो अथवा जनप्रतिनिधि तब तक कार्य करने के लिए प्रेरित नहीं होगा जब तक उसे कोई आर्थिक लाभ या भत्ता

प्राप्त नहीं हो रहा हो। पंचायतीराज संस्थाओं में जनप्रतिनिधियों को नाममात्र के वेतन भत्तो तथा वाहन सुविधा निश्चित दिनों के लिए शर्तों के साथ मिल रही है। सांसद तथा विधायक भी जनप्रतिनिधि होते हैं तथा पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि भी जन प्रतिनिधि ही होते हैं। जब उन्हें अच्छा वेतन तथा भत्ते तथा अलग से सांसद विधायक कोष मिल रहा है। तो पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी अलग से कोष नहीं तो कम से कम जायज मेहनताना अवश्य मिलना चाहिये।

वित्तीय अधिकार– पंचायतीराज संस्थाओं को आवंटित राशि से विकास कार्यों हेतु जो राशि सीधी ग्राम पंचायत को भेजी जाती है, उसमें से कुछ निष्चित भाग वार्ड सदस्यों को आवंटित कर दिया जाना चाहिये तथा पंचायतीराज संस्थाओं एवं जिला परिषद सदस्यों को भी अलग से राशि आवंटित की जाये ताकि वे अपने कोटे की आवंटित राशि में से विकास कार्य करवा सकें। वर्तमान में केवल सरपंच ही वित्तीय अधिकार रखता है। अन्य सदस्यों के पास आर्थिक शक्तियाँ नहीं हैं। वित्तीय शक्तियों के अभाव में अन्य सदस्यों की भूमिका नगण्य रहती है। अत: प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधि को वित्तीय अधिकार दिये जाने चाहिये।

4. विशेष ग्राम सभा – समय–समय पर केन्द्र व राज्य सरकारें महिलाओं से सम्बन्धित मुद्दों पर ध्यानाकर्षण के लिए विशेष प्रयत्न करती रहीं हैं। इसी प्रकार का प्रयत्न, अक्टूबर 2012 में किया गया जब सभी ग्राम पंचायतों से अक्टूबर, 2012 में किसी भी दिन महिला केन्द्रित मुद्दों पर सभा आयोजित करने का अनुरोध किया गया। इसी प्रकार के और प्रयत्न करने की आवश्यकता है। इस प्रकार की पंचायतें एवं महिला सभा, बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याओं को दूर करने के लिए विशेष कार्यवाही करेंगी। जैसे सार्वजनिक स्थलों पर उत्पीड़न, घरेलू हिंसा समय से पूर्व मातृत्व, भोजन एवं चिकित्सा सेवा का अपर्याप्त प्रबन्ध इत्यादि। इस प्रकार के प्रयत्न करने से न केवल पंचायत महिला प्रतिनिधि अपितु समस्त महिला समाज लाभान्वित होगा। तथा महिलाऐं सशक्तिकरण की दिशा में एक ओर कदम उठायेंगी। इस प्रकार विशेष महिला ग्राम सभाओं के आयोजन से महिला जनप्रतिनिधि व ग्राम पंचायतों की महिलाओं में आत्मविश्वास जगेगा। जिसका लाभ समस्त समाज को होगा।

5. पारिवारिक उत्तरदायित्वों को सहज बनाया जाए– परिवार समाज की महत्वपूर्ण इकाई है, और महिला परिवार में धूरी की भूमिका अदा करती है। प्रकृति ने महिला को संतति–जनन का जो विशेष उत्तरदायित्व सौंपा है, उसके कारण परिवार में माँ, पत्नी बहू, के नाते पूरे परिवार के घरेलू उत्तरदायित्वों का भार महिला के उपर आ पड़ता है।

हमारे देश की सामाजिक संरचना एवं परम्पराऐं भी स्त्री एवं पुरूष के प्रति सामान व्यवहार नहीं करती। जबकि शिशु जन्म के लिए स्त्री एवं पुरूष दोनों ही पूर्ण रूप से उत्तरदायी होते हैं, इसलिये उनके पालन–पोषण का पूर्ण उत्तरदायित्व पति और पत्नी दोनों का ही है। न कि केवल महिला का। जबकी वर्तमान में महिलायें आर्थिक सहभागिता के लिये कन्धे से कन्धा मिलाकर पुरूष के साथ चलने एवं जीवन रूपी नाव को खेने में बराबरी का साथ निभाने का प्रयास कर रही है। ऐसी स्थिति में समस्त पारिवारिक उत्तरदायित्व केवल नारी पर ही छोड़ दिये जाए यह उचित नहीं है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि चाहे स्त्री हो या पुरूष दोनों ही पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक उत्तरदायित्वों को समान रूप से वहन करें। साथ ही आवश्यकतानुसार यथा सम्भव एक दूसरे को पूर्ण सहयोग करें, ताकि सम्पूर्ण राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके। महिलाओं की राजनैतिक क्रियाशीलता हेतु पारिवारिक सदस्यों का सामंजस्य भी अति आवश्यक है। पति–पत्नी ही नहीं अपितु परिवार के सभी सदस्यों को एक दूसरे की प्रतिभा, योग्यता को पहचानते हुए आपसी सौहार्द की भावना से उनकी निहित शक्तियों के प्रकटीकरण एवं उपयोग के अवसर प्रदान करते हुए प्रत्येक स्तर पर उदार, प्रगतिशील दृष्टिकोंण अपना कर यथासंभव उन्नति के पथ पर अग्रसर करने का प्रयत्न करना चाहिये। अधिकारों के साथ–साथ उत्तरदायित्वों को भी वहन करना होगा। किसी होड़ प्रतिद्वंदिता या नारेबाजी से नहीं, वैचारिक शक्ति का संबल लेकर सुनियोजित ढंग से सामाजिक परिवर्तन के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना होगा।

6. महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोंण का विकास– वर्तमान युग प्रतियोगिता का युग है। यद्यपि भारतीय कानून महिलाओं को पूर्ण समानाधिकार प्रदान करता है किन्तु अधिकांश महिलाओं की स्थिति आज भी अत्यन्त सोचनीय है आज भी हम सदियों पुरानी उन सड़ी गली रूढ़ियों एवं परम्पराओं में जी रहे हैं। जो महिलाओं की ही प्रगति में नहीं वरन् सम्पूर्ण देश के विकास में बाधक होने के साथ–साथ घातक भी सिद्ध हो रही हैं। अत: आवश्यकता इस बात की है कि बुद्धि एवं तर्क के आधार पर हम प्राचीन विकृत रूढ़ियों एवं परम्पराओं का परित्याग कर वैज्ञानिक ढंग से सोचने–समझने का प्रयास करें। ताकि हम स्वयं को विश्व उपयोगिता की दौड़ में अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर सकें।

वास्तविकता यह है कि महिलाओं के लिए हमने बडे-बडे पदो पर आसीन होने के मार्ग तो खोल दिए, किन्तु उनके प्रति एक गहरी व विस्तृत सोच रखने में अक्षम है। हम महिलाओं के प्रति अपने हृदय के द्वार अभी तक नहीं खोल पाए हैं। वह महिला चाहे किसी भी पद पर आसीन हो या फिर पंचायतीराज संस्थाओं से जुड़ी हुई महिला जनप्रतिनिधि हो, सभी के प्रति समाज विशेषकर पुरूष वर्ग की सोच नकारात्मक रहती है वे उनकी योग्यताओं और क्षमताओं पर बराबर सन्देह करतें रहते हैं। यहाँ तक की उनका अपना परिवार भी उनके प्रति पूर्वाग्रहों से ग्रस्त रहता है निर्बल मान कर उन्हें संरक्षित करने का प्रयास करता है। ये बात और है कि संरक्षण के नाम पर महिला जनप्रतिनिधियों के पति अथवा पुत्र उनके अधिकारों को ही हस्तगत कर लेते हैं। यही कारण है कि भारतीय पंचायतीराज संस्थाओं में सरपंच पति, सरपंच पुत्र, प्रधान पति, प्रधान पुत्र जैसे अस्तित्व हीन पदों का बोलबाला रहा है। महिलाओं को केवल कानूनी अधिकार प्रदान कर दिये जाने मात्र से वे समानाधिकार का उपभोग कर सकने में सक्षम नहीं है। यहाँ पर आवश्यकता है सामाजिक परिवर्तन की ओर वह सामजिक परिवर्तन न तो एक दिन में संभव है और न केवल महिलाओं के ही सामर्थ्य की बात है। वस्तुत: सामाजिक परिवर्तन तभी सम्भव होगा जब स्त्री और पुरूष दोनो ही सामाजिक परिवर्तन हेतु प्रयास करें।

इसके साथ ही आवश्यकता इस बात की भी है कि भारतीय नारी को जिसे जन्म से ही भेदभाव का सामना करना पड़ता है। पुरूष से स्वयं को हीन समझने की पारिवारिक शिक्षा प्रदान की जाती है फलस्वरूप अंत तक पत्नी बनने पर भी वह स्वयं को हीन समझने लगती है। यह हीन भावना महिलाओं के विकास में बाधक है। इस स्थिति से निपटने के लिए महिलाओं को चाहिये कि वे स्वयं के मन से हीन भावना को निकालें पंचायतीराज में जनप्रतिनिधि महिलाऐं विशेष रूप से शिक्षित महिलाओं का दायित्व है कि वे ग्रामीण महिलाओं के अन्दर निहित योग्यता एव प्रतिभा को प्रबुद्ध करने का प्रयास करें ताकि वे स्वयं को हीन भावना से पृथक रख सकें।

जहाँ एक और महिलाऐं हीन भावना से ग्रसित दिखाई देती हैं, वहीं दूसरी ओर पुरूषों में भी अंहकार की भावना घर कर चुकी है, जिसके फलस्वरूप वे सभी स्त्रियों को शारीरिक, बौद्धिक एवं सभी दृष्टियों से हीन एवं स्वयं को सर्वोपरि समझते हैं इसलिए वे राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं का प्रवेश उचित नहीं समझते उनमें पूर्वधारणा जन्म ले लेती है, कि महिलाऐं राजनीति के क्षेत्र के लिए योग्य नहीं हैं। अत: पुरूषों को भी चाहिये कि वे महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रहों का परित्याग करें और उन्हें भी प्रबुद्ध नागरिक समझें। यद्यपि यह सही है कि पुरूषों की भांति महिलाओं को भी समुचित शिक्षा, स्वस्थ वातावरण एव सही दिशा निर्देश मिले तो उनमें लगन, ईमानदारी, निष्ठा, त्याग एवं परिश्रम करने की क्षमता इतनी अधिक होती है कि वे पुरूषों की तुलना में श्रेष्ठ प्रमाणित हो सकती हैं।

इस प्रकार की भावनाओं का प्रादुर्भाव करने के लिए जन सम्पर्क के समस्त साधनों जैसे-रेडियों, टेलिविजन, सामाचार पत्र, चलचित्र, विचार, गोष्ठियाँ, महिला संगठन चर्चा आदि-आदि का प्रयोग कर समाज में स्वस्थ वातावरण के निर्माण का प्रयास किया जाना चाहिये।

7. आन्तरिक चेतना का प्रादुर्भाव- किसी भी अधिकार को प्राप्त करने के लिए मेहनत, संघर्ष, प्रयत्न और त्याग करना पडेगा। पंचायतीराज में महिला आरक्षण के लिए कोई संघर्ष या आंदोलन नहीं चलाया गया था। यह अधिकार महिलाओं को बिना माँगे मिल गया था। न तो ग्रामीण महिलाऐं संगठित होकर संघर्ष की प्रक्रिया में उतरीं और न ही उनकी समझ व चेतना में इस अधिकार के विषय में कोई जागरूकता आई है। इसलिए जो हक उन्हें मिलता है उसे समझने की चेतना जगानी आवश्यक है ताकि जिस उद्देश्य को लेकर महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया था। वह पूरा हो सके।

8. पंचायतीराज संस्थाओं में वास्तविक सदस्य ही भाग ले- अभी तक पंचायतीराज संस्थाओं में महिला प्रतिनिधियों के परिवार के पुरूष ही भाग लेते आ रहे हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो कितने ही प्रयास हम या सरकार कर लें महिलाऐं अपनी वास्तविक स्थिति प्राप्त नहीं कर पाऐंगी इसलिए दृढतापूर्वक, पंचायत की बैठकों में महिला प्रतिनिधियों के साथ आए पुरूषों को बैठकों में सम्मिलित होने से रोकना होगा। जून, 2009 में तात्कालीन पंचायतीराज मंत्री भरत सिंह ने जयपुर में होने वाली महिला प्रतिनिधियों की सेमिनार में महिलाओं के साथ आए पुरूषों को बैठक में भाग नहीं लेने दिया । इसी तरह की प्रतिबद्धता हर ग्राम पंचायत समिति व जिला परिषद में होने वाली बैठकों में दिखानी होगी। तभी महिला सरपंच जब स्वयं बैठकों में भाग लेगी तो उनमें आत्मविश्वास आऐगा। धीरे-धीरे उनका संकोच दूर होगा तथा बैठकों में क्या मुददे उठतें हैं, किस तरह प्रस्ताव लाते हैं और पास होते हैं, आदि बातें सीख पाऐंगी।

9. पंचायतीराज विभाग के कर्मचारियों की मनमानी पर अंकुश - पंचायत समिति के अधिकारी व कर्मचारी महिला संरपचों की नहीं सुनते हैं जब सरकारी प्रशासन ही चेतना शून्य रहेगा, जो कि अपेक्षाकृत समझदार व शिक्षित है तो इन महिला जनप्रतिनिधियों से कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों जबकि ये केवल साक्षर ही होती हैं और बाहर की दुनिया से लगभग अनजान होती हैं।

महिला जनप्रतिनिधियों में से अधिकांश ने सरकारी प्रशासन द्वारा सहयोग नहीं दिए जाने की बात साक्षात्कार के दौरान स्वीकार की। इसलिए यहाँ आवश्यकता इस बात की है कि पंचायतीराज संस्थाओं में कार्यरत सरकारी अधिारियों एवं कर्मचारियों के व्यवहार को नियंत्रित करने हेतु सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने चाहिये इन संस्थाओं में कार्यरत सरकारी प्रतिनिधियों का व्यवहार उत्तरदायित्व और निष्ठा से परिपूर्ण होना चाहिये वे जनप्रतिनिधि विशेषकर महिला जनप्रतिनिधियों के पथ प्रदर्शक होने चाहिये।

सचिव या ग्रामसेवक महिला प्रतिनिधि का सहयोग नहीं करते हैं, ऐसे सचिव या पटवारी की शिकायत होने पर प्रशासन को तुरन्त कार्यवाही करनी चाहिये ताकि एक महिला जनप्रतिनिधि अपना काम बिना बाधा के कर सके।

10. पुरूष सहयोगी द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाये- यह तर्क दिया जाता है कि सरपंच अथवा प्रधान पति ही इन महिला प्रतिनिधियों के सारे कार्य करतें हैं तो सबसे पहले उस पुरूष वर्ग को इस बात का अहसास कराया जाए कि वह महिला प्रतिनिधियों की कमजोरी बनने के बजाए उनकी ताकत बनें। स्वयं सारा कार्य करने की अपेक्षा पुरूषों द्वारा पंचायत के प्रत्येक कार्य को उन्हें सीखाना चाहिये ताकि वह महिला प्रतिनिधि सशक्त बन सके, क्योंकि एक महिला का सशक्त होना उसके परिवार की तरक्की का भी धोतक है। अत: अपने परिवार और आगे चलकर सारे समाज के सुधार के लिए सरपंच पति, प्रधानपति कहलाने वाले पुरूषों को महिला प्रतिनिधियों का संबल बनना चाहिये न कि उनकी बैसाखी। जुलाई, 2014 में सरकार ने फैसला किया है कि ऐसी महिला सरपंच, पंच अथवा प्रधानों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिनका कार्य उनके परिवार का पुरूष सदस्य सम्भालता हो, ऐसी महिला सरपंचों को अपने पद से हाथ भी धोना पड़ सकता है। सरपंच पतियों, प्रधान पतियों की अब ख़ैर नहीं।

11. एक अन्य कारण, जो महिला प्रतिनिधियों की प्रगति के मार्ग में बाधा उत्पन्न करता है, वह है राजस्थान में सदियों से चली आ रही पर्दा प्रथा। जिसके कारण महिला जनप्रतिनिधि चाहकर भी कुछ नहीं बोल पातीं हैं। वह पर्दा प्रथा ही है। जिसके कारण योग्य, तथा, शिक्षित होने के पष्चात् भी महिलाऐं अपनी योग्यता का पूरा लाभ नहीं उठा पातीं हैं। अत: सर्वप्रथम तो घूँघट प्रथा को समाप्त करने के उपाय करने होंगे, तभी उनमें आत्मविश्वास आऐगा, क्योंकीं अधिकांश महिला सरपंच बैठकों में इसलिए नहीं बोल पाती है, क्योकीं उन्होंने घूँघट किया हुआ होता है। उनके सामने बैठे ग्रामवासी ससुराल पक्ष के होते हैं। अत: उनमें यह चेतना जागृत की जाए कि जब तक वह घूँघट या पर्दा करती रहेंगी, तब तक आगे नहीं बढ़ सकेंगी और जो पद उन्हें प्राप्त हुआ है उस पद को न्याय नहीं मिल पाएगा। मौजूदा व्यवस्था के सारे जन-विरोधी चरित्र पहचानने के बाद भी महिला, जो दुनियाँ का आधा हिस्सा है, उसे राजनीति के हर प्रकरण में भाग लेना चाहिये मगर हम इस बात पर स्पष्ट है कि बिना सही दिशा तथा सही वैकल्पिक राजनीति के जितनी भी महिलाऐं पदों पर आरूढ़ होंगी, वे सभी इसी भ्रष्ट व भेदभाव पूर्ण व्यवस्था को ही मजबूत करेंगी।

इस प्रकार अपनी अनेक कमियों और दुर्बलताओं के बावजूद राजस्थान में पंचायतीराज ग्रामवासियों की जीवन-पद्धति का केन्द्र बनता जा रहा है। अशिक्षित जनता जातिगत और धर्मगत अन्धविश्वास, परम्परागत लोकतांत्रिक, सामाजिक और पारिवारिक ढांचे, परिपक्व राजनीतिक प्रबुद्धता की कमी आदि के कारण पंचायतीराज की उपलब्धियों का कम अंकन करने तथा पंचायतीराज की आलोचना करने की एक सामान्य प्रवृति विकसित हो गयी है। इससे इनकार करना कठिन है कि पंचायतीराज व्यवस्था ने देश के राजनीतिकरण तथा आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों और इसके कार्यकलापों ने ग्रामजीवन में एक नयी जागृति उत्पन्न की है। अब ग्रामवासियों का शोषण उस तरह नहीं किया जा सकता जिस प्रकार पूर्व में महाजन व जमीदार वर्ग करता था। वोट

की कीमत समझी जाने लगी है, ग्रामीण जनता और विशेषतया महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकृत संस्थाऐं स्वशासन की इकाईयों के रूप में विकसित हो रही हैं, ग्रामीण नेतृत्व पनपता जा रहा है, गाँवों की अवेहलना करना सरल कार्य नहीं रह गया है।

अन्तत: निष्कर्ष रूप में यही कहा जा सकता है कि पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं के समक्ष चुनौतियों की संख्या कम नहीं है। हर कदम पर महिला जनप्रतिनिधियों को चुनौतियाँ स्वीकार करनी है और चुनौतियों को स्वीकार करके ही वे अपना उत्तरदायित्व निभा सकतीं हैं। पंचायतीराज संस्थाओं में महिला सशक्तिकरण समाज, सरकार तथा व्यवस्था के संयुक्त प्रयासों से ही सम्भव है। पहल स्वयं महिलाओं को ही करनी है, अपनी शक्ति को पहचानना है और निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर होना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 डॉ. महिपाल – 'पंचायतीराज की व्यवस्था के चार वर्ष: एक मूल्यांकन' कुरूक्षेत्र नई दिल्ली मई 1997
2 डॉ शारदा गोस्वामी – पंचायतीराज में महिला आरक्षण औचित्य व भूमिका, एक निबन्ध
3 दुर्गादास वसु – भारत का संविधान
4 मीना विजय – राजस्थान में पंचायतीराज महिला आरक्षण सीकर जिले के विशेष सन्दर्भ में
5 के.बी. सक्सेना–'पंचायत और महिलाऐं 'कुरूक्षेत्र' नई दिल्ली, फरवरी 1989
6 डॉ. निशान्त सिंह – पंचायती राज व्यवस्था
7 डॉ. प्रवीण शुक्ला – महिला सशक्तिकरण – बाधाऐं एवं संकल्प
8 पंचायती राज : महिला नेतृत्व की अभिवृत्तियाँ : सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक –प्ररिपेक्ष्य में राजेश धाकड़ का
9 अप्रकाशित, शोध प्रबन्ध राजस्थान विश्वविद्यालय
10 आर.पी. जोशी रूपा मंगलानी –भारत में पंचायतीराज
11 डॉ. भीमसिंह चौहान – 'राजस्थान के पंचायतीराज में महिलाओं का योगदान'
12 आदर्श शर्मा – पंचायतीराज में महिला आरक्षण : औचित्य एवं सम्भावनाऐं, सम्पादक, आर.पी. जोशी, रूपा मंगलानी

****

आँगनवाड़ी कर्मियों पर मानदेय व्यय का लेखकीय अध्ययन (राजसमन्द जिले के संदर्भ में)

प्रो. अनिता शुक्ला* मनीष श्रीमाली**

प्रस्तावना – आँगनवाड़ी भारत में ग्रामीण माँ और बच्चों के देखभाल केंद्र है। बच्चों के भूख और कुपोषण से निपटने के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यक्रम के भाग के रूप में, 1975 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। आँगनवाड़ी का अर्थ है 'आंगन आश्रय'। इस प्रकार का आँगनवाड़ी केंद्र भारतीय गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है। यह भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का एक हिस्सा है। मूल स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों में गर्भनिरोधक परामर्श और आपूर्ति, पोषण शिक्षा और अनुपूरक, साथ ही पूर्व-विद्यालय की गतिविधियों शामिल हैं। केंद्रों को मौखिक रीहाइड्रेशन नमक, बुनियादी दवाओं और गर्भ निरोधकों के लिए डिपो के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

आँगनवाड़ी कर्मियों की भूमिका – आँगनवाड़ी कार्यकर्ता उसी गाँव की होती है तथा वह गाँव के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और उसकी आवश्यकताओं से पूरी तरह से अवगत होती है क्योंकी वह अपने क्षेत्र में परिवारों के साथ संपर्क बनाए रखती है। वह आँगनवाड़ी की प्रमुख कार्यकता है। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्रत्येक माह प्रत्येक बच्चों के वजन की जाँच करना तथा विकास कार्ड में दर्ज करना। 6 वर्ष कम आयु के बच्चों के लिए मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्डों का रख-रखाव करना तथा करना तथा दौरे पर आए चिकित्सा अथवा अर्द्ध-चिकित्सा कर्मियों को कार्ड दिखाना। 3-6 वर्ष के आयुवर्ग में बच्चों के लिए विद्यालय पूर्व गैर औपचारिक गतिविधियों को संचालित करना। स्थानीय रूप से उपलब्ध भोजन तथा स्थानीय व्यजंनों के आधार पर व्यंजन ह सूची की आयोजना करते हुए 0-6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती स्त्रियों तथा शिशुओं की देखरेख करने वाली माताओं के लिए अनुपूरक पोषणयुक्त आहार की व्यवस्था करना। स्वास्थय एवं पोषण शिक्षा प्रदान करना तथा शिशुओं को अपना दूध पिलाने/शिशुओं एवं आहार संबंधी प्रक्रियाओं पर माताओं को परामर्श देना। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के कर्मचारियों को टीकाकरण और स्वास्थय जाँच तथा साथ ही प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तार जाँच में सहायता करना। घरों में दौरों के दौरान बचों में विकलांगता की पहचान करना तथा उन मामलों को निकटतम पीएचसी अथवा जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र में भेजना। दस्त, हैजा आदि के आपातकालीन मामलों को स्वास्थय केंद्र में भेजना। किशोरों के लिए विभिन्न स्कीमों के क्रियान्यवन में मदद करना। सहायिका द्वारा बच्चों को स्वच्छता की शिक्षा और उनके लिए गर्म पोषाहार बनाने का कार्य करती है। बच्चों को घरों से केन्द्र तथा केन्द्र से घर तक सुरक्षित लाने-छोड़ने का कार्य करती हैं। आशा-सहयोगिनी स्वास्थ्य सम्बन्धित सेवाओं को देने हेतु घरों का सर्वेक्षण करती है तथा संदर्भ सेवा देने का कार्य करती है। कुल मिलाकर तीनों आपसी समन्यवय से कार्य करती हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. आँगनवाड़ी केन्द्र के कर्मियों के मानदेय का वित्तीय वर्ष 2014 से 2018 तक 4 वर्षो का अध्ययन करना।
2. आँगनवाड़ी केन्द्र के कर्मियों के मानदेय के बारे में मूल्यांकन करना।

निदर्षन तथा अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजसमन्द जिले की आठ परियोजनाओं का चयन किया गया है जिसके कुल 1109 आँगनवाड़ी केन्द्रों में से प्रति परियोजना 20 केन्द्र के अनुसार 160 आँगनवाड़ी केन्द्रों का चयन किया गया हैं। प्रत्येक आँगनवाड़ी केन्द्र से आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सहयोगिनी को मिलाकर 3 कर्मियों का चयन करतु हुए 480 कर्मियों का चयन किया गया है।।

शोध पद्धति – इस अध्ययन की प्रकृति लेखकीय है। पाठीय दृष्टि से पुस्तकालय वर्णनात्मक प्रकृति को स्पष्ट करती है शोध प्रविधि में अनुसंधान पद्धति एक महत्वपूर्ण पक्ष है जिसे स्पष्ट किए बिना कोई भी अनुसंधान पूरा नहीं हो सकता है। तथ्य संकलन में विभागीय बजट का निरीक्षण एवं आँगनवाड़ी कर्मियों के व्यय के ब्यौरे का संकलन कर विभिन्ना मदों का अध्ययन किया जावेगा।

सारणी 1 : आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर व्यय (01अप्रेल 2014 से 31मार्च 2015)

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	18001	7980	25981	8364048
सहायिका	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	1500	815	2315	4444800
सहयोगिनी	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	0	1600	1600	3072000
480	37502	18375	55877	24244896/-

स्त्रोत:- कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं वाल विकास विभाग, राजसमन्द

उपरोक्त सारणी संख्या 01 में आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर 2014-15 में हुए व्यय का विवरण दिया गया है जिसमें यह पाया गया कि 160 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 18001रू

* विभागाध्यक्ष, लेखान्कन विभाग, जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, लेखान्कन विभाग, जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

और राज्य सरकार द्वारा 7980रू तथा कुल 25981रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 8364048रू व्यय किए गए। सहायिका के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 1150 रू और राज्य सरकार द्वारा 815 रू तथा कुल 2315रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 4444800रू व्यय किए गए। आशा सहयोगिनी के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 0 रू और राज्य सरकार द्वारा 1600 रू तथा कुल 1600रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 3072000रू व्यय किए गए। कुल तीनों कर्मियों के मानदेय व्यय में 24244896रू व्यय किए गए।

सारणी 2 : आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर व्यय (01अप्रेल 2015 से 31मार्च 2016)

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	18001	7980	25981	8364048
सहायिका	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	1500	815	2315	4444800
सहयोगिनी	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	0	1600	1600	3072000
480	37502	18375	55877	24244896/-

स्त्रोत:- कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं वाल विकास विभाग, राजसमन्द

उपरोक्त सारणी संख्या 02 में आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर 2015-16 में हुए व्यय का विवरण दिया गया है जिसमें यह पाया गया कि 160 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 18001रू और राज्य सरकार द्वारा 7980रू तथा कुल 25981रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 8364048रू व्यय किए गए। सहायिका के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 1150 रू और राज्य सरकार द्वारा 815 रू तथा कुल 2315रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 4444800रू व्यय किए गए। आशा सहयोगिनी के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 0 रू और राज्य सरकार द्वारा 1600 रू तथा कुल 1600रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 3072000रू व्यय किए गए। कुल तीनों कर्मियों के मानदेय व्यय में 24244896रू व्यय किए गए।

सारणी 3 : आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर व्यय (01अप्रेल 2016 से 1मई 2016)

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	18001	7980	25981	25981
सहायिका	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	1500	815	2315	2315
सहयोगिनी	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	0	1600	1600	1600
480	37502	18375	55877	55877/-

स्त्रोत:- कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं वाल विकास विभाग, राजसमन्द

उपरोक्त सारणी संख्या 03 में आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर 01अप्रेल 2016 से 1मई 2016 में हुए व्यय का विवरण दिया गया है जिसमें यह पाया गया कि 160 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 18001रू और राज्य सरकार द्वारा 7980रू तथा कुल 25981रू मासिक व्यय किए गए। सहायिका के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 1150 रू और राज्य सरकार द्वारा 815 रू तथा कुल 2315रू मासिक व्यय किए गए। आशा सहयोगिनी के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 0 रू और राज्य सरकार द्वारा 1600 रू तथा कुल 1600रू मासिक व्यय किए गए। कुल तीनों कर्मियों के मानदेय व्यय में 55877रू व्यय किए गए।

सारणी 4 : आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर व्यय (01जून 2016 से 31मार्च 2017)

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	18001	10380	28381	9132048
सहायिका	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	1500	1065	2565	4924800
सहयोगिनी	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	0	1850	1850	3552000
480	37502	23675	61177	24512488/-

स्त्रोत:- कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं वाल विकास विभाग, राजसमन्द

उपरोक्त सारणी संख्या 04 में आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर 01जून 2016 से 31मार्च 2017 में हुए व्यय का विवरण दिया गया है जिसमें यह पाया गया 160 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 18001रू और राज्य सरकार द्वारा 10380रू तथा कुल 28381रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 9132048रू व्यय किए गए। सहायिका के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 1500 रू और राज्य सरकार द्वारा 1065 रू तथा कुल 2565रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 4444800रू व्यय किए गए। आशा सहयोगिनी के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 0 रू और राज्य सरकार द्वारा 1800 रू तथा कुल 1800रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 3552000रू व्यय किए गए। कुल तीनों कर्मियों के मानदेय व्यय में 24512488रू व्यय किए गए।

सारणी 5 : आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर व्यय (01अप्रेल 2017 से 31मार्च 2018)

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	18001	10380	28381	9132048
सहायिका	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	1500	1065	2565	4924800
सहयोगिनी	केन्द्रीय सहायता	राज्य निधि	मासिक मानदेय	मानदेय पर व्यय
160	0	1850	1850	3552000
480	37502	23675	61177	26740896/-

स्त्रोत:- कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं वाल विकास विभाग, राजसमन्द

उपरोक्त सारणी संख्या 05 में आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय पर 01अप्रेल 2017 से 31मार्च 2018 में हुए व्यय का विवरण दिया गया है जिसमें यह पाया गया 160 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय मद में केन्द्र सरकार

द्वारा 18001रू और राज्य सरकार द्वारा 10380रू तथा कुल 28381रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 9132048रू व्यय किए गए। सहायिका के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 1500 रू और राज्य सरकार द्वारा 1065 रू तथा कुल 2565रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 4924800रू व्यय किए गए। आशा सहयोगिनी के मानदेय मद में केन्द्र सरकार द्वारा 0 रू और राज्य सरकार द्वारा 1850 रू तथा कुल 1850रू मासिक व्यय किए गए और वार्षिक 3552000रू व्यय किए गए। कुल तीनों कर्मियों के मानदेय व्यय में 26740896रू व्यय किए गए।

निष्कर्ष – 01 अप्रेल 2014 से 31 मार्च 2018 तक राजसमन्द जिले में आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय की मद में वित्तीय वर्ष 2014-15 में राशि 24244896 रूपये का व्यय हुआ जो वर्ष 2015-16 मेंराशि 24244896रूपये का व्यय हुआ और वर्ष 2016-17 में राशि 24512488 रूपये का व्यय हुआ तथा वर्ष 2017-18 में राशि 26740896 रूपये का व्यय हुआ।

सुझाव – आंगनबाड़ी वर्कर और कार्यकर्ता हो के साथ सबसे बड़ी समस्या उनके मानदेय को लेकर है जो वर्कर सरकार नजरिये से मात्र कुछ घंटे ही कार्य करती है हकीकत में वो 10 घंटे से भी ज्यादा कार्य करती है केंद्र व राज्य सरकार आँगनवाड़ी को किसी भी श्रेणी में नहीं मानती। मानदेय का भुगतान का भी कोई समय निश्चित नही है आँगनवाड़ी वर्कर की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आँगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय के प्रावधान पत्र क्रमांक-एफ,2(1) बजट/मानदेय वृद्धि/CIDS/12/62816, जयपुर, दिनांक 16/05/2016।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

जनजातीय विकास का आर्थिक योगदान : एक अध्ययन

संदीप कुमार सिंह *

प्रस्तावना – जनजातीय विकास का आर्थिक योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। मूल रूप से कुछ जनजातीय समूह हैं जिनकी घटती हुई आवादी या स्थिर जनसंख्या और साक्षरता का निम्न स्तर है। इनकी आर्थिक स्थिति मूल रूप से बहुत ही पिछड़ापन है। ये समूह जनजातीय समाज का सबसे कमजोर वर्गों में से एक हैं, क्योंकि वे संख्या में बहुत कम हैं। जनजातीय समुदाय में उन्होंने सामाजिक एवं आर्थिक विकास का कोई महत्वपूर्ण स्तर प्राप्त नहीं किया है तथा वे सामान्यत: अवसंरचना एवं प्रशासनिक समर्थन वाले सुदूर क्षेत्रों में निवास करते हैं। इस प्रकार से आर्थिक स्थिति दिनों–दिन कमजोर होती जा रही है। जनजातीय समुदाय में दिनों–दिन पिछड़ापन भी आ रहा है।

उनके अत्यधिक पिछड़ेपन और कमजोर होने के कारण उन्हें आरक्षण नीति को लागू किया गया था। इस प्रकार से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से कमजोरी रहीं वह मूल रूप से उनके साथ होने वाले आर्थिक विसंगति है। इस प्रकार से उनकी आबादी का मूल परिणाम ही समाज की एक कसौटी के रूप में रूकने का प्रयास करता है। फिर भी समाज में उत्पन्न होने वाली समस्या हमेशा से आर्थिक पिछड़ापन रहा है। उनकी आबादी के घटते रुझान को रोकने के लिए प्राथमिकता दिया बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। अन्तत: यह बात विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पर देखने को मिलती है।

इन्हें शासन स्तर पर प्रदान की जाने वाली योजनाओं के आधार पर नियोजित करना परम आवश्यक होता है। आज देश की आर्थिक स्थिति के रूप में समाज में अनेक प्रकार की विंसगति विद्यमान है। फिर भी सामाजिक जीवन यापन करने के लिए समाज में किसी भी व्यक्ति या समुदाय के लिए अर्थ का होना आवश्यक होता है।[1]

जनजातीय वर्ग में होने वाली आर्थिक कमजोरी को राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों मिल कर नियोजित करती है। उसी प्रकार उनके विकास हेतु पर्याप्त धनराशि प्रदान की जाती है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में जनजातीय विकास का आर्थिक योगदान एक अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर तथ्यों का संकलन किया गया है। इसके हेतु पत्र–पत्रिकाओं, साक्षात्कार और विद्वानों का मार्गदर्शन लिया गया है। इस प्रकार से विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के उपरान्त अधिक महत्वपूर्ण किया जा सकता है।

समस्या :

1. जनजातीय समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े पन की समस्या।
2. जनजातीय समाज में आर्थिक विपन्नता की समस्या।
3. आर्थिक असमानता के कारण शिक्षा का न होना।
4. आर्थिक रूप से कमजोर होने पर चिकित्सा सुविधाएं न मिल पाना।
5. आर्थिक रूप से कमजोर होने पर न्याय न मिल पाना।

उद्देश्य :

1. जनजातीय वर्ग में आर्थिक विकास हेतु विभिन्न योजनाओं के द्धारा प्रोत्साहित करना।
2. शासन की योजनाओं का लाभ मिलना।
3. शासन द्धारा समय पर छात्रवृत्ति आदि से प्रोत्सहन देना।
4. विकास की दिशा में शासन स्तर पर कारगर कदम उठाना।
5. शिक्षा हेतु प्रात्साहित करना।
6. समाज में जनजागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करना।
7. समावेशी शिक्षा और बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करना।
8. समुचित चिकित्सा व्यवस्था करना।

समाधान – सामाजिक विकास लिए केन्द्रीय क्षेत्र के रूप में प्रायोजित होने वाले राज्यों से इन योजनाओं के पर्याप्त धनराशि आवंटित किया जाना अतिआवश्यक होता है।[2] मध्यप्रदेश के विभिन्न समाजों में संरचनाओं के संगठन के निर्माण में उपरी आधार पर विभिन्नता दिखाई देती है। उस प्रकार से मूल निहित भावनाओं के रूप में पर्याप्त समानताओं के आधार पर देखने के लिए मिलता है। सामाजिक स्वरूपों में परिवार, क्लब, व्यापारिक संगठन और धार्मिक सम्प्रदायों के आधार पर राजनीतिक दल और राष्ट्र आदि के आधार पर विवेचन किया जाता रहा है। सामाजिक संगठन के आधार पर इनका आर्थिक विसंगतियों के परिणाम स्वरूप में विवेचन मिलता है। वहाँ राजनीतिक दलों के द्धारा क्लब की सदस्यता का होना ऐच्छिक रूपों पर आधारित होता रहा है।[3]

जनजातीय वर्ग में अनेक प्रकार के सामाजिक संगठन पर निर्माण आदि के आधार निर्माण करने के लिए सभी समूहों से नातेदारी और स्थानीय रूपों पर आधारित होता है। जनजातीय वर्ग के रूप में सामाजिक संगठन के अन्तर्गत परिवार, वंश–समूह, भ्रातृदल, गोत्र आदि प्रमुख रूप से विद्यमान है।[4]

जनजातीय विकास के लिए छोटे–छोटे लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना से सहायता मिलती है। उत्पादन और विकास को प्रभावी बनाने के लिए इस प्रकार के न्यूनतम समर्थन मूल्यों की आवश्यकता होती है। जिससें लघु उत्पादों के रूप में वनों से उत्पादित होने वाले विपणन का समर्थन हो सकें। एक प्रकार का लघु वन उत्पादों की मूल्य श्रृंखला के विकास की गति आज धीमी पड़ गई है।[5]

उनके लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों के प्रबन्धन में केन्द्रीय सरकार द्धारा प्रायोजित योजनाओं को न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से लघु वन उत्पाद के विपणन एवं लघु वन उत्पादों की मूल्य श्रृंखला में परिवर्तन

* शोधार्थी (भूगोल) शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

जरूर हुआ है। इसके लिए इसका एकाधिकार और प्राथमिक संसाधनों की विकास दिशा को सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होता है।

आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने वाली मात्र एक जनजाति स्वयं की सम्पूर्ण आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम है। जहाँ तक शिकार करना, पशुचारण, फल-फूल एकत्रित करना, कृषि कार्य करना। गृह-उद्योगों में सामिल होना आदि के द्वारा स्वयं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति जनजाति के सदस्य करते हैं। यहाँ तक इनका आर्थिक स्त्रोत जड़ जंगल और जमीन है। जो भौगोलिक वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने में इनकी भूमिका रही है। इनका जीवन जंगलों के बीच में होकर गुजरता है। इनकी विचारशीलता वस्तुओं का आदान-प्रदान आदि सभी समाज की प्रवृत्ति है। किन्तु इनकी परम्परा बिल्कुल सभी सांस्कृतिक एकता से अलग है।[6] इनका आर्थिक परिदृश्य हमेशा से विचारणीय प्रश्नों को लेकर रहा है। जो मूल रूप से समाज में अर्थ ही सभी साधन की पूर्ति करता है।

उनके एकत्रीकरण और प्राथमिक संसाधनों का भण्डारण, पैकेजिंग, परिवहन आदि की व्यवस्था करना। उसके लिए विभिन्न देशों की प्रणाली को स्थापित करना। उसके लिए उचित मौद्रिक वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली को स्थापित करना चाहिए। छोटे-छोटे उद्योग धन्धों को चालू करने हेतु सरकार को कर्ज दिया जाना। उससे व्यक्ति स्वयं अपना जीवन यापन कर सकें। इस प्रकार से इन्हें ही लागत आदि व्यवस्था में सहयोग प्राप्त होगा।[7]

उससे बिक्री आय में से राजस्व का हिस्सा उन्हें प्राप्त होगा इससे सरकार को टैक्स प्राप्त होगाा। इस प्रकार से समाज में अनेकों प्रकार की प्रक्रिया से जुड़ना पडेग़ा। इन प्रक्रियाओं को लक्ष्य तक स्थापित करने के लिए उस कार्य को पूर्ण किया जाना अधिक उचित ही प्रतीत होता रहता है। इसका लक्ष्य प्रक्रिया के स्थायित्व के लिए अन्य मुद्दों का समाधन स्वयं सरकार करती है।[8]

इस प्रकार की योजनाओं से राज्य में पर्याप्त धानराशि आवंटित करने की आवश्यकता होती है। फिर भी विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों के द्वारा अन्य विकास की योजनाओं का परिणाम किसी केन्द्रीय योजनाओं को संचालित करने में किया जाता है। इस प्रकार से यह एक हाथ ठेला योजना के अन्तर्गत उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई इससे उनके विकास होगें। इसके अतिरिक्त अलग योजनाएँ भी आरंभ की गई। इस बीच ज्ञान और प्राप्त किए गए अनुभव का आधाार उनकी योजना को अधिाक प्रभावी बनाने में सहायता किया गया है।[9] इस कार्य क्षेत्र में इन योजना में अनुसूचित जनजातियों में अभिज्ञात विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह शामिल किए गए हैं। यह योजना अत्यंत लचीली है और यह प्रत्येक राज्य को उन क्षेत्रों पर धयान केन्द्रित करने में सक्षम बनाती है, जिन्हें वे अपने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए संगत तथा उनके सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश के लिए उपयुक्त सिद्ध होती है। इन्हीं योजनाओं के अन्तर्गत आने वाली क्रिया-कलापों में कोई भी आवास, भूमि की समतलीकरण, वृक्षारोपण आदि के लिए योजना के अंतर्गत आने वाले कार्यकलापों में आवास, भूमि संवितरण, भूमि विकास, कृषि विकास, पशु विकास के सड़कों का निर्माण प्रकाश संबंधी आयोजन किया जाता है। ऊर्जा के गैर-परंपरागत स्रोतों की संस्थापना, सामाजिक सुरक्षा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह को उपलब्ध कराई गई है। इससे व्यापक सामाजिक-विकास के लिए अभिप्रेरित किया गया है। उसे अन्य कोई नवाचारी क्रिया कलाप का संचालन करना। इन योजना के अंतर्गत अनेक निधियां उन मदों /कार्यकलापों के द्वारा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होता है। इस प्रकार से जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के जीवन, संरक्षण और विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण और उपयोगी सिद्ध होगा।

इन योजना का कार्यान्वयन किसी भी संरक्षण-सह-विकास योजनाओं को राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के द्वारा जनजातीय समूह ने पांच वर्षो के लिए स्वयं द्वारा किए गए आधाारभूत या अन्य सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के द्वारा उनका निवास स्थान विकास के दृष्टिकोण को अपनाकर तैयार किया जाना अधिक उपयुक्त माना गया है। फिर भी मंत्राालय की परियोजना और मूल्यांकन की समिति ने इन्हें अनुमोदित किया है। इस प्रकार के संरक्षण-व-विकास योजनाओं में प्रत्येक वित्त वर्ष के प्रावधानों के अनुरूप ही इसका कार्यान्वयन किया जाना अधिक उपयुक्त होता है। यह अभिकरण का भी उल्लेख किया जाना उचित ही माना गया है। फिर भी राज्य सरकार एवं संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनिक दायित्वों को महत्वपूर्ण माना गया है। उस प्रकार के राज्य में पाए गए सभी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए समानुपातिक रूप से वार्षिक रिपोर्ट और वित्तिय संसाधन प्रदान किया जाता है।

निष्कर्ष - जनजातीय वर्ग में कार्यों की गुणवत्तापरक, कार्योन्मुखी होने की नीतियों का निर्धारण किया गया है। उससे नीति आधारित अनुसंधान करने की सांस्थानिक संसाधन क्षमताओं में वृद्धि करना अतिआवश्यक होता है। इस आधार पर अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक विकास के लिए स्थापित की गई। इस योजना को शीर्ष संस्था माना जाता है। यह निगम के जनजातीय कार्य मंत्राालय के द्वारा इन्हें संयमित और संचालित किया जाता है। इसका प्रबंधान केन्द्रीय सरकार, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक; की गति देने के लिए आईडीबीआई, भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ लि. के प्रतिनिधियों द्वारा अनुसूचति जनजातियों इत्यादि से ख्याति प्राप्त व्यक्तियों के प्रतिनिधियों के साथ निर्देशक बोर्ड द्वारा किया जाना सुनिश्चित माना गया है। फिर भी निगम ब्याज की रियायती दर की वित्तीय सहायता उपलब्धा करना भी इन्हें आर्थिक रूप सें समुन्नत करना है। अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक विकास हेतु संचालित करना आवश्यक है। यहाँ तक अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रसारित किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बी.आर. अम्बेडकर, 'एविडेंस बिफोर द साउथबोरो कमेटी, बाबासाहेब अम्बेडकर, राइटिंग्स एंड स्पीचिज' खंड 1,शिक्षा विभाग, महाराष्ट्र सरकार, मुम्बई 1979, पृष्ठ 243-278
2. बी.आर. अम्बेडकर, 'एविडेंस बिफोर द साउथबोरो कमेटी' पृ. 255.56
3. अश्विनी देशपांडे, 'सोशल जस्टिस थ्रू एफेरमेटिव एक्शन इन इंडिया', वर्किंग पेपर सीरिज, संख्या 314, पॉलिटिकल इकोनॉमी रिसर्च इंस्टीटयूट, मेसाशूएट्स यूनिवर्सिटी, एम्हेरस्ट, फरवरी 2013, पृष्ठ 3.5
4. गिरीश कुमार सिंह, विश्व की प्राचीन सभ्यताएँ, ओमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2009 पृष्ठ 59
5. एम.एल. गुप्ता एवं डी.डी. शर्मा, समाजशास्त्र, पृष्ठ 491
6. अशोक डी. पाटिल भीलों की संस्कृति, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2002, पृष्ठ 20

7. डॉ. एम.एल. वर्मा भीलों की सामाजिक व्यवस्था, क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली, 1989 पृष्ठ 45
8. डॉ. श्यामाचरण दुबे म.प्र आदिवासी अनुसंधान परिषद, भोपाल, पृष्ठ 51-55
9. प्रो. एस.सी. दुबे , मानव और संस्कृति, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1960, पृष्ठ 40-43

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

विपिन बिहारी के साहित्य में दलित महिला के अस्मिता की तलाश

कल्पना नि.शेवाळे *

प्रस्तावना – 'अस्मिता' का आशय पहचान से है। जिसका का अर्थ है– 'अपने होने का बोध' में ही मनुष्य होने का बोध, उसकी निजता और उसका सामाजिक, जातीय गौरव भी जुड़ा हुआ है। अस्मिता में संबंधित अस्तित्व की उपस्थिति का भाव निहित है। 'अस्मिता में व्यक्ति अनंत संभावनाओं का पुंज होने के कारण सामाजिक बंधनों, मान्यताओं एवं परंपराओं से अपने को बाँधकर स्वतंत्र व्यक्तित्व के विकास को अवरुद्ध नहीं करना चाहता। व्यक्ति समाज में रहकर भी सामान्य प्राणियों की तुलना में अपनी 'अस्मिता' स्थापित करना चाहता है, जिससे उसकी 'खास पहचान' बनाना चाहता है। मनुष्य की अपनी 'अस्मिता' होती है, जिसका बोध उसके जन्म,जाति, व्यवहार, भाषण, स्वर, चाल, स्वभाव आदि से होता है। यही तत्व व्यापक स्तर पर किसी बृहत्तार समुदाय में व्याप्त होकर जातिगत या राष्ट्रीय स्तर पर 'अस्मिता' का निर्माण करते हैं।

तात्पर्य यही है कि दमित समुदाय की 'अस्मिता' से जुड़े विभिन्न संदर्भो में उसकी 'आइडेंटिटी' ही ऐसा प्रमुख मुद्दा है, जो उसकी जिंदगी के विभिन्न रूपों की प्रतिक्रिया में जन्मा है। आज कई आंदोलन उभरे हैं, जो अपनी अस्मिता के लिए लड़ते है, जो अपनी व्यक्तिगत पहचान से जातिगत पहचान बनाना चाहते हैं। व्यक्तिगत अस्मिता ही तो फिर जातिगत अस्मिता बन जाती है। जिसके लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है। पुरुष की नजर में नारी मनुष्य नहीं बल्कि एक वस्तु है, जिसे वह जब चाहे तब रख सकते हैं या जब चाहे तब हकाल सकते हैं। इसलिए तो स्त्रियों को पुरुषों के बने बनाए भी विधानों का पालन करना पड़ता है। उसकी कोई अपनी 'अस्मिता' नहीं है। जो पुरुष कहेगा वही वह करती है।

प्राचीन काल में नारी की स्थिति उन्नत दिशा की ओर प्राप्त थी लेकिन मनु के पश्चात थी उसे अबला बनाया गया। तब से भारतीय समाज में स्त्री होना मानो एक अभिशाप समझा जाता है। भारतीय समाज पुरुष प्रधान समाज रहा है, जहां आदिकाल से स्त्री–पुरुषों की इच्छा अनुसार जीवन–यापन करती है। उसे किसी ने कभी सार्थक व्यक्तित्व नहीं माना। लेकिन राख के भीतर दबी आग की चिंगारी के समान नारी अस्मिता समय–समय पर अपना रूप दिखाती आई है और आज नारी को स्वतंत्र–चेतना नागरिक के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। उसे अपने स्वतंत्रता के लिए कई लड़ाइयां लड़नी पड़ी स किंतु आज भी जिस रूप में स्वतंत्रता मिलनी चाहिए उस रूप में दिखाई नहीं देती स आज भी नारी परावलंबी है। वह अपने पहचान के लिए आज भी लड़ रही है।

दलित साहित्य परंपरा का इतिहास काफी पुराना है। आरंभिक दशा में यह स्पष्ट जरूर था स विविध दलित लेखक साहित्य के जरिए अपना पूर्वानुमान, वर्तमान की दुर्दशा लिख रहे थे। अपने 'अस्मिता' के प्रति सजग हो रहे थे जिसे देख सकते हैं। जिसमें विपिन बिहारी प्रमुख दलित साहित्यकार है। इनके संपूर्ण दलित साहित्य के मूल में अस्मिता की खोज हो रही है। देखा जाए तो संपूर्ण दलित साहित्य के मूल्य में 'अस्मिता' की खोज ही होती है। लेखक अपने व्यक्तित्व के साथ–साथ अपने समुदाय और समाज का जीवंत चित्रण करता है। समाज में अपनी 'अस्मिता' स्थापित करना चाहता है। 'अस्मिता–संपन्नता की सुविधा और तैयारी के बिना अधिकारों का कोई अर्थ नहीं स व्यक्तित्व–संपन्न तो सब कुछ ले सकता है। कोई न दे तब भी वह अपने अधिकार अर्जित कर लेता है और अर्जित अधिकारों को कौन छीन सकता है ? व्यक्तित्व संपन्न के हाथों ही तो सब कुछ सुरक्षित भी रह सकता है, अपनी आजादी, अपनी सुरक्षा, अपनी अस्मिता।'[1] जगदीश्वर चतुर्वेदी कहते हैं– 'स्त्री अस्मिता की जंग का पहला स्तर है स्त्री आंदोलन और स्त्री जाति की अब तक की उपलब्धियों की हर कीमत पर रक्षा करना, इनका, साथ ही स्त्री अस्मिता के लिए मसलों, सवालों को स्त्री आंदोलन और वैचारिक संघर्ष के केंद्र में लाना।'[2]

सवर्ण स्त्रियों की तरह ही दलित स्त्रियां भी घर परिवार में गुलामी का जीवन जीने के लिए विवश होती है। हिंदू धर्म के अनुसार चार वर्ण हैं, पांचवा वर्ण बन जाता है दलित स्त्री का, क्यों कि इस स्त्री का शोषण अन्य समाज के साथ–साथ उसका अपना समाज भी करता है। जब तीनों वर्ण दलितों का शोषण करते हैं तब दलित समाज अपने इस शोषण का क्रोध स्त्री पर अत्याचार करके उतार लेता है। सामाजिक अन्याय के साथ स्त्री अपने घर के लोगों के अन्याय का शिकार होती रही है। स्त्री को किसी भी वर्ग–वर्ण में जीवन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्वतंत्र चिंतन करने का निर्णय लेने का अधिकार कभी भी नहीं दिया गया।

भारतीय स्त्री विमर्श की एक वृहद हस्ताक्षर प्रभा खेतान का मंतव्य है की, 'रोजमर्रा की जिंदगी की निजी घटनाओं का सटीक वर्णन जितना महिला लेखिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है, उतना पुरुषों द्वारा नहीं।'[3] दलित आत्मकथाकार अपने अस्तित्व और अस्मिता को स्थापित करने के बाद ही लिखने बैठता है। आत्मकथा का लेखक व्यक्तिगत चिंतन से सामाजिक चिंतन की ओर अग्रसर होता है। व्यक्तिगत जीवन से सामाजिक जीवन की ओर उन्मुख होता है। जिसमें दलित लेखक अपनी सामाजिक अस्मिता की तलाश, सामाजिक अन्याय और असमानता के प्रति विद्रोह और क्रांतिकारी सामाजिक परिवर्तन आदि बिंदुओं पर केंद्रित रहता है। जिसके कारण वह व्यक्तित्व के साथ–साथ अपने समुदाय और समाज का जीवंत चित्रण करता है। सुदेश बत्रा के अनुसार– 'वर्तमान में स्त्री के व्यक्तित्व के पहचान के लिए विभिन्न आंदोलन हो रहे हैं स इसके पीछे एक मात्र उद्देश्य नारी का सुनहरा भविष्य निर्माण है।'[4]

*शोधार्थी, हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, कलिना सांताक्रुज पूर्व, मुंबई (महा.) भारत

कथा साहित्य के क्षेत्र में श्री विपिन बिहारी का नाम अग्रणी कहानीकारों के साथ गिना जा सकता है जिन्होंने नारी की अन्तर्कथा को और पुरुष प्रधान समाज में उसके आदिकाल से चले आ रहे उत्पीड़न को शिद्दत के साथ महसूस किया है। नारी उत्पीड़न, नारी नैराश्य एवं वर्तमान युग में पुरुष को धकियाकर आगे बढ़ने की नारी की आधुनिक सोच के द्वारा उत्पन्न विषमताओं का बहुत सटीक चित्रण इनके साहित्य में हुआ है। नारी के दमन और शोषण की कहानी अति पुरानी है। विपिन जी ने न केवल कहानी में निम्न वर्ग की नारी की स्थिति को अंकित किया है, बल्कि मध्यम वर्ग तथा उच्च वर्ग की नारियों के संघर्ष और शोषण को भी चित्रित किया है। आज वह भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सामाजिक रुप से नारी को कैसे आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, किन सामाजिक दबावों के बीच रहती है वह इसको पूरी संवेदनशीलता के साथ उन्होंने अपने साहित्य के आधार पर उकेरा है।

कहानी संग्रह 'चील' की प्रथम कहानी है 'दुर्गा वाहिनी', जिसमें लेखक ने दर्शाने का प्रयास किया है कि स्त्री की स्थिति आज भी दयनीय बनी हुई है। बलात्कार एक ऐसा करना है जिसके आगे श्री पराजित ही हो जाती है और स्त्री की दबंगता उसके आगे बौनी सिद्ध हो जाती है। यद्यपि अपने पर आने पर स्त्री कुछ भी कर सकती है, एक स्त्री का बलात्कार हो जाने पर महिला नेता अर्चना दीक्षित स्त्रियों की भीड़ इकट्ठा करके एक आंदोलन की आंधी ला देती है जिसके समक्ष पुलिस प्रशासन भी घबराने लगता है किंतु न तो आदिकाल में सभी स्त्रियां लक्ष्मीबाई, गार्गी और रत्नावली थी और आज के युग में सभी अर्चना दीक्षित, अत: ब्लड ग्रुप स्त्री थाने से भाग जाती है और अर्चना दीक्षित एवं उसका आंदोलन व्यर्थ हो जाता है। इसी कहानी में कहानीकार ने अर्चना दीक्षित एवं उसके पति रितेश के बीच हुए वार्तालाप के द्वारा बड़े ही सहज रूप से स्पष्ट कर दिया है कि दांपत्य जीवन एक ऐसी गाड़ी है जिसमें पति-पत्नी के आपसी पूर्ण सहयोग से ही सफलता पूर्वक खींचा जा सकता है। इसी संग्रह की दूसरी कहानी 'कायर' जो सोच के धरातल पर इस संग्रह की सर्वोत्तम कहानी कही जा सकती है।

पुरुष समाज स्त्री की अस्मिता की बात को कितनी सहजता से डालता है इसे मनी प्रिया आर.ने कुछ इस प्रकार व्यक्त किया है- 'बलात्कार जैसी साधारण सी बात पर ऐसा आसमान सिर पर उठा रही है जैसे प्रलय आ गया।'[5] कहानी 'कायर' की नायिका विनीता के तेवर भी इसी प्रकार के हैं स वह एक नौकरी शुदा स्त्री है तथा एक बेरोजगार युवक के साथ शादी कर लेती है। सुहागरात से लेकर दैनिक जीवन में वह अपने पति के साथ ऐसा व्यवहार करती है गोया वह स्वयं पति हो और उसका पति, उसकी पत्नी स खाना, चाय बनाने से लेकर घर के सभी कार्य उसका पति ही करता है। एक दिन एक साक्षात्कार हेतु जाने के लिए उसका पति जब विनीता से सौ-डेड-सौ मांगता है तो विनीता रुपए देने की जगह उसे डांट-डपट देती है। 'क्या तकलीफ है जो नौकरी तलाश रहे हो ? क्या एक औरत अपने मर्द का भरण-पोषण नहीं कर सकती स सिर्फ मर्द ही उसके लिए अधिकृत है।'[6]

'मेरे सम्मान को चोट लगती है।'

'कैसी चोट ?'

'यह तुम्हें पता नहीं है क्या ?'

'इतने में थक गए स एक औरत कैसे जाती है उम्र भर ?'

किंतु महेश, विनीता का पति आत्महत्या कर लेता है प्रतिक्रिया स्वरूप, लाश के चले जाने के बाद विनीता के मुंह से अनायास ही शब्द निकल पड़े- 'कायर कहीं के, इतना भी न सह सके तुम।' इस प्रकार कहानीकार ने आदिकाल से नारी पर होते आ रहे पुरुषों की ज्यादतियों एवं स्त्री की सहन करते चली जाने की क्षमता को भी परोक्ष रूप से दर्शा दिया है। 'बंद दरवाजा' संग्रह की तीसरी कहानी है। कहानी की नायिका नैना, पुरातन विचारों और बंधनों को जो मात्र स्त्री जाति पर लगाए जाते रहे हैं को तोड़कर स्त्री-पुरुष की बराबरी की पहल करती है। 'चील' संग्रह की अंतिम कहानी है जिसमें एक स्त्री द्वारा विभिन्न रूपों में झेलते उत्पीड़न को बड़े ही विशद रूप में उद्घाटित किया गया है। मुस्लिम निम्नवर्गीय परिवार पर बुना गया कहानी का ताना-बाना, पति की ज्यादती के कारण बार-बार प्रसव पीड़ा को झेलती पत्नी और दाने-दाने को मोहताज घर में बच्चों की बढ़ती संख्या, सबकी पीड़ा को देखती, झेलती बड़ी पुत्री रुकैया स इस प्रकार आदिकाल से विभिन्न रूपों में झेले जाते रहे उत्पीड़न तथा वर्तमान में उस उत्पीड़न से मुक्ति के लिए प्रयासरत श्री की कसमसाहट को विपिन जी ने अपने साहित्य में व्यक्त किया है। यद्यपि लेखक ने नारी के स्वतंत्र अस्तित्व की पक्षधरता की है किंतु शालीनता के साथ नारी मुक्ति की पक्षधर था लेखक ने की है। पुरुष को धकियाकर या पुरुष को अपमानित करके, या अपनी इज्जत को दांव पर लगाने की पक्षधरता लेखक ने अपने साहित्य में बिल्कुल नहीं की है।

'पत्थर की लकीर' कहानी में सुनयना निम्न जाति से है। अच्छा खासा वह पढ़ जाती है। कॉलेज में उसका संपर्क देवेंद्र शर्मा से होता है। वह दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगते हैं और शादी के बंधन में भी बंधने को तैयार हो जाते हैं पर जब दोनों के माता-पिता शादी पक्की करनेवाले होते हैं तो सुनयना,देवेंद्र शर्मा से शादी करने से इंकार कर देती है। कहती है कि वह एक ब्राह्मण घर की बहू नहीं बनेगी और कहती है कि- 'मैं तथाकथित अवर्ण परिवार से हूँ स ब्राह्मण घर में ब्याहे जाने पर भले ही आप लोग आत्मसात कर ले मुझे, लेकिन एक वर्ग मुझे कभी आत्मसात नहीं करेगा स हो सकता है इस बात का उलाहना मुझे जिंदगी भर सुनना पड़े तो कतई बर्दाश्त नहीं होगा स युगो से भले ही हमारी जाति अवर्ण मानी जाती रही हो लेकिन हमारे वर्ग की औरतें भोगी जाती रही सवर्णो द्वारा स देवेंद्र के साथ ब्याह के बाद मान्यताएं खत्म नहीं होगी स खत्म तभी होगी जब आपकी लड़कियां हमारे घर में एक सहमति के साथ आए स लेकिन ऐसा नहीं होगा तो फिर 'मैं यह सच है कि मेरी उम्र का मेरे बराबर पढ़ा लिखा कोई कुँवारा नहीं मिलेगा मेरी जात में स मैं कम पढ़े लिखे से ब्याह कर लूँगी स लेकिन देवेंद्र से नहीं करूंगी स हमारा वर्ग काफी निर्धन, पिछड़ा अशिक्षित है। मैं पढ़ी-लिखी, ब्याह होने पर भी मैं अपने वर्ग से कट ही जाऊंगी न, तो मेरे पढ़ने लिखने का फायदा किसे मिलेगा ?'[7] सुनयना का यह सोचना कि यदि वह अपने वर्ग को छोड़कर सवर्ण वर्ग के लड़के से शादी करेगी तो इसका फायदा केवल सवर्ण वर्ग को ही प्राप्त होगा, इस तथ्य की पुष्टि करता है कि चेतना से भरी हुई लड़की है जो केवल अपने बारे में नहीं अपितु अपनी पूरी जाति के बारे में सोच रही है। सुनयना की चेतना संपूर्ण वर्ग को विकसित दिशा की ओर उन्मुख होने के लिए प्रेरित कर रही है।

संघर्ष का जीवंत नारा विपिन बिहारी ने अपने साहित्य के जरिए दिखाया है। वस्तुत: विपिन बिहारी सामाजिक अंतर्विरोध के स्वयं भोक्ता है, इसलिए इनमें यथार्थ से गहरे संपृक्ति का भाव है और उनके पात्र लड़ाकू और संघर्षशील है।

एक बहुचर्चित कहानी 'पहचान' में दलित और औरत के दैहिक शोषण की गाता है। 'लाजोय का उपभोग जमींदार उसके बेटे दोनों करते हैं स गर्भवती होने पर उससे किनारा कर लेते हैं। किंतु मां नंदकेसरी नवजात शिशु को लेकर जाकर जमींदार के पैरों पर डाल आती है, इसलिए कि उन्हें भी लाज

आए स 'डाकिनी' इनकी प्रसिद्ध कहानी है। इसमें दलित महिला अपनी अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत है। स्त्री जिसे हमारे शास्त्रों में देवीतुल्य माना गया है, स्त्री का शोषण नई बात नहीं है। जहां तक दलित स्त्री के शोषण का प्रश्न है उसे समाज में शोषित करने के कई प्रकार है। पहला स्त्रीगत शोषण और दूसरा दलित विशेष में जन्म लेने का शोषण' चाहे राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की 'दो कौर रोटियां मिलती है और धोतीयां चार नारी तेरा यही मूल्य तो करता है संसार' जिसमें विपिन बिहारी की लाजो स्त्री हो या नगचंपवा, सुरेखवा,सुनयना या सुकनी हो। इन सभी स्त्रियों को समाज की तथागत परिस्थितियों के सामने लगातार शोषित होना पड़ रहा है। सुकनी और लाजो के साथ किया गया व्यभिचार, बलात्कार बदस्तूर जारी है। लगातार स्त्री सहती आ रही है। अगर वह सुनयना के रूप में समाज के सामने अपनी योग्यता के बल पर अलग पहचान बनाना चाहती है तो उसके साथ वही होता है जो सुनयना के साथ हुआ स कठपुतली कि विवेका नित्य शोषित हो रही है और चुप है। जाति के नाम पर महिलाओं पर किया गया शोषण अमानवीय है, जघन्य है,निंदनीय है।

पुरुषवादी वर्चस्व ने स्त्री के गले में सतीत्व, मातृत्व के फंदे डालकर उसे अपना गुलाम बनाया हुआ है। आज भी स्त्री सुरक्षित नहीं है ! क्यों ? आज भी भ्रूण हत्या कांड हो रहे हैं स जन्म लेने के अधिकार से वंचित किया जा रहे हैं। किस लिए ? पूंजीवाद और उपभोक्तावाद के शिकंजे ने उसे वस्तु में तब्दील कर दिया है। यह सब साहित्य के द्वारा नारी को तमाम स्त्री पात्रों के रूप में लगातार छटपटाते, सिसकते हुए हम देख सकते हैं। कहानी संग्रह में 'पहचान' कहानी की 'लाजोय का संबंध एक तथाकथित पिता और पुत्र जवहरा तथा दशरथवा दोनों से है क्योंकि चिख-चिखकर कहता है कि समाज उनके दलितों को किस तरह रौंद रहा है। 'आधे पर अंत' कहानी संग्रह में दलित अपनी इज्जत को पहले महत्व देते हैं बाकी चीजें बाद में,उनकी हिम्मत नहीं होती कि लड़की कुंवारी बने स एक तो नया समाज उन्हें चौन से जीने नहीं देगा स समाज में दलित स्त्री के शोषण पर रचनाकार अपनी मार्मिक अभिव्यक्ति लाजो के पिता 'लोकनाथ' कुछ इस तरह करवाता है। 'देखा नहीं गया था लोकनाथ से गुस्सा भी नहीं आ रहा था, रुलाई भी नहीं आ रही थी, क्या करता, हाथ पांव नहीं है उसके ? हरिजन चमार की बेटी नहीं हो स जब बेटी हो तो उसका बाप किसी बाबासाहेब के घर मजूर न हो और मजूर भी हो तो बेटा भी हो तो बेटी देख नगर ना हो, सुंदर न हो, नहीं तो यह बबुआन सत्तार का बूढ़ा भी उसे भोगना चाहता है और बीस बरस का लौंडा छोरा भी।'[8]

यहां स्त्री के शोषण की मार्मिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। वास्तव में बुनियादी अधिकार हनन की शिकार हुई दलितों औरतों और बच्चियों की स्थिति अत्यंत शोचनीय हुई है। ठीक कुलीन औरतों पर पुरुष वर्चस्व के दो आयाम है। वे अपने ही सभ्यता के पुरुष और गोत्र उसूलों का शिकार होती है। सभ्यता का पुरुष दंभ भी उसे नहीं छोड़ता स यह वक्तव्य हम 'आधे पर अंत' कहानी संग्रह में पत्थर की लकीर कहानी को लेकर करें तो ठीक ही रहेगा। 'एक दिन गजब हो गया था स स्कूल से आ रही थी सुनयना उसके पीछे लगाता उसके क्लास का अखोरी लाखों बाबू का भतीजा स सुनयना अकेली पड़ गई थी स लड़के-लड़कियां उससे कुछ दूर निकल गए थे स सरपट जा रही थी कि पीछे से सीटी बजाई थी अखोरीने स उसने इस पर ध्यान नहीं दिया था, लेकिन मुड़कर कनखियों से देखा था पीछे।'[9]

जिसे शरीर के नाम पर औरत को और चमड़ी के नाम पर इंसान को लाचार बनाया जाता है उसे उन तमाम वर्चस्ववादी नीतियों को अपनाना पड़ता है जो उसके नीचे अधिकार के खिलाफ है। औरत की अस्मिता के साथ पुरुष का जुनून पेप्सी की बोतल के समान 'यूज एंड थ्रोय का रवैया अपनाता है। जिस तरह 'पहचान' कहानी के लाजो का शोषण इसलिए किया जाता है कि वह एक मजदूर की पुत्री थी उसी तरह ' पत्थर की लकीर' में सुनयना को तथा दुस्साहस अखोरी इसलिए करता है क्योंकि वह एक चपरासी की बेटी है। वैश्वीकरण यह ग्लोबलाइजेशन का जमाना तो आया परंतु वह दलित महिला अतिक्रमण बलात्कार और छेड़छाड़ से फिसल कर देह धंधे तक आ गई सफेदपोश वर्ग शत के अंधेरे में तो इन दलित महिलाओं के शरीर से अपने शरीर की तपन जरूर ठंडी करना चाहता है परंतु दिन के उजाले में यह वर्ग तुमसे अस्पृश्यता का व्यवहार करता है। 'बदस्तूर' कहानी में नगचंपवा तथा सुरेखवा के साथ रात में रंगरेलियां मनाने वाले के होटल में जब दोनों ननंद-भोजाई जाती है तो दुकान का मालिक उनके साथ जो बर्ताव करता है वह वास्तव में महिला समाज के सामाजिक शोषण की पराकाष्ठा है। इस प्रकार आज नारी को विपिन जी ने सहस्त्र मानवीय रूप में चित्रित करते हुए नारी के अस्तित्व को स्वतंत्र रूप में दृढ़तापूर्वक स्वीकार किया है। जीवन की वास्तविकताओं और समस्याओं से उनकी कहानियां जुड़ी हुई है। 'पहचान' कहानी की लाजो स्त्री पात्र, 'पत्थर की लकीर' कहानी की सुनयना स्त्री पात्र, 'मुक्का' कहानी की सुकनी स्त्री पात्र स 'बदस्तूर' कहानी की नगचंपवा और सुरेखवा स्त्री पात्र स इन सभी कहानियों में नारी का स्वरूप तथा नारी का आधुनिक युग में बदला हुआ सशक्त रूप दिखाई देता है।

आज स्त्रीयों को सामाजिक न्याय पून: हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। चाहे वह हिंसात्मक या दोनों स यही संघर्ष हमें विपिन जी के 'आधे पर अंत' कहानी संग्रह में दिखाई देता है। बेहद से ऊपर उठकर सोचने की क्षमता औरतों में है पर उसे मात्र में बांधे रखने की कला वर्चस्ववादी पुरुष माहिर है। उसके पास इसके लिए तर्क भी है कि बलात्कार जैसी साधारण सी बात पर ऐसा आसमान सिर पर उठा रही है जैसे प्रलय आ गया स ऐसे में स्त्री अगर अपनी ईमानदारी, मेहनत और भोलेपन को पहचानने वाले किसी शख्सियत का सपना देखती है तो उसमें कोई आश्चर्य नहीं। विपिन बिहारी जी कहते हैं- 'प्रत्येक पुरुष के भीतर एक नारी बैठी हुई होती है और प्रत्येक नारी के भीतर एक पुरुष बैठा हुआ होता है। कहां हुआ यदि सच है तो वह सच मुझ में कुछ उतरता हुआ लगता है। मैं यह नहीं समझता कि मैं एक नारीवादी रचनाकार हूं स उसका प्रवक्ता हूं स मैं इसका दंभ भी नहीं भरता स इतनी कुब्बत ही नहीं है कि मुझ में इतना बड़ा जोखिम उठा पाऊं।'[10]

छदम सभ्यता का प्रचार करनेवालों में स्त्रियों की मांग बड़ी मात्रा में है। यह स्त्रियाँ कुछ तो देह व्यापार में धकेल दी जाती है और कुछ विदेशों में चुपचाप तस्कर कर दी जाती है। जब नारी के शारीरिक शोषण की बात की जाती है, तो पहला बड़ा आश्चर्य इस बात का होता है कि जब सामान्य वर्ग की नारी या उच्च सामान्य वर्ग की स्त्री-पुरुष की धाग दृष्टि से नहीं बच पा रही है। तो फिर भला इन बेचारीयों की क्या बिशात कि अपनी अस्मिता बचा सके कभी-कभी ऐसा भांग होता है कि इनका जीवन शायद नीचे खसोटने के लिए ही बना है। खेत मेड के किनारे, घर के ओसारे में और जानवरों के तबेलो में जब जहां मौका मिला इनकी चीख निकाल दी गई और इनको लगातार नोचा गया। आधुनिक फार्म हाउस जो की खेत खलिहानों का ही नया रूप है। इनमें यदा-कदा ऐसी घटनाएं घटती रहती है। आज मनुष्य हमाम के भीतर और बाहर दोनों जगह नंगे हो रहे हैं स फर्क केवल इतना ही है कि हम आपके भीतर शरीर से नंगे होते हैं और बाहर विचारों से स हमाम से बाहर विचार शून्यता और संवेदना रहित स्थिति होती है। सवाल यह उठता है कि कितनी महिलाएं बलात्कार जैसी पुरुष की इस घृणित और पशु प्रवृत्ति

से बचती होगी स सभी में न उतनी जागरूकता है न हिम्मत स कितनी महिलाएं फूलन देवी बनकर हथियार उठा लेती है। इतनी मायावती होकर संसद में आप बैठती है। उनमें से कोई बेनजीर भी नहीं बन पाती और उमा देवी और ऋतं बरा जैसा वे न मनीषा वर्मा की तरह जूडो कराटे न जानती है। लगता है कि उनमें अधिकांश मर-मिटने, बलात्कार सहने के लिए ही पैदा हुई है। वहां उनकी नियति भी है। जब तक वैचारिक स्तर पर परिवर्तन नहीं होता तब तक उनका यौन शोषण जारी रहेगा स इज्जत की परवाह किए बगैर जब इसके खिलाफ आवाज उठाएगी और ताकत का प्रतिकार करेगी तब वह दफ्तर, घर और खेत-खलिहान तक रक्षित हो पाएगी।

कुदरत ने स्त्री-पुरुष को एक सा नहीं बनाया है। यद्यपि एक-दूसरे के पूरक जरूर बनाया हैं स स्त्री-पुरुष के सहयोग एवं सहकारिता के बलबूते पर ही संसार बसा हुआ है। पुरुष सत्तात्मक समाज में स्त्री-पुरुषों के संबंधों में विषमता, विकृतियां, विचित्रता, समस्याएं बढ़ गई है। मानव की आवश्यकताएं बढ़ गई है। उन्हें पाने के लिए विभिन्न मानवीय जीवन का खोखला पर, काम और आर्थिक कुंठाओं के आधार पर मानव अपनी असलियत भूल चुका है। नारी के प्रति देखने का दृष्टिकोण बदलना या मानसिकता बदलना और उसे 'मानव' समझना और बराबरी का हक व अधिकार देना है। उन्हें एक मानव जीवन देना, जो उनका नैतिक हक है, जिसे पुरुष-सत्तात्मक समाज ने छीन लिया है। नारी ने अपनी अस्मिता को जागृत रखकर विद्रोहिणी बनकर अपने अस्तित्व, स्वत्व को प्राप्त करते हुए दायित्व बोध से सजग रहना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अस्मिता की तलाश- रूपा सिंह ,पृष्ठ-41,अयन प्रकाशन,1999
2. प्रथम दशक के हिंदी साहित्य में स्त्री एवं दलित विमर्श- सं.प्रा रविंद्र ठाकरे, पृष्ठ-19 ,चिंतन प्रकाशन,2016
3. प्रथम दशक के हिंदी साहित्य में स्त्री एवं दलित विमर्श- सं.प्रा रविंद्र ठाकरे, पृष्ठ-53 ,चिंतन प्रकाशन,2016
4. प्रथम दशक के हिंदी साहित्य में स्त्री एवं दलित विमर्श- सं.प्रा रविंद्र ठाकरे, पृष्ठ-39, चिंतन प्रकाशन,2016
5. चील-विपिन बिहारी, पृष्ठ-8 ,विभोर प्रकाशन, 2005
6. चील-विपिन बिहारी, पृष्ठ-30,विभोर प्रकाशन, 2005
7. हिंदी दलित कहानियों के स्वर- डॉ. सोनिया माला, पृष्ठ-125,नमन प्रकाशन,2017
8. आधे पर अंत- विपिन बिहारी, पृष्ठ-38,अतिश प्रकाशन, 2001
9. आधे पर अंत- विपिन बिहारी, पृष्ठ-48,अतिश प्रकाशन, 2001
10. दलित जीवन का अधिकार और निर्मला पुतुल की कविता- मनीप्रिया आर.,पृष्ठ-72

****

भारतीय ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति एवं सामाजिक न्याय

डॉ. ज्योति उपाध्याय* कु0 सुमन मौर्य **

प्रस्तावना – किसी भी देश का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि उस देश की आधी आबादी अर्थात् महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक प्रस्थिति कैसी है? डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मान्यता थी कि महिला की प्रगति के बिना समाज की प्रगति सम्भव नहीं है। समाज में महिला की प्रस्थिति को डॉ. अम्बेडकर समाज की प्रगति का मापदण्ड मानते थे। भारतीय समाज में महिलाओं की जनसंख्या कुल आबादी के 48.53 प्रतिशत है। 2011 की जनगणना के अनुसार जब हम जनसंख्या की दृष्टि से ग्रामीण महिलाओं का अवलोकन करते है तो पाते है कि एक तरफ जहाँ ग्रामीण पुरुषों की जनसंख्या 42,77,81,058 है तो वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण महिलाओं की जनसंख्या 40,59,67,794 है जो पुरुषों की जनसंख्या से कम है। इसलिए विकास की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी दिए बिना देश की समृद्धि और उन्नति सम्भव नहीं है।

भारतीय सामाजिक व्यवस्था के इतिहास में महिलाओं की प्रस्थिति का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि महिलाओं की प्रस्थिति लम्बे विवाद का विषय रही है। सत्य तो यह है कि भारतीय समाज में महिला की प्रस्थिति विभिन्न कालों में अलग-अलग रही है। अत: विकास का वहीं समय अच्छा माना जा सकता है जब समाज की सभी इकाइयां समाज-निर्माण में मिल-जुलकर अपना योगदान देती है तथा उसका लाभ सभी तक समान रूप से पहुंचता है।

वेदों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ऋग्वैदिक काल में भारतीय महिलाओं की प्रस्थिति सम्मानजनक थी। यद्यपि इस काल में परिवार पितृसत्तात्मक थे और पुत्रों की कामना की जाती थी। पिता की मृत्यु के बाद पुत्र सम्पत्ति का उत्तराधिकारी होता था, किन्तु पुत्री उस सम्पत्ति की उत्तराधिकारी तब होती थी जब उसका कोई भाई नहीं होता था। लेकिन महिलाएं अपने जीवन-साथी को चुनने के लिए स्वतंत्र थी एवं पर्दा-प्रथा नहीं थी।

उत्तरवैदिक काल में एक ओर यह कहा जाता था कि जहाँ स्त्री का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते है वहीं दूसरी ओर यह कहा जाने लगा कि स्त्री स्वतंत्रता योग्य नहीं है। बचपन में स्त्री की रक्षा पिता करता है, युवा में पति और बुढ़ापे में पुत्र रक्षा करता है। इस काल में सामाजिक संकीर्णता ने अपनी जड़े जमा ली और महिलाओं के अधिकारों का घोर हनन होना प्रारम्भ हो गया।

जब स्वार्थ, अन्याय और शोषण अपनी चरम सीमा पर पहुंच गए, तब उनके विरुद्ध आवाज उठाई गई। 19 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में हिन्दू समाज में महिलाओं के शोषण के खिलाफ होने वाले आन्दोलन ने निर्योग्यताओं को चुनौती दी। 1813 में ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा प्रथम बार ईस्ट इण्डिया कम्पनी को सभी वर्गों में शिक्षा के प्रसार पर जोर देने के लिए कहा गया, लेकिन कम्पनी ने भारतीय मनोवृत्ति के विरुद्ध महिला शिक्षा को मानते हुए कोई महत्व नहीं दिया। इसके बाद भारत में भी महिलाओं की प्रस्थिति को सुधारने के लिए कुछ प्रगतिशील भारतीयों ने प्रयत्न किए, लेकिन ये सभी प्रयत्न व्यक्तिगत स्तर के थे। अत: सरकार द्वारा इन्हें संरक्षण प्रदान नहीं हो सका।

1828 में सर्वप्रथम राजा राममोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना करके सती प्रथा के विरुद्ध आन्दोलन किया, जिसका परिणाम यह निकला कि 1829 में कानूनी रूप से इसे समाप्त कर दिया गया। राजा राममोहन राय ने महिलाओं को सम्पत्ति के अधिकार देने, बाल-विवाह समाप्त करने एवं महिलाओं में शिक्षा का प्रसार करने के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। ईश्वरचन्द विद्यासागर ने व्यक्तिगत स्तर पर महिलाओं की प्रस्थिति में सुधार लाने के लिए विधवा विवाह और बहुपत्नी विवाह सम्बन्धी परम्परागत नियमों का विरोध किया तथा महिला शिक्षा को महत्व दिया। इन्हीं प्रयत्नों से 1856 में विधवा विवाह कानून पास हो गया। अनेक प्रगतिशील महिलाओं, जैसे- दुर्गाबाई देशमुख, रमाबाई और रूखमाबाई आदि ने महिलाओं को अपने अधिकार मांगने और समाज में एक सम्मानपूर्ण पद प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

बीसवीं शताब्दी में महिलाओं की प्रस्थिति में सुधार लाने के लिए 1917 में 'महिलाओं की भारतीय समिति' स्थापित हुई। महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला संगठनों जैसे- भारतीय स्त्री मंडल, पूना सेवा सदन, सरोजनी दत्ता महिला समाज आदि की स्थापना हुई।

स्वतंत्रता के बाद महिलाओं की प्रस्थिति में सुधार हुआ। किन्तु व्यावहारिक रूप में आज भी महिलाएं पितृसत्तात्मक मानसिकता की शिकार बनी हुई हैं। आज भी परिवार में पुत्र को ही अधिक महत्वपूर्ण समझा जाता है। पुत्री को एक बोझ समझा जाता है। उसे अपने ही परिवार में अपमानित किया जाता है। इस प्रकार पुत्री का जन्म एक अभिशाप है।

भारत गाँवों का देश है। जनगणना 2011 के अनुसार आज भी यहाँ 68.9 प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। भारतीय गाँव प्रारम्भ से ही सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए है। पिछड़े हुए ग्रामीण जगत में महिलाओं की दशा अत्यन्त दयनीय है। ग्रामीण महिलाओं के पिछड़ेपन के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं-

1. **अशिक्षा :-** जनगणना 2011 के अनुसार जब हम साक्षरता दर का ग्रामीण एवं नगरीय आधार पर अवलोकन करते है तो पाते है कि एक तरफ

* उपाचार्य एवं विभागाध्यक्ष,समाजशास्त्र अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) समाजशास्त्र अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

जहाँ ग्रामीण साक्षरता दर 67.8 प्रतिशत है तो वहीं दूसरी तरफ नगरीय साक्षरता दर 84.1 प्रतिशत है। अतः स्पष्ट है कि ग्रामीण साक्षरता दर नगरीय साक्षरता दर से कम है। गाँव में आज भी लोग अशिक्षित है। जब हम साक्षरता दर की दृष्टि से ग्रामीण महिलाओं का अवलोकन करते है तो पाते है कि एक तरफ जहाँ ग्रामीण पुरुषों की साक्षरता दर 77.2 प्रतिशत है तो वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण महिलाओं की साक्षरता दर 57.9 प्रतिशत है। अतः स्पष्ट है कि ग्रामीण महिलाओं की साक्षरता दर ग्रामीण पुरुषों की साक्षरता दर से कम है। ग्रामीण लोग लड़कियों को पढ़ाना नहीं चाहते है। उनकी रूढ़िवादी धारणा है कि लड़की पढ़-लिखकर क्या करेगी? उसे तो केवल घर में ही रहना है। परिवार एवं पति द्वारा दिए गए धार्मिक उपदेश ही उनकी एकमात्र शिक्षा है। इन रूढ़िवादी उपदेशों को मानने का मुख्य कारण अशिक्षा है। शिक्षा जिससे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है महिलाओं को उससे ही वंचित रखा जा रहा है। अशिक्षा के कारण ही उनका शोषण बढ़ता जा रहा है। अतः महिलाओं को शिक्षित करना परम आवश्यक है।

2. **संयुक्त परिवार :-** संयुक्त परिवार महिलाओं के पतन का प्रमुख कारण है। संयुक्त परिवार भारत की अनोखी परम्परा है जिसमें परिवार की सत्ता पुरुषों के हाथ में रहती है। पुरुषों को ही सम्पत्ति-सम्बन्धी और अन्य सामाजिक अधिकार मिले होते है। पुरुष परिवार के कार्यो का संचालक और नियंत्रक होता है। संयुक्त परिवार में महिलाओं को कोई भी अधिकार नहीं मिला होता है। महिलाओं को दबाकर रखना पारिवारिक सम्मान समझा जाता है। संयुक्त परिवार में महिला की अपनी कोई इच्छा नहीं होती है। वह परिवार में गूंगी और अंधी बनकर शोषित होती रहती है। समाज के डर से वह परिवार के खिलाफ आवाज नहीं उठा सकती है।

3. **आर्थिक निर्भरता :-** प्राचीन काल से ही पत्नी भरण-पोषण के लिए अपने पति पर निर्भर रही है। इसीलिए पति को 'भर्ता' कहा गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि सदैव ही महिलाओं का घर से बाहर जाकर नौकरी करना पारिवारिक सम्मान के विरुद्ध समझा जाता है। अतः ग्रामीण महिलाएं स्वयं किसी प्रकार का कार्य नहीं कर सकती है जिससे उन्हें धन की प्राप्ति हो सकें। महिलाओं को व्यावहारिक रूप से सम्पत्ति-सम्बन्धी अधिकार प्राप्त नहीं है। अतः आर्थिक मामलों में महिलाओं को अपने पति पर ही निर्भर रहना पड़ता है, जिसके कारण उन पर पुरुषों का आतंक आज भी बना हुआ है। अशिक्षा ने भी उन्हें इस स्थिति में सहयोग दिया है। अशिक्षा के कारण उनका आर्थिक क्रिया करना सम्भव नहीं है। अतः स्पष्ट है कि आर्थिक निर्भरता के कारण ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति दिन-प्रतिदिन निम्न होती जा रही है।

4. **परिवार का पितृसत्तात्मक स्वरूप :-** हिन्दू परिवारों का स्वरूप पितृसत्तात्मक है। पितृसत्तात्मक परिवार में बच्चों का वंश-परिचय पिता के परिवार पर निर्भर होता है एवं विवाह के बाद पत्नी को पति के घर में जाकर रहना होता है। साथ ही पारिवारिक मामलों में और सम्पत्ति के बारे में सम्पूर्ण अधिकार पिता का ही होता है। पिता ही परिवार को नियन्त्रित एवं संगठित करता है। परिवार के इस स्वरूप से ही स्पष्ट है कि ऐसे परिवारों में महिलाओं की प्रस्थिति पुरुषों की प्रस्थिति से निम्न होती है।

5. **कुलीन-विवाह :-** कुलीन-विवाह-प्रथा भी महिलाओं की निम्न प्रस्थिति होने का मुख्य कारण है। इस प्रथा के अन्तर्गत लड़की का विवाह अपने बराबर या ऊँचे कुलों में ही करना होता है जबकि लड़को को अपने से नीचे कुलों में विवाह करने की छूट है। इस प्रथा के कारण प्रत्येक पिता या अभिभावक अपनी लड़की का विवाह ऊँचे से ऊँचे कुल में करना चाहता है जिससे कि ऊँचे कुलों के लड़कों को प्राप्त करने के लिए लोगों में आपस में प्रतियोगिता-सी होने लगती है। यह प्रतियोगिता प्रायः कटु रूप धारण कर लेती है एवं इस दौड़ में सामान्य दर्जे के माता-पिता को पर्याप्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फलतः लड़कियों के जन्म से ही लोग घबराने लगते हैं। अतः यह भावना भी महिलाओं की प्रस्थिति को दयनीय बनाती है।

6. **बाल-विवाह :-** बाल-विवाह भी महिलाओं की निम्न प्रस्थिति के लिए जिम्मेदार है। छोटी उम्र में विवाह हो जाने के कारण महिलाओं की शिक्षा का स्तर निम्न हो जाता है जिसके फलस्वरूप अज्ञानता बढ़ जाती है एवं अल्पवयस्क वधुएँ वयस्क पुरुष के प्रभाव में सरलता से आ जाती है और छोटी उम्र में ही गृहस्थी की समस्याओं से पीड़ित हो जाती है, जिसके फलस्वरूप महिला को शिक्षा ग्रहण करने तथा व्यक्तित्व विकास का अवसर नहीं मिल पाता है। कम उम्र में विवाह होने की वजह से महिलाएं रोगग्रस्त हो जाती है जिससे महिलाओं का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। ग्रामीण लोगों की धारणा है कि बाल-विवाह करने से माता-पिता को मोक्ष की प्राप्ति होती है जिससे उनका जीवन सार्थक हो जाता है। ग्रामीण लोग सरल जीवन और उच्च विचार में विश्वास करते है किन्तु अपने स्वार्थ के लिए अपनी बेटी को कष्टकर जीवन जीने के लिए विवश करते है।

7. **परम्परा व रूढ़ियां :-** भारतीय ग्रामीण समाज परम्परा और रूढ़ियों से प्रभावित है। दहेज प्रथा, पर्दा-प्रथा आदि कुप्रथाओं के कारण समाज में महिलाओं की प्रस्थिति निम्न है। जब तक इन कुप्रथाओं को समाप्त नहीं किया जायेगा तब तक ग्रामीण समाज परम्परा और रूढ़ियों में जकड़ा रहेगा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि भारतीय ग्रामीण समाज में महिलाओं की दयनीय प्रस्थिति का प्रमुख कारण अशिक्षा, संयुक्त परिवार, आर्थिक निर्भरता, परिवार का पितृसत्तात्मक स्वरूप, कुलीन-विवाह, बाल-विवाह, परम्परा व रूढ़िया आदि है। ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति को सुदृढ़ करने के लिए उन्हें शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे शिक्षा के महत्व को समझ सकें और अपने भविष्य का निर्माण कर सकें।

सामाजिक न्याय :- सामाजिक न्याय का तात्पर्य है कि समाज के कमजोर वर्गों विशेष रूप से महिलाओं को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं- भोजन, वस्त्र, एवं मकान की पूर्ति हो, कमजोर वर्गो को विकास का उचित अवसर मिले। व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के शोषण को रोका जाए तथा आर्थिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण हो।

ऑगस्टाइन ने सामाजिक न्याय को परिभाषित करते हुए लिखते है, 'न्याय एक व्यवस्थित और अनुशासित जीवन व्यतीत करने तथा उन कर्त्तव्यों के पालन करने में है जिसकी मांग व्यवस्था करती है।' बार्कर के अनुसार, 'न्याय का अर्थ है प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उस कर्त्तव्य का पालन, जो उसके अनुकूल है। नागरिकों को अपने वर्ग की चेतना तथा सार्वजनिक जीवन में उसकी अभिव्यंजना ही राज्य का न्याय है।'

मेरियम के अनुसार, 'न्याय उन मान्यताओं और प्रक्रियाओं का योग है जिसके माध्यम से प्रत्येक मानव को वे भी अधिकार और सुविधा प्रदान की जाती है जिन्हें समाज उचित मानता है।'

जॉन राल्स के अनुसार,'एक सामाजिक व्यवस्था का न्याय मुख्यतः इस बात पर आधारित है कि समाज में मूलभूत अधिकार और कर्त्तव्य कैसे है?'

अतः सामाजिक न्याय की मांग है कि समाज के कमजोर वर्गो और महिलाओं को अपनी सामाजिक, आर्थिक असमर्थताओं पर काबू पाने और अपने जीवन-स्तर में सुधार करने के योग्य बनाया जाए और गरीबों के बच्चों, महिलाओं एवं अशक्त व्यक्तियों की सहायता की जाए तथा इस प्रकार

एक शोषण विहीन समाज की स्थापना की जाए। समाज के कमजोर वर्गो और महिलाओं का विकास किए बिना, सामाजिक न्याय की स्थापना नहीं हो सकती है।

सामाजिक न्याय अभी भी महिलाओं को प्राप्त नहीं हो सका है। महिलाओं की प्रस्थिति आज भी दयनीय है। सरकार द्वारा उनकी प्रस्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयत्न किये गये है किन्तु वे सभी उपबंध अभी तक केवल कागजी व सरकारी दस्तावेजों तक ही सीमित होकर रह गए है। इन सबका परिणाम यह निकला है कि महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों की जनसंख्या से कम है और दिन-प्रतिदिन अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भी महिलाओं को सामाजिक न्याय से वंचित होना पड़ रहा है। सती प्रथा को कानूनी तौर पर समाप्त करने के बावजूद आज भी हमारे समाज में महिलाओं को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जाता है। यही कारण है कि आधुनिक और सभ्य समाज में भी आए दिन ये घटनाएं घट रही है। हमारा समाज जन्म से ही महिला को उपेक्षा का पात्र मानता है।

महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव से विकास की प्रक्रिया को ठेस पहुंचती है। महिलाओं के साथ भेदभाव समाज में परिवार से लेकर विभिन्न स्तरों पर हो रहा है। भेदभाव की घटनाओं में सबसे महत्वपूर्ण पारिवारिक हिंसा की घटनाएं है जो अतीत में ही नहीं, अपितु अभी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। बलात्कार के मामले 2011 में 24206 और 2012 में 24923, 20 मिनट में एक महिला बलात्कार का शिकार होती है। 2013 में 35565 महिलाओं और लड़कियों का अपहरण किया गया, 42968 के साथ छेड़छाड़ तथा 8570 महिलाएं यौन शोषण की शिकार हुई। पारिवारिक हिंसा की घटनाओं में से अधिकांश घटनाएं सार्वजनिक रूप से प्रकट नहीं हो पाती। महिलाएं समाज में लाज के डर से, शिक्षा के अभाव में, असुरक्षा के भय से, समाज में समुचित सहयोग न मिलने के कारण और कानूनों के अभाव में भी पारिवारिक हिंसा की शिकार होती रहती है।

आज भी महिलाओं का विकास समाज के सभी क्षेत्रों में समान रूप से नहीं हो पाया है। परम्परा, रीति-रिवाज, धर्म, प्रथा आदि के कारण महिलाओं की प्रस्थिति दयनीय होती जा रही है। भारतीय संविधान महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता, सम्पत्ति, शिक्षा, संविधानिक उपायों तथा शोषण के विरुद्ध अधिकार प्रदान करता है। महिलाओं की हितों की रक्षा के लिए विशेष कानून लागू किये गये है जैसे- विशेष विवाह अधिनियम 1954, हिन्दू विवाह अधिनियम 1955, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 और दहेज निरोधी अधिनियम 1961 आदि।

क्या महिलाएं इन अधिकारों के प्रति जागरूक है? क्या वे वास्तव में इन अधिकारों का उपयोग कर रही है? जागरूकता का स्तर चार तथ्यों पर निर्भर करता है: महिला की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि, उसका सामाजिक वातावरण, उसका अपना दृष्टिकोण और उसका आर्थिक आधार, फिर भी जागरूकता का स्तर बहुत कम है। परन्तु हम यह नहीं मानते कि अधिकारों की जागरूकता से महिलाओं की प्रस्थिति स्वयं उठ जायेगी। बल्कि इसके लिए शिक्षा, समानता, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सशक्तिकरण भी आवश्यक है।

सरकार द्वारा उठाये गये कदम कुछ ऐसा आभास देते है कि ऐसे सांस्कृतिक और संरचनात्मक परिवर्तन लाए गए है कि महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, राजनैतिक भागीदारी में पुरुषों के समान अवसर प्रदान किये गये है। उनके शोषण में कमी आयी है तथा उन्हें ऐसे संगठनों के विकास के लिए उन्मुख किया गया है जो उनकी समस्याओं में रुचि लेते है। परन्तु सत्य यह है कि ये परिवर्तन दिखावा मात्र है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की प्रस्थिति में परिवर्तन नहीं हुआ है। व्यवहार में महिलाओं को दिये गये अधिकार नहीं मिल रहे है और वे आज भी पुरुष की दासता की शिकार बनी हुई है।

सामाजिक विधानों ने महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक अधिकार दिए है। लेकिन मात्र अधिकार प्राप्त होने से उन्हें इन अधिकारों के लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित नहीं कर सकता है। कानून महिलाओं को पिता की सम्पत्ति में हिस्सा लेने का अधिकार दे सकता है, उन्हें जीवन-साथी चुनने का अधिकार दे सकता है तथा पति को तलाक देने का अधिकार दे सकता है। लेकिन सच यह है कि कितनी महिलाएं इन अधिकारों का प्रयोग करने के लिए जोर डालती है? इसका कारण यह है कि अशिक्षा ने उन्हें परम्परागत मूल्यों से चिपकाया हुआ है। साहस की कमी उन्हें साहसी कदम उठाने से रोकती है। शिक्षा से महिलाओं का सर्वांगीण विकास होगा जिससे वे अपने अधिकारों का मांग कर सकती है और अपना जीवन सुखमय बना सकती है।

महिलाओं को विकास की मूलधारा में सम्मिलित करने, उन्हें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक दृष्टि से समानता और उन्नति का मार्ग प्रशस्त कराने हेतु अभी तक किये गये नीतियों, संविधान संशोधनों, कानूनों, योजनाओं और कार्यक्रमों का बहुत कम परिणाम सामने आ रहे है। लेकिन इनकी गति को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। इसकी गति में तीव्रता लानी होगी।

महिलाओं की प्रस्थिति को सुदृढ़ करने, उन्हें पुरुष के समकक्ष करने और समाज में बराबरी का अवसर प्रदान करने के लिए अभी बहुत बड़े प्रयास की जरूरत है। जो कि असम्भव नहीं है लेकिन कठिन जरूर है। सम्पूर्ण सरकारी तथा व्यक्तिगत प्रयास, योजनाएं, कार्यक्रम और कानूनी संरक्षण के द्वारा ही महिलाओं को शोषण से छुटकारा मिल सकता है, जो उनके सुन्दर भविष्य को बनाने में सहायक होगा।

पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा तभी मिल सकता है जब वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी। आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए महिलाओं को शिक्षित होना आवश्यक है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी तो पुरुषों पर आर्थिक निर्भरता कम होगी, परिवार में उनका महत्वपूर्ण योगदान होगा जिससे समाज में उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जायेगा और स्त्री-पुरुष असमानता समाप्त होने लगेगी।

अत: महिलाओं को शिक्षित, आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर एवं अधिकार सम्पन्न बनाना है जिससे उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास हो सकें तभी महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक प्रस्थिति सुदृढ़ होगी और उन्हें सामाजिक न्याय मिल सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, रामगोपाल; 2002; 'डॉ. अम्बेडकर का विचार-दर्शन'; भोपाल; मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी; पृ. सं. 146
2. ओझा, एस.के.; 2018; 'जनसंख्या एवं नगरीकरण'; इलाहाबाद; बौद्धिक प्रकाशन; पृ. सं. 5, 10
3. सिंहल, लता; 1991; 'भारतीय संस्कृति में नारी'; दिल्ली; परिमल पब्लिकेशन्स; पृ. सं. 9
4. तुलसीराम; 18 जुलाई 1998; 'स्त्री होना ही दु:ख है'; नई दिल्ली; राष्ट्रीय सहारा; पृ. सं. 4
5. सिंह, राजबाला एवं सिंह, मधुबाला; 2006; 'भारत में महिलाएं'; जयपुर; आविष्कार पब्लिशर्स; पृ. सं. 9,10

6. ओझा, एस.के.; 2018; 'जनसंख्या एचं नगरीकरण'; इलाहाबाद; बौद्धिक प्रकाशन; पृ. सं. 5
7. डॉ. लवानिया, एम. एम. एवं जैन, शशी; 2011; 'ग्रामीण समाजशास्त्र'; जयपुर; रिसर्च पब्लिकेशन्स; पृ.सं. 157
8. मुकर्जी, रवीन्द्र नाथ; 1964; 'भारतीय समाज व संस्कृति'; दिल्ली; विवेक प्रकाशन; पृ. सं. 310, 311
9. डॉ. लवानिया, एम. एम. एवं जैन, शशी; 2011; 'ग्रामीण समाजशास्त्र'; जयपुर; रिसर्च पब्लिकेशन्स; पृ.सं. 157
10. शर्मा, डॉ. माता प्रसाद; 2007; 'मानवाधिकार एवं शिक्षा'; जयपुर; कविता प्रकाशन; पृ. सं. 57
11. उपाध्याय, डॉ. ज्योति; जनवरी 2014; 'महिला उत्पीड़न एक सामाजिक अभिशाप'; नटराज सार्थक संकेत समाज विज्ञान शोध पत्रिका; वर्ष-02, अंक-02; बड़वानी; नटराज समाज विज्ञान शोध संस्थान; पृ. सं. 15,
12. आहुजा, राम; 2007; 'भारतीय समाज'; जयपुर; रावत पब्लिकेशन्स; पृ. सं. 123, 127

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

काला पहाड़ : लोक जीवन की अभिव्यक्ति

संदीप कुमार यादव *

प्रस्तावना – समाज में लोक जीवन की परम्परा सदियों पुरानी है, लेकिन साहित्य में इसका विस्तार स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अधिक दृष्टव्य होता है। फणीश्वरनाथ 'रेणु' इसके प्रथम अध्येता है। मैला आंचल प्रथम रचना है, जिसमें लोक जीवन की अभिव्यक्ति विस्तार से दृष्टिगोचर होती हैं। इस परम्परा का प्रचलन आगे के साहित्यकारों में अधिक देखने को मिलता है। यही नहीं इसकी एक प्रवृत्ति भी चल पड़ी है। फणीश्वरनाथ रेणु के अतिरिक्त इस विचारधारा को आगे बढ़ाने वालों में नागार्जुन, रांगेय राघव, उदयशंकर भट्ट, देवेन्द्र सत्यार्थी, राही मासूम रजा, श्रीलाल शुक्ल, रामदरश मिश्र, अब्दुल विस्मिल्लाह, हिमांशु जोशी, शैलेश मटियानी, राजेन्द्र अवस्थी, मनहर चौहान, भैरवप्रसाद गुप्त, वीरेन्द्र जैन, संजीव आदि का नाम सर्वोपरि है।

'लोक शब्द अपने आप में एक व्यापक शब्द है इसके साथ जुड़ने वाला शब्द अपनी अर्थवत्ता खोकर लोक के अर्थ में समाहित हो जाता है, इसकी व्युत्पत्ति के संदर्भ में विद्यानिवास मिश्र लिखते है कि यह शब्द रूच/लुच से है जिसका अर्थ प्रकाशित होना है और प्रकाशित करना भी है, जो सामने प्रकाशित दिख रहा है और जो प्रकाशित कर रहा है।'[1] इसी प्रकार संस्कृत शब्द कोश में 'लोक शब्द की उत्पत्ति 'लोक' में धञ् प्रत्यय लगाने से है, जिसका एक अर्थ प्रकाश भी है।[2] अर्थात् लोक का अर्थ प्रकाश या छाया से है। लोक शब्द का एक अर्थ 'भुवन' संसार, खण्ड आदि भी बताया गय है। यहाँ पर इसी अर्थ में लोक को देखा जायेगा।

काला पहाड़ उपन्यास में मेवात अंचल के उन सभी तत्वों को प्रकाशित किया गया है जो लोक जीवन में घटित होते है। लोक जीवन को प्रस्तुत करने से पूर्व मेवात की भौगोलिक पहचान को समझना जरूरी है। दिल्ली-अलवर राजमार्ग पर बसा मेवात अंचल का छोटा सा गाँव नगीना और उसके आस-पास के गांवों नूह, साकरस, भदास, फिरोजपुर, झिरका आदि के बीच स्थित 'काला पहाड़' जिससे सुबह और शाम होने का एहसास हो मेवात अंचल की एतिहासिक विरासत है। इस भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले लोग मेव कहलाते है। काला पहाड़ उपन्यास में भगवानदास मोरवाल ने इनका परिचय दिया है – 'वास्तव में, मेव एक पुरानी क्षत्रिय क़ौम है, जिसने बाद में इस्लाम कुबूलकर लिया था। ज्यादातर हिस्टोरियंस की एक ही राय है कि मेवों के पुरखे चंदरवंशी और सूरजवंशी राजपूत थे जो तोमर, चौहान, राठौर और यादव के नाम से जाने जाते हैं। कुछ मेवों को खासकर राजपूतों की तीन शाखाओं यानी वंशों और पालों की बारह उप-शाखाओं से जोड़ते हैं, ये शाखाएँ हैं – यादव, तोमर और कछवाह।'[3] स्पष्ट है कि मेवात की इसी भौगोलिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर जीवन के विविध रंगों की झलक हम देख सकते है। शिक्षा, दीक्षा, स्वास्थ्य, खान-पान, रहन-सहन, मनोरंजन, नौटंकी, कला-संस्कृति आदि को लोक जीवन का अंग माना जा सकता है।

उपन्यास के प्रमुख पात्र सलेमी, मनीराम, रोबड़ा, बुद्धन, नवी खाँ, बाबू खाँ, बनवारी सुलेमान, चौधरी अतर मुहम्मद, चौधरी करीम हुसैन, हरसाय, सुभान खाँ, छोटे लाल, सूरज, तरकीला, रामदेई, रूमाली, रमजानो, मेमन तथा फजरी आदि के माध्यम से लोक जीवन की झाँकी प्रस्तुत की गयी है। ये सभी पात्र उन संघर्षों की कथा कहते हैं जिनके जीवन में समस्याओं से लड़ने का अपार साहस है, क्योंकि लोक जीवन में आधुनिक जीवन शैली के विपरीत प्राथमिक संसाधनों या यूं कहे कि घरेलू साधनों से उपचार किया जाता है। लोक जीवन की यही शैली आज साहित्य में विस्तार पा रही है। काला पहाड़ उपन्यास से पूर्व बहुत से उपन्यास लिखे गये, जो अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। फणीश्वरनाथ रेणु का मैला-आँचल, परती परिकथा, राही मासुम रजा का आधा गाँव, रामदरश मिश्र का पानी के प्राचीर, जल टूटता हुआ, श्रीलाल शुक्ल का रागदरबारी आदि इसी प्रकार के उपन्यास है।

भगवानदास मोरवाल ने काला पहाड़ में उन्हीं तत्वों को दिखाया है जिनसे लोक जीवन की पुष्टि होती है। यातायात नियमों के उल्लंघन में एक ऐसी गाड़ी का चालान होता है जिसके लिए कानून की किताब में कोई नियम नहीं है, क्योंकि यह गाड़ी देशी जुगाड़ से बनी है – 'लक्कड़बुग्गाऽऽ! अकबकाते हुए थानेदार कुर्सी से लगभग उछलते हुए बोला। उसने गरदन झटक कर सिपाही की ओर देखा तो सिपाही ने कोई जवाब नहीं दिया लेकिन जब ड्राइवर ने ही हाथ बाँधे विस्तार से, बेहद भोलेपन के साथ नए वाहन के बारे में बताया तब कही जाकर थानेदार की जान में जान आई।'[4] यह गाड़ी जिसका कोई कानूनी रिकार्ड नहीं दरअसल यह बैलगाड़ी का आधुनिकतम रूप है, जिसमें बैल की जगह किर्लोस्कर इंजन लगाया जाता है और यह भारत ही नहीं दुनिया की न ही किसी फैक्ट्री में बनती है।

त्यौहारों में मौसम विशेष के अनुसार खेल-कूद के होने वाले आयोजन लोक की पहचान होते है। तीज के अवसर पर पतंगबाजी का खेल गाँवों में एक-दूसरे की प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाता हैं नगीना और साकरस की पतंगबाजी का अद्भुत दृष्य 'काला पहाड़' में दिखाया गया हैं – 'चंदू परधान की छत द्वारा पराजय स्वीकार करते ही विजयोत्सव के इस नायक को वहीं लाला नौबत राय की छत पर जमा ठट्टे ने कंधों पर उठाकर ख़ुशियाँ मनानी शुरु कर दी।'[5] इसी तरह नौटंकी का आयोजन भी लोगों की रूचि के अनुसार क्षेत्र विशेष में मनाये जाते है। उपन्यास का नायक सलेमी इसी प्रकार की नौटंकी का वर्णन करता है – 'पूस की उस बर्फ-सी पिघलती रात को सलेमी कैसे भूल सकता है, जिसमें भोंदू के नोहरे में तीन-चार तख़्तों को जोड़कर बनाए गए मंच पर जब-जब कृष्णाबाई का जिस्म लरजता, तब-तब लगता जैसे उसकी शिराओं में खून की बजाय किसी ने पिघला हुआ शीशा उडेल

* शोधार्थी (हिंदी) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

दिया है।'[6] इस तरह की नौटंकी का आयोजन मनोरंजन होता है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरह से होती है।

लोक जीवन की झाँकी सावन की हरियाली और पेडों पर पड़ने वाले झूलों के बिना अधूरा है, क्योंकि क्षेत्र विशेष में गाये जाने वाले गीत लोकभाषा का परिचायक होते है। विरहिणी के उदास होठों से पिया मिलन की आस का ये गीत कुछ इसी तरह का है -

'पाँच सुपारी मेरे हाथ
बामण बूझण मैं चली
कह बमणा मेरे मन की बसी बात
कद बगदेगो मेरो सायबा ?'[7]

लोकगीत की तरह धार्मिक लोक जीवन का भी अपना महत्व होता है जो विविध अवसरों पर अपने देवता के लिए गाये जाते है। दादाखानू की मजार पर चढ़ने वाली गलेप पर औरतों की ओर से बड़ी सादगी से गीत गाये जाते है। कुछ गीत का कुछ अंश स्पष्ट है -

'पिपलिया झकझाल री
जहाँ सय्यद को थान
सय्यद बड़े औलिया
अम्मा तेरी ढो रई ब्यार
घेर लई सब गावड़ी
घेरो मोहन ग्वाल .....।'[8]

पंचायतों में होने वाले फैसले गाँव के सभी लोगों को मान्य होते है, क्योंकि सदियों से चली आ रही इस परम्परा का सम्मान कानून से दूर रह कर किया जाता है। पंचायत के फैसले के खिलाफ कोई भी व्यक्ति सरकारी कानून का सहारा नहीं ले सकता और यदि कोई इसके खिलाफ जाता है तो उसे बिरादरी से अलग कर दिया जाता है। बाबू खाँ पुत्र सलेमी को जब छेड़छाड़ के एक मामले में फैसला सुनाया जाता है तो सलेमी पंचायत के फैसले का सम्मान करते हुए अपने पुत्र पर अधिकार के साथ टूट पड़ता है - 'सलेमी ने धीरे-से दाएँ पाँव से पणहा निकाली और अपने सामने खड़े बाबू पर एक झटके के साथ यह कहते हुए तड़ातड़ बरसानी शुरू कर दी, कमीण, यारसू तो तू पैदा होते मर जातो ...... तैने आज मेरी ढकी-ढकाई उघाड़ दी.....।'[9] आम जीवन में गाली सामान्य बात है। काला पहाड़ में ऐसे ही कुछ दृष्यों को रेखांकित किया गया है - 'संजा के आरोप को सुनते ही हरसाय के जिस्म में मानो आग लग गई। पूरा शरीर मारे गुस्से के काँपने लगा, बिगड़ा खानदान की ..... रंडी राँड.... हम हराम की खाते हैं, ... दारीकी के ऐसा रहपटा उड़ाऊँगो के छेल ई छेल मूतेगी।'[10] हरसाय के गाली का जवाब संजा भी गाली से ही देती है - 'और अबके मेरा खानदान के बारा में कुछ कही न तो भडुआ, तेरी मूँछ्ने उघाड़ के चूतड़न पे लगा दूँगी।'[11] लोक जीवन में गाली रोजमर्रा की घटनाएँ है और इनका महत्व खण्ड विशेष में ही दिखाई देता है। यही घटनाएँ तो लोक जीवन को सजीव बनाती है, क्योंकि सभ्य समाज में इसका प्रचलन नहीं है।

लोक जीवन की एक झलक शादी-विवाह के अवसरों पर देखने को मिलती है, जिसका अलग ही महत्व है। कुछ ऐसे ही प्रसंगों के माध्यम से लोक जीवन को समझ सकते है। शादी से पूर्व लड़की वाले लड़के के घर आते है और शादी किस तारीख को होनी है तय किया जाता है। इसी अवसर पर औरतें गीत गाती है -

'बनड़ा खड़ो सड़क पर अनार माँगे री
अपनी माँ सू रूपिया हजार माँगे री
अपने बाबा सू रूपिया हजार माँगे री
अपनी भावज सू सारो सिंगार माँगे री
बनड़ा खड़ो सड़क पे ....।'[12]

इसी अवसर पर बारात जाने से पूर्व चाक पूजन होता है। यह विवाह की एक प्रचलित परम्परा है जिसमें औरतें कुम्हार के घर जाकर मिट्टी के बर्तन बनाने वाले चाक की पूजा करती है। इस अवसर पर कुछ गीत गाये जाते है जो इस प्रकार है -

'चौबारा पे मशीन चलावे दरजी को
या कुर्ती ए अपणा जेठ लू दिखाऊँगी
वही तो देवेगो याको दाम.....।'[13]

इसी तरह विवाह के दिन लड़के की माँ का भाई भात करने की रस्म अदा करता है। इसमें भाई अपनी बहन को आर्थिक मदद देता है। इस प्रसंग का वर्णन गीत के माध्यम से प्रस्तुत है -

'भाई अच्छो भरियो भात, बहाण टोटा में,
थाली में डेढ़ हजार, मोहर लोटा में
मैं हँसली-कठला पहर खड़ी कोठा में,
भाई अच्छो भरियो भात, बहाण टोटा में......।'[14]

विवाह के बाद विदाई के अवसर पर औरतें नम आँखों से लड़की को विदा करती है। हिलकियों और सिसकियों के बीच एक गीत प्रस्तुत है -

मैं तो अपणा कटक दल ए ले चली बाबल,
अब अपणा नगर सू बसियो
मैं तो तीन दिनाँ भारी होगी बाबल,
अब अपना नगर सू बसियो।'[15]

लोक जीवन की ये परम्पराएँ संस्कृति को समृद्ध करती है और यही लोक की सबसे मजबूत कड़ी है। इन सभी परम्पराओं को एक सूत्र में पिरोने का कार्य यदि हो तो यह परम्परा सदियों तक विद्यमान रहती है। काला पहाड़ में एक ऐसे ही पुरोहित का वर्णन किया गया है जो लिखित रूप में एक पाण्डुलिपि रखता है जिसमें खण्ड विशेष की सभी समस्याओं, घटनाओं का वर्णन मिलता है। लोक जीवन की इस परम्परा का आख्यान नत्थू के माध्यम से स्पष्ट है - 'जिजमान, खाँईं ई तो छोटी-सी बात है.... अजी हमारे पुरजान्ने तो गोर-गजनवी से लेके बाबर-बलबन और तिहारे हसन खाँ मेवाती तलक की पुरोहिताई करी है ......।'[16] लोक में प्रचलित इस अद्‌भुत कला का दूसरा कोई उपाय नहीं था, लेकिन आधुनिक युग में यह कला बिखर-सी गयी है या ये कहे कि इसके अनेक रूप सरकारी पाण्डुलिपियों में मिल जायेंगे।

मेवाती लोक जीवन का यह माध्यम समाज के अन्य क्षेत्रों के जीवन से कुछ अलग जरूर है, लेकिन साहित्य में इसकी विशालता नये रूप में प्रस्तुत हुई है। इससे पूर्व मेवात की पृष्ठभूमि को आधार बनाकर साहित्य नहीं रचा गया है, बल्कि छोटे-छोटे स्वरूपों में इसका प्रस्तुतीकरण जरूर हुआ है। लोक जीवन की इस झाँकी को जिस विराटता के साथ दिखाया गया उससे स्पष्ट है कि रहन-सहन, खेत-खलिहान, रीति-रिवाज, धर्म-संस्कृति आदि के अंतर्गत ही लोकजीवन को समझाया गया है और ये ही तत्व अन्य संस्कृतियों में भी प्रगाढ़ रूप में दिखाई देते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विद्यानिवास मिश्र, लोक और लोक का स्वर
2. वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत-हिन्दी कोश, पृ. 1327.
3. भगवानदास मोरवाल, 'काला पहाड़', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली,

पृ. 93.
4. वही, पृ. 10.
5. वही, पृ. 41.
6. वही, पृ. 42.
7. वही, पृ. 49.
8. वही, पृ. 56.
9. वही, पृ. 65.
10. वही, पृ. 231.
11. वही, पृ. 231.
12. वही, पृ. 107.
13. वही, पृ. 118.
14. वही, पृ. 120.
15. वही, पृ. 145.
16. वही, पृ. 191.

****

हिंदी वेब पोर्टल : चुनौतियां और संभावनाएं

प्रो. रफी मोहम्मद शेख *

शोध सारांश – वेबसाइट और वेब पोर्टल को इन्टरनेट की आत्मा कहा जाना ही न्यायोचित प्रतीत होता है। इंटरनेट पर शब्द, अंक, चित्र, ध्वनि या विडियों के द्धारा डाटा एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा और देखा जाता है। इंटरनेट क्रांति के बाद यहां पर दी जाने वाली सेवाओं के लिए वेब पेजेस के साथ ही पोर्टल का उपयोग किया जाता है। वेबपेज अपने आपमें परिपूर्ण होता है जबकि विभिन्न वेब पेजेस और ई–मेल, खोज, लिंक जैसी कई सुविधाओं से युक्त वेब पेजेस को वेब पोर्टल कहा जाता है। वर्तमान में पाठकों में इस पोर्टल की क्रेज बहुत अधिक बढ़ा है। इसी को देखते हुए हिंदी के लगभग सभी समाचार–पत्रों और समाचार–एजेंसियों ने स्वतंत्र रूप में अपने समाचार साइट्स को वेब पोर्टल के रूप में विकसित किया है। यहां तक कि आकाशवाणी और टेलीविजन चैनल ने भी अपना रूप बदलकर अपने इंटरनेट संस्करण शुरू किए है। वेब पर ऑनलाइन सहित्यिक पत्रिकाओं की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। साथ ही ब्लॉग के आगमन से भी हिंदी वेब पोर्टल और साहित्य अधिकाधिक समृद्ध हो रहे हैं। साहित्यकार अपने ब्लाग के जरिए वैश्विक पाठक से जुड़ कर हिंदी भाषा और साहित्य को विश्व स्तर तक पहुंचा रहे हैं। तकनीकी अवरोध एवं फोण्ट की समस्याओं से भी हिंदी वेब मीडिया अब धीर–धीर मुक्त हो रहा है। वेब पोर्टल के क्षेत्र में इतनी मजबूत पकड़ बनने के बावजूद भी हिंदी वेब पोर्टल के सामने आज भी साक्षरता, आर्थिक स्त्रोत तथा विश्वसनीयता जैसी चुनौतियां है। वेब पोर्टल के क्षेत्र में प्रतिदिन नए–नए आयाम विकसित हो रहे हैं। वेब पोर्टल के क्षेत्र में कॅरियर की बहुत अधिक संभावनाएँ है। इस क्षेत्र का तकनीकी ज्ञान, भाषा और सूचना कौशलआपको एक बेहतर कॅरियर और रोजगार का अवसर प्रदान करता है।

शब्द कुंजी – वेब पोर्टल, तकनीकी अवरोध, चुनौतियां, कॅरियर, रोजगार, संभावनाएं।

प्रस्तावना – आज का युग संचार क्रांति का युग है। संचार क्रांति की इस प्रक्रिया में जनसंचार माध्यमों के भी आयाम बदल रहे हैं। आज की वैश्विक अवधारणा के अंतर्गत सूचना एक हथियार के रूप में परिवर्तित हो गई है। सूचना जगत गतिमान हो गया है, जिसका प्रभाव जनसंचार माध्यमों पर पड़ा है। समाचार–पत्र, पत्रिकाओं से लेकर रेडिओ और टेलीविजन जैसे पारंपरिक माध्यमों की जगह आज वेब मीडिया ने ले ली है। परंपरागत पोर्टल से बिलकुल भिन्न कम्प्यूटर और इन्टरनेट के माध्यम से संचालित एवं विभिन्न सेवाएं प्रदान करने वाले पोर्टल को वेब पोर्टल कहा जाता है। मीडिया के परिप्रक्ष्य में देखें तो पोर्टल ने ऑनलाइन पत्रकारिता, इंटरनेट पोर्टल तथा सायबर जर्नलिज्म के कई रूप सामने रखे हैं। इसकी पहुंच किसी एक पाठक, गाँव, शहर या एक देश तक सीमित नहीं है,बल्कि सम्पूर्ण विश्व तक होती है। इसे प्रिंट मीडिया, रडियो और टेलीविजन का मिला–जुला रूप भी कह सकते हैं, चूंकि इसमें समाचारों को पढ़ा भी जा सकता है तथा सुना और देखा भी जा सकता है। इसमें टेक्स्ट, पिक्चर्स, ऑडियो और वीडियो का प्रभावकारी रूप से प्रयोग किया जाता है। इसमें वेब सूचना यहां से वहां रखी जा सकती है, वही संरक्षित कर कई सालों तक सुरक्षित रखी जा सकती है। किसी पुरानी घटना से जुडी सूचनाएं अगर सुरक्षित यानी सेव की गई है तो वे नए हालात में नए सन्दर्भो में काम आ सकती है। इसमें सूचना और समाचारों के अतिरिक्त लेख, कविता, कहानी, उपन्यास, व्यंग्य, फीचर, साक्षात्कार, समीक्षा तथा समसामयिक विषयों पर आलेख भी प्रदर्शित होतें हैं। वेब पोर्टल ने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दे को काफी विस्तार दिया है। जहां कल तक मीडिया पर एक खास वर्ग तथा खास विषयों का दबदबा रहा है, वहीं पर पोर्टल ने समाज से जुड़े मुद्दे का उठाने ने काफी मदद की है। इस तरह वेब पोर्टल साहित्यिक विधाएं, ज्ञान–विज्ञान, मनोरंजन, प्रादेशिक, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय अद्यतन खबरों से भरपूर होती है।

विषय विश्लेषण – वर्तमान में कम्प्यूटर और सूचना संजाल (इंटरनेट) का सांमजस्य और सम्बन्ध बहुत अधिक हो गया है। विश्व में अधिकांशत: अंग्रेजी भाषा में इंटरनेट की सामग्री का उपयोग होता है लेकिन भारत, चीन, जापान, रूस जैसे देशों में क्षेत्रीय भाषाओं को भी उतना ही महत्व मिलता है। भारत हालांकि हिंदी इंटरनेट में बहुत आगे नहीं है, लेकिन उसके बावजूद इसके महत्व और प्रसार को नकारा नहीं जा सकता है। इसका प्रसार लगातार और तेजी से बढ़ रहा है लेकिन इसके साथ ही इसमें आ रही परेशानियों और सुधार पर काम भी तेजी से चल रहा है। धीरे–धीरे यह आम भारतीयों का नेट बनने की तरफ अग्रसर हो रहा है।

इसके साथ ही वेब पोर्टल और वेब साइट के रूप में अपनी सामग्री को सारी दुनिया के सामने भी रखा जा रहा है। आज यह सबसे प्रचलित माध्यम है न केवल सब तक अपनी बात पहुंचाने का बल्कि विज्ञापन से लेकर प्रसिद्धि पाने तक का। यहां पर सारी दुनिया आपकी बात सुनकर अपने घर बैठे ही आपके काम की सराहना, आलोचना या सलाह दे सकती है। जब तक यह आम लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा, तब तक इसका लक्ष्य सफल नहीं हो सकता है और न ही इसके उद्देश्य पूरे हो सकते हैं। इसी कारण भारतीय भाषाओं और खासकर हिन्दी भाषा में इसके प्रचार की ज्यादा जरूरत है। इससे ज्यादा जरूरत प्रस्तुत सामग्री के सही तरह से होने और प्रस्तुतिकरण की भी है। भारतीय वेब पोर्टल और वेबसाइट का इतिहास एवं विकास के साथ ही भविष्य में इनकी संभावनाओं पर शोध की आज आवश्यकता है, साथ ही यह हमारे लिए बहुत उपयोगी भी होगा।

* सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर विभाग) पमब गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

अंग्रेजी में ऑनलाइन पत्रकारिता की शुरुआत हिंदी से पहले हुई। भारत में 1995 के उतरार्द्ध में चेन्नई से प्रकाशित द हिन्दू (अंग्रेजी) ने अपना पहला इन्टरनेट संस्करण देना शुरू किया। इसके बाद तो एक से एक प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों ने अपने–अपने इन्टरनेट संस्करण तैयार किए। लेकिन हिंदी में फोण्ट जैसी एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण समाचार–पत्रों के इन्टरनेट संस्करण आने में काफी समय लगा। 4 दिसंबर 1996 को इंदौर के अखबार नईदुनिया ने 'वेबदुनिया' नाम से हिंदी समाचार पोर्टल लॉन्च कर हिंदी वेबपोर्टल के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात किया। 2 मई 1996 को आकाशवाणी ने भी अनलाइन सूचना सेवा का प्रायोगिक संस्करण आरंभ किया। 90 के दशक के उत्तारार्द्ध में महत्वपूर्ण हिंदी दैनिकों ने तेजी से अपने समाचार साइट का विकास प्रारंभ किया। इनमें नवभारत टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, पांचजन्य, इंडिया टुडे, आगरा न्यूज, मीडिया मंच, प्रवक्ता, भड़ास, ब्लग प्रहरी, बीबीसी हिंदी सेवा आदि समाचार पत्रों के जाल संस्करण भी उपलब्ध हो गए। इसी सूची में समाचार एजेंसियों को भी समाहित किया जा सकता है, जिसमें यूनीवार्ता, पीटीआई, आरएनआई आदि प्रमुख है।

विश्व की प्रमुखतम आईटी कम्पनियां भी भाषाई महत्ता के अर्थशास्त्र का भांपते हुए अब लगातार हिंदी में समाचार पोर्टल का संचालन करने लगी है, जिसमें याहू, गूगल हिंदी एमएसएन, रेडिफ डॉट कॉम, सत्यम ऑनलाइन, विमेन इन्फोलाईट आदि कुछ बड़े पोर्टल है। विकिपीडिया का हिंदी वर्जन भी हिंदी सहित हिंदी पोर्टल को गति देने में लगा है। इस दरमियान विदेशों में खासकर अमेरिका, जापान, जर्मनी आदि देशों में हिंदी की महत्वपूर्ण वेबसाइट अस्तित्व में आयी, जिनमें अभिव्यक्ति, अनुभूति, भारतदर्शन, हिंदी नेस्ट, साहित्यकुंज आदि प्रमुख है। इन्टरनेट पर मुक्त लेखन की नई विधा ब्लॉग के आगमन से भी हिंदी वेब पोर्टल समृद्ध हो रही है। हिंदी ब्लॉगिंग की आरंभ 21 अप्रैल 2003 को हुआ थी, जब आलोक कुमार ने हिंदी के पहले ब्लॉग नौदोग्यारह का प्रकाशन किया। ब्लॉग मुक्त सृजन का मंच है। इसके माध्यम से किसी भी तरह की अनुभूति को स्वछंद रूप में अभिव्यक्ति करने की पूरी छूट होती है। ब्लॉग पर विभिन्न विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है, जिसमें राजनीति, धर्म, मीडिया, साहित्य, पत्रकारिता, सिनेमा, स्वास्थ्य, खान–पान, कला, शिक्षा, संस्कार, खेती–बाड़ी, ज्योतिष, समाज सेवा, पर्यटन, तकनीकी, वन्य जीवन, नियम कानून इत्यादि प्रमुख है। इसकी महत्ता और उपयोगिता को समझकर कई विचारक और साहित्यकार अपने ब्लॉग के जरिए वैश्विक पाठकों के बड़े वर्ग से जुड़े हुए है। कुछ वर्ष पूर्व तक इक्का–दुक्का ब्लॉगर इंटरनेट पर थे, लेकिन आज देखते ही देखतें यह संख्या हजारों तक पहुंच चुकी है। अर्थात् हिंदी वाले भी इस दिशा में पीछे नहीं है।

हिंदी वेब मीडिया के अपेक्षित विकास एवं लोकप्रियता में गुणात्मक वृद्धि नहीं होने के पीछे मुख्य कारण उचित तकनीकी का अभाव है। इसी के चलते अब तक हम अंग्रेजी वेब मीडिया की तुलना में पीछे चल रहे हैं। इस सम्बन्ध में प्रसिद्ध हिंदी पत्रकार और आलोचक विष्णु खरे का मानना है कि अगर दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई जाए तो हिंदी में वेबसाईट और वेब पोर्टल भी अंग्रेजी के साथ–साथ कदम से कदम मिलकर चल सकते हैं। यदि वांछित तकनीकी शोध के साथ –साथ कॉपीराइट एवं अन्य सम्बन्धित विविध कठिनाईयों को लगातार दूर करने के प्रयास किए जाते हैं।

तकनीकी अवरोध दूर करने की दृष्टि से पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार के नेशनल सेंटर फॉर सॉफ्टवेयर टेक्नालॉजी मुंबई, सी–डैक पुणे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी हैदराबाद आदि संस्थान और माइक्रोसॉफ्ट, याहू, रेडिफ, रेट हेट आदि जैसी वेब कंपनियों ने हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं की लगभग तमाम समस्याओं को हल करने का प्रयास किया है। भाषा तकनीक में विकसित उपकरणों को जनसामान्य तक पहुंचाने हेतु बाकायदा पोर्टल और वेबसाइट के द्वारा व्यवस्था की गई है, जहां भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय की वेबसाइट पर लॉगिन करके सीडी मुफ्त में बुलवाई जा सकती है। वहीं इनमें से आवश्यक एप्लिकेशन या सॉफ्टवेयर डाउनलोड भी किए जा सकते हैं। सी–डैक ने हिंदी भाषा सिखाने हेतु लीला नामक वेबसाईट उपलब्ध करवाई है। इस वेबसाईट के माध्यम से हिंदी के साथ भारतीय भाषाओं की पढ़ाई ऑनलाइन मुफ्त प्रदान की जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने यूनिकोड आधारित फोण्ट मंगल को विण्डोस एक्सपी ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ उपलब्ध करवा देने से हिंदी प्रेमियों को फोण्ट की समस्याओं से छुटकारा मिल गया है। माइक्रोसॉफ्ट की ही भाषा इंडिया नामक परियोजना भी है, जो कार्य के लिए मदद कर रही है।

पोर्टल के क्षेत्र में अगर अपनी साख बनाएं रखनी है तो निश्चित ही कुछ सिद्धान्तों का पालन करना आवश्यक होता है। आज समाज में जनसंचार के अनेकानेक साधन उपलब्ध है और इन सब में अपना स्थान बनाएं रखना हिंदी वेब पोर्टल के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। वेब अभिव्यक्ति का मुक्त मंच होने के कारण इस माध्यम में सूचनाओं की विश्वसनीयता को लेकर हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। पब्लिसिटी के लिए अनैतिकता को बढ़ावा न मिलें इसकी ओर ध्यान देना जरुरी होता है। बिना सत्यापन के किसी जानकारी को वेब पर स्थान देने से इस पोर्टल की गरिमा धूमिल हो सकती है। वेब पोर्टल का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। अधिकाधिक लोगों तक सूचना को पहुंचाने के लिए यह सबसे सरल माध्यम है, परंतु इससे लाभान्वित होने के लिए व्यापक क्षेत्र तक इन्टरनेट की पहुंच और हर पाठक वर्ग का साक्षर होना आवश्यक होता है। शहरों के लिए तो कोई समस्या नहीं है पर ग्रामीण या आंचलिक भागों में, पहाड़ी इलाकों में बिजली का अभाव या सिग्नल की पहुंच कम है। ऐसे में वेब पोर्टल को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना भी बड़ी चुनौती है। पोर्टल से प्रसारित सामग्री का जनोपयोगी होना अपेक्षित होता है। इसलिए वेब पोर्टल को शिक्षाप्रद और ज्ञानप्रद बनाना आवश्यक है। वेब मीडिया को संचालित करना और उसे निरंतर अपडेट रखना भी बड़ा कठिन कार्य होता है। इसके लिए आर्थिक रूप से सक्षम होना जरुरी है, लेकिन अन्य मीडिया में जिस प्रकार विज्ञापनों द्वारा आर्थिक स्त्रोत प्राप्त किए जा रहे है, उस प्रकार का काम वेब मीडिया द्वारा कम होता है। इस प्रकार की विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों का सामना कर हिंदी वेब पोर्टल को प्रतिष्ठित करना होगा।

वेब पोर्टल के क्षेत्र में कॅरियर की बहुत अधिक संभावनाएं है। संचार क्रांति के इस युग में लोग अखबार से ज्यादा इन्टरनेट के माध्यम से खबरों को जानना ज्यादा पसंद करते है। इसीलिए पोर्टल का कोर्स या इस क्षेत्र का सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा कोर्स करने के बाद किसी भी ऑनलाइन न्यूज पोर्टल से जुड़कर एक वेब पत्रकार तथा तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते है। इसके अतिरिक्त बतौर फ्रीलांसर भी इस क्षेत्र में बहुत स्कोप है। इस तरह आपको एक साथ कई वेबसाईट में अपनी सेवाएं देने का अवसर मिल सकता है। खेल, साहित्य, कला, तकनीकी, स्वाथ्स्य, संस्कृति जैसी लोकोपयोगी साइट पर कॅरियर की उज्ज्वल संभावनाएं है।

निष्कर्ष – भारत में मोबाईल तकनीकी और फोन सेवा प्रदान करनेवाले टेलिकॉम अप्रेटर भी इसके प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एंड्राइड मोबाइल्स हो या फिर अन्य साधन जिनके माध्यम से कहीं भी किसी

भी समय हम सूचना तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि पोर्टल के क्षेत्र में प्रतिदिन नए-नए आयाम विकसित हो रहे हैं। मुद्रित माध्यम से आरंभ हुआ पोर्टल आज इंटरनेट के जरिए विश्वव्यापी बन चुका है। सूचना, लेखन, तकनीक एवं विविध विधाओं का स्वरुप इलेक्ट्रनिक पोर्टल में बदल गया है। व्यापक परिप्रेक्ष्य में हिंदी वेब पोर्टल ने हिंदी भाषा और साहित्य को विश्व जनमानस से जोड़कर हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराया है। भारत सरकार ने भी पोर्टल को अधिमान्यता देकर कॅरियर और रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराएं हैं। इसके अलावा भारत के कई विश्वविद्यालयों और शिक्षा प्रतिष्ठानों में ऑनलाइन पोर्टल पाठ्यक्रमों का जिस गति से विकास हो रहा है, उसे देखकर निश्चित रूप से हिंदी वेब पोर्टल का भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है। जैसे ही हम कुछ समस्याओं को खत्म कर लेंगे, वैसे ही पोर्टल अपने आप में संपूर्ण हो जाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विजय प्रभाकर काम्बले, भारतीय भाषाओं में कम्प्यूटर और विश्वजाल का विकास
2. माथुर श्याम (2010), वेब पत्रकारिता , राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
3. संपा. हंसराज सुमन, एस. विक्रम (2010), वेब पत्रकारिता,श्री. नटराज प्रकाशन, दिल्ली, 29
4. शालिनी जोशी, शिवप्रसाद जोशी (2012), वेबपत्रकारिता : नया मीडिया नये रुझान, राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली, पृष्ठ 32
5. पचौरी सुधीश (2002), नये जनसंचार माध्यम और हिन्दी, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नईदिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Government Schemes And Poverty Alleviation In Urban U.P.

Yatindra Kumar Jha* Dr. Amit Kumar**

Abstract - Widespread urbanization is a twentieth century phenomenon. In 2000, the world's urban population had increased to almost 2.9 billion, about 47 per cent of the total population. Today Asian countries have emerged as most populous countries. More than 27 per cent population of India resides in urban areas and the larger cities are swelling due to increasing urban population and migration from rural and semi-urban areas. The structural reforms and the associated development strategies launched in 1991 are expected to accelerate rural urban migration and boost the pace of urbanization. The demographic and economic growth in India is likely to be concentrated in and around fifty to sixty large cities with population of about a million or more. There is migration from villages to town and cities which results in growth of metropolitan cities since they provide multiple avenues, services and amenities viz. education, health care, employment, business and entertainment options etc. People also migrate for economic opportunities and urban life styles. Though urbanization brings about development in the social, economic and cultural spheres of life but sometimes it disturbs the ecological system. Rapid and unplanned growth of urban agglomeration generates a series of negative environmental and social effects. Today urban India presents a very pathetic scene. Cities have become a site of rotting garbage, degrading drainage system and shocking night soil removal system. Besides, poor have practically no access to covered toilets and in many towns and cities, the majority have to defecate in the open. The untreated sewage being dumped into the nearest water body leads to health hazards.
Key Words - Government Scheme**,** Decentralization, Urbanization, Urban Governance, Poverty, Alleviation.

Introduction - India is one of the least urbanized countries in the world because between 1951 and 2001, the level of urbanization increased by 13 percentage points only.Widespread urbanization is a twentieth century phenomenon. In 2000, the world's urban population had increased to almost 2.9 billion, about 47 per cent of the total population. Today Asian countries have emerged as most populous countries. More than 27 per cent population of India resides in urban areas and the larger cities are swelling due to increasing urban population and migration from rural and semi-urban areas. The structural reforms and the associated development strategies launched in 1991 are expected to accelerate rural urban migration and boost the pace of urbanization. The demographic and economic growth in India is likely to be concentrated in and around fifty to sixty large cities with population of about a million or more. There is migration from villages to town and cities which results in growth of metropolitan cities since they provide multiple avenues, services and amenities viz. education, health care, employment, business and entertainment options etc. People also migrate for economic opportunities and urban life styles. Though urbanization brings about development in the social, economic and cultural spheres of life but sometimes it disturbs the ecological system. Rapid and unplanned growth of urban agglomeration generates a series of negative environmental and social effects. Today urban India presents a very pathetic scene. Cities have become a site of rotting garbage, degrading drainage system and shocking night soil removal system. Besides, poor have practically no access to covered toilets and in many towns and cities, the majority have to defecate in the open. The untreated sewage being dumped into the nearest water body leads to health hazards.

India is one of the least urbanized countries in the world because between 1951 and 2001, the level of urbanization increased by 13 percentage points only. However, it has the second largest urban population in the world and more than two third of it lives in the 393 cities that have population of over one lakh. The four mega cities viz., Mumbai, Kolkata, Delhi and Chennai with a population of more than 7 million each in 2011 account for almost one fourth of population living in cities. As per 2011 census, 296 million population i.e. 28.3 per cent of 1129 million total population of India is residing in 4368 cities and towns in the country, where as in 2001, 27.8 per cent population lived in urban areas. The decadal growth in urban population during 2001-2011 has been 33.5 per cent whereas at the beginning of the 20th century, only 10.8 per cent of total 218 million population of the country resided in cities and towns. The number of million plus cities has increased to 35 in 2001 from 12 in 1981 and 23 in 1991. These 35 million plus cities account for 107.9 million urban population of the country.

* Research Scholar, Department of Sociology, OPJS University, Churu (Raj.) INDIA
** Associate Professor, Department of Sociology, OPJS University, Churu (Raj.) INDIA

की वृद्धि हुई। नेहरू के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बात यह है कि नेहरू युग में भारी औद्योगिक उत्पादन में विविधता का समावेश आया तथा इलेक्ट्रानिक्स पेट्रोकेमिकल्स जैसे अधुनातन औद्योगिक इकाईयों को प्रश्रय मिला जोकि भारी उद्योगी साम्राज्य की विकास उन्मुख प्रवृत्तियों की द्योतक है। उनकी शासन अवधि में भारत के भारी औद्योगिक उत्पादन में लगभग 6 गुनी वृद्धि हुई थी जो उनके कार्यकाल को सराहनीय बनाती है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी, राष्ट्र की धरोहर, जवाहरलाल नेहरू, लोक राज प्रकाशन, नई दिल्ली, 1989, पृ0-47।
2. आठवां वर्ष, पब्लिकेशन डिविजन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, दिल्ली दिसम्बर 1985, पृ0-60।
3. आनंद शंकर शर्मा, दिव्य पुरूष नेहरू, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 1966, पृ0-52।
4. ज्ञानचंद सोशलिस्ट ट्रांस्फॉरमेशन आफ इंडियन इकोनामी, स्टडी इन सोशल एनालिसिस एलाइड पब्लिकेशन, मुंबई, 1965 पृ0-130।
5. जवाहरलाल नेहरू के भाषण, पृष्ठ-89।
6. डॉ0 वेदव्रत शर्मा, जवाहरलाल नेहरू एक समाजवादी दार्शनिक, लक्ष्मी प्रकाशन संस्थान, इंदौर, 1991, प्रष्ठ-134।
7. सुनील गुहा, आजादी का 11 वर्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जंतर मंतर रोड, नई दिल्ली, 1957, पृष्ठ-73।
8. वही।
9. डॉ0 सीताराम सिंह नेहरू के आर्थिक विचार, खनन भारती, नेहरू विशेषांक, 1968, पृष्ठ-221
10. सुनील गुहा, पूर्वोक्त, पृष्ठ-77।
11. वीरेन्द्र सिंह, नेहरू जी और औद्योगिक वैज्ञानिक चेतना, महाराष्ट्र मानस, पंडित जवाहरलाल नेहरू विशेषांक, नवीन प्रकाशन, मुंबई, दिसम्बर 1989, पृष्ठ-48।
12. द टाइम्स ऑफ इंडिया, अंग्रेजी दैनिक दिल्ली से प्रकाशित नेहरू मैमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी, नई दिल्ली, 1965, पृष्ठ-7।
13. विज्ञान प्रगति, सिफर से शिखर तक, भारतीय विज्ञान के 60 वर्ष सितंबर 2007, पृष्ठ-28।

****

मलिन बस्तियों में स्वच्छता उन्नयन के सामाजिक-आर्थिक पक्ष

भगवान दास पाल*

प्रस्तावना – वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के परिणामस्वरूप नगरीकरण में तीव्र वृद्धि समस्त विकासशील देशों में जारी है। इसी क्रम में भारत में भी नगरों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। 2001 की जनसंख्या के आँकड़ो के अनुसार जहाँ भारत में 35 दश लाखी महानगर थे, वहीं 2011 में यहां 53 दश लाखी महानगर हो गये हैं। ऐसी स्थिति में महानगरों में मलिन बस्तियों की वृद्धि स्वाभाविक ही है। इन मलिन बस्तियों में स्वच्छता की चुनौतियां भी कम नही हैं। इन मलिन बस्तियों में स्वच्छता से संम्बधित जो सुधार किये गये, वो काफी सीमित मात्रा में हैं। स्वच्छता में सुधार की कमी के कई कारक हैं। जैसे- हितधारकों द्वारा स्वच्छता को प्राथमिकता में न रखना, अपर्याप्त वित्त, स्वच्छता सुधार में उच्च तकनीकि का अभाव, लोगों की सहभागिता का अभाव, निजी क्षेत्र के निवेश की उदासीनता आदि। कुछ अतिरिक्त कारक भी है। जो मलिन बस्तियों में स्वच्छता के संकट को उत्पन्न करते हैं। जैसे- स्वच्छता सुधार के लिए वास्तविक संचालक के माँग में कमी तथा समस्याओं के पहचान की जटिलता एवं स्वच्छता से संम्बधित सेवाओं की पहुँच आदि।

इस शोध पत्र में विशेष रूप से स्वच्छता के गैर-स्वास्थ्य लाभ तथा मलिन बस्तियों में स्वच्छता के उन्नयन में आने वाली सामाजिक व आर्थिक जटिलताओं जैसे पक्षों को षामिल किया गया है।

मलिन बस्तियों की वृद्धि – पिछले 15 वर्षो में अनियोजित तरीके से जिस गति से नगरीकरण की मात्रा में वृद्धि हुयी है। उससे महानगरों में मलिन बस्तियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। भारत में 2001 में मलिन बस्तियों में रहनें वाले लोगों की जनसंख्या जहाँ 5.23 करोड़ थी, वहीं 2011 में मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों की जनसंख्या 6.55 करोड़ हो गयी। कुल मलिन बस्तियों का 38 प्रतिशत चार बड़े महानगरों में विद्यमान है। इन बस्तियों का विकास उदारीकरण के बाद औद्योगिक गतिविधियों के बढ़नें से हो रहा है।

विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक गतिविधियों के बढ़ने से नगरों की तरफ लोगों का आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है। जिससे ये अवैध बस्तियाँ नगरों के आस-पास तेजी से बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान में यू.एन.डी.पी. ने विश्व स्तर पर मलिन बस्तियों में रहने वाले लगभग 100 मिलियन लोगों के जीवन स्तर में सुधार, उनकी बस्तियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति आदि के लिए शताब्दी विकास लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके अन्तर्गत 2020 तक इन बस्तियों में सुधार का लक्ष्य रखा गया है।

भारत जैसे विकासशील देश में अनियोजित तरीके से अवैध बस्तियाँ नगरों के बाहरी इलाकों, कुड़े के ढेरों, रेलवे लाइनों के किनारों पर बसती जा रही हैं। इसका प्रमुख कारण गरीबी, नगरीय भूमि की कमी, लीज पर ली गयी जमीनों की कमी, नगर के बाहरी हिस्से में आधारभूत संरचनाओं की कमी, नगर में मिलने वाली सुविधाओं के आकर्षण के चलते इन मलिन बस्तियों की संख्या में वृद्धि निरंतर जारी है। सरकार द्वारा इन बस्तियों के उन्नयन हेतु बनाई गयी नीतियाँ, प्रशासनिक अक्षमता, लोगों में जागरूकता की कमी के चलते जस की तस बनी हुयी हैं। इन बस्तियों में ज्यादातर गाँव से आने वाला गरीब परिवार होता है। जो कि सस्ते आवासों की तलाश में इन बस्तियों का सहारा लेता है। इन बस्तियों में प्राय: आधारभूत संरचनाओं जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि की कमी पायी जाती है। जिससे यहाँ विभिन्न प्रकार के संक्रामक व असंक्रामक बिमारियों की अधिकता होती है। वर्तमान में दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, बंगलुरू, चेन्नई जैसे महानगरों में तेजी से मलिन बस्तियों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है।

मलिन बस्तियों में स्वच्छता की दशा : मलिन बस्तियों में जनसंख्या घनत्व बहुत अधिक पाया जाता है। गलियाँ अत्यन्त सँकरी तथा नालियाँ खुली होती हैं। ऐसी स्थिति में इन गलियों में साफ-सफाई करना काफी मुश्किल होता है। नालियाँ खुली होने के कारण जब उनमें अवसाद की मात्रा ज्यादा होती है, तो नाली का पानी इन गलियों में फैल जाता है। बरसात के दिनों में नालियों की क्षमता कम होने के कारण बारिश का पानी, इन बस्तियों के घरों में प्रवेश कर जाता है। जिससे इन बस्तियों में शीलन बनी रहती है। इस शीलन के कारण अनेक बिमारियाँ उत्पन्न होती रहती है। इन बस्तियों में शौचालयों की कमी के कारण लोग बस्तियों से थोड़ी दूरी पर खुले में शौच करते हैं। जिससे बारिश के दिनों में अक्सर इन बस्तियों में डायरिया, कालरा, टाइफाइड या अन्य विषाणुजनित बिमारियाँ फैलती रहती हैं। जिन घरों में शौचालय है, वे भी सेफ्टी टैंक ना बनाकर बल्कि खुली नालियों में मल-जल को प्रवाहित करते हैं। जिससे गलियों में गन्दगी फैलती रहती है।

गाँव से नगरों की ओर अच्छे जीवन स्तर की तलाश में निरंतर प्रवसन होता है। जिससे इन बस्तियों का अनियोजित विकास होता रहता है। तथा समस्याएँ जस की तस बनी रहती हैं। इन प्रवसित लोगों का आशियाना इन मलिन बस्तियों में ही बसता है। इन बस्तियों में षुद्ध पेयजल का अभाव, गन्दे पानी के निकलने की उचित व्यवस्था का ना होना, बस्तियों से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे के निपटान की उचित व्यवस्था का अभाव, लोगों में स्वच्छता संम्बन्धी जागरूकता में कमी के कारण इन बस्तियों में समस्याएँ बहुत अधिक रहती है। प्रशासनिक अक्षमता के कारण नगर को मिलनें वाली सुविधाओं तक लोगों की पहुँच न होने के कारण, इन बस्तियों की स्वच्छता की दशाएँ अत्यंत दयनीय होती हैं।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच संबन्ध : स्वच्छता और स्वास्थ्य एक दूसरे से घनिष्ट रूप से अन्तर्सम्बन्धित हैं। मलिन बस्तियों में डायरिया के प्रसार

* शोधाथी (भूगोल) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

से वहाँ रहने वाले बच्चों में कुपोषण की समस्या बहुत अधिक होती है। कुपोषण और भुखमरी के द्वारा बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। आर्थिक समस्याओं के चलते लोगों का जीवन स्तर निम्न स्तरीय होता है। विश्व बैंक के आँकड़ों के अनुसार विश्व स्तर पर पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की होने वाली मौतों में से, 15 प्रतिशत मौतें विकासशील देशों में निम्न या मध्यम आय वर्ग के लोगों के बच्चों में डायरिया के कारण होता है। 90 प्रतिशत डायरिया से संबन्धित बिमारियों का मुख्य कारण साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल का अभाव है।

यदि हम स्वच्छता में सुधार का मुल्यांकन करें तो, जहाँ स्वच्छता की स्थिति में सुधार है। वहाँ बच्चों में पोषण का स्तर भी अच्छा है। तथा डायरिया से संबन्धित बिमारियों में भी कमी देखी गयी है। मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों एवं बड़ों की शौच संबन्धी आदतों में सुधार की आवश्यकता है, जिससे आस-पास गन्दगी न रहे तथा पर्यावरण भी स्वच्छ बना रहे। जिससे डायरिया से संबन्धित बिमारियों में कमी आयेगी। मलिन बस्तियों में सीवर की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी आस-पास के गड्ढों एवं नालियों में जमा रहता है, जिससे मच्छरों व मक्खियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती रहती है। ये मक्खी व मच्छर बहुत सी संक्रामक बिमारियों जैसे- कालरा, डायरिया, डेंगू, टाइफाइड आदि के वाहक होते हैं। जिससे इन बस्तियों में निरंतर बिमारियां फैलती रहती हैं। डायरिया सामान्यत: पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में अधिक पाया जाता है। जिससे वे कुपोषण के शिकार होते रहते हैं, तथा उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है।

स्वच्छता सुधार की प्रगति में कमी : स्वच्छता सुधार के लिए सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2 अक्टूबर 2014 से प्रारम्भ किया गया। जिसका लक्ष्य 2 अक्टूबर 2019 तक सम्पूर्ण देश को खुले में शौच से मुक्त करने का था। किन्तु वर्तमान में प्रशासनिक अक्षमता, लोगों में जागरूकता की कमी, भ्रष्टाचार के कारण केवल फाइलों में कामों की चर्चा तथा जमीनी स्तर पर काम ना होना जिससे स्वच्छता में काफी धीमी गति से प्रगति हो रही है। महानगरों में जहाँ उच्च या मध्यम वर्ग के लोगों का निवास है, वहाँ साफ-सफाई पर्याप्त मात्रा में दिखाई देती है। वहीं नगरों के पुराने मोहल्लों एवं मलिन बस्तियों में अभी भी साफ-सफाई में कोई विशेष प्रगति नही दिखाई दे रही है। मलिन बस्तियों में जहाँ शौचालय की व्यवस्था है, वहाँ उचित जलापूर्ति के अभाव के कारण लोग शौचालयों की साफ-सफाई नही कर पाते हैं। जिससे वे खुले में शौच करने को मजबूर हैं।

अपर्याप्त सार्वजनिक वित्त : भारत में स्वच्छता को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के अर्न्तगत रखा गया है। स्वच्छता के जो लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किये गये हैं। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पर्याप्त धनराशि सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस मंत्रालय के बजट में सरकार द्वारा निरंतर कमी की जा रही है। वर्ष 2017-2018 में 23939 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। जो सम्पर्ण देश की जनसंख्या को देखते हुए अत्यन्त कम है। स्वच्छता संबन्धी कार्यक्रमों में निजी क्षेत्र के निवेश की मात्रा भी काफी कम है। जिससे इस कार्यक्रम को समय सीमा के अन्दर पूरा करना काफी मुश्किल है।

उपयुक्त तकनीकी समाधान की कमी : मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों की आय निम्न तथा जनघनत्व बहुत अधिक है। इन बस्तियों में घरों से निकलने वाले मल-जल के उचित प्रबन्धन के लिए तकनीकि का अभाव है। शौचालयों में फ्लश की व्यवस्था न होने के कारण इन शौचालयों की साफ-सफाई नही हो पाती है, तथा प्रत्येक घरों तक जलापूर्ति की उचित व्यवस्था न होने के कारण साफ-सफाई में दिक्कत होती है। यदि प्रत्येक घरों से निकलनें वाले मल-जल को सीवर लाइन से जोड़ दिया जाए, प्रत्येक घरों में सेफ्टी टैंक का निर्माण करा दिया जाए तथा जलापूर्ति की उचित व्यवस्था करा दी जाए तो निश्चित रूप से स्वच्छता सुधार के सकारात्मक प्रभाव दिखेंगें।

मलिन बस्तियों में स्वच्छता सेवाएं उपलब्ध कराने में जटिलता : ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो मलिन बस्तियाँ अधिकांशत: नगरों के उपेक्षित स्थानों में बस गयी हैं। यहाँ आवास बहुत घने पाये जाते हैं। गलियाँ इतनी सँकरी होती हैं, कि हम इन बस्तियों में साफ-सफाई की नई तकनीकों का प्रयोग नही कर पाते हैं। यदि सीवर लाइन इन बस्तियों में डालनी हो तो काफी घरों को हटाना पड़ेगा। जो कि सम्भव नहीं है। इन बस्तियों में आवास बहुत छोटे होते हैं, तथा शौचालय भी बहुत कम स्थानों पर बनाये जाते हैं। शौचालयों में सेफ्टी टैंक आदि बनाना काफी जटिल काम है। जिससे इन बस्तियों में अधिकांशत: शौचालयों की पाइप लाइन खुली नालियों में जोड़ दिये जाते हैं। इसके अलावा इन बस्तियों में मकान मालिकों व किरायेदारों के बीच विवाद की स्थिति भी बनी रहती है। निम्न आय के लोगों का सकेन्द्रण होने के कारण, इनकी आय काफी कम होती है, जिससे ये साफ-सफाई के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहते हैं। जिससे साफ-सफाई की समस्या इन क्षेत्रों में बनी रहती है।

मलिन बस्तियों के राजनीतिक निहितार्थ : ये बस्तियाँ अधिकांशत: सरकारी जमीनों, सड़कों के किनारे, रेलवे लाइनों के किनारे, कूड़े-कचरें के ढेर पर बस जाती हैं। ऐसी स्थिति में इन बस्तियों में यदि सुधारात्मक कार्य किया जाए, तो कई प्रशासनिक, न्यायालयी तथा राजनीतिक समस्याएँ आती हैं। राजनीतिक पार्टियाँ अपने वोटर के रूप में तो उनका इस्तेमाल कर लेती हैं। किन्तु जब इन बस्तियों के कायाकल्प की बात आती है, तो कई समस्याएँ बताकर उनसे मुँह मोड़ लेती हैं। इस प्रकार इन बस्तियों में स्वच्छता की समस्याओं का कोई विशेष हल नही निकल पाता है।

स्वच्छता की परिभाषा की स्पष्टता एवं निगरानी की कमी : अभी तक स्वच्छता का कोई एक निश्चित मापदण्ड तैयार नहीं किया जा सका है। जिससे स्वच्छता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जा सके। स्वच्छता के मानक अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग हैं। कहीं शुद्ध पेयजल के लिए कुछ मानक निर्धारित हैं, तो दूसरी जगह के लिए अलग मानक निर्धारित हैं। स्वच्छता के निगरानी की यदि बात की जाए तो, निगरानी प्राय: उन क्षेत्रों में की जाती है। जहाँ लोग पहले से ही जागरूक हैं। जो बस्तियाँ नियोजित तरीके से बसायी गयी हैं। उनमें स्वच्छता का स्तर बेहतर होता है। वहीं मलिन बस्तियों की निगरानी का मौका प्रशासनिक अधिकारियों को मिलता ही नहीं है, जबकि इन्ही बस्तियों की निगरानी सबसे अधिक होनी चाहिए क्योंकि इन्हीं बस्तियों से उत्पन्न होने वाली संक्रामक बिमारियाँ पूरे शहर को प्रभावित कर सकती हैं।

निष्कर्ष : निष्कर्ष के तौर पर हम कह सकते हैं, कि सर्वप्रथम हमें इन मलिन बस्तियों का सही तरीके से सर्वेक्षण करना चाहिए। इसके पश्चात इन बस्तियों में माँग आधारित स्वच्छता सुविधाएँ उपलब्ध करानी चाहिए। स्वच्छता के जो गैर-स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे- सामाजिक-आर्थिक इनके बारें में लोगों को जागरूक करना चाहिए। इन बस्तियों में स्वच्छता संबन्धी नवाचारों को लागू करने में जो जटिलता आ रही है, उसका तकनीकि के माध्यम से समाधान करने का प्रयास होना चाहिए। इनके यहाँ शिक्षा का स्तर काफी कम है। जिससे इन्हे स्वच्छता संबन्धी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में विशेष

रूप से जागरूक करने के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त करना चाहिए। जिससे वे इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को जागरूक कर सकें। इस प्रकार यदि हमें स्वच्छता के लक्ष्य को पाना है, तो हमें इन मलिन बस्तियों के कायाकल्प के लिए दृढ़तापूर्वक प्रयास करने होंगें।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. J. B. Isunju and others, Socio-Economic aspects of improved sanitation slums: A review, available at www.sciencedirect.com, 2011.
2. WHO/UNICEF: Report of the third meeting of the advisory group Geneva: WHO/UNICEF; 2004.
3. Word Bank :Reshaping economic geography. Washington: Word Bank; 2009.
4. Peterson C, Mara D, Curtis T. Pro-poor sanitation technologies. Geoforum, 2007.
5. Government of India Ministry of Drinking water and Sanitation, Annual Report 2017-2018,
6. wwww.jalsakti-ddws.gov.in, 2018.
7. WHO. Preamble to the constitution of the world health organization, in: International health conference 19-22 june 1946, New York.
8. Government of India Economic survey- Union Budget 2017-2018,https://www.indiabudget.gov.in/economicsurvey/, volume II, 2018.

****

सैलानी टापू : मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के आर्थिक आय में सम्भावनाओं का एक नया आयाम

टीना यादव* डॉ. कृष्णकांत शर्मा **

प्रस्तावना – समाज के बदलते मूल्यों के संदर्भ में पर्यटन के प्रकार और प्रगति का निर्धारण होता है। प्राचीन काल से ही मानव किसी न किसी रूप में अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए देशाटन, तीर्थाटन या पर्यटन करता रहा है। इस कार्य में सभी लोग परोक्ष या अपरोक्ष रूप से जुड़कर इसे एक लाभकारी विषय के रूप में देखते हैं। आर्थिक उदारीकरण के इस दौर में योग, अध्यात्म, चिकित्सा, शांति, प्रदूषण आदि को लेकर भी पर्यटन का विस्तार हो रहा है। प्राकृतिक पर्यटन मानव हृदय के अत्यंत निकट होता है, इसी को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने 24 मई 2017 को ओंकारेश्वर के पास सैलानी टापू की स्थापना की। इसी श्रृंखला में शोधार्थी द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम को सैलानी टापू से आय विषयक अध्ययन कर शोध आलेख प्रस्तुत किया गया है।

सैलानी टापू – मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम का सैलानी टापू ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं ओंकारेश्वर बाँध के बैकवाटर में विदेशी पर्यटन स्थलों की तर्ज पर विकसित किया गया है।

इस टापू का शुभारंभ पर्यटन निगम के स्थापना दिवस 24 मई 2017 को किया गया। यह टापू 3 एकड़ के क्षेत्र में 15 करोड़ रूपये व्यय कर विकसित किया गया। ओंकारेश्वर बाँध परियोजना में बैकवाटर हमेशा लबालब रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए ही निगम ने इसे निर्मित किया है।

होटल में सागौन की लकड़ी से 22 कॉटेज एवं एक सर्वसुविधायुक्त सुइट बनाया गया है। कॉटेज का एक दिन व्यतीत करने का शुल्क रू.5999/- एवं सुइट का शुल्क रू.8990/- है। यहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य को और बढ़ाने के लिए प्रत्येक कॉटेज के बाहर एक छोटा बगीचा भी बनाया गया है। यहाँ जलक्रीड़ा हेतु बोटक्लब भी है, एवं सैलानियों के लिए रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट व्यंजन 24 घटें उपलब्ध है।

इस टापू का जगंल के बीचों बीच होना इसकी मुख्य विशेषता है। जिसके चलते यहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य अत्यधिक मनभावन लगता है। चारों ओर से पेड़-पौधों से आच्छादित होने से यहाँ मौसम में सदैव ठंडक बनी रहती है। गर्मी के मौसम में भी यहाँ सैलानी दिन में भी खुले मौसम का आनंद प्राप्त कर सकते हैं। गर्मी में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के एक ओर प्राकृतिक स्थल हनुवंतिया में पानी नीचे उतर जाता है, किन्तु सैलानी टापू पर सदैव पानी लबालब भरा रहता है, साथ ही यहाँ पर बड़ी संख्या में वन्यजीव भी हैं। सैलानी टापू की नर्मदा नदी से दूरी लगभग 60 किलोमीटर है।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की होटल सैलानी टापू के वर्ष 2017-2018 का आय व्यय विवरण

तालिका क्रमांक – 1

S.	Head Name	2017-18
	Income	
1	Catering Income	2027766.82
2	Cold drink Income	174138
3	Confectionary Income	216166
4	Conferencing Income	60738
5	Cruise Boat Income	37475.64
6	Entry Fees	227604.20
7	Fees From Film Shooting	0
8	Festival Advance Interest	0
9	Grain advance Interest	2384
10	House Rent Deduction	79455
11	Ice-Cream Income	17774.96
12	Lodging Income	96349665
15	Mechanized Boat Income	1060610.95
16	Mineral Water Income	0
17	Misc. Income	400303.68
18	Speed Boat Income	1754756.52
19	Staff Meal Income	85683
20	Water Scooter Income	0
	TOTAL	**15779823.33**
	Expenditure	
1	Annual Repairs	8000
2	Bank Charges	17942
3	Beverages	0
4	Boat Club Misc. Expenses	19454
5	Books & Periodicals	6350
6	Cleaning Material	225022.16
7	Coal & Fuel	203006
8	Cold drink purchase a/c	34847
9	Computer Pheripheral Expenses	0
10	Confectionary Expenses	184684.59
11	Conveyance Expenses	0
12	CPF Employer Contribution	328965
13	Crockery	0
14	Cutlery	0
15	Electric Goods	33530

* शोधार्थी, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** ग्रंथपाल, शासकीय महाविद्यालय, कायथा, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

16	Electricity Charges	1322174
17	Entertainment Charges	70078
18	Events	0
19	Fcc	17430
20	Fresh Supply	760961.45
21	Furnishing Material	0
22	Generator Expences	54813
23	Hotel Expences	486873.69
24	Hotel Rent	238050
25	House Rent	0
26	Ice-Cream Expenses	84474.41
27	Insurance	60302
28	Insurance of vehicles	23100
29	Labours Charges (wages)	1589979
30	Labour Welfare Contribution	-220
31	Laundary Charges	90000
32	Linen Ecpenditure	17348
33	Liveries to staff	86262
34	Medical Reimbursment	28989
35	Mineral Water Expenses	74140.80
36	Misc. Expences	13848.38
37	Mobile Expenses	0
38	Office Expenses	24557
39	Pay & Allowance (Gross pay by HO)	2997608
40	Petrol & Diesel	0
41	Petrol/oil & Lubricant (POL)	203496.10
42	Petrol/oil & Lubricant (Boats)	699083.38
43	Postage, Telegram & Telephone	515.20
44	Pre-operating Expenses	532694
45	Provision supply	1213884.75
46	Publicity Expenses	0
47	Rate & Taxes (Others)	0
48	Repair & Maintanance (Boats)	40
49	Repair & Maintanance of Building	47815
50	Repair & Maintanance of Garden	36300
51	Repair & Maintanance of others	28088
52	Repair & Maintanance vehicles	10084.96
53	Rounding Off	0
54	Stationary & Printing	4625
55	Telephone Expences (mobile set)	6732
56	Toll Tax of Vehicles	1680
57	Training Expenses	1500
58	Transport Misc. Expences	3500
59	Transportation Charges	10000
60	Travelling Allowance	9795
	TOTAL	**11912402.87**

स्रोत – सैलानी टापू रिसॉर्ट, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग।

आय विवरण – तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सैलानी टापू रिसॉर्ट में सर्वाधिक आय केटरिंग से रू.2027766/–, स्पीड बोट से आय रू.1754756/–, मशीनीकृत बोट से आय रू.1060610/– हुई वहीं क्रूज़ बोट से अपेक्षाकृत कम आय हुई जोकि रू.37475/– रही। इसीप्रकार कई अन्य मदों से भी आय प्राप्त हुई कुल आय रू.15779823/– रही।

व्यय विवरण – उपर्युक्त तालिका से ज्ञात होता है कि सैलानी टापू रिसॉर्ट में निम्नानुसार व्यय हुए। सर्वाधिक राशि पे–अलाउंस पर व्यय की गई जो रू2997608/– थी। लेबर चार्जेस पर रू.1589979/– पेट्रोल/ऑइल ल्युब्रिकेंट (बोट) से रू.699083/– एवं होटल खर्च पर रू.486073/– व्यय हुए। इस प्रकार कई अन्य मदों में भी व्यय दर्शाया गया है, कुल व्यय रू.11912402/– रहा। इस प्रकार कुल आय रू.15779823/– के विरूद्ध व्यय रू.11912402/– रहा जिससे शुद्ध लाभ रू.3867420/– हुआ। जलक्रीड़ा हेतु सैलानी टापू एक उत्कृष्ट एवं उत्तम स्थान है। पहले वर्ष के विश्लेषण से ही ज्ञात होता हैकि सैलानी टापू मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के लिए आय का एक असीम सम्भावनाओं वाला क्षेत्र सिद्ध हो सकता है। प्रकृति का सौन्दर्य सदैव ही मानव मन को आकर्षित करता है। इसी उद्देश्य से सैलानी टापू की स्थापना की गई थी, जिसमें मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम सफल भी रहा। यहाँ से निगम की आर्थिक आय में निरंतर योगदान प्राप्त हुआ है। सैलानी टापू के विस्तारीकरण, सौन्दर्यीकरण, नवीनीकरण का प्रयास निगम निरंतर कर रहा है। जिससे आगामी वर्षों में यहाँ से होने वाली आय में भी वृद्धि दृष्टिगोचर होगी। आगामी समय में यहाँ फिल्म की शूटिंग से एवं वॉटर स्कूटर तथा अन्य साधनों के द्वारा आय में और वृद्धि की जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सैलानी टापू रिसॉर्ट, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग।
2. विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग
3. वर्षिक प्रतिवेदन मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, भोपाल।
4. वर्षिक रिर्पोट, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार।
5. http://www.mptourism.in
6. sailaniresort@mp.gov.in
7. http://www.mptourism.com
8. www.tourism.gov.in

****

उज्जैन तहसील में ग्रामीण बस्तियों की प्रमुख समस्याओं का भौगोलिक अध्ययन

रविराज सिंह गोरास्या*

शोध सारांश – ग्रामीण अधिवासों के वितरण एवं व्यवस्था का निर्धारण उस क्षेत्र के प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक परिवेश के जटिल प्रभावों द्वारा होता है। प्राकृतिक वातावरण के तत्व यथा- प्रादेशिक स्थिति, उच्चावच, भू-गर्भिक संरचना, अपवाह तंत्र, जलवायु, मिट्टी अधिक महत्वपूर्ण है। जिनके उपयुक्त होने पर ही ग्रामीण अधिवास विकसित होते हैं। सांस्कृतिक तत्वों से मार्ग एवं परिवहन के साधन, भूमि उपयोग, बाजार एवं सेवा केन्द्रों की स्थिति धार्मिक तथा कृषक समाज की सामूहिक प्रवृत्तियां, वैज्ञानिक एवं तकनीकि ज्ञान मुख्य है।

किसी क्षेत्र का इतिहास वहां के निवासियों के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक जीवन के विकास एवं परिवर्तन का लेखा-जोखा है। सांस्कृतिक भू-दृश्य के प्रतीक के रूप में अधिवास मानव का सृजनात्मक प्रवृत्ति के मुख्य तत्व हैं। जिनका वितरण, प्रकार एवं प्रतिरूप ऐतिहासिक तथ्यों से पूर्णत: प्रभावित होता है। ग्रामीण अधिवास मुख्यत: प्राथमिक कार्यों में संलग्न कृषकों से सम्बन्धित होते हैं। ग्रामीण अधिवास मानव द्वारा भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया, व्यवस्था तथा समूहन को परिभाषित करता है। ग्रामीण अधिवास का उद्‌भव एक सतत् प्रक्रिया है। जो पर्यावरण के प्रत्येक प्रतिबन्धक एवं आकर्षण शक्तियों द्वारा नियन्त्रित होता है। अर्थात प्राकृतिक वातावरण के अवयवों वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं के विकासात्मक प्रक्रिया के अनुरूप मानव अधिवास का भी विकास प्रक्रियात्मक रूप से सम्पन्न होता है।

शब्द कुंजी – प्रादेशिक स्थिति, उच्चावच, भू-गर्भिक संरचना, अपवाह तंत्र, जलवायु, मिट्टी।

प्रस्तावना – ग्रामीण समुदाय कई प्रकार से नगरीय समुदाय से भिन्न होता है। ग्रामवासियों तथा ग्रामों का प्रकृति से प्रत्यक्ष तथा निकट सम्पर्क पाया जाता है। वहां मनुष्य और प्रकृति के मध्य अन्त:क्रिया का स्वरूप अधिक प्रत्यक्ष, निकट और घनिष्ठ होता है। कृषि, पशुपालन आदि कोई प्राथमिक क्रिया ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधार होती है। विश्व के प्राय: सभी देशों में ग्रामीण समाज एवं अर्थव्यवस्था नगर की तुलना में पिछड़ी हुई होती है। भारत जैसे- विकासशील देश में अनेक प्रकार की ग्रामीण समस्याएं पाई जाती हैं। जो नगरीय समस्याओं से भिन्न हैं। ग्रामीण समस्याएं उन देशों में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जहां देश की अधिकांश जनसंख्या ग्रामों में निवास करती है। और कृषि, पशुपालन, आखेट आदि से जीविका प्राप्त करती है। ग्रामीण समस्याएं वहां अधिक हैं जो आर्थिक दृष्टि से विपन्न है। और जहां अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण और निर्धन, अशिक्षित और रूढ़िवादी है। विकसित देशों में जहां अधिकांश जनसंख्या नगरों में रहती है। और अर्थव्यवस्था उद्योग एवं व्यापार प्रधान है। वहां ग्रामीण समस्याएं जटिल नहीं हैं। किन्तु विकासशील देशों में आर्थिक, तकनीकि, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि सभी क्षेत्रों में पिछड़ेपन के कारण उनके प्रकार की समस्याएं इतनी विकराल और जटिल रूप में पाई जाती हैं। कि उनका समाधान करना देश के सम्मुख चुनौती बन जाता है।

अर्थ : मानव द्वारा निर्मित गृहों का संगठित समूह अधिवास कहलाता है। ग्रामीण अधिवासो में मुख्यत: किसान निवास करते हैं। जहां कृषक अपने जीविकोपार्जन के लिए विशेष रूप से कृषि अथवा उससे सम्बन्धित कार्यों में लगा रहता है। इन सभी कृषि उत्पादों का मुख्य आधार कृषक का फार्म होता है। इन फार्मो से किसान का अत्यन्त निकट का सम्बन्ध होता है। इस प्रकार गांव एक सुस्पष्ट पृथक भौगोलिक ईकाई है। जिसका अपना व्यक्तिगत जीवन और व्यक्तित्व होता है। जो भू-दृश्य का मुख्य अंग है। प्राय: प्रत्येक मैदानी गांव अपनी संरचना में केन्द्रित होते हैं। जिनके चारों ओर अनेक प्रकार के भूमि उपयोग प्रतिरूप देखने को मिलते हैं।

परिभाषा : आर. एल. सिंह के अनुसार 'ग्रामीण अधिवास भूगोल में ग्रामीण अधिवासों का अध्ययन दो आधारों में किया जाता है। एक तो भूमि को अधिग्रहित करने की प्रक्रिया में जुटाई गई सुविधाएं और दूसरे इन सब सुविधाओं का समूहीकरण।'

शोध अध्ययन का उद्देश्य : उज्जैन तहसील ग्रामीण बस्तियों से घिरी हुई तहसील है। जिनमें अनेक गांव आते हैं। जिनकी अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण है। तथा गांव की अनेक सामाजिक, आर्थिक, समस्याओं से ग्रस्त है। इनमें निर्धनता, बेरोजगारी, अशिक्षा, यातायात साधनों एवं मार्गो का अभाव, स्वास्थ्य, मनोरंजन आदि सुविधाओं की कमी तथा सामाजिक कुरीतियां प्रमुख हैं। उपरोक्त सभी समस्याओं का सारगर्भित अध्ययन प्रस्तुत करना है।

विधितंत्र : प्रस्तुत अध्ययन द्वितीयक आंकडो पर आधारित है। यह आंकड़े तहसील कार्यालय, आवास कार्यालय, सांख्यिकीय कार्यालय, शोध पत्र, शोध ग्रन्थ आदि के माध्यम से संकलित कर अध्ययन किया गया है।

उज्जैन तहसील का सामान्य परिचय : उज्जैन तहसील मध्यप्रदेश की सात तहसीलों में सबसे प्रमुख है। जो जिला मुख्यालय एवं सम्भाग मुख्यालय भी है। तहसील का विस्तार 23°00' उत्तरी अक्षांश से 23°17'30'' उत्तरी अक्षांश तथा 75°37' पूर्वी देशान्तर से 76°00' देशान्तरों के मध्य पाया जाता है। इसका क्षेत्रफल 782.06 वर्ग किलोमीटर जनसंख्या 157351 (2011 जनगणना के अनुसार), जनसंख्या घनत्व 201 व्यक्ति प्रति वर्ग

* शोधार्थी, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

किलोमीटर, लिंगानुपात 966, साक्षरता 69.38 प्रशित, दशकीय वृद्धि दर 18.10 प्रतिशत है।

उज्जैन तहसील की समस्याएं : योजना आयोग के अनुसार 1993-94 में लगभग 37.3 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन निर्वाह कर रही थी। वर्ष 1973-74 यह प्रतिशत 56.4 था जो नियोजन काल में क्रमशः घट रहा है। भारत में व्यापक निर्धनता के लिए अनेक आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कारक उत्तरदायी हैं। जिनमें अपर्याप्त कृषि उत्पादन, बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी, भूमि का असमान वितरण, अशिक्षा, अज्ञान, अपव्यय प्रमुख है। निर्धनता के कारण देश की एक तिहाई से अधिक जनसंख्या की भरपेट भोजन, रहने के आश्रय (आवास), पहनने को वस्त्र जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति नही हो पाती है। जिसके कारण वह शारीरिक तथा मानसिक रूप से सार्थक कार्यो को करने योग्य नही रह पाती है। और निम्न जीवन स्तर व्यतीत करने के लिए विवश होती है। ग्रामीण बस्तियों के भूमिहीन खेतिहर श्रमिक इस श्रेणी में आते हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में गरीबी उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। और प्रत्येक योजना में भारी धन का उपयोग किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण जनता के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। किन्तु व्यापक अशिक्षा, अज्ञान, अंधविश्वास तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या आदि के कारण गरीबी उन्मूलन के प्रयास उतने सफल नही हो पा रहें हैं। जितने होने चाहिए।

1. आवासीय समस्या : उज्जैन तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक निर्धनता और पिछड़ेपन के कारण आवासीय गृहों की समस्या भी चिंतनीय है। यद्यपि ग्रामीण अधिवासीय समस्याएं बिल्कुल एक सी नहीं हैं। किन्तु आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए इस क्षेत्र अधिकांश लोगों के पास रहने के लिए या तो उपयुक्त घर नही है। ग्रामों में भूमिहीन खेतिहर, मजदूरों तथा अन्य अल्प आय या आय विहीन लोग आर्थिक विपन्नता के कारण अपना निजी घर बनाने में असमर्थ हैं। कुछ लोग खाली पड़ी भूमियों पर या काम के बदले भू-स्वामियों से प्राप्त भूमियों पर अस्थाई झोपड़िया बनाकर जीवन निर्वाहन करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से कुछ सुधार देखने को मिला है।

2. स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं : उज्जैन तहसील की ग्रामीण बस्तियों के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर की कमी, दवाओं की आपूर्ति समय से नही होती है। जिस कारण अधिकांश ग्रामीण लोग तहसील मुख्यालय से चिकित्सीय सुविधाएं प्राप्त करते हैं। तहसील मुख्यालय में भी स्टाफ की कमी है। जिसके कारण सभी को समुचित चिकित्सीय सुविधाएं नही मिल पाती हैं। इसके अतिरिक्त लोगों के पास पैसों का अभाव होने के कारण जल्दी इलाज नही करवाते हैं।

3. आधारभूत सुविधाओं का अभाव : ग्रामीण बस्तियों में जल सम्बन्धी, स्वच्छता, पक्की सड़के, पक्के मकान, बिजली, स्वच्छ वातावरण की कमी है। बस्तियों में कच्चे मार्गों एवं गलियों के कारण साफ-सफाई की व्यवस्था सही ढंग से नही हो पाती है। लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाना चाहिए।

4. घूसखोरी : उज्जैन की ग्रामीण बस्तियों के निवासियों को सरकारी सुविधाएं दिलाने के नाम पर स्थानीय स्तर सरपंच एवं सचिव घूस लेते हैं। यदि लोग इसका विरोध करते हैं। तो उनको सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है।

5. शैक्षणिक सुविधाओं का अभाव : यहां की ग्रामीण बस्तियों के स्कूलों में आधारभूत शैक्षिक सुविधाओं की कमी है। शिक्षक समय पर स्कूलों में नही आते हैं। मिड-डे मील योजना के तहत बच्चों को खाना उचित गुणवत्तापूर्ण नही दिया जाता है। कभी- कभी भोजन नही भी बनाया जाता है। यहां के अधिकांश स्कूलों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था का अभाव देखा गया है।

6. जागरूकता की कमी : यहां के ग्रामीण लोगों में जागरूकता की कमी देखी गई है। लोगों को सरकारी योजनाओं के बारें में जानकारी न होने के कारण उन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। क्योंकि सरकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्राप्त करने का कोई तंत्र नही है।

7. झगड़ा करने की प्रवृत्ति : ग्रामीण बस्तियों के लोगों में छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने की प्रवृत्ति होती है। ये झगड़े मार्गों, घर बनाना, साफ-सफाई, नलकूप, बच्चों को झगड़े, आपसी मनमुटाव आदि को लेकर झगड़े होना आम बात है।

सुझाव :

1. ग्रामीण बस्तियों में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था करने के लिए सफाईकर्मियों की नियुक्ति की जानी चाहिए।
2. ग्रामीण बस्तियों में जागरूकता अभियान के तहत् शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना चाहिए, जिससे लोग शिक्षित होकर अपना आर्थिक विकास कर सके।
3. ग्रामीण बस्तियों में स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ग्रामीण लोगों को बिमारियों के प्रति जागरूक करना चाहिए, जिससे उनका इलाज में खर्च होने वाले पैसों की अन्य आवश्यक कार्यो में उपयोग कर सके।
4. ग्रामीण बस्तियों में रोजगारमूलक शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए।
5. ग्रामीण स्कूलों में खेल-कूद के उपकरणों एवं शिक्षकों की व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे ग्रामीण बच्चे खेल-कूद में अपना भविष्य बना सके।
6. ग्रामीण बस्तियों पानी की समस्या के लिए नलकूप की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त नल-जल योजना को लागू करने चाहिए। इसके तहत् प्रत्येक 100 मी. पर सरकारी नलकूपों की व्यवस्था करनी चाहिए।
7. कृषि कार्यो के लिए सरकारी बोरवेल की योजना का क्रियान्वयन करना चाहिए। जिससे गरीब कृषक कृषि फसलों का सिंचाई के माध्यम से उत्पादन बढ़ा सके।
8. अकृष्य भूमि पर ग्रामीण बस्तियों नियोजित तरीके से बसाना चाहिए, जिससे कृषि कार्यो वाली भूमि को बचाया जा सके।

निष्कर्ष : उज्जैन तहसील की ग्रामीण बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात मार्ग, आधारभूत संरचनाओं का निर्माण आदि के विकास की आवश्यकता है। इनके विकास के माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। ग्रामीण बस्तियों जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की कमी को आधारभूत संरचनाओं के विकास के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉ. मौर्य, एस.डी., (2013), अधिवास भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी समाधान (2008)।
3. तिवारी, शारदा, नगरीय समाजशास्त्र।

****

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि में परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. विजय पाराशर *

प्रस्तावना – वर्तमान समय में हमारे भारत में अनेक राष्ट्रीय आर्थिक राजनीतिक सामाजिक समस्या है। जिसका समाधान शिक्षा के माध्यम से हो सकता है जिस देश में शिक्षित व्यक्ति की संख्या अधिक है उस देश में विकास की गति अन्य दूसरे देशों की अपेक्षाकृत अधिक है इसलिए यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि इस संभव प्रयास कर देश के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा कर शिक्षा प्रदान कर उन्हें शिक्षित किया जाए शिक्षण प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने वाले विभिन्न साधनों में शिक्षक का स्थान सर्वोच्च है परंतु आज के इस भौतिकवादी युग में ऐसे अनेक कारण हैं जिससे शिक्षा का स्तर दिन पर दिन गिरता जा रहा है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दस्तावेज में यह कहा गया है कि कोई भी राष्ट्र अपने अध्यापकों के स्तर से ऊपर नहीं उठ सकता सरकार और समाज को ऐसी परिस्थितियां बनानी चाहिए जिनसे अध्यापकों का निर्माण और सृजन और बढ़ने की प्रेरणा मिले अध्यापकों को इस बात की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह नए प्रयोग कर सकें और संप्रेषण की उपयुक्त विधियां और अपने समुदाय की समस्याओं और क्षमताओं के अनुरूप नए उपाय निकाल सकें।

इस दृष्टि को ध्यान में रखते हुए स्किनर महोदय ने शिक्षण में नई मशीनों का प्रादुर्भाव किया है जिससे राष्ट्र अपनी आकांक्षाओं की प्राप्ति में सफल हो वर्तमान समय में शिक्षा पर सम्यक विचार किया जाए तो शिक्षा के तीन ध्रुवों में से अध्यापक एक महत्वपूर्ण ध्रुव है लेकिन शिक्षक का चुनाव सही ढंग से हुआ तो ठीक है अन्यथा शिक्षण प्रक्रिया लुंज पुंज होकर समाप्त हो जाएगी।

हमारे भारत के मूल संविधान में यह वर्णित है कि देश के सभी बच्चे शिक्षित हो और 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त हो इसके साथ ही पाठ्यक्रम सुधार और उपयोगी शिक्षा विधियों पर भी जोर दिया जा रहा है लेकिन फिर भी हम भारत के सभी राज्यों में शिक्षा के इस लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

उपरोक्त सभी समस्याओं को ध्यान में रखकर शिक्षाविदों ने ऐसी विधि का अविष्कार किया जिसमें शिक्षक छात्र की सहभागिता से अपनी योग्य शक्ति के अनुसार अधिगम उद्देश्यों तक पहुंचा जा सके।

परंपरागत शिक्षण – परंपरागत शिक्षण में शिक्षक का स्थान प्रधान माना जाता है और छात्र का स्थान गौण होता है छात्रों की सभी क्रियाओं को शिक्षण दिशा प्रदान करता है कि वे क्या सोचे, क्या करे तथा कैसे करें, शिक्षण के समय छात्र केवल एक तोता का कार्य करता है और शिक्षक क्रियाशील रहता है। परंपरागत शिक्षण एवं स्मृति स्तर तक सीमित रहती है तथा उस का मुख्य उद्देश्य बालक को सिखाना होता है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का अध्ययन करना।

चंद्रकला (1976) द्वारा मेरठ विश्वविद्यालय में हाई स्कूल कक्षा में संस्कृत व्याकरण शिक्षण के विभिन्न विधियों का प्रायोगिक अध्ययन किया गया अध्ययन का उद्देश्य सामान्य और निम्न शैक्षणिक उपलब्धि संस्कृत व्याकरण प्रोग्राम के प्रकार्यात्मक प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था तीन वैकल्पिक उपचार जैसे अभिक्रमित अनुदेशन व्याख्यान विधि और परंपरागत विधि का प्रयोग उपलब्धि के तीनों स्तर पर किया गया सिंह (1977) ने स्वत: अनुदेशन सामग्री का निर्माण हाई स्कूल स्तर पर जीवन जीव विज्ञान में किया एवं इसकी परंपरागत शिक्षण विधि से तुलना की जिस विद्यार्थियों जिन विद्यार्थियों को स्वच्छता अनुदेशन सामग्री से पढ़ाया गया। उनकी उपलब्धि 8 7.5% थी यह अनुक्रम अभिक्रमित अभिक्रम की प्रभाविता को प्रकट करता है आर. नाथन (2007) ने उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में परंपरागत शिक्षण की तुलना में अभिक्रमित अनुदेशन को अधिक सफल पायास्किन्नर (1958) अपने प्रयोगों को अभिक्रमित अनुदेशन तथा परंपरागत शिक्षण की प्रभाविता का अध्ययन करके यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि अभिक्रमित अनुदेशन परंपरागत शिक्षण की तुलना में श्रेष्ठ है क्योंकि यह वैयक्तिक भिन्नता को विभिन्नता को ध्यान में रखने के साथ-साथ जटिल अधिगम परिस्थिति में तात्कालिक प्रबलन प्रदान करके उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों का निराकरण करती है स्मिथ (1962) में 128 छात्रों पर अभिक्रमित अनुदेशन और परंपरागत विधि की तुलना दोनों समूहों के अंतिम परीक्षण में कोई अंतर नहीं पाया गया परंतु अभिक्रमित अनुदेशन से सीखने में 30 मिनट का समय लगा वे हसन (1962) ने अपने अध्ययन में परंपरागत विधि से पढ़ाए गए समूह तथा अभिक्रमित अनुदेशन से पढ़ाए गए समूह में कोई अंतर नहीं पाया परंतु अभिक्रमित अनुदेशन द्वारा शिक्षण से गणित कौशल प्राप्त करने में कम समय लगा जो शिक्षण परंपरागत विधि से 1 वर्ष का समय लेता था वह 14 सप्ताह में ही पूरा कर लिया गया।

उपरोक्त शोध अध्ययन से स्पष्ट होता है कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की परंपरा शिक्षण के प्रभाव के संदर्भ में अध्ययन किए गए परंतु शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के संदर्भ में अध्ययन नहीं किया गया इसलिए शोधकर्ताओं ने शोध का विषय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का

* वनस्थली विद्यापीठ, निवाई (राज.) भारत

अध्ययन रखा गया है।

शोध अध्ययन की परिकल्पना :

1. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
2. उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।

शोध विधि– इस शोध अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में मध्यप्रदेश के हरदा जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा नवमी के विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

प्रदत्तो के स्रोत – प्रस्तुत समस्या के लिए सदस्यों के स्त्रोत प्राथमिक है शोध अध्ययन हेतु हरदा जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रदत्ता के रूप में लिया गया है।

शोध प्रक्रिया :

1. शोध अध्ययन हेतु सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है।
2. शोध अध्ययन हेतु विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आंकड़ों को एकत्रित किया गया।

अध्ययन की परिसीमाएं :

1. प्रस्तुत अध्ययन मध्य प्रदेश के हरदा जिले में स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर किया गया है।
2. प्रस्तुत अध्ययन में उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वी में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के परिणामों को लिया गया है।

तालिका संख्या 1 : उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के संपूर्ण प्राप्तांको के मध्यमान ,मानक विचलन, मानक त्रुटि की सार्थकता

स्तर	कुल विद्यार्थी	स्तरानुसार विद्यार्थी	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि
निम्न		34	342.06	28.91	4.96
औसत	80	33	455.06	34.41	5.99
उच्च		13	513.78	298.99	10

तालिका संख्या 1 में उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव की सार्थकता की गणना की गई गणना अनुसार विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव में कुल 8 0 में से 34 विद्यार्थियों के प्राप्तांक निम्न स्तर के पाए गए जिनका मध्यमान का मान 342.06 है तथा 33 विद्यार्थियों के प्राप्तांक औसत स्तर के पाए गए जिनका मध्यमान और और 455 . 0 6 है तथा 13 विद्यार्थियों के प्राप्तांक उच्च स्तर के पाए गए जिनका मध्यमान 51 3.78 है प्राप्त आंकड़ों की गणना के आधार पर कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के मध्यमान, मानक विचलन, मानक त्रुटि की सार्थकता सबसे अधिक उच्च स्तर की पाई गई है।

तालिका संख्या 2 : उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव के संपूर्ण प्राप्तांको मध्यमान ,मानक विचलन, मानक त्रुटि की सार्थकता –

क्र.	परम्परागत शिक्षण	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	स्वतंत्रता	टी–मान
1	बालक	41	408.02	101.64	15.87	78	0.255
2	बलिकाऐं	39	413.15	76.02	12.17		

तालिका संख्या 2 में उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव की सार्थकता की गणना की गई गणना अनुसार बालक बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान का मान 408. 02 तथा 413.15 है मानक विचलन का मान 101 .64 तथा 76.02 है एवं टी परीक्षण का अवकलित इस मान 0.255 है जो कि 0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता के लिए आवश्यक तालिका मान से अधिक है अतः परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव की सार्थकता में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता अस्वीकृत होती है।

शोध निष्कर्ष एवं विवेचना – उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव का अध्ययन इस शोध में किया गया जिसमें परंपरागत शिक्षण के कुल 80 विद्यार्थियों को लिया गया तथा आंकड़े एकत्रित कर उनकी गणना की गई जिससे यह निष्कर्ष मिला उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के मध्यमान, मानक विचलन ,मानक त्रुटि की सार्थकता सबसे अधिक उच्च स्तर की पाई गई है उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि का परंपरागत शिक्षण के प्रभाव की सार्थकता में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।

भावी शोध हेतु सुझाव – प्रस्तुत शोध का भविष्य में निम्न प्रकार से विस्तार कर सकते हैं –

1. शोध को उच्च माध्यमिक स्तर के अतिरिक्त विश्वविद्यालय स्तर पर भी कार्य किया जा सकता है।
2. मध्य प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी शोध किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पांडे, कल्पलता (2007) शिक्षा मनोविज्ञान ,टाटा मैकग्रा हील पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
2. माथुर एस. एस. 2001 एजुकेशन साइकोलॉजी विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।
3. कपिल एच.के. (1995) सांख्यिकी के मूल तत्व विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।
4. राय, पारसनाथ पारक नाथ (2006) अनुसंधान परिचय द्वादशम संस्करण लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा।

****

New Liberalism Policy of India - A Historical Study

Sachin Mujumdar*

Introduction - The (NEP) neo-liberalism Policy is not just a government policy, and it is neither entirely new nor merely monitory. Earlier it's introduced in 1991, it basically elaborates the demands of the elite standard peoples, and more precisely, the demands of hegemonic fractions of the local and international capitalist class at a particular stage in the development of Indian and global capitalism. The NEP seeks to create conditions in which domestic and foreign capitalist can invest money to make lot of money, not only by using marginal natural assets like land, water, forests and minerals, but also by using assumption and other non-productive resources and by exploiting cheap skilled and unskilled labor. An important goal is also to attract foreign capital and strengthen the position of Indian business in the fight for export markets and to obtain foreign technology and capital. The NEP model pursues the goal of transforming India into a world power by making it an office, a laboratory (for pharmaceutical and biotech companies, for example), and a factory for international capital, based on (relatively) cheap labor, both skilled and unskilled. To achieve this goal, the big business makes specific demands on the state, including: deregulation of private businesses; privatization of government businesses; trade liberalization; granting of permission to foreign capital to own businesses in India; enactment of tax cuts and other incentives for businesses; reduction or complete withdrawal of government benefits for the poor; and complete freedom to hire and fire labor.

Liberalism Word Comes - From the Latin word **Liberalis** , it means "Free Person" or who wants to be free. Liberalism is not a clear ideology, it has various meanings or we can say it is very broad ideology; it depends on person to person that in which sense he wants to use it. According to Oxford Concise Dictionary Liberalism means "The belief that it is the aim of politics to preserve individual's right and to maximize freedom of choice. This idea was born in England during the middle of seventeenth century.[1] This word had been used up to 1769 for pre-political ways but latter it was used in other terms. The Scottish historian William Robertson and his friend Adam smith used this word 'Liberal" in a political way. Adam smith used to say "If all nations were to follow the liberal system of free exportation and free importation then they would be like one great empire and famines would be prevented."

Growth Of The Liberalism - Before the ideology of Classical Liberalism, in that era (from 17th century to 18th century) idea of capitalism was not functioning there and at that time (Medieval European Society) State and Market could be described in these words **DESPOTIC[2]** &**TYRANNICAL[3]**, because in that time or era State and Market was controlled by selected persons or individual and they used to control it according to their personal interest. King and Church was the controller of state and Market. Although this class was only the 4% of the Society but despite this ratio these are the Supreme of the Society and Church, in this Category we can add Landed Aristocracy also. In the very Bottom of this Society peasants and Poor persons were doing their work for the Upper Class of Society. Upper class didn't want to change in this Hierarchy because of their Convenience and Supremacy'. Hence Liberalism started from the Bottom class of the Medieval European Society.

American Revolution started in 1600 for the freedom against the Britain. In that time 13 British colonies were established in North America near the France colonies. France and Britain both were wanted to their possession on these colonies and for this war was continued between them up to 07 years. After getting the victory in that war the policy of Britain had been changed towards the colonies, they wanted to impose some tax on those colonies for the defense expenditure. In 1775 The American Revolution was in its peak hence in 1976 all 13 colonies proclaimed itself "Independent" by Declaration of Independence. Because of Rectification of Independence on 04 July 1776 Americans celebrate Independence Day on this Date.

International Scenario For New Liberalization - After the World War-2 every nation had the vision of the economic development and they added it as a main concern from their nation's Priority list. All nations were interested to increase their GNP per capita by adopting a high level Programmes which could assumed the maximum possible growth rates for their desired economic development. On Primary stage all policy makers and economist could not understand the factor which were affecting the economic development ,even they could not relate that economic development may effected by some social problems like

*Research Scholar, Jagran Lake city University, Bhopal (M.P.) INDIA

Poverty , unemployment and inequality.

With the comparison of developed countries some developing countries made satisfactory growth towards their economic development but in spite of this development it was not a development due to some basic problems which has mentioned in previous Para like ; Poverty, unemployment and inequality. Poverty problems could not erased in developing countries and the same case had the unemployment and inequality.

To know the meaning of this ideology first we should know the system of **International trade** system . Whenever any country deals with another country in the terms of business, either they have to selling some goods or buying some goods it's called the International Trade and there are some certain words used in this Trade as a **Expor**t and **Import.**

Balance Of Trade - It may be understood Whenever one country sell some goods or service to another country and gets money by this selling then it's called Export and if that company buying some goods or service from another country and gives money for that goods or service then it's called Import.

If the Total export is more than Total import then it is a Trade Surplus but if it is a less than Total import then it is a situation of Total Deficit. In Trade Surplus a country has a less expenditure with high income and it is a gainful condition for that country but in Trade Deficit a country has a high expenditure with less income and it is a condition of economic loss for that company.

(GATT) General Agreement on Trade and Tariff. According to the GATT rules Agriculture and Textiles were excluded from it and they were not regulating by GATT. This was not an Organization it was an Agreement.

In Afterwards years situation of international trades were changing rapidly because GATT was dealing with only Tariff barriers but by the 1970s Non-Tariff Barriers were also increasing and by the 1980s one new comparative advance came in Trades in the form of Services. Developing countries were also adopting the **Export-Oriented Growth**. In the light of all these demands of the time, international community was thinking about necessity of new system for International Trade System.

Emergence Of WTO - With the concern of 128 countries in 1994 one agreement was made with the sign of all countries which is called **Marrakesh Agreement.** By this Marrakesh Agreement **WTO** came intoexistence on o1 of January 1995.

Developing countries wanted to include Trade in agriculture and textiles under the WTO and Developed countries wanted to include of service and intellectual property right under the WTO, hence both countries were agreed with this bargain and WTO became first International Trade Organization. In the view of intellectual persons, it was the "Grand Bargain".

World Trade Organization settled some Fundamental Principles for regulate the world Trade system in a better way**. Reciprocity, Most Favored Nation and National Treatment** was imposed on every country.

Cause Of Underdevelopment - Underdeveloped countries are in a middle stage they have something like developed countries, the basic infrastructure, technology, but whole modern amenities and richness are not available for every citizen because of inequality of money and prosperity, some people are poor and some are very rich and some has a middle class richness.

Underdevelopment is a big problem for those countries who wants to adopt economic liberalism because it is true without economical growth and development one nation or country cannot compete with the international market and trade.

India and Economic Liberalism - After independence India had to develop its economic growth as well as economic development, for trying to get this aim one concept from Russia was taken by India towards the economic reforms in the form of "The Five Year Plan". By this planning of five year from 1951 to 1991 India made 07 times five year plan, the last five year plan's period was working from 1985 to 1990.

All this five years plan had different target and results but in 1991, due to excessive import rate cooperatively export Indian economy was going very down and India had a problem of foreign exchange which was left only for 15 days, with this reasons and all other reasons Indian government decided to adopt SAP (Standard Adjustment Program) and by adopting this policy Indian government accepted 03 conditions of that Program which were promoting the economic liberalism.

Those three conditions were follows;

1. Deregulate the economy.
2. Reduce Public Spending.
3. Adopt free market policy for Privatization & Globalization.

Finally adopting these 03 policies Indian economy were changing and for this new changes all Trade sector was also interested and trying to seek opportunities for them. What was these LPG and which type of compulsion derived these decision, all questions were demanding the appropriate answer to know this LPG as mentioned below:

1. **Liberalization**
2. **Privatization**
3. **Globalization**

After adopting these policies India opened its gate for International market and Indian company were allowed to do business with international community. One major policy of globalization was the "**Outsourcing"** , it means any company whether it is an Indian or foreigner can hire any other country's service for their work and it can be done by telephonic or data transfer or by office work.

Conclusion - BY Adopting this LPG Indian government had become a part of International trade System and India had also opened its gate for International investment, Trade and Foreign currency. From 1991 Indian economy was

changed and its consequences were coming in next two decades, it was also a separation from old economy policy and time to come out from those policies which were not working with the rapidly changing world.

References :-

1. www.politicalsciencenotes.comliberalism: introduction, origin,growth and elements.
2. A person, specially a ruler, who has unlimited power over other people, and often uses it unfairly and cruelly.
3. Using showing or relating to the unfair and cruel use of power over other people in a country, group, etc.
4. Commission constituted in 1950 by Indian government for economical and individual growth.
5. Development of Industries for growth and better infra-structure.

****

ऋतुकालीन लोकगीत कजरी की 'अखाड़ा परम्परा' (पूर्वी उत्तर प्रदेश की कजरी के सन्दर्भ में)

लीना प्रकाश शाक्या* डॉ. नीतू गुप्ता **

प्रस्तावना – लोक संगीत वह संगीत है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने मनोभावों की अभिव्यक्ति गाकर, बजाकर व नृत्य कर व्यक्त करता है। लोक संगीत दो शब्दों का समायोजन है। लोक + गीत – जिसका अर्थ सहजता से लगाया जा सकता है, जो सरल, सहज, सुगम बन्धन रहित और परिवर्तनशील है, वही लोक संगीत है, क्योंकि लोक गीत का आधार लोक रूचि या जन रूचि है। लोक गीत के तीन अंग माने गये है–भाव, शब्द, स्वर। भाव को अतरंग शब्द और स्वर को बहिरंग शब्द माना गया है।

लोक गीत के तीनों अंग एक दूसरे के पूर्ण आश्रित है। अन्य के अनुसार– लोक संगीत के पाँच अंग माने जाने चाहिये जिसके अर्न्तगत– लय, ताल, भाव, शब्द, स्वर। क्योंकि कोई भी गीत किसी कविता के रूप में नहीं गाया जाता अपितु उसे लय बद्ध कर ताल में गाया जाता है, यह लोक गीत का कोई बन्धन नहीं है। अपितु यह लोक गीत की सौन्दर्य वृद्धि में सहायक है। लोक गीत संस्कृति का संरक्षण, सवंर्धन करने के साथ– साथ संस्कारों, धर्म आदि को स्पष्ट करने में सहायक सिद्ध है।

सम्पूर्ण भारतवर्ष में ऋतुओं की चर्चा की जाये तो हम पाते है, कि प्रमुख रूप से चार व गौढ़ रूप से छ: ऋतुयें है। ग्रीष्म ऋतु– चैत, बैसाख, ज्येष्ठ, आषाण, वर्षा ऋतु– सावन, भादों, क्वार, कार्तिक, शीत ऋतु–अगहन, पूस, माह, फागुन। हमारे पूर्वज द्वारा आज भी ऋतुओं की गणना जनवरी फरवरी से नहीं वरन् माघ, फागुन, चैत, वैसाख आदि से की जाती है। ऋतुओं के सन्दर्भ में लोक गीत की चर्चा की जाये तो चैत में चैती गायन, बैसाख, जेठ, असाढ़ में चौमासा, सावन में कजरी, भादों व क्वार में चैती व चौमासा, छठी माई गीत, कार्तिक में कजरी व फागुन में फगुआ गीत गाये जाते हैं, यदि हम पूर्वी क्षेत्र की ओर दृष्टिपात करें तब यही पाते है, कि वहाँ की सर्वाधिक गायी जाने वाली लोक विधा कजरी है।

कजरी सावन माह से सम्बन्धित गीत विधा है जिसमें कृष्णपक्ष की अष्टमी व शुक्ल पक्ष की अष्टमी को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है जिसके अन्तर्गत मा विंध्याचल देवी से सम्बन्धित कजरियाँ गायी जाती है। शुक्ल पक्ष की तीज का त्यौहार मनाना पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रचलित है। चूँकि शोध पत्र ऋतुकालीन लोकगीत कजरी की 'अखाड़ा परम्परा' व उसका बदलता स्वरूप के सन्दर्भ में है अत: यहाँ हम कजरी विधा के सन्दर्भ में चर्चा करेगें।

कजरी ऋतु सम्बन्धी गीतों में प्रधान रूप से एक विशिष्ट विधा है। मुख्यत: सावन के महीने में जब काले काले बादल मेघ वर्ष ने के लिये गरज कर आते हैं, उनकी श्यामल, कजरारी, घोर घटा और वन– उपवन के फूल, हरे– भरे, पडे-पौधे, रंग– बिरंगे, सुमन– पुष्प से सुगन्धित हो उठती है, ऐसे ही मनभावन वातावरण में मन प्रसन्नता से भर जाता है व हृदय में प्रसन्नता का संचार उमड़ने लगता है, वहीं जिन भावों की अभिव्यक्ति काव्य के लक्षणो में पिरों कर गेय रूप में प्रस्पुटित होती है, वही कजरी या कजली कहलाती है।

यथा–**हमका मेला में चलिके घुमावा पिया**
झुलनी गढ़ावा पिया ना ।
अलका, टिकुली हम लगइवे
मगिया सिन्दुर से सजइवे,
हमरी अगुरी में मुनरी पहिनावो पिया
मेला में घुमावा पिया ना ।।

कजरी गायन का मुख्य श्रेय पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्त्रियो को जाता है, ऐसा माना जाता है कि कजरी एक अति प्राचीन शैली है, जिसका उदभव सृष्टि के साथ हुआ। कजरी शब्द की उत्पत्ति के संदर्भ में– कजरी शब्द की उत्पत्ति कजला देवी से मानी जाती है वहीं अनेक विद्वान अपनी अपनी अलग व्याख्या देते हुए कहते हैं, कि कजरी शब्द संस्कृत के कज्जल शब्द से बना जो बहुअर्थी है, जैसे काले बादल या वर्षा की काली घटा अर्थात जल युक्त बादल से कजरी शब्द की उत्पत्ति मानी गयी है। काजल के समान कजरारे बादल को देख कर संयोग से भरे हृदय में शीतलता के अनुभव की कल्पना फलस्वरूप मुखरित होती हुई गीतों का निर्माण करती है। उन्ही गीतो को कजरी के नाम से सम्बोधित किया जाने लगा। बनारस और मिर्जापुर की कजरी ऋतुओं से सम्बन्धित वियोग संयोग श्रंगार से सभी पक्षों को पूर्णरूप से अभिव्यकत करती है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश की विंध्याचल देवी की आराधना, पूजा, अर्चना को अधिक महत्व दिया जाता है और मैया के स्नान के समय, केश काढ़ने के समय व श्रंगार के समय जो गीत गाये गये वे कजरी कहलाये। क्योंकि विंध्याचल देवी काजल के समान काली प्रतीत होती है। इस कारण विद्वानों ने इन गीतों को कजलिया कहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग काली देवी व विंध्याचल देवी के पुजारी है। अत: जो भी हो इस लोकगीत का जन्म मां विंध्यवासिनी के प्रशस्ति गान के रूप में हुआ और यही मत अधिकांश विद्वानों द्वारा तर्क संगत प्रतीत होता है महाकाली कजला देवी की स्तुति में रचे गये व गाय जाने वाली लोकगीत विधा बोल चाल की भाषा मे कजरी या कजली कहलाये।

यथा–**असरा लगा के अइली, शरण में तोहार ए हो छटी मइया ।**
भर दा तू गोदिया हमार ए हो छटी मइया

* शोधार्थी (संगीत विभाग) दयालबाग एजूकेशनल इस्टीटयूट, आगरा (उ.प्र.) भारत
** शोध निर्देशिका (संगीत विभाग) दयालबाग एजूकेशनल इस्टीटयूट, आगरा (उ.प्र.) भारत

भर दा तू गोदिया हमार ए हो छटी मइया ।।

कजरी की ऐतिहासिक'अखाड़ा परम्परा'

गुरू शिष्य परम्परा का निर्वाह करने वाले इस लोक कला के घराने को अखाडा परम्परा नाम दिया गया। इन अखाडों के नाम लोक कला के उस्ताद व खलीफाओं के नाम पर रखा गया। इन अखाडों की अपनी अलग अलग विशेषता है तथा उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री के विषय वस्तु में भी भिन्नता पायी जाती है। जहां की कजरी होती है वहीं की अखाडा परम्परा का नाम उसमें निहित रहता है। वाराणसी के भैरों जी के अखाडे का नाम दूर दूर तक प्रसिद्ध है वहीं कई अखाडे ऐसे भी हुए जिनमें न केवल कजरी अपितु विरह, दोहे, कुंडलियां व धनाक्षरी इत्यादि छन्दों की रचना भी हुई।

उत्तर प्रदेश में हर ऋतु के व हर प्रान्त के लोक संगीत की अलग पहचान है। प्रत्येक ऋतु और प्रत्येक प्रान्त के पर्व देश की संस्कृति और सौन्दर्य बोध के परिचायक हैं। शरद ऋतु में छठ के गीतों से गांव गली गूंजती है। बसन्त में चैती और होली के स्वरों की धमक रंगों की मस्ती का आलम जगाती है। फिर बरसात का कहना ही क्या। जब बालद उमड़ कर कालिमा लपेटे हुए पानी लाते हैं तब कजरी के इन अखाड़ों में मेला सा लगने लगता है–

मेला म लइके चलो बलमू, हमका झुलनी झुलइवे।

कजरी गीतों की धुन विशेष प्रकार की होती है। कजरी की विशेष धुन में गाया जाने वाला किसी भी विषय पर आधारित गीत वर्षा ऋतु में गाया जा सकता हैं क्योंकि कजरी गीतों में विषय वस्तु में कम व सांगतिक धुनें अधिक होती हैं। वर्षा में मेघों को देखकर किसान प्रसन्नचित मन से झूम उठता है। वर्षा की प्रतीक्षा समाप्त हो जाती है मल्हार और कजरी के भाव उभरने लगते हैं। खेत खलियानो में शुरीले कन्ठों से निकले स्वर कजरी का स्वरूप धारण करते हैं। बाग बगीचों में झूला झूलती हुईं युवतियां मनभावन कजरी गा उठती है –

यथा–**सावन का महीना मेहा रिमझिम बरसे, ठन्डी ठन्डी ब्यार बादल बरसे है।**

सावन का महीना सुहावना होता ही है।सावन मास में हर गांव में बाग या तालाब के किनारे लगे विशाल वृक्षों पर झूले डाले जाते हैं। वहीं इन झूलों को सुसज्जित कर झूलों पर नर, नारियाँ आनन्द उठातें हैं व सावन में कजरी के गीतों का एक सम्मेलन सा होने लगता है। कजरी गाने का प्रचार बनारस व मिर्जापुर क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है, जो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ही जिले है। वहां सावन के दिनों में कजरी के दंगल भी हुआ करते हैं, जिनमें दो पक्ष होते है। जब गायक अपने स्वर से धिर आई री बदरिया सावन की गाने लगते हैं तब वास्तव मे एक मनोहारी समा सा बंध जाता है और सचमुच ही यह दृष्य देखने योग्य होता है।

अखाड़ों के नाम:–

मतिराम का बैरागी अखाड़ा – मतिराम अपने समय के प्रमुख खारिया थे इनका अखाड़ा शिवदास जहांगीर के समकालीन था इस अखाड़े के गायकों द्वारा राष्ट्रीय सांस्कृतिक ऐतिहासिक हास्य–व्यंग्य व रंगारिक सभी प्रकार की कजरिया लिखी जाती थी इस अखाड़े के अब बहुत कम गायक हैं जो हैं वह अपनी रोजी–रोटी से अधिक परेशान रहते हैं और निर्बल वर्ग के अधिाक हैं।

इनके प्रमुख शिष्य शिवराम शर्मा बहुत सहज और सहृदय व्यक्ति इन्होंने भी बाद में अपना अखाड़ा बनाया इनकी शिक्षा में गायक हरि शंकर बाबा राम गुरु दाता राम शिव प्रसाद आदि प्रमुख थे।

इमामन का अखाड़ा – यह खड़ा बहुत प्राचीन है जहांगीर के पुत्र इमाम ने भी अपना अखाड़ा बनाया व कजरी गायन में बहुत नाम कमाया कजरी की विभिन्न प्रकारों की शुरुआत इन्हीं के अखाड़े से हुई।

अखाड़े का नाम – श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा, श्रीमहंत का नाम सचिव श्री हरिगिरी जी महाराज पता बड़ा हनुमान घाट वाराणसी

कजरी पर्व – मिर्जापुर में विशाल भवन माँ विंध्याचल देवी के मंदिर मे ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार से ढाई दिन का एक पर्व मनाया जाता है जिसे **'परावन'** नाम दिया गया। अत: परावन की इस अवधि में बनारस मिर्जापुर दोनों क्षेत्रों के बाजार बंद रहते थे। लोग विंध्य क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों में निवास करने एवं मां शक्ति की उपासना करने जाते थे।

इसी अवधि में कजली के खलीफा तथा उस्ताद अपनी शिष्य मंडली के साथ विंध्याचल देवी की विशेष पूजा करते थे। इस पूजन को **'खंजरी'** के नाम से संबोधित किया जाता था। इसी पूजन के साथ साथ सरस्वती बंदना जिसे **'सुमरिनी'** कहा जाता था कजरी गाकर कजरी का महोत्सव मनाते थे। इसी अवसर पर नये शिष्यों को दीक्षित भी किया जाता था। कालक्रम के बदलते परिवेश में कजरी महोत्सव की यह परम्परा धीरें धीरें लुप्त प्राय: होती जा रही है। कजरी महोत्सव के दो मास पश्चात् कजरी का त्योहार भाद्रपद कृष्ण तृतिया को मनाया जाता है। परन्तु उसके पूर्व संध्या से ही सारी रात्रि कजरी गाते हुए सारी रात जागरण किया जाता है।

कजरी गायन व उसका बदलता स्वरूप – कजरी गायन की शुरूआत कब, कहाँ, कैसे हुई यह कहना अत्यन्त कठिन है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगो का मानना है, कि सर्वप्रथम यह गीत कजला देवी को प्रसन्न करने के लिये किसी मुस्लिम शायर के द्वारा गाया गया था और यह गायन सुनकर माँ भगवती ने भक्त शायर को वरदान दिया कि जो तुम्हारी इस शैली में गीत रच कर जो भी भक्त मुझे सुनायेगा उसे मेरी भक्ति सहज ही प्राप्त हो जायेगी। आज भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के अखाड़ों में उतरने से पर्वू पहलवान माँ के धाम में कजरी गाता है व काजल का टीका लगाने की प्रथा प्रचलित है। कजरी का गायन वर्षो पूर्व से किया जा रहा है और यह ही नही कजरी लोक विधा को आज प्रतिष्ठित रूप प्रदान किया गया व इसके मंच प्रदर्शन किये जा रहे है। आज के परिवेश में कजरी गायन मठ, मंदिरों, मेलों, उत्सवों आदि तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि आज कजरी गायन मंच प्रदर्शन की विधा बन चुकी है।

मिर्जापुर में सर्वाधिक कजरी गायी जाती है और इसके गायन हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें कजरी कलाकार ही नहीं अपितु ताल वादक, खंजरी, ढोलक, झांझ आदि की सगंति के साथ पूर्ण सौन्दर्यात्मकता प्रदान कर प्रस्तुतिकरण किया जाता है। आज पूर्वी क्षेत्र में अनेक त्योहारों उत्सवों पर मंडलियों को एकत्रित कर कजरी कार्यक्रम की प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है। सावन के मेला में कजरी कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया जाता है जिसके अन्तर्गत कजरी गायक कलाकार को सम्मानित किया जाता है।

अत: निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं, आज हमारी लोक संस्कृति संस्कार हमारे लोकगीतों के माध्यम से संरक्षित है। जो कलाकार आज भी प्रकाश में नहीं आये है। या जो आर्थिक रूप से सुदृढ़ न होने के कारण समाज मात्र में ही गायन करके रोजगार चला रहे है। उनके लिये हमारी सरकार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करानी चाहिए अर्थात सरकारी संस्थाओं से सहायता आर्पेक्षित है, जिससे समाज में योग्यता का व स्वाभिमान का बहिस्कार न हो अपितु सस्कृति संरक्षित रहे व कलाकार बनते रहे, नित नवीन सकारात्मक बदलाव होते रहें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोक संगीत लक्षण एवं स्वरूप-डॉ0 प्यारेलाल श्रीमाल,संगीत मार्च-2002
2. लोकगीतो के सन्दर्भ और आयाम, डॉ0 शान्ति जैन
3. ऋतुकालीन लोकगीतों मे शास्त्रीय संगीत के तत्व (उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ मे) डॉ0 सुमन
4. हिन्दी साहित्य कोश- डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय
5. प्रान्तीय संगीत: विविध पक्ष- प्रो0 सुधा सहगल

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Indian Scenario and Industrial Relation

Sachin Mujumdar*

Introduction - Work prevail the lives of human society and its various aspect in the form of management and employees, both individually and collectively, and always remain a main feature of organizational life.

The concept of Employee Relations requiresproper recognition then only it can be defined properly. Basically the term used "Industrial Relations"[1] designate a relationship between workers and management in a particular industry and it was started from after the Industrial Revolution[2] when the economic and social changes were taking place all over the world. The history or roots of Industrial relations denotes a long constant inevitable fight between labour and management and emergence of Trade Unions[3] and its conflict of rights.

The term "Industrial Relation" denotes a complex relationship which spring up in work situations in work place. Management and the workers are the part of same game; they come together due to their own interest as a salary and profit. To comprehend the concept of Industrial Relation some definitions would be necessary.

One of the most important definitions which clarify the Industrial Relation in a elegant manner of human relationship is given by J. Henry Richardson[4]. According to him "Industrial Relation is the art of living together for purpose of production." The parties involved in Industrial relations, the workers and the employers, have a common purpose-production. Both parties involves with each-other with their own willingness with the commitment to work together. This definition shows us a human face or a model status of a Industrial Relation but it doesn't say about a conflict and disputes and its solution among the both parties. The area of Industrial relations has very flexible form, many dimensions are yet to explode with various aspects and day by day it is crossing its boundaries with the scenario of new era.

Prior to independence Industrial Relations used to deal with very narrow, regulated and controlled aspects but after globalization this dealing had changed and a new definition and area has to developed with an aggressive and dynamic approach towards the industrial Relations. This requires a highly flexible policy for business and workers welfare.

Development of Industrial Relation In India Prior To Freedom - India was immoderately a provincial and agricultural economy during ancient and primitive time, it was the time when Trade and business were not expended very far and a few persons used to do that with person to person or group of persons with in the boundary of their village. Business was carried on by small manufacturer in their cottages. Trade was accepted by one person on the basis of family business means it was just like a hereditary. Employer and employee relation was not existed on the contrary there was merely a slave and owner relationship was common in that time. Business was performed only basis of small scale and on day to day basis.

The Indian traditional art and craft were inadequately spoiled by the invaders up to 700 years approximately and for surviving their art and craft the craftsman were wondering from one place to another place but by this escaping they were losing their elegant art and traditional skills. Unfortunately they had become just a slave of rich man. The situation improved in the time of Mughals, the development of varnishing, tailoring, and leather work had spread in India.

After the Mughals during the British Raj things were going in very wrest position because of Industrial Revolution and the exploitation of workers by the owners of industries the one way profit game was being played by the factory owners. This was totally a very unequal relationship between the poor Labour and Powerful Employers. In fact it was the upgrade version of slavery which had to change into a Master and Servant Relationship. In the addition of this situation government adopted the policy of "Laissez-Faire" and later on enforced penalty on workers for breaches of contract.

Hence the British government made statutory regulation of Industrial relation through the Defense of India Rules but after the ending of World War II, by the help of tripartite deliberation[5] during the 1942-46 Trade Dispute Act had revised into Industrial Dispute Act, 1947 which was applicable for the whole India.

Tripartite deliberation led the important roll to settle Industrial Relation in India ,it not only helped the maintain healthy relation between employer and employee even it cleared the some necessary definition of Minimum wage fixation(1944), constitution of tripartite industrial committees (1944), Health insurance scheme (1945) , Provident fund

*Research Scholar, Jagran Lake city University, Bhopal (M.P.) INDIA

scheme(1950) which later on made the way to pass 03 most important and significant Act of labour laws like Minimum Wages Act,1948, the Employees state Insurance Act,1948 and the Employees Provident Funds Act,1952. After gating Independence Indian Legislation made more labour welfare law and it created new relation between employer and employee.

Emergence Of Industrial Relation In Post Independence In India - After gating independence India gets its own Constitution our leaders tried hard to achieve all those goals and dreams which had to yet come in the reality. The Directive Principals and the Fundamental Rights were the important part of our constitution, by which not only rights should be given to all citizens even Duties and goals also be remembered. In the freedom struggle labour problem and struggle was also running simultaneously.

As per model of "Welfare State" government tried to achieve social and economic growth aim but with the Industrial development many new problems were coming and giving challenges to Legislature and Courts to solve those problems with the new concepts of Industrial Relations.

In the period of 1956, by the Industrial Policy Resolution government facilitated the growth of public undertaking in states and centre. This was the endeavor to present a role model of industrial relations as "Model-Employers".

In the year of 1957 schemes like participation in management and workers education and voluntary code of discipline and voluntary code of conducts were introduced.

In 1975 constitutional amendment (Article 43 A)[6] provided workers participation and added chapter VB in the Industrial Dispute Act 1947. After that many governments followed that way to provide measures for protection of workers interests and formation of workers welfare.

In the years of 1980- 1990 judicial activism was the main factor, by delivering the protective judgments towards the labour class and welfare of their lives, court left tremendous impact on the Industrial Relation. This period was consisted with the amendment of Industrial Dispute Act of sec (2A, 9A, 11A, 17B& chapter V B), ContractLabour (R&A) Act, 1972. Even provision of sec 10 of Contract Labour Act, automatic absorption (on the completion of substantial years) was also interpreted.

In the age of globalization and after adoption of neoliberal policy by India in 1991, huge changes were coming in the relation between employer and labour. Competitiveness with global markets and quality control according to international standards industries faced great pressure and automatically this pressure had to shift to labour class for better performance and production. These changes were created a new definition of Industrial Relation.

Labour welfare policy was not the aim of new Social and economical policy, it has seen and cleared in the Second National Commission on Labour in 1998. Contract Labour on all the activities and retrenchment of workman without government permission (wherever the strength is less than 300), were the example of recommendation of N.L.C 1998.

In the consonance of new economical policy and Industrial Relation thejudiciary was also changing its verdict. Denial ofAbsorption of contract Labour and Classification of labour as a permanent employee by the Apex Court is the sign of new Industrial Relation.

Prior To The Independence In The British Raj - Some labour legislation was existed. The excessive exploitation of the workers and desire of maximum profit earning of employer was the root cause of the emergence of labour legislation in that time. Due to the poor conditions of the Tea garden of the Assam British government made the "The District Emigrant Labour Act, 1832 and "Workmen's Breach of Contract Act, 1859 were enacted but these Act were designed more for the purpose of ensuring a steady supply of labours to the tea gardens in Assam, than for protecting the interests of the laborers, even in this Act the desertion of the tea garden by the laborers was the criminal offence. The same circumstances was existed with the 'First Factory Act of 1881' because this Act was also the result of the "Lancashine textile magnates" it was enacted forincreasing the cost of production of Indian textiles by reducing the hours of work and improving other conditions. This Act was also made for the protection of the interests of the Lancashine industrialist. After this Act many legislation were enacted in British Raj with the very idea of British legislation. The reflection of England's Law was in labour legislation and all those Acts which were enacted that time somehow were adjusting with the Indian traditions and background. Some of those were " Workmen's Compensation Act,1923", "The Indian Mines Act,1923" , "The Trade Union Act,1926" and " The Payment of wages Act,1936" ,.

The formation of "International Labour Organisation" and its Recommendations towards the whole labour community wherever they worked in any country helped to make such laws by which their poor working conditions can be changed. Indian Labour Legislation also got benefits from the ILO's recommendations and made some fruitful amendments in Labour Legislation for the labour reforms policy. The impact of ILO can be judged in Indian constitution also when see in the Article 39,41,42,43,43A, all Article denotes the reforms of Labour policy and influenced the labour legislation.

Labour laws were inacted in British Raj due to their policy of maximum benefits without any interruption and pragmatic approach towards the Trades and business. After independence Indian legislation also made somelabour laws and brought few amendments but the reason had changed, instead of profit gaining it was the concept of "Welfare State". Basically the aim of labour laws, seeks to regulate the relations between an employer or a class of employers and their employees.

The Labour legislation can be categorized upon many

principles according to Indian Constitution and its Directive Principles. **"Principal of Protection", Principal of Social Justice", "Principal of Regulation", "Principal of Welfare", "Principal of Social Security", "Principal of Economic Development",** etc. These principal reflects in labour laws to achieve constitution's Provisions.

Industrial Relation In The Light Of Government Policy - After getting Independence government adopted the policy of Laissez Faire (non-interference) between the employer and employee and they can settle their disputes by the way whatever they want but earlier due to concept of Welfare State and Directive Principal of Economic and Social growth, government decided to intervene in Industrial Relation and made some protective legislations for some other reasons also as follows;

1. Due to pressure of International LabourOrganisation and Indian Labour Commission.
2. Philosophical idea of trusteeship government developed the instruments of voluntarism.
3. Constitutional Obligation to fulfill "pledges and Promises" according to Preamble.

Industrial Relations are the subject of 'Concurrent' (Article-254), it means the Central government and State government both have jurisdiction over these matters.

Hence According to Directive Principles and other Articles of Constitution State shall make their policy towards the Industrial Relation and try to maintain a harmonious atmosphere between employer and labour class.

Constitutional Background Of Indian Labour Legislation - There are two purposes in Preamble of Indian Constitution in the context of labour legislation, first, what is the source of legislation and second, what is the objective of that legislation, regarding the labour legislation, it can be said that Preamble is the source of any legislation including the labour legislation and in that Preamble all those principles Like ,;

1. Justice, Social, Economic and Political Security
2. Liberty of thoughts, Expression, Belief, Faith and worship.
3. Equality of status and of opportunity
4. Fraternity, assuring the dignity of the individual and unity and integrity of nation.

States that to convert all these principals on ground reality legislation must be enacted including the labour legislation. To get as a reality of all those principles which are mentioned in Preamble asa vision, in the form of protective legislation, social legislation, social security legislation, welfare legislations and industrial relation legislation they all enacted in various form of labour laws.

Constitution does not concern only State work; it has specific aim and liability towards the individual, to fulfill its liability Part III of constitution deal with Fundamental Rights like;

1. The Right to Equality (Article 14 to 18)
2. The Right to Freedom (Article 19 to 19)
3. The Right against Exploitation (Article 19 to 22)
4. The Right to Constitutional Remedy (Article 32 to 35)

These fundamental rights have been given to all citizens of India as a guarantee to protect against any repressive work of State, therefore in **Article 12** of the Constitution the definition of 'State' has clearly defined, in that definition term 'Other Authorities' includes any instrumentality or agency of the government whether an individual or a corporation like "Life India Insurance" or a Company like "Steel Authority of India". In any disputes regarding labour or Industrial Relation the employer is covered in the definition of "Other Authorities".

Article 14 and 15deals the Right of Equality and Equal protection of law towards the citizens of India but in Labour legislation it gives impression that reasonable classification is permissible in service by employer regarding post and wages without any prejudice. Every employee has right to save himself from exploitation and protect against unreasonable classification in the light of Equal Protection of law.

Article 16 (1) and (2)of the constitution provides Equality of opportunity to all citizens but in labour legislation it gives Equal opportunity to get employment under the States in any government or Private sectors.

Article 19with its various sub clauses provides freedom of Association, freedom to carry on Trade or business with freedom of speech; in labour legislation all these provisions are necessary for Industrial Relation, to make unions or any other type of freedom which are necessary for healthy Industrial Relation and harmony.

Article 21deals with the impression of personal liberty except according to procedures established by law, but in labour legislation it is a Right to live and do work with human dignity in workplace without any exploitation.

Whereas the**Article 23**deals with the Rights against Exploitation and prohibits the traffic of human beings, in labour legislation this Article gives rights against Exploitation against employer, and also prohibits the forced labour with the provision of punishable offence, the **Article 24 also** prohibits the employment of children below the age of 14 years in factories, mines, or any industry.

Conclusion - All this rights are futile without Constitutional Remedy; therefore in our Constitution from **Article 32 to 35**have provisions that any citizen of India may file petitioned against the State for protecting his Fundamental Rights whether it is a government authority or private employer.

Hence these entire Provisions of Indian constitution guarantee to citizens of India about their fundamental rights and by all this provisions labour legislation also benefited in the service of Labour class.

References :-

1. The relation between management and workers in industry.
2. A rapid major changes in an economy marked by the general introduction of power driven machinery or by an important changes in the prevailing types and methods of use of such machines.
3. An organization for people who all do the same type of

work. Trade unions try to get better pay and working conditions for their members.

4. J. Henry Richardson (2003) an introduction to the study of industrial Relation vol-5.
5. The three parties meeting regarding implementation of International Labour standard (Employer and employee representative and Government).
6. Participation of workers in management of Industries and falls under part iv Directive principles of State Policy.

****

दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 का विश्लेषणात्मक अध्ययन

गायत्री यादव* डॉ. कुसुम दीक्षित**

शोध सारांश – भारत में दिव्यांगों को लेकर एक विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है, और यह सभी समस्या का समाधान विधि पूर्ण ढंग से तभी संभव हो सकेगा जब उस विषय को लेकर कोई प्रभावी कानून बनाया जाए। भारत में दिव्यांगों को लेकर पहले विधि सन 1955 में बनाई गई थी, इस विधि का नाम दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम 1955 रखा गया था। कुछ और नियम का निर्माण किया गया, इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग केंद्रीय सलाहकार बोर्ड एवं राष्ट्रीय न्यास की स्थापना की गई।

शब्द कुंजी – दिव्यांग, अधिकार, संवैधानिक, गरिमा।

प्रस्तावना – विश्व में दिव्यांगों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत है । इस 10प्रतिशत में 80प्रतिशत दिव्यांगोंका प्रतिशत विकासशील देशों को हैं। इस विशाल जनसंख्या को यूंही असहाय नहीं छोड़ा जा सकता अत: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सन 2006 से संयुक्त राष्ट्र संघ में इनकी हालत सुधारने के लिए कार्य किया जा रहा है । भारत में दिव्यांगों को लेकर सन 1995 में एक अधिनियम पारित किया गया था, यह अधिनियम दिव्यांगों की बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकता के अनुरूप नहीं था। अत: संयुक्त राष्ट्र संघ की अनुशंसा के आधार पर 3 दिसंबर 2006 को एक और अधिनियम पारित किया गया जिस की अधिसूचना 3 मई 2008 को लागू की गई जिसे विश्व के 138 देशों ने स्वीकार किया । **दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016** को पारित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य रखा गया कि यह अधिसूचना दिव्यांग जनों के अधिकार जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आधार पर बनाए गए है, उन्हें प्रभावी बनाया जा सके। इन सिद्धांतों को प्रतिपादित करने का उद्धेष्य दिव्यांगों की गरिमा और व्यक्तित्व के लिए आदर्श परिस्थितियां तैयार करना, उन्हें बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ने में मदद किया जाए और एक गरिमामई वातावरण तैयार किया जा सके जिससे दिव्यांगों को समाज में पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी निभाने का अवसर प्राप्त हो पाए। उन्हें सभी मानवीय अधिकार, संवैधानिक अधिकार, विधिक अधिकार प्राप्त हो जो राज्य सरकार के द्वारा सभी के लिए प्रदान किए गए हैं। भारत में दिव्यांगों को लेकर एक विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है, और यह सभी समस्या का समाधान विधि पूर्ण ढंग से तभी संभव हो सकेगा जब उस विषय को लेकर कोई प्रभावी कानून बनाया जाए। भारत में दिव्यांगों को लेकर पहले विधि सन 1955 में बनाई गई थी,इस विधि का नाम दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम 1955 रखा गया था। कुछ और नियम का निर्माण किया गया, इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग केंद्रीय सलाहकार बोर्ड एवं राष्ट्रीय न्यास की स्थापना की गई। इस की धारा 30 में मुख्य आयुक्त और अपर आयुक्त की व्यवस्था की गई । पर यह अधिनियम भी दिव्यांगों की समस्याओं को सुलझाने में असमर्थ ही रहा यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय अभिसमय जो 2003 में बनी थी जिसमें 2006 में यह प्रावधान किया गया था कि दिव्यांगों को लेकर प्रत्येक देश नए अधिनियम बनाएं और अभिसमय की अनुशंसा को लागू करने के लिए 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य 13 दिसंबर 2006 की अनुशंसा को बिना किसी भेदभाव के इस तरह से दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए लागू किया जाए जिससे वे गरिमामई वातावरण में अपना सर्वागीण विकास कर सकें, तथा सभी देशों में इसका लाभ दिव्यांगों को मिल सके। इस अधिनियम में एक नए सरकारी विभाग का नाम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बनाया गया जिसको यह जिम्मेदारी दी गई कि सरकार राज्य सरकार एवं गैर सरकारी संस्थाएं दिव्यांगों के विकास हेतु कार्य कर सकें।

दिव्यांग व्यक्तियों को आम आदमी की तरह मानवीय अधिकार एवं संवैधानिक अधिकार एवं विधिक अधिकार प्राप्त हो सके। 1995 के अधिनियम में केवल सरकार की बात कही गई थी जबकि इस अधिनियम में इन्हें बड़ा कर दिया गया दिव्यांगों को नौकरी में आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया तथा इस अधिनियम के अंतर्गत अनुशंसा की गई है कि दिव्यांगों को यातायात एवं परिवहन के साधनों में ऐसी सुविधाएं दी जाएं जिससे कि वह अपने कार्यस्थल पर पहुंच सके।

विधिक विश्लेषण : दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 – 7 दिसंबर 2016 को पारित किया गया इस अधिनियम में कुल 102 धाराएं हैं जिसे 17 अध्याय में विभाजित किया गया है तथा 1 अनुसूची जोड़ी गई है इस अनुसूची में धारा 2 के अंतर्गत शारीरिक व मानसिक दिव्यांगता के विशिष्ट प्रकारों को शामिल किया गया है, इसमें बौनापन, दृष्टि, हास मानसिकता तथा अन्य विकृति को भी शामिल किया गया है।

अध्याय 1 की धारा 1 से 2 तक की धाराओं को शामिल किया गया है। धारा 2 में कुछ परिभाषा दी गई जिसमें समुचित सरकार तथा दिव्यांग जनों को परिभाषित किया गया है। सार्वजनिक भवन से तात्पर्य कोई भी सरकारी या निजी भवन है जिसका उपयोग जनता के लिए या जनता के द्वारा किया जाता है जैसे शैक्षणिक एवं व्यवसायिक संस्थान पुनर्वास से तात्पर्य दिव्यांगों की अनुकूलता एवं उनके बौद्धिक एवं मनोवैज्ञानिक पर्यावरणीय सामाजिक कार्यो को करने के उद्देश्य से बनाने हेतु है।

अध्याय 2 में दिव्यांग अधिकार के बारे में बताया गया है जिसमें धारा

* शोधार्थी, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

3 धारा 15 तक में यह दर्शाया गया है कि समुचित व्यवस्थाओं का निर्माण सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए दिव्यांग जनों या अन्य व्यक्तियों के अनुरूप समान एवं क्षमता में गरिमामई व्यवहार किया जाना चाहिए धारा 5 में दिव्यांग व्यक्ति को समाज में जीने का अधिकार हेतु सरकार के प्रयासों का वर्णन किया गया।

अध्याय 3 में शिक्षा के बारे में बताया गया है जिससे धारा 16 से लेकर 18 तक दर्शाया गया है।

अध्याय 4 में धारा 19 से 30 तक का प्रावधान है जिसका संबंध कौशल विकास और नियोजन से है। धारा 19 में समुचित सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों के लिए नियुक्त का भी प्रावधन है। ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, धारा 23 में सरकारी स्थापना संस्थान में एक शिकायत प्रकोष्ठ का गठन दिव्यांगों की शिकायत के अन्वेषण हेतु किया गया है अध्याय 5 में दिव्यांग व्यक्तियों को बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है

अध्याय 6 में दिव्यांग जनों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है तथा धारा 31 तक का प्रावधान किया गया है इसमें 6 से 18 वर्ष तक के प्रत्येक दिव्यांग के लिए निशुल्क शिक्षा का अधिकार भी शामिल है धारा 34 में प्रत्येक समुचित सरकार दिव्यांग जनों को नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था है।

अध्याय 7 में केवल एक धारा है जिसमें उच्च सहायता की आवश्यकता वाले दिव्यांग जनों के लिए विशेष उपबंध का प्रावधान है धारा 38 में किसी व्यक्ति या गैर सरकारी संगठन के द्वारा आवेदन दे सकेंगे और ऐसे दिव्यांग जनों को विशेष शिक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण का चुनाव किया जाएगा। अध्याय 8 में धारा 39 से 48 तक का प्रावधान है।

समुचित से तात्पर्य केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार से है समुचित सरकार धारा 41 में बस अड्डे रेलवे स्टेशन हवाई अड्डे पर दिव्यांग जनों की सुविधा हेतु व्यवस्था करेगी।

अध्याय 10 में विनिर्दिष्ट दिव्यांग का प्रमाण सदस्यता का उल्लेख है। इस अध्याय में केंद्रीय सरकार से अपेक्षित किया गया है कि वह सदस्यों को प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया जाए।

अध्याय 11 में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा दिव्यांग विभाग की स्थापना करेगा। जिला स्तर पर समितियां बनाई जाएगी।

अध्याय 12 में दिव्यांग जनों के लिए राज्य आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएंगे जिसका उल्लेख किया गया है इस धारा में दर्शाया गया है वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

अध्याय 13 में दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है जिसमें राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विशेष न्यायालय के संचालन हेतु विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति करेगी जिसे 7 वर्ष का अनुभव रखने वाले अधिवक्ता अभियोजक के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

अध्याय 14,15 तथा 16 में दिव्यांगों से संबधित अपराध अपराधियों का उल्लेख किया।

अध्याय 17 में धारा 96 से लेकर धारा 102 तक का उल्लेख है। इसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार को दिव्यांगों के लिए नियम बनाने में कोई कठिनाई आती है तो कठिनाई का निवारण करने का प्रावधान दिया गया है।

मूल्यांकन - 1995 के अधिनियम की धारा 101 को समाप्त कर दिया गया है और उसके स्थान पर 2016 की अधिसूचना को लागू किया गया है। 2016 की अधिसूचना अंतरराष्ट्रीय माहौल के अनुकूल बनाया गया है इसमें प्रत्येक देश को यह सुविधा प्रदान की गई है कि दिव्यांगों के लिए 2006 में जो अनुशंसा की गई थी उनके अनुसार ही विधि का निर्माण करें दिव्यांगता व्यक्ति के लिए अभिशाप है जिसमे एक मनुष्य का बस नहीं होता जिसके दुष्परिणामों को कम करने के लिए दिव्यांगों को यह विश्वास दिलाना आवश्यक है कि दिव्यांगता में उनका कोई कसूर नहीं है, अत: इस हेतु सरकार के अलावा समाज का भी यह कर्तव्य है कि वह एक ऐसे अवसर की स्थापना करें जिससे दिव्यांग व्यक्ति को अपनी दिव्यांगता का अपराध बोध महसूस ना हो र उन्हें शुभ अवसर के रूप में देखें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मानव अधिकार :- बसंती लाल बाबेल पेज नंबर 15 प्रकाशक सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन इलाहाबाद
2. भारत का संविधान :-जय जय राम उपाध्याय पेज नंबर 225 प्रकाशक सेंट्रल लॉ एजेंसी संस्करण 2008
3. मानव अधिकार:- एस के कपूर पेज नंबर 120 प्रकाशन सेंट्रल लॉ एजेंसी वर्ष 2008
4. अंतर्राष्ट्रीय विधि एवं मानवाधिकार :-पेज नंबर 655 अग्रवाल प्रशासक सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन

****

भारत में दिव्यांगों हेतू संवैधनिक प्रावधान

गायत्री यादव* डॉ. कुसुम दीक्षित**

शोध सारांश – भारत में दिव्यांगों की जनसंख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है उनकी स्थिति दयनीय होती जा रही है क्योंकि उनके लिए पारिवारिक तथा सामाजिक स्तर पर देश तथा देश के स्तर पर अभी तक कोई विशिष्ट कार्य नहीं हो पाया है दिव्यांगता ईश्वर द्वारा प्रदत अभिशाप मानकर सहन कर लिया जाता है जबकि आधुनिक समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उनके जो परिणाम सामने आए हैं उनसे यह सिद्ध होता है कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है।

शब्द कुंजी – दिव्यांग, अधिकार, संवैधानिक अनुछेद अंतरराष्ट्रीय,राष्ट्रीय,विधि ।

प्रस्तावना – पूरे विश्व में दिव्यांगों की जनसंख्या इतनी अधिक है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके बारे में इस दृष्टि से सोचा जाने लगा है कि उन्हें प्रकृति का अभिशाप ना मानकर उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विधिक अधिकार एवं मानवीय अधिकारों पर विचार किया जाना चाहिए। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रत्येक देश में यह विधि द्वारा निर्धारित किया जाए कि दिव्यांग व्यक्ति को विधिक अधिकार दिलवाया जा सके। भारत भी यूएनओ का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है, इसीलिए भारत में भी विधि के माध्यम से दिव्यांग लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रावधान किए गए हैं । सर्वप्रथम 1995 में दिव्यांग जनों की रक्षा करने के लिए और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सन 1995 में कानून बनाया गया जिसके अंतर्गत उन्हें कुछ सुविधाएं और अधिकार प्रदान किए गए पर वह उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ रहा था 2016 में दिव्यांग जन अधिकार विधेयक पारित किया गया इसके अंतर्गत सभी सरकारी भवनों को जून 2019 तक दिव्यांग जनों के अनुसार बनाना तथा मार्च 2018 तक 10 प्रतिशत परिवहन के साधनों को उनके अधिगमहेतु बनाने व रेलवे स्टेशनों को भी उनके अनुरूप सुविधाओं को बढ़ाना उनके लिए अलग कंपार्टमेंट की व्यवस्था करना तथा विकलांगता की परिभाषा में बदलाव करते हुए मौजूदा विकलांगों की अपंगता को 7 से बढ़ाकर 21 प्रतिशत कर दी गई है। सरकारी नौकरी में 3प्रतिष्त के आरक्षण को बढ़ाकर 4 कर दिया गया है विकलांगता से पीड़ित 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है तथा सरकार से घोषित शिक्षण संस्थानों को आवश्यक रूप से दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इस अधिनियम में दिव्यांग जनों को वित्तीय सहायता देने के लिए राष्ट्रीय नीति का निर्माण किया गया है, जिला न्यायालय द्वारा प्रत्येक जिले में विकलांग संरक्षण केंद्रों की व्यवस्था की जाएगी तथा दिव्यांगों से संबंधित मामले को निपटाने के लिए जिले में विशेष न्यायालय बनाए जाएंगे उपरोक्त सारे प्रयास दिव्यांग जनों के जीवन को बेहतर बनाने की कवायद के साथ हमारी सोच में भी बदलाव आना चाहि। जिले स्तर पर राज्य स्तर पर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों को सुविधाएं शिक्षा नौकरी में आरक्षण इस प्रकार से मिलना चाहिए कि इस अभिशाप को एक सुअवसर के रूप में स्वीकार । सहानुभूति के स्थान पर सामान्य जीवन बिता सकें । भारत सरकार ने सुगम भारत अभियान आरंभ किया है जिसके अंतर्गत दिव्यांग जनों के लिए एक सक्षम बाधा रहित वातावरण सुनिश्चित करना है उसमें तीन प्रमुख उद्देश्य हैं प्रथम परिवहन प्रणाली में सुगमता लाना एवम् आईसीटी के माध्यम से दिव्यांगों को सशक्त बनाना शामिल हैं। वर्ष 2016 में सरकार द्वारा पुस्तकालय की शुरुआत की गई थी जहां दिव्यांग जनों को इंटरनेट के माध्यम से पुस्तके उपलब्ध कराई जाएगी नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की जाएगी जहां मोबाइल फोन टेबलेट कंप्यूटर का उपयोग करके नेत्रहीन पढ़ सकेंगे । विकलांगों को यूटीआई पहचान पत्र दिया जाएगा उनके लिए विशेष सुविधाएं दी जाएंगी पचास हजार दिव्यांगों को कौशल प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है तथा यह उदेश्य रखा गया है कि पच्चीस हजार दिव्यांग जनों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाए और नौकरी में 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।

दिव्यांगो को लेकर परिवार के लोगों को बहुत अधिक व्यथीत होने की आवश्यकता नहीं है दिव्यांगों को शिक्षा के स्तर पर तथा नौकरी के स्तर पर राष्ट्रीय स्तर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक शुभ अवसर एवं संरक्षण प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। अब दिव्यांगता को अभिशाप नहीं माना जाना चाहिए सोच में परिवर्तन लाने की आवष्यकता है । इस प्रकार की विषम परिस्थितियों को यदि परिवार, समाज, सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठन यदि सकारात्मक दृष्टिकोण से ले तो इस स्थिति को सकारात्मक दृष्टिकोण के द्वारा सुधारा जा सकता है। यह एक सामान्य तथा अकाट्य सत्य है कि दिव्यांग व्यक्तियों ने सामान्य व्यक्ति के मुकाबले ग्रहण करने की क्षमता अधिक होती है और अगर इस दिशा में उन्हें प्रोत्साहन एवं संरक्षण प्रदान कर सुअवसर दिलवाया जाए तो वह भी अपना योगदान देश के विकास में दे सकते हैं। दिव्यांगों को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ में अपने सम्मेलन यूएनडीपी मे अपने उद्देश्य हेतु प्रत्येक देश को सचेत किया है कि वह अपने अपने देश में कानून बनाकर दिव्यागों को विधिक अधिकार एवं मानवीय अधिकार दिलवाए ।

मुंबई राज बनाम मुंबई एजुकेशन सोसाइटी ए आई आर 1954 एस सी 61 के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया था कि राज्य अपने

* शोधार्थी, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

समस्त नागरिकों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करें इन नागरिकों में दिव्यांग बच्चे भी शामिल हैं अनुच्छेद 21 में जीने के अधिकार को लेकर यह प्रावधान किया गया है कि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे जिसमे दिव्यांग भी शामिल हैं को निशुल्क एवं आवश्यक शिक्षा मिलनी चाहिए। दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 उद्देश्य है कि दिव्यांगों को बोझ ना मानते हुए उन्हें उनकी हैसियत के अनुसार ही कार्य करने की व्यवस्था की जानी चाहिए संवैधानिक अधिकारों में अंकित सिविल राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकार भी शामिल हैं दिव्यांग लोगों को अपना परिवार बनाना नौकरी करना दासता से मुक्ति और प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार पाने का अधिकार है। इस मामले में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा सकता विश्व की जनसंख्या का 10 प्रतिशत दिव्यांगों का होता है दिव्यांग योजना का निर्माण करें जिससे दिव्यांगों के अधिकारों का संरक्षण हो सके और संविधान में भी दिव्यांगों हेतु संवैधानिक प्रावधान है

सारांश – 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगदिवस के रूप में सारी दुनिया मनाती है जिसकी सिफारिश संयुक्त राष्ट्र ने की है यह इस बात को दर्शाता है कि पूरे विश्व में दिव्यांगों को लेकर एक सामूहिक प्रयास किया जा रहा है। विश्व की 10 प्रतिशत दिव्यांग जनसंख्या को राज्य सरकार की तरफ से वह सभी सुविधाएं एवं आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए जिससे वह प्रकृति के द्वारा प्रदत अभिशाप को शुभ अवसर में बदल सके। 4 दिसंबर 2019 को टाइम्स ऑफ इंडिया भोपाल में एक विशिष्ट लेख के द्वारा सोनू गोलकर की प्रगति की समीक्षा की गई थी दिव्यांगों को उनकी उपलब्धियों को समाचार पत्रों में एवं दूरदर्शन तथा अन्य प्रचार प्रसार के माध्यमों में दिखाया जाना चाहिए ताकि वे और अच्छे कार्य हेतु प्रेरित हो सकें केंद्र सरकार और राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन भी मिलकर दिव्यांगों के लिए समन्वय स्थापित करें ताकि दिव्यांग बच्चों का और अधिक विकास किया जा सके

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मानव अधिकार :–बसंती लाल बाबेल पेज नंबर 9 प्रकाशक सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन इलाहाबाद
2. भारत का संविधान:– जय जय राम उपाध्याय पेज नंबर 220 प्रकाशक सेंट्रल लॉ एजेंसी संस्करण 2008
3. मानव अधिकार:– एसके कपूर पेज नंबर 129 प्रकाशन सेंट्रल लॉ एजेंसी वर्ष 2008
4. अंतर्राष्ट्रीय विधि:– एवं मानवाधिकार पेज नंबर 694 अग्रवाल प्रशासक सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

मेवाड़ राज्य के सरदारगढ ठिकाने (डोडिया राजवंश) का ऐतिहासिक परिचयात्मक अध्ययन

डॉ. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत *

प्रस्तावना – मेवाड़ के प्रथम पोलिटिकल एजेन्ट और मेवाड़ के इतिहास को अन्तरर्राष्ट्रीय ख्याती दिलाने में अग्रगण्य कर्नल जेम्स टॉड के शब्द मेवाड़ एवं उसके राजकुल की महिमा का बखान करते है। इसी लेखक की मेवाड़ की जागीरदारी प्रथा के बारे में राय को उद्धृत करना भी समीचीन होगा क्योंकि जागीरदारी प्रथा ही प्रशासन का आधार रही है–'राजस्थान में मेवाड़ राज्य की जागीरदारी प्रथा काफी सबल थी इस राज्य का महत्व अन्य राज्यो की अपेक्षा अधिक था। आक्रमणकारियों के इस राज्य पर जितने अत्याचार हुए थे, वैसे अत्याचार अन्य राज्यो को सहने नही पड़े थे इसके उपरान्त भी मेवाड़ की जागीरदारी प्रथा सदा सजीव और सबल होकर रही। जिस समय दिल्ली का मुगल शासक शिथिल और कमजोर हो गया था उस समय भी मेवाड़ राज्य की जागीरदारी प्रथा दृढ़ता के साथ चल रही थी।'[1]

'मेवाड़ में उमरावों के अधिकार व विशेषाधिकार राजपूताने के अन्य राज्यो की तुलना में अधिक है। ठिकानो में वही व्यवस्था छोटे रूप में देखी जा सकती है जो केन्द्र में महाराणा की होती थी वे खास अवसरों पर खासा रूक्का मिलने पर ही महाराणा की सवारी में शामिल होते थे। दरबार में उनका स्थान युवराज से ऊपर होता था। उमराव के दरबार में पहुँचने पर सभी खड़े होकर स्वागत करते थे। इस अवसर पर अपने पद एवं मर्यादा के अनुसार उनका सम्मान होता था।'[2]

मेवाड़ की जागीरदारी व्यवस्था को स्थापित करने में उमरावों की राज्य के प्रति निष्ठा व कर्तव्य भावना का समावेश था। मेवाड़ के 16 उमरावों के प्रथम श्रेणी के ठिकानों में से एक सरदारगढ ठिकाना राजपूताना के मेवाड़ राज्य में दक्षिण राजस्थान के राजसमन्द जिले में 25.14' उत्तरी अक्षांश और 74' पूर्वी देशान्तर पर चन्द्रभागा नदी के दाहिने तट पर स्थित है। पहाड़ी पर स्थित सरदारगढ ठिकाने का दुर्ग समुद्र तल से 1984 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। लावा सरदारगढ ठिकाना उदयपुर (मेवाड़ की राजधानी) से 50 मील उत्तर पूर्व की ओर स्थित है। सरदारगढ ठिकाने या कस्बे का प्राचीन नाम लावा था। डोडिया राजपूतो की जागीरी में 26 गांव मेवाड़ महाराणा द्वारा राजस्व पट्टे अर्थात जागीरी में पदत्त थें। जिनसे 24000 हजार राजस्व की आय ठिकाने को प्राप्त होती थी और जिसमें से 1390 रूपये सरदारगढ ठिकाने के ठाकुर द्वारा मेवाड़ महाराणा को नज़र (छटूंद या भेंट) कर दिये जाते थे।[3]

डोडिया वंश का उदय और मेवाड़ में आगमन – महाराणा शंभूसिंह व महाराणा सज्जनसिंह के काल में चारण कवि कायमदान दधिवाड़िया व कविराजा श्यामलदास दधिवाड़िया द्वारा लिखित दीपंगकुल प्रकाश ग्रंथ के अनुसार परशुराम द्वारा पृथ्वी से क्षत्रिय कुलो का 21 बार संहार कर देने के उपरांत नवीन क्षत्रिय वर्ण की उत्पत्ति के लिये किये गये यज्ञो में से एक में यज्ञ वाट में आरोपित कदली– कुसुम (डोड़े) से डोड़िया वंश की उत्पत्ति मानी जाती है। दूसरे मत के अनुसार यज्ञ द्वारा रक्षक रूप में स्थित होने से उसे डोड़िया (यज्ञवाट के द्वार का रक्षक या प्रतिहार) नाम दिया गया। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भारत के पश्चिमी द्वार (पश्चिमी भारत) के रक्षक होने से भी इन्हें द्वारपाल या डोड़िया उपाधि दी गई।[4] चूंकि डोडिया का राज्य सिन्ध, सौवीर और सौराष्ट्र, कठियावाड़ तक व्याप्त था जिसकी पश्चिमी सीमा ईरान या अफगानिस्तान थी। अत: इन्हे पश्चिमी धरा का रक्षक या द्वारपाल कहना उचित प्रतीत होता है।[5]

डोड़िया वंश का पौराणिक व ऐतिहासिक विवरण अग्रानुसार है। अग्निवंश, यजुर्वेद/सामवेद, शांडिल्य वशिष्ट गौत्र, कुलदेवी चामुण्डा माताजी, माध्यन्दिनी/वाजसनेयी शाखा, गांडिल्य/आसित/देवल प्रवर, विरूद्ध–चूडंग, पदवी द्वारपाल आदि।[6]

डोड़िया राजपूतो का मेवाड़ में स्थायी रूप से आगमन 14वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ परन्तु इससे पूर्व मेवाड़ महारावल रतनसिंह प्रथम (1297–1303) ई. के काल में दिल्ली के तुर्क सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ हुए चित्तौड़गढ के जौहर व साके में सार्दुलगढ़ (कठियावाड़ गुजराज) के राव जसकरण डोडियां अपने पांच हजार अश्वारोही सैनिको और भाई बन्धुओ के साथ मेवाड़ की रक्षार्थ लड़कर मुसलमानो के खिलाफ काम आयें।[7]

तत्श्पचात 1383 में मेवाड के महाराणा लाखा की माता श्री सोलंकनी जी द्वारका दर्शन हेतु जब कठियावाड़ से अपने मेवाड़ी सैनिको सहित गुजर रही थी तब काबा लुटेरो के एक दल ने मेवाड़ी फौज को घेर लिया। फलत: मेवाड़ी सेना के संख्या में कम होने के कारण राव जसकरण डोड़िया की पांचवी पीढ़ी का वंशधर उम्मेदगढ़ का रावसिंह डोडियां अपने दोनो पुत्रो कालू और धवल सहित काबो की फौज पर आक्रमण करते हुए टूट पड़ा और स्वयं राव सिंह युद्ध में काम आया पर काबो पर विजय प्राप्त कर ली गई और मेवाडी राजमाता सोलंकनी जी को ससम्मान मेवाड़ी सीमा तक पहुंचाकर कालू और धवल डोड़िया पुन: ठिकाने (गुजरात) लौट गये।[8] फलस्वरूप मेवाड़ महाराणा लाखा (1383–1411 ई.) ने धवल डोड़िया को रतनपुर व नन्दराय और मसूदा की पांच लाख रूपये वार्षिक आय का जागीर पट्टा प्रदान किया। कालू डोड़िया ने मालवा में स्वयं अपनी तलवार के बल पर अपना राज्य (मालवा ऐजेन्सी में ताल, मन्डावल, सुखेड़ा, पिपलौदा आदि ठिकाने) स्थापित किये।[9]

ठाकुर धवल डोडियां महाराणा लाखा की राजमाता की काशी तीर्थयात्रा

* अतिथि व्याख्याता, इतिहास सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

के समय उनका सरंक्षक बनकर उनके साथ गया एवं गुगल या गुगौर के छप्पर घाटे के हाकिम शेर खान को युद्ध में पराजित कर उसका लवाजमा और खजाना लूट लिया और महाराणा को नजर किया। ठाकुर धवल की सेवाओ से प्रसन्न होकर महाराणा लाखा ने धवल के छोटे पुत्र (हरकू या हरगोविन्द या नरेन्द्र) को बदनौर की जागीर 1373 ई. में प्रदान की। 1393 ई में दिल्ली के शासक गयासुद्दीन तुगलक द्वितीय से हुए युद्ध में मेवाड़ को विजय दिलाकर ठाकुर धवल डोड़िया और हरकू बदनौर के समीप काम आये।[10]

मेवाड़ महाराणा मोकल के समय 1397 ई. में डोड़िया ठाकुर सलहा या सबलसिंह नागौर हाकिम फिरोज खान की सेना के साथ लड़कर काम आए व मोकल की प्राण रक्षा करते हुए इनके पुत्र रतनसिंह काम आए। ठाकुर सबलसिंह के उत्तराधिकारी ठाकुर नरसिंह डोड़िया ने गायो की हत्या करने वाले नागौर के मुस्लिम शासक या हाकिम से लड़कर मेवाड़ को विजय दिलाई एवं (वि.सं. 1524) 1466 –67 ई0 में महाराणा कुंभा के समय हुए इस युद्ध में ठाकुर नरसिंह डोड़िया वीरगति को प्राप्त हुए।[11]

1527 ई. में दिल्ली के शासक बाबर के खिलाफ हुए खानवा युद्ध में मेवाड़ महाराणा सांगा की तरफ से लड़कर डोड़िया ठाकुर कर्णसिंह अपने पुत्र अमरसिंह व पौत्र सुजानसिंह सहित रण में खेत रहें।[12] डोड़िया ठाकुर भाण चित्तौड़गढ के दूसरे जौहर व साके में 1535 ई में बहादुरशाह गुजराती की फौज से लड़कर अपने प्राण न्यौछावर किये। इस दानवीर भाण ने हरिदास महियारियां नामक चारण कवि को डोड़ियां वंश की विरूदावली पढने के कारण प्रसन्न हो 700000 रूपयें बख्शी या भेंट में दियें।[13]

1567 ई. में ठाकुर सांडा डोड़िया ने मुगल शासक अकबर के खिलाफ लड़कर चित्तौड़ के तीसरे साके में अपना बलिदान दिया।[14] 1576 ई. में मुगल शासक अकबर द्वारा कछवाहा राजा मानसिंह के नेतृत्व में भेजी गई मुगल सेना के खिलाफ महाराण प्रताप के नेतृत्व में लड़कर डोड़िया ठाकुर भीमसिंह अपने भाई कर्मसिंह व दो पुत्रो हम्मीरसिंह व गोवर्धन सिंह सहित रण में खेत रहे।[15]

डोड़िया ठाकुर गोपालदास ने महाराणा प्रताप के साथ रहकर मुगलो से कई लड़ाईयां लड़ी और महाराणा अमरसिंह (1597–1620 ई.) के काल में मुगल सेनापति अब्दुल्ला खां की सेना से लड़कर वीरगति प्राप्त की। डोड़िया ठाकुर जयसिंह के पुत्र रणछोड़दास मुगल शाहजादे परवेज की सेना से वीरतापूर्वक लड़कर देसूरी में काम आये जबकि ठाकुर जयसिंह स्वयं लुटेरे उपद्रवी मेरों से लड़कर काम आये लेकिन उनके उत्पात का दमन कर डाला।[16]

सरदारगढ – डोड़िया ठाकुर नवलसिंह एक शक्तिशाली योद्धा भगवतभक्त पुण्यात्मा व्यक्ति था और कवियों व विद्धानो का पोषक और काव्यरसामृत का पिपासु भ्रमर था। ठाकुर नवलसिंह डोड़िया महाराणा राजसिंह प्रथम (1652–1680) के साथ रहकर औरंगजेब की सेना से लोहा लिया।[17] डोड़िया ठाकुर हठीसिंह को महाराणा अमरसिंह द्वितीय (1698–1710 ई.) ने कुवारियां की जागीर प्रदान की। ठाकुर हठी ने मुगल सेनापति रणबाज खां मेवाती के खिलाफ 1711 ई. में हुई बाधनवाड़ा की लड़ाई में वीरतापूर्वक युद्ध करते हुए मेवाड़ को विजय दिलाई।[18]

डोड़िया ठाकुर हठीसिंह का भाई इन्द्रभाण के पुत्र सरदारसिंह को महाराणा जगतसिंह द्वितीय (1734–1751 ई.) ने लावा का ठिकाना प्रदान किया, जहां ठाकुर सरदारसिंह ने परकोटे व बुर्ज सहित एक विशाल गढ का निर्माण पहाड़ी पर करवाया। इस दुर्ग के गृह प्रवेश के अवसर पर महाराणा ने इस दुर्ग व ठिकाने का नाम सरदारसिंह के नाम पर ही सरदारगढ़ रखा।[19]

ठाकुर लक्ष्मणसिंह – डोड़िया जागीरदार राजवंश के ठाकुर सरदारसिंह के उत्तराधिकारियों के आगे की वंशावली अग्रानुसार रही – ठाकुर सांवतसिंह, ठाकुर जोरावरसिंह, ठाकुर मनोहरसिंह, ठाकुर सोहनसिंह, ठाकुर लक्ष्मणसिंह, ठाकुर अमरसिंह।[20]

इस प्रकार मेवाड़ में बाहर से आए बलिदानी सामन्ती में सर्वप्रथम डोड़िया राजपूतो का प्रवेश हुआ। ठाकुर धवल डोड़िया से लेकर ठाकुर नवल डोड़िया तक 10 पीढियां लगातार मेवाड़ राज्य की रक्षार्थ रण में स्वयं का बलिदान करते हुए काम आयी। यह ठिकाना मेवाड़ के प्रथम श्रेणी के 16 ठिकानो में से एक रहा है।[21]

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा धर्मपाल, मेवाड़ संस्कृति एवं परम्परा, पृ. 111 प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर, 1999
2. वाल्टर्स, सी.के.एफ., बायोग्राफिकल स्केचेज ऑफ दि चीफ्स ऑफ मेवाड़ (भूमिका) प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर
3. सं. जावलिया ब्रजमोहन, कायमदान एवं श्यामलदास विरचित दीपंग कुल प्रकाश, ठि. सरदारगढ का इतिहास, पृ..सं. 14–16, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर 1995 ई Biographical Sketches of the chief of the mewar, ग्रन्थाक 3/397, 350,पृ.स.–33, मेवाड़ इतिहास खण्ड में संग्रहित, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर।
4. जावलिया ब्रजमोहन, कायमदान एवं श्यामलदास विरचित दीपंग कुल

प्रकाश, ठि. सरदारगढ का इतिहास, पृं.स. 15-16 पुरोहित राजेन्द्र नाथ, मेवाड़ दरीखाने के रीतिरिवाज एवं संस्कार, पृ.सं. 66, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2005 ई.।

5. शर्मा धर्मपाल, मेवाड़ संस्कृति एवं परम्परा, पृ.सं. 215, प्रताप शोध प्रतिष्ठान उदयपुर।
6. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 1, हस्तलिखित ग्रंथ संग्रह, ग्रंथ संख्याक 108, गौरीशंकर हीराचन्द औझा संग्रह, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर
7. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारिख, पृ.सं. 2; walter col. C.K.M Biographical Sketches of the chief of the mewar हस्तलिखित ग्रंथ संग्रह, ग्रंथांक 239, कविराजा श्यामलदास संग्रह, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर भाटी हुकुमसिंह, महाराणा प्रताप ऐतिहासिक अध्ययन, पृ.सं. 108, राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी जोधपुर (राज.)।
8. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 3 राठौर गोपालसिंह, हमारे गौरव, पृ.सं. 75, प्रकाशक, गोपालसिंह राठौर,चित्तौड़गढ 2012 ई.।
9. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 3-4 कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग - प्रथम, पृ.सं. 306, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली 1986 ई.
10. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 8
11. वही, पृ.सं. 12; महाराणा रायमल (1473-1506) ने माण्डू के जफर खां से युद्ध करने से पूर्व कर्ण सिंह डोडियां को चंचलो घोड़ा प्रदान किया, राणावत प्रतापसिंह, सिसोदवंश का संक्षिप्त इतिहास एवं महाराणा मोकल के वंशज कितावत सिसोदिया, पृ.सं.190-113, हिमांशु पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2004 ई.
12. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 13
13. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग - 2 खण्ड 1, पृ.सं. 81; संपादक लोकेन्द्रसिंह चुण्डावत, लेखक राठौर उम्मेद सिंह, ऐतिहासिक गढ़ चित्तौड़ पृ. सं. 109, राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर 2003 ई, धमोरा सवाई सिंह, चित्तौड के जौहर व साके पृ. सं. 31, राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर 2008 ई, शर्मा नारायण लाल, महाराणा उदयसिंह पृ. सं. 85-89 मदर इण्डिया पब्लिकेशन दिल्ली 2009 ई।
14. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारिख, पृ.सं. 19-21, राणावत सज्जन सिंह गुप्ता के.एस., दिवेर विजय अंक, महाराणा प्रताप से संबधित स्त्रोत एंव संस्थान, पृ.सं. 69, महाराणा प्रताप स्मारक समिति, उदयपुर 2002 ई. गुप्ता मोहनलाल, उदयपुर, जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, पृ. 180, नवभारत प्रकाशन, जोधपुर 2004 ई. राठौर उम्मेदसिंह, महाराणा प्रताप और हल्दीघाटी पृ. 29 शार्दल स्मृति संस्थान, धोली, भीलवाड़ा, 2005 ई.।
15. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारिख, पृ.सं. 19-21, राणावत सज्जन सिंह गुप्ता के.एस., दिवेर विजय अंक, महाराणा प्रताप से संबधित स्त्रोत एंव संस्थान, पृ.सं. 69, महाराणा प्रताप स्मारक समिति, उदयपुर 2002 ई. गुप्ता मोहनलाल, उदयपुर, जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, पृ. 180, राठौर उम्मेदसिंह, महाराणा प्रताप और हल्दीघाटी पृ. 29
16. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 22-26
17. पुरोहित डॉ. उषा, महाराणा राजसिंह कालीन राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, पृ.सं. 72-73, सूर्य नगरी प्रकाशन जोधपुर, 2004 ई भट्ट राजेन्द्र शंकर, महाराणा रायसिंह और औरंगजेब, पृ.सं. -194 राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2010 ई.
18. सरदारगढ़ ठिकाने की तवारीख, पृ.सं. 31-36
19. वही, पृ.सं. 40-42
20. ओझा गौरीशंकर हीराचंद , उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग -2, पृ.सं. 925-927, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2006 ई.
21. सं. जावलिया ब्रजमोहन, कायमदान एवं श्यामलदास विरचित दीपंग कुल प्रकाश, ठि. सरदारगढ का इतिहास, पृ..सं. 4

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

भारतीय समाज में अंर्तजातीय विवाह अवधारणा - औचित्य एवं सामाजिक परिदृश्य

डॉ.के.एल. टाण्डेकर * डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ** श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ***

प्रस्तावना - वैदिक काल में भारतीय समाज में कर्मव्यवस्था थी जिसे ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य शुद्र का नाम दिया गया था उन दिनों विवाह जातियों में जकड़ी व्यवस्था नहीं थी किन्तु कालांतर में भारतीय समाज की विडम्बना ये रही है कि कर्म आधारित व्यवस्था को जन्म से जोड़ दिया गया जन्म आधारित व्यवस्थाने एक ऐसे समाज का निर्माण किया जिससे विभिन्न वर्गो के ऊँच नीच छोटे बड़े जातियों के समूह में विभाजित कर दिया और विवाह जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था को समाज से जोड़ दिया भारतीय सामाजिक परिप्रेक्ष्य में आज भी विवाह केवल व्यक्तिगत ना होकर पारिवारिक व्यवस्था भी है, भारतीय समाज की सांस्कृतिक विभिन्नताओं को देखे तो अलग अलग क्षेत्रों में भाषा, खान-पान, पहनावा, रहन सहन, पर्व त्यौहार, रीति रिवाज इत्यादि में बहुत अंतर है, मानसिक परिपक्कता के बिना मात्र शारिरिक आकर्षण के फलस्वरूप प्रेम/अर्न्तजातीय विवाह की बाते प्रारम्भिक रूप में तो महज गौंड लगती है बाद में अनेक परेशानिया उत्पन्न होने के कारण अर्न्तजातीय विवाह का अंत संबध विच्छेद या अलगाव पर समाप्त होता दिखाई देता है।

जाति प्रथा को अनेक समाजशास्त्रियों एवं विद्वानो ने विकास में बाधक तत्व माना है, और इसके निराकरण के लिए अनेक प्रयासो में एक सजग और कारगार प्रयास अर्न्तजातीय विवाह को माना है, इसलिए संविधान में अर्न्तजातीय विवाह संबधित अनुच्छेद और अनुबंध भी जोड़े गए साथ ही समय-समय पर कानून निर्माण एवं नीति निर्माण करके अर्न्तजातीय विवाह को प्राथमिकता दिया जाता रहा है, इसके पीछे उद्देश्य यही रहा है कि दोनो में जाति प्रथा का उन्मूलन जल्द से जल्द हो और देश विकास के शिखर तक पहुंचने का रास्ता निश्चित कर सके समाज में जातियों को पूर्वाग्रहो से समाप्त करने के लिए सरकार अर्न्तजातीय विवाह को बढ़ावा दे रही है इसके लिए अर्न्तजातीय विवाह के प्रति लोगो की सोच बदल रही है।

अवधारणा - विवाह एक सामाजिक संस्था है इस संस्था का उद्ग मनुष्य समाज के साथ हुआ समय तथा काल के साथ चाहे इसका स्वरूप भिन्न रहा हो, परन्तु विवाह तो विवाह ही था और है, जनजाति समाज से लेकर आधुनिक समाज के बीच विवाह की संरचना तथा स्वरूप भिन्न रहे है परन्तु विवाह का आधार अपरिवर्तित रहा है, अर्न्तजातीय विवाह ऐसा विवाह है जो एक पुरूष तथा एक स्त्री को जो कि विभिन्न जाति समूहो के है जब वह परिवार नामक समिति का गठन करने के लिए एक सत्र में बंधते है तो वह विवाह अर्न्तजातीय विवाह कहलाता है।

समय-समय पर व्यवस्था में वर्ग परिवर्तन किए जा रहे है, जिससे की समाज में भेदभाव जाति बंधन को समाप्त किया जा सके भारतीय संविधान के अनुसार भारत का हर वयस्क नागरिक अपनी पंसद से विवाह करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन जाति और सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत समाज द्वारा इस तरह की स्वतंत्रता प्रदान नहीं की गई है यहां केवल जाति के अंदर विवाह करने का ही सिद्धान्त मान्य है, हालाकि अब पश्चिमीकरण और आधुनिकता से प्रभावित होकर वर्षो ये चली आ रही ऐसी सड़ी-गली मान्यताओ को हमारा युवा वर्ग चुनौती देने लगा है और अपनी इच्छा और पंसद से विवाह करने के अपने अधिकारो की मांग कर रहे है।

भारत में वर्तमान समाज के बदलते परिदृश्य मे मनुष्य के जीवन में अर्थवता उसके सामाजिक मानको से जुड़ी हुई है भारतीय समाज प्राचीन से अर्वाचीन की मात्रा में अनेक संघर्ष देते है, प्राचीन भारतीय समाज में कर्म मूलक वर्ण व्यवस्था की शुरूवात हई परंतु कालांतर में यह वर्ण व्यवस्था कर्म से हटकर जाति में केन्द्रित हो गई। समाज में उच्च वर्ग और निम्नवर्ग दो अलग अलग धारणाऐं बन गई है और दोनो वर्गो के मध्य परस्पर संघर्ष आरम्भ हो गया है वर्तमान में स्वतंत्र भारत के 72 वर्ष की समय सीमा पूर्ण होने पर भी विभिन्न धर्मालंबियो द्वारा अधिनियम पारित कर विवाह शर्त उद्धेश्य निर्धारित कर दिए है जिसके फलस्वरूप अर्न्तजातीय विवाह को खासकर ग्रामीण क्षेत्रो में निवास करने वाली 74.3 प्रतिशत लोग मान्यता प्राप्त करने से परहेज करते है ऐसे विवाह को समाज विरोधी संज्ञा प्रदान करते है वही दूसरी ओर पूंजीपति वर्ग अपने समकक्ष धनबल एवं एष्वर्यता के बल पर अर्न्तजातीय विवाह को बढ़ावा देते दिखाई पड़ रहे हैं।

विवाह सामाजिक जीवन की एक महत्वपूर्ण संख्या है विभिन्न समाजो में विवाह के रूप में चाहे कितनी भी विभिन्नताएं क्यो न हो लेकिन एक संस्था के रूप में विवाह सभी समाजो में अनिवार्य मानी जाती है क्योकि भारतीय समाज में परम्परागत विवाह एक धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता है और धार्मिक नियम विधियां कुछ समस्याएं कुरीतियां एवं प्रथाऐं जन्म ले ली है और ले भी रही है जो समाज के विकास में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अवरोध उत्पन्न कर रहा है भारतीय समाज में अर्न्तजातीय विवाह को एक दण्डनीय अपराध माना जाता है और विवाह करने वाले को घर परिवार और समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था कही कही प्रेम विवाह करने वाले को मौत के घाट उतार दिया जाता था, आज कुछ हद तक ऐसी घटनाएं देखने सुनने को मिल रही है लेकिन वर्तमान समय में समाज दकियानुसो परम्पराओं से बाहर

*प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहब ऑम्बेडकर महाविद्यालय, डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
*** अतिथि व्याख्याता (कम्प्यूटर सांइस) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) भारत

निकल रहा ही जिसके कारण समाज में काफी बदलाव आ रहा है क्योकि उनमें परम्परागत मूल्यो, आदर्शो और रूढ़ियो के प्रति मोह भंग हो रहा है।

भारतीय समाज अर्न्तजातीय विवाह का औचित्य – अर्न्तजातीय विवाह समाज के जाति भेद को कम करने मे मील का पत्थर साबित हो रहा है, अर्न्तजातीय विवाह ने एक तरफ धार्मिक कट्टरता पर कुठारा घाट किया है, वही दुसरी ओर समाज में सांस्कृतिक आदान प्रदान की शुरूआत भी की है समाज में व्याप्त कुरूतियां और असमानता समाज को खोखला कर रहीं है अर्न्तजातीय विवाह उन सब सामाजिक समस्याओं के खिलाफ एक सशक्त कदम है, जिसे सिर्फ सामाजिक धार्मिक और राष्ट्रीय एकता का परिचायक मानना ही संगत पूर्ण नहीं है क्योकि आज यह वैज्ञानिकता की कसौटी में भी खरा उतरा है अर्न्तजातीय विवाह से उत्पन्न संतान तीव्र और तीक्ष्ण बुद्धि की होती है तथा उनमें आनुवांशिक बीमारियों के होने की संभावनाएं की समाप्त हो जाती है इसलिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अर्न्तजातीय विवाह का भारतीय समाज में औचित्य पूर्ण महत्व है।

भारतीय समाज में अर्न्तजातीय विवाह का औचित्य यानी एक जाति के युवक युवतियों का दूसरी जाति से विवाह करना सही है, एक शोध मुताबिक भारतीय समाज में मात्र 11 प्रतिशत शादियां ही अर्न्तजातीय होती है, जबकि 21 प्रतिशत शादियां जाति अंतर्गत की जाती है। अर्न्तजातीय विवाह की शुरूवात माया नगर मुम्बई से हुई जिसका कारण औद्योगिक नगरी और फिल्म इंडस्ट्रीज का होना है, सबसे ज्यादा 149 अर्न्तजातीय विवाह 1963 में बाम्बे में हुई, 1958 में एक सर्वे के मुताबिक अधिकांश माता पिता ने अपने बच्चों का अर्न्तजातीय विवाह करने की इच्छा जाहिर की आंकड़ों के मुताबिक भारत के होने वाली कुल अर्न्तजातीय विवाह में 96.5 प्रतिशत प्रेम विवाह होता है, भारत में ऑनर किलिंग का कारण भी है जिसके तहत् 97 प्रतिशत विवाह होना पाया गया गोवा में सबसे ज्यादा 20.69 प्रतिशत सिक्किम में 20 प्रतिशत पंजाब में 19 प्रतिशत तथा सबसे कम मेघालय व राजस्थान में है। छ0ग0 में 3.4 प्रतिशत जिसने मुस्लिम महिलाएं आगे है, भारत में मिडिल क्लास के 57 प्रतिशत लोग हाई क्लास के 66 प्रतिशत लोग अर्न्तजातीय विवाह की ओर आकर्षित हुए है।

शादियां विवाह जीवन का एक बहुत ही अहम हिस्सा है, और विवाह करने के लिए आपकी इच्छा पंसद खुशी सब होना जरूरी है, शादी करने के लिए अपने मन के अनुसार जाति धर्म और रंग चुनने का भी पूरा अधिकार है, सोचिए कि लड़का लड़की अलग अलग धर्म को मानने वाले हो किन्तु दोंनो एक दुसरे से प्रेम करते है और शादी करना चाहते है तो इस प्रकार के विवाह को अर्न्तजातीय विवाह कहा जाता है, अंतर का अर्थ होता है भिन्नता अलग–अलग दो भिन्न जातियों के मध्य विवाह करना औचित्य पूर्ण प्रतीत हो रहा है विभिन्न कानूनों द्वारा भी अर्न्तजातीय विवाह को बढ़ावा मिला है। 1872 में विशेष विवाह अधिनियम पास हुआ और 1923 में इसमें संशोनधन किया जिसमें अर्न्तजातीय विवाह की वैधानिक अड़चने दूर हो गई और सभी धर्मो में अर्न्तजातीय विवाह वैध माने गए दहेज प्रथा ने भी अर्न्तजातीय विवाह को पुष्ट करने का कार्य किया है आज राष्ट्रीय एकता हेतु अर्न्तजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

बदलते सामाजिक परिवेश में शिक्षा का प्रसार सूचना प्रौद्योगिकी ने न केवल परिवार में पुरूषो को अर्न्तजातीय विवाह बल्कि परिवार की बेटियों का भी सुयोग्य वर तलाश में अर्न्तजातीय विवाह से परे एक नयी सोच की ओर अग्रसर किया है आज लोग अपने जाति से विवाह कर पारिवारिक मूल्यो नैतिकता व परम्परा को बनाये रखने वाली घटिया सोच को पीछे कर श्रेष्ठ जीवनसाथी की तलाश में अर्न्तजातीय विवाह को एक महत्वपूर्ण पथ की तरह देखते है। ज्यादातर स्त्री पुरूष जाति बंधनो से परे अपने पंसद के लड़की व लड़के न केवल अपने प्रेम को विवाह की संज्ञा देने के लिए अर्न्तजातीय विवाह कर रहे सामाजिक भेदभाव व असामानता को दूर करते हुए व समाज में एकता व दूसरे जाति व समुदाय के प्रति समान की भावना को बढ़ा रहे, डॉ0जी0एस0 धुरिये ने अर्न्तजातीय के महत्व को बतलाते हुए लिखा है 'विभिन्न संबधो को दृढ करने की तथा राष्ट्रीयताओं के पोषण के लिए अर्न्तजातीय विवाह के द्वारा रक्त का एकीभाव एक प्रभावशाली साधन है।'

अर्न्तजातीय विवाह एवं सामाजिक परिदृश्य – समाज में मान्यता न मिलने पर तथा एक व्यवस्थित ढांचा न मिलने के बाद भी आज अर्न्तजातीय विवाह पहले की अपेक्षा अधिक हो रहे है तथा इसके विरोध की गहनता भी घट रही है, शिक्षा, दूर संचार माध्यमों की सुविधा व आवागमन की सुविधा से सम्पर्क सुविधा ने इस क्षेत्र का प्रसार अधिक किया है, तथा इस प्रकार की वैवाहिक नातेदारी को बनाने में सहायता प्रदान की है आधुनिक युग में शिक्षा की विधि तथा समझने के तरीके में नवीनीकरण हुआ है। आज आधुनिकरण व अद्योगिकरण के इस दौर में नए समाज का समाजीकरण हुआ है, जो पुराने लोकाचार प्रथाओ से बाहर आकर नूतन उन्नति की ओर परिवार के रूप में उभर रहा है, जो नित्य नयापन चाहता है नए सांस्कृतिक आयाम तथा परसंस्कृति को देखने व परखने की जिज्ञासा तथा भेदभाव रहित जन्य में विश्वास करने वालो का एक तबका उभर कर सामने आ रहा है जो अर्न्तजातीय विवाह का पक्षधर है। मानवता तथा लहू के रंग पर विश्वास करता है जहां जाति–जाति की हीनभावना सांस नहीं ले पाती वहां अर्न्तजातीय विवाह के पुष्प पल्लवित तथा पुष्पित होते है, इसके लिए स्वच्छ मन का वातावरण तथा प्रेम की खुशबू से उद्यान सींचने वाले माली ही इसके उत्तराधिकारी होते है, समाज में जाति के अधार पर होने वाले भेदभाव और विभाजन को दूर करने में अर्न्तजातीय विवाह की संख्या बढ़ेगी वैसे वैसे ही धीरे धीरे जातिगतपूर्वाग्रह कम होते जाएगें।

अर्न्तजातीय विवाह ने विगत कुछ वर्षो से लोगो के मन में बदलाव लाया है, आज देश के विभिन्न शहरो में 40 से 50 प्रतिशत लोगो ने अर्न्तजातीय विवाह को अपना लिया है और अपने इच्छा के अनुसार विवाह भी अलग अलग जातियों के बीच करने लगे है, बहुत से माता पिता भी स्वयं अपने बच्चों का अर्न्तजातीय विवाह करवा रहे है, ताकि उनके बच्चों को सुयोग्य जीवन साथी मिल सके अर्न्तजातीय विवाह अब किसी वर्ग विशेष तक सीमित न रहकर सभी वर्गो व जातियों पर अपना विशेष प्रभाव डाल रहा है, आज हमारा समाज लड़के लड़की को समान रूप से देखता है, ऐसे में अर्न्तजातीय विवाह करने वाले माता पिता/अभिभावक की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है हलांकि कुछ जातियों में लिंग भेद की समस्या आज भी रूकावट की दीवार बन कर खड़ी नजर आती है महिलाऐं समाज का एक ऐसा पहलू है जिसके बिना समाज का संचालक असंभव है अर्न्तजातीय विवाह दो तीन दशको में समाजिक स्तर पर अधिकाधिक स्वीकार्य होते जा रहे है, परिणामस्वरूप नए सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का सृजन हुआ है। अर्न्तजातीय विवाह समाज और लोक संस्कृति को समन्वित और परिवार्जित करने के साथ साथ दो पृथक समुदायो के बीच सेतु की भूमिका निभाते है जिससे स्थानीय एवं क्षत्रीय परिवेश से हटकर एक विस्तृत स्वरूप 'वसुदेव कुटुबंकम' के भाव प्रफुलित होते है।

अर्न्तजातीय विवाह के लाभ – वर्तमान समय में अर्न्तजातीय विवाह का

प्रचलन शहरीकरण के चलते निरंतर बढ़ रहा है क्योकि ज्यादा से ज्यादा युवा महिला पुरूष जाति के बंधन से परे अपनी पंसद से शादी करना चाहते है, सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे राष्ट्रीय मान्यता प्रदान कर दी है इससे अर्न्तजातीय विवाह के कई लाभ है जिनको ध्यान में रखकर समाज की सोच में भी बदलाव आ रहा है।

1. **जातिवाद का भेदभाव दूर होना–** अर्न्तजातीय विवाह से समाज में समाज में व्याप्त असमानता, स्पृश्यता, जातिवाद का भेदभाव समाप्त होता है, तथा समाज में समरसता का वातावरण निर्मित होता है जो राष्ट्रहित एवं समाजहित में है वैवाहिक संबध इस प्रकार की समस्या को दूर करने में अर्न्तजातीय विवाह सार्थक सिद्ध हो रहे है, जहां सामाजिक सौहद्रता का माहौल बना है वही जीवन की कुठाओं से बाहर निकलकर लोग सुख और प्रसन्नता का अनुभव कर रहें है

2. **बौद्धिक उपलब्धि –** रक्त संबधियो से विवाह करने पर कुछ जैनेटिक बीमारिया उत्पन्न होती है अर्न्तजातीय विवाह के द्वारा इन परेशानियों से काफी हद तक बचा जा सकता है, सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है कि अर्न्तजातीय विवाह से उत्पन्न संतानो का बौद्धिक स्तर अधिक ऊँचा होता है।

3. **अन्धविश्वास तथा पाखण्ड का अंत –** अर्न्तजातीय विवाह समाज में व्याप्त कुरितियों जैसे पाखण्ड अन्धविश्वास जातिवाद, दहेज प्रथा आदि कुरूतियों को मिटाने के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हो रहे है

4. **दूसरे धर्म तथा समाज की इज्जत बढ़ेगी –** अपने जाति के साथ साथ दूसरे जाति व धर्म के प्रति दोनों के मन में सदभाव उत्पन्न होंगे दूसरे धर्म के प्रति समान व आदर भाव बढ़ेगा जब हम दूसरे धर्मो की अच्छाइयों को ग्रहण करेगें तब उनके प्रति हमारे मन में इज्जत बढ़ेगी।

5. **जीवनसाथी के चुनाव में व्यापकता –** अर्न्तजातीय विवाह सुयोग्य जीवन साथी के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है क्यांकि एक ही धर्म व जाति के छोटे से दायरे से बाहर आकर व्यापकता से जीवन साथी चुनने से संकीर्ण विचार धाराओ से मुक्ति मिलती है ही तथा विवाहो की समस्याओं से उसको जो कठिनाईयां होती है उससे वह परे हो जाता है।

6. **पर्दाप्रथा की समाप्ति –** अर्न्तजातीय विवाह के आपसी मेज जोल से पर्दा प्रथा की समाप्ति होती है यह प्रथा सांस्कृतिक अवरोध का कार्य करता है, धार्मिक आंचल में विशेषकर मुस्लिम समुदाय में इसका विशेष महत्व है परंतु इसको कुछ अथ समुदायो में भी विभिन्न प्रकार से स्वीकार किया जाता है अर्न्तजातीय विवाह को प्राथमिकता देकर आधुनिक समाज में एक नवीन संरचना का निर्माण करेगा।

7. **लोग जागरूक होंगे तथा उनके मन में बदलाव आयेगा –** अर्न्तजातीय विवाह ने इन कुछ वर्षो में लोगो के मन में बदलाव लाया है आज लगभग भारत के शहरों में अधिकाशं लोग इसे अपना रहे है उनके सोच में भी बदलाव आ रहा है।

8. **दहेज प्रथा की समाप्ति –** अर्न्तजातीय विवाह दो हृदय को एक सूत्र में बांधने वाला बंधन है, जहां केवल भावो और प्राकृतिक विचारो का पुंज होता है और माया मोह से दूर लालच तथा आर्थिक कुंठाओ से ग्रसित लोगो के लिए एक सीख है।

9. **बाल विवाह पर प्रतिबंध –** हमारे देश में बाल विवाह प्रथा का प्रचलन रहा है जो ग्रामीण क्षेत्रो में अधिक देखने को मिलता है, इसे परम्पराओं और प्रथाओ एवं धर्म की संज्ञा भी दी जाती है किन्तु वर्तमान में इस कुंठित विचारधारा से बाहर निकलकर अर्न्तजातीय विवाह जैसी विचारधारा को स्वीकार किया जा रहा है यह नई स्थापना बाल विवाह पर अंकुश लगाता है

अर्न्तजातीय विवाह की समता वनस्पति जगत में होने वाले Cross Pollination से की जा सकती है जिसके परिणाम स्वरूप उत्पन्न प्रजाति अधिक श्रेष्ठ व पुष्ट होती है, अत: जैविक दृष्टि से स्वास्थ्य एवं अधिक संतति की उत्पत्ति में अर्न्तजातीय विवाह सहायक होता है परन्तु वनस्पति जगत की यह श्रेष्ठ उपलब्धि पशुओं में नहीं है यह एक विचारणीय प्रश्न है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप से हम कह सकते है कि अर्न्तजातीय विवाह दो भिन्न व्यक्तियों के बीच होता है, अपनत्व तथा समान का भाव ही हर विवाह की सफलता की कूंजी है भविष्य में जैविक लाभ सुखी परिवार अमन और शान्ति के लिए तथा बदलते नए विश्व में दृढ़ता से अपना स्थान बनाने के लिए हमें अर्न्तजातीय विवाह की सराहना करते हुए इसे अपनाने के लिए सामाजिक परिदृश्य में परिवर्तित लाना एवं अपनाना होगा अर्न्तजातीय विवाह संबंधो में जहां सकारात्मक परिणाम है वही नकारात्मक प्रतिफल सामाजिक विरोध बहिष्कार के रूप में देखने को मिलते है यदि परिवार की ऐसे विवाह में रजामंदी नहीं होती है तब परिवार समुदायो के मध्य वैमनस्यता और असहिष्णुता की स्थिति का निर्माण होते देर नहीं लगती, परिवेश तनावयुक्त हो जाता है। मानवीय संवेदनाओं, कोमल भावनाओं पर कुठारघात करते हुए पाश्विक भाव को पनपने का अवसर निर्मित होता है, सामाजिक स्वीकार्यता के अभाव में ऐसे विवाह संबध विकसित होने के पूर्व ही अवसाद ग्रस्त हो जाते है। अत: युवाओं को चाहिए कि अर्न्तजातीय विवाह परिवार की रजामंदी से ही करे जिससे उनका भविष्य उज्जवल एवं सुख शांति से भरा हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारतीय समाज में अर्न्तजातीय विवाह का औचित्य एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण – शोध संगोष्ठी शोध सारांश स्मारिका 2018
2. भारतीय राजपत्र
3. अर्न्तजातीय विवाह आलेख–इंटरनेट

****

उज्जैन जिले के आर्थिक विकास में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अध्ययन (वर्ष 2010-11 से 2014-15)

डॉ. हेमलता ललावत*

प्रस्तावना – संपूर्ण भारतीय समाज में लगभग आधी आबादी स्त्रियों की है। किंतु स्त्रियों के पास वास्तविक सम्मान नहीं है। उन्हें उपेक्षित, दयनीय, पिछड़ा हुआ एवं दोयम दर्जे की स्थिति प्राप्त है। वर्ष 1975 को अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के रूप में मनाया गया। महिलाओं को सामाजिक, और सशक्त बनाने की पहल की गई उपर्युक्त दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार एवं अन्य राज्य सरकार द्वारा कई कानून तथा योजनायें बनाई गई है। इन योजनाओं को गति प्रदान करने के लिये ही भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय को एक विभागीय स्वरूप देते हुए उसके मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सन् 1985 में महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना की गई। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों के पीछे मूल तथ्य यह है कि महिला एवं बच्चों को विशेष तौर पर कम आय वर्ग के लिए तथा उनके उत्थान के लिए समुचित प्रयास किए जाएं एवं उन महिलाओं को इस दृष्टि से उद्योग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। ताकि बच्चों के पालन आदि में निर्वाचन रूप से अपने को समर्थ कर सके। वर्ष 1985 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं बाल विकास कार्यक्रमों द्वारा उनका कल्याण करना है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा उज्जैन जिले में सन् 1986 से विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई। उज्जैन जिले में 8 तहसीलें हैं तथा उज्जैन जिले की नगरी जनसंख्या में सबसे अधिक जनसंख्या उज्जैन नगर की है। कुल जनसंख्या लगभग 1986864 है जिसमें लगभग 1189465 पुरुष एवं लगभग 1135961 स्त्री है।

उज्जैन जिले में महिला एवं बाल विकास की योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति निम्नानुसार है :-

1. लाड़ली लक्ष्मी योजना – बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्तर तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से लाडली लक्ष्मी योजना संचालित की गई है। यह योजना 1 अप्रैल 2007 से, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही है

2. उषा किरण योजना – घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 नियम 2006घरेलू हिंसा से जिसमें शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक आदि प्रकार की हिंसा शामिल है। महिला को संरक्षण एवं सहायता का अधिकार उपलब्ध कराता है।

3. मंगल दिवस का आयोजन – आंगनवाड़ी की सेवाओं को लोकप्रिय तथा जन सामान्य को आकर्षित करने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने तथा पूरक पोषण आहार व्यवस्था में परिवर्तन के साथ-साथ कुछ नवीन गतिविधियों के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों पर के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ मंगलवार को निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

1. गोद भराई कार्यक्रम
2. अन्नप्राशन कार्यक्रम
3. जन्म दिवस कार्यक्रम
4. किशोरी बालिका दिवस

4. मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना – उक्त योजना का उद्देश्य 14 से 35 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं तथा महिलाओं में उद्यमिता के प्रति जागरूकता पैदा करना, स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देकर दीर्घकालीन आर्थिक विकास के लिये युवतियों एवं महिलाओं को तैयार करना है।

5. लाडो अभियान – 2013 से बाल विवाह रोको अभियान को वृहद रूप देते हुये पूरे वर्ष बाल विवाह रोकने का अभियान तैयार किया गया। उज्जैन जिले में 2014 से क्रियान्वित हुआ।

6. दत्ताक ग्रहण योजना – सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अनाथ और बेसहारा बच्चों के पुनर्वास एवं सामाजिक पुर्नस्कीकरण हेतु नियमानुसार गोद दिये जाने की कार्यवाही की जाती है।

तालिका क्रमांक 1.1 : उज्जैन जिले में लाडली लक्ष्मी योजना की जानकारी

क्र.	वर्ष	स्वीकृत प्रकरणों की संख्या
1.	2010-11	7807
2.	2011-12	11282
3.	2012-13	10074
4.	2013-14	4216
5.	2014-15	10064

स्त्रोत : उज्जैन जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त आंकडे

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में स्वीकृत प्रकरणों की संख्या 7807 है। इसी प्रकार 2011-12, 2012-13, 2013-14 तथा 2014-15 में क्रमश: 11282, 10074, 4216 एवं 10064 प्रकरणों की संख्या है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि लाडली लक्ष्मी योजनाओं का सर्वाधिक लाभ महिलाओं को 2011-12 में हुआ जिसकी स्वीकृत प्रकरण की संख्या 11282 है।

तालिका क्र. 1.2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1.2 से स्पष्ट है कि वर्ष 2010-11 में 102 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें न्यायालय में प्रस्तुत व निराकरण की संख्या 20 है। इसी तरह वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14, 2014-15 में शिकायतों की संख्या क्रमश: 99, 110, 317 तथा 524 है। जिसमें प्रकरणों की संख्या 20, 32, 52, 148, 217 है जबकि निराकरण प्रकरणों की संख्या क्रमश:

* 7/3 किशनपुरा मैक्सी रोड,उज्जैन (म.प्र.) भारत

20, 30, 52, 148 तथा 163 है।

तालिका क्र. 1.3 : उज्जैन जिले में मंगल दिवस कार्यक्रम की जानकारी

क्र.	मंगल दिवस कार्यक्रम	हितग्राहियों की संख्या	प्रतिशत
1	हां	82	58.57
2	नहीं	58	41.43
		140	100.00

स्त्रोत :- व्यक्तिगत सर्वेक्षण द्वारा

बालिका से स्पष्ट है कि महिला हितग्राहियों को लाभ प्राप्त हुआ उनकी संख्या 82 है जिनका प्रतिशत 58.57 है। जिन्हें लाभ प्राप्त नहीं हुआ उनकी संख्या 58 है और प्रतिशत 41.43 है।

निष्कर्ष में कह सकते है कि मंगल दिवस कार्यक्रम से महिला हितग्राही को अधिक लाभ प्राप्त हुआ।

तालिका क्रमांक 1.4 : उज्जैन जिले में महिला सशक्तिकरण की जानकारी

क्र.	किशोरी बालिका दिवस की जानकारी	हितग्राहियों की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	62	44.29
2.	नहीं	78	55.71
	कुल	140	100.00

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण द्वारा

तालिका क्रमांक 1.3 से ज्ञात होता है कि 62 महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक गतिविधियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त हुआ जबकि 78 महिलाओं और बालिकाओं का मानना है कि उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हुआ। जिनका प्रतिशत 44.29 है जबकि जिन महिलाओं को प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हुआ उनका प्रतिशत 55.71 है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि जिन महिलाओं और बालिकाओं को प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हुआ उनका प्रतिशत अधिक है।

तालिका क्रमांक 1.5 : उज्जैन जिले में लाडो अभियान की जानकारी

क्र.	बाल विवाह रोकथाम की जानकारी	हितग्राहियों की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	118	84.29
2.	नहीं	22	15.71
	कुल	140	100.00

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण द्वारा

तालिका क्रमांक 1.4 से स्पष्ट है कि जिले में 118 महिला हितग्राहियों द्वारा घरेलू हिंसा रोकने में सहायता की गई उनका प्रतिशत 84.29 जबकि 22 महिलाओं को सहायता प्राप्त नहीं हुई उनका प्रतिशत 15.71 है। अतः हम निष्कर्ष में कह सकते है कि लाडो अभियान के लाभार्थी हितग्राहियों की संख्या अधिक है।

कारण एवं समाधान :

1. योजना संबंधी जानकारी का अभाव रहता है।
2. प्रचार प्रसार समय पर नहीं होना
3. कागजी कार्यवाही अत्यधिक होना
4. योजना संबंधी राशि का समय पर भुगतान नहीं होना।
5. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कम पढ़ा लिखा होना।
6. ग्रामीण महिलाओं को कच्चे माल लाने में असुविधा का सामना करना।
7. कुटीर उद्योग मैं बनी सामग्री को बेचने में कठिनाई होना।
8. महिला हितग्राही का अशिक्षित होना।
9. किराए के भवन में आंगनवाड़ी खोलना। बार-बार स्थानांतरित होते रहना।

सुझाव निम्नलिखित है:

1. योजना से संबंधित कागजी कार्यवाही सरल होना चाहिए।
2. हितग्राही महिलाओं को योजना के अंतर्गत राशि का समय पर भुगतान होना चाहिए।
3. कुटीर उद्योग में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता है।
4. आंगनवाड़ी भवन का अधिक निर्माण करना होगा।
5. यातायात सुविधा का उपलब्ध होना।
6. प्रचार-प्रसार का जरिया बढ़ाना। टीवी और इंटरनेट के जरिए योजना का प्रचार करना।
7. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का समय पर वेतन का भुगतान होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ आशु रानी - महिला विकास कार्यक्रम
2. प्रशासनिक प्रतिवेदन - 2013 14 पृष्ठ क्रमांक 79
3. जसमीत लारेंज - आदित्य पब्लिशर्स नई दिल्ली 1999
4. डॉक्टर बंसीलाल - महिला एवं बाल कानून
5. आंगनवाड़ी समाचारीका - महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल मध्य प्रदेश
6. मासिक प्रपत्र - महिला एवं बाल विकास विभाग उज्जैन
7. विभागीय योजनाएं/अभियान संक्षिप्त स्वरूप कार्यक्रम अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, जिला उज्जैन
8. विभागीय योजनाएं/अभियान कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी जिला उज्जैन
9. इंदिरा मिस्र - गरीब महिला, उधार एवं रोजगार
10. एम ए अंसारी - महिला और मानवाधिकारी
11. डॉ रितु गुप्ता - महिला सशक्तिकरण एवं मध्य प्रदेश की योजनाएं
12. प्रतियोगिता दर्पण
13. दैनिक भास्कर
14. www.wcd.nic.in

तालिका क्र. 1.2 : उज्जैन जिले में उषा किरण की जानकारी

क्र.	वर्ष	प्राप्त शिकायतों की संख्या	न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण	निराकरण की संख्या	निराकरण का प्रतिशत
1	2010-11	102	20	20	100
2	2011-12	99	30	30	100
3	2012-13	110	52	52	100
4	2013-14	317	148	148	100
5	2014-15	524	217	163	75.11

****

भारतीय जीवन बीमा निगम एवं रिलायन्स इन्श्योरेन्स कम्पनी द्वारा संचालित पेंशन योजना का वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 तक का तुलनात्मक अध्ययन : उज्जैन जिले के विशेष संदर्भ में

डॉ. राजेन्द्र ललावत*

प्रस्तावना – वर्तमान समय में मनुष्य का विवेक उसकी क्षमता, दक्षता एवं सुरक्षा की भावना केवल पति-पत्नि और बच्चों तक ही सिमट कर रह गई है। जिसमें परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर परिवार टूटने लगते हैं। जिससे आश्रितों को जीवनयापन में भी कठिनाई उत्पन्न होने लगती है। ऐसी दशा में व्यक्ति भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से बचत विनियोग का सहारा लेता है। यह एक महत्वपूर्ण कारण है कि जीवन बीमा व्यवसाय अधिक विकसित हो रहा है।

भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना वर्ष 1956 में हुई। उसका मुख्यालय मुंबई में है। यह भारत की सबसे बडी जीवन बीमा कंपनी है। भारतीय जीवन बीमा निगम के 8 आँचलिक कार्यालय और 101 संभागीय कार्यालय भारत के विभिन्न भागों में स्थित हैं और इसके पास 10 लाख से भी ज्यादा ऐजेन्ट है।

रिलायंस लाईफ इन्श्योरेन्स कंपनी की स्थापना 14 मई 2001 को हुई थी। कंपनी रिलायन्स कैपिटल का एक एकीकृत हिस्सा है, जो भारत में शीर्ष-रैंकिंग निजी आर्थिक सेवा कंपनियों में से एक है। इसका मुख्यालय मुम्बई में है तथा इस कम्पनी में 7 लाख पॉलिसी धारक एवं 1230 शाखाएँ है तथा इसके पास 124000 एजेन्ट है। वर्ष 2015 की स्थिति के अनुसार 40.15 अरब रू का कुल प्रीमियम है तथा इस कम्पनी के 150 अरब रू की सम्पत्तियाँ है।

भारतीय जीवन बीमा निगम एवं रिलायस लाईफ इन्श्योरेंस कम्पनी द्वारा निम्नलिखित प्लान संचालित किये जाते हैं :-

1. पेंशन प्लान
2. चाइल्ड प्लान
3. एंडोरमेंट प्लान
4. सिंगल प्रीमियम प्लान
5. ट्रेडिशनल प्लान

पेंशन प्लान – पेंशन प्लान को रिटायरमेंट प्लान के रूप में जाना जाता है। इसके तहत कोई व्यक्ति अपने रिटायरमेंट जीवन को सुरक्षित रखने के लिए अपनी वर्तमान आय का एक हिस्सा बचत के रूप में प्रयोग कर सकता है। कुछ लोग सोचते हैं कि उसके पास रिटायरमेंट के लिए पर्याप्त बचत है, लेकिन यह भी सत्य है कि बचत जल्द ही समाप्त हो जाती है, इसलिए उपयुक्त पेंशन प्लान की सहायता से कोई भी आसानी से अपने सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन की रक्षा कर सकते हैं।

उचित पेंशन प्लान बीमा धारक को बिना किसी तनाव के व्यवस्थित तरीके से अपने रिटायरमेंट के बाद के जीवन का आनंद लेने की अनुमति देती है। यही कारण है कि पेंशन प्लान रखना महत्वपूर्ण है, जो बीमा धारक के स्वर्णिम वर्षो में एक रक्षक के रूप में कार्य करता है।

पेंशन प्लान के प्रकार – भारतीय जीवन बीमा निगम के पेंशन प्लान के निम्नलिखित प्रकार हैं :

1. **प्रधानमंत्री वय वंदन योजना –** वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह भारतीय जीवन बीमा निगम पेंशन योजना 10 वर्षो में 8% प्रतिवर्ष देय मासिक (प्रतिवर्ष 8.3% के बराबर) की रिटर्न का आश्वासन देती है। यह योजना मासिक/त्रैमासिक/अर्द्धवार्षिक या पेंशन के वार्षिक भुगतान की अनुमति देती है।
2. **न्यू जीवन निधि –** यह एक पारंपरिक प्रॉफिट पेंशन योजना है। यह सुरक्षा और बचत सुविधाओं का एक संयोजन है। यह योजना मृत्यु की अवधि और मृत्यु की तिथि के दौरान जीवित रहने की तिथि प्रदान करती है।
3. **जीवन शांति –** यह योजना एक एकल प्रीमियम पेंशन योजना है, जिसके तहत बीमित व्यक्ति के पास तत्काल या आस्थगित एन्युरी चुनने का विकल्प होता है। इस योजना में तत्काल और आस्थगित वार्षिकी दोनों के लिए पॉलिसी की शुरुआत में गारंटीकृत दरें और एन्यूटी जीवनकाल के लिए देय है। इसे ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन भी खरीदा जा सकता है।

रिलायंस लाईफ इन्श्योरेन्स के निम्नलिखित पेंशन प्लान है :

1. **रिलायन्स लाईफ इमीडियेट एन्युरी प्लान –** यह प्लान बीमा धारक को नियमित आय अर्जित करने में मदद करती है और यह निश्चित करती है कि व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद अपने जीवन का आनन्द ले। यह एकल प्रीमियम पालिसी है, जहाँ बीमा धारक अपनी बीमा जरूरतों के अनुसार पर्याप्त वार्षिकी विकल्प चुन सकते हैं चुने हुए वार्षिकी विकल्प के आधार पर बीमा धारक को नियमित वार्षिक आय प्राप्त होती है।
2. **रिलायन्स लाईफ स्मार्ट पेंशन योजना –** रिलायन्स लाईफ स्मार्ट पेंशन प्लान किसी व्यक्ति को उसकी सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय प्रदान करने की अनुमति देता है।

भारतीय जीवन बीमा निगम एवं रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के पेंशन प्लान का तुलनात्मक अध्ययन – निम्न तालिका में उज्जैन जिले की पेंशन योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है जिसमें वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 तक भारतीय जीवन बीमा निगम एवं रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की जानकारी दी गई है साथ ही 5 वर्षों के कुल व्यवसाय में से

* 7/3 किशनपुरा मैक्सी रोड,उज्जैन (म.प्र.) भारत

पेंशन योजना का प्रीमियम एवं उसका प्रतिशत भी दिया गया है–

तालिका क्रमांक 1(अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 के विश्लेषण ज्ञात होता है कि वित्तिय वर्ष 2010–11 में भारतीय जीवन निगम द्वारा 5837.06 लाख का कुल प्रीमियम प्राप्त किया गया। जिसमें से 299.85 लाख रूपये का पेंशन योजना के अंतर्गत कुल प्रीमियम प्राप्त हुआ। जिसका प्रतिशत 5.0 है। इसी तरह वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14, 2014–15 में क्रमश: 3493.75, 3451.43, 3606.57, 2794.22 लाख रूपये कुल प्रीमियम (व्यवसाय) प्राप्त हुआ जिसमें से 209.63, 241.60, 172.57 व 167.65 लाख रू का पेंशन योजना के अन्तर्गत कुल प्रीमियम प्राप्त हुआ जिसका प्रतिशत क्रमश: 6.0, 7.0, 5.0 व 6.0 है।

रिलायन्स लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी द्वारा वर्ष 2010–11, में कुल प्रीमियम राशि 187.80 लाख रू प्राप्त हुआ इसमे से 70.00 लाख रू की प्रीमियम पेंशन योजना से प्राप्त हुई जिसका प्रतिशत कुल व्यवसाय का 37.43 है। इसी तरह वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14, 2014–15 में कुल प्रीमियम क्रमश: 145.10, 165.00, 179.00, व 433.5 लाख रू प्राप्त हुआ। इसमें से पेंशन योजना में 42.00, 55.00, 63.00, व 49.00 लाख रू प्रीमियम प्राप्त हुआ जिसका प्रतिशत क्रमश: 28.95, 33.00, 35.20 तथा 11.30 है। रिलायन्स लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी का पेंशन योजना का व्यवसाय श्रेष्ठ है।

भारतीय जीवन बीमा निगम एवं रिलायंस लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी के पेंशन प्लान के दावों का तुलनात्मक अध्ययन – अग्रलिखित तालिका में उज्जैन जिले की पेंशन योजना दावों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है जिसमें वर्ष 2010–11 से वर्ष 2014–15 तक बीमा प्रमण्डलों की जानकारी दी गई है, साथ ही पाँच वर्षो के कुल पॉलिसियों की संख्या में से दावों का प्रतिशत दिया गया है।

तालिका क्रमांक 1.2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

पेंशन योजना दावों के उपरान्त तालिका 1.2 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वित्तीय वर्ष 2010–11 में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पेंशन योजना के अंतर्गत 2466 पालिसियाँ की गई जिसमें से 2441 दावों का भुगतान निगम द्वारा किया गया जिनका प्रतिशत 99 है। इसी तरह वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14, 2014–15 में क्रमश: 2750, 3411, 2112 व 1342 पेंशन योजना के तहत पॉलिसियाँ हुई जिसमें से 2733, 3393, 2103 तथा 1336 दावों का भुगतान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया गया जिसका प्रतिशत कुल पॉलिसियों का क्रमश: 99.3, 99.5, 99.6 एवं 99.6 है।

वर्ष 2010–11 में रिलायंस लाईफ इंश्योरेंश कम्पनी द्वारा पेंशन बीमा योजना के तहत 150 पालिसियाँ की गई उनमें से 142 दावों का भुगतान कम्पनी के द्वारा किया गया जिसका प्रतिशत 94.7 है। वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14, 2014–15 में क्रमश: 95, 102, 113 व 144 पेंशन योजना की पॉलिसियाँ हुई है जिसमें से 93, 100, 110 एवं 142 दावों का भुगतान कम्पनी द्वारा किया गया जिसका प्रतिशत पॉलिसियों का क्रमश: 97.9, 98.0, 97.3 तथा 98.6 है।

अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की तुलना में भारतीय जीवन बीमा निगम का पेंशन योजना का दावा भुगतान श्रेष्ठ है।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की तुलना में भारतीय जीवन बीमा निगम की पेंशन योजना के व्यवसाय में कमी के निम्नलिखित कारण है–

1. निगम का पेंशन योजना का पॉलिसी प्रपत्र अस्पष्ट होता है।
2. भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पेंशन योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार नहीं होना एक महत्वपूर्ण कारक है।
3. कागजी कार्यवाही का अधिक होना।
4. निगम द्वारा बीमा धारकों को इस योजना की विस्तृत जानकारी नहीं दी जाती है।
5. अभिकर्ताओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना की विस्तृत जानकारी नही दी जाती है।
6. भारतीय जीवन बीमा निगम के व्यवसाय की एक और प्रमुख समस्या दावे के भुगतान में कठिनाइयाँ हैं।
7. निगम अपने पॉलिसी धारकों से ऋण पर अधिक ब्याज लेता है।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की तुलना में भारतीय जीवन बीमा निगम की पेंशन योजना के व्यवसाय की वृद्धि हेतु समाधान –

1. भारतीय जीवन बीमा निगम को पेंशन योजना की प्रीमियम दरों में कमी करना चाहिए।
2. निगम का पेंशन योजना का पॉलिसी स्पष्ट व सरल होना चाहिए।
3. निगम द्वारा पेंशन योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार होना चाहिए।
4. कागजी कार्रवाइयों को सरल एवं कम होना चाहिए।
5. अभीकर्ताओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को इस योजना का विस्तृत जानकारी दी जाना चाहिए।
6. निगम को अपने पॉलिसी धारकों पर कम से कम ब्याज लेना चाहिए।
7. भारतीय जीवन बीमा निगम को दावों एवं भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाना चाहिए।
8. निगम द्वारा बीमा धारकों को इस योजना की पूरी जानकारी समय–समय पर दी जानी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. life insurance india – A.N. Agrawal
2. Problems of India life Insurance – P.C. Vashu
3. एल. आई. प्लान्स – निपुण रेडी
4. लाईफ इन्श्योरेन्स – ह्यूमबर
5. बीमा के तत्व – आर. के. विष्णोई
6. योगक्षेत्र – मासिक प्रत्रिका, भा जी बी डि जनवरी
7. वार्षिक डायरी, भारतीय जीवन बीमा निगम, मुंबई
8. निगम की वार्षिक रिपोर्ट, पब्लिकेशन डिपार्टमेंट
9. रिलायन्स लाईफ इन्श्योरेन्स की वार्षिक रिपोर्ट, मुंबई
10. www.licindia.com
11. www.reliancelife.com
12. www.policyx.com
13. www.myinsuranceclub.com
14. www.m.monycontrol.com

तालिका क्रमांक 1 : पेंशन बीमा योजना का व्यवसाय एवं प्रतिशत (लाख रू)

क्र.	वर्ष	भारतीय जीवन बीमा निगम			रिलायन्स लाईफ इन्श्योरेन्स		
		कुल प्रीमियम (लाख रू)	प्रीमियम (लाख रू)	प्रतिशत	कुल प्रीमियम (लाख रू)	प्रीमियम (लाख रू)	प्रतिशत
1	2010-11	5837.06	299.85	5.0	187.80	70.00	37.43
2	2011-12	3493.75	209.63	6.0	145.10	42.00	28.95
3	2012-13	3451.43	241.60	7.0	165.00	55.00	33.00
4	2013-14	3606.57	172.57	5.0	179.00	63.00	35.20
5	2014-15	2794.22	167.65	6.0	433.50	49.00	11.30
	पांच वर्षो का प्रीमियम औसत प्रतिशत			5.8			29.18

स्त्रोत : जीवन बीमा कम्पनी से प्राप्त जानकारी

तालिका क्रमांक 1.2 : पेंशन योजना दावों की संख्या एवं प्रतिशत

क्र.	वर्ष	भारतीय जीवन बीमा निगम			रिलायंस लाईफ इंश्योरेन्स		
		पालिसी की संख्या	दावों की संख्या	प्रतिशत	पालिसी की संख्या	दावों की संख्या	प्रतिशत
1.	2010-11	2466	2441	99.0	150	142	94.70
2.	2011-12	2750	2733	99.30	95	93	97.09
3.	2012-13	3411	3393	99.50	102	100	98.00
4.	2013-14	2112	2103	99.60	113	113	97.30
5.	2014-15	1342	1336	99.60	144	144	98.60
	पाँच वर्ष का प्रीमियम औसत प्रतिशत			99.40			97.62

****

सीहोर जिले की चयनित पंचायतों का बजट नियंत्रण एवं प्रबन्ध की प्रक्रियाओं का अध्ययन

देवेन्द्र सिंह परमार* डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा **

शोध सारांश –वर्तमान समय में पंचायती राज व्यवस्था स्थानीय प्रशासन का एक अभिन्न अंग हो चुकी है। इस व्यवस्था का उद्‌भव तथा इसका प्रादेशिक स्वरूप के बारे में कहना काफी कठिन है। यह अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थानीय प्रान्तों के निस्तारण के लिए पांच व्यक्तियों की सभी एक प्राचीन संस्था थी जिसका अस्तित्व अनेक राजनैतिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के पश्चात् भी बना रहा है। वर्तमान समय में पंचायतों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्य किए जा रहे हैं एवं स्थानीय स्तर पर शासन संचालित किया जा रहा है। प्रस्तुत अध्ययन में पचायतों के द्वारा प्राप्त आय और उनके स्रोतों का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा जिनमें ग्राम पंचायत द्वारा लगाए जाने वाले अनिवार्य कर, ग्राम पंचायत द्वारा लगाए जाने वाले गैर–राजस्व कर, राज्य शासन के सहायक अनुदान, राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, ग्राम पंचायत को सांसद निधि से प्राप्त अनुदान, ग्राम पंचायत को विधायक निधि से प्राप्त अनुदान, ग्राम पंचायत की वार्षिक आय एवं ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त ऋण आदि बिन्दुओं का विस्तार से विश्लेषण प्रस्तुत किया जा रहा है।

शब्द कुंजी – बजटरी नियंत्रण, प्रबन्ध की प्रक्रिया, अनिवार्य कर, वित्त आयोग, पंचायत द्वारा प्राप्त ऋण।

प्रस्तावना – प्रत्येक व्यावसायिक क्रिया का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्ध वित्त से होता है। उत्पादन, विपणन, क्रय आदि क्रियाओं में वित्तीय पहलू का समावेश होता है। वित्त की समस्याओं का घनिष्ठ सम्बन्ध क्रय, उत्पादन और विपणन की समस्याओं से होता है। इस प्रकार सभी विभागों की क्रियाओं में वित्त की समस्या किसी न किसी रूप में निहित होती है।वित्तीय प्रबन्ध उन समस्त गतिविधियों का समावेश करता है जो भावी फण्ड बहाव की मात्रा एवं समय सम्बन्धी निर्णयों को प्रभावित करती है। वित्त, उत्पादन और विपणन के बीच वही कार्य करता है जो मशीन को चलाने में तेल पदार्थ का होता है। उत्पादन और विपणन सम्बन्धी निर्णयों में कुछ ऐसे भी पहलू होते है जो वित्तीय प्रबन्ध के क्षेत्र में नहीं आते, यद्यपि वे वित्त में प्रभावित करते हैं। उत्पादन की दशाओं में परिवर्तन या व्यवसाय के प्रबन्ध में कर्मचारियों की सहभागिता या विपणन और विज्ञापन तकनीकी में परिवर्तन आदि ऐसी समस्याएँ है जो मूलत: उत्पादक प्रबन्ध, कर्मचारी प्रबन्ध, विपणन प्रबन्ध के क्षेत्र में ही शामिल की जाएगी।

किसी भी संस्था में बजट के माध्यम से मौद्रिक नियंत्रण करने को बजटरी नियंत्रण कहते है। संसाधन सीमित होने की स्थिति में प्रत्येक संस्था का यह प्रयास होता है कि कम से कम लागत में अधिकतम लाभ अर्जित किया जा सकें।

बजटरी नियंत्रण के उद्देश्य :

1. नियोजन प्रकिया को व्यवस्थित रखना।
2. उत्पादन की लागत को सीमित व नियंत्रित करना।
3. संगठन में मितव्ययता तथा कार्य कुशलता को बढ़ावा देना।
4. संसाधनों का कुशलतम उपयोग करते हुए लाभ को बढ़ाना।

बजटरी नियंत्रण की प्रकिया :

1. बजट केन्द्रों की स्थापना करना।
2. बजट निर्माण हेतु उत्तरदायी कार्मिको का चयन करके उन्हें अधिकार व कार्य सौंपना।
3. बजट निर्माण हेतु आवश्यक सूचना एवं साधन प्राप्ति हेतु आवश्यक प्रबंध करना।
4. बजट के क्रियाशील स्तर का निर्धारण करना।

बजटरी नियंत्रण के लाभ :

1. संस्थान के संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है।
2. कार्मिको के अधिकार, कर्तव्य व दायित्वों को सुनिश्चित करके अधिकतम कार्य कुशलता को प्राप्त किया जा सकता है।
3. मालिकों व कार्मिको के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण में सहायक होता है।
4. बजटरी नियंत्रण सुव्यवस्थित नियोजन में सहायक होता है।
5. यह व्यावसायिक कार्यो में स्थायित्व प्रदान करता है।
6. इससे उत्पादन लागत में भी कमी होती है।

बजटरी नियंत्रण की सीमाएँ –बजटरी नियंत्रण की कुछ सीमाएं भी है जो निम्न प्रकार से है –

1. इसकी सफलता कार्मिको की कार्यकुशलता व दक्षता पर निर्भर है।
2. बजटरी नियंत्रण पूर्वानुमानो पर आधारित होता है तथा कई कारको यथा बाजार की स्थिति, सरकारी नीतियों आदि से प्रभावित होता है। इस वजह से कई बार निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना कठिन हो जाता है।
3. यह केवल बड़े संस्थानों व औद्योगिक घरानो के लिए ही उपयोगी है ,

* शोधार्थी (वाणिज्य) स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

छोटे उद्योगों के लिए नहीं।

शोध समस्या चयन के आधार –सीहोर जिले की जिला योजनाओं का बजटरी नियंत्रण एवं वित्तीय प्रबन्धन एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों द्वारा जानकारी का एकत्रीकरण किया जाता रहा है। पंचायती राज में जिला पंचायत मुख्य योजनाओं के संचालन की धुरी होता है तथा जिला पंचायत में जिले की वस्तु स्थिति तथा सूचनाओं का संग्रहण होता है। पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण विकास की पुर्न:व्याख्या की जा सकती है। पंचायतों के आय के आधार एवं अन्य स्त्रोतों का तथ वर्तमान व्यय के स्वरूपों का अध्ययन किया जाता है। पंचायतीराज व्यवस्था के द्वारा गरीब परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है। प्रस्तुत अध्ययन द्वारा यह विश्लेषण किया गया कि क्या सही मायनों में संचालित योजनाओं का संचालन पंचायतों के द्वारा किया जा रहा है और सही अर्थों में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनओं का लाभ पहुंच पा रहा है। उक्त सभी कारण प्रस्तुत अध्ययन की समस्या के चुनाव का प्रमुख कारण रहे।

अनुसंधान क्षेत्र का उद्देश्य –सीहोर जिले की चयनित पंचायतों काबजट नियंत्रण एवं प्रबन्ध की प्रक्रियाओं का अध्ययन करना।

शोध की प्रस्तावित उपकल्पना –सीहोर जिले की चयनित पंचायतों काबजट नियंत्रण और प्रबन्ध की प्रक्रियाआके मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं है।

शोध अध्ययन क्षेत्र –मध्यप्रदेश के सीहोर जिले को प्रस्तुत अध्ययन के लिए चयनित किया गय।

अध्ययन का समग्र –प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में ग्राम पंचायतों के द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित समस्त परिवारों को अध्ययन के समग्र के रूप में सम्मिलित किया गया।

प्रतिचयन का आकार –प्रस्तुत अध्ययन हेतु **स्तरीकृत निदर्शन विधि** का उपयोग कर उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। निम्नलिखित तालिका में निदर्शन में सम्मिलित की जाने वाली जनसंख्या को दर्शाया है।

तालिका 1 : अध्ययन क्षेत्र सीहोर जिले में उत्तरदाताओं का चयन

सीहोर जिला				
जनपद पंचायत				
सीहोर	आष्टा	इच्छावर	बुदनी	नासुल्लाह गंज
ग्राम पंचायत (दैव निदर्शन विधि)				
5	5	5	5	5
उत्तरदाता (उद्देश्य पूर्ण विधि)				
40	40	40	40	40
कुल उत्तरदाता 200				

निदर्शन –प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में कुल पाँच सीहोर, आष्टा, इच्छावर, बुदनी और नासुल्लाह गंज जनपद पंचायत हैं। जिनमें कुल 463 ग्राम पंचायम हैं। प्रत्येक जनपद पंचायत में से 5-5 ग्राम पंचायत इस प्रकार कुल 25 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया और प्रत्येक ग्रांम पंचायत में से 8 उत्तरदाता इस प्रकार कुल 200 उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया है।

अध्ययन की इकाई –प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में ग्राम पंचायतों के द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित चयनित परिवार को अध्ययन के इकाई के रूप में सम्मिलित किया गया।

समंकों का संकलन :

प्राथमिक संमक –प्राथमिक संमकों का संग्रहण निर्मित साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से अध्ययन क्षेत्र में जाकर उत्तरदताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क कर साक्षात्कार कर, क्षेत्र का निरीक्षण एवं अवलोकन तथा समुह चर्चा के माध्यम से एकत्र किये गये। साक्षात्कार अनुसूची में अध्ययन के उददेश्यों के अनुरूप प्रश्नों का समावेश किया गया।

द्वितीयक संमक –द्वितीयक संमक का संकलन पंचायतों द्वारा जिला योजनाओं का बजटरी नियंत्रण एवं वित्तीय प्रबन्धन से सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन, आदि के आधार पर किया गया है।

तकनीक एवं उपकरण –संमक एकत्रित करने हेतु अवलोकन पद्धति, समूह चर्चा, अनुसूची, साक्षात्कार पद्धति, अनौपचारिक वार्तालाप, एस. पी. एस. एस., सारणीयन एवं फोटोग्राफी का उपयोग किया गया है।

तथ्यों का विश्लेषण –सीहोर जिले की पंचायतों द्वारा जिला संचालित योजनाओं के बजटरी नियंत्रण एवं वित्तीय प्रबन्धन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् संग्रहित समंकों को अलग-अलग नम्बर (कोड) दिये गये, इन कोड के आधार पर कम्प्यूटर द्वारा एस. पी. एस. एस. (SPSS) पैकेज का प्रयोग करते हुऐ तथ्यों का सारणीयन एवं सांख्यिकी विश्लेषण किया गया है।

विभिन्न अप्राचलिक परीक्षणों में काई वर्ग परीक्षण सर्वाधिक प्रचलित परीक्षण है जो दो या दो से अधिक समूहों में साहचर्य की माप करता है। अर्थात इसके द्वारा दो या अधिक आंकड़ा समूह की अंश तक सम्बन्धित हैं यह जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह परीक्षण वास्तविक या अवलोकित तथा अनुमानित या संभावित आवृत्तियों के बीच अन्तर की सार्थकता का परीक्षण करता है। प्रस्तुत अध्ययन में पूर्व में निर्मित परिकल्पनाओं के परीक्षण का विश्लेषण प्रस्तुत किया जा रहा है जो कि निम्न प्रकार है :-

शोध अध्ययन की उपकल्पना – सीहोर जिले में संचालित योजनाओं और हितग्राहियों के सामाजिक आर्थिक विकास के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं है।

परिकल्पना प्रथम –

H_0 ग्राम पंचायत की आय और लगाए जाने वाले अनिवार्य करों के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं है।

तालिका 2 **(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 2 में ग्राम पंचायत की आय और लगाए जाने वाले अनिवार्य करों से सम्बन्धित विवरण प्रस्तुत किया गया है। तालिका दिये गये आंकडों के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 47 उत्तरदाताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा अध्ययन क्षेत्र में भूमि एवं भवन पर ग्रह कर लगाया जाता है जिसमें से 29.8 प्रतिशत ने बताया कि ग्राम पंचायत को 50 हजार से कम आय प्राप्त होती है जबकि 38.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत को 50 हजार से एक लाख रूपये तक की आय प्राप्त होती है। 8.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये से 1.5 लाख रुपये तक आय प्राप्त होती है वहीं 8.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत को 1.5 लाख रुपये से 2 लाख रुपये तक आय प्राप्त होती है। 14.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये से 2 लाख रुपये इससे अधिक आय प्राप्त होती है।

कुल उत्तरदातओं में से 76 उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के द्वारा निजी संड़कों पर कर लगाया जाता है जिसमें से 21.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया निजी सड़कों पर कर लगाए जाने से ग्राम पंचायत को पचास हजार रुपये तक की आय प्राप्त होती है जबकि 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं के द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत में निजी सड़कों पर कर लगाने से ग्राम पंचायत को पचास हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की आय प्राप्त होती है। 3.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये से 1.5 लाख रुपये तक की प्राप्त होती है।

अध्ययन क्षेत्र में कुल 21 उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत के द्वारा प्रकाश कर लगा आय प्राप्त की जाती है जिसमें से 14.2 प्रतिशत उत्तरदाताओं के द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत में प्रकाश लगाकर 50 हजार तक की आय प्राप्त होती है जबकि 42.9 उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी ग्राम पचायत में प्रकाश के द्वारा पचास हजार से एक लाख रुपये तक की आय प्राप्त की जाती है। 42.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में प्रकाश कर द्वारा एक लाख रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये तक की आय प्राप्त की जाती है।

अध्ययन क्षेत्र के कुल 15 उत्तरदाताओं के द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत में व्यवसाय कर लगाया जाता है जिसमें से 26.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में व्यवसाय कर द्वारा 50 हजार तक आय प्राप्त की जाती है जबकि 20 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में व्यवसाय कर द्वारा एक लाख से 1.5 लाख तक आय प्राप्त की जाती है। 53.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में व्यवसाय कर द्वारा 1.5 लाख से 20 लाख रुपये तक आय प्राप्त की जाती है।

अध्ययन क्षेत्र के 25 उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत में बाजार कर द्वारा आय प्राप्त की जाती है जिसमें से 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि बाजार कर द्वारा उनकी ग्राम पंचायत को पचास हजार रुपये तक की आय प्राप्त की जाती है, जबकि 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि बाजार कर द्वारा उनकी ग्राम पंचायत को पचास हजार रुपये से एक लाख रुपये तक की आय प्राप्त की जाती है। 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि बाजार कर द्वारा उनकी ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये से 1.5 लाख रुपये तक की आय प्राप्त की जाती है वहीं 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि बाजार कर द्वारा उनकी ग्राम पंचायत को 2 लाख रुपये इससे अधिक आय प्राप्त की जाती है।

अध्ययन क्षेत्र के 16 उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत में पशु पंजीकरण की फीस द्वारा आय प्राप्त की जाती है जिसमें से 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि पशु पंजीकरण की फीस द्वारा उनकी ग्राम पंचायत को पचास हजार रुपये तक की आय प्राप्त की जाती है, जबकि 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बताया गया कि पशु पंजीकरण की फीस द्वारा उनकी ग्राम पंचायत को पचास हजार रुपये से एक लाख तक की आय प्राप्त की जाती है।

उपरोक्त उपकल्पना का परीक्षण के लिए ग्राम पंचायत की आय और लगाए जाने वाले अनिवार्य करों की तुलना के आधार पर काई-वर्ग परीक्षण किया गया है। काई-वर्ग परीक्षण से प्राप्त परिणामों को निम्न तालिका में दर्शाया गया है :-

	Value	df	Asymp. Sig. (2-sided)
Pearson Chi-Square	170.690a	20	.000
Table Value	31.410		
N of Valid Cases	200		

उपर्युक्त उपकल्पना के सम्बन्ध में 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर 20 स्वातन्त्र संख्या के लिए X^2 का सारणी मूल्य X^2_t = 170.690 है तथा X^2 का परिगणित मूल्य X^2_c = 170.690 (.000 प्रतिशत सार्थकता स्तर) प्राप्त है।

अर्थात 31.410<170.690 अर्थात $X^2_t < X^2_c$ है स्पष्ट है कि काई-वर्ग तालिका मूल्य से परिगणित मूल्य अधिक है। दोनों गुण स्वतन्त्र नहीं हैं इसलिए दानों में घनिष्ठ सम्बन्ध है। अतः शून्य परिकल्पना **'H_0 ग्राम पंचायत की आय और लगाए जाने वाले अनिवार्य करों के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं है।'**अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना द्वितीय -H_0ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त ऋण के उद्देश्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त ऋण की राशि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं है।

निष्कर्ष -अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण विकास योजनाओं केक्रियान्वयन के फलस्वरूप क्षेत्रीय विकास सम्भंव हुआ है। विकास की गति जागरूकता संवादप्रवाह कार्य के प्रति उत्साह एवं विवेक शीलता के फलस्वरूप विकास के स्तर में विविधता एवंसमानता के फलस्वरूप विकास कटिबन्ध निर्धारित हुए हैं। उच्च विकास कटिबन्ध की अपेक्षा निम्न एवंनिम्नत्तम विकास कटिबन्धो में शिक्षा, साक्षरता, तृतीय व चतुर्थ वर्ग के कार्य, मार्ग, मशीनीकरण, सेवाकेन्द्र, रोजगार, लाभाविन्त, स्वरोजगार, आवास, स्वास्थ्य सफाई, भवन सुरक्षा,खेल, जल,संबर्द्धन स्वच्छ पेयजल,सामाजिक सुरक्षा,पोषण आहार एवं खाद्य सुरक्षा कीउपलब्धता में सुधार हुआ है।

In order to avoid the loss of job of agent the verification of documents can be done via agent's portal, so the workload of LIC gets reduced can agent can retain its job as well as salary.

Service-2 : Online solution of Claim Settlement - This can also be done by means of providing a customer identification number (CIN), which help customer to avail any services online. Customer just fills a form with mandatory details and the amount can be directly transferred into the customer's bank account.

Advantage - Customer does not need to visit the LIC office. The process becomes more transparent and chance of corruption should be minimized.

Other Suggestions :

1. LIC should provide collection of all services online
2. In order to promote e-commerce LIC should provide additional advantages to the customer.
3. Online grievances with escalation system should be implemented.

References :-

1. Department of LIC of India
2. http://www.licindia.in
3. http://www.irda.org
4. Text Book on e-commerce, Galgotia Publications
5. Yogshima, Journal of LIC of India.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Impact of Organizational Stress on Quality of Life in Indian Corporate World

Dr. Sanjay Bhavsar*

Abstract - Stress and quality of life is always interlinked. However the effect of organizational stress on quality of life of executives working in Indian corporate world has largely remained unstudied. Due to work stress the executives are becoming lonely, overburdened with their work, frustrated with their life, anxious, losing touch with emotional side. It has resulted into high labor turnover and the overall efficiency of any of the executive is coming down. The aim of the present study was to study the effect of organizational stress on domain of quality of life of executives. The executives are suffering on emotional grounds, loneliness, high level of fatigue, frustration, anxiety, facing competitive environment. This has also resulted into many health and mental problems and always phobia of losing the job. Study has overall findings of impact of stress on quality of life of executives through various dimensions.
Keywords - Organizational Stress, quality of life, executives, stress hurricane.

Introduction - Stress has always been a part of human existence. Its origin can be traced in the literature to the 17th century when it was identified with hardship, straits, adversity or affliction as meant by the Latin word: Stringere meaning force. In the 18th and 19th centuries, the meaning of stress changed to denote force, pressure, strain or strong effort with reference to an object or person. O stress has always been a part of human existence. Its origin can be traced in the literature to the 17th century when it was id organizational stress is considered as one of the leading problems in almost all professions around the world. In the past, there has been considerable research mainly in the developed countries on the nature, causes and effects of organizational stress on the physiological well being of employees. Organizational stress is defined as the experience of negative emotional states such as frustration, worry, anxiety, and depression attributed to work related factors. Organizational stress is an individual experience, depending on the traits of individuals, in that not all people react to events in the same way. According to substantial body of literature, corporative executives work can be very stressful occupation and their stress appears to have increased in recent decades. Executive and managers attribute their organizational stress on various aspects of the work environment (such as employees, corporate administration and organization system, organizational culture). Stressors that have been identified among working executive's include-role overload (being overwhelmed by the amount or complexity of work) role ambiguity (uncertainty about job description) conflicting job roles, lack of influence over the work environment, inadequate work environment, demands made by external agencies, poor relation with colleagues, poor relation with customers, lack of support from the immediate boss, corporate climate and culture. Organizational stress can result in physiological, physical and behavioral consequences for individuals. These outcomes, in their various forms can prove quite costly to individuals and organization to which they belong. For organization, these costs are not just monetary Organization's performance can be disputed or otherwise affected. For these reason, the reduction of organizational stress should be of great importance to corporate world. Physiological consequences include job dissatisfaction, reduced job commitment, anxiety, frustration and anger.

Physical consequences or organizational stress involve changes to normal bodily functioning.

The five major behavioral consequences identified in the literature are withdrawal, reduced performance, deteriorating collegial relations, substance abuse and accident. Prolonged occupational tress in teaching has been found resulting in both mental and physical ill health, ultimately having damaging effects on executive's professional efficiency and their quality of life. High stress results in the lowering of organizational functioning and functioning, Irrespective of one's age, education and background. Stress within organization may not only affect the physical and emotional well-being of an executive and their families, but it also effects the organization where they are working because it may impair the working relationship with customers and colleagues.

Job stress is a function of staff's self-concept, life situation and work related factors. So far, there tend to be few studies on job stress among sector wise executives in corporate world. However, there are strong indications of

*Assistant Professor, PMB Gujarati Commerce College, Indore (M.P.) INDIA

high stress levels among staffs in higher institutions. In addition, life satisfaction can said to be linked demographic variables like years of service. It s also observed that there is little research on the relationship between job stress and well-being constructs like life satisfaction and quality of life.

Working conditions have an impact on overall life satisfaction through perceptions of the quality of working life. It influences life satisfaction through changing characteristics (interests, energy level, mood, personality, health etc.) of the person and the environment.

“Quality of life is defined as individual’s perception of their position in life in the context of the culture and value system in which they live and in relation their goals, expectations, standards and concerns”. It is a broad ranging concept, incorporating in a complex way individual’s physical health, psychological state, level of independence, social relationships, personal beliefs and their relationships to salient features of the environment. This definition highlights the view that quality of life is subjective, includes both positive and negative facts of life and is multidimensional. Thus, QoL includes the condition of life resulting from the combination of the effect of complete range of the factors such as those determining health, happiness and a satisfying occupation, education, social and intellectual attainments, freedom of actions and freedom of expressions.

Thus, the aim of the present study was to study the QoL of executives/managers in context of organizational role stress.

Data collections and Methods - The present study examined the effects of Organizational Role Stress on the quality of Life of the executives. Secondary data was collected from various sources and analyzed.

Analysis & Discussion - This October, stress deep fatigue and alienation from his family forced Mr. Gupta quit his job as a vice president in the institutional equitles teams at one of the biggest investment banks in Mumbai. He is 33. All this, he says collateral damage inflicted by the punishing pace of work at his former employer. “My work hours were terrible about 80-100 hours per week. I was not getting my time for my family and children. Health problems such as body aches and dizziness forced me to take a break”. He says, one month on, he feels energized and refreshed. He wants to stick with this slower pace of life- helping his children with school admission, concentrating n health and taking up things that interest him. Mr. Sehgal, a 39 years old advertising professional, has chucked his job not once, but twice, both for the same reason. The tipping point for his second break was being asked to work on Diwali. He was a creative director for a growing agency; this meant managing multiple assignments to steer the agency to a certain size, “I wanted to spend some time with my nephew and family on Diwali and realized that quality of life was far more precious than a fat pay cheque”, he says he took an off on Diwali and quit soon after. He is now a freelance writer and makes corporate films. “I keep getting calls from headhunters, but I will not go back to that life again”.

Gupta and Sehgal (both names changed on request) had enough savings to throw away their jobs.

But thousands of India Ins executives, entrapped in their stress-filled jobs due to poor saving and high EMIs, are sinking into emotional distress every day.

Sixty six percent of working professional in India are suffering loneliness, 77% wish they had someone to share their highs and lows with, and 63% feel they work harder than they want to because of competitive work environment, reveals a survey by Cadbury India. The survey polled over 2100 professionals in the 25-35 age groups in cities including Mumbai, New Delhi, Ahmedabad, Pune etc. The findings were released late last month.

Physiologists and counselors say they are treating more people for work place related emotional turn all. “The numbers of such cases have doubled over last year”, says Dr. Puneet Dwevedi, head of department (mental health and behavioral science) at Fortis Healthcare. “I treat three to four working professionals every day.

Cadbury did the survey as a part of an attempt to understand consumer psyche. It plans to use the data to craft its new advertising campaign this festive season.

Consulting firm PwC has also been studying work-life balance. Executives at the firm say the findings are alarming. “Our research tells us that around 72% of Indian Professionals work beyond regular working hours and around 92% of the population takes work home”, says Kaustubh Sonalkar, Executive Director, people and change practice at PwC. Ninety- five percent of the working population, ranging from morning sickness- checking their smart phones immediately after waking up.

“We working closely with company, but at times, our measures and advice do not get demonstrated in the right manner companies need to do much more rectify such situations”.

Younger professionals are more likely to be emotionally battered when they are faced with work place stress. “People who join the workforce early, take time to settle and adjust in their new working lives, may feel the peer pressure at times with multiple demands on their time”, says Anuranjita Kumar, Country Human Resource Officer at city India. City’s buddy program links up young professionals with more experienced colleagues to facilitate conversations on personal and professional issues and to guide them through the initial period. The buddy would be a professional who has been working in the bank for about two years and is not very senior, Kumar believes that having a strong mentor or a buddy at work can help alleviate loneliness and emotional disconnect among employees.

Physiologists say the problem is growing because work pressures are robbing people of time for emotional engagement. “We get a significant number of cases of professionals in the age group of 20-40, who feel they are

not getting sufficient time for family, friends, and recreation," says Dr. Sameer Malhotra, head of department (Mental Health and Behavioral Science) at Max Hospital. "Because of technology and the use of smart phones, they never switch off from work completely," he adds. This leads to anxiety, depressive symptoms and in some cases even seizure-like episodes.

Result - Above analysis indicates that Executives are facing intense stress pressure in the corporate. Frustration, deep fatigue, anxiety, leaving job is the outcomes of the stress. But all the executives cannot take the decision of leaving jobs since they are having poor savings and family obligations. So they have to continue with the same work pressure.

Executives are feeling lonely; they need someone with whom they can share their work stress. Executives have to work harder than they need to work, due to competitive environment.

More number of executive is working beyond their office hours and most of the executives are carrying their work load at home due to job stress. It has deeply impacted their quality of life along with their family members. Office hours are so extended due to smart phones, tablets and technology that executives suffer from morning sickness of checking smart phones immediately after waking up since to check any communication from the organization.

Young professionals joining the corporate early need more time to settle in their work place. But due to multiple demands from the organization and pressure of consistent performance has increased the job stress and adversely affected their quality of life. Some corporate are arranging programmes to reduce young professional's stress by interacting with senior colleagues.

Number of work stress cases reporting to psychiatrists and physiologist are at high since more number of executives is experiencing the problem of work stress due to which family life and quality of life is impacted. India emerging as a commercial hub, entry of more numbers of MNCs to India, intense competition in the market, emergences of buyers market, changing work cultures are the few area which are responsible for creation of stress hurricane for employees.

Conclusion - As India is emerging as a commercial hub globally, executives and managers are experiencing various organizational role related stress. Good quality of life for the executives and his family has become far difficult due to work stress. Various mental, physical and health problems are arising because of work stress which is impacting not only the individual alone but the organization and the industry is also adversely affected. Collective efforts by organization and executive, role related clearances, life style management and integrated efforts at individual, organization and industry level will certainly release the work stress and will definitely offer good quality of life.

References :-

1. Kyriacou C. Teacher Stress: Direction for further research Educ. Rev.2001; 53(1) :27-35 .
2. Munt V. The Awful truth: A Microhistory of teacher stress at weshwood High. Bri J. Socio Edu.2004;25(5):578-591.
3. McCormick J. Psychological distancing and teachers' attribution of responsibility for occupational tress in a catholic education system. Issues Educ. Res.2000; 10(1): 55-66.
4. Aluja A. Blanch A. Garcia LF. Dimensionality of the Maslach Burnout inventory in School Teachers: A study of several proposals. Europ J Psycho Assess 2005; 21(1): 67-76
5. Aluja A. Blanch A. Garcia LF. Dimensionality of the Maslach Burnout inventory in School Teachers: A study of several proposals. Europ J Psycho Assess 2005; 21(1): 67-76
6. Angerer JM. Job Burnout , J Employment Counseling 2003;40(3):98-107.
7. Hansen J. Sullivan BA. Assessment of work place stress: Occupational Stress, Its Cons and common Causes of Teacher Stress. In (unknown Ed.) measuring up: assessment Issue for Teachers, Counselors, Administrators, New York McGraw Hill 2003.
8. The WHO QoL group. The world Health Organization Quality of Life Assessment (WHO QoL) Position paper from the world health organization Sac. Sci. Med 1995; 41: 1403
9. The Economic Times report dated 2nd November 2013
10. Cadbury India Ltd. Survey October 2012
11. Current Updates from The Economic Times 2nd November 2012.

****

Education : Its Height and Depth

Dr. Pratiksha Vyas*

Abstract - The true meaning and purpose of education has been lost its significance today. The situation in schools, colleges or Universities is pretty confusing with several forces competing with each other in polluting the academic atmosphere. Educationist all over the country recognize the malaise, they have not been able to suggest a workable remedy. The problem persist due to the bottlenecks in the bureaucratic structure, Also there is the absence of a accountability of the different players such as the teacher, managements, Government students and even the parents.
Keywords - Dispels, Emancipation, Obliged, Stipulated, Maze, Concoction, Leveraged, Stream Lined, Resonate.

Introduction - Knowledge has always been represented by light, and ignorance has been symbolized by darkness. Hence education, the key to all knowledge and yet more knowledge, dispels the darkness and ushers in the light.

Education must not be confused here with literacy and learning the three letters. Nor is education confined to the 10+2+3 system. Education does not consist in collecting degrees or burying oneself in research. Education is a continuous process of learning which broadens our mental horizons and with our perspective. Education leads to the dissemination of knowledge, to the breaking down of all mental barriers and to a greater realization of self worth and better understanding of fellow beings.

If Person is uneducated he cannot think for himself, his family and for society. He is forced to blindly accept the dictates of other and this makes him servile as he lacks the ability to judge right from wrong. With education he is able to make this distinction, to realize the reason behind his forced servility and to stand up and demand redressed. This frees him from the shackles of servility and makes him a free individual. Know here is this truer than in women's education which has been the single important factor in women's emancipation?

Even **Swami Vivekananda** had said, "I don't consider a man to be educated who has learnt libraries by heart. If a man learns five Ideas, and applies them in his life, I consider him educated". Thus Swami Ji believed true education helped a person to think for himself. Let us all pledge ourselves to Shiva the destroyer as he goes about his Tandava Nritya to stamp out ignorance and let us make education transport us in the world of Tagore to that "Heaven of freedom".

Education awakens intelligence and developed life of human being. It aims to adjust the Rhythm of the individual life with the rhythm of society. This adjustment involves strengthening of character and consolidation of moral values.

Today due to heavy demands of modern consumer civilization even two and a half year old toddlers are being pushed out of comfort zone of their homes in to the strange world of the classroom and teachers. They are obliged to parrot. Education which is supposed to be rich, constructive, creative and a dialogical, process becomes monotonous and mechanical and is reduced to a mere business. Pleasure of learning seems to be a thing of past.

In a system that lays so much emphasis on achievement rather than developing the true potential of a student, who, then, is to be really blamed.

Schools from Nursery to middle level should be fashioned as children's clubs. The children's natural curiosity of how and why can be given more from prominence than following the stipulated syllabus. Before teaching, the teacher must create interest amongst the students. Again the teacher should feel responsible for a student's failure to learn.

It is well nigh impossible to judge a student's proficiency in a subject through a single examination of three hours. Again, it is sad Irony that the best teachers are supposed to be employed in govt. schools, while people prefer to send their wards to the private schools. School education in India is in a maze. One wrong step and you are lost forever.

At the time of appointment of teacher, besides their academic achievements, their real interest in education and dedication to teaching should also be made a qualifying criterion for the final selection. The present status of poor school teacher should be improved so that they command the same respect and dignity in society as do professional like doctors, engineers or civil servants.

Multimedia's impact on learning could be thought of similarly to that of kitchen electronics on cooking. You see, both cooking and learning have been deeply rooted in the traditions and rich diversity of practices we experience today. Just as cooking has arguably been enhanced by knowledgeable usage of kitchen electronics, it has, at the

*Assistant Professor, PMB Gujarati Commerce College, Indore (M.P.) INDIA

same time, degraded the quality of cooking by situational time-saving concoctions. In a similar manner, multimedia has also served to both enhance student learning and detract from it.

There have been times when, in an effort to enhance student learning, effective educators have knowledgeably leveraged appropriate doses of selected multimedia to supplement the course content. In so doing, they had successfully aided the learner to achieve better learning outcomes for the needed objective. There have been other times when efforts to enhance teaching efficiency by leveraging media has actually unintentionally served to degrade the learning process. This can happen with a lack of attention given to multimedia's actual development costs, issues of accessibility, societal and political suitability, cultural awareness, flexibility and openness, interactivity, motivational value, as well as considerations of effectiveness (Pastula, 2002). There is a growing body of research that speaks to each of these practical guidelines for knowledgeably using multimedia in the learning context.

On the topic of creativity, author and speaker Rob Bell (2009) goes on to suggest that great designers know that it is not what is put into a piece of art that gives it life, but rather knowing what to take away to get down to the simple, pure, streamlined essence. Effective multimedia design carries no exception. Taking into account what we know about cognitive load theory for multimedia learning in the Cambridge Handbook of Multimedia Learning (Mayer, 2005); Schmitz presented an integrated model that informs instructional design for both verbal and pictorial channel comprehension. This model is known for recognizing that learners are able to effectively use multiple sensory modalities under certain conditions. The model accounts for sensory registers, working memory and long-term memory when emphasizing that learner comprehension is dependent on both the kind of content being delivered and how it is delivered. Such careful considerations seem to resonate with the passionate descriptions of a chef who takes great pride in their ingredient, preparation, and presentation.

Oral & practical learning should be given greater emphasis in the introductory stage. Writing should be introduced in the curriculum only after 2-3 years of schooling. Before writing we should encourage children to draw pictures of different shapes. Rhymes at kindergarten level should be in mother tongue so that children can enjoy and learn them effortlessly. Before teaching anything the teacher must create interest amongst the students.

Today the main problem with secondary education is our failure to treat it as merely preparation ground for university education. An independent entrance test could be offered by every institution. This could reduce the anxiety about the unevenness of marks offered by different boards. A separate independent autonomous body which conducts achievement tests in the field of student choice could be set up & commercialization of education should be stopped.

Innovative schools like Eklavya in Bhopal, Vasant Valley in Delhi, Sherwood in Nainital, and Rishi Valley in Andhra Pradesh, Which try to move away from the curriculum as possible.

References :-

1. Google
2. Wikipedia
3. Times of India
4. Spectrum Books
5. Web Service

****

ग्रामीण महिलाओं के परिवारों के जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारको का अध्ययन (बलिया जिले के सोबईबान ग्राम के विशेष संदर्भ में)

डॉ. तृप्ति तिवारी *

शोध सारांश – ग्रामीण जीवन स्तर परिवार और समाज के उपभोग और प्रबंधकीय व्यवहार का दर्पण होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक एवं कृषि कार्यो के प्रबंधन का मुख्य दायित्व महिलाओं का ही होता है। परिवार में सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति, संतानों की शिक्षा, रीतिरिवाज एवं परंपराओं का पालन, परिवार की आर्थिक सुरक्षा, कृषि कार्यों का संपादन, पारिवारिक आय और महिलाओं के प्रबंधकीय कौशल पर निर्भर करता है। अशिक्षा, जागरूकता की कमी, अपर्याप्त आय, सदस्यों की अधिक संख्या, आर्थिक परतंत्रता, कौशल की कमी आदि कारक ग्रामीण महिलाओं के कार्य निष्पादन को प्रभावित करते हैं। जिसमें प्रभाव निम्न जीवन स्तर के रूप में दृष्टिगत होता है। देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं समग्र ग्रामीण विकास के लिए सामर्थ्य संवर्धन एवं विस्तार के लिए महिलाओं को अनुकूल अवसर प्रदान किए जाने आवश्यक है।

प्रस्तावना – ग्रामीण परिवारों में सामान्यतौर पर निम्न एवं मध्यम जीवन स्तर की बहुलता देखी जाती है बहुत कम परिवारों में जीवन स्तर उच्च पाया जाता है। आर्थिक संसाधनों की कमी, अधिक संतानोपत्ति, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता, परंपराएँ जीवनस्तर उन्नत करने में उत्साह में कमी आदि ग्रामीण जीवन स्तर निर्धारण में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। जीवन स्तर या रहन सहन का स्तर परिवार के जीने के ढ़ंग को प्रदर्शित करता है। परिवार अपनी आय के बड़े भाग को उपभोग पर व्यय करते हैं, उनका व्यय करने का तरीका उनके जीवन स्तर को निर्धारित करता है। रहन सहन का स्तर शब्द सामाजिक समूह के व्यवहार को अर्जित करने हेतु भी उपयोग में लाया जाता है और व्यक्तियों और परिवारों के प्रबंधकीय व्यवहार की भी व्याख्या करता है कि वे अपने लिए किसे महत्वपूर्ण मानते हैं जीने का तरीका शब्द का भी जीवन स्तर या रहन सहन के स्तर से जुड़ा हुआ है। जीवन स्तर से हमारा अभिप्राय उन आवश्यक पदार्थों, आराम एवं विलासिता के पदार्थों से है जिसमें उपभोग की किसी व्यक्ति अथवा वर्ग को आदत पड़ जाती है। इसी प्रकार ग्रामीण महिलाओं द्वारा किए गए प्रबंधन एवं लिए गए निर्णयों का सीधा प्रभाव ग्रामीण महिलाओं के पारिवारिक जीवन स्तर पर पड़ता है।

साहित्य का पुनरावलोकन – ग्रामीण जीवन स्तर से संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन अग्रलिखित है।

द्विवेदी निधि (2012) : पूर्वी भारत के सिक्किम के ग्रामीण क्षेत्र में एक शोध अध्ययन में ज्ञात किया कि औसत रूप आय का उचित व विवेकपूर्ण उपयोग भी जीवन स्तर को निर्धारित करता है तो आय अधिक होने पर भी उसे व्यय करने के उचित तरीकों का ज्ञान नहीं है तो आय का बड़ा भाग अनावश्यक कार्यों में व्यय हो सकता है और अधिक आय होने के बाद भी जीवन स्तर उन्नत होने के स्थान पर निम्न या निम्नतर हो जाता है।

ग्रामीण परिवारों में आय के निश्चित साधन होते हैं पर धार्मिक, सामाजिक रीतिरिवाजों, प्रथाओं के अनुपालन हेतु आय का अधिकांष भाग व्यय कर देना, ऋण लेकर भी अनावश्यक खर्च करना, बाजार का तथा उचित मूल्यों की दुकानों का भुगतान के तरीकों का सही और पर्याप्त ज्ञान नहीं होना भी ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को दिन-प्रतिदिन कमजोर करता है।

जे.बी. सुधा (1984) : ने ग्रामीण विकास या ग्रामीण परिवारों के उच्च जीवन स्तर के अंतर्गत शिक्षा को एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए कहा है कि ग्रामीण जनता को शिक्षित करके इनका सामाजिक आर्थिक सुधार किया जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर अत्यधिक कम है। ग्रामीण पुरूषों की तुलना में ग्रामीण महिलाओं में शिक्षा का स्तर निम्न पाया जाता है। शिक्षा उच्च जीवन स्तर को मापने का एक मुख्य पैमाना है। साक्षरता का स्तर, सामाजिक व सांस्कृतिक विकास का घोतक माना जाता है, लेकिन भारतीय ग्रामीण महिलाएँ इस क्षेत्र में सर्वाधिक पिछड़ी हुई हैं, जिसका सीधा प्रभाव उनके जीवन स्तर पर पड़ता है।

गायकवाड (1970) : ने अपने शोध अध्ययन में पाया कि गाँवों में उच्च आर्थिक स्तर वाले व्यकित विकास संबंधी सूचनाओं को जल्दी प्राप्त कर लेते हैं, क्योंकि उनके पास संचार साधन एवं बाह्य संपर्कों की अधिकता होती है। ये व्यक्ति आर्थिक स्तर से संपन्न होने के कारण महँगी वस्तुओं एवं अविष्कारों का भी लाभ अन्य की अपेक्षा जल्दी लेते हैं।

भारत देश अपने रीति-रिवाजों एवं प्रथाओं के पालन के लिए विख्यात है। इन धार्मिक सामाजिक रीति-रिवाजों, प्रथाओं और परंपराओं के निर्वाह में अत्यधिक धन व्यय होता है। प्रथाएँ समूह और समुदाय के लोगों का जीवन स्तर तय करने में बहुत प्रभावशाली भूमिकाएँ निभाती है।

शोध उद्देश्य – प्रस्तुत शोध उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन निम्नानुसार है :-

1. ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में आय का प्रभाव ज्ञात करना।
2. ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में शिक्षा का प्रभाव ज्ञात करना।

*सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान विभाग) गांधी महाविद्यालय, मिड्ढा, बलिया (उ.प्र.) भारत

3. ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सामाजिक व धार्मिक रीतिरिवाजों एवं प्रथाओं के प्रभाव को ज्ञात करना।

शोध परिकल्पना – प्रस्तुत शोध अध्ययन में ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन कर निम्नलिखित परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया है।

1. ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को आय प्रभावित करती है।
2. ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को शिक्षा प्रभावित करती है।
3. ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक व धार्मिक रीतिरिवाजों एवं प्रथाओं से उनके जीवन स्तर में प्रभाव पड़ता है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के **सोबईबान** ग्राम का चयन किया गया। बलिया जिले में कुल 2293 ग्राम हैं। ग्रामीण परिवारों में एकाकी एवं संयुक्त परिवार सम्मिलित है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में मूल रूप से ग्रामीण महिलाओं से संबंधित है। व्यवहारिक दृष्टिकोण से बलिया जिले की सभी ग्रामीण महिलाओं का अध्ययन संभव नहीं है इसीलिए उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ मण्डल के बलिया जिले के **सोबईबान** ग्राम का चयन किया गया है। समय की सीमितता और व्यावहारिक सीमाओं को ध्यान में रखते हुए दैव निदर्शन विधि के द्धारा करनई ग्राम की 50 ग्रामीण महिलाओं का चयन कर शोध अध्ययन किया गया है।

परिणाम एवं विश्लेषण – प्रस्तुत शोध अध्ययन ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारक जैसे आय, शिक्षा, सामाजिक एवं धार्मिक रीतिरिवाजों एवं प्रथाओं का अध्ययन कर उनमें जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारक से संबंधी प्राप्त आँकड़ों का निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक – 01 (अगले पृष्ठ पर देखे)

प्रस्तुत शोध अध्ययन के तालिका क्रमांक – 01 में सर्वेक्षित ग्रामीण महिलाओं से पूछे गए कथन अनुसार प्राप्त परिणाम के अवलोकन करने से ये परिलक्षित होता है कि सर्वेक्षित ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारक **आय** में **92 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं** का मानना है कि उनके जीवन स्तर को आय प्रभावित करती है, वहीं **8 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं** का मानना है कि उनके जीवन स्तर पर आय का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसी तरह **64 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं** का मानना है कि उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिए शिक्षा प्रभावित करती है, जबकि **36 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएँ** मानती है कि शिक्षा का उनके जीवन स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसी प्रकार **88 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं** का मानना है कि उनके जीवन स्तर को सामाजिक व धार्मिक रीतिरिवाज एवं प्रथाएँ प्रभावित करती है, वहीं **12 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं** का मानना है कि उनके जीवन स्तर पर इनका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। जिससे यह परिलक्षित होता है कि सभी परिकल्पना सिद्ध होती हैं।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध अध्ययन के द्धारा प्राप्त परिणामों के आधार पर निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को आय अत्यधिक प्रभावित करती है वहीं शिक्षा का जीवन स्तर को उन्नत बनाने में विशेष योगदान है साथ ही सामाजिक व धार्मिक रीतिरिवाजों व प्रथाओं से जुड़ी रहती है तो उनका पालन करते हुए अपने जीवन स्तर के साथ तालमेल बैठाना पड़ता है। उक्त कारण अनुसार आय विशेष रूप से जीवन स्तर को प्रभावित करती है। क्योंकि जैसी आय वैसा जीवन स्तर व रहन सहन का स्तर होता है। ग्रामीण विकास एक बहुउद्देशीय अवधारणा है जो मूल रूप से ग्रामीण समूह की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक उन्नति से संबंधित है, जिसका मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की गरीबी, बेरोजगारी के उन्मूलन के साथ–साथ उनके जीवन स्तर को उन्नत दषा में पहुँचाना हे।

सुझाव – ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने हेतु सुझाव निम्नलिखित है।

1. ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति जीवन स्तर में सुधार के लिए आवश्यक है कि ग्रामीण महिलाओं के द्धारा संसाधनों के उपयोग एवं नियंत्रण में वृद्धि हो, शिक्षा, विभिन्न कौशल एवं क्षमता विकास, नेतृत्व क्षमता विकास द्धारा बुनियादी स्तर पर उन्हें सषक्त बनाया जाए।
2. ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। व्यावसायिक केन्द्र, सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्धारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए क्योंकि सशक्त महिलाएँ पारिवारिक जीवन स्तर के उत्थान में रचनात्मक योगदान देती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. आहुजा राम, (2012) : ***सामाजिक अनुसन्धान,*** रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर एवं दिल्ली।
2. द्विवेदी निधि, (2012) : ***फीमेल फारमर्स व्यू टू लीव फारमिंग अ स्टडी ऑफ एरिया ऑफ सिक्किम इन नॉर्थ इर्स्टन इण्डिया,*** द इन्टरनेशनल जर्नल, रिसर्च जर्नल ऑफ कॉमर्स एण्ड बीहेब्यिर सांइस, वाल्यूम 1 नम्बर – 10, ISSN- 2251 – 1547.
3. गुप्ता एम.एल. एवं शर्मा, डी.डी. (1997) : ***भारतीय ग्रामीण समाजशास्त्र,*** साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, पृष्ठ – 49।
4. कुरूक्षेत्र (2013) : ***ग्रामीण भारत में सुधरता जीवन स्तर, विशेषांक,*** ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली, अंक – 12।
5. मुखर्जी रवींद्रनाथ (1969) : ***सामाजिक शोध एवं सांख्यिकीय,*** विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
6. पाठक, एच.के., अग्रवाल डी.सी. (1984) : ***सांख्यिकीय विधियाँ,*** शिक्षा साहित्य प्रकाशन, मेरठ।
7. राजकुमार (2010) : ***आर्थिक उन्नति में महिलाओं का योगदान,*** महिला एवं विकास, प्रथम संस्करण, अर्जुन पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, पृष्ठ क्र. 84–95।
8. राय पारसनाथ (1997) : ***अनुसंधान परिचय,*** लक्ष्मी नारायण, अग्रवाल, आगरा।
9. शाह अशोक (1997) : ***बालाधर में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम,*** कुरूक्षेत्र, ग्रामीण विकास मंत्रालय, फरवरी, पृष्ठ क्र. 72–74।

तालिका क्रमांक – 01 : सर्वेक्षित ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन

क्र.	जीवन स्तर को प्रभावित करने वाले कारक	ग्रामीण महिला N – 50					
		हाँ	प्रतिशत	नहीं	प्रतिशत	कुल योग	कुल प्रतिशत
1	क्या आपको लगता है कि आपके जीवन स्तर को आय प्रभावित करती है ?	46	92	4	8	50	100
2	क्या आपको लगता है कि शिक्षा जीवन स्तर को प्रभावित करती है ?	32	64	18	36	50	100
3	जीवन स्तर को सामाजिक व धार्मिक रीतिरिवाज एवं प्रथाएँ प्रभावित करती हैं ?	44	88	6	12	50	100

सर्वेक्षण पर आधारित।

****

असग़र वजाहत के उपन्यासों में स्त्री जीवन

राम रक्षा सिंह*

प्रस्तावना – समाज के विकास में हमेशा से स्त्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, किन्तु पितृसत्तात्मक समाज ने स्त्री को वह अवसर ही नहीं दिया, जिससे वह अपना स्वतन्त्र अस्तित्व स्थापित कर सके। प्राचीन काल से स्त्रियों को पुरूषों की तुलना में शारीरिक और बौद्धिक रूप से कमजोर समझा जाता रहा है तो वही कानून एवं धर्मग्रन्थ दोनों ने ही स्त्री जीवन की पराधीनता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्राचीन ग्रन्थों में नारी जीवन के सन्दर्भ में तरह–तरह की उद्घोषणा की गई है जिसमें 'नारी की झाई पड़त अंधा होत भुजंग' से लेकर 'स्त्रियाँ स्वभावत: डिफैक्टिव हैं।' तक न जाने कितने अलंकृत शब्दों से उनकी आत्मा को दु:खित करने का प्रयास किया गया है। विचारक अरिस्टोटिल ने तो यहाँ तक कहा है कि – 'जो पुरूष कायर होते हैं वे अगली पीढ़ी में स्त्री बन जाते हैं।'[1] इन विभिन्न उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता है कि समाज ने स्त्री को शोषण के अलावा अन्य कोई भी अधिकार देने की बात ही नहीं करता था। यहाँ तक कि उनका स्वयं के जीवन पर भी कोई अधिकार नहीं होता था। समाज की इस विषम परिस्थिति में भी स्त्रियों ने अपनी अस्मिता के रक्षा के लिए संघर्ष का मार्ग अपनाया। विश्व में स्त्रियों के लिए व्यापक अवसर प्रदान किये जाने की आवाज बहुत पहले ही उठ चुकी थी, किन्तु भारत में यह कार्य 19वीं सदी के उत्तरार्ध में पंडिता रमाबाई एवं सावित्री बाई फूले के प्रयत्नों ने स्त्रियों के अन्दर जो चेतना जागृत करने का काम किया वह अविस्मरणीय है।

स्त्री के प्रति विश्व समुदाय का ही नहीं अपितु भारतीय समाज का दृष्टिकोण प्रारम्भ से ही उपेक्षापूर्ण रहा है। लेकिन पिछले 50 वर्षों में स्त्रियों ने बहुत से क्षेत्रों में काफी तरक्की की है। कुछ औरतों के लिए कुछ सामाजिक बन्धन भी कम हुए हैं। कुछ कानून भी बदले हैं। हमारे संविधानों ने काफी हद तक स्त्रियों को बराबरी का दर्जा दिया है, परन्तु इन सबके बावजूद भी आज लगभग हर देश में स्त्रियों को न समान अधिकार है और न ही पूरी आजादी। वर्तमान समय में भी लगभग हर जगह पुरूष सत्ता का ही बोल बाला बना हुआ है। सुधार के इन प्रयासों अथवा आन्दोलनों से भारतीय स्त्री की स्थिति में बड़ा परिवर्तन घटित हुआ है– यह कहना बहुत समीचीन नहीं है। फिर भी रूढ़िया टूटी हैं। जड़ परम्पराएँ बहुत हद तक शिथिल हुई हैं। परन्तु उनको पूरी तरह से समाप्त होने में अभी विलम्ब है।

लेखक असग़र वजाहत ने स्त्री जीवन के संदर्भ में वर्तमान सामाजिक राजनीतिक स्तर का चित्रण किया है। उनका मानना है कि वैश्वीकरण के दौर में भी हमारा समाज महिलाओं के उन्नति के मार्ग में रोड़ा बना हुआ है। महिलाओं पर अत्याचार आम घटना के समान हो गया है। समाज में भले ही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' के रूप में उसकी कल्पना की गयी हो। किन्तु वास्तव में उसका सम्मान नहीं किया जाता है। उपन्यास 'कैसी आगी लगाई' की भूमिका में लेखक का वक्तव्य है कि– 'आज दहेज के लिए औरत को जला देना सहज है; दंगाइयों का प्रिय खेल आदमियों, औरतों, बच्चों को आग में जला डालना है, क्योंकि वे जानते है इस अपराध को हमारा सभ्य समाज अपराध ही नहीं मानता और उसकी सजा ही नहीं है'[2] स्पष्ट है कि आज स्त्री शोषण के रूप में दहेज प्रथा महिलाओं के लिए कब्रगाह बन गया है किस तरह लोग दहेज के लिए महिलाओं के साथ मारपीट के साथ–साथ उन्हें जिन्दा जला देने तक में भी जरा सा संकोच नहीं करते हैं। इसका प्रमुख कारण जो उभरकर सामने आता है वह यह है कि आज जो भी कानून महिलाओं की सुरक्षा और उनके सामाजिक राजनीतिक स्तर को ऊँचा उठाने के लिए बनाये जा रहे हैं वह पूरी तरह से निष्प्रभावी हैं। जब तक लोगों के अन्दर कानून का भय नहीं होगा तब तक इस तरह की घटनाएँ समाज से समाप्त होने वाली नहीं हैं। जरूरत इस बात कि है कि मजबूत कानून के साथ–साथ उसका पालन भी मजबूती के साथ समाज में करवाया जाए।

परिवार समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है। परिवार में विभिन्न रक्त सम्बन्धों के लोग एक साथ निवास करते हैं। जिनमें प्रमुख रूप से लैंगिक आधार पर स्त्री और पुरूष इन दो वर्गों में परिवार नामक इकाई का विभाजन होता है इसी विभाजन के आधार पर स्त्री का शोषण पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। अगर यह कहा जाए कि स्त्री शोषण और परिवार एक दूसरे के पर्यायवाची है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है। प्राय: यह देखा जाता है कि परिवार या खानदान कितना ही उच्च कोटि का पढ़ा–लिखा क्यों न हो लेकिन महिलाओं के प्रति उनकी दृष्टि शोषणपरक मानसिकता से ग्रसित ही नजर आती है। उपन्यास 'बरखा रचाई' में अनु उर्फ अनुराधा सिंह हैं– 'हमें कुछ नहीं मालूम था कि आई0ए0एस0 क्या होता है पर हमारे पापा को बुरा कहा तो ये हमें अच्छा नहीं लगा। हम समझ गये कि यही हमारा पति है।'

वह हमारा हाथ पकड़कर घसीटने लगा। हम छुड़ाने लगे। उसे गुस्सा आ गया बोला– ठीक है तू सो जा...........देखे कब तक सोती है। जा उधर सो जा........कमरे के कोने में एक दरी बिछी थी.............हम दरी पर जाकर बैठ गये वह जूते उतारने लगा।

–देख यहाँ रहना है तो ढंग से रहना पड़ेगा..........लाट साहबी नहीं चलेगी ....हम बड़े टेढ़े आदमी हैं..................अच्छे–अच्छों को ठीक कर दिया है...........अब हमारा सेवा करना ही तेरा धर्म है............समझी।'[3] यहाँ यह द्रष्टव्य है कि समाज का वह वर्ग जो अशिक्षित और रूढ़िवादी परम्परा से ग्रसित लोगों के लिए एक आदर्श समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकता था। लेकिन वह स्वयं ही उस रूढ़ परम्परा से ग्रस्त है जो स्त्री शोषण के लिए जिम्मेदार है। अत: स्त्री का स्वयं ही अपनी अस्मिता

* शोधार्थी, हिन्दी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

की रक्षा करना होगा। अपने अधिकार के लिए लड़ना होगा, जो स्त्री अपने हित के बारे में सोच नहीं सकती, ऐसी स्त्री का शोषण एवं मरण निश्चित होता है। नियति के हाथों छले जाना और बात है, किन्तु स्वयं अपनी बुद्धि-विवेक का प्रयोग किये बिना छले जाना उसकी अपनी गलती होगी। समाज में ऐसा नहीं है कि केवल दुर्बल स्त्रियों का ही शोषण होता है। सबल स्त्रियाँ भी शोषण का शिकार बनती हैं। स्त्री की दुर्बलता स्वयं उसमें ही निहित होती है। यदि स्त्री चाहे तो उसके साथ हो रहे शोषण का प्रतिकार कर सकती है। किन्तु शोषण के प्रति उसकी उदासीनता ही उसका पूरा जीवन अभिशप्त कर देती है।

समाज में स्त्री जीवन की दुर्दशा के लिए केवल पुरुष ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि एक स्त्री दूसरे स्त्री के शोषण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्राय: समाज में यह देखा जाता है कि सक्षम स्त्री अन्य स्त्रियों के शोषण से मुक्ति के लिए कोई प्रयास न करके वह स्वयं भी शोषण के कुचक्र रचती रहती है। उपन्यास 'पहर दोपहर' के पात्र असगर के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत है- 'जालिब की माँ के फोन लगातार हैदराबाद से आते थे और वह उन्हें टालता रहता था। अब शायद उसने ये 'रियलाइज' कर लिया था कि शादी वादी मजाक नहीं है और पैंतालिस साल की उम्र और कैरियर के इस मोड़ पर तो बिल्कुल ही नहीं। लेकिन शायद उसकी माँ बुरी तरह कमर कसे हुए थीं शायद वे नीना से पूरा बदला लेना चाहती थीं।'[4] उक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि स्त्री भी पुरूष के ही भांति स्त्री जीवन की दुर्दशा के लिए उत्तरदायी है। जालिब की माँ अपनी बहू से बदला लेने के लिए ही बेटे जालिब का दूसरा विवाह करने का उपक्रम रचती है जिससे बहू नीना को शोषण का शिकार बनाया जा सके। इस तरह के उदाहरण आज समाज में अधिकांश रूप में दिखाई देता है कि स्त्री अगर पुरूष के शोषण से बच भी जाती है तो स्त्री के शोषण रूपी कुचक्र में फंसकर रह जाती है।

प्रकृति मानव जीवन में कोई भेदभाव नहीं करती है। लेकिन मानव का प्रवेश जब समाज नामक इकाई में होता है तो वह धर्म, सम्प्रदाय, जाति, लिंग के आधार पर विभाजित नजर आने लगता है। इसी विभाजन की प्रक्रिया में लैंगिक विभाजन का प्रभाव समाज में महिलाओं पर सर्वाधिक रूप में दिखाई देता है। आज नारी केवल समाज में ही नहीं बल्कि घर-परिवार में भी विभिन्न रक्त सम्बन्धों में बंधकर भेदभाव का दंश सहन करती है। नारी जीवन के इसी तरह के भेदभाव को लेखक ने 'धरा अँकुराई' उपन्यास में साजिद और अनु उर्फ अनुराधा सिंह के वार्तालाप के माध्यम से दर्शाया है कि- 'हमारे समाज में- भारतीय समाज कह सकती हो- और ज्यादा सही कहना चाहो तो उत्तर भारतीय समाज कह लो-लड़कियों, औरतों को एक गुलाम जेहनियत देकर पाला-पोसा जाता है और वे पूरे जीवन उसी गुलाम मानसिकता में रहती है। तुम अपने पिता की बात नहीं टाल सकती हो चाहे वह कितना ही गलत क्यों न हो, यह क्या है? मैंने देखा है कि लड़कियों को नियन्त्रण में रखने का काम उन्हें शारीरिक रूप से कमजोर बना देने की सीमा तक किया जाता है। लड़कियों को कम खाना देना, लड़कों को ज्यादा और अच्छा खाना देना तो आम बात है।'[5] उपर्युक्त पंक्ति के माध्यम से समाज में लैंगिक आधार पर विभाजन की शिकार महिलाओं की स्थिति के सन्दर्भ में प्रकाश डाला गया है कि किस तरह घर-परिवार में स्वयं उसके ही माता-पिता जब उसके साथ भेदभाव करते हैं तो समाज में और किससे उम्मीद की जा सकती है कि उसका शोषण एवं भेदभाव नहीं होगा। अधिकांश भारतीय समाज में यह देखा जाता है कि जो पाबंदियाँ पुरूष समाज में महिलाओं के लिए होती है वह पुरूषों के लिए नहीं होती हैं। भारतीय घरों में महिलाओं के साथ भेदभाव की प्रक्रिया उसके जन्म के साथ ही शुरू हो जाती है जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। स्त्री के इस लिंग आधारित भेदभाव के सन्दर्भ में स्त्रीवादी लेखिका सिमोन द बोउवर का कथन बिल्कुल सत्य प्रतीत होता है कि 'स्त्री पैदा नहीं होती बनाई जाती है'।

भारतीय समाज में स्त्रियों पर हो रहे शोषण एवं अत्याचार को लेखक असग़र वजाहत ने अपने उपन्यासों में प्रमुखता से दर्शाया है। वे महिलाओं में चेतना जागृत करने के पक्ष में है कि समाज में हो रही घटनाओं को वह केवल मूकदर्शक बनकर देखे ही नहीं बल्कि उस पर अपनी प्रतिक्रिया के साथ-साथ अपने अधिकारों की लड़ाई भी स्वयं लड़े। परिवार एवं समाज में स्त्रियों की दशा पर लेखक के मन में विद्रोही स्वर उभरता है। 'धरा अँकुराई' उपन्यास में अपनी अभिव्यक्ति देते हैं कि- 'अबे, औरतों को दड़बे में मुर्गियों की तरह रखने वालों तुम अपने आप को इन्सान कहते हो? जीवन भर अपनी औरत के साथ बलात्कार करने वालों तुम उन्हें अपनी पत्नी कहते हो और तुम्हें शर्म भी नहीं आती। बच्चों के बोझ और घुटन से उसकी असमय मृत्यु के जिम्मेदार लोगों तुम नैतिक हो? औरतों को लौडी बनाकर रखने वालों और उन पर शारीरिक मानसिक अत्याचार करने वालों तुम अपने को गौरवान्वित महसूस करते हो? परम्परा, मर्यादा, नेकचलनी के नाम पर औरत को बन्धक बनाने और खुद सरकारी साँड़ की तरह घूमने वालों तुम अपने को आदर्श मानते हो'[6] उक्त सन्दर्भ में लेखक का आक्रोश समाज में घटने वाली घटनाओं का यथार्थ प्रस्तुतीकरण से है कि किस तरह से लोग अपने परिवार में स्त्रियों और बच्चों के साथ अत्याचार और शोषण करते हैं उन्हें वह स्वतन्त्रता देने के पक्ष में नहीं है जिसे वह स्वयं अपने लिए चाहते हैं। समाज ने जिस तरह स्त्रियों के शोषण के लिए परम्परा एवं सामाजिक रूढ़ियाँ नामक हथियारों को स्त्रियों के विरूद्ध इस्तेमाल कर रहा है उससे आज समाज में स्त्रियों की स्थिति दास के समान होकर रह गई है।

अत: उपर्युक्त विवेचन एवं विश्लेषण के माध्यम से स्पष्टता के साथ कहा जा सकता है कि स्त्री जीवन में जो कुछ भी परिवर्तन घटित हुआ है वह उनके लिए पर्याप्त नहीं है उन्हें अपने अस्तित्व एवं अस्मिता के लिए पितृसत्तात्मक समाज से संघर्ष करना ही होगा तभी वह अपने लिए एवं स्वयं के भविष्य के लिए बेहतर समाज का निर्माण कर सकेगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. रमणिका गुप्ता, स्त्री मुक्ति : संघर्ष और इतिहास, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, सं0-2017, पृ0सं0-64
2. असग़र वजाहत, कैसी आगी लगाई, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0-2007, पृ0सं0-VI
3. असग़र वजाहत, बरखा रचाई, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0-2009, पृ0सं0-187
4. असगर वजाहत, पहर दोपहर, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0-2011, पृ0सं0-142
5. असग़र वजाहत, धरा अँकुराई, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0-2016, पृ0सं0-11
6. वहीं, पृ0सं0-85

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

पूर्व मध्ययुगीन काल तथा मालवा की वर्ण एवं जातिगत व्यवस्थायें

गुलाबराव डोंगरे* डॉ. श्रीमती विजेता चौबे**

प्रस्तावना – मध्ययुगीन भारत, प्राचीन भारत और आधुनिक भारत के बीच भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास की लंबी अवधि को दर्शाता है। अवधि की परिभाषाओं में व्यापक रूप से भिन्नता है, और आंशिक रूप से इस कारण से कई इतिहासकार अब इस शब्द को प्रयोग करने से बचते रहे। अधिकतर प्रयोग होने वाली परिभाषा में यूरोपीय मध्य युग की ही तरह मध्य युगीन काल को छठी शताब्दी से लेकर सोलहवी शताब्दी तक माना जाता है। इसे दो अवधियों में विभाजित किया गया है – प्रारंभिक मध्ययुगीन काल जो 6वीं से लेकर 13वीं शताब्दी तक और गत मध्ययुगीन काल जो 13वीं से लेकर 16वीं शताब्दी तक चला। यह काल 1526 ई. में मुगल साम्राज्य की शुरूआत के साथ ही समाप्त हो गया। एक वैकल्पिक परिभाषा में, जिसे हाल के लेखकों के प्रयोग में देखा गया है, जो मध्य कालीन काल की शुरूआत को आगे बढ़ा कर 10वी या 12वी सदी बताते है, इस काल के अंत को 18वी सदी तक धकेल देते है, हालांकि इस अवधि को प्रभावी रूप से मुस्लिम वर्चस्व से ब्रिटिश भारत की शुरूआत माना जा सकता है। इस प्रकार 8वी शताब्दी से 11वी शताब्दी की अवधि को पूर्व मध्ययुगीन काल कहा जायेगा।

***पूर्व मध्ययुगीन काल* –** पूर्व मध्ययुगीन काल के प्रारम्भ को लेकर इतिहासकारों के बीच मतभेद है, जहाँ कुछ इतिहासकार इसे गुप्त राजवंश के पतन के बाद 5वीं से 6वीं शताब्दी के बाद से शुरू हुआ मानते है, जबकि कुछ इसे 7वीं से 8वीं शताब्दी से शुरू हुआ मानते है। गुप्त साम्राज्य के पतन के बाद और दिल्ली सल्तनत के शुरू होने के बीच भारतवर्ष कई छोटे राज्य में बंटा हुआ था, हालांकि कई साम्राज्यों ने इसे पुन:गठित करने की कोशिश की लेकिन ज्यादा समय के लिये नहीं कर के। इस में सबसे महत्वपूर्ण गुर्जर–प्रतिहार, पाल और राष्ट्रकूट साम्राज्य के त्रिपक्षीय संघर्ष और भारत पर मुस्लिम आक्रमण का शुरूआत रहा।

पूर्व–मध्ययुगीन के आलोच्य अवधि राजनीतिक दृष्टि से भले ही यह उथल–पुथल का युग रहा हो लेकिन सामाजिक– सांस्कृतिक इतिहास की दृष्टि से इसमें विकास की एक निरन्तर प्रकिया विद्यमान रही है। इतना अवश्य है कि समय बीतने के साथ–साथ समृतिकारों द्वारा दी गयी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ हो गयी थी और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने अपना एक सुनिश्चित स्वरूप ग्रहण कर लिया था।

***पूर्व मध्ययुगीन काल एवं मालवा की वर्ण एवं जातिगत व्यवस्थायें* –** प्राचीन भारत के इतिहास में आठवी शताब्दी से बारहवी शताब्दी का काल सामाजिक–आर्थिक परिवर्तनों की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जाता है। इस काल मे किसी भी जीवंत वस्तु की भांति ही भारतीय सामाजिक संगठन और अर्थव्यवस्था, राजनीति तथा विचारों के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन अत्यधिक सजग एवं गतिमान थे। इस काल के सामाजिक परिवर्तनों के पीछे कुछ आर्थिक घटनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होने प्राचीन सामाजिक व्यवस्था के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदल दिया। इस काल में व्यापार वाणिज्य का ह्रास हुआ। रोम साम्राज्य के पतन हो जाने के कारण पश्चिमी देशों के साथ भारत का व्यापार बन्द हो गया। इस्लाम के उदय के कारण भी भारत का स्थल मार्ग से होने वाला व्यापार प्रभावित हुआ। नगर तथा नगरीय जीवन में भी ह्रास हुआ । सामाजिक गतिशीलता के अभाव के फलस्वरूप एक सुदृढ़ स्थानीयता की भावना का विकास हुआ। पूर्व मध्यकाल के द्वितीय चरण से हम व्यापार–वाणिज्य की स्थिति में सुधार के लक्षण देखते है। दसवी शती के बाद भारत का व्यापार पश्चिमी देशों के साथ पुन: तेज हो गया जिससे देश की आर्थिक प्रगति को प्रोत्साहन मिला। पूर्व मध्यकाल की आर्थिक परिस्थितियों ने सामाजिक जीवन को प्रभावित किया। ग्यारहवी शताब्दी की एक रचना में सामाजिक पदों तथा जन्म के आधार पर सामाजिक विभाजन पर बल दिया गया है, न कि व्यवसाय के आधार पर। विभिन्न धर्मो के पुरोहितों को जहां एक ओर पाखंडी कहा गया है, वहीं दूसरी शेष समाज का वर्गीकरण छह वर्गो के आधार पर किया गया है।

पूर्व मध्ययुगीन मालवा में ब्राह्मण समाज तथा राज्य के प्रधान व्यक्ति समझे जाते थे। ह्वेनसांग ने प्राय: ब्राह्मणों को धार्मिक कार्य करते हुये ही बताया है। कुछ ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार वे धार्मिक कार्य के अतिरिक्त राजनैतिक कार्यो को करते हुये, राजकीय पदो पर भी आरूढ़ होते थे। परमार राजाओं के राज्य काल में यह सन्धि–विग्रहक तथा यूतक होते थे। ब्राह्मणों के पश्चात मालवा मे क्षत्रियों का समाज में द्वितीय स्थान था। इनकी भी विभिन्न उपजातियां थी, यह कहना उचित होगा कि इस समय युद्ध प्रिय तथा शूरवीर होने के कारण विभिन्न जातियां क्षत्रियों में शामिल होते चली गयी। समाज में क्षत्रियों के बाद वैश्यों का स्थान था। इनका मुख्य कार्य कृषि तथा वाणिज्यिक सम्बन्धी था। जातिगत विशेषता के आधार पर वर्गीकरण के कारण इन्हे वणिक भी कहा जाता था। यह केवल अपने देश में ही नहीं वरन् दूरस्थ देशों में भी व्यापार कार्य करते थे। समाज में इनका स्थान इनकी धन–सम्पत्ति के आधार पर निर्धारित होता था। वैश्यों के पश्चात मालवा में शुद्रो को स्थान दिया गया था। इस समय में प्राचीन काल की अपेक्षा शुद्रों की स्थिति में सुधार हुआ पाया जाता है। यह व्यापार, लघु–उद्योग एवं सेवाकार्य में संलग्न थे। अन्य वर्णो के दिये हुये भोजन से जीवन–यापन करने के कारण इन्हें पद्जा से भी सम्बोधित किया जाता था। इनमें कई चारो वर्णो की स्थिति में जो अन्तर था, उसे देश का तत्कालीन दण्ड–विधान

* शोधार्थी (इतिहास) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (इतिहास) ज.हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) भारत

बिल्कुल स्पष्ट कर देता है। अपराधी जितने ही उच्च वर्ण का होता था, उस पर उतना ही कम जुर्माना किया जाता था। पाप के लिये प्राशचित भी जाति के अनुसार विभिन्न प्रकार का होता था।

यह एक स्वयं सिद्ध मनोवैज्ञानिक साक्ष्य है कि जब हमें विश्वास हो जाता है कि अमुक कार्य करने की मेरे पास क्षमता एव मेहनत है तथा वह कार्य हमारे लिये उपयोगी भी है तो इन दोनों विचारों से हमें स्वत: ही प्रेरणा मिलती है कि कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर दिया जाय और इसकी उपलब्धि या प्राप्त ज्ञान भी आगे कही न कहीं काम में आयेगा ही। इसी विचार को प्रो. ए. कल्स तथा विगफील्ड, 1985 ने कार्य-मूल्य दिया है जिसका सटीक अर्थ है कार्य करने का महत्व एवं उपयोग। चूंकि इसमें तीन बातें है - पूरा करने की सबल संभावना, स्वयं की संलग्नता-प्रयास, तथा भावी उपयोग, इसलिए एकल्स तथा विगफील्ड, 1993 ने इसके तीन मूल्य बतायें-

1. सम्प्राप्ति मूल्य या उपलब्धि मूल्य
2. अंतरंग मूल्य
3. उपयोगिता मूल्य

कार्य-मूल्य



विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास में इन समस्त कार्यमूल्यों का योगदान महत्वपूर्ण होता है।

उपरोक्त प्रस्तावना के आधार पर शोधार्थी ने निम्नलिखित उद्देश्यों का निर्धारण किया :-

उद्देश्य:

1. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त समग्र न्यादर्श अध्यापकों के कार्य मूल्यों का पता लगाना।
2. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों के कार्य मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त महिला एवं पुरूष अध्यापकों के कार्य मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ :

1. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों के कार्यमूल्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
2. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त महिला एवं पुरूष अध्यापकों के कार्यमूल्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन का संबंध किसी एक अध्यापक से न होकर उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त अध्यापकों के समूह से है,जिसके लिए **सर्वेक्षण विधि** अधिक उपर्युक्त है, क्योंकि सर्वे के द्वारा ही अध्यापकों के कार्यमूल्यों

*शोध निर्देशक, सहआचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (शिक्षा संकाय) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय) उदयपुर (राज.) भारत

के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह वर्तमान स्थिति का स्पष्टीकरण तथा भावी-परिवर्तन में सहायक एवं वर्तमान व्यावहारिक समस्याओं का निर्धारण करती है, तथा मानव-व्यवहार के विभिन्न पक्षों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करती है।

शोध में प्रयुक्त न्यादर्श – अनुसंधान कार्य में न्यादर्श का बड़ा महत्व है। प्रस्तुत शोधकार्य हेतु न्यादर्श का चयन करने के लिए निम्नलिखित सोपनों का प्रयोग किया गया है:-

1. सर्वप्रथम शोधार्थी ने उदयपुर जिले के 500 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के नामों की सूची जिला कार्यालय से प्राप्त की। इस सूची के विद्यालयों के नामों की चिट्ठिया बनाकर लॉटरी विधि द्वारा 200 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया।
2. संवेगात्मक बुद्धि उपकरण को अध्यापकों (N=1000) द्वारा प्राप्त प्रदत्तों के आधार पर मध्यमान ± एक मानक विचलन (64.8+10=74.8) या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को उच्च संवेगात्मक बुद्धि वाले अध्यापक कहा गया है, जिनकी संख्या 198 प्राप्त हुई जो कुल न्यादर्श का19.8% प्राप्त हुआ।

शोध उपकरण – न्यादर्श चयन हेतु शोधार्थी द्वारा स्वनिर्मित संवेगात्मक बुद्धि लब्धि प्रमापनी का प्रयोग किया गया तथा शिक्षकों के कार्यमूल्य मापन हेतु स्वनिर्मित कार्यमूल्य प्रमापनी का प्रयोग किया गया।

शोध प्रविधि – आंकड़ों के संकलन के पश्चात् उनका विश्लेषण करने हेतु सांख्यिकी प्रविधि का प्रयोग किया जाता है। प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी द्वारा निम्नलिखित सांख्यिकी का प्रयोग किया गया है :-

1. मध्यमान
3. मानक विचलन
4. टी-परीक्षण

शोध के परिणाम एवं निष्कर्ष :-

सारणी संख्या 1 : उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त समग्र न्यादर्श अध्यापकों के कार्य मूल्यों का प्रतिशत मध्यमान के आधार पर विश्लेषण

क्र.	क्षेत्र	N	कथनों की संख्या	कट-पोईन्ट मध्यमान	वास्तविक मध्यमान
1.	उपलब्धि मूल्य	198	12×3=36	36	40.00
2.	अंतरंग मूल्य	198	11×3=33	33	40.2
3.	उपयोगिता मूल्य	198	12×3=36	36	40.5

सारणी से निम्न परिणाम परिलक्षित होते हैं :-

1. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त समग्र अध्यापकों (N=198) द्वारा कार्य मूल्य प्रमापनी के उपलब्धि मूल्य क्षेत्र के 12 कथनों का वास्तविक मध्यमान 40.00 प्राप्त हुआ जो कट पोईन्ट मध्यमान (12×3=36) 36 से अधिक है।
2. कार्य मूल्य के आभास अंतरंग मूल्य के 12 कथनों पर उच्च संवेगात्मक समग्र अध्यापकों द्वारा व्यक्त राय का वास्तविक मध्यमान 40.2 प्राप्त हुआ जो कट पोईन्ट मध्यमान 36 से अधिक है। अत: उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त अध्यापकों के अन्तरंग मूल्य क्षेत्र पर सकारात्मक तथा संतोषप्रद परिणाम प्राप्त हुआ।
3. कार्य मूल्य प्रमापनी के क्षेत्र 'उपयोगिता मूल्य' पर समग्र अध्यापकों द्वारा व्यक्त राय का वास्तविक मध्यमान 40.5 प्राप्त हुआ जो कट पोइन्ट मध्यमान 36 से अधिक प्राप्त हुआ वास्तव 'उपयोगिता मूल्य' क्षेत्र के कथनों से प्राप्त राय के अनुसार उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त समग्र अध्यापक संतुष्ट तथा संतोष व्यक्त करते है।

सारणी संख्या 2 : (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

आरेख संख्या 1 : (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या –

1. कार्य मूल्य प्रमापनी के आयाम 'उपलब्धि' पर दोनों समूहों के लिए टी-मान 2.94 प्राप्त हुआ, जो कि df =196 के 0.01स्तर के सारणीमान 2.60 से उच्च है, जो यह दर्शाता हैं कि दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर सार्थक है।
2. कार्य मूल्य प्रमापनी के आयाम 'अंतरंग' पर दोनों समूहों के लिए टी-मान 3.78 प्राप्त हुआ, जो कि df =196 के 0.01स्तर के सारणीमान 2.60 से उच्च है, जो यह दर्शाता हैं कि दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर सार्थक है।
3. कार्य मूल्य प्रमापनी के आयाम 'उपयोगिता' पर दोनों समूहों के लिए टी-मान 3.80 प्राप्त हुआ, जो कि df=196के 0.01स्तर के सारणीमान 2.60 से उच्च है, जो यह दर्शाता हैं कि दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर सार्थक है।

सारणी संख्या 3 : (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

आरेख संख्या 2 : (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या –

1. कार्य मूल्य प्रमापनी के आयाम 'उपलब्धि' पर दोनों समूहों के लिए टी-मान 2.55 प्राप्त हुआ, जो कि df=196के 0.05स्तर के सारणीमान 1.97 से उच्च है, जो यह दर्शाता हैं कि दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर सार्थक है।
2. कार्य मूल्य प्रमापनी के आयाम 'अंतरंग' पर दोनों समूहों के लिए टी-मान 6.25 प्राप्त हुआ, जो कि df=196के 0.01स्तर के सारणीमान 2.60 से उच्च है, जो यह दर्शाता हैं कि दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर सार्थक है।
3. कार्य मूल्य प्रमापनी के आयाम 'उपयोगिता' पर दोनों समूहों के लिए टी-मान 3.33 प्राप्त हुआ, जो कि df=196के 0.01स्तर के सारणीमान 2.60 से उच्च है, जो यह दर्शाता हैं कि दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर सार्थक है।

निष्कर्ष :

1. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण शिक्षकों की अपेक्षा शहरी शिक्षक अपने पास उपलब्ध साधन-सुविधाओं का भरपूर उपयोग करके अधिगम को अधिक स्थायी बनाते हैं तथा हर छात्र के सीखने के तरीके को समझकर उसके अनुरूप अपने शिक्षण कार्य को अधिक संयोजित करते हैं।
2. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण शिक्षकों की अपेक्षा शहरी शिक्षक विद्यार्थियों की रूचियों एवं आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखकर अध्यापन इस तरह कराते हैं कि विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़े, विद्यार्थी स्वयं सोचे, खोजे, देखे तथा निष्कर्ष निकाले।
3. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण शिक्षकों की अपेक्षा शहरी शिक्षक विद्यार्थियों की योग्यता वृद्धि पर विशेष ध्यान देतें है तथा कोई विद्यार्थी अच्छा कार्य करता है तो उसकी प्रशंसा करते हैं।

4. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त पुरूष शिक्षकों की अपेक्षा महिला शिक्षक प्रत्येक पाठ के बिन्दु को व्यवस्थित एवं सार्थक बनाकर प्रस्तुत करती है तथा विद्यार्थियों से गलती होने पर डाँटने की बजाय गलती को सुधारने पर ज्यादा बल देती है।
5. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त पुरूष शिक्षकों की अपेक्षा महिला शिक्षक विद्यार्थियों के साथ उचित सम्पर्क करके संज्ञानात्मक सहभागिता तथा सम्बद्धता की आवश्यकता को अधिक बढ़ावा देती है।
6. उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त पुरूष शिक्षकों की अपेक्षा महिला शिक्षक उपयोगी शैक्षिक कार्यों को करवाने पर अधिक बल देती हैं तथा विद्यार्थियों को सीखने हेतु आत्मविश्वास को बढ़ाने में अधिक विश्वास रखती है।

वर्तमान में प्रासंगिकता – इस शोध आलेख के अध्ययन द्वारा उच्च संवेगात्मक बुद्धियुक्त अध्यापक अपने शिक्षण को कार्यमूल्य के साथ करते हुए विद्यार्थियों की अधिगम की ओर रूचि बढ़ाते हुए कक्षा कक्ष के वातावरण को अधिक अच्छा बना सकते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Verma, Yogindar (2007) : "Education Human Values for Human Excellenence".
2. Gupta, Dr. N.L. (1992) : "A Search for Human Values".
3. Singha, Madhuri; Yunus, Sabiha (2000) : "Values and Personality Disposition of University Teachers.
4. Gupta, Dr. N.L. (1992) : "Creativity and Values Education Perspectives".
5. Bagheeayalle, Mrs. Saroj : "The Cultural Values of Adolescents".
6. Harding, D.W. (1963) : "Social Psychology and Individual Values".
7. गोलवलकर, डॉ. श्रीमती शोभा; भाटी, श्रीमती सीमा सिंह : 'मूल्य शिक्षा'।
8. Allport, G.W. et al. (1931) : "Study of Values", Houghton Mifflin Co., Boston.
9. Allport, C.W., Vernon, P.E., & Lindrey, G. (1931-1960) : "A Study of values", Boston Houghton, Miffin.
10. Best, J.W. (1963) : "Research in Education" Prentice Hall of India, New Delhi.
11. Borg, W.R. Or Gallm (1973) : "Education Research An Introduction" Longmen Research, New Delhi.

सारणी संख्या 2 : उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों के कार्य मूल्यों का तुलनात्मक विश्लेषण

क्र.	प्रमापनी के आयाम	मध्यमान		मानक विचलन		टी-मान	.05/.01स्तर परसार्थकता
		समग्र शहरी अध्यापक (N=108)	समग्र ग्रामीण अध्यापक (N=90)	समग्रशहरी अध्यापक (N=108)	समग्र ग्रामीण अध्यापक (N=90)		
1.	उपलब्धि	41.5	38.5	6.0	8.1	2.94	.01 स्तर पर
2.	अंतरंग	41.6	38.6	7.7	8.4	3.78	.01 स्तर पर
3.	उपयोगिता	42.5	38.5	6.8	7.9	3.80	.01 स्तर पर

आरेख संख्या 1 : उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों के कार्य मूल्यों के मध्यमान



सारणी संख्या 3 : उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त महिला एवं पुरूष अध्यापकों के कार्य मूल्यों का तुलनात्मक विश्लेषण

क्र.	प्रमापनी के आयाम	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	.05/.01स्तर परसार्थकता
		समग्र महिला (N=110)	समग्र पुरूष (N=88)	समग्र महिला (N=110)	समग्र पुरूष (N=88)		
1.	उपलब्धि	38.8	41.2	8.2	5.1	2.55	.05 स्तर पर
2.	अंतरंग	38.3	41.8	8.5	6.8	6.25	.01 स्तर पर
3.	उपयोगिता	39.0	42.0	8.1	5.3	3.33	.01 स्तर पर

आरेख संख्या 2 : उच्च संवेगात्मक बुद्धि युक्त महिला एवं पुरुष अध्यापकों के कार्य मूल्यों के मध्यमान



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Role of Brand Image in influencing Customers' buying behavior for Patanjali Products in Personal Care Category

Dr. Sonal Gupta *

Abstract - Patanjali products had undoubtedly created revolution in FMCG market with its presence as Indian product. Brand image of yoga guru Baba Ramdev has contributed indecisively in creating a positive image of Patanjali products among Indian households. The purpose of the study is to explore the role of brand image of Baba Ramdev in influencing buying behavior of customers for Patanjali products in personal care category. It also attempts to study the role of brand image in influencing customers' perception towards perceived risk and perceived quality among customers. A sample of 147 respondents were drawn through convenience sampling method. Study hypotheses were tested with ANOVA and t-test. Study result indicates that Baba Ramdev brand image puts significant impact on customers' buying behavior by affecting their perception towards perceived risk and perceived Quality in personal care category
Keywords- Brand Image, Buying Behavior, Perceived Quality, Perceived Risk, Personal Care.

Introduction - Out of the blues of big multinational brand names in FMCG, a new name Patanjali Ayurveda came in to existence in 2006 by yoga guru Baba Ramdev and Acharya Balkrishna. As the name incorporates Ayurveda the company utilizes the strategy of connecting Indian people with nature through their products and no wonders it succeeded. Baba Ramdev portrayed himself as the face of the brand. Well might be for consumers this came all of a sudden but it had started years back when baba Ramdev tried to connect people with yoga, nature and Ayurveda with his lifestyle and teachings. His years of brand building actually came as a resultant effect by the name of Patanjali Ayurveda.

Baba Ramdev pitched it very rightly in market, when most of the FMCG companies are providing chemical based products.

Present study aims to access the role of baba Ramdev's brand image in influencing customers buying behavior towards Patanjali products in personal care category. Moreover, it attempts to find the influence of brand image of Baba Ramdev on perceived risk and perceived quality among customers.

Objectives:

1. To examine the influence of Baba Ramdev's brand image on buying behavior of customers for Patanjali products in personal care category.
2. To study the influence of Baba Ramdev's brand image on customers' perception towards perceived risk for Patanjali products personal care category.
3. To explore the influence of Baba Ramdev's brand image on customers' perception towards perceived quality for Patanjali products personal care category.

Literature Review

For a company brand act as asset (Chen & Chang, 2008) A brand can be defines as a name, term, sign, symbol or design or a combination of all of these that intended to identify the goods and services of one seller or a group of sellers and to differentiate them from those of competitors" (Kotler, 1997, p. 443). Brand credibility is defined as the believability of brand intentions at a particular time (Erdem and Swait 2004).

Many studies in the past had found the importance of credibility of brand endorsers in influencing purchasing intentions of consumers (Agrawal & Kamakura, 1995). Consumer's perception consists of two phases one is brand reliability and his experience with the brand regarding its capability of performing what it promises (Erdem et al, 2002).

Farquhar (1990) suggested the perceived quality relates positively with brand credibility. Both goes parallel with one another. As credibility increase so as the perceived quality of product as a result it reduces perceived risk. Credibility is senders image value or characteristic that have the power to positively influence receiver in accepting the message transferred. (Ohanion ,1990)

The consumer behaviour is a combination of customer's buying awareness combined with external motivators lead to change in the consumer's behaviour (Kar, 2010).

Perceived quality can be defined "as the consumer's judgment about a product's overall excellence or superiority" (Zeithaml,1988). Perceived quality increases consumers'

*Associate Professor, Acropolis Technical Campus, Indore (M.P.) INDIA

confidence in product that leads to customer buying process (Pappu et al. ,2005)

Shiffman and Kanuk (2000) has defined the perceived risk as "the uncertainty consumers face when they cannot foresee the consequences of their purchase decisions".

Research Methodology - The study encompasses a descriptive research design. Primary and secondary both data were carried out to conduct the study. Data was collected through self-design survey instrument. Questionnaire was designed on Likert scale, the 5-point scale has a rating from 1=strongly disagree to 5=strongly agree.

Sample was drawn on the basis of convenience sampling technique from Indore city of Madhya Pradesh. In total 200 respondents were communicated through hard copy questionnaire and google form of the same. 158 responses came back and after checking missing values and other requirements 147 responses were found suitable for analysis.

Cronbach's coefficient alpha was applied to test the reliability of the self-designed questionnaire used in the study. The instrument was found reliable with alpha value of .74 which is acceptable and good according to past research. For face and content validity instrument was distributed to 57 subject experts for review. The questionnaire was edited according to review and then administered for the study among respondents.

The hypotheses of the study were tested through one way ANOVA and t-test.

Data Analysis

$H_{o1:}$ There is no significant influence of Baba Ramdev's brand image on customers buying behavior for Patanjali products in personal care category.

$H_{11:}$ There is significant effect of Baba Ramdev brand on customers buying behavior for Patanjali products in personal care category.

ANOVA -

One-way ANOVA

	Sum of Squares	df	Mean Square	F	Sig.
Between Groups	3.559	4	1.165	.740	.02
Within Groups	56.269	42	1.552		
Total	59.828	46			

Table value indicates that significance value is less than .05 hence null hypothesis is rejected and alternate is accepted Thus result shows that there is significant influence of Baba Ramdev's brand image on customers buying behavior for Patanjali products in personal care category.

H_{o2}:Baba Ramdev brand image has no significant role in influencing customers' perception perceived risk for Patanjali products in personal care category.

H_{12}:Baba Ramdev brand image has significant role in influencing customers' perception perceived risk for Patanjali products in personal care category.

Table (see in next page)

Results of t-test indicates that significant value is less than .05 hence null hypothesis H_{o2}: Brand image of Baba Ramdev has no significant role in significant role in influencing customers' perception towards perceived risk for Patanjali products in personal care category, is rejected and thus suggests that brand image of Baba Ramdev play significant role in influencing customers' perception towards perceived risk for Patanjali products in personal care category.

$H_{o3:}$ Baba Ramdev brand image has no significant role in influencing customers' perception towards perceived quality for Patanjali products in personal care category.

$H_{13:}$ Baba Ramdev brand image has no significant role in influencing customers' perception towards perceived quality for Patanjali products in personal care category.

Table (see in next page)

Results of t-test indicates that significant value is more than .05 hence null hypothesis $H_{o3:}$ Brand image of Baba Ramdev has no significant role in influencing customers' perception towards perceived quality for Patanjali products in personal care category, is rejected thus it implies that brand image of Baba Ramdev has significant role in influencing customers' perception towards perceived quality for Patanjali products in personal care category.

Conclusion and Discussions - Patanjali could be considered as the first FMCG brand name that have a yoga guru as its brand ambassador. It opens up a new space for research in the field of brand credibility and its impact on customer perception. Study results indicate that brand image of Baba Ramdev, a spiritual guru can influence buying decisions. The personality and knowledge of baba Ramdev inspire customers to own Patanjali products as they relate it with nature. Furthermore, the study also highlighted the positive impact of baba Ramdev image on customers perception in terms of its influence on perceived risk and perceived quality of Patanjali products in personal care category. Perceived risk and perceived quality provide customers ability to judge and differentiate between brands (Pappu. Et al, 2005).

Strategically the brand Patanjali has established itself as a lifestyle that is simple and pure. Baba Ramdev has well positioned its image as swadeshi in front of Indians especially when many FMCG companies were catering customers with chemical products.

The study concludes that Patanjali brand has rightly pick the need of the customers in fast moving life. The perception and reality of being closed to nature worked well with face of the brand Baba Ramdev.

References:-

1. Agrawal, J., Kamakura, W. A. (1995). The economic worth of celebrity endorsers: An event study analysis. Journal of Marketing, 59(3), 56-62.
2. Chen, C.F., and Chang, Y.Y. 2008. "Airline brand equity, brand preference, and purchase intentions – The

moderating effects of switching costs", The Journal of Air Transport Management", Vol.14, pp. 40-43.

3. Erdem, T & Swait, J. (2004). Brand credibility, Brand Consideration, and Choice. Journal of Consumer Research, 31, 191-198.
4. Erdem, T., Swait, J. and Louviere, J. (2002). The Impact of Brand Credibilty on Consumer Price Sensitivity, International Journal of Research in Marketing, 19, 1-19.
5. Farquhar, P. H. (1990). Managing Brand Equity, Journal of Advertising Research, 30, 4, 7-12.
6. Kar, M. (2010), "Consumer behaviour over the last 25 years", Oxirm Research Themes, Oxford Institute of Retail Management, The Retail Digest, pp. 46-53.
7. Kotler, P. (1997). Marketing Management, 7th Edition. Englewood Cliffs: NJ: Prentice-Hall.
8. Ohanian, R. (1990). Construction and validation of scale to measure celebrity endorser's perceived expertise, trustworthiness, attractiveness. Journal of Advertising , 324-340.
9. Pappu, R., Quester, P.G, and Cooksey, R.W. (2005). Consumer-based brand equity: Improving the measurement- empirical evidence. Journal of Product and Brand Management, Vol. 104, No. 3, pp.
10. Shiffman, L. & Kanuk, L. (Ed.). (2000). Consumer Behavior. Upper Saddle River, NJ: Prentice-Hall.
11. Zeithaml, V.A. (1988). Consumer perceptions of price, quality, and value: A means-end model and synthesis of evidence. Journal of Marketing, Vol. 52, No. 3, pp. 2-22. http://dx.doi.org/10.2307/1251446.

Paired Variables	**Paired Differences**					**t**	**df**	**Sig.(2-tailed)**
	Mean	**Std.Deviation**	**Std.ErrorMean**	**95% Confidence interval of the Difference**				
				Lower	**Upper**			
Pair 1-brand credibility-Perceived risk	.87	.90	.154	.50	1.00	5.23	49	.002

Paired Variables	**Paired Differences**					**t**	**df**	**Sig.(2-tailed)**
	Mean	**Std.Deviation**	**Std.ErrorMean**	**95% Confidence interval of the Difference**				
				Lower	**Upper**			
Pair 1-brand credibility-Perceived quality	.83	.88	.139	.54	1.07	4.52	49	.003

✲✲✲✲✲✲✲✲✲✲✲✲✲

बजट तैयार करने में चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों की भूमिका

बीना राणावत *

प्रस्तावना – 'बजट, सरकार के आय-व्यय का अनुमान मात्र नहीं है बल्कि यह एक प्रतिवेदन, एक अनुमान तथा एक प्रस्ताव, तीनों है या इसे होना चाहिए। यह एक ऐसा लेखा पत्र है जिसके माध्यम से कार्यपालिका, व्यवस्थापिका के सम्मुख आती है और विस्तार के साथ अतीत, वर्तमान और भविष्य की वित्तीय स्थितियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है।' -एफ. डब्ल्यू. विलोबी

राज्य की उत्पत्ति के साथ ही वित्त का भी किसी ना किसी रूप में अस्तित्व रहा है। चूंकि राज्य की उत्पत्ति के उद्देश्यों में से सर्वप्रमुख उद्देश्य जनकल्याण है अत: सरकार द्वारा किये गये समस्त कार्यो का अंतिम उद्देश्य जनकल्याण ही होता है। प्रत्येक लोकतांत्रिक सरकार प्रत्येक वर्ष जनकल्याण हेतु अनेक योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यक्रमों आदि का संचालन करती है। इन योजनाओं और परियोजनाओं के संचालन हेतु वित्त की आवश्यकता होती है जिसे सरकार प्रत्येक वर्ष बजट के रूप में विधायिका से स्वीकृत करवाती है। **भारत के संविधान** के **अनुच्छेद** 112 में इसे **'वार्षिक वित्तीय विवरण'** के रूप में वर्णित किया गया है।

यद्यपि बजट सरकार द्वारा वर्षभर प्राप्त होने वाली आय तथा किये गये और किये जाने वाले व्यय का विवरण होता है तथापि यह इससे भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता है। प्रथमत: यह समझने की आवश्यकता है कि बजट किसी लोकतांत्रिक सरकार की जनता के प्रति जवाबदेयता को सुनिश्चित करने का उपाय है जिसमें कार्यपालिका द्वारा जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों से गठित विधायिका के सामने अपने द्वारा वर्षभर किये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय स्वीकृति हेतु बजट के रूप में प्रस्ताव रखा जाता है जिस पर पर्याप्त चर्चा, वाद-विवाद और संशोधन के बाद ही अनुमति प्रदान की जाती है। इस प्रकार से सरकार के कार्यो पर जनता द्वारा अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस संबंध में लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष **श्री जी.वी. मावलंकर** का कहना था-'यह एक मान्य सिद्धांत है कि वित्त विधेयक के किसी भी विषय पर चर्चा की जा सकती है और जनता की किसी कठिनाई पर प्रकाश डाला जा सकता है। इसका आधार यह सिद्धांत है कि किसी भी नागरिक से तब तक कोई कर ग्रहण नहीं किया जायेगा जब तक कि उसे संसद के माध्यम (जनप्रतिनिधि) से अपने विचार प्रस्तुत करने तथा असंतोष प्रकट करने का पर्याप्त अवसर प्राप्त नहीं हो जाये।'

दूसरी ओर बजट सरकार के आय-व्यय का लेखा-जोखा मात्र ना होकर सरकार पर विधिक नियंत्रण स्थापित करने का एक उपाय भी है। गहन दृष्टि से देखने पर यह ज्ञात होता है कि बजट एक ओर जनप्रतिनिधियों की सरकार के प्रति एवं सरकार के विरूद्ध शक्ति है तथा सरकार पर नियंत्रण स्थापित करने का साधन है। वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों के लिए यह आमजन के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण करने के लिए एक अवसर के रूप में है। जनप्रतिनिधियों द्वारा बजट में सक्रिय भूमिका निभा कर अपने पद और इस अवसर का जनकल्याण के लिए भरपूर लाभ उठाया जाना चाहिए। सामान्यत: निम्नलिखित क्रियाएँ जनप्रतिनिधियों के लिएबजट का लाभ उठाने में सहायक हो सकती हैं-

सक्रियता – सामान्यत: फरवरी माह में बजट प्रस्तुत होने के 7-8 माह पूर्व ही बजट की तैयारियाँ प्रारम्भ हो जाती हैं तथा सितम्बर माह में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के पास बजट अनुमान तैयार करने हेतु निर्धारित प्रपत्र भेजा जाता है जिसमें प्रत्येक विभाग अपनी वर्षभर की आय-व्यय के आँकड़े भरता है तथा आगामी वर्ष के लिए माँगों या आवश्यकताओं का विवरण भी दिया जाता है। जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि जब विधायिका का सत्र नहीं चल रहा हो तबवे अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सभी प्रकार की समस्याओं और आवश्यकताओं की सूची तैयार कर लेवें तथा सभी सम्बंधित विभागों को इन आवश्यकताओं से अवगत करवा कर उनकी माँग सूची में दर्ज करवा लेवें ताकि बजट के प्रारूप के साथ यह भी कार्यपालिका तक पहुँच जायें। इस प्रकार यह जनप्रतिनिधिकी सक्रियता पर निर्भर करता है कि वह अपने क्षेत्र में कितने अधिक सक्रिय हैं तथा क्षेत्र की अधिक से अधिक माँगों को सम्बंधित विभाग तक पहुँचा पा रहे हैं। चित्तौड़गढ़ के सभी विधायक समय-समय पर जनता के मध्य उपस्थित होते हैं और जनसुनावाई के माध्यम से जनता की समस्याओं को जानने का प्रयास भी करते हैं जिससे चित्तौड़गढ़ क्षेत्र की समस्याओं को सरकार के समक्ष रख सकें और शामिल करवा सकें।

सदन में उपस्थिति – जनप्रतिनिधियों की बजट में भूमिका के लिए सर्वाधिक आवश्यक तत्व उनकी सदन में उपस्थिति है। अगर जनप्रतिनिधि उपस्थित ही नहीं होंगे तो बजट सत्र में वो अपने क्षेत्र को प्रतिनिधित्व प्रदान कर पाने में विफल रहेंगे और क्षेत्र की माँगों और आवश्यकताओं को प्रस्तुत ही नहीं कर पायेंगे। राजस्थान की दसवीं एवं ग्यारहवीं विधानसभा के बजट सत्रों मेंचित्तौड़गढ़ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगभग 28 से 37 प्रतिशत के अनुपात में सम्पूर्ण सत्र में अनुपस्थित रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि राजस्थान की इतने प्रतिशत जनता और क्षेत्र का बजट सत्र में प्रतिनिधित्व नहीं हो पाया है और ना ही उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा हो पायी है। अत: जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा रहती है कि वह बजट सत्र एवं अन्य सत्रों में भी अपनी अधिकतम उपस्थिति दर्ज करवा कर कार्यवाही में भाग लें साथ ही सक्रिय रूप से प्रस्तावों पर अपने विचार एवं माँगे रखें।जहाँ एक ओर चित्तौड़गढ़ जिले के विधायकों की सदन में उपस्थिति कम हैं वहीं दूसरी ओर सदन में प्रश्न पूंछने में भी जिले के विधायक बहुत पीछे हैं। जिले के विधायकों की सक्रियता पर प्रश्न

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

चिह्न खड़ा होता है।

आय–व्ययक एवं माँगों पर चर्चा – सदन में एक निश्चित दिन आय–व्ययक प्रस्तुत किया जाता है तथा इसके बाद अध्यक्ष द्वारा निर्धारित दिन इस पर सम्पूर्ण रूप से या इसके अर्न्तगत किसी सिद्धांत के किसी प्रश्न पर चर्चा की जाती है। इस समय सदस्यों के पास अवसर होता है कि चर्चा में अपना पक्ष रख सकें तथा अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं को इनसे सम्बंधित कर सकें। इसके अतिरिक्त विपक्षी दल के सदस्यों के पास यह अवसर होता है कि वह सरकार की नीतियों और योजनाओं की कमियाँ बताकर उनकी आलोचना कर सकें। जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र में सक्रियता का एक लाभ यह भी होता है कि उन्हें अपने क्षेत्र की वस्तुस्थिति का ज्ञान होता है तथा उसमें उपस्थित समस्याओं की भी जानकारी रहती है जिन्हें वह बजट सत्र के दौरान प्रस्तावों से जोड़ कर प्रस्तुत कर सकते हैं। विधानसभा सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें बजट सत्र से पूर्व अपने सम्पूर्ण क्षेत्र का जायजा ले लेना चाहिये या अपने कार्यकर्ताओं या स्थानीय प्रतिनिधियों से उनकी माँगों व आवश्यकताओं के बारे में विचार–विमर्श कर लिया जाना चाहिए जिससे सदस्य का बजट सत्र में आने से पूर्व एक पक्का होमवर्क हो जाये। इससे यह लाभ होगा कि बजट में प्रस्तुत की गई योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ स्थानीय माँगों को जोड़ा जा सकेगा तथा अपने क्षेत्र के लिए बजट की योजना या अनुदान में विशेष माँग की जा सकेगी। साथ ही सदस्य को अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को प्रस्तुत करने और उन्हें स्पष्ट रूप से सरकार तक पहुँचाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आयेगी। साथ ही किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रस्तुत की गई समस्या, जो कि उनके क्षेत्र की समस्या से समानता रखती है का समर्थन किया जा सकेगा और उसका सन्दर्भ भी दिया जा सकेगा।

कटौती प्रस्ताव – बजट में प्रत्येक विभाग से सम्बंधित अनुदान माँगों पर विभागवार प्रत्येक व्यय पर चर्चा होती है। अनुदान माँगों पर कटौती के लिए सामान्यत: तीन कटौती प्रस्ताव आ सकते हैं यथा, नीतिगत कटौती प्रस्ताव, मितव्ययता सम्बंधित कटौती प्रस्ताव तथा प्रतीकात्मक कटौती प्रस्ताव। विपक्षी दल के सदस्यों के लिए सरकार पर नियंत्रण स्थापित करने और बजट की आलोचना करने के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर की तरह है। यद्यपि सरकार के पास बहुमत होने की वजह से ये प्रस्ताव पारित नहीं हो पाते हैं परन्तु सदस्य इस रूप में अपना विरोध दर्ज करवा सकते है। सदस्य यदि सरकार की किसी नीति का विरोध कर रहे हैं तो वह नीति सम्बंधित कटौती प्रस्ताव ला सकते हैं जिसमें वास्तविक माँग की धनराशि को केवल एक रूपये के रूप में परिवर्तित करने का प्रस्ताव होता है तथा इस नीति के विकल्प के रूप में विपक्षी दल के सदस्यों द्वारा दूसरी नीति प्रस्तावित की जा सकती है। इस प्रकार सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई नीति की आलोचना की जा सकती है।

दूसरी ओर विपक्षी दल के सदस्य यदि किसी वर्तमान में संचालित नीति या योजना की आलोचना करना चाहते हैं और उन्हें लगता है कि इसमें सरकारी धन का अपव्यय हो रहा है तो वे इस हेतु मितव्ययता सम्बंधित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत कर एक विशिष्ट राशि अनुदान में से कम करने का प्रस्ताव रख सकते हैं। इसी प्रकार सरकार को किसी विशिष्ट विभाग या योजना से सम्बंधित समस्या से अवगत करवाने के लिए प्रतीकात्मक कटौती प्रस्ताव लाया जा सकता है जिसमें सम्बंधित अनुदान की माँग में से 100 रूपये की कटौती का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इस प्रकार सदस्य विपक्षी दल के सदस्य के रूप में किसी भी विभाग, क्षेत्र या योजना से सम्बंधित समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं और सरकार का घेराव कर सकते हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन – प्रत्येक वर्ष राजस्थान विधानसभा में लगभग 127 वार्षिक प्रतिवेदन, जिनमें राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग आदि आयोग, विभिन्न विकास प्राधिकरण, अधिकरण, निगम, मण्डल, संघ, निदेशालय, विभाग, राजकीय उपक्रम आदि शामिल हैं,द्वारा प्रस्तुत किये जाते हैं तथा इन पर चर्चा होती है। कई ऐसे आयोग हैं जिनकी सिफारिशों को ना मानने पर सरकार द्वारा इस समय उसके लिए स्पष्टीकरण देना पड़ता है। विपक्षी दलों के सदस्यों के लिए यह सरकार को घेरने के अवसर की तरह है जहाँ उन मुद्दों पर सरकार की आलोचना की जा सकती है जिन पर आयोग की सिफारिशों को नहीं माना गया है। वहीं दूसरी ओर सभी सदस्य इन वार्षिक प्रतिवेदनों का अध्ययन कर विभागों व आयोगों की कमियों को उजागर कर सकते हैं और इसमें हो रही वित्तीय अनियमितताओं या अपव्यय या वित्त की कमी को सदन के सामने ला सकते हैं। साथ ही विभाग की किसी योजना में दिये जाने वाली राशि की कमी या वृद्धि पर बजट सत्र में प्रश्न उठाया जा सकता है। वार्षिक प्रतिवेदनों के अध्ययन से जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विभागों में कमियों की जानकारी मिलती है जिसे विधायिका में उठाया जा सकता है और सरकार का उनकी तरफ ध्यान आकर्षित किया जा सकता है।

बजट में कटौती – सामान्यत: सरकार द्वारा बजट में किये गये प्रावधान उस वर्ष किसी योजना पर होने वाले अधिकतम व्यय को प्रदर्शित करते हैं। इस प्रकार प्रत्येक योजना पर प्रस्तावित व्यय को कम किये जाने की संभावना रहती है। संविधान के प्रावधान के अनुसार बजट में वर्णित व्यय के प्रावधानों को कम तो किया जा सकता है परन्तु वृद्धि नहीं की जा सकती है। अत: विपक्षी दल के सदस्यों के लिए यह उपयुक्त अवसर होता है जब वह बजट के प्रावधानों को कम करवा कर ऐसी योजनाओं या कार्यक्रमों में संभावित अपव्यय को रोक सकते हैं और योजनाओं की आलोचना कर सकते हैं साथ ही साथ करों के प्रावधानों को कम करवा कर जनता से वाहवाही लूट सकते हैं जो कि उनकी उपलब्धि के रूप में गिनी जायेगी।

समितियों के सदस्य के रूप में – विधान सभा में विशेष विषयों, मुद्दों व प्रस्तावों पर विशेष रूप से चर्चा व सुझाव के लिए विधायी समितियों का प्रावधान हैं जिसमें से चार वित्तीय समितियाँ, यथा–लोकलेखा समिति, राजकीय उपक्रम समिति तथा दो प्राक्कलन समिति हैं। जो जनप्रतिनिधि इन समितियों के सदस्य हैं वे सम्बंधित वित्तीय मामलों को इन समितियों में उठा सकते हैं तथा इन पर चर्चा एवं जाँच करवा सकते हैं जो कि अन्तत: बजट को प्रभावित करेगी। इसके अतिरिक्त भी विधायिका में कई प्रकार की समितियाँ होती हैं जिनमें अध्यक्ष या सदस्य के रूप में जनप्रतिनिधि अपनी सार्थक भूमिका निर्वाहित कर सकते हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों को सरकार की गतिविधियों पर वर्ष भर नजर रखनी चाहिए जिससे उनकी वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी रहें तथा इन वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दों को बजट सत्र में उठाया जा सके। इसके अतिरिक्त सदस्य नियंत्रक एवं महालेखपरीक्षक के वार्षिक प्रतिवेदन के अध्ययन द्वारा भी विभिन्न विभागों की वित्तीय अनियमितताओं और कमियों के बारे में जान सकते हैं तथा बजट पर चर्चा और अनुदान की माँगों पर चर्चा के समय इनको प्रस्तुत कर सकते हैं।

सामान्यत: बजट बनाने में शासक दल का प्रभुत्व रहता है परन्तु झारखण्ड राज्य केवर्तमान मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास द्वारा प्रारम्भ एक नवीन

परम्परा के अन्तर्गत विधान सभा के अध्यक्ष व सभी सदस्यों के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्रियों तथा सांसदों से भी राज्य के बजट के लिए सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। इस प्रकार की स्वस्थ परम्पराएँ लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देती हैं।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि जनप्रतिनिधियों को दोहरी भूमिका में रहना आवश्यक है जहाँ एक ओरजनप्रतिनिधियों को जनता के बीच अपनी लगातार उपस्थिति बनाये रखनी चाहिए जिससे उनको वास्तविक स्थितियों का ज्ञान होता रहे वहीं दूसरी ओर विधायिका में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर वे अपनी समस्याओं को प्रस्तुत कर सकते हैं। इस मामले में बजट सत्र जनप्रतिनिधियों के लिए वित्तीय मामलों के सन्दर्भ में सुअवसर के रूप में है जिसमें शासक दल व विपक्षी दल दोनों के सदस्य भरपूर लाभ उठा सकते हैं। परन्तु इसके लिए सर्वप्रमुख शर्त सदस्यों की सक्रियता है जो कि सदस्यों को प्रत्येक आर्थिक मामलों पर आवश्यक विषय-वस्तु उपलब्ध करवाती है तथा प्राप्त अवसरों के उपयोग की संभावना बढ़ाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **भारत का संविधान,** विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार
2. सुरेन्द्र कटारिया, **भारतीय लोक प्रशासन**, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 2005
3. **बजट नियमावली**, वित्त मंत्रालय, राजस्थान सरकार
4. **प्रक्रिया एवं कार्य संचालन सम्बंधित नियम**, राजस्थान विधानसभा

****

भारत में जनजाति आवासीय विद्यालयों एवं उनकी स्थिति, कार्यप्रणाली और प्रदर्शन

भरत चौबीसा* डॉ. देवेन्द्रा आमेटा**

प्रस्तावना – जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत की ताकत इसकी विविधता है और भारत की जनजाति आबादी इस विविधता का एक प्रमुख हिस्सा है। विभिन्न सांस्कृतिक समूहों के हजारों वर्षों मे आपस में मिलने-जुलने से भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में भारी परिवर्तन हुआ है लेकिन आदिवासी आबादी ने अभी भी अपनी संस्कृति को बनाए रखा है।

यह जनजातीय संस्कृति भारत का प्रतिनिधित्व बहत ही अलग तरीके से करता है, खान-पान से लेकर पवित्र अनुष्ठानों तक भारतीय जनजातियों की दैनिक जीवनशैली में बड़ा अंतर है, जो की इस बात का भी सबसे अच्छा उदाहरण है कि इंसान इतनी बड़ी दक्षता से अपने ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक कैसे हूबहू पहुँचा सकता है।

लेकिन जैसे-जैसे हम नए, आधुनिक और वैश्वीकृत विश्व में अधिक से अधिक प्रवेश कर रहे हैं ये जनजातियाँ उनकी पृथक जीवनशैली और वन संस्कृति के कारण विभिन्न आयामों में 21वीं सदी के ग्रामीण-शहरी समाज से आज भी बहुत पीछे है। एक समाज या संस्कृति को विकसित करने के लिए व पृथ्वी पर बनाए रखने के लिए एक बुनियादी तरीका शिक्षा है। पहले तो शिक्षा समाज को विकसित करे और फिर समाज को इस काबिल बनाए की वो राष्ट्र निर्माण में योगदान कर सके।

वैसे तो शिक्षा किसी भी समय किसी को भी दी जा सकती है लेकिन स्कूली शिक्षा को जीवन की बुनियाद माना जाता है और यह हर स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्कूली शिक्षा का महत्व तब और बढ़ जाता है जब हमारा भारत इस इक्कीसवीं सदी के निकट भविष्य में हर पहलू में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य रख चुका हैं। भारत को अपने स्कूलों को उत्कृष्टता का केंद्र (centre of excellence) बनाने की जरूरत है जो वैश्विक नेताओं और उद्यमकर्ताओ का निर्माण कर सके। जवाहर नवोदय और केंद्रीय विद्यालय जैसे स्कूल सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम हैं लेकिन बीसवीं सदी के अंत तक प्रमुख चिंता दूरदराज के इलाकों में रहने वाली जन-जातीय आबादी के लिए स्कूली शिक्षा थी।

आजादी के बाद जन जाति आबादी की शिक्षा के लिए पहल :

1. कोठारी आयोग (1964-66)- 'शिक्षा एक महत्वपूर्ण सामाजिक लक्ष्य है जो पिछड़ों और दलितों को एक अवसर देता है ताकि वे अपने सामाजिक पिछड़ेपन को दूर कर सकें।'
2. 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा के प्रावधान
   - आश्रम स्कूलों के अतिरिक्त आवासीय विद्यालयों की संख्या बड़ाना।
   - शिक्षित तथा होनहार अनुसूचित जनजाति युवकों को अपने क्षेत्र मे अध्यापन मे लगाना।
   - छात्रवृत्ति, तकनीकी शिक्षा और कौशल उन्नयन को बड़ाना।
3. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
   - कक्षा 5 तक मातृभाषा मे शिक्षा
   - जनजाति शिक्षा पर सरकारी खर्च बढ़ाना
4. बजट 2021-22 अनुसूचित जनजातियों के लिये प्रावधान
   - नए EMRS खोलना
   - पहाड़ी क्षेत्रों में EMRS खोलने के लिए बजट आवंटन को 38 करोड़ से बढ़ाकर 48 करोड़ कर दिया गया

एकलव्य मॉडल स्कूल व इनके जैसे अन्य जनजाति स्कूलों और आवासीय संस्थानों की नीति – जनजातीय शिक्षा या जनजातीय स्कूली शिक्षा मे बीसवीं शताब्दी के अंत से सकारात्मक बदलाव अनुभव किया है। जिसकी मुख्य वजह सरकार के कुछ महत्वपूर्ण कदम है जो जमीनी स्तर पर आसानी से देखे जा सकते है। अच्छा छात्र-शिक्षक अनुपात और जन-जाति बहुल क्षेत्रों में इनके लिए आवासीय विद्यालयों की स्थापना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने जन-जातियों की विशिष्ट संस्कृतियों को बचाने के साथ-साथ बहु-आयामी दृष्टिकोण के साथ भारत के संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के तहत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) संस्था की स्थापना की। बेहतर होस्टल सुविधा और प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में कम से कम 20 हजार जनजाति आबादी के ऊपर ब्लॉक स्तर पर ये विद्यालय खोलने का लक्ष्य है। इन विद्यालयों की वजह से समाज मे सकारात्मक बदलाव साफ देखे जा सकते है। कुपोषण मे गिरावट और बैलेन्स्ड डाइट को जनजातियों की संस्कृति मे जोड़ना भी इन आवासीय विद्यालयों का ही महत्वपूर्ण योगदान है।

ईएमआरएस व अन्य जनजाति आवासीय विद्यालयों के पाठ्यक्रम का आधार आदिवासी खेलों जैसे तीरंदाजी, लोक कलाओं, औषधीय पौधों की पहचान के साथ अच्छा कौशल उन्नयन करना भी है। EMRS व्यावसायिक शिक्षा पर जोर देता है। पिछले वर्षों के आर्थिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट है कि औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी काफी बढ़ गई है।

भारत में आवासीय विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य :

1. 2020 तक माध्यमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण
2. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना
3. वंचित आबादी के बीच शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए
4. ग्रामीण भारत में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा का परिचय

* शोधार्थी, शिक्षा विभाग, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोध-निर्देशिका, सेवानिवृत्त सह आचार्य. लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (सी.टी.ई.) डबोक, उदयपुर (राज.) भारत

एकलव्य और आवासीय विद्यालयों के 23 वर्ष – 1997 से 2020 तक, EMRS का जन-जातीय समुदाय पर अच्छा प्रभाव पड़ा, अनुसूचित जनजातियों की साक्षरता दर 29.60% (जनगणना 1991) से बढ़कर 59% (जनगणना 2011) हो गई, लेकिन फिर भी यह राष्ट्रीय औसत 74% से बहुत पीछे है। कई पदक धारकों के साथ सभी स्तरों पर खेलों में भागीदारी काफी बढ़ गई है। इन विद्यालयों के छात्रों के परिवारों के बीच पोषण और आहार की आदतों के परिप्रेक्ष्य में काफी सकारात्मक बदलाव देखा गया है।

इन सभी अच्छे सुसंगत प्रयासों के बाद भी कुछ कमियाँ भी हैं, संसदीय स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट 2018 (चेयरपर्सन- श्री रमेश बैस)- 'जन जातियों के लिए शिक्षा योजनाएँ' के अनुसार ज्यादातर EMRS में खराब बुनियादी ढाँचा और अपर्याप्त शिक्षक है। 23 वर्षों के लंबे समय के बाद भी इन स्कूलों से निकले हुए छात्रों में कोई बड़ा उद्यमी, नेता या व्यापारी बनने का उदाहरण नहीं है। यह कहा जा सकता है कि एकलव्य विद्यालय अभी भी अपने मुख्य उद्देश्य से बहुत पीछे हैं।

इन आवासीय विद्यालयों की कार्यप्रणाली – ये आवासीय विद्यालय राज्य सरकार की कार्यपालिका के साथ राज्य कानूनों के तहत काम करते हैं। हालाँकि इन स्कूलों को एनसीईआरटी (NCERT) पाठ्यक्रम और सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अंतर्गत चलाया जाता है। शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अलग से भर्ती बोर्ड नहीं है। राज्य सरकार के शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर राज्य शिक्षा विभाग से साक्षात्कार विधि द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। आवासीय विद्यालयों के शासन और प्रशासन के लिए सभी राज्यों में विभाग हैं जो IAS स्तर के अधिकारियों के अधीन काम कर रहे हैं। राज्यों के जनजातीय मामलों के मंत्रियों के साथ भारत सरकार के जनजाति मंत्रालय इन स्कूलों के संचालन की निगरानी करते है।

शिक्षकों को स्कूल परिसरों में रहने की जगह मिलती है, ताकि सीखने की प्रक्रिया बेहतर हो सके। छात्र अच्छी सुविधाओं के साथ होस्टल में रहते थे जहाँ वार्डन एक अभिभावक की तरह उनका ख्याल रखते है।

इन विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएँ और कोचिंग सत्र आयोजित किए जाते हैं ताकि छात्र मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकें। इन स्कूलों में खेल, प्रदर्शन कला आदि जैसी अतिरिक्त गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती है, ताकि छात्र का सर्वांगीण विकास हो सके।

इन आवासीय विद्यालय के छात्रों को निम्नलिखित मुद्दों का सामना करना पड़ता है

उत्तीर्ण छात्रों के सामने मुख्य मुद्दा आदिवासी समुदाय के बाहर बड़ी आबादी के साथ कम जुड़ाव है। समस्या का समाधान स्कूलों में 10% सीटों पर अन्य समुदायों को प्रवेश देकर किया जा सकता है ताकि छात्रों का प्रदर्शन बेहतर किया जा सके और देश की एकता को और मजबूत किया जा सके। एक अन्य पहलू यह भी है कि छात्रों के विद्यालय से निकलने बाद की कोई जानकारी रखने की व्यवस्था नहीं है। उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए और भविष्य के लिए इन छात्रों की एक ट्रैकिंग प्रणाली होनी चाहिए जिससे छात्रों को समय-समय पर मार्गदर्शन उपलब्ध हो सके।

शिक्षक भर्ती प्रणाली – EMRS व अन्य जनजाति आवासीय विद्यालयों में एक समस्या है, शिक्षकों व कर्मचारियों का चयन मौजूदा राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के शिक्षकों मे से किया जाता है। अधिकांश समय यह देखा गया है कि शिक्षक इन विद्यालयों में व शिक्षण में बहुधा रुचि नहीं रखते हैं। इन शिक्षकों का इन विद्यालयों मे आने का मुख्य कारण अपने गृह नगर के पास नौकरी करने का होता है। इस समस्या का समाधान केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों की तरह EMRS और अन्य आदिवासी आवासीय विद्यालयों के लिए एक अलग भर्ती प्रणाली बनाना है जिसमे सिर्फ वही लोग आ सके जो सच मे काबिल है और पिछड़े वर्गो के लिए कुछ करना चाहते है ताकि सीखने की प्रक्रिया को अच्छा बनाया जा सके।

'उत्कृष्टता के केंद्र' (centre of excellence) के रूप में आवासीय स्कूलों को विकसित करने का विचार – उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए मूल विचार छात्रों को बेहतर शिक्षा और व्यक्तित्व विकास करने में मदद करना है। छात्रों को कॅरियर काउंसलिंग प्रदान करना और इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था करना है।

स्कूल के पहले दिन से ही चरित्र निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ करना एक मुख्य उद्देश्य है। ऐसी शिक्षा जो अच्छी संचार कौशल और वैश्वीकृत दुनिया की गहन समझ के साथ रोजगार पाना और पैदा करना सिखाती हो वो इन उत्कृष्टता के केंद्रों का मिशन हैं।

जैसा कि हम इस वैश्वीकृत युग में अपने भारत को आत्मनिर्भर और विश्व में अग्रणी बनाने के रास्ते पर हैं। ये स्कूल आदिवासी समुदाय में अच्छे नेता व अच्छे व्यापारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं जो आदिवासी उत्पाद और आदिवासी अर्थव्यवस्था को एक साथ ला सके जिससे उनकी संस्कृति को वैश्वीक पहचान मिल सके।

राजस्थान में जनजाति आवासीय विद्यालय – राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या सभी जिलों में बिखरी हुई है, लेकिन दक्षिणी जिलों में जैसे कि डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर और सिरोही में जनजातियों की संख्या अधिक है। अनुसूचित जनजाति के लिए पहला आवासीय विद्यालय 2000 में MPRS की संस्था के रूप मे उदयपुर की कोटड़ा तहसील में स्थापित किया गया था। वर्तमान में 15 EMRS राज्य मे चल रहे है और कुछ और जल्द ही शुरू होने की स्थिति मे हैं। राज्य मे कुल 38 जनजाति आदिवासी विद्यालय हैं जिनमें EMRS, MPRS (मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शल स्कूल) और अन्य राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय स्कूल शामिल हैं।

जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग (टीएडी) और जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) उदयपुर, राजस्थान में स्थित है, जो की सभी आदिवासी आवासीय विद्यालयों को संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहे है। टीएडी और टीआरआई बजट आवंटन और अपनी महत्वपूर्ण सलाहों के माध्यम से इन स्कूलों की सहायता करते आए है। शिक्षा के लिए अनुसंधान, योजना और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में टीआरआई का काम सराहनीय है।

भारत में जनजाति आवासीय विद्यालयों का प्रदर्शन और उपलब्धि – विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों और रिपोर्टों से यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजातियों के बीच साक्षरता दर मे बहुत सुधार हुआ है और इनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति और राष्ट्र की प्रगति में इनका समावेश बेहतर हुआ है। सामाजिक-सांस्कृतिक मिलन और राष्ट्रीय खेल समग्र व्यक्तित्व विकास में योगदान देते हैं। यह विद्यालय छात्र को सही रोशनी दिखाते है जिससे वो डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, राजनेता या उद्यमी बन सके और समजसेवा कर सके। ये स्कूल विभिन्न राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित करते है जिनमे आदिवासी संस्कृति को एक मंच मिलता है जहाँ उनकी कला एवम् संस्कृति को नई पहचान मिलती है। पिछड़ों व वंचितों को सशक्त बना कर ये विद्यालय सीधे देश की अखंडता बनाए रखने और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Phenological Observations in *Sterculia urens* and *Helicteres isora* in Aravali Hills of Jaipur District

R.P. Ahrodia* M. Kumar**

Abstract - *Sterculia urens*Roxb., a moderate-sized deciduous tree, bears leaves after monsoon for about four to five months upto November. Flowering starts in the month of February. Initiation of fruiting takes place in the month of February but it peaks in March and April.

Helicteres isora L. is sub deciduous large shrubs or small trees (also known as Indian screw tree or Marorphali). Flowering commences in May and continues up to September-November.

Keywords - Phenology, *Helicteres isora* L., *Sterculia urens*Roxb.,

Introduction - From time immemorial to date, there has been an accumulation of information on pollination biology or anthology (Robertson, 1904). Plant lovers have always shown a keen interest in the reproductive biology of plants and mechanism of fruiting. Plants, with their often elaborate and specialized floral designs and animals with their complex systems of behaviour, are ideal for exploring the process of adaptation for pollination. Much of the early research in pollination biology was devoted to describing these adaptations and the selective forces presumed to bring about them. Various environmental factors control the movement of pollen grains to the stigma. In the present study different aspects of floral biology which include the size of the flower, time of flowering, fruiting, the colour of flowers and pollen size and morphology were observed. The phenological aspects and *in vitro* pollen germination of two species namely, *Helicteres isora* and *Sterculia urens* have been done.

Materials and Methods - Phenology was studied in *Sterculia urens* and *Helicteres isora*. Observations of the phenological events in *Sterculia urens* were carried out throughout the year from Sept. 2002 to Aug. 2003 in Jamwa Ramgarh reserve forests and Amber hills (study sites) and of *Helicteres isora* from March 2003 to Feb. 2004 at two different locations in Jamwa Ramgarh reserve forest. Study sites were visited after every 15 days and the phenological characteristics, such as the unfolding of buds, leaf-fall, flowering, fruit formation, fruit fall and dehiscence and dispersal of seeds were noted.

Observations

Unfolding of leaves: In *Sterculia urens* and *Helicteres isora*, new foliage observed in the rainy season. Initiation of vegetative buds in *Sterculia urens* takes place in the month of June. Some differences were observed from tree to tree of the same site and both sites. In *Helicteres isora* new vegetative buds appeared in June.

Leaf-fall: It has been observed that yellowing of leaf commences in the last week of October and leaf fall starts in the month of November till the plant becomes nude in the month of January. Thus, plants of *Sterculia urens* bear leaves only for 4 or 5 months. Similarly, *Helicteres isora* yellowing starts in the month of November but leaf-fall was not as fast as in Sterculia urens and trees do not become nude as in *Sterculia urens*.

Flowering: The observations revealed that flower bud initiation in *Sterculia urens* takes place in the first week of February at Ramgarh but at Amber, it commences in the mid of February. Maximum flowering was observed after mid-March and continues up to the first week of April. In *Helicteres isora* initiation of flowering buds takes place during the month of May and continues up to September. Profuse flowering was observed in the month of September.

Fruiting: Fruit formation in *Sterculia urens* at Jamwa Ramgarh and Amber commenced at the end of February. Fully ripened fruits were observed in the month of April and May. In *Helicteres isora* fruit formation takes place in the month of November and continues up to February.

Fruit Dehiscence and Seed Dispersal: Fruit dehiscence is enhanced by temperature and wind in *Sterculia urens*. Most of the fruits when ripe open along the longitudinal slit and the ripened seeds are dispersed by biotic and abiotic factors. Dehiscence of fruits and dispersal of seeds were observed earlier at Jamwa Ramgarh site at the start of June. Fruits of *Helicteres isora* ripened during January and February, the process continuing up to March. Fruit fall and seed dispersal continue till the month of May and June.

Floral Morphology

Sterculia urens Roxb.

The inflorescence is a complex branched panicle, borne at the tips of vegetative branches, both male and bisexual

***Assistant Professor in Botany, Govt. N. M. College, Hanumangarh (Raj.) INDIA**
**** Lab No.2, Dept. of Botany , UOR, Jaipur (Raj.) INDIA**

flowers observed in same cluster but male more frequently than bisexual ones. The inflorescence emits a peculiar odour. Bisexual flowers are functionally females. Pollen grains of bisexual flowers are sterile. There is a small difference in the size of male and bisexual flowers. The size of flower is 4-7 mm. Pollen grains in male flowers are somewhat spherical to ellipsoidal, 28-30 ìm in size.

***Helicteres isora* L. -** The flowers are large, odourless, bisexual and zygomorphic with green tubular calyx, 5-fid at the apex, lobes often unequal. Petals 5, red.Very unequal, closely reflexed on the calyx, separate but with the claws closely hooked together.Staminal column adnate to the gynophore. The 10 anthers are grouped at the tip of the column. The syncarpous ovary is situated at the top of the column. The style is short and has a simple stigma that projects beyond the anthers and lies in an erect position. The pollen grains are smooth, yellow, and triangular, 25 ìm to 28 ìm in size and flattened. Insects and birds visit the flower at daytime. Honey bees and ants forage more of the flowers.

On 19th August 2015, RBI gave the in-principle license to 11 entities to launch Payment Banks. The In-Principle License is valid for a period of 18 months and the concerned entities are required to fulfil entities are required to fulfil all the requirements within this period. They are not allowed to engage in banking activities in this period. After the fulfilment of all the conditions which are required to set up a Payment Bank, RBI will grant licenses under S. 22 of the BR Act, 1949.

Payment Banks ("PB") are to be registered as public limited companies under the Companies Act, 2013 and are to be licensed under Sec 22 of the Banking Regulation Act, 1949. PBs are to be given the status of scheduled banks under the section 42 (6) (a) of the Reserve Bank of India Act, 1934. However, the words "Payments Bank" have to be used by the companies in their name in order to differentiate it from other banks.

They will be governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949; Reserve Bank of India Act, 1934; Foreign Exchange Management Act, 1999; Payment and Settlement Systems Act, 2007; Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation Act, 1961; and other relevant Statutes and directives. The guidelines will be reviewed by the RBI regularly. RBI's main aim to push for payments bank is to serve the need of different banking activities in the rural areas. This has both micro and macroeconomic benefits and serves the general public at large.

The advantage of Payment Banks over Traditional Banks: Interest Rates: The interest rate for a commercial bank is between 3.5 and 6 per cent. Payment banks are offering a really good deal in the case of interest rate with the highest being a 7.25%. Payment banks have a statutory limit of Rs. 1Lakh per account from individuals and small businesses.

Zero balance account: Payment banks offer a zero balance account or a no minimum balance account without any extra or hidden charge, unlike a commercial bank who levy charges if the customer doesn't hold a minimum balance in their account.[3]

Guidelines for Licensing: Let us now analyse the guidelines for licensing of PBs issued by the RBI to govern the PBs.

The scope of Activities: Acceptance of demand deposits: A maximum balance of Rs. 1Lakh per customer is allowed.Issuance of ATM/debit cards.They cannot issue credit cards.Payments and remittance services through various channels.

PBs can act as Business Correspondents ("BCs") of another bank, subject to the Reserve Bank guidelines on BCs.Distribution of non-risk sharing simple financial products like mutual fund units and insurance products, etc.

Internet Banking: RBI is open to PBs offering Internet Banking services, they are required to comply with RBI instructions on internet banking and all the other related guidelines.PBs can undertake utility bill payments etc. on behalf of its customers and the general public.

Deployment of Funds: PBs cannot undertake lending activities.Apart from amounts maintained as Cash Reserve Ratio (CRR) with the RBI on its outside demand and time liabilities. PBs are also required to invest minimum 75 per cent of its "demand deposit balances" in Statutory Liquidity Ratio (SLR) eligible Government securities/treasury bills with maturity up to one year and hold maximum 25 per cent in current and time/fixed deposits with other scheduled commercial banks for operational purposes and liquidity management.

Capital requirement: The minimum paid-up equity capital for payments banks shall be Rs. 100 crore.The payments bank will have a leverage ratio of not less than 3% which basically mean that its outside liabilities should not exceed 33.33 times its net worth (paid-up capital and reserves).

Promoter's contribution: The promoter's minimum initial contribution to the paid-up equity capital of the payment bank has to be at least 40% for the first five years after the commencement of business.

Foreign shareholding: It will be according to the FDI Policy

for private sector banks which is notified from time to time. The permitted limit right now is 74% out of which 49% can be through the automatic route and the remaining 25% beyond 49% will be through the government route.

Other Conditions: Operations have to be technology and network driven from Day I. Conforming to generally acceptable standards is a given.PBs should have a Customer Grievances Cell which is able to handle the customer complaints.

Procedure for Application: Applications should be in conformity with Rule 11 of the BR (Companies) Rules, 1949. They should be in the format as given in Form III and should be submitted to the Chief General Manager, Department of Banking Regulation, Reserve Bank of India, 13th Floor, Central Office Building, Mumbai – 400 001.

Procedure for RBI Decisions: An External Advisory Committee (EAC) which will consist of eminent professionals like bankers, chartered accountants, finance professionals, etc., will evaluate the applications.The decision to issue an in-principle approval for setting up a PB will be taken by the RBI. The RBI's decision in this regard will be final.The validity of the in-principle approval issued by the RBI will be 18 months.The names of applicants for bank licences will be placed on the RBI's website.

Stringent KYC Norms: The RBI has updated the Operating Guidelines for PBs with respect to KYC in the wake of Airtel Payments Bank rerouting of subsidies by creating Payments Bank accounts for subscribers validating mobile phone numbers.

The updated guidelines stand as follows:

1. "For the purpose of verifying the identity of customers at the time of commencement of an account-based relationship, Regulated Entities ("RE"), shall at their option, rely on customer due diligence done by a third party, subject to the following conditions:
2. Necessary information on such customers' due diligence carried out by the third party is immediately obtained by REs.
3. Adequate steps are taken by REs to satisfy themselves that copies of identification data and other relevant documentation relating to the customer due diligence requirements shall be made available from the third party upon request without delay.
4. The third party is regulated, supervised or monitored for, and has measures in place for, compliance with customer due diligence and record-keeping requirements in line with the requirements and obligations under the PML Act.
5. The third party shall not be based in a country or jurisdiction assessed as high risk.
6. The ultimate responsibility for customer due diligence and undertaking enhanced due diligence measures, as applicable, will be with the RE."
7. This is Section 14 of the Master Directions on KYC from Feb 25, 2016, by RBI which will now be used to regulate the PBs.
8. The previous operating guidelines for PBs allowed them to utilise the same KYC details as "of the same quality as prescribed for a banking company." However, the PBs have to follow the RBI Master Direction of KYC, and any amendments made to the same. This update has been mainly done to prevent the piggybacking that was seen in the case of Airtel Payments Bank accounts being opened with no discretion given to the customer. This was done by interpreting the previous guidelines that allowed the reuse of the authentication done by telecom companies by the associated Payments Bank with an intention to simplify account opening.[4]

List of Payment Banks in India:

1. Aditya Birla Nuvo
2. Airtel M Commerce Services
3. Cholamandalam Distribution Services
4. Department of Posts
5. FINO PayTech
6. National Securities Depository
7. Reliance Industries
8. Sun Pharmaceuticals
9. Paytm
10. Tech Mahindra
11. Vodafone M-Pesa
12. India Post (Starts operation by 21 Aug)

*Cholamandalam Distribution Services, Sun Pharmaceuticals and Tech Mahindra have surrendered their licenses.

Conclusion: The primary objective of setting up payments banks was to "further financial inclusion by providing small savings accounts and payments/remittance services to migrant labour workforce, low-income households, small businesses, other unorganized sector entities and other users, by enabling high volume-low value transactions in deposits and payments/remittance services in a secured technology-driven environment."

Payment banks, which were supposed to be the next big thing, sadly have not lived up to the hype so far. The jury is still out on whether the PBs will ever succeed in the country, but one thing is clear: it won't be easy for them to survive.

References:-

1. Khanna, P (2005) "Advanced Study in Money and Banking: Theory and Policy Relevance in the Indian Economy", Atlantic Publishers and Distributors, New Delhi, ISBN 81-269-0462-3, pp 347-55.
2. https://blog.ipleaders.in/what-is-payment-bank/.
3. https://www.civilsdaily.com/story/differentiated-banks/.
4. https://www.clearias.com/differentiated-banks-small-finance-banks-payment-banks/.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

महिला कर्मियों के संवैधानिक तथा कानूनी अधिकार

डॉ. किरण चौहान *

शोध सारांश – भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसमे पुरुष प्रधानता वर्तमान समय मे भी विद्यामान है, भले ही आधुनिक वर्तमान समय मे महिलाये भी पुरुष के समान कंधे से कन्धा मिलाकर कार्य कर रही है? परन्तु महिलाओं को आज भी अपने अधिकारो के लिये संघर्ष करना पड़ता है, दूसरी और महिलाओ के विरुद्ध अपराध लगातार बढते जा रहे है कानूनी ज्ञान के अभाव में महिलाये अपने अधिकारो से परिचित नही होती है, और जीवन भर शोषित होते रहती है। स्त्री की शारीरिक बनावट और मातृत्व कार्यो का पालन करना उनको जीवन यापन करने में बहुत सारी समस्याओ का सामना करना पडता है, और भी कारणो से स्त्री को सुरक्षित व संरक्षण की आवश्यकता होती है। इसलिये महिलाओ के पक्ष मे विशेष उपबन्धो की आवश्यकता होती है।

शब्द कुंजी – कानूनी अधिकार, महिला कर्मी, विधिक नियम, विधिक अधिकार, कानूनी ज्ञान, विभिन्न अधिनियमो का संरक्षण, संविधानिक अधिकार, कारखाना अधिनियम, कर्मकार, नियोजक।

प्रस्तावना – वर्तमान समय मे भारत देश कि महिलाये पुरुष से कंधे से कंधा मिलाकार रोजगार कर रही है और अब कोई भी क्षेत्र ऐसा नही बचा जिसमे महिलाये कर्मचारी न हो, और समय समय पर इनके लिए विधायिका द्धारा वैज्ञानिक तथ्यो के आधार पर कई उपबन्ध प्रावाधित किये है समय की आवश्यतानुसार कामकाजी महिलाओं के शारीरिक व मानसिक स्तर के आधार पर कई उपबन्ध निर्मित किये गये है जिसमें महिलाओ के बनावट, शरीरिक क्षमता के तारतम्य मे कर्मकारो के कार्य के घण्टे, उनका स्वास्थ्य व सुरक्षा हेतु ध्यान में रखागया है और उन्हे उनके अनुरुप व्यवस्था प्रदान की जाती है? विभिन्न अधिनियमों में भी महिला एवं बच्चो से संबंधित प्रावधान किये गये है। जिसमे उनका विकास हो सके।

भारतीय संविधान के अनुच्छेउ 39 में राज्य द्धारा स्वीकारित कुछ नीति तत्वों मे उपबन्धित किया गया है, कि राज्य अपनी नीति का अनुसरण इस प्रकार किया जायेगा, कि सुनिश्चित रुप से स्त्री और पुरुष सभी नागरिको को समान रुप से जीविका के पर्याप्त साधन प्रदान करेगा (उपलब्ध करेगा) जिसमें समान कार्य के लिए समान वेतन प्रदान करेगा, भारत के संदर्भ में न्याय संगत और मनोचित दशाओं एवं प्रसुति सहायता हेतु उपबन्ध का निर्देश देता है, इसी प्रकार संविधान का अनुच्छेद 43 स्त्री व पुरुष कर्मकारो के लिये निर्वाह मजदूरी आदि की व्यवस्था करने का निर्देष देता है। साथ ही अनुच्छेद 43 –क के अनुसार उद्योगो के प्रबंध मे स्त्री पुरुष कर्मकारो की भागीदारी सुनिश्चित करने का राज्य को निर्देश देता है और भारत राज्य में संविधान के भाग 4 में स्थापित नीति –निर्देशक तत्वो का अनुपालन में संघ तथा राज्य सरकारो के द्धारा समय – समय पर विभिन्न अधिनियम प्राप्त किये गये है जिनमें प्रसुति, प्रसुति अधिनियम, 1961, मजदूरी संदाय अधिनियम 1936, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बोनस संदाय अधिनियम 1965, निगम तथा कारखाना अधिनियम 1948, आदि प्रमुख। कुछा विशेष नियमों पर आधिारित या स्त्री पुरुष कर्मकारो के कार्य के आधार पर समानता लाने के उद्देश्य प्राप्ति कि गये है जैसे– समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, प्रमुख है प्रसूती सुविधा अधिनियम 1961, महिलाओ की शारीरिक बनावट के आधार पर विशिष्ट लैंगिक स्थिति के कारण निर्मित करने का प्रावधान उपबन्ध किया गया है, कर्मकार महिलाओ के संवैधानिक तथा कानूनी अधिकार कुछ प्रमुख प्रकार है –स्वास्थ,सुरक्षा, तथा काम के घण्टें।

कारखाना अधिनियम 1948 – कारखाने अधिनियम 1948 के कर्मचारियो के स्वास्थ, सुरक्षा,क्रतयाण का काम के घण्टे तथा अवयस्को के नियोजित करने के लिये कानून बनाये गये है, जिनमें से महिलओ के लिये पृथक से व्यवस्था की गई हे कारखानो अधिनियम 1948 की धारा 19 के अन्तर्गत पुरुष और स्त्री कर्मकारो हेतु स्वास्थ सुरक्षा के संदर्भ में अलग–अलग टॉयलेट बनाने का प्रावधान करती है। इसी प्रकार अधिनियम की धारा 27 रुई की धुनाई वाले सिखनो पर बच्चो एवं महिलाओ के नियोजन पर रोक लगाती है। धारा 34 के पालनानुसार किसी व्यक्ति को ऐसे स्थान पर जहॉ। उसकी क्षमता से अधिक भार उठाने, देने या दिलाने के लिये नियोजित नही किया जायेगा जिससे उसे क्षति होने की संभावना हो साथ ही महिलाओ एवं बच्चो की शारीरिक क्षमता के बाहर भार ढोने, सरकाने पर प्रतिबंधित नियम लागू करने राज्य सरकार अधिकृत है कल्याण संबंधित उपबन्ध– कारखाना अधिनियम के अध्याय 5 मे कार्मकारो के कल्याण संबंधी उपबंध है और महिलाओ एवं पुरुष के लिए धारा 42 के अन्तर्गत धुलाई की अलग–अलग व्यवस्था करती है, बैठने के लिये उचित व्यवस्था विश्राम के लिये बैठने की उचित व्यवस्था, केन्टीन, प्राथमिक उपचार, शरण गृह अदि की व्यवस्था का आदेशात्मक उपबन्ध है कई बार महिलाये नियोजन के दौरान शिशुओ को साथ मे लाती है। जिनके लिये शिशु गृह, विश्राम गृह की व्यवस्था करने का भी उपबन्ध है खेलने के लिये स्थान व सुरक्षा की व्यवस्थान का उपबन्ध धारा 48 के अन्तर्गत है जिसमें 8 वर्ष के बालक शामिल हे इसके लिये नियमावली बनाने का अधिकार राज्य सरकार को है।

कारखाना अधिनियम एवं कल्याण व्यवस्था के अन्तर्गत अध्याय 6 में व्यस्को के कार्य के घण्टो को निश्चित करने का उपबन्ध है साथ ही ओवर टाइम लेने पर मजदूरी दर क्या होनी चाहिये। श्रम विषयक राय कमीशन

* अतिथि विद्वान, राजीव गांधी शा.पी.जी.महाविद्यालय, अम्बिकापुर (छ.ग.) भारत

द्धारा अपनी रिपोर्ट मे स्पष्ट किया गया कि पुरुष की अपेक्षा स्त्रीयो को घरेलू काम भी करने पडतें है, धारा 66 के अनुसार स्त्री किसी कारखाने मे सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक श्रम नही करेगी जिसकी मांग या अपेक्षा भी नही की जा सकती है, परन्तु राज्य सरकार उक्त नीति में बदलाव कर सकती है जैसे– मत्सय उपचार या मत्सय कैनिंग के कारोबार में माल के खराब होने के कारण नीति में कुछ ओवर टाईम एक निश्चित सीमा के अन्दर लिया जा सकता है, परन्तु रात के 10 से सुबह 5 बजे प्रात: तक नियोजन से मुक्त रखा जायेगा।

टी.सी.लिमिटेड (1991)[1] के मामले मे स्पष्ट है कि जिसमे कर्मचरियो को आन्तरिक परिक्षा में बैठने से मना कर दिया गया, जिसमें कहा गया कि रात की पॉलियो मे महिलाओं कार्य पर न बैठने देना अनुच्छेद 14 व 15 का उल्लघंन करता है, जिसमे केरल उच्चन्यायालय द्धारा निर्णित किया कि महिलाये केवल रात के 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही उपलब्ध नही है बाकी पालियो मे वे पुरुष के समान ही काम करने मे सक्षम है। अत: उन्हे परिक्षा मे बैठने का अधिकार है।

वर्तमान समय मे तकनीकी व्यवस्था के चलते ज्यादातर कार्य रात मे किये जाते है, जिनमे स्त्रीयो की उपस्थित रहती हैं, इसलिये रात की पालियो में स्त्रीया भी कार्य रकने लगी है, इस कारण 2005 मे केन्द्रीय सरकार द्धारा कारखाना अधिनियम में संशोधन करके महिलाओ को रात मे करने पर उनकी आवागमन व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने का प्रावधान करने की घोषणा की है।

इसी तरह यदि हम देखे तो महिला कामगारो को मातृत्व प्रसूती अवकाश प्रदान करने की व्यवस्था भी की गई है। जो एक अति सराहनीय कार्य है अत: कारखाना अधिनियम की धारा 79 के अन्तर्गत मजदूरी सहित छूटी की गणना मे किसी स्त्री कर्मकार द्धारा ली गई 12 सप्ताह से अधिक की प्रसूती छूट्टी का आंकलन करने का प्रावधान करती है। इसी तरह धारा 87 खतरनाक स्थानों पर महिला एवं बच्चों के नियोजन पर रोक लगाती है।

प्रसूती सुविधा अधिनियम – प्रसूती सुविधा अधिनियम– धरा 4 के अनुसार किसी उद्योग मे नियोजित महिला को प्रसव एवं गर्भपात के लिये 12 सप्ताह का आराम करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त है, वही पर कई राज्यो में यह अबाढी 135 दिन कर दिया गया है और यह प्रावधान आदेशात्मक होता है, जिसका उल्लंघन करने पर नियोजक को दोष सिध्द किया जायेगा।

इसके साथ ही महिला को उसके व उसके बच्चे की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुये वणित्मा व भारी कार्यो को न कराने के लिये बान्धित है।

बी.शाह बनाम प्रिसाइडिंग लेबर कोर्ट, कोयम्बटूर –1977[2] के मामले मे उच्चतम न्यायालय द्धारा अवधारित किया गया, कि संविधान के अनुच्छेद 42 में अभिव्यक्त निर्देशो की बहुत उपयोगिता है यह अनुच्छेद महिला कर्मचारियो को अपना व अपने नवजात शिशु के पालन पोषण, अपनी क्षमता व उत्पादन शक्ति का पुन: संग्रह करने की अवसर करने की नीति प्रस्तुत करता है।

सी.बी.मुथम्मा बनाम भारत संघ –1979[3] उक्त मामले मे उच्चतम न्यायालय द्धारा उस नियम को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जिसमें यह प्रतिबन्ध था कि यदि कोई स्त्री कर्मचारी विवाह करना चाहती है तो वह पहले सरकार से लिखित अनुमति प्राप्त करे और यदि सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाये कि उसका विवाह हो जाने के उसमें कार्य में बाधा उत्पन्न होगी तो उसे उपना त्यागपत्र देना होगा। ऐसे ही इस नियामानुसार किसी विवाहित स्त्री को सेवा में नियुक्ति का अधिकर नही होगा– इस संबंध मे यदि विवाह से महिला कर्मचारीयो की सवो मे व्यवधान उत्पन्न होता है, तो पुरुष के कार्य मे भी उतना ही व्यवधान उत्पन्न होगा।

उच्चतम न्यायालय द्धारा गहा गया कि – इसी तरह महिला कर्मचारी को विवाह न करने संबंधी प्रावधान का उल्लेख **एयर इण्डियॉ बनाम नरगिस र्मिजा –1981**[4] का मामला स्पष्ट होता है कि इंण्डिया कॉपोरेशन के विनियम में यह उपबन्ध था कि कोई भी महिला एयर होस्टेज नियुक्ति के 4 साल तक या उसके अन्दर विवाह करने या प्रथम गर्भावस्था (जो भी पहले हो) होने पर सेवा मुक्त कर दीया जायेगी। उक्त विनियम के तहत उच्चतम न्यायालय द्धारा 4 साल मे विवाह करने शर्त को उचित माना परन्तु शर्त पूरा करने के पश्चात प्रथम गर्भावस्था पर महिला कर्मचारी को सेवा मुक्त करने की शर्त को अवैध घोषित कर दिया।

समान कार्य के लिये समान वेतन – भारतीय संविधान के भाग 3 मे प्रदत्त मौलिक अधिकारो के अन्तर्गत समान कार्य के लिये वेतन का अधिकार प्रदान नही किया गया है, परन्तु संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद39 (घ) मे राज्य के नीति निर्देशक तत्व के रुप में यह उपबन्ध किया गया है कि पुरुषो और स्त्रीयो दोनो को समान कार्य के लिये समान वेतन हो, इसी सन्दर्भ में उच्चतम न्यायालय द्धारा **डी. एस नकारा बानाम भारत संघ 1983**[5] में कहा गया है, कि यदि संविधान का अनुच्छेद 14 व 16 का निर्वचन उद्देशिका और अनुच्छेद 39 (घ) को ध्यान में रखते हुये किया, जाये तो समान कार्य के लिये समान वेतन का सिद्धांत इन प्रावधानो द्धारा स्वत: ही प्रमाणित सिद्ध है, और इसी बात को पूर्ण करने के लिये समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 गठित किया गया। यह अधिनियम स्त्री व पुरुषो को कर्मकार रुप मे समान पारिश्रमिक का भुगतान करने और नियोजन मे लिंग के आधार पर स्त्रियो के विरुद्ध विभेद किये जाने का निर्णय करने और उससे सम्बंधित विषयों पर उपबन्ध के लिये अधिनियमित किया गया है कि एक ही कम या समान प्रकृति के कम से आशय उस काम से है जिसमें काम करने की दशाये एवं अपेक्षित कौशल, प्रयत्न तथा उत्तरदायित्व मे कोई अन्तर नही है।

स्त्री व पुरुष को समान कार्य हेतु समान वेतन प्रदान करने का आदेश नियोजक को बाध्य करती है। जो अधिनियम की धारा 4 मे उल्लेखित है। जबकि धारा 5 एक समान प्रकृति के काम हेतु भर्ती, प्रोन्नति, प्रशिक्षण या समानांतरण आदि में स्त्रीयो के विरुद्ध किसी भी विभेद को समाप्त करती है। साथ की किसी भी तरह के विभेद करने वाले पर स्त्री अधिरोपित करती है।

वर्तमान समय मे कार्यस्थलो पर महिला कर्मकारो या कर्मचारियो का यौन शोषण किया जाने लगा है, जिससे रोकने की लगातार मांग नारी संगठनो द्धारा की जाती रही है, इसी के तहत् **दिल्ली डोमेस्टिक वर्किग वूमेंस फोरम बनाम भारत संघ –1995**[6] के मामले मे उच्चतम न्यायालय ने श्रमजीवी महिलाओ के साथ बढते हुये, यौन अपरराधो के प्रतिगंभीर चिंता व्यक्त करते हुये, इन मामलो के शीघ्र परीक्षण, पीडित को प्रतिकर प्रदान करने तथा उनके पुनर्वास के लिये अनेक विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धांतो को निर्धारित किया है। इस तरह एक बहुत मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष आया था।

विशाखा बनाम राजस्थान राज्य 1997[7] के बहुचर्चित मामले मे उच्चतम न्यायालय ने नियोजन के दौरान यौन–शोषण के विरुद्ध यौन लौंगिक समानता के मानव अधिकार के प्रभावशाली प्रर्वतन के लिये कानून बनाने की आवश्यकता रेखांकित की तथा अधिनिर्धारित किया कि जब तक ऐसा कानून पारित नही होगा, तब तक न्यायालय के मार्गदर्शक सिद्धांतो को

लागू किये जाये उच्चतम न्यायालय के अनुसार यौन शोषण के अन्तर्गत ऐसा प्रत्यक्ष व उल्लंघन भरा अप्रसन्न व्यवहार शामिल है, जिसमें शारीरिक सम्पर्क करना या उसके लिये आगे बढना यौन सम्बन्ध बनाने की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लालसा प्रकट करना, सेक्स से भरे हुये कथन कहना, कमोत्तेजक लेख या चित्र दिखाना तथा इसी प्रकार के कोई रुप शारीरिक मौखिक या अमौखिक यौन प्राकृति का व्यवहार कृत्य, न्यायालय द्वारा निर्धारित किया गया कि यह नियोजकक या कार्यस्थल पर जिम्मेदार व्यक्ति या संस्थान का दायित्व होगा कि वे यौन शोषण के कृत्ये को रोकने के लिय सभी आवश्यक कदम उठाते हुये निवारण, समझौते या अभियोजन के लिये प्रक्रिया की व्यवस्था करे यौन शाषण को प्रतिबन्धित करेन के लिये कार्य स्थल पर प्रत्येक नियोजक या प्रभारी व्याक्ति चाहे पब्लिक सेक्टर में या प्राईवेट सेक्टर मे हो, उसे इस समस्या से निजात पाने के लिये निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए।

1. परिभाषित कार्यस्थल पर यौन शाषण निषेध को नोटीफाई, प्रकाशित तथा प्रचारित करना चाहिये।
2. पब्लिक सेक्टर संस्थानो व सरकार के व्यवहार एवं अनुशासन से संबंधित नियमों तथा उपनियमों के अन्तर्गत यौन शोषण निषेध शामिल किया जाना चाहिये तथा अपराधो के विरुद्ध उचित दण्ड के लिय नियम मे व्यवस्था करे।
3. प्राईवेट नियोजको द्वारा औद्योगिक नियोजन अधिनियम 1946 के अन्तर्गत स्थाई आदेशों में उपयुक्त निषेधो को शामिल करने के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिये।
4. कर्मकांडो की व्यवस्था मे कार्य, आयम, स्वास्थ्य तथा सफाई आदि की उचित व्यवस्था होनी चाहिये ताकि स्त्रीयो के विरुद्ध कार्यस्थल पर विपरीत तथा प्रतिकूल वातावरण न हो तथा किसी स्त्री को यह अहसास न होने पाये कि वह नियोजक के साथ या उससे संबंधित वातावरण में असुरक्षित है।
5. मार्गदर्शक सिद्धांतो मे महिला को अपनी इच्छा से सिमांतरित होने का या दोषी व्यक्ति को सिमांतरित करने का अधिकार उपलब्ध होना चाहिए।

प्रत्येक संस्थानो या विभागो मे किसी महिला की अध्यक्षता मे शिकायत समिति का गठन किया जाये, जो अद्यपी व्यक्ति के खिलाफ उचित जॉच कर सके तथा सरकारी, गैर सरकारी संगठनो की शिकायत समिति द्वारा वार्षिक रिर्पोट की गई कार्यवाही की सूचना के साथ सरकार को आवश्यक रुप से भेजी जानी चाहिये। उच्चतम न्यायालय के इस दिशा निर्देश को सअक्षर स्वीकार कर इसे लागू करने के आदेश पारति किये, गये और इसी के चलते संसद द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990 द्वारा महिलाओ के लिये एक आयोग का गठन भी किया गया जिसमें आयो का मुख्यत: कार्य महिलाओ को दी गई संवैधानिक और विधिक सुरक्षाओ से संबंधित विषयो का अध्ययन करना और निगरानी करना है।

जैसे कि भारतीय संवैधानिक के मौलिक अधिकारो वाले अध्याय मौलिक हेतु आवश्यक विशिष्ट व्यवस्थाआ करने का प्रावधान है। ठीक उसी तरह अनुच्छेद 51 (3) के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक पर एक मौलिक।

दायित्व अधिरोपित करता है कि ऐसी प्रथाओ का परित्याग करें जो स्त्रीयो के सम्मान के विरुद्ध हो स्त्री कर्मकाडो को दी गई वैधानिक सुरक्षा इसी दायित्व की सम्पूर्ती है।

निष्कर्ष – अन्त: कहा जा सकता है, कि महिलाये चाहे वे घरो मे हो या कार्मिक संस्थानो में, सरकारी गैर सरकारी संस्थानो में कार्यरत हो उनके सम्मान व सुरक्षा का दायित्व भारत के प्रत्येक नागरिको का, संस्थाना के नियोजको व सरकारो का होना चाहिये, ऐसी कोई परम्परा या रीति का त्याग अति आवश्यक है जो इनके विरुद्ध निर्वाह की जाती हो अत: इन्हे भी समानता के साथ हर स्थान पर स्वीकार किया जाना चाहिये। भारत देश मे स्त्री को एक ओर देवी लक्ष्मी दूगर्र काली माना जाता है, उन्हे समय–समय पर पूजा जाता है, फिर उनके विरुद्ध यह अनुचित कार्य कैसे संभव होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बी.शाह बनाम पिसाइजिंग लेबर कोर्ट कोयम्बटूर ए.आई.आर 1977. एस.सी 701.
2. सी.जी. मुथम्मा बनाम भारत संघ ए.आई.आर 1979. एस.सी 668.
3. एअर इंण्डिया बनाम नरार्मिस मिर्जा ए.आई.आर 1981. एस.सी 438.
4. डी.एस नकार बनाम भारत संघ ए.आई.आर 1983. एस.सी 165.
5. दिल्ली डोमेस्टीक वर्किंग विमेंश फोरम बनाम भारत संघ ए.आई.आर 1995. एस.सी. 183.
6. विशाखा बनाम राजस्थान राज्य ए.आई.आर 1997. एस.सी।
7. जय नारायण पाण्डे, भारत का संविधाना, श्रमिक विधिया, इलाहबाद पब्लिकेशन 2019।
8. प्रसूवी प्रसुविधा अधिनियम
9. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

ममलूक कालीन स्थापत्य कला का अध्ययन

डॉ. आनन्द गोस्वामी *

प्रस्तावना - दिल्ली सल्तनत के प्रथम राजवंश के नामकरण को लेकर इतिहासकारों में मतभेद है विभिन्न इतिहासकारों ने इसके अलग-अलग नाम जैसे- दास वंश, ममलूक वंश, इल्बारी वंश व प्रारंभिक तुर्क नाम दिया है क्योंकि इस वंश के 11 शासकों में केवल तीन कुतुबुद्दीन ऐबक , इल्तुतमिश व बलवन ही दास थे तथा सत्ता ग्रहण करने से पूर्व ये भी दासता से मुक्त कर दिये गए थे, वर्तमान में इतिहासकार हबीबुल्लाह द्वारा प्रस्तावित नाम ममलूक शासक ही सर्वमान्य है। हबीबुल्लाह ने मध्यकालीन मिस्र के इतिहास से उदाहरण लेकर यह नाम प्रस्तावित किया था जहां दास सेना नायकों द्वारा स्थापित वंश को ममलूक नाम दिया गया था। ममलूक अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ गुलामी के बंधन से मुक्त माता-पिता से उत्पन्न संतानों से होता है इस प्रकार 1206 ईस्वी से 1290 ईस्वी तक भारत पर शासन करने वाले शासकों को ममलूक वंश के नाम से संबोधित किया जाता है। ममलूक वंश में कुल 11 शासकों ने 84 वर्ष तक शासन किया ममलुक शासकों द्वारा स्थापत्य कला के क्षेत्र में जिन ऐतिहासिक इमारतों का निर्माण कराया है उनमें प्रमुख इमारतें निम्न है- कुवत उल इस्लाम मस्जिद, कुतुब मीनार , अड़ाई दिन का झोपड़ा, सुल्तान गढ़ी ,इल्तुतमिश का मकबरा ,हौज -ए - शम्सी तथा शम्सी ईदगाह, बदायूं की जामा मस्जिद ,बलबन का मकबरा आदि। यद्यपि ममलुक शासकों के समय में स्थापत्य कला का बहुत ज्यादा विकास नहीं हुआ फिर भी जितनी भी इमारतों का निर्माण हुआ है वे सभी ऐतिहासिक एवं स्थापत्य के क्षेत्र में महत्तवपूर्ण स्थान रखती हैं।

अध्ययन के उद्देश्य-इस अध्ययन के उद्देश्यों को हम निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से स्पष्ट कर सकते हैं :

1. ममलूक शासकों द्वारा निर्मित प्रमुख ऐतिहासिक इमारतों का अध्ययन करना।
2. ममलूक स्थापत्य कला का ऐतिहासिक महत्व।
3. ममलूक स्थापत्य शैली का अध्ययन करना।

सल्तनत कालीन स्थापत्य कला भारतीय और इस्लामी प्रभावों के सम्मिश्रण से उत्पन्न एक नवीन स्थापत्य कला है जो हिंद- इस्लामी शैली कहलाती है। इस शैली की प्रमुख विशेषता मेहराब व गुम्बदों का सुंदर प्रयोग है जिसे अरबों ने मुख्यत रोम से ग्रहण किया था। इस शैली में भारतीय क्षैतिज शैली व इस्लामी मेराब धरनी का सुंदर एवं संतुलित सम्मिश्रण था। मुस्लिम वास्तु शिल्पियों ने हिंदू मंदिर शैली की वक्र रेखी कंगनी, छोटे वर्गाकार स्तंभों और उत्कीर्णित रूपरेखाओं जैसे कमल को अलंकरण के लिए ग्रहण किया। वस्तुत: भारतीय और इस्लामी शैलियां प्रत्येक दृष्टिकोण से एक दूसरे से भिन्न थी। भारतीय शैली में स्तम्भों व बल्लियों का प्रयोग किया जाता था। जबकि इस्लामी शैली में मेहराबों का अधिक प्रयोग होता था। भवन निर्माण में भारतीय बड़े-बड़े भारी पत्थरों का प्रयोग करते थे जबकि इस्लामी शैली में छोटे व हल्की ईंटों का प्रयोग होता था। गारे के रूप में चूने व सुर्खी का प्रयोग इस्लामी शैली की विशेषता थी। दोनों शैलियों में मुख्य अंतर सजावट एवं अलंकरण में था। भारतीय शैली में मूर्ति का प्रयोग अधिक होता था जबकि इस्लामी शैली में सुलेख, विभिन्न ज्यामितीय आकार एवं आकृतियों व चमकीली टायलों का प्रयोग होता था। सुलेख के अंतर्गत कुरान की आयतों वाले अभिलेख के चौखटों का प्रयोग किया जाता था।

इस प्रकार अरबी लिपि ही कला का एक माध्यम बन गई। सजावट की मिश्रण पद्धति को अरबैस्क कहा गया। इण्डो - इस्लामी स्थापत्य कला का विकास क्रमिकरूप से हुआ है। इसका प्रथम चरण 1206 से 1290 ई. तक का था जो इतिहास में ममलूक काल के नाम से जाना जाता है। अत: यह शैली ममलूक शैली के नाम से प्रसिद्ध है। इसे प्रयोगात्मक व कामचलाऊ शैली भी कहा जाता है। ममलूक कालीन स्थापत्य कला इसका काल 1206 से 1290 ई. तक था। यह सल्तनत कालीन स्थापत्य कला का आरंभिक काल था। इस काल के आरंभिक भवनों में स्थापत्य कला शैली का झुकाव भारतीयता की ओर अधिक था इस समय के ऐतिहासिक भवन निम्नलिखित है।

कुव्वत-उल-इस्लाम-मस्जिद- दिल्ली में स्थित यह मंदिर हिंदू-मुस्लिम शैली पर निर्मित प्रथम भवन है। इसका निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने पृथ्वीराज चौहान पर विजय पाने की स्मृति में करवाया था। इस मस्जिद के संबंध में इतिहासकार जॉन मार्शल का मत है कि इसका निर्माण जैन मंदिर के धवंसावशेषों पर हुआ था। पहले यहां एक वैष्णव मंदिर था जिसे कालांतर में विष्णु मंदिर में परिवर्तित कर दिया गया था। इसी विष्णु मंदिर को तोड़कर ऐबक ने दिल्ली व भारत की प्रथम मस्जिद का निर्माण करवाया। इस मस्जिद के निर्माण में मंदिर के तोरण, स्तंभों व छत आदि का प्रयोग किया गया है इस पर बनी हुई आकृतियों को हटा दिया गया है या उनके स्थान पर बेल बूंटों का निर्माण किया गया।इस मस्जिद की सर्वोत्कृष्ट विशेषता उसका 'मकसूरा' एवं इसके साथ जुड़ा 'किबला लिवान' है। स्थापत्य कला की दृष्टि से यह पहला ऐसा उदाहरण है, जिसमें स्पष्ट हिन्दू प्रभाव परिलक्षित होता है

कुव्वत-उल-इस्लाम-मस्जिद के मुख्य बिन्दु:

1. कुतुबुद्दीन ऐबक ने दिल्ली विजय के उपलक्ष्य में तथा इस्लाम धर्म को प्रतिष्ठित करने के उदेश्य से 1192 ई. में 'कुत्ब' अथवा 'कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद' का निर्माण कराया।
2. 1230 ई. में इल्तुतमिश ने मस्जिद के प्रांगण को दुगुना कराया।
3. अलाउद्दीन ख़लिजी ने इस मस्जिद का विस्तार कराया तथा कुरान की आयतें लिखवाई।
4. मस्जिद में लगी जाली, स्तम्भ एवं दरवाजे मंदिरों के अवशेष थे।

* एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखारी, जनपद- महोबा (उ.प्र.) भारत

5. इस मस्जिद में सर्वप्रथम इस्लामी स्थापत्य कला की मजबूती एवं सौन्दर्य जैसी विशेषताओं का उभारा गया है।
6. 'इण्डो-इस्लामिक शैली' में निर्मित स्थापत्य कला का यह पहला ऐसा उदाहरण है, जिसमें स्पष्ट हिन्दू प्रभाव दिखाई देता है।
7. मस्जिद 121 फुट लम्बे तथा 150 फुट चौड़े समकोणनुमा चबूतरे पर स्थित है।

कुतुबमीनार- यह दिल्ली में स्थित है इसका निर्माण 1199 ईस्वी में कुतुबुद्दीन ऐबक ने प्रारंभ किया तथा 1230- 31 ईसवी में इल्तुतमिश ने पूरा करवाया। प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इसका नाम कुतुब मीनार रखा गया। कुतुबमीनार का निर्माण मुअज्जिन की अजान देने के लिए किया गया था। यह कन्नौज विजय का स्मारक चिन्ह भी माना जाता है। इसकी ऊंचाई 242 फीट और नीचे से ऊपर की ओर पतली होती चली गई है। इसके बाहरी भाग पर अरबी तथा फारसी में लेख अंकित हैं। प्रारंभ में यह चार मंजिला था किंतु फिरोज तुगलक के समय चौथी मंजिल पर बिजली गिरने के कारण काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। अत: फिरोज तुगलक ने उसे तुड़वाकर उसके स्थान पर दो मंजिलों का निर्माण करवाया। सिकंदर लोदी के काल में पांचवी मंजिल के क्षतिग्रस्त होने पर उसकी मरम्मत कराई गई। इस प्रकार वर्तमान में कुतुबमीनार पांच मंजिली है इसके प्रथम तीन मंजिले पत्थर की हैं जिनमें बाहर की ओर बलुआ लाल पत्थर का प्रयोग किया गया है। ऊपर की दो मंजिलों में अंदर बलुआ पत्थर तथा बाहरी ओर सफेद पत्थर का प्रयोग किया गया है। कुतुबमीनार पर एक लेख है जिसमें फजल - एबनअबुल -माली के नाम मिलते हैं।

अढ़ाई दिन का झोपड़ा -अढ़ाई दिन का झोपड़ा राजस्थान के अजमेर नगर में स्थित यह एक मस्जिद है। माना जाता है इसका निर्माण सिर्फ अढाई दिन में किया गया और इस कारण इसका नाम अढाई दिन का झोपड़ा पढ़ गया। इसका निर्माण पहले से विद्यमान संस्कृत विद्यालय को परिवर्तित करके मोहम्मद गोरी के आदेश पर उस के गवर्नर कुतुब-उद-दीन ऐबक ने वर्ष 1192 में करवाया था। मोहम्मद गौरी ने तराईन के युद्ध में पृथ्वीराज चौहान को हरा दिया उसके बाद पृथ्वीराज की राजधानी तारागढ़ अजमेर पर हमला किया। यहां स्थित संस्कृत विद्यालय को मस्जिद में परिवर्तित कर दिया अर्थात इसका निर्माण संस्कृत महाविद्यालय के स्थान पर हुआ। इसका प्रमाण अढाई दिन के झोपड़े के मुख्य द्वार के बायीं ओर लगा संगमरमर का एक शिलालेख है जिस पर संस्कृत में इस विद्यालय का उल्लेख है।यहाँ भारतीय शैली में अलंकृत स्तंभों का प्रयोग किया गया है, जिनके ऊपर छत का निर्माण किया गया है। मस्जिद के प्रत्येक कोने में चक्राकार एवं बासुरी के आकार की मीनारे निर्मित है। 90 के दशक में इस मस्जिद के आंगन में कई देवी - देवताओं की प्राचीन मूर्तियां यहां-वहां बिखरी हुई पड़ी थी जिसे बाद में एक सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया। ये भारत की सबसे प्राचीन इस्लामी मस्जिदों में शुमार है।

सुल्तान गढ़ी -सुल्तान गढ़ी का शाब्दिक अर्थ है गुफा का सुल्तान। यह इल्तुतमिश के जेष्ठ पुत्र नसीरुद्दीन का मकबरा है। इसका निर्माण इल्तुतमिश ने 1231 ईस्वी में दिल्ली स्थित कुतुब मीनार से 3 मील दूर मलकापुर में एक गढ़ की भांति ऊंचे चबूतरे पर करवाया था। इसका बाहरी भाग भूरे ग्रेनाइट पत्थर तथा संगमरमर से बना है।आंतरिक भाग अष्ट मुखी आकार का है। इसकी छत को सुंदर खंभों से सहारा दिया गया है।इस मकबरे के निर्माण के साथ ही इल्तुतमिश ने भारत में मकबरों के निर्माण का श्रीगणेश किया इल्तुतमिश को मकबरा शैली का जन्मदाता कहा जाता है।

इल्तुतमिश का मकबरा- इल्तुतमिश का मकबरा दिल्ली में स्थित एक कक्षीय मकबरा है। इसका निर्माण लाल पत्थरों से हुआ है इसके भीतरी भाग को नक्काशी द्वारा सुसज्जित करने का प्रयास किया गया है। इसकी दीवारों पर कुरान की आयतें अंकित है यह तत्कालीन समय का सबसे महत्वपूर्ण अलंकृत मकबरा है।आज भी इस मकबरे की छत नहीं है। दिल्ली पर राज करने वाले इस सुल्तान का मकबरा बिना छत का है। बाहर से तो यह मकबरा बिल्कुल सादा है, लेकिन अंदर और गेट पर शानदार तरीके से नक्काशी की गई है। इन नक्काशियों में चक्र, घंटी, जंजीर, कमल और हीरा शामिल हैं। इन्हें देखकर फर्ग्युसन ने कहा था कि यह इस्लामी उद्देश्यों के लिए हिंदू कला के इस्तेमाल किए जाने का शानदार उदाहरण है।

बदायूं की जामा मस्जिद -बदायूं की जामा मस्जिद शम्सी हिंदुस्तान की शानदार मस्जिदों में गिनी जाती है। बादशाह इल्तुतमिश ने इसकी नींव रखी थी। पंद्रह साल में बनकर तैयार हुई इस मस्जिद का निर्माण उनके बेटे रुकुनुद्दीन ने पूरा कराया था।

बदायूं की मस्जिद शम्सी खुद में काबिले तारीफ है। इसके चारों ओर बने बड़े-बड़े बरामदे तथा बीच में वुजू के लिए पानी का हौज भी आलीशान है। मस्जिद के ऊपर बनाई गई बड़ी गुम्बद भी अपने में खासियत रखती है। यह गुंबद शहर में दूर-दूर से दिखाई देती है।

गौरतलब है कि इल्तुतमिश दिल्ली का बादशाह बनने से पहले बदायूं का सूबेदार था। उसने जामा मस्जिद की बुनियाद सन् 1210 में रखी थी। उसके दिल्ली का बादशाह बनने के बाद उसका बेटा रुकुनुद्दीन बदायूं का सूबेदार बना। रुकुनुद्दीन ने 1225 में मस्जिद को पूर्ण रूप से तैयार कराया। मोहम्मद तुगलक ने इसकी मरम्मत कराई।

बलबन का मकबरा -यह मकबरा दिल्ली में स्थित है। इसे बलवान ने बनवाया था। शुद्ध इस्लामी पद्धति द्वारा निर्मित यह भारत का प्रथम मकबरा है वास्तव में सही रूप में मेहराबों का प्रयोग बलबन के मकबरे में ही हुआ है। मकबरे के द्वार की मेहराब भारत की तुर्की मेहराबों में सर्वोत्तम है।

निष्कर्ष- ममलूक शासकों ने भारत पर 1206 से 1290 ईसवी तक शासन किया। इस दौरान 11 शासकों ने शासन किया। जिनके द्वारा निर्मित प्रमुख भवनों एवं इमारतों का वर्णन ममलूक स्थापत्य कला के अंतर्गत किया गया। जिसमें से सबसे प्रसिद्ध इमारत कुतुबमीनार है जिसे यूनेस्को द्वारा वर्ष 1993 में विश्व विरासत स्थल की सूची में जगह दी गई है। कुतुबमीनार को देखने के लिए भारत ही नहीं अपितु विदेशों से भी लाखों पर्यटक भारत आते हैं और इस ऐतिहासिक इमारत को देखकर दर्शक स्वयं उस समय की स्थापत्य कला की बारीकियों का विवरण प्राप्त करते हैं, ममलूक सुल्तानों का कार्यकाल यद्यपि मात्र 84 वर्ष ही रहा है लेकिन उनके शासनकाल में बनाई गई प्रमुख इमारतों में कुतुबमीनार, अढ़ाई दिन का झोपड़ा, कुव्वत-उल-इस्लाम-मस्जिद, सुल्तान गढ़ी, इल्तुतमिश का मकबरा, बदायूं की जामा मस्जिद, बलबन का मकबरा आदि इमारतों में से बलबन के मकबरा को छोड़कर शेष इमारतें वर्तमान समय में भी समय की मार को झेलते हुए अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखे हुए हैं और उस युग की स्थापत्य कला का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यकालीन भारत का इतिहास -एस.के. पांडे
2. मध्यकालीन भारत तथा धार्मिक जीवन- वी. डी.महाजन
3. अद्भुत भारत- ए. एल.बासम
4. एन.सी.ई. आर.टी. की किताबें
5. मध्यकालीन भारत का इतिहास- हरिश्चंद्र वर्मा
6. मध्यकालीन भारत का इतिहास- एल.पी.शर्मा
7. मध्यकालीन भारत -रोमिला थापर
8. मध्यकालीन भारत की सामाजिक अवस्था-अब्दुल्लाह यूसुफ अली

शिक्षकों के आकांक्षा स्तर प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का समीक्षात्मक अध्ययन

पूजा वर्मा * डॉ. आदित्य चतुर्वेदी **

शोध अध्ययन की पृष्ठभूमि – सभी मानवीय कार्यकलापों की तरह शिक्षा में भी समाज की उदीयमान आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप परिवर्तन होते रहते हैं। मानव जीवन में जब नए लक्ष्य स्थापित होते हैं तो समाज की आकांक्षाएँ भी बदल जाती हैं। शिक्षा की अवधारणा में चाहे जो भी परिवर्तन हो, मानव-मुक्ति, स्वतन्त्रता और न्यायपूर्ण समाज की रचना इसका अन्तिम लक्ष्य रहा है तथा भविष्य में भी रहेगा। मानव मुक्ति और न्यासपूर्ण समाज की परिभाषाएं विभिन्न विचारधाराओं के सापेक्ष बदलती रही हैं जिसके कारण शिक्षा प्रक्रिया और प्रभाव क्षेत्र के स्वरूप में भी स्वाभाविक रूपान्तरण होता रहा है।विश्व के बदलते परिप्रेक्ष्य और संक्रमणकालीन मूल्य विहीनता को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों के मूल्य, शिक्षण प्रभावशीलता, आकांक्षा स्तर आदि के परस्पर संबंधे कीचर्चा ज्वलंत बनी हुई है।

यह सर्वविदित है कि मानव के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। अत: हमारी चिंतन प्रक्रिया के शैक्षिक निहितार्थों में शाश्वत मूल्य निश्चित रूप से विद्यमान होने चाहिए। शिक्षा के हर क्षेत्र में हमारी संस्कृति, संस्कार, सोच और चिन्तन प्रतिबिंबित होते हैं।

आधुनिक शिक्षा आज एक साथा दोहरे संकट से ग्रस्त है। जहां एक ओर उसकी सामाजिक प्रासंगिकता पर बड़े पैमाने पर सवाल उठाये जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सभी प्रबुद्ध नागरिक जीवनमूल्यों के ह्रास के बारे में शिक्षक की भूमिका को सन्देह की दुष्टि से देखते हैं।

राष्ट्र की अपनी संस्कृति और सभ्यता होती है। राष्ट्र की सांस्कृतिक सम्पदा शिक्षण संस्थाओं में ही सुरक्षित रहती है। ये शिक्षण संस्थाएं राष्ट्र की प्रहरी बनकर सत्त उसकी रक्षा में लगी रहती हैं। संस्थाएं अपनी शिक्षा से समाज को निरन्तर प्रभावित करती रहती हैं। वस्तुत: उस राष्ट्र के सांस्कृतिक वैशियट्य को वहाँ के शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से प्रतिनिधित्व मिलता है।

कोई भी राष्ट्र अपने शिक्षक वर्ग पर सम्पूर्ण रूप से निर्भर करता है क्योंकि शिक्षक समाज के नागरिकों की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं और नागरिक राष्ट्र का निर्माण करते हैं, इसलिए शिक्षक को राष्ट्र का निर्माता समझा जाता है। शिक्षण व्यवसाय को एक आदर्श व्यवसाय की संज्ञा दी गई है। शिक्षक वह धुरी है जिसके चारों ओर राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली घूमती है। प्राचीन भारत में शिक्षक को अग्रणी स्थान प्राप्त था और शिक्षक अपने कार्य को जीवन का प्रमुख ध्येय समझते थे, परन्तु आज शिक्षण कार्य एक व्यवसाय मात्र रह गया है और जीविकोपार्उन इसका मूल उद्देश्य है।

यह आवश्यक नहीं है कि जितने भी व्यक्ति शिक्षण व्यवसाय से जुडे हैं, वह सभी इस धारणा से ओत-प्रोत हों कि शिक्षण क्रिया समाज की सबसे बड़ी सेवा है, बल्कि कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं जो कि अपने अभीष्ट लक्ष्य को न प्राप्त कर सकने की स्थिति में जीवन-निर्वाह हेतु इस व्यवसाय को अंगीकार कर लेते हैं। ऐसे ही शिक्षक प्राय: अपने कार्य में सफल एवं प्रभावपूर्ण नहीं होत हैं। वर्तमान समय में समस्त शिक्षा वैज्ञानिक शिक्षण में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हैं, इसलिए इस सन्दर्भ में ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जिनकी अध्यापन क्षेत्र में ही आगे बढ़ने की प्रवृत्ति हो।

उपर्युक्त सन्दर्भ में योग्य शिक्षकों के व्यक्तित्व के गुणों तथा विशेषताओं से परिचित होना आवश्यक है।

इस बात से प्रभावित होकर विगत दशकों में यह जानने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार के व्यक्तित्व वाले शिक्षक अच्छा और प्रभावशाली शिक्षण करते हैं। इन अध्ययनों से ऐसे अध्यापकों की पहचान हो जाय तो निश्चित रूप से छात्रों को अधिगम के लिए उत्प्रेरित किया जा सकता है। इन अध्ययनों से ऐसे अध्यापकों के व्यक्तित्व-तत्वों व विशेषताओं की जानकारी भी की जा सकती है जो कक्षा में अच्छा तथा प्रभावी शिक्षण कार्य सम्पादित नहीं कर पाते। फलस्वरूप छात्र अधिगम बहुत कम हो पाता है। यह भी देखने मेंआता है कि शिक्षकों में अपने शिक्षण व्यवसाय के प्रति सकारात्मक प्रवृत्ति नहीं पायी जाती है परिणामत:अनेक शैक्षिक समस्यायें यथा-शैक्षिक मूल्यों का ह्रास, शिक्षण स्तर का गिरना, छात्र अनुशासन की समस्या एवं विद्यालयीय अव्यवस्था देखने को मिलती हैं। वर्तमान समय में शिक्षा जगत की समस्यायें इतनी विशाल, बहुआयामी, जटिल तथा दिग्भ्रमित हैं कि इनके लिए व्यापक स्तर पर वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है।

प्राय: यह देखा जाता है कि शिक्षक के व्यवहार में कुछ ऐसी बाते या क्रिया-कलाप आ जाते हैं, जो छात्र हितकरी नहीं होते हैं। अत: शिक्षक व्यवहार का मूल्यांकन एवं अवलोकन करके उनके व्यवहार में उत्तम एवं उपयोगी परिवर्तन लाया जा सकता है। यदि शिक्षक की शिक्षण व्यवसाय के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति है तो वह इसमें रूचि लेगा और शिक्षार्थियों को समुचित रूप ये शिक्षित करने का प्रयास करेगा।'शिक्षक का व्यक्तित्व' कक्षा की परिस्थितियों में एक महत्वपूर्ण चर है।

कोठारी आयोग ने भी कहा है कि -'भारत का भविष्य उसकी कक्षाओं में स्वरूप ग्रहण करता है।' कहने का तात्पर्य यह है कि- शिक्षण के दौरान देश के भावी नागरिकों का सृजन होता है तथा उन पर अध्यापकों की नैतिकता, चरित्र, मूल्यों एवं अन्य कारकों का प्रभाव पड़ता है। ऐसी स्थिति में प्रस्तुत अध्ययन इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि उन कारकों की खोज गम्भीरतापूर्वक की जाये जो अध्यापन व्यवसाय की गरिमा को बनाये रखने में सहयोग

* शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, आनन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ,भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रदान करते हैं तथा जिनके अनुपालन से शिक्षक अपने शिक्षण कार्य में सफलता प्राप्त कर समाज में अपना गौरवमय स्थान सुनिश्चित कर सके एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी महति भूमिका निभा सके।

प्रथम प्रकार के वे शिक्षक हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कॉलेजो से प्रशिक्षण संस्थाओं से अध्यापक शिक्षा का प्रशिक्षिण प्राप्त किया है। ऐसे शिक्षकों को माध्यमिक स्तर पर शिक्षण करने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इन्हें बी.एड प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक कहा जाता है।

द्वितीय प्रकार के शिक्षक वें हैं जिन्होंने प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थाओं में अध्यापन हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ऐसे शिक्षकों को बेसिक शिक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इन्हें बी.टी0सी0 शिक्षक कहा जाता है।

बी0एड0 शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाओं में अध्ययनत् भावी शिक्षक ऐसे कौशलों को विकसित करने में समर्थ हो जाते हैं जो कि किशोरवय शिक्षार्थियों में माध्यमिक स्तर पर वांछनीय अनुभवों को विकसित करने में सफलता प्राप्त करने के योग्य बन जाते हैं।

यह अधिकांश शोधार्थी और शिक्षक स्वीकार करते हैं कि दोनों स्तरों (माध्यमिक तथा प्राथमिक) पर शिक्षार्थियों की व्यक्तित्व विशेषताओं की विभिन्नता के कारण शिक्षको के शिक्षण कौशल व सम्प्रेषण कौशलता अलग-अलग प्रकार की होती है।

प्रश्न तो यहाँ यह है कि क्या प्राथमिक स्तर पर शिक्षण करने वाले बी.टी.सी. शिक्षक एवं माध्यमिक स्तर पर शिक्षण करने वाले बी.एड. शिक्षक दोनों की भिन्न-भिन्न शिक्षण प्रशिक्षण प्रारूपों के कारण शिक्षण प्रभावशीलता समान है ? क्या इनकी व्यक्तित्व विशेषताएँ जो शिक्षण को प्रभावित करती हैं,यथा सुविधास्तर, स्वधारणा, कार्यात्यक मूल्य, आकांक्षा स्तर समान हैं ? क्या इन दोनो स्तरों के शिक्षकों की परिस्थितियों भी समान है या नही ? यह एक ज्वलन्त प्रश्न है जिनका उत्तर ज्ञात करना शोधार्थिनी के लिए आवश्यक महसूस होता हैं। वर्तमान शोध का उद्गम शोधार्थिनी के मन में उपजे इन प्रश्नों का उत्तर ज्ञात करने के लिए उद्गमित हुआ है और इसलिये बी.एड. एवं बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की विशेषताओं का उनके व्यवसाय पर क्या प्रभावपड़ता है इसका अध्ययन करने हेतु इस समस्या का चयन किया गया है।

समस्या कथन - निश्चित शब्दों में समस्या कथन को निम्न प्रकार प्रस्तुत किया गया है।प्रस्तुत शोध माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के व्यक्तित्व एवं व्यवसायिक संतुष्टि का उनके शिक्षण पर प्रभाव का अध्ययन (होशंगाबाद जिले के संबंध में) शोध क्षेत्र को चुना गया है।

वर्तमान शोध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों की परिभाषा निम्नवत है:-

1. बी.टी.सी :- प्रत्येक जनपद में इस प्रकार के विद्यालय राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड द्वारा नियंत्रित होते हैं। बी.टी.सी प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) द्वारा संचालित द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम हैं। बी.टी.सी प्रशिक्षण प्राप्तकर्त्ता बी.टी.सी अर्हतायुक्त शिक्षक कहलाता है।

2. बी0एड0 :- माध्यमिक स्तर के लिए अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान खोले गये। प्रत्येकविश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में यह पाठ्यक्रम आयोजित किया गया है। बी0एड0 प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा नियंत्रित होते हैं। वर्तमान समय में सरकारी तथा गैरसरकारी बी0एड0 महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। पहले यह प्रशिक्षण एक वर्षीय था, परन्तु वर्तमान समय में सरकार ने इसे द्वि-वर्षीय(चार सेमेस्टर) कर दिया है ताकि माध्यमिक स्तर पर कुशल एवं योग्य शिक्षको को प्रशिक्षित किया जा सके।

3. आकांक्षा स्तर - चौहान (1999) ने आकांक्षा स्तर को परिभाषित किया कि 'आकांक्षा स्तर, किसी कार्य के उस स्तर से सम्बन्धित है जिसके लिए कोई व्यक्ति भविष्य के लिए आकांक्षा करता है। किसी व्यक्ति या समूह की क्रियात्मकता उसके आकांक्षा स्तर पर निर्भर करती है।'

कोई शिक्षक अपने वर्तमान शिक्षण स्तर को पाने के पश्चात् भावी प्रयास में जिस स्तर को प्राप्त करने की आशा रखता है, उा शिक्षक का आकांक्षा स्तर कहलाता है।

4. सुविधा स्तर - अपने शिक्षण कार्य व अध्यापन व्यवसाय सम्बन्धी सुविधाओं व असुविधाओं की मात्रा से शिक्षक अपने शिक्षण वातावरण में शिक्षण हेतु सुविधा महसूस करता है और यह सुविधा स्तर उसके कार्य प्रभाव को प्रभावित करता है। शिक्षक के सुविधा स्तर से तात्पर्य उस स्तर से है जिस स्तर पर शिक्षक अपने कार्य को सुचारू रूप से प्रतिपादित करने में सुविधा महसूस करता है।

5. शिक्षक प्रभावशीलता - शिक्षक प्रभावशीलता का सम्बन्ध उस शिक्षण प्रभाव से है, जो एक शिक्षक द्वारा उस शिष्य पर डाला जाता है, जिसे वह पढ़ाता है। शिक्षक प्रभावशीलता इसका मापन नहीं है, कि क्या करता है?, बल्कि इसका मापन है कि शिक्षक द्वारा पढ़ाये गये शिष्य के व्यवहार में क्या परिवर्तन हुए हैं। शिक्षक प्रभावशीलता से वे निष्कर्ष सामले आते हैं, जिससे शिक्षा के उद्देश्य परिलक्षित होते हैं?

6. स्वधारणा - स्व-धारण अर्थात किसी व्यक्ति की अपनी प्रकृति के बारे में अनुभव।इसका तात्पर्य यह है कि व्यक्ति दूसरों के विचारों, अनुभवों व पृष्ठपोषण से उनके बारे में क्या दृष्टिकोण रखता है। स्व-धारणा मूल्यों, अभिवृत्तियों व विचारों से बनने वाली अनुभव संरचना है।

7. कार्यात्मक मूल्य - बुड्स के अनुसार 'मूल्य मानव व्यवहार के घटक तथा निर्धारक तत्व है। ये आदर्श और लक्ष्य दोनों का कार्य करते हैं।' कार्यात्मक मूल्य का अर्थ उन मूल्यों से है जो किसी व्यक्ति द्वारा किऐ गये कार्य के आदर्श, लक्ष्य, गुणवत्ता या उस कार्य की सफलता से सम्बन्धित होते हैं।

शोध समस्या का औचित्य - यह सत्य है कि आज शिक्षक सामान्यतया अपने व्यवसाय से असन्तुष्ट है। यद्यपि आज से कुछ वर्ष पहले जबकि शिक्षकों की दशा वास्तव में खराब थी, तब भी उनका व्यवहार इस तरह का नहीं था। वे छात्रों के भविष्य को प्राथमिकता देते थे तथा अध्यापक की गरिमा पूर्ण छवि बनाए रखते थे। वे समाज के सबसे आदरणीय पात्र थे। आज जबकि वेतन आकर्षक हो गया है, वे अन्य कार्यो में ज्यादा लिप्त पाए जाते हैं। जैसे-जैसे सुविधाएँ बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे तृष्णा का आकार भी बढ़ता जा रहा है। अन्य व्यवसायों की तरह आज का अध्यापक भी पैसे को अधिक महत्व देता है। आज वह बेचैन है तथा पुराने समय के गुरूओं से भिन्न है। वह आज नारेबाजी, रैली निकालने तथा लड़ाकू रूख अख्तियार करने में तनिक भी नहीं हिचकता। उसकी शान्तिप्रियता एक नकाब है, जिसे वह किसी भी क्षण हटा सकता है। इस वर्ग के कुछ लोग परीक्षा परिणामों में हेरा-फेरी करवाने, दलाली करने, स्थानान्तरण करवाने तथा लाभ के लिए राजनैतिक दलों से साँठ-गाँठ करने से नहीं चूकते हैं। ऐसे कामों को वेधनोपार्जन का अतिरिक्त साधन मानते हैं और यह भूल जाते हैं कि अध्यापक का सिर्फ और सिर्फ एक ही काम है- **'समाज को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित करना।'**

अगर आज की शिक्षा व्यवस्था पर ऊंगलियाँ उठ रही हैं तो अध्यापक

का भी इसमें दोष है जिन्होंने कार्य सम्पादन में शिथिलता अथवा अशैक्षिक कठिनाईयाँ पैदा करके इस व्यवस्था को कमजोर किया। आज का अध्यापक येन-केन प्रकारेण अपनी सुविधानुसार विद्यालयों के चयन हेतु सदैव परेशान रहता है। शायद इसी कारण वह पठन-पाठन कार्य में या कक्षा में जाने में रूचि नहीं लेता। इस परिस्थिति में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आज का अध्यापक बदल गया है, पुराने मापदण्डों पर खरा नहीं बैठ पा रहा और वह बिना काम किये सफल डाक्टर के समान महत्वाकांक्षी है। आज का अध्यापक यह भूल रहा है कि आदर या पद कार्य से प्राप्त करना होता है, थोक के भाव नहीं मिलता। वह श्रेष्ठता प्राप्त करने का प्रयास ही नहीं कर रहा है। वह भूल गया है कि उसका भविष्य उसके ज्ञान एवं उसकी कार्यनिष्ठा में निहित है। कुछ विद्वानों का मत है कि समाज की शिक्षकों के नीति उपेक्षापूर्ण नीति भी शिक्षकों की दशा को दयनीय बनाने में महत्वपूर्ण कारक है। वेतन एवं अन्य सुविधाओं के बाद भी शिक्षक का जीवन समाज के अन्य लोगों की तुलना में खराब ही पाया जाता है। अच्छे स्कूलों, कॉलेजों या विश्वविद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर उनके बच्चों के प्रवेश का कोई इन्तजाम नहीं होता है। बच्चों को उच्च तकनीकी शिक्षा दिलानें में भी अपने को सामर्थ्यहीन महसूस करते हैं।

यद्यपि शिक्षक समाज में कुछ लोग अपने पथ से दिग्भ्रमित हुए है तथापि आज भी बहुत से ऐसे शिक्षक हैं जो अपने एवं अपने विद्यार्थियों के मूल्यों को पहचानते हैं तथा अपने कर्त्तव्यों एवं आदर्शो के प्रति समर्पित हों। अत: वर्तमान की आवश्यकता यह है कि युवा शिक्षक समाज जागृत हो, आकर्षक वेतनमान से अपने को सन्तुष्ट करें, अपने मूल्यों एवं आदर्शो के प्रति समार्पित हो और भ्रष्टाचार मुक्त, अवसाद मुक्त, संस्कार युक्त, नैतिकता युक्त, कर्त्तव्ययुक्त, एवं कर्म युक्त छात्रों का निर्माण करें। निश्चित रूप से ऐसे अध्यापक ही अपने शिक्षार्थियों के प्रति अपने कर्त्तव्य निवर्हन के योग्य कहे जाएगें।

अध्ययन का महत्व - अनुसंधान मानव ज्ञान भण्डार को विस्तृत करता है- अनुसंधान से मनुष्य का ज्ञान दिन प्रतिदिन बढ़ता रहता है क्योंकि अनुसंधान के आधार पर नवीन वैज्ञानिक तथ्यों, सामान्य नियमों तथा सिद्धान्तों की रचना होती है। अनुसंधान व्यावहारिक समस्याओं के समाधान का एक प्रबल यंत्र है- अनुसंधान व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में सहायता करता है। आधुनिक जीवन के सामाजिक, औद्योगिक,शैक्षिक, सैनिक, मनोवैज्ञानिक तथा चिकित्सा आदि क्षेत्रों में अनुसंधान की अत्यधिक उपयोगिता है, इसलिए सामाजिक अनुसंधान, औद्योगिक अनुसंधान तथा शैक्षिक अनुसंधान का विस्तार निरन्तर मानव जीवन में बढ़ रहा है।

सम्बन्धित साहित्यावलोकन - सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण से शिक्षकों के आकांक्षा स्तर, प्रभावशीलता कार्यात्मक मूल्य,स्वधारणा, व सुविधा स्तर से सम्बन्धित निम्न अध्ययन प्राप्त हुए हैं-

1. वंगू एम.एल. (1984) ने, हाई स्कूल शिक्षकों के प्रभावशीलता तथा व्यक्तित्व व विद्वतापूर्णक्षमता का अध्ययन किया, जिसमें निष्कर्ष मिला कि व्यक्तित्व, समायोजन, प्रजातांत्रिक नेतृत्व, उच्चकोटि की बुद्धि व संवेगात्मक नियन्त्रण ही वे गुण हैं जिससे शिक्षक प्रभावशीलता बढ़ती है।

2. हुसैन एम.क्यू. (1985) ने, हाई स्कूल शिक्षकों की कश्मीर में कर्तव्य निष्ठा का उनकी शैक्षिक प्रभावशीलता, शैक्षिक प्रभुत्व व नैतिकता से सम्बन्ध का अध्ययन किया व निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए।(निजी व सरकारी स्कूल शिक्षकों की नैतिकता, कर्तव्य निष्ठा में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

3. सिंह आर0एस0 (1987) नें, पूर्वी उत्तरप्रदेश में हाईस्कूल स्तर से सम्बन्धित शिक्षकों की प्रभावशीता का अध्ययन किया जिसमें निष्कर्ष प्राप्त हुए कि - (1) पुरूष और महिला शिक्षकों की प्रभावशीलता प्राप्तांकों में सार्थक अन्तर नहीं था।

4. भासीन चंचल (1988) ने, भी हायर सेकेण्डरी स्कूल शिक्षकों की शिक्षण अभिरूचि व शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन किया और निम्न निष्कर्ष दिए- (1) शिक्षण अभिरूचि व शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य धनात्मक सह-सम्बन्ध पाया गया लेकिन इसका शिक्षक- समुदाय सहभागिता के साथ कोई सम्अन्ध नहीं था।

शोध समस्या का सीमांकन - वर्तमान शोध समस्या निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर सीमांकित है।

1. शोध समस्या का परिक्षेत्र मात्र होशंगाबाद जिले तक ही सीमित है। अन्य राज्य इसकेपरिक्षेत्र में सम्मिलित नही किए गए हैं।
2. छ: जनपदों में शोध मात्र माध्यमिक शिक्षकों के न्यादर्श तक ही सीमितहै।

शोध कार्य हेतु कुल 400 शिक्षकों का चयन किया गया वर्तमान शोध मात्र छ: चरों यथा - शिक्षकों के आकांक्षा स्तर, शिक्षण प्रभावशीलता,स्वधारणा, विद्यालयों में उपलब्ध सुविधा स्तर तथा शिक्षकों से कार्यात्मक मूल्यों तक ही सीमित है। इनके अलावा शिक्षकों के अन्य व्यक्तित्व अथवा अन्यशिक्षण सम्बन्धी घटक इस शोध समस्या में सम्मिलित नही किए गये हैं।

शोध के उद्देश्य - उपर्युक्त शोध समस्या के आलोक में शोधकर्त्री ने अपने शोध कार्य के अन्तर्गत निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया है-

1. भावनात्मक बुद्धिमत्ता के स्तर का पता लगाना।
2. नौकरी की संतुष्टि के स्तर का पता लगाने के लिए।
3. भूमिका प्रतिबद्धता के स्तर का पता लगाना।
4. शिक्षण योग्यता का स्तर ज्ञात करना।
5. भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नौकरी की संतुष्टि के बीच संबंधों का अध्ययन करना।
6. भावनात्मक बुद्धिमत्ता के बीच संबंधों का अध्ययन करना और भूमिका प्रतिबद्धता।
7. भावनात्मक बुद्धिमत्ता और शिक्षण योग्यता के बीच संबंधों का अध्ययन करना
8. नौकरी की संतुष्टि और भूमिका प्रतिबद्धता के बीच संबंधों का अध्ययन करना।
9. नौकरी की संतुष्टि और शिक्षण योग्यता के बीच संबंधों का अध्ययन करने के लिए पेज
10. भूमिका प्रतिबद्धता के बीच संबंधों का अध्ययन करने के लिए और शिक्षण योग्यता।

शोध की परिकल्पनायें- शोध अध्ययन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के आलोक में निम्नलिखित परिकल्पनाओं निर्माण किया गया।

1. शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की महिला शिक्षकों के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है।
2. शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के पुरुष शिक्षकों के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है।
3. शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के महिला एवं पुरुष शिक्षकों के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है।

4. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के महिला एवं पुरुष शिक्षकों के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है
5. शासकीय महाविद्यालय के कुल शिक्षक एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालय की कुल शिक्षकों के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है
मुगलकाल में भारत में उपलब्ध भिन्न किस्मों की लकड़ी- अबुल-फ़ज़ल, आइन-ए-अकबरी में लिखता है कि 'शहंशाह अकबर ने अपने व्यावहारिक ज्ञान और और कई कारणों से भिन्न प्रकार की लकडियों का वज़न करवाया था। सूखी लकड़ी के एक क्यूबिक गज़ का वजन करवा कर भिन्न-भिन्न लकड़ियों के वजन और उनके अंतर को ज्ञात किया था। इस अनुसार खंजक सबसे भारी लकड़ी और साफीदार सबसे हल्की लकड़ी साबित हुई।'[18]

अपने ग्रंथ में अबुलफ़ज़ल ने 72 प्रकार की लकड़ियों का नापतौल और दाम की सूची दी है। हमारे अध्ययन की आवश्यकतानुरूप यहाँ सिर्फ लकड़ियों के नामों का उल्लेख किया गया है।

सूची इस प्रकार है:-

खंजक, इमली, जैतून, बलूत, खेर , खिरनी, परसिद्ध, आबनूस, सैन, बाकम, खरहार, माहवा, चांदनी, फुलाही, रक्त चंदन, चामरी, चामरी-मामरी, उन्नाब, शीषू पतंग, संदन, शमशाद, धाऊ, आँवला, कारिल, संदल, साल, बनास (शहँशाह इस पेड़ को शाहआलू पुकारते हैकिन्तु फारस और काबुल में इस पेड़ को आलू बालू (चेरी) कहते है।) कैलास, नीम, दारहर्द, मैन, बबूल, सागौन, बिज्यासर, पीलू, शहतूत, धामन, बनबरास, शीरीष, सीसाउ, फिंदक, छाकर, दूधी, हल्दी, कैम, जामुन, फरास, बार, खांडू, चनार, चारमगज (अखरोट का वृक्ष) चंपा बेर, आम,पपरी, ढीयार, बेद, कुनभीर या गुनभीर, चीड़, पीपल,कटहल, गुर्दनी, रूहेरा, पलाश, सुर्खबेद, आक, सेनबेल, बकायनी, लाहसोरा, पदमाख, अंद, सफीदार।[19]

गुजरात में जंगलों से इमारती लकड़ी सागौन, गजदेवी, और बुलसार से, गोंद और लाख सनखेड़ा से, अगर (घीकुंवार) चांपानेर से, राजपीपल से शहद आदि बड़ी मात्रा में प्राप्त होता था।[20]

उत्तरप्रदेश के जंगलों से मुख्यत: बांस और इमारती लकड़ी प्राप्त होती थी। [21]

बिहार के रोहतास पर्वत के जंगलों, गोरघाट के जंगलों से बाँस प्राप्त होता था। चंपारन के जंगलों से लाख और गोंद तथा नेपाल की तराई के क्षेत्रों से कस्तूरी (ऽंदह च्मचचमत) प्राप्त होती थी। [22]

बंगाल के जंगलों से जहाजों और नावों से लिए लकड़ी सिलहट के जंगलों से अगर (घीकुंवर), गोंद, लाख और मोम तो बंगाल के अधिकांश जंगलों से प्राप्त होता था। [23]उड़ीसा के घने जंगलों से भी लकड़ी, गोंद और लाख प्राप्त होती थी।

असम के जंगल अगर की लकड़ी के लिए मशहूर थे। वैसे ही यहाँ से गोंद-लाख और कस्तूरी भी प्राप्त होती थी। [24]

दक्खन के पश्चिमी हिस्से से सागौन की लकड़ी बड़ी मात्रा में प्राप्त होती थी थाणा, कल्याण, भिवण्डी आदि स्थानों के जंगल इसके लिए प्रसिद्ध थे। इसी तरह गोंद-लाख, चंदन की लकड़ी आदि भी बड़ी संख्या में प्राप्त होती थी। बुरहानपुर से चंदन की लकड़ी प्राप्त होती थी किन्तु यह जंगलों से नहीं प्राप्त होती थी बल्कि यहाँ पर चंदन के पेड़ों के बगीचे थे।

पूर्वी दक्खन के जंगलों से भी लकड़ी मिलती थी जो सबसे ज्यादा जहाज और नावों के निर्माण में प्रयुक्त होती थी। यह लकड़ी सागौन ही होनी चाहिए। [25] गोंद, मोम, लाख के अलावा बीज़ौर नामक कीमती पत्थर भी प्राप्त होता था यह पत्थर चाँदा के निकट बीज़ौर नामक स्थान के जंगलों में मिलने वाली बकरियों से मिलता था। इरफ़ान हब़ीब के एटलस में उसके उल्लेख के साथ लिखा है कि सोलहवीं सदी में इमादुद्दीन महमूद द्धारा लिखी गई रिसाला-ए-पझहर में बताया गया है कि ऐसी बकरियाँ गोलकुण्डा एवं वारंगल के क्षेत्र में पाई जाती थीं और ये जंगलों और पर्वतों में रहती थी। स्वयं हब़ीब का मानना है कि मनुची चाँदा के निकट जिस बिज़ौर की बात लिखता है वह संभवत: आज का बस्तर क्षेत्र है।

मुख्य दक्षिण के वन अपनी कीमती चंदन की लकड़ी के लिए मशहूर थे। इसके अलावा सागौन और बांस भी बड़ी मात्रा में उत्पन्न होता था।

इरफ़ान हब़ीब लिखते हैं, कि मुगलकाल के बाद से वनक्षेत्र में कमी होने लगी क्योंकि कृषि योग्य भूमि में बढ़ौत्री होने लगी जिससे वनों की कटाई होकर वन क्षेत्रों में कमी आई। साथ ही 1600-1800 ई. के मध्य बढ़ती आबादी ने भी वन क्षेत्रों में कमी की थी।

घने वन क्षेत्रों की उपस्थिति के कारण ऐसे क्षेत्रों में भी हाथियों, गैंडों, शेर, बाघ आदि की उपस्थिति ज्ञात होती है जहाँ बीसवीं शताब्दी में हम इनका नामों निशान भी नहीं देखते।

मुगलकाल में विस्तृत वन क्षेत्रों के महत्वपूर्ण परिणाम देखने को मिलते हैं। इनसे ईधन, भवन एवं जहाज रानी उद्योग के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी मिलती थी, विस्तृत चरागाह उपलब्ध थे, पर्यावरण-पारिस्थितिकी और आर्थिक दृष्टि से उपयोगी वन्य जीव पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे। बाघों-शेरों की उपस्थिति से पारिस्थितिकी का संतुलन बना हुआ था। हाथी जैसे आर्थिक दृष्टि से उपयोगी अनेक जानवर बड़ी मात्रा में प्राप्त होते थे तो चीते जैसे जानवर शिकार में उपयोग के लिए, घोड़े युद्ध के लिए, यातायात की दृष्टि से बैल, ऊँट जैसे प्राणी आदि की बड़ी मात्रा में उपस्थिति विस्तृत जंगलों के कारण ही संभव थी।

जंगलों में रहने वाले आदिवासियों के संबंध में विदेशी यात्री जॉन फ्रेयर ने लिखा है- 'हर जगह जंगल फैले हुए हैं, इन जंगलों में रहने वाले

कुछ लोगों को मैंने देखा है।' [26]

निष्कर्ष– मध्य भारत के इन जंगलों का क्षेत्र अठाहरवीं शताब्दी के अंतिम दौर में कम होने लगा था। मीरात–ए–अहमदी का लेखक अली मुहम्मद खाँ बताता है कि कृषि क्षेत्र बढ़ते–बढ़ते इतना हो गया कि जंगल के जिस रास्ते से हाथी राजपीपल के क्षेत्र तक चले जाते थे वह रास्ता लगभग बंद ही हो गया था।[27]

गुजरात का वह हिस्सा जो नर्मदा के आसपास था वहाँ बड़े घने जंगल थे।

वनों का महत्व सिर्फ पारिस्थितिकी के लिए नहीं था बल्कि वनों का आर्थिक महत्व भी था। वनों से ईधन के लिए लकड़ी से लेकर गोंद, लाख, शहद, मोम, जड़ी बूटियाँ, भवन निर्माण के लिए लकड़ी आदि भी प्राप्त होती थी।

वनोपज एवं पारिस्थितिकी के कारण मुगलकाल में वनों का पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी एवं अर्थव्यवस्था तीनों के लिए महत्वपूर्ण योगदान था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मूसवी शीरीन : मैन एंड नेचर इन मुगल एरा, इंडियन हिस्ट्री काँग्रेस 54जी सेशन (मैसूर) सिम्पोज़िया पेपर –5।
2. वही : ————''————
3. काज़ीन मोहम्मद : आलमगीरनामा, सम्पा. हुसैन खादिम और अब्दुल हई पृ. 723–733
4. वही : ————''———— पृ0 730
5. मूसवी शीरीन : मैन एंड नेचर इन मुगल एरा, इंडियन हिस्ट्री काँग्रेस 54जी सेशन (मैसूर) सिम्पोज़िया पेपर –5।
6. फज़ल अबुल : अकबरनाम भाग–2 अनु. बेबरीज़ पृ0 120
7. वही :————''———— पृ0 221
8. लाहौरी अब्दुल हमीद: पादशाहनामा भाग–1
9. फज़ल अबुल:आइन–ए–अकबरी भाग–1 अनु. ब्लॉकमन पृ0 174
10. रेनल्स जेम्स :बंगाल एटलस
11. लाहौरी अब्दुल हमीद: पादशाहनामा भाग–1
12. फज़ल अबुल: आइन–ए–अकबरी भाग–1 अनु. ब्लॉकमन पृ0 456
13. जहाँगीर : तुजुक–ए–जहाँगीरी अनु. रोज़र्स भाग–2 पृ0 179
14. मुण्डें पीटर : द ट्रेवल्स ऑफ पीटर मुण्डें इन यूरो एंड एशिया भाग–2 पृ0 151
15. भण्डारी सुजान राय:खुलासातुल–ए–तवारीख़ सम्पा ...पृ0 77
16. राल्फ फिन्च : अर्ली ट्रेवल्ट इन इंडिया पृ0 179
17. लाहौरी अब्दुल हमीद : पादशाहनामा
18 फज़ल अबुल : आइन–ए–अकबरी भाग–1 अनु. ब्लॉकमन पृ0 237
19 फज़ल अबुल :आइन–ए–अकबरी भाग–1 अनु. ब्लॉकमन पृ0 238–239
20. भण्डारी सुजान राय : खुलासातुल–ए–तवारीख़ सम्प.
21. वही : ————''————
22. अबुल फ़ज़ल:आइन–ए–अकबरी भाग–1 अनु. ब्लॉकमन पृ0 417
23. वही : ————''———— पृ0 6
24. ट्रेवेनियनर जिन बेपटिस्ट : ट्रेवल्स इन इंडिया भाग–2 अनु. बाल.वी. पृ0 281–282
25. हबीब इरफान : एन एटलस आफ मुगल एम्पायर पृ0 62
26. फ्रेयर जॉन : ट्रेवल्स इन इंडिया पृ0 437
27. अली मोहम्मद खाँ :मीरात–ए–अहमदी भाग–1 सम्पा. अली नवाब पृ0 214

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति का विश्लेषण (दुर्ग नगर निगम के विशेष सन्दर्भ में)

कु. अभिलाषा रजक* डॉ. डी. पी. जायसवाल**

प्रस्तावना – वर्तमान समय में नगरीय प्रशासन का कार्य कठीन हो गया है। नगरीकरण प्रक्रिया में वृद्धि,इसका विकास क्षेत्र व्यापक हो गया है। इसमें नगरीकरण, नगरीय विकास, नगरीय वृद्धि, नगरीय पुर्नविकास, नगरीय आधारित संरचना नगरीय मूलभूत सुविधा की व्यवस्था, नगरीय नियोजन एवं प्रबंध से संबंधित प्रत्येक विचारणीय विषयों का समावेश है, चूंकि स्थानीय संस्थाएं अपने क्षेत्र के नागरिकों को यथासंभव सुविधाएं प्रदान करती है। ये केन्द्र और राज्य सरकार द्धारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल संचालन करती है।

अत: नगरीय निकायों को अपने सभी मूलभूत कार्यो को करने के लिये पर्याप्त वित्त की आवश्यकता पड़ती है।

स्थानीय निकायों की वित्तीय व्यवस्था के मुख्य स्त्रोतों को निम्न प्रकार से बांटा जा सकता है: –

1. **करो से आय–** इस मद में सम्पत्ति कर, भूमि भवन कर, सीमाकर, पथकर सम्पत्ति हस्तांतरण पर कर, जलकर, स्वच्छता कर, प्रकाश कर आदि को शामिल किया जाता है।

2. **गैर करगत कार्य**–इसमें शिक्षा उपकर, दण्ड, किराया, लायसेंस शुल्क आदि शामिल है।

3. **राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान –** इसमें राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान जैसे सीमा क्षतिपूर्ति शुल्क, वित्त आयोग से प्राप्त राशि, विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त राशि आदि को सम्मिलित करते है।

इस प्रकार स्थानीय निकाय द्धारा लगाए गये करो को दो भागों में प्रत्यक्षकर व अप्रत्यक्ष कर में भी बांटा जा सकता है। प्रत्यक्ष करों के अंतर्गत सम्पत्ति कर, वृत्तियों या पेशो पर कर, मार्ग शुल्क गाड़ियों पर कर, बाजार कर, जलकर जानवरों के क्रयविक्रय पर कर आदि सम्मिलित है। प्रत्यक्ष करों के अंतर्गत चुंगी कर, सीमान्त कर, टर्मिल कर आदि को रखा जा सकता है। निगम को अपनी राजस्व का 68 प्रतिशत भाग करगत स्त्रोतों से ही प्राप्तहै। शेष भाग गैर करगत स्त्रोतों से प्राप्त होता है।

स्थानीय शासन के प्रमुख श्रोत निम्न है :

1. विभिन्न करों के माधयम से धान प्राप्त करना –

a. संपत्ति कर। b. जल कर।
c. शिक्षा उपकर। d. अन्य उपकर।

2. राज्य सरकार द्धारा प्राप्त अनुदान एवं अंशदान।
3. विशेष अधिनियमों के अधीन राज्य शासन से प्राप्त धानराशि।
4. विभिन्न संस्थाओ से प्राप्त ऋण एवं अग्रिम।

नगर निगम में नागरिकों के सामाजिक विकास हेतु व्यय की मदें निम्नलिखित है:–

1. जन स्वास्थ्य की सुविधाओं पर व्यय।
2. सार्वजनिक शिक्षा पर व्यय।
3. लोककर्म विभाग पर व्यय।
4. सार्वजानिक उद्यान हेतु व्यय।
5. जल प्रदाय हेतु व्यय।
6. सार्वजानिक विद्युत् व्यवस्था पर व्यय।
7. विविधा व्यय।

वर्ष 2000 –2001 तक वर्षो में राजस्व की वसूली निम्न प्रकार से हुयी है –

S.No.	Year	राजस्व की मांग (%)	वसूली (%)
1	2000-2001	52	42
2	2001-2002	60	51
3	2002-2003	67	59
4	2003-2004	75	68
5	2004-2005	80	52
6	2005-2006	80	54
7	2006-2007	90	78
8	2007-2008	90	81
9	2008-2009	100	96
10	2009-2010	100	96.85

Fig 1.1 Source : PRATIVEDAN2005-2010 www.durg.cg.gov.in



Fig 1.2

* शोधार्थी, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर -7, भिलाई नगर (छ.ग.) भारत
** शोध नर्देशक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर -7, भिलाई नगर (छ.ग.)भारत

निष्कर्ष: – नगर पालिक निगम, दुर्ग के राजस्व वसूली के अध्ययन से स्पष्ट है कि वर्ष 2000–2001, 2002–2003 में चालू वर्ष के राजस्व वसूली 82.20 प्रतिशत तथा 81.00 प्रतिशत रहा है, जबकि 2004–2005 में राजस्व वसूली सबसे कम अर्थात 40.19 प्रतिशत ही रहा है। निगम प्रशासन को चाहिए की राजस्व वसूली हेतु लोगों को जागरूक करें तथा प्रशासन द्वारा वसूली हेतु समय समय पर ध्यान दिया जाये।वैसे तो राजस्व वसूली की स्थिति संतोषप्रद है, फिर भी निकाय को अपनी राजस्व बढ़ाने के लिये शत् प्रतिशत् वसूली की परिकल्पना को साकार करने की आवश्यकता है तभी निगम को पर्याप्त आय हो सकेगी। इसी प्रकार सम्पत्ति कर विश्लेषण से भी स्पष्ट है कि निगम प्रशासन सम्पत्ति कर की मांग के अनुरूप शत् प्रतिशत् कर वसूली नहीं कर पाता है और लोगों में चालू वर्ष का कर चुकाने में भी कमी देखने को मिली है। जहां वर्ष 2006–07में ही चल वर्ष की मांग का अधिक अर्थात 80.35 प्रतिशत संपत्ति कर वसूल किया गया, वही बकाया कर वसूलने में कठोर रवैयो को अपनाने के फलस्वरूप 2008–2009 में 96.51 प्रतिशत की कर वसूली संभव हो सकी है।इस प्रकार अध्यापित निकाय में राजस्व वसूली की स्थिति संतोषप्रद कही जा सकती है और सम्पत्ति कर की वसूली शत् प्रतिशत नहीं हो पा रही है।

आय से अधिक व्यय निगम को ऋणी बना देते है जिसमे लाख कोशिशो के बाद भी कोई सुधार संभव नही है वही इसे अन्य दृष्टिकोण से देखा जाये तो आय से अधिक व्यय घाटे का बजट प्रगति का घोतक है। टेबल क्रमांक मे वर्ष 2001 से 2010 तक विभिन्न स्त्रोतों से नगर निगम , दुर्ग को प्राप्त आय का विश्लेषण किया गया हैद्य जिससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्ग नगर निगम के आय के प्रमुख स्त्रोत नगर निगम दर एवं कर तथा शासन से प्राप्त अनुदान एवं अंशदान है द्ययह कुल प्राप्तियो से अधिक है अत: इनके आय दर मे वृद्धि करनी चाहिये।



Source : PRATIVEDAN2005-2010 www.durg.cg.gov.inFig 2

समस्याएं:– शोध के दौरान कुछ समस्याएं भी देखने को मिली जो कि निगम के सतत् विकास में सर्वदा बाधक ही प्रतीत होती रही है।

1. जनता कर चुकाने के प्रति गंभीर नहीं है। जिससे शत् प्रतिशत कर वसूल कर पाना कठिन सा हो गया जनता की ये प्रवृत्ति किसी भी निगम के विकास में बाधक ही है।
2. सम्पत्ति के मूल्यांकन की समस्या अभी भी बनी हुई है। स्वमूल्यांकन की पद्धति से हट कर निगम प्रशासन को कोई विकल्प सोचना चाहिए ताकि लोगों द्वारा सम्पत्ति को कम मूल्य पर नहीं आंका जा सके।
3. निगम द्वारा बनाये गये दुकानों का आबंटन भी शत् प्रतिशत् नहीं हो पाता ये एक गंभीर समस्या है कि सम्पत्ति को जो बनकर तैयार हो गई है परन्तु उसका आबंटन नहीं होने से उससे किसी प्रकार की आय नहीं मिल पाती है ।
4. कर वसूली का कार्य स्पैरो कम्पनी को सौंपे जाने से निगम अधिकारी अपने को वसूली कार्य से मुक्त समझते है। उनकी ये प्रवृत्ति निगम के विकास में बाधक है।
5. द्वितीय समंको को सकलन में भी अधिकारियों के मन मे भय व आशंका का भाव देखने को मिला वे राजस्व से संबंधित सूचना देने में तैयार नहीं थे।

सुझाव–नगर पालिक निगम, दुर्ग के संदर्भ में कुछ सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं जिनके द्वारा निगम प्रशासन राजस्व वसूली समस्या का निकारण कर अपनी राजस्व वसूली में वृद्धि कर सकता है:–

1. निगम प्रशासन को कर वसूली हेतु मजबूत तंत्र की स्थापना करने के साथ–साथ जनता को भी कर चुकाने हेतु प्रेरित करने का प्रयास करना चाहिये।
2. जनता को कर चुकाने हेतु जागरूक करने के लिये निगम प्रशासन विज्ञापन द्वारा लोगों को जागरूक कर सकता है।
3. निगम प्रशासन को चाहिए कि, वे बकाया कर वसूली हेतु नोटिस अनिवार्य रूप से समय–समय पर देते रहे जरूरत पड़ने पर कुर्की वारंट भी भेजा जाना चाहिये।
4. निगम प्रशासन को अपनी आय बढ़ाने हेतु पुराने व बेकार पड़ी दुकानों गुमटियों को सुधार कर उन्हें पुन: किराये पर उठाना चाहिये।
5. निगम प्रशासन द्वारा दुकानों के आबंटन का कार्य शीघ्र किया जाना चाहिये बोरसी हाट बाजार का निर्माण 2003 से हो चुका है परन्तु अभी तक इन दुकानों का आबंटन नहीं किया गया। इस प्रकार से निगम प्रशासन को सचेत होने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. राजस्व वसूली का विवरण, नगर पालिक निगम, दुर्ग (2005–2007 से 2008–2010 तक)
2. श्री राम महेश्वरी, भारत में स्थानीय शासन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा
3. डॉ. जे.सी. वैश्णव, राजस्व, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा 1977
4. एस.पी.सिंह, लोकवित्त, एस0चन्द्र एण्ड कम्पनी
5. डॉ. रामशरण कौशिक, राजस्व, मिनाक्षी प्रकाशन मेरठ, नई दिल्ली
6. दैनिक भास्कर
7. हरिभूमि

****

गीता में भक्ति का स्वरूप

डॉ. जयराम त्रिपाठी *

प्रस्तावना – सामान्यत: अध्यात्मवादियों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है– निर्विशेषवादी तथा सगुणवादी। सगुणवादी भक्त अपनी सारी शक्ति से परमेश्वर की सेवा करता है। निर्विशेषवादी भी कृष्ण की सेवा करता है, किन्तु प्रत्यक्ष रूप से न करके वह अप्रत्यक्ष निर्विशेष ब्रह्म का ध्यान करता है। जो लोग भक्ति के द्वारा परमेश्वर की प्रत्यक्ष सेवा करते हैं, वे सगुणवादी कहलाते हैं। जो लोग निर्विशेष ब्रह्म का ध्यान करते हैं, वे निर्विशेषवादी कहलाते हैं। यहाँ पर अर्जुन पूछता है कि इन दोनों में से कौन श्रेष्ठ है। यद्यपि परम सत्य के साक्षात्कार के अनेक साधन हैं, किन्तु इस अध्याय में कृष्ण भक्तियोग को सबों में श्रेष्ठ बताते हैं। यह सर्वाधिक प्रत्यक्ष है और ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त करने के लिए सबसे सुगम साधन है।

भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान ने बताया है कि जीव भौतिक शरीर नहीं है, वह आध्यात्मिक स्फुलिंग है और परम सत्य परम पूर्ण है। सातवें अध्याय में उन्होंने जीव को परम पूर्ण का अंश बताते हुए पूर्ण पर ही ध्यान लगाने की सलाह दी है। पुन: आठवें अध्याय में कहा है कि जो मनुष्य भौतिक शरीर का त्याग करते समय कृष्ण का ध्यान करता है, वह कृष्ण के धाम को तुरन्त चला जाता है। यही नहीं, छठे अध्याय के अन्त में भगवान् स्पष्ट कहते हैं, कि योगियों में से, जो भी अपने अन्त:करण में निरन्तर कृष्ण का चिन्तन करता है, वही परम सिद्ध माना जाता है। इस प्रकार प्राय: प्रत्येक अध्याय का यही निष्कर्ष है कि मनुष्य को कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त होना चाहिए, क्योंकि वही चरम आत्म–साक्षात्कार है। इतने पर भी ऐसे लोग हैं, जो कृष्ण के साकार रूप के प्रति अनुरक्त नहीं होते। वे दृढ़तापूर्वक विलग रहते है, यहाँ तक कि भगवद्गीता की टीका करते हुए भी वे अन्य लोगों को कृष्ण से हटाना चाहते हैं और उनकी सारी भक्ति निर्विशेष ब्रह्मज्योति की ओर मोड़ते हैं। वे परम सत्य के उस निराकार रूप का ही ध्यान करना श्रेष्ठ मानते हैं, जो इन्द्रियों की पहुँच के परे है तथा अप्रकट है।

इस तरह सचमुच में अध्यात्मवादियों की दो श्रेणियाँ हैं। अब अर्जुन यह निश्चित कर लेना चाहता है कि कौन–सी विधि सुगम है और इन दोनों श्रेणियों में से कौन सर्वाधिक पूर्ण है। दूसरे शब्दों में, वह अपनी स्थिति स्पष्ट कर लेना चाहता है, क्योंकि वह कृष्ण के सगुण रूप से के प्रति अनुरक्त है। वह निराकार ब्रह्म के प्रति आसक्त नहीं है। वह जान लेना चाहता है कि उसकी स्थिति सुरक्षित तो है! निराकार स्वरूप, चाहे इस लोक में हो चाहे भगवान् के परम लोक में हो, ध्यान के लिए समस्या बना रहता है। वास्तव में कोई भी परम सत्य के निराकार रूप का ठीक से चिन्तन नहीं कर सकता। अत: अर्जुन कहता चाहता है कि इस तरह से समय गँवाने से क्या लाभ? अर्जुन को ग्वारहवें अध्याय में अनुभव हो चुका है कि कृष्ण के साकार रूप के प्रति आसक्त होना श्रेष्ठ है, क्योंकि इस तरह वह एक ही समय अन्य सारे रूपों को समझ सकता है और कृष्ण के प्रति उसके प्रेम में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं पड़ता। अत: अर्जुन द्वारा कृष्ण से इस महत्त्वपूर्ण प्रश्न के पूछे जाने से परम सत्य के निराकार तथा साकार स्वरूपों का अन्तर स्पष्ट हो जाएगा।

अर्जुन के प्रश्न का उत्तर देते हुए कृष्ण स्पष्ट कहते हैं कि जो व्यक्ति उनके साकार रूप में अपने मन को एकाग्र करता है और जो अत्यन्त श्रद्धा तथा निष्ठापूर्वक उनको पूजता है, उसे योग में परम सिद्ध मानना चाहिए। जो इस प्रकार कृष्णभावनाभावित होता है, उसके लिए कोई भी भौतिक कार्यकलाप नहीं रह जाते, क्योंकि हर कार्य कृष्ण के लिए किया जाता है। शुद्ध भक्त निरन्तर कार्यरत रहता है–कभी कीर्तन करता है, तो कभी श्रवण करता है, या कृष्ण विषयक कोई पुस्तक पढ़ता है, या कभी–कभी प्रसाद तैयार करता है या बाजार से कृष्ण के लिए कुछ मोल लाता है, या कभी मन्दिर झाड़ता–बुहारता है, तो कभी बर्तन धोता है। वह जो कुछ भी करता है, कृष्ण सम्बन्धी कार्यों के अतिरिक्त अन्य किसी कार्य में एक क्षण भी नहीं गँवाता। ऐसा कार्य पूर्ण समाधि कहलाता है। जो लोग भग्वान कृष्ण की प्रत्यक्ष पूजा न करके, अप्रत्यक्ष विधि से उसी उद्देश्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं, वे भी अन्तत: श्रीकृष्ण को प्राप्त होते हैं। 'अनेक जन्मों के बाद बुद्धिमान व्यक्ति वासुदेव को ही सब कुछ जानते हुए मेरी शरण में आता है।' जब मनुष्य को अनेक जन्मों के बाद पूर्ण ज्ञान होता है, तो वह कृष्ण की शरण ग्रहण करता है। यदि कोई इस श्लोक में बताई गई विधि से भगवान् के पास पहुँचता है, तो उसे इन्द्रियनिग्रह करना होता है, प्रत्येक प्राणी की सेवा करनी होती है और समस्त जीवों के कल्याण–कार्य में रत होना होता है। इसका अर्थ यह हुआ कि मनुष्य को भगवान् कृष्ण के पास पहुँचना ही होता है अन्यथा पूर्ण साक्षात्कार नहीं हो पाता। प्राय: भगवान की शरण में जाने के पूर्व पर्याप्त तपस्या करनी होती है।

आत्मा के भीतर परमात्मा का दर्शन करने के लिए मनुष्य को देखना, सुनना, स्वाद लेना, कार्य करना आदि ऐन्द्रिय कार्यों को बन्द करना होता है। तभी वह यह जान पाता है कि परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है। ऐसी अनुभूति होने पर वह किसी जीव से ईर्ष्या नहीं करता–उसे मनुष्य तथा पशु में कोई अन्तर नहीं दिखता, क्योंकि वह केवल आत्मा का दर्शन करता है, ब्रह्म आवरण का नहीं। लेकिन सामान्य व्यक्ति के लिए निराकार अनुभूति की यह विधि अत्यन्त कठिन सिद्ध होती है। अध्यात्मवादियों का समूह, जो परमेश्वर के अचिन्त्य, अव्यक्त, निराकार स्वरूप के पथ का अनुसरण करता है, ज्ञान–योगी कहलाता है और जो व्यक्ति भगवान् की भक्ति में रत रहकर पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहते हैं, वे भक्ति–योगी कहलाते हैं। यहाँ पर ज्ञान–योग तथा भक्ति–योग में निश्चित अन्तर बताया गया है। ज्ञान–योग का पथ यद्यपि मनुष्य को उसी लक्ष्य तक पहुँचाता है, किन्तु है अत्यन कष्टकारक,

* सहा0 प्रोफेसर, हेमवती नंदन बहु0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

जब कि भक्ति-योग भगवान् की प्रत्यक्ष सेवा होने के कारण सुगम है और देहधारी के लिए स्वाभाविक भी है। जीव अनादि काल से देहधारी है। सैद्धान्तिक रूप से उसके लिए यह समझ पाना अत्यन्त कठिन है कि वह शरीर नहीं है। अतएव भक्ति-योगी कृष्ण के विग्रह को पूज्य मानता है, क्योंकि उसके मन में कोई न कोई शारीरिक बोध रहता है, जिसे इस रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है। निस्सन्देह मन्दिर में परमेश्वर के स्वरूप की पूजा मूर्तिपूजा नहीं है। वैदिक साहित्य में साक्ष्य मिलता है कि पूजा सगुण तथा निर्गुण हो सकती है। मन्दिर में विग्रह पूजा सगुण पूजा है, क्योंकि भगवान् को भौतिक गुणों के द्धारा प्रदर्शित किया जाता है। लेकिन भगवान् के स्वरूप को चाहे पत्थर, लकड़ी या तैलचित्र जैसे भौतिक गुणों द्धारा क्यों न अभिव्यक्त किया जाय, वह वास्तव में भौतिक नहीं होता। परमेश्वर की यही परम प्रकृति है।

यहाँ पर एक मोटा उदाहरण दिया जा सकता है। सड़कों के किनारे पत्र-पेटिकाएँ होती हैं, जिनमें यदि हम अपने पत्र डाल दें, तो वे बिना किसी कठिनाई के अपने गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाते हैं। लेकिन यदि कोई ऐसी पुरानी पेटिका, या उसकी अनुकृति कहीं दिखे, जो डाकघर द्धारा स्वीकृत न हो, तो उससे वही कार्य नहीं हो सकेगा। इसी प्रकार ईश्वर ने विग्रहरूप में, जिसे अर्चा-विग्रह कहते हैं, अपना प्रामाणिक (वैध) स्वरूप बना रखा है। यह अर्चा-विग्रह परमेश्वर का अवतार होता है। ईश्वर इसी स्वरूप के माध्यम से सेवा स्वीकार करते हैं। भगवान् सर्वशक्तिमान हैं, अतएव वे अर्चा-विग्रह रूपी अपने अवतार से भक्त की सेवाएँ स्वीकार कर सकते हैं, जिससे बद्ध जीवन वाले मनुष्य को सुविधा हो। इस प्रकार भक्त को भगवान् के पास सीधे और तुरन्त ही पहुँचने में कोई कठिनाई नहीं होती, लेकिन जो लोग आध्यात्मिक साक्षात्कार के लिए निराकार विधि का अनुसरण करते हैं, उनके लिए यह मार्ग कठिन है। उन्हें उपनिषदों जैसे वैदिक साहित्य के माध्यम से अव्यक्त स्वरूप को समझना होता है, उन्हें भाषा सीखनी होती है, इन्द्रियातीत अनुभूतियों को समझना होता है, और इन समस्त विधियों का ध्यान रखना होता है। यह सब एक सामान्य व्यक्ति के लिए सुगम नहीं होता। कृष्णभावनामृत में भक्तिरत मनुष्य मात्र गुरु के पथप्रदर्शन द्धारा, मात्र अर्चाविग्रह के नियमित नमस्कार द्धारा, मात्र भगवान् की महिमा के श्रवण द्धारा तथा मात्र भगवान् पर चढ़ाये गये उच्छिष्ट भोजन को खाने से भगवान् को सरलता से समझ लेता है। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि निर्विशेषवादी व्यर्थ ही कष्टकारक पथ को ग्रहण करते हैं, जिसमें अन्ततः परम सत्य का साक्षात्कार संदिग्ध बना रहता है। किन्तु सगुणवादी बिना किसी संकट, कष्ट या कठिनाई के भगवान् के पास सीधे पहुँच जाते हैं। ऐसा ही संदर्भ श्रीमद्भागवत में पाया जाता है। वहाँ यह कहा गया है कि यदि अन्ततः भगवान् की शरण में जाना ही है (इस शरण जाने की क्रिया को भक्ति कहते हैं) तो यदि कोई, ब्रह्म क्या है और क्या नहीं है, इसी को समझने का कष्ट आजीवन उठाता रहता है, तो इसका परिणाम अत्यन्त कष्टकारक होता है। अतएव यहाँ पर यह उपदेश दिया गया है कि आत्म-साक्षात्कार के इस कष्टप्रद मार्ग को ग्रहण नहीं करना चाहिए, क्योंकि अन्तिम फल अनिश्चित रहता है।

जीव शाश्वत रूप से व्यष्टि आत्मा है और यदि वह आध्यात्मिक पूर्ण में तदाकार होना चाहता है तो वह अपनी मूल प्रकृति के शाश्वत (सत्) तथा ज्ञेय (चित्) पक्ष का साक्षात्कार तो कर सकता है, लेकिन आनन्दमय अंश की प्राप्ति नहीं हो पाती। ऐसा अध्यात्मवादी जो ज्ञानयोग में अत्यन्त विद्धान होता है, किसी भक्त के अनुग्रह से भक्तियोग को प्राप्त होता है। उस समय निराकारवाद का दीर्घ अभ्यास कष्ट का कारण बन जाता है, क्योंकि वह उस विचार को त्याग नहीं पाता। अतएव देहधारी जीव, अभ्यास के समय या साक्षात्कार के समय, अव्यक्त की प्राप्ति में सदैव कठिनाई में पड़ जाता है। प्रत्येक जीव अंशतः स्वतन्त्र है और उसे यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि यह अव्यक्त अनुभूति उसके आध्यात्मिक आनन्दमय आत्म (स्व) की प्रकृति के विरुद्ध है। मनुष्य को चाहिए कि इस विधि को न अपनाये। प्रत्येक जीव के लिए कृष्णचेतना की विधि श्रेष्ठ मार्ग है, जिसमें भक्ति में पूरी तरह व्यस्त रहना होता है। यदि कोई भक्ति की उपेक्षा करना चाहता है, तो नास्तिक होने का संकट रहता है। अतएव अव्यक्त विषयक एकाग्रता की विधि को, जो इन्द्रियों को पहुँच के परे है, जैसा कि इस श्लोक में पहले कहा जा चुका है, इस युग में प्रोत्साहन नहीं मिलना चाहिए। भगवान् कृष्ण ने इसका उपदेश नहीं दिया। यहाँ यह स्पष्ट कहा गया है कि भक्तजन अत्यन्त भाग्यशाली हैं कि भगवान उनका इस भवसागर से तुरन्त ही उद्धार कर देते हैं। शुद्ध भक्ति करने पर मनुष्य को इसकी अनुभूति होने लगती है कि ईश्वर महान हैं और जीवात्मा उनके अधीन है। उसका कर्तव्य है कि वह भगवान् की सेवा करे और यदि वह ऐसा नहीं करता, तो उसे माया की सेवा करनी होगी।

जैसा पहले कहा जा चुका है कि केवल भक्ति से परमेश्वर को जाना जा सकता है। अतएव मनुष्य को चाहिए कि वह पूर्ण रूप से भक्त बने। भगवान् को प्राप्त करने के लिए वह अपने मन को कृष्ण में पूर्णतया एकाग्र करे। वह कृष्ण के लिए ही कर्म करे। चाहे वह जो भी कर्म करे, लेकिन वह कर्म केवल कृष्ण के लिए होना चाहिए। भक्ति का यही आदर्श है। भक्त भगवान् को प्रसन्न करने के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं चाहता। उसके जीवन का उद्देश्य कृष्ण को प्रसन्न करना होता है और कृष्ण की तुष्टि के लिए वह सब कुछ उत्सर्ग कर सकता है, जिस प्रकार अर्जुन ने कुरुक्षेत्र के युद्ध में किया था। यह विधि अत्यन्त सरल है। मनुष्य अपने कार्य में लगा रह कर हरे कृष्ण महामन्त्र का कीर्तन कर सकता है। ऐसे दिव्य कीर्तन से भक्त भगवान् के प्रति आकृष्ट हो जाता है।

यहाँ पर भगवान् वचन देते हैं कि वे ऐसे शुद्ध भक्त का तुरन्त ही भवसागर से उद्धार कर देंगे। जो योगाभ्यास में बढ़े-चढ़े हैं, वे योग द्धारा अपनी आत्मा को इच्छानुसार किसी भी लोक में ले जा सकते हैं और अन्य लोग इस अवसर को विभिन्न प्रकार से उपयोग में लाते हैं, लेकिन जहाँ तक भक्त का सम्बन्ध है, उसके लिए यहाँ यह स्पष्ट कहा गया है कि स्वयं भगवान् ही उसे ले जाते हैं। भक्त को वैकुण्ठ में जाने के पूर्व अनुभवी बनने के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। वराह पुराण में एक श्लोक आया है-

नयामि परमं स्थानमर्चिरादिगतिं विना।
गरुडस्कन्धमारोप्य यथेच्छमनिवारितः॥

तात्पर्य यह है कि वैकुण्ठलोक में आत्मा को ले जाने के लिए भक्त को अष्टांगयोग साधने की आवश्यकता नहीं है। इसका भार भगवान् स्वयं अपने ऊपर लेते हैं। वे यहाँ पर स्पष्ट कह रहे हैं कि वे स्वयं ही उद्धारक बनते हैं। बालक अपने माता पिता द्धारा अपने आप रक्षित होता रहता है, जिससे उसकी स्थिति सुरक्षित रहती है। इसी प्रकार भक्त को योगाभ्यास द्धारा अन्य लोकों में जाने के लिए प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं होती, अपितु भगवान् अपने अनुग्रहवश स्वयं ही अपने पक्षीवाहन गरुड़ पर सवार होकर तुरन्त आते हैं और भक्त को भवसागर से उबार लेते हैं। कोई कितना ही कुशल तैराक क्यों न हो और कितना ही प्रयत्न क्यों न करे, किन्तु समुद्र में गिर जाने पर वह अपने को नहीं बचा सकता। किन्तु यदि कोई आकर उसे जल से बाहर निकाल ले, तो वह आसानी से बच जाता है। इसी प्रकार भगवान्

भक्त को इस भवसागर से निकाल लेते हैं। मनुष्य को केवल कृष्णभावनामृत की सुगम विधि का अभ्यास करना होता है, और अपने आपको अनन्य भक्ति में प्रवृत्ता करना होता है। किसी भी बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि वह अन्य समस्त मार्गों की अपेक्षा भक्तियोग को चुने।

नारायणीय में इसकी पुष्टि इस प्रकार हुई है–

या वै साधनसम्पत्तिः पुरुषार्थचतुष्टये।
तया विना तदाप्नोति नरो नारायणाश्रयः।।

इस श्लोक का भावार्थ यह है कि मनुष्य को चाहिए कि वह न तो सकाम कर्म की विभिन्न विधियों में उलझे, न ही कोरे चिन्तन से ज्ञान का अनुशीलन करे। जो परम भगवान् की भक्ति में लीन है, वह उन समस्त लक्ष्यों को प्राप्त करता है, जो अन्य योग विधियों, चिन्तन, अनुष्ठानों, यज्ञों, दानपुण्यों आदि से प्राप्त होने वाले हैं। भक्ति का यही विशेष वरदान है।

केवल कृष्ण के पवित्र नाम– *हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे, हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे*– का कीर्तन करने से ही भक्त सरलता तथा सुखपूर्वक परम धाम को पहुँच सकता है। लेकिन इस धाम को अन्य किसी धार्मिक विधि द्वारा प्राप्त नहीं किया जा सकता।

भगवद्गीता का निष्कर्ष अठारहवें अध्याय में इस प्रकार व्यक्त हुआ है–

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।।

आत्म–साक्षात्कार की अन्य समस्त विधियों को त्याग कर केवल कृष्णभावनामृत में भक्ति सम्पन्न करनी चाहिए। इससे जीवन की चरम सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। मनुष्य को अपने गत जीवन के पाप कर्मों पर विचार करने की आवश्यकता नहीं रह जाती, क्योंकि उसका उत्तरदायित्व भगवान् अपने ऊपर ले लेते हैं। अतएव मनुष्य को व्यर्थ ही आध्यात्मिक अनुभूति में अपने उद्धार का प्रयत्न नहीं करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह परम शक्तिमान ईश्वर कृष्ण की शरण ग्रहण करे। यही जीवन की सर्वोच्च सिद्धि है।

जो भगवान् कृष्ण की भक्ति में रत रहता है, उसका परमेश्वर के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है। अतएव इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं कि प्रारम्भ से ही उसकी स्थिति दिव्य होती है। भक्त कभी भौतिक धरातल पर नहीं रहता–वह सदैव कृष्ण म वास करता है। भगवान् का पवित्र नाम तथा भगवान् अभिन्न हैं। अतः जब भक्त हर कृष्ण कीर्तन करता है, तो कृष्ण तथा उनकी अन्तरंगाशक्ति भक्त की जिह्वा पर नाचते रहते हैं। जब वह कृष्ण को भोग चढ़ाता है, तो कृष्ण प्रत्यक्ष रूप से उसे ग्रहण करते हैं और इस तरह भक्त इस उच्छिष्ट (जूठन) को खाकर कृष्णमय हो जाता है। जो इस प्रकार सेवा में नहीं लगता, वह नहीं समझ पाता कि यह सब कैसे होता है, यद्यपि भगवद्गीता तथा अन्य वैदिक ग्रंथों में इसी विधि की संस्तुति की गई है।

इस श्लोक में भक्तियोग की दो पृथक्–पृथक् विधियाँ बताई गई हैं। पहली विधि उस व्यक्ति पर लागू होती है, जिसने दिव्य प्रेम द्वारा भगवान् कृष्ण के प्रति वास्तविक आसक्ति उत्पन्न कर ली है। दूसरी विधि उसके लिए है, जिसने इस प्रकार से भगवान् कृष्ण के प्रति आसक्ति नहीं उत्पन्न की। इस द्वितीय श्रेणी के लिए नाना प्रकार के विधि–विधान हैं, जिनका पालन करके मनुष्य अन्ततः कृष्ण–आसक्ति अवस्था को प्राप्त हो सकता है।भक्तियोग इन्द्रियों का परिष्कार (संस्कार) है। संसार में इस समय सारी इन्द्रियाँ सदा अशुद्ध हैं, क्योंकि वे इन्द्रियतृप्ति में लगी हुई हैं। लेकिन भक्तियोग के अभ्यास से ये इन्द्रियाँ शुद्ध की जा सकती हैं और शुद्ध हो जाने पर वे परमेश्वर के सीधे सम्पर्क में आती हैं। इस संसार में रहते हुए मैं किसी अन्य स्वामी की सेवा में रत हो सकता हूँ, लेकिन मैं सचमुच उसकी प्रेमपूर्ण सेवा नहीं करता। मैं केवल धन पाने के लिए सेवा करता हूँ। और वह स्वामी भी मुझसे प्रेम नहीं करता है, वह मुझसे सेवा कराता है और मुझे धन देता है। अतएव प्रेम का प्रश्न ही नहीं उठता। लेकिन आध्यात्मिक जीवन के लिए मनुष्य को प्रेम की शुद्ध अवस्था तक ऊपर उठना होता है। यह प्रेम अवस्था इन्हीं इन्द्रियों के द्वारा भक्ति के अभ्यास से प्राप्त की जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जयदयाल गोयन्दका : श्रीमद्भगवद्गीता, गीता प्रकाशन, 2014, गोरखपुर
2. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक : *श्रीमद्भगवद्गीता*, लिट्रेसी हाउस, 2020, नई दिल्ली
3. डॉ0 राजेश्वरशास्त्री मुसलगाँवकर, डॉ0 शुभम शर्मा : *श्रीमद्भगवद्गीता*, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
4. अथर्ववेद
5. अमृतबिन्दु उपनिषद्
6. ईशोपनिषद्
7. उपदेशामृत

****

कला के संदर्भ में विभिन्न दार्शनिकों की अभिव्यक्ति

मीना बरतिया *

प्रस्तावना – कला एक संस्कृत भाषा का शब्द है जिसकी उत्पत्ति कट धातु से हुई है । जिसका अर्थ प्रसन्न करना है कुछ विद्धान इसकी उत्पत्ति कल धातु से मानते हैं जिसका अर्थ है प्रेरित करना सबसे पहले कला शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में हुआ। जो मनुष्य के जीवन में आनंद प्रदान करती है जैसे खाना बनाना कोई भी खेल खेलना अर्थात जिससे आनंद प्राप्त होता है वह कला है वह कला है।

शिल्प और कला दोनों ही शब्दों का प्रयोग भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में किया है कला दो प्रकार की होती है अलग-अलग विद्धानों ने इसे अपने तरीके से समझाया है जैसे भरतमुनि पाणिनि हीगल अरस्तु इन्होंने कला को कला के प्रकार को अपने-अपने तरीकों से समझाया है। भरतमुनि 400 शताब्दी ईसा पूर्व हुए थे इन नहीं चौथी शताब्दी से पूर्व में नाट्यशास्त्र लिखा था। शास्त्र में भरतमुनि ने उसके 8 भागों का वर्णन किया था।

कला ही जीवन है। कला का ज्ञान, मानव के सर्वागीण विकास के लिए आवश्यक है, यह मनुष्य की मानसिक शक्तियों का विकास करके उसे पशुत्व से उपर उठाता है। भर्तृहरि का लिखा हुआ यह प्रसिद्ध श्लोक मानव जीवन में कला के महत्व पर प्रकाश डालता है—

साहित्य संगीत कला विहीन:
साक्षात् पशुरू पुच्छ विषाण हीन: ।।

भरतमुनि ने कला को दो भागों में वर्गीकृत किया था 1 मुख्य कला 2 गौण कलापाणिनि ने अष्टाध्याई ग्रंथ लिखा था पाणिनि ने कला को दो भागों में वर्गीकृत किया कारो कला जिसका अर्थ 1 उपयोगी कला जो जीवन से संबंधित कलाएं होती है वह उपयोगी कला कहलाती है कुमार का बर्तन बनाना सुनार का स्वर्ण के आभूषण बनाना यह उपयोगी कला है 2 ललित कला के 5 भाग होते हैं

1. **स्थापत्य कला**
2. **मूर्ति कला**
3. **संगीत कला**
4. **चित्रकला और**
5. **काव्य कला**

यह पांच प्रकार की ललित कला होती है स्थापत्य कला के अंतर्गत भवन निर्माण संबंधी कलाऐं आती है।

मूर्तिकला में मूर्तियां आती है मूर्तियां दो प्रकार की होती है हाय रिलीफ और लो रिलीफ हाय रिलीफ को गहराई से तराशा जाता है सिक्कों पर अधिक उपहार नहीं आता जिनको हल्का सा तराशा जाता है लो रिलीफ कहलाती है सांचे से बनी हुई मूर्तियां लो रिलीफ कहलाती है। चित्रकला रूप रंग चित्र एवं आकार पर आधारित होती है।

संगीत कला ध्वनि प्रधान होती है ध्वनि बिना दोनों के संगीत में आनंद की अनुभूति नहीं होती संगीत कला ध्वनि प्रधान होती है के स्वर तथा नाद इसके प्रधान गुण होते हैं पांचवी कला है काव्य कला अर्थ प्रदान होती कवि के द्धारा कविता का पाठ कविता का अर्थ में आनंद की अनुभूति होती है कविता पाठ में कविता के द्धारा प्रस्तुत की गई विषय वस्तु उसका प्रधान गुण होती है अर्थ प्रदान होती है अर्थ प्रदान होता है काव्य अर्थ वाले शब्द अर्थ उसके प्रधान गुण है इस प्रकार ललित कला के 5 पांच प्रकार स्थापित कला मूर्तिकला चित्रकला संगीत एवं काव्य कला है।

हीगल ने कला को दो भागों में वर्गीकृत किया है दृश्य कला और श्रव्य कला हीगल जर्मन दार्शनिक से उन्होंने कला को दो भागों में वर्गीकृत किया चित्र कला मूर्ति कला और भवन को उन्होंने दृश्य कला के अंतर्गत रखा जिससे आंखों को देखकर आनंद की अनुभूति हो वह दृश्य कला है एवं श्रव्य कला के अंतर्गत उन्होंने काव्य कला कविता पाठ को रखा सुनने के पश्चात आनंद की अनुभूति हो वह श्रव्य कला है ।दृश्य कला को निम्न श्रेणी की कला माना है जबकि श्रवण को उच्च श्रेणी की कला माना है।

अरस्तू ने कला को दो भागों में वर्गीकृत किया है अरस्तू यूनानी दार्शनिक थे उन्होंने ललित कला और उदार कला में वर्गीकृत किया।

क्षेमेंद्र एक कश्मीरी पंडित थे उन्होंने कला से संबंधित एक ग्रंथ लिखा विलास विज्ञान जिसमें उन्होंने 64 जन-उपयोगी एवं 32 पुरुषार्थ धर्म का अर्थ और मोक्ष संबंधी और 64 वेश्यो से संबंधित 64 सुनारो 10 चिकित्सकों से संबंधित 16 कायस्थों से संबंधित और 100 सार कलाओं का वर्गीकरण किया है।

इनके गुरू अभिनव गुप्त थे अभिनव गुप्त भी कश्मीरी पंडित थे इन्होंने अभिनव भारती ग्रंथ लिखा था इन्होंने भरतमुनि ने जो अपने नाट्यशास्त्र में उनके भावों को इन्होंने 9 रस बताये नवा रस शांत रस बताया था। भरतमुनि नाट्यशास्त्र में 8 रसों का वर्गीकरण किया था कला की अवधारणा अलग-अलग रूप में वर्गीकृत किया। प्लेटो एक यूनानी दार्शनिक थे उनके गुरु सुकरात थे उनके शिष्य अरस्तु थे। प्लेटो ने कहा था कला सत्य की अनुकृति है प्लेटो ने यहां माना कि समस्त कलाओं की मौलिक विशेषता अनुकरण है उनकी दृष्टि में कवि कलाकार सभी अनुकरण करता है। अनुकरण का मतलब वस्तु को यथार्थ रूप में प्रस्तुत नहीं करना। बल्कि उसे आदर्श रूप में प्रस्तुत करें किया जाता है। उनका कहने का तात्पर्य यह था जैसे उनके गुरु सुकरात ने कहा था कला सत्य से दोहरी दूरी पर रहती है कला अनुकरण है। यह सुकरात ने कहा था प्लेटो अपने गुरु सुकरात की पद्धति का ही अनुसरण करते थे ।कला सत्य की अनुकृति यह प्लेटो ने कहा अरस्तु ने कहा अनुकरण ही कला है अनुकरण में पूर्ण रचना का अनुकरण हो भूल न कर नहीं है बल्कि

* मकान नंबर 434, केशवपुरा सेक्टर-4, रंगबाड़ी रोड, कोटा (राज.) भारत

पुन: प्रस्तुतीकरण है अनुकरण उसमें अपनी तरफ से कुछ और जोड़ता है।

क्रोचे ने कहा कि कला दृश्य बाह्व प्रभावों की अभिव्यक्ति है कला आंतरिक भावों को प्रकट नहीं करती अपितु बाहरी भावों को प्रकट करती है यह क्रोचे ने कहा था कला बाहरी प्रभावों की अभिव्यक्ति है।

रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था सत्यम शिवम सुंदरम वही कला है जो सत्य है और सुंदर है वही कला है।

हीगल ने कहा कला भौतिक संता को अभिव्यक्त करने का माध्यम है।

टालस्टाय ने कहा कि कला क्रिया रेखा रंग पद ध्वनि शब्द के द्धारा इसी अभिव्यक्ति पैढा करती है। देखने और सुनने वालों के मन में भाव को जागृत करने की कला है। जैसा करना चाहती है कला प्रकृति की अनुकृति है यह अरस्तु ने कहा था रस्किन ने कहा ला कला एक अभिव्यक्ति है कल आप हर चीज को प्रकट करती है मनुष्य अपने भाव को कला के द्धारा प्रकट करता है कला एक अभिव्यक्ति है।

महान चित्रकार पिकासो का कथन विश्व में कोई वस्तु शाश्वत नहीं, परतु कला अमर रहेगी, जब तक संसार में मनुष्य का अस्तित्व है, तब तक कला अस्तित्व रहेगा, आज भी उतना ही प्रासागिक है, जितना वर्षो पहले था। यह कला का ही परिणाम है कि ताज आज भी अपने अद्धितीय सौंदर्य को बिखेर रहा है और मोनालिसा की रहस्यपूर्ण मुस्कान आज भी शाश्वत है। सच तो यह है कि कला मानव की चिरसंगिनी है। कला कभी शून्य में खड़ी नहीं होती, अपितु वह समाज के समूचे रूप में जिंदगी में घुल मिल कर चलती है।

कला (आर्ट) शब्द इतना व्यापक है कि विभिन्न विद्धानों की परिभाषाएँ केवल एक विशेष पक्ष को छूकर रह जाती हैं। कला का अर्थ अभी तक निश्चित नहीं हो पाया है, यद्यपि इसकी हजारों परिभाषाएँ की गयी हैं। भारतीय परम्परा के अनुसार कला उन सारी क्रियाओं को कहते हैं जिनमें कौशल अपेक्षित हो। यूरोपीय शास्त्रियों ने भी कला में कौशल को महत्तवपूर्ण माना है।

कला एक प्रकार का कृत्रिम निर्माण है जिसमे शारीरिक और मानसिक कौशलों का प्रयोग होता है।

जीवन, ऊर्जा का महासागर है। जब अंतश्चेतना जागृत होती है तो ऊर्जा जीवन को कला के रूप में उभारती है। कला जीवन को सत्यम् शिवम् सुन्दरम् से समन्वित करती है। इसके द्धारा ही बुद्धि आत्मा का सत्य स्वरुप झलकता है। कला उस क्षितिज की भाँति है जिसका कोई छोर नहीं, इतनी विशाल इतनी विस्तृत अनेक विधाओं को अपने में समेटे, तभी तो कवि मन कह उठा–साहित्य संगीत कला विहीन: साक्षात् पशु: पुच्छ विषाणहीन:।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर के मुख से निकला 'कला में मनुष्य अपने भावों की अभिव्यक्ति करता है' तो प्लेटो ने कहा – 'कला सत्य की अनुकृति के अनुकृति है।'

टालस्टाय के शब्दों में अपने भावों की क्रिया रेखा, रंग, ध्वनि या शब्द द्धारा इस प्रकार अभिव्यक्ति करना कि उसे देखने या सुनने में भी वही भाव उत्पन्न हो जाए कला है। हृदय की गइराईयों से निकली अनुभूति जब कला का रूप लेती है, कलाकार का अन्तर्मन मानो मूर्त ले उठता है चाहे लेखनी उसका माध्यम हो या रंगों से भीगी तूलिका या सुरों की पुकार या वाद्यों की झंकार। कला ही आत्मिक शान्ति का माध्यम है। यह कठिन तपस्या है, साधना है। इसी के माध्यम से कलाकार सुनहरी और इन्द्रधनुषी आत्मा से स्वप्निल विचारों को साकार रूप देता है।

कला में ऐसी शक्ति होनी चाहिए कि वह लोगों को संकीर्ण सीमाओं से ऊपर उठाकर उसे ऐसे ऊँचे स्थान पर पहुँचा दे जहाँ मनुष्य केवल मनुष्य रह जाता है। कला व्यक्ति के मन में बनी स्वार्थ, परिवार, क्षेत्र, धर्म, भाषा और जाति आदि की सीमाएँ मिटाकर विस्तृत और व्यापकता प्रदान करती है। व्यक्ति के मन को उदात्त बनाती है। वह व्यक्ति को 'स्व' से निकालकर 'वसुधैव कुटुम्बकम' से जोड़ती है।

कला ही है जिसमें मानव मन में संवेदनाएँ उभारने, प्रवृत्तियों को ढालने तथा चिंतन को मोड़ने, अभिरुचि को दिशा देने की अद्भुत क्षमता है। मनोरंजन, सौन्दर्य, प्रवाह, उल्लास न जाने कितने तत्त्वों से यह भरपूर है, जिसमें मानवीयता को सम्मोहित करने की शक्ति है। यह अपना जादू तत्काल दिखाती है और व्यक्ति को बदलने में, लोहा पिघलाकर पानी बना देने वाली भट्टी की तरह मनोवृत्तियों में भारी रुपान्तरण प्रस्तुत कर सकती है।

जब यह कला संगीत के रूप में उभरती है तो कलाकार गायन और वादन से स्वयं को ही नहीं श्रोताओं को भी अभिभूत कर देता है। मनुष्य आत्मविस्मृत हो उठता है। दीपक राग से दीपक जल उठता है और मल्हार राग से मेघ बरसना यह कला की साधना का ही चरमोत्कर्ष है। संगीत की साधनाय सुरों की साधना है। मिलन है आत्मा से परमात्मा काय अभिव्यक्ति है अनुभूति की।

वर्गीकरण –कलाओं के वर्गीकरण में मतैक्य होना सम्भव नहीं है। वर्तमान समय में कला को मानविकी के अन्तर्गत रखा जाता है जिसमें इतिहास, साहित्य, दर्शन और भाषाविज्ञान आदि भी आते हैं।

पाश्चात्य जगत में कला के दो भेद किये गये हैं– उपयोगी कलाएँ (Practice Arts) तथा ललित कलाएँ (Fine Arts)। परम्परागत रूप से निम्नलिखित सात को (कला) कहा जाता है–

1. स्थापत्य कला (Architecture)
2. मूर्त्तिकला (Sculpture)
3. चित्रकला (Painting)
4. संगीत (Music)
5. काव्य (Poetry)

आधुनिक काल में इनमें फोटोग्राफी, चलचित्रण, विज्ञापन, और कॉमिक्स जुड़ गये हैं।उपरोक्त कलाओं को निम्नलिखित प्रकार से भी श्रेणीकृत कर सकते हैं–

1. **साहित्य** – काव्य, उपन्यास, लघुकथा, महाकाव्य आदि।
2. **निष्पादन कलाएँ**– (Performing arts) संगीत, नृत्य, रंगमंच।
3. **पाक कला** (Culinary arts)– बेकिंग, चॉकलेटरिंग, मदिरा बना।
4. **मिडिया कला** – फोटोग्राफी, सिनेमेटोग्राफी, विज्ञापन।
5. **दृष्य कलाएँ** – ड्राइंग, चित्रकला, मूर्त्तिकला।

कुछ कलाओं में दृश्य और निष्पादन दोनों के तत्त्व मिश्रित होते हैं, जैसे फिल्म।

कला के संदर्भ में विभिन्न कला के संदर्भ में विभिन्न दार्शनिकों के विचार के आधार पर हम कह सकते हैं कि भारतीय परम्परा के अनुसार कला उन सारी क्रियाओं को कहते हैं जिनमें कौशल अपेक्षित हो। यूरोपीय शास्त्रियों ने भी कला में कौशल को महत्त्वपूर्ण माना है। कला अभिव्यक्ति है जिसके द्धारा मनुष्य अपनी भावनाओं का प्रदर्शन करता है उसे व्यक्त करता है वह कला कहलाती है दूसरे शब्दों में कला का अर्थ ऐसे समस्त भावों के प्रदर्शन से है जो वास्तविक रूप से भावनाओं का प्रदर्शन करते हैं इनका प्रकाशन किसी भी रूप में किया जा सकता है अत: इनके अंतर्गत कविता संगीत नाटक नृत्य आदि भी सम्मिलित होते हैं यह कला का भाव रूप से प्रकाशन होता है या प्रदर्शन होता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:-

1. रूपप्रद कला के मूलाधार डॉ. आर.के. अग्रवाल, इंटरनेशनल पब्लिकेशन
2. भारतीय संस्कृति: राजकमल पब्लिकेशन
3. वैदिक सहित्य व संस्कृति आचार्य बलदेव
4. http://www.abhivyaktiHindi.org
5. http: //www.kalaLekhan. com
6. http://www.M.P.Boardonline.com
7. http://www.bishwajeetverma.wordpress.com
8. http://www.NottetNavneethindi.com
9. http:// www.deshbandhu.co.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) April 2018 E-Journal, Vol. III

Comparative Study of Values in Indian Ideology, Science and Human Psychology

Dr. Mani Bansal* Dr. Manuj Kumar Agarwal**

Abstract - Since the starting of the human being the values are the manifest in the conduct of the individual. Learning without values is incomplete growth. So the development of values in the behavior is the focus of human life.

Although monetary expectations for day-to-day and comforts have improved over time, the world's advancement has encountered numerous significant issues from different angles in conditional, social and human measurements. But there are numerous question still stand in front of us. Are we living a happy life in all aspects, even with the advancement of technology, living standards? Are these technological advancement, according to the rules of nature? There are several questions with respect to human qualities and true human values, and impact of technological advancement on nature, just as worries for biological equalization, atmosphere changes and practice advancement. This has prompted conversations among us for enhancement of improved standards for comprehensive advancement.

In this paper we will study about, "How the human values and thought process of human influence the life and environment?" How these values are portrayed in various religions? Are these values having same definition in all respect?
Keywords -Trust, Respect, Indian Ideology and Science.

Introduction - As all of we aware that the entire world can be arranged in four order human order, creature order, plant order, and material order. We can easily see that all the 4 orders are interconnected to one another so as to fulfill their requirements. But if go in deep then we will find that in all the 4 orders, leaving the human order rest 3 orders are expecting their occupations unequivocally. However, if we see to human order than we will see that there is vulnerability in human conduct.

Uneducated youth is not the problem of today in nation.The major issue is,"Which type of education are we imparting to the youth?" Seeing the exhibitions of mercilessness presented by adolescents encompassing us, we consider whether the parents and teachers have ignored their commitments towards present youth. These infringements are extending bit by bit by our current youth. These infringements are extending bit by bit by our current youth. This attests the parents and teacher's today are ignoring the imperative commitments of embedding social qualities in our youngsters[1, 2].

Before talking about additionally, let us discuss some issues. Much time it occurred in our life that we expect a great deal of, from anybody and not get the ideal outcome. Have you not seen that when you accomplish something for anybody and anticipate the equivalent of that individual? Be that as it may, again face the inability to get the ideal outcome. At the point when we are not getting the ideal outcome than we state that supporting anybody is in vain. Have you, at any point, though what the purpose of it is? A large number of individuals are an excess of strict while others are most certainly not. There are such a large number of contradictions in the behavior of the people [3].

Have we, at any point attempted to discover the main driver behind this?

This is simply just the impression of our attitude and conduct. Values are in the base of these frames of attitude and conduct. These Values are the consequence of hereditary legacy and presentation to the social condition. Or on the other hand in the basic words, we can say that Attitude = Values = Hereditary legacy + Social presentation of nature

What is Value?

Values connote that nature of an individual or things which make that individual or thing significant, decent and helpful. Be that as it may, from a philosophical or instructive perspective, values connote neither a thing nor an individual, however an idea or a point of view. All things considered, anything which is helpful to an individual gets important to him. The main purpose of the value to develop the right attitude towards self, society and religions.

Starting here of view, values allude to objects that we value or wants and think of them as attractive and deserving of obtaining. These might be material articles like nourishment, attire, cover and so forth and unique

*Associate Professor, D.A.K. (P.G.) College, Moradabad (U.P.) INDIA
** Assistant Professor, M.I.T., Moradabad (U.P.) INDIA

characteristics and thoughts like truth, respect, excellence, goodness, harmony, joy, and so forth. These qualities have inherent worth for individuals.

Training has the best worth. It is worried about values that fulfill the plans, needs, and desires. Instructive values are identified with those exercises which are acceptable, helpful and significant from the perspective of training [4, 5, 6].

Classification of Values - Value is one by which men live, for which, they are eager to forfeit solaces, offices, and even lives to protect their qualities. The term "Value" alludes to the advancement of "heart". Every individual has an individual progressive system of significant worth needs: a few values are extremely significant, others respectably significant, and still others are of some significance [7]. Every individual is differing with other due to the values, which are incorporated in them. At whatever point a human associate with another then he has certain values on which his disposition and conduct depend. There are a few different ways as per which the qualities can be characterized.

These results revealed fact that primary metabolites are of commercial importance and have broad spectrum scope in plants pharmaceutical industry. Their mode of action and analysis is of prime urge to understand the biochemical composition of plants and they act as initiators substrates for the production of phytochemicals. Bioactive compounds wide array of organic molecules as carbohydrates are initial group of metabolite which is formed during organic molecules in the plants due to biochemical reaction of photosynthesis, also provides energy in form of ATP. Besides this , phytochemicals are engaged as crucial scaffold or they also cause variation in the physico-chemical features in other compounds by reacting with them.

References:-

1. Lai, P., & Roy, J. (2004). Antimicrobial and Chemopreventive Properties of Herbs and Spices. Current Medicinal Chemistry, 11(11), 1451–1460
2. Wynn, S. G., & Fougère, B. J. (2007). Veterinary Herbal Medicine: A Systems-Based Approach. In Veterinary Herbal Medicine (pp. 291–409).
3. Prakash, E., Khan, S. V., Meru, E., & Rao, K. R. (2001). Somatic embryogenesis in *Pimpinella tirupatiensis* Bal. and Subr., an endangered medicinal plant of Tirumala hills. Current Science, 1239–1242.
4. Stahl, W., & Sies, H. (2005). Bioactivity and protective effects of natural carotenoids. Biochimica et Biophysica Acta ({BBA}) - Molecular Basis of Disease, 1740(2), 101–107.
5. Loomis, W. E., & Shull, C. A. (1937). Methods in plant physiology. *Methods in plant physiology.*
6. McCready, R. M., Guggolz, J., Silviera, V., & Owens, H. S. (2022). Determination of Starch and Amylose in Vegetables. Analytical Chemistry, 22(9), 1156–1158.
7. Dubois, M., Gilles, K., Hamilton, J. K., Rebers, P. A., & Smith, F. (1951). A Colorimetric Method for the Determination of Sugars. Nature, 168(4265), 167
8. Osborne, D. J. (1962). Effect of Kinetin on Protein & Nucleic Acid Metabolism in *Xanthium* Leaves during Senescence. Plant Physiology, 37(5), 595–602.
9. Lowry, O., Rosebrough, N., Farr, A. L., & Randall, R. (1951). PROTEIN MEASUREMENT WITH THE FOLIN PHENOL REAGENT. Journal of Biological Chemistry, 193(1), 265–275.
10. Jayaraman, J., & Jayaraman, J. (1981). Laboratory manual in biochemistry. Wiley Eastern Delhi, India
11. Bray, H. G., & Thorpe, W. V. (1954). Analysis of Phenolic Compounds of Interest in Metabolism. In Methods of Biochemical Analysis (pp. 27–52).
12. Arnon, D. I. (1949). Copper enzymes in isolated chloroplasts. Polyphenoloxidase in *Beta vulgaris*. Plant Physiology, 24(1), 1–15.
13. Duxbury, A. C., & Yentach, C. S. (1956). Plankton pigment monograph. J. Marine Res., 15, 190–191
14. Kotte, W. (1922). Kulturversuche mit isolierten Wurzelspitzen. Beitr. Allg. Bot, 2, 413–434.
15. Tan, B., & Vanitha, J. (2004). Immunomodulatory and Antimicrobial Effects of Some Traditional Chinese Medicinal Herbs: A Review. Current Medicinal Chemistry, 11(11), 1423–1430. Timberlake, C. F., & Henry, B. S. (1986). Plant pigments as natural food colours. Endeavour, 10(1), 31–36.

Table 1. Physicochemical Analysis of *Pedalium murex*

	EXTRACTIVES					
	Petroleum ether	**Benzene**	**Chloroform**	**Acetone**	**Alcohol**	**Aqueous**
Total % by weight	0.63	0.38	0.86	0.43	4.873	4.132
Physical appearance and consistency	Light Greenish Yellow sticky	Bright red oily	Greenish Yellow oily	Greenish	Greenish brown viscous	Brown Yellow viscous
Carbohydrates	-	+	++	+	++	+++
Lipid	+	-	-	-	+	++
Proteins	-	-	-	-	+	+++
Phenols	-	+	-	-	+	++
Tannins	-	-	-	-	+	-
Flavonoids	-	+	+	-	+++	+
Alkaloids	-	+	++	-	++	-
Triterpenoids	-	+	+	-	++	-

Total % of extractives = 10.29 ; Total % of ash values = 4.22 ; Relative intensity of the test = +/++/+++

Table 2. Physicochemical Analysis of *Mucuna pruriens*

	EXTRACTIVES					
	Petroleum ether	**Benzene**	**Chloroform**	**Acetone**	**Alcohol**	**Aqueous**
Total % by weight	0.83	0.48	1.286	0.44	6.673	3.322
Physical appearance and consistency	Light Greenish sticky	Brownish Yellow oily	Greenish Yellow oily	Reddish br own viscous	Greenish bro -wn viscous	Brown Yellow viscous
Carbohydrates	-	+	++	++	+++	+++
Lipid	+	-	+	-	+	++
Proteins	-	-	-	-	++	+++
Phenols	-	+	-	-	+	++
Tannins	-	-	-	-	+	-
Flavonoids	-	-	++	-	+++	+
Alkaloids	-	+	++	+	+++	-
Triterpenoids	-	+	+	-	++	-

Total % of extractives = 12.19 ; Total % of ash values = 4.012 ; Relative intensity of the test = +/++/+++

Table 3. Behaviour of Plant powder on treatment with different chemical reagents.

Treatment	**Colour after treatment in daylight**	
Powder treated with	***Pedalium murex***	***Mucuna pruriens***
Conc. H_2SO_4	DR-BN	RD-BN
Acetic Acid	BN-YN	GN-YW
1N HNO_3	YW	OR-YW
5% I_2 solution	YW-GN	GN
5% $FeCl_3$ solution	GN-YW	DT-BN
Few drops of dil. NH_3 + $K_4Fe(CN)_6$ Soln.	OR-RD	BR-RD
10% NaOH followed by a drop of $CuSO_4$	GN	RD-OR
	GN-YW	GY-OR
40% NaOH + few drops of 10% lead acetic soln.	YW	YW-OR
Acetic acid Conc. H_2SO_4	BN	YW
Conc. HNO_3 + excess of NH_3	RD	RD-OR
Acetic acid + trace of $FeCl_3$ and transferred to the surface of Conc. H_2SO_4	YW-OR	OR

Table 4. Fluorescence analysis of sequential extracts of the selected plant species.

Plant	*PM*			*MP*		
Type of extracts	Color in			Color in		
	Day Light	UV		Day Light	UV	
		284 nm	365 nm		284 nm	365 nm
Pet ether	BN-YW	MA-RD	GN-WY	GN-YW	MA-RD	DR-GN
Benzene	BL-RD	MA-RD	OL-GN RD	DT-BN	MA-RD	OL-GN
Chloroform	RD-OR	OR	OR	GN-YW	PL-GN	LF-GN
Acetone	RD-OR	RD	RD	OR	PL-RD	YW-BN
Alcohol	MA-BN	YW-SN	OL-GN	BN-YW	GN-YW	PL-YW
Aqueous	RD-BN	YW-BN	PL-GN	BN-RD	YW-BN	YW-GN

Table 5. Primary Metabolites (mg/gdw) in different plant parts of *Pedalium murex*.

Plant Part	Experiments				
	Soluble sugar	Starch	Protein	Lipid	Phenol
Leaf	22.16 ± 1.24	8.62 ± 0.06	17.62 ± 0.8	24.82 ± 1.5	4.21 ± 0.04
Stem	19.18 ± 1.1	7.68 ± 0.05	21.84 ± 0.7	27.24 ± 1.6	5.63 ± 0.03
Root	18.43 ± 0.8	6.43 ± 0.06	22.67 ± 1.2	32.42 ± 1.5	5.89 ± 0.02
Pod	21.86 ± 0.6	5.82 ± 0.02	21.44 ± 0.7	26.41 ± 1.6	6.63 ± 0.04

Table 6. Primary Metabolites (mg/gdw) in different plant parts of *Mucuna pruriens*

Plant Part	Experiments				
	Soluble sugar	Starch	Protein	Lipid	Phenol
Leaf	18.14 ±1.4	10.42± 0.06	32.66 ± 1.6	38.11 ±1.5	5.36 ± 0.05
Stem	17.42 ±1.1	9.84 ± 0.09	38.43 ± 1.7	29.16 ±1.2	6.29 ± 0.07
Root	26.86 ±1.1	7.44 ± 0.06	36.32 ±1.9	28.2 ±1.3	5.55 ± 0.06
Pod	21.42 ± 0.6	8.12 ± 0.02	28.16 ±1.6	36.33 ±0.6	5.86 ± 0.03

Table 7. Chlorophyll, Carotenoid, and Ascorbic acid (mg/gdw) contents in fresh leaves of *Pedalium murex* and *Mucuna pruriens*.

Plant	Amount				
	Chl a	Chl b	Total Chl	Carotenoids	Ascorbic acid
Pedalium murex	0.56 ± 0.02	0.43 ± 0.01	1.09 ± 0.07	0.18 ± 0.008	0.46 ± 0.02
Mucuna pruriens	0.42 ± 0.01	0.26 ± 0.01	0.89 ± 0.03	0.17 ± 0.006	0.38 ± 0.01

Abbreviations:
Chl a: Chlorophyll a; Chl b: Chlorophyll b;
***=mg/gdw: miligram per gram dry weight**
****=mg/fdw: mili gram per fresh dry weight**

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित यज्ञविज्ञान निरूपण

डॉ. उषा नागर *

शोध सारांश – जिस समय गीता का प्रणयन हुआ, उस समय स्थिति यह थी कि एक सम्प्रदाय कर्मो के पूर्ण परित्याग का उपदेश कर रहा था और दूसरा कर्मानुष्ठानरूप यज्ञों के सम्पादन का पक्षधर था। प्रथम का प्रतिनिधित्व सांख्यवादी कर रहे थे और द्वितीय पक्ष का प्रतिनिधित्व वेदवादी। सांख्यवादी पुरुष को कूटस्थ, निष्क्रिय, निर्गुण, निरवयव आदि मानते हैं, जिसका सम्बन्ध किसी भी कर्म के साथ नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर जो आत्मा है, वह भी उसी पुरुष का प्रतिनिधि है, उसी का रूप है, इसलिये स्वभावत: वह भी कूटस्थ, निष्क्रिय, निर्गुण आदि होने के कारण सभी प्रकार के कर्मो से रहित है। उसके मूलस्वरूप को बनाये रखने के लिये सभी प्रकार के कर्मो से उसे अलग रखना चाहिए। प्रकृतिजन्य कर्म ही पुरुष को बाँधता है और नाना प्रकार के सुख–दु:खों का भोग करता है। सांख्यमतानुसार यज्ञादि कर्म भी मुक्ति में बाधक हैं। इन कर्मो के त्रिविध दु:खों से ऐकान्तिक तथा आत्यान्तिक निवृत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि वे यज्ञादि कर्म अविशुद्ध, क्षययुक्त तथा अतिशय युक्त हैं।' **दृष्टवदानुश्रविक: सह्यविशुद्ध क्षयातिशययुक्त:।**

शब्द कुंजी – श्रीमद्भगवद्गीता, यज्ञविज्ञान, वेदों, दृष्टवदानुश्रविक:, सह्यविशुद्ध, क्षयातिशययुक्त:, मुण्डकोपनिषद, अग्निहोत्र, दर्शपूर्ण, मासादि वैध यज्ञरूप, निर्योगक्षेम।

उद्देश्य – श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित यज्ञविज्ञान का स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करना है।

वेदवादी कर्मो के सम्पादन को आवश्यक मानता है, किन्तु उसका कर्म से अभिप्राय केवल यज्ञों तथा तदन्तर्गत कर्मकाण्ड से ही है। वेद विहित कर्म है 'श्रेयस्' का साधन है, यज्ञवेदिविहित कर्म है, इसलिए यज्ञ ही श्रेयस् का साधन । यही वेदवादियों की मान्यता है उनकी दृष्टि में वेदोक्त 'यज्ञेन यज्ञमयज देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्' इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन करता इसीलिए यज्ञ–व्यतिरिक्त कर्मो का परित्याग तथा वेदविहित यज्ञों का सम्पादन वेदवादियों का मूल सिद्धान्त है। वेदवादियों का प्रतिनिधित्व मीमांसक करते हैं। यह बात उल्लेखनीय है कि वेदवादी सभी वेदों को यज्ञपरक ही मानते हैं। यहाँ तक कि आरण्यक और उपनिषद् भी यज्ञपरक हैं।

सांख्यावादियों की तरह यज्ञकर्म का निषेध करने वाले वेदान्तवादियों का भी एक अलग सम्प्रदाय था। वेदान्तियों के विपरीत ये यज्ञादि कर्मो को प्रारम्भिक कर्म मानते हैं, जिन्हें व्यक्ति आत्मा की अज्ञानावस्था में सम्पादित करता है। जब व्यक्ति को आत्मा के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान हो जाता है, तब इन कर्मो का वह परित्याग कर देता है। वेदान्तियों की दृष्टि में यज्ञादि कर्म मुमुक्षु के लिये बाधक हैं, क्योंकि इनसे मुक्ति नहीं मिल सकती। वेदान्तवादी वेदवादियों की देवता –विषयक धारणा को स्वीकार नहीं करते। वे ब्रह्म को ही सत्य मानते हैं, जिसकी प्राप्ति यज्ञादि कर्मो के सम्पादन से नहीं होती, बल्कि ज्ञान से होती है, मुण्डकोपनिषद् के अनुसार वेदान्तवादियों द्वारा वेदवादियों के मत का खण्डन किया गया है। मुण्डकोपनिषद् के अनुसार दो प्रकार की विद्याएं हैं– एक परा और दूसरी अपरा । अपरा विद्या के अन्तर्गत दस प्रकार के ग्रन्थों का उल्लेख है, जिसमें चार वेद और छ: वेदांग ग्रन्थ हैं । यहाँ ब्राह्मण ग्रन्थों का उल्लेख नहीं है, किन्तु योग प्रतिपादिक होने के कारण तत्तद् वेद से उनके ब्राह्मणों को भी समाविष्ट मानना चाहिए। शिक्षा–कल्पादि वेदांग ग्रन्थ भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यज्ञ से ही सम्बद्ध हैं। **मुण्डकोपनिषद् परा विद्या के अन्तर्गत केवल उपनिषदों को ही स्वीकार करती है, क्योंकि उनमें ब्रह्म तत्त्व विवेचन किया गया है।**

मुण्डकोनिषद् के अनुसार वेदवादी यज्ञादि कर्मो को सत्य–कामना वाला मानकर आचरण करते हैं। **वे इसी को सुकृत का मार्ग समझते हैं।** जिसका अग्निहोत्र दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य, आग्रयण तथा अन्तेष्टि के बिना होता है। अथवा जो अग्निहोत्र नहीं करता, अथवा वैश्वदेव कर्म के बिना करता है अथवा विधिपूर्वक नहीं करता, अथवा अश्रद्धा से करता है, **उसके सातों लोकों को अग्निहोत्र नष्ट कर देता है।** अग्नि की सात जिह्वाएँ होती हैं– **काली, कराली, मनोजवा, सुलोहिता, सुधूम्रवर्णा, विस्फुलिगिनी तथा विश्वरूचि।** इन्हीं सात जिह्वाओं से अग्नि आहुति ग्रहण करता है।

मुण्डकोपनिषद् की तरह श्रीमद्भगवद्गीता में भी वेदवादियों के लिए जो जन्मकर्म के फलों को देने वाली तथा भोग तथा ऐश्वर्य को प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार की क्रियाओं की प्रशंसात्मिक पुष्णिता वाणी बोलते हैं वेदवादरता: **'नान्यदस्तीतिवादित:, कामात्मन:, स्वर्गपरा:, तथा आवपश्चित:, इन उपाधियों का प्रयोग किया गया है।** इनमें नान्यदस्तीतिवादिन:, कामात्मन:, स्वर्गपरा: तथा अविपश्चित:, उपाधियाँ उन्हीं लोगों के लिये हैं, जो 'वेदवादरता:' है। इसी आधार पर वेदों को **निशा** कहा गया है और इतना ही नहीं बल्कि उसके परित्याग कर देने का आदेश दिया गया है। चूंकि अर्जुन को निस्त्रैगुण्य, निर्द्वन्द्व बना निर्योगक्षेम तथा आत्मवान् होने का आदेश दिया गया है। इसका मतलब हुआ कि वेद में जो विषय प्रतिपादित हैं, वे केवल त्रिगुणात्मक ही नहीं है, द्वन्द्वयुक्त, अनित्यसत्तवस्थरूप, योगक्षेमयुक्त तथा अनात्मवान हैं। पं मोतीलाल जी शास्त्री इस प्रकरण पर विचार व्यक्त करते हुए लिखते हैं–' आज हम ऐसे विषय की मीमांसा करने वाले हैं, जो कि विषय हमारे जीवन का एक मुख्य एवं सर्वश्रेष्ठ उद्देश्य है। जिस वेदराशि के लिये आर्य महर्षियों के 'वेद द्विजातीनां नि:श्रेयस्कर पर:', 'वेदाद्धर्मो हि निर्बभौय वेद एवाभ्यसेन्नित्यम्' आदि उद्गार हैं, उसी के लिये धर्मरक्षक, पूर्णावतार श्रीकृष्ण आज अर्जुन को

* व्यख्याता (संस्कृत) बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर (राज.) भारत

यह कह रहे हैं कि अर्जुन! वेद तो त्रिगुणात्मक हैं, तुझे त्रिगुणभाव छोड़ देने चाहिये। भगवान् की इस उक्ति से वेदभक्तों के हृदय पर सहसा आघात होता है। सचमुच सामान्य व्यक्तियों के लिये गीताशास्त्र का यह प्रकरण एक जटिल समस्या है। क्या भगवान् वेदों का आदर नहीं करते? क्या श्रीकृष्ण वेदशास्त्र सिद्ध यज्ञ, दान, तपोलक्षण, विद्यासापेक्ष सत्कर्म के पक्षपाती नहीं है। पं शास्त्री लिखते हैं कि 'कदापि नहीं कहा जा सकता। गीता के ही अनेक स्थलों पर ऐसे अनेक उद्धरण मिलते हैं, जिनसे सिद्ध होता है कि वे वेदशास्त्र के अन्यतम भक्त हैं। वेदशास्त्रसिद्ध यज्ञादि कर्मों के वे महापक्षपाती हैं, यह कर्मकाण्ड के पूर्ण अनुयायी हैं, यह वेदमूलक धर्मशास्त्र के वे परमभक्त हैं। इसीलिये तो अर्जुन को, जो वेदसिद्ध चातुर्वर्ण्य की उपेक्षा कर रहा था, भगवान ने वर्णधर्म का स्वरूप समझाते हुए ही कर्म मार्ग में प्रवृत्ता किया है, बिना वेदशास्त्र को अपनाये चातुर्वर्ण्य, यज्ञ, तप, स्वधर्म आदि का कुछ भी महत्तव नहीं रह जाता है।

श्रीकृष्ण ने अनेक स्थलों पर श्रीमद्भगवदगीता में यज्ञ की महिमा का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया है। यह सम्पूर्ण संसार कर्मबन्धन है, किन्तु ऐसे भी कर्म हैं, जो बन्धन रूप नहीं है। ऐसे ही कर्मों में यज्ञ भी माना गया यज्ञरूप कर्म को छोड़कर शेष जितने भी कर्म हैं, वे सब बन्धन में डालने वाले हैं। यहाँ यज्ञार्थ कर्म क्या है ? यह विचारणीय है। कई भाष्यकार यहाँ यज्ञ कर्म भाव से अभिप्राय अग्निहोत्र-दर्शपूर्णमासादि वैध यज्ञों से न लेकर जो भी का भाव से किया जाता है, वह यज्ञ है, ऐसा मानते हैं। वस्तुत: त्यागभाव का है फल की भावना का परित्याग कर कर्म को कर्तव्य मानकर करना। ऐसा कर्म बन्धन में डालने वाला नहीं होता, शेष सभी कर्म जो किसी कामनावश फल प्राप्ति के उद्देश्य से किए जाते हैं, बन्धन के कारण होते हैं। चूंकि अग्निहोत्र दशपूर्णमासादि भी यज्ञ है, इसलिए इनका विधिवत् सम्पादन भी कर्मवान के क्षेत्र से बाहर हो सकता है, यदि वह किसी फलप्राप्ति की कामना से नहीं किया जाता। अत: अग्निहोत्र, दर्शपूर्ण, मासादि वैध यज्ञरूप कर्म भी काम्य तथा निष्काम भाव से किये जा सकते हैं। यदि किसी लौकिक कामना की पूर्ति के लिए अथवा स्वर्ग प्राप्ति के लिए यज्ञ किया जाता है, तो वह निश्चित ही त्रिगुणात्मक होगा, अतएव उसका परिणाम भी अवश्य ही सुख दु:खात्मक होगा, किन्तु जब वही यज्ञ कर्म किसी कामना से प्रेरित न होकर कर्तव्य कर्म मानकर किया जाता है, वह तब त्रिगुणात्मक नहीं रह जाता। गीता में जिस यज्ञ की प्रशंसा की गई है, तथा जिसे कर्मबन्धन से अलग माना गया है, वह इसी यज्ञ को लक्ष्य करके कहा गया है। प्राकृतिक यज्ञविज्ञान का ज्ञान कहीं लुप्त न हो जाये, क्योंकि इसके लुप्त हो जाने पर मानव-जीवन में अनेक विसंगतियाँ आ सकती हैं, जो उसके अस्तित्व के लिए खतरा सिद्ध हो सकती हैं। इसलिए इनकी अनुकृति वैध यज्ञों को कर्तव्य मानकर सदा सम्पादित करते रहना मानव के कल्याणार्थ ही है। जिस दिन वह इन्हें भूला देगा, उस दिन मानव मानव न रहकर दानव बन जायेगा। इसलिए प्राकृतिक यज्ञ की अनुकृति रूप वैध यज्ञों को भी निष्काम भाव से सदा सम्पादित करते रहने का गीता का आग्रह है। भगवान् श्रीकृष्ण प्रजा की उत्पत्ति के साथ ही यज्ञ की भी उत्पत्ति प्रजापति से मानते हैं। प्रजापति समस्त सृष्टि का उत्पादक है। प्रजा की सृष्टि के साथ ही उसने यज्ञों को भी उत्पन्न किया। यज्ञों को उत्पन्न करने का प्रयोजन था मानव की समृद्धि। यज्ञ ही प्रजा की समृद्धि का हेतु है। इसीलिए प्रजापति ने कहा है कि यह यज्ञ ही तुम लोगों की समृद्धि का हेतु है और यही कामनाओं की पूर्ति करने वाला है। इस सन्दर्भ में प्रजापति ने कहा है कि देवों और मनुष्यों का परस्परोपकारक सम्बन्ध यज्ञ के द्वारा ही सम्भव है। देवता वे शक्तियाँ हैं, जो सदा मानव को सुख देने वाली हैं। इसलिए उनके प्रति सदा कृतज्ञता का भाव रखना मानव का कर्तव्य है। यही 'यज्ञ' है। अत: कोई भी वैध यज्ञ हो, उसमें देवाराधना, देव-प्रार्थना, देवस्तुति, क्षमायाचना और हविर्द्रव्य-समर्पण रूप कर्म अवश्य होता है। मनुष्य यज्ञ से देवताओं को तृप्त करें, देवता मनुष्य के जीवन उपयोगी वस्तुएं प्रदान कर तृप्त करें, इस प्रकार परस्पर एक-दूसरे को तृप्त करते हुए श्रेयस् को प्राप्त करें, यही यज्ञ के सम्पादन का मूल प्रयोजन है' यह उल्लेखनीय हैं कि गीता यहाँ देवताओं तथा मनुष्यों के परस्पर भावना रूप यज्ञ कर्म को श्रेयस्-प्राप्ति का साधन मानती है। यज्ञ को छोड़कर परस्पर भावना रूप कोई दूसरा कर्म नहीं। कठोपनिषद 'योगक्षेम' के उद्देश्य से किये जाने वाले यन 'प्रेयस' मानती है, श्रेयस् नहीं और स्वयं गीता भी 'योगक्षेम' को त्रिगुणात्मक मानकर **'निर्योगक्षेम'** होने का आग्रह करती है। फिर यहाँ देव-मन, भावना रूप यज्ञ को श्रेयस् माना गया है, ऐसा विरोध क्यों? वस्तुत: जहाँ के उद्देश्य से यज्ञ की बात कही गई है और अर्जुन को **'निर्योगक्षेम'** होने का आदेश दिया गया है, वहाँ यज्ञ देव-मनुष्य का भावना रूप नहीं है। एकांगी है। उसके सम्पादन का उद्देश्य केवल कामनाओं की पूर्ति है। व्यक्ति अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिये स्वार्थवश देवताओं की आराधना करना है और दूसरा देवताओं को श्रेष्ठ समझकर और अपना कर्तव्य मानकर श्रद्धापूर्वक देवताओं की आराधना करता है और वे योगक्षेम के लिए आवश्यक वस्तुएं प्रदान करते हैं। इस प्रकार स्वार्थवश देवताओं का आराधनरूप यज्ञ तथा देवताओं के प्रति आदरभाव से अपना कर्तव्य समझकर नित्य यज्ञादि द्वारा उनका आराधनरूप यज्ञ दोनों भिन्न सिद्ध होते हैं। प्रथम में योगक्षेम की कामना है, दूसरे में देवताओं की प्रसन्नता से योगक्षेम की प्राप्ति है। प्रथम प्रेयस् तथा दूसरा श्रेयस है। स्पष्ट है कि गीता में जिस यज्ञ को श्रेयस् कहा गया है, वह स्वयं योगक्षेम प्रदान करने वाला देव-मनुष्य परस्पर भावना रूप यज्ञ हैं, जो काम्य कर्म के अन्तर्गत नहीं आता। इसी यज्ञ के सम्पादन के लिये मनुष्यों के प्रति प्रजापति का आदेश है, इसी के प्रति श्रीकृष्ण का अर्जुन को उपदेश है, इसी यज्ञ के अवशिष्ट को खाने से सम्पूर्ण पापों से मुक्त होने का उल्लेख है। जो कुछ प्राप्त है, वह देवताओं से प्राप्त है, इसलिए उस प्राप्त में से देवताओं को प्रथम समर्पण कर अवशिष्ट का भोग यज्ञावशिष्ट - अशन है। यही श्रीकृष्ण द्वारा प्रतिपादित यज्ञ का स्वरूप है।

नित्य प्राकृतिक यज्ञ की अनुकृति पर सम्पादित होने वाला देव-मनुष्य परस्पर भावनारूप वैध यज्ञ भी किस प्रकार नित्य ब्रह्म की प्रतिष्ठा है, इसका। स्पष्ट उल्लेख गीता में किया है। इस जगत में अन्न ही प्राणियों का आधार सभी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न खाने से ही शरीर में रक्त बनता है, उसी से वीर्य बनता है और उसी से सन्तानोत्पत्ति होती है। अन्न स्वयं पर्जन्य से। होता है। यदि वृष्टि न हो, तो अन्नादि औषधियां उत्पन्न ही नहीं होंगी। उत्पन्न करने वाला पर्जन्य स्वयं उत्पन्न न होकर यज्ञ से उत्पन्न होता पुन: कर्म से उत्पन्न होता है, ब्रह्म अक्षर से उत्पन्न होता है, इस प्रकार ब्रह्म नित्य यज्ञ में प्रतिष्ठित हैं। यही चक्र सृष्टि को गतिमान किए। इसलिए विश्व-व्यवस्था को संचालित करने में प्रवृत्ता इस चक्र का जो अनुसरण नहीं करता, वह पापात्मा, स्वेच्छाचारी व्यर्थ में जीता है।

गीता का उद्देश्य वेदवादियों तथा वेदान्तवादियों की परस्पर विरोधी अतिदृष्टियों का समन्वय करना है और सिद्धान्तरूप में यह प्रतिपादित करना है। कि असक्त होकर नित्य यज्ञादि कर्मों का आचरण करता हुआ पुरुष परमपद को प्राप्त कर सकता है। असक्त होकर कार्य करके सिद्धि प्राप्त करने वालों में जनक का नाम उद्धृत किया गया है। आत्मज्ञानी को भी असक्त होकर कार्य करने की क्या आवश्यकता है? इस संदर्भ में गीता लोकसंग्रह की भावना

को महत्तव देती है। समाज में राजा या प्रतिष्ठित व्यक्ति जैसा आचरण करते हैं, अन्य जन भी वैसा ही आचरण करते हैं– **'यथा हि कुरुते राजा प्रजास्तमनुसरते।' अत: आत्मज्ञानी ही यज्ञादि कर्मों का आचरण नहीं करेंगे,** तो जनसामान्य भी उन्हीं का अनुसरण करेंगे। इस प्रकार के चिन्तन से सम्पूर्ण यज्ञादि श्रेष्ठ कर्मों का लोप हो सकता है: वेदशास्त्रों का अध्'न अवरुद्ध हो सकता है तथा इससे समाज में अराजकता फैल सकती है। इसीलिए श्रीकृष्ण कहते हैं कि आत्मज्ञानी को भले ही व्यक्तिगत रूप से यज्ञादि कर्मों के करने या न करने से कोई लाभ–हानि न हो, किन्तु उसे न करने से समाज को नुकसान, लोगों का भ्रष्ट होना अवश्यम्भावी है। अत: लोक संग्रह के लिए इन कर्मों का सम्पादन करना आवश्यक है। भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि मैं स्वयं ब्रह्म हूँ, ये तीनों लोकों में मेरे लिए कुछ भी प्राप्तव्य या अप्राप्तव्य कर्म नहीं है, किन्तु मैं स्वयं भी लोक संग्रह के लिए कर्म में प्रवृत्ता हूँ यदि मैं सावधान होकर कभी कर्म का आचरण न करूँ, तो मनुष्य भी मेरे मार्ग का अनुसरण करके कर्मों का परित्याग कर देंगे और तब इस कर्म–विनाश का कर्ता मैं ही कहलाऊँगा। इसलिए जिस प्रकार कर्म में आसक्त होकर अविद्वान् कार्य करते हैं, उसी प्रकार विद्वान् को भी लोकसंग्रह की भावना से यज्ञादि कर्म करते रहना चाहिए।

गीता के चतुर्थ अध्याय में यज्ञ का अध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक स्वरूप प्रस्तुत किया गया है। 'जो व्यक्ति असक्त होकर कर्मों का सम्पादन करता है, उस ज्ञानावस्थित चित्ता वाले व्यक्ति के सम्पूर्ण कर्म ब्रह्म में लीन हो जाते हैं। इन कर्मों का फल उसे प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उसके लिये सम्पूर्ण यज्ञकर्म ब्रह्ममय है। ब्रह्म ही अपर्ण है, ब्रह्म ही हवि है, ब्रह्म ही अग्नि है, बह्म ही स्वरुप है, ब्रह्म ही उसका गन्तव्य है।' यज्ञ का एक दूसरा रूप है, जिसका सम्पादन योगी लोग करते हैं। यह यज्ञ देवोपासना रूप में है। इस यज्ञ का सम्पादन योगीजन शास्त्रविधि के अनुसार करते हैं और असक्त होकर बिना किसी फल की कामना से करते हैं। यज्ञ का एक दूसरा रूप है, जिसमें योगी ब्रह्मरूप अग्नि में अपने सम्पूर्ण कर्मों को समर्पित करता है, यज्ञ का एक अन्य रूप है, **जिसमें योगी संयमरूपी अग्नि में श्रौतादि इन्द्रियों का होम करते हैं।** योगियों का एक यज्ञ यह भी है, जो इन्द्रिय रूपी अग्नि में इन्द्रियों के शब्दादि विषयों का होम कर योगियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले यज्ञों का उल्लेख श्रीकृष्ण चार प्रकार के यज्ञों 'द्रव्ययज्ञ, तपोयज्ञ, योगयज्ञ, स्वाध्याय ज्ञानयज्ञ' आदि को बतलाते हैं। इसके अतिरिक्त प्राणायाम को बतलाया गया है। प्राण की आहुति अपान में तथा अपान की आहुति प्राण में। प्राण–अपान दोनों की गति को रोककर, जो प्राणायाम किया जाता है एक यज्ञ है। प्राणों में प्राणों की आहुति भी यज्ञ का एक रूप बताया गया गीता के चतुर्थ अध्याय में जिन यज्ञों का उल्लेख किया गया है, वे वैदिक श्रौतयागों से भिन्न हैं। इन यज्ञों को आध्यात्मिक या मानसिक यज्ञ कहा जाता है। गीता की रचना के समय इन यज्ञों का प्रचलन था।

यज्ञ शब्द का अर्थ केवल अग्निहोत्र, दर्शनपूर्णमास आदि ही नहीं, जिस अर्थ में मीमांसक स्वीकार करते हैं। यहाँ दान, तप, स्वाध्याय, ज्ञान, प्राणायाम, आत्मसंयम, इन्द्रिय–निग्रह आदि सभी यज्ञ के नाम से व्यवहृत हुए हैं। इसलिए यज्ञ के लिए प्रयुक्त प्रतीकों के आधार पर ऐसा मानने में कोई विप्रतिपत्ति नहीं कि गीता में यज्ञों का आध्यात्मिक, आधिदैविक तथा आधिभौतिक अर्थ मिलते हैं। अरविन्द का कथन है कि 'वैदिक रहस्यवादियों का रहस्यात्मक प्रतीकवाद जो बिल्कुल सही, काव्यमय, आश्चर्यजनक तथा मनोवैज्ञानिक है, जो गीता के समय विस्मृत हो चुका था। इसलिए गीता में उनके स्थान पर नये, विस्तृत तथा वेदान्त तथा योगदर्शन की दार्शनिक प्रकृति के अनुसार प्रतीकों का प्रयोग किया गया। यज्ञों की अग्नि भौतिक अग्नि की लपटें नहीं, किन्तु ब्रह्माग्नि हैय यह ब्रह्मान्मुस शक्ति है, जिसे वेदों में पुरोहित कहा गया है। यह अग्नि आत्मसयम ज्ञानक्रियारूप है, प्राण द्यअपानरूप है। इस ज्ञानाग्नियज्ञ में जो अवशिष्ट है, वह अमृत है। इस यज्ञशिष्ट–अमृत को ग्रहण करने वाले सनातन ब्रह्म को प्राप्त करते हैं। जो इस यज्ञ को नहीं करता, उसके लिए यह लोक भी नहीं, अन्य लोक कैसे प्राप्त कर सकता है? यह बात उल्लेखनीय है कि तृतीय अध्याय में जहां 'देव–मनुष्य परस्पर भावना रूप यज्ञ' का उल्लेख है, वहा **यज्ञाषिष्टासिन: सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषै:** कहा गया है। इस पृथक् फल–कथन से ऐसा प्रतीत होता है कि तृतीय अध्याय में जिस यज्ञ का विवेचन किया गया है, वह वैदिक यज्ञ है, जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक और वैध दोनों का समावेष है तथा चतुर्थ अध्याय के यज्ञ का सम्बन्ध वेदान्तियों तथा योगवादियों के यज्ञ से है। यज्ञ विषयक ये धारणाएं वेदोत्तारकाल की हैं। तथा वे गीताकालीन वेदान्तवादियों तथा योगवादियों के यज्ञविषयक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. दृष्टवदानुश्रविक: स हाविशुद्ध: क्षयातिशययुक्त। सांख्यकारिका:–2
2. तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदोऽर्थवेद: शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरूक्तं छन्दो ज्योतिषामिति। अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते। मुण्डकोपनिषद्
3. तदेतत् सत्यं मन्त्रषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यंस्तानि त्रेतायां बहुधा सन्ततानि। तान्यचरथ नियतं सत्यकामा एष एव पन्था सुकृतस्य लोके ।। मुण्डकोपनिषद्
4. यस्याग्निहोत्रमदर्शमपौर्णमासमचातुर्मास्यमनाग्रण्यणमतिथिवर्जित च अहुतमेवैश्वदेवमविधिना हुतमश्रद्धया हुतमासप्तमांस्तस्य लोकान् हिनस्ति।
5. काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता या च सुधूम्रवर्णा। विसफुलिडि,गनी विश्वरूचि यथाकालं चाहुतयो याददायन्।।
6. यामिमा पुष्पितां वाचं प्रवदन्त्यविपश्चित:। वेदवादरता: पार्थ नान्यदस्तीतिवादिन: ।। कामात्मन: स्वर्गपरा जन्मकर्मफलप्रदाम्। क्रियाविशेषबहुलां भोगैश्वर्यगति प्रति।
7. त्रैगुण्यविषयां वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन। निर्द्वन्द्वो नित्यसत्वस्थों निर्योगक्षेम आत्मवान्।। गीता–
8. पं. मोतीलाल शास्त्री, राजर्षिविद्या, द्वितीयोपनिषत् राजस्थान पत्रिका, जयपुर
9. यथार्थत्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धन:। तदर्थ कर्म कौन्तेय मुक्तसड्.ग: समाचर।। श्रीमद्भगवद्गीता–
10. सहयज्ञा: प्रजा सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापति:। अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्टकामधुक्।। श्रीमद्भगवद्गीता–
11. देवान् भायतानेन ते देवा भावयन्तु व:। परस्परं भावयन्त: श्रेय: परमवाप्स्यथ।
12. त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन। निर्द्वन्द्वो नित्यसत्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान्।
13. (क) मोघमन्नं विन्दते अप्रचेता: सत्यं ब्रवीमि वध इत्स तस्य। नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी ।।ऋग्वेद– (ख) यज्ञशिष्टाशिन: सन्तों मुञ्चन्ते सर्वकिल्विषै:। भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्।। श्रीमद्भगवद्गीता–
15. अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भव:।

यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः ।।
ब्रह्मकर्मोद्भव विद्धिं ब्रह्माक्षरसमुद्भवः ।
तत्स्मात्सर्वगतं ब्रह्म नित्यं यतें प्रतिष्ठितम् द्यद्य श्रीमद्भगवद्गीता–

16. एव प्रवर्तित चक्रं नानुवर्तयतीह यः ।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघं पार्थ स जीवति ।। श्रीमद्भगवद्गीता–

17. तस्मादसक्तः सततं कार्य कर्म समाचर, असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पुरूषः। कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः, लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि ।। श्रीमद्भगवद्गीता–

18. वाल्मीकि– रामायाण

19. यद्यदाचरित श्रेष्ठस्तत्तादेवेतरो जनः ।
याचरन् कर्म परमाप्नोति कादयः, लोकसंग्रहमेवापि

20. ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हेतम् ।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना ।। श्रीमद्भगवद्गीता–

21. दैवमेवापरे यज्ञं योगिनः पर्युपासते।
ब्रह्माग्नावापरे यज्ञं यज्ञेनोपजुह्वति।। श्रीमद्भगवद्गीता–

22. श्रीमद्भगवद्गीता

****

आधुनिकता और सामाजिक विचलन

डॉ. जयराम बैरवा*

शोध सारांश – परिवर्तन मानव जीवन का सत्य है। हम इसे अपने प्रतिदिन के जीवन में भले ही महसूस न करें, पर यह हमारे जीवन को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता रहता है। हम कह सकते हैं कि समाज एक परिवर्तनशील व्यवस्था है। मानव इतिहास में आज तक ऐसे समाज का परिचय नहीं मिलता जो एक निश्चित सामाजिक ढाँचे को स्थिर रख सका है। भौतिक पदार्थों अन्य प्राकृतिक रचनाओं में भी निरन्तर परिवर्तन होता रहता है, इसलिए समाज और उसकी संस्कृति में हमेशा परिवर्तन की चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण विषय बनाऐं रखा है। परिवर्तन प्रकृति का अटल एवं शाश्वत नियम है। यद्यपि मानव समाज भी इसी प्रकृति का अंग है। इसलिए मानव समाज परिवर्तन के बहाव से बच नहीं सकता। परिवर्तन विश्व का शाश्वत व सार्वभौमिक नियम है, जो चिरकाल से चलायमान है। पुरातन परम्पराओं में नवीन विचारों व प्रक्रियायों का समागम, आधुनिकता को दर्शा रहा है, इससे पुरानी मनोवृतियां खण्डित हो रही हैं तथा नवीन सिद्धांतों व मूल्यों का निर्माण हो रहा है। आधुनिकता को अपनाने व स्वयं को आधुनिक कहलाए जाने के कारण व्यक्ति स्वंय के मार्ग से भटक कर विचलन की और अग्रसर हो रहा है। प्रस्तुत लेख आधुनिकता की स्वीकार्यता के बाद होने वाले विचलनों की समीक्षा है।
शब्द कुंजी – आधुनिकता, भौतिकवादिता, परिवर्तन, विचलन, सार्वभौमिक।

उद्देश्य :

1. आधुनिकता क्या है? और इसके कौन-कौन से क्रम है, के बारे में चर्चा करना।
2. आधुनिकता ने किस प्रकार से विचलित व्यवहार को जन्म दिया।

प्रस्तावना– आधुनिक युग में मानव विकास व समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। परिवर्तन की इस प्रक्रिया में प्राचीन व नवीन के बीच सघंर्ष भी स्वाभाविक रुप से होता है। परिणामस्वरुप पुरानी परंपरा, मूल्यों, आंकाक्षाओं व आदर्श नियमों में परिवर्तन होकर नए स्वरुप का निर्माण होता है।

आधुनिकता अतीत से स्व-प्रेरित पृथकता व नवीन भावों के अन्वेषण की प्रक्रिया है। प्राचीन समाज अंधविश्वासी, रुढीवादी परंपराबद्ध व्यक्तियों व दूसरी और प्रगतिवादी विचारधारा वाले व्यक्तियों से बना था। विभिन्न युगों में रुढ़िवादी व आधुनिक दोनों प्रवृतियों के विकास का कारण यह है कि मनुष्य अलग-अलग सामाजिक दायरों में सोचता व कार्य करता है।

आधुनिकता से तात्पर्य आधुनिकीकरण से भी है जिसके द्वारा मानव जाति में भौतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक वातावरण को नियंत्रित करने की क्षमता में निरंतर वृद्धि होती रहती हैं। 'आधुनिक' शब्द बारंबार एक युग की मानसिकता का परिचय देता है, जो स्वयं को प्राचीन अतीत की तुलना में खड़ा पाता हैं।। यह पुराने से नए की ओर संक्रमण का द्योतक है (हेबरमास, 1985)।

आधुनिकता, प्रगतिशीलता की ओर निर्देशित करती है जो कि मानव जाति का अज्ञानता व तर्कहीनता से मुक्त कराने का वादा करती है (रोजनाऊ,1992)। आधुनिकता, प्रबोध युग के फलस्वरुप सामाजिक स्थिति, प्रक्रियाओं और उपदेशों को संदर्भित करती है।

आधुनिकता का क्रम – परम्पराओं ने धीरे-धीरे विकास किया। आज जिसे हम रुढ़ि कहते हैं, वह प्राचीन काल में आधुनिकता का सूचक रही होगी। विकसित देश की किसी पिछड़ी जाति के व्यक्ति को यदि अफ्रीका की पिछड़े क्षेत्रों के कबीलों में भेज दिया जाए, तो वह, वहां सबसे आधुनिक व्यक्ति माना जाएगा। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि आधुनिकता विधियों पर नहीं बल्कि दृष्टिकोणों पर आधरित होती है। सर्वप्रथम, नगरीकरण से आधुनिक युग का प्रारंभ हुआ उसके बाद औधौगिक क्रांति से इसमें व्यापक प्रगति हुई। इससे न केवल विद्यमान रुढ़िवादिता की समाप्ति हुई बल्कि सामाजिक स्तर पर भी रहन-सहन, खान-पान के ढंग में भारी परिवर्तन आया। विद्रोह व मुक्ति का यह रुप पहले से कहीं और अधिक उग्र होता गया।

समाज में व्यक्ति से यह आशा की जाती है कि वह समूह की परिस्थितियों, अपनी प्रस्थिति व कानून के अनुसार व्यवहार करें। समाज द्वारा स्वीकृत मापदण्ड ही मूल्य कहलाते हैं। सामाजिक मूल्य, सामाजिक मान हैं जो सामाजिक जीवन में अंतर्सबंधों को परिभाषित करने में सहायक होते हैं। मूल्यों की विचारधारा से सभी वस्तुओं का आकलन किया जा सकता है। चाहे भावनाएं हों या विचार, गुण, वस्तु, क्रिया, व्यक्ति, समूह, लक्ष्य या साधन । मुखर्जी (1950) के अनुसार 'मूल्य समाज द्वारा प्राप्त इच्छाएं व लक्ष्य हैं जिनका आंतरीकरण सीखने या समाजीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से होता है, जो व्यक्तिनिष्ठ अधिगम मान तथा अभिलाषाएं बन जाती हैं।' समाज मूल्यों का एक संगठन व संकलन है। सामाजिक मूल्य सामाजिक क्रिया में सामूहिक अनुभव होते हैं, जिनका निर्माण वैयक्तिक व सामाजिक दोनों प्रकार के प्रत्युत्तारों व मनोवृत्तियों द्वारा होता है। ये मूल्य समाज का निर्माण व सामाजिक संबंधों को संगठित करते हैं।

एक सरल समाज में व्यक्ति अपनी भूमिका निर्वाह एक नैतिक कर्तव्य के रुप में करता है, लेकिन जैसे-जैसे समाज जटिल होता जाता है, व्यक्ति के निजी स्वार्थ उसे ऐसे कार्य करने की प्रेरणा देने लगते हैं, जो या तो समाज द्वारा मान्य नहीं होते अथवा जिनके लिए अपनाए गए साधनों की समाज अनुमति नहीं देता। इसका तात्पर्य यह है कि किसी व्यक्ति या समूह द्वारा समाज के नियमों, कानूनों व सामाजिक प्रतिमानों का जानबूझकर उल्लंघन करके अपने हितों को प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाता है। इसे विचलन या वह दशा कहते हैं जो अनुरुपता के विपरीत होती है। 'व्यक्तिगत विचलन' से तात्पर्य किसी व्यक्ति विशेष द्वारा अपनी उप-संस्कृति के

* व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, राजगढ (अलवर) (राज.) भारत

प्रतिमानों से विचलित होना है। मादक द्रव्यों का सेवन व यौनिक प्रतिमानों का उल्लंघन करना इसके उदाहरण हैं। प्राथमिक विचलन वह है जो इच्छित या नियोजित नहीं होता बल्कि कुछ विशेष परिस्थितियों या व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम होता है। जैसे देरी के कारण रेल का टिकट लेने की असमर्थता होने पर बिना टिकट यात्रा करना (लेमार्ट, 1951)।

विचलित व्यवहार के प्रतिमान – मर्टन (1938) ने विचलित व्यवहारों को प्रतिमानता के सिद्धांत के आधार पर स्पष्ट किया। उनके अनुसार सांस्कृतिक रूप से निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जब समाज की संरचना व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है तो समाज में व्यवहार संबंधी नए मूल्य विकसित होने लगते हैं, इससे उत्पन्न होने वाले तनाव ही विचलित व्यवहारों को प्रोत्साहन देते हैं। क्विने (1967) के अनुसार 'जो समूह अधिक शक्तिशाली होता है वह अपने से कमजोर व अधीन रहने वाले व्यक्तियों या समूह के व्यवहारों को विचलित दिशा की ओर ले जाने लगता है।'

वास्तविकता यह है कि नगरों में सामाजिक विचलन को केवल कुछ सिद्धांतों के संदर्भ में ही नहीं समझा जा सकता। दूसरी सामाजिक घटनाओं की तरह विचलित व्यवहार भी कुछ प्रमुख सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक दशाओं का परिणाम होता है। उदाहरण के लिए यदि आंरभिक जीवन से ही व्यक्ति का समुचित समाजीकरण नहीं होता है अथवा उसकी शिक्षा दोषपूर्ण होती है तो वह समाज के नियमों का उल्लंघन करके अपने उद्धेश्यों को पूरा करने का प्रयत्न करने लगता है।

आधुनिकता से विचलन के इस रूप का संबंध वर्तमान युग में विकसित होने वाले चरित्र के उस संकट से है जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिए अधिकांश राजनितिज्ञ, उद्योगपति, व्यवसायी व अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करके एक–दूसरे से आगे निकल जाने की होड़ में लगे हुए हैं।

विचलन प्रत्येक रुप से नैतिकता के उल्लंघन से ही संबंधित होता है, लेकिन नगरीय क्षेत्रों में नैतिक मूल्यों मे होने वाले विचलन की समस्या उस अधकचरी आधुनिकता से जुड़ी हुई है जो हमारे जीवन को विषाक्त कर रही है। सोरोकिन (1959) ने इस दशा को आधुनिक संस्कृति की 'भोगवादी भक्तिहीनता' कहा है, जिसमे व्यक्ति नैतिक मूल्यों को भूलकर संसारिक सुखों के पीछे पागल है। इसे हम पूरी दुनिया में उभर रहा एक व्यापक संस्कृति संकट कह सकते हैं।

नगरों में आज यह मनोवृत्ति बहुत तेजी से विकसित हो रही है कि धन अर्जित करना आवश्यक है, चाहे इसे किसी भी तरह से प्राप्त किया जाए। धन के द्वारा ही सभी तरह के सांसारिक सुख प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा यह कि धन का संचय ही व्यक्ति की प्रतिष्ठा का आधार है। ऐसी मनोवृति उन मूल्यों को प्रभावपूर्ण बनाने लगती है जो पूरी तरह अतार्किक व अव्यक्तिवादी होते हैं। नगरों में जब एक बार श्वेतवसन अपराधों की प्रक्रिया आरंभ हो जाती है तब ऊपर से नीचे तक प्रत्येक व्यक्ति को अवसर मिलते ही अधिक से अधिक साधन संचित करने में लग जाता है। धन का संचय ही एक ऐसी प्रवृति हैं जिसकी कोई सीमा नहीं होती। यही कारण है कि वर्तमान दशाओं में श्वेतवसन अपराध सार्वजनिक सम्पत्ति की लूट का सबसे मुख्य कारण बन गए हैं। आए दिन सामाचारपत्रों में इस तरह के समाचार छपते रहते हैं कि व्यवसायी के पास कई हजार करोड़ की अवैध सम्पत्ति पाई गई, बैंकों को लूट ले गये, ए.टी.एम. उखाड़ ले गये आदि।

भौतिकतावादी संस्कृति – नगरों की वर्तमान भौतिकवादी संस्कृति में अधिकांश व्यक्ति भौतिक सुख–सुविधाओं से संबधित विभिन्न वस्तुओं जैसे एयर कंडिशनर, फ्रिज, टेलीविजन के नए मॉडल, मोबाइल, माइक्रोवेव व सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग करना सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए आवश्यक समझने लगा है। यद्यपि इनके लिए उनके पास पर्याप्त आर्थिक साधन नहीं होते। इस दशा में व्यक्ति बैंको या दूसरे वित्तीय संगठनों से ऋण लेकर इन आवश्यकताओं को पूरा करने लगता है। एक बार परिवार जब ऐसे ऋण के आर्थिक बोझ से दब जाता है तो किसी विशेष विचलित व्यवहार व भ्रष्ट तरीकों से उन पर अतिरिक्त आर्थिक साधनों को प्राप्त करने का दबाव बढ़ने लगता है।

कुछ समय पूर्व तक अधिकांश अपराध चोरी, डकैती व लूटपाट तक ही सीमित थे। जैसे–जैसे भौतिकवादी संस्कृति में वृद्धि होने लगी है, वैसे–वैसे अपराध के रुप में विचलित व्यवहारों में वृद्धि व नया रुप लेना प्रारंभ कर दिया है। नगरों में जमीनों पर अवैध कब्जे, जाली नोटों की छपाई, तस्करी, नकली व मिलावटी वस्तुओं के उत्पादन, आयकर में चोरी व महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। नई प्रोद्योगिकी व कम्प्यूटर का प्रचलन बढ़ने से साइबर अपराध, अपराधों के एक नए रूप में विकसित हुआ है। नगरीय मूल्यों में इतना अधिक विखराव पैदा हुआ है कि चिकित्सकों द्वारा मानव अंगों की तस्करी भी गम्भीर समस्या बनती जा रही है। युवकों के द्वारा मोबाइल के माध्यम से फेक आई डी बनाकर हनी ट्रेप के मामले में फंसा कर धन अर्जन कर रहें हैं। जब समाज का स्वरूप ही परिवर्तित होता जा रहा है तो एक व्यक्ति का सही समाजीकरण कैसे सम्भव है, उपयुक्त समाजीकरण न होने की दशा में अपराध और बाल अपराधों में वृद्धि होती है। भारत में भी यही स्थिति उत्पन्न हो रही है।

भारत में 7 से 16 वर्ष तक की आय तक के युवकों व 7 से 18 तक की आयु की युवतियों द्वारा किए जान वाले कानून विरोधी कार्यो को बाल अपराध माना जाता है। नगरों में माता–पिता दोनों के द्वारा करा करने व बच्चों के समाजीकरण पर अधिक ध्यान न देने के कारण बच्चों पर परिवार का अधिक नियंत्रण नहीं रह पाता। बुरी संगति से, सम्पन्न परिवारों में भी बच्चों के जीवन में अनुशासनहीनता की बढ़ रहा है। कुछ समय पहले तक बाल अपराध का संबंध सामान्य अपराधों जैसे जेब काटना, चोरी तस्करी करना व जुआ खेलना तक ही सीमित था। आज नगरीय पर्यावरण में नैतिक मूल्य कमजोर हो जाने के कारण बहुत से किशोर यौन अपराधों में लिप्त होते जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों अश्लीलता का सबसे अधिक प्रदर्शन किशोरों द्वारा किया जाता है। इस तरह के अपराधों में मध्यम वर्ग के किशोरों की बढ़ती हुई संख्या चिंता का विषय है। मुख्य बात यह है कि बाल अपराध केवल लड़को तक ही सीमित नहीं हैं। सामाजिक व नैतिक मर्यादाएं कमजोर होने के कारण अब अवयस्क युवतीयों किए जाने वाले अपराधों में भी तेजी से वृद्धि होने लगी है। वर्तमान सामाजिक पर्यावरण में युवतियों के यौनिक विचलन को एक सामान्य व्यवहार के रुप में देखा जाने लगा है।

पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव – भारत की संस्कृति को एक लम्बे समय तक आध्यात्मिक संस्कृति के रूप में देखा जाता रहा है। संस्कृति के भौतिक सुखों व मूल्यों तथा वैयक्तिक स्वन्त्रता के बिगड़े हुए रुप से प्रोत्साहित होकर भारत की युवा पीढ़ी में एक ऐसा विचलन पैदा हुआ है, जिसकी कुछ समय पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। संचार के वर्तमान युग में जब विभिन्न टेलीविजन चौनलों को जनसाधारण लिए किसी भी तरह के कार्यक्रम और धारावाहिक के प्रसारण की स्वंतत्रता मिल गई, तब से काल्पनिक जीवनशैली की चाहत समाज के मध्यम वर्ग का आदर्श बनने लगी। विभिन्न धारावाहिकों से युवा वर्ग यह प्रेरणा लेने लगा कि वैयक्तिक स्वन्त्रता का तात्पर्य अधिक से अधिक भौतिक सुख प्राप्त करना है। विज्ञापनों की दुनिया ने इस धारणा को बल देना प्रारम्भ कर दिया कि फैशनेबल वेशभूषा, सौन्दर्य प्रसाधनों के उपयोग और स्वयं को प्रदर्शित करके ही वे दूसरों को अपनी

और आकर्षित कर सकते हैं।

युवा पीढ़ी स्वभाव से ही स्वतन्त्र व सरल होती है, लेकिन जब उसे अपनी इच्छाओं के अनरूप भौतिक, कामकाजी तथा कानूनी वातावरण भी मिल जाता है तब व्यक्तिगत स्वतन्त्रता के प्रति उसकी दृष्टि में तेजी से परिवर्तन होने लगता है। वैयक्तिक स्वतन्त्रता के नाम पर आज हमारे समाज में विवाह के पश्चात् स्थापित यौन संबधो को नैतिक मूल्यों के विचलन के रूप में नहीं देखा जाता। आज एक ओर हमारी जीवनशैली को बदलने वाले तरह-तरह के उत्पाद बाजार में बहुतायत से उपलब्ध हैं तो दूसरी ओर 'डेटिंग' तथा 'विषम लिंग' के व्यक्तियों के घनिष्ठ संबंधों को किसी खतरे के रुप में न देखकर आधुनिकता के एक लक्षण के रुप में देखा जाने लगा है। इसका सबसे विघटनकारी रुप किसी पुरुष का किसी महिला के साथ बिना विवाह किए लम्बे समय तक पति-पत्नी की तरह जीवन व्यतीत करना है, जिसे 'लिव-इन-रिलेशनशिप' कहा जाता है।

व्यक्तिगत स्वतन्त्रता आज धर्म और परिवार की मान्यताओं को दरकिनार करते हुए किसी भी ऐसे संबंध को आपत्तिजनक नहीं समझती जिससे व्यक्ति को अस्थायी सुख मिल सकता है। विषम स्थिति तब पैदा होती है, जब विवाह से पहले प्रेम के दौरान किया जाने वाला पूर्ण समपूर्ण विवाह के बाद पैदा होने वाली नई-नई मांगों के आगे कमजोर पड़ने लगता है। इसी दशा में त्याग और शालीनता की जगह पति-पत्नी के जीवन में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला आरंभ हो जाता है जिसकी अंतिम परिणाम विवाह-विच्छेद के रुप में हमारे सामने आता है। मारवेल (2003) ने नैतिक मूल्यों में होने वाले पतन को आज विवाह-विच्छेद का सबसे बड़ा कारण माना है। हमारे देश के महानगरों जैसे-दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, तथा बेंगलूरु में तलाक का प्रतिशत 30 से 40 तक पहुंच जाना इस दशा का सबसे बड़ा प्रमाण है। पश्चिमी आधुनिकता से प्रभावित युवकों और युवतियों का क्लब तथा जिम में जाना आम बात है। नैतिक मूल्यों में विचलन का एक अन्य रुप समलिंगी स्त्रियों और पुरुषों के द्धारा विवाह की मांग करना हैं। यदि पश्चिमी के अनेक देशों की तरह भारत में भी ऐसी मांग को स्वीकार कर लिया जाता है, तो इससे होने वाली नैतिक असुरक्षा की कल्पना भी कठिन है। आज मीडिया द्धारा सेलीबिट्रीज से जुड़ी अपवाहें नगरों की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनने लगी हैं जिसके अनुकरण से मध्यम वर्ग की युवा पीढ़ी के नैतिक मूल्य बिखर रहे हैं।

मूल्यों में विचलन – सबसे बडी विडम्बना यह है कि पश्चिम के बहुत से बुद्धिजीवी नैतिक मूल्यों में होने वाले विचलन स संबधित आधुनिकता का जहां व्यापक विरोध करने लगे हैं, वहीं हम आज भी उस आधुनिकता को ग्रहण करने में लगे हुए हैं, जो हमारे वैयक्तिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक जीवन के लिए सबसे अधिक घातक है। गिडेन्स (1990) ने पश्चिम की आधुनिकता की तुलना एक जुगरनॉट से की हैं। उनके अनुसार जुगरनॉट तेजी से दौड़ता हुआ शक्तिशाली इंजन वाला एक ऐसा वाहन है जो कभी भी अनियन्त्रित होकर अपने मार्ग से भटक सकता है। स्वाभाविक है कि इस पर सवार लोगों का जीवन किसी भी रूप में सुरक्षित नहीं रहता। यदि एक बार यह अपने रास्ते से भटक जाए तो इसके खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। स्पष्ट है कि जो आधुनिकता नैतिक मूल्यों के विचलन को प्रोत्साहन देती हो, वह एक ऐसी जोखिम भरी संस्कृति से जुड़ी है, जिसे अपनाकर हम स्वयं ही अपने जीवन के सामने एक बड़ा संकट खड़ा कर लेते हैं।

मर्टन (1938) के विचलित व्यवहार के सिद्धांत के अनुसार, सांस्कृतिक रूप से निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समाज की संरचना व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है तो समाज में व्यवहार सम्बंधी नए मूल्य विकसित होने लगते हैं। इससे उत्पन्न होने वाले तनाव ही विचलित व्यवहारों को प्रोत्साहन देते हैं। यदि स्वीकृत व्यवहारों का उल्लंघन करने पर लोगों को समुचित दंड ना मिले तो सामाजिक स्वीकृतिया दुर्बल हो जाने से विचलित व्यवहारों में वृद्धि होने लगती है। कानूनों को प्रभावपूर्ण ढंग से क्रियान्वित न करने की दशा भी विचलित व्यवहारों को बढ़ाती है। अनेक समाजों में जब परिवर्तन की गति बहुत तेज होती है तो सामाजिक मानदंडों में कमी की दशा उत्पन्न होने से भी विचलित व्यवहारों में वृद्धि होने लगती हैं। पारसन्स (1964) के अनुसार 'अपराधी समूह स्वयं में इतनी संगठित व शक्तिशाली होते हैं कि एक बार उनसे जुड़ जाने के बाद व्यक्ति अपने-आपको विचलित व्यवहार से अलग नहीं रख पाता।'

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि आधुनिकता का सीधा प्रभाव मनुष्य के जीवन पर पड़ा है। इससे उसका जीवन एकाकी हो गया है। पहले नगर, परिवार, समाज और भिन्न संस्थाएं सभी एकता के सूत्र में बंधे हुए थे। विश्व के सभी दैनिक विधान, व्यक्ति के सामाजिक अधिकार व कर्तव्य, नैतिकता के नियम और कला के उद्देश्य व विज्ञान की उपयोगिता, सभी नियम मुक्त हो गए हैं।

वर्तमान समय में युवा पीढ़ी निर्धारित मापदण्डों और मान्यताओं को ईमानदारी से स्वीकार नहीं कर इन्हें अपनी सुविधा के अनुकूल अपना रही है। परिणामस्वरुप यह पीढ़ी एक निर्धारित मार्ग से भटककर एक पृथक राह पर चलने लगी है। इससे सामाजिक मूल्यों का पतन हो रहा है। आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी समाज के द्धारा निर्धारित सामाजिक मूल्यों का सम्मान करे, उन्हें आत्मसात करे, जिससे सांस्कृतिक मूल्यों को लुप्त होने से बचाया जा सके। सम्पूर्ण मानव समाज व मानव कल्याण हेतु व्यक्ति के सामाजिक और नैतिक मूल्यों का संरक्षण आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Freud, Singmund (1923)- The Ego & the Id : International Psychoanalytical verlog (Vienna)- w-w-northon & company.
2. Giddens, Anthony(1990)- The Consequences of Modernity- John Willey & Sons-
3. Habermas, Jurgen (1985)- The Philosophical Discourse of Modernity, Germany: MIT press.
4. Lamart, Adwin Mart-(1951), Social Pathology a Systematic Approach to the Theory of Sociopathic Behavior, New York Mcgraw hill.
5. Marevall, Jose Maria (2003)- Democracy & the Rule of Law, Cambridge: Universe Press.
6. Morton, R.K. (1938) - Social Structure of Anomie, American Socialogical Associations.
7. Mukherji, R.K. (1950) The Social Structure of Value, Macmillon.
8. Parsons, T. (1964). The Structure of Social System, New York : free.
9. Richard, Kuinney (1967). Criminal Behavior System: A Typology Criminal Justice Studies. Holt : Rinehart &Winston.
10. Rosenaou, Pauline Marie (1992). Postmodernism & The Social Sciences: Insights, Inroads arts Intrusions, N.J. : Princeton University.
11. Sorokin Pitrim (1959). Social and Culture Dynamics, New York: Free.

भारतीय समाज में अंधविश्वास और चमत्कारों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. हरिचरण मीना *

शोध सारांश – भारतीय समाज मे अंधविश्वास एवं चमत्कार मे विश्वास आदिकाल से रहा है। बिना तर्क के विश्वास करना अंधविश्वास कहलाता है। अंधविश्वास व्यक्ति के सोचने समझने की शक्ति को क्षीण कर देता है। वर्तमान में जादू, तंत्र-मंत्र, भूत-प्रेत, डायन आदि के प्रति अंधविश्वास बढ़ता जा रहा है। बुजुर्ग एवं अनपढ़ लोगों का इन सब पर विश्वास होता है परन्तु वर्तमान में पढ़े लिखे व्यक्ति भी इस अंधश्रद्धा के बहाव में बह रहे हैं। बाबा, ओझा, तांत्रिक आदि के चक्करों में फंस कर व्यक्ति चमत्कारों की उम्मीद लगा बैठता है तथा अपना बहुत सा समय एवं पैसा बर्बाद कर देता है। अंधविश्वास एवं चमत्कारों से प्रभावित क्षेत्र केवल भारत ही नहीं है बल्कि विश्व के अन्य देशों में भी यह प्रचलित है। यह अंधविश्वास न केवल मानव के मानसिक विकास को अवरुद्ध कर रहा है बल्कि उसे कायर एवं डरपोक भी बनाता जा रहा है। जहां अंधविश्वास एवं जादू, टोनों से चमत्कार में विश्वास होता है वहां व्यक्ति का विकास चाहे वो सामाजिक हो, आर्थिक हो या वैयक्तिक, सभी अवरुद्ध हो जाते हैं। जो व्यक्ति और समाज दोनों के लिए घातक है। जादू, तंत्र-मंत्र से चमत्कारों का विश्वास दिला कर भोली-भाली जनता को ठगा जाता है। वर्तमान में अब यह व्यवसाय का रूप धारण कर चुका है। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से अंधविश्वास, जादू-टोने एवं तंत्र-मंत्र में लोगों के विश्वास, क्रिया विधियां, कारण तथा उन पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण करने का प्रयास किया जायेगा।

शब्द कुन्जी– अंधविश्वास, जादू-टोना, चमत्कार, बाबा, मौलवी, ओझा, मनौतियां, झाड़-फूंक, टोटका, तांत्रिक, डायन, तंत्र-मंत्र।

प्रस्तावना – भारतीय समाज मे अंधविश्वास एवं चमत्कार मे विश्वास आदिकाल से रहा है। मानव जीवन में पीढ़ी दर पीढ़ी कुछ परम्पराएँ, रीति-रिवाज, प्रथाएं आस्थाएँ, अंधविश्वास आदि हस्तांतरित होते रहते हैं। जादू-टोना, तंत्र-मंत्र, भूत-प्रेत, डायन आदि के प्रति विश्वास भी पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। अंधविश्वास एक मान्यता है जो व्यक्ति के सोचने-समझने की शक्ति को क्षीण कर देती है जिसके प्रभाव स्वरूप मानव ढोंगी बाबाओं के चंगुल में फंस जाता है तथा चमत्कार की आस में बाहर नहीं निकल पाता। वर्तमान में शिक्षित और अशिक्षित दोनों ही वर्गो में अंधविश्वास देखा जा सकता है। दुनिया में जितना विश्वास है उतना ही अंधविश्वास भी है और मनुष्य जन्म के साथ ही इसके सम्पर्क में आ जाता है। बालक के जन्म लेते ही उसकी नजर उतारना, उसे रक्षा सूत्र पहनाना, काला टीका लगाना आदि प्रक्रियाएं की जाती है। इन्हें देखते-देखते बालक स्वयं भी इस विचारधारा से जुड़ जाता है।

टूटते संयुक्त परिवार और बढ़ते शहरीकरण के प्रभाव स्वरूप व्यक्ति का सामाजिक दायरा सीमित होता जा रहा है तथा सामाजिक सम्पर्क प्रत्यक्ष रूप के स्थान अप्रत्यक्ष रूप में अधिक प्रचलित हो गया है जिसके परिणाम स्वरूप व्यक्ति में मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है और वह तनाव के कारणों को जान कर समाप्त करने के स्थान पर इसके बचाव के उपाय जादू, तंत्र-मंत्र एवं टोन टोटकों से करवाने का प्रयास करता है। क्योंकि वह द्रुतगति से उपचार चाहता है जो इनके अनुसार केवल बाबा, ओझा के द्वारा ही सम्भव है। प्राचीन समाज में शिक्षा, ज्ञान, संचार, परिवहन के साधन आदि के अभाव था तब आसानी से उपलब्ध बाबा, ओझा, पुजारी, मौलवी आदि ही उपचारक माने जाते थे इन्हें ही ज्ञानी एवं शक्तिशाली माना जाता था। मानव के पास विज्ञान का ज्ञान, उचित-अनुचित को जांचने के साधन एवं तर्कसंगत ज्ञान, का भी अभाव था। वर्तमान में मानव शिक्षा, तकनीक, विज्ञान, संचार के साधन, परिवहन के साधनों से परिपूर्ण है परन्तु फिर भी अंधविश्वास समाज में अपना स्थान बनाये हुए है।

व्यक्ति जितना आस्तिक होगा, अंधविश्वास में उसमें उतना ही अधिक होगा। देव आस्था होने के कारण चमत्कारों की उम्मीद एवं मंत्र, कर्मकाण्ड आदि के कारण अंधविश्वास बढ़ता जाता है। भाषा, ज्ञान, वेशभूषा रहन-सहन खान-पान आदि में भिन्नता होने के बावजूद अंधविश्वास एवं जादू-टोना, तंत्र-मंत्र में विश्वास एवं आस्था एक समान स्तर है। भारतीय समाज में अंधविश्वास एवं चमत्कारों के प्रति व्यक्ति की बहुत आस्था है। भारतीय समाज में प्रत्येक कार्य के लिए मुहूर्त निकलवाना आवश्यक माना जाता है। जो कि अंधविश्वास का ही एक रूप है। अंधविश्वास- आंखें बंद करके किसी पर विश्वास करना । अंधविश्वास के आगे तर्क समाप्त हो जाता है। केवल मात्र भरोसा एवं विश्वास होता है जो चमत्कार से जुड़ा होता है।

प्रचलित अंधविश्वास:

1. यदि बिल्ली आगे से रास्ता काट जाये तो आगे नहीं बढ़ना चाहिए।
2. घर में नमक किसी खुले डिब्बे में नहीं रखना चाहिए।
3. दिन ढलने के बाद घर में झाडू नहीं लगानी चाहिए। किसी शुभ कार्य हेतु जाते समय पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।
4. टिटहरी यदि रात में बोले तो यह अशुभ है।
5. यदि किसी कार्य को प्रारम्भ करते समय कोई छींक दे तो वह कार्य पूर्ण नहीं होता।
6. घर से बाहर जाते समय गुड़ या दही खाकर जाना चाहिए।
7. पैर के तलवे में खुजली हो तो व्यक्ति को घर से बाहर जाना पड़ सकता है अर्थात् यात्रा करनी पड़ती है।

* सह आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

8. यदि किसी महिला की दायीं आंख और पुरुष की बांयी आंख फड़कती है तो कुछ बुरा होना संभावित है।
9. यदि कहीं कुत्ता अथवा बिल्ली रोने लग जाए तो वहां किसी व्यक्ति का बुरा होता है या किसी की मृत्यु होती है।
10. मेंहदी लगाकर बाहर नहीं घूमना चाहिए।
11. चौराहे के बीच से नहीं जाना चाहिए।

पुनर्जन्म : भारतीय समाज में पुनर्जन्म के प्रति भी गहरी आस्था है। यह माना जाता है कि पूर्व जन्म के कर्मों का फल वर्तमान जीवन में और वर्तमान जीवन के कर्मों का फल अगले जन्म में मिलता है। अत: व्यक्ति को कर्मों का फल भुगतने हेतु बार-बार जन्म मिलता है तथा यह भी विश्वास किया जाता है कि किसी योनि मे जन्म लेने वाले को उस योनि में सात जन्म लेने होते है। यह भी अंधविश्वास का ही एक रूप है।

मनौतियां : प्रत्येक व्यक्ति की कुछ इच्छाएं एवं महत्वकांक्षायें होती है, जिन्हें कुछ व्यक्ति तो मेहनत से प्राप्त करने का प्रयास करते हैं तथा कुछ व्यक्ति चमत्कार से प्राप्त करना चाहते है। अत: उनके द्वारा धार्मिक स्थलों, पेड़, किसी स्थान, बाबा, चाँद-तारों आदि से मनौतियां मांगी जाती है तथा चमत्कार की आशा की जाती है। मानव द्वारा -

मनौतियां	मनौतियां मांगने का स्त्रोत
संतान की प्राप्ति	दरगाह, मंदिर, बाबा
सही प्रकार से प्रसव	तांत्रिक, देवस्थल
नौकरी की प्राप्ति	बाबा, तांत्रिक, ज्योतिषी, देवस्थल
पशु की सलामती	बाबा, तांत्रिक, देवस्थल
विवाह सम्पन्न हेतु	पेड़, बाबा, ओझा, दरगाह, मजार, देवस्थल
परीक्षा में उत्तीर्ण हेतु	मन्दिर, बाबा
बीमारी से निजात	बाबा, तांत्रिक, दरगाह, मस्जिद, देवस्थल
धन की प्राप्ति हेतु	बाबा और ज्योतिष
पुत्र की प्राप्ति	पेड़, बाबा, दरगाह, मन्दिर

आदि विभिन्न उद्देश्यों के लिए विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से मनौतियां मांगी जाती है। कभी कभी मनौतियां पूर्ण हो जाती है। यदि पूर्ण नहीं होती तो बाबा, ओझा, पुजारी, साधु-संन्यासी जिन्हें ईश्वर के करीब माना जाता है से प्रार्थना की जाती है कि वे मनौती हेतु जप-तप करें जिसमें कि मनौती पूर्ण हो जाये। यदि मनौती पूर्ण हो जाती है तो उसे चमत्कार बताकर उस बाबा, ओझा आदि का खूब प्रचार प्रसार किया जाता है तथा वे भी भोली-भाली जनता के विश्वास से छलावा करते हुए धन कमाते हैं।

झाड़-फूंक : जब व्यक्ति को नजर लग जाए, मन अशान्त हो तथा किसी भी प्रकार की कोई शारीरिक या मानसिक परेशानी हो तब बाबा, ओझा या तांत्रिक मोर की पंख, चाकू या नीम की टहनी को पीड़ित व्यक्ति के शरीर को छुते हुए या पीड़ित के शरीर पर फेरते हुए मंत्रों का जाप करता है तथा अन्त में पीड़ित के शरीर पर फूँक मारता है। यह प्रक्रिया झाड़-फूंक कहलाती है। नजर उतारना या अदृश्य शक्ति का प्रभाव आदि से बचाव हेतु इस प्रक्रिया को किया जाता है क्योंकि चिकित्सा विज्ञान ऐसी किसी भी समस्या को असत्य मानते हुए उपचार हेतु नकार देता है। इस प्रकार अंधविश्वास के कारण बहुत से व्यक्ति उपचार के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों को ठग रहे हैं। झाड़-फूंक करने हेतु सामग्री : झाडू, मोरपंख, चाकू, नीम की टहनी, धागा आदि।

टोटका : किसी अप्रिय तथा हानिकारक कार्य को अपने पक्ष में करने के लिए शास्त्रों (तांत्रिक विद्या) द्वारा निर्धारित क्रिया को करना टोटका कहलाता है। यह दो प्रकार का होता है। प्रथम वह जो नियमित रूप में किया जाता है। यह तब तक बार-बार किया जाता है जब तक कि व्यक्ति का उद्देश्य पूर्ण न हो जाए। दूसरा वह जो निर्धारित संख्या में किया जाता है। इसमें उद्देश्य पूर्ण होने का इन्तजार नहीं किया जाता। यह निश्चित संख्या एवं प्रक्रिया द्वारा किया जाता है। यदि उद्देश्य पूर्ण नहीं होता है तो फिर से शुरूआत की जाती है या अन्य टोटके का प्रयोग किया जाता है।

टोटकों को सम्पन्न करने हेतु प्रयुक्त सामग्री :

रोली	मोली	चावल
राख	काजल	मांस
टूटा घड़ा	लाल कपड़ा	नारियल
फूल	बाल	मिट्टी
मेहन्दी	हल्दी	धागा आदि।

बाबा या गुरु : वर्तमान में बाबा तथा गुरु सामान्य जनता में बहुत प्रचलित हो रहे हैं। सामान्य जनता इन्हें अपना आदर्श मान इनके इशारों पर चलना पसंद करती हैं। धीरे-धीरे लोग इन्हें भगवान का दर्जा देना प्रारम्भ कर देते हैं तथा इन्हीं के कहे अनुरूप अपना जीवन व्यतीत करना प्रारम्भ कर देते हैं। ये विश्वास इतना अंधा होता है कि मानव सही और गलत का भेद ही नहीं जानना चाहता है। उनके लिए गुरु ही श्रेष्ठ एवं प्रथम व्यक्ति या मार्गदर्शन बन जाता है। वे उन्हें गुरु मानने के उपरान्त स्वयं को सुरक्षित एवं भाग्यशाली मानने लगते हैं।

तंत्र-मंत्र, डोरे, ताबीज एवं यंत्र आदि हेतु प्रचलित व्यक्ति

बाबा	मौलवी	स्वामी
तांत्रिक	ओझा	ज्योतिषी
पुजारी	अघोरी	गुरूजी

डायन : यह एक कुप्रथा है जो ग्रामीण समाजों में अधिक देखने को मिलती है। इस कुप्रथा में किसी भी महिला को डायन घोषित कर दिया जाता है तथा यह कहा जाता है कि इसमें भूत-प्रेत का साया है। यह जादू-टोना करती है। यदि किसी के पीछे पड़ जाये तो पीछा छुड़वाना अत्यन्त ही कठिन कार्य है। डायन किसी की भी धन सम्पत्ति को नष्ट कर सकती है एवं हत्या कर सकती है। इस प्रकार के अंधविश्वास भी महिलाओं के प्रति पाये जाते हैं। यह स्थिति महिलाओं के शोषण को प्रदर्शित करती है तथा भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को चित्रित करती है।

जो महिला एक बेटी, बहू, पत्नी तथा माँ जैसे देवी रूप में होती है वह डायन कैसे हो सकती है? किसी प्रकार की मानसिक या शारीरिक परेशानी के कारण महिला का व्यवहार असामान्य हो सकता है। उन कारणों को जानने एवं उनका उपचार करवाने के बजाए लोग महिला के असामान्य व्यवहार के आधार पर उसे डायन घोषित कर देते हैं जो कि अनुचित है। यह भी अंधविश्वास का एक प्रकार हैं।

भूत : भूत वह है जो बीत गया। लोक जीवन में मृत व्यक्ति की आत्मा को भूत माना जाता है।

यदि कोई व्यक्ति असामान्य व्यवहार करता है तो यह माना जाता है कि उसमें किसी भूत या प्रेतात्मा का वास हो गया है तथा उपचार हेतु बाबा, ओझा आदि के पास ले जाकर उपचार करवाने का प्रयास किया जाता है। पीड़ित व्यक्ति को उपचार के नाम पर यातनाएं दी जाती है। उसे पीटा जाता है। वास्तविक कारण को जाने बिना ही किसी को भूत पीड़ित घोषित करना अंधविश्वास का ही एक रूप है। वह व्यक्ति किसी मानसिक तनाव या बीमारी से भी ग्रस्त हो सकता है। उचित कारण की जानकारी के अभाव में न केवल

पीड़ित व्यक्ति बल्कि उसके परिवार को भी कष्ट पहुंचाता है तथा पाखंडी बाबाओं को झूठे कर्मकाण्ड, पाखण्ड करने तथा धन कमाने के अवसर प्राप्त हो जाते हैं जो कि अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं।

इस प्रकार के अंधविश्वास और चमत्कारों की उम्मीद के कारण ही तंत्र-मंत्र को बल मिला है तथा बाबा, मौलवी एवं ओझा आदि इसे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। तंत्र-मंत्र की प्रक्रिया के कई रूप है जैसे :

रोग निवारण इस प्रक्रिया में तंत्र-मंत्रों के द्वारा रोगों का निवारण किया जाता है। उन रोगों को ठीक करने का दावा किया जाता है, जो चिकित्सक एवं दवा के माध्यम से ठीक नहीं हो पाते हैं।

वशीकरण इस प्रक्रिया में मंत्रों के द्वारा किसी भी व्यक्ति को वश में किया जा सकता है। तांत्रिक यह दावा करता है कि व्यक्ति को वश में करने के उपरान्त वशीभूत व्यक्ति किसी व्यक्ति विशेष तक ही सीमित हो जाता है। उसी से जुड़ा रहना चाहता है तथा उसी के अनुरूप कार्य करता है।

उच्चाटन इस प्रक्रिया में मंत्रों के द्वारा व्यक्ति को मानसिक रूप से अस्थिर कर दिया जाता है जिससे व्यक्ति का स्थान विशेष या किसी व्यक्ति से लगाव समाप्त हो जाता है।

मारण इस प्रक्रिया में तंत्र-मंत्र के द्वारा किसी भी व्यक्ति को मारा जा सकता है।

ये तांत्रिकों एवं बाबाओं के द्वारा की जाने वाली तांत्रिक क्रियाएं जिसके द्वारा वे शक्तिशाली एवं प्रभावशाली माने जाते हैं। ये बाबा तथा तांत्रिक लोगों में अंधविश्वास पैदा कर उन्हें अपने प्रभाव में लेते हैं तथा उनमें चमत्कारों की उम्मीद जगा कर धन ऐंठते हैं।

प्रचलित उपचार:

1. झाड़-फूंक करवाना।
2. ताबीज पहनना।
3. मनौतियां ।
4. टोन टोटके करना।
5. तपस्या करना।
6. पूजा पाठ करना ।
7. ताबीज को पानी में डाल कर पीना।
8. भभूत को शरीर के लगाना या खाना ।
9. तंत्र-मंत्र से बचाव हेतु यंत्र रखना ।
10. ईश्वर की फोटो लोकेट में डालना।
11. सुरक्षा मन्त्र का जाप करना।
12. रक्षा सूत्र धारण करना ।

अंधविश्वास के कारण इन उपायों के द्वारा व्यक्ति अपनी परेशानियों का बाबा, तांत्रिक एवं ओझा आदि से उपचार करवाते हैं।

कोई भी व्यक्ति किसी अन्य पर इतनी आसानी से विश्वास नहीं है जितनी तत्परता से वह समाज में प्रचलित अंधविश्वासों को मान जाता है। सामान्यत जन समुदायों में टोने टोटकों, जादू, तंत्र-मंत्र, के प्रति भय होता है। यह भय ही उन्हें इसमें विश्वास हेतु प्रेरित करता है। डायन, भूत, प्रेत, जादू, तंत्र-मंत्र, टोना-टोटका, पुनर्जन्म आदि सभी से मानव भयभीत रहता है। इन सभी का संबंध अलौकिक शक्ति से है जिससे बचाव के उपाय बाबा एवं तात्रिक के पास ही माने जाते हैं। सामान्य मानव भयवश इनके सामने झुकता है तथा दबाव में रहता है। बहुत बार व्यक्ति को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। माना जाता है कि जो व्यक्ति एक बार इनके चंगुल में फंस जाता है उसका इनसे पीछा छुड़ाना कठिन हो जाता है। वर्तमान में व्यक्ति धन कमाने हेतु अपने शहर एवं रिश्तेदारों से दूर रहता है। किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर वह अकेला ही समाधान करने का प्रयास करता है और तनाव ग्रस्त हो जाता है। मानव तीव्र गति से विकास करना चाहता है तथा अधिक से अधिक धन कमाने की होड़ में वह अपने परिवार एवं रिश्तेदारों से दूरी बनाता जा रहा है। एकांकी जीवन जीने के कारण उसका मानसिक दबाव बढ़ रहा है। इन कारणों से मानव समस्याग्रस्त रहता है तथा अपनी समस्याओं को किसी से कहने के स्थान पर वह पाखण्डी बाबाओं से उपचार करवाने का प्रयत्न करता है जिसके प्रभाव स्वरूप बाबाओं का समाज में अस्तित्व बना रहता है। वर्तमान जीवन शैली को देखते हुए ये पाखण्डी लोग भोली-भाली जनता को ठगने का प्रयास करते हैं। आकर्षक, उद्देश्य पूर्ति, उपचार, आदि के लुभावने विज्ञापनों के द्वारा प्रचार करते हैं तथा हर बीमारी का ईलाज सम्भव है का दावा पेश किया जाता है।

जन साधारण इन लुभावने विज्ञापनों के चंगुल में फंस जाते है तथा अंधविश्वास में अपनी आस्था बनाए रखते है। मानव के अनुसार बाबा, ओझा आदि किसी भी प्रकार का चमत्कार कर सकते हैं। इन सबके बहकावे में आकर व्यक्ति अपने परिवार एवं रिश्तेदारों पर शक करने लगता है और धीरे-धीरे इनसे दूरी बना लेता है। वे सभी विश्वास जो कि अंधविश्वास है, का मुख्य कारण टूटते संयुक्त परिवार, नगरीकरण एवं औद्यागिकीकरण है। सामाजिक सम्पर्क समाप्त होते जा रहे हैं। तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता हो रही है। जिसके परिणाम स्वरूप मानव जीवन एवं परिवार प्रभावित हो रहे हैं। अंधविश्वास एवं चमत्कार में आस्था को समाप्त करने हेतु शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा को बढ़ावा दी जानी चाहिए। मानव को अपने परिवार के सम्पर्क में रहना चाहिए। जिससे की मानसिक तनाव कम हो और उपचार हेतु बाबा, ओझा के पास जाने से बचा जा सके। विज्ञान के ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। वैज्ञानिक सोच विकसित की जानी चाहिए। नवीन ज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सरकार को इन भ्रमित विज्ञापन देने वालों पर नकेल कसनी चाहिए जिससे की लोगों के साथ होने वाले धोखों को रोका जा सके।

निष्कर्ष-निष्कर्ष रूप मे कहा जा सकता है कि भारतीय समाज मे अंधविश्वास एवं चमत्कार मे विश्वास आदिकाल मे रहा है। वर्तमान मे समाज ने शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र मे चाहे कितनी ही उन्नति कर ली हो लेकिन फिर मे समाज मे अंधविश्वास एवं चमत्कारो में आज भी व्यक्ति ऑख मूंदकर विश्वास करता हैं। जबकि वास्तव मे समाज मे अंधविश्वास एवं चमत्कार में आस्था को समाप्त करने हेतु शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा को बढ़ावा दी जानी चाहिए। मानव को अपने परिवार के सम्पर्क में रहना चाहिए। जिससे की मानसिक तनाव कम हो और उपचार हेतु बाबा, ओझा के पास जाने से बचा जा सके। विज्ञान के ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। वैज्ञानिक सोच विकसित की जानी चाहिए। नवीन ज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सरकार को इन भ्रमित विज्ञापन देने वालों पर नकेल कसनी चाहिए जिससे की लोगों के साथ होने वाले धोखों को रोका जा सके। जिससे एक वैज्ञानिक एवं मानवतावादी समाज का निर्माण हो सके।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. वरठे, डॉ. चन्द्र कुमार, अंधविश्वास और चमत्कार, रचना प्रकाशन, जयपुर, 2010, पृ. 27-32
2. बहल, तांत्रिक, तंत्र-मंत्र-यंत्र रहस्य, राजा पैकेट बुक्स, दिल्ली, 2005
3. धाकरे, उपेन्द्र, देखने में छोटे लगें... जीवन में आने वाली समस्याओं

के सरल उपाय, निरोगी दुनिया प्रकाशन, जयपुर - 16, 2012, पृ. 10-12.

4. शुक्ल, आचार्य पं. शत्रुघ्न लाल, भारतीय तंत्र विद्या, हिन्दी सेवा सदन, मथुरा, 2007
5. कविराज, गोपीनाथ, तांत्रिक साधना और सिद्धान्त, अनुवाद पं. हंसकुमार, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, 2009
6. द्धिवेदी, आचार्य हजारी प्रसाद, कबीर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1976
7. पूनियानी, राम, धर्म का बाजार, उद्भावना प्रकाशन, राजनगर, गाजियाबाद
8. तंत्र-मंत्र-यंत्र विज्ञान, डॉ. श्रीमाली मार्ग, हाईकोर्ट कॉलोनी, जोधपुर, राजस्थान, अप्रेल 2010, सितम्बर, 2010
9. चतुर्वेदी आचार्य, रहस्यवाद, बिहार- राष्ट्रभाषा, पटना-5, 1973
10. सागर, प्रमोद, मुस्लिम तंत्र, श्री सरस्वती प्रकाशन, अजमेर, 2003

****

अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो के ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक ग्रामीण अध्ययन

डॉ. सतीश पाल सिंह *

प्रस्तावना – शिक्षक प्रभावशीलता एक स्कूल प्रणाली शिक्षा नीति पहल है जो छात्र सीखने में सुधार के संदर्भ में एक शिक्षक के प्रदर्शन की गुणवत्ता को मापती है। यह कई तरह के तरीकों का वर्णन करता है, जैसे कि अवलोकन, छात्र मूल्यांकन, छात्र कार्य के नमूने और शिक्षक कार्य के उदाहरण, जिनका उपयोग शिक्षा नेता शिक्षक की प्रभावशीलता को निर्धारित करने के लिए करते हैं।

शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रमों के लिए अभियान दौड़ से लेकर शीर्ष तक है जहां राज्यों को शिक्षक की प्रभावशीलता के आधार पर शैक्षिक नीतियों को पूरा करने के लिए अंक दिए गए थे। यह नीति राज्यव्यापी शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रमों के उद्भव का आधार थी।

शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रम अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग होते हैं। आमतौर पर, एक शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रम अवलोकन और आकलन के एक चक्र का वर्णन करता है जो एक शैक्षणिक वर्ष के दौरान शिक्षकों के विभिन्न समूहों पर लागू होता है। नए शिक्षकों का मूल्यांकन अधिक बार किया जाता है, और अनुभवी शिक्षकों का मूल्यांकन कई वर्षों के चक्रों में किया जाता है। मूल्यांकन किए गए शिक्षकों के पास अघोषित कक्षा टिप्पणियों के अलावा मूल्यांकनकर्ता के साथ कई अनुसूचित कक्षा अवलोकन और सम्मेलन होते हैं। मूल्यांकन के उद्देश्य का एक विवादास्पद पहलू शिक्षकों को यह निर्धारित करने में मदद करना है कि उनकी प्रथाओं में क्या प्रभावी है और शिक्षकों को अधिक प्रभावी बनने में मदद करने के लिए उन्हें प्रतिबिंबित करने और अपने अभ्यास को बदलने का माध्यम प्रदान करता है।

शिक्षण प्रभावशीलता परिभाषा– स्कूल प्रणाली में उपयोग की जाने वाली एक विधि है जो कक्षा के अवलोकन, छात्र कार्य नमूने, मूल्यांकन स्कोर और शिक्षक कलाकृतियों सहित आकलन के कई उपायों का उपयोग करती है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि किसी विशेष शिक्षक का छात्र के सीखने के परिणामों पर प्रभाव पड़ता है। जबकि स्कूलों ने कई वर्षों से शिक्षक मूल्यांकन प्रथाओं और नीतियों का उपयोग किया है, शिक्षक प्रभावशीलता नीतियों का उद्भव इन मौजूदा प्रथाओं को रूब्रिक और परीक्षण स्कोर के साथ जोड़ता है ताकि शिक्षकों के काम पर अधिक मजबूत दृष्टिकोण प्रदान किया जा सके। शिक्षक प्रभावशीलता पहल अक्सर प्रभावी शिक्षण प्रथाओं के विवरण का उपयोग करती है, जैसे कि चार्लोट डेनियलसन की 'शिक्षण के लिए ढांचा', मूल्यांकन के लिए अलग–अलग डोमेन शिक्षण को व्यवस्थित करने के लिए। डेनियलसन के डोमेन में शामिल हैंरू योजना और तैयारी, कक्षा पर्यावरण, व्यावसायिक उत्तरदायित्व और निर्देश।

शिक्षक मूल्यांकन समय के साथ बदल गए हैं और संयुक्त राज्य भर में अलग–अलग मानक हैं। मूल्यांकन प्रणाली में अक्सर एक प्रशासक शामिल होता है जो प्रति वर्ष दो बार एक शिक्षक का निरीक्षण करता है। कुछ स्थानों पर, शिक्षक अवलोकन केवल तीन साल या उससे अधिक अवधि के चक्र पर किए गए थे। अतीत में, द न्यू टीचर प्रोजेक्ट द्वारा वर्णित एक विजेट प्रभाव स्थापित किया गया है जिसने एक ऐसी संस्कृति विकसित की है जहां सभी शिक्षक महसूस करते हैं कि वे मूल्यांकन पर उच्चतम अंक के पात्र हैं। स्कूल अपनी नौकरी को पदों को भरने के रूप में देखते थे और सोचते थे कि जिस भी शिक्षक को लाइसेंस दिया गया था, वह उच्च गुणवत्ता वाला था, और इस तरह उन्हें उस विचार प्रक्रिया के अनुसार स्कोर किया। इसलिए, सभी शिक्षकों को ऐसे अंक मिल रहे थे जो अच्छे या महान थे और किन्हीं दो शिक्षकों के बीच कोई भिन्नता निर्धारित नहीं की जा सकती थी।

आज, संघीय और राज्य की नीतियों ने स्कूल प्रणालियों को अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रणालियों को डिजाइन करने के लिए प्रोत्साहित किया है जो छात्र प्रदर्शन लाभ, कक्षा अवलोकन, शिक्षक प्रतिबिंब, सामग्री विशिष्ट ज्ञान और छात्र प्रतिबिंब जैसी वस्तुओं को देखकर शिक्षक के प्रदर्शन के कई उपायों पर भरोसा करते हैं। कुछ नीति निर्माता और शोधकर्ता अच्छे और बुरे शिक्षकों की पहचान करने और उन्हें छांटने के लिए सिस्टम के डिजाइन को प्रोत्साहित करते हैंय दूसरों को उनके कौशल को बढ़ाने के लिए शिक्षकों को सार्थक प्रतिक्रिया और व्यावसायिक विकास प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है कुल मिलाकर, शिक्षक प्रभावशीलता का उद्देश्य शिक्षकों के लिए उनके कौशल को बढ़ाने की क्षमता का निर्माण करना है। प्रभावी शिक्षक किसी विषय की उच्च स्तर की वैचारिक समझ रखने की छात्र की क्षमता पर प्रभाव डालते हैं और कम प्रभावी शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए साथियों की तुलना में अधिक सारगर्भित सोचने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं। कक्षा में छात्रों के विविध निकाय के लिए सकारात्मक सीखने के परिणामों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को एक महत्वपूर्ण प्रभाव के रूप में भी पहचाना गया है। एवं इसका उपयोग कैसे किया जा रहा है।

शिक्षक प्रभावशीलता नीतियों द्वारा मापे गए प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को पुरस्कृत करने के बारे में अमेरिका में महत्वपूर्ण बहस चल रही है। कुछ स्कूल शिक्षकों को उनके छात्र के टेस्ट स्कोर के आधार पर अधिक भुगतान करके पुरस्कृत करते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में रेस टू द टॉप फंडिंग से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अन्य पुरस्कार प्रणालियां इस विचार के आधार पर बनाई जा रही हैं कि शिक्षक की सीखने की क्षमता में सुधार और उनके अभ्यास में सुधार का सीधा प्रभाव छात्र की उपलब्धि पर पड़ेगा। इन स्कूलों में शिक्षकों जो का उपयोग कर एक राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड है के लिए भुगतान में वृद्धि व्यावसायिक शिक्षण मानकों के लिए राष्ट्रीय बोर्ड , उन्नत डिग्री,

* एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

व्यावसायिक विकास में आकर्षक, नए सहयोगियों संरक्षक और कर्मचारियों स्कूलों के लिए कड़ी मेहनत में इन योग्य शिक्षकों के लिए अधिक राशि का भुगतान शिक्षक प्रभावशीलता और योग्यता वेतन का संबंध विभिन्न देशों में भिन्न होता है। फिनलैंड और कनाडा में, वे योग्यता-वेतन दृष्टिकोण का उपयोग नहीं करते हैं, बल्कि मूल्यांकनकर्ता और शिक्षक के बीच छात्र की प्रगति और सफलता के बारे में बातचीत को प्रोत्साहित करते हैं। इसके विपरीत, चीनी और सिंगापुर के शिक्षकों को उच्च प्रदर्शन के लिए वित्तीय बोनस और पदोन्नति मिलती है। उच्च प्रदर्शन करने वाले देशों में पेशेवर और स्कूल स्तर की जवाबदेही की एक मजबूत प्रणाली है, लेकिन स्कूल सुधार लक्ष्यों, पेशेवर योगदान और छात्र कल्याण के संकेतक जैसी चीजों पर सफलता देखें।

सन्दर्भ साहित्य की समीक्षा- अवस्थी (2013) ने माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता एवं कार्य सन्तुष्टि का उनके शैक्षिक अनुभव के सन्दर्भ में अध्ययन किया और निष्कर्ष में माध्यमिक स्तर केसरकारी विद्यालयों में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर पाया है। माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों मे कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर होता है। माध्यमिक स्तर के गैर-सरकारी विद्यालय में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर होता है। माध्यमिक स्तर के गैर-सरकारी विद्यालय में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर होता है। माध्यमिक स्तर केसरकारी विद्यालय में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षकों की व्यावसायिक सन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं पाया है।

गोयल (2014) ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रभाव का अध्ययन किया और पाया कि प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् शिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं है। नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्र शिक्षको की शिक्षक प्रभाव शीलता में अधिक अन्तर नहीं है पर नियमित शिक्षकों का शैक्षिक स्तर उच्च होने के कारण शिक्षामित्र शिक्षकों से नियमित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता थोड़ी अधिक है। प्राथमिक विद्यालय मे अध्यापनरत् नियमित शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्र शिक्षिकाओं की कार्यसन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं है। प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् नियमित शिक्षक-शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर नहीं है अर्थात् शिक्षक प्रभावशीलता अधिकतर समान है। उच्च कार्यसन्तुष्टि एवं निम्न कार्यसन्तुष्टि वाले नियमित शिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी शिक्षक प्रभावशीलता पर सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि उच्च कार्य सन्तुष्टि वाले नियमित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता एवं निम्न कार्यसन्तुष्टि वाले शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता लगभग समान है।

कुमार (2015) ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में आत्मविश्वास एवं शिक्षक प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन किया और पाया कि शहरी क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का आत्मविश्वास स्तर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के आत्मविश्वास स्तर से अधिक है व शहरी क्षेत्र की शिक्षिकाओं का आत्मविश्वास स्तर ग्रामीण स्तर की शिक्षिकाओं से अधिक पाया गया। शहरी क्षेत्र के शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता भी अपेक्षाकृत अधिक पायी गयी। शहरी क्षेत्र की शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता भी अपेक्षाकृत कम पायी गयी।

यादव (2015) ने माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं मे शिक्षक प्रभावशीलता एवं आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन किया व पाया कि शिक्षकों व शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता में विभिन्नता नहीं पायी जाती है और शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता स्वतन्त्र वितरित नहीं पायी गयी है।

तिवारी (2017) ने वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता सम्बन्ध का अध्ययन किया व पाया कि वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता में अत्यन्त निम्न ऋणात्मक सह-सम्बन्ध है तथा स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षिकाओं के तनाव तथा शिक्षक प्रभावशीलता में निम्न धनात्मक सह-सम्बन्ध है, अर्थात् वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का व्यक्तिगत तनाव बढ ने के साथ उनकी शिक्षक प्रभावशीलता घट रही है तथा स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का व्यक्तिगत तनाव बढ़ने पर उनकी शिक्षक प्रभावशीलता भी बढ़ रही है एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं के तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता में सामान्य ऋणात्मक सह-सम्बन्ध है, अर्थात् शिक्षिकाओं का व्यक्तिगत तनाव बढ़ने के साथ उनकी शिक्षक प्रभावशीलता घट रही है।

अध्ययन का औचित्य - संदर्भ साहित्य की समीक्षा के निष्कर्ष रूप में प्राप्त परिणाम प्राप्त होता है कि अवस्थी (2013) में माध्यमिक स्तर की पर शिक्षण प्रभावशीलता पर अध्ययन किया। गोयल (2014) ने नियमित शिक्षक एवं शिक्षा मित्रों पर अध्ययन किया। कुमार (2015) में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शहरी एवं ग्रामीण अध्ययन पर कार्य किया एवं यादव (2015) में माध्यमिक स्तर पर शिक्षक शिक्षकों की प्रभावशीलता का अध्ययन किया। तिवारी (2017) ने वित्ता पोषित एवं स्ववित्तापोषित अध्यापको की शिक्षण प्रभावशीलता पर अध्ययन किया संदर्भ साहित्य की समीक्षा के पश्चात यह पाया गया कि बागपत जनपद के अनुदानित माध्यमिक स्तर पर कार्यरत अध्यापको की शिक्षण प्रभावशीलता पर अध्ययन नहीं हुआ है इसलिए ग्रामीण एवं शहरी अध्यापक अध्यापिकओ की शिक्षण प्रभावशीलता पर अध्ययन की आवश्यकता प्रतिपादित होती है

समस्या कथन- अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो के ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक ग्रामीण अध्ययन

अध्ययन के उद्देश्य:

1. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन।
2. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन।
3. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन।
4. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन।
5. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का तुलनात्मक

अध्ययन।

अध्ययन की परिकल्पनाए:

1 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

2 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

3 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

4 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

5 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

जनसंख्या– प्रस्तुत अध्ययन में जनसंख्या के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद के अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों को सम्मिलित किया किया है।

न्यादर्श– वर्तमान अध्ययन हेतु न्यादर्श के रूप में 'यादृच्छिक न्यादर्शन' विधि के आधार पर बागपत जनपद के माध्यमिक स्तर के 100 अध्यापकों का चयन किया है। जिसमे ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की संख्या 50–50 है।

प्रयुक्त उपकरण – प्रस्तुत अध्ययन में उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक तथ्यों, आंकडों एवं सूचनाओं के संकलन हेतु डॉ0 उम्मे कुलसुम द्धारा निर्मित एवं मानकीकृत परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय प्रविधियां – समकं संकलन से प्राप्त सूचनाओं को अर्थयुक्त बनाने एवं परिणामों की व्याख्या हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं 'टी'– परीक्षण आदि सांख्यिकीय प्रविधियों का उपयोग किया गया है।

परिणाम एवं विवेचना– समस्या से सम्बन्धित आकडों तथ्यों एवं सूचनाओं आदि के सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर परिणामों को प्राप्त किया गया है। प्रस्तुत शोध समस्या के उद्देश्यों पर आधारित परिकल्पनाओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए है।

शोध का सीमांकन – प्रस्तुत शोध केवल बागपत जनपद के अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों को पर ही सीमित था।

अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत अध्यापको/अध्यापिकाओ की शिक्षण प्रभावशीलता की तुलना अध्ययन करना।

तालिका– 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के 50 कार्यरत अध्यापकों एवं 50 कार्यरत अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 284.6 तथा 286.5 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 16.12 तथा 17.25 प्राप्त हुआ। .अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 1.529 पाया गया। जो कि मुक्तांश 98 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात .अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी ।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

तालिका– 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के 25 कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं 25 कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 285.4 तथा 291.5 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 15.23 तथा 13.25 प्राप्त हुआ। .अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 1.510 पाया गया। जो कि मुक्तांश 48 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात .अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी ।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

तालिका– 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के 25 कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं 25 कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 294.85 तथा 290.21 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 14.23 तथा 13.57 प्राप्त हुआ। .अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 1.179 पाया गया। जो कि मुक्तांश 48 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी ।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

तालिका– 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के 25 कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं 25 कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान

क्रमश: 285.4 तथा 290.21 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 15.23 तथा 13.53 प्राप्त हुआ। अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 1.180 पाया गया। जो कि मुक्तांश 48 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

तालिका- 5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 5 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के 25 कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं 25 कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 294.85 तथा 291.5 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 14.23 तथा 15.92 प्राप्त हुआ। अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 0.785 पाया गया। जो कि मुक्तांश 48 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात दअनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अंतर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानितमाध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

निष्कर्ष- अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत अध्यापको/ अध्यापिकाओ की शिक्षण प्रभावशीलता के अध्ययन से सम्बन्धित निष्कर्ष अनुदानित माध्यमिक विद्यालयो मे कार्यरत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के अध्ययन द्वारा स्पष्ट होता है कि अनुदानितमाध्यमिक विद्यालयो मे कार्यरत अध्यापक अपेक्षा अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता कुछ अधिक है। कार्यरत अध्यापक की शिक्षण प्रभावशीलता का मध्यमान 284.6 है एवं कार्यरत अध्यापक की शिक्षण प्रभावशीलता का मध्यमान 289.7 हैं। इस आधार पर कह निष्कर्ष रूप मे कह सकते हैं कि माध्यमिक विद्यालयो मे कार्यरत अध्यापकों अध्यापिकाओ की शिक्षण प्रभावशीलता लगभग समान है।

1. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

2. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

3. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

4. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अंतर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को अस्वीकृत किया जाता है।'

5. अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

निष्कर्ष के रूप में अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अंतर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. अवस्थी, डी. (2013) केन्द्रीय, नवोदय तथा उ0 प्र0 बोर्ड संचालित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रभावशीलता तथा प्रतिबद्धता का तुलनात्मक अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
2. अवस्थी, यू. (2013) माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता एवं कार्य सन्तुष्टि का उनके

शैक्षिक अनुभव के सन्दर्भ में अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. फिल . की उपाधि हेतु लघु शोध–प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।

3. गोयल, एस. (2014) प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी शिक्षण प्रभावशीलता पर प्रभाव का अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. फिल . की उपाधि हेतु लघु शोध–प्रबन्ध).शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
4. यादव, वी. (2015) माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं में शिक्षक प्रभावशीलता एवं आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन. (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध–प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
5. कुमार, एस. (2015) शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं मे आत्मविश्वास एवं शिक्षक प्रभावशीलता (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध–प्रबन्ध).शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
6. तिवारी, एस. (2017) वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं के तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता के सम्बन्ध का अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध–प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।

1 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्यमान मानक विचलन एवं टी का मान दर्शाने वाली तालिका– 1

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्ताको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	स्वतंत्रता अंश
	N	M	SD	T value	df
कार्यरत अध्यापकों	50	284.6	16.12	1.529	सार्थक
कार्यरत अध्यापिकाओं	50	289.7	17.25		

2 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता मध्यमान मानक विचलन एवं टी का मान दर्शाने वाली तालिका– 2

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्ताको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	स्वतंत्रता अंश
	N	M	SD	T value	df
कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों	25	285.4	15.23	1.510	सार्थक
कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं	25	291.5	13.25		

3 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता मध्यमान मानक विचलन एवं टी का मान दर्शाने वाली तालिका– 3

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्ताको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	स्वतंत्रता अंश
	N	M	SD	T value	df
कार्यरत शहरी अध्यापकों	25	294.85	14.23	1.179	सार्थक
कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं	25	290.21	13.57		

4 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता मध्यमान मानक विचलन एवं टी का मान दर्शाने वाली तालिका– 4

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्ताको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	स्वतंत्रता अंश
	N	M	SD	T value	df
कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों	25	285.4	15.23	1.180	सार्थक
कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं	25	290.21	13.53		

5 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता मध्यमान मानक विचलन एवं टी का मान दर्शाने वाली तालिका– 5

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्ताको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	स्वतंत्रता अंश
	N	M	SD	T value	df
कार्यरत शहरी अध्यापकों	25	294.85	14.23	0.784	सार्थक

****